रुद्रयामलम्

(उत्तरतन्त्रम्)

सम्पादक एवं हिन्दीव्याख्याकार

डॉ. सुधाकर मालवीय

।। श्रीः ।।

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

८६

रुद्रयामलम्

(उत्तरतन्त्रम्)

(प्रथमो भागः)

(१ – ४५ पटलात्मकः)

'सरला'-हिन्दीव्याख्योपेतम्

सम्पादक एवं व्याख्याकार

डॉ० सुधाकर मालवीय

एम. ए., पीएच्. डी., साहित्याचार्य,
संस्कृत-विभाग : कला-संकाय,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

दिल्ली

रुद्रयामलम् (उत्तरतन्त्रम्)

प्रकाशक
चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. जवाहर नगर, बंगलो रोड़
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली - 110007
दूरभाष : (011) 23856391, 41530902

सर्वाधिकार सुरक्षित
पुनर्मुद्रण संस्करण 2010
प्रथम भाग : 425.00
द्वितीय भाग : 425.00
सम्पूर्ण (1-2 भाग) 850.00

अन्य प्राप्तिस्थान :
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बड़ौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069
वाराणसी - 221001

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. 37/117 गोपाल मन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129
वाराणसी - 221001

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड़
दरियागंज, नई दिल्ली - 110002

मुद्रक :
ए. के. लिथोग्राफर्स, दिल्ली

The

BRAJAJIVAN PRACHYABHARATI GRANTHAMALA

86

RUDRAYĀMALAM

(UTTARATANTRAM)

PART ONE

(From 1 to 45 Paṭala)

WITH SARALĀ *HINDI TRANSLATION*

Edited & Translated
By

Dr. SUDHAKAR MALAVIYA

M. A., Ph. D. Sahityacharya
Deptt. of Sanskrit : Arts Faculty,
Banaras Hindu University
Varanasi

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN

DELHI

RUDRAYĀMALAṂ (UTTARATANTRAṂ)

Publishers :
CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A., Bungalow Road, Jawahar Nagar
Delhi 110007
Phone : (011) 23856391, 41530902
E-mail : cspdel.sales@gmail.com

© All Rights Reserved

Reprint : 2010

Price
- Rs. 425.00 (Vol. I)
- Rs. 425.00 (Vol. II)
- Rs. 850.00 (Set I-II)

Also can be had from :
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
Chowk (Behind The Bank of Baroda Building)
Post Box No. 1069
Varanasi 221001

*

CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
K. 37/117 Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1129
Varanasi 221001

*

CHAUKHAMBA PUBLISHING HOUSE
4697/2, Ground Floor, Street No. 21-A
Ansari Road, Darya Ganj
New Delhi 110002

Printed by :
A. K. Lithographers, Delhi

To
The
Sacred Memory
Of

MAHAMAHOPADHYAYA

PANDIT GOPINATH KAVIRAJ

[Padmavibhūṣaṇa]

(1887 - 1976)

सम्पादकीयम्

अथेदानीं सप्रश्रयं सामोदं च विद्वज्जनसमक्षं प्रस्तूयते हिन्दीव्याख्यासहितस्य रुद्रयामलस्य (उत्तरतन्त्रस्य) प्रथमादिपञ्चचत्वारिंशपटलात्मक: प्रथमो भाग:।

आनन्दभैरवआनन्दभैरवीसंवादरूपात्मके नवतितमपटलात्मकेऽत्र रुद्रयामले प्राय: षट्सहस्रश्लोकमध्ये कुण्डलिनीयोग: प्रतिपादित:। प्रथमभागे मुख्यप्रतिपाद्य-विषयास्तु –

उपक्रमणिका, विविधसाधनानि, भावप्रशंसा, गुरुमहिमा स्वमहिमा च, पशुभावेन वीरभावसाधनम्, गुरुमहिमा गुरुकृत्यञ्च, चक्रस्वरूपं साधनञ्च, दीक्षाविधानं चक्रविन्यासश्च, शिवचक्रम्, विष्णुचक्रम्, वर्णक्रमेण राशयो नक्षत्राणि च, अङ्केन साधनाया: फलानि, ब्रह्मचक्रसाधनम्, उल्काचक्रसाधनम्, चतुश्चक्रस्वरूपम् सूक्ष्मचक्रस्वरूपम्, महाकथहचक्रस्वरूपम्, पशुभाव:, कुलकुण्डलिनीदेव्या: स्तवनम् वीरभावो दिव्यभावश्च, भावमाहात्म्यम्, कुमारीपूजनविधिर्माहात्म्यञ्च, कुमार्या जपहोमौ, कुमारीकवचमाहात्म्यम्, कुमारीसहस्रनामानि (१–१०)।

दिव्यभाव:, दिव्यभावे वीरभाव:, भावप्रश्नार्थबोध:, आज्ञाप्रश्नार्थबोध:, अकाराद्यक्षरक्रमेण प्रश्नफलम् कलिकालोद्भव:, भरण्यादिपुष्यनक्षत्राणां राश्यधिपानां च फलानि, रव्यादिवारप्रश्नफलम्, श्लेषादिनक्षत्रप्रश्नफलम्, तत्तन्नक्षत्रदेवतानां प्रश्ने फलम्, योगिब्रह्मज्ञानिवैष्णवादिसिद्धानां प्रश्नोत्तराणि, सामवेदमधश्चक्रस्वरूपम्, शक्त्याचारसमन्वितमथर्ववेदलक्षणम्, वायवीसिद्धि:, वसिष्ठतप: प्रभाव:, कामचक्र-स्वरूपम् प्रश्नचक्रस्वरूपम्, सिद्धमन्त्रस्वरूपम् (११–२०)।

वीरभावस्वरूपम्, षट्चक्रफलोदय:, ब्रह्ममार्ग: आसनस्वरूपं तस्य भेदाश्च, नरासन-स्वरूपम्, शवासन-साधनम्, तत्त्वब्रह्म-स्वरूपम् ब्रह्मज्ञानमुखेन प्राणायामस्वरूपम्, प्राणायामे जपध्यानकरणम्, दिव्यवीरपशुक्रमेण कुण्डलीसाधनम्, कुलस्नानम्, कुलसन्ध्यादिकम्, कुलदर्शने दश पुष्पाणि होमसाधनानि च, प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-समाधि-स्वरूपम्, मन्त्रसिद्धेर्लक्षणम्, षट्चक्रभेदक्रिया-स्वरूपम्, षट्चक्रयोगा:, मूलपद्म-स्वरूपम् (२१–३०)।

भेदिन्या: साधनम्, छेदिन्या: स्तव:, योगिनीस्तोत्रसारम्, कुण्डलिनीशक्तिस्वरूपम्, कुण्डलीकवचम्, पञ्चस्वर-महायोग:, अष्टाङ्गादि-धारणे पञ्चस्वरसिद्धौ पञ्चामरक्रियाविधानम्, विजयासेवनमन्त्रा: महाकुल–

कुण्डलिन्याः अष्टोत्तर-सहस्रनामस्तोत्रम्, स्वाधिष्ठान-प्रकाशनप्रकारः श्रीकृष्ण-साधनम्, नरसिंह-मन्त्र-साधनम्, श्रीकृष्ण-मन्त्र-साधनम्, श्रीकृष्ण-स्तवन कवचम् षड्गतवर्णभावनम् (३१—४०)।

राकिणीस्तोत्रम्, राकिणी(राधा)साधनम्, षट्चक्रभेदाः, कामिनी-वशीकरणम्, योगधर्मस्वाश्रम-स्वरूपम्, लाकिनीसाधनम्, मणिपूरचक्र-भेदनम्, लाकिनीशक्ति-स्तोत्रम्, कालक्रमस्वरूपम्, मणिपूरचक्रसाधनम्, वर्णध्यानञ्च (४१—४५)।

यामलस्य वैविध्यम्

(१) अत्र रुद्रयामले श्रीयामलं विष्णुयामलं शक्तियामलं ब्रह्मयामलञ्चाख्यातम् । (२) ब्रह्मयामले रुद्रयामल - स्कन्दयामल - ब्रह्मयामल - विष्णुयामल-यमयामल - वायुयामल - कुबेरयामल - इन्द्रयामलानि उल्लिखितानि । (३) ब्रह्मयामल - विष्णुयामल - रुद्रयामल - जयद्रथयामल - स्कन्दयामल - उमायामल- लक्ष्मीयामल - गणेशयामलान्यष्टौ इत्यर्थ - रत्नावलीकारः (पृ०४३)। (४) सेतुबन्धे-ऽष्टयामलानामनुक्रमे कश्चन व्युत्क्रमोऽवलोक्यते परञ्च नामान्येतान्येव। कुलचूडामणितन्त्रस्य भूमिकायां (पृ० ६) तु व्युत्क्रमविभ्रमेणान्य एवार्थः कल्पितः ग्रहयामलस्य च तत्र समावेशोऽकारि । (५) श्रीकण्ठ्यां ब्रह्मयामल-विष्णुयामल-स्वच्छन्द - रुरु-आथर्वण-रुद्र-वेतालाख्यानि सप्तैव यामलानि परिगणितानि ।

एतेषु ग्रन्थरूपेणोद्धरणरूपेण वेमानि यामलानि समुपलभ्यन्ते-रुद्रयामलं मुद्रितमुपलभ्यते। ब्रह्मयामलस्य जयद्रथयामलस्य च मातृकाः समुपलब्धाः। विष्णुयामलं स्पन्दप्रदीपिकायामुत्पलवैष्णवेन, स्कन्दयामलं च तन्त्रालोकेऽभिनवगुप्तेन स्मृतम् । रघुनन्दनेन प्राणतोषिणीकारेण चापि स्मृते एते यामले स्तः । प्रथमस्य मातृका अपि समुपलभ्यन्ते। गणेशयामलस्य ग्रहयामलस्य च मातृका आउफ्रेख्ट बृहत्सूच्यां निर्दिष्टाः।

उपर्युद्धृतेभ्यो यामलेभ्यो व्यतिरिक्तानि देवीयामल—वीरयामल-संङ्कर्षणीयामलानि क्रमशस्तन्त्रालोके, तद्विवेके, स्वच्छन्दोद्योते च प्राप्यन्ते तथा च विज्ञानभैरवविवरणे, तन्त्रालोकविवरणेऽपि यामलत्रयं स्मृतं विद्यते । शक्तियामल-कृष्णयामलयोर्मातृकाः सरस्वतीभवनग्रन्थालये दृश्यते[1] । आउफ्रेक्टबृहत्सूच्या-मप्यनयोर्निर्देशः वर्तते । भैरवयामलं लक्ष्मीधरायां सौन्दर्यलहरीटीकायाम्, कामकला-विलासटीकायां चिद्वल्ल्याम्, विज्ञानभैरवटीकायां विज्ञानेन्दुकौमुद्याञ्च स्मृतम् ।

तन्त्रशास्त्रस्य गाम्भीर्यं सूक्ष्मत्वं दुर्बोधत्वञ्च न कस्माच्चिदपि संस्कृतज्ञात् तिरोहितम् । अतएव हिन्दीमाध्यमेन तन्त्रशास्त्रानुसारि व्याख्यानं साहसमात्रमेव, तथापि सुकोमलमतीनां तन्त्रविद्याजिज्ञासूनां कष्टं विलोक्य शास्त्ररक्षणं स्वकर्तव्यमिति धिया च

---

१. 'कृष्णयामलम्' डॉ० शीतलाप्रसादोपाध्यायेन १९९२ खिष्टाब्दे सम्पादितम् ।

हिन्दीमाध्यमेन यथामति व्याख्या विहिता । सा च 'सरला' इति नाम्नाऽत्रसंस्करणे समायोजिता ।

सम्प्रति ग्रन्थस्यास्य संस्करणद्वयमुपलभ्यते – १. सम्पूर्णानन्दसंस्कृत-विश्वविद्यालयस्य योगतन्त्रग्रन्थमालायां सप्तमपुष्परूपेण १९९१ ई०-१९९६ ईसवीये प्रकाशितम् । २. जीवानन्दविद्यासागरद्वारा सम्पादितं १८९२ ख्रिष्टाब्दे कालिकातातः प्रकाशितम् । अत्र मया सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य संस्करणमाधृत्य पाठो स्वीकृतः । एतदर्थं तस्य संस्करणस्य सम्पादकं प्रति अनुगृहीतोऽस्मि ।

संस्करणेऽस्मिन् सन्दिग्धानि प्रायः सर्वाणि स्थलानि संशोध्यैवात्र स्थापितानि । मुद्रितपुस्तकेषूपलब्धः सन्दिग्धः पाठः प्रश्नचिह्नेनाङ्कयित्वा यथावदेव गृहीतः । सप्तचत्वारिंशपटलस्य पाठो नितान्तं त्रुटितो विद्यते । मन्त्रमहोदधिनामकस्य तन्त्रग्रन्थस्य साहाय्येन पाठपूर्तिरत्राकारि ।

हस्तिनापुरी चौखम्बासंस्कृतप्रतिष्ठानस्याधिपतीनां दुर्लभप्राचीनसंस्कृतग्रन्थ-रत्नानां प्रकाशने रतानां श्रीवल्लभदासगुप्तमहोदयानाम् आभारो मया हृदयेन स्वीक्रियते।

ग्रन्थस्यास्य संशोधने भाषाभाष्ये च येषां सन्मन्त्रणया प्रवृत्तोऽहमभवम् येषाञ्च तन्त्रागमशास्त्रार्थानुशीलनपद्धत्या बहुशोऽहमुपकृतो जातः, तेषामेव विमलधीयुतानाम् अस्मद् गुरुचरणानां पं० हीरामणिमिश्रमहोदयानाम् आशीर्वाद-कामनया प्रणतिपुरस्सरं तान् अभ्यर्थये –

गृह्णन्ति सर्वे गुणिनं सदैव,
न निर्गुणं वाञ्छति कोऽपि किन्तु ।
यो निर्गुणञ्चापि गुणीकरोति,
प्रकीर्त्यतेऽसौ भुवने गरीयान् ।। इति ।।

विदुषां वशंवदः

सुधाकर मालवीयः

गुरुपूर्णिमा, २०५६ वि० सं०
संस्कृत विभागः, कला–संकायः
काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः
वाराणसी – २२१००५

योगाधीनं परं ब्रह्म योगाधीनं परन्तपः ।
योगाधीना सर्वसिद्धिस्तस्माद् योगं समाश्रयेत् ।
योगेन ज्ञानमाप्नोति ज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात् ।।

- रुद्रयामलम् ४५.२३-३४

परब्रह्म योग के अधीन है, महान् तपस्या भी योगाधीन है, सारी सिद्धियाँ योगाधीन हैं, इसलिए योग का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिए । योग से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है ।

Introduction

मध्ये वर्त्म समीरणद्वयमिथः संघट्टसंक्षोभजं
शब्दस्तोममतीत्य तेजसि तडित्कोटिप्रभाभासुरे ।
उद्यन्तीं समुपास्महे नवजवासिन्दूरसन्ध्यारुणां
सान्द्रानन्दसुधामयीं परशिवं प्राप्तां परां देवताम् ॥
गमनागमनेषु जाङ्घिकी सा तनुयाद्योगफलानि कुण्डली ।
मुदिता कुलकामधेनुरेषा भजतां काङ्क्षितकल्पवल्लरी ॥

"We pray to the Parādevatā united with Śiva, whose substance is the pure nectar of bliss, red like unto vermilion, the young flower of the hibiscus, and the sunset sky; who, having cleft Her way through the mass of sound issuing from the clashing and the dashing of the two winds in the midst of Suṣumnā, rises to that brilliant Energy which glitters with the lustre of ten million lightnings. May She, Kuṇḍalinī, who quickly goes to and returns from Śiva, grant us the fruit of Yoga ! She being awakened is the Cow of Plenty to Kaulas and the Kalpa Creeper of all things desired for those who worship Her."

- Śāradātilaka Tantram 25.67-68.

Tantrika Literature

Tantrika literature has two main divisions : -

(i) Original works or Śāstra-proper and
(ii) Śāstric treatises.

The revealer of the first is Śiva. The second class is the work of human authors.

The tantras are usually presented in the form of dialogues between Śiva and Pārvatī, or put in the form of Bhairava and His Śakti Bhairavī. In the **Āgamas** it is Śiva who teaches the Devi and in the **Nigamas** the latter assumes the form of the **guru.**[1] Thus, it is Pārvatī, who in the Uḍḍīṣa

---

१. आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजामुखे ।
मतं हि वासुदेवस्य तस्मादागम उच्यते ॥ (स्वच्छन्दतन्त्रे)

Tantra instructs Śiva; and Bhairava, who in the **Śakti-Tantra** is the disciple of Bhairavī. In the present Text, RudraYāmal Ānanda Bhairava is a disciple of Ānanda Bhairavī. In some cases Śiva reveals the Tāntrika doctrine to others, such as, Nārada, Kārtikeya and Bramha Bhairava. Original works on Tantra, according to the **Samayācāra**[1] are sixty four in number, together with eight works called **Yāmalas** and three called **Dāmaras**, besides numerous supplementary works which are designated Upa-tantras, including, according to the **Vārāhī Tantram**[2], those which were revealed by the Bauddhas. A Tantra, properly so called, is said to have, like the Purāṇas several distinctive features[3] called Lakṣaṇa, which indicate the usual subject matters of discourse. Few works on Tantras are, however, now found to conform completely to this ideal.

In Rudra-Yāmala, the main subject is Kuṇḍalinī Yoga, described in ninty Patalas. In Rudra-Yāmal the description of

---

1. The Tantrika Tradition is said to consist of three geographical divisions - 1. The Asvakrāntā, 2. the Rathakrāntā and the Viṣṇukrāntā. The Samayācāre gives us the works known to one division only. The total numbers would, therefore, come to 192 works which include several Yāmalas and Dāmaras.

२. बौद्धोक्तमुपतन्त्राणि कापिलोक्तानि यानि च ।

३. सर्गश्च प्रतिसर्गश्च मन्त्रनिर्णय एव च ।
देवतानाञ्च संस्थानं तीर्थानाञ्चैव वर्णनम् ॥१॥
तथैवाश्रमधर्मश्च विप्रसंस्थानमेव च ।
संस्थानाञ्चैव भूतानां यन्त्राणाञ्चैव निर्णयः ॥२॥
उत्पत्तिर्विबुधानाञ्च तरूणां कल्पसंज्ञितम् ।
संस्थानं ज्योतिषाञ्चैव पुराणाख्यानमेव च ॥३॥
कोषस्य कथनञ्चैव व्रतानां परिभाषणम् ।
शौचाशौचस्य चाख्यानं नरकाणाञ्च वर्णनम् ॥४॥
हरचक्रस्य चाख्यानं स्त्रीपुंसोश्चैव लक्षणम् ।
राजधर्मो दानधर्मो युगधर्मस्तथैव च ॥५॥
व्यवहारः कथ्यते च तथा चाध्यात्मवर्णनम् ।
इत्यादि लक्षणैर्युक्तं तन्त्रमित्यभिधीयते ॥६॥
— महाविश्वेश्वरतन्त्रम्

six Centres of Kuṇḍalinī Yoga are scattered heither and thither but mainly in 22 patal, the six Cakras are described. A bird-eye view of the Kuṇḍalinī Yoga is as follows -

Cakra	Situation	Number of Petals	Letters on Same	Regnant Tattva and its Qualities	Colour of Tattva
Mūlādhāra	Spinal centre of region below genitals	4	Va, Śa, Ṣa, sa	Pṛthivī, cohesion, stimulating sense of smell	Yellow
Svādhiṣṭhāna	Spinal centre of region above the genitals	6	ba, bha, ma, ya, ra, la	Ap, contraction, stimulating sense of taste	White
Maṇipūra	Spinal centre of region of the navel	10	ḍa, ḍha, ṇa, ta, tha, da, dha, na, pa, pha	Tejas, expansion, producing heat and stimulating sight-sense of colour and form	Red
Anāhata	Spinal centre of region of the heart	12	ka, kha, ga, gha, ṅa, ca, ccha, ja, jha, jña, ṭa, ṭha	Vāyu, general movement, stimulating sense of touch	Smoky
Viśuddha	Spinal centre of region of the throat	16	the vowels a, ā, i, ī, u, ū, ṛ, ṛ, ḷ, ḷ, e, ai, o, au, am, ah	Ākāśa, space-giving, stimulating sense of hearting	White
Ājñā	Centre of region between the eyebrows	2	ha and kṣa	Mānas (mental ... faculties)	—

Shape of Mandala	Bija and its Vahana (Carrier)	Devata and its Vahana	Śakti of the Dhatu	Linga and Yoni	Other Tattvas here dissolved
Square	*Laṁ* on the Airāvata elephant	Brahmā on Haṁsa	Ḍākinī	Svayaṁbhū and Traipura-Trikoṇa	*Gandha* (smell) *Tattva*, smell (organ of sensation) feet (organ of action)
Cresent	*Vaṁ* on Makara	Visṇū on Garuda	Rākinī	—	*Rasa* (taste) *Tattva*, taste (organ of sensation) hand (organ of action)
Triangle	*Raṁ* on a ram	Rudra on a bull	Lākinī	—	*Rūpa* (form and colour, sight) *Tattva*, sight (organ of sensation) anus (organ of action)
Six-pointed hexagon	*Yaṁ* on anantelope	Īśa	Kākinī	Bāṇa and Trikoṇa	*Sparśa* (touch and feel) *Tattva*, touch (organ of sensation) penis (organ of action)
Circle	*Haṁ* on a white elephant	Sadāśiva	Śākinī	—	*Śabda* (sound) *Tattva*, hearing (organ of sensation) mouth (organ of action)
—	*Oṁ*	Śaṁbhu	Hākinī	Itara and Trikoṇa	*Mahar*, the *Sūkṣma Prakṛti* called Hiraṇyagarbha

The Kuṇḍalinī energy is also threefold, in order that She may create the three Gods (Brahmā, Viṣṇu, Rudra). Thus, since She, the supreme energy is everywhere as triplet, She is called Tripura-Sundarī.[1]

1. Other instances may be given, such as the Tripurārṇava, which says that the Devī is called Tripurā because She dwells in the three Nāḍīs (Suṣumnā, Piṅgalā and Iḍā) and in Buddhi, Manas, Citta.

Present Edition is mainly based on the Edition of Sampūrṇānanda Sanskrit University, published in two Vols, 1995 & 1996. Therefore, I am very grateful to the Editors of that excellent Edition. Besides this I have also taken the help from the Second Edition of Jeevānand Vidyāsāgar, Published in 1892 from calcutta.

The subject matter of present work has been classified into the following chapters :

Names of different Sādhanas, Importance of Guru, the glory of Bhāvas, Kulācāra Vidhī, Paśubhāva and the Method of Dikśā, the Dikṣā-Cakra Vicāra, Śiva-Cakra and Viṣṇu-Cakra, the Brahma-Cakra, Riṇī-dhanī Cakra, determination of the defects of the Mantras and Sūkṣma Cakra, the Purification of Mantras, the characteristics of the worshippers of Paśubhāva, Suṣumṇa-Sādhanā, Kuṇḍalinī Stava, glory of the Paśubhāva, Bhāva-Vidyā-vidhī, and the characteristics of the Kumārīs, the details of Kumārīpūjā, the Japa and Homa for Kumārīpūjā, Kumārī Stava and Kumārī-tarpaṇa, the Kumārī Kavaca, the Sahasranāma of Kumārīs. [1-10]

The determination of the meaning of the Bhāvās, Bhāva-tritaya and the names of the Cakras, the Kāla-Cakra, Rāśi-Cakra and the fruits of Ājñā-Cakra, the Essence of the Ājñā-Cakra, the Nakṣatra-Cakra and its fruits, the Veda and characteristics of the Yājñika, the Sādhanā of the Ājñā-Cakra, the glory of the Atharvaveda, the methods of Prāṇāyāṁa, the context of the austerities of Vasiṣtha visit to Mahācīna, Mahācīnācāra, the method of writing the Kāma-Cakra, the piercing of Six Cakras, the various Cakras within the Ājñā-Cakra. [11-20]

The Glory of the Vīrabhāva, the elucidation of the Six Cakras, Vīra-Sādhanā, reasons of fault in Yoga, the time for adoption of Yoga-Sādhanā, restrictions on the methods of Vīra-Sādhanā and Haṁsa-Mantra, the details of the rules regarding food of Yogīs and rules of Āsanās, the Yoga-Sādhanā, Narāsana, Śava-Sādhanā and its fructification, and restrictions on the method of Japas, the subtle creation, sustenance and dissolution, Brahma-Sādhanā, the Sūkṣma

Tīrthas for the Yogis, method of Japa for the Yogis, and Adhyātmajñana, the method of piercing the Six Cakras, the form of meditation of Devi for the Vīra-Sādhakas, subtle Sādhanās of the Yogis, Kaulika Sandhyā, Kaulika Tarpaṇa, Mānas Pūjā, Mānas Homa, Worship with Pañca-Makāra the five M's i.e. 1. Madya, 2. Māṁas, 3. Matsya, 4. Mudrā and 5. Maithuna and glory of the Pañca-Makāra worship, the characteristics of Prāṇāyāma, Pratyāhāra, glory of Bhāva, Dhāraṇā, Dhyāna and Samādhī, the aims of Dhyāna, the characteristics of the Mantra-Sīddhī, Bhairavī and Bhairavī-worship and the Kandavāsinī Stotra, the method for piercing the Mūlalotus, Dākinī, Sādhānā and Dākinī Stotra. [21-30]

The Bhedinī Sādhanā, Bhedinī Stotra, Chedinī Sādhanā and the Yoginī Stotra, the Dhyāna of Kandavāsinī and Her Stotra, the Kandavāsinī Kavaca, the Yogās of the Five Svaras, Vijayā Mantras, Netī-Yoga and Dantī-Yoga, the Dhauti-Yoga and Nevali-Yoga, the one thousand and eight names of Kuṇḍalinī, the Sādhanā of Śrī Kṛīṣṇa in the Svāḍhisthāna, the Mantras of Śrī Kṛīṣṇa, Narasimha, variants of Kṛīṣṇa Mantras, Dhyāna and worship of Śrī Kṛīṣṇa, the Śrī Kṛīṣṇa Stotra, the importance of determination in the Yoga Sādhanā. [31-40]

The Rākiṇī Stotra, the Sādhanā of Rākiṇī and Her Mantrās, Śrī Kṛīṣṇa-Rākiṇī Sahasranāma, the mysteries of the Yoga, the mysteries of the Six Cakras, the method of piercing the Maṇipūra Cakra and the Stotra of Lākinī Śaktī. the time etc. of the Yogīc acts and the Sādhanā of the Maṇipūra Cakra. [41-45]

In ch. 17 besides Kuṇdalinī Yoga, there is also a detailed description of Buddha-Vasiṣṭha Legend which is related to the worship of Tārā (one of the ten Mahāvidyās). This Legend is described also in Brahma Yāmala.[1] According to these authorities, the worship of Tārā appears to have been introduced by Vasiṣṭha from the country of Mahācīna, situated by the side of the Himālayan mountains. This

1. Few relevant text of Brahma Yāmala edited in our Hindī introduction. *p 94*.

tradition is also inconsonance in the Samayācāra Tantraṁ that Tārā belongs to the Uttarāmnāya.

Besides being very useful for the Tāntrika practitioners (Sādhakas) the Legend has great research value, because it traces the common origin of the Indian Tantrika cult and the Buddhist Tantrika cult.

The Buddha-Vasiṣṭha - Legend

The great sage Vasiṣṭha, son of Brahmā practised the most severe austerities for a long time meditating upon a *Mantra* received from his father. He practised Yoga as it was then taught by the orthodox teachers, who enjoined self-denials of all sorts upon their disciples. Vasiṣṭha discovered that he derived no benefit from the practices, and so he again prayed his father for another *Mantra*. He was, however, advised to continue with his *Mantra* for a further period and to follow the *Yogamārga* for the worship of the Devī called Buddheśvarī, according to a *śākhā* of the **Atharvaveda**.

Vasiṣṭha now repractised on the sea-shore according to the Rudra-Yāmala, or to the Kāmākhyā hills (near Gauhātī in Assām) according to the Brahma Yāmala, and once again applied himself to the strict observance of the orthodox methods of *Yoga*.

As he did so for a long time without any result, he cursed the Devī in a fit of anger. Devī, thereupon condescended before him and said that he had adopted an altogether wrong path. Her worship, said Devī, was unknown to the Vedas, it was known only in the country of Mahācīna, a country of Buddhistic practices, and Vasiṣṭha would gain his object, if he received instructions from Viṣṇu, now residing there, in his incarnation as Buddha. So Vasiṣṭha practised Mahācīna. But here he was amazed to find that Buddha was drinking wine in the company of women. His doubts were soon dispelled by Buddha, who ultimately initiated him into the mysteries, and told him to acquire a perfect unperturbed state of mind, which alone could be called a state of perfect purity.

This work has been in hand for six years, but because of the difficulties of the subject and those created by the ill health its publication has been delayed. I wished to include some other plates of original paintings and drawings on the subject, but above mentioned problems did not allow to include them. Therefore, I have thought it better to publish the book as it stands rather than risk further delay.

- Sudhakar Malaviya

Gurūpurnimā, July 28, 1999
Deptt. of Sanskrit, Arts Faculty
Banaras Hindu University
Varanasi - 221005

दो शब्द

तन्त्रशास्त्र में शक्ति उपासना कुण्डलिनी जागरण के नाम से प्रसिद्ध है । इसमें शिव-शक्ति का अद्‌भुत सामरस्य होता है । कुण्डलिनी को ही महाशक्ति माना गया है । यह जाग्रत् होने पर ऋतम्भरा-शक्ति या दिव्य-ज्ञान को प्रकट कर देती है । उसकी दिव्य क्रीड़ा साधक को दिव्य-ज्ञान से सम्पन्न कर देती है और लोकोत्तर दिव्य आनन्द प्रदान करती है । कुण्डलिनी की सात्त्विक उपासना-विधि रुद्रयामलतन्त्र में वर्णित है । पशुभाव, वीरभाव और दिव्य भाव इस विधि के सोपान हैं । कुण्डलिनी-सहस्रनाम, कुमारी-सहस्रनाम, स्तोत्र, कवच आदि के पाठ से साधक देवताओं के समान बन जाता है । वस्तुतः सर्वशक्तिभान् परमेश्वर की चिच्छक्ति को 'शक्ति' के नाम से अभिहित किया गया है । इनकी काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी आदि दश महाविद्या के रूपों में उपासना की जाती है । शक्ति की उपासना कई प्रकार से होती है । इनमें अहिंसात्मक पद्धति, जिसमें किसी तामसी या अपवित्र वस्तुओं का प्रयोग नहीं होता, सर्वोत्तम साधना है । इसी पद्धति से काली, तारा, त्रिपुरा आदि की उपासना भी विशेष फलवती होती है । यह अहिंसात्मक पद्धति 'समयाचार' के नाम से प्रसिद्ध है । रुद्रयामलतन्त्र में इन सभी का विवेचन आनन्दभैरव एवं आनन्दभैरवी के संवाद के बीच हुआ है ।

प्रस्तुत रुद्रयामल तन्त्र मूल एवं उसकी आनुपूर्वी हिन्दी व्याख्या के साथ मुद्रित है । प्रारम्भ में एक विस्तृत भूमिका एवं विषयानुक्रमणिका दी गयी है । ग्रन्थ के अन्त में एक पारिभाषिक कोष और श्लोकानुक्रमणिका भी प्रस्तुत की गयी है । इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या करना अत्यन्त दुरूह कार्य है । जितना शिवशक्ति के अनुग्रह से मुझे अवगत हुआ वह आज विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है । यद्यपि मूल को संशोधित करने का प्रयास मैंने अन्य उद्‌धृतियों से मिलाकर किया है किन्तु यह आमूलचूल शुद्ध ही हो यह मैं नहीं समझता । यथासम्भव मन्त्रमहोदधि, मन्त्रमहार्णव, शाक्तप्रमोद आदि तन्त्रग्रन्थों से इसके मूल को शुद्ध करने का प्रयास किया गया है, फिर भी कोई सर्वज्ञ नहीं है, त्रुटि सम्भावित ही है । हिन्दी व्याख्या मात्र एक प्रयास है, बहुत से अंश एवं बीज मेरे समझ से परे रहे हैं जिन्हें मैंने वहीं पर प्रश्नवाचक चिन्ह (?) द्वारा इंगित किया है जिसे आगे के गवेशकों को शुद्ध करना है । यद्यपि विमर्श में यथासम्भव मन्त्रोद्धार किया गया है किन्तु उन पर पूर्ण आधारित नहीं होना चाहिए ।

बिना गुरु के मन्त्रदीक्षा लिए इनका प्रयोग नहीं करना चाहिए । इनमें आयी हुयी साधनाओं को यदि बिना गुरु के सम्पादित किया जाय तो वे उसी प्रकार फल नहीं देतीं एवं नुकसान करती हैं जिस प्रकार एक बिना पूर्ण ज्ञान के हाथी पर अंकुश रखने वाला महावत

चोट खा जाता है । **अत: साधकों से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि वे बिना सक्षम गुरु के इन क्रियाओं को कदापि सम्पादित न करें ।**

तन्त्र सम्प्रदाय के इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या एवं सम्पादन करके मैं अपने आपको अत्यन्त भाग्यशाली मानता हूँ क्योंकि शिव एवं शक्ति तत्त्व के मनन एवं संयोजन में समय का सदुपयोग हुआ । इस ग्रन्थ में जो कुछ भी मेरी गति हो सकी है या मैं इसे समझ सका हूँ उसमें मेरे पूज्य गुरुवर पं० हीरामणि मिश्र का ही कृपा प्रसाद है । तन्त्र साहित्य में मुझे गति प्रदान करने वाले उन गुरुवर्य के चरणों में मेरा शतश: प्रणाम है ।

प्रस्तुत रुद्रयामल के संस्करण को सम्पादित करने के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित रुद्रयामल एवं जीवानन्द द्वारा प्रकाशित रुद्रयामल को आधार ग्रन्थ के रूप में स्वीकार किया गया है । इसके लिए लेखक उनके सम्पादकों का अत्यन्त आभारी है । ज्यौतिष सम्बन्धी प्रश्नों के समाधान पं० हीरालाल मिश्र, प्राध्यापक, ज्यौतिष विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और डॉ० सत्येन्द्र मिश्र, पञ्चाङ्ग विभाग से प्राप्त हुए जिसके लिए मैं इन दोनों विद्वानों का आभारी हूँ । मूल के अनेक भ्रामक स्थलों को मैंने अपने मित्र डा० महेशचन्द्र जोशी, पुराण विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, से विचार विमर्श करके शुद्ध किया है जिसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ ।

तन्त्र शास्त्र का यह अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ जो इस रूप में आज विद्वानों के समक्ष आ सका है उसके लिए मैं चौखम्बा प्रतिष्ठान के संचालक श्री वल्लभदास गुप्त का हृदय से आभारी हूँ । वे ही मेरे प्रेरणाश्रोत हैं । इनके अनवरत आग्रह के कारण ही आज यह ग्रन्थ पूर्णता को प्राप्त हुआ है । मेरे चिरञ्जीव श्रीरामरञ्जन एवं श्रीचित्तरञ्जन ने कम्प्यूटर द्वारा ग्रन्थ के सम्पादन में मेरी अत्यन्त सहायता की है । भगवान् शंकर एवं भगवती जगदम्बा पार्वती इनका अभ्युदय करें । अन्तत: शिव एवं शक्ति से करबद्ध प्रार्थना है कि इस ग्रन्थ से मानव मात्र का अजश्र कल्याण हो ।

पुस्तकाभिकरां वामे दक्षेऽक्षवरधारिणीम् ।
शुक्लां त्रिनयनामाद्यां बालां श्रीत्रिपुरां श्रये ।। इति ।।

विद्वद्वशंवद:
सुधाकर मालवीय:

गुरुपूर्णिमा, २८ जुलाई, १९९९
बी. ३१ / २१ ए, लंका,
वाराणसी – २२१००५

भूमिका

योगरन्धितकर्माणो हृदि योगविभाविते ।
योगिनो यं प्रपश्यन्ति योगेशं तं नतोऽस्म्यहम् ॥

—श्रीमद्भाग० ८. ३. २७

योग के द्वारा कर्म, कर्म वासना और कर्मफल को भस्म करके योगी जन योग से विशुद्ध अपने हृदय में जिन योगेश्वर भगवान् का दर्शन करते हैं । उन्हें मैं प्रणाम करता हूँ ।

ब्रह्म अर्थात् अन्तर्यामी में समस्त कर्मों को समर्पित करके निरपेक्ष भाव से भगवदर्थ कार्य करने वाला योगी पाप और पुण्य से वैसे ही लिप्त नहीं होता जैसे कमल की पंखुड़ीयाँ पानी पड़ने पर उससे लिप्त नहीं होतीं ।

पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभू-
स्तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन् ।
कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्ष-
दावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन् ॥

—कठोपनिषद् २.१.१

समस्त जन संसार में स्वभावतः बहिर्मुख ही उत्पन्न होते हैं । उनमें कोई विरला योगी ही अमृतत्व की कामना से अन्तर्मुख होकर प्रत्यगात्मा को देखता है ।

ओंकार का जप और तेज का ध्यान ही शब्दब्रह्म की उपासना है । इस लोक में दो प्रकार के शब्द सुने जाते हैं, एक नित्य तथा दूसरा कार्यरूप अनित्य । जो शब्द सुना जाता है या उच्चरित होता है, वह लोक व्यवहार के लिए प्रवृत्त वैखरी रूप कार्यात्मक अनित्य है । पश्यन्ती रूप शब्द ब्रह्मात्मक बिम्ब के ही वर्ण (मातृकाएँ), पद और वाक्य प्रतिबिम्ब हैं । पश्यन्ती रूप नित्य शब्दात्मा समस्त साध्य साधनात्मक पद और पदार्थ भेद रूप व्यवहार का उपादान कारण है । अकार ककारादि क्रम का वहाँ उपसंहार हो जाता है । अतः समस्त कर्मों का आश्रय, सुख-दुःख का अधिष्ठान, घट के भीतर रखे हुए दीपक के प्रकाश की भाँति भोगायतन शरीर मात्र का प्रकाशक 'शब्दब्रह्म' उच्चारण करने वाले जनों के हृदय में विद्यमान रहता है । योगी उसी शब्द तत्त्व स्वरूप महानात्मा के साथ ऐक्य लाभ करता हुआ वैकरण्य (लय) को प्राप्त करता है ।

नादयोग में साधक दक्षिणकर्ण में 'अनाहत नाद' को सुनता है । अभ्यास करने पर क्रमशः घण्टा-वादन, मेघ-गर्जन एवं तालवादन आदि दस प्रकार के नाद सुनायी पड़ते हैं । अन्तिम नाद ओंकार है, उसी में मन का लय करना चाहिए । तभी स्वरूपस्थिति प्राप्त होती है । ऐसा ही **नादबिन्दूपनिषद्** में कहा भी है—

सिद्धासने स्थितो योगी मुद्रां सन्धाय वैष्णवीम् ।
शृणुयाद् दक्षिणे कर्णे नादमन्तर्गतं सदा ॥

हठयोगप्रदीपिका (४. २९, ८३. ५९) में कहा गया है कि—

इन्द्रियाणां मनोनाथो मनोनाथस्तु मारुतः ।
मारुतस्य लयो नाथः स लयो नादमाश्रितः ॥
अभ्यस्यमानो नादोऽयं ब्राह्ममावृणुते ध्वनिम् ।
पश्चाद् विक्षेपमखिलं जित्वा योगी सुखी भवेत् ॥
कर्पूरमनले यद्वत् सैन्धवं सलिले यथा ।
तथा संधीयमानं च मनस्तत्त्वे विलीयते ॥

यह लय योग ही कुण्डलिनी योग के नाम से प्रसिद्ध है—

लयक्रिया साधनेन सुप्ता सा कुलकुण्डली ।
प्रबुद्ध्य तस्मिन् पुरुषे लीयते नात्र संशयः ॥
शिवत्वमाप्नोति तया सहृदयस्य साधकः ।

यह कुण्डलिनी योग इस प्रकार से जाना जाता है—शरीर में मेरुदण्ड के नीचे 'मूलाधार' के नाम से प्रसिद्ध एक कन्द है । बहत्तर हजार नाड़ियाँ उससे निकलकर सम्पूर्ण देह में व्याप्त रहती हैं । उनमें इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना नामक तीन नाडियाँ मुख्य हैं । मेरुदण्ड के वामभाग में चन्द्ररूपिणी इडा का, दक्षिण भाग में सूर्यरूपिणी पिङ्गला का और मध्य छिद्र में सुषुम्ना का मार्ग है । भ्रूमध्य में संगम प्राप्त करके ये नाडियाँ सिर में ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त जाती हैं । मूलाधार में महाशक्ति कुलकुण्डलिनी सोती रहती है । ध्यान और जप आदि से उसे जगाकर सहस्रार चक्र (मस्तिष्क) में विराजमान परमेश्वर में लीन करना ही लय योग या कुण्डलिनी योग है । सम्पूर्ण रुद्रयामल के ९० अध्यायों में इन्हीं महाशक्ति कुलकुण्डलिनी के जागरण की प्रक्रिया का साङ्गोपाङ्ग दिग्दर्शन परिलक्षित होता है ।

रुद्रयामलतन्त्र एवं योग—प्रस्तुत रुद्रयामल प्रायः ६ हजार श्लोकों में उपनिबद्ध है । इस तन्त्र की मुख्य विषयवस्तु महाशक्ति कुलकुण्डलिनी के जागरण से सम्बन्धित है । इस योग की सिद्धि के लिए साधक (योगी) के जीवन में **यम** एवं **नियम** का अनुष्ठान परमावश्यक है । साथ ही साथ **आसन** सिद्ध करना भी आवश्यक है । कुछ कुछ मात्रा में **प्राणायाम** के अभ्यास से प्राणों (श्वासों) की गति में समत्व लाना भी नितान्त आवश्यक है । जिसका **आहार** विकृत होता है, उसके प्राण (श्वसन

तन्त्र आदि) भी विकृत एवं कुपित हो जाते हैं । जिनके प्राण विकृत या कुपित होते हैं उनका मन कभी एकाग्र नहीं होता । अत: प्राणों की स्थिरता एवं समत्व के लिए आहार की शुद्धि परमावश्यक होती है । योग के इन्हीं अङ्गों की प्रयोग पद्धति का वर्णन रुद्रयामल में किया गया है । प्रयोग पद्धति में पूजा एवं अर्चना के लिए ८ सहस्रनाम अनेक कवच एवं स्तुतियाँ हैं जिनमें कुलकुण्डलिनी की स्तुति मुख्य है ।

आगमशास्त्र और रुद्रयामल

महामहोपाध्याय पंडित गोपीनाथ कविराज ने अपनी 'तन्त्र और आगम शास्त्रों का दिग्दर्शन' नामक पुस्तक में तत्त्व से प्रारम्भ करके साहित्य तक के शीर्षकों में जो बातें बतलाई हैं उनमें सुविधा की दृष्टि से हम पहले 'साहित्य' शीर्षक लेते हैं, जिसके अन्तर्गत उन्होंने दस शिवागम, अष्टादश रुद्रागम, चौंसठ भैरवागम, चौसठ कुलमार्ग तन्त्र, समय मार्ग के शुभागम पंचक और नवयुग के चौंसठ तन्त्रों का उल्लेख किया है ।

आपने बतलाया है कि तांत्रिक साहित्य के इतिहास में **दस शिवागम** और **अष्टादश रुद्रागम** अष्टाविंश आगम के नाम से प्रसिद्ध हैं । पंडित कविराज ने वर्तमान समय में आगम साहित्य के प्रति लोगों का अयत्न और अनादर देखकर दु:ख व्यक्त करते हुए बतलाया है कि भारतीय संस्कृति की चर्चा में वैदिक साहित्य की भाँति आगम साहित्य की चर्चा का भी एक विशिष्ट स्थान है । उसके जो भी वर्णन हमें प्राप्त हैं, वे कहीं लुप्त न हो जाएँ ।

'किरणागम' के अनुसार परमेश्वर ने सबसे पहले दस शिवों को उत्पन्न करके उनमें से प्रत्येक को अपने अविभक्त महाज्ञान का एक-एक हिस्सा दिया । यह अविभक्त महाज्ञान ही पूर्ण शिवागम है । उन दस शिवों तथा उन्हें प्राप्त आगमों तथा उनके तीन श्रोताओं के नाम निम्नलिखित हैं; —

	शिव	आगम	श्रोता				
			१.		२.		३.
१.	प्रणव	कामिकागम	प्रणव	—	त्रिकल	—	हर
२.	सुधा	योगजागम	सुधा	—	भस्मसंग	—	प्रभु
३.	दीप्त	चिन्तागम	दीप्ताख्य	—	गोपति	—	अम्बिका
४.	कारण	कारणागम	कारणाख्य	—	शर्व	—	प्रजापति
५.	सुशिव	अजितागम	सुशिव	—	उमेश	—	अच्युत
६.	ईश	सुदीप्तकागम	ईश	—	त्रिमूर्त्ति	—	हुताशन
७.	सूक्ष्म	सूक्ष्म	सूक्ष्म	—	भय	—	प्रभंजन
८.	काल	सहस्र	काल	—	भीम	—	राग
९.	धनेश	सुप्रभेद (मुकुटागम)	धनेश	—	विश्वेश	—	शशि
१०.	अंशु	अंशुमान्	अंशु	—	अग्र	—	रवि

इसी तरह अठारह रुद्र हैं, जिनके अठारह आगम हैं और उनके दो–दो श्रोता हैं । उन रुद्रागमों और उनके श्रोताओं के नाम निम्नलिखित हैं, –

	रुद्र आगम	श्रोता १.	श्रोता २.
१.	विजय	अनादिरुद्र	परमेश्वर
२.	निःश्वास	दशार्ण	शैलसम्भवा
३.	परमेश्वर	श्रीरूप	उशना
४.	प्रोद्गीत	शूली	कच
५.	मुखबिम्ब	प्रशान्त	दधीचि
६.	सिद्धमत	बिन्दु	चण्डेश्वर
७.	सन्तान	शिवलिंग	हंसवाहन
८.	नारसिंह	सौम्य	नृसिंह
९.	चन्द्रांशु (चन्द्रहास)	अनन्त	बृहस्पति
१०.	वीरभद्र	सर्वात्मा	वीरभद्र (महागण)
११.	स्वायम्भुव	निधन	पद्मज (ब्रह्मा)
१२.	विरज	तेज	प्रजापति
१३.	कौरव्य	ब्रघ्नेश	नन्दिकेश्वर
१४.	माकुट (मुकुट)	शिवाख्य या ईशान	महादेव, ध्वजाश्रय
१५.	किरण	देवपिता	संवर्तक
१६.	ललित	आलय	रुद्रभैरव
१७.	आग्नेय	व्योमशिव	हुताशन
१८.	– (?)	शिव	– (?)

मुकुटतन्त्र में रुद्र-भेद विविध हैं । यद्यपि अठारहवें रुद्र और उनके एक श्रोता का नाम उपलब्ध नहीं होता फिर भी सिद्धान्त के अनुसार १८ × २ = ३६ रुद्रज्ञान हैं । शिव तथा रुद्र दोनों के सिद्धान्त ज्ञानों को मिलाकर ३० + ३६ = ६६ शिव-रुद्र ज्ञान विभक्त हैं ।

कामिकागम के अनुसार सदाशिव के पाँच मुख हैं—सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान । जिनके पाँच स्रोत हैं—लौकिक, वैदिक, आध्यात्मिक, अतिमार्ग और मन्त्र ।

सोम-सिद्धान्त के अनुसार उपर्युक्त पाँच स्रोतों वाले पाँच तन्त्र, पाँच-पाँच प्रकार के हैं । सिद्धान्तदीपिका एवं "शतरत्न" के अनुसार उपर्युक्त वर्णन हैं । उपर्युक्त विवरण को निम्नलिखित रूपरेखा में देखा जा सकता है ।

सदाशिव

उत्तर मुख	पश्चिम मुख		दक्षिण मुख	ऊर्ध्व मुख
सद्योजातशिव	**वामदेवशिव**	**अघोरशिव**	**तत्पुरुष**	**ईशान**
कामिक	दीप्त	विजय	प्रोद्गीत	रौरव
योगज	सूक्ष्म	निःश्वास	ललित	—
चिन्त्य	सहस्र	स्वायंभुव	सिद्ध	मुकुट
कारण	अंशुमत	आग्नेय	सन्तान	—
अजित	सुप्रभेद	वीर	सर्वोक्त	विमलज्ञान
दस शिवागम हैं । ये सद्योजात और वाम शिव के मुख से निकले हैं ।		अष्टादश रुद्रागम है । अघोर, तत्पुरुष, ईशान मुख से निकले हैं ।	परमेश्वर किरण वातुल	चंद्रकान्त बिम्ब

कविराज जी ने नेपाल लाइब्रेरी में उपलब्ध ''निःश्वास-तत्त्व-संहिता'' नामक एक पोथी की चर्चा की है, जिसमें—१. लौकिक धर्मसूत्र, २. मूलसूत्र, ३. उत्तर सूत्र (आदि सूत्र), ४. नय सूत्र (प्रथम सूत्र), ५. गुह्य सूत्र इन पाँच सूत्रों या विभागों का उल्लेख किया है और बतलाया है कि आदि या उत्तर सूत्र में अठारह प्राचीन शिव-सूत्रों का उल्लेख है, जो वास्तव में उन नामों से प्रचलित आगम ही हैं । उनमें दस शिवतन्त्र है । 'कालिकागम' के अनुसार अठारह तन्त्र बतलाये गये हैं । इन्होंने ज्ञान-सम्बन्धी शुद्धमार्ग, अशुद्धमार्ग और मिश्रमार्ग, इन तीन मार्गों का उल्लेख किया है और पशु, माया आदि तत्वों के ज्ञान की अपेक्षा शिवप्रतिपादक ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ बतलाया है । सिद्धान्त-मत के अनुसार वेदादि-सम्बन्धी ज्ञान से सिद्धान्त ज्ञान को विशुद्ध और श्रेष्ठ बतलाया गया है । यह ज्ञान भी परापर भेद से भिन्न-भिन्न प्रकार का है ।

'कामिकागम' और ''स्वायंभुव आगम'' के अनुसार परापर भेद का उल्लेख किया गया है । अधिकारी भेद से ज्ञान के भेद किये गये हैं । पतिप्रतिपादक ज्ञान को परज्ञान और पशुप्रतिपादक ज्ञान को अपरज्ञान कहा गया है । शिव प्रकाश ज्ञान को पर या श्रेष्ठ कहा गया है तथा पशु-पाश आदि अर्थ प्रकाशज्ञान को अपर-ज्ञान कहा गया है । यहाँ स्मरणीय है कि शिव-ज्ञान और रुद्रज्ञान को सिद्धान्त-ज्ञान कहते हैं । कविराज जी ने यह भी बतलाया है कि पाशुपतों में उपर्युक्त अठारह रौद्रागमों की प्रामाणिकता मानी जाती है क्योंकि उन (रौद्रागमों) में द्वैतदृष्टि से अद्वैतदृष्टि का मिश्रण है । परन्तु दस शिवागमों में अद्वैतदृष्टि को अंगीकृत वे नहीं मानते । अतः अभिनवगुप्त भी पाशुपतमत को सर्वथा हेय नहीं मानते । इस प्रकार से शिवागमों और रुद्रागमों की चर्चा करने के बाद चौसठ भैरवागमों का उल्लेख किया गया है ।

चौसठ भैरवागम

तन्त्रालोक के प्रसिद्ध टीकाकार जयरथ ने श्रीकंठ-संहिता के अनुसार चौसठ भैरवागम-अद्वैतागमों का उल्लेख किया है । वे निम्नलिखित आठ अष्टकों में विभक्त हैं—१. भैरवाष्टक, २. यामलाष्टक, ३. मताष्टक ४. मंगलाष्टक, ५. चक्राष्टक, ६. बहुरूपाष्टक, ७. वागीशाष्टक, और ८. शिखाष्टक (६४) ।

इन आठ अष्टकों में प्रथम और द्वितीय अष्टक के एक-एक तन्त्र का नाम नहीं मिलता । नवीं शताब्दी के प्रारम्भ में शिखाष्टक के वीणाशिवा, सम्मोह और शिरश्छेद नामक तन्त्र भारत से कम्बोज देश पहुँच गये थे । यहाँ यह भी बतलाया गया है कि एक चौथा तन्त्र भी जो 'नयोत्तर' नाम से प्रसिद्ध है जिसका उल्लेख प्रबोधचन्द्र वागची ने स्टडीज इन दि तन्त्राज, वाल्यूम १, पृष्ठ २ में किया है और उन्होंने बतलाया है, कि नेपाल में संरक्षित "निःश्वास तत्त्व संहिता" अठारह रौद्रागमों के अन्तर्गत "निःश्वास तन्त्र" का ही दूसरा नाम है । जिसके चार भाग हैं, उन सभी को मिलाकर 'नयोत्तर तन्त्र'[१] कहा जाता है ।

चौसठ तन्त्र (कुल मार्ग)

शंकराचार्य द्वारा लिखित आनन्दलहरी में चौसठ तन्त्रों की चर्चा की गई है । आनन्द लहरी के प्रसिद्ध टीकाकार लक्ष्मीधर ने **"चतुःषष्ट्या तन्त्रैः सकलमनुसन्धाय भुवनम्"**, श्लोक संख्या—३१ का पाठ संशोधन करते हुए बतलाया है कि इस श्लोक में महामाया, शम्बर आदि चौसठ तन्त्रों के द्वारा सभी प्रपञ्चों की वञ्चना की बात की गयी है । इन तन्त्रों में से प्रत्येक में किसी न किसी सिद्धि का वर्णन किया गया है । अतः देवी के अनुरोध से भगवान् शंकर ने एक महत्त्वपूर्ण पुरुषार्थ साधक भगवती-तन्त्र का निर्माण किया ।[२] "चतुःशती", "नित्याषोडशिकार्णव" एवं भास्कर राय के सेतुबंध टीका में चौंसठ तन्त्रों की विस्तृत व्याख्या है । लक्ष्मीधर की व्याख्या के अनुसार ये कुलमार्ग के चौंसठ तन्त्र वैदिक मार्ग से पृथक् और जगत् के विनाशक हैं । पैसठवें तन्त्र के विषय में कहा गया है कि भगवान् के मन्त्र-रहस्य शिव शक्ति दोनों के सम्मिश्रण से उभयात्मक है । चतुःशती में उल्लिखित चौसठ तन्त्रों का उल्लेख किया गया है, जिनमें बहुरूपाष्टक के भीतर आठ तन्त्रों में एक का नाम नहीं मिलता तथा अन्तिम सप्तक में सात की जगह आठ क्षपणक मत के तन्त्रों का उल्लेख किया गया है ।

इन सभी तन्त्रों में ऐहिक फलों पर विशेष ध्यान है पारमार्थिक पर नहीं । इसीलिए लक्ष्मीधर ने इन्हें अवैदिक कहा है । लेकिन उन्होनें यह भी प्रश्न उठाया है कि करुणावरुणालय उस परमेश्वर ने इस प्रकार की ऐहिकता सिद्धि वाले शास्त्रों की

---

१. इस तन्त्र का कुछ अंश मुझे संपादित करने के लिए पाश्चात्य जगत् के मूर्धन्य विद्वान् मार्क डिस्कॉस्की ने दिया था जिसे सम्पादित करके मैंने उन्हें दे दिया है । सम्भवतः यह National Archive, New Delhi से शीघ्र ही छपने वाला है ।

२. चतुःषष्टितन्त्रार्णवाह्लादकत्वान् महाभौतिकत्त्वान्महासिद्धिविद्या ।

— तु० रुद्रयामल ४६.२२।

अवतारणा क्यों की ? और वहाँ उत्तर भी दिया है कि पशुपतिशिव ने सभी वर्णों के लिए तन्त्रों की रचना की । किन्तु प्रत्येक वर्ण का अधिकार सभी तन्त्रों के लिए नहीं है । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य (षडशी) विशुद्ध चन्द्रकला विद्या के अधिकारी हैं । शूद्र लोग ही इन चौसठ तन्त्रों के अधिकारी हैं । ये आठ विशुद्ध चन्द्रकला विद्याएँ अवैदिक चन्द्रकला विज्ञान से भिन्न हैं । इनके नाम १. चन्द्रकला, २. ज्योत्स्नावती, ३. कुलार्णव, ४. कुलेश्वरी, ५. भुवनेश्वरी, ६. बार्हस्पत्य, ७. दुर्वासामत और ८. आठवीं का नाम नहीं दिया गया है । इन सभी तन्त्रों के त्रिवर्ण के साथ शूद्र भी अधिकारी हैं । पर त्रिवर्ण दक्षिणमार्गी और शूद्र वाम मार्गी होते हैं । पण्डित कविराज ने इस विद्या में कुल मार्ग और समय मार्ग का मिश्रण बतलाया है ।

समय मार्ग या शुभागम पञ्चक

१. सनक, २. सनन्दन, ३. सनत्कुमार, ४. वसिष्ठ और ५. शुक-संहिताओं को शुभागम पञ्चक कहा जाता है । यह वैदिक मार्ग है । यह समयाचार के आधार पर अवलम्बित है । लक्ष्मीधर के अनुसार स्वयं शंकराचार्य इस समयाचार का अनुगमन करते थे । शुभागम पंचक में मूल विद्या के अन्तर्गत षोडश विद्याएँ स्वीकृत हैं और चौसठ विद्याओं की चन्द्रज्ञानविद्या के अन्तर्गत सोलह नित्याओं की प्रधानता मान्य है । इसीलिए यह मार्ग कौल मार्ग कहा जाता है । ऊपर जिस एक पृथक् पैसठवें तन्त्र की बात की गई है, भास्कर राय के अनुसार यह सम्भवत: ''वामकेश्वर तन्त्र'' है, जिसके भीतर ही नित्याषोडशिकार्णव आ जाता है । ''सौंदर्यलहरी'' के टीकाकार गौरीकान्त के अनुसार यह पैसठवाँ तन्त्र 'ज्ञानार्णव' है । जबकि 'ज्ञानार्णव' तोडल की सूची में प्राप्त है । दूसरे लोग उस स्वतन्त्र तन्त्र को विशिष्ट मानकर उसे ''तन्त्रराज'' कहते हैं ।

नवयुग के चौसठ तन्त्र

महामहोपाध्याय पण्डित गोपीनाथ कविराज ने ''तोडल तन्त्र'', ''सर्वोल्लास–तन्त्र'' में आए चौसठ तन्त्रों के नामों की तुलना चतु:शती और श्रीकण्ठी की सूची से की है तथा इनमें अन्तर पाया है । ''तोडल तन्त्र'' की सूची सर्वानन्द के सर्वोल्लास[१] में दी गई है जिसमें काली, मुण्डमाला, तारा से लेकर कामाख्या तन्त्र तक की गणना की गई है । इनमें तिरसठ तन्त्रों का ही उल्लेख है । परन्तु दाशरथी तन्त्र में चौसठ तन्त्रों का नाम उल्लिखित बतलाया है । इसकी सूची उपर्युक्त सूची से भिन्न है । इस तन्त्र की सन् १७५४ ई० की लिपिबद्ध की गई पोथी ''इण्डिया आफिस लाइब्रेरी'' लंदन में हैं।

के० सी० पाण्डे द्वारा लिखित अभिनवगुप्त के पृष्ठ ५५ में बतलाया गया है कि हरिवंश के अनुसार श्रीकृष्ण ने दुर्वासा से चौसठ अद्वैततन्त्रों का अध्ययन किया था । अत: कलियुग में दुर्वासा को ही अद्वैततन्त्र का प्रकाशक माना जाता है ।

पण्डित कविराज ने आठवीं सदी से पहले **''जयद्रथयामल''** की तन्त्र सम्बन्धी बहुत सी बातों की चर्चा की है । आठ प्रकार के यामलों का मूल है

१. सर्वोल्लास के पृ० ५ पर ५–२० श्लोक ।

ब्रह्मयामल । यामलाष्टक की भाँति ही मंगलाष्टक, चक्राष्टक, शिखाष्टक आदि तन्त्र वर्ग की चर्चा जयद्रथयामल में है । प्रबोधचन्द्र बागची ने इन अष्टकों के विषय में विस्तार से लिखा है ।

जयद्रथयामल में विद्यापीठ के तन्त्रों का नाम लिया गया है । इस पुस्तक की एक पोथी नेपाल दरबार में संरक्षित है । यहाँ ११७४ ई० की लिखी पिंगलामत नामक भी एक पोथी है । जिसे ब्रह्मयामल का परिशिष्ट बतलाया गया है । पिंगलामत के अनुसार पुराने समय में ब्रह्मयामल के अनुसरण करने वाले सात तन्त्र प्रचलित थे जिनमें दुर्वासामत और सारस्वतमत प्रसिद्ध थे ।

इस प्रकार महामहोपाध्याय पंडित गोपीनाथ कविराज ने तन्त्र साहित्य से परिचय कराने के लिए दस शिवागम, अष्टादश रुद्रागम, चौसठ भैरवागम, चौसठ तन्त्र-कुल मार्ग, शुभागम पंचक (समय मार्ग) तथा नवयुग के चौसठ तन्त्रों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया है ।

तान्त्रिक-संस्कृति का विहंगावलोकन

यह अत्यन्त आनन्द का विषय है कि वर्तमान युग में हम लोगों का ध्यान अपनी प्राचीन संस्कृति के स्वरूप के अनुसन्धान में क्रमशः सचेत एवं आकृष्ट होता जा रहा है । वेद तथा लुप्तप्राय वैदिक साहित्य के पुनरुद्धार के लिए प्रतीच्य एवं भारतीय विद्वानों ने जो सुदीर्घ कालव्यापी अक्लान्त परिश्रम किया, उससे हम सब लोग परिचित हैं । तत्कालीन भारतीय शासन की ओर से पुरातत्त्व विभाग की जब से स्थापना हुई, तब से यहाँ के प्राचीन इतिहास के विभिन्न क्षेत्रों में—विशेषतः स्थापत्य, भास्कर्य, मुद्रा, शिलालेख प्रभृति विषयों में—बहुत से भूले हुए तथ्यों का उद्‌घाटन हुआ है । यह एक विचित्र संयोग है कि आधुनिक युग में विस्मृतप्राय वैदिक वाङ्मय के पुनरुद्धार की दिशा में जिस प्रकार मोक्षमूलर प्रभृति प्रतीच्य मनीषियों का प्राथमिक उद्यम रहा है, ठीक उसी प्रकार विस्मृतप्राय तान्त्रिक वाङ्मय की ओर सब से पहले दृष्टि आकृष्ट करने का श्रेय भी प्रतीच्य मनीषियों को ही प्राप्त है । इस विषय में **सर जान उडरफ** उपनाम **आर्थर एवलेन** को हम लोगों को नहीं भूलना चाहिए । यद्यपि विभिन्न स्थानों से आंशिक एवं विकीर्ण रूप में तान्त्रिक ग्रन्थों का प्रकाशन-कार्य हो रहा है, किन्तु मात्र वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय से ही इस कार्य में अधिक उत्साह दिखाया जा रहा है ।

भारतीय आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रायः सभी प्रकार के साधनों का एक विशिष्ट स्थान काशी रहा है । बुद्धदेव के समय से ही, बल्कि उनके भी पहले से विद्या के केन्द्र रूप में काशी की प्रसिद्धि थी । विदेशों से आये पर्यटकों के विवरण से भी यह बात सिद्ध होती है । ऐतिहासिक गवेषणा के प्रभाव से इस विषय में विशेष ज्ञान की प्राप्ति हो सकेगी । मध्ययुग से वर्तमान समय तक दृष्टि देने पर प्रतीत होगा कि इस समय में भी बहुसंख्यक विशिष्ट तान्त्रिक साधक और ग्रन्थकार काशी में आविर्भूत हुए थे ।

उदाहरणस्वरूप कई साधकों के नाम नीचे दिये जा रहे हैं –

(१) **सरस्वती तीर्थ**—ये परमहंस परिव्राजकाचार्य थे और दक्षिण से आये हुए प्रकाण्ड विद्वान् थे । ये वेदान्त, मीमांसा, सांख्य, साहित्य तथा व्याकरण के छात्रों को पढ़ाया करते थे । इनका मुख्य ग्रन्थ शङ्कराचार्य कृत प्रपञ्चसारतन्त्र की टीका थी ।

(२) **राघवभट्ट**—इनके पिता नासिक से काशी आकर बस गये । राघवभट्ट जन्म से ही काशी में थे । इन्होंने शारदातिलक की टीका पदार्थादर्श लिखी थी जो सर्वत्र प्रसिद्ध है । इस टीका की रचना काशी में हुई थी ।[१] रचनाकाल १४९४ ई० है ।

(३) **सर्वानन्द परमहंस**—पूर्वबङ्गके बहुत उच्चकोटि के सिद्ध पुरुष थे । इन्होंने दसों महाविद्याओं का एक साथ साक्षात्कार किया था । यह भी प्रायः चार सौ वर्ष पहले की बात है । इनका अन्तिम समय काशी में ही बीता । किसी-किसी के मत से ये राजगुरु मठ में रहते थे । इनकी अलौकिक शक्तियाँ बहुत थीं । सर्वोल्लासतन्त्र इनका संकलित तन्त्रग्रन्थ है ।

(४) **विद्यानन्दनाथ** –ये दक्षिण भारत के निवासी थे । काञ्ची से भी दक्षिण में इनका घर था । ये सर्वशास्त्र के पण्डित थे, किन्तु तन्त्रशास्त्र में विशेष अनुराग था । ये तीर्थयात्रा के प्रसंग से जलन्धर नामक सिद्धपीठ में गये थे । वहाँ सुन्दराचार्य या सच्चिदानन्दनाथ नामक एक सिद्ध पुरुष से मिले थे, उनसे दीक्षा लेकर स्वयं 'विद्यानन्दनाथ दीक्षित' यह नाम धारण किया और गुरु के आदेश से काशी में आकर रहने लगे । काशी रहते हुए इन्होंने तन्त्रशास्त्र के अनेक विशिष्ट ग्रन्थों का प्रणयन किया । ये भी प्रायः चार सौ वर्ष पहले के आचार्य होंगे ।

(५) **महीधर**—ये अहिच्छत्र उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मण्डल के रामनगर से आये थे और काशी में अन्तिम समय तक रहे । इनका प्रसिद्ध ग्रन्थ नौका टीका सहित मन्त्रमहोदधि है । रचनाकाल १६४५ वि० सं० (१५८८ ईशवीय) है।

(६) **नीलकण्ठ चतुर्द्धर**—ये प्रतिष्ठान (पैठान) के थे, किन्तु आजीवन काशी में रहे । महाभारत के टीकाकार रूप से इनकी विशेष प्रसिद्धि है । इन्होंने तन्त्रशास्त्र में शिवताण्डव की टीका लिखी जिस टीका का नाम 'अनूपाराम' है । रचनाकाल १६८० ईशवीय माना जाता है ।

(७) **प्रेमनिधि पन्त**—ये कूर्माचल से काशी आये हुए थे । ये भी जीवनान्त तक काशी में ही रहे । इन्होंने बहुत से तान्त्रिक ग्रन्थों का निर्माण किया जिनमें शिवताण्डव की टीका मल्लादर्श का नाम लिया जा सकता है । शारदातिलक तथा तन्त्रराज पर भी इन्होंने टीका लिखी थी । ये करीब २५० वर्ष पहले रहा करते थे ।

(८) **भास्कर राय**—ये दक्षिण देश के निवासी थे, किन्तु दीर्घकाल तक काशी में ही रहे । सिद्धपुरुष के रूप में इनकी ख्याति थी । इन्होंने ललितासहस्रनाम की

---

१. शारदातिलक राघवभट्ट कृत पदार्थादर्श टीका और प्रस्तुत पुस्तक लेखक द्वारा सम्पादित सरला हिन्दी व्याख्या के साथ चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली से मुद्रित है ।

टीका, योगिनीहृदय पर सेतुबन्ध टीका, वरिवस्यारहस्य आदि अनेक ग्रन्थ लिखे थे । १९२९ ईशवीय के आसपास इनका समय जानना चाहिए ।

(९) **शंकरानन्दनाथ**—इनका पूर्व नाम पं० शंभु भट्ट था । ये अद्वितीय मीमांसक पं० खण्डदेव के शिष्य थे और मीमांसा शास्त्र में ग्रन्थ लिखे । ये श्री विद्या के अनन्य उपासक थे । इनका सुन्दरीमहोदय नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं । १७०७ ई० इनका समय माना जाता है ।

(१०) **माधवानन्दनाथ**—ये सौभाग्यकल्पद्रुम के रचियता हैं । यह ग्रन्थ परमानन्द-तन्त्र के आधार पर लिखा गया है । ये भी काशी में ही रहे । इनका समय आज से १५० वर्ष पूर्व माना जाता हैं ।

(११) **क्षेमानन्द**—माधवानन्द के शिष्य क्षेमानन्द प्रसिद्ध तान्त्रिक विद्वान् थे । इन्होंने सौभाग्यकल्पलतिका का निर्माण किया था ।

(१२) **सुभगानन्दनाथ**—एक प्रसिद्ध तान्त्रिक आचार्य काशी में रहते थे । ये केरल देश के थे, इनका पूर्वनाम श्रीकण्ठ था । ये काशी में तन्त्र तथा वेद दोनों के अध्यापक थे । ये माधवानन्दजी के ही समसामयिक माने जाते हैं ।

(१३) **काशीनाथ भट्ट**—इनका भी नाम उल्लेख योग्य है । इन्होंने छोटे-छोटे अनेक तान्त्रिक ग्रन्थ लिखे थे । ये अधिक प्राचीन नहीं, अपितु १०० वर्ष पहले के हैं।

वैदिक एवं तान्त्रिक साधना

इस विशाल भारतीय संस्कृति का विश्लेषण करने पर प्रतीत होगा कि इसके विभिन्न अंश हैं, और अङ्ग-प्रत्यङ्ग रूप में इसके विभिन्न विभाग हैं । इसमें सन्देह नहीं कि इसमें 'वैदिक-साधना' ही प्रधान है, किन्तु इसका भी ध्यान रखना चाहिए कि भिन्न-भिन्न समयों में इस धारा में भी नये-नये विवर्तन हो चुके हैं । धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, इतिहास-पुराणादि के आलोचन से तथा भारतीय समाज के आन्तरिक जीवन का परिचय मिलने से उपर्युक्त तथ्य का स्पष्टतया ज्ञान होगा । वैदिकधारा का प्राधान्य होने पर भी, इसमें सन्देह नहीं है कि इसमें विभिन्न धाराओं का संमिश्रण है । इन सब धाराओं के भीतर यदि व्यापक दृष्टि से देखा जाय तो ज्ञात होगा कि 'तन्त्र की धारा' ही प्रथम एवं प्रधान हैं । इस धारा की भी बहुत से दिशाएँ हैं, जिनमें एक वैदिकधारा के अनुकूल थी । अगली पीढ़ियों के गवेषक-गण इस तथ्य का निरूपण करेंगे कि वैदिकधारा की जो उपासना की दिशा है, वह अविभाज्य रूप से बहुत अंशों में तान्त्रिकधारा से मिली हुई है, और बहुत से तान्त्रिक विषय अति प्राचीन समय से परम्पराक्रम से चले आ रहे थे । उपनिषद् आदि में जिन विद्याओं का परिचय मिलता है, यथा संवर्ग, उद्गीथ, उपकोशल, भूमा, दहर, पर्यङ्क आदि, ये सभी गुप्त विद्याएँ इसी के अन्तर्गत हैं । वेद के रहस्य अंश में भी इन सब रहस्य विद्याओं के परिज्ञान का आभास मिलता है । यहाँ तक कहा जा सकता है कि वैदिक क्रिया-काण्ड भी अध्यात्म-विद्या का ही बाह्य रूप है, जो निम्न

अधिकारियों के लिए उपयोगी माना जाता था । यदि इन सब अध्यात्म-विद्याओं का रहस्य-ज्ञान कभी हो जाय, तो पता चलेगा कि मूलभूत वैदिक तथा तान्त्रिक या आगमिक ज्ञानों में विशेष भेद नहीं रहा ।

वेद एवं तन्त्रों की मौलिक दृष्टि

यहाँ प्रसंगत: एक बात का उल्लेख आवश्यक है कि साधारण दृष्टि से संभव है यह समझ में न आवे, फिर भी यह सत्य है कि वेद और तन्त्र का निगूढ रूप एक ही प्रकार का है । दोनों ही अक्षरात्मक हैं, अर्थात् शब्दात्मक ज्ञान विशेष हैं । ये शब्द लौकिक नहीं दिव्य हैं, और अपौरुषेय हैं । मन्त्रदर्शीगण इसे ही प्राप्त कर सर्वज्ञत्व-लाभ किया करते थे; वे अन्त में आत्मसाक्षात्कार के द्वारा अपना जीवन सफल करते थे । 'पुराकल्प' में लिखा है –

यां सूक्ष्मां विद्याम् अतीन्द्रियां वाचम् ऋषयः साक्षात्कृतधर्माणः मन्त्रदृशः पश्यन्ति, ताम् असाक्षात्कृतधर्मभ्यः प्रतिवेदयिष्यमाणा बिल्मं समामनन्ति, स्वप्रवृत्तमिव दृष्टश्रुतानुभूतम् आचिख्यासन्ते ।

निरुक्त प्रभृति ग्रन्थों के आलोचन से यह प्रतीत होता है कि ऋषिगण साक्षात्कृत–धर्मा थे और वे उन सामान्य लोगों को उपदेश द्वारा मन्त्र-दान करते थे, जो असाक्षात्कृतधर्मा थे । साक्षात्कृतधर्मा होने के कारण ऋषिगण वस्तुत: शक्तिशाली थे, अत: वे किसी से उपदेश-श्रवण करके ऋषित्व-लाभ नहीं करते थे; प्रत्युत वे स्वयं वेदार्थ-दर्शन करते थे । इसी अभिप्राय से उन्हें मन्त्रद्रष्टा कहा जाता है । मन्त्रार्थ-ज्ञान का मुख्य उपाय है प्रतिभान, इसे ही प्रातिभ या अनौपदेशिकं ज्ञान कहते हैं । इसी के विषय में कहा जाता है –

गुरोस्तु मौनं व्याख्यानं शिष्यास्तु छिन्नसंशयाः ।

गुरु शब्द से यहाँ अन्तर्गुरु या अन्तर्यामी समझना चाहिए । ऐसे उत्तम अधिकारियों को **दृष्टर्षि** भी कहा जाता है । शक्ति की मन्दता के कारण मध्यम अधिकारी इनसे अवर समझे जाते थे । इनका परिचय **श्रुतर्षि** नाम से मिलता है । उत्तम अधिकारी को दर्शन मिलता था उपदेश-निरपेक्ष होकर, और मध्यम अधिकारी को श्रवण-प्राप्त होता था उपदेश-सापेक्ष होकर । प्रथम ज्ञान का नाम आर्षज्ञान और द्वितीय का नाम औपदेशिक ज्ञान है । मनुसंहिता के अनुसार धर्मज्ञ वही है जो ऋषिदृष्ट वेद तथा तन्मूलक स्मृति शास्त्रों को वेदानुकूल तर्क से विचारता है –

आर्षं धर्मोपदेशं च वेदशास्त्राविरोधिना ।
यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः ।। मनु० १२ १०६

किन्तु साधारण अधिकारी को जो ज्ञान होता है, वह सत् तर्क के द्वारा । सत्तर्क से अभिप्रेत है वेद शास्त्र के अविरोधी तर्क के द्वारा अनुसंधान । आगम शास्त्र (त्रि० र० तथा त्रिकदार्शनिक साहित्य) में सत्तर्क का विशेष रूप से मण्डन किया गया है ।

वैदिक साहित्य में भी यह लिखित मिलता है कि ऋषिगण जब अन्तर्हित होने लगे तो तर्क पर ही ज्ञान का भार दिया गया । सभी साधारण जिज्ञासु लोग अवर-कोटि में है, हम सभी इसी कोटि के है । इस प्रकार के लिए सत्तर्क ही अवलम्बनीय है ।

आगम

तन्त्र शास्त्रों के अनुसार तन्त्र का मूल आधार कोई पुस्तक नहीं है, वह अपौरुषेय ज्ञान विशेष है । ऐसे ज्ञान का नाम ही **'आगम'** है । यह ज्ञानात्मक आगम शब्दरूप में अवतरित होता है । तन्त्र-मत में परा-वाक् ही अखण्ड आगम है । पश्यन्ती अवस्था में यह स्वयं वेद्य रूप में प्रकाशित होता है और अपना प्रकाश अपने साथ रखता है । यही साक्षात्कार की अवस्था है, यहाँ द्वितीय या अपर में ज्ञान-संचार करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता । वही ज्ञान मध्यमा वाक् में अवतीर्ण होकर 'शब्द' का आकार धारण करता हैं और यह शब्द चित्तात्मक है । इसी भूमि में गुरु-शिष्य भाव का उदय होता है । फलत: ज्ञान एक आधार से अपर आधार में संचारित होता है । विभिन्न शास्त्रों एवं गुरु–परम्पराओं का प्राकट्य मध्यमा-भूमि में ही होता है । वैखरी में वह ज्ञान या शब्द जब स्थूल रूप धारण करता है, तब वह दूसरों के इन्द्रिय का विषय बनता है ।

उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन से प्रतीत होगा कि वेद और तन्त्रों की मौलिक दृष्टि एक ही हैं यद्यपि वेद एक है किन्तु विभक्त होकर यह त्रयी या चतुर्विध होता है, अन्ततः वह अनन्त है । **'वेदा अनन्ता:'** यह भी वेद की ही वाणी है । आगमों की स्थिति भी ठीक इसी प्रकार की हैं । अवश्य ही तन्त्र की एक और भी दिशा है जिससे उसका वैदिक आदर्शों से किसी किसी अंश में पार्थक्य प्रतीत होता है, और उस कारण से तान्त्रिक साधना का वैशिष्ट्य भी समझ में आता है । कुछ भी हो, ये सभी मिल कर भारतीय संस्कृति के अंगीभूत हो चुके हैं । जैसे बृहत् जलधारायें मिलकर नदी का रूप धारण करती है, और अन्त में महासमुद्र में विलीन हो जाती हैं; वैसे ही वैदिक तान्त्रिक आदि अन्यान्य सांस्कृतिक-धारायें भारतीय संस्कृति में आश्रय-लाभ करती हैं और उसे विशाल से विशालतम बनाती हैं ।

तन्त्र प्रवर्तक ऋषि

ऐतिहासिक दृष्टि से भारतीय संस्कृति का विचार करने पर प्रतीत होता है कि प्राचीन काल से ही वैदिक तथा तन्त्रिक साधन-धाराओं में परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है[१]; यह बात जैसे सत्य है, वैसे ही यह भी सत्य है कि दोनों में अंशत: वैलक्षण्य भी है । अति प्राचीन काल से ही शिष्ट जनों द्वारा तन्त्रों के समादर के असंख्य प्रमाण उपलब्ध है । ऐसी प्रसिद्धि है कि बहुसंख्यक देवता भी तान्त्रिक साधना के द्वारा सिद्धि-लाभ करते थे । तान्त्रिक साधना का परम आदर्श था-शाक्त-साधना, जिसका लक्ष्य था – महाशक्ति जगदम्बा की मातृरूप में उपासना अथवा शिवोपासना । ब्रह्मा,

---

१. द्र० रुद्रयामल १७.१०६–१६१ में वर्णित वसिष्ठ की साधना ।

विष्णु, इन्द्र, चन्द्र, स्कन्द, वीरभद्र, लक्ष्मीश्वर, महाकाल, काम या मन्मथ ये सभी श्रीमाता के उपासक थे । प्रसिद्ध ऋषियों में कोई-कोई तान्त्रिक मार्ग के उपासक थे, और कोई–कोई तान्त्रिक उपासना के प्रवर्तक भी थे । ब्रह्मयामल में बहुसंख्यक ऋषियों का नामोल्लेख है, जो शिव-ज्ञान के प्रवर्तक थे; उनमें उशना, बृहस्पति, दधीचि, सनत्कुमार, नकुलीश आदि उल्लेख्य हैं । जयद्रथयामल के मंगलाष्टक प्रकरण में तन्त्र प्रवर्तक बहुत से ऋषियों के नाम हैं, जैसे दुर्वासा, सनक, विष्णु, कश्यप, संवर्त, विश्वामित्र, गालव, गौतम, याज्ञवल्क्य, शातातप, आपस्तम्ब, कात्यायन, भृगु आदि ।

१. क्रोधभट्टारक 'दुर्वासा'

सबसे पहले दुर्वासा का नाम उल्लेखनीय है । तान्त्रिक साहित्य में 'क्रोध भट्टारक' नाम से इनका परिचय मिलता है । प्रसिद्धि के अनुसार इन्होंने श्रीकृष्ण को ६४ अद्वैतागमों को पढ़ाया था । यह भी किंवदन्ती है कि कलियुग में दुर्वासा द्वारा ही **आगम** प्रकाश में लाये गये । नेपाल दरबार के ग्रन्थागार में सुरक्षित महिम्नःस्तोत्र की एक पोथी में इनके सम्बन्ध में लिखा है –'**सर्वासामुपनिषदां दुर्वासा जयति देशिकाः प्रथमः**' । जयद्रथयामल नामक आगम के अनुसार भी तन्त्र के प्रवर्तक ऋषियों में दुर्वासा का नाम प्रथम है । यह विचारणीय है कि दुर्वासा की धारा कौन सी थी? प्रसिद्धि है कि ब्रह्मयामलानुसारी सभी तन्त्रों के भीतर दुर्वासा-मत प्रथम है । यह बात दरबार ग्रन्थागार में उपलब्ध पिंगलागम में पिंगला-मत के प्रसंग में उल्लिखित है । अर्धचन्द्रकला विद्याओं के भीतर भी दुर्वासा का मत उल्लेखनीय है । चन्द्रकला (श्री) विद्याएँ कौल तथा सोम (कापालिक) मतों की संमिश्रण हैं । प्राचीन काल में इन विद्याओं में चारों वर्णों का अधिकार था, किन्तु विशेष यह था त्रैवर्णिक लोग दक्षिण-मार्ग से अनुष्ठान करते थे और अन्य लोग वाम-मार्ग से ।

दुर्वासा श्रीमाता के उपासक थे । श्रीमाता के द्वादशविध उपासकों में उनका भी एक नाम है । सुनने में आता है कि उनकी उपास्य षडक्षरी विद्या थी ।[१] किसी-किसी के मत में ये त्रयोदशाक्षरी विद्या के उपासक थे । सौन्दर्य-लहरी की टीका में कैवल्याश्रम ने इस विद्या का कादि मत के अनुसार उद्धार भी किया है । इतने के बाद भी दुर्वासा का सम्प्रदाय इस समय लुप्तप्राय ही है ।

निम्नलिखित ग्रन्थों में दुर्वासा की चर्चा है –

१. त्रिपुर-सुन्दरी (देवी) -महिम्नःस्तोत्र-टीका में नित्यानन्द नाथ ने कहा है –

सकलागमाचार्यचक्रवर्ती साक्षात् शिव एव अनसूयागर्भसम्भूतः क्रोधभट्टारका–ख्यो दुर्वासा महामुनिः ।

२. ललितास्तव-रत्न ।

३. परशिव-महिम्नः स्तोत्र अथवा परशम्भु-स्तुति ।

---

१. द्रष्टव्य – त्रिपुरतापिनी उपनिषद्-टीका ।

इस प्रकार दुर्वासा श्रीविद्या तथा परमशिव के उपासक थे । कालीसुधानिधि ग्रन्थ से यह पता चलता है कि ये काली के भी उपासक थे ।

२. अगस्त्य ऋषि

प्रसंगवश इस समय अगस्त्य के सम्बन्ध में कुछ कहा जा रहा है । यह वैदिक ऋषि थे । इनके सम्बन्ध में पाञ्चरात्र तथा शाक्तागमों में भी चर्चा है । इन प्रसिद्ध ऋषि का विवरण पुराण, रामायण महाभारतादि प्राय: सभी प्राचीन ग्रन्थों में मिलता है । विदर्भराज की कन्या लोपामुद्रा उनकी धर्मपत्नी थीं । उनकी चर्चा भी प्राय: सर्वत्र देखी जाती है, यह भी अगस्त्य के सदृश ही वैदिक ऋषि थीं । रामायण के अरण्यकाण्ड में सुतीक्ष्ण मुनि ने भगवान् रामचन्द्र को गोदावरी तट-स्थित अगस्त्याश्रम का मार्ग दिखाया था । अगस्त्य ने श्रीरामचन्द्रजी को वैष्णव धनु, ब्रह्मदत्त नामक शस्त्र (बाण), अक्षय तूणीर एवं खड्ग दिया था । विन्ध्य पर्वत के साथ अगस्त्य का सम्बन्ध प्राय: सर्वविदित है । दक्षिण दिशा के साथ अगस्त्य का विशेष रूप से सम्बन्ध प्रतीत होता है । यह भी प्रसिद्ध है कि दक्षिण भारतीयों में एक विशिष्ट प्रकार की संस्कृति का भी प्रसार इन्हीं की देन है । ४ अध्यायों और ३०२ सूत्रों का 'शक्तिसूत्र' इन्हीं की रचना है । इसके अतिरिक्त इनके ग्रन्थों में 'श्रीविद्या-भाष्य' भी है; यह हयग्रीव से प्राप्त 'पञ्चदशी विद्या' की व्याख्या है । अगस्त्य और लोपामुद्रा दोनों ही श्रीविद्या के उपासक थे । प्रसिद्धि है कि ब्रह्मसूत्र पर भी ऋषि अगस्त्य ने एक टीका लिखी थी । किंवदन्ती के अनुसार श्रीपति पण्डित का श्रीकरभाष्य उन्हीं के मतानुसारी है । त्रिपुरा-रहस्य के माहात्म्य-खण्ड से पता चलता है कि अगस्त्य उच्च कोटि के वैदिक ऋषि होते हुए भी मेरु-स्थित श्रीमाता के दर्शनार्थ जब उत्सुक हुए तो दर्शन से वे वंचित इसलिए हो गये कि तब तक उन्हें तान्त्रिक दीक्षा प्राप्त नहीं थी, फलत: श्रीमाता के दर्शनोपयोगी विशुद्ध शाक्त देह भी प्राप्त नहीं थी । अन्त में पराशक्ति की निगूढ उपासना के निमित्त अधिकार-लाभ के लिए देवी-माहात्म्य के श्रवण के अनन्तर उन्होंने शाक्त-दीक्षा प्राप्त की । उपासना के प्रभाव से पति-पत्नी दोनों ने ही सिद्धि-लाभ किया । बाद में इनकी सिद्धि का इतना महत्त्व स्वीकार किया गया कि इन दोनों ने ही गुरु-मण्डल में उत्तम स्थान प्राप्त कर लिया । मानसोल्लास के अनुसार श्रीविद्या के मुख्य उपासकों के बीच अगस्त्य और लोपामुद्रा दोनों का स्थान है ।

३. दत्तात्रेय

भगवान् दत्तात्रेय भी श्रीविद्या के एक श्रेष्ठ उपासक थे । दुर्वासा के समान ये भी अनसूया के गर्भ से समुद्भूत थे । प्रसिद्धि के अनुसार इन्होंने शिष्यों के हितसाधन के लिए श्रीविद्या के उपासनार्थ श्रीदत्त-संहिता नामक एक विशाल ग्रन्थ की रचना की थी । बाद में परशुराम ने उसका अध्ययन करके पचास खण्डों में एक सूत्र ग्रन्थ की रचना की थी । कहा जाता है कि इनके बाद शिष्य सुमेधा ने दत्त-संहिता और 'परशुराम कल्प सूत्र' का सारांश लेकर 'त्रिपुरा-रहस्य' की रचना की । प्रसिद्धि यह भी है कि दत्तात्रेय 'महाविद्या महाकालिका' के भी उपासक थे ।

४. नन्दिकेश्वर

शिव-भक्त **नन्दिकेश्वर** भी श्रीविद्या के उपासक थे । 'ज्ञानार्णवतन्त्र' में उनकी उपासित विद्या का उद्धार भी किया गया है ।[१] इनका रचित ग्रन्थ 'काशिका' है । यह छोटा सा कारिकात्मक ग्रन्थ है । इस पर उपमन्यु की टीका है । नन्दिकेश्वर भी षट्त्रिंशत्-तत्त्ववादी थे । वे परम शिव को तत्त्वातीत और विश्व को ३६ तत्त्वों से बना मानते थे । परन्तु इनके द्वारा तत्त्वों की परिगणना में प्रचलित धारा से कुछ विलक्षणता है । इसमें सांख्य सम्मत पञ्चविंशति तत्त्व तो हैं ही, उसके बाद शिव, शक्ति, ईश्वर, प्राणादि-पञ्चक तथा गुण-त्रय भी माने गये हैं । यहाँ प्रधान और गुण-त्रय पृथक्-पृथक् माने गये हैं । कोई-कोई कहते हैं कि **'अकार: सर्ववर्णाग्र्य: प्रकाश: परम: शिव:'** यह कारिका नन्दिकेश्वर की कारिका के अन्तर्गत ही है । किसी-किसी ग्रन्थ में लिखा मिलता है कि दुर्वासा मुनि श्रीनन्दिकेश्वर के ही शिष्य थे । यह भी सुना जाता है कि वीरशैवाचार्य प्रभुदेव के वचनों के कन्नड़ भाषा के टीकाकार दुर्वासा-सम्प्रदाय के ही अन्तर्गत थे ।

५. श्रीगौड़पाद एवं ६. श्रीशङ्कराचार्य

ऐतिहासिक युग की तरफ दृष्टिपात करने पर दीखेगा कि भारतवर्ष की संस्कृति के वास्तविक प्रतिनिधित्व में श्रीशङ्कराचार्य, उनके पूर्वगामी या उत्तरवर्तियों के अन्तर्गत भी तान्त्रिक उपासकों की न्यूनता नहीं थी । श्रीशङ्कर के परमगुरु श्रीगौडपाद तथा गुरुदेव श्रीगोविन्दपाद का स्थान भारतीय दार्शनिक सम्प्रदायों के इतिहास में उच्चतम है । इस सम्बन्ध में यहाँ इस दुर्भेद्य रहस्य का संकेत करना असंगत नहीं होगा कि श्रीशङ्कराचार्य एक ओर तो वैदिक धर्म के संस्थापक थे, दूसरी ओर वही तान्त्रिक साधना के उपदेष्टा एवं प्रचारक भी थे । इस रहस्य का उचित समाधान आगे के गवेषकगण करेंगे । शङ्कराचार्य की उभय पक्षों में प्रसिद्धियाँ हैं; ऊर्ध्वतम और अधस्तन गुरु-परम्पराओं के आलोचन से प्रतीत होता है कि दोनों ओर आचार्य-परम्परायें प्राय: समान ही हैं । कुछ लोग इन दोनों प्रकार के आचार्यों को एक समझते हैं, दूसरे लोग इसे संभव नहीं मानते; किन्तु इसमें कोई सन्देह नहीं कि वैदिक तथा तान्त्रिक मतों का घनिष्ठ सम्बन्ध आरब्ध हो चुका था । गौडपाद महान् वैदान्तिक हैं, उनकी माण्डूक्यकारिका अपूर्व रचना है; यह एक ओर ब्रह्मपदनिष्ठा तथा दूसरी ओर ज्ञान-निष्ठा का परिचायक है । गौडपाद एक ओर जिस प्रकार माध्यमिक अद्वयवाद में पारंगत थे उसी प्रकार पक्षान्तर में योगाचारों के अद्वयवाद में भी निष्णात थे । बौद्धदर्शन में वे विशिष्ट रूप में प्रविष्ट थे । शून्यवाद तथा विज्ञप्तिमात्रतावाद दोनों का ही उन्हें अच्छा परिचय था । आगम-मत में भी उनका ज्ञान उत्कृष्ट कोटि का था, क्योंकि देवीकालोत्तर का कोई-कोई वचन उनकी कारिकाओं में उपलब्ध होता है; अवश्य ही इस पर अधिक जोर दिया जा सकता है । वैदिक गौडपाद का यही स्वरूप है ।

---

१. चौखम्भा से ही प्रस्तुत पुस्तक के लेखक कृत इदंप्रथमतया हिन्दी के साथ यह प्रकाशित है ।

आगम की दृष्टि से जान पड़ता है कि वे समयाचार-सम्मत तान्त्रिक मत के पोषक थे । उनकी 'सुभगोदय-स्तुति' प्राचीन स्तुतियों में प्रधान है । इस पर बहुत सी टीकायें थीं । प्रसिद्धि के अनुसार इस पर शंकर ने भी टीका लिखी थी । इनकी एक रचना 'श्रीविद्यारत्नसूत्र' है, इस पर भी बहुत सी टीकायें हैं । सुना जाता है कि गौडपाद ने उत्तर-गीता की तरह ही देवीमाहात्म्य की भाष्य-रचना भी की थी । देवी-माहात्म्य की टीका का नाम चिदानन्दकमल (?) है । इसके लेखक तान्त्रिक नाम से परिचित गौडपाद हैं, यह भी परमहंस परिव्राजकाचार्य और अद्वैत विद्या में निष्णात थे ।

भगवान् शंकराचार्य के विषय में चार प्राचीन ग्रन्थों से कुछ विवरणों का संग्रह किया गया है, जिनके समालोचन से उनके विषय में वैदिकत्व, तान्त्रिकत्व आदि आरोपणों का निर्धारण हो सकेगा ।

(१) प्रथम ग्रन्थ का नाम **श्रीक्रमोत्तम** हैं इसका निर्माण-काल प्राय: चार सौ पचास वर्ष पूर्व है । इस ग्रन्थ में शंकर की एक गुरु-परम्परा दी गयी है, उससे पता चलता है कि आदि गुरु शिव से लेकर वशिष्ठ, शक्ति, पराशर, व्यास, शुकदेव, गौडपाद, गोविन्दपाद और शंकर का क्रम है । इसके अनुसार शंकर के शिष्य विश्वदेव थे, उनके बाद बोधघन, ग्रन्थकार मल्लिकार्जुन तक का क्रम है । इस ग्रन्थ का विषय श्रीविद्या है ।

(२) द्वितीय ग्रन्थ है – **सुमुखि पूजा-पद्धति** । इस ग्रन्थ का विषय मातंगीपूजा हैं । यह ग्रन्थ सुन्दरानन्दनाथ के शिष्य शंकर की रचना है । इस ग्रन्थ में ऊर्ध्वतम शिव से गोविन्दपाद तक का क्रम एक समान दिखाई पड़ता है, उसके बाद शंकर । परन्तु शंकर के अनन्तर पहले हैं बोधघन और उसके बाद ज्ञानघन; इस प्रकार परम्परा का क्रम भारती तीर्थ तक अवतीर्ण हुआ है ।

(३) तृतीय ग्रन्थ है – **श्रीविद्यार्णव**[१] । यह ग्रन्थ संप्रति प्रसिद्ध है । इससे जान पड़ता है कि शंकर के १४ शिष्य थे, ५ भिक्षु तथा ९ गृहस्थ ।

(४) चौथा ग्रन्थ है—**भुवनेश्वरी-रहस्य** । पृथ्वीधर शंकर के शिष्य, गोविन्दपाद के प्रशिष्य और गौडपाद के वृद्धप्रशिष्य थे ।

इन सब के परिशीलन से ज्ञात होता है कि शंकर श्रीविद्या के अतिरिक्त मातंगी और श्रीभुवनेश्वरी के भी उपदेष्टा थे । आशा है, ऐतिहासिक विद्वान् इस विषय में गवेषणा करेंगे ।

एक बात और भी है शंकर को शिष्य कोटि में वेदान्त प्रस्थान के जो आचार्य पद्मपाद हैं, जिन्होंने पञ्चपादिका की रचना की थी, क्या उन्होंने ही शंकर कृत **प्रपञ्चसार** पर टीका भी लिखी थी ? कोई-कोई प्राचीन आचार्य इस पर विश्वास करते

---

१. यह तीन भागों में प्रकाशित है ।

हैं, किन्तु वर्तमान पण्डितगण इस पर संशय करते हैं । श्री शंकर की तान्त्रिक रचनाओं में प्रपञ्चसार प्रधान माना जाता है, उसके बाद **सौन्दर्य-लहरी** प्रभृति को । आनन्द-लहरी की सौभाग्य-वर्धिनी टीका में श्री शंकर कृत एक 'क्रम-स्तुति' की बात मिलती है, जिसमें एक प्रसिद्ध श्लोक है, जिसका तात्पर्य है कि वेद के अनुसार माया-बीज ही भगवती पराशक्ति का नाम है और यही पराशक्ति जगन्माता त्रिपुरा और त्रियोनि-रूपा है । अभिनवगुप्त की **परात्रिंशिका** में क्रमस्तोत्र की जो बात कही गयी है, वह विचारणीय है कि क्या वह शङ्कराचार्य कृत क्रम-स्तोत्र तो नहीं है ?

तान्त्रिक सम्प्रदायों का मार्मिक साम्य

तान्त्रिक-संस्कृति में मूलतः साम्य रहने पर भी देश-काल और क्षेत्र-भेद से उसमें विभिन्न सम्प्रदायों का आविर्भाव हुआ है । इस प्रकार का भेद साधकों के प्रकृति-गत भेद के अनुरोध से स्वभावतः ही होता हैं । भावी पीढ़ी के ऐतिहासिक विद्वान् जब भिन्न तान्त्रिक साम्प्रदायों के इतिहास का संकलन करेंगे और गहराई से उसका विश्लेषण करेंगे तो इस निष्कर्ष पर पहुँच सकेंगे कि यद्यपि भिन्न-भिन्न तान्त्रिक सम्प्रदायों में आपाततः वैषम्य प्रतिभासित हो रहा है किन्तु उनमें निगूढ रूप से मार्मिक साम्य है ।

संख्या में तान्त्रिक सम्प्रदाय कितने आविर्भूत हुए और पश्चात्-काल में कितने विलुप्त हुए यह कहना कठिन है । उपास्य-भेद के कारण उपासना-प्रक्रियाओं में भेद तथा आचारादि-भेद होते हैं, साधारणतया पार्थक्य का यही कारण है । **१. शैव, २. शाक्त, ३. गाणपत्य** ये तो सर्वत्र ही प्रसिद्ध हैं । इन सम्प्रदायों के भी अनेकानेक अवान्तर भेद हैं । शैव तथा शैव-शाक्त-मिश्र सम्प्रदायों में कुछ के निम्नलिखित उल्लेखनीय नाम हैं-सिद्धान्त शैव, वीरशैव अथवा जंगम शैव, रौद्र, पाशुपत, कापालिक अथवा सोम, वाम, भैरव आदि । अद्वैतदृष्टि से शैवसम्प्रदाय में त्रिक अथवा प्रत्यभिज्ञा, स्पन्द प्रभृति विभाग हैं । अद्वैत-मत में भी शक्ति की प्रधानता मानने पर स्पन्द, महार्थ, क्रम इत्यादि भेद अनुभूत होते हैं । दश शिवागम और अष्टादश रुद्रागम तो सर्वप्रसिद्ध ही हैं । इनमें भी परस्पर किंचित्-किंचित् भेद नहीं है यह नहीं कहा जा सकता । द्वैत-मत में कोई कट्टर द्वैत, कोई द्वैताद्वैत और कोई शुद्धाद्वैतवादी है । इनमें किसी सम्प्रदाय को भेदवादी, किसी को शिव-साम्यवादी और किसी को शिखा-संक्रान्तिवादी कहते हैं । काश्मीर का त्रिक या शिवाद्वैतवाद अद्वैतस्वरूप से आविष्ट है । शाक्तों में उत्तरकौल प्रभृति भी ऐसे ही हैं ।

किसी समय भारतवर्ष में **पाशुपत संस्कृति** का व्यापक विस्तार हुआ था । न्यायवार्तिककार उद्योतकर संभवतः पाशुपत रहे और **न्यायभूषणकार भासर्वज्ञ** तो पाशुपत थे ही । इनकी बनाई **गण-कारिका** आकार में यद्यपि छोटी है किन्तु पाशुपतदर्शन के विशिष्ट ग्रन्थों में इसकी गणना है ।

लकुलीश पाशुपत की भी बात सुनने में आती है । यह पाशुपतदर्शन पञ्चार्थवाद-दर्शन तथा पञ्चार्थलाकुलाम्नाय नाम से विख्यात था । प्राचीन पाशुपत सूत्रों पर **राशीकर** का भाष्य था, वर्तमान समय में दक्षिण से इस पर **कौण्डिन्य—भाष्य** का

प्रकाशन हुआ है । लाकुल—मत वास्तव में अत्यन्त प्राचीन है, सुप्रभेद और स्वयम्भू आगमों में लाकुलागमों का उल्लेख दिखाई देता है ।

महाव्रत-सम्प्रदाय कापालिक-सम्प्रदाय का ही नामान्तर प्रतीत होता है । **यामुन मुनि** के आगम प्रामाण्य, शिवपुराण तथा आगमपुराण में विभिन्न तान्त्रिक सम्प्रदायों के भेद दिखाये गये हैं । वाचस्पति मिश्र ने चार माहेश्वर सम्प्रदायों के नाम लिये हैं । यह प्रतीत होता है कि श्रीहर्ष ने नैषध (१०, ८८) में समसिद्धान्त नाम से जिसका उल्लिखित है, वह **कापालिक सम्प्रदाय** ही है ।

कपालिक नाम के उदय का कारण नर-कपाल धारण करना बताया जाता है । वस्तुतः यह भी बहिरंग मत ही है । इसका अन्तरंग रहस्य प्रबोध-चन्द्रोदय की प्रकाश नाम की टीका में प्रकट किया गया है । तदनुसार इस सम्प्रदाय के साधक कपालस्थ अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र उपलक्षित नरकपालस्थ अमृत या चान्द्रीपान करते थे । इस प्रकार के नामकरण का यही रहस्य है । इन लोगों की धारणा के अनुसार यह अमृतपान है, इसी से लोग महाव्रत की समाप्ति करते थे, यही व्रतपारणा थी । बौद्ध आचार्य हरिवर्मा और असंग के समय में भी कापालिकों के सम्प्रदाय विद्यमान थे । शाबरतन्त्र में १२ कापालिक गुरुओं और उनके १२ शिष्यों के नाम सहित वर्णन मिलते हैं । गुरुओं के नाम हैं – आदिनाथ, अनादि, काल, अमिताभ, कराल, विकराल आदि । शिष्यों के नाम हैं– नागार्जुन, जडभरत, हरिश्चन्द्र, चर्पट आदि । ये सब शिष्य तन्त्र मार्ग के प्रवर्तक रहे हैं । पुराणादि में कापालिक मत के प्रवर्तक धनद या कुबेर का उल्लेख है ।

कालामुख तथा **भट्ट** नाम से भी सम्प्रदाय मिलते हैं, किन्तु इनका विशेष विवरण उपलब्ध नहीं है । प्राचीन काल में शाक्तों में भी समयाचार और कौलाचार का भेद विद्यमान था । कुछ लोग समझते हैं कि समयाचार वैदिक मार्ग का सहवर्ती था और गौडपाद, शंकर प्रभृति समयाचार के ही उपासक थे ।

कौलाचारसंप्रदाय में कौलों के भीतर भी पूर्व कौल और उत्तर कौल का भेद विद्यमान था । **पूर्व कौल मत** शिव एवं शक्ति, आनन्द-भैरव और आनन्द-भैरवी से परिचित हैं । इस मत में इन दोनों के मध्य शेष-शेषिभाव माना जाता था, किन्तु **उत्तर कौल** के अनुसार शेष—शेषिभाव नहीं हैं । इस मत में सदा शक्ति का ही प्राधान्य स्वीकृत है, शक्ति कभी शेष नहीं होती है; शिव तत्त्व रूप में परिणत हो जाते है और शक्ति तत्त्वातीत ही रहती है । **रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र**[1] होने का यही रहस्य हैं – पूर्व कौल शिव और शक्ति के मध्य शेष-शेषिभाव मानते हैं । अतः पूर्व कौल के मत में शेष-शेषिभाव पूर्वतन्त्र का परिचायक होना चाहिए । जब शक्ति कार्यात्मक समग्र प्रपञ्च को अपने में आरोपित करती है तो उसका नाम होता है – कारण, और उसका पारिभाषिक

---

१. **सूक्ष्मतन्त्रानुसारेण कथितं पूर्वसूचितम्** (रुद्र० २८.४८)
(यह सब पूर्वग्रन्थों में सूचित सूक्ष्मतन्त्र के अनुसार वर्णित है ।)

नाम आधार कुण्डलिनी है । कुण्डलिनी के जागरण से शक्ति शेष नहीं रहती । तत्त्व रूप में सदाशिव परिणत हो जाते हैं और शक्ति तत्त्वातीत ही रहती है । यही उत्तरतन्त्र का उत्तरत्व है ।

कौल मत की आलोचना

प्राचीन समय से ही कौल-मत की आलोचना हो रही है । कौल मत में ही मानवीय चरम उत्कर्ष की अवधि स्वीकृत होती है । इन लोगों का कहना है कि तपस्या, मन्त्र-साधना प्रभृति से चित्तशुद्धि होने पर ही कौल-ज्ञान धारण करने की मनुष्य में योग्यता आती है । योगिनीहृदय की सेतुबन्धटीका (पृ० २५) में कहा है –

पुराकृततपोदानयज्ञतीर्थजपव्रतैः ।
शुद्धचित्तस्य शान्तस्य धर्मिणो गुरुसेविनः ॥
अतिगुप्तस्य भक्तस्य कौलज्ञानं प्रकाशते ।

विज्ञान-भैरव की टीका में **क्षेमराज** ने कहा है –

वेदादिभ्यः परं शैवं शैवात् वामं तु दक्षिणम् ।
दक्षिणात् परतः कौलं कौलात् परतरं नहि ॥

किन्तु **शुभागमपञ्चक** के अन्तर्गत **सनत्कुमारसंहिता** में कौल-ज्ञान की निन्दा की गयी है । १. कौलक, २. क्षपणक, ३. दिगम्बर, ४. वामक आदि के सम्प्रदाय बराबर माने गये हैं ।

शक्तिसंगमतन्त्र के विभिन्न खण्डों में विभिन्न तान्त्रिक सम्प्रदायों के यत्किञ्चित् विवरण मिलते हैं । बौद्ध तथा जैन तन्त्रों के विषय में भी बहुत कुछ कहना था, किन्तु यहाँ संभव नहीं होगा और रुद्रयामल के प्रसंग में असंगत भी है । यद्यपि बुद्ध की चर्चा रुद्रयामल के १७ वें अध्याय में आयी है ।

बृहत्तर भारत में तान्त्रिक सम्प्रदाय

बृहत्तर भारत में किसी समय में भारतवर्ष के एक प्रान्त से दूसरे प्रान्तों तक और देश से बाहर भी तन्त्रों का व्यापक विस्तार हुआ था । तन्त्रों में **कादि और हादि मत** ५६ प्रदेशों में प्रचलित थे । इन दोनों मतों की स्थानसूचियों को परस्पर मिलाने पर पता चलता है कि किसी-किसी प्रदेश में कादि-हादि दोनों मत प्रचलित थे । ये सब देश भारतवर्ष के चारों ओर और मध्यभाग में अवस्थित हैं यथा—(१) पूर्व में अंग, वंग, कलिंग, विदेह, कामरूप, उत्कल, मगध, गौड, सिलहट्ट, कैकट आदि; (२) दक्षिण में—केरल, द्रविण, तैलङ्ग, मलयाद्रि, चोल, सिंहल आदि; (३) पश्चिम में–सौराष्ट्र, आभीर, कोंकण, लाट, मत्स्य, सैन्धव, आदि; (४) उत्तर में–काश्मीर, शौरसेन, किरात, कोशल आदि; (५) मध्य में–महाराष्ट्र विदर्भ, मालव, आवन्तक आदि । (६) भारत के बाहर है—वाह्लीक, कम्बोज, भोट, चीन, महाचीन, नेपाल, हूण, कैकय, मद्र, यवन आदि ।

कादि या हादि दोनों मतों में नाना प्रकार के अवान्तर विभाग भी थे । तन्त्र-विस्तार का जो यत्किञ्चित् परिचय दिया गया है, उससे ज्ञात होता है कि भारतवर्ष के प्राय: सभी क्षेत्रों में वैदिक-संस्कृति के समानान्तर तान्त्रिक संस्कृति का विस्तार भी था। कभी - कभी इसकी स्वतन्त्र पृथक् सत्ता थी । कभी तटस्थ रूप में और कभी अंगीभूत रूप में । कभी-कभी तो प्रतिकूल रूप में भी इस संस्कृति का प्रचार हुआ । किन्तु सदा और सर्वत्र यह भारतीय संस्कृति के अंश में ही परिगणित होता था । भारतवर्ष के बाहर पूर्व तथा पश्चिम में भारतीय संस्कृति का प्रभाव फैला हुआ था। वह केवल बौद्ध संस्कृति के स्रोत से ही नहीं, ब्राह्मण्य-संस्कृति की धाराओं से भी । प्राय: १२ सौ वर्ष पूर्व जयवर्मा द्वितीय के राज्य काल में कम्बोज अथवा कम्बोडिया में भारतवर्ष से तन्त्र-ग्रन्थ पहुँचे थे । ये तन्त्र बौद्ध-तन्त्र नहीं थे, अपितु ब्राह्मण-तन्त्र थे, इन्हें शिवागम कहा जा सकता है । इन ग्रन्थों के नाम हैं—(१) नयोत्तर (२) शिरश्च्छेद (३) विनय-शीख और (४) सम्मोह । ऐतिहासिकों ने प्रमाणित किया है कि नयोत्तर संभवत: नि:श्वास-संहिता के अन्तर्गत 'नय' है और उत्तर सूत्र के साथ अभिन्न है । अष्टम शतक का लिखा **नि:श्वासतत्त्वसंहिता** गुप्त लिपि में दरबार पुस्तकालय नेपाल में अभी भी उपलब्ध है । ये ग्रन्थ प्राय: षष्ठ या सप्तम शतक के माने जाते हैं । प्रतीत होता है कि **शिरश्छेद-तन्त्र** जयद्रथयामल का ही नामान्तर है । जयद्रथयामल की एक प्रति नेपाल दरबार पुस्तकालय में है ।[१] विनयशीख को कोई कोई जयद्रथयामल का परिशिष्ट मानते हैं । **सम्मोहन-तन्त्र** भी इसी प्रकार से परिशिष्ट ही माना जाता है । यह प्रचलित सम्मोहन-तन्त्र का प्राचीन रूप है ।

जैसे भारत से तन्त्र या तान्त्रिक-संस्कृति के बाहर जाने की बात कही गयी है, इसी प्रकार बाहर से भी किन्हीं तन्त्रों का भारत में आने का विवरण सुना जाता है । इस विषय में **कुब्जिका-तन्त्र** का नाम लिया जा सकता है । वशिष्ठ के उपाख्यान के प्रसंग में चीन अथवा महाचीन से भारत में उपासना-क्रम के आने की किंवदन्ती सुनी जाती है ।[२] तारा, एकजटा तथा नीलसरस्वती से अभिन्न है । तारातन्त्र नामक ग्रन्थ में संक्षिप्त विवरण निर्दिष्ट है ।

पहले जो बात कम्बोज के विषय में कही गयी है, वह केवल कम्बोज ही नहीं, निकटवर्ती देशों में भी लागू है । देवराज नाम से शिव की उपासना तथा विभिन्न प्रकार की शक्तियों की उपासना भारतवर्ष से बाहर जाकर प्रचलित हुई । इन देव-देवियों के नाम हैं — भगवती, महादेवी, उमा, पार्वती, महाकाली, महिषमर्दिनी, पाशुपत भैरव आदि-आदि । चीनी भाषा में लिखित प्राचीन इतिहासों से इसका पूर्ण विवरण जाना जा सकता है । इस दिशा में आन्ध्र हिस्टारिकल सोसाइटी थोड़ा - बहुत कार्य कर रही है।

---

१. सम्प्रति काशी में नारद घाट पर रहने वाले इंग्लैंड के विद्वान् मार्क डिसकास्की जयद्रथयामल का सम्पादन कर रहे हैं ।

२. द्र०. रुद्रयामल के १७ वें अध्याय १०६ से १६१ श्लोक ।

अब कुछ **तन्त्र-पीठ, विद्या-पीठ, मन्त्र-पीठ** आदि के सम्बन्ध में भी विवेचन करना चाहिए ।१ कामकोटि, २. जालन्धर, ३. पूर्णगिरि तथा ४. उड्डियान इन चतुष्पीठों के सम्बन्ध में कुछ परिचय लोगों को ज्ञात है । **कामह्रद** के साथ **मत्स्येन्द्रनाथ** का सम्बन्ध था, जालन्धर-पीठ के साथ अभिनवगुप्त के गुरु **शम्भुनाथ** का सम्बन्ध था, जो आजकल ज्योतिर्लिङ्ग का स्थान माना जाता है । ये सभी प्राचीनकाल में विद्या-क्रेन्द्र अथवा पीठ स्थान में परिगणित थे । इनमें **श्रीशैल** या श्रीपर्वत प्रधान था । प्रसिद्धि है कि स्वयं **नागार्जुन** भी अन्तिम समय में यही तिरोहित हुए । विभिन्न तान्त्रिक विद्याओं की साधना, उसका प्रत्यक्षीकरण तथा योग्य आधार में अर्पण इन सभी पीठों में होता था । परवर्तीकाल में बौद्ध लोगों के द्वारा नालन्दा, विक्रमशील, उदन्तपुरी प्रभृति स्थानों में इन प्राचीन पीठों का अनुवर्तन किया गया । **तक्षशिला** का नाम तो सर्वत्र प्रसिद्ध ही है । सम्पूर्ण भारत देश में ४९ या ५० पीठ हैं जिनका विस्तार से विवरण तन्त्र-शास्त्रों में उपलब्ध होता है । इस विषय पर **डा० डी० सी० सरकार** ने कुछ आलोचना की है । पीठ-तत्त्व का रहस्य अति गम्भीर है । वास्तव में **पीठ का तात्पर्य है—वह स्थान है जहाँ शक्ति जागृत हैं** और जहाँ मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार आदि का विषय अलिङ्ग परमतत्त्व ज्योति रूप है ।

देह में भी चतुष्पीठ माने जाते है, अम्बिका और शान्ता शक्तियों का सामरस्य जहाँ है, वह प्रधान पीठ है, वहाँ अलिङ्ग अव्यक्त महाप्रकाश परम ज्योति रूप से अभिव्यक्त होता है । इस पीठ का पारिभाषिक नाम है—परावाक् । इसी प्रकार जहाँ इच्छा, ज्ञान, क्रिया तथा वामा, ज्येष्ठा एवं रौद्री शक्तियों का सामरस्य हुआ है, अस्तु, रहस्य-विस्तार यहाँ अनावश्यक है ।

अब तक जो कुछ कहा गया है, वह तान्त्रिक-संस्कृति के बाह्य-अंगों की एक लघु चित्र-छाया है, मात्र विहङ्गावलोकन है, किन्तु स्मरण रखना चाहिए कि संस्कृति का महत्त्व उसके बाह्य अवयवों के चयन तथा आडम्बरों पर निर्भर नहीं है । संस्कृति के महत्त्व का परिचायक है——मानव आत्मा की महनीयता का आदर्श-प्रदर्शन । जिस संस्कृति में आत्मा का स्वरूप-स्वातन्त्र्य और सामर्थ्य की अतिशयता जितनी अधिक व्यक्त हुई, उस संस्कृति का गौरव उतना अधिक मानना होगा । वैदिक संस्कृति के प्रतिनिधि के रूप में आर्य ऋषियों ने यह गाया था ——

शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्राः आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः ॥ (ऋ० १०.१३.१)
वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम्, आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् ॥ (वाज० ३१.१८)

मानव आत्मा ही वह महान् आदित्यवर्ण पुरुष है, जो ज्ञान-भेद या अपरोक्षानुभव कर अतिमृत्यु-अवस्था का लाभ करता है ।

तान्त्रिक-संस्कृति का निर्णय भी इसी मान-दण्ड से करना होगा । आत्मा का स्वरूप-गत और सामर्थ्य-गत पूर्णता का आदर्श ही इसके महत्त्व को प्रकट करता है । आगम शास्त्रों में इसका स्पष्ट निर्देश है कि यद्यपि आत्मा स्वरूपतः नित्यशुद्ध है, किन्तु

उसकी अप्रबुद्ध अवस्था श्रेष्ठ है । अप्रबुद्ध अवस्था के चित् स्वरूप होने पर भी चेतन न होने के कारण वह अचित् कल्प ही है । विमर्शहीन चित् या प्रकाश चित् होने पर भी अचित् के ही सदृश है, प्रकाश होने पर अप्रकाशवत्, शिव होने पर भी शववत् है । इसीलिए **भर्तृहरि** ने कहा है –

वाग्रूपता चेदुत्क्रामेत् अवबोधस्य शाश्वती ।
न प्रकाशः प्रकाशेत सा हि प्रत्यवमर्शिनी ॥[1]

(वाक्यपदीय १.१२४)

इसीलिए आणव-मल को आदि मल माना जाता है और उसके अपनयन न होने से चित्स्वरूप अवस्था को शिवत्व-हीन पशु-कल्प अवस्था कहते हैं । उस समय आत्मा साञ्जन न होते हुए भी निरञ्जन पशुमात्र है ।

इसी आधार पर तान्त्रिक-संस्कृति की उदात्त घोषणा यह है कि मनुष्य के सुप्त रहने से काम नहीं चलेगा, उसे जागना चाहिए—

प्रबुद्धः सर्वदा तिष्ठेत् ।

मानव-जीवन का लक्ष्य जिस पूर्णत्व को माना जाता है, उसकी उपलब्धि के लिए सबसे पहले आवश्यक है––अनादि निद्रा से जागना अर्थात् प्रबोधन, उसके बाद आत्मा की क्रमिक ऊर्ध्व-गति मार्ग से परम शिव या परा संवित् या परा सत्ता का साक्षात्कार करना और यही **रुद्रयामल** का उद्देश्य है ।

योग और आत्मसाक्षात्कार

मनुष्य को जागना होगा, यह पहली बात है, किन्तु यह अत्यन्त कठिन व्यापार है । साधारण दृष्टि से जितनी आत्माओं की ओर दृष्टि जाती है तो देखते हैं वे सभी सुप्त हैं, निद्रा में डूबे हैं । चाहे वे कर्मरत हों, ज्ञानी हों, चाहे किसी अन्य ही भूमि के हों, किन्तु उनमें अधिकांशतः आत्म-विमर्श नहीं है । मानव आत्मा जब अपनी विशुद्ध स्थिति में अवस्थित रहता है, तो वह अनवच्छिन्न चैतन्य शिव से अभिन्न रहता है । अशुद्ध अवस्था में चैतन्य का अवच्छेद रहता है, इसीलिए उस समय वह ग्राहक रूप में अर्थात् परिमित 'अहम्' के रूप में खण्ड प्रमाता बनकर अभिव्यक्त होता है । खण्ड प्रमाता के समक्ष अन्य सब प्रमेय एवं ग्राह्य रूप में प्रतीत होते हैं । ग्राहक आत्मा अपने से पृथक् ग्राह्य-सत्ता को इदं रूपेण देखता है । चैतन्य को अवच्छिन्नता की प्रतीति ग्राह्य की ओर आत्मा की उन्मुखता से होती है । पिण्ड-विशेष से सम्बन्ध रहने के कारण दूसरे के साथ अहन्ता या अभिमान अपूर्ण है । परन्तु पूर्णत्व की अवस्था में अनाश्रित शिव

---

1. If it is denied that the permanent stuff of knowledge is speech, then that light (namely knowledge) will not shine (in the form of a recollection). It is speech (i.e. words) which makes recollection possible.

से लेकर पृथ्वी पर्यन्त ३६ तत्त्वात्मक समग्र विश्व ही उनका रूप या शरीर बन जाता है । अपूर्ण अहं को पूर्णता का लाभ मिलना चाहिए, यही आत्मा का परम जागरण है, इसे परम लक्ष्य के रूप में अद्वैत साधना ही संकेत करती है ।

अनवच्छिन्न चैतन्य में नियत विशेष रूपों का भान नहीं होता । यदि हो, तब उस अवस्था को अनवच्छिन्न न मानकर उसे ग्राहक कोटि में ही निविष्ट करना चाहिए । पूर्णत्व का भान होता है - अखण्ड सामान्य-सत्ता के रूप से । इस सामान्यात्मक महासत्ता का भान सविशेष और निर्विशेष उभय रूप से हो सकता है । सर्वातीत रिक्त-रूप 'भा' मात्र है और पूर्ण-रूप सर्वात्मक 'भा' है । 'भा' स्वरूपता उभयत्र ही विद्यमान है । इस सामान्य-सत्ता का भान ही 'स्वभाव' शब्द से बोधित होता है । वस्तुत: यह बहु के भीतर एक का अनुसन्धान है । ग्राहक आत्मा को पहले जो प्रतिनियत दर्शन होता था, वह इस अवस्था में कट जाता है, निवृत्त हो जाता है । इस प्रकार क्रमश: अनवच्छिन्न चैतन्य की ओर प्रगति होती जाती है ।

आत्मा जब तक सुप्त रहता है, अर्थात् जब तक कुण्डलिनी प्रबुद्ध-शक्ति नहीं बनती, तब तक उसका स्तर-भेद स्वाभाविक रूप से बना रहता है । उस समय उसकी अस्मिता योग्यता के तारतम्यानुसार देह, प्राण, इन्द्रिय अथवा शून्य या माया में क्रिया करती रहती है । यह स्मरण रखना चाहिए कि यह अस्मि-भाव वास्तविक संवित् का है, ग्राहक का नहीं है । पदों की बहुत संख्या है, इसका विस्तार-क्षेत्र भी अनाश्रित से लेकर पृथ्वी पर्यन्त है । किन्तु ये किसी पद के धर्म नहीं है, प्रत्युत चिति के धर्म हैं । किसी भी पद में उसकी धारणा हो सकती है, धारणा का अभिप्राय है—दृढ अभिनिवेश । इसके प्रभा के कारण इच्छा-मात्र से क्रियान्त उद्भव हो सकता है ।

शुद्ध आत्मा का अस्मिता-जन्य जो अभिनिवेश है, वह शुद्ध अवस्था में विश्व में सर्वत्र ही विद्यमान है, क्योंकि शुद्ध आत्मा ग्राहक नहीं है यह पहले ही कहा गया है । बिन्दु से देह पर्यन्त विभिन्न स्थितियों में यह सर्वत्र ही व्यापक है, किन्तु व्याप्त रहने पर भी सर्वत्र ही विकास नहीं है, क्योंकि वह भावना-सापेक्ष है । जिसको कर्तृत्व, ईश्वर या स्वातन्त्र्य कहा जाता है, वह अहन्ता का विकास छोड़कर अन्य कुछ नहीं है । इसे ही तान्त्रिक सिद्ध गण चित्स्वरूपता कहते हैं । जितने प्रकार की सिद्धियाँ हैं, वे सब अहन्ता से ही अनुप्राणित हैं ।

तान्त्रिक-योग या ज्ञान-साधना का लक्ष्य सुप्त आत्मा को जागृत करना है । जिन आत्माओं से हम लोग परिचित हैं, वे प्राय: सुप्त हैं, क्योंकि इनकी दृष्टि से चिद् अचित् परस्पर विलक्षण हैं । सुप्त आत्मा की दृष्टि से ग्राहक चिद्रूप है और ग्राह्य अचिद्रूप । समग्र विश्व अखण्ड प्रकाश लोक है और आत्मा के ही अन्त: स्थित है । फिर भी सुप्त आत्माएँ उन्हें अपने बाहर समझती हैं । यह सुप्त आत्मा ही संसारी आत्मा है जिससे हम लोग परिचित हैं ।

आत्मा की सुप्ति भंग होने के साथ-साथ इस स्थिति में भी परिवर्तन होने लगता है, और यह शुद्ध विद्या के प्रभाव से होता है । इन आत्माओं की तात्कालिक

अवस्था को ठीक-ठीक न सुप्ति और न जागरण ही कहा जाता है । यह अवस्था दोनों के बीच की कही जा सकती है । उस समय सुप्तिजनित-भेद की प्रतीति रहती है, किन्तु जागरण का अभेद भी प्रतीत होता रहता है । इन लोगों का संसार नहीं रहता, किन्तु संसार का संस्कार रह जाता है । इन लोगों की स्थिति न भव की और न उद्भव की कही जा सकती है, किसी अंश में यह **पातञ्जल दर्शन** के संप्रज्ञात समाधि के अनुरूप है, क्योंकि उस दशा में अविवेक रह जाता है । इसके बाद शुद्ध चित् का प्रकाश होता है, जो किसी अंश में पातञ्जल मार्ग के विवेकख्याति के सदृश है । यह स्वप्नवत् अवस्था है, न ठीक सुप्ति है और न ठीक जाग्रत् । इसीलिए इसे ठीक-ठीक प्रबुद्ध अवस्था नहीं कहा जा सकता । यहाँ यह स्मरण अवश्य रखना चाहिए कि इस अवस्था में कर्म-क्षय सिद्ध हो चुका है । इसलिए एक दृष्टि से इन आत्माओं को मुक्त भी किया जा सकता है । फिर भी तान्त्रिक दृष्टि से इन्हें मुक्त नहीं कहा जा सकता । तान्त्रिक परिभाषा में ये आत्माएँ **रुद्राणु** नाम से अभिहित होती हैं और **पशु कोटि** में गिनी जाती है । हाँ, ये आत्माएँ अवश्य ही संवित् मार्ग के सिद्धान्त-ग्रहण का अधिकार प्राप्त कर लेती हैं ।

इसके बाद ही यथार्थ जागरण की सूचना मिलती है । उस समय प्रमाता वस्तुतः प्रबुद्ध हो जाता है, इसमें भेद दृष्टि नहीं रहती, किन्तु साथ-साथ भेद और अभेद दोनों के संस्कार रहते हैं । इस अवस्था में भी इंदरूपेण जडावस्था की प्रतीति रहती हैं । ये सभी आत्माएँ समग्र जगत् को अपने शरीर के सदृश अनुभव करती हैं । किसी प्रकार यह अवस्था ईश्वर के अनुरूप है, इसके भीतर अधिकाधिक वैचित्र्य है जो स्वानुभव-संवेद्य है ।

इसके बाद जागरण और भी स्पष्टरूप से होता है । उस समय प्रबुद्ध 'भा' की वृद्धि होती है और उसके प्रभाव से इंद-प्रतीति-वेद्य-प्रमेय अहं-रूप-आत्मस्वरूप में निमग्न होकर निमिषवत् प्रतीत होता है । इतना होने पर भी यह सुप्रबुद्ध अवस्था नहीं है; यद्यपि प्रबुद्ध अवस्था से उत्कृष्ट अवश्य है । तान्त्रिक योगी गण इन आत्माओं को उद्भवी नाम से आख्यात करते हैं । ये सभी आत्माएँ अभेद-प्रतिपत्ति अथवा कैवल्य-प्राप्ति के द्वारा अहमात्मक-स्वरूप में निमग्न रहती हैं, यहाँ भी इदन्ता रहती है, किन्तु वह अहन्ता से आच्छादित रहने के कारण अस्फुट रहती है । इस अवस्था को किसी अंश में सदाशिव के अनुरूप माना जा सकता है । किन्तु यह भी पूर्णत्व नहीं है।

उन्मेष एवं निमेषावस्था

इतने बड़े दीर्घमार्ग के अतिक्रमण करने पर वास्तव-पूर्णता का उदय होता है, किन्तु उदय-मात्र होता है, उसका स्थायित्व नहीं रहता; क्योंकि उस समय भी उन्मेष निमेष का व्यापार चलता रहता है । इस व्यापार के प्रभाव से स्थिति रहती है ईश्वर के सदृश । उस समय **उन्मेष** विद्यमान रहता है, और किसी समय उसकी स्थिति रहती है सदाशिव के सदृश, जब उसमें **निमेष** विद्यमान रहता है । इन दोनों ही अवस्थाओं में सभी समय महाप्रकाश अनावृत रहता है । शिवादि-धरान्त विश्व का भान कभी रहता

है, कभी नहीं रहता । जब विश्व का भान रहता है, तब प्रकाशात्मक रूप से ही उन्मेष रहता हैं और जब नहीं रहता तब प्रकाशात्मक रूप से ही निमेष रहता है, इसके बाद पूर्णता को स्थायित्व प्राप्त होता हैं ।

उन्मनी अवस्था – वस्तुत: पूर्णत्व का स्फुरण बताया गया है । वह पूर्णत्व होते हुए भी स्थायी नहीं हो सका, क्योंकि उसके साथ मन का सम्बन्ध था । मन के रहने के समय उसके सम्बन्ध से उन्मेष होता है और मन के निमग्न हो जाने पर मन का सम्बन्ध न रहने से निमेष रहता हैं । मन के रहने के कारण ही उन्मेष या निमेष की संभावना बनी हुई थी । उसके बाद मन भी उत्क्रान्त हो जाता हैं इस अवस्था में उन्मनी अवस्था का आविर्भाव हो जाता है, और उसके प्रभाव से पूर्णत्व सिद्ध हो जाता है । इसे ही आगमवित् सुप्रबुद्ध अवस्था के रूप में गणना करते हैं । इस अवस्था में आत्मा का जागरण पूर्ण हुआ यह कहा जा सकता है । इस समय इच्छामात्र विभूति की सिद्धि या आविर्भाव होता है ।

सिद्धि के रहस्य के संबंध में भी कुछ विवेचन करना चाहिए । यह स्मरण रखना होगा कि तत्त्व और अर्थ दोनों में किसी एक का आश्रय करके ही सिद्धि का उदय हो सकता है । जागतिक दृष्टि से जाग्रत् के प्रत्येक पदार्थ का कोई विशिष्ट क्रियाकारित्व है, योगी गण संयम के द्वारा तत्तद् अर्थों से भिन्न-भिन्न कर्म संपादन कर सकते हैं ।

तत्त्वमूलक सिद्धि के दो प्रकार हैं १. परा तथा २. अपरा । पातञ्जल योग में भी तत्त्व-त्रय के आधार पर सिद्धियों का विवरण मिलता है । अर्थ विशेष में आत्म-भावना करके योगी तद्रूप होते हैं और उस कार्य का संपादन करते हैं । जो देवता जिस अर्थ का संपादन करता है योगी उस देवभाव में अहंभाव करके उस अर्थ का संपादन उस देवता से कर लेता है । इसका तात्पर्य यह हुआ कि किसी तत्त्व में अहन्ता का अभिनिवेश करने पर तदनुरूप सिद्धि का उदय हो सकता है । माया पर्यन्त ३१ तत्त्वों का अवलम्बन करके इसी प्रकार की सिद्धियाँ की जाती हैं । इन सिद्धियों का नामान्तर **गुहा-सिद्धि** है, 'गुहा' माया का ही पर्याय है । मायातीत शुद्ध विद्या अथवा सरस्वती का आश्रय करके जिन सिद्धियों का उदय होता है उनका नाम तत्त्वमूलक परा-सिद्धि है । लौकिक कार्यो की सिद्धि के लिए अपरा-सिद्धियाँ की जाती हैं ।

ये परा एवं अपरा सिद्धियाँ खण्ड सिद्धियाँ ही हैं । महासिद्धि नहीं । **महासिद्धि** इनसे भी उत्कृष्ट है । ये दो प्रकार की है – एक सकलीकरण और अन्तिम महासिद्धि जिससे शिवत्व लाभ करते हैं । सकलीकरण की अवस्था में योगी को पहले भीषण ज्वलन का अनुभव होता है, उसके बाद ही आती है शान्त स्निग्ध शीतलता । जिस समय कालाग्नि योगी के देह में अवस्थित सभी पाशों को दग्ध करता है, उस समय षडध्वजा का दाह हो जाता है । उसी अवस्था में भीषण ताप का अनुभव होता है । योगी अपने शरीर में इस ताप का अनुभव करता है । इसके बाद स्निग्ध अमृत रस से मानों योगी की सकल सत्ता आप्लावित हो जाती है । इसी समय योगी पूर्णतया इष्टदेवता का

साक्षात्कार लाभ करते हैं । उस समय योगी शोधित अध्वा या समग्र विश्व का अनुग्राहक बन जाता है, यह जो अमृत-प्लावन है इसी का नाम 'पूर्णाभिषेक' है । योगी इस अवस्था में प्रतिष्ठित होकर जगद्-गुरु पद में अधिष्ठित होते हैं । इस प्रकार का पूर्णत्व प्राप्त करने पर भी उसे भी अतिक्रम करके उठना पड़ता है क्योंकि यह अपूर्ण स्थिति है । इसके बाद यथार्थत: पूर्ण ख्याति का उदय होता है । उसी का नाम शिवत्व या परम शिव की अवस्था है । यही वास्तविक पूर्णत्व है, इस अवस्था में पूर्णस्वातन्त्र्य का आविर्भाव होता है । इस अवस्था में इच्छा-मात्र से भुवन-रचना का अर्थात् विश्व-रचना के अधिकार की प्राप्ति होती है, पञ्चकृत्यकारित्व का आविर्भाव भी इसी समय होता है ।

बौद्धशास्त्र में सुखावती की रचना अमिताभ बुद्ध के द्वारा हुई थी, कहा जाता है कि यह इसी स्थिति के अनुरूप व्यापार है । **विश्वामित्र** प्रभृतियों की जगद् रचना का विवरण-प्रकार भी शास्त्र में परिचित है । तान्त्रिक अध्यात्म संस्कृति का लक्ष्य इसी परिपूर्ण अवस्थाँ को प्राप्त करना है, केवल मात्र स्वर्गादि ऊर्ध्व लोक तथा लोकान्तरों में गति या कैवल्य अथवा निरञ्जन भाव की प्राप्ति अथवा मायातीत अधिकारी पद का लाभ मात्र नहीं है । मनुष्य-मात्र की आत्मा में इस अवस्था की प्राप्ति की स्वरूप-योग्यता है । इस प्रकार यह तान्त्रिक-संस्कृति का अवदान तुच्छ नहीं समझा जा सकता है ।

रुद्रयामल और अष्टाङ्गयोग — बिना यौगिक क्रियाओं के शरीर शुद्ध नहीं होता है और बिना शरीर शुद्धि के कुण्डलिनी जागरण या लय योग असम्भव है । अत: रुद्रयामल के २३वें से लेकर २७ पटलों में संक्षिप्त रूप से अष्टाङ्ग योगगत प्राणायाम की चर्चा की गई है । इनका विस्तृत विवरण होना अत्यन्त आवश्यक है । इनमें भी सर्वप्रथम हमें प्राणवायु (जिससे शरीर संचालित है) को समझना चाहिए क्योंकि प्राणायाम के द्वारा योगी योग में प्रवेश करता है ।

प्राणायाम की प्रक्रिया

प्राणायाम का अर्थ है श्वास की गति को कुछ काल के लिये रोक लेना । साधारण स्थिति में श्वासों की चाल दस प्रकार की होती है—पहले श्वास का भीतर जाना, फिर रुकना, फिर बाहर निकलना; फिर रुकना, फिर भीतर जाना, फिर बाहर निकलना इत्यादि । प्राणायाम में श्वास लेने का यह सामान्य क्रम टूट जाता है । श्वास (वायु के भीतर जाने की क्रिया) और प्रश्वास (बाहर जाने की क्रिया) दोनों ही गहरे और लम्बे होते हैं और श्वासों का विराम अर्थात् रुकना तो इतनी अधिक देर तक होता है कि उसके सामने सामान्य स्थिति में हम जितने काल तक रुकते हैं वह तो नहीं के समान और नगण्य ही है । योग की भाषा में श्वास खींचने को 'पूरक', बाहर निकालने को 'रेचक' और रोक रखने को 'कुम्भक' कहते हैं । प्राणायाम कई प्रकार के होते हैं और जितने प्रकार के प्राणायाम हैं, उन सबमें पूरक, रेचक और कुम्भक भी भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं । पूरक नासिका से करने में हम दाहिने छिद्र का अथवा बायें का अथवा

दोनों का ही उपयोग कर सकते हैं । रेचक दोनों नासारन्ध्रों से अथवा एक से ही करना चाहिये । कुम्भक पूरक के भी पीछे हो सकता है और रेचक के भी, अथवा दोनों के ही पीछे न हो तो भी कोई आपत्ति नहीं । पूरक, कुम्भक और रेचक के इन्हीं भेदों को लेकर प्राणायाम के अनेक प्रकार हो गये हैं ।

पूरक, कुम्भक और रेचक कितनी-कितनी देर तक होना चाहिये, इसका भी हिसाब रखा गया हैं । यह आवश्यक माना गया है कि जितनी देर तक पूरक किया जाय, उससे चौगुना समय कुम्भक में लगाना चाहिये और दूना समय रेचक में अथवा दूसरा हिसाब यह है कि जितना समय पूरक में लगाया जाय उससे दूना कुम्भक में और उतना ही रेचक में लगाया जाय । प्राणायाम की सामान्य प्रक्रिया का दिग्दर्शन कराकर अब हम प्राणायाम सम्बन्धी उन खास बातों पर विचार करेंगे जिनसे हम यह समझ सकेंगे कि प्राणायाम का हमारे शरीर पर कैसा प्रभाव पड़ता है ।

पूरक करते समय जब कि साँस अधिक-से-अधिक गहराई के साथ भीतर खींची जाती है तथा कुम्भक के समय भी, जिसमें बहुधा साँस को भीतर रोकना होता है, आगे की पेट की नसों को सिकोड़कर रखा जाता है । उन्हें कभी फुलाकर आगे की ओर नहीं बढ़ाया जाता । रेचक भी जिसमें साँस को अधिक-से अधिक गहराई के साथ बाहर निकालना होता है, पेट और छाती को जोर से सिकोड़ने से ही बनता है । कुम्भक करते समय मूलबन्ध साधने के लिये तो गुदा को सिकोड़ना पड़ता है और उड्डीयान–बन्ध के लिये पेट को भीतर की ओर खींचा जाता है । प्राणायाम के अभ्यास के लिये कोई-सा उपयुक्त आसन चुन लिया जाता है, जिसमें सुखपूर्वक पालथी मारी जा सके और मेरुदण्ड सीधा रह सके ।

एक विशेष प्रकार का प्राणायाम होता है जिसे भस्त्रि का प्राणायाम कहते हैं । उसके दो भाग होते हैं, जिनमें से दूसरे भाग की प्रक्रिया वही है जो ऊपर कही गयी है । पहले भाग में साँस को जल्दी-जल्दी बाहर निकालना होता है, यहाँ तक कि एक मिनट में २४० बार साँस बाहर आ जाते हैं । योग में एक श्वास की क्रिया होती है जिसे 'कपालभाति' कहते हैं । भस्त्रिका के पहले भाग में ठीक वैसी ही क्रिया की जाती है ।

प्राणायाम का शरीर पर प्रभाव

सामान्य शरीरविज्ञान में मानवशरीर के अंदर काम करने वाले भिन्न-भिन्न अङ्गसमूह हैं । इन अङ्गसमूहों में प्रधान ये हैं —स्नायुजाल (Nervous system), ग्रन्थिसमूह (Glandular system), श्वासोपयोगी अङ्गसमूह (Pespiratory system) रक्तवाह, अङ्गसमूह (Digestive system) । इन सभी पर प्राणायाम का गहरा प्रभाव पड़ता है । मल को बाहर निकालने वाले अङ्गों में हम देखते हैं कि आँतें और गुर्दा तो पेट के अंदर हैं और फेफड़े छाती के अन्दर । साधारण तौर पर साँस लेने में उदर की मांसपेशियाँ क्रमशः ऊपर और नीचे की ओर जाती हैं, जिससे आँतों और गुर्दे में भी निरन्तर हलचल और हलकी-हलकी मालिश होती रहती है । प्राणायाम में

पूरक एवं रेचक तथा कुम्भक करते समय यह हलचल और मालिश और भी स्पष्टरूप से होने लगती है । इससे यदि कहीं रक्त जमा हो गया हो तो इस हलचल के कारण उस पर जोर पड़ने से वह हट सकता है । यही नहीं, आँतों और गुर्दे के व्यापार को नियन्त्रण में रखने वाले स्नायु और मांसपेशियाँ भी सुदृढ़ हो जाती हैं । इस प्रकार आँतों और गुर्दे को प्राणायाम करते समय ही नहीं, बल्कि शेष समय में भी लाभ पहुँचता है । स्नायु और मांसपेशियाँ जो एक बार मजबूत हो जाती हैं, वे फिर चिरकाल तक मजबूत ही बनी रहती हैं और प्राणायाम से अधिक स्वस्थ हो जाने पर आँतें और गुर्दे अपना कार्य और भी सफलता के साथ करने लगते हैं ।

यही हाल फेफड़ों का है । श्वास की क्रिया ठीकर तरह से चलती रहे, इसके लिये आवश्यकता है श्वासोपयोगी मांसपेशियों के सुदृढ़ होने की और फेफड़ों के लचकदार होने की । शारीरिक दृष्टि से प्राणायाम के द्वारा इन मांसपेशियों और फेफड़ों का संस्कार होता है और कार्बनडाई आक्साइड नामक दूषित गैस का भी भली भाँति निराकरण हो जाता है । इस प्रकार प्राणायाम आँतों, गुर्दे तथा फेफड़ों के लिये, जो शरीर से मल को निकाल बाहर करने के तीन प्रधान अङ्ग हैं, बड़ी मूल्यवान् कसरत है ।

आहार का परिपाक करने वाले और रस बनाने वाले अङ्गों पर भी प्राणायाम का अच्छा असर पड़ता है । अन्न-जल के परिपाक में आमाशय, उसके पृष्ठभाग में स्थित Pancreas नामक ग्रन्थि और यकृत् मुख्य रूप से कार्य करते हैं और प्राणायाम में इन सबकी कसरत होती है । क्योंकि प्राणायाम में उदर और वक्ष:स्थल के बीच का स्नायु, जिसे अग्रेजी में Diaphragm कहते हैं और पेट की मांसपेशियाँ, ये दोनों ही बारी-बारी से खूब सिकुड़ते हैं और फिर ढीले पड़ जाते हैं, जिससे उपर्युक्त पाकोपयोगी अङ्गों की एक प्रकार से मालिश हो जाती है । जिन्हें अग्निमान्द्य और बद्धकोष्ठता की शिकायत रहती है, उनमें से अधिक लोगों के जिगर में सदा ही रक्त जमा रहता है और फलत: उसकी क्रिया दोषयुक्त होती है । इस रक्तसंचय को हटाने के लिये प्राणायाम एक उत्तम साधन है ।

किसी भी मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि उसकी नाड़ियों में प्रवाहित होने वाले रक्त को ऑक्सिजन प्रचुर मात्रा में मिलता रहे । योगशास्त्र में बतायी हुई पद्धति के अनुसार प्राणायाम करने से रक्त को जितना अधिक ऑक्सिजन मिल सकता है, उतना अन्य किसी व्यायाम से नहीं मिल सकता । इसका कारण यह नहीं कि प्राणायाम करते समय मनुष्य बहुत-सा ऑक्सिजन पचा लेता है, बल्कि उसके श्वासोपयोगी अङ्गसमूह का अच्छा व्यायाम हो जाता है ।

जो लोग अपने श्वास की क्रिया को ठीक करने के लिये किसी प्रकार का अभ्यास नहीं करते, वे अपने फेफड़ों के कुछ अंशों से ही साँस लेते हैं, शेष अंश निकम्मे रहते हैं । इस प्रकार निकम्मे रहने वाले अंश बहुधा फेफड़ों के अग्रभाग होते हैं । इन अग्रभागों में ही जो निकम्मे रहते हैं और जिनमें वायु का संचार अच्छी तरह से नहीं

होता, राजयक्ष्मा के भयङ्कर कीटाणु बहुधा आश्रय पाकर बढ़ जाते हैं । यदि प्राणायाम के द्वारा फेफड़ों के प्रत्येक अंश से काम लिया जाने लगे और उनका प्रत्येक छिद्र दिन में कई बार शुद्ध हवा से धुल जाया करे तो फिर इन कीटाणुओं का आक्रमण असम्भव हो जायगा और श्वास सम्बन्धी इन भयंकर रोगों से बचा जा सकता है ।

प्राणायाम के कारण पाकोपयोगी, श्वासोपयोगी एवं मल को बाहर निकालने वाले अङ्गों की क्रिया ठीक होने से रक्त अच्छा बना रहेगा । यही रक्त विभक्त होकर शरीर के भिन्न-भिन्न अङ्गों में पहुँच जायगा । यह कार्य रक्तवाहक अङ्गों का खास कर हृदय का है । रक्तसंचार से सम्बन्ध रखने वाला प्रधान अङ्ग हृदय है और प्राणायाम के द्वारा उसके अधिक स्वस्थ हो जाने से समस्त रक्तवाहक अङ्ग अच्छी तरह से काम करने लगते हैं।

परन्तु बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती । भस्त्रिका प्राणायाम में, खास कर उस हिस्से में जो कपालभाति से मिलता-जुलता है, वायवीय स्पन्दन प्रारम्भ होकर मानव - शरीर के प्राय: प्रत्येक सूक्ष्म–से–सूक्ष्म अङ्ग को, यहाँ तक कि नाड़ियों एवं सूक्ष्म शिराओं तक को हिला देते हैं । इस प्रकार प्राणायाम से सारे रक्तवाहक अङ्गसमूह की कसरत एवं मालिश हो जाती है और वह ठीक तरह से काम करने के योग्य बन जाता है ।

रक्त की उत्तमता और उसके समस्त स्नायुओं और ग्रन्थियों में उचित मात्रा में विभक्त होने पर ही इनकी स्वस्थता निर्भर है । प्राणायाम में विशेष कर भस्त्रिका प्राणायाम में रक्त की गति बहुत तेज हो जाती है और रक्त भी उत्तम हो जाता है । इस प्रकार प्राणायाम से Endocerine ग्रन्थिसमूह को भी उत्तम और पहले की अपेक्षा प्रचुर रक्त मिलने लगता है, जिससे वे पहले की अपेक्षा अधिक स्वस्थ हो जाती हैं । इसी रीति से हम मस्तिष्क, मेरुदण्ड और इनकी नाड़ियों तथा अन्य सम्बन्धित नाड़ियों को स्वस्थ बना सकते हैं ।

प्राणायाम का मस्तिष्क पर प्रभाव

सभी शरीरविज्ञानविशारदों का इस विषय में एक मत है कि साँस लेते समय मस्तिष्क में से दूषित रक्त प्रवाहित होता है और शुद्ध रक्त उसमें संचरित होता है । यदि साँस गहरी हो तो दूषित रक्त एक साथ बह निकलता है और हृदय से जो शुद्ध रक्त वहाँ आता है वह और भी सुन्दर आने लगता है । प्राणायाम की यह विधि है कि उसमें साँस गहरे-से गहरा लिया जाय, इसका परिणाम यह होता है कि मस्तिष्क से सारा दूषित रक्त बह जाता है और हृदय का शुद्ध रक्त उसे अधिक मात्रा में मिलता है । योग उड्डीयान–बन्ध को हमारे सामने प्रस्तुत कर इस स्थिति को और भी स्पष्ट कर देने की चेष्टा करता है । इस उड्डीयानबन्ध से हमें इतना अधिक शुद्ध रक्त मिलता है, जितना किसी श्वास सम्बन्धी व्यायाम से हमें नहीं मिल सकता । प्राणायाम से जो हमें तुरन्त बल और नवीनता प्राप्त होती है उसका यही वैज्ञानिक कारण है ।

प्राणायाम का मेरुदण्ड पर प्रभाव

मेरुदण्ड एवं उससे सम्बन्धित स्नायुओं के सम्बन्ध में हम देखते हैं कि इन अङ्गों के चारों ओर रक्त की गति साधारणतया मन्द होती है । प्राणायाम से इन अङ्गों में रक्त की गति बढ़ जाती है और इस प्रकार इन अङ्गों को स्वस्थ रखने में प्राणायाम सहायक होता है ।

योग में कुम्भक करते समय मूल, उड्डीयान और जालन्धर-तीन प्रकार के बन्ध करने का उपदेश दिया गया है । इन बन्धों का एक काल में अभ्यास करने से पृष्ठवंश का, जिसके अंदर मेरुदण्ड स्थित है तथा तत्सम्बन्धित स्नायुओं का उत्तम रीति से व्यायाम हो जाता है । इन बन्धों के करने से पृष्ठवंश को यथास्थान रखने वाली मांसपेशियाँ, जिनमें तत्सम्बन्धित स्नायु भी रहते हैं, क्रमश: फैलती हैं और फिर सिमट जाती हैं, जिससे इन पेशियों तथा मेरुदण्ड एवं तत्सम्बन्धित स्नायुओं में रक्त की गति बढ़ जाती है । बन्ध यदि न किये जायँ तो भी प्राणायाम की सामान्य प्रक्रिया ही ऐसी है कि उससे पृष्ठवंश पर ऊपर की ओर हल्का-सा खिंचाव पड़ता है, जिससे मेरुदण्ड तथा तत्सम्बन्धित स्नायुओं को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है ।

स्नायुजाल के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डालने के लिये तो सबसे उत्तम प्राणायाम भस्त्रिका है । इस प्राणायाम में श्वास की गति तेज होने से शरीर के प्रत्येक सूक्ष्म-से-सूक्ष्म अङ्ग की मालिश हो जाती है और इसका स्नायुजाल पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है ।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि प्राणायाम हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिये सर्वोत्तम व्यायाम है । इसीलिये भारत के प्राचीन योगाचार्य प्राणायाम को शरीर की प्रत्येक आभ्यन्तर क्रिया को स्वस्थ रखने का एकमात्र साधन मानते थे । उनमें से कुछ तो प्राणायाम को शरीर का स्वास्थ ठीक रखने में इतना सहायक मानते हैं कि वे इसके लिये अन्य किसी साधन की आवश्यकता ही नहीं समझते । प्राणायाम से शरीर की आभ्यन्तर क्रियाओं का नियन्त्रण ही नहीं होता, अपितु इस शरीरयन्त्र को जीवन देने वाले प्रत्येक व्यापार पर अधिकार हो जाता है ।

श्वाससम्बन्धी व्यायामों से श्वासोपयोगी अङ्गसमूह को तो लाभ होता ही है, किंतु उनका असली महत्त्व तो इस बात को लेकर है कि उनसे अन्य अङ्गसमूहों को भी, खासकर स्नायुजाल को विशेष लाभ पहुँचता है ।

कुछ उपयोगी बन्ध एवं मुद्राएँ

योगसाधना में बन्धों एवं मुद्राओं का विशेषरूप से उल्लेख आया है । इनमें से कुछ उपयोगी बन्धों एवं मुद्राओं का यहाँ संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है जिनका उल्लेख रुद्रयामल में आया है ।

बन्ध

१. **मूलबन्ध**—मूल गुदा एवं लिङ्ग-स्थान के रन्ध्र को बन्द करने का नाम मूलबन्ध है । वाम पाद की एड़ी को गुदा और लिङ्ग के मध्यभाग में दृढ़ लगाकर गुदा को सिकोड़कर योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिङ्ग एवं कन्द के बीच के भाग को दृढ़तापूर्वक संकोचन द्वारा अधोगत अपानवायु को बल के साथ धीरे-धीरे ऊपर की ओर खींचने को मूलबन्ध कहते हैं । सिद्धासन के साथ यह बन्ध अच्छा लगाया जा सकता है । अन्य आसनों के साथ एड़ी को सीवनी पर बिना लगाये हुए भी मूलबन्ध लगाया जा सकता है ।

फल—इससे अपानवायु का ऊर्ध्व-गमन होकर प्राण के साथ एकता होती है । कुण्डलिनी-शक्ति सीधी होकर ऊपर की ओर चढ़ती है । कोष्ठबद्धता दूर करने, जठराग्नि को प्रदीप्त करने और वीर्य को ऊर्ध्वरितस् बनाने में यह बन्ध अति उत्तम है । साधकों को न केवल भजन के अवसर पर किन्तु हर समय मूल बन्ध को लगाये रखने का अभ्यास करना चाहिये ।

२. **उड्डीयानबन्ध**—दोनों जानुओं को मोड़कर पैरों के तलवों को परस्पर भिड़ाकर पेट के नाभि से नीचे और ऊपर के आठ अंगुल हिस्से को बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड (रीढ़ की हड्डी से) ऐसा लगा दे जिससे कि पेट के स्थान पर गढडा-सा दीखने लगे । पेट को अंदर की ओर जितना अधिक खींचा जायगा, उतना ही यह बन्ध अच्छा होगा । इसमें प्राण पक्षी के सदृश सुषुम्ना की ओर उड़ने लगता है, इसलिये यह बन्ध उड्डीयान कहलाता है । इस बन्ध को पैरों के तलवों को बिना भिड़ाये हुए भी किया जा सकता है ।

फल—प्राण और वीर्य का ऊपर की ओर दौड़ना, मन्दाग्नि का नाश, क्षुधा की वृद्धि, जठराग्नि का प्रदीप्त और फेफड़े का शक्तिशाली होना है, इस बन्ध के फल हैं ।

३. **जालन्धरबन्ध**—कण्ठ को सिकोड़कर ठोढ़ी को दृढ़तापूर्वक कण्ठकूप में इस प्रकार स्थापित करे कि हृदय से ठोडी का अन्तर केवल चार अंगुल का रहे, सीना आगे की ओर तना रहे । यह बन्ध कण्ठस्थान के नाड़ी-जाल के समूह को बाँधे रखता है, इसलिये इसका नाम जालन्धर-बन्ध है ।

फल—कण्ठ का सुरीला, मधुर और आर्कषक होना, कण्ठ के संकोच द्वारा इडा, एवं पिङ्गला नाडियों के बंद होने पर प्राण का सुषुम्ना में प्रवेश करना है ।

प्रायः सभी आसन, मुद्राएँ और प्राणायाम मूलबन्ध और उड्डीयानबन्ध के साथ किये जाते हैं । किन्तु राजयोग में ध्यानावस्था में जालन्धरबन्ध लगाने की बहुत कम आवश्यकता होती है ।

४. महाबन्ध—महाबन्ध की दो विधियों में पहली विधि इस प्रकार है—बायें पैर की एड़ी को गुदा और लिङ्ग के मध्यभाग में जमाकर बायीं जंघा के ऊपर दाहिने पैर को रख, समसूत्र में हो, वाम अथवा जिस नासारन्ध्र से वायु चल रहा हो उससे ही पूरक करके जालन्धर-बन्ध लगाये । फिर मूलद्वार से वायु का ऊपर की ओर आकर्षण करके मूलबन्ध लगाये । मन को मध्य नाड़ी में लगाये हुए यथाशक्ति कुम्भक करे । तत्पश्चात् पूरक के विपरीत वाली नासिका से धीरे- धीरे रेचन करे । इस प्रकार दोनों नासिका से अनुलोम एवं विलोम रीति से समान प्राणायाम करे ।

इसकी दूसरी विधि इस प्रकार है—पद्म अथवा सिद्धासन से बैठे, योनि और गुह्यप्रवेश सिकोड़, अपानवायु को ऊर्ध्वगामी कर, नाभिस्थ समानवायु के साथ मिलाकर और हृदयस्थ प्राणवायु को अधोमुख करके प्राण और अपानवायुओं के साथ नाभिस्थल पर दृढ़रूप से कुम्भक करे ।

फल—प्राण का ऊर्ध्वगामी होना-वीर्य की शुद्धि, इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना का सङ्गम प्राप्त होना, बल की वृद्धि आदि इसके गुण है ।

५. महाबन्ध—यह दो प्रकार से किया जाता है – महाबन्ध की प्रथम विधि के अनुसार मूलबन्धपूर्वक कुम्भक करके दोनों हाथों की हथेली भूमि में दृढ़ स्थिर करके, हाथों के बल ऊपर उठकर दोनों नितम्बों को शनैःशनैः ताड़ना दे और ऐसा ध्यान करे कि प्राण इडा एवं पिङ्गला को छोड़कर कुण्डलिनी-शक्ति को जगाता हुआ सुषुम्ना में प्रवेश कर रहा है । तत्पश्चात् वायु को शनैः-शनैः महाबन्ध की विधि के अनुसार रेचन करे इसकी दूसरी विधि इस प्रकार है –

मूलबन्ध के साथ पद्मासन से बैठे, अपान और प्राणवायु को नाभिस्थान पर एक करके (मिलाकर) दोनों हाथों को तानकर नितम्बों से मिलते हुए भूमि पर जमाकर नितम्ब को आसनसहित उठा-उठाकर भूमि पर ताड़ित करते रहें ।

फल—कुण्डलिनी-शक्ति का जाग्रत् होना, प्राण का सुषुम्ना में प्रवेश करना इसके प्रमुख गुण हैं । महाबन्ध, महावेध और महामुद्रा – तीनों को मिलाकर करना अधिक फलदायक है ।

मुद्रा

१. खेचरी मुद्रा— जीभ को ऊपर की ओर उलटी ले जाकर तालु-कुहर (जीभ के ऊपर तालु के बीच के गढ़े) में लगाये रखने का नाम 'खेचरी-मुद्रा' है । इसके निमित्त जिह्वा को बढ़ाने के तीन साधन किये जाते हैं—छेदन, चालन और दोहन ।[१]

(१) छेदन—जीभ के नीचे के भाग में सूताकार वाली एक नाड़ी नीचे वाले दाँतों की जड़ के साथ जीभ को खींचे रखती है । इसलिये जीभ को ऊपर चढ़ाना कठिन

---

१. द्र० रुद्र० २५.९८.१०३

होता है । प्रथम इस नाड़ी के दाँतों के निकट वाले एक ही स्थान पर स्फटिक (बिल्लौर) का धार वाला टुकड़ा प्रतिदिन प्रातःकाल चार-पाँच बार फेरते रहें । कुछ दिनों तक ऐसा करने के पश्चात् वह नाड़ी उस स्थान में पूर्ण कट जायगी । इसी प्रकार क्रमशः उससे ऊपर-ऊपर एक-एक स्थान को जिह्वामूल तक काटते चले जायँ । स्फटिक फेरने के पश्चात् माजूफल का कपड़छन चूर्ण (टेरिन ऐसिड) जीभ के ऊपर-नीचे तथा दाँतों पर मलें और उन सब स्थानों से दूषित पानी निकलने दें । माजूफल-चूर्ण के अभाव में अकरकरा, नून, हरीतकी और कत्थे का चूर्ण छेदन किये हुए स्थान पर लगाये । यह छेदन-विधि सबसे सुगम है और इससे किसी प्रकार की हानि पहुँचने की सम्भावना नहीं है, यद्यपि इसमें समय अधिक लगेगा । साधारणतया छेदन का कार्य किसी धातु के तीक्ष्ण यन्त्र से प्रति आठवें दिन उस शिरा को बाल के बराबर छेदकर घाव पर कत्था और हरड़ का चूर्ण लगाकर करते हैं । इसके छेदन के लिये नाखून काटने वाला-जैसा एक तीक्ष्ण यन्त्र और खाल छीलने के लिये एक दूसरे यन्त्र की आवश्यकता होती है, जिससे कटा हुआ भाग फिर न जुड़ने पावे । इसमें नाड़ी के सम्पूर्ण अंश के एक साथ कट जाने से वाक् तथा आस्वादन-शक्ति के नष्ट हो जाने का भय रहता है । इसलिये इसे किसी अभिज्ञ पुरुष की सहायता से ही करना चाहिये । छेदन की आवश्यकता केवल उनको होती है, जिनकी जीभ और यह नाड़ी मोटी होती है । जिनकी जीभ लंबी और यह नाड़ी पतली होती है, उन्हें छेदन की अधिक आवश्यकता नहीं है ।

(२-३) चालन व दोहन—अँगूठे और तर्जनी अँगुली से अथवा बारीक वस्त्र से जीभ को पकड़कर चारों तरफ उलट-फेरकर हिलाने और खींचने को चालन कहते हैं । मक्खन अथवा घी लगाकर दोनों हाथों की अँगुलियों से जीभ का गाय के स्तनदोहन जैसे पुनः-पुनः धीरे-धीरे आकर्षण करने की क्रिया का नाम दोहन है ।

निरन्तर अभ्यास करते रहने से अन्तिम अवस्था में जीभ इतनी लम्बी हो सकती है कि नासिका के ऊपर भ्रूमध्यतक पहुँच जाय । इस मुद्रा का बड़ा महत्त्व बतलाया गया है, इससे ध्यान की अवस्था परिपक्व करने में बड़ी सहायता मिलती है । जिह्वाओं के भी नाना प्रकार के भेद देखने में आये हैं । किसी जिह्वा में सूताकार नाड़ी के स्थान में मोटा मांस होता है, जिसके काटने में अधिक कठिनाई होती है । किसी-किसी जिह्वा में न यह नाड़ी होती है, न मांस । उसमें छेदन की आवश्यकता नहीं है । केवल चालन एवं दोहन होना चाहिये ।

२. महामुद्रा—इसकी पहली विधि इस प्रकार है—मूलबन्ध लगाकर बायें पैर की एड़ी से सीवन (गुदा और अण्डकोष के मध्य का चार अँगुल स्थान) दबाये और दाहिने पैर को फैलाकर उसकी अँगुलियों को दोनों हाथों से पकड़े । पाँच घर्षण करके बायीं नासिका से पूरक करें और जालन्धर-बन्ध लगाये । फिर जालन्धर-बन्ध-खोलकर दाहिनी नासिका से रेचक करे । वह वामाङ्ग की मुद्रा समाप्त हुई । इसी प्रकार दक्षिणाङ्ग में इस मुद्रा को करना चाहिये तथा दूसरी विधि इस प्रकार है—बायें पैर की एड़ी को सीवन (गुदा और उपस्थ के मध्य के चार अङ्गुल-भाग) में बलपूर्वक जमाकर दायें पैर

को लम्बा फैलाये । फिर शनैः-शनैः पूरक के साथ मूल तथा जालन्धर बन्ध लगाते हुए दायें पैर का अँगूठा पकड़कर मस्तक के दायें पैर के घुटने पर जमाकर यथाशक्ति कुम्भक करे । कुम्भक के समय पूरक की हुई वायु को कोष्ठ में शनैः-शनैः फुलावे और ऐसी भावना करे कि प्राण कुण्डलिनी को जाग्रत् करके सुषुम्ना में प्रवेश कर रहा है । तत्पश्चात् मस्तक को घुटने से शनैः-शनैः रेचक करते हुए उठाकर यथास्थिति में बैठ जाय । इसी प्रकार दूसरे अङ्ग से करना चाहिये । प्राणायाम की संख्या एवं समय बढ़ाता रहे ।

फल—मन्दाग्नि, अजीर्ण आदि उदर के रोगों तथा प्रमेह का नाश, क्षुधा की वृद्धि और कुण्डलिनी का जाग्रत् होना है ।

३. अश्विनीमुद्रा -सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठकर योनिमण्डल को अश्व के सदृश पुनः-पुनः सिकोड़ना अश्विनीमुद्रा कहलाती है ।

फल—यह मुद्रा प्राण के उत्थान और कुण्डलिनी-शक्ति के जाग्रत् करने में सहायक होती है । अपानवायु को शुद्ध और वीर्यवाही स्नायुओं को मजबूत करती है।

४. शक्तिचालिनीमुद्रा—सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठकर हाथों की हथेलियाँ पृथ्वी पर जमा दे । बीस-पचीस बार शनैः-शनैः दोनों नितम्बों को पृथ्वी से उठा-उठाकर ताड़न करे । तत्पश्चात् मूलबन्ध लगाकर दोनों नासिकाओं से अथवा वाम से अथवा जो स्वर चल रहा हो उस नासिका से पूरक करके प्राणवायु को अपानवायु से संयुक्त करके जालन्धर-बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करे । कुम्भक के समय अश्विनीमुद्रा करे अर्थात् गुह्य-प्रदेश का आकर्षण-विकर्षण करता रहे । तत्पश्चात् जालन्धर-बन्ध खोलकर यदि दोनों नासिकापुट से पूरक किया हो तो दोनों से अथवा पूरक के विपरीत नासिकापुट से रेचक करे और निर्विकार होकर एकाग्रतापूर्वक बैठ जाय ।

घेरण्डसंहिता में इस मुद्रा को करते समय बालिश्त भर चौड़ा, चार अङ्गुल लंबा, कोमल, श्वेत और सूक्ष्म वस्त्र नाभि पर कटिसूत्र से बाँधकर सारे शरीर पर भस्म मलकर करना बतलाया गया है ।

फल—सर्वरोग-नाशक और स्वास्थ्यवर्धक होने के अतिरिक्त कुण्डलिनी-शक्ति को जाग्रत् करने में अत्यन्त सहायक है । इससे साधक अवश्य लाभ प्राप्त करता है ।

५. योनिमुद्रा—सिद्धासन से बैठ सम-सूत्र हो षण्मुखी मुद्रा लगाकर अर्थात् दोनों अँगूठों से दोनों कानों को, दोनों तर्जनियों से दोनों नेत्रों को, दोनों मध्यमाओं से नाक के छिद्रों को बंद करके और दोनों अनामिका एवं कनिष्ठिकाओं को दोनों ओठों के पास रखकर काफी मुद्रा द्वारा अर्थात् जिह्वा को कौए की चोंच के सदृश बनाकर उसके द्वारा प्राणवायु को खींचकर अधोगत अपानवायु के साथ मिलाये । तत्पश्चात् ओ३म् का जाप करता हुआ ऐसी भावना करे कि उसकी ध्वनि के साथ परस्पर मिली हुई वायु कुण्डलिनी को जाग्रत् करके षट्चक्रों का भेदन करते हुए सहस्रदल-कमल में जा रही है । इससे अन्तर्ज्योति का साक्षात्कार होता है ।

६. योगमुद्रा—मूलबन्ध के साथ पद्मासन से बैठकर प्रथम दोनों नासिकापुटों से पूरक करके जालन्धरबन्ध लगाये । तत्पश्चात् दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर बायें हाथ से दायें हाथ की और दायें हाथ से बायें हाथ की कलाई को पकड़े, शरीर को आगे झुकाकर पेट के अन्दर एड़ियों को दबाते हुए सिर को जमीन पर लगा दें । इस प्रकार यथाशक्ति कुम्भक करने के पश्चात् सिर को जमीन से उठाकर जालन्धर-बन्ध खोलकर दोनों नासिकाओं से रेचन करे ।

फल—पेट के रोगों को दूर करने और कुण्डलिनी-शक्ति को जागृत् करने में यह मुद्रा सहायक होती है ।

७. शाम्भवीमुद्रा—मूल और उड्डीयानबन्ध के साथ सिद्ध अथवा पद्मासन से बैठकर नासिका के अग्रभाग अथवा भ्रूमध्य में दृष्टि को स्थिर करके ध्यान जमाना 'शाम्भवी मुद्रा' कहलाती है ।

८. तड़ागी मुद्रा—तड़ाग (तालाब) के सदृश कोष्ठ को वायु से भरने को तड़ागी मुद्रा कहते हैं । शवासन से चित्त लेटकर जिस नासिका का स्वर चल रहा हो, उससे पूरक करके तालाब के समान पेट को फैलाकर वायु से भर लेना चाहिए । तत्पश्चात् कुम्भक करते हुए वायु को पेट में इस प्रकार हिलावे, जिस प्रकार तालाब का जल हिलता है । कुम्भक के पश्चात् सावधानी से वायु का शनैः-शनैः रेचन कर दे, इससे पेट के सर्वरोग समूल नष्ट होते हैं ।

९. विपरीतकरणीमुद्रा—शीर्षासन-कपालासन—पहिले जमीन पर मुलायम गोल लपेटा हुआ वस्त्र रखकर उस पर अपने मस्तक को रखे । फिर दोनों हाथों के तलों को मस्तक के पीछे लगाकर शरीर को उलटा ऊपर उठाकर सीधा खड़ा कर दे । थोड़े ही प्रयत्न से मूल और उड्डीयान स्वयं लग जाता है । यह मुद्रा पद्मासन के साथ भी की जा सकती है । इसको ऊर्ध्व-पद्मासन कहते हैं । आरम्भ में इसको दीवार के सहारे करने में आसानी होगी ।

फल—वीर्यरक्षा, मस्तिष्क, नेत्र, हृदय तथा जठराग्नि का बलवान् होना, प्राण की गति स्थिर और शान्त होना, कब्ज, जुकाम, सिरदर्द आदि का दूर होना, रक्त का शुद्ध होना और कफ के विकार का दूर होना है ।

१०. उन्मनी मुद्रा—किसी सुख-आसन से बैठकर आधी खुली हुई और आधी बंद आँखों से नासिका के अग्रभाग पर टकटकी लगाकर देखते रहना यह 'उन्मनी मुद्रा' कहलाती है । इससे मन एकाग्र होता है ।

रुद्रयामलगत स्वरयोग

एकादश पटल में स्वरोदय पर विचार प्रस्तुत किया गया है । इस सम्बन्ध में द्वादश चक्रों का निर्माण और उनके स्वरज्ञान एवं वायु की गति को जानकर अपने प्रश्नों का विवेचन करना चाहिए । स्वर–योग के अन्य ग्रन्थों से इसे लेकर यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है –

नरपतिजयचर्या स्वरोदय: के 'मात्रास्वराऽध्याय:' में मात्रा स्वरों के विषय में इस प्रकार कहा गया है –

अथात: सम्प्रवक्ष्यामि ख्याता ये ब्रह्मयामले ।
मात्रादिभेदभिन्नानां स्वराणां षोडशोदयान् ॥ १ ॥
मातृकायां पुरा प्रोक्ता: स्वरा: षोडशसंख्यया ।
अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अ: ।
तेषां द्वावन्तिमौ (अं अ:) त्याज्यौ-चत्वारश्च(ऋ ॠ ऌ ॡ)नपुंसकौ ॥ २ ॥
शेषा दश स्वरास्तेषु स्यादेकैको द्विके द्विके ।
ज्ञेयास्तत्र स्वरा आद्या ह्रस्वा: (अ इ उ ए ओ) पञ्च स्वरोदये ॥ ३ ॥
लाभालाभं सुखं दु:खं जीवितं मरणं तथा ।
जय: पराजयश्चेति सर्वं ज्ञेयं स्वरोदये ॥ ४ ॥
स्वरादिमात्रिकोच्चारो मातृव्याप्तं जगत्त्रयम् ।
तस्मात्स्वरोद्भवं सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥ ५ ॥
अकाराद्या: स्वरा: पञ्च ब्रह्माद्या: पञ्चदेवता: ।
निवृत्त्याद्या: कला: पञ्च इच्छाद्या: शक्तिपञ्चकम् ॥ ६ ॥

अब मैं ब्रह्मयामल में कहे हुये मात्राभेद से भिन्न मातृकाचक्र में कहे हुये सोलह स्वरों को कह रहा हूँ । अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अ:—ये सोलह स्वर हैं । इनमें से दो अन्त के अं अ: त्याग देना चाहिए और चार ऋ ॠ ऌ ॡ—ये नपुंसक स्वर हैं । शेष दशस्वर (अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ) हैं । इनमें दो दो स्वरों का एक ही स्वर मानना चाहिए—जैसे अ आ को केवल अ मानना चाहिये । इस प्रकार पाँच ही अ, इ, उ, ए ओ स्वर मुख्य हैं । सभी चराचर पदार्थों के नामोच्चारण करने में अकारादि मातृका के बिना वर्णों का उच्चारण नहीं हो सकता है । इसलिये मातृका से तीनों जगत् व्याप्त है । अत: शुभाशुभ फल के कहने के लिये स्वरों की ही प्रधानता है । अकारादि अ, इ, उ, ए ओ स्वरों के क्रम से ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, सूर्य और चन्द्रमा स्वामी हैं, अर्थात् अकारादि स्वरों के उदयकाल में प्रश्नकर्त्ता इन्हीं देवताओं का स्मरण कर कार्य को करे एवं इन्हीं स्वरों के उदयकाल में निवृत्ति आदि क्रम से पाँच कलायें होती हैं । (निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति और अतिशान्ति) ये पाँच कलाओं के नाम हैं और इन्हीं स्वरों के उदयकाल में इच्छादि पाँच शक्तियाँ भी होती हैं । उनके नाम इच्छा, ज्ञान, प्रभा, श्रद्धा और मेधा है ॥ १-६ ॥

मायाद्याश्चक्रभेदाश्च धराद्यं भूतपञ्चकम् ।
शब्दादिविषयास्ते च कामबाणा इतीरिता: ॥ ७ ॥
पिण्ड पदं तथा रूपं रूपातीतं निरञ्जनम् ।
स्वरभेदस्थितं ज्ञानं ज्ञायते गुरुत: सदा ॥ ८ ॥
अकाराद्या: स्वरा: पञ्च तेषामष्टविधास्त्वमी ।
मात्रा वर्णो ग्रहो जीवो राशिर्भं पिण्डयोगकौ ॥ ९ ॥

प्रसुप्तो बुध्यते येन येनागच्छति शब्दितः ।
तत्र नामाद्यवर्णे या मात्रा मात्रास्वरः स हि ॥ १० ॥

अ, इ, उ, ए, ओ, ये प्रसिद्ध पाँच स्वर (ज्यौतिषशास्त्र के स्वर भाग में) हैं । इन्हीं पाँच स्वरों के मायादि पाँच (चतुरस्र, अर्धचन्द्र, त्रिकोण, षट्कोण, वर्तुल) चक्रभेद हैं, अर्थात् इन स्वरों के उदय वाले अपने अपने चक्रों का पूजन करें या ग्रहण करें । ये ही स्वर गन्धादि पाँच विषय वाले हैं, अर्थात् अकार के उदय में गन्ध विषयक, इकारोदय में रसविषय, उकार में रूपविषय, एकारोदय में स्पर्शविषय और ओकार में शब्दविषय है । इन्हीं पाँच स्वरों के धरा आदि (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) पाँच तत्त्व हैं, अर्थात् अकार स्वर के उदय में पृथ्वीगत प्रश्न, इकार के उदय में जलगत, उकार में अग्निगत, एकार में वायुगत और ओकर के उदय में आकाशगत अर्थात् ऊर्ध्वगत प्रश्न है । इन्हीं पाँच स्वरों के पाँच कामबाण (शोषण, मोहन, दीपन, संतापन, प्रमथन) हैं । पिण्ड अर्थात् शरीर का जो तत्त्व, उसका जो स्वरूप, उसके ज्ञान को रूपातीत कहते हैं । उसको भी अतिक्रमण करने को निरंजन अर्थात् शून्य कहते हैं ।

अथवा इन पाँच स्वरों की जो पाँच (बाल, कुमार, युवा, वृद्ध मृत्यु या शून्य) अवस्थायें हैं । उन्हीं को क्रम से पिण्ड, पद, रूप, रूपातीत और निरंजन कहते हैं । यही पाँच अवस्थायें जीवधारियों की भी होती हैं । वेदान्तशास्त्र के पृथ्वी, अप्, तेज, वायु और आकाश इन पञ्चतत्त्वों के पञ्चीकरण से जैसे ब्रह्म प्राप्ति होती है, वैसे ही यहाँ भी योगाभ्यास और गुरुमुख से अध्ययन द्वारा रहस्यमय उक्त ज्यौतिषशास्त्र का एवं रहस्यमय स्वरशास्त्र का ज्ञान भी परमार्थप्राप्ति का परम साधन बताया गया है । किन्तु इन पाँच स्वरों का भेद स्वरों में ही स्थित है जो कि गुरुमुख से ही जाना जा सकता है । जैसे सदानन्द के नाम में अकार है । अतः सदानन्द का अकार मात्रास्वर हुआ । शेष चक्र से स्पष्ट है ॥ ७-१० ॥

कादिहान्तं लिखेद्वर्णान् स्वराधो ङञणोज्झितान् ।
(ककारादिहकारान्ताल्लिखेद्वर्णान्स्वराधो ङञणोज्झितान्)
तिर्यक्पंक्तिक्रमेणैव पञ्चत्रिंशत्प्रकोष्ठके ॥ ११ ॥
नरनामादिमो वर्णो यस्मात्स्वरादधः स्थितः ।
स स्वरस्तस्य वर्णस्य वर्णस्वर इहोच्यते ॥ १२ ॥
न प्रोक्ता ङञणा वर्णा नामादौ सन्ति ते नहि ।
चेद्भवन्ति तदा ज्ञेया गजडास्ते यथाक्रमम् ॥ १३ ॥
यदि नाम्नि भवेद्वर्णः संयुक्ताक्षरलक्षणः ।
ग्राह्यस्तदादिमो वर्ण इत्युक्तं ब्रह्मयामले ॥ १४ ॥

श्लोक ११-१४ को समझने के लिये आचार्य ने चक्र बनाने का संकेत दिया है, उसे देखकर विषय अतिस्पष्ट हो जाता है । अकारादि पाँचों स्वरों के नीचे क्रम से आरम्भ कर ह पर्यन्त वर्णों को तिर्यक् क्रम से ३५ कोष्ठों में लिखे । किन्तु ङ ञ ण वर्णों को न लिखे । मनुष्य के नाम का प्रथम वर्ण, जिस स्वर के नीचे हो वही उसका

वर्णस्वर होता है । ङ ञ, ण, वर्णों को नहीं कहा गया है क्योंकि प्राय: मनुष्य के नाम के आदि में ये वर्ण नहीं पाये जाते हैं । यदि कहीं किसी के नाम के आदि में हो तो इनके स्थान में क्रम से ग, ज, ड वर्णों को समझना चाहिये, अर्थात् ग, ज, ड वर्णों के जो वर्णस्वर हों वही उन वर्णों के होंगे । यदि नाम के आदि में संयुक्ताक्षर हो तो वहाँ संयुक्ताक्षर में पहला वर्ण लेना चाहिये—ऐसा ब्रह्मयामल में कहा है । जैसे सदानन्द के नाम में आदि वर्ण स है । वह चक्र में ए स्वर के नीचे है । अत: सदानन्द का एकार वर्णस्वर है । इसी प्रकार श्रीपति के नाम में संयुक्ताक्षर का प्रथम वर्ण श है और वह इकार के नीचे है । इसलिये श्रीपति का इकार वर्णस्वर है । वर्णों में विशेष – स्वरशास्त्र में अ ब, श स, च ख, ङ, ञ, ये सजातीय माने जाते हैं । इतिवर्णस्वर: ॥ ११-१४ ॥

यदि एक व्यक्ति के दो तीन नामोपनाम हों तो कौन नाम से स्वर विचारा जाय? इसका यही समाधान शास्त्र में है । **प्रसुप्तो भासते येन येनागच्छति शब्दित:** अर्थात् सोया हुआ पुरुष जिस नाम के उच्चारण से जागरूक हो उसके उसी नाम से स्वर विचारना चाहिए ।

मात्रास्वरचक्रम्

बाल	कुमार	युवा	वृद्ध	मृत	अवस्था
अ	इ	उ	ए	ओ	**स्वरा:**
क	कि	कु	के	को	
ख	खि	खु	खे	खो	
ग	गि	गु	गे	गो	
घ	घि	घु	घे	घो	
च	चि	चु	चे	चो	
छ	छि	छु	छे	छो	
ज	जि	जु	जे	जो	
झ	झि	झु	झे	झो	
ट	टि	टु	टे	टो	
ठ	ठि	ठु	ठे	ठो	
ड	डि	डु	डे	डो	
ढ	ढि	ढु	ढे	ढो	
त	ति	तु	ते	तो	
थ	थि	थु	थे	थो	
द	दि	दु	दे	दो	
ध	धि	धु	धे	धो	

बाल	कुमार	युवा	वृद्ध	मृत	अवस्था
प	पि	पु	पे	पो	
फ	फि	फु	फे	फो	
ब	बि	बु	बे	बो	
भ	भि	भु	भे	भो	
म	मि	मु	मे	मो	
य	यि	यु	ये	यो	
र	रि	रु	रे	रो	
ल	लि	लु	ले	लो	
व	वि	वु	वे	वो	
श	शि	शु	शे	शो	
ष	षि	षु	षे	षो	
स	सि	सु	से	सो	
ह	हि	हु	हे	हो	
ब्रह्मा	विष्णु	रुद्र	सूर्य	चन्द्र	**देवता**
निवृत्ति	प्रतिष्ठा	विद्या	शान्ति	अतिशान्ति	**कलाः**
इच्छा	ज्ञान	प्रभा	श्रद्धा	मेधा	**शक्ति**
चतुरस्र	अर्द्धचन्द्र	त्रिकोण	षट्कोण	वर्तुल	**चक्र**
धरा	जल	अग्नि	वायु	आकाश	**पञ्चभूत**
गंध	रस	रूप	स्पर्श	शब्द	**विषय**
पिण्ड	पद	रूप	रूपातीत	निरंजन	**संज्ञा**

वर्णस्वरचक्रम्

बाल	कुमार	युवा	वृद्ध	मृत (शून्य)
अ	इ	उ	ए	ओ
क	ख	ग	घ	च
छ	ज	झ	ट	ठ
ड	ढ	त	थ	द
ध	न	प	फ	ब
भ	म	य	र	ल
व	श	ष	स	ह

स्वर-विज्ञान और बिना औषध रोगनाश के उपाय

विश्वपिता विधाता ने मनुष्य के जन्म के समय में ही देह के साथ एक ऐसा आश्चर्यजनक कौशलपूर्ण अपूर्व उपाय रच दिया है, जिसे जान लेने पर सांसारिक, वैषयिक किसी भी कार्य में असफलता का दु:ख नहीं हो सकता । हम इस अपूर्व कौशल को नहीं जानते । इसी कारण हमारा कार्य असफल हो जाता है, आशा भङ्ग हो जाती है । हमें मनस्ताप और रोग भोगना पड़ता है । यह विषय जिस शास्त्र में है, उसे **स्वरोदयशास्त्र** कहते हैं । यह स्वरशास्त्र जैसा दुर्लभ है, स्वरज्ञ गुरु का भी उतना ही अभाव है । स्वरशास्त्र प्रत्यक्ष फल देने वाला है । मुझे पद-पद पर इसका प्रत्यक्ष फल देखकर आश्चर्यचकित होना पड़ा है । समग्र स्वरशास्त्र को ठीक-ठीक लिपिबद्ध करना बिलकुल असम्भव है । केवल साधकों के काम की कुछ बातें यहाँ संक्षेप में दी जा रही हैं ।

स्वरशास्त्र सीखने के लिये श्वास-प्रश्वास की गति के सम्बन्ध में सम्यक् ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है ।

कायानगरमध्ये तु मारुत: क्षितिपालक: ।

'देहरूपी नगर में वायु राजा के समान है ।' प्राणवायु 'नि:श्वास' और 'प्रश्वास'—इन दो नामों से पुकारा जाता है । वायु ग्रहण करने का नाम 'नि:श्वास' और वायु के परित्याग करने का नाम 'प्रश्वास' है । जीव के जन्म से मृत्यु के अन्तिम क्षण तक निरन्तर श्वास-प्रश्वास की क्रिया होती रहती है । यह नि:श्वास नासिका के दोनों छेदों से एक ही समय एक साथ समानरूप से नहीं चला करता । कभी बायें और कभी दाहिने पुट से चलता है । कभी-कभी एकाध घड़ी तक एक ही समय दोनों नाकों से समानभाव से श्वास प्रवाहित होता है ।

बायें नासापुट के श्वास को इडा में चलना, दाहिनी नासिका के श्वास को पिंगला में चलना और दोनों पुटों से एक समान चलने पर उसे सुषुम्ना में चलना कहते हैं । एक नासापुट को दबाकर दूसरे द्वारा श्वास को बाहर निकालने पर यह साफ मालूम हो जाता है कि एक नासिका से सरलतापूर्वक श्वास-प्रवाह चल रहा है और दूसरा नासापुट मानो बन्द है, अर्थात् उससे दूसरी नासिका की तरह सरलतापूर्वक श्वास बाहर नहीं निकलता । जिस नासिका से सरलतापूर्वक श्वास बाहर निकलता हो, उस समय उसी नासिका का श्वास कहना चाहिये । किस नासिका से श्वास बाहर निकल रहा है, इसको पाठक उपर्युक्त प्रकार से समझ सकते हैं । क्रमश: अभ्यास होने पर बहुत आसानी से मालूम होने लगता है कि किस नासिका से नि:श्वास प्रवाहित होता है । प्रतिदिन प्रात:काल सूर्योदय के समय से ढाई-ढाई घड़ी के हिसाब से एक-एक नासिका से श्वास चलता है । इस प्रकार रात-दिन में बारह बार बायीं और बारह बार दाहिनी नासिका से क्रमानुसार श्वास चलता है । किस दिन किस नासिका से पहले श्वास-क्रिया होती है, इसका एक निर्दिष्ट नियम है । यथा -

आदौ चन्द्रः सिते पक्षे भास्करस्तु सितेतरे ।
प्रतिपत्तो दिनान्याहुस्त्रीणि त्रीणि क्रमोदये ।। (पवनविजयस्वरोदय)

शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि तीन-तीन दिन की बारी से चन्द्र अर्थात् बायीं नासिका से तथा कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि से तीन-तीन दिन की बारी से सूर्यनाडी अर्थात् दाहिनी नासिका से पहले श्वास प्रवाहित होता है । अर्थात् शुक्लपक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, पूर्णिमा-इन नौ दिनों में प्रातःकाल सूर्योदय के समय पहले बायीं नासिका से तथा चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, दशमी, एकादशी, द्वादशी-इन छः दिनों को प्रातःकाल पहले दाहिनी नासिका से श्वास चलना आरम्भ होता है और वह ढाई घड़ी तक रहता है । उसके बाद दूसरी नासिका से श्वास जारी होता है । कृष्णपक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावास्या—इन नौ दिनों में सूर्योदय के समय पहले दाहिनी नासिका से तथा चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, दशमी, एकादशी, द्वादशी-इन छः दिनों में सूर्य के उदयकाल में पहले बायीं नासिका से श्वास आरम्भ होता है और ढाई घड़ी के बाद दूसरी नासिका से चलता है । इस प्रकार नियमपूर्वक ढाई-ढाई घड़ी तक एक-एक नासिका से श्वास चलता है । यही मनुष्य-जीवन में श्वास की गति का स्वाभाविक नियम है ।

वहेत्तावद् घटीमध्ये पञ्चतत्त्वानि निर्दिशेत् । (स्वरशास्त्र)

प्रतिदिन रात-दिन की ६० घड़ियों में ढाई-ढाई घड़ी के हिसाब से एक-एक नासिका से निर्दिष्ट क्रम से श्वास चलने के समय क्रमशः पञ्चतत्त्वों का उदय होता है । इस श्वास-प्रश्वास की गति को समझकर कार्य करने पर शरीर स्वस्थ रहता है और मनुष्य दीर्घजीवी होता है, फलस्वरूप सांसारिक, वैषयिक-सब कार्यों में सफलता मिलने के कारण सुखपूर्वक संसार-यात्रा पूरी होती है ।

वाम नासिका (इडा नाड़ी) का श्वासफल

जिस समय इडा नाडी से अर्थात् बायीं नासिका से श्वास चलता हो, उस समय स्थिर कर्मों को करना चाहिये । जैसे—अलंकारधारण, दूर की यात्रा, आश्रम में प्रवेश, राजमन्दिर तथा महल बनाना एवं द्रव्यादि का ग्रहण करना । तालाब, कुआँ आदि जलाशय तथा देवस्तम्भ आदि की प्रतिष्ठा करना । इसी समय यात्रा, दान, विवाह, नया कपड़ा पहनना, शान्तिकर्म, पौष्टिक कर्म, दिव्यौषधसेवन, रसायनकार्य, प्रभुदर्शन, मित्रतास्थापन एवं बाहर जाना आदि शुभ कार्य करना चाहिये । बायीं नाक से श्वास चलने के समय शुभ कार्य करने पर उन सब कार्यों में सिद्धि मिलती है । परंतु वायु, अग्नि और आकाश तत्त्व के उदय के समय उक्त कार्य नहीं करना चाहिये ।

दक्षिण नासिका (पिङ्गला नाड़ी) का श्वासफल

जिस समय पिंगला नाडी अर्थात् दाहिनी नाक से श्वास चलता हो, उस समय कठिन कर्म करना चाहिये । जैसे—कठिन क्रूर विद्या का अध्ययन और अध्यापन,

स्त्रीसंसर्ग, नौकादि आरोहण, तान्त्रिकमतानुसार वीरमन्त्रादिसम्मत उपासना, वैरी को दण्ड, शस्त्राभ्यास, गमन, पशुविक्रय, ईंट, पत्थर, काठ तथा रत्नादि का घिसना और छीलना, संगीत अभ्यास, यन्त्र-तन्त्र बनाना, किले और पहाड़ पर चढ़ना, हाथी-घोड़ा तथा रथ आदि की सवारी सीखना, व्यायाम, षट्कर्मसाधन, यक्षिणी-बेताल तथा भूतादिसाधन, औषध सेवन, लिपि-लेखन, दान, क्रय-विक्रय, युद्ध, भोग, राजदर्शन, स्नानाहार आदि।

दोनों नासिका (सुषुम्ना नाड़ी) का श्वासफल

दोनों नासा छिद्रों से श्वास चलने के समय किसी प्रकार का शुभ या अशुभ कार्य नहीं करना चाहिये । उस समय कोई भी काम करने से वह निष्फल होगा । उस समय योगाभ्यास और ध्यानधारणादि के द्वारा केवल भगवान् को स्मरण करना उचित है । सुषुम्ना नाडी से श्वास चलने के समय किसी को भी शाप या वरप्रदान करने पर वह सफल होता नहीं है ।

इस प्रकार श्वास-प्रश्वास की गति जानकर, तत्त्वज्ञान के अनुसार, तिथि-नक्षत्र के अनुसार, ठीक-ठीक नियमपूर्वक सब कर्मों को करने पर आशाभङ्गजनित मनस्ताप आदि नहीं भोगना पड़ता ।

रोगोत्पत्ति का पूर्ण ज्ञान और उसका प्रतीकार

प्रतिपदा आदि तिथियों को यदि निश्चित नियम के विरुद्ध श्वास चले तो समझना चाहिये कि निस्संदेह कुछ अमङ्गल होगा । जैसे,

१. शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को सबेरे नींद टूटने पर सूर्योदय के समय पहले यदि दाहिनी नाक से श्वास चलना आरम्भ हो तो उस दिन से पूर्णिमा तक के बीच गर्मी के कारण शरीर में कोई पीड़ा होगी और

२. कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि को सूर्योदय के समय पहले बायीं नाक से श्वास चलना आरम्भ हो तो उस दिन से अमावास्या तक के अंदर कफ या सर्दी के कारण कोई पीड़ा होगी, इसमें संदेह नहीं ।

दो पखवाड़ों तक इसी प्रकार विपरीत ढंग से सूर्योदय के समय निःश्वास चलता रहे तो किसी आत्मीय स्वजन को भारी बीमारी होगी अथवा मृत्यु होगी या और किसी प्रकार की विपत्ति आयेगी । तीन पखवाड़ों से ऊपर लगातार गड़बड़ होने पर निश्चय ही अपनी मृत्यु हो जायेगी ।

प्रतीकार — शुक्ल अथवा कृष्णपक्ष की प्रतिपदा के दिन प्रातःकाल यदि इस प्रकार विपरीत ढंग से निःश्वास चलने का पता लग जाय तो उस नासिका को कई दिनों तक बंद रखने से रोग उत्पन्न होने की सम्भावना नहीं रहती । उस नासिका को इस तरह बंद रखना चाहिये, जिसमें उससे निःश्वास न चले । इस प्रकार कुछ दिनों तक दिन-रात निरन्तर (स्नान और भोजन का समय छोड़कर) नाक बंद रखने से उक्त तिथियों के भीतर बिलकुल ही कोई रोग नहीं होगा ।

यदि असावधानी के कारण निःश्वास में गड़बड़ी हो और कोई रोग उत्पन्न हो जाय तो जब तक रोग दूर न हो जाय, तब तक ऐसा करना चाहिये कि जिससे शुक्लपक्ष में दाहिनी और कृष्णपक्ष में बायीं नासिका से श्वास न चले । ऐसा करने से रोग शीघ्र दूर हो जायगा और यदि कोई भारी रोग होने की सम्भावना होगी तो वह भारी न होकर बहुत सामान्य रूप में होगा और फिर थोड़े ही दिनों में दूर हो जायगा । ऐसा करने से न तो रोगजनित कष्ट भोगना पड़ेगा और न चिकित्सक को धन ही देना पड़ेगा ।

नासिका बन्द करने का नियम

नाक के छेद में घुस सके इतनी-सी पुरानी साफ रूई लेकर उसकी गोल पोटली-सी बना ले और उसे साफ बारीक कपड़े से लपेटकर सी ले । फिर इस पोटली को नाक के छिद्र में घुसाकर छिद्र को इस प्रकार बन्द कर दे जिसमें उस नाक से श्वास-प्रश्वास का कार्य बिल्कुल ही न हों । जिन लोगों को कोई शिरो रोग है अथवा जिनका मस्तक दुर्बल हो, उन्हें रूई से नाक बंद न कर, सिर्फ साफ पतले कपड़े की पोटली बनाकर उसी से नाक बंद करनी चाहिये ।

किसी भी कारण से हो, जितने क्षण या जितने दिन नासिका बंद रखने की आवश्यकता हो उतने क्षण या उतने दिनों तक अधिक परिश्रम का कार्य, धूम्रपान, जोर से चिल्लाना, दौड़ना आदि नहीं करना चाहिये । जब जिस-किसी कारण से नाक बन्द रखने की आवश्यकता हो, तभी इन नियमों का पालन अवश्य करना चाहिये । नयी अथवा बिना साफ की हुई मैली रूई नाक में कभी नहीं डालनी चाहिये ।

निःश्वास बदलने की विधि

कार्यभेद से तथा अन्यान्य अनेक कारणों से एक नासिका से दूसरी नासिका में वायु की गति बदलने की भी आवश्यकता हुआ करती है । कार्य के अनुकूल नासिका से श्वास चलना आरम्भ होने तक, उस कार्य को न करके चुपचाप बैठे रहना किसी के लिये भी सम्भव नहीं । अतएव अपनी इच्छानुसार श्वास की गति बदलने की क्रिया सीख लेना नितान्त आवश्यक है । इसकी क्रिया अत्यन्त सहज है, सामान्य चेष्टा से ही श्वास की गति बदली जा सकती है ।

१. जिस नासिका से श्वास चलता हो, उसके विपरीत दूसरी नासिका को अँगूठे से दबा देना चाहिये और जिससे श्वास चलता हो उसके द्वारा वायु खींचना चाहिये । फिर उसको दबाकर दूसरी नासिका से वायु को निकालना चाहिये । कुछ देर तक इसी तरह एक से श्वास लेकर दूसरी से निकालते रहने से अवश्य श्वास की गति बदल जायगी ।

२. जिस नासिका से श्वास चलता हो उसी करवट सोकर यह क्रिया करने से बहुत जल्द श्वास की गति बदल जाती है और दूसरी नासिका में श्वास प्रवाहित होने लगता है । इस क्रिया के बिना भी जिस नाक से श्वास चलता है, केवल उस करवट कुछ समय तक सोये रहने से भी श्वास की गति पलट जाती है ।

इस प्रकार जो अपनी इच्छानुसार वायु को रोक सकता है और निकाल सकता है वही पवन पर विजय प्राप्त करता है ।

बिना औषध के रोगनिवारण

अनियमित क्रिया के कारण जिस तरह मानव-देह में रोग उत्पन्न होते हैं, उसी तरह औषध के बिना ही भीतरी क्रियाओं के द्वारा नीरोग होने के उपाय भगवान् के बनाये हुए हैं । हमलोग उस भगवत्प्रदत्त सहज कौशल को नहीं जानते, इसी कारण दीर्घकाल तक रोग का दुःख भोगते रहते हैं । यहाँ रोगों के निदान के लिय स्वरशास्त्रोक्त कुछ यौगिक उपायों का उल्लेख किया गया है । इनके प्रयोग से विशेष लाभ हो सकता है –

१. ज्वर में स्वर परिवर्तन—ज्वर का आक्रमण होने पर अथवा आक्रमण की आशङ्का होने पर जिस नासिका से श्वास चलता हो, उस नासिका को बंद कर देना चाहिये । जब तक ज्वर न उतरे और शरीर स्वस्थ न हो जाय, तब तक उस नासिका को बंद ही रखना चाहिये । ऐसा करने से दस-पंद्रह दिनों में उतरने वाला ज्वर पाँच ही सात दिनों में अवश्य ही उतर जायगा । ज्वरकाल में मन-ही-मन सदा चाँदी के समान श्वेत वर्ण का ध्यान करने से और भी शीघ्र लाभ होता है । सिन्दुवार की जड़ रोगी के हाथ में बाँध देने से सब प्रकार के ज्वर निश्चय ही दूर हो जाते हैं ।

अँतरिया ज्वर—श्वेत अपराजिता अथवा पलाश के कुछ पत्तों को हाथ से मलकर, कपड़े से लपेटकर एक पोटली बना लेनी चाहिये और जिस दिन ज्वर की बारी हो उस दिन सबेरे से ही उसे सूँघते रहना चाहिये । अँतरिया ज्वर बंद हो जायगा ।

२. सिरदर्द में स्वर परिवर्तन—सिरदर्द होने पर दोनों हाथों की केहुनी के ऊपर धोती के किनारे अथवा रस्सी से खूब कसकर बाँध देना चाहिये । इससे पाँच-सात मिनट में ही सिरदर्द जाता रहेगा । केहुनी पर इतने जोर से बाँधना चाहिये कि रोगी को हाथ में अत्यन्त दर्द मालूम हो । सिरदर्द अच्छा होते ही बाँहें खोल देनी चाहिये ।

एक दूसरे प्रकार का सिरदर्द होता है, जिसे साधारणतः 'अधकपाली' या 'आधासीसी' कहते हैं । कपाल के मध्य से बायीं या दाहिनी ओर आधे कपाल और मस्तक में अत्यन्त पीड़ा मालूम होती है । प्रायः यह पीड़ा सूर्योदय के समय आरम्भ होती है और दिन चढ़ने के साथ-साथ यह भी बढ़ती जाती है । दोपहर के बाद घटनी शुरू होती है और शाम तक प्रायः नहीं ही रहती । इस रोग का आक्रमण होने पर जिस तरफ के कपाल में दर्द हो, ऊपर लिखे-अनुसार उसी तरफ की केहुनी के ऊपर जोर से रस्सी बाँध देनी चाहिये । थोड़ी ही देर में दर्द शान्त हो जायगा और रोग जाता रहेगा । दूसरे दिन यदि फिर दर्द शुरू हो और रोज एक ही नासिका से श्वास चलते समय शुरू होता हो तो सिरदर्द मालूम होते ही उस नाक को बंद कर देना चाहिये और हाथ को भी बाँध रखना चाहिये । 'अधकपाली' सिरदर्द में इस क्रिया से होने वाले आश्चर्यजनक फल को देखकर साधक चकित रह जाते हैं ।

शिर: पीडा—शिर:पीडाग्रस्त रोगी को प्रात:काल शय्या से उठते ही नासापुट से शीतल जल पीना चाहिये । इससे मस्तिष्क शीतल रहेगा, सिर भारी नहीं होगा और सर्दी नहीं लगेगी । यह क्रिया विशेष कठिन भी नहीं है । एक बरतन में ठंडा जल भरकर उसमें नाक डुबाकर धीरे-धीरे गले के भीतर जल खींचना चाहिये । क्रमश: अभ्यास से यह क्रिया सहज हो जायगी । शिर:पीडा होने पर चिकित्सक रोगी के आरोग्य होने की आशा छोड़ देता है, रोगी को भी भीषण कष्ट होता है, परंतु इस उपाय से काम लेने पर निश्चय ही आशातीत लाभ पहुँचता है ।

३. उदरामय, अजीर्णादि में स्वर परिवर्तन—भोजन, जलपान आदि जब जो कुछ खाना हो वह दाहिनी नाक से श्वास चलते समय खाना चाहिये । प्रतिदिन इस नियम से आहार करने से वह बहुत आसानी से पच जायगा और कभी अजीर्ण का रोग नहीं होगा । जो लोग इस रोग से कष्ट पा रहे हैं, वे भी यदि इस नियम के अनुसार रोज भोजन करें तो खाए हुए पदार्थ पच जायेगें और धीरे-धीरे उनका रोग दूर हो जायगा । भोजन के बाद थोड़ी देर बायीं करवट सोना चाहिये । जिन्हें समय न हो उन्हें ऐसा उपाय करना चाहिये कि जिससे भोजन के बाद दस-पंद्रह मिनट तक दाहिनी नाक से श्वास चले अर्थात् पूर्वोक्त नियम के अनुसार रूई द्वारा बायीं नाक बंद कर देनी चाहिये । गुरुपाक (भारी) भोजन होने पर भी इस नियम से वह शीघ्र पच जाता है ।

यौगिक उपाय

स्थिरता के साथ बैठकर एकटक नाभिमण्डल में दृष्टि जमाकर नाभिकन्द का ध्यान करने से एक सप्ताह में उदरामय रोग दूर हो जाता है । श्वास रोककर नाभि को खींचकर नाभि की ग्रन्थि को एक सौ बार मेरुदण्ड से मिलाने से आमादि उदरामयजनित सब तरह की पीड़ाएँ दूर हो जाती हैं और जठराग्नि तथा पाचनशक्ति बढ़ जाती है ।

१. प्लीहा— रात को बिछौने पर सोकर और सबेरे शय्या-त्याग के समय हाथ और पैरों को सिकोड़कर छोड़ देना चाहिये । फिर कभी इस करवट कभी उस करवट टेढ़ा-मेढ़ा शरीर करके सारे शरीर को सिकोड़ना और फैलाना चाहिये । प्रतिदिन चार-पाँच मिनट ऐसा करने से प्लीहा-यकृत् (तिल्ली, लीवर) रोग दूर हो जायगा । सर्वदा इसका अभ्यास करने से प्लीहा-यकृत् रोग की पीड़ा कभी नहीं भोगनी पड़ेगी।

२. दन्तरोग—प्रतिदिन जितनी बार मल-मूत्र का त्याग करे, उतनी बार दाँतों की दोनों पंक्तियों को मिलाकर जरा जोर से दबाये रखे । जब तक मल या मूत्र निकलता रहे तब तक दाँतों से दाँत मिलाकर इस प्रकार दबाये रहना चाहिये । दो-चार दिन ऐसा करने से कमजोर दाँतों की जड़ मजबूत हो जायगी । सदा इसका अभ्यास करने से दन्तमूल दृढ़ हो जाता है और दाँत दीर्घ काल तक काम देते हैं तथा दाँतों में किसी प्रकार की बीमारी होने का कोई डर नहीं रहता ।

३. स्नायविक वेदना—छाती, पीठ या बगल में—चाहे जिस स्थान में स्नायविक वेदना या अन्य किसी प्रकार की वेदना हो, वेदना मालूम होते ही जिस

नासिका से श्वास चलता हो उसे बंद कर देना चाहिये, दो-चार मिनट बाद अवश्य ही वेदना शान्त हो जायगी ।

४. दमा या श्वासरोग—जब दमें का जोर का दौरा हो तब जिस नासिका से निःश्वास चलता हो, उसे बंद करके दूसरी नासिका से श्वास चला देना चाहिये । दस-पंद्रह मिनट में दमे का जोर कम हो जायगा । प्रतिदिन इस प्रकार करने से महीने भर में पीड़ा शान्त हो जायेगी । दिन में जितने ही अधिक समय तक यह क्रिया की जायगी, उतना ही शीघ्र यह रोग दूर होगा । दमा के समान कष्टदायक कोई रोग नहीं, दमा का जोर होने पर यह क्रिया करने से बिना किसी दवा के बीमारी अच्छी हो जाती है ।

५. वात—प्रतिदिन भोजन के बाद कंघी से सिर वाहना चाहिये । कंघी इस प्रकार चलानी चाहिये जिसमें उसके काँटे सिर को स्पर्श करें । उसके बाद वीरासन लगाकर अर्थात् दोनों पैर पीछे की ओर मोड़कर उनके ऊपर दबाकर १५ मिनट बैठना चाहिये । प्रतिदिन दोनों समय भोजन के बाद इस प्रकार बैठने से कितना भी पुराना वात क्यों न हो, निश्चय ही अच्छा हो जायगा । अगर स्वस्थ आदमी इस नियम का पालन करे तो उसके वातरोग होने की कोई आशङ्का नहीं रहेगी । कहना न होगा कि रबड़ की कंघी का व्यवहार नहीं करना चाहिये ।

६. नेत्ररोग—प्रतिदिन सबेरे बिछौने से उठते ही सबसे पहले मुँह में जितना पानी भरा जा सके, उतना भरकर दूसरे जल से आँखों को बीस बार झपटा मारकर धोना चाहिये । प्रतिदिन दोनों समय भोजन के बाद हाथ-मुँह धोते समय कम-से-कम सात बार आँखों में जल का झपटा देना चाहिये । जितनी बार मुँह में जल डाले, उतनी बार आँख और मुँह को धोना न भूले । प्रतिदिन स्नान के वक्त तेल मालिश करते समय सबसे पहले दोनों पैरों के अँगूठों के नखों को तेल से भर देना चाहिये और फिर तेल लगाना चाहिये ।

ये कुछ नियम नेत्रों के लिये विशेष लाभदायक हैं । इनसे दृष्टिशक्ति सतेज होती है, आँखें स्निग्ध रहती हैं और आँखों में कोई बीमारी होने की सम्भावना नहीं रहती । नेत्र मनुष्य के परम धन हैं । अतएव प्रतिदिन नियम-पालन में कभी आलस्य नहीं करना चाहिये ।

हठयोग के षट्कर्म

रुद्रयामल के चौंतीसवें और पैंतीसवें पटल में नेती, दन्ती, धौती, नेउली और क्षालन – इन पञ्च स्वर योगों को कहा गया है । हठयोग प्रदीपिका में इन्हीं का विस्तार है । अतः उन्हें वहीं से लेकर यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है ।

इस परिदृश्यमान चराचर विश्व प्रपञ्च का उपादान कारण प्रकृति है । मूल प्रकृति त्रिगुणात्मक होने से प्राणिमात्र के शरीर वात, पित्त, कफ—इन त्रिधातुओं के नाना प्रकार के रूपान्तरों के सम्मिश्रण हैं । अतः अनेक शरीर वातप्रधान, अनेक पित्तप्रधान

और अनेक कफप्रधान होते हैं । वातप्रधान शरीरों में आहार-विहार के दोष से तथा देश-कालादि हेतु से प्राय: वातवृद्धि हो जाती है । पित्तप्रधान शरीरों में पित्तविकृति और कफोल्वण शरीरों में प्राय: कफ-प्रकोप हो जाता है । कफ-धातु के विकृत होने पर दूषित श्लेष्म, आमवृद्धि या मेद का संग्रह हो जाता है । पश्चात् इन मलों के प्रकुपित होने से नाना प्रकार के रोग उत्पन्न होने लगते हैं । इन व्याधियों को उत्पन्न न होने देने के लिये और यदि हो गये तो उन्हें दूर करके पुन: देह को पूर्ववत् स्वस्थ बनाने के लिये जैसे आयुर्वेद के प्राचीन आचार्यों ने स्नेहपान, स्वेदन, वमन, विरेचन और वस्ति-ये पञ्चकर्म कहे हैं, वैसे ही हठयोग के प्रवर्तक महर्षियों ने साधकों के कफप्रधान शरीर की शुद्धि के लिये षट्कर्म निश्चित किये हैं । ये षट्कर्म सब साधकों को करने ही चाहिये, ऐसा आग्रह नहीं है ।

हठयोग के ग्रन्थों में षट्कर्म के कर्तव्याकर्तव्यपर विचार किया गया है । हठयोग के षट्कर्म से जो लाभ होते हैं, वे लाभ प्राणायाम से भी प्राप्त होते हैं । अन्तर केवल समय का है । परन्तु जिस घर में गंदगी इतनी फैल गयी हो कि साधारण झाड़ू से न हटायी जा सके, उसमें कुदाल और टोकरी की आवश्यकता आ पड़ेगी । इसी प्रकार शरीर के एकत्रित मल को शीघ्र हटाने के लिये षट्कर्म की आवश्यकता है । इसी कारण –

मेद: श्लेष्माधिक: पूर्वं षट् कर्माणि समाचरेत् ।
अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावत: ।। (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् जिस पुरुष के मेद और श्लेष्मा अधिक हों वह पुरुष प्राणायाम के पहले इन छ: कर्मों को करे और इनके न होने से दोषों की समानता के कारण न करे । इतना ही नहीं, योगीन्द्र स्वात्माराम कारण न करे । इतना ही नहीं, योगीन्द्र स्वात्माराम आगे चलकर षट्कर्मों को 'घटशोधनकारकम्' अर्थात् देह को शुद्ध करने वाले और 'विचित्रगुणसंधायि' अर्थात् विचित्र गुणों का संधान करने वाले भी कहते हैं ।

यह बात सत्य है कि षट्कर्मों के बिना ही पहले योगसाधन किया जाता था । समय और अनुभव ने दिखाया कि प्राणायाम से जितने समय में मल दूर किया जाता था, उससे कम समय में षट्कर्मों द्वारा मल दूर किया जा सकता है । इन कर्मों की उन्नति होती गयी और छ: से ये कर्म दस हो गये । पीछे गुरुपरम्परा से प्राप्त गुप्तविद्या लुप्त होने लगी । तब तो ये कर्म पूरे जाँचे हुए षट्कर्म तक ही परिमित रह गये । इन षट्कर्मों से लाभ है, इसे कोई अस्वीकार नहीं कर सकता । यह बात दूसरी है कि सबकी इधर प्रवृत्ति न हो और सब इन्हें न कर सकते हों ।

एक बात और है । वर्तमान समय में अनेक योगाभ्यासी मूल उद्देश्य को न समझने के कारण शरीर में त्रिधातु सम होने पर भी नित्य षट्कर्म करते रहते हैं और अपने शिष्यों को भी जीवनपर्यन्त नियमित रीति से करते रहने का उपदेश देते हैं । यदि शरीरशुद्धि के लिये अथवा इन क्रियाओं पर अपना अधिकार रखने के लिये प्रारम्भ में

सिखाया जाय तो कोई आपत्ति नहीं । कारण, भविष्य में कदाचित् देश-कालपरिवर्तन, प्रमाद या आहार-विहार में भूल से वातादि धातु विकृत हो जायँ तो शीघ्र क्रिया द्वारा उनका शमन किया जा सकता है । परंतु आवश्यकता न होने पर भी नित्य करते रहने से समय का अपव्यय, शारीरिक निर्बलता और मानसिक प्रगति में शिथिलता आ जाती है ।

षट्कर्म के नाम— 'हठयोगप्रदीपिका' ग्रन्थ के कर्ता स्वात्माराम योगी ने १. धौति, २. वस्ति[१], ३. नेति, ४. नौलि, ५. कपालभाति और ६. त्राटक को षट्कर्म कहा है । आगे चलकर गजकरणी का भी वर्णन किया है । परन्तु हिन्दी में 'भक्तिसागर' ग्रन्थ के रचयिता चरणदास ने १. नेति, २. धौति, ३. वस्ति, ४. गजकर्म, ५. न्योली और ६. त्राटक को षट्कर्म कहा है । फिर १. कपालभाति, २. धौंकनी, ३. बाघी और ४. शंखपषाल—इन चार कर्मों का नाम लेकर उन्हें षट्कर्मों के अन्तर्गत कर दिया है । दोनों में गजकर्म और कपालभाति को षट्कर्म के अंदर रखने में अन्तर पड़ता है । चूँकि ये षट्कर्म के शाखामात्र हैं, अतएव इस विभेद का कोई वास्तविक अर्थ नहीं होता ।

षट्कर्म में नियम—षट्कर्म-साधक को हठयोग में दर्शाये हुए स्थान, भोजन, आचार-विचार आदि नियमों को मानना परमावश्यक है । यहाँ यही कहा जा सकता है कि स्थान रमणीक और निरापद, भोजन सात्त्विक तथा परिमित होना चाहिये । एकान्तसेवन, कम बोलना, वैराग्य, साहस इत्यादि बातें आचार-विचार से समझनी चाहिये ।

१. नौलि (= नौलिक, नलक्रिया या न्योली)—

अमन्दावर्त्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यतः ।
नतांसो भ्रामयेदेषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्ष्यते ।। (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् कन्धों को नवाये हुए अत्यन्त वेग के साथ, जलभ्रमर के समान अपनी तुन्द को दक्षिण-वाम भागों से भ्रमाने को सिद्धों ने नौलि-कर्म कहा है ।

पद्मासन (सिद्धासन या उत्कटासन) लगाकर, जब शौच, स्नान, प्रातःसन्ध्या आदि से निवृत्त हो लिये हों और पेट साफ तथा हल्का हो गया हो, तब रेचक कर वायु को बाहर रोककर बिना देह हिलाये, केवल मनोबल से पेट को दायें से बायें और बायें से दायें चलाना सोचे और तदनुकूल प्रयास करे । इसी प्रकार सायं-प्रातः स्वेद आने पर्यन्त प्रतिदिन अभ्यास करते-करते पेट की स्थूलता जाती रहती है । तदनन्तर यह सोचना चाहिये कि दोनों कुक्षियाँ दब गयीं और बीच में दोनों ओर से दो नल जुटकर मूलाधार से हृदय तक गोलाकर खम्भ खड़ा हो गया । यही खम्भा जब बँध जाय तब नौलि सुगम हो जाती है । मनोबल और प्रयासपूर्वक अभ्यास बढ़ाने से दायें-बायें घूमने लगती है । इसी को चलाने में छाती के समीप, कण्ठ पर और ललाट पर भी नाडियों

१. रुद्रयामल में वस्तिकर्म का उल्लेख नहीं है ।

का द्वन्द्व मालूम पड़ता है । एक बार न्योली चल जाने पर चलती रहती है । पहले-पहल चलने के समय दस्त ढीला होता है । जिसका पेट हल्का है तथा जो प्रयासपूर्वक अभ्यास करता है उसको एक महीने के भीतर ही न्योली सिद्ध हो जायगी।

इस क्रिया का आरम्भ करने से पहले पश्चिमोत्तानासन और मयूरासन का थोड़ा अभ्यास कर लिया हो तो यह क्रिया शीघ्र सिद्ध हो जाती है । जब तक आँत पीठ के अवयवों से भलीभाँति पृथक् न हो तब तक आँत उठाने की क्रिया सावधानी के साथ करे, अन्यथा आँतें निर्बल हो जायँगी । किसी-किसी समय आघात पहुँचकर उदर रोग, शोथ, आमवात, कटिवात, गृध्रसी, कुब्जवात, शुक्रदोष या अन्य कोई रोग हो जाता है । अतः इस क्रिया को शान्तिपूर्वक करना चाहिये । अँतड़ी में शोथ, क्षतादि दोष या पित्तप्रकोपजनित अतिसारप्रवाहिका (पेचिश), संग्रहणी आदि रोगों में नौलि-क्रिया हानिकारक है ।

मन्दाग्निसंदीपनपाचनादि संधापिकानन्दकरी सदैव ।
अशेषदोषामयशोषणी च हठक्रियामौलिरियं च नौलिः ॥

(हठयोगप्रदीपिका)

यह नौलि मन्दाग्नि का भली प्रकार दीपन और अन्नादि का पाचन और सर्वदा आनन्द करती है तथा समस्त वात आदि दोष और रोग का शोषण करती है ।[१] यह नौलि हठयोग की सारी क्रियाओं में उत्तम है ।

अँतड़ियों के नौलि के वश होने से पाचन और मल का बाहर होना स्वाभाविक हैं नौलि करते समय साँस की क्रिया तो रुक ही जाती है । नौलि कर चुकने पर कण्ठ के समीप एक सुन्दर अकथनीय स्वाद मिलता है । यह हठयोग की सारी क्रियाओं से श्रेष्ठ इसलिये है कि नौलि जान जाने पर तीनों बन्ध सुगम हो जाते हैं । अतएव यह प्राणायाम की सीढ़ी है । धौति, वस्ति में भी नौलि की आवश्यकता होती है । शंखपषाली क्रिया में भी, जिसमें मुख से जल ले अँतड़ियों में घुमाते हुए पायु-द्वारा ठीक उसी प्रकार निकाल दिया जाता है जैसे शंख में एक ओर से जल देने पर घूमकर जल दूसरी राह से निकल जाता है, नौलि सहायक है ।

२. वस्तिकर्म—

वस्ति मूलाधार के समीप है । रंग लाल है और इसके देवता गणेश हैं । वस्ति को साफ करने वाले कर्म को 'वस्तिकर्म' कहते हैं । 'योगसार' पुस्तक में पुराने गुड़, त्रिफला और चीते की छाल के रस से बनी गोली देकर अपानवायु को वश में करने को कहा है । फिर वस्तिकर्म का अभ्यास करना कहा है ।

वस्तिकर्म दो प्रकार का है । १. पवनवस्ति, २. जलवस्ति । नौलिकर्म द्वारा अपानवायु को ऊपर खींच पुनः मयूरासन से त्यागने को 'वस्तिकर्म' कहते हैं ।

---

१. **नेउलीयोगमात्रेण आसने नेउलोपमः ।**
नेउलीसाधनादेव चिरजीवी निरामयः ॥ — रुद्र० ३५.२२

पवनवस्ति पूरी सध जाने पर जलवस्ति सुगम हो जाती है, क्योंकि जल को खींचने का कारण पवन ही होता है । जब जल में डूबे हुए पेट से न्योली हो जाय तब नौलि से जल ऊपर खिंच जायगा ।

नाभिदघ्नजले पायौ न्यस्तनालोत्कटासनः ।
आधाराकुञ्चनं कुर्यात् क्षालनं वस्तिकर्म तत् ।। (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् गुदा के मध्य में छः अंगुल लम्बी बाँस की नली को रखे, जिसका छिद्र कनिष्ठिका अँगुली के प्रवेश योग्य हो, उसे घी अथवा तेल लगाकर सावधानी के साथ चार अंगुल गुदा में प्रवेश करे और दो अंगुल बाहर रखे । पश्चात् बैठने पर नाभि तक जल आ जाय, इतने जल से भरे हुए टब में उत्कटासन से बैठे अर्थात् दोनों पार्ष्णियों (पैर की एड़ियों) को मिलाकर खड़ी रखकर उन पर अपने स्फिच (नितम्बों) को रखे और पैरों के अग्रभाग पर बैठे और उक्त आसन से बैठकर आधाराकुञ्चन करे जिससे बृहद् अन्त्र में अपने-आप जल चढ़ने लगेगा । बाद में भीतर प्रविष्ट हुए जल को नौलि क्रम से चला कर त्याग दे । इस जल के साथ अन्त्रस्थित मल, आँव, कृमि, अन्त्रोत्पन्न सेन्द्रियविष आदि बाहर निकल आते हैं । इस उदर के क्षालन (धोने) को वस्तिकर्म कहते हैं ।

नियम — धौति, वस्ति दोनों कर्म भोजन से पूर्व ही करने चाहिये और इनके करने के अनन्तर हलका भोजन शीघ्र कर लेना चाहिये, उसमें विलम्ब नहीं करना चाहिये । वस्तिक्रिया करने से जल का कुछ अंश बृहद् अन्त्र में शेष रह जाता है, वह धीरे-धीरे मूत्रद्वारा बाहर आयेगा । यदि भोजन नहीं किया जायगा तो वह दूषित जल अन्त्रों से सम्बद्ध सूक्ष्म नाडियों द्वारा शोषित होकर रक्त में मिल जायगा । कुछ लोग पहले मूलाधार से प्राणवायु के आकर्षण का अभ्यास करके और जल में स्थित होकर गुदा में नालप्रवेश के बिना ही वस्तिकर्म का अभ्यास करते हैं । उस प्रकार वस्तिकर्म करने से उदर में प्रविष्ट हुआ सम्पूर्ण जल बाहर नहीं आ सकता और उसके न आने से धातुक्षय आदि नाना दोष होते हैं । इससे उस प्रकार वस्तिकर्म नहीं करना चाहिये, अन्यथा **'न्यस्तनालः'** (अपनी गुदा में नाल रखकर) ऐसा पद स्वात्माराम क्यों देते ? यहाँ यह भी जान लेना आवश्यक है कि छोटे-छोटे जलजन्तुओं का नलद्वारा पेट में प्रविष्ट हो जाने का भय रहता हैं । अतएव नल के मुख पर महीन वस्त्र देकर आकुञ्चन करना चाहिये और जल को बाहर निकालने के लिये खड़ा पश्चिमोत्तान आसन करना चाहिये ।

वस्तिकर्म में मूलाधार के पीड़ित और प्रक्षालित होने से लिङ्ग और गुदा के रोगों का नाश होना स्वाभाविक है ।

गुल्मप्लीहोदरं चापि वातपित्तकफोद्भवाः ।
वस्तिकर्मप्रभावेन क्षीयन्ते सकलामयाः ।। (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् वस्तिकर्म के प्रभाव से गुल्म, प्लीहा, उदर (जलोदर) और वात, पित्त, कफ इनके द्वन्द्व वा एक से उत्पन्न हुए सम्पूर्ण रोग नष्ट होते हैं ।

धात्विन्द्रियान्तःकरणप्रसादं दद्याच्च कान्तिं दहनप्रदीप्तिम् ।
अशेषदोषोपचयं निहन्यादभ्यस्यमानं जलवस्तिकर्म ॥

(हठयोगप्रदीपिका)

अभ्यास किया हुआ यह वस्तिकर्म साधक के सप्त धातुओं, दस इन्द्रियों और अन्तःकरण को प्रसन्न करता है । मुख पर सात्त्विक कान्ति छा जाती है । जठराग्नि उद्दीप्त होती है । वात, पित्त, कफ आदि दोषों की वृद्धि और न्यूनता दोनों को नष्ट कर साधक साम्यरूप आरोग्यता को प्राप्त करता है । एक बात इस सम्बन्ध में अवश्य ध्यान देने की है कि वस्ति क्रिया करनेवालों को पहले नेति और धौतिक्रिया करनी ही चाहिये, जिसका वर्णन नीचे दिया जाता है । अन्य क्रियाओं के लिये ऐसा नियम नहीं है ।

राजयक्ष्मा (क्षय), संग्रहणी, प्रवाहिका, अधोरक्तपित्त, भगंदर, मलाशय और गुदा में शोथ, संततज्वर, आन्त्रसंनिपात, आन्त्रशोथ, आन्त्रव्रण एवं कफवृद्धि जनित तीक्ष्ण श्वासप्रकोप इत्यादि रोगों में वस्तिक्रिया नहीं करनी चाहिये ।

यह वस्तिक्रिया भी प्राणायाम का अभ्यास चालू होने के बाद नित्य करने की नहीं है । नित्य करने से आन्त्रशक्ति परावलम्बिनी और निर्बल हो जायगी, जिससे बिना वस्तिक्रिया के भविष्य में मलशुद्धि नहीं होगी । जैसे तम्बाकू और चाय के व्यसनी को तम्बाकू और चाय लिये बिना शौच नहीं होता, वैसे ही नित्य वस्तिकर्म अथवा षट्कर्म करने वाले की स्वाभाविक आन्तरिक शक्ति के बल से शरीरशुद्धि नहीं होती ।

३. धौतिकर्म—

चतुरङ्गुलविस्तारं हस्तपञ्चदशायतम् ।
गुरूपदिष्टमार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत् ॥
पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौतिकर्म तत् ॥ (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् चार अंगुल चौड़े और पंद्रह हाथ लंबे महीन वस्त्र को गरम जल में भिगोकर थोड़ा निचोड़ ले । फिर गुरूपदिष्ट मार्ग से धीरे-धीरे प्रतिदिन एक-एक हाथ उत्तरोत्तर उसे निगलने का अभ्यास बढ़ाता जाय । आठ-दस दिन में पूरी धोती निगलने का अभ्यास हो सकता है । करीब एक हाथ कपड़ा बाहर रहने दिया जाय । मुख में जो वस्त्र प्रान्त रहे उसे दाढ़ों से भली प्रकार दबा नौलिकर्म करे । फिर धीरे-धीरे वस्त्र निकाले । यहाँ यह जान लेना आवश्यक है कि वस्त्र निगलने के पहले पूरा जल पी लेना चाहिये । इससे कपड़े के निगलने में सुभीता तथा कफ-पित्त का उसमें सटना आसान हो जाता है और कपड़े को बाहर निकलने में भी सहायता मिलती है । धौति को रोज स्वच्छ रखना चाहिये । अन्यथा धौति में लगे हुए दूषित कफरूप विजातीय द्रव्य के परमाणु पुनः दूसरे दिन भीतर जाकर हानि पहुँचायेंगे ।

पाश्चात्यों ने स्टमक ट्यूब बनाया है । कोई एक सवा हाथ की रबर की नली रहती है, जिसका एक मुख खुला रहता है और दूसरे सिरे के कुछ ऊपर हटकर बगल

में एक छेद होता है । जल पीकर खुला सिरा ऊपर रखकर दूसरा सिरा निगला जाता है और जल रबर की नलिका द्वारा गिर जाता है ।

चाहे किसी प्रकार की धौति क्यों न हो, उससे कफ, पित्त और रंग-बिरंगे पदार्थ बाहर गिरते हैं । ऊपर की नाडी में रहा हुआ एकाध अन्न का दाना भी गिरता है । दाँत खट्टा-सा हो जाता है । परंतु मन शान्त और प्रसन्न हो जाता है । वसन्त या ग्रीष्मकाल में इसका साधन अच्छा होता है ।

घटिका, कण्ठनलिका या श्वासनलिका में शोथ, शुष्क काश, हिक्का, वमन, आमाशय में शोथ, ग्रहणी, तीक्ष्ण अतिसार, ऊर्ध्व रक्तपित्त (मुँह से रक्त गिरना) इत्यादि कोई रोग हो तब धौतिक्रिया लाभदायक नहीं होती ।

४. नेतिकर्म—

नेति दो प्रकार की होती है -जलनेति और सूत्रनेति । पहले जलनेति करनी चाहिये । प्रातःकाल दन्तधावन के पश्चात् जो साँस चलती हो, उसी से चुल्लू में जल ले और दूसरी साँस बंदकर जल नाक द्वारा खींचे । जल मुख में चला जायगा । सिर के पिछले सारे हिस्से में, जहाँ मस्तिष्क का स्थान है, उस कर्म के प्रभाव से गुदगुदाहट और सनसनाहट या गिनगिनाहट पैदा होगी । अभ्यास बढ़ने पर आगे ऐसा नहीं होगा । कुछ लोग नासिका के एक छिद्र से जल खींचकर दूसरे छिद्र से निकालने की क्रिया को 'जलनेति' कहते हैं । एक समय में आध सेर से एक सेर तक जल एक नासापुट से चढ़ाकर दूसरे नासापुट से निकाला जा सकता हैं एक समय एक तरफ से जल चढ़ा कर दूसरे समय दूसरी तरफ से चढ़ाना चाहिये ।

जलनेति से नेत्रज्योति बलवान् होती है । स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिये भी हितकर है । तीक्ष्ण नेत्ररोग, तीक्ष्ण अम्लपित्त और नये ज्वर में जलनेति नहीं करनी चाहिये । अनेक मनुष्य रोज सुबह नासापुट से जल पीते हैं । यह क्रिया हितकर नहीं है । कारण, जो दोष नासिका में संचित होंगे वे आमाशय में चले जायँगे । अतः उषःपान तो मुँह से ही करना चाहिये ।

नियम – घर्षणनेति – जलनेति के अनन्तर सूत्र लेना चाहिये । महीन सूत की दस-पन्द्रह तार की एक हाथ लंबी बिना बटी डोर, जिसका छः-सात इंच लम्बा एक प्रान्त बटकर क्रमशः पतला बना दिया गया हो, पिघले हुए मोम से चिकना बनाकर जल में भिगो लेना उचित है । फिर इस स्निग्ध भाग को इस रीति से थोड़ा मोड़कर जिस छिद्र से वायु चलती हो उस छिद्र में लगाकर और नाक का दूसरा छेद अँगुली से बन्दकर, खूब जोर से बारंबार पूरक करने से सूत का भाग मुख में आ जाता है । तब उसे तर्जनी और अङ्गुष्ठ से पकड़कर बाहर निकाल ले । पुनः नेति को धोकर दूसरे छिद्र में डालकर मुँह में से निकाल ले । कुछ दिन के अभ्यास के बाद एक हाथ से सूत को मुख से खींचकर और दूसरे से नाक वाला प्रान्त पकड़कर धीरे-धीरे चालन करे । इस क्रिया को 'घर्षणनेति' कहते हैं । इस प्रकार नाक के दूसरे रन्ध्र से भी, जब वायु उस रन्ध्र से चल

रहा हो, अभ्यास करे । इससे भीतर लगा हुआ कफ पृथक् होकर नेति के साथ बाहर आ जाता है । नाक के एक छिद्र से दूसरे छिद्र में भी सूत चलाया जाता है, यद्यपि कुछ लोग इसे दोषयुक्त मानकर इसकी उपेक्षा करते हैं । उसका क्रम यह है कि सूत नाक के एक छिद्र से पूरक द्वारा जब खींचा जाता है, तो रेचक मुख द्वारा न कर दूसरे रन्ध्र द्वारा करना चाहिये । इस प्रकार सूत एक छिद्र से दूसरे छिद्र में आ जाता है । इस क्रिया के करने में किसी प्रकार का भय नहीं है । सध जाने पर तीसरे दिन करना चाहिये । जलनेति प्रतिदिन कर सकते हैं । नेति डालने में किसी-किसी को छींक आने लगती है, इसलिये एक-दो सेकेण्ड श्वासोच्छ्वास की क्रिया को बन्द करके नेति डालनी चाहिये ।

कपालशोधिनी चैव दिव्यदृष्टिप्रदायिनी ।
जत्रूर्ध्वजातरोगौघं नेतिराशु निहन्ति च ।। (हठयोगप्रदीपिका)

'नेति कपाल को शुद्ध करती है, दिव्य दृष्टि देती है । स्कन्ध, भुजा और सिर की सन्धि के ऊपर के सारे रोगों को नेति शीघ्र नष्ट करती है ।'

त्राटककर्म –

'समाहित अर्थात् एकाग्रचित्त हुआ मनुष्य निश्चल दृष्टि से सूक्ष्म लक्ष्य को अर्थात् लघु पदार्थ को तब तक देखे, जब तक अश्रुपात न होवे । इसे मत्स्येन्द्र आदि आचार्यों ने 'त्राटककर्म' कहा है ।'[१]

सफेद दिवाल पर सरसों-बराबर काला चिह्न कर दे उसी पर दृष्टि ठहराते-ठहराते चित्त समाहित होता है, और दृष्टि शक्तिसम्पन्न हो जाती है । मैस्मेरिज्म में जो शक्ति आ जाती है वही शक्ति त्राटक से भी प्राप्य है ।

'त्राटक नेत्ररोगनाशक है । तन्द्रा-आलस्यादि को भीतर नहीं आने देता । त्राटककर्म संसार में इस प्रकार गुप्त रखने योग्य है जैसे सुवर्ण की पेटी संसार में गुप्त रखी जाती है ।'[२] क्योंकि - **'भवेद्वीर्यवती गुप्ता निर्वीर्या तु प्रकाशिता ।'**

उपनिषदों में त्राटक के आन्तर, बाह्य और मध्य-इस प्रकार तीन भेद किये गये हैं । हठयोग के ग्रन्थों में प्रकार-भेद नहीं है ।

नियम – पाश्चात्यों का अनुकरण करने वाले कुछ लोग मद्यपान, मांसाहार तथा अम्ल-पदार्थादि अपथ्य-सेवन करते हुए भी 'मैस्मेरिज्म' विद्या की सिद्धि के लिये त्राटक किया करते हैं । परन्तु ऐसे लोगों का अभ्यास पूर्ण नहीं होता । अनेक लोगों के नेत्र चले जाते हैं और अनेक पागल हो जाते हैं । जिन्होंने पथ्य का पालन किया है वही सिद्धि प्राप्त कर सके हैं ।

---

१. **निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः ।**
अश्रुसम्पातपर्यन्तमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम् ।। (हठयोगप्रदीपिका)

२. **मोचनं नेत्ररोगाणां तन्द्रादीनां कपाटकम् ।**
यत्नतस्त्राटकं गोप्यं यथा हाटकपेटकम् ।। (हठयोगप्रदीपिका)

यम-नियमपूर्वक आसनों के अभ्यास से नाडी समूह मृदु हो जाने पर ही त्राटक करना चाहिये । कठोर नाडियों को आघात पहुँचते देरी नहीं लगती । त्राटक के जिज्ञासुओं को आसनों के अभ्यास के परिपाक काल में नेत्र के व्यायाम का अभ्यास करना विशेष लाभदायक है । प्रातःकाल में शान्तिपूर्वक दृष्टि को शनैः शनैः बायें, दायें, नीचे की ओर, ऊपर की ओर चलाने की क्रिया को नेत्र का व्यायाम कहते हैं । इस व्यायाम से नेत्र की नसें दृढ़ होती है । इसके अनन्तर त्राटक करने से नेत्र को हानि पहुँचने की भीति कम हो जाती है ।

त्राटक के अभ्यास से नेत्र और मस्तिष्क में उष्णता बढ़ जाती है । अतः नित्य जलनेति करनी चाहिये तथा रोज सुबह त्रिफला के जल से अथवा गुलाब जल से नेत्रों को धोना चाहिये । भोजन में पित्तवर्धक और मलावरोध (कब्ज) करने वाले पदार्थों का सेवन न करे । नेत्र में आँसू आ जाने के बाद फिर उस दिन दूसरी बार त्राटक न करे । केवल एक ही बार प्रातःकाल में करे । वास्तव में त्राटक का अनुकूल समय रात्रि के दो से पाँच बजे तक है । शान्ति के समय में चित्त की एकाग्रता बहुत शीघ्र होने लगती है । एकाध वर्षपर्यन्त नियमित रूप से त्राटक करने से साधक के संकल्प सिद्ध होने लगते हैं, दूसरे मनुष्यों के हृदय का भाव मालूम होने लगता है, सुदूर स्थान में स्थित पदार्थ अथवा घटना का सम्यक् प्रकार से बोध हो जाता है ।

५. क्षालन—

रुद्रयामल प्रोक्त पञ्चस्वर (पञ्चकर्म – षट्कर्म) योग में क्षालन से अर्थ है नाड़ियों का प्रक्षालन । यहाँ मुख्य रूप से शीर्षासन से इसे करने को कहा गया है । हठयोग में इसकी अन्य विधि है ।

ऊर्ध्वे मुण्डासनं कृत्वा अधोहस्ते जपं चरेत् ।
यदि त्रिदिनमाकर्तुं समर्थो मुण्डिकासनम् ॥
तदा हि सर्वनाड्यश्च वशीभूता न संशयः ।
नाडीक्षालनयोगेन मोक्षदाता स्वयं भवेत् ॥ (रुद्र० ३५.३२,३३)

(क) गजकर्म या गजकरणी—

हाथी जैसे सूँड से जल खींच फिर फेंक देता है, वैसे गजकर्म में किया जाता है । अतः इसका नाम गजकर्म या गजकरणी हुआ । यह कर्म भोजन से पहले करना चाहिये । विषयुक्त या दूषित भोजन करने में आ गया हो तो भोजन के पीछे भी किया जा सकता है । प्रतिदिन दन्तधावन के पश्चात् इच्छा भर जल पीकर अँगुली मुख में उलटी कर दे । क्रमशः बढ़ा हुआ अभ्यास इच्छामात्र से जल बाहर फेंक देगा । भीतर गये जल को न्योलीकर्म से भ्रमा कर फेंकना और अच्छा होता है । जब जल स्वच्छ आ जाय तब जानना चाहिये कि अब मैल मुख की राह नहीं आ रहा है । पित्तप्रधान पुरुषों के लिये यह क्रिया हितकर है ।

(ख) कपालभातिकर्म—

अर्थात् लोहकार की भस्त्रा (भाथी) के समान अत्यन्त शीघ्रता से क्रमशः रेचक-पूरक प्राणायाम को शान्तिपूर्वक करना योगशास्त्र में कफदोष का नाशक कहा गया है तथा यह क्रिया 'कपालभाति' नाम से विख्यात है ।[1]

जब सुषुम्ना में से अथवा फुफ्फुस में से श्वासनलिका द्वारा कफ बार-बार ऊपर आता हो अथवा प्रतिश्याय (जुकाम) हो गया हो तब सूत्रनेति और धौतिक्रिया से इच्छित शोधन नहीं होता । ऐसे समय पर यह कपालभाति लाभदायक है । इस क्रिया से फुफ्फुस और समस्त कफवहा नाडियों में इकट्ठा हुआ कफ कुछ जल जाता है और कुछ प्रस्वेदद्वार से बाहर निकल जाता है, जिससे फुफ्फुस-कोशों की शुद्धि होकर फुफ्फुस बलवान् होते हैं । साथ-साथ सुषुम्ना, मस्तिष्क और आमाशय की शुद्धि होकर पाचनशक्ति प्रदीप्त होती है ।

नियम – परंतु उरःक्षत, हृदय की निर्बलता, वमनरोग, हुलास (उबाक), हिक्का, स्वरभङ्ग, मन की भ्रमित अवस्था, तीक्ष्ण ज्वर, निद्रानाश, ऊर्ध्वरक्तपित्त, अम्लपित्त इत्यादि दोषों के समय, यात्रा में और वर्षा हो रही हो, ऐसे समय पर इस क्रिया को न करे ।

अजीर्ण, धूप में भ्रमण से पित्तवृद्धि, पित्तप्रकोपजन्य रोग, जीर्ण कफ-व्याधि, कृमि, रक्तविकार, आमवात, विषविकार और त्वचारोगादि व्याधियों को दूर करने के लिये यह क्रिया गुणकारी है । शरद् ऋतु में स्वाभाविक पित्तवृद्धि होती रहती है । ऐसे समय पर आवश्यकतानुसार यह क्रिया की जा सकती है ।

षट्कर्म से रोग निवारण

हठयोग के अनुसार भौतिक शरीर के दोषों को दूर करने के लिये एवं स्वस्थ बने रहने के लिये षट्कर्म, आसन, प्राणायाम, मुद्रा, धारण एवं ध्यान का आलम्बन लेना चाहिये । षट्कर्म का उपयोग प्रवृद्ध कफ-दोष को दूर करके वात, पित्त एवं कफ इन तीनों दोषों को समभाव में स्थापित करने के लिये होता है । यदि कफ-दोष बढ़ा न हो तो, जिस अङ्ग में विकार या अशक्ति प्रतीत हो, उसी अङ्ग को बलवान् बनाने या उक्त अङ्ग से विकार को दूर करने के लिये षट्कर्मों में से यथावश्यक दो या तीन या चार कर्मों का अभ्यास करना चाहिये । १. धौति, वस्ति, नेति, त्राटक, नौलिक एवं कपालभाति-इन छः क्रियाओं को षट्कर्म कहते हैं । धौति कर्म कण्ठ से आमाशय तक के मार्ग को स्वच्छ करके सभी प्रकार के कफ-रोगों का नाश कर देता है । यह विशेषरूप से कफप्रधान कास, श्वास, प्लीहा एवं कुष्ठरोग में लाभकारी है । २. वस्ति-कर्मद्वारा गुदामार्ग एवं छोटी आँत के निचले हिस्से की सफाई हो जाती है । इससे अपानवायु एवं मलान्त्र के विकार से उत्पन्न होने वाले रोगों का शमन हो जाता है । आँतों की गर्मी शान्त होती है, कोष्ठबद्धता दूर होती है । आँतों में स्थित-संचित दोष नष्ट होते हैं । जठराग्नि

---

१. **भस्त्रावल्लोहकारस्य रेचपूरौ ससम्भ्रमौ ।**
कपालभातिर्विख्याता कफदोषविशोषणी ॥ (हठयोगप्रदीपिका)

की वृद्धि होती है । अनेक उदररोग नष्ट होते हैं । वस्तिकर्म करने से वात-पित्त एवं कफ से उत्पन्न अनेक रोग तथा गुल्म, प्लीहा और जलोदर दूर होते हैं । ३. नेतिकर्म नासिकामार्ग को स्वच्छ कर कपाल-शोधन का कार्य करता हैं यह विशेषरूप से नेत्रों को उत्तम दृष्टि प्रदान करता है और गले से ऊपर होने वाले दाँत, मुख, जिह्वा, कर्ण एवं शिरोरोगों को नष्ट करता है । ४. त्राटक-कर्मद्वारा नेत्रों के अनेक रोग नष्ट होते हैं एवं तन्द्रा, आलस्य आदि दोष नष्ट होते हैं । ५. उदर-रोग एवं अन्य सभी दोषों का नाश करने के लिये नेति प्रमुख है । यह मन्दाग्नि को नष्टकर जठराग्नि की वृद्धि करता है तथा भुक्तान्न को सुन्दर प्रकार से पचाने की शक्ति प्रदान करता है । इसका अभ्यास करने से वातादि दोषों का शमन होने से चित्त सदा प्रसन्न रहता है । ६. कपालभाति विशेषरूप से कफ-दोष का शोषण करने वाली है । षट्कर्मों का अभ्यास करने से जब शरीरान्तर्गत कफ-दोष -मलादिक क्षीण हो जाते हैं, तब प्राणायाम का अभ्यास करने से अधिक शीघ्र सफलता मिलती है ।

अन्य क्रियाओं द्वारा शरीर शोधन

जिन्हें पित्त की अधिक शिकायत रहती है, उनके लिये गजकर्णी या कुजल-क्रिया लाभदायक रहती है । इस क्रिया में प्रातःकाल शौचादि से निवृत्त होने के बाद पर्याप्त मात्रा में नमक मिश्रित कुनकुना जल पीकर फिर वमन कर दिया जाता है । इससे आमाशयस्थ पित्त का शोधन होता है । जिन्हें मन्दाग्नि की शिकायत है या जिनका स्वास्थ्य उत्तम भोजन करने पर भी सुधरता नहीं है, उन्हें अग्निसार नामक क्रिया का अभ्यास करना चाहिये । इस क्रिया में नाभिग्रन्थि को बार-बार मेरु-पृष्ठ में लगाना होता है । एक सौ बार लगा सकने का अभ्यास हो जाने पर समझना चाहिये कि इस क्रिया में परिपक्वता प्राप्त हो गयी है । अतः यह सभी प्रकार के उदर-रोगों को दूर करने में सहायक है ।

अष्टाङ्गयोग से रोग निवारण

आसन का अभ्यास शरीर से जड़ता, आलस्य एवं चञ्चलता को दूर कर सम्पूर्ण स्नायु-संस्थान एवं प्रत्येक अङ्ग को पुष्ट बनाने के लिये होता है । इसके अभ्यास से शरीर के अङ्गों के सभी भागों में एवं सूक्ष्मातिसूक्ष्म नाड़ियों में रक्त पहुँचता है, सभी ग्रन्थियाँ सुचारुरूप से कार्य करती हैं । स्नायु-संस्थान बलवान् हो जाने पर साधक काम, क्रोध, भय आदि के आवेगों को सहने में समर्थ होता है । वह मानस-रोगी नहीं बनता । शरीर का स्वास्थ्य, मस्तिष्क, मेरुदण्ड, स्नायु-संस्थान, हृदय एवं फेफड़े तथा उदर के बलवान् होने पर निर्भर है । अतः आसनों का चुनाव इन पर पड़ने वाले प्रभावों को दृष्टि में रखकर करना चाहिये । जिसका जो अङ्ग कमजोर हो उसे सार्वाङ्गिक व्यायाम के आसनों का अभ्यास करने के साथ-साथ उन दुर्बल अङ्गों को पुष्ट करने वाले आसनों का अभ्यास विशेषरूप से करना चाहिये ।[१]

---

१. द्र० रुद्र० २५.२८–३०

ध्यान के उपयोगी पद्मासन आदि को सर्वरोगनाशक इसलिये कहा जाता है कि इन आसनों से ध्यान या जप में बैठने पर शरीर में साम्यभाव, निश्चलता, शान्ति आदि गुण आ जाते हैं । जो भौतिक स्तर पर सत्त्वगुण की वृद्धि करने में सहायक होते हैं । आरोग्य की दृष्टि से किये जाने वाले आसनों में पश्चिमोत्तान, मत्स्येन्द्र, गोरक्ष, सर्वाङ्ग, मयूर, भुजंग, शलभ, धनु, कुक्कुट, आकर्षणधनु एवं पद्म-आसन मुख्य हैं ।

आसनों को शनैः-शनैः किया जाय, जिससे अङ्गों एवं नाड़ियों में तनाव, स्थिरता, संतुलन, सहनशीलता एवं शिथिलता आ सके । अपनी पूर्ववत् स्थिति में धीरे-धीरे ही आना चाहिये । जो अङ्ग रोगी हो, उस अङ्ग पर बोझ डालने वाले आसनों का अभ्यास अधिक नहीं करना चाहिये । जैसे जिनके पेट में घाव है या जो स्त्रियाँ मासिक-धर्म से युक्त हैं, उन्हें उन दिनों पेट के आसन नहीं करने चाहिये । जिस आसन का प्रभाव जिस ग्लैंड्स या नाड़ी-चक्र पर पड़ता है—आसन करते समय वहीं ध्यान केन्द्रित करना चाहिये तथा गायत्री आदि मन्त्रों का या तेज, बल, शक्ति देने वाले मन्त्रों का यथाशक्ति स्मरण करना चाहिये । एक आसन के बाद उसका प्रतियोगी आसन भी करना चाहिये । यथा-पश्चिमोत्तान आसन का प्रतियोगी भुजंगासन और शलभासन है । हस्तपादासन का प्रतियोगी चक्रासन है । सर्वाङ्गासन का अभ्यास आवश्यक है । सूर्यनमस्कार को अन्य आसनों के अभ्यास के पूर्व कर लेना लाभकारी है ।

प्राणायाम का अभ्यास शरीरस्थ सभी दोषों का निराकरण कर प्राणमयकोष एवं सूक्ष्म शरीर को नीरोग तथा पुष्ट बनाता है ।[१] नाड़ी-शोधन का अभ्यास करने के बाद ही कुम्भक प्राणायामों का अभ्यास करना चाहिये । प्राणायाम के सभी अभ्यास युक्तिपूर्वक शनैः-शनैः ही करने चाहिए तथा भस्त्रिका प्राणायाम को छोड़कर सभी शेष प्राणायामों में रेचक एवं पूरक, दोनों की क्रियाएँ बहुत धीरे-धीरे करनी चाहिये । प्रत्येक कुम्भक की अपनी-अपनी दोषनाशक विशेष शक्ति है । अतः प्रवृद्ध दोष का विचार करके ही उसके दोषनाशक कुम्भक का अभ्यास करना चाहिये । सूर्यभेद प्राणायाम पित्तवर्धक, जरादोषनाशक, वातहर, कपालदोष एवं कृमिदोष को नष्ट करने वाला है । उज्जायी कफ-रोग, क्रूरवायु, अजीर्ण, जलोदर, आमवात, क्षय, कास, ज्वर एवं प्लीहा को नष्ट करता है । स्वास्थ्य एवं पुष्टि की प्राप्ति के लिये उज्जायी प्राणायाम का विशेष रूप से अभ्यास करना चाहिये । शीतली प्राणायाम अजीर्ण, कफ, पित्त, तृषा, गुल्म, प्लीहा एवं ज्वर को नष्ट करता है । भस्त्रिका प्राणायाम वात-पित्त-कफ-हर, शरीराग्निवर्धक एवं सर्वरोगहर है । व्यवहार में संध्योपासना के उपरान्त एवं जप से पूर्व नाड़ी-शोधन, उज्जायी एवं भस्त्रिका प्राणायाम का नित्य अभ्यास करने का प्रचलन है।

स्वरयोग से रोग निवारण

रोग-निवारण के लिये स्वर-योग का आश्रय भी लिया जाता है । नीरोगता के लिये भोजन सदा दाहिना स्वर (श्वास) चलने पर करना चाहिये । वामस्वर शीतल एवं

---

१. द्र० रुद्र० २५.३१–९७

दक्षिणस्वर उष्ण माना जाता है । इसके अनुसार ही वात एवं कफ-प्रधान रोगों में दक्षिण नासिका के श्वास को चलाया जाता है एवं पित्तप्रधान रोग में वाम-स्वर से श्वास को चलाया जाता है । सामान्य नियम यह है कि रोग के प्रारम्भकाल में जिस नासिका से श्वास चल रहा होता है, उसे बंद करके दूसरी नासिका से श्वास रोग-शमन होने तक चलाया जाता है । इस स्वर-परिवर्तन से प्रवृद्ध दोष का संशमन हो जाता है । स्वरयोग की जानकारी के लिये शिव स्वरोदय एवं स्वर-चिन्तामणि नामक ग्रन्थों का अवलोकन करना चाहिये ।

योग सम्बन्धी बन्ध एवं मुद्राओं से रोग निवारण

मुद्राओं के अभ्यास में महामुद्रा, विपरीतकरणी, खेचरी, मूलबन्ध, उड्डीयान–बन्ध एवं जालन्धरबन्ध मुख्य हैं । महामुद्रा क्षय, कुष्ठ, आवर्त, गुल्म, अजीर्ण आदि रोगों एवं सभी दोषों को नष्ट करती है । इसके अभ्यास से पाचन-शक्ति की प्रचण्ड वृद्धि होकर विष को भी पचाने की क्षमता प्राप्त होती है । महामुद्रा के साथ महाबन्ध एवं महावेध का भी अभ्यास किया जाता है । इन तीनों के अभ्यास से वृद्धत्व दूर होता है एवं अनेक शारीरिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है । खेचरी मुद्रा के अभ्यास से शरीर में अमृतत्व-धर्म की वृद्धि होती है । सिद्धियों की प्राप्ति होती है । शरीर की सोमकला का विकास होता है तथा देह-क्षय की प्रक्रिया रुक जाती है । उड्डीयान का अभ्यास उदर एवं नाभि से नीचे स्थिति अङ्गों के रोगों को दूरकर पुरुषत्व की अभिवृद्धि करता है । जननाङ्ग एवं प्रजननाङ्ग के रोगों से पीड़ित नर नारियों को उड्डीयानबन्ध का विशेष अभ्यास करना चाहिये । जालन्धर बन्ध से कण्ठ-रोगों एवं शिरोरोगों का नाश होता है तथा मूलबन्ध का अभ्यास गुदा एवं जननेन्द्रिय पर प्राण एवं अपान पर नियन्त्रण प्रदान करता है । उड्डीयान एवं जालन्धरबन्ध का अभ्यास तो प्राणायाम के समय ही किया जाता है, परंतु मूलबन्ध का अभ्यास सतत करना चाहिये । विपरीतकरणी मुद्रा का ठीक-ठीक अभ्यास वलीपलित को दूर कर युवावस्था प्रदान करता है ।

उपर्युक्त मुद्राओं के अतिरिक्त घेरण्डसंहिताप्रोक्त कुछ अन्य मुद्राओं का अभ्यास भी रोगनाश, वलीपलितविनाश एवं स्वास्थ्य-लाभ के लिये उपयोगी है । इनमे से नभोमुद्रा एवं माण्डूकीमुद्रा तालुस्थित अमृतपान में सहायक होने के कारण सभी रोगों का नाश करने वाली है । अश्विनी मुद्रा गुह्यरोगों का नाश करने वाली, अकालमृत्यु को दूर करने वाली तथा बल एवं पुष्टि को प्रदान करने वाली है । पाशिनी मुद्रा से बल एवं पुष्टि की प्राप्ति होती है । तड़ागी मुद्रा एवं भुजंगिनी मुद्रा-ये दोनों ही उदर के अजीर्णादि रोगों को नष्टकर दीर्घ जीवन प्रदान करती हैं ।

रोगों को दूर करने में ध्यान अथवा चिन्तन का महत्त्वपूर्ण स्थान है । ध्यान से शरीर, प्राण, मन, हृदय एवं बुद्धि में शान्ति, पवित्रता एवं निर्मलता आती है । 'सदा प्राणिमात्र के कल्याण का विचार करने से एवं सभी सुखी हों, नीरोग हों, शान्त हों' — इस प्रकार की भावनाओं की तरंगों को सभी दिशाओं में प्रसारित करने से स्वयं को सुख

तथा शान्ति की प्राप्ति होती है । व्यक्ति जैसा चिन्तन करता है, प्राय: वह वैसा बन जाता है । 'मैं नीरोग हूँ, स्वस्थ हूँ — ऐसा चिन्तन निरन्तर दृढ़तापूर्वक करते रहने से आरोग्य बना रहता है । इसे आत्मसम्मोहन 'ऑटो सजेशन' की विधि कहते हैं । इसी प्रकार प्रबल संकल्पशक्ति के द्वारा अपने या दूसरे के रोगों को भी दूर किया जाता है । रोगनिवारण के लिये प्रमुख बात यह है कि रोग होने पर उसका चिन्तन ही न करे, उसकी परवाह ही न करे । रोग का चिन्तन करने से रोग बद्धमूल हो जाता है एवं व्यक्ति का मनोबल दुर्बल हो जाता है । मानसिक रोगों का संकल्पशक्ति एवं प्रज्ञाबल से निवारण करना चाहिये एवं शारीरिक रोगों का औषधों से । इन रोगों के उन्मूलन में यौगिक साधनों का अद्भुत योगदान रहा है ।

शारीरिक एवं मानसिक रोगों से मुक्ति चाहने वालों को योग-क्रियाओं का अभ्यास करने के साथ-साथ रोगोत्पादक सभी मूल कारणों का त्याग करना चाहिये तथा अपने लिये अनुकूल एवं चिकित्साशास्त्र द्वारा निर्दिष्ट सात्त्विक पथ्य, सदाचार एवं सत्कर्म का सेवन करना चाहिये । यथासम्भव अनिष्ट-चिन्तन से बचना चाहिये तथा चित्त को राग-द्वेष-मोहादि दोषों से दूर करना चाहिये । सम्पूर्ण दु:खों का मूल कारण तमोगुणजनित अज्ञान, लोभ, क्रोध तथा मोह है । त्रिगुण के प्रभाव तथा अज्ञान के बन्धन से मुक्त होने का एकमात्र उपाय योग है तथा योग-बल से भी बड़ी शक्ति है भगवान् की अनुग्रह शक्ति ।

अतएव अहंता-ममता का त्याग करके भगवच्चरणों का एकमात्र आश्रय लेकर योगसाधना करने से शारीरिक व्याधि के साथ-साथ त्रिविध ताप एवं भवव्याधि भी कट जाती है और ऐसा साधक पूर्णतम आनन्द को प्राप्त करने में सर्वथा समर्थ हो जाता है ।

कुण्डलिनीयोग

कुण्डलिनीयोग, कुण्डलिनीशक्ति, षट्चक्र आदि का पतञ्जलि के योगसूत्रों में कहीं उल्लेख नहीं है, किन्तु यह निश्चित है कि कुण्डलिनीयोग प्राचीन भारतीय योग की एक विशिष्ट पद्धति है । आगम और तन्त्रशास्त्र की विभिन्न शाखाओं में इसका वर्णन मिलता है । कुछ आचार्य **'अष्टा चक्रा नवद्वारा'** (१० । २ । ३१) इत्यादि अथर्ववेदीय मन्त्र में कुण्डलिनी योग का उल्लेख मानते हैं । प्राय: सभी आगमिक और तान्त्रिक आचार्य प्रसुप्तभुजगाकारा, सार्धत्रिवलाकृति, मृणालतन्तुतनीयसी मूलाधार स्थित शक्ति को कुण्डलिनी के नाम से जानते हैं । जिस योगपद्धति की सहायता से इस कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर सुषुम्णा मार्ग द्वारा षट्चक्र का भेदन कर सहस्रारचक्र तक पहुँचाया जाता है और वहाँ उसका अकुल शिव से सामरस्य सम्पादन कराया जाता है, उसी का नाम कुण्डलिनीयोग है । आधारों अथवा चक्रों आदि के विषय में मतभेद होते हुए भी मूलाधार स्थित कुण्डलिनी शक्ति का सहस्रार स्थित अपने इष्टदेव से सामरस्य का सम्पादन सभी मतों में निर्विवाद रूप से मान्य है ।

कुण्डलिनीयोग की विधि —

यहाँ संक्षेप में उसकी विधि इस प्रकार वर्णित है-यम और नियम के नित्य-नियमित आदरपूर्वक निरन्तर अभ्यास में लगा योगी साधक गुरुमुख से मूलाधार से सहस्रार-पर्यन्त कुण्डलिनी के उत्थापन क्रम को ठीक से समझ लेने के उपरान्त, पवन और दहन के आक्रमण से प्रतप्त कुण्डलिनीशक्ति को, जो कि स्वयम्भू लिंग को वेष्टित कर सार्धात्रिवलयाकार में अवस्थित है, हूँकार बीज का उच्चारण करते हुए जगाता है और स्वयम्भू लिंग के छिद्र से निकाल कर उसे ब्रह्मद्वार तक पहुँचा देता है । कुण्डलिनीशक्ति पहले मूलाधार स्थित स्वयम्भू लिंग का, तब अनाहतचक्र स्थित बाण लिंग का और अन्त में आज्ञाचक्र स्थित इतर लिंग का भेद करती हुई ब्रह्मनाडी की सहायता से सहस्रदल चक्र में प्रविष्ट होकर परमानन्दमय शिवपद में प्रतिष्ठित हो जाती है । योगी अपने जीवभाव के साथ इस कुलकुण्डलिनी को मूलाधार से उठाकर सहस्रारचक्र तक ले जाता है और वहाँ उसको परबिन्दु स्थान में स्थित शिव (पर लिंग) के साथ समरस कर देता है । समरसभावापन्न यह कुण्डलिनीशक्ति सहस्रारचक्र में लाक्षा के वर्ण के समान परमामृत का पान कर तृप्त हो जाती है और इस परमानन्द की अनुभूति को मन में संजोये वह पुनः मूलाधारचक्र में लौट आती है । यही है कुण्डलिनीयोग की इतिकर्तव्यता । इसके सिद्ध हो जाने पर योगी जीवभाव से मुक्त हो जाता है और शिवभावापन्न (जीवन्मुक्त) हो जाता है ।

कुलकुण्डलिनी शक्ति कैसे सहस्रार स्थित अकुलशिव की ओर उन्मुख होती है और वहाँ शिव के साथ सामरस्य भाव का अनुभव कर पुनः कैसे अपने मूल स्थान में आ जाती है, इसकी अति संक्षिप्त प्रक्रिया नित्याषोडशिकार्णव (४ ।१२-१६) में वर्णित है । इसी प्रकार चार पीठों और चार लिंगों का स्वरूप हमें योगिनी हृदय (१ ।४१-४७) में अधिक स्पष्ट रूप में मिलता है ।

कुण्डलिनीशक्ति

मानवलिंग शरीर में सुषुम्नानाडी के सहारे ३२ पद्मों की स्थिति मानी गई है । सबसे नीचे और सबसे ऊपर दो सहस्रारपद्म स्थित हैं । नीचे कुलकुण्डलिनी में स्थित अरुण वर्ण सहस्रारपद्म ऊर्ध्वमुख तथा ऊपर ब्रह्मरन्ध्र स्थित श्वेत वर्ण सहस्रारपद्म अधोमुख हैं । इनमें से अधः सहस्रार को कुलकुण्डलिनी और ऊर्ध्व सहस्रार को अकुलकुण्डलिनी कहा जाता है । अकुलकुण्डलिनी प्रकाशात्मक अकारस्वरूपा और कुलकुण्डलिनी विमर्शात्मक हकारस्वरूपा मानी जाती है ।

इन दो कुण्डलिनियों के अतिरिक्त तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थों में प्राणकुण्डलिनी का भी वर्णन मिलता है । मूलाधार में जैसे कुण्डलिनी का निवास है, उसी तरह से हृदय में भी 'सार्धत्रिवलया प्राणकुण्डलिनी' रहती है । मध्यनाडी सुषुम्ना के भीतर चिदाकाश (बोधगमन) रूप शून्य का निवास है । उससे प्राणशक्ति निकलती है । इसी को अनच्क कला भी कहते हैं । इसमें अनच्क (अच् = स्वर से रहित) हकार का निरन्तर नदन होता

रहता है । यह नाद भट्टारक की उन्मेष दशा है, जिससे कि प्राणकुण्डलिनी की गति ऊर्ध्वोन्मुख होती है, जो श्वास-प्रश्वास, प्राण-अपान को गति प्रदान करती है और जहाँ इनकी एकता का अनुसन्धान किया जा सकता है । मध्यनाडी में स्थित बिना क्रम के स्वाभाविक रूप से उच्चरित होने वाली यह प्राणशक्ति ही अनच्क कला कहलाती है । इस अनच्क कला रूप प्राणशक्ति को कुण्डलिनी इसलिये कहते हैं कि मूलाधार स्थित कुण्डलिनी की तरह इसकी भी आकृति कुटिल होती है । जिस प्राणवायु का अपान अनुवर्तन करता है, उसकी गति हकार की लिखावट की तरह टेढ़ी-मेढ़ी होती है । प्राणशक्ति अपनी इच्छा से ही प्राण के अनुरूप कुटिल (घुमावदार) आकृति धारण कर लेती है । प्राणशक्ति की यह वक्रता (कुटिलता=घुमावदार आकृति) परमेश्वर की स्वतन्त्र इच्छाशक्ति का खेल है । प्राणशक्ति का एक लपेटा वाम नाडी इडा में और दूसरा लपेटा दक्षिण नाडी पिंगला में रहता हैं इस तरह से इसके दो वलय (घेरे) बनते हैं । सुषुम्ना नाम की मध्य नाडी सार्ध कहलाती है । इस प्रकार यह प्राणशक्ति भी सार्धत्रिवलया है । वस्तुतः मूलाधार स्थित कुण्डलिनी में ही प्राणशक्ति का भी निवास है, किन्तु हृदय में इसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति होने से ब्राह्मणवसिष्ठन्याय से उसका यहाँ पृथक् उल्लेख कर दिया गया है । इसका प्रयोजन अजपा (हंसगायत्री) जप को सम्पन्न करना है ।

नाडीचक्र का रहस्य

षट्चक्र का निरूपण करते समय यहाँ नाडियों के सम्बन्ध समझ लेना चाहिए कि मेरुदण्ड के बाहर वाम भाग में चन्द्रात्मक इडा नाडी और दक्षिण भाग में सूर्यात्मक पिंगला नाडी अवस्थित है । मेरुदण्ड के मध्य भाग में वज्रा और चित्रिणी नाडी से मिली हुई त्रिगुणात्मिका सुषुम्ना नाडी का निवास है । इनमें सत्त्वगुणात्मिका चित्रिणी चन्द्ररूपा है, रजोगुणात्मिका वज्रा सूर्यरूपा है और तमोगुणात्मिका सुषुम्ना नाडी अग्निरूपा है । यह त्रिगुणात्मिका नाडी कन्द के मध्य भाग में सहस्रार-पर्यन्त विस्तृत है । इसका आकार खिले हुए धतूरे के पुष्प के सदृश है । इस सुषुम्ना नाडी के मध्य भाग में लिंग से मस्तक तक विस्तृत दीपशिखा के समान प्रकाशमान वज्रा नाडी स्थित है । उस वज्रा नाडी के मध्य में चित्रिणी नाडी का निवास है । यह प्रणव से विभूषित है और मकड़ी के जाले के समान अत्यन्त सूक्ष्म आकार की है । योगी ही इसको योगज ज्ञान से देख सकते हैं ।

मेरुदण्ड के मध्य में स्थित सुषुम्ना और ब्रह्मनाडी के बीच में मूलाधार आदि छः चक्रों को भेद कर यह नाडी सहस्रार चक्र में प्रकाशमान होती हैं । इस चित्रिणी नाडी के मध्य में शुद्ध ज्ञान को प्रकाशित करने वाली ब्रह्म नाडी स्थित है । यह नाडी मूलाधार स्थित स्वयम्भू लिंग के छिद्र के सहस्रार में विलास करने वाले परमशिव पर्यन्त व्याप्त है । यह नाडी विद्युत् के समान प्रकाशमान है । मुनिगण इसके कमलनाल के तन्तुओं के समान अत्यन्त सूक्ष्म आकार का मानस प्रत्यक्ष ही कर सकते हैं । इस नाडी के मुख में ही ब्रह्मद्वार स्थित है और इसी को योगीगण सुषुम्ना नाडी का भी प्रवेश द्वार मानते हैं ।

रुद्रयामल का विषय संक्षेप

रुद्रयामल में ९० अध्याय हैं । उनमें से प्रस्तुत प्रथम भाग के ४५ अध्यायों का अध्यायगत विषय संक्षेप दिया जा रहा है—

प्रथम पटल में पराश्री परमेशानी के मुखकमल से श्रीयामल, विष्णु यामल, शक्तियामल और ब्रह्मयामल निस्सृत बताए गए हैं। यह रुद्रयामल (उन्हीं यामलों का) उत्तरकाण्ड है। दसवें श्लोक से लेकर ८२ श्लोक तक विविध प्रकार के साधनों की चर्चा की गई है। फिर रुद्रयामल की प्रशंसा है (८३—९२) और यामल शब्द का अर्थ कहा है। फिर यामल में प्रतिपादित विभिन्न साधन कहे गए हैं। ९९ से १०७ तक इस रुद्रयामल की फलश्रुति है। १०७ से ११८ तक ज्ञान एवं भाव की प्रशंसा है। ११९ से १३० तक पुण्यवान् पुरुष के लक्षण और साधक के कर्तव्य वर्णित हैं। पशुभाव से ज्ञान की सिद्धि होती है और वीरभाव से क्रियासिद्धि होती है तथा दिव्य भाव में साधक स्वयं रुद्र हो जाता है (१३०—१३७)। पुन: योग की प्रशंसा (१३८—१३९), पशु एवं वीरभाव में भक्ति विवेचन (१४०—१४५)। दिव्य भाव विवेचन (१४५—१४९), ज्ञान के तीन प्रकार (१५०—१५३), मनुष्य जन्म का दुर्लभत्व (१५४—१६४, आन्तरिक ज्ञान (१६५—१७१) विद्युत् के समान आयु की चञ्चलता (१७२—१७८) एवं व्रती का लक्षण (१७८—१८७)। इसके बाद गुरु के माहात्म्य और उनकी कृपा के विषय में कहा गया है (१८८—१९१)। साधक की आत्मा ही बन्धु है और धर्मशील मनुष्य ही श्रेष्ठ है (१९१—१९६)। पुन: १९७—२१२ श्लोक तक भावत्रय की प्रशंसा की गई है। २१३ से २२० में पीठ प्रशंसा और भावज्ञान का माहात्म्य वर्णित है। फिर (२२१—२४४) गुरु की महिमा और उनके प्रति कर्तव्य बताए गए हैं ।

द्वितीय पटल में कुलाचार विधि वर्णित है। पशुभाव में गुरु का ध्यान एवं पूजन वर्णित है (१०—३७)। पुन: गुरुस्तोत्र और गुरुस्तव की फलश्रुति वर्णित है (३८—५०)। इसके बाद गुरु के लक्षण वर्णित है (५०—५७)। फिर शिष्य के लक्षण और उसके कर्तव्य का प्रतिपादन है (५७—९६)। फिर मन्त्र दीक्षा एवं पुरश्चरण (९७—१२७) तथा दीक्षा विधि वर्णित है (१२८—१४३)। इसके बाद मन्त्र साधन में प्रयुक्त होने वाले ताराचक्र, राशिचक्र, विष्णुचक्र, ब्रह्मचक्र, देव चक्र, ऋणधनात्मक महाचक्र, उल्का चक्र एवं सूक्ष्म चक्र का वर्णन है (१४४—१६२)।

तृतीय पटल में दीक्षाक्रम में चक्र विचार वर्णित है। भगवती आनन्द भैरवी के द्वारा कालाकाल का विचार करने वाले विभिन्न चक्रों का वर्णन है। यहाँ अकडम चक्र (१७—२४), पद्माकार अष्टदल महाचक्र (२४—३३), कुलाकुल चक्र (३३—३९), तारा चक्र (४०—६१), राशिचक्र (६२—७२), कूर्मचक्र (७३—८४), शिवचक्र और गणना विचार (८५—११४), विष्णु चक्र और उसकी गणना (११४—१४५) वर्णित है।

चतुर्थ पटल में ब्रह्मचक्र का वर्णन है। यह चक्र अकालमृत्यु का हरण करने वाला है। इसके ज्ञान से साधक ब्रह्मपद को प्राप्त कर लेता है। ३—११ श्लोक पर्यन्त इस

चक्र के बनाने की विधि लिखी है। इस चक्र के गृहों में अङ्क और राशियाँ दोनों लिखी जाती है। इनसे साधक अपने शुभाशुभ का ज्ञान करे। इसके बाद नक्षत्र और उनके स्वामी के विषय में विवेचन किया गया है (१४—२६)। वर्णो की राशियों का विवेचन है (२७—३३)। फिर राशिफल का विचार है (३४—४१)। फिर श्रीचक्र का निरूपण किया गया है (४२—७६)। फिर ऋण—धनि चक्र का वर्णन है (७७—१०५)। इसके बाद मन्त्र दोषादि निर्णय के लिए उल्का चक्र वर्णित है (११२—१२३) । फिर इसके बाद सामचक्र का वर्णन किया गया है (१२४—१४७) । इसके बाद चतुषचक्र (१४८—१६८) और सूक्ष्मचक्र का विवेचन किया गया है (१६९—१९२) ।

पञ्चम पटल में मन्त्र संस्कार के लिए महा अकथह चक्र की रचनाविधि वर्णित है। तत्स्थान स्थित वर्णो का फल, प्राणायामादि सिद्धि, वाक्सिद्धि और शिवसायुज्य प्राप्ति आदि विषय वर्णित हैं।

छठवें पटल में पशुभाव (५—६०), वीरभाव एवं दिव्य भाव (६१—८२) साधन के फलों को क्रमशः कहा गया है (५२.५४)। पशुभाव के ही प्रसङ्ग में सुषुम्ना साधना (१३—१४), देवी ध्यान (१५—२१), पूजनविधि (२२—२८), कुण्डलिनीस्तव (२९—३८), पशुभाव प्रशंसा (४९—६०), भाव विद्या विधि (७१—८२) वर्णित है। अन्त में कुमारी के लक्षण (८३—८७) और कुमारी पूजन के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है (८८—१०२)।

सप्तम पटल में कुमारी पूजन का विधान है। आत्मध्यानपरायण पशुभावापन्न साधक के द्वारा कुमारी पूजा की जाती है। पूजाविधि में कुमारी की जाति परीक्षा नहीं होती है। धोबी आदि किसी भी जाति की कन्या को पूजनीय कहा गया है (५—११)। वस्तुतः कुल देवी की बुद्धि से कुमारी पूजनीय होती हैं। यहाँ कुमारी पूजन की विधि सम्यक् रूप से कही गई है। मायाबीज से पाद्य, लक्ष्मीबीज से अर्घ्य और सदाशिव मन्त्र से धूपदीप—दान की विधि कही गई है (६०—६१)। अन्त में कुमारी महामन्त्र का मन्त्रोद्धार किया गया है (६३—६४)। इसके बाद विभिन्न पूजा विधि और उनका मन्त्रोद्धार वर्णित है (६५—९१) फिर कुमारी स्तोत्र का विधान है (९२—९४)।

आठवें पटल में कुमारी पूजन के अङ्गभूत जप एवं होम का विशद विवेचन है। घृताक्त बिल्व पत्र, श्वेत पुष्प, कुन्द पुष्प, करवीर पुष्प और घृताक्तचन्दन एवं अगुरु से मिश्रित हवनीय सामग्री से कुमारी पूजन में हवन का विधान है (१—५)। हवन के अन्त में भगवती के स्तोत्र और मन्त्र एवं फलश्रुति का प्रतिपादन है (१५—३४)। इसके बाद 'तर्पयामि' पद से नियोजित पद्यों का विवेचन है। इन मन्त्रों को पढ़ते हुए मधुमिश्रित क्षीर एवं जल से भगवती का तर्पण करना चाहिए ।

नवें पटल में कुमारी कवच का विधान है। इसे भोज पत्र पर लिखकर चतुर्दशी या पूर्णमासी के दिन हृदय प्रदेश में धारण करने का विधान है। इसके पाठ से महान् पातकी भी सभी पापों से मुक्त हो जाता है और अन्त में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है ।

दसवें पटल में महान् पुण्यदायक कुमारी सहस्रनाम वर्णित है। इस स्तोत्र की फलश्रुति है कि जो इसे भोज पत्र पर लिखकर हाथ में धारण करता है उसे सभी संकटों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है। मन्त्रार्थ, मन्त्र चैतन्य एवं योनि मुद्रा के स्वरूप को जानकर सभी यज्ञों के फल की प्राप्ति होती है। पुन: यहीं पर सहस्रनाम सम्बन्धी कवच का भी उल्लेख है। ६ महीने पाठ करने से साधक तीनों जगत् को मोहित कर लेता है। १ वर्ष के पाठ से खेचरत्व प्राप्ति एवं योगसिद्धि प्राप्त होती है और नित्य पाठ से जलस्तम्भन, अग्नि स्तम्भन और वायु के समान वेग की प्राप्ति होती है। सहस्रनामों से हवन और हवनीय द्रव्य की गणना तथा हवन कर्म का फल अन्त में प्रतिपादित है।

एकादश पटल में दिव्य, वीर एवं पशु भाव का प्रतिपादन है। भाव से ही सब कुछ प्राप्त होता है। यह तीनों लोक भाव के ही अधीन हैं। इसीलिए बिना भाव के सिद्धि नहीं प्राप्त होती है (४३—४४)।

दक्षिण और बाई नासिका से वायु के आगमन और निर्गमन का फल कहा गया है । मेष, वृष आदि १२ राशियों में क्रमश: १. आज्ञाचक्र २. कामचक्र, ३. फलचक्र, ४. प्रश्न चक्र, ५. भूमिचक्र, ६. स्वर्गचक्र, ७. तुलाचक्र, ८. वारिचक्र, ९. षट्चक्र, १०. सारचक्र, ११. उल्काचक्र और १२. मृत्युचक्र का निर्माण करना चाहिए। इन चक्रों में अनुलोम और विलोम क्रम से षट्कोण बनाना होता है। सभी चक्रों में स्वर ज्ञान और वायु गति को जानकर अपने प्रश्नों का विचार करना चाहिए ।

द्वादश पटल में काम चक्र के स्वरूप का प्रतिपादन है। इस चक्र का सम्पाद किस रीति से करना चाहिए ? उसमें प्रश्न के प्रकार और उसके फल का विवेचन है। पुन: फलचक्र का, फिर आज्ञाचक्र के स्वरूप एवं फल सभी का निरूपण है।

त्रयोदश पटल में आज्ञाचक्रगत राशि, नक्षत्र एवं वार की गणना का विधान है। वर्णों के स्वरूप को जानकर किए गए प्रश्नों के विभिन्न फलों का प्रतिपादन है। अश्विनी आदि ८ नक्षत्रों में, फिर आश्लेषा से लेकर चित्रा तक, फिर स्वाती से वसु नक्षत्रों में, फिर उत्तराषाढत्रा से लेकर रेवती आदि नक्षत्रों में किए गए प्रश्नों के विविध फलों का विधान है।

चतुर्दश पटल में आज्ञाचक्र का ही विस्तार है। भरणी आदि २७ नक्षत्रों के स्वरूप एवं फल का विस्तार से वर्णन है।

पन्द्रहवें पटल में आज्ञाचक्र का ही विस्तार से माहात्म्य वर्णित है। ब्रह्मस्तोत्र, ब्रह्मविद्या, ब्रह्मज्ञानी के लक्षण, ब्रह्ममार्गस्थों का षट्चक्रमण्डल में स्वरूप तथा वैष्णव भक्त के लक्षण वर्णित हैं।

षोडश पटल में आज्ञाचक्र का भुवन करण सामर्थ्य वर्णित है। वहाँ पर अधोमण्डलमण्डित द्विबिन्दुनिलय के द्विदल स्थान में श्रीगुरुचरणों का ध्यान कहा गया है। उसके मध्य में महावह्निशिखा का भी चिन्तन वर्णित है। इस योग के प्रसाद से साधक को चिरंजीवित्व और वागीश्वरत्व प्राप्त होने का निर्देश है। फिर त्रिखण्ड आज्ञाचक्र में

श्मशानाधिप से घिरे हुए, कलानिधि, महाकाल, तीक्ष्ण दंष्ट्रा वाले बहुरूपी सुरेश्वर का ध्यान कहा गया है। नासिका के ऊर्ध्व भाग में भ्रूमध्य में परेश्वर काल रुद्र के ध्यान से शीघ्र ही तन्मयता होती है। फिर नाना अलङ्करणों से विभूषित, नवयौवना, रौरवादि नरकों का विनाश करने वाली डाकिनी देवी के ध्यान का विधान है। यही भगवती त्रिपुरसुन्दरी नाम से विख्यात हैं। पूरक, कुम्भक एवं रेचक प्राणायाम के द्वारा अत्यन्त मनोयोग से इनका ध्यान करना चाहिए। छ: मास तक प्रात:, सायं और निरन्तर ध्यान से महती सिद्धि प्राप्त होती है। एक वर्ष पर्यन्त ध्यान से खेचरी सिद्धि मिलती है और साधक योगिराट् हो जाता है। अन्तत: कौलमार्ग का पालन करते हुए वह अमर हो जाता है।

सप्तदश पटल में अथर्ववेद का लक्षण कहा गया है। यह सभी वर्णों के लिए सार रूप है और शक्त्याचार के समन्वय के रूप में वर्णित है। फिर ऋगादि वेद, जलचर–भूचर–खेचर, कुलविद्या, महाविद्या, बिन्दुत्रयलयस्थिति, ब्रह्मा–विष्णु–शिव और चौबीस तत्त्व आदि सभी अथर्ववेद में निवास करते हैं। पुरदेवता रूप कुण्डलिनी के चैतन्यकरण में मात्र छ: मास के अभ्यास की उपादेयता वर्णित है। उस चैतन्य सम्पत्ति से बहुत से फलों का प्रतिपादन है।

कामरूप मूलाधार में वह देवी कुण्डलिनी प्रज्वलित रहती हैं। तब वह सहस्रदल कमल में शिरोमण्डल में प्रज्वलित होकर सम्बन्ध स्थापित करती है। तब साधक योगिराड् होकर अत्यन्त परमानन्द में निमग्न हो जाता है। जब वह भगवती कुण्डलिनी शिर में समागम करके अमृत पान करती है, तब साधक परम सिद्धि को प्राप्त कर लेता है। यहीं पर वायवी सिद्धि का उपाय वर्णित है। वहाँ मिताहार, मन का संयम, दया, शान्ति, सर्वत्र समबुद्धि, परमार्थ विचार, भूमि के तल में शर शय्या पर शयन, गुरु के चरणों में श्रद्धा, अतिथिसत्कार, ब्रह्मचर्यव्रत का पालन, हर्ष या शोक में सर्वत्र समभाव, मौन धारण, एकान्त स्थान का सेवन, बहुत न बोलना, हंसी या हिंसा से रहित रहना आदि भगवती कुण्डलिनी के चैतन्य करने के साधन हैं। ललाट, भ्रूमध्य, अष्टपुर कण्ठ में, नाभिप्रदेश में और कटि आदि में स्थित पीठों में वायु निरोधात्मक कुम्भक प्राणायाम से कुण्डलिनी जागरण का परमोपाय निरूपित है।[१] इस रीति से एक वर्ष तक अभ्यास करने पर महाखेचरता प्राप्त होती है। इसी वायवी सिद्धि के प्रसङ्ग में साधक रूप से महर्षि वसिष्ठ की चर्चा भी की गई है।[२]

महर्षि वसिष्ठ चिरकाल तक तपस्या करते रहे किन्तु उन्हें साक्षात् विज्ञान नहीं प्राप्त हुआ। इससे क्रुद्ध होकर महर्षि अपने पिता ब्रह्मा के पास गए और जब उनसे अन्य मन्त्र के लिए कहा और तपोमार्ग से भगवती की वायवी सिद्धि के लिए उत्साहित किया। तब महर्षि वसिष्ठ ने समुद्र तट पर एक हजार वर्ष तक जप योग किया। फिर भी सिद्धि जब प्राप्त नहीं हुई तब वे महाविद्या को शाप देने के लिए उद्यत हुए। शाप देते ही भगवती महाविद्या प्रकट हो गई और कहा[३] 'मैं वेद से गोचर नहीं हूँ। आप बौद्ध देश चीन में

१. द्र० रुद्र० १७.५६–६० । २. द्र० रुद्र० १७.१०६–१०८ ।
३. द्र० रुद्र० १७.१२२–१२४ ।

अथर्ववेद में जाइए।' फिर महर्षि वसिष्ठ चीन गए और वहाँ भगवान् बुद्ध ने वसिष्ठ को कुलमार्ग का उपदेश दिया। तभी से शक्ति चक्र, सत्त्वचक्र, नौ विग्रह और विष्णु का आश्रय करने वाली भगवती कात्यायनी का जप आरम्भ हुआ।[१] यहाँ भगवती के स्वरूप का भी वर्णन है। परममार्ग रूप से कुलमार्ग का विधान है जिसका आश्रय लेकर सृष्टि कर्ता ब्रह्मा, पालनकर्ता विष्णु और संहारकारी रुद्र प्रकट होते हैं। इस प्रकार के वर्णन में यहाँ जीवात्मा और परमात्मा का महान् सम्बन्ध प्रकाशित किया गया है (१०६–१६१)।

अष्टादश पटल में भगवती के कामचक्र का वर्णन है जिसमें वर्णों से किए गए प्रश्न का निर्णय प्रतिपादित है। आज्ञाचक्र के मध्यभाग में करोड़ों रस वाली नाड़ियों के मध्य में मनोरम कामचक्र की स्थिति है। इनके कोष्ठकों में वर्णों के स्थापन से होने वाले फल का निर्देश है। सभी चक्रों में यह अत्यन्त उत्तम कामचक्र है। काम्य फल के कारण इससे उत्तम सिद्धि प्राप्त होती है। विभिन्न वर्णों में किए गए प्रश्नों में वर्ण भेद से फल का कथन है। जैसे कवर्ग से प्रश्न करने पर कामसम्पत्ति एवं श्री समृद्धि प्राप्त होती है।[२] इस प्रकार वर्ग के अनुसार शुभ मन्त्र ग्रहण करने से साधक को सिद्धि प्राप्त होती है।

उन्नीसवें पटल में प्रश्न चक्र के मध्य षडाधार के भेदन का वर्णन है। फिर निर्विकल्पादि साधनभूत कालचक्र के फल का निर्देश है। फिर आज्ञाचक्र के ऊपर स्थित प्रश्नचक्र के विषय में फल बताए गए हैं। काल ही मृत्यु को देने वाला है और उस काल की सूक्ष्मगति का ज्ञान इसी चक्र से होता है। ग्रह, नक्षत्र एवं राशियों से सम्पृक्त प्रश्न की व्यवस्था की गई है।[३] वर्ग में किए गए प्रश्न में इच्छा सिद्धि तथा खेचरी मेलन होता है। तवर्ग में किए गए प्रश्न से दीर्घजीवन और इन्द्र के समान ओजस्विता होती है और प वर्ग में प्रश्न से परमस्थान की प्राप्ति होती है ।

बीसवें पटल में सभी मन्त्रों के सार स्वरूप फलचक्र का वर्णन है। उसका षट्कोणों में छः ध्यान बताया गया है। अष्टकोणों में अङ्कभेद से स्थित वर्णों का ध्यान करके खेचरता की प्राप्ति होती है। यह फलचक्र प्रश्नचक्र के ऊर्ध्व भाग में स्थित जानना चाहिए। फलचक्र के प्रसाद से तत्त्व चिन्तन में साधक परायण हो जाता है। अष्टकोणों के ऊर्ध्व भाग में वर्णमाला का क्रम इस प्रकार कहा गया है –

येन भावनमात्रेण सर्वज्ञो जगदीश्वरः ।
ओ औ पवर्गमिवं हि यो नित्यं भजतेऽनिशम् ॥
तस्य सिद्धिः क्षणादेव वायवीरूपभावनात् ।
चन्द्रबीजस्योद्र्ध्वदेशे विभाति पूर्णतेजसा ॥ (रुद्र. २०.३२,३३)

जिसकी भावना मात्र से जगदीश्वर सर्वज्ञ बन गए । ओ औ तथा प वर्ग को जो निरन्तर भजता रहता है, उस वायवी रूप की भावना से उसे क्षणमात्र में सिद्धि हो जाती है, यह चन्द्रबीज के ऊपर वाले देश में पूर्ण तेज से शोभित होता है ।

---

१. द्र० रुद्र० १७ . १३५–१३८ । २. द्र० रुद्र० १८ ७७–८३ ।
३. द्र० रुद्र० २० . ३२–३९ ।

इस प्रकार फलचक्र का निरूपण किया गया है, जिसके ध्यान से साधक महाविद्यापति हो जाता है।

इक्कीसवें पटल में योगमार्ग के अनुसार सर्वसिद्धिप्रद वीरभाव का साधन कहा गया है। महायोग तो वेदाधीन है, और कुण्डली शक्ति योग के अधीन है, कुण्डली के अधीन चित्त है और चित्त के अधीन समस्त चराचर जगत् है। इस वीरभाव के साधन के बाद प्रथम दल पर (१) **भूमिचक्र** का निरूपण है। यहाँ छः गृह वर्णित हैं। मध्य गृह में अग्निबीज रं का ध्यान होता है। दक्षिण गृह में वारुण बीज 'वं' का ध्यान होता है। (वाम गृह में) देवेन्द्र पूजित पृथ्वी बीज लं का ध्यान होता है, दक्षिण पार्श्व में श्री बीज श्रीं का वामपार्श्व में ब्रह्मसम्मत प्रणव बीज ॐ का ध्यान होता है। इस प्रकार अनेक तरह से भूमि चक्र का ध्यान कहा गया है। द्वितीय दक्षिण पत्र पर महान् प्रभा वाले वान्तबीज 'यं' का ध्यान करना चाहिए। वहाँ पर स्वर्ग की शोभा से सम्पन्न (२) **स्वर्ग चक्र** का अनेक प्रकार से ध्यान कहा गया है। वायवी शक्ति से सम्पन्न इस चक्र के ध्यान से साधक वाक्पति हो जाता है। तृतीय दल पर (३) **तुला चक्र** का विशिष्ट ध्यान एवं उसके फल आदि का निरूपण किया गया है। इस तुला चक्र में षकार से व्याप्त मौन भाव से जप किया जाता है। इससे साधक योगिराट् होकर कुण्डलीजागरण में सामर्थ्य प्राप्त करता है। इसके बाद चतुर्थ दल (४) **वारिचक्र** का निरूपण है। उस वारिचक्र में गङ्गा आदि महानदियों और लवणादि सप्त सागर का एवं समस्त तीर्थों का वर्णन है। इस चक्र के साङ्गोपाङ्ग ध्यान से चिरजीवन एवं योगिराजत्व की प्राप्ति होती है।

बाइसवें पटल में षट्चक्र का फलोदय कहा गया है। (१) प्रथम मूलाधार चक्र चार दलों का महापद्म है जो व से स पर्यन्त (व श ष स) चार स्वर्णिम वर्ण के अक्षरों से युक्त है। इसमें शक्ति–तत्त्व और ब्रह्म–तत्त्व का ध्यान कहा गया है। मूल–विद्या की सिद्धि इसका फल है। (२) मूलाधार महापद्म से ऊपर षड्दल वाले महा प्रभावान् स्वाधिष्ठान् महाचक्र की स्थिति है। इसके छ दलों पर ब से ल पर्यन्त (ब भ म य र ल) वर्णों का और कर्णिका में राकिणी एवं विष्णु का ध्यान करना चाहिए। (३) इसके ऊपर नाभि प्रदेश में करोड़ों मणियों के समान प्रभा वाले मणिपूर चक्र के दश दल कमल पर ड से फ पर्यन्त (ड ढ ण त थ द ध न प फ) वर्णों और लाकिनी एवं रुद्र का ध्यान करना चाहिए। (४) उसके ऊपर बन्धूक पुष्प के समान द्वादश दल वाले अरुण वर्ण के महामोक्षप्रद अनाहत चक्र पर क से ठ पर्यन्त (क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ) वर्णों का और लाकिनी एवं रुद्र का ध्यान करना चाहिए। (५) उसके ऊपर कण्ठ प्रदेश में सोलह दल वाले विशुद्ध चक्र में सोहल स्वरों का और शाकिनी एवं सदाशिव का ध्यान करना चाहिए। (६) पुनः उसके ऊपर भ्रूकुटि में बिन्दु पद हंस स्थान वाले हिमकुन्देन्दु के समान प्रभा वाले दो दल कमल पर आज्ञाचक्र में ल क्ष वर्णों का और सदाशिव शाकिनी का ध्यान करना चाहिए । पुनः सोलह पत्र वाले कण्ठ स्थित अनाहत चक्र में सोलह स्वरों का ध्यान कर कुण्डलिनी को ऊपर ले जाना चाहिए। फिर आज्ञा चक्र में उसे लाकर उसके ध्यान से साधक जीवन्मुक्त हो जाता है।

फिर अनेक श्लोकों में लय योग के साधक को किस प्रकार का होना चाहिए—इसकी चर्चा की गई है।[1] और मन को ही सभी पापों का कारण बताया गया है—

मनः करोति कर्माणि मनो लिप्यति पातके ।
मनः संयमनी भूत्वा पापपुण्यैर्न लिप्यते ॥ (रुद्र० २२.३६)

इसके बाद साधक को सिद्धि प्राप्त करने के उपाय तथा श्रेष्ठ साधक के समयाचार का निरूपण है।[2] फिर कुण्डलिनी के अभ्युत्थान के लिए कुलाचार का वर्णन है ।[3] और प्राणायाम को ही सिद्धि—प्राप्ति का उपाय कहा है।

आगे प्रणव का ध्यान और प्रणव से हंस तथा हंस ही सोऽहं कहा गया है। अन्ततः सोऽहं का ज्ञान ही महाज्ञान है जिससे षट्चक्र का भेदन कहा गया है।[4]

तेइसवें पटल में वायु भक्षण की विधि का निरूपण है। साधक को पूरक, कुम्भक एवं रेचक विधि से उदर को वायु पूरित पञ्च प्राणों को वश में करना चाहिए।[5] बिना आसनों के प्राणायाम की सिद्धि नहीं होती । अतः इसी प्रसङ्ग में पद्मासन आदि सव्यापसव्य भेद से (३२ + ३२ =) ६४ आसनों का विधान किया गया है।[6] इस प्रकार वायु को वश में करने के लिए इस पटल में आसनों का निरूपण किया गया है।

चौबीसवें पटल में बहुत से अन्य आसनों का वर्णन है। पृथ्वी पर सौ लाख हजार आसन कहे गए है। इनमें से कूर्मासन से लेकर वीरासन तक कुछ मुख्य आसनों के स्वरूप का वर्णन है। जब तक चित्त स्थिर नहीं होता, तब तक श्वासन का साधन साधक को नहीं करना चाहिए (११६—११८)। इसके बाद अष्टाङ्ग योग का महत्त्व वर्णित है (१३२—१४४)। अष्टाङ्ग योग की साधना में आसन से दीर्घ जीवन और यम से ज्ञान एवं ज्ञान से कुलपतित्व प्राप्त होता है। नियम से पूजा में शुद्धता, प्राणायम से प्राणवायु का वश में करना, प्रत्याहार से चित्त में भगवान् के चरण कमल की स्थापना, धारणा से वायुसिद्धि, ध्यान से मोक्ष सुख और समाधि से महाज्ञान प्राप्त होता है। अन्त में स्थिर चित्त में श्रीविद्या का ध्यान कहा गया है ।

पचीसवें पटल में सृष्टि की प्रक्रिया में उत्पत्ति, पालन एवं संहार का निरूपण है । अव्यक्त रूप प्रणव से ही सृष्टि होती है। अ उ म— ये तीनों अक्षर आकाश में सदैव भासित होते रहते हैं। अतः सूक्ष्म अकार से सृष्टि और स्थूल कला वाले निरक्षर से उस पर विजय (ॐ) का विनाश होता है। मायादि के वशीकरण से योगप्रतिष्ठा होती है। काम, क्रोध, मोह, मद, मात्सर्य एवं लोभादि से योग की पराकाष्ठा होती है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, मिताहार, प्रपञ्चार्थवर्जन, शौच, ब्रह्मचर्य, आर्जव, क्षमा एवं धैर्य आदि साधक के लिए आवश्यक हैं । योगी का चरमावस्था में ब्रह्मज्ञान परमावश्यक है —

---

१. रुद्र० २२.१५—३६ | २. रुद्र० २२. ३७—६१
३. रुद्र० २२. ६२—८७ | ४. रुद्र० २२.८८—१०९
५. रुद्र० २३.२—२० | ६. रुद्र० २३.२३—११४

शृणुष्व योगिनां नाथ धर्मज्ञो ब्रह्मसञ्ज्ञक ।
अज्ञानध्वान्तमोहानां निर्मलं ब्रह्मसाधनम् ।।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ।
यदि ब्रह्मज्ञानधर्मी स सिद्धो नात्र संशयः ।।

कोटिकन्याप्रदानेन कोटिजापेन किं फलम् ।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ।। (रुद्र०\ २५.३४–३६)

इसी ब्रह्मज्ञान के प्रसङ्ग में योगियों के सूक्ष्म तीर्थ की चर्चा की गई है –

ईडा च भारती गङ्गा पिङ्गला यमुना मता ।
ईडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्ना च सरस्वती ।।

त्रिवेणीसङ्गमो यत्र तीर्थराजः स उच्यते ।
त्रिवेणीसङ्गमे वीरश्चालयेत्तान् पुनः पुनः ।।

सर्वपापाद् विनिर्मुक्तः सिद्धो भवति नान्यथा ।
पुनः पुनः भ्रामयित्वा महातीर्थे निरञ्जने ।। (रुद्र० २५.४५–४७)

फिर प्राणायाम का तीनों सन्ध्याओं में विधान किया गया है (५७–६९)। फिर योगाभ्यास की प्रशंसा कर प्राणायाम के अन्य प्रकार कहे गए हैं (७०–८१)। फिर योगियों के जप के नियम (८२–९७) बताकर खेचरीमुद्रा तथा शाङ्करीविद्या का निरूपण है। अन्त में अध्यात्म तत्त्व का निरूपण करके प्राणायाम को ही सर्वोपरि कहा गया है।

छब्बीसवें पटल में जप एवं ध्यानान्तर–गर्भित प्राणायाम का निरूपण है। जप भी व्यक्त, अव्यक्त एवं अतिसूक्ष्म भेद से तीन प्रकार का बताया गया है। व्यक्त जप वाचिक होता है, अव्यक्त उपांशु और अतिसूक्ष्म जप मानस होता है। ध्यान के २१ प्रकार बताते हुए उसे मनोमात्रसाध्य बताया गया है।

अन्त में पञ्चमकार के सेवन की विधि बताई गई है। वीराचार के साधक के लिए कुल कुण्डलिनी का ध्यान कहकर (६०–६६) स्नान एवं सन्ध्या (७६–९४), उपासक द्वारा तर्पण के प्रकार (९७–१००) एवं सोऽहं भाव से पूजा (अन्तर्याग) की विधि कही गई है (१०१–११७)। योगियों के अन्तर्याग में पुष्प एवं होमविधि वर्णित है (११८–१३०)।

आकाश पद्म से निस्सृत सुधापान मद्य है, पुण्य एवं पाप रूप पशु का ज्ञान की तलवार से संज्ञपन कर परशिव का मनसा मांस खाना ही मांस भक्षण है। शरीर जल में स्थित मत्स्यों का खाना ही मत्स्य भक्षण है। महीगत स्निग्ध एवं सौम्य से उद्‌भूत मुद्रा का ब्रह्माधिकरण में आरोपित कर साधक तर्पण करता है और यही मुद्रा भोजन है। परशक्ति के साथ अपनी आत्मा का (ध्यानगत) संयोग ही मैथुन कहा गया है (१३७–१४८)।

सत्ताइसवें पटल में पुनः प्राणवायु के धारण प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि की विस्तार से चर्चा है। प्रतिपदा–द्वितीया आदि तिथि से लेकर अन्य तिथियों में

प्राणायाम की विधि कही गई है। तिथि का व्यत्यास करने से मरण, रोग एवं बन्धुनाश होता है। प्राणायाम का फल दूरदर्शित्व और दूरश्रवण है। इन्द्रियों का प्रत्याहार कर ईश्वर में भक्ति, खेचरत्व तथा विषय—वासना से निवृत्ति है। धारणा से धैर्य धारण और प्राणवायु का शमन होता है, ध्यान का फल मोक्षसुख है। समाधि का फल जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन से समत्व भाव की उत्पत्ति है।

पुन: अनाहत, विशुद्ध, महापूरक, मणिपूरक और बिन्दु आदि चक्रों का स्वरूप और उनके फल का वर्णन है। षट्चक्र भेदन की प्रक्रिया और पञ्चकृत्यविधि विस्तार से प्रतिपादित है। अन्त में भगवान् शिव के कीर्तन, ध्यान मनन, दास्यभाव, सख्य एवं आत्मनिवेदन का वर्णन है। इस भक्तिभाव से पूजन द्वारा जीवन्मुक्ति की प्राप्ति होती है।

अट्ठाइसवें पटल में मन्त्रसिद्धि का लक्षण कहा गया है। जब मन्त्र सिद्ध होने लगता है तो क्या क्या लक्षण साधक में प्रगट होते हैं, उन्हें १४ श्लोकों में बताया गया है, फिर मन्त्र के दोषों का कथन है। भुवनेशी महाविद्या का वीर्यहीना होना बताया गया है और कामेश्वरी महाविद्या कामराज के द्वारा आविद्ध बताई गई हैं (१८) इस प्रकार भैरवी ब्रह्मदेव द्वारा शापित है। फिर अनेक महाविद्याओं के विधि द्वारा शापित होने का वर्णन है। योगमार्ग के अनुसरण से ही ये प्रसन्न होती हैं। इन महाविद्याओं की सिद्धि (१) वीरभाव से होती है अथवा (२) पुरश्चरण कर्म द्वारा । (३) वीरभाव से स्त्री का पूजन कुल देवी समझकर किया जाता है। षोडशी देवी ही शक्ति के नाम से अभिहित होती है। (४४) योगमार्ग में संलग्न स्त्री डाकिनी देवी कही गई हैं। (४९)। सुन्दरी नारी पराविद्या स्वरूपा है। अत: भाव से पूजन करने से सिद्धि प्राप्त होती है (६१)। फिर पुरश्चरण प्रक्रिया से महाविद्याओं के शाप के उत्कीलन की प्रक्रिया वर्णित है (६२—६५)।

इसके बाद षट्चक्र भेदन की प्रक्रिया वर्णित है। कुण्डलिनी महाभगवती योग से चैतन्यमुखी होती है। अत: कन्दवासिनी देवी (कुण्डलिनी) का स्तोत्र एवं उनका मन्त्र विन्यास भी उन्हीं श्लोकों के मध्य विस्तार से वर्णित है।

उन्तीसवें पटल में पुन: षट्चक्र भेदन कहा गया है। षट् चक्र का ज्ञाता साधक सर्वशास्त्रार्थ का ज्ञाता होता है। मूल पद्म के चार दलों पर व श ष स वर्ण होते हैं। (१) श्रेष्ठभाव से साधन के योग्य, नारायण स्वरूप भावना के योग्य, पञ्च स्थान से उच्चरित होने वाले, तेजोमय आद्याक्षर वकार का ध्यान करना चाहिए । (२) सुवर्णाचल के समान प्रभा वाले, गौरीपति को श्री सम्पन्न करने वाले, पुराणपुरुष लक्ष्मीप्रिय, सुवर्ण वर्ण से वेष्टित शकार का प्रसन्नता से सर्वदा कमल के दक्षिण पत्र पर ध्यान करना चाहिए। (३) ईश्वरी के षष्ठ गुणों के अवतंस षट्पद्म संभेदन करने वाले हेमाचल के समान वर्ण वाले ष वर्ण का ध्यान तृतीय पत्र पर करे। (४) माया तथा महामोह का विनाश करने वाले घननाथ मन्दिर में विराजमान जय प्रदान करने वाले सकार का चतुर्थ पत्र पर ध्यान करे। फिर इसके बाद इन चार वर्णों का क्रमश: ध्यान तथा स्वयम्भूलिङ्ग का ध्यान और उन्हें घेरे हुए सर्प के समान कुण्डलिनी का ध्यान वर्णित है (१२—२०) । फिर सुषुम्ना, वज्र, चित्रिणी, ब्रह्म आदि

नाड़ियों का विवेचन है। अन्त में योगियों द्वारा महालय में मन को लीन करना विवेचित है जिसे 'महाप्रलय' के नाम से जाना जाता है।

तीसवें पटल में मूलाधार पद्म का विवेचन है। षट्चक्र भेदन के लिए भेदिनी मन्त्रोद्धार है और सभी योगिनी मन्त्र का विधान है। मूलाधार में ब्रह्मदेव से युक्त डाकिनी का ध्यान, ब्रह्ममन्त्र तथा डाकिनीमन्त्रराज का उद्धार किया गया है। फिर डाकिनी स्तोत्र में डाकिनी स्तुति (२७—३४) है और ब्रह्म की स्तुति (३५—३८) है। इस स्तोत्र के पाठ मात्र से महान् पातकों का नाश हो जाता है और यदि साधक विशाल नेत्र वाले जगन्नाथ का ध्यान कर स्तोत्र पाठ करता है तो वह योगिराज बन जाता है।

इकतीसवें पटल में भेदिन्यादि देवियों की साधना विधियों का वर्णन है। भेदिनी देवी के साधन से ग्रन्थियों का भेदन सरलता से हो जाता है। इस साधन में प्रथमतः डाकिनी का ध्यान कहा गया है फिर स्तव है (८—१७)।

इस कुण्डलिनी स्तोत्र के पाठ से अनायास सिद्धि प्राप्त होती है और वायु वश में हो जाता है, योगिनियों के दर्शन अकस्मात् होते हैं। इसके बाद छेदिनीस्तव के मध्य श्री वागेशी, कालिका, छेदिनी, लाकिनी राकिणी एवं काकिनी की स्तुति है। इसके बाद योगिनीस्तोत्रसार का वर्णन है (३६—४५)। इस स्तोत्र के पाठ से साधक शिव का भक्त हो जाता है। वह मूलाधार चक्र में स्थिर होने के बाद षट्चक्र में विचरण करता हुआ स्वराज्य प्राप्त करता है।

बत्तीसवें पटल में कुडलिनी देवी के स्तोत्र, ध्यान, न्यास तथा मन्त्र को कहा गया है। पहले कुण्डलिनी का ध्यान है (५—१३)। फिर कुण्डलिनी स्तोत्र है (२१—४२)। जब तक कुण्डलिनी सिद्ध न हो तब तक जप करे। मानस होम, मानस ध्यान, मानस जप, मानस अभिषेक से भावशुद्धि द्वारा भगवती कुण्डलिनी सिद्ध होती हैं। जो प्रणव से सम्पुटित कर पवित्रतापूर्वक नियम से इस कन्दवासिनी स्तोत्र का पाठ करता है वह पृथ्वी में कुण्डलिनी पुत्र हो जाता है—यह इस स्तोत्र की फलश्रुति है ।

तैंतीसवें पटल में कुल कुण्डली कवच का वर्णन है। इसके ऋषि ब्रह्मा हैं और कुल कुण्डलिनी देवता है। फिर देवी से विभिन्न अङ्गों की रक्षा करने की प्रार्थना की गई है (६—६५)। इस कवच के पाठ से रोगमुक्ति, राज्यप्राप्ति और सर्वसिद्धि प्राप्ति होती है है

चौतीसवें पटल में जनन एवं मरण से छुटकारा प्राप्ति के लिए पञ्चस्वर योग का वर्णन है। यह अत्यन्त गोपनीय योग है। भगवती कुण्डलिनी के १००८ नामों के पाठ से साधक महायोगी हो जाता है। नेती, दन्ती, धौती, नेउली और क्षालन ये पञ्चस्वर योग हैं। फिर पञ्चामरा द्रव्यों का विधान है। दूर्वा, विजया, बिल्वपत्र, निर्गुण्डी, काली तुलसी—इनके पत्तो को समान मात्रा में लेकर विजया को दुगुना लेना चाहिए। इसके भक्षण मन्त्रों का निर्देश भी किया गया है। पञ्चामरा का विधान कर नेती योग (४०—४४) और दन्ती योग का (४५—५३) वर्णन है।

पैंतीसवें पटल में धौती योग की विधि वर्णित है। एक हाथ से लेकर ३२ हाथ तक की धोती (वस्त्र) लेना चाहिए। फिर २१–२८ श्लोकों में नेउली कर्म विर्णित है। फिर २८–४५ श्लोक तक क्षालन नाड़ी शोधन का वर्णन और सभी पञ्चस्वर कर्म की फलश्रुति कही गई है।

छत्तीसवें पटल में भगवती कुण्डली देवी के अष्टोत्तर सहस्रनामस्तोत्र का निरूपण है। अष्टोत्तर सहस्रनाम जप के बाद कवच का पाठ कर अपनी रक्षा करनी चाहिए। (१७१–१७५)। इस सहस्रनाम के जप से और कवच के पाठ से करोड़ों जन्मों के पापों का नाश हो जाता है।

सैंतीसवें पटल में पीताम्बरधारी वंशीनाद वाले भगवान् कृष्ण का विमल ध्यान वर्णित है। बिना कृष्णपदाम्भोज के ध्यान के स्वाधिष्ठान चक्र पर विजय नहीं हो सकती। अत: स्वाधिष्ठान भेदन ही इसका फल है।

अड़तीसवें पटल में भगवान् श्री कृष्ण की ध्यानविधि विस्तृत रूप से वर्णित है। इस पटल के ५वें और ६ वें श्लोक में ध्यान का मन्त्र भी गुप्त रूप से उक्त है। पुन: भगवान् नरसिंह के भी ध्यान मन्त्र का संकेत है (१५–१७)। इस ध्यान से स्वाधिष्ठान में सिद्धि प्राप्त कर अपनी आत्मा में चिन्मय कृष्ण में मन का लय करना चाहिए।

उन्तालीसवें पटल में भगवान् श्रीकृष्ण के स्तोत्र एवं कवच पद्धति का विस्तार से प्रतिपादन है। इस स्तोत्र पाठ से पहले साधक उनके कवच मन्त्र से पहले आत्म रक्षा कर ले। इस विधि से एक मास में ही षड्दल में सिद्धि प्राप्त होती है।

चालिसवें पटल में षड्दल कमल के ६ वर्णो का पृथक्–पृथक् ध्यान प्रतिपादित है (१९–२१) । इस प्रकार से षड्दलवर्ण के प्रकाश से शरीर में चित्त की निर्मलता से प्राणवायु की भी शुद्धि होती है ।

इकतालिसवें पटल में राकिणी के साथ योगिराज श्रीकृष्ण का स्तवन है (२०–२१)। इस स्वाधिष्ठान राकिणी स्तोत्र में कृष्णप्रिया से सुख देने की प्रार्थना की गई है। कुलेश जननी माता राधेश्वरी से रोग आदि शत्रुओं से शरीर रक्षा की प्रार्थना की गई है। इस प्रकार स्तोत्र एवं कवच का विस्तार से वर्णन है। इस स्तोत्र के प्रभाव से भव बन्धन से मुक्ति पाकर विश्वामित्र के समान साधक जितेन्द्रिय हो जाता है और भगवान् कृष्ण में अचल भक्ति प्राप्त करता है। इस स्तोत्र का पाठ षट्चक्र भेद के समय सदैव किया जाता है।

बयालिसवें पटल में राकिणी एवं श्रीकृष्ण की प्रीति के लिए हवन एवं तर्पण का विधान है। मन्त्रोद्धार, फिर तर्पण एवं अभिषेक, अन्त में अष्टाङ्ग प्रणाम पूर्वक अर्चना और अष्टोत्तर सहस्रनाम का पाठ करना चाहिए । इस सहस्रनाम की विशेषता है कि इसमें एक नाम श्रीकृष्ण का है और उसी चरण में अन्य नाम राकिणी देवी के हैं । जैसे –

मुकुन्दो मालती माला विमलाविमलाकृति: ।
रमानाथो महादेवी महायोगी प्रभावती ॥ (रुद्र० ४२.१८–२०)

इस स्तोत्र के पाठ से साधक शान्ति प्राप्त करता है । वह अकाल मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है और सभी व्याधियों का नाश होता है । अनायास ही साधक योगिराट हो जाता है। अन्त में कैलासदर्शन आदि और अष्टाङ्गसाधन की विधि कही गई है।

तिरालिसवें पटल में मणिपूरचक्र के भेदन की विधि का निरूपण है। (५३–५४, ५९–६०) यहीं पर भगवान् रुद्र के ध्यान विधि का प्रतिपादन है। गन्ध, पुष्प, धूप, दीप आदि उपचारों से उनका पूजन, प्राणायाम और भक्तिपूर्वक मन्त्र जाप करना चाहिए। जप समर्पण करके पुनः तीन प्राणायाम करे और स्तोत्र एवं कवच से अपने हृदय में देवी को प्रसन्न करे।

चौवालिसवें पटल में मणिपूर भेदन के प्रसङ्ग में ही त्रितत्त्वलाकिनी शक्ति का स्तवन किया गया है। मणिपूर का ध्यान कर क्या नहीं सिद्ध किया जा सकता है। हृदयपद्म के अधोभाग में विधिपूर्वक ध्यान करके योगिराट् होता है और रुद्राणी सहित महारुद्र का दर्शन प्राप्त करता है। इस प्रकार २४ श्लोकों तक पूजा क्रम का विधान् कर २५–३३ तक स्तोत्र है। ३४–३७ तक स्तोत्र की फलश्रुति कही गई है।

पैंतालिसवें पटल में वर्ण ध्यान का वैशिष्ट्य निरूपित है। पूर्वादि दल से लेकर सभी वर्णों का पृथक्–पृथक् ध्यान कहा गया है। ड से लेकर फ पर्यन्त दश वर्णो का ध्यान वर्णित है (४२–५१)। रक्त एवं विद्युत् के समान चमक वाले वर्णों का ध्यान कर सदा कर्णिका के मध्य कुण्डलिनी का ध्यान करे (५३–५८)। फिर कुण्डलिनी का ध्यान प्रतिपादित कर अन्त में रुद्राणी स्तोत्र के पाठ का विधान है ।

बुद्धवसिष्ठ का तारा सम्बन्धी वृत्तान्त

दस महाविद्याओं में से तारा की उपासना विधि सर्वप्रथम वसिष्ठ मुनि के द्वारा महाचीन देश से लाई गई थी । इसका सबसे प्राचीन प्रमाण रुद्रयामल एवं ब्रह्मयामल में प्राप्त होता है । यही मूल उत्स है जो तारा उपासना सम्बन्धी अन्य प्रकरण ग्रन्थों में प्राप्त होता है ।

रुद्रयामल में वसिष्ठ द्वारा तारा महाविद्या की उपासना की कथा १७ वें पटल के १०६ श्लोक से लेकर १६१ श्लोक तक प्राप्त होती है —

वसिष्ठो ब्रह्मपुत्रोऽपि चिरकालं सुसाधनम् ।
चकार निर्जने देशे कृच्छ्रेण तपसा वशी ॥१०६ ॥

... ...

... ...

मद्यं मासं तथा मत्स्यं मुद्रा मैथुनमेव च ।
पुनः पुनः साधयित्वा पूर्णयोगी बभूव सः ॥१६१ ॥

यही बुद्धवसिष्ठ वृत्तान्त ब्रह्मयामल[१] के प्रथम पटल में देवी एवं ईश्वर के संवाद के मध्य इस प्रकार प्राप्त होता है –

"ब्रह्मणो मानसः पुत्रो वशिष्ठः स्थिरसंयमी ।
तारामाराधयामास पुरा नीलाचले मुनिः ॥१३॥
जपन् स तारिणीं विद्यां कामाख्यायोनिमण्डले ।
गमयामास वर्षाणामयुतं ध्यानतत्परः ॥१४॥
वर्षायुतेन तस्यैवं चिरमाराधिता सती ।
नानुग्रहं चकारासौ तारा संसारतारिणी ॥१५॥
अथासौ पितरं गत्वा ब्रह्माणं परमेष्ठिनम् ।
कोपेन ज्वलितो विद्यां तत्याज पितुरन्तिके ॥१६॥
द्वादशादित्यसङ्काशं तपोभिर्ज्वलितं मुनिम् ।
ब्रह्मा हि स मुनिं प्राह शृणु पुत्र ! वचो मम ॥१७॥
तत्त्वज्ञानमयी विद्या तारा भुवनतारिणी ।
आराधय श्रीचरणमनुद्विग्नेन चेतसा ॥१८॥
अस्याः प्रसादादेवाहं भुवनानि चतुर्दश ।
सृजामि चतुरो वेदान् कल्पयामि स्म लीलया ॥१९॥
एनामेव समाराध्य विद्यां भुवनतारिणीम् ।
तत्त्वज्ञानमयो विष्णुर्भुवनं पालयत्यसौ ॥२०॥
संहारकाले च हरो रुद्रमूर्त्तिधरः परः (रम्) ।
तारामेव समाराध्य संहरत्यखिलं जगत् ॥२१॥

... ...

वशिष्ठ उवाच

देवानामादिभूतस्त्वं सर्वविद्यामयः प्रभो ! ।
कथं दत्ता दुराराध्या विद्या मह्यमियं त्वया ॥२२॥
सहस्रवत्सरान् पूर्वमियमाराधिता पुरा ।
नीलाचले निवसता हविष्यं भुञ्जता मया ॥२४॥
तथापि तात ! तारिण्याः करुणा मयि नाभवत् ।
ततो गण्डूषमात्रन्तु काले काले पिबन् जलम् ॥२५॥
आराधयामि तां देवीं वत्सराणां सहस्रकम् ।
तथापि यदि नैवाभूत्तारिण्याः करुणा मयि ॥२६॥
तथा(दा)हमेकपादेन तिष्ठन्नीलाचलोपरि ।
परं समाधिमासाद्य निराहारो दृढव्रतः ॥२७॥

१. ब्रह्मयामल अद्यावधि मुद्रित नहीं हुआ है । प्रस्तुत अंश पाण्डुलिपि से लेकर यहाँ मुद्रित है ।

तामेवाकरुणां ध्यायन् जपंस्तामेव सर्वदा ।
अतिवाहितवान् वर्षं सहस्राष्टकमुत्तमम् ॥ २८ ॥
एवं दशसहस्रन्तु वर्षाणामहमीश्वरीम् ।
कामाख्यायोनिमाश्रित्य समाराधितवान् प्रभो !॥ २९ ॥
अद्याप्यनुग्रहस्तस्यास्तथापि न हि दृश्यते ।
अतस्त्यजामि दु:साध्यां विद्यामेतां सुदु:खित: ॥ ३० ॥
इति तद्वचनं श्रुत्वा ब्रह्मा लोकपितामह: ।
उवाच शान्तयन् पुत्रं वशिष्ठं मुनीनां वरम् ॥ ३१ ॥

ब्रह्मोवाच

वशिष्ठ ! वत्स ! गच्छ त्वं पुनर्नीलाचलं प्रति ।
तत्रस्थितो महादेवीमाराधय दृढ़व्रत: ॥ ३२ ॥
कामाख्या—योनिमाश्रित्य जगत: परमेश्वरीम् ।
अचिरादेव ते सिद्धिर्भविष्यति न संशय: ॥ ३३ ॥
एतस्या: सदृशी विद्या काचिन्न हि जगत्त्रये ।
इमां त्यक्त्वा पुनर्विद्यां अन्यां कां त्वं ग्रहीष्यसि ॥ ३४ ॥
इति तस्य वच: श्रुत्वा प्रणम्य पितरं मुनि: ।
पुनर्जगाम कामाख्या योनिमण्डलसन्निधिम् ॥ ३५ ॥
तत्र गत्वा मुनिवर: पूजासम्भारतत्पर: ।
आराधयन् महामायां वशिष्ठोऽपि जितेन्द्रिय: ॥ ३६ ॥
अथाराधयतस्तस्य सहस्रं परिवत्सरान् ।
जग्मुस्तारा—महादेवी पादाम्भोजानुवर्त्तिण: ॥ ३७ ॥
तथापि तां प्रति प्रीता यदा नाभून्महेश्वरी ।
तदा रोषेण महता जज्वाल स मुनीश्वर: ॥ ३८ ॥
तदा जलं समादाय तां शप्तुमुपचक्रमे ।
एतस्मिन्नेव काले तु रुष्टमालोक्य तं मुनिम् ॥ ३९ ॥
चचाल वसुधा सर्वा सशैल—वनकानना ।
हाहाकारो महानासीद्देवि ! देवेषु सर्वत: ॥ ४० ॥
ततो बभूव पुरतस्तारा संसार—तारिणी ।
वशिष्ठस्तां समालोक्य शशापातीव दारुणम् ॥ ४१ ॥
ततो देवी वशिष्ठेन शप्ता न फलदा भवेत् ।
चीनाचारं विना नैव प्रसीदामि कदाचन ॥ ४२ ॥
उवाच साधकश्रेष्ठं वशिष्ठमनुनीय सा ।
रोषेण दारुणमना: कथं मा मनुशप्तवान् ॥ ४३ ॥
मयि आराधनाचारं बुद्धरूपी जनार्दन: ।
एक एव विजानाति नान्य: कश्चन तत्त्वत: ॥ ४४ ॥

वृथैवायास बहुल (ल) कालोऽयं गमित स्त्वया ।
विरुद्धाचारशीलेन मम तत्त्वमजानता ॥४५॥
उद्‌बोधरूपिणो विष्णोः सान्निध्यं याहि साम्प्रतम् ।
तेनोपदिष्टाचारेण मामाराधय सुव्रत ! ॥
तदैवाशु प्रसन्नास्मि त्वयि यस्या (विप्र) न संशयः ।

द्वितीय पटले

श्रीभैरव उवाच

ततः प्रणम्य तां देवीं वशिष्ठोऽसौ महामुनिः ।
जगामाचारविज्ञानवाञ्छया बुद्धरूपिणम् ॥१॥
ततो गत्वा महाचीनदेशे ज्ञानमयो मुनिः ।
ददर्श हिमवत्पार्श्वे साधकेश्वर सेविते ॥२॥
रणज्जघनरावेण रूपयौवनशालिना ।
मदिरामोदचित्तेन विलासोल्लसितेन च ॥३॥
शृङ्गारसारवेशेन जगन्मोहनकारिणा ।
भयलज्जाविहीनेन देव्या ध्यानपरेण च ॥४॥
कामिनीनां सहस्रेण परिवारितमीश्वरम् ।
मदिरापानसञ्जात– मन्दमन्दविलोचन[1] ॥५॥
दूरादेव विलोक्यैनं वशिष्ठो बुद्धरूपिणम् ।
विस्मयेन समाविष्टः स्मरन् संसारतारिणीम् ॥६॥
किमिदं क्रियते कर्म्म विष्णुना बुद्धरूपिणा ।
वेदवादविरुद्धोयमाचारोऽसम्मतो मम ॥७॥
इति चिन्तयतस्तस्य वशिष्ठस्य महात्मनः ।
आकाशवाणी प्राहाशु मैवं चिन्तय सुव्रत ! ॥८॥
आचारः परमार्थोऽयं तारिणीसाधने मुने ! ।
एतद्विरुद्धभावस्य मते नासौ प्रसीदति ॥९॥
यदि तस्याः प्रसादं त्वमचिरेणाभिवाञ्छसि ।
एतेन चीनाचारेण तदा तां भज सुव्रत ! ॥१०॥
आकाशवाणीमाकर्ण्य रोमाञ्चितकलेवरः ।
वशिष्ठो दण्डवद्भूमौ पपातातीव हर्षितः ॥११॥
अथोत्थायाचिरेणासौ कृताञ्जलिपुटो मुनिः ।
जगाम विष्णोः शरणं बुद्धरूपस्य पार्वति ! ॥१२॥
अथासौ तं समालोक्य मदिरामदविह्वलः ।
प्राह बुद्धः प्रसन्नात्मा किमर्थं त्वमिहागतः ॥१३॥

---

१. मन्दमन्दावलोकनमेव साधीयान् ।

अथ बुद्धं प्रणम्याह भक्तिनम्रो महामुनिः ।
यदुक्तं तारिणीदेव्या निजाराधनकर्म्मणि ॥१४॥
तत् श्रुत्वा भगवान् बुद्धस्तत्त्वज्ञानमयो हरिः ।
वशिष्ठं प्राह मज्ञानं[१] चीनाचाराधिकारणान् (णम्) ॥१५॥
न प्रकाश्योऽयमाचारस्तारिण्याः सर्वदा मुने ! ।
तव भक्तिवशेनास्मि प्रकाश्यमिह तत्परः ॥१६॥

बुद्ध उवाच

अथाचारविधिं वक्ष्ये तारादेव्याः समृद्धिदम् ।
यस्यानुष्ठानमात्रेण भवाब्धौ न निमज्जसि ॥१७॥
समस्तशोकशमन – मानन्दादिविभूतिदम् ।
तत्वज्ञानमयं साक्षाद्विमुक्तिफलदायकम् ॥१८॥
स्नानादि मानसः शौचो मानसः प्रवरो जपः ।
पूजनं मानसं दिव्यं मानसं तर्पणादिकम् ॥१९॥
सर्व एव शुभः कालो नाशुभो विद्यते क्वचित् ।
न विशेषो दिवारात्रौ न सन्ध्यायां महानिशि ॥२०॥
वस्त्रासन – स्थानगेह – देहस्पर्शादिवारिणः ।
शुद्धिं न चाचरेत्तत्र निर्विकल्पं मनश्चरेत् ॥२१॥
नात्र शुद्ध्याद्यपेक्षास्ति न चामेध्यादिदूषणम् ।
सर्वदा पूजयेद्देवीमस्नातः कृतभोजनः ॥२२॥
महानिश्यशुचौ देशे बलिं मन्त्रेण दापयेत् ।
स्त्रीद्वेषो नैव कर्त्तव्यो विशेषात् पूजनं स्त्रियाः ॥२३॥
अतः परं यदुक्तञ्च तदन्यत्र प्रपञ्चितम् ।
'पूजाकालं विना नैव पश्येच्छक्तिं दिगम्बराम् ॥२४॥
पूजाकालं विना नैव सुरा पेया च साधकैः ।
आयुषा हीयते दृष्ट्वा पीत्वा च नरकं व्रजेत् ॥२५॥

इस प्रकार तारा की उपासना चीनाचार क्रम से वसिष्ठ को प्राप्त हुई। यही बात तारा तन्त्र की एक पाण्डुलिपि के षष्ठ पटल में भी कही गई है –

तारातन्त्रं चीनतन्त्रं कालीतन्त्रं गुरूदितम् ।
सर्वथा गोपनायैव शक्तिं वक्षःस्थलेऽर्पयेत् ॥
देयं शिष्याय शान्ताय साधकाय महात्मने ।
विलासिने स्वतन्त्राय गुरुतन्त्राय सुव्रते ॥
(तारातन्त्र ६.९–११)

---

१. मज्ञानं, मानां पञ्चमकाराणां ज्ञानमित्यर्थः ।

तारा महाविद्या के वृत्तान्त की समीक्षा

रुद्रयामलोक्त बुद्धवसिष्ठ वृत्तान्त का सारांश

वसिष्ठ ने निर्जन प्रदेश में तपस्या की। ६ हजार वर्षों तक तपस्या करने के बाद भी जब उन्हें गिरिजा का साक्षात्कार नहीं हुआ तब वह अपने पिता ब्रह्म के पास गए। उन्होंने अन्य मन्त्र की प्रार्थना की और शाप प्रदान की बात भी कही। ब्रह्मा ने उन्हें उपदेश दिया और अन्य मन्त्र ग्रहण का निषेध भी किया। 'इसी मन्त्र से तुम्हें सिद्धि प्राप्त होगी– इस प्रकार उन्हें आश्वस्त किया और देवी के रूप का वर्णन भी किया। वसिष्ठ पुन: तपस्या करने के लिए सागर तट पर आए और एक हजार वर्ष तक तपस्या की। फिर भी जब सिद्धि न प्राप्त हुई तो वे महाविद्या को शाप देने के लिए उद्यत हुए। दो बार आचमन करके ज्योंहि वे शाप देने चले तभी देवी प्रकट हो गई – 'मेरी पूजा पद्धति न जानने वाले आप मुझे अकारण ही शाप दे रहे हैं आदि वाक्यों से उन्हें गर्हित किया और कहा कि बौद्ध देश महाचीन में जाकर महान् भाव वाले मेरे पाद पद्म की अर्चा से महान् सिद्धि प्राप्त करोगे। यह कहकर देवी अन्तर्हित हो गई।

तब वसिष्ठ महाचीन देश गए वहाँ बुद्ध को प्रणाम करके कहा कि 'महादेवी (तारा) की साधना के लिए मैं आपके पास आया हूँ। अत: ब्रह्मा के पुत्र मुझ वसिष्ठ की आप रक्षा करे, रक्षा करें। 'वेद बहिष्कृत उन–उन आचारों को अर्थात् पञ्च मकार के सम्भोग वाली साम्प्रदायिक विधि को जानकर उन्होंने संशय के उच्छेद के लिए प्रार्थना की। वसिष्ठ से भगवान् बुद्ध ने कहा–काम क्रोधादि से रहित होकर निर्जन में शुद्ध होकर योगाभ्यास करना चाहिए। प्रतिदिन योगाभ्यास करके धीरे–धीरे योगी हो जाओगे और इस प्रकार कुलमार्ग का उपदेश किया। कुम्भक (प्राणायाम) सिद्धि में उत्तम, अधम और मध्यम आदि भेद से प्राणायाम की प्रशंसा की। उन्होंने देवी का ध्यान, कुलमार्ग की प्रशंसा, कौलमार्ग से योगसिद्धि का मास आदि काल निर्णय और शक्ति के बिना शिव का अशक्त होना इत्यादि का साधन बतलाया। उस कौलाचार को सुनकर वसिष्ठ मदिरा साधन के लिए कुल मण्डप में गए और मद्यादि पञ्च मकार का पुन: पुन: स्वाद लेकर सिद्धि प्राप्त की।

ब्रह्मयामलोक्त बुद्धवसिष्ठ वृत्तान्त का सारांश

ब्रह्मा के मानस पुत्र वसिष्ठ संयत मन होकर हजारों वर्षों तक नीलाचल पर्वत पर तारा की आराधना करते रहे, किन्तु उन्हें सिद्धि प्राप्ति नहीं हुई। तब वे अपने पिता के पास गए और मन्त्र त्याग कर दिया। तब द्वादश आदित्य के समान प्रज्वलित क्रोधाभिभूत ब्रह्मा ने मुनि से कहा –'तारा की साधाना करके हम लोग सृष्टि, स्थिति (पालन) और अन्त (संहार) का कारण ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश्वर बन गए। अत: तुम भी उन्हीं की आराधना करके सिद्धि प्राप्त करोगे। वसिष्ठ ने नीलाचल पर हविष्य भोजन कर एक हजार वर्ष तक तपस्या की। उसके बाद फिर गण्डूष मात्र जल पीकर एक हजार वर्ष तक तपस्या

की, तथापि देवी की करुणा उन पर नहीं हुई। तब पुन: पृथ्वी पर एक पैर पर खड़े रहकर आठ हजार वर्षों तक सदा उन देवी का ध्यान एवं जप करते हुए तपस्या की । फिर वसिष्ठ ने ब्रह्मा से कहा कि आखिर आप पिता के द्वारा इन दुराराध्य देवी की आराधना करने के लिए मुझे क्यों मन्त्र दिया गया। इन्हीं के सदृश क्या कोई अन्य विद्या नहीं हैं ? इस पर ब्रह्मा ने पुन: कहा कि मेरी आज्ञा से पुन: तुम वहीं जाकर उन्हीं की आराधना से शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त करोगे। इस आज्ञा पर पुन: वसिष्ठ नीलाचल पर गए और नानाविध उपचारों से उन्होंने तारा की आराधना की। इस प्रकार एक हजार वर्षों तक तपस्या करने पर भी उन्हें जब देवी का साक्षात्कार नहीं प्राप्त हुआ। तब क्रोधित होकर मुनि के सामने देवी की भयङ्करी मूर्ति प्रकट हो गई जिसे उन्होंने शाप दे दिया। तब अभिशप्त महाविद्या ने कहा कि 'चीनाचार के बिना मैं प्रसन्न नहीं होऊँगी।' भगवान् बुद्ध के अलावा मेरी आराधना का आचार अन्य कोई नहीं जानता है। अत: उसे बिना जाने ही वृथा समय नष्ट मत करो। बुद्ध रूपी जनार्दन से उपदिष्ट मार्ग से आराधना करके मुझे शीघ्र ही तुम प्राप्त करोगे ।

द्वितीय पटल में भैरव ने भैरवी से कहा – वसिष्ठ देवी को प्रणाम करके महाचीन जाकर बुद्धरूपी जनार्दन का दर्शन प्राप्त कर अत्यन्त विस्मित हो गए। वेद–वाद से विरुद्ध यह आचार है– इस प्रकार सोंचते हुए वसिष्ठ के समक्ष आकाशवाणी हुई। 'यदि (तारा) देवी का प्रसाद तुम शीघ्र प्राप्त करना चाहते हो तो इसी चीनाचार क्रम से मेरा (देवी का) यजन करो।' इस आकाशवाणी को सुनकर मुनि ने रोमाञ्चित होकर उन्हें दण्डवत् प्रणाम किया और फिर बुद्ध रूपी विष्णु के पास गए। वसिष्ठ को देखकर भगवान् बुद्ध ने कहा–यहाँ कैसे आए ? तब वसिष्ठ ने प्रणाम करके उनसे अपना वृत्तान्त कहा। उन प्रणत मुनि को तब बुद्ध ने म का ज्ञान दिया और उस ज्ञान के गोपन की बात भी कही। भगवान् बुद्ध ने चीनाचार विधि बताई और कहा कि मुख्य रूप से इस आचार में स्नानादिक सभी कर्म मानस ही होते हैं। इसमें शुभाशुभ काल का विवेचन नहीं होता। सदैव मन में निर्विकल्पक समाधि ही बनी रहती है। भोजन करके भी पूजादि अनुष्ठान कर्म किया जाता है। अशुद्ध देश में भी महानिशा में भी बलिदान कर्म (मनसा) करना चाहिए। स्त्री से कभी भी विद्वेष न करे, बल्कि स्त्री की पूजा ही करे।

तृतीय पटल में साधक के लिए पूजाकाल को छोड़कर अन्य समय में शक्ति का नग्न दर्शन और सुरापान का प्रतिषेध किया गया है।

इस प्रकार यह शोध का विषय है कि जैसे वसिष्ठ द्वारा तारा की उपासना विधि महाचीन देश से समयाचार में लाई गई वैसे ही और कौन सी उपासना विधि हमारे तन्त्रशास्त्र में बौद्ध सम्प्रदाय से आई है ।

रुद्रयामल का सन्देश

ज्ञान प्राप्ति के लिए वेदोदित कर्म और उपासना दोनों में ही वेदोक्त मार्ग के अनुसार प्रवृत्त होना चाहिए । देवता की उपासना से अन्त:करण शुद्ध हो जाता है । जिससे उत्तम ज्ञान की प्राप्ति होती है । कार्यकारणसंघात शरीर में प्रविष्ट हुआ जीव ही

परब्रह्म है । इसी ज्ञान से साधक मुक्त हो जाता है । अत: मनुष्य देह प्राप्त कर संसार बन्धन से मुक्त नहीं होता, वही महा पापी है । भागवत महापुराण में ऐसा ही कहा भी गया है –

नेह यत्कर्म धर्माय न विरागाय कल्पते ।
न तीर्थपदसेवायै जीवन्नपि मृतो हि सः ॥

—भाग० ३. २३. ५६

'इस संसार में जिस व्यक्ति का कर्म न तो धर्म के लिए होता है, न वैराग्य के लिए और न तीर्थपाद भगवान् की चरणसेवा के लिए ही होता है वह जीते जी भी मरे हुए के समान है ।'

इसलिए उपासना और कर्म से काम-मोक्षादि शत्रुओं का नाश कर आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्पुरुषों को सतत् प्रयत्न करते रहना चाहिए ।

विद्वद्वशंवदः

सुधाकर मालवीयः

गुरुपूर्णिमा
२८ जुलाई, १९९९
बी. ३१/२१ ए, लंका,
वाराणसी – २२१००५

विषयानुक्रमणिका

अथ प्रथमः पटलः १ - ३२

सर्वविद्याऽनुष्ठानकथनम्

विविधसाधनानि ... १

मनुष्यजन्मस्य दुर्लभत्वम् ... २०

गुरुमहिमा स्वमहिमा च ... २५

श्लोकाङ्काः २४४

अथ द्वितीयः पटलः ३३ - ५५

कुलाचारविधिः

गुरुस्तोत्रम् ... ३७

गुरुलक्षणम् ... ४०

शिष्यलक्षणम् ... ४१

मन्त्रदीक्षाविचारः ... ४६

दीक्षाविधिः ... ५०

श्लोकाङ्काः १६२

अथ तृतीयः पटलः ५६ - ७७

दीक्षायां सर्वचक्रानुष्ठानम्

दीक्षायां चक्रविचारः ... ५६

(१) अकडमचक्रम् ... ५८

(२) पद्माकार-अष्टदल-महाचक्रम् ... ६०

(३) कुलाकुलचक्रम् ... ६१

(४) ताराचक्रम् ... ६२

वर्णानां देवत्वादेवत्वगणविचारः ... ६३

(५) राशिचक्रम् ... ६५

(६) कूर्मचक्रम् ... ६६

(७) शिवचक्रम् ... ६८

(८) विष्णुचक्रम् ... ७३

श्लोकाङ्काः १४५

अथ चतुर्थः पटलः ७८ - १०३

दीक्षायां सर्वचक्रानुष्ठानम्

(१) ब्रह्मचक्रम् ... ७८

(२) श्रीचक्रम् ... ८३

मन्त्रदोषादिनिर्णयः ... ९२

(३) उल्काचक्रम् ... ९२

(४) रामचक्रम् ... ९४

(५) चतुष्चक्रम् ... ९७

(६) सूक्ष्मचक्रम् ... १००

श्लोकाङ्काः १९२

अथ पञ्चमः पटलः १०४ - ११०

मन्त्रादिदोषनिर्णयः

मन्त्रसंस्कारार्थे महा-अकथहचक्रम् ... १०४

चक्रफलकथनम् ... १०८

श्लोकाङ्काः ४५

अथ षष्ठः पटलः १११ - १२६

कुमार्युपचर्याविन्यासः

पशुभावविवेचनम् ... १११

सुषुम्नासाधनम् ... ११२

कुण्डलिनीस्तवः ... ११४

पशुभावप्रशंसा ... ११८

भावविद्याविधिः ... १२१

कुमारीलक्षणम् ... १२३

श्लोकाङ्काः १०६

अथ सप्तमः पटलः १२७ - १३९

कुमारीपूजाविधानम्

कुमारीस्तोत्रम् १३८

श्लोकाङ्काः ९४

अथाष्टमः पटलः १४० - १५२

कुमारीपूजाविधानम्

कुमारीजपहोमौ ... १४०

कुमारीस्तवः ... १४१

कुमारीतर्पणम् ... १४८
श्लोकाङ्काः ६७

अथ नवमः पटलः **१५३ - १५८**
कुमारीकवचोल्लासः
त्रैलोक्यमङ्गलकुमारीकवचम् ... १५३
श्लोकाङ्काः ४४

अथ दशमः पटलः **१५९ - १८०**
कुमार्या सहस्त्रनामानि
कुमार्याः अष्टोत्तरसहस्त्रनामकवचम् ... १५९
श्लोकाङ्काः १८५

अथैकादशः पटलः **१८१ – १९१**
भावप्रश्नार्थबोधनिर्णयः
दिव्य-वीर-पशुभावानां स्वरूपकीर्तनम् ... १८२
दिव्यभावे वीरभावः ... १८५
उत्तमसाधकस्य लक्षणम् ... १८६
श्लोकाङ्काः ७५

अथ द्वादशः पटलः **१९२ - २००**
पञ्चस्वरविधानम्
भावप्रश्नार्थबोधकथनम् ... १९२
(१) महासूक्ष्मफल-ज्ञापकचक्रम् ... १९३
(२) प्रश्नफलबोधकचक्रम् ... १९५
(३) राशिचक्रम् ... १९६
(४) आज्ञाचक्रफलम् ... १९६
वाग्देवताध्यानम् ... १९९
श्लोकाङ्काः ५३

अथ त्रयोदशः पटलः **२०१ - २१५**
वर्णविन्यासनिर्णयकथनम्
आज्ञाप्रश्नार्थभावः ... २०१
अकाराद्यक्षरक्रमेणप्रश्नफलम् ... २०१
कलिकालोद्भवः ... २१४
श्लोकाङ्काः ९०

अथ चतुर्दशः पटलः २१६ - २२८

नाक्षत्रिकचक्रफलम्

भरण्यादिपुष्यनक्षत्राणां –

राश्याधिपानां च फलानि . . . २१६

रव्यादि-वारप्रश्नफलकथनम् . . . २१९

आश्लेषादिनक्षत्रफलकथनम् . . . २२२

नक्षत्राधिपतिफलविचारः . . . २२३

तत्तन्नक्षत्रदेवतानां प्रश्ने फलकथनम् . . . २२३

सुषुम्नान्तरगामिनी आत्रेयीशक्तिविवेचनम् . . . २२६

श्लोकाङ्काः ७४

अथ पञ्चदशः पटलः २२९ - २३८

वेदप्रकरणम्

योगि-ब्रह्मज्ञानी-वैष्णवादिसिद्धानां प्रश्नोत्तराणि २२९

ब्रह्मविवेचनम् . . . २३०

कुण्डलिनीविवेचनम् . . . २३१

वायवीशक्तिनिरूपणम् . . . २३२

वैष्णवभक्तस्य स्वरूपकथनम् . . . २३४

याज्ञिकलक्षणम् . . . २३५

ब्रह्मज्ञानीलक्षणम् . . . २३६

श्लोकाङ्काः ६५

अथ षोडशः पटलः २३९ - २४५

सामवेदमधश्चक्रस्वरूपकथनम्

गुरुमीश्वरकीर्तनम् . . . २४०

हाकिनीदेवीध्यानम् . . . २४३

कुलमार्गकथनम् . . . २४४

श्लोकाङ्काः ४६

अथ सप्तदशः पटलः २४६ - २६७

शक्त्याचारसमन्वितम् अथर्ववेदलक्षणम्

अथर्ववेदचक्रस्थाकुण्डलिनीमहिमा . . . २४७

वायवीसिद्धिः . . . २५०

स्थिरचित्तसाधकस्य लक्षणम् . . . २५३

बुद्धवसिष्ठवृत्तान्तः . . . २५९

वसिष्ठस्य महाचीने गमनम् ... २६२
महाचीनाचार: ... २६३
श्लोकाङ्का: १६३

अथाष्टादश: पटल: २६८ - २८३

कामचक्रसारसंकेते चतुर्वेदोल्लास:
कामचक्रफलोद्‌भवम् ... २६८
वर्णदेवता, तस्य स्वरूपकथनम् ... २७०
षोडशस्वरफलकथनम् ... २८१-२८३
वर्गे वर्गे फलकथनम् ... २८२-२८३
श्लोकाङ्का: ८३

अथोनविंश: पटल: २८४ - २९०

प्रश्नचक्रस्वरूपकथनम्
प्रश्नादिकथने सिद्धिविधानम् ... २८५
श्लोकाङ्का: ५०

अथ विंश: पटल: २९१ - २९७

सिद्धमन्त्रस्वरूपकथनम्
सिद्धमन्त्रविचार: ... २९१
षट्‌कोणस्थवर्णमन्त्रान् ... २९२
अष्टकोणस्य ऊर्ध्वदेशे –
वर्णमालाविधानम् ... २९५
श्लोकाङ्का: ४३

अथैकविंश: पटल: २९८ - ३१३

मूलपद्मोल्लास:
वीरभावस्य माहात्म्यम् ... २९८
(१) भूमिचक्रम् ... ३०४
(२) स्वर्गचक्रम् ... ३०५
तृतीयदलमाहात्म्यम् ... ३०८
(३) तुलाचक्रम् ... ३०८
अन्यदलमाहात्म्यम् ... ३१०
(४) वारिचक्रम् ... ३१०
श्लोकाङ्का: ११४

अथ द्वाविंश: पटल: ३१४ - ३२९

षट्चक्रसारसंकेते योगशिक्षाविधिनिर्णय:

(१) मूलाधारमहापद्मविवेचनम् ... ३१४

(२) स्वाधिष्ठानमहाचक्रम् ... ३१५

(३) मणिपूरचक्रम् ... ३१५

(४) अनाहतचक्रम् ... ३१५

(५) आज्ञाचक्रमहापद्मविवेचनम् ... ३१६

(६) विशुद्धचक्रमहापद्मविवेचनम् ... ३१६

योगभ्रंशकारणम् ... ३१८

योगग्रहणकाल: ... ३१८

वीरसाधनाविधिनिषेध ... ३२०

हंसमन्त्र ... ३२६

श्लोकाङ्का: १०९

अथ त्रयोविंश: पटल: ३३० - ३४५

आसननिरूपणम्

योगिनां भोजननियम: ... ३३०

आसननियमस्तद्भेदांश्च ... ३३३

श्लोकाङ्का: ११४

अथ चतुर्विंश: पटल: ३४६ - ३६५

योगविद्यासाधनम्

योगसाधननिरूपणम् ... ३४६

शवसाधनानिरूपणम् ... ३५३

शवसाधनाफलश्रुतिकथनम् ... ३६१

शवसाधकस्य विधि-निषेधकथनम् ... ३६२

अष्टाङ्गयोगनिरूपणम् ... ३६३

श्लोकाङ्का: १४४

अथ पञ्चविंश: पटल: ३६६ - ३८४

षट्चक्रसारसंकेते प्राणायामोल्लास:

सूक्ष्मसृष्टिस्थितिसंहारकथनम् ... ३६६

योगिनां सूक्ष्मतीर्थानि ... ३७२

योगिनां जपनियम: ... ३७७

शाङ्करी–विद्यानिरूपणम् ... ३८०

आध्यात्मनिरूपणम् ... ३८०

आध्यात्मज्ञाननिरूपणम् ... ३८१

श्लोकाङ्का: १२९

अथ षडविंश: पटल: ३८५ - ४०५

षट्चक्रभेद:

देव्या वीरध्येयरूपम् ... ३९३

योगिनां सूक्ष्मस्नानम् ... ३९५

कौलानां संध्या ... ३९७

कौलतर्पणम् ... ३९८

मानसपूजा ... ३९९

मानसहोम: ... ४०१

पञ्चमकारयजनम् ... ४०२

पञ्चमकारमाहात्म्यम् ... ४०५

श्लोकाङ्का: १४८

अथ सप्तविंश: पटल: ४०६ - ४२०

षट्चक्रसारसंकेते अष्टाङ्गयोगनिरूपणम्

प्राणायामलक्षणम् ... ४०६

प्रत्याहार: ... ४०९

भावमाहात्म्यम् ... ४१०

धारणा ... ४१०

ध्यान ... ४१०

समाधि: ... ४११

मन्त्रयोगार्थनिर्णयकथनम् ... ४१२

हृदयाब्जकथनम् ... ४१४

दार्शनिकमतकथनम् ... ४१५

ध्यानलक्ष्यनिरूपणम् ... ४१७

श्लोकाङ्का: १०५

अथाष्टाविंश: पटल: ४२१ - ४३८

कन्दवासिनीस्तोत्रम्

मन्त्रसिद्धिलक्षणम् ... ४२१

भैरवीलक्षणम् ... ४२५

भैरवीचक्रम् ... ४२६

भैरवीपूजा ... ४३०
कुण्डलिनीस्तवः ... ४३२
श्लोकाङ्काः १०६

अथैकोनत्रिंशः पटलः **४३९ - ४४५**

षट्चक्रयोगकथनम्

षट्चक्रयोगः ... ४३९
मनोमहाप्रलयः ... ४४३
श्लोकाङ्काः ४३

अथ त्रिंशः पटलः **४४६ - ४५३**

मूलपद्मविवेचनम्

भेदिनीमन्त्रकथनम् ... ४४६
स्त्रीयोगिनीमन्त्रकथनम् ... ४४७
ब्रह्ममन्त्रकथनम् ... ४४८
डाकिनीमन्त्रराजकथनम् ... ४४९
कालिपावनस्तोत्रम् (डाकिनीस्तोत्रम्) ... ४५०
श्लोकाङ्काः ४१

अथैकत्रिंशः पटलः **४५४ - ४६३**

भेदिन्यादिस्तोत्रकथनम्

डाकिनीस्वरूपकथनम् ... ४५४
छेदिनीस्तवः ... ४५८
योगिनीस्तोत्रसारः ... ४६०
श्लोकाङ्काः ४६

अथ द्वात्रिंशः पटलः **४६४ - ४७०**

कन्दवासिनीस्तोत्रम्

कुण्डलिनीध्यानम् ... ४६४
कुण्डलिनीस्तोत्रम् ... ४६७
श्लोकाङ्काः ४३

अथ त्रयस्त्रिंशः पटलः **४७१ - ४७९**

कन्दवासिनीकवचम्

कुलकुण्डलीकवचम् ... ४७२
श्लोकाङ्काः ६५

अथ चतुस्त्रिंशः पटलः ४८० - ४८८

पञ्चामरासाधनम्

पञ्चामराविधानम् ... ४८२

श्लोकाङ्काः ५७

अथ पञ्चत्रिंशः पटलः ४८९ - ४९५

पञ्चस्वरयोगसाधनम्

पञ्च (षट्) कर्मनिरूपणम् ... ४८९

श्लोकाङ्काः ४५

अथ षट्त्रिंशः पटलः ४९६ - ५२०

कुण्डलिनीसहस्रनामस्तोत्रम्

कुण्डलिनीसहस्रनामानि ... ४९६

श्लोकाङ्काः २१०

अथ सप्तत्रिंशः पटलः ५२१ - ५२८

स्वाधिष्ठानप्रकाशनप्रकारकथनम्

स्वाधिष्ठानश्रीकृष्णराकिणीसाधनम् ... ५२१

श्लोकाङ्काः ३५

अथाष्टात्रिंशः पटलः ५२९ - ५३६

श्रीकृष्णसाधनम्

नृसिंहमन्त्रसाधनम् ... ५३०

श्रीकृष्णमन्त्रकथनम् ... ५३२

श्रीकृष्णध्यानम् ... ५३३

श्लोकाङ्काः ५८

अथैकोनचत्वारिंशः पटलः ५३७ - ५४६

श्रीकृष्णस्तवनकवचम्

श्रीकृष्णस्तोत्रम् ... ५३७

श्लोकाङ्काः ३४

अथ चत्वारिंशः पटलः ५४७ - ५५१

षड्दलवर्णप्रकाशनम्

श्लोकाङ्काः २३

अथैकचत्वारिंशः पटलः ५५२ - ५६१

स्वाधिष्ठानराकिणीस्तोत्रम्

पञ्चाचारमहिमा ... ५५४

राकिणी(राधिका)स्तवम् . . . ५५४

श्लोकाङ्काः ४६

अथ द्विचत्त्वारिंशः पटलः **५६२ - ५९०**

राकिणी(राधा)साधनम्

राकिणीमन्त्राः . . . ५८५

श्रीकृष्णराकिणीसहस्रनामानि . . . ५८५

षड्चक्रभेदाः . . . ५८५

श्लोकाङ्काः १७९

अथ त्रिचत्त्वारिंशः पटलः **५९१ - ६०३**

मणिपूरचक्रभेदप्रकारकथनम्

कामिनीवशीकरणम् . . . ५९१

जीवस्वरूपकथनम् . . . ५९६

भावमहिमानिरूपणम् . . . ५९९

श्लोकाङ्काः ८७

अथ चतुश्चत्त्वारिंशः पटलः **६०४ - ६११**

त्रितत्त्वलाकिनीशक्तिस्तवनम्

मणिपूरचक्रभेदनम् . . . ६०४

त्रितत्त्वलाकिनीस्तवनम् . . . ६०७

श्लोकाङ्काः ३८

अथ पंचचत्त्वारिंशः पटलः **६१२ - ६२२**

वर्णध्यानम्

कालक्रमकथनम् . . . ६१२

मणिपूरचक्रसाधनम् . . . ६१७

पूर्वादिदलगतवर्णानां ध्यानाम् . . . ६१८

श्लोकाङ्काः ५८

रुद्रयामलम्

[उत्तरतन्त्रम्]

(प्रथमो भागः)

श्रीय
ब्रह्म

वाल

॥ श्रीः ॥

रुद्रयामलम्

(उत्तरतन्त्रम्)

अथ प्रथमः पटलः

भैरव उवाच

परा श्रीपरमेशानीवदनाम्भोजनिःसृतम् ।
श्रीयामलं महातन्त्रं स्वतन्त्रं विष्णुयामलम् ॥ १ ॥
शक्तियामलमाख्यातं ब्रह्मणः स्तुतिहेतुना ।
ब्रह्मयामलवेदाङ्गं सर्वञ्च कथितं प्रिये ॥ २ ॥

* सरला *

साम्बं सदाशिवं नत्वा गजवक्त्रं सरस्वतीम् ।
स्वपितरं मनसा ध्यात्वा मातरं कमलां सतीम् ॥ १ ॥
रामान्वितकुबेरस्य आत्मजः श्रीसुधाकरः ।
रुद्रयामलग्रन्थस्य भाषाटीकां तनोम्यहम् ॥ २ ॥
सिद्धिं दिशन्तु मे देव्यो मातरो ललितादयः ।
तन्त्रप्रोक्तास्तथा देवा भैरवीभैरवादयः ॥ ३ ॥
दूरीकुर्वन्तु विघ्नानि मङ्गलानि दिशन्तु च ।
पारयन्तु च तन्त्राब्धिं दुर्विगाहं सुदुस्तरम् ॥ ४ ॥

श्रीभैरव ने कहा—हे प्रिये ! आपने परा श्रीपरमेशानी के मुखकमल से निर्गत श्रीयामल नामक महातन्त्र, (विष्णु के द्वारा प्रतिपादित) स्वतन्त्र विष्णुयामल, शक्तियामल और ब्रह्मदेव की स्तुति से युक्त सम्पूर्ण ब्रह्मयामल नामक वेदाङ्ग का वर्णन किया ॥ १-२ ॥

इदानीमुत्तराकाण्डं वद श्रीरुद्रयामलम् ।
यदि भाग्यवशाद् देवि! तव श्रीमुखपङ्कजे ॥ ३ ॥

हे देवि ! इस समय हम लोगों के सौभाग्य से यदि आपके श्रीमुखकमल में उत्तरकाण्ड वाला श्रीरुद्रयामल तन्त्र विद्यमान है तो उसे भी कहिए ॥ ३ ॥

यानि यानि स्वतन्त्राणि संदत्तानि महीतले ।
प्रकाशय महातन्त्रं नान्यतन्त्रेषु तृप्तिमान् ॥ ४ ॥

सर्ववेदान्तवेदेषु कथितव्यं ततः परम् ।
तदा ते भक्तवर्गाणां सिद्धिः सञ्चरते ध्रुवम् ॥ ५ ॥

इतना ही नहीं भूलोकवासी जनों के लिये जितने जितने तन्त्र आपने प्रदान किये हैं और जो अन्य तन्त्रों मे प्रतिपादित नहीं हैं उस तृप्तिदायक महातन्त्र को आप कहें । सभी वेदान्त (आदि दर्शनों) एवं सभी वेदों में प्रतिपादित वर्णनों को तथा उससे अन्य तन्त्रों के प्रतिपाद्य को भी कहें । अतः आप स्वविषयक तन्त्र कहें क्योंकि आपके भक्त वर्गों को उसी से निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ४-५ ॥

यदि भक्ते दया भद्रे ! वद त्रिपुरसुन्दरि [१] ।
महाभैरववाक्यञ्च पङ्कजायतलोचना [२] ॥ ६ ॥
श्रुत्वोवाच महाकाली कथयामास भैरवम् ।

हे कल्याणकारिणि ! हे कमल के समान विशाल नेत्रों वाली त्रिपुरसुन्दरि ! यदि मुझ भक्त के ऊपर आपकी दया है तो आप अवश्य ही महाभैरव के वाक्य को भी प्रकाशित करें । इस प्रकार महाभैरव के वाक्य को सुन कर महाकाली ने भैरव से कहा ॥ ६-७ ॥

भैरवी उवाच

शम्भो महात्मदर्पघ्न कामहीन कुलाकुल ॥ ७ ॥
चन्द्रमण्डलशीर्षाक्ष हालाहलनिषेवक ।
अद्वितीयाघोरमूर्त्ते [३] रक्तवर्णशिखोज्ज्वल ॥ ८ ॥
महाऋषिपते [४] देव सर्वेषाञ्च नमो नमः ।
सर्वेषां प्राणमथन शृणु आनन्दभैरव ॥ ९ ॥

भैरवी ने कहा—हे शम्भो ! हे बड़े बड़े आत्माओं के गर्व को चूर्ण करने वाले ! हे कामहीन ! हे कुलाकुलस्वरूप ! हे शिर पर चन्द्रमण्डलयुक्त नेत्र धारण करने वाले ! हे हलाहल विष पीने वाले ! हे अद्वितीय ! हे अघोर (निष्पाप) स्वरूप ! हे रक्तवर्ण की शिखा धारण करने वाले ! हे महाऋषिपते ! हे सबके द्वारा बारम्बार नमस्कार किए जाने वाले आपको नमस्कार है । हे समस्त प्राणियों के प्राणों का संहार करने वाले आनन्दभैरव ! सुनिए ॥ ७-९ ॥

आदौ बालाभैरवीणां साधनं षट्कलात्मकम् ।
पश्चात् कुमारीललितासाधनं परमाद्भुतम् ॥ १० ॥
कुरुकुल्लाविप्रचित्तासाधनं शक्तिसाधनम् ।
योगिनीखेचरीयक्षकन्यकासाधनं [५] ततः ॥ ११ ॥

---

१. सम्बोधनविभक्त्यन्तमिति ह्रस्वान्तम् ।

२. पङ्कजानि इवायतलोचनानि यस्या इति बहुव्रीहिः । श्रुत्वा पङ्कजलोचना—क० ।

३. अद्वितीया अघोरा मूर्तिर्यस्येति बहुव्रीहिः, स्त्रियाः पुंवदित्यादिना पुंवद्भावः ।

४. पतिः शिवः—इति ग० पुस्तके पाठः । ५. यज्ञकन्यका० इति सं० पाठः ।

(अब विविध साधनों को दसवें श्लोक से लेकर सौवें श्लोक तक संगृहीत कर ग्रन्थकार ग्रन्थारम्भ में अनुक्रमणिका को भैरवी के मुख से प्रस्तुत करते हैं—)

(इस रुद्रयामलतन्त्र में) प्रथमतः बाला भैरवियों का षट्कलात्मक साधन वर्णित है । इसके पश्चात् अत्यद्भुत कुमारीललिता साधन, कुरुकुल्ला विप्रचित्तासाधन, शक्तिसाधन, इसके बाद योगिनी, खेचरी और यक्षकन्यका साधन वर्णित हैं ॥ १०-११ ॥

उन्मत्तभैरवीविद्या-कालीविद्यादिसाधनम् ।
पञ्चमुद्रासाधनञ्च पञ्चबाणादिसाधनम् ॥ १२ ॥
प्रत्यङ्गिरासाधनञ्च कलौ साक्षात्करं परम् ।
हरितालिकास्वर्णविद्याधूम्रविद्यादिसाधनम् ॥ १३ ॥
आकाशगङ्गा विविधा[१] कन्यकासाधनं ततः ।
भूलतासाधनं[२] सिद्धसाधनं तदनन्तरम् ॥ १४ ॥
उल्काविद्यासाधनं च पञ्चतारादिसाधनम् ।
अपराजितापुरुहूताचामुण्डासाधनं ततः ॥ १५ ॥

फिर उन्मत्त भैरवी विद्या, काली विद्यादि साधन, पञ्चमुद्रा साधन, पञ्चबाणादि साधन, कलि में साक्षात् फल देने वाली प्रत्यङ्गिरा साधन, हरितालिका स्वर्णविद्या, धूम्रविद्यादि साधन, इसके बाद आकाशगङ्गा, विविधकन्यका साधन, भूलता साधन, सिद्ध साधन, इसके बाद उल्काविद्या साधन, पञ्चतारादि साधन, फिर अपराजिता पुरुहूताचामुण्डा साधन वर्णित है ॥ १२-१५ ॥

कालिकासाधनं कौलसाधनं घनसाधनम् ।
चर्चिकासाधनं पश्चात् घर्घरासाधनं ततः ॥ १६ ॥
विमलासाधनं रौद्री[३]त्रिपुरासाधनं ततः ।
सम्पत्प्रदासप्तकूटासाधनं [४]चेटीसाधनम् ।
शक्तिकूटादिषट्कूटानवकूटादिसाधनम् ॥ १७ ॥
कनकाभाकाञ्चनाभावह्न्याभासाधनं ततः ।
वज्रकूटापञ्चकूटासकलासाधनं ततः ॥ १८ ॥
तारिणीसाधनं पश्चात् षोडशीसाधनं स्मृतम् ।
छिन्नादि-उग्रप्रचण्ड्यादिसाधनं सुमनोहरम् ॥ १९ ॥

कालिकासाधन, कौलसाधन, घनसाधन, चर्च्चिकासाधन, पश्चात् घर्घरासाधन, विमला-साधन तथा रौद्रीत्रिपुरासाधन, फिर संपत्प्रदासप्तकूटासाधन, चेटीसाधन, इसके बाद शक्तिकूटादिषट्-कूटा तथा नवकूटादि साधन, फिर कनकाभा, काञ्चनाभा तथा वह्न्याभासाधन, फिर वज्रकूटा, पञ्चकूटासाधन, सकलासाधन, तारिणीसाधन इसके पश्चात् षोडशीसाधन का विधान कहा

---

१. विबुधा बालुकासाधनं ततः—क०, विवधा—ख० ।

२. भूतबलिसाधनं ततः—क० पुस्तके पाठः ।

३. संज्ञायामिति निषेधान्न पुंवद्भावः । ४. त्रिकुटासाधनं ततः—क० ।

गया है। इसके बाद अत्यन्त मनोहर छिन्ना, उग्रा तथा प्रचण्डादिसाधन, वर्णित है ॥ १६-१९ ॥

उल्कामुखीरक्तमुखीसाधनं वीरसाधनम् ।
नानाविधाननिर्माणशवसाधनमेव च ॥ २० ॥
कृत्वा देवीसाधनञ्च कृत्वाहिसाधनं ततः ।
नक्षत्रविद्यापटलं कालीपटलमेव च ॥ २१ ॥
श्मशानकालिकादेवीसाधनं भूतसाधनम् ।
रतिक्रीडासाधनञ्च सुन्दरीसाधनं तथा ॥ २२ ॥
महामालासाधनञ्च महामायादिसाधनम् ।
भद्रकालीसाधनञ्च नीलासाधनमेव च ॥ २३ ॥
भुवनेशीसाधनञ्च[1] दुर्गासाधनमेव च ।
वाराहीगारुडीचान्द्रीसाधनं परमाद्भुतम् ॥ २४ ॥

फिर उल्कामुखीसाधन, रक्तमुखीसाधन, वीरसाधन और नाना विधानों से निर्माणपूर्वक शवसाधन, फिर देवीसाधन, तदनन्तर अहिसाधन, फिर नक्षत्रविद्यापटल, कालीपटल, फिर श्मशान में रहने वाली कालिका देवी का साधन, भूतसाधन, रतिक्रीडा-साधन, तदनन्तर सुन्दरीसाधन महामालासाधन, महामायादिसाधन, भद्रकालीसाधन, नीलासाधन, भुवनेशीसाधन, दुर्गासाधन, फिर अत्यन्त अद्भुत वाराहीसाधन, गारुडीसाधन और चान्द्रीसाधन कहा गया है ॥ २०-२४ ॥

ब्रह्माणीसाधनं पश्चाद् हंसीसाधनमुत्तमम् ।
माहेश्वरीसाधनञ्च कौमारीसाधनं तथा ॥ २५ ॥
वैष्णवीसाधनं धात्रीधनदारतिसाधनम् ।
पञ्चाभ्राबलिपूर्णास्या[2] नारसिंहीसुसाधनम् ॥ २६ ॥
कालिन्दी[3]रुक्मिणीविद्याराधाविद्यादिसाधनम् ।
गोपीश्वरीपद्मनेत्रापद्ममालादिसाधनम् ॥ २७ ॥
मुण्डमालासाधनञ्च भृङ्गारीसाधनं ततः ।
सकलाकर्षणीविद्याकपालिन्यादिसाधनम् ॥ २८ ॥
गुह्यकालीसाधनञ्च बँगलामुखीसाधनम् ।
महाबालासाधनञ्च[4] कलावत्यादिसाधनम् ॥ २९ ॥

---

१. कामाख्यासाधनं भद्रे भानुमत्याश्च साधनम् । महारात्रिसाधनञ्च सप्तमीसाधनं तथा ॥
पञ्चमीरोहिणीकुल्यासाधनं साभिचारकम् । अष्टमीविषमाषष्ठीकौशल्यासाधनं ततः ॥
विजयासाधनं मुद्रा देवीसाधनमेव च । इत्यधिकः पाठः—क० ।

२. पञ्चास्यबलिपूर्णास्या—क० पुस्तके पाठः ।

३. ऐन्द्रीघोरतराविद्यासाधनं रतिसाधनम् । वज्रज्वालासाधनञ्च चन्द्रदुर्गादिसाधनम् ॥
महाविद्यासाधनञ्च लक्ष्मीसाधनमेव च । शाकम्भरीसाधनञ्च भ्रामरीसाधनं तथा ॥
रक्तदण्डामहाविद्यापूर्वविद्यादिसाधनम् । इत्यधिकः पाठः—ख० पुस्तके ।

४. महाबला०—इति क० पुस्तके पाठः ।

कुलजाकलिकाकक्षाकुक्कुटीसाधनं महत् ।
चिञ्चादेवीसाधनञ्च शाङ्करीगूढसाधनम् ॥ ३० ॥

ब्रह्माणीसाधन, इसके पश्चात् हंसीसाधन कहा गया है, इसके बाद माहेश्वरीसाधन और कौमारीसाधन फिर वैष्णवीसाधन फिर धात्रीसाधन एवं धनदारतिसाधन, फिर पञ्चाभ्राबलिपूर्णास्या एवं नारसिंहीसाधन, कालिन्दी, रुक्मिणीविद्या और राधाविद्यादिसाधन, फिर गोपीश्वरी, पद्मनेत्रा पद्ममालादिसाधन, मुण्डमालासाधन, इसके बाद भृङ्गारीसाधन फिर सकलाकर्षिणीविद्या, फिर कपालिन्यादिसाधन, गुह्यकालीसाधन, बगलामुखीसाधन, फिर महाबालासाधन, कलावत्यादि साधन, फिर कुलजा, कालिका, कक्षा एवं कुक्कुटीसाधन, चिञ्चादेवीसाधन और शाङ्करीगूढ़साधन का विस्तारपूर्वक वर्णन है ॥ २५-३० ॥

प्रफुल्लाब्जमुखीविद्याकाकिनीसाधनं ततः ।
कुब्जिकासाधनं नित्यासरस्वत्यादिसाधनम् ॥ ३१ ॥
भूर्लेखाशशिमुकुटा-उग्रकाल्यादिसाधनम् ।
मणिद्वीपेश्वरीधात्रीसाधनं यक्षसाधनम्[1] ॥ ३२ ॥
केतकीकमलाकान्तिप्रदाभेद्यादिसाधनम्[2] ।
वागीश्वरीमहाविद्या[3] अन्नपूर्णादिसाधनम्[4] ॥ ३३ ॥
वज्रदण्डारक्तमयीमन्वारीसाधनं[5] तथा ।
हस्तिनीहस्तिकर्णाद्यामातङ्गीसाधनं ततः ॥ ३४ ॥

इसके बाद प्रफुल्लाब्जमुखीविद्या, फिर काकिनीसाधन, फिर कुब्जिकासाधन, फिर नित्या एवं सरस्वत्यादिसाधन, भूर्लेखासाधन, शशिमुकुटा एवं उग्रकाल्यादिसाधन, फिर मणिद्वीपेश्वरीधात्रीसाधन, यक्षसाधन, फिर केतकी, कमला, कान्तिप्रदा एवं भेद्यादिसाधन, फिर वागीश्वरी, महाविद्या एवं अन्नपूर्णादिसाधन, फिर वज्रदण्डा, रक्तमयीमन्वारीसाधन, हस्तिनीहस्तिकर्णाद्या एवं मातङ्गीसाधन का वर्णन है ॥ ३१-३४ ॥

परानन्दानन्दमयीसाधनं गतिसाधनम् ।
कामेश्वरीमहालज्जाज्वालिनीसाधनं वसोः ॥ ३५ ॥
गौरीवेतालकङ्कालीवासवीसाधनं तथा ।
चन्द्रास्यासूर्यकिरणारटन्तीसाधनं ततः ॥ ३६ ॥
किङ्किनी पावनीविद्या अवधूतेश्वरीति च ।
एतासां सिद्धविद्यानां साधनाद्रुद्र एव सः ॥ ३७ ॥

इसके बाद परानन्दानन्दमयीसाधन, गतिसाधन, कामेश्वरीसाधन, महालज्जा एवं ज्वालिनीसाधन, वसुसाधन फिर गौरी, वेताल, कङ्काली, वासवीसाधन, फिर चन्द्रास्या, सूर्यकिरणा एवं रटन्ती साधन, फिर किङ्किनी, पावनीविद्या तथा अवधूतेश्वरी साधन कहा गया

१. यज्ञसाधनम्—इति सं० पुस्तके पाठः । २. भैम्यादिसाधनम्—क० ।
३. शशीश्वरी—क० । ४. मन्दारीसाधनं तथा—क० ।
५. पृषोदरादित्वात् प्रकृतिभावः ।

है। इस प्रकार ऊपर कही गई सभी विद्याओं का साधन करने वाला साधक साक्षाद् रुद्र स्वरूप ही है ॥ ३५-३७ ॥

अलकाकलियुगस्थाशक्तिटङ्कारसाधनम्[1] ।
हरिणीमोहिनीक्षिप्रातृष्यादिसाधनं तथा ॥ ३८ ॥
अट्टहासाघोरनादामहामेघादिसाधनम् ।
वल्लरीकौरविण्यादिसाधनं परमाद्भुतम् ॥ ३९ ॥
रङ्किणीसाधनं पश्चाद् नन्दकन्यादिसाधनम् ।
मन्दिरासाधनं कात्यायनीसाधनमेव च ॥ ४० ॥

फिर अलका, कलियुगस्था, शक्तिटङ्कार का साधन, फिर हरिणी, मोहिनी, क्षिप्रा एवं तृष्यादिसाधन, फिर अट्टहासा, घोरनादा एवं महामेघादिसाधन का विधान है। इसके बाद अत्यद्भुत वल्लरी एवं कौरविणी आदि का साधन, रङ्किणी साधन, इसके बाद नन्दकन्यादिसाधन, मन्दिरासाधन तथा कात्यायनीसाधन, कहा गया है ॥ ३८-४० ॥

रजनीराजतीघोनासाधनं तालसाधनम् ।
पादुकासाधनं चित्तासाधनं रविसाधनम् ॥ ४१ ॥
मुनिनाथेश्वरीशान्तिवल्लभासाधनं तथा ।
मदिरासाधनं [2]वीरभद्रासाधनमेव हि ॥ ४२ ॥
मुण्डालीकालिनीदैत्यदंशिनीसाधनं ततः ।

फिर रजनीसाधन, राजतीघोनासाधन, तालसाधन, फिर पादुकासाधन, चित्तासाधन, रविसाधन, मुनिनाथेश्वरी, शान्ति एवं वल्लभासाधन कहा गया है। फिर मदिरासाधन, वीरभद्रासाधन, फिर मुण्डालीसाधन, कालिनीसाधन एवं दैत्यदंशिनीसाधन का विधान कहा गया है ॥ ४१-४३ ॥

प्रविष्टवर्णालघिमामीनादिसाधनं महत् ॥ ४३ ॥
फेत्कारीसाधनं [3] भल्लातकीसाधनमद्भुतम् ।
उड्डीयानेश्वरीपूर्णागिरिजासाधनं तथा ॥ ४४ ॥
सौकरी[4]राजवशिनीदीर्घजङ्घादिसाधनम् ।
अयोध्यापूजितादेवीद्राविणीसाधनाद्भुतम् ॥ ४५ ॥
ज्वालामुखीसाधनञ्च कृष्णजिह्वादिसाधनम् ।

पुनः प्रविष्टवर्णा, लघिमा एवं महान् मीनादिसाधन, फेत्कारीसाधन, अत्यन्त अद्भुत भल्लातकी साधन, उड्डीयानेश्वरी, पूर्णा एवं गिरिजासाधन, फिर सौकरी, राजवशिनी एवं दीर्घजङ्घादिसाधन, फिर अयोध्या में पूजित अत्यद्भुत देवीसाधन तथा द्राविणीसाधन, ज्वालामुखीसाधन एवं कृष्णजिह्वादि साधन का विधान कहा गया है ॥ ४३-४६ ॥

---

१. कङ्कादिसाधनम्—इति क पुस्तके पाठः । २. वीरमुद्रा—इति क पुस्तके पाठः ।
३. माकरीभल्लातकी—क० । ४. कौमारीसाधनम्—इति क पुस्तके पाठः ।

पञ्चवक्त्रप्रियाविद्यानन्तविद्यादिसाधनम् ॥ ४६ ॥
श्रीविद्याभुवनेशानीसाधनं कायसाधनम् ।
रक्तमालामहाचण्डीमहाज्वालादिसाधनम् ॥ ४७ ॥
प्रक्षिप्ता[1] मन्त्रिकाकामपूजिताभक्तिसाधनम् ।
श्वासस्थावायवीप्राप्तालेलिहानादिसाधनम् ॥ ४८ ॥
भैरवीलसितापृथ्वीवाटुकीसाधनं तथा ।
अगम्या-[2]आकुलीमौलीन्द्राञ्जनमन्त्रसाधनम् ॥ ४९ ॥
कुलावतीकुलक्षिप्तारतिचीनादिसाधनम् ।
शिवाक्रोडादितरुणीनायिकामन्त्रसाधनम् ॥ ५० ॥

फिर पञ्चवक्त्रप्रियाविद्यासाधन एवं अनन्तादि विद्यासाधन, फिर श्रीविद्यासाधन, भुवनेशानीसाधन, कायसाधन, रक्तमालासाधन, महाचण्डीसाधन, महाज्वालादिसाधन, फिर प्रक्षिप्ता, मन्त्रिका, कामपूजिता एवं भक्तिसाधन, फिर श्वास में होने वाली वायु के द्वारा प्राप्त लेलिहानादिसाधन, फिर भैरवीसाधन, ललितासाधन, पृथ्वी एवं वाटुकीसाधन, फिर सर्वथा अगम्य आकुल करने वाली मौलीन्द्राञ्जनमन्त्रसाधन, कुलावती, कुलक्षिप्ता, रति एवं चीनादिसाधन, फिर शिवा, क्रोडादि एवं तरुणीनायिका मन्त्र साधन उक्त हैं ॥ ४६-५० ॥

साधनं शैलवासिन्या अकस्मात् सिद्धिवर्धनम् ।
मन्त्रयन्त्रस्वतन्त्रादिपूज्यमानाः परात्पराः ॥ ५१ ॥
एताः सर्वाः कलियुगे कालिका हरकोमलाः ।
मन्त्राद्या येन सिद्धयन्ति सत्यं सत्यं न संशयः ॥ ५२ ॥

अकस्मात् सिद्धि वर्धन करने वाला शैलवासिनी का साधन है । मन्त्र, यन्त्र एवं स्वतन्त्र इत्यादि रूप से पूज्यमान परात्परारूपा तथा हरकोमला पार्वती ये सभी देवियाँ कलियुग में कालिका स्वरूपा हैं । ये सभी देवियाँ मन्त्रों आदि के द्वारा पूजित होकर सभी सिद्धियों को ठीक रूप से प्रदान करती हैं—इसमें कोई संशय नहीं है ॥ ५१-५२ ॥

महाकाल शिवानन्द परमानन्दपारग ।
भक्तानामनुरागेण विद्यारत्नं पुनः शृणु ॥ ५३ ॥
आदौ वैष्णवदेवस्य मन्त्राणां नित्यसाधनम् ।
ततस्ते मङ्गलं मन्त्रसाधनं परमाद्भुतम् ॥ ५४ ॥

अब हे महाकाल ! हे शिवानन्द ! हे परमानन्द के भी परस्थान पारगामी ! सदाशिव! पुनः भक्तों के प्रति अनुराग के कारण (मेरे द्वारा कहे गए) विद्यारत्न को आप सुनिए ॥ ५३ ॥

साधकों के कर्तव्य—(भक्तों के सिद्धि हेतु) सर्वप्रथम विष्णु मन्त्रों का नित्यसाधन एवं उसके बाद मङ्गलदायी परमाद्भुत आप (शिव) के मन्त्र का साधन सुनिए ॥ ५४ ॥

---

१. संपूजिता—इति क पुस्तके पाठः ।

२. पृषोदयादिकल्पनया सन्ध्यभावः ।

अकस्माद्विहिता सिद्धिर्येन सिद्ध्यति भूतले ।
बालभैरवयोगेन्द्रसाधनं शिवसाधनम् ॥ ५५ ॥
महाकालसाधनञ्च तथा रामेश्वरस्य च ।
अघोरमूर्त्ते रमणासाधनं शृणु यत्नतः ॥ ५६ ॥

भूतल पर जिन मन्त्रों में विहित सिद्धि अकस्मात् प्राप्त हो जाती है उस बालभैरवयोगेन्द्र साधन, शिव साधन, महाकालसाधन तथा रामेश्वर मन्त्र का साधन और रमणासाधन को, हे अघोरमूर्त्ते ! सदाशिव ! आप यत्नपूर्वक सुनिए ॥ ५५-५६ ॥

क्रोधराजभूतराजएकचक्रादिसाधनम् ।
गिरीन्द्रसाधनं पश्चात् कुलनाथस्य साधनम् ॥ ५७ ॥
बटुकेशादिश्रीकण्ठेशादिसाधनमेव च ।
मृत्युञ्जयस्य रौद्रस्य कालान्तकहरस्य [१] च ॥ ५८ ॥
उन्मत्तभैरवस्यापि तथा [२] पञ्चास्यकस्य च ।
कैलासेशस्य शम्भोश्च तथा शूलिन एव च ॥ ५९ ॥
भार्गवेशस्य सर्वस्य महाकालस्य साधनम् ।
सुरान्तकस्य पूर्णस्य तथा देवस्य शङ्कर ॥ ६० ॥

हे क्रोधराज ! हे भूतराज ! एकचक्रादि साधन, गिरीन्द्रसाधन, इसके पश्चात् कुलनाथ का साधन, बटुकेशादि तथा श्रीकण्ठेशादिसाधन, मृत्युञ्जयमन्त्रसाधन, रौद्र कालान्तकहर का, उन्मत्त भैरव तथा पञ्चास्यक का, कैलासेश्वर श्री शम्भु का मन्त्र, शूलीमन्त्र, भार्गवेश, शर्व एवं महाकाल का साधन, सुरान्तक का तथा पूर्णदेव मन्त्र का साधन, हे शङ्कर ! सुनिए ॥ ५७-६० ॥

हरिद्रागणनाथस्य वरदेश्वरमालिनः ।
ऊर्ध्वकेशस्य धूम्रस्य जटिलस्यापि साधनम् ॥ ६१ ॥
आनन्दभैरवस्यापि बाणनाथस्य साधनम् ।
करीन्द्रस्य शुभाङ्गस्य हिल्लोलमर्दकस्य च ॥ ६२ ॥
पुष्पनाथेश्वरस्यापि वृषनाथस्य साधनम् ।
अष्टमूर्त्तेः [३] कालमूर्त्तेश्चन्द्रशेखरसाधनम् ॥ ६३ ॥

हरिद्रागणनाथ का, वरदेश्वरमाली का, ऊर्ध्वकेश का, धूम्र का तथा जटिल का साधन, आनन्दभैरव का, बाणनाथ का साधन, करीन्द्र का, शुभाङ्ग का, हिल्लोलमर्दक का, पुष्पनाथेश्वर का, वृषनाथ (के मन्त्र) का, अष्टमूर्त्ति, कालमूर्त्ति का तथा चन्द्रशेखर का साधन (यहाँ कहा गया है उसे सुनिए) ॥ ६१-६३ ॥

---

१. हरतीति हरः, कालान्तकस्य हर इति षष्ठीतत्पुरुषः ।

२. पञ्चकालस्य च—क० ।

३. कपिलेशस्य रुद्रस्य तथा पिङ्गाक्षकस्य च । दिगम्बरस्य सूक्ष्मस्य उपेन्द्रपूजितस्य च ॥ अवधूतेश्वरस्यापि अष्टवसोश्च साधनम् । इत्यधिकः पाठः—ख० पुस्तके ।

विमर्श—कपिलेश रुद्र का तथा पिङ्गाक्षक का, दिगम्बर का, सूक्ष्म का, उपेन्द्रपूजित का, अवधूतेश्वर का, अष्टवसु का साधन यहाँ कहा गया है उसे सुनिए ॥ ६१-६३ ॥

क्रमुकस्यापि घोरस्य कुबेराराधितस्य च ।
त्रिपुरान्तकमन्त्रस्य कमलाक्षस्य साधनम् ॥ ६४ ॥
इत्यादिसिद्धमन्त्राणां मन्त्रार्थं विविधं मुदा ।
उदितं तद्विशेषेण सुविस्तार्य शृणुष्व तत् ॥ ६५ ॥

इसी प्रकार क्रमुक, घोर एवं कुबेर से आराधित (मृत्युञ्जय) मन्त्र का, त्रिपुरान्तक मन्त्र का, कमलाक्ष मन्त्र इत्यादि सिद्धमन्त्रों के विविध मन्त्रार्थ प्रसन्नतापूर्वक इस रुद्रयामल तन्त्र में विशेष रूप से विस्तारपूर्वक कहे गये हैं, उन्हें सुनिए ॥ ६४-६५ ॥

इन्द्रादिदेवता सर्वा येन सिद्ध्यन्ति भूतले ।
तत्प्रकारं महादेव सावधानोऽवधारय ॥ ६६ ॥

हे महादेव ! जिन मन्त्रों से इस पृथ्वी पर ही इन्द्रादि सभी देवतागण सिद्ध हो जाते हैं, उन प्रकारों को सावधान मन से आनन्दपूर्वक श्रवण कीजिए ॥ ६६ ॥

उपविद्यासाधनञ्च[१] मन्त्राणि विविधानि च ।
नानाकर्माणि धर्माणि षट्कर्मसाधनानि च ॥ ६७ ॥
श्रीरामसाधनं यक्षसाधनं[२] योगसाधनम् ।
सर्वविद्यासाधनञ्च राजज्वालादिसाधनम् ॥ ६८ ॥
मन्त्रसिद्धिप्रकारञ्च हनुमत्साधनादिकम् ।
विषज्वालासाधनञ्च पाताललोकसाधनम् ॥ ६९ ॥
भूतलिपिप्रकारञ्च तत्तत्साधनमेव च ।
नवकन्यासाधनञ्च अष्टसिद्धिप्रकारकम् ॥ ७० ॥

इतना ही नहीं, उपविद्यासाधन, विविध मन्त्र, अनेक प्रकार के कर्म और धर्म, षट्कर्मों का साधन, श्रीरामसाधन, यक्षसाधन, योगसाधन और सर्वविद्यासाधन, राजज्वालादि साधन, मन्त्रसिद्धि के प्रकार, हनुमत्साधनादि, विषज्वाला साधन, पाताललोक साधन, भूतलिपि के प्रकार तथा उसके साधन, नवकन्या साधन एवं अष्टसिद्धि के प्रकार आदि भी कहे गए हैं ॥ ६७-७० ॥

आसनानि च अङ्गानि साधनानि बहूनि च ।
कात्यायनीसाधनानि चेटीसाधनमेव च ॥ ७१ ॥
कृष्णमार्जारसिद्धिश्च खड्गसिद्धिस्ततः परम् ।
पादुकाजङ्घसिद्धिश्च निजजिह्वादिसाधनम् ॥ ७२ ॥
संस्कारगुटिकासिद्धिः खेचरीसिद्धिरेव च ।
भूप्रवेशप्रकारत्वं नित्यतुङ्गादिसाधनम् ॥ ७३ ॥

---

१. विद्यामुपगता उपविद्या, अपराविद्या । २. यज्ञसाधनम्—इति सं० पाठः ।

स्तम्भनं दारुणं पश्चादाकर्षणं मुनेरपि ।
नानाविधानि देवेश औषधादीनि यानि च ॥ ७४ ॥
हरितालादिसिद्धिश्च रसपारदसाधनम् ।
नानारससमुद्भूतं रसभस्मादिसाधनम् ॥ ७५ ॥

आसन एवं बहुत से (योग के) अङ्गों के साधन, कात्यायनी साधन, चेटी साधन, कृष्णमार्जार सिद्धि, खड्गसिद्धि इसके बाद पादुकाजङ्घसिद्धि, निजजिह्वादि साधन, संस्कारगुटिकासिद्धि, खेचरी सिद्धि, भूप्रवेशप्रकारत्व साधन, नित्यतुङ्गादि साधन, स्तम्भन, दारण, मुनियों को भी आकर्षण करने के उपाय, अनेक प्रकार की विद्यमान औषधियाँ हरितालादि की सिद्धि, रस साधन, पारद साधन, अनेक प्रकार के रसों से समुद्भूत रसभस्मादि साधन आदि वर्णित हैं ॥ ७१-७५ ॥

वृद्धस्य तरुणाकारं साधनं परमाद्भुतम् ।
वैजयन्तीसाधनञ्च चरित्रं वासकस्य च ॥ ७६ ॥
शिवाचरित्रमश्वस्य चरित्रं वायसस्य च ।
कुमारीणां प्रकारं तु वज्राणां वारणं तथा ॥ ७७ ॥
सम्पत्तिसाधनं देशसाधनं कामसाधनम् ।
गुरुपूजाविधानञ्च गुरूसन्तोषसाधनम् ॥ ७८ ॥
निजदेवाराधनञ्च निजसाधनमेव च ।
वारुणीपैष्टिकीगौडीकैतकीमाध्विसाधनम् ॥ ७९ ॥
स्वदेहगमनं स्वर्गे मर्त्ये मर्त्यैश्च दुर्लभम् ।

वृद्ध को तरुण बनाने का अत्यद्भुत साधन, वैजयन्ती साधन, वासक के चरित्र, शिवा चरित्र, अश्व तथा वायस के चरित्र, कुमारियों के भेद, वज्रवारण के उपाय, सम्पत्ति साधन, देशसाधन, काम साधन, गुरुपूजा का विधान, गुरुओं को संतुष्ट करने के उपाय, अपने इष्टदेव का साधन, आत्मसाधन, १. वारुणी, २. पैष्टिकी, ३. गौडी तथा ४. केतकी इन चारों प्रकारों के मद्यों का साधन, सदेहस्वर्गगमन का साधन, जो मनुष्यों, किं बहुना देवताओं के लिये भी दुर्लभ हैं (यहाँ कहे गए हैं) ॥ ७६-८० ॥

शरीरवर्धनञ्चैव कृष्णभावस्य साधनम् ॥ ८० ॥
नयनाकर्षणञ्चैव कालसर्पस्य दर्शनम् ।
रणक्षोभप्रकारञ्च पञ्चेन्द्रियनिवारणम् ॥ ८१ ॥
योगविद्यासाधनञ्च भक्षप्रस्थनिरूपणम् ।
चान्द्रायणव्रतञ्चैव[१] शृणु तद्योगसिद्धये ॥ ८२ ॥

शरीर को बड़ा करने का साधन, अपने में कृष्णभाव का साधन, नेत्रों के द्वारा आकर्षण, काले सांप का दर्शन, रण में होने वाले क्षोभ (चाञ्चल्य) का निवारण, अपनी

---

१. चान्द्रायणव्रतं द्विविधम्, यवचान्द्रायणपिपीलिकाचान्द्रायणभेदात् । आद्यं पूर्णिमोत्तरप्रतिपत्तिथित आरम्यते, द्वितीयं त्वमावास्योत्तरप्रतिपत्तिथितः ।

पञ्चेन्द्रियों का निरोध, योगविद्यासाधन, भक्षप्रस्थ निरूपण, योगसिद्धि के लिये अत्यावश्यक चान्द्रायण व्रत का प्रकार आदि, हे शङ्कर ! सुनिये ॥ ८०-८२ ॥

यामलाग्रेण शंसन्ति यानि सर्वाणि कानि च ।
ब्रह्माण्डे यानि वस्तूनि सर्वत्र दुर्लभं शिवम् ॥ ८३ ॥
येऽभ्यस्यन्ति महातन्त्रं बालाद्वा मन्त्रतोपि वा ।
यामलं मम वक्त्राम्भोरुहसुन्दरसंभवम् ॥ ८४ ॥
अतिगुह्यं महागुह्यं शब्दगुह्यं निराकुलम् ।
नानासिद्धिसमुद्राणां गृहं योगमयं[1] शुभम् ॥ ८५ ॥
शास्त्रजालस्य सारं हि नानामन्त्रमयं प्रियम्[2] ।
वाराणसीपुरपतेः सदामोदं सुखास्पदम् ॥ ८६ ॥

हे शिव ! यामल के रहते कोई ऐसा नहीं कह सकता कि इस ब्रह्माण्ड में सर्वत्र जो जो वस्तुएं हैं वे उन्हें दुर्लभ हैं । इसीलिये जो लोग बालकों से अथवा मन्त्र के द्वारा मेरे मुखकमल से निःसृत इस महातन्त्र यामल का अभ्यास करते हैं, वे धन्य हैं । क्योंकि यह यामल अतिगुह्य है, महागुह्य है, शब्द से भी गुह्य है तथा संशय रहित है । यह अनेक सिद्धि समूहों का समुद्र है, योगमय है एवं शुभावह है और यह समूचे शास्त्र समूहों का सार है । यह अनेक मन्त्रमय है, सबका प्रिय है और वाराणसीपुर के अधिपति सदाशिव को सर्वदा आमोदप्रद एवं सुखावह है ॥ ८३-८६ ॥

सरस्वतीदैवतं यत्[3] कालीषु शिखरे वृतम् ।
महामोक्षं द्वारमोक्षं सर्वसंकेतशोभितम् ॥ ८७ ॥
वाञ्छाकल्पद्रुमं तन्त्रं शिवसंस्कारसंस्कृतम् ।
अप्रकाश्यं क्रियासारं सहस्रस्तुतिराजितम् ॥ ८८ ॥
अष्टोत्तरशतं नाम सहस्रनाममङ्गलम् ।
नानाद्रव्यसाधनादिविधृताञ्जनरञ्जितम् ॥ ८९ ॥

इस रुद्रयामल तन्त्र की देवता साक्षात् सरस्वती हैं जिसे शिखर पर काली गणों के मध्य में वरण किया गया है । यही महामोक्ष है, मोक्ष का द्वार है और सभी प्रकार के सङ्केत से शोभित है । वाञ्छाकल्पद्रुम है शिव संस्कार से संस्कृत तन्त्र है । इस तन्त्र का क्रिया सार प्रकाशित करने लायक नहीं है । यह सहस्र स्तुतियों से सुशोभित है । इसमें अष्टोत्तरशतनाम तथा अत्यन्त मङ्गलकारी सहस्रनाम हैं । इसमें अनेक प्रकार के द्रव्यादिसाधनों एवं नाना प्रकार के अञ्जनों का वर्णन है ॥ ८७-८९ ॥

कालीप्रत्यक्षकथनं कालीषोढादिसंपुटम् ।
महाचमत्कारकरं स्थितिसंहारपालकम् ॥ ९० ॥

---

१. योगालयम्—क० । २. प्रिये—क० ।
३. तत् कालीस्व शिखावृतम्—क० ।

अष्टादशप्रकारञ्च षोढाया: सौख्यमुक्तये ।
ये जानन्ति महाकालं[१] यामलं कलिपावनम् ॥ ९१ ॥
आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं करे तस्य न संशय: ।

इसमें काली का प्रत्यक्ष करने का उपाय कहा गया है । छः ऐश्वर्यमय काली के संपुट से यह युक्त है । यह बहुत बड़ा चमत्कार उत्पन्न करने वाला है तथा जगत् की स्थिति, संहार एवं पालन करने वाला है। इसके अट्ठारह भेद हैं जो छः प्रकारों के (ऐश्वर्यादि) का सौख्य प्रदान करने वाले हैं । अतः हे महाकाल! कलि काल में परमपवित्र इस यामल को जो जानते हैं, निःसन्देह उनके हाथ में ब्रह्म से लेकर स्तम्बपर्यन्त समस्त ब्रह्माण्ड है ॥ ९०-९२ ॥

तत्प्रकारमहं वक्ष्ये निगमागममङ्गलम्[२] ॥ ९२ ॥
यस्माद्रुद्रो भवेज्ज्ञानी नानातन्त्रार्थपारग: ।

अब मैं निगम और आगमशास्त्रों में मङ्गल रूप उस यामल के भेदों को कहता हूँ जिसके करने से साधक साक्षाद् रुद्र रूप हो जाता है तथा नाना प्रकार के तन्त्रों के अर्थों में पारङ्गत हो जाता है ॥ ९२-९३ ॥

यामिनीविहितं कर्म कुलतन्त्राभिसाधनम् ॥ ९३ ॥
महावीरहितं[३] यस्मात् पञ्चतत्त्वस्वरूपकम् ।
लंघनं नास्ति मे नाथ[४] अस्मिन् तन्त्रे सुगोपनम् ॥ ९४ ॥
ततो यामलमाख्यातं चन्द्रशेखर शङ्कर ।
रुद्राक्षं साधनोत्कृष्टं शतयागफलप्रदम् ॥ ९५ ॥
मन:सन्तोषविपुलं यामलं परिकीर्त्तितम् ।

यामल के य, म और ल का अर्थ—कुल तन्त्राभिसाधनरूप यह कर्म य एवं म अर्थात् यामिनी (रात्रि) में विहित है और महावीरों का हितकारी है क्योंकि यह पाँचों तत्त्वों का स्वरूप है । हे नाथ ! इस तन्त्र में अत्यन्त गोपनीय मर्यादा का ल अर्थात् लंघन नहीं हुआ है । इसीलिये हे चन्द्रशेखर ! हे शङ्कर ! इसे यामल कहते है । यह रुद्र का साक्षात् नेत्र है । मन को अत्यन्त संतोष प्रदान करता है अन्ततः यह सैकड़ों यज्ञों के फल को प्रदान करने वाला है, इसीलिये इसे यामल कहते है ॥ ९३-९६ ॥

विमर्श—यामिनी का अर्थ है संयमी जैसा कि गीता में कहा है—'या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी ।'

रुरुकादिभैरवाणां ब्राह्मीदेव्याश्च[५] साधनम् ॥ ९६ ॥
जाम्बूनद[६]लताकोटिहेमदासाधनं यत: ।
मनसासाधनं यत्र लङ्कालक्ष्मीप्रसाधनम् ॥ ९७ ॥

---

१. समस्यमानमिदं पदम्, षष्ठीतत्पुरुषोऽत्र । २. सङ्कुलम्—क० ।
३. मकारविहितं—क० । ४. यस्मिन् तन्त्रे सुगोपेन—क० ।
५. संज्ञायामिति पुंवद्भावनिषेध: । ६. जाम्बूनदतुलाकोटि—क० ।

देवतानाञ्च कवचं नानाध्यानव्रतं महत् ।
अन्तर्यागविधानानि कलिकालफलानि च ॥ ९८ ॥
भाति यत्नप्रभाकारं प्रायश्चित्तविमर्षणम् ।

इस यामलतन्त्र में रुरु आदि अष्टभैरवों के साधन, ब्राह्मी देवी के साधन, जाम्बूनदसाधन, लताकोटिसाधन, हेमदा साधन, मनसादेवी साधन, लंकालक्ष्मी साधन एवं देवताओं के कवच तथा अनेक देवों के ध्यान और व्रत, कलिकाल में सद्यः फल देने वाले अन्तर्याग का विधान है और (जहाँ जहाँ भी भ्रान्ति है उसे दूर करने के लिये) प्रकाश पुञ्ज के समान प्रायश्चित्त के वर्णन से शोभित है ॥ ९६-९९ ॥

पटलं त्रिंशता व्याप्तं ये पठन्ति निरन्तरम् ॥ ९९ ॥
अवश्यं सिद्धिमाप्नोति यद्यदिच्छति भूतले ।
कर्मणा मनसा वाचा महातन्त्रस्य साधनम् ॥ १०० ॥
करोति कमलानाथकरपद्मनिषेवितम् ।
ज्ञात्वा सर्वधरं[1] तन्त्रं सम्पूर्णं[2] लोकमण्डले ॥ १०१ ॥
प्राप्नोति साधकः सिद्धिं मासादेव न संशयः ।
नानाचक्रस्य माहात्म्यं नानाङ्कमण्डलावृतम् ॥ १०२ ॥
सर्वज्ञसिद्धिशतकं[3] खण्डकालीकुलालयम् ।

रुद्रयामल की फलश्रुति—इस प्रकार तीस पटलों (के त्रय अर्थात् ९० ?) से व्याप्त इस रुद्रयामल को जो निरन्तर पढ़ते हैं उन्हें अवश्य सिद्धि होती है, अतः कर्मणा, मनसा तथा वाचा जो साधक इस लोक मण्डल में सम्पूर्ण तन्त्र से युक्त तथा भगवान् विष्णु के कर कमलों से निवेषित महातन्त्र के साधन को अच्छी प्रकार से जानकर करता है वह इस जगत में समस्त तन्त्रों से युक्त साधक एक मास में ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है इसमें संशय नहीं है । अनेकानेक अङ्कमण्डलों से युक्त अनेक चक्रों के माहात्म्य भी इस रुद्रयामल तन्त्र में वर्णित हैं। सर्वज्ञ सैकड़ों सिद्धियों से युक्त तथा समस्त कालीकुल आलय है ॥ १०१-१०३ ॥

तरुणादित्यसंकाशं वनमालाविभूषितम् ॥ १०३ ॥
दैवतं परमं हंसं कालकूटाशिनं प्रभुम् ।
आदौ ध्यात्वा पूजयित्वा नमस्कुर्याद् महेश्वरम्[4]।
प्रथमारुणसङ्काशं रत्नालङ्कारभूषितम् ।
वरदं वारुणीमत्तं परमहंसं नमाम्यहम् ॥ १०४ ॥

मध्याह्नकालीन प्रखर सूर्य के समान तेजस्वी, वनमाला से विभूषित, कालकूट नामक विष का भक्षण करने वाले, देदीप्यमान परमहंस प्रभु महेश्वर का सर्वप्रथम ध्यान और पूजन कर उन्हें नमस्कार करना चाहिये । उदीयकालीन अरुण के समान, रक्तवर्ण वाले रत्नालङ्कारों से विभूषित वरदाता वारुणी से मत्त मैं उन परहंस को नमस्कार करता हूँ ॥ १०३-१०४ ॥

---

१. सर्वेश्वरम्—क० ।
२. सम्पूर्णे—क० ।
३. द्र० रुद्र० ९०. ४५ ।
४. कलेश्वरम्—क० ख० ।

भैरव उवाच

यदि न पठ्यते तन्त्रं यामलं सर्वशङ्करम् ।
तदा केन प्रकारेण साधकः सिद्धिभाग्भवेत् ॥ १०५ ॥
केचिच्च बुद्धिहीनाश्च मेधाहीनाश्च ये जनाः ।
मन्दभाग्याश्च धूर्ताश्च मूढाः सर्वापदावृताः ॥ १०६ ॥
प्राप्नुवन्ति कथं सिद्धिं दया जाता कथं वद ।

भैरव ने कहा—हे देवि ! यदि कोई साधक सब का कल्याण करने वाले इस यामल तन्त्र का अध्ययन न किया हो तो वह किस प्रकार से सिद्धि का अधिकारी बन सकता है ? अथवा कुछ बुद्धिहीन, मेधाहीन जन हों, मन्दभाग्य, धूर्त्त, मूर्ख एवं सब प्रकार की आपत्तियों से ग्रस्त हों तो वे किस प्रकार सिद्धि प्राप्त करें ? ॥ १०५-१०७ ॥

तेषु मूर्खेषु हीनेषु शास्त्रार्थवर्जितेषु च ॥ १०७ ॥
ज्ञानं भवति केनैव निर्मलं द्वैतवर्जितम् ।
तत्प्रकारं वद स्नेहाद् लोकानां [1]पुण्यवृद्धये ॥ १०८ ॥

हे देवि ! आप उनके ऊपर दया कर मुझसे साधन कहिए । इस प्रकार के मूर्खों को, हीन आचरण वालों को, शास्त्रों के अर्थ की जानकारी न रखने वालों को किस प्रकार द्वैतरहित निर्मल ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है ? आप लोकोपकार के लिये मेरे ऊपर अपना स्नेह प्रदर्शित करते हुये उसका उपाय कहिए ॥ १०७-१०८ ॥

भैरवी उवाच

कर्मसूत्रं यश्छिनत्ति प्रत्यहं तनुसंस्थितः ।
स पश्यति जगन्नाथ मम श्रीचरणाम्बुजम् ॥ १०९ ॥
विश्वमावेशसंस्कारभिन्नबुद्धिक्रियान्विताः ।
अतो मां नहि जानन्ति नानाकार्योत्कटावृताः ॥ ११० ॥

भैरवी ने कहा—हे जगन्नाथ ! जो इस शरीर को पाकर प्रतिदिन अपने कर्मसूत्र का उच्छेद कर देता है वह हमारे चरणाम्बुज के दर्शन का अधिकारी हो जाता है । संसार के आवेशों के संस्कार से जितनी बुद्धि भिन्न भिन्न क्रियाओं में निरन्तर संलग्न है, ऐसे अनेक उत्कट कार्यों के उलझन में फंसे हुये लोग मुझे नहीं जान सकते ॥ १०९-११० ॥

तेषां शरीरं गृह्णाति कालदूतो भयानकः ।
यः करोति महायोगं त्यागसन्यासधर्मवान् ॥ १११ ॥
मन्दभाग्यः पशोर्योनिं प्राप्नोति मां विहाय सः ।
मयि भावं यः करोति दुर्लभो जनवल्लभः ॥ ११२ ॥

ऐसे ही लोंगों के शरीर को भयानक कालदूत पकड़ कर ले जाता है । जो त्यागयुक्त

---

१. 'सुखवृद्धये' इति क पुस्तके पाठः ।

सन्यास धर्म का पालन करते हुये महायोग का आचरण करता है वह अभागा मुझे छोड़कर पशुयोनि को प्राप्त करता है । मुझ में भाव (प्रेम) रखने वाला, (और सभी के आँखों का तारा) ऐसा मनुष्य सर्वथा दुर्लभ है ॥ १११-११२ ॥

भावेन लभ्यते सर्वं भावेन देवदर्शनम् ।
भावेन परमं ज्ञानं तस्माद् भावावलम्बनम् ॥ ११३ ॥

भाव प्रशंसा—यतः भाव से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है । भाव से साक्षात् देव का दर्शन प्राप्त होता है । भाव से ही ब्रह्मज्ञान प्राप्त होता है । इसलिये भाव का सहारा लेना चाहिये ॥ ११३ ॥

भावञ्च सर्वशास्त्राणां गूढं सर्वेन्द्रियस्थितम् ।
सर्वेषां मूलभूतञ्च देवीभावं यदा [1]लभेत् ॥ ११४ ॥
तदैव सर्वसिद्धिश्च तदा ध्यानदृढो भवेत् ।
अकलङ्की निराहारी निवासधृतमानसः [2] ॥ ११५ ॥

सभी शास्त्रों का भाव अत्यन्त गूढ़ है । भाव सब के इन्द्रियों में विद्यमान रहता है । जब सभी का मूलभूत 'देवी' भाव (प्रेम) हो जाता है, तभी ध्यान में दृढ़ता आती है और तभी सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं ॥ ११४-११५ ॥

नित्यस्नानाभिपूजाङ्गो भावी भावं यदा लभेत् ।
क्रियादक्षो महाशिक्षानिपुणोऽपि जितेन्द्रियः ॥ ११६ ॥
सर्वशास्त्रनिगूढार्थवेत्ता न्यासविवर्जितः ।
तेषां हस्तगतं भावं वद भावं यथा तनौ ॥ ११७ ॥

जब मेरा भाव प्राप्त होने लगता है तो मनुष्य निष्पाप हो जाता है । आहार रहित हो जाता है और अपने मन में मेरे निवास की कामना को धारण करने लग जाता है । उसमें नित्यस्नान तथा पूजा के सभी अङ्ग अनायास होने लगते हैं वह क्रिया दक्ष, महाशिक्षा में निपुण, जितेन्द्रिय एवं सभी शास्त्रों के निगूढ़ अर्थ का विद्वान् और न्यास से रहित हो जाता है—ऐसे लक्षण वाले लोगों को ही मेरे भाव हस्तगत होते हैं, इस प्रकार समझना चाहिए मानो ये भाव उनके शरीर में ही प्रविष्ट हैं ॥ ११५-११७ ॥

विमर्श—यहाँ न्यास और वद का अर्थ अस्पष्ट है ।

भावात् परतरं नास्ति येनानुग्रहवान् भवेत् ।
भावादनुग्रहप्राप्तिरनुग्रहान् महासुखी ॥ ११८ ॥

मेरे जिस भाव के उदय होने से मेरा अनुग्रह प्राप्त होता है उस भाव से बढ़ कर कुछ नहीं है क्योंकि मेरा अनुग्रह होने से जीव सुखी हो जाता है ॥ ११८ ॥

---

१. अनुदात्तेत्वलक्षणमात्मनेपदमनित्यमिति कृत्वा परस्मैपदम् ।
२. निराज्ञावृतमानसः—क० ।

सुखात् पुण्यप्रभावः स्यात् पुण्यादच्युतदर्शनम् ।
यदा कृतस्य[1] दर्शनाम्भोजदर्शनमङ्गलम् ॥ ११९ ॥
योगी भूत्वा सूक्ष्मपदं योगिनामप्यदर्शनम् ।
पश्यत्येव महाविद्यापादाम्भोरुहपावनम् ॥ १२० ॥

सुख प्राप्त होने पर पुण्य का प्रभाव जाना जाता है, पुण्याधिक्य से भगवान् अच्युत के दर्शन होते हैं । जब पुण्य का साक्षात्कार होता है तब (विष्णु के मुख रूप) अम्भोज का दर्शन और मङ्गल की प्राप्ति होने लगती है । वह योगी हो कर भी योगियों से भी अदृश्य रहता है और महाविद्या के परम पवित्र चरणकमलों का दर्शन करता है ॥ ११९-१२० ॥

गुरूणां परमहंसानां वाक्यं त्रैलोक्यपावनम् ।
श्रुत्वा साधकसिद्ध्यर्थं योगी योगमवाप्नुयात् ॥ १२१ ॥
पञ्जरे शुकसारी च पतगाः पक्षियोनयः ।
गृह्णाति साधकः स्वर्गान् मन्नामविमलं महत् ॥ १२२ ॥

साधक परमहंस गुरुओं के त्रैलोक्यपावन वाक्यों को सुन कर योगी हो जाता है और योग प्राप्त करता है । चाहे शुक सारिका बनकर पिंजरे में पड़ा हो, चाहे पतङ्ग अथवा पक्षियोनि में पड़ा हो, फिर भी मेरा साधक विमल, महान् एवं स्वर्गतुल्य मेरे नाम को ग्रहण करता रहता है ॥ १२१-१२२ ॥

यावत् ज्ञानस्य सञ्चारं तावत् कालं कुलेश्वर ।
साधकानाञ्च साधूनां निकटस्थो भवेन्नरः ॥ १२३ ॥
विद्याभ्यासी न पतति यदि बुद्धिपरो भवेत् ।
नहि चेज्जन्म व्याख्यार्थं[2] नानाशास्त्रार्थभाषणम् ॥ १२४ ॥

हे कुलेश्वर ! जब तक ज्ञान सञ्चार की प्राप्ति न हो तब तक वह ऐसा करता रहता है । इसलिये मनुष्य को चाहिये कि वह साधुओं और मेरे साधकों के सन्निकट निवास करे । यदि बुद्धिमान् महाविद्या का उपासक हो तो उसका पतन नहीं होता । उसे अपने जन्म को बिताने के लिये नाना शास्त्रों के अर्थों का संभाषण नहीं करना पड़ता ॥ १२३-१२४ ॥

सुरज्ञानं बिना किञ्चिन्नहि सिद्ध्यति भूतले ।
मन्त्रं श्रीकायसिद्धिश्च कथं भवति भैरव ॥ १२५ ॥
सांख्यज्ञानं वेदभाषाविधिज्ञानं तथा समम् ।
शक्तिं बिना यथा शाक्तं सुरज्ञानं बिना हि सः ॥ १२६ ॥

इस भूतल पर बिना देवज्ञान के कुछ भी सिद्ध नहीं होता । हे भैरव ! भला आप ही विचार करें उसे मन्त्र तथा श्रीकाय की सिद्धि किस प्रकार हो सकती है । उसी प्रकार सांख्य शास्त्र का ज्ञान एवं वेदभाषाविधिज्ञान उसे कैसे हो सकता है । जिस प्रकार शक्ति के बिना कोई

---

१. कृतस्य चरणदर्शनाह्लादमानसः—क० ।

२. जन्म केवलं व्याख्यानफलकं नानाशास्त्रार्थभाषणफलकं च भवति ।

शाक्त नहीं रहता है उसी प्रकार सुरज्ञान के बिना भी वह अशक्त रहता है ॥ १२५-१२६ ॥

अहिताचारसम्पत्तिर्दरिद्रस्य गृहे यथा ।
साधकस्य गृहे शक्तिर्ज्ञानाचारविवेचना ॥ १२७ ॥
जायते यदि सायुज्यपदनाशाय केवलम् ।

जिस प्रकार दरिद्र के घर में अहिताचार सम्पत्ति दिखाई पड़ती है । साधक के घर में यदि उसी प्रकार शक्ति ज्ञानाचार की विवेचना की जाती है तो वह केवल उसके सायुज्यपद नाश का नाश मात्र करती है (अर्थात् उसे सायुज्य पद मात्र प्राप्त नहीं होता, उसे समृद्धि भी प्राप्त होती है) ॥ १२७-१२८ ॥

यद्यज्ञानविशिष्टा सा स्वशक्तिः शिवकामिनी ॥ १२८ ॥
तदा न कुर्याद् ग्रहणा शक्तिसाधनमेव च ।
यदि कुर्यादसंस्कारात् संसर्गं साधकोत्तमः ॥ १२९ ॥
असंस्कृत्यादिदोषेण सिद्धिहानिः प्रजायते ।

यदि शिवकामिनी वह स्वशक्ति अज्ञान से परिपूर्ण हो तब न तो उसे ही स्वीकार करे और न उस शक्ति के साधन को ही स्वीकार करे । यदि उत्तम साधक संस्कार हीन होने से उस असंस्कृत का संसर्ग करता है तो असंस्कृत्यादि दोष से उसकी सिद्धि में हानि होती है ॥ १२८-१३० ॥

शक्तिप्रधानं भावानां त्रयाणां साधकस्य च ॥ १३० ॥
दिव्यवीरपशूनाञ्च भावत्रयमुदाहृतम् ।
पशुभावे ज्ञानसिद्धिः[1] पश्वाचारनिरूपणम् ॥ १३१ ॥
वीरभावे क्रियासिद्धिः साक्षाद्रुद्रो न संशयः ।

साधक के लिये दिव्य, वीर और पशु इन तीनों भावों की शक्ति प्रधान है । पशुभाव से ज्ञान की सिद्धि होती है इसीलिये पश्वाचार का निरूपण किया गया है । वीरभाव से क्रिया सिद्धि होती है और उससे वह साक्षाद् रुद्र हो जाता है इसमें संशय नहीं है ॥ १३०-१३२ ॥

दिव्यभावे वीरभावे विभिन्नमेकभावतः ॥ १३२ ॥
अण्डः[2] पूर्वः सर्वगतं दिव्यभावस्य लक्षणम् ।

दिव्य भाव और वीरभाव एक प्रकार से भिन्न भिन्न नहीं है प्रथमतः यह अण्ड सर्वगत है यही दिव्यभाव का लक्षण है ॥ १३२-१३३ ॥

विमर्श—अण्डम् - यह ब्रह्माण्ड आत्मस्वरूप है । इस प्रकार का आत्मसाक्षात्कार ही दिव्य भाव है ॥ १३२-१३३ ॥

दिव्यभावे देवताया दर्शनं परिकीर्तितम् ॥ १३३ ॥

---

१. 'क्रियासिद्धिः' इति सं० पुस्तके पाठः ।   २. अन्तःपूर्ण सर्वगतम्—क० ।

वीरभावे मन्त्रसिद्धिरद्वैताचारलक्षणम् ।
आदौ भावं पशोः प्राप्य रात्रिकर्मविवर्जयेत् ॥ १३४ ॥
दिवसे दिवसे स्नानं पूजानित्यक्रियान्वितः ।
पुरश्चरणवत् कार्यं शुचिभावेन सिद्ध्यति ॥ १३५ ॥

दिव्य भाव का उदय होने पर देवता का दर्शन कहा गया है तथा वीरभाव के उदय होने पर मन्त्र की सिद्धि होती है और अद्वैताचार के लक्षण प्रगट होते हैं । सर्वप्रथम पशुभाव के प्राप्त होने पर रात्रि में कर्म न करे । दिन दिन में ही स्नान पूजा एवं नित्य क्रिया का आचरण करे । (पशुभाव में) शुचिभाव से कर्म करने पर सभी कार्य पुरश्चरण के समान सिद्ध होते हैं ॥ १३३-१३५ ॥

पशुभावं विना वीरः को वशी भवति ध्रुवम् ।
इन्द्रियाणाञ्च दमनं दमनं शमनस्य च ॥ १३६ ॥
योगशिक्षानिविष्टाङ्गो यतिर्योगपरायणः ।
सर्वक्षणादभ्यसतः[१] प्रभातावधि रात्रिषु ॥ १३७ ॥

हे भैरव ! भला पशुभाव के बिना निश्चयपूर्वक कौन अपने इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर सकता है । पशुभाव से इन्द्रियों का दमन तो होता ही है काल (= शमनस्य) का भी दमन हो जाता है । रात्रि में प्रभात काल की अवधि तक अथवा प्रतिक्षण योगाभ्यास करता हुआ योगशिक्षा में कुशल और योगापरायण यति पुरुष मुझ में युक्त हो जाता है ॥ १३६-१३७ ॥

विमर्श—'शमनो यमराड्यमः' इत्यमरः ।

सर्वकालं च कर्तव्यो योगः सर्वसुखप्रदः ।
वाञ्छाकल्पतरुं नित्यं तरुणं पातकापहम् ॥ १३८ ॥
साधयेदवहितं मन्त्री पशुभावस्थितो यदि ।
योगभाषाविधिज्ञानं सर्वभावेषु दुर्लभम् ॥ १३९ ॥

योग प्रशंसा—योग सभी प्रकार का सुख प्रदान करता है इसलिये उसे सर्वकाल में करना चाहिये । यह अभीष्ट प्रदान करने के लिये कल्पवृक्ष के समान तरुण है तथा पातक का हरण करने वाला है । किन्तु मन्त्रज्ञ साधक सावधान मन से पशुभाव में ही स्थित होकर अपने हित का साधन करे क्योंकि योगभाषाविधि का ज्ञान सभी भावों की अपेक्षा अत्यन्त दुर्लभ है ॥ १३८-१३९ ॥

तथापि पशुभावेन शीघ्रं सिद्ध्यति निश्चितम् ।
गुरूणां श्रीपदाम्भोजे यस्य भक्तिर्दृढा भवेत् ॥ १४० ॥
स भवेत् कामनात्यागी भावमात्रोपलक्षणम् ।
वीरभावो महाभावो न भावं[२] दुष्टचेतसाम् ॥ १४१ ॥

---

१. गणकार्यस्य बाहुलकं मत्वा अस्धातुः तुदादौ मन्तव्यः, ततः शतृप्रत्यये इदं षष्ठ्यन्तं रूपम् ।

२. क्वचिद् घञजबन्ता अपि नपुंसके भवन्ति, सम्बन्धमनुवर्तिष्यते इति 'इको गुणवृद्धी' इति सूत्रे भाष्यप्रयोगात् ।

भावं मन्दगतं सूक्ष्मं रुद्रमूर्त्या: प्रसिद्ध्यति ।
भ्रष्टाचारं महागूढं त्रैलोक्यमङ्गलं शुभम् ॥१४२॥

भक्तिविवेचन—एक बात और यह है कि पशुभाव में स्थित होने पर शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है। गुरु के श्री चरणकमलों में जिसकी दृढ़ भक्ति होती है वही भाव मात्र के उपलक्षण से युक्त हो कर अपनी कामनाओं का त्याग कर सकता है। वीर भाव तो बहुत बड़ा भाव है। यह भाव दुष्टों में नहीं आता। भाव की गति मन्द है, सूक्ष्म है और रुद्रमूर्त्ति के रूप से लोक में प्रसिद्ध है। यह आचार भ्रष्ट (नियमपूर्वक पूजा अर्चना न करना) तथा महागूढ़ है किन्तु त्रैलोक्य का मङ्गल करता है और शुभ है ॥ १४०-१४२ ॥

पञ्चतत्त्वादिसिद्ध्यर्थं महामोहमदोद्भवम् ।
सर्वपीठकुलाचारं हठादानन्दसागरम् ॥१४३॥
कारुण्यवारिधिं वीरसाधने भक्तिकेवलम् ।
ज्ञानीभूत्वा पशोर्भावे वीराचारं ततः परम् ॥१४४॥
वीराचाराद् भवेद्रुद्रोऽन्यथा नैव च नैव च ।

पञ्चतत्त्वादि की सिद्धि के लिये महामोह के मद से उत्पन्न, सर्वपीठकुलाचार तथा बलात् प्राप्त आनन्दसागर रूप वीरसाधन में केवल भक्ति ही मुख्य साधन है। पशुभाव में ज्ञान प्राप्त होने पर उसके बाद वीराचार का आचरण कहा गया है। वीराचार से साधक रुद्र हो जाता है। अन्यथा कभी नहीं, कभी नहीं ॥ १४३-१४५ ॥

भावद्वयस्थितो मन्त्री दिव्यभावं विचारयेत् ॥१४५॥
सदा शुचिर्दिव्यभावमाचरेत् सुसमाहितः ।
देवतायाः प्रियार्थञ्च सर्वकर्मकुलेश्वर ॥१४६॥
यद्यत्तत् सकलं [1]सिद्ध्यत्यस्माद् धर्मोदयं शुभम्।
देवतातुल्यभावश्च देवतायाः क्रियापरः ॥१४७॥

दिव्यभावविवेचनम्—दो भाव (पशुभाव और वीरभाव) में स्थित मन्त्रज्ञ दिव्यभाव पर विचार करे। हे कुलेश्वर ! साधक सदैव पवित्र रह कर बड़ी सावधानी से देवताओं की प्रीति के लिये सम्पूर्ण कर्म करते हुये दिव्यभाव का आचरण करे। इससे शुभ धर्मोदय तो होता ही है, जितनी जितनी सिद्धियाँ हैं वे सभी सिद्धियाँ भी प्राप्त हो जाती हैं। देवता की क्रिया में लगे रहने से देवतुल्य भाव का उदय होता है ॥ १४५-१४७ ॥

तद् विद्धि देवताभावं सुदिव्यभाक्प्रकीर्तितम् ।
सर्वेषां भाववर्गाणां शक्तिमूलं न संशयः ॥१४८॥
भक्तिं केन प्रकारेण प्राप्नोति साधकोत्तमः ।
ज्ञात्वा देवशरीरस्य निजकार्यानुशासनात् ॥१४९॥

जब देवताभाव का उदय होता है तो वह दिव्यभाव का भाजन हो जाता है, ऐसा

---

१. विद्धि—क० ।

जानना चाहिए । सभी भाव समूहों में शक्ति ही मूल है इसमें संशय नहीं । यदि शक्ति न हो तो उत्तम साधक भला किस प्रकार भक्ति प्राप्त कर सकता है । अतः अपने कार्य के अनुशासन से देवशरीर का ज्ञान कर दिव्यभाव प्राप्त करना चाहिए ॥ १४८-१४९ ॥

ज्ञानश्च त्रिविधं प्रोक्तमागमाचारसम्भवम् ।
शब्दब्रह्ममयं तद्धि ज्ञानमार्गेण पश्यति ॥ १५० ॥
पठित्वा सर्वशास्त्राणि स्वकर्मगायनानि च ।
कृशे विवेकमालम्ब्य नित्यं ज्ञानी च साधकः ॥ १५१ ॥
विवेकसंभवं ज्ञानं शिवज्ञानप्रकाशकम् ।
लोचनद्वयहीनञ्च [1]बाह्यभावविवर्जितम् ॥ १५२ ॥
लोकानां परिनिर्मुक्तं कालाकालविलोडनम् ।
नित्यज्ञानं परं ज्ञानं तं विद्धि प्राणगोचरम् ॥ १५३ ॥

आगमसागर से उत्पन्न ज्ञान तीन प्रकार का कहा गया है—

(१) ज्ञान मार्ग से शब्दब्रह्ममय विज्ञान का दर्शन होता है ।

(२) स्वकर्म वाले अयनों अर्थात् भागों को तथा समस्त शास्त्रों को पढ़ कर विवेक के सहारे साधक नित्यज्ञानी बन जाता है ।

(३) विवेक से उत्पन्न ज्ञान शिव विषयक ज्ञान को प्रकाशित करता है । वह शिव ज्ञान द्वैत से हीन और बाह्यभाव से रहित है । वह लोक से परे सर्वथा निर्मुक्त है । उसमें काल और अकाल दोनों समाहित हो जाते हैं ऐसा नित्य ज्ञान सर्वश्रेष्ठ समझो क्योंकि वह केवल प्राणवायु से गोचर होता है ॥ १५०-१५३ ॥

मनुष्यजन्मस्य दुर्लभत्वम्

मानुषं सफलं जन्म सर्वशास्त्रेषु गोचरम् ।
चतुरशीतिलक्षेषु शरीरेषु शरीरिणाम् ॥ १५४ ॥
न मानुष्यं विनान्यत्र तत्त्वज्ञानं तु विद्यते ।

मनुष्य जन्म का दुर्लभत्व—चौरासी लाख योनियों वाले शरीरों में जीव का मनुष्य योनि में जन्म लेना सफल है, ऐसा सभी शास्त्रों में कहा गया है, क्योंकि मनुष्य शरीर के अतिरिक्त और किसी भी योनि में तत्त्वज्ञान नहीं होता ॥ १५४-१५५ ॥

कदाचिल्लभ्यते जन्म मानुष्यं पुण्यसञ्चयात् ॥ १५५ ॥
सोपानीभूतमोक्षस्य [2] मानुष्यं जन्म [3] दुर्लभम् ।
मानुषेषु च शंसन्ति सिद्धयः स्युः प्रधानिकाः ॥ १५६ ॥
अणिमादिगुणोपेतास्तस्माद् देवो नरोत्तमः ।

---

१. बाह्यवागूदृष्टिवर्जितम्—क० । २. सोपानभूतं मानुष्यं मोक्षस्य जन्मदुर्लभम्—क० ।
३. पृथक् पदमेतत्, न तु समस्तम् ।

किन्तु जब बहुत बड़े पुण्य का सञ्चय होता है तब कदाचित मनुष्य शरीर प्राप्त होता है । मोक्ष का सापान रूप मनुष्य जन्म होना दुर्लभ है । मनुष्य शरीर में ही प्रधान प्रधान सिद्धियाँ होती हैं । यह मनुष्य शरीर अणिमादि गुणों से संयुक्त है । इसलिये (अधिमादि सिद्धियों से युक्त) उत्तम मनुष्य साक्षाद् देवता है ॥ १५५-१५७ ॥

विना देहेन कस्यापि पुरुषार्थो न लभ्यते ॥१५७॥
तस्माच्छरीरं संरक्ष्य नित्यं ज्ञानं प्रसाधय ।

बिना शरीर धारण किये धर्मकामादि पुरुषार्थ का प्राप्त होना संभव नहीं है । इसलिये शरीर की रक्षा करके ही मनुष्य को ज्ञान प्राप्ति के लिये प्रयत्न करना चाहिये ॥ १५७-१५८ ॥

मानुषं ज्ञाननिकरं ज्ञानात्मानं परं विदुः ॥१५८॥
मुनयो मौनशीलाश्च मुनितन्त्रादिगोचरम् ।
मानुषः सर्वगामी च नित्यस्थाननिराकुलः ॥१५९॥
(मित्र)मन्त्रजापं योगजापं कृत्वा पापनिवारणम् ।
परं मोक्षमवाप्नोति मानुषो नात्र संशयः ॥१६०॥

यह मनुष्य ज्ञान का खजाना है और ज्ञानात्मक है—ऐसा अभियुक्त जनों का कहना है। मुनि के क्रिया कलाप को जानने वाला मुनि, मौन रूप शील धारण करने वाला है, वह सर्वत्रगमन करने वाला, नित्य एक स्थान में निराकुल रहने वाला वह मन्त्र (मित्र) जाप तथा योगजाप कर अपने पाप को दूर कर देता है और परब्रह्म की प्राप्ति रूप मोक्ष प्राप्त कर लेता है इसमें रञ्च मात्र भी संशय नहीं है ॥ १५८-१६० ॥

मयोक्तानि च तन्त्राणि मद्भक्ता ये पठन्ति च ।
पठित्वा कुरुते कर्म कृत्वा मत्सन्निधिं व्रजेत् ॥१६१॥
मदुक्तानि च शास्त्राणि न ज्ञात्वा साधको यदि ।
अन्यशास्त्राणि सम्बोध्य कोटिवर्षेण सिद्ध्यति ॥१६२॥

जो मेरे भक्त मेरे द्वारा कहे गए तन्त्रों को पढ़ते हैं और पढ़कर तदनुसार कर्म करते हैं वे मेरी सन्निधि को प्राप्त करते हैं । जो साधक मेरी भक्ति करते हैं किन्तु मेरे द्वारा कहे गये तन्त्रों एवं शास्त्रों का ज्ञान न कर अन्य शास्त्रों का ज्ञान करते हैं वे करोड़ों वर्षों में सिद्ध होते हैं ॥ १६१-१६२ ॥

शुक्तौ रजतविभ्रान्तिर्यथा भवति भैरव ।
तथान्यदर्शनेभ्यश्च भुक्तिं मुक्तिञ्च काङ्क्षति ॥१६३॥
यत्र भोगस्तत्र मोक्षो द्वयं कुत्र न सिद्ध्यति ।
मम श्रीपादुकाम्भोजे सेवको मोक्षभोगगः ॥१६४॥

हे महाभैरव ! जिस प्रकार शुक्ति में रजत का भ्रम हो जाता है उसी प्रकार मनुष्य भ्रम वश अन्य दर्शनों से भुक्ति और मुक्ति दानों चाहता है । जहाँ भोग होता है वहाँ दूसरा मोक्ष कैसे रह सकता है क्योंकि दोनों का एकत्र रहना सिद्ध नहीं है । किन्तु मेरे चरणकमलों का वह सेवक मोक्ष और भोग दोनों का भागी होता है ॥ १६३-१६४ ॥

बाह्यद्रष्टा प्रगृह्णाति आकाशस्थिततेजसम् ।
ब्रह्माण्डज्ञानद्रष्टा च देशाण्डस्थं प्रपश्यति ॥ १६५ ॥

बाह्यद्रष्टा साधक देखने के लिये आकाश में रहने वाले तेज को ग्रहण करता है । किन्तु सारे ब्रह्माण्ड के ज्ञान का द्रष्टा अपने आन्तर ज्ञान से समस्त प्रदेशों और ब्रह्माण्ड का दर्शन करता है ॥ १६५ ॥

घटप्रत्यक्षसमगे आलोको व्यञ्जको यथा ।
बिना घटत्त्वयोगेन न प्रत्यक्षो यथा घटः ॥ १६६ ॥
इतराद् भिद्यमानोऽपि न भेदमुपगच्छति ।
पुरुषे नैव भेदोऽस्ति विना शक्तिं कथञ्चन ॥ १६७ ॥

जिस प्रकार घट का प्रत्यक्ष करने के लिये प्रकाश की आवश्यकता होती है । फिर भी जैसे घटत्व ज्ञान के बिना घट का प्रत्यक्ष नहीं होता और इतरघट से उस घट के भिन्न होने पर भी उसे घट भेद दिखाई नहीं पड़ता, उसी प्रकार पुरुषों में भी भेद है, किन्तु बिना शक्ति के वह दिखाई नहीं पड़ता ॥ १६६-१६७ ॥

शक्तिहीनो यथा देही निर्बलो योगविवर्जितः ।
ज्ञानहीनस्तथात्मानं न पश्यति पदद्वयम् ॥ १६८ ॥
स्वभावं नाधिगच्छन्ति संसारज्ञानमोहिताः ।
अभिपश्यति सश्लोको यद्भावं परिभाव्यते ॥ १६९ ॥

जिस प्रकार शक्तिहीन जीव निर्बल और वाणी में असमर्थ होता है उसी प्रकार पुं-शक्तिहीन अपने अज्ञान और अपनी आत्मा—दोनों को नहीं जानता । संसार के अज्ञान से मोहित प्राणी अपने आत्मस्वरूप को नहीं पहचानते और अज्ञान में पड़े हुये वे जड़ ज्ञान का दर्शन भी नहीं कर पाते ॥ १६८-१६९ ॥

ईश्वरस्यापि दूतस्य यमराजस्य बन्धनम् ।
निधनं चानुगच्छन्ति दृष्ट्वा च तनुजं धनम्[१] ॥ १७० ॥
लोको मोहसुरां पीत्त्वा न वेत्ति हितमात्मनः ।
सम्पदः स्वप्नमेव स्याद् यौवनं कुसुमोपमम् ॥ १७१ ॥

वे ईश्वर के दूत यमराज के बन्धन में पड़े रहते हैं तथा अपने पुत्र और धन को देखते देखते मृत्यु को प्राप्त करते हैं । यह संसार मोहरूपी मदिरा पी कर इतना उन्मत्त हो जाता है कि उसे अपना हित दिखाई नहीं देता । सारी संपत्ति स्वप्न है । जवानी भी फूल के समान थोड़े दिन विकसित रहने वाली है ॥ १७०-१७१ ॥

तडिच्चपलमायुष्यं[२] कस्याप्यज्ञानतो धृतिः ।
शतं जीवति मर्त्यश्च निद्रा स्यादर्धहारिणी ॥ १७२ ॥

---

१. धनम्—क० ।

२. यथा विद्युत् चपला, तथैव आयुरपि क्षणिकं भवति ।

अर्धं हरति कामिन्याः शक्तिबुद्धिप्रतापिनी ।
असद्वृत्तिश्च मूढानां हन्त्यायुषमहर्निशम् ॥ १७३ ॥

आयु बिजली के समान चञ्चल है । इस अज्ञान से भला किसे धैर्य हो सकता है । अधिक से अधिक वह सौ वर्ष तक जीता है । उसमें भी उसकी आधी आयु निद्रा में बीत जाती है । ताप उत्पन्न करने वाली कामिनी में आसक्त बुद्धि उसकी आधी आयु ले बीतती है । इतना ही नहीं, उसकी असद्वृत्ति दिन रात उसके आयु को नष्ट करने में लगी रहती है ॥ १७२-१७३ ॥

बाल्यरोगजरादुःखैः सर्वं[1] तदपि निष्फलम् ।
स्त्रीपुत्रपितृमात्रादिसम्बन्धः केन हेतुना ॥ १७४ ॥
दुःखमूलो हि संसारः स यस्यास्ति स दुःखितः ।
अस्य त्यागः कृतो येन स सुखी नात्र संशयः ॥ १७५ ॥

इस प्रकार कभी अज्ञान से, कभी रोग से और कभी बुढ़ापे के दुःख से उसकी सारी आयु बीत जाती है । उससे वह कुछ भी फल नहीं प्राप्त करता । स्त्री, पुत्र, पिता एवं मातादि का सम्बन्ध किस कारण करना चाहिये, जब संसार दुःख का मूल ही है । इसलिये जो अपने हृदय में संसार को बसाता है वह दुःखी है । जिसने इस संसार का त्याग कर दिया, वही सुखी है, इसमें संशय नहीं है ॥ १७४-१७५ ॥

सुखदुःखपरित्यागी[2] कर्मणा किं न लभ्यते ।
लोकाचारभयार्थं हि यः करोति क्रियाविधिम् ॥ १७६ ॥
ब्रह्मज्ञाताहमखिले[3] ये जपन्ति निरादराः ।
सांसारिकसुखासक्तं ब्रह्मज्ञोस्मीति वादिनम् ॥ १७७ ॥
त्यजेत् तं सततं धीरश्चाण्डालमिव दूरतः ।

सुख दुःख का परित्याग कर देने वाला महापुरुष अपने कर्म से क्या नहीं प्राप्त कर लेता । जो लोकाचार के भय से सांसारिक कार्य करता रहता है और बिना श्रद्धा के अपने को इस संसार में ब्रह्म का ज्ञाता मानता है और सांसारिक सुख में आसक्त होकर भी अपने को 'ब्रह्मज्ञोऽस्मि' ऐसा मानता है धैर्यवानपुरुष को उसे सदैव चाण्डाल के समान दूर से ही त्याग कर देना चाहिये ॥ १७६-१७८ ॥

गृहारण्यसमालोके गतव्रीडा दिगम्बराः ॥ १७८ ॥
चरन्ति गर्दभाद्याश्च व्रतिनस्ते भवन्ति किम् ।
तृणपर्णोदकाहाराः सततं वनवासिनः ॥ १७९ ॥
हरिणादिमृगाश्चैव तापसास्ते भवन्ति किम् ।

घर में अथवा अरण्य में निर्लज्ज नङ्गे गर्दभादि चरते रहते हैं तो क्या उससे वे व्रती

---

१. वर्जम्—क० । २. सुखदुःखपरित्यागः कर्मणा केन लभ्यते—क० ।
३. ब्रह्मज्ञाताहमात्मानं ये वदन्ति निरादाराः—क० ।

कहे जा सकते हैं ? वन में रह कर निरन्तर तृण और पत्ते का आहार करने वाले हरिणादि जङ्गली जीव क्या तपस्वी कहे जा सकते हैं ? ॥ १७८-१७९ ॥

शीतवातातपसहा भक्ष्याभक्ष्यसमा अपि ॥ १८० ॥
चरन्ति शूकराद्याश्च व्रतिनस्ते भवन्ति किम् ।

शीत, वात और घाम सहने वाले तथा भक्ष्याभक्ष्य को समान समझने वाले शूकर आदि चरते रहते हैं क्या उससे वे व्रती कहे जायेंगे ? ॥ १८०-१८१ ॥

आकाशे पक्षिण: सर्वे भूतप्रेतादयोऽपि च ॥ १८१ ॥
चरन्ति रात्रिगा: सर्वे खेचरा: किं महेश्वरा: ।

आकाश में सभी पक्षी उड़ते रहते हैं भूत प्रेतादि भी आकाश मार्ग से चलते रहते हैं तो क्या रात्रि में गमन करने वाले ये सभी खेचर महेश्वर कहे जायँगे ? ॥ १८१-१८२ ॥

आजन्ममरणान्तञ्च गङ्गादितटनीस्थिता: ॥ १८२ ॥
मण्डूकमत्स्यप्रमुखा व्रतिनस्ते भवन्ति किम् ।
एतज्ज्ञाननिविष्टाङ्गा: यदि गच्छन्ति पण्डिता: ॥ १८३ ॥
तथापि कर्मदोषेण नरकस्था भवन्ति हि ।
कौटिल्यालससंसर्गवर्जिता[1] ये भवन्ति हि ॥ १८४ ॥
प्राप्नुवन्ति मम स्थानं मम भक्तिपरायणा: ।

जन्म से ले कर मरण पर्यन्त गङ्गादि सुरसरितों में रहने वाले मण्डूक एवं मत्स्यादि प्रमुख जन्तु क्या व्रती कहे जायेंगे ? इस प्रकार के ज्ञान का विवेचन कर यदि पण्डित जन अज्ञ बने हुए हैं, तो भी कर्म के दोष से उनके हाथ कुछ नहीं लगता और वे अन्ततः नरकगामी ही होते हैं । किन्तु कुटिलता, आलस्य और संसर्ग दोषों को छोड़कर जो मेरी भक्ति में लगे रहते हैं, वे मेरा स्थान प्राप्त कर लेते हैं ॥ १८२-१८५ ॥

ऊद्‌ध्र्वं व्रजन्ति भूतानि शरीरमतिवाहिकम् ॥ १८५ ॥
निजदेहाभिशापेन नानारूपो भवेन्नर: ।
शरीरजै: कर्मदोषैर्याति स्थावरतां[2] नर: ॥ १८६ ॥
इह दुश्चरितै: केचित् केचित् पूर्वकृतैस्तथा ।
प्राप्नुवन्ति दुरात्मानो नरा रूपविपर्ययम् ॥ १८७ ॥

ऐसे तो सारे प्राणी अतिवाहिक शरीर धारण कर ऊपर जाते ही हैं । क्योंकि अपने देह के कर्मानुसार मनुष्य नाना रूप में जन्म लेता है । (शरीर से होने वाले कर्म से कोई जीव दुष्ट गति प्राप्त करता है) । किसी का दुश्चरित्र इस जन्म का होता है तो किसी का पूर्वजन्म का होता है । (पूर्वजन्म का) दुरात्मा मनुष्य जन्म में भी रूपविपर्यय (कुरूपता) प्राप्त करता है ॥ १८६-१८७ ॥

---

१. कौटिल्यं च अलससंसर्गश्चेति द्वन्द्व:, ताभ्यां वर्जिता इत्यर्थ: ।

२. याति दुष्टाङ्गतिं नर:—ख० ।

गुरुपादविहीना ये ते नश्यन्ति ममाज्ञया ।
गुरुर्मूलं[१] हि मन्त्राणां गुरुर्मूलं परन्तपः ॥ १८८ ॥
गुरोः प्रसादमात्रेण सिद्धिरेव न संशयः ।

जो गुरुचरणकृपा से रहित हैं वे मेरी आज्ञा से विनष्ट हो जाते हैं । वस्तुतः गुरुचरणपादुका नष्ट होने से रक्षा करती है अतः गुरुचरणसेवा सबसे बड़ा तप है । गुरु के प्रसन्न होने मात्र से सारी सिद्धि प्राप्त हो जाती है इसमें संशय नहीं ॥ १८८-१८९ ॥

अहं गुरुरहं देवो मन्त्रार्थोऽस्मि न संशयः ॥ १८९ ॥
भेदका नरकं यान्ति नानाशास्त्रार्थवर्जिताः ।
सर्वासामेव विद्यानां दीक्षा मूलं यथा प्रभो ॥ १९० ॥
गुरुमूलस्वतन्त्रस्य गुरुरात्मा न संशयः ।

मैं ही गुरु हूँ, मैं ही देव हूँ, मैं ही मन्त्रार्थ हूँ, नाना शास्त्रों के अर्थ को न जानने वाले जो लोग इनमें भिन्न बुद्धि रखते हैं वे नरक में पड़ते हैं । हे प्रभो ! सभी विद्याओं की प्राप्ति का मूल जैसे दीक्षा है, वैसे ही स्वतन्त्र का मूल गुरु है किं बहुना गुरु ही आत्मा है इसमें संशय नहीं ॥ १८९-१९१ ॥

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥ १९१ ॥
आत्मना क्रियते कर्म भावसिद्धिस्तदा भवेत् ।
हीनाङ्गी कपटी रोगी बह्वाशी[२] शीलवर्जितः ॥ १९२ ॥
मय्युपासनमास्थाय[३] उपविद्यां सदाभ्यसेत् ।
धनं धान्यं सुतं वित्तं राज्यं ब्राह्मणभोजनम् ॥ १९३ ॥
शुभार्थं सम्प्रयोक्तव्यं नान्यचिन्ता वृथाफलम् ।
नित्यश्राद्धरतो मर्त्यो धर्मशीलो नरोत्तमः ॥ १९४ ॥

अपनी ही आत्मा अपना बन्धु है और अपनी ही आत्मा अपना शत्रु है । अपने द्वारा जिस कर्म को जिस भाव से किया जाता है उसी भाव से सिद्धि मिलती है । चाहे हीनाङ्ग, कपटी, रोगी एवं बहुभोजी तथा शीलरहित ही साधक क्यों न हो मेरी उपासना करते हुये उसे उपविद्या का अभ्यास करते रहना चाहिये । धन, धान्य, सुत, वित्त, राज्य तथा ब्राह्मण भोजन अपने कल्याण के लिये प्रयुक्त करना चाहिये । अन्य की चिन्ता नहीं करनी चाहिये क्योंकी वह निष्फल है । नित्यश्राद्ध करने वाला धर्मशील मनुष्य सभी मनुष्यों में श्रेष्ठ है ॥ १९१-१९४ ॥

महीपालः प्रियाचारः पीठभ्रमणतत्परः ।
पीठे पीठे महाविद्यादर्शनं यदि लभ्यते ॥ १९५ ॥
तदा तस्य करे सर्वाः सिद्धयोऽव्यक्तमण्डलाः ।
अकस्माज्जायते सिद्धिर्महामायाप्रसादतः ॥ १९६ ॥

---

१. गुरुस्थलीहतत्राणां गुरुर्मूलं परन्तपः—क० ।
२. बहु अश्नाति तच्छीलः ।
३. ममोपासनम्—क० ।

पवित्र आचरण वाला, मेरे सिद्धपीठों में भ्रमण करने वाला महीपाल यदि मेरे उन उन पीठों में जाकर मेरा दर्शन करे, तो अव्यक्त (सूक्ष्म) मण्डल में रहने वाली समस्त सिद्धियाँ उसके हस्तगत हो जाती हैं, क्योंकि महामाया के प्रसन्न होने पर अकस्मात् सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ १९५-१९६ ॥

महावीरो महाधीरो दिव्यभावस्थितोऽपि वा ।
अथवा पशुभावस्थो मन्त्रपीठं विवासयेत् ॥ १९७ ॥
क्रियायाः फलदं प्रोक्तं भावत्रयमनोरमम् ।
तथा च युगभावेन दिव्यवीरेण भैरव ॥ १९८ ॥

भाव प्रशंसा—अथवा, महावीरभाव में अथवा महाधीर साधक को दिव्यभाव में स्थित होने से सिद्धि मिलती है, अथवा पशुभाव में स्थित मन्त्रज्ञ साधक मुझे अपने हृदयरूपी पीठ में निवास करावे तब सिद्धि प्राप्त होती है । मनोरमभावत्रय (पशुभाव, वीरभाव और दिव्यभाव) ही क्रिया को सफल बनाते हैं, अथवा, हे भैरव ! दिव्यभाव और वीरभाव भी क्रिया को फलवती बनाते हैं ॥ १९७-१९८ ॥

प्रपश्यन्ति महावीराः पशवो हीनजातयः ।
न पश्यन्ति कलियुगे शास्त्राभिभूतचेतसः ॥ १९९ ॥
अपि वर्षसहस्रेण शास्त्रान्तं नैव गच्छति ।
तर्काद्यनेकशास्त्राणि अल्पायुर्विघ्नकोटयः ॥ २०० ॥

हीन जाति में उत्पन्न पशुभाव वाले तथा वीर भाव वाले मुझे प्राप्त करते हैं । किन्तु शास्त्रों से अभिभूत चित्त वाले इस कलियुग में मेरा दर्शन नहीं प्राप्त कर सकते । कोई हजारों वर्ष पर्यन्त लगे रहने पर भी शास्त्रों का अन्त नहीं प्राप्त कर सकता । एक तो तर्कादि अनेक शास्त्र हैं और अपेक्षाकृत मनुष्य की आयु अत्यन्त स्वल्प है तथा उसमें भी करोड़ों विघ्न हैं ॥ १९९-२०० ॥

तस्मात् सारं विजानीयात् क्षीरं हंस इवाम्भसि ।
कलौ च दिव्यवीराभ्यां नित्यं तद्गतचेतसः ॥ २०१ ॥
महाभक्ताः प्रपश्यन्ति महाविद्यापरं पदम् ।

इस कारण जिस प्रकार हंस जल में से क्षीर को अलग कर लेता है उसी प्रकार शास्त्रों के सार का ज्ञान कर लेना चाहिए । इस घोर कलियुग में दिव्य और वीरभाव के सहारे अपने चित्त का महाविद्या में लगाये हुये मेरे महाभक्त महाविद्या के परम पद का दर्शन कर लेते हैं ॥ २०१-२०२ ॥

साधवो मौनशीलाश्च [१] सदा साधनतत्पराः ॥ २०२ ॥
दिव्यवीरस्वभावेन पश्यन्ति मत्पदाम्बुजम् ।
भावद्वयं ब्राह्मणानां [२]महासत्फलकाङ्क्षिणाम् ॥ २०३ ॥

---

१. मुनेर्भवो मौनम्, मौनं शीलं येषां ते ।

२. मोक्षसत्फलकांक्षिणाम्—क० ।

अथवा चावधूतानां भावद्वयमुदाहृतम् ।
भावद्वयप्रभावेण महायोगी भवेन्नरः ॥ २०४ ॥
मूर्खोऽपि वाक्पतिः श्रेष्ठो भावद्वयप्रसादतः ।

मौन धारण करने वाले सर्वदा साधन में लगे हुये सज्जन दिव्य और वीरभाव के स्वभाव से मेरे चरण कमलों का दर्शन कर लेते हैं । बहुत बड़े उत्तम फल की आकांछा रखने वाले ब्राह्मणों को दो भाव ग्राह्य है अथवा अवधूतों के लिये भी दो ही भाव कहे गये हैं । इन दो भाव के प्रभाव से साधक मनुष्य महायोगी हो जाता है । किं बहुना, भाव द्वय को सिद्ध कर लेने पर मूर्ख भी वाचस्पति हो जाता है ॥ २०२-२०५ ॥

ये जानन्ति महादेव मम तन्त्रार्थसाधनम् ॥ २०५ ॥
भावद्वयं हि वर्णानां ते रुद्रा नात्र संशयः ।
भावुको भक्तियोगेन्द्रः सर्वभावज्ञसाधनः ॥ २०६ ॥
उन्मत्तजडवन्नित्यं निजतन्त्रार्थपारगः ।

हे महादेव ! जो तन्त्रार्थ से सिद्ध किये गये सभी वर्णों के लिए विहित दो भाव को जानते हैं, वे साक्षात् रुद्र हैं, इसमें संशय नहीं । भावद्वय सभी भावज्ञों का साधन है । भाव को जानने वाले साधक भक्तियोग के इन्द्र हैं वे अपने तन्त्रार्थ के पारदर्शी होते हैं । नित्य उन्मत्त और जड़ के समान बने रहते हैं ॥ २०५-२०७ ॥

वृक्षो वहति पुष्पाणि गन्धं जानाति नासिका ॥ २०७ ॥
पठन्ति सर्वशास्त्राणि दुर्लभा भावबोधकाः ।
प्रज्ञाहीनस्य पठनमन्धस्यादर्शदर्शनम् ॥ २०८ ॥
प्रज्ञावतो धर्मशास्त्रं बन्धनायोपकल्पते ।

(जो भाव नहीं जानते वे इस प्रकार हैं) जैसे वृक्ष फूल धारण करता है किन्तु उसकी गन्ध नासिका ही जानती है । इसी प्रकार तत्त्वशास्त्र के पढ़ने वाले तो बहुत हैं पर भाव के जानकार कोई कोई होते हैं । जिस प्रकार बुद्धिहीन की पढ़ाई और अन्धे को आदर्श (दर्पण) का दर्शन, व्यर्थ होता है उसी प्रकार प्रज्ञावानों को भी धर्मशास्त्र का ज्ञान बन्धन का कारण हो जाता है ॥ २०७-२०९ ॥

तत्त्वमीदृगिति भवेदिति शास्त्रार्थनिश्चयः ॥ २०९ ॥
अहं कर्ताऽहमात्मा च सर्वव्यापी निराकुलः ।
मनसेति स्वभावञ्च चिन्तयत्यपि वाक्पतिः ॥ २१० ॥

यह तत्त्व इस प्रकार हो सकता है यही शास्त्रार्थ का निश्चयज्ञान है । इस प्रकार वाक्पति अपने मन से मैं कर्त्ता हूँ, मैं आत्मा हूँ, मैं सर्वव्यापी हूँ इस प्रकार के स्वभाव की चिन्ता करते हैं ॥ २०९-२१० ॥

सौदामिनीतेजसो वा सहस्रवर्षकं[१] यदा ।

---

१. सौदामिनी तेजसा वा सहस्तचषकं यथा—क० ।

प्रपश्यति महाज्ञानी एकचन्द्रं सहस्रकम् ॥ २११ ॥
कोटिवर्षशतेनापि यत्फलं लभते नरः ।
एकक्षणमङ्घ्रिरजो[1] ध्यात्वा तत्फलमश्नुते ॥ २१२ ॥

जब सौदामनी के समान (क्षणिक) तेज से युक्त शास्त्र ज्ञानी एक सहस्रवर्ष पर्यन्त देखता है तभी (तन्त्रवेत्ता एवं भावज्ञ) महाज्ञानी एक चन्द्र को सहस्र चन्द्र के समान देखता है । करोड़ों वर्ष तक इस प्रकार तपस्या करने से मनुष्य जो फल प्राप्त करता है वह सभी फल मेरे चरणों के रज का एक क्षण मात्र ध्यान करने से उसे प्राप्त हो जाता है ॥ २११-२१२ ॥

विचरेद्यदि सर्वत्र केवलानन्दवर्धनम् ।
कामरूपं महापीठं त्रिकोणाधारतैजसम् ॥ २१३ ॥
जलबुद्बुद्शब्दान्तमनन्तमङ्गलात्मकम् ।
स भवेन्मम दासेन्द्रो गणेशगुहवत्प्रियः[2] ॥ २१४ ॥

यदि कोई आनन्द बढ़ाने वाले एवं त्रिकोण के आधार में (कुण्डलिनी) स्थित तेज वाले मेरे कामरूप पीठ में, जहाँ जल के बुदबुद के समान शब्द होता है तथा जो अनन्त मङ्गलात्मक है, वहाँ सर्वत्र विचरण करे तो वह गणेश और कार्त्तिकेय के समान मेरा प्रिय बन कर मेरा दास हो जाता है और भक्तों में इन्द्र बन जाता है ॥ २१३-२१४ ॥

कंकालाख्या—साट्टहासा—विकटाक्षोपपीठकम् ।
विचरेत् साधकश्रेष्ठो मत्पादाब्जं यदीच्छति ॥ २१५ ॥
ज्वालामुखीमहापीठं मम प्रियमतर्कवित् ।
यो भ्रमेन्मम तुष्ट्यर्थं स योगी भवति ध्रुवम् ॥ २१६ ॥

यदि कोई साधक मेरे चरणकमलों को प्राप्त करना चाहता है तो साट्टहास एवं विकटाक्ष रूप उपपीठ, जिसका नाम कङ्काल है वहाँ पर विचरण करे । ज्वालामुखी नाम का महापीठ मेरा अत्यन्त प्रिय है जो मेरी संतुष्टि के लिये वहाँ भ्रमण करता है वह निश्चय ही योगी हो जाता है ॥ २१५-२१६ ॥

भावद्वयादिनिकरं ज्वालामुख्यादिपीठकम् ।
भ्रमन्ति ये साधकेन्द्रास्ते सिद्धा नात्र संशयः ॥ २१७ ॥
भावात् परतरं नास्ति त्रैलोक्यसिद्धिमिच्छताम् ।
भावो हि परमं ज्ञानं ब्रह्मज्ञानमनुत्तमम् ॥ २१८ ॥

दोनों भावों का खान रूप ज्वालामुख्यादिपीठ में जो साधकेन्द्र भ्रमण करते हैं वे अवश्य ही सभी साधकों में श्रेष्ठ एवं सिद्ध हो जाते हैं इसमें संशय नहीं । त्रैलोक्य की सिद्धि चाहने वालों के लिये भाव से बढ़ कर और कोई पदार्थ नहीं क्योंकि भाव ही परमज्ञान और सर्वोत्तम ब्रह्मज्ञान है ॥ २१७-२१८ ॥

---

१. एकक्षणमदङ्घ्रिरजो—क० ।

२. गणेशश्च गुहश्च ताभ्यां तुल्यः । गुहः = कार्तिकेयः । सूतवत्प्रियः—क० ।

कोटिकन्याप्रदानेन वाराणस्यां शताटनैः ।
किं कुरुक्षेत्रगमने यदि भावो न लभ्यते ॥ २१९ ॥
गयायां श्राद्धदानेन नानापीठाटनेन किम् ।
नानाहोमैः क्रियाभिः किं यदि भावो न लभ्यते ॥ २२० ॥
भावेन ज्ञानमुत्पन्नं ज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात् ।

यदि भाव का ज्ञान नहीं हुआ तो करोड़ों कन्या दान से किं वा वाराणसी की सौ बार परिक्रमा से अथवा कुरुक्षेत्र में यात्रा करने से क्या लाभ ? भावद्वयज्ञान के बिना गया में श्राद्ध एवं दान से या अनेक पीठों में भ्रमण करने से भी कोई लाभ नहीं । बहुत क्या कहें, यदि भाव ज्ञान नहीं हुआ तो अनेक प्रकार के होम और क्रिया से भी क्या ? भाव से ज्ञान उत्पन्न होता है । ज्ञान होने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है ॥ २१९-२२१ ॥

आत्मनो [१] मनसा देव्यागुरोरीश्वरमुच्यते [२] ॥ २२१ ॥
ध्यानं संयोजनं प्रोक्तं मोक्षमात्ममनोलयम् ।

गुरु महिमा—आत्मा से, मन से एवं वाणी से गुरु ईश्वर कहा जाता है । ध्यान ही सायुज्य है और मन को लय कर देना 'मोक्ष' कहा जाता है ॥ २२१-२२२ ॥

गुरोः प्रसादमात्रेण शक्तितोषो महान् भवेत् ॥ २२२ ॥
शक्तिसन्तोषमात्रेण मोक्षमाप्नोति साधकः ।
गुरुमूलं जगत्सर्वं गुरुमूलं परन्तपः ॥ २२३ ॥
गुरोः प्रसादमात्रेण मोक्षमाप्नोति सद्वशी ।

गुरु की प्रसन्नता मात्र से यहाँ (कुण्डलिनी) शक्ति अत्यन्त संतुष्ट हो जाती है और जब साधक पर शक्ति संतुष्ट हो जाती है तो उसे 'मोक्ष' अवश्य प्राप्त हो जाता है ॥ २२२-२२३ ॥

इस सारे संसार का मूल गुरु है । समस्त तपस्याओं का मूल गुरु है । उत्तम और जितेन्द्रिय साधक गुरु के प्रसन्न होने मात्र से मोक्ष प्राप्त कर लेता है ॥ २२३-२२४ ॥

न लङ्घयेद् गुरोराज्ञामुत्तरं न वदेत् तथा ॥ २२४ ॥
दिवारात्रौ गुरोराज्ञां दासवत् परिपालयेत् ।
उक्तानुक्तेषु [३] कार्येषु नोपेक्षां कारयेद् बुधः ॥ २२५ ॥

इसलिये साधक गुरु की आज्ञा का कभी उल्लंघन न करे तथा उनका उत्तर न दे । दिन रात दास के समान गुरु की आज्ञा का पालन करे । बुद्धिमान साधक उनके कहे गये अथवा बिना कहे कार्यों की उपेक्षा न करे ॥ २२४-२२५ ॥

गच्छतः प्रयतो गच्छेद् गुरोराज्ञां न लङ्घयेत् ।
न शृणोति गुरोर्वाक्यं शृणुयाद् वा पराङ्मुखः ॥ २२६ ॥

---

१. आत्मना मनसा वाचा गुरावीश्वर उच्यते—ख० ।
२. सन्मते—क० ।
३. उक्तानि च अनुक्तानि च, उक्तानुक्तानि तेषु ।

अहितं वा हितं वापि रौरवं नरकं व्रजेत् ।
आज्ञाभङ्गं गुरोर्दैवाद् यः करोति विबुद्धिमान् ॥ २२७ ॥
प्रयाति नरकं घोरं शूकरत्वमवाप्नुयात् ।

उनके चलते रहने पर स्वयं भी नम्रतापूर्वक उनका अनुगमन करे और उनकी आज्ञा का कभी उल्लंघन न करे । जो गुरु की अहितकारी अथवा हितकारी बात नहीं सुनता अथवा सुन कर अपना मुंह फेर लेता है वह रौरव नरक में जाता है । दैवात् यदि बुद्धिरहित पुरुष अपने गुरु की आज्ञा का उल्लंघन करता है वह घोर नरक में जाता है और शूकर योनि प्राप्त करता है ॥ २२६-२२८ ॥

आज्ञाभङ्गं तथा निन्दां गुरोरप्रियवर्तनम् ॥ २२८ ॥
गुरुद्रोहञ्च यः कुर्यात् तत्संसर्गं न कारयेत् ।
गुरुद्रव्याभिलाषी [1] च गुरुस्त्रीगमनानि च ॥ २२९ ॥
पातकञ्च भवेत् तस्य प्रायश्चित्तं न कारयेत् ।
गुरुं दुष्कृत्य [2] रिपुवन्निर्हरेत् परिवादतः ॥ २३० ॥
अरण्ये निर्जने देशे स भवेद् ब्रह्मराक्षसः ।

जो गुरु की आज्ञा का उल्लङ्घन, गुरुनिन्दा, गुरु को चिढ़ाने वाला, अप्रिय व्यवहार तथा गुरुद्रोह करता है उसका संसर्ग कभी नहीं करना चाहिये । जो गुरु के द्रव्य को चाहता है, गुरु की स्त्री के साथ सङ्गम करता है उसे बहुत बड़ा पाप लगता है अतः उसका कोई प्रायश्चित्त नहीं है । जो निन्दा के द्वारा गुरु का शत्रुवत् अहित करता है वह अरण्य में एवं निर्जन स्थान में ब्रह्मराक्षस होता है ॥ २२८-२३१ ॥

पादुकाम् आसनं वस्त्रं शयनं भूषणानि च ॥ २३१ ॥
दृष्ट्वा गुरुं नमस्कृत्य आत्मभोगं न कारयेत् ।
सदा च पादुकामन्त्रं जिह्वाग्रे यस्य वर्तते ॥ २३२ ॥
अनायासेन धर्मार्थकाममोक्षं लभेन्नरः ।
श्रीगुरोश्चरणाम्भोजं [3] ध्यायेच्चैव सदैव तम् ॥ २३३ ॥
भक्तये मुक्तये वीरं नान्यभक्तं ततोऽधिकम् ।

गुरु का खड़ाऊँ, आच्छादन, वस्त्र, शयन तथा उनके आभूषण देखकर उन्हे नमस्कार करे और अपने कार्य में कभी भी उसका उपयोग न करे । जिस मनुष्य के जिह्वा के अग्रभाग में सदैव गुरुपादुका मन्त्र विद्यमान रहता है वह अनायास ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर लेता है । शिष्य को अपने भोग तथा मोक्ष के लिये गुरु के चरण कमलों का सदैव ध्यान करना चाहिये । हे वीर भैरव! उससे बढ़ कर अन्य कोई भक्ति नहीं है ॥ २३१-२३४ ॥

---

१. गुरोर्द्रव्यं गुरुद्रव्यम्, तद् अभिलषति तच्छीलः ।

२. गुरुं हुँकृत्य रिपुवन्निर्गत्य परिवादतः—क० ।

३. चरणौ अम्भोजमिव, उपमितं व्याघ्रादिभिरिति समासः ।

एकग्रामे स्थित: शिष्यो गत्वा तत्सन्निधिं[१] सदा ॥ २३४ ॥
एकदेशे स्थित: शिष्यो गत्वा तत्सन्निधिं[२] सदा ।
सप्तयोजनविस्तीर्णं मासैकं प्रणमेद् गुरुम् ॥ २३५ ॥

यदि शिष्य और गुरु एक ही ग्राम में निवास करते हों तो शिष्य को चाहिये कि वह तीनों संध्या में जाकर अपने गुरु को प्रणाम करे । यदि एक ही देश में गुरु और शिष्य के निवास में सात योजन का अन्तर हो तो शिष्य को महीने में एक बार जा कर उन्हें प्रणाम करना चाहिये ॥ २३४-२३५ ॥

श्रीगुरोश्चरणाम्भोजं यस्यां दिशि विराजते ।
तस्यां दिशि नमस्कुर्यात् कायेन मनसा धिया ॥ २३६ ॥
विद्याङ्गमासनं मन्त्रं मुद्रां तन्त्रादिकं प्रभो ।
सर्वं गुरुमुखाल्लब्ध्वा सफलं नान्यथा भवेत् ॥ २३७ ॥

श्री गुरु का चरण कमल जिस दिशा में विद्यमान हो उस दिशा में शरीर से (दण्डवत् प्रणाम द्वारा), मन से तथा बुद्धि से नमस्कार करे । हे प्रभो ! वेदाङ्गादि विद्या, पद्मासनादि आसन, मन्त्र, मुद्रा और तन्त्रादि ये सभी गुरु के मुख से प्राप्त होने पर सफल होते हैं अन्यथा नहीं ॥ २३६-२३७ ॥

कम्बले कोमले वापि प्रासादे संस्थिते तथा ।
दीर्घकाष्ठेऽथवा पृष्ठे गुरुञ्चैकासनं त्यजेत् ॥ २३८ ॥
श्रीगुरोः पादुकामन्त्रं मूलमन्त्रं स्वपादुकाम् ।
शिष्याय नैव देवेश प्रवदेद् यस्य कस्यचित् ॥ २३९ ॥

कम्बल पर, कोमल स्थान (चारपाई आदि) पर, प्रासाद पर, दीर्घ काष्ठ पर अथवा किसी की पीठ पर गुरु के साथ एव आसन पर न बैठे । हे देवेश ! श्री गुरु का पादुका मन्त्र, उनका दिया हुआ मूल मन्त्र और अपना पादुका मन्त्र जिस किसी के शिष्य को नहीं बताना चाहिये ॥ २३८-२३९ ॥

यद् यदात्महितं वस्तु तद्द्रव्यं नैव वञ्चयेत् ।
गुरोर्लब्ध्वा एकवर्णं तस्य तस्यापि सुव्रत ॥ २४० ॥
भक्ष्यं वित्तानुसारेण गुरुमुद्दिश्य यत्कृतम् ।
स्वल्पैरपि महत्तुल्यं भुवनाद्यं दरिद्रताम् ॥ २४१ ॥
सर्वस्वमपि यो दद्याद् गुरुभक्तिविवर्जित: ।
नरकान्तमवाप्नोति भक्तिरेव हि कारणम् ॥ २४२ ॥

जो अपनी हित में आने वाली वस्तु हो उसे न दे कर गुरु को कदापि प्रवञ्चित नहीं

१. त्रिसन्धिं प्रणमेत् गुरुम्—क० ।
२. सन्निधिं मुदा—क० ।

करना चाहिये । हे सुव्रत ! न केवल दीक्षागुरु को, किन्तु जिससे एक अक्षर का भी ज्ञान किया हो उसको भी प्रवञ्चित न करे । गुरु के उद्देश्य से अपने वित्तानुसार जो भक्ष्य निर्माण किया जाता है उसका स्वल्पभाग भी बहुत महान् होता है । किन्तु जो गुरु की भक्ति से विवर्जित भुवनादि, किं बहुना, सर्वस्व भी प्रदान करे तो वह दरिद्रता और नरक प्राप्त करता है क्योंकि दान में भक्ति ही कारण है ॥ ३४०-२४२ ॥

गुरुभक्त्या च शक्रत्वमभक्त्या शूकरो भवेत् ।
गुरुभक्तः [१] परं नास्ति भक्तिशास्त्रेषु सर्वतः ॥ २४३ ॥
गुरुपूजां विना नाथ कोटिपुण्यं वृथा [२] भवेत् ॥ २४४ ॥

॥ इति [३]श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सर्वविद्यानुष्ठाने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे प्रथमः पटलः ॥ १ ॥

गुरु में भक्ति रखने से ऐन्द्र (महेन्द्र) पद तथा भक्ति न रखने से शूकरत्व प्राप्त होता है । सभी जगह भक्तिशास्त्र में गुरु भक्ति से बढ़ कर और कोई उत्कृष्ट नहीं है । हे नाथ ! गुरु पूजा के बिना करोड़ों पुण्य व्यर्थ हो जाते हैं इसलिये गुरुभक्ति करनी चाहिये ॥ २४३-२४४ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावप्रश्नार्थबोधनिर्णय में सर्वविद्या-अनुष्ठान में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भैरवीभैरव संवाद के प्रथम पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १ ॥

---

१. विद्याङ्गं शासनम्—क० । २. कोटिपुण्यं वृथाचयम्—क० ।

३. अतः सर्वजने ख्यातं गुरुणा सिद्धिमाप्नुयात् ।
गुरुस्त्रीपुत्रबन्धूनां दोषं नैव प्रकाशयेत् ॥
भक्षयेन्नैव तद्द्रव्यं दत्तं नैव परित्यजेत् ।—क० अधिकः पाठः ।

अथ द्वितीयः पटलः

भैरवी उवाच

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि सर्वदर्शनविद्यया ।
सर्वज्ञ परमानन्दो दयाबीज भयङ्कर ॥ १ ॥
शृणुष्वैकमनाः[१] शम्भो कुलाचारविधिं शृणु ।
पशूनां व्रतभङ्गादौ विधिं प्रथमतः प्रभो ॥ २ ॥

भैरवी ने कहा—हे सर्वज्ञ ! हे परमानन्द ! हे दयामय ! हे भयङ्कर ! अब मैं इसके बाद सर्वदर्शन की विद्या से युक्त कुलाचार की विधि कहती हूँ । हे शम्भो ! उसे सावधान चित्त हो कर श्रवण कीजिए । हे प्रभो ! सर्वप्रथम पशुभाव के व्रत में विघ्न पड़ने पर जिस विधान का पालन करना चाहिए उसे सुनिए ॥ १-२ ॥

व्रतभङ्गे नित्यभङ्गे नित्यपूजादिकर्मणि ।
सहस्रं प्रजपेन्मन्त्री व्रतदोषोपशान्तये ॥ ३ ॥
नित्यश्राद्धं तथा सन्ध्यावन्दनं पितृतर्पणम् ।
देवतादर्शनं पीठदर्शनं तीर्थदर्शनम् ॥ ४ ॥
गुरोराज्ञापालनञ्च देवतानित्यपूजनम् ।
पशुभावस्थितो मर्त्यो महासिद्धिं लभेद् ध्रुवम् ॥ ५ ॥

कुलाचारविधि—नियम के भङ्ग में, नित्यकर्म में तथा नित्य पूजा में बाधा पड़ने पर मन्त्रज्ञ साधक को व्रत दोष की शान्ति के लिए एक सहस्र जप करना चाहिए ऐसे नित्य श्राद्ध सन्ध्यावन्दन पितृ तर्पण देवता दर्शन पीठदर्शन, तीर्थदर्शन, गुरु की आज्ञा का पालन, इष्टदेव का नित्य पूजन करने वाला पशुभाव में स्थित मनुष्य निश्चय ही महासिद्धि प्राप्त करता है ॥ ३-५ ॥

पशूनां प्रथमो भावो वीरस्य वीरभावनम् ।
दिव्यानां दिव्यभावस्तु तेषां भावास्त्रयः स्मृताः ॥ ६ ॥
स्वकुलाचारहीनो यः साधकः स्थिरमानसः ।
निष्फलार्थी[२] भवेत् क्षिप्रं कुलाचारप्रभावतः ॥ ७ ॥

पशुओं के लिए प्रथम पशुभाव, वीरों के लिए वीरभाव तथा दिव्य साधकों के लिए दिव्यभाव इस प्रकार तीन भाव कहे गए हैं । जो साधक स्वकुलाचार से हीन किन्तु स्थिर चित्त है वह शीघ्र ही कुलाचार के प्रभाव से निष्फल अर्थ वाला हो जाता है ॥ ६-७ ॥

---

१. एकमेकविषयकं मनो यस्य सः ।　　२. निष्फलमर्थयते तच्छीलः ।

भैरव उवाच

केनोपायेन भगवतीचरणाम्भोजदर्शनम् ।
प्राप्नोति पद्मवदने पशुभावस्थितो नरः ॥ ८ ॥
तत्प्रकारं सुविस्तार्य कथ्यतां कुलकामिनि ।
यदि भक्तिर्दृढा मेऽस्ति यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति ॥ ९ ॥

भैरव ने कहा—हे कमलमुखि ! हे कुलकामिनि ! पशुभाव में स्थित मनुष्य को किस प्रकार भगवती के चरण कमलों का दर्शन प्राप्त होता है ? यदि आपके प्रति मेरी दृढ़ भक्ति तथा मेरे प्रति आपका स्नेह है तो उसका प्रकार अर्थात् उसकी विधि विस्तारपूर्वक मुझसे कहिए ॥ ८-९ ॥

महाभैरवी उवाच

प्रभाते च समुत्थाय अरुणोदयकालतः ।
निशाष्टदण्डपर्यन्तं पशूनां भाव ईरितः ॥ १० ॥
प्रातः [१]शय्यादिकं कृत्वा पुनः शय्यास्थितः पशुः ।
गुरुं सञ्चिन्तयेच्छीर्षाम्भोजे साहस्रके दले ॥ ११ ॥

पशुभाव—महाभैरवी ने कहा—प्रातः काल में उठने पर अरुणोदयकाल से पूर्व ८ दण्ड रात्रिपर्यन्त पशुभाव का समय कहा गया है । प्रातःकालिक नित्य क्रिया के पश्चात् पशुभाव में संस्थित साधक पुनः शय्या पर बैठकर अपने शिरःकमल में स्थित सहस्रार दल में अपने गुरु का इस प्रकार ध्यान करे ॥ १०-११ ॥

विमर्श—अष्टदण्ड—प्रायः ब्राह्ममुहूर्त का समय । ४ से ६ बजे तक का काल ।

तरुणादित्यसङ्काशं तेजोबिम्बं महागुरुम् ।
अनन्तानन्तमहिमासागरं शशिशेखरम् ॥ १२ ॥
महाशुभ्रं भासुराङ्गं द्विनेत्रं द्विभुजं विभुम् ।
आत्मोपलब्धिर्विषमं तेजसा शुक्लवाससम् ॥ १३ ॥

गुरुध्यान—मध्याह्न कालीन सूर्य के समान तेजो बिम्ब वाले, महा महिमा के सागर, अपने मस्तक पर चन्द्रमा को धारण किए हुए महागुरु शङ्कर का ध्यान करे । अत्यन्त स्वच्छ, देदीप्यमान अङ्ग वाले, दो नेत्र तथा दो भुजाओं वाले, सर्वव्यापक, आत्मतत्त्व का साक्षात्कार करने में अद्वितीय, महातेजस्वी शुक्लाम्बर विभूषित गुरु का ध्यान करे ॥ १२-१३ ॥

आज्ञाचक्रोर्द्ध्वनिकरं कारणं जगतां मुखम् ।
धर्मार्थकाममोक्षाङ्गं वराभयकरं विभुम् ॥ १४ ॥

आज्ञाचक्र से ऊपर विराजमान, जगत् के मुख्य कारण, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इस प्रकार पुरुषार्थ चतुष्टय रूप अङ्ग वाले, हाथ में वर और अभयमुद्रा धारण करने वाले श्री गुरु का ध्यान करे ॥ १४ ॥

---

१. प्रातः क्रियादिकं कृत्वा—क० ।

प्रफुल्लकमलारूढं सर्वज्ञं जगदीश्वरम् ।
अन्तःप्रकाशचपलं वनमालाविभूषितम् ॥ १५ ॥
रत्नालङ्कारभूषाढ्यं देवदेवं सदा भजेत् ।
अन्तर्यागक्रमेणैव पद्मपुष्पैः समर्चयेत् ॥ १६ ॥

विकसित कमल पर आरूढ़, सर्वज्ञ, जगदीश्वर, अन्तः प्रकाश से देदीप्यमान वनमाला से विभूषित, रत्ननिर्मित अलङ्कार से भूषित इस प्रकार के देवाधिदेव गुरु का सदा भजन करे। तदनन्तर अन्तर्याग क्रम (मानसोपचारों) से कमल पुष्पों द्वारा उनकी अर्चना करे ॥ १५-१६ ॥

एकान्तभक्त्या प्रणमेदायुरारोग्यवृद्धये ।
अथ मध्ये जपेन्मन्त्रमाद्यन्तप्रणवेन च ॥ १७ ॥
मध्ये वाग्भवमायोज्य गुरुनाम ततः परम् ।
आनन्दनाथशब्दान्ते गुरुं ङेऽन्तं समुद्धरेत् ॥ १८ ॥
नमः शब्दं ततो ब्रूयात् प्रणवं सर्वसिद्धिदम् ।
महागुरोर्मनुं जप्त्वा सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ॥ १९ ॥

फिर अपने आयु और आरोग्य की वृद्धि के लिए एकमना भक्ति युक्त हो कर उन्हें प्रणाम करे। इसके बाद आद्यन्त प्रणव लगाकर मध्य में वाग्भव (ऐं), फिर गुरु का नाम, फिर आनन्दनाथ शब्द के अन्त में गुरु शब्द की चतुर्थी, तदनन्तर 'नमः' शब्द लगाकर सर्वसिद्धि प्रणव का उच्चारण करे। इस प्रकार महान् सिद्धि देने वाले गुरु मन्त्र का जप करने से साधक संपूर्ण सिद्धियों का स्वामी बन जाता है ॥ १७-१९ ॥

विमर्श—जैसे किसी के गुरु का नाम सदाशिव है तो मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार जानना चाहिए—ॐ ऐं सदाशिव आनन्दनाथगुरवे नमः ॐ।

वाक्सिद्धिर्वदनाम्भोजे[१] गुरुमन्त्रप्रभावतः ।
शतमष्टोत्तरं नित्यं सहस्रं वा तथाष्टकम् ॥ २० ॥
प्रजप्यार्पणमाकृत्य प्राणायामत्रयञ्चरेत् ।
वाग्भवेन ततः कुर्यात् प्राणायामविधिं मुदा ॥ २१ ॥
अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ २२ ॥

इस गुरुमन्त्र के जप के प्रभाव से साधक के मुख कमल में वाक्सिद्धि हो जाती है। उसकी विधि इस प्रकार है, नित्य १०८ बार अथवा १००८ बार इस मन्त्र का जप कर गुरु को जप निवेदित करे। फिर वाग्भव (ऐं) मन्त्र से प्राणायाम में कही गई विधि के अनुसार तीन प्राणायाम करे। तदनन्तर इस प्रकार प्रार्थना करे—

चराचर में व्याप्त रहने वाले और अखण्ड मण्डल स्वरूप वाले (जो ब्रह्म है उस) तत्पद (ब्रह्म) के स्थान का जिसने दर्शन कराया उन श्री गुरु को हमारा नमस्कार है ॥ २०-२२ ॥

---

१. वदत्यनेनेति वदनं मुखम्, तद् अम्भोजं कमलमिव इति वदनाम्भोजम्, तत्र ।

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ २३ ॥
देवतायाः दर्शनस्य कारणं करुणानिधिम् ।
सर्वसिद्धिप्रदातारं श्रीगुरुं प्रणमाम्यहम् ॥ २४ ॥

जिन्होने अपनी ज्ञानाञ्जन की शलाका से अज्ञान रूपी अन्धकार से अन्धे लोगों के चक्षु में प्रकाश दे कर उसे खोल दिया है उन गुरु को नमस्कार है । जो देवता के दर्शन में एक मात्र कारण तथा करुणा के निधान हैं, सब प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाले उन श्री गुरु को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ २३-२४ ॥

वराभयकरं नित्यं श्वेतपद्मनिवासिनम् ।
महाभयनिहन्तारं गुरुदेवं नमाम्यहम् ॥ २५ ॥
महाज्ञानाच्छापिताङ्गं नराकारं वरप्रदम् ।
चतुर्वर्गप्रदातारं[१] स्थूलसूक्ष्मद्वयान्वितम् ॥ २६ ॥

अपने हाथों में वर और अभय मुद्रा धारण किए हुए, श्वेत पद्मासन पर आसीन तथा महाभय (अहङ्कार) का विनाश करने वाले एवं नित्य ऐसे गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूँ । जिनका एक एक श्री अङ्ग महान् ज्ञान से आच्छादित है, जो मात्र आकृति से ही मनुष्य हैं, न केवल वरदाता किन्तु चतुवर्ग के भी प्रदाता हैं ॥ २५-२६ ॥

सदानन्दमयं देवं नित्यानन्दं निरञ्जनम् ।
शुद्धसत्त्वमयं सर्वं नित्यकालं कुलेश्वरम् ॥ २७ ॥
ब्रह्मरन्ध्रे महापद्मे तेजोबिम्बे निराकुले ।
योगिभिर्ध्यानगम्ये च चक्रे शुक्ले विराजिते ॥ २८ ॥
सहस्रदलसङ्काशे कर्णिकामध्यमध्यके ।
महाशुक्लभासुरार्ककोटिकोटिमहौजसम् ॥ २९ ॥
सर्वपीठस्थममलं परं हंसं परात्परम् ।
वेदोद्धारकरं नित्यं काम्यकर्मफलप्रदम् ॥ ३० ॥
सदा मनःशक्तिमायालयस्थानं पदद्वयम् ।
शरज्ज्योत्स्नाजालमालाभिरिन्दुकोटिवन्मुखम्[२] ॥ ३१ ॥

स्थूल और सूक्ष्म दोनों प्रकारों में विद्यमान, सदानन्दमय, नित्यानन्द, निरञ्जन, शुद्ध सत्त्व गुण से युक्त साधकों के लिए सर्वत्र और नित्य काल अर्थात् कुलेश्वर हैं । ब्रह्मरन्ध्र महामद्म में योगियों के द्वारा ध्यानगम्य, अत्यन्त निराकुल, तेजोबिम्ब स्वरूप श्वेताकार महा पद्मरूप शुक्ल चक्र जिसमें सहस्रदल है उसकी कर्णिका के मध्य भाग में विराजित महाशुक्ल, भासमान, करोड़ों सूर्य के समान प्रभा वाले, स्वच्छ पीठ पर आसीन, परात्पर

१. चत्त्वारो वर्गा धर्मार्थकाममोक्षाख्याः, तेषां प्रदातारम् ।
२. शोभेन्दुकोटिवन्मुखम्—क० ।

वेदोद्धारकर्ता, नित्यस्वरूप, काम्य कर्मों का फल देने वाले, परमहंस स्वरूप, जिनके दोनों चरण कमल मन की शक्ति तथा माया के विलय के स्थान हैं तथा जिनका मुख शरच्चन्द्रिका के रश्मिजाल समूहों वाले करोडों चन्द्रविम्बों के समान हैं ॥ २६-३१ ॥

वाञ्छातिरिक्तदातारं सर्वसिद्धीश्वरं गुरुम् ।
भजामि तन्मयो भूत्वा तं हंसमण्डलोपरि ॥ ३२ ॥
आत्मानं च निराकारं साकारं ब्रह्मरूपिणम् ।
महाविद्यामहामन्त्रदातारं परमेश्वरम् ॥ ३३ ॥
सर्वसिद्धिप्रदातारं गुरुदेवं नमाम्यहम् ।

जो वाञ्छा से भी अतिरिक्त फल देने वाले तथा सभी सिद्धियों के ईश्वर हैं, इस प्रकार के हंस मण्डल के ऊपर विराजमान श्री गुरु का मैं एकाग्रचित्त से भजन करता हूँ। जो आत्मस्वरूप, निराकार, साकार ब्रह्म के स्वरूप, महाविद्या, महामन्त्र के प्रदाता हैं, परमेश्वर हैं, समस्त सिद्धियों को देने वाले हैं—ऐसे गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ३२-३४ ॥

कायेन मनसा वाचा ये नमन्ति निरन्तरम् ॥ ३४ ॥
अवश्यं श्रीगुरोः पादाम्भोरुहे ते वसन्ति हि ।
प्रभाते कोटिपुण्यञ्च प्राप्नोति साधकोत्तमः ॥ ३५ ॥
मध्याह्ने दशलक्षञ्च सायाह्ने कोटिपुण्यदम् ।

जो साधक अपने श्री गुरु के चरण कमलों में काय, मन और वाणी से निरन्तर नमन करते हैं वे श्रीगुरु के उन चरण कमलों में अवश्य ही निवास करते हैं। उत्तम साधक को प्रभात में नमस्कार करने से करोड़ों गुना पुण्य, मध्याह्न में दश लक्ष गुना पुण्य तथा सायङ्काल में नमस्कार करने से करोड़ों गुना फल प्राप्त होता है ॥ ३४-३६ ॥

प्रातःकाले पठेत् स्तोत्रं ध्यानं[1] वा सुसमाहितः ॥ ३६ ॥
तदा सिद्धिमवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा ॥ ३७ ॥

जो लोग प्रातःकाल में एकाग्रचित्त हो कर निम्न गुरुस्तोत्र का पाठ करते हैं अथवा उनका ध्यान करते हैं, वे अवश्य ही सिद्धि प्राप्त करते हैं। साधक को इसमें विचार की आवश्यकता नहीं है ॥ ३६-३७ ॥

शिरसि[2] सितपङ्कजे तरुणकोटिचन्द्रप्रभं
वराभयकराम्बुजं सकलदेवतारूपिणम् ।
भजामि वरदं गुरुं किरणचारुशोभाकुलं
प्रकाशितपदद्वयाम्बुजमलक्तकोटिप्रभम् ॥ ३८ ॥

गुरुस्तोत्र—शिरःप्रदेश में श्वेत कमल पर पूर्णमासी के करोड़ों चन्द्रमा के समान प्रकाशमान, हाथ में वर और अभय की मुद्रा से युक्त करकमल वाले, सर्वदेव स्वरूप, वरदाता,

---

१. ध्यानन्यासससमन्वितः—क० ।　　२. ओं शिवः स्थितसुपङ्कजे—क० ।

जिनके दोनों चरण कमल करोड़ों अलक्तक प्रभा के समान (अरुणिम हुए से) प्रकाशित हैं ऐसे मनोहर किरणों की शोभा से व्याप्त श्री गुरुदेव का मैं भजन करता हूँ ॥ ३८ ॥

जगद्भयनिवारणं भुवनभोगमोक्षप्रदम्
गुरोः पादयुगाम्बुजं जयति यत्र योगे जयम् ।
भजामि परमं गुरुं नयनपद्ममध्यस्थितं
भवाब्धिभयनाशनं [1]शमनरोगकायक्षयम् ॥ ३९ ॥

संसार के सम्पूर्ण भय को दूर करने वाले, इस लोक के समस्त भोग तथा परलोक में मोक्ष देने वाले, जिसके मिल जाने पर जय की प्राप्ति होती है, इस प्रकार के परम गुरु के दोनों चरण कमलों का मैं भजन करता हूँ, जो नेत्र कमलों के मध्य में स्थित हैं, संसार समुद्र के भय को नाश करने वाले हैं तथा रोगों को शान्त करने वाले एवं शरीर की क्षीणता को दूर करने वाले हैं ॥ ३९ ॥

प्रकाशितसुपङ्कजे मृदुलषोडशाख्ये प्रभुं
परापरगुरुं भजे सकलबाह्यभोगप्रदम् ।
विशालनयनाम्बुजद्वयतडित्प्रभामण्डलं
कडारमणिपाटलेन्दुबिन्दुबिन्दुकम् ॥ ४० ॥

अत्यन्त कोमल षोडश दल नाम वाले, विकसित पङ्कज पर विराजमान प्रभु एवं समस्त बाह्य भोग संपादन करने वाले श्रेष्ठ गुरु का मैं भजन करता हूँ । जिनके दोनों विशाल नेत्र कमलों से विद्युत्प्रभापुञ्ज इस प्रकार निर्गत हो रहा है मानो पीले वर्ण के मणियों के समूहरूपी चन्द्रमा से चिनगारी के कण प्रकाशित हो रहे हों उन गुरु का मैं भजन करता हूँ ॥ ४० ॥

चलाचलकलेवरं प्रचपलदले द्वादशे
महौजसमुमापतेर्विगतदक्षभागे हृदि ।
प्रभाकरशतोज्ज्वलं सुविमलेन्दुकोट्याननं
भजामि परमेष्ठिनं गुरुमतीव वारोज्ज्वलम् [2] ॥ ४१ ॥

उमापति शङ्कर के दक्षिण भाग में हृदय पर विराजमान, हिलते हुए द्वादश कमल पर चलाचल कलेवर वाले परमेष्ठी गुरु का मैं भजन करता हूँ । जो हमारी गति तथा हमारे आलम्बन हैं जिनका मुख सैकड़ो सूर्य के समान उज्ज्वल तथा स्वच्छ, करोड़ों चन्द्रमा के समान मनोहर तथा अत्यन्त तेजस्वी रूप से विराजमान हैं उन गुरु का मैं भजन करता हूँ ॥ ४१ ॥

गुर्वाद्यञ्च शुभं मदननिदहनं हेममञ्जरीसारं
नानाशब्दाद्[3]भुताह्लादितपरिजनाच्चारुचक्रत्रिभङ्गम् [4] ।

---

१. शमनयोगकामक्षयम्—क० । रोगश्च कायक्षयश्च रोगकायक्षयौ, शमनं रोगकायक्षययोर्येन तम् । २. गुरुगतिवरालोम्बनम्—मु० ।
३. नानाशब्दैः अद्भुतमाह्लादितो यः परिजनस्तस्मात् ।
४. चक्रादिभङ्गम्—क० ।

नित्यं ध्यायेत् प्रभाते अरुणशतघटाशोभनं योगगम्यं
नाभौ पद्मेऽतिकान्ते दशदलमणिभे भाव्यते योगिभिर्यत् ॥ ४२ ॥

नाभि स्थान में मणि के समान चमकीले द्वादश पत्र वाले, कमल पर योगीजन जिनका ध्यान करते हैं, प्रभात में सैकड़ों अरुणघटा के समान लाल वर्ण से सुशोभित, योगगम्य उस तेज का ध्यान करना चाहिए जो सुवर्ण निर्मित मञ्जीर का सार, काम को भस्म करने वाला, अपने अद्भुत शब्दों से परिजनों को आह्लाद उत्पन्न करने के कारण अत्यन्त मनोहर, वक्र तथा तीन भंगियो वाला है उस कल्याणकारी आदि गुरु (शङ्कर) को मेरा नमस्कार है ॥ ४२ ॥

या माता मयदानवादिस्वभुजा निर्वाणसीमापुरे
स्वाधिष्ठाननिकेतने रसदले वैकुण्ठमूले मया ।
जन्मोद्धारविकारसुप्रहरिणी[१] वेदप्रभा भाव्यते
कन्दर्पार्पितशान्तियोनिजननी विष्णुप्रिया शाङ्करी ॥ ४३ ॥

स्वाधिष्ठान में स्थित ६ पत्तों वाले कमल पर अधिष्ठित तथा वैकुण्ठमूल में मय दानवादि के द्वारा अपनी भुजा से निर्मित, निर्वाण, सीमापुर में निवास करने वाली, जो माता जीवों को जन्म से उद्धार करती है, उनके विकारों को नष्ट करती हैं, वेद प्रभा के समान भासमान, कन्दर्प के द्वारा समर्पित, अतिशान्ति की योनि, सबकी माता, सबका कल्याण करने वाली एवं विष्णु प्रिया हैं, उन (महालक्ष्मी स्वरूपा) देवी को नमस्कार है ॥ ४३ ॥

या [२]भाषाननकुण्डली कुलपथाच्छामाभशोभाकरी
मूले पद्मचतुर्दले कुलवती निःश्वासदेशाश्रिता ।
साक्षात्काङ्क्षितकल्पवृक्ष[३]लतिका [४]सूद्भाषयन्ती प्रिया
नित्या योगिभयापहा विषहरा गुर्वम्बिका भाव्यते ॥ ४४ ॥

मूलाधार में चतुर्दल पद्म पर अधिष्ठित, कुल में निवास करने वाली, निःश्वास देश में समाश्रित, जिसका मुख कुण्डली (सर्पिणी) के समान भासमान है, जो कुल पथ में अत्यन्त प्रकाश से शोभा करने वाली तथा वाञ्छा की कल्पलतिका है, नित्या तथा योगी जनों के भय को दूर करने वाली, विषहारिणी एवं श्रेष्ठ अम्बिका के रूप में ध्यान गम्य है उन उमा को नमस्कार है ॥ ४४ ॥

ऊद्ध्वाम्भोरुहनिःसृतामृतघटी मोदोद्वलाप्लाविता
गुर्वास्या परिपातु सूक्ष्मपथगा तेजोमयी भास्वती ।
सूक्ष्मा साधनगोचरामृतमयी मूलादिशीर्षाम्बुजे
पूर्णा चेतसि भाव्यते भुवि कदा माता सदोद्धर्वामगा[५] ॥ ४५ ॥

जो मूलाधार से शीर्षस्थ सहस्रदल कमल पर्यन्त ऊपर की ओर रहने वाले कमल से

---

१. घोरहरिणी—क० ।   २. ताम्रानन—क० ।
३. साक्षात् काङ्क्षितो यः कल्पवृक्षः (शिवः) तत्र लतिका इवेत्यर्थः ।
४. सुप्ता स्वयम्भू प्रिया—क० ।   ५. सदोर्ध्वाङ्गमा—क०, सदावामगा—ख० ।

उत्पन्न, अमृतमय कलश से आमोदातिरेक पूर्वक आप्लावित हैं वो गुरुमुखी देवी हमारी रक्षा करें । जो सुषुम्ना रूप सूक्ष्मपथ से चलने वाली, तेजोमयी, भासमान होती हैं, जो अत्यन्त सूक्ष्म योगसाधन से गोचरा एवं अमृतमयी है, ऐसी परम सुन्दरी मातृभूता पराम्बा कब चेतनापुरी की भूमि में हमारे द्वारा ध्यातव्य होंगी ? ॥ ४५ ॥

स्थितिपालनयोगेन ध्यानेन पूजनेन वा ।
यः पठेत् प्रत्यहं व्याप्य [1] स देवो न तु मानुषः ॥ ४६ ॥

गुरुस्तव की फलश्रुति—वह स्थिति तथा पालनकर्ता हैं, इस प्रकार के बुद्धियोगपूर्वक ध्यान से अथवा पूजन से जो साधक इस गुरुस्तव का प्रातःकाल में पाठ करता है, वह वस्तुतः देवता है, मनुष्य कदापि नहीं है ॥ ४६ ॥

कल्याणं धनधान्यं च कीर्तिमायुर्यशःश्रियम् ।
सायाह्ने च प्रभाते च पठेद्यदि सुबुद्धिमान् ॥ ४७ ॥
स भवेत् साधकश्रेष्ठः कल्पद्रुमकलेवरः ।

यदि कोई श्रेष्ठ साधक सायङ्काल अथवा प्रभातकाल में इस स्तोत्र का पाठ करे तो वह कल्याण का भागी, धन-धान्य, कीर्ति, आयु तथा श्री प्राप्त करता हैं । वह बुद्धिमानों में श्रेष्ठ होता है और कल्पवृक्ष के समान कामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है ॥ ४७-४८ ॥

स्तवस्यास्य [2]प्रसादेन वागीशत्वमवाप्नुयात् ॥ ४८ ॥
पशुभावस्थिता ये तु तेऽपि सिद्धाः न संशयः ।

बहुत क्या कहना ? इस स्तोत्र की कृपा से वह वाचस्पतित्व प्राप्त करता है । किं बहुना पशुभाव में स्थित सभी ध्यातव्य इस स्तव के प्रभाव से सिद्ध हो जाते हैं, इसमें संशय नहीं ॥ ४८-४९ ॥

आदौ साधकदेवश्च सदाचारमतिः सदा ॥ ४९ ॥
पशुभावस्ततो वीरः सायाह्ने दिव्यभाववान् ।

प्रथम प्रहर में वह साधकों में श्रेष्ठ, सदैव सदाचार युक्त बुद्धि वाला होकर पशुभाव में स्थित रहता है । फिर वीरभाव में, तदनन्तर सांयकाल में दिव्यभाव संपन्न हो जाता है ॥ ४९-५० ॥

एतेषां भाववर्गाणां गुरुर्वेदान्तपारगः ॥ ५० ॥
शान्तो दान्तः कुलीनश्च विनीतः शुद्धवेषवान् ।
शुद्धाचारः सुप्रतिष्ठः शुचिर्दक्षः सुबुद्धिमान् ॥ ५१ ॥
आश्रमी [3]ध्याननिष्ठश्च मन्त्रतन्त्रविशारदः ।
निग्रहानुग्रहे [4] शक्तो वशी मन्त्रार्थजापकः ॥ ५२ ॥

इन तीनों भावों का ज्ञाता गुरु वेदान्त का पारगामी विद्वान् होना चाहिए । शान्त, दान्त

---

१. प्राप्य—क० । २. प्रभावेन—क० । ३. ज्ञाननिष्ठश्च—क० ।

४. निग्रहश्चानुग्रहश्चानयोः समाहारः । अथवा निग्रहेण सहितो निग्रहसहितः, स चासावनुग्रहश्च निग्रहानुग्रहः, मध्यमपदलोपिसमासः ।

(जितेन्द्रिय), उत्तम कुल वाला, विनयशील, शुद्ध वेष वाला, शुद्ध आचरण वाला, उत्तम स्थिति में रहने वाला, शुचि, दक्ष, बुद्धिमान्, आश्रम धर्म का पालन करने वाला, ध्यान में निष्ठा रखने वाला, मन्त्र तथा तन्त्र शास्त्रों का विशारद, शिष्य के ऊपर निग्रह और अनुग्रह करने में सर्वथा समर्थ, जितेन्द्रिय, मन्त्रों के अर्थ का ज्ञानपूर्वक जप करने वाला गुरु होना चाहिए ॥ ५०-५२ ॥

निरोगी निरहङ्कारो विकाररहितो महान् ।
पण्डितो वाक्पतिः श्रीमान् सदा यज्ञविधानकृत् ॥ ५३ ॥
पुरश्चरणकृत् सिद्धो हिताहितविवर्जितः ।
सर्वलक्षणसंयुक्तो [1]महाजनगणादृतः ॥ ५४ ॥
प्राणायामादिसिद्धान्तो ज्ञानी मौनी विरागवान् ।
तपस्वी सत्यवादी च सदा ध्यानपरायणः ॥ ५५ ॥
आगमार्थविशिष्टज्ञो निजधर्मपरायणः ।
अव्यक्तलिङ्गचिह्नस्थो भावको भद्रदानवान्[2] ॥ ५६ ॥
लक्ष्मीवान् धृतिमान्नाथो गुरुरित्यभिधीयते ।

स्वस्थ, अहङ्काररहित, (कामक्रोधादि) विकारों से सर्वथा दूर रहने वाला, महान्, पण्डित, वाणी की कला में दक्ष, श्रीसंपन्न, सर्वथा यज्ञ-विधानवेत्ता, पुरश्चरण करने वाला, सिद्ध, हित एवं अहित से विवर्जित, सर्वलक्षण युक्त, महाजनों से आदृत, प्राणायामादि का सिद्धान्ती, ज्ञानी, मौनी, वैराग्ययुक्त, तपस्वी, सत्यवादी, सर्वथा ध्यानपरायण, आगमार्थ का विशेष रूप से ज्ञान रखने वाला, अपने धर्म में परायण, लिङ्ग तथा चिन्ह से अपने को अव्यक्त रखने वाला, होनहार, उत्तम दान देने वाला, लक्ष्मीवान्, धैर्यशाली और प्रभुतासम्पन्न लक्षणों वाला गुरु होना चाहिए ॥ ५३-५७ ॥

शिष्यस्तु तादृशो भूत्वा सद्गुरुं पर्युपाश्रयेत् ॥ ५७ ॥
वर्जयेच्च परानन्दरहितं रूपवर्जितम् ।
कुष्ठिनं क्रूरकर्माणं निन्दितं रोगिणं गुरुम् ॥ ५८ ॥
अष्टप्रकारकुष्ठेन गलत्कुष्ठिनमेव च ।
शिवत्रिणं जनहिंसार्थं सदार्थग्राहिणं तथा ॥ ५९ ॥

शिष्य के लक्षण—शिष्य भी इन्ही उपरोक्त लक्षणों से युक्त हो कर सद्गुरु की सेवा में संलग्न रहे। श्रेष्ठ शिष्य परानन्दरहित, कुरूप, कुष्ठी, क्रूरकर्मा, निन्दित तथा रोगी को गुरु न बनावे। आठ प्रकार के कुष्ठों से ग्रस्त, गलित्कुष्ठी, शिवत्ररोग (सफेद कोढ़) से संयुक्त, हिंसा करने वाला तथा सदैव धन चाहने वाले को गुरु न बनावे ॥ ५७-५९ ॥

स्वर्णविक्रयिणं चौरं बुद्धिहीनं सुखर्वकम् ।
श्यावदन्तं कुलाचाररहितं शान्तिवर्जितम् ॥ ६० ॥
सकलङ्कं नेत्ररोगैः पीडितं परदारगम् ।
असंस्कारं प्रवक्तारं स्त्रीजितं चाधिकाङ्गकम् ॥ ६१ ॥

---

१. महाज्ञान—क० । २. 'भद्रवान्' इत्यत्र यश्चेति पूर्तिः कर्तव्या ।

स्वर्ण विक्रयी, चोर, मूर्ख, अत्यन्त तुच्छ, काले दाँत वाले, कुलाचार से रहित तथा शान्तिवर्जित एवं चञ्चल पुरुष को गुरु न बनावे । पापी, नेत्ररोग से पीड़ित, परदारगामी, संस्कार रहित वाणी बोलने वाला, स्त्री के वश में रहने वाला एवं (छः अंगुली आदि) अधिक अङ्ग वाले को गुरु न बनावे ॥ ६०-६१ ॥

कपटात्मानकं हिंसाविशिष्टं बहुजल्पकम् ।
बह्वाशिनं हि कृपणं मिथ्यावादिनमेव च ॥ ६२ ॥
अशान्तं[1] भावहीनं च पञ्चाचारविवर्जितम् ।
दोषजालैः पूरिताङ्गं पूजयेन्न गुरुं बिना ॥ ६३ ॥

कपटात्मा, हिंसक, बहुत एवं व्यर्थ बोलने वाले, बहुत भोजन करने वाले, कृपण तथा झूठ बोलने वाले को गुरु नहीं बनावे । अशान्त, भावहीन, पञ्चाचार विवर्जित एवं दोषों से परिपूर्ण अङ्ग वाले गुरु की पूजा न करे (किन्तु पिता की पूजा करे) ॥ ६२-६३ ॥

गुरौ मानुषबुद्धिं तु मन्त्रेषु लिपिभावनम् ।
प्रतिमासु शिलारूपं विभाव्य नरकं व्रजेत् ॥ ६४ ॥
जन्महेतू हि पितरौ पूजनीयौ प्रयत्नतः ।
गुरुर्विशेषतः पूज्यो धर्माधर्मप्रदर्शकः ॥ ६५ ॥

गुरु में मनुष्य बुद्धि, मन्त्र में लिपि की भावना तथा प्रतिमा में पत्थर की भावना करने वाला साधक रौरव नरक में जाता है । यतः माता पिता जन्म देने में हेतु हैं, अतः प्रयत्नपूर्वक उनकी पूजा करनी चाहिए । गुरु की विशेष रूप से इसलिए पूजा करनी चाहिए क्योंकि वे धर्म और अर्धम के प्रदर्शक हैं ॥ ६४-६५ ॥

गुरुः पिता गुरुर्माता गुरुर्देवो गुरुर्गतिः ।
शिवे रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन ॥ ६६ ॥
गुरोर्हितं प्रकर्तव्यं वाङ्मनःकायकर्मभिः[2] ।
अहिताचरणाद् देव विष्ठायां जायते कृमिः ॥ ६७ ॥

गुरु पिता है, गुरु माता हैं, गुरु देवता हैं, गुरु ही गति हैं । शिव के रुष्ट होने पर गुरु रक्षा कर सकते हैं । किन्तु गुरु के रुष्ट होने पर कोई भी रक्षा नहीं कर सकता है । शिष्य को वाणी, मन, काय तथा कर्म के द्वारा अपने गुरु का हित संपादन करना चाहिए । गुरु का अहित करने से शिष्य को विष्टा का कृमि बनना पड़ता है ॥ ६६-६७ ॥

मन्त्रत्यागाद् भवेन्मृत्युर्गुरुत्यागाद् दरिद्रता ।
गुरुमन्त्रपरित्यागाद् रौरवं नरकं व्रजेत् ॥ ६८ ॥
गुरौ सन्निहिते यस्तु पूजयेदन्यदेवताम् ।
प्रयाति नरकं घोरं सा पूजा विफला भवेत् ॥ ६९ ॥

---

१. असाधुम्—क० ।   २. वाङ्मनःकायानां कर्मभिरिति द्वन्द्वगर्भषष्ठीतत्पुरुषः ।

मन्त्र के त्याग से मृत्यु होती है, गुरु के त्याग से दरिद्रता आती है, गुरु और मन्त्र दोनों के त्याग से रौरव नरक में जाना पड़ता है । गुरु के सन्निहित रहने पर जो अन्य देवता का पूजन करता है, उसकी पूजा निष्फल होती है और उसे घोर नरक में जाना पड़ता है ॥ ६८-६९ ॥

गुरुवद् गुरुपुत्रेषु गुरुवत् तत्सुतादिषु ।
अविद्यो वा सविद्यो वा गुरुरेव तु दैवतम् ॥ ७० ॥
अमार्गस्थोऽपि मार्गस्थो गुरुरेव तु दैवतम् ।
उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान् ब्रह्मदो गुरुः ॥ ७१ ॥

गुरुपुत्र में गुरुवद् बुद्धि रखे । इसी प्रकार उनकी कन्याओं में भी गुरु के समान् बुद्धि रखनी चाहिए । गुरु चाहे विद्या रहित हो अथवा सविद्य हो गुरु ही देवता है ऐसा समझना चाहिए । गुरु चाहे विमार्गगामी हो, चाहे मार्गगामी हो, गुरु में देवता बुद्धि रखनी चाहिए । जन्म देने वाले पिता तथा वेदज्ञान का उपदेश करने वाले पिता इन दोनों में ज्ञान देने वाले पिता रूप गुरु सर्वश्रेष्ठ कहे गए हैं ॥ ७०-७१ ॥

तस्मान्मन्येत सततं पितुरप्यधिकं गुरुम् ।
गुरुदेवाधीनश्चास्मि[१] शास्त्रे मन्त्रे कुलाकुले ॥ ७२ ॥

इसलिए गुरु को अपने पिता से भी अधिक सम्मान देना चाहिए । शिष्य को यह सोंचना चाहिए कि शास्त्र में, मन्त्र में तथा कुलाकुल (कुण्डलिनी के उत्थान) में मैं सर्वदा अपने गुरुदेव के वश में हूँ ॥ ७२ ॥

नाधिकारी भवेन्नाथ श्रीगुरोः पदभावकः ।
गुरुर्माता पिता स्वामी बान्धवः सुहृत् शिवः ॥ ७३ ॥
इत्याधाय मनो नित्यं भजेत् सर्वात्मना गुरुम् ।
एकमेव परं ब्रह्म स्थूलशुक्लमणिप्रभम् ॥ ७४ ॥

भैरवी ने कहा—हे नाथ ! गुरु के चरण कमलों की सेवा करने वाला मनुष्य विद्या का अधिकारी होता है, क्योंकि गुरु, माता, पिता, स्वामी, बान्धव, सुहृद् एवं शिव स्वरूप हैं । इस प्रकार का विचार कर शिष्य को चाहिए कि वह सर्वात्मना अपने गुरु की सेवा करे और उसे सोंचना चाहिए कि स्थूल एवं शुक्ल मणि की प्रभा वाले गुरु ही एकमात्र परब्रह्म हैं ॥ ७३-७४ ॥

सर्वकर्मनियन्तारं गुरुमात्मानमाश्रयेत् ।
गुरुश्च सर्वभावानां भावमेकं न संशयः ॥ ७५ ॥
निःसन्दिग्धं गुरोर्वाक्यं संशयात्मा[२] विनश्यति ।
निःसंशयी गुरुपदे सर्वत्यागी पदं व्रजेत् ॥ ७६ ॥

---

१. गुरुदेवं विना चास्मिन् शास्त्रे मन्त्रे कुलाकुले ।
सोऽधिकारी भवेन्नाथ श्रीगुरोः पादसेवकः ।।—क० ।

२. संशयापन्नश्चासौ आत्मा चेति मध्यमपदलोपिसमासः ।

सभी कर्मों के नियन्ता गुरु को अपनी आत्मा में स्थान देना चाहिए । सभी भावों में गुरु विषयक भावना सर्वश्रेष्ठ भावना है—इसमें संशय नहीं । गुरु की आज्ञा में संशय नहीं करना चाहिए । उसमें संशय करने वाला विनष्ट हो जाता है । जो गुरु की आज्ञा का पालन संशय रहित हो कर करता है वह सर्वत्यागी पद तक पहुँच जाता है ॥ ७५-७६ ॥

खेचरत्वमवाप्नोति मासादेव न संशयः ।
सद्गुरुमाश्रितं शिष्यं वर्षमेकं प्रतीक्षयेत् ॥ ७७ ॥
सगुणं निर्गुणं वापि ज्ञात्वा मन्त्रं प्रदापयेत् ।
शिष्यस्य लक्षणं सर्वं शुभाशुभविवेचनम् ॥ ७८ ॥

गुरु की सेवा में निरत रहने वाला शिष्य एक मास के भीतर (गुरु कृपा से) खेचरत्व को प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं । गुरु को चाहिए कि एक वर्ष पर्यन्त शिष्य को अपने आश्रय में रखकर उसकी परीक्षा करें । फिर उसके गुण और दोषों के लक्षण का एवं उसके शुभाशुभ का विचार कर उसे मन्त्र प्रदान करें ॥ ७७-७८ ॥

अन्यथा विप्रदोषेण सिद्धिपूजाफलं दहेत् ।
कामुकं कुटिलं लोकनिन्दितं सत्यवर्जितम् ॥ ७९ ॥
अविनीतमसमर्थं प्रज्ञाहीनं रिपुप्रियम्[१]।
सदापापक्रियायुक्तं विद्याशून्यं जडात्मकम् ॥ ८० ॥
कलिदोषसमूहाङ्गं वेदक्रियाविवर्जितम् ।
आश्रमाचारहीनं चाशुद्धान्तःकरणोद्यतम् ॥ ८१ ॥
सदा श्रद्धाविरहितमधैर्यं क्रोधिनं भ्रमम् ।
असच्चरित्रं विगुणं परदारातुरं सदा ॥ ८२ ॥
असद्बुद्धिसमूहोत्थमभक्तं द्वैतचेतसम् ।
नानानिन्दावृताङ्गं[२] च तं शिष्यं वर्जयेद् गुरुः ॥ ८३ ॥

ऐसा न करने से विशिष्ट दोषों के कारण साधक की सिद्धि और पूजा का फल दोनों ही विनष्ट हो जाता है । कामी, कुटिल, लोकनिन्दित, झूठ बोलने वाले, उच्छृखंल स्वभाव वाले, सामर्थ्यहीन, बुद्धिहीन, शत्रुप्रिय, सदा पापप्रिय, विद्याशून्य, जडात्मक, कलियुग के कलह आदि के दोष से भरे हुए, वेद क्रिया से हीन, आश्रमाचार से वर्जित, अशुद्ध अन्तःकरण वाले, सर्वदा श्रद्धा से रहित, धैर्यहीन, क्रोधी, भ्रमयुक्त, असच्चरित्र, गुणरहित, परदारगामी, दिन रात बुरे विचारों में निरत, अभक्त, इधर की बात उधर एवं उधर की बात इधर करके कहने वाले और अनेक प्रकार की निन्दा से भरे हुए मनुष्य को कभी शिष्य न बनावे ॥ ७९-८३ ॥

यदि न त्यज्यते वीर धनादिदानहेतुना ।
नारकी शिष्यवत् पापी तद्विशिष्टमवाप्नुयात् ॥ ८४ ॥

---

१. यत् तच्छिष्यम्—क० ।
२. नानानिन्दाभिरावृतमङ्गं यस्य सः, तम् ।

क्षणादसिद्धः स भवेत् शिष्यासादितपातकैः[१] ।
अकस्मान्नरकं प्राप्य कार्यनाशाय केवलम् ॥ ८५ ॥

हे सदाशिव ! गुरु यदि धन दान आदि के कारण ऐसे शिष्य का त्याग नहीं करता तो वह गुरु भी शिष्य ही के समान नारकी अथवा उससे भी विशिष्ट नरक का भागी होता है । इस प्रकार के गुरु में शिष्य का पाप संक्रान्त हो जाता है जिससे उसकी सिद्धि क्षणमात्र में ही विनष्ट हो जाती है और अकस्मात् उसे नरक की प्राप्ति हो कर उसके किए गए सारे कार्य नष्ट हो जाते हैं ॥ ८४-८५ ॥

विचार्य यत्नात् विधिवत् शिष्यसंग्रहमाचरेत् ।
अन्यथा शिष्यदोषेण नरकस्थो भवेद् गुरुः ॥ ८६ ॥
न पत्नीं दीक्षयेद् भर्ता न पिता दीक्षयेत् सुताम् ।
न पुत्रं च तथा भ्राता भ्रातरं नैव दीक्षयेत् ॥ ८७ ॥

इसलिए गुरु को चाहिए कि अच्छी तरह से विचार कर शिष्य का संग्रह करे । अन्यथा शिष्य के दोष से गुरु को भी नरकगामी होना पड़ता है । पति अपनी स्त्री को दीक्षा न देवे । पिता अपनी कन्या को दीक्षित न करे और न पुत्र को ही दीक्षा दे । इसी प्रकार भाई भी भाई को दीक्षा न देवे ॥ ८६-८७ ॥

सिद्धमन्त्रो यदि पतिस्तदा पत्नीं स दीक्षयेत् ।
शक्तित्त्वेन भैरवस्तु न च सा पुत्रिका भवेत् ।
मन्त्राणां देवता ज्ञेया देवता गुरुरूपिणी ॥ ८८ ॥
तेषां भेदो न कर्तव्यो यदीच्छेच्छुभमात्मनः ।

यदि पति सिद्धमन्त्र वाला है तो वह पत्नी को दीक्षित कर सकता है । मन्त्र की शक्ति विद्यमान रहने के कारण वह भैरव है । इस कारण उस सिद्ध की पत्नी पुत्री नहीं हो सकती । मन्त्र के अक्षरों को देवता समझना चाहिए और देवता गुरु रूप हैं । इसलिए यदि अपना कल्याण चाहे तो मन्त्र, देवता और गुरु में भेद बुद्धि नहीं करनी चाहिए ॥ ८८-८९ ॥

एकग्रामे स्थितः शिष्यस्त्रिसन्ध्यं प्रणमेद् गुरुम् ॥ ८९ ॥
क्रोशमात्रस्थितो भक्त्या गुरुं प्रतिदिनं नमेत् ।

यदि एक ग्राम में शिष्य और गुरु दोनों निवास करते हों तो शिष्य को चाहिए कि वह तीनों सन्ध्या में जा कर अपने गुरु को प्रणाम करें । यदि दोनों के निवास में १ क्रोश का अन्तर हो तो शिष्य को भक्ति के साथ नित्य प्रतिदिन प्रणाम करना चाहिए ॥ ८९-९० ॥

अर्धयोजनतः शिष्यः प्रणमेत् पञ्चपर्वसु ॥ ९० ॥
एकयोजनमारभ्य योजनद्वादशावधिः ।

---

१. शिष्येण आसादितानि पातकानि तैः । शिष्यदोषादिपातकैः—क० ।

दूरदेशस्थितः शिष्यो भक्त्या तत्सन्निधिं गतः ॥ ९१ ॥
तन्त्रयोजनसंख्योक्तमासेन प्रणमेद् गुरुम् ।

यदि आधे योजन का अन्तर हो तो पाँचो पर्वों में प्रणाम करना चाहिए । यदि एक योजन से द्वादश योजन पर्यन्त दोनों के निवास में अन्तर हो तो दूर देश में रहने वाला शिष्य भक्ति से अपने गुरु के पास जा कर योजन संख्या के अनुसार उतने उतने मास में अपने गुरु को प्रणाम करे ॥ ९०-९२ ॥

वर्षैकेण भवेद् योग्यो विप्रो हि गुरुभावतः [१]॥ ९२ ॥
वर्षद्वयेन राजन्यो वैश्यस्तु वत्सरैस्त्रिभिः ।
चतुर्भिर्वत्सरैः शूद्रः कथिता शिष्ययोग्यता ॥ ९३ ॥

गुरु में भावना करने वाला ब्राह्मण एक वर्ष में शिष्यता की योग्यता प्राप्त कर लेता हैं, क्षत्रिय दो वर्ष में, वैश्य तीन वर्ष में और शूद्र चार वर्ष में शिष्यत्व की योग्यता प्राप्त कर लेता है—ऐसा कहा गया है ॥ ९२-९३ ॥

यदि भाग्यवशेनैव सिद्धमन्त्रं लभेत् प्रभो ।
महाविद्या त्रिशक्त्याश्च गृह्णीयात् तत्कुलाद्ध्रुवम्॥ ९४ ॥
गुरोर्विचारं सर्वत्र तातमातामहं विना ।
प्रमादाच्च तथाज्ञानान् एभ्यो मन्त्रं समाचरन् ॥ ९५ ॥
प्रायश्चित्तं ततः कृत्वा पुनर्दीक्षां समाचरेत् ।

मन्त्रदीक्षा विचार—भैरवी ने कहा—हे प्रभो ! यदि भाग्यवश महाविद्या का अथवा त्रिशक्ति का सिद्ध मन्त्र कहीं से मिल जाय तो उस कुल से निश्चित रूप से उस मन्त्र को ग्रहण कर लेना चाहिए । पिता और मातामह को छोड़कर सर्वत्र गुरु का विचार करना चाहिए । प्रमाद से अथवा अज्ञान से बिना विचारे गुरु से मन्त्र लेने वाला प्रायश्चित्त कर पुनः दीक्षा ग्रहण करें ॥ ९४-९६ ॥

सावित्रीमन्त्रजापञ्च लक्ष्यं जाप्यं जगत्पतेः ॥ ९६ ॥
विष्णोर्वा प्रणवं लक्ष्यं प्रायश्चित्तमिति स्मृतम् ।
अशक्तश्चेन्महादेव चायुतं प्रजपेन्मनुम् ॥ ९७ ॥
दशसाहस्रजाप्येन सर्वकल्मषनाशिनी ।

सावित्री मन्त्र का एक लाख जप करे, अथवा जगत्पति विष्णु के मन्त्र का १ लाख जप करे अथवा प्रणव का १ लाख जप करे । यही उसका प्रायश्चित्त हैं । हे महादेव ! यदि इतने जप करने की सामर्थ्य न हो तो १० हजार मन्त्र गायत्री का जप कर लेवे । क्योंकि दश सहस्र मात्र जपी गई गायत्री सभी कल्मषों को नष्ट कर देने वाली है ॥ ९६-९७ ॥

गायत्रीच्छन्दसां माता पापराशितुलानला ॥ ९८ ॥

---

१. गुणसमन्वितः—क० ।

मम मूर्त्तिप्रकाशा च पशुभावविवर्जिता ।
फलोद्भवप्रकरणे ब्रह्मणापद्यते निशि ॥ ९९ ॥
यदि भाग्यवशाद् देव सिद्धमन्त्रं गुरुं तथा ।
तदैव तान्तु दीक्षेत अष्टैश्वर्याय[१] केवलम् ॥ १०० ॥

गायत्री सभी छन्दों की जननी हैं । यह पापराशिरूपी रुई को जलाने के लिए अग्नि हैं। किं बहुना, मेरी देदीप्यमान मूर्ति हैं, उनमें पशुभाव (जीवभाव) नहीं हैं । फलोद्भव प्रकरण रूप निशा में ब्रह्मदेव गायत्री का पाठ करते हैं । हे देव ! यदि भाग्यवश सिद्धमन्त्र और गुरु मिल जावें तो उसी समय अष्ट ऐश्वैर्य की प्राप्ति के लिए उनसे गायत्री की दीक्षा ले लेनी चाहिए ॥ ९७-१०० ॥

निर्बीजञ्च पितुर्मन्त्रं शैवे शाक्ते न दुष्यति ।
ज्येष्ठपुत्राय दातव्यं कुलीनैः कुलपण्डितैः ॥ १०१ ॥
कुलयुक्ताय[२] दान्ताय महामन्त्रं कुलेश्वरम् ।
तदैव मुक्तिमाप्नोति सत्यं सत्यं न संशयः ॥ १०२ ॥

ऐसे तो पिता के द्वारा प्रदत्त मन्त्र निर्बीज होता है, किन्तु शिव मन्त्र और शाक्त मन्त्र में वह दोषप्रद नहीं होता । अतः कुलीन तथा कुलपण्डितों को ज्येष्ठ पुत्र के लिए उसे देने में कोई बाधा नहीं है । कुलीन इन्द्रियों का दमन करने वाले शिष्य को कुलेश्वर महामन्त्र देने से उसी समय मुक्ति प्राप्त हो जाती है यह सत्य है यह सत्य है इसमें संशय नहीं ॥ १०१-१०२ ॥

कनिष्ठञ्च रिपुं चापि सोदरं वैरिपक्षगम् ।
मातामहञ्च पितरं यतिञ्च वनवासिनम् ॥ १०३ ॥
अनाश्रमं[३] कुसंसर्गं स्वकुलत्यागिनं तथा ।
वर्जयित्वा च शिष्यांस्तान् दीक्षाविधिमुपाचरेत् ॥ १०४ ॥

कनिष्ठ पुत्र, शत्रु-सहोदर, बैरी के पक्ष में रहने वाला, मातामह (नाना), पिता, यति, वनवासी, आश्रमधर्मरहित, दुष्ट का साथ करने वाले, अपने कुल (शाक्त सम्प्रदाय) का त्याग करने वाले इतने को छोड़कर अन्य शिष्यों को दीक्षा प्रदान करना चाहिए ॥ १०३-१०४ ॥

अन्यथा[४] तद्विरोधेन कामनाभोगनाशनम् ।
सिद्धमन्त्रञ्च गृह्णीयाद् दुष्कुलादपि भैरव ॥ १०५ ॥
सद्गुरो[५]र्भावनेच्छन्नरूपे रूपे धरे शुभे ।
तत्र दीक्षां समाकुर्वन् अष्टैश्वर्यजयं लभेत्[६] ॥ १०६ ॥

---

१. अष्टानामैश्वर्याणां समाहारः, अष्टैश्वर्यं तस्मै ।
२. गुणयुक्ताय—क० । ३. नानाश्रमम्—क० ।
४. अन्यथा तद्विरोधेन कार्यनाशो भवेद् ध्रुवम्—क० । ५. यद्भवौ—ग० ।
६. अनुदात्तेत्त्वलक्षणमात्मनेपदमनित्यमिति लभ्धातोः परस्मैपदेऽस्य रूपस्य साधुता ।

अन्यथा विरोधी को मन्त्र देने से कामना और भोग दोनों का ही नाश होता है । हे भैरव ! मेरा तो विचार है कि सिद्धमन्त्र दुष्कुल में उत्पन्न लोगों से भी ग्रहण कर लेना चाहिए । (भक्ति) भावना वाले, प्रच्छन्नरूप वाले अथवा माङ्गलिक रूप धारण करने वाले सद्गुरु से दीक्षा लेने वाला अष्टैश्वर्य पर विजय प्राप्त कर लेता है ॥ १०५-१०६ ॥

स्वप्ने तु नियमो नास्ति दीक्षासु गुरुशिष्ययोः ।
स्वप्नलब्धे स्त्रिया दत्ते संस्कारेणैव शुद्ध्यति ॥ १०७ ॥

स्वप्न में मन्त्र की प्राप्ति होने पर गुरु और शिष्य का कोई नियम नहीं रहता । स्वप्न में अथवा स्त्री के द्वारा प्राप्त मन्त्र संस्कार से ही शुद्ध हो जाते हैं ॥ १०७ ॥

साध्वी चैव सदाचारा गुरुभक्ता जितेन्द्रिया ।
सर्वमन्त्रार्थ तत्त्वज्ञा सुशीला पूजने रता ॥ १०८ ॥
सर्वलक्षणसम्पन्ना जापिका पद्मलोचना ।
रत्नालङ्कारसंयुक्ता वर्णाभूवनभूषिता ॥ १०९ ॥
शान्ता कुलीना कुलजा चन्द्रास्या सर्ववृद्धिगा ।
अनन्तगुणसम्पन्ना रुद्रत्वदायिनी प्रिया ॥ ११० ॥
गुरुरूपा मुक्तिदात्री शिवज्ञाननिरूपिणी ।
गुरुयोग्या भवेत् सा हि विधवा परिवर्जिता ॥ १११ ॥

साध्वी, सदाचार संपन्ना, गुरुभक्ता, इन्द्रियों को अपने वश में रखने वाली, सभी मन्त्रों के अर्थतत्त्व को जानने वाली, सुशीला, पूजा में निरत, सर्वलक्षण संयुक्त, जप करने वाली, कमलनयना, रत्नालङ्कार संयुक्ता सुन्दरी को भुवनमोहिनी, शान्ता, कुलीना, कुलजा, चन्द्रमुखी, सर्ववृद्धि वाली, अनन्तगुणसम्पन्ना, रुद्रत्व प्रदान करने वाली प्रिया, गुरुरूपा, मुक्तिदात्री तथा शिवज्ञान का निरूपण करने वाली स्त्री भी गुरु बनाने के योग्य है, किन्तु विधवा परिवर्जित है ॥ १०८-१११ ॥

स्त्रिया दीक्षा शुभा प्रोक्ता मन्त्रश्चाष्टगुणा स्मृता ।
पुत्रिणी विधवा ग्राह्या केवला ऋणकारिणी [१] ॥ ११२ ॥
सिद्धमन्त्रो यदि भवेद् गृह्णीयाद् विधवामुखात् ।
केवलं सुफलं [२] तत्र मातुरष्टगुणं ध्रुवम् ॥ ११३ ॥

स्त्री से ली गई दीक्षा शुभावह होती है । उसके दिये गये मन्त्र में भी आठ गुनी शक्ति आती है । पुत्रिणी विधवा से भी मन्त्रदीक्षा ली जा सकती है । किन्तु पुत्रपतिहीना विधवा की दीक्षा ऋणकारिणी होती है । यदि सिद्ध मन्त्र हो तो विधवा के मुख से भी उसे ले लेना चाहिए । उससे केवल सुफल प्राप्त होता है । किन्तु माता से ली गई मन्त्रदीक्षा आठ गुना फलदायिनी होती है ॥ ११२-११३ ॥

---

१. आनन्दकारिणी—क० ।
२. सफलं तन्त्रे—क० ।

सधवा [1] स्वप्रकृत्या च ददाति यदि तन्मनुम् ।
ततोऽष्टगुणमाप्नोति यदि सा पुत्रिणी सती ॥ ११४ ॥
यदि माता स्वकं मन्त्रं ददाति स्वसुताय च ।
तदाष्टसिद्धिमाप्नोति भक्तिमार्गे न संशयः ॥ ११५ ॥
तदैव दुर्लभं देव यदि मात्रा प्रदीयते ।

पुत्रवती और सती सधवा यदि अपनी इच्छा से सिद्धमन्त्र प्रदान करे तो भी अष्टगुण फल होता है । यदि माता (गुरु परम्परा से प्राप्त) स्वकीय मन्त्र अपने पुत्र को प्रदान करे तो उस पुत्र को आठों सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं । भक्ति मार्ग में संशय नहीं करना चाहिए । हे देव ! माता अपने पुत्र को मन्त्र दीक्षा दे यह समय तो बहुत दुर्लभ है ॥ ११४-११६ ॥

आदौ भक्तिं ततो मुक्तिं सम्प्राप्य कालरूपधृक् [2] ॥ ११६ ॥
सहस्रकोटिविद्यार्थं जानाति नात्र संशयः ।
स्वप्ने तु माता यदि वा ददाति शुद्धमन्त्रकम् ॥ ११७ ॥
पुनर्दीक्षां सोऽपि कृत्वा दानवत्त्वमवाप्नुयात् ।

प्रथम भक्ति उसके बाद मुक्ति प्राप्त कर (इस प्रकार काल के अनुसार वेष बनाने वाला) साधक सहस्र करोड़ विद्या के अर्थ को जान लेता हैं इसमें संशय नहीं । यदि माता स्वप्न में शुद्ध मन्त्र प्रदान करें । ऐसा साधक यदि पुनः किसी अन्य से दीक्षा ग्रहण करे तो वह दानवत्व प्राप्त करता है ॥ ११६-११८ ॥

यदि भाग्यवशेनैव जननी दानवर्तिनी [3] ॥ ११८ ॥
तदा सिद्धिमवाप्नोति तत्र मन्त्रं विचारयेत् ।
स्वीयमन्त्रोपदेशेन [4] न कुर्याद् गुरुचिन्तनम् ॥ ११९ ॥
तथा श्रीललिता काली महाविद्या महामनोः ।
सर्वसिद्धियुतो भूत्वा वत्सरात् तां प्रपश्यति ॥ १२० ॥

यदि भाग्यवश माता ही मन्त्र देने के लिए उद्यत हो तो भी साधक को सिद्धि प्राप्त हो जाती है, उस समय केवल मन्त्र का विचार करना चाहिए । यदि श्री ललिता, काली अथवा महाविद्या के महामन्त्र का कोई स्वयं उपदेश कर दे तो गुरु का विचार नहीं करना चाहिए । (स्वयं उपदिष्ट) वह पुरुष सर्व प्रकार की सिद्धियों से युक्त हो कर एक संवत्सर में उनका दर्शन प्राप्त कर लेता है ॥ ११८-१२० ॥

कालीकल्पलता देवी महाविद्यादिसाधने ।
गुरुचिन्ता न कर्तव्या ये जानन्ति गुरोर्वचः ॥ १२१ ॥

---

१. सधवा स्वप्नविषये ददाति यदि सन्मनुम् ।
तत्राष्ट .... ।—क० ।

२. कालरूपेण धृष्णोति इति कालरूपधृक्, धृषेः क्विप्, क्विन्प्रत्ययस्य कुरिति कुत्वम् ।

३. चानुवर्तिनी—क० । ४. तु—क० ।

यदि मन्त्रं विचार्याशु गृह्णाति साधकोत्तमः ।
अनन्तकोटिपुण्यस्य द्विगुणं भवति ध्रुवम् ॥ १२२ ॥

महाविद्या की साधना में काली कल्पलता की देवी हैं । अतः जिन्हें अपने गुरु के वचन पर विश्वास है, उन्हें उनके मन्त्र में गुरु की चिन्ता नहीं करनी चाहिए । यदि उत्तम साधक विचार कर शीघ्रतापूर्वक मन्त्र ग्रहण करता है तो अनन्त कोटि पुण्य का उसे द्विगुणित फल प्राप्त होता है यह निश्चय है ॥ १२१-१२२ ॥

विचार्य चक्रसारञ्च मन्त्रं गृह्णाति यो नरः ।
वैकुण्ठनगरे वासस्तेषां जन्मशतैरपि ॥ १२३ ॥

जो साधक वक्ष्यमाण चक्रसार का विचार कर मन्त्र ग्रहण करता है, वह सैकड़ों जन्मपर्यन्त श्री वैकुण्ठनगर में निवास करता है ॥ १२३ ॥

इति श्रुत्वा महादेवो महादेव्याः सरस्वतीम् ।
उवाच पुनरानन्दपुलकोल्लासविग्रहः ॥ १२४ ॥
ज्ञातुं चक्रं षोडशञ्च चक्रहस्तवरप्रदम्[1] ।
अत्यद्भुतफलोपेतं धर्मार्थकाममोक्षदम् ॥ १२५ ॥

महादेव आनन्दभैरव ने महादेवी के द्वारा कहे गए इस वाणी को सुन कर आनन्द से पुलकित एवं उल्लसित शरीर होकर, अपना चक्र एवं वरमुद्रा से संयुक्त हाथ भगवती के सामने बढ़ाते हुए धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप पुरुषार्थ चतुष्टय प्रदान करने वाले तथा अत्यन्त अद्भुत फल देने वाले षोडश चक्र का माहात्म्य जानने के लिए भैरवी से कहा ॥ १२४-१२५ ॥

श्री भैरव उवाच

कथयस्व महादेवि कुलसद्भावप्राप्तये[2] ।
यदि मे सुकृपादृष्टिः[3] वर्तते स्नेहसागरे ॥ १२६ ॥
त्वत्प्रसादाद् भैरवोऽहं कालोऽहं जगदीश्वरः ।
भुक्तिमुक्तिप्रदाता च योगयोग्यो दिगम्बरः[4] ॥ १२७ ॥

दीक्षा विधि—श्रीभैरव ने कहा—हे महादेवि ! कुल (शक्ति) के सद्भाव की प्राप्ति के लिए यदि मुझ पर आपकी कृपा दृष्टि है तो हे स्नेह सागर वाली ! षोडश-चक्र की विधि वर्णन कीजिए । हे देवि ! आपकी कृपा से मैं भैरव, काल और जगदीश्वर हूँ । आपकी कृपा से भुक्ति एवं मुक्ति का प्रदाता याग, योगी और दिगम्बर हूँ ॥ १२६-१२७ ॥

इदानीं सर्वविद्यानां दीक्षाद्यं चक्रमण्डलम् ।
अकाल[5]कुलहीनञ्चाकडमञ्च[6] कुलाकुलम् ॥ १२८ ॥

---

१. पुरप्रदम्—ख० ग० ।   २. पण्डिते—ख० ग० ।
३. स्वकृपादृष्टि इति ग० ख० ।   ४. यागयोगो—ख० ग० ।
५. अकालः कालरहितः कुलहीनश्च, कर्मधारयसमासः । ६. कालीकुलकुलान्तरे—क० ।

श्रीभैरवी उवाच[1]

ताराचक्रं राशिचक्रं कूर्मचक्रं तथापरम् ।
शिवचक्रं विष्णुचक्रं ब्रह्मचक्रं विलक्षणम् ॥ १२९ ॥
देवचक्रं ऋणिधनि उल्काचक्रं ततः परम् ।
वामाचक्रं चतुश्चक्रं सूक्ष्मचक्रं ततो वदेत् ॥ १३० ॥
तथा कथहचक्रञ्च कथितं षोडशं प्रभो[2] ।
एतदुत्तीर्णमन्त्रञ्च यें गृह्णन्ति नरोत्तमाः ॥ १३१ ॥
तेषामसाध्यं जगति न किमपि वर्तते ध्रुवम् ।
किमन्यत् कथयामीह देवतादर्शनं लभेत्[3] ॥ १३२ ॥
सर्वत्रगामी स भवेत् चक्रराजप्रसादतः ।

हे देवि ! सभी विद्याओं के दीक्षा में प्रथम विचारणीय चक्र मण्डल का फल कहिए । कालरहित एवं कुलहीन १. अकडम, २. कुलाकुल, ३. ताराचक्र, ४. राशिचक्र, ५. कूर्मचक्र तथा ६. शिवचक्र, ७. विष्णुचक्र, ८. त्रिलक्षण संयुक्त ब्रह्मचक्र, ९. देवचक्र, १०. ऋणधनात्मक चक्र, ११. उल्काचक्र, १२. वामाचक्र (बालाचक्र), १३. चतुश्चक्र, १४. सूक्ष्मचक्र का प्रकार कहिए । फिर, हे प्रिये ! १५. अकथह चक्र को कहिए । क्योंकि जो उत्तम साधक इन चक्रों को विचार कर मन्त्र ग्रहण करते हैं उनके लिए निश्चित ही कहीं कोई भी वस्तु असाध्य नहीं होती । इस विषय में हम बहुत क्या कहें, उस मनुष्य को देवताओं का दर्शन भी प्राप्त हो जाता है । इस चक्रराज के विचार करने के कारण उसकी गति कहीं अवरुद्ध नहीं होती ॥ १२८-१३३ ॥

सर्वचक्रविचारञ्च न जानाति द्विजोत्तमः ॥ १३३ ॥
यज्जानाति तद्विचार्यं देवताप्रीतिकारकम् ।

द्विजोत्तम सभी चक्रों का विचार नहीं करते । नाम के द्वारा चक्र का विचार देवता के लिए प्रीतिकारक होता है । अतः उसका विचार अवश्य करना चाहिए ॥ १३३-१३४ ॥

ताराशुद्धिं वैष्णवानां कोष्ठशुद्धिं शिवस्य च ॥ १३४ ॥
राशिशुद्धिं त्रैपुरस्य गोपालेऽकडमः स्मृतः ।
अकडमो वामने च गणेशे हरचक्रतः ॥ १३५ ॥

विष्णुमन्त्र की दीक्षा लेने वालों को ताराचक्र की शुद्धि, **शिव मन्त्र** की दीक्षा लेने वालों को कोष्ठ शुद्धि, **त्रिपुरादेवी के मन्त्र** की दीक्षा लेने वाले को राशिचक्र से शुद्धि, **गोपाल के मन्त्र** की दीक्षा लेने वाले को अकडम चक्र से शुद्धि का विचार कर

---

१. शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि त्वं योग्योऽसि सुरद्रुमः ।
नानाविशेषणे सक्तः सावधानोऽवधारय ॥
आदावकडमं प्रोक्तं श्रीचक्रञ्च कुलाकुलम् ॥ अधिकः—क० । इति सं० पाठः ।
२. कथय त्वं मयि प्रभो—ख० ग० । ३. पूर्ववत् परस्मैपदम् ।

लेना आवश्यक कहा गया है । इसी प्रकार **वामन मन्त्र** में अकडम चक्र तथा **गणेश मन्त्र** में शिवचक्र से शुद्धि का विचार करना चाहिए ॥ १३४-१३५ ॥

कोष्ठचक्रं वराहस्य महालक्ष्म्याः कुलाकुलम् ।
नामादिचक्रे सर्वेषां भूतचक्रे तथैव च ॥ १३६ ॥

वराहमन्त्र में कोष्ठचक्र, **महालक्ष्मी** में कुलाकुल चक्र तथा **नामादिचक्र** में सभी मन्त्रों का और उसी प्रकार **भूतचक्र** में भी सभी मन्त्रों की दीक्षा में विचार करना चाहिए ॥ १३६ ॥

त्रैपुरं तारचक्रे च शुद्धं मन्त्रं भजेद् बुधः ।
वैष्णवं राशिसंशुद्धं शैवञ्चाकडमं स्मृतम् ॥ १३७ ॥
कालिकायाश्च तारायाः हरचक्रं शुभं भवेत् ।
चण्डिकाया भवेत् कोष्ठे गोपाले ऋक्षचक्रकम्[1] ॥ १३८ ॥

बुद्धिमान् को **त्रिपुरा मन्त्र** में ताराचक्र पर परीक्षित शुद्ध मन्त्र ग्रहण करना चाहिए । **वैष्णव मन्त्र** को राशिचक्र पर तथा **शैव मन्त्र** को अकडम चक्र पर परीक्षा कर शुद्ध करना चाहिए । **कालिका** एवं **तारा मन्त्र** की दीक्षा लेने वालों को शिवचक्र कल्याणकारी होता है । **चण्डिका मन्त्र** की दीक्षा में कोष्ठक चक्र और **गोपाल मन्त्र** की दीक्षा में नक्षत्र चक्र कल्याणकारक होता है ॥ १३७-१३८ ॥

हरचक्रे सर्वमन्त्रान् ऋणाधिक्येन चाश्रयेत् ।
ऋणाधिक्ये शुभं विद्याद् धनाधिक्ये च नो विधिः ॥ १३९ ॥
दोषान् संशोध्य गृह्णीयान्मध्यदेशे तु साधकः ।
पितृमातृकृतं नाम त्यक्त्वा शर्मादिदेवकान् ॥ १४० ॥

शिवचक्र में सभी मन्त्रों की परीक्षा करे । ऋणधनात्मक चक्र में ऋणाधिक्य होने पर मन्त्र ग्रहण शुभकारक होता है किन्तु धनाधिक्य में मन्त्र ग्रहण का विधान नहीं है । साधक मन्त्र ग्रहण में दोषों का संशोधन कर मध्यभाग में उसे ग्रहण करे । चक्र की परीक्षा में शर्मादि तथा देव आदि उपनामों को त्याग कर पिता माता द्वारा रखे गए नामों द्वारा परीक्षा करें ॥ १३९-१४० ॥

श्रीवर्णञ्च ततो विद्याचक्रेषु योजयेत् क्रमात् ।
क्रमेण शृणु तत्सर्वं शुभाशुभफलप्रदम् ॥ १४१ ॥
जापकानां भावुकानां शुद्धं सिद्ध्यति तत्क्षणात् ।
मन्त्रमात्रं प्रसिद्ध्येत भक्तानामिति निश्चयः ॥ १४२ ॥

विद्याचक्र में क्रमशः श्री वर्ण को संयुक्त करे । अब शुभाशुभ फल देने वाले उन सभी विधियों को क्रमशः सुनिए । भावनापूर्वक भावुक जापकों को मन्त्र सिद्धि तत्काल हो जाती है । भक्तों का ऐसा निश्चय है कि भावनापूर्वक जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाते हैं ॥ १४१-१४२ ॥

---

१. गोपाले सूक्ष्मचक्रकम्—क० ।

कुलीनकुलजातानां ध्यानमार्गार्थगामिनाम् ।
महाविद्या महाज्ञानं[१] संशुद्धमपि सिध्यति ॥ १४३ ॥

ध्यानमार्ग का आश्रय लेकर चलने वाले उत्तम कुलीन जनों को कुलीन महाविद्या महामन्त्र संशुद्ध होने पर सिद्ध हो जाता है ॥ १४३ ॥

सिद्धमन्त्रप्रकरणे यदुक्तञ्च महेश्वर ।
अष्टसिद्धिकरे तस्य सायुज्यपदमाप्नुयात् ॥ १४४ ॥
चक्रं षोडशसारञ्च सर्वेषां मन्त्रसिद्धये ॥ १४५ ॥

हे महेश्वर ! सिद्धमन्त्र के प्रकरण में हमने जितना भी कहा हैं उसके अनुसार साधक यदि उत्तमोत्तम मन्त्र ग्रहण करे तो उसे (अणिमा, महिमा, लघिमा आदि) अष्टसिद्धियों का प्रभाव मालूम पड़ने लगता है तथा सायुज्य पद की प्राप्ति भी होती है । यह षोडसार चक्र सभी के मन्त्र सिद्धि के लिए कहा गया है ॥ १४४-१४५ ॥

विचार्य सर्वमन्त्रञ्च यन्मया गदितं हितम् ।
आदौ बालाभैरवीणामकडमान्मतं मया ॥ १४६ ॥
कुमारीललितादेव्याः कुरुकुल्लादिसाधने ।
श्रीचक्रं फलदं प्रोक्तं सर्वचक्रफलप्रदम् ॥ १४७ ॥

मन्त्र योग में मेरे द्वारा कहे गए कल्याणकारी मन्त्रों पर विचार कर उसे ग्रहण करना चाहिए । प्रथमतः बालाभैरवी मन्त्रों के लिए अकडम चक्र से परीक्षित मन्त्र ग्रहण करना चाहिए यह मेरा मत है । कुमारी ललिता देवी के तथा कुरुकुल्लादि के साधन में सभी चक्रों का फल देने वाला श्रीचक्र सुन्दर फल प्रदान करने वाला कहा गया है ॥ १४६-१४७ ॥

योगिन्यादिसाधने च ताराचक्रं महत्फलम् ।
उन्मत्तभैरवीविद्याद्यादिसाधननिर्मले[२] ॥ १४८ ॥
राशिचक्रं कोटिफलं नानारत्नप्रदं शुभम् ।
प्रत्यङ्गिरासाधने च उल्काविद्यादिसाधने ॥ १४९ ॥
शिवचक्रं महापुण्यं सर्वचक्रफलप्रदम् ।
कालिकाचर्चिकामन्त्रे विमलाद्यादिसाधने ॥ १५० ॥

योगिनी आदि के साधन में **ताराचक्र** महान् फल देता है उन्मत्त भैरवी विद्या आदि साधन में **राशिचक्र** करोड़ गुना फल देने वाला एवं नानारत्न प्रदान करने वाला कहा गया है। प्रत्यङ्गिरा साधन में तथा उल्काविद्यादि साधन में समस्त चक्रों का फल देने वाला शिवचक्र महान् पुण्य उत्पन्न करने वाला है । कालिका चर्चिका मन्त्र में तथा विमला आदि साधन में भी शिवचक्र पुण्य प्रदान करता है ॥ १४८-१५० ॥

सम्पत्प्रदाभैरवीणां मन्त्रग्रहणकर्मणि ।
विष्णुचक्रे कोटिशतं पुण्यं प्राप्नोति मानवः ॥ १५१ ॥

---

१. महामन्त्रम्—क० । २. उन्मत्तभैरवी विद्या आद्यादि साधने निर्मले इत्यर्थः ।

संपत्ति प्रदान करने वाली सभी भैरवियों के मन्त्र ग्रहण कर्म में मनुष्यों को **विष्णुचक्र** के द्वारा (शोभित मन्त्र) करोड़ों शत गुणित पुण्य प्राप्त कराने वाला होता है ॥ १५१ ॥

छिन्नादिश्रीविद्यायाः [१] कृत्यादेव्याश्च साधने ।
नक्षत्रविद्याकामाख्या ब्रह्माण्यादि सुसाधने ॥ १५२ ॥
ब्रह्मचक्रं महापुण्यं सर्वविद्याफलं लभेत् ।
कोटिजाप्येन यत्पुण्यं ग्रहणात् तत्फलं लभेत् [२] ॥ १५३ ॥

छिन्नमस्तकादि श्रीविद्या एवं कृत्यादेवी के मन्त्र साधन में तथा नक्षत्रविद्या, कामाख्या एवं ब्रह्माणी आदि के साधन में ब्रह्मचक्र महान् पुण्यकारक होता है । किं बहुना मन्त्र ग्रहण करने वाला साधक उससे सभी विद्याओं का फल प्राप्त करता है । करोड़ों जप से जितना पुण्य होता है **ब्रह्मचक्र** से सिद्ध मन्त्र उतना ही फलदायी होता है ॥ १५२-१५३ ॥

वज्रज्वालामहाविद्यासाधने मन्त्रजापने ।
गुह्यकालीसाधने च कुब्जिकामन्त्रसाधने ॥ १५४ ॥
देवचक्रं शुभं प्रोक्तं वाक्यसिद्धिप्रदायकम् ।
कामेश्वरी[३]अट्टहासामन्त्रसाधनकर्मणि ॥ १५५ ॥
राकिणीमन्दिरादेवी [४] मन्दिरामन्त्रसाधने ।
ऋणिधनिमहाचक्रं विचार्य सर्वसिद्धिदम् ॥ १५६ ॥

वज्र ज्वाला महाविद्या के साधन में तथा उनके मन्त्र के जप में, इसी प्रकार गुह्य काली के साधन में, कुब्जिका मन्त्र के साधन में, वाणी की सिद्धि देने वाला **देवचक्र** शुभकारक कहा गया है । कामेश्वरी अट्टहासा के मन्त्र साधन कर्म में और इसी प्रकार राकिणी मन्दिरा देवी एवं मन्दिरा के मन्त्र साधन कर्म में **ऋणधनात्मक महाचक्र** का विचार सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करता है ॥ १५४-१५६ ॥

श्रीविद्याभुवनेशानीभैरवीसाधने तथा ।
पृथ्वीकुलावतीवीणासाधने [५] वामनीमनोः ॥ १५७ ॥
उल्काचक्रं महापुण्यं राजत्वफलदं शुभम् ।
शिवादिनायिकामन्त्रे बालाचक्रं [६] सुखप्रदम् ॥ १५८ ॥

श्रीविद्या भुवनेश्वरी तथा भैरवी के मन्त्र साधन में, इसी प्रकार पृथ्वी कुलावती वीणा के साधन में और वामनी मन्त्र के साधन में **उल्काचक्र** महान् पुण्यदायक है । इतना ही नहीं यह राजत्व का फल भी प्रदान करता है तथा हितकारी भी है । इसी प्रकार शिवादिनायिका मन्त्र में बालाचक्र सुखकारक कहा गया है ॥ १५७-१५८ ॥

---

१. उग्रविद्यायाः—क० ।
२. पूर्ववत् परस्मैपदम् ।
३. पृषोदरादित्वाद् आर्षत्वाद्वा प्रकृतिभावः ।
४. दक्षिणी—क० ।
५. चीनासाधने वासनीमनो—क० ।
६. वामाचक्रं—क० ।

फेत्कारीमन्त्रजाप्ये च उड्डीयानेश्वरी मनोः ।
चतुश्चक्रं शतफलं महामन्त्रफलप्रदम् ॥ १५९ ॥
द्राविणीदीर्घजङ्घादि ज्वालामुख्यादिसाधने[1] ।
नारसिंहीसाधने च सूक्ष्मचक्रं फलोद्भवम् ॥ १६० ॥

फेत्कारी देवी के मन्त्र के जप में एवं उड्डीयानेश्वरी के मन्त्र में महामन्त्र का फल देने वाला चतुश्चक्र सैकड़ों गुना फल प्रदान करता है । द्राविणी और दीर्घजंघादि तथा ज्वालामुखी आदि के मन्त्र साधन में इसी प्रकार नारसिंही मन्त्र के साधन में **सूक्ष्मचक्र** फलदायी होता है ॥ १५९-१६० ॥

हरिणी मोहिनी कात्यायनीसाधनकर्मणि ।
वैष्णवे च तथा शैवे देवीमन्त्रे च भैरव ॥ १६१ ॥
अकथहं महाचक्रं विचार्य यत्नपूर्वकम् ।
यो गृह्णाति महामन्त्रं स शिवो नात्र संशयः ॥ १६२ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महायन्त्रोद्दीपने सर्वचक्रानुष्ठाने महागुरुप्रकरणे भावनिर्णये भैरवीभैरवसंवादे द्वितीयः पटलः ॥ २ ॥

हरिणी, मोहिनी एवं कात्यायनी देवी के साधनकर्म में, इसी प्रकार हे भैरव ! विष्णुमन्त्र, शिवमन्त्र तथा देवीमन्त्र में **अकथह महाचक्र** का यत्नपूर्वक विचार कर जो मन्त्र ग्रहण करता है वह साक्षात् शिव है, इसमें संशय नहीं ॥ १६१-१६२ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावनिर्णय में महागुरु प्रकरण के सर्वचक्रानुष्ठान में भैरवी-भैरव संवाद में द्वितीय पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २ ॥

१. ज्वाला मुखे यस्याः सा ज्वालामुखी, सा आदिर्यासां ताः ज्वालामुख्यादयः, तासां साधनं यत्कर्म, तस्मिन् । बहुव्रीहिगर्भषष्ठीतत्पुरुषगर्भः कर्मधारयः ।

अथ तृतीयः पटलः

भैरवी उवाच

अथ चक्रं प्रवक्ष्यामि कालाकालविचारकम् ।
यदाश्रितो महावीरो[1] दीव्यो वा पशुभाववान् ॥ १ ॥

दीक्षायां चक्रविचारः

चक्रराजं प्रविचार्य सिद्धमन्त्रं न चालयेत् ।
प्रबलस्य प्रचण्डस्य प्रासादस्य महामनोः ॥ २ ॥

श्रीभैरवी ने कहा—अब काल और अकाल के विचार वाले चक्रों को कहूँगी जिसका आश्रय लेने से वीर, दिव्य अथवा पशुभाव की सिद्धि होती है । चक्रराज का विचार कर प्रबल, प्रचण्ड और प्रसाद गुण युक्त महामन्त्र के सिद्ध मन्त्र को इधर उधर नहीं करना चाहिए ॥ १-२ ॥

शक्तिकूटादिमन्त्राणां[2] सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ।
वराहार्कनृसिंहस्य तथा[3] पञ्चाक्षरस्य च ॥ ३ ॥
महामन्त्रस्य[4] कालस्य चन्द्रचूडस्य सन्मनोः ।
नपुंसकस्य मन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥ ४ ॥

शक्ति कूटादि मन्त्रों को सिद्धादि प्रक्रिया से शोधन नहीं करना चाहिए । इसी प्रकार वराह, सूर्य, नृसिंह तथा पञ्चाक्षर (नमः शिवाय) चन्द्रचूड काल का महामन्त्र (महामृत्युञ्जय मन्त्र) का तथा नपुंसक मन्त्रों (जिसके अन्त में 'हुं' तथा 'नमः' पद का प्रयोग हो वह नपुंसक मन्त्र है) के भी सिद्धादि प्रक्रिया द्वारा शोधन की आवश्यकता नहीं है ॥ ३-४ ॥

विंशत्यर्णाधिका मन्त्रा मालामन्त्राः प्रकीर्तिताः ।
सूर्यमन्त्रस्य योगस्य कृत्यामन्त्रस्य शङ्कर ॥ ५ ॥
शंभुबीजस्य देवस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ।
चक्रेश्वरस्य चन्द्रस्य वरुणस्य महामनोः ॥ ६ ॥

---

१. यदाश्रित्य महादेवी इति क० ।
२. शक्तिहृदादि इति क० ।
३. सिद्धादीन्नैव शोधयेत् का० ।
४. श्रीदत्तस्य तथा सुप्तलब्धस्य च महामनोः ।
एकाक्षरस्य मन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥
एकद्वित्र्यादिबीजस्य सिद्धमन्त्रस्य वैदिके ।
इत्यष्टाक्षरमन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥ इत्यधिकः पाठः क० ।

कालीतारादिमन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ।
तथापि शोधयेन्मन्त्रं प्रशंसापरमेव तत् ॥ ७ ॥

२० अक्षरों से अधिक अक्षर वाले मन्त्र माला मन्त्र कहे जाते हैं । उन मन्त्रों का, सूर्य के मन्त्र का, योग के मन्त्र का, कृत्या मन्त्रों का, शिव के बीजमन्त्र का तथा देव (श्रीविष्णु) के मन्त्र का सिद्धादि प्रक्रिया से शोधन नहीं करना चाहिए । चक्रेश्वर, चन्द्रमा, वरुण के महामन्त्र का तथा काली और तारा के मन्त्रों का भी सिद्धादि प्रक्रिया से शोधन नहीं करना चाहिए । फिर भी यदि इन मन्त्रों का शोधन किया जाय तो वह प्रशंसा की बात है ॥ ५-७ ॥

यत्र प्रशंसापरमं तत्कार्यं दैवतं स्मृतम् ।
प्रशंसा यत्र नास्त्येव तत्कार्यं नापि कारयेत् ॥ ८ ॥
अत्यन्तफलदं मन्त्रं गृह्णीयात् कुलरक्षणात्[१] ।
धनिमन्त्रं न गृह्णीयाद् अकूलञ्च तथैव च ॥ ९ ॥

जो मन्त्र शोधन करने पर प्रशंसास्पद हों उस कार्य को करने की बात तो दूर उसे किसी से करवाना भी नहीं चाहिए । अत्यन्त फल देने वाला मन्त्र ग्रहण करना चाहिए कारण कि उससे कुल की रक्षा होती है, धनी मन्त्र ग्रहण नहीं करना चाहिए । इसी प्रकार अकुल मन्त्र भी ग्रहण न करे ॥ ८-९ ॥

गृहीत्वा[२] निधनं याति कोटिजाप्येन सिद्ध्यति ।
मननं विश्वविज्ञानं त्राणं संसारबन्धनात्[३] ॥ १० ॥
यतः करोति संसिद्धौ मन्त्र इत्यभिधीयते[४] ।

इन मन्त्रों के ग्रहण करने से मनुष्य की मृत्यु होती है, और करोड़ों की संख्या में जप करने से उसकी सिद्धि होती है । 'मन्त्र' शब्द में 'म का अर्थ 'मनन' है, जिसका अर्थ विश्व विज्ञान है और 'त्र' का अर्थ संसार रूप बन्धन से त्राण है । क्योंकि मन्त्र सिद्ध हो जाने पर संसार का ज्ञान कराता है तथा संसार बन्धन से रक्षा करता है इस कारण उसे मन्त्र कहा जाता है ॥ १०-११ ॥

प्रणवाद्यं न दातव्यं मन्त्रं शूद्राय सर्वथा ॥ ११ ॥
आत्ममन्त्रं गुरोर्मन्त्रं मन्त्रं चानपसंज्ञकम् ।
पितुर्मन्त्रं तथा मातुर्मन्त्रसिद्धिप्रदं शुभम् ॥ १२ ॥

जिस मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ) हो वह मन्त्र शूद्र को कदापि प्रदान न करे । आत्म मन्त्र, गुरुमन्त्र, अपसंज्ञा से विहीन अर्थात् शुद्धमन्त्र, पितृमन्त्र और मातृमन्त्र सिद्धि प्रदान करता है और कल्याणकारी भी है ॥ ११-१२ ॥

शूद्रो निरयमाप्नोति ब्राह्मणो यात्यधोगतिम् ।
अदीक्षिता ये कुर्वन्ति जपपूजादिकाः क्रियाः ॥ १३ ॥

---

१. कुलवर्त्मना इति क० । २. विघ्नविज्ञानम् इति क० ।
३. भीत्रार्थानां भयहेतुरिति पञ्चमी । ४. संसिद्धिर्मन्त्र इत्युच्यते समा इति जीवा पाठः ।

न भवन्ति श्रिये तेषां शिलायामुप्तबीजवत् ।
देवीदीक्षाविहीनस्य न सिद्धिर्न च सद्गतिः ॥ १४ ॥

दीक्षा—बिना दीक्षा लिए ही जो मनुष्य जप-पूजादि अनुष्ठान करते हैं, उनमें अदीक्षित शूद्र को नरक की प्राप्ति होती है और अदीक्षित ब्राह्मण की अधोगति होती है । बिना दीक्षा लिए मन्त्र का प्रयोग जो लोग करते हैं वे मन्त्र उन्हें कोई फल नहीं देते जिस प्रकार शिला पर बोया गया बीज फलदायी नहीं होता । देवी की दीक्षा से विहीन पुरुष को न सिद्धि प्राप्त होती है और न उसकी सद्गति ही होती है ॥ १३-१४ ॥

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन गुरुणा दीक्षितो भवेत् ।
विचारं[१] चक्रसारस्य करणीयमवश्यकम् ॥ १५ ॥
अदीक्षितोऽपि मरणे रौरवं नरकं व्रजेत् ।
तस्माद्दीक्षा प्रयत्नेन सदा कार्या च तान्त्रिकात् ॥ १६ ॥

इसलिए हर संभव प्रयासों से साधक को गुरु से दीक्षा लेनी चाहिए । दीक्षा लेने के समय दीक्षा वाले मन्त्र का (अकडमादि) चक्रसार द्वारा आवश्यक विचार कर लेना चाहिए । जो दीक्षा नहीं ग्रहण करता, मर जाने पर उसे रौरव नरक की प्राप्ति होती है । इसलिए प्रयत्नपूर्वक तान्त्रिक द्वारा दीक्षा ग्रहण करनी चाहिए ॥ १५-१६ ॥

(१) अकडमचक्रम्

दीक्षापूर्वदिने कुर्यात् सुविचारं प्रयत्नतः ।
तत्प्रकारं प्रयत्नेन कार्यं पर्वतपूजित ॥ १७ ॥
आदावकडमे सिद्धिर्मन्त्रं सञ्चारयेद् बुधः ।
रेखाद्वयं पूर्वपरे मध्ये रेखाद्वयं लिखेत् ॥ १८ ॥
चतुष्कोणे चतूरेखाकडमं चक्रमण्डलम् ।
भ्रामयित्वा महावृत्तं[२] निर्माय वर्णमालिखेत् ॥ १९ ॥

दीक्षा लेने से प्रथम दिन साधक को प्रयत्नपूर्वक विचार करना चाहिए । हे पर्वतपूजित ! (कैलाशवासिन्) फिर उस प्रकार के प्रयत्न से साधक को दीक्षा ग्रहण करनी चाहिए । बुद्धिमान् को चाहिए कि दीक्षा वाले मन्त्र को प्रथम अकडम चक्र पर परीक्षित कर लेवे । उस अकडम चक्र को बनाने की विधि इस प्रकार है—

पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर दो दो रेखा बनाकर चतुर्भुज निर्माण कर उसमें भी मध्य में पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण दो दो रेखा खींचे । फिर उस चतुर्भुज के प्रत्येक चारों कोनों से घुमाकर महावृत्त रूप 'अकडम' चक्र की रचना करे और उनमें वर्णों का लेखन करे ॥ १७-१९ ॥

अकारादिक्षकारान्तान् क्लीबहीनान् लिखेत्ततः ।

---

१. विचार्यक्रमारभ्यं करणीयमवश्यकम् इति क० ।
२. महाचित्तम् इति क० ।

अकडमचक्र

एकैकमतो लेख्यान् मेषादिषु (वृषा?)मीनान्तकान् ॥ २० ॥
वामावर्तेन गणयेत् क्रमशो वीरवल्लभ ।
तन्त्रमार्गेण गणयेन्नामादिवर्णकादिमान् ॥ २१ ॥

क्लीव वर्णों (ॠ ॠ लृ लॄ) को छोड़कर अकार से ले कर क्षकारान्त वर्णों को उन कोष्ठकों में बारी बारी से लिखना चाहिए । इसी प्रकार, हे वीरवल्लभ ! उन कोष्ठों में मेष मीन आदि राशियों को वामावर्त से (वृष?) मीन पर्यन्त लिखना चाहिए । फिर तन्त्र की रीति से साधक के आदि अक्षर वाले नाम से कोष्ठक में आये मन्त्र के आदि वर्णों से गणना करनी चाहिए ॥ २१ ॥

मेषादितोऽपि मीनान्तं क्रमशः शास्त्रपण्डितः ।
सिद्धसाध्यसुसिद्धादीन्[१] पुनः सिद्धादयः पुनः ॥ २२ ॥
नवैकपञ्चमे सिद्धः साध्यः षड्दशयुग्मके ।
सुसिद्धस्त्रिसप्तके रुद्रे वेदाष्टद्वादशे रिपुः ॥ २३ ॥

इसी प्रकार तन्त्रशास्त्र का विद्वान् क्रमशः (नाम के आदि अक्षर से) मेषादि से मीनान्त राशियों में भी पुनः गणना करे । ऐसा करने पर सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध तथा शत्रु रूप फल जानना चाहिए । इसी प्रकार पुनः सिद्धादि फलों को १२ कोष्ठ पर्यन्त परीक्षित करना चाहिए । निष्कर्ष यह है कि—(१) नाम का आद्य अक्षर यदि १, ५, ९, कोष्ठ में आये और मन्त्र के आदि अक्षरों से मिले तो सिद्ध, (२) २, ६, १० कोष्ठक में मिले तो साध्य (३) ३, ७, ११, में मिले तो सुसिद्ध तथा (४) ४, ८, १२, वें कोष्ठ में मिले तो शत्रु योग समझना चाहिए । इसी प्रकार नामाक्षर की राशि मन्त्राक्षर के मेषादि राशियों से लेकर मीनान्त गणना करे । उसका फल भी उपर्युक्त रीति से समझ लेना चाहिए ॥ २२-२३ ॥

एतत्ते कथितं नाथ अकडमादिकमुत्तमम् ।

हे नाथ ! इस प्रकार हमने अकडमादि चक्र (में परीक्षित मन्त्र का फल) कहा—अब अन्य चक्रों की परीक्षा विधि सुनिए ॥ २४ ॥

---

१. सिद्धसाध्यसुसिद्धा आदयो येषां तान्, अस्य गणयेदित्यनेनान्वयः ।

(२) पद्माकार अष्टदल महाचक्रम्

पद्माकारं महाचक्रं दलाष्टकसमन्वितम् ॥ २४ ॥
अ आ वर्णद्वयं पूर्वे द्वितीये च द्वितीयकम् ।
तृतीये कर्णयुग्मञ्च चतुर्थे नासिकाद्वयम् ॥ २५ ॥
पञ्चमे नयनं प्रोक्तं षष्ठे ओष्ठाधरं तथा ।
सप्तमे दन्तयुग्मञ्च अष्टमे षोडशस्वरम् ॥ २६ ॥
कवर्गञ्च पूर्वदले द्वितीये च चवर्गकम् ।
तृतीये च टवर्गञ्च चतुर्थे च तवर्गकम् ॥ २७ ॥
पवर्गं पञ्चमे प्रोक्तं यवान्तं षष्ठपत्रके ।
सप्तमे शषसान् लिख्य (ल ?)हक्षमष्टमके पदे ॥ २८ ॥

पहले ८ दलों वाला पद्माकार महाचक्र का निर्माण करें । पूर्वपत्र पर 'अ आ' वर्ण लिखे, द्वितीय पत्र पर द्वितीय 'इ ई' लिखे, तृतीय पत्र पर कर्णयुग्म 'उ ऊ', चतुर्थ पत्र पर नासिकाद्वय 'ऋ ॠ', पञ्चम पर नयन 'लृ लॄ', षष्ठ पर ओष्ठाधर 'ए ऐ', सप्तम पर दन्तयुग्म 'ओ औ' तथा अष्टम पत्र पर षोडश 'अं अः' स्वरों को लिखे। इसी प्रकार पूर्वदल पर क वर्ग, द्वितीय दल पर च वर्ग, तृतीय पर ट वर्ग, चतुर्थ पर त वर्ग, पञ्चम पर प वर्ग, षष्ठ पर य र ल व, सप्तम पत्र पर श ष स और अष्टम पर ह क्ष—इन व्यञ्जनों को भी लिखें ॥ २४-२८ ॥

अष्टदल पद्म चक्र

सुखं राज्यं धनं विद्यां यौवनायुषमेव च ।
विचार्य चक्रमाप्नोति पुत्रत्त्वञ्च स्वजीवनम् ॥ २९ ॥
स्वीय-नामाक्षरं तत्र देवनामाक्षरं तथा ।
एकस्थानं युगस्थानं विरोधं द्विविधं स्मृतम् ॥ ३० ॥

पद्ममहाचक्र का फल—सुख राज्य, धन विद्या, यौवन, आयुष्य, पुत्र और दीर्घजीवन ये ८ फल उस चक्र पर विचार करने से प्राप्त होते हैं । उसमें यदि साधक के अपने नाम का अक्षर और मन्त्र के नाम का अक्षर यदि दोनों एक स्थान में अथवा दूसरे स्थान में मिल जायँ तो ये दो स्थान तन्त्रशास्त्र के विद्वानों द्वारा विरोध वाले कहे गये है ॥ २९-३० ॥

जीवनं मरणं तत्र अकारादिसु पत्रके ।
लिखित्वा गणयेन्मन्त्री मरणं वर्जयेत् सदा ॥ ३१ ॥

इसलिए प्रथम 'अ आ' वाले प्रथम पत्र में जीवन और मरण दोनों का विचार किया जाता है । मन्त्री साधक इसे लिखकर गणना करे और सदैव मरण का वर्जन करे ॥ ३१ ॥

विमर्श—इस प्रकार आठ दलों में आठ स्वरों और ३४ व्यञ्जनों को लिखकर साधक नाम के आद्य अक्षर से परीक्षा करे । मरण फल वाले मन्त्र का सर्वदा परित्याग करे ।

यत्रास्ति मरणं तत्र जीवनं नास्ति निश्चितम् ।
परस्परविरोधेन सिद्धमन्त्रञ्च मूलदम्[1] ॥ ३२ ॥
जीवने जीवनं ग्राह्यं सर्वत्र मरणं त्यजेत् ।

यह बात निश्चित है कि जहाँ मरण है वहाँ जीवन रह नहीं सकता। क्योंकि दोनों का परस्पर विरोध है, अतः सिद्धिप्राप्ति के लिए ग्रहण किए जाने वाले मन्त्र को फलदायी होना चाहिए। यदि परीक्षित मन्त्र का फल जीवन है तो उस जीवन वाले मन्त्र को अवश्य ग्रहण करना चाहिए और मरण फल वाले मन्त्र का सदैव त्याग करना चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

(३) कुलाकुलचक्र

कुलाकुलस्य भेदं हि वक्ष्यामि मन्त्रिणामिह ॥ ३३ ॥
वाय्वग्निभूजलाकाशाः पञ्चाशल्लिपयः क्रमात् ।
पञ्चह्रस्वाः पञ्चदीर्घाः बिन्द्वन्ताः[2] सन्धिसम्भवाः[3] ॥ ३४ ॥
कादयः पञ्चशः (षक्ष)यादिलसहक्षान्ताः प्रकीर्तिताः ।
साधकस्याक्षरं पूर्वं मन्त्रस्यापि तदक्षरम् ॥ ३५ ॥
यद्येकभूतदैवत्यं [4]जानीयात्सकुलं हितम् ।

कुलाकुलचक्र

भूमि	जल	अग्नि	वायु	आकाश
उ	ऋ	इ	अ	लृ
ऊ	ॠ	ई	आ	ॡ
ओ	औ	ए	ऐ	अं
ग	घ	ख	क	ङ
ज	झ	छ	च	ञ
ड	ढ	ठ	ट	ण
द	ध	थ	त	न
ब	भ	फ	प	म
ल	व	र	य	श
ळ	स	क्ष	ष	ह

यहाँ तक दूसरी परीक्षा विधि हुई। अब **मन्त्र परीक्षण की तीसरी विधि** कहते हैं—अब साधकों के लिए कुलाकुल का भेद कहता हूँ यतः सृष्टि पाञ्चभौतिक है, इसलिए ५० वर्ण भी वायु, अग्नि, भू, जल और आकाश रूप से पञ्चतत्त्वात्मक ही हैं। उन ५० वर्णों की संख्या इस प्रकार है—पाँच ह्रस्व, पाँच दीर्घ, बिन्दु अन्त वाले दो (अं अः) और सन्धि से युक्त चार (ए ऐ ओ औ), इस प्रकार कुल १६ स्वर हैं। ककारादि ५ वर्ग में कुल २५, य र ल व श ष स ह और क्ष—इस प्रकार कुल मिलाकर ये ५० वर्ण हैं ॥ ३३-३५ ॥

कुलाकुल फलविचार—साधक के नाम का आद्य अक्षर तथा मन्त्र का आद्यक्षर यदि एक ही (भूत एवं देवता वाला) हो तो उस मन्त्र को सकुल और हितकारी जानना चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

भौमस्य वारुणं मित्रमाग्नेयस्यापि मारुतम् ॥ ३६ ॥

---

१. मृत्युदम् इति—क० । २. बिन्दुः अन्तो येषां ते ।
३. सन्धिषु संभवो येषां ते । ४. मङ्गलं हि तत् इति—क० ।

पार्थिवाणाञ्च सर्वेषां शत्रुराग्नेयमम्भसाम् ।
ऐन्द्रवारुणयो: शत्रुर्मारुत: परिकीर्तित: ॥ ३७ ॥

पृथ्वी तत्त्व वाले वर्णों के जल तत्त्व वाले वर्ण मित्र हैं, अग्नि तत्त्व वाले वर्णों के वायु तत्त्वात्मक वर्ण मित्र हैं, सभी पार्थिव तत्त्व तथा जल तत्त्व वाले वर्णों के अग्नि तत्त्व वाले वर्ण शत्रु हैं तथा आकाशीय एवं जल तत्त्व वाले वर्णों के वायु तत्त्व वाले वर्ण शत्रु कहे गये हैं ॥ ३६-३७ ॥

पार्थिवे वारुणं मित्रं तैजसं शत्रुरीरित: ।
नाभसं सर्वमित्रं स्याद्विरुद्धं नैव शीलयेत् ॥ ३८ ॥
रेखाष्टकं हि पूर्वाग्रं रेखैकादशमध्यत: ।
दक्षिणोत्तरभागेन दक्षिणावधिमालिखेत् ॥ ३९ ॥

पार्थिव तत्त्वों के जल तत्त्व वाले वर्ण मित्र तथा तैजस तत्त्व वाले वर्ण शत्रु कहे गये हैं। किन्तु आकाश तत्त्व वाले वर्ण सभी तत्त्वों के मित्र होते हैं । उनमें विरोध की कल्पना नहीं करनी चाहिए । दक्षिणोत्तर के क्रम से दक्षिण दिशा पर्यन्त ११ रेखा का निर्माण करे । उसके मध्य में ८ रेखा पूर्व से पश्चिम की ओर लिखे ॥ ३८-३९ ॥

(४) ताराचक्रम्

कुलाकुलञ्च कथितं ताराचक्रं पुन: शृणु ।
दक्षिणोत्तरदेशे तु रेखाचतुष्टयं लिखेत् ॥ ४० ॥
दशरेखा: पश्चिमाग्रा: कर्तव्या: वीरवन्दित ।
अश्विन्यादिक्रमेणैव विलिखेत्तारका: पुन: ॥ ४१ ॥

यहाँ तक हमने कुलाकुल चक्र कहा । अब **तारा चक्र** के निर्माण का प्रकार सुनिए— दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर चार रेखा तथा हे वीरवन्दित ! पूर्व से पश्चिम दश रेखा का निर्माण करना चाहिए । इस प्रकार कुल तीन पंक्तियों मे बने २७ कोष्ठकों में अश्विन्यादि के क्रम से २७ नक्षत्र के नाम लिखना चाहिए ॥ ३९-४१ ॥

वक्ष्यमाणक्रमेणैव तन्मध्ये वर्णकान् लिखेत् ।
युग्ममेकं तृतीयञ्च[१] वेदमेकैकयुग्मकम् ॥ ४२ ॥
एकयुग्मं तथैकञ्च युगलं युगलं युगम् ।
एकं युग्मं तृतीयञ्च चन्द्रनेत्रं[२] विविधं विधुम् ॥ ४३ ॥
चन्द्रयुग्मं चन्द्रयुग्मं रामवेदं गृहे शुभे ।
वर्णा: क्रमा: स्वराण्येव रेवत्यश्विगतावुभौ ॥ ४४ ॥

तदनन्तर वक्ष्यमाण क्रम से उनमें वर्णों को इस प्रकार लिखे—अश्विनी में 'अ आ' दो वर्ण, भरणी में 'इ' एक वर्ण, कृत्तिका में 'ई उ ऊ' तीन वर्ण, रोहिणी में 'ऋ ॠ ऌ ॡ' चार वर्ण, मृगशिरा में 'ए' एक वर्ण, आर्द्रा में 'ऐ' एक वर्ण, पुनर्वसु में 'ओ औ' दो वर्ण,

---

१. तुरीयञ्च इति—क० । २. चन्द्रानलविधुम्, विधुम् इति—क० ।

पुष्य में 'क' एक वर्ण, आश्लेषा में 'ख ग' दो वर्ण, दूसरी पंक्ति में मघा में 'घ ङ' दो वर्ण, पूर्वाफाल्गुनी में 'च' एक वर्ण, उत्तराफाल्गुनी में 'छ ज' दो वर्ण, हस्त में 'झ ञ' दो वर्ण, चित्रा में 'ट ठ' दो वर्ण, स्वाती में 'ड' एक वर्ण, विशाखा में 'ढ ण' दो वर्ण, अनुराधा में 'त थ द' तीन वर्ण, ज्येष्ठा में 'ध' एक वर्ण, तीसरी पंक्ति में मूल में 'न प फ' तीन वर्ण, पूर्वाषाढ़ा में 'ब' एक वर्ण, उत्तराषाढ़ा में 'भ' एक वर्ण, श्रावण में 'म' एक वर्ण, धनिष्ठा में 'य र' दो वर्ण, शताभिषा में 'ल' एक वर्ण, पूर्वाभाद्रपदा में 'व श' दो वर्ण, उत्तरभाद्रपदा में 'ष स ह' तीन वर्ण तथा रेवती में 'क्ष अं अः' इन चार वर्णों को— इस प्रकार सभी स्वर और व्यञ्जन वर्ण दोनों को अश्विनी से लेकर रेवती नक्षत्र पर्यन्त कोष्ठकों में लिखना चाहिए ॥ ४२-४४ ॥

(५) गणविचार

अकारद्वयमश्विन्यां देवतागणसम्भवाः ।
इकारं भरणी सत्यां कृत्स्नमुस्वरकृत्तिका ॥ ४५ ॥
राक्षसी कृत्तिका भूमौ सर्वविघ्नविनाशिनी ।
नासिकागण्डमन्त्रञ्च रोहिणीशवरूपिणी ॥ ४६ ॥

वर्णों के देवत्वादेवत्वगण का विचार—अश्विनी नक्षत्र में रहने वाले 'अ आ' दो वर्ण देवतागण से उत्पन्न हैं । भरणी में इकार सत्या कहा गया है । 'इ उ ऊ' से युक्त कृत्तिका राक्षसी है जो भूमि पर रहती है और समस्त विघ्नों को नष्ट करती है । नासिका 'ऋ ॠ' एवं गण्डमन्त्र 'ऌ ॡ' से युक्त रोहिणी शव स्वरूपा है ॥ ४५-४६ ॥

ओष्ठमध्ये मृगशिरा देवता परिकीर्तिता ।
अधरान्तमार्द्रया च मानुषं सर्वलक्षणम् ॥ ४७ ॥
दन्तयुग्मं पुनर्वस्वाच्छादितं मानुषं प्रियम् ।
कः पुष्या देवता ज्ञेया खगाश्लेषा च राक्षसी ॥ ४८ ॥

ओष्ठ एकार युक्त मृगशिरा देवता गण में कही गई हैं 'ऐ' से युक्त आर्द्रा नक्षत्र सर्वलक्षणयुक्त मनुष्य का स्वरूप है । दन्त युग्म 'ओ औ' इन दो वर्णों से युक्त पुनर्वसु प्रच्छन्न रूप से मनुष्य है । क से युक्त पुष्य देवतागण हैं । ख ग से युक्त आश्लेषा को राक्षसी समझना चाहिए ॥ ४७-४८ ॥

मघावक्षे घङान्ता च तथा च पूर्वफाल्गुनी ।
छजोत्तरा-फल्गुनी च मनुष्याः परिकीर्तिताः ॥ ४९ ॥
झञहस्ता देवगणा टठचित्रा च राक्षसी ।
डस्वाती देवरमणी विशाखा ढणराक्षसी ॥ ५० ॥
तथदानुराधया च शोभिता देवनायिका ।
ध ज्येष्ठा राक्षसी ज्ञेया मूलानपफराक्षसी ॥ ५१ ॥

घ ङ से युक्त मघा, च से युक्त पूर्वाफाल्गुनी और छ ज से युक्त उत्तराफाल्गुनी मनुष्य गण में कही गई हैं । झ ञ से युक्त हस्त देवगण हैं । ट ठ से युक्त चित्रा राक्षसी है । ड से युक्त स्वाती अप्सरा है । ढ, ण से युक्त विशाखा राक्षसी है । त थ द से युक्त अनुराधा

देवनायिका है । ध से युक्त ज्येष्ठा राक्षसी है । न प फ से युक्त मूल राक्षसी है ॥ ४९-५१ ॥

पूर्वाषाढा मानुसानी बकाराक्षयमालिनी ।
भोत्तराषाढया मर्त्यो मकारः श्रवणः मतः ॥ ५२ ॥

बकार रूप अक्षय माला वाली पूर्वाषाढा मानुषी कही गई है । भकार से युक्त उत्तराषाढ़ मनुष्य है । इसी प्रकार मकार से युक्त श्रवण को भी (मनुष्य गण में) जानना चाहिए ॥ ५२ ॥

धनिष्ठा यररक्षः स्त्रीलस्था शतभिषा तथा ।
वशपूर्वभाद्रपदा मनुजाः परिकीर्तिताः ॥ ५३ ॥
तथोत्तराभाद्रपदा मानुषी-मङ्गलोद्भवा ।
अं अः ळक्षरेवती च देवकन्याः प्रकीर्तिताः ॥ ५४ ॥

य र से युक्त धनिष्ठा, ल से युक्त शतभिषा स्त्री गण कही गई है । व श से युक्त पूर्वभाद्रपदा मनुष्य गण में क़ही गई है । ष स ह से युक्त तीन वर्ण वाली उत्तराभाद्रपदा मानुषी कुल में उत्पन्न हुई है । अं अः ळ क्ष अं अः से युक्त रेवती (देवगण वाली) देवकन्या कही गई है ॥ ५३-५४ ॥

स्वजातौ परमा प्रीतिर्मध्यमा भिन्नजातिषु ।
रक्षोमानुषयोर्नाशो वैरं दानवदेवयोः ॥ ५५ ॥
जन्मसम्पत् विपत् क्षेमप्रत्यरिः साधको वधः ।
मित्रं परममित्रञ्च गणयेच्च पुनः पुनः ॥ ५६ ॥

अपने गण में परम प्रीति होती हैं । भिन्न जाति में मध्यम प्रीति होती है । राक्षस और मनुष्य में नाश होता है इसी प्रकार देवता और दानव में भी बैर समझना चाहिए । उनके जन्म, संपत्ति, विपत्ति, क्षेम, शत्रु, साधक, वध, मित्र, परममित्र—ये ९ क्रमशः फल समझना चाहिए । इसी प्रकार बारम्बार तीनों पंक्तियों में नाम के नक्षत्र से लेकर मन्त्र नक्षत्र पर्यन्त गणना करनी चाहिए ॥ ५५-५६ ॥

वर्जयेज्जन्मनक्षत्रं तृतीयं पञ्चसप्तकम् ।
षडष्टनवभद्राणि युगञ्च युग्मकं तथा ॥ ५७ ॥
यदीह निजनक्षत्रं न जानाति द्विजोत्तमः ।
नामाद्यक्षरसम्भूतं स्वतारमविरोधकम् ॥ ५८ ॥

जन्म नक्षत्र वाला मन्त्र वर्जित है । जन्म नक्षत्र से तीसरा, पाँचवाँ एवं सातवाँ मन्त्राक्षर वर्जित है । ६, ८, और ९ शुभकारक है । इसी प्रकार चौथा और दूसरा भी प्रशस्त माना गया है । यदि श्रेष्ठ ब्राह्मण को अपने जन्म नक्षत्र का ज्ञान न हो तो उसे अपने नाम के आद्यक्षर से गणना करनी चाहिए । क्योकि नामाक्षर का अपना नक्षत्र निषिद्ध नहीं है ॥ ५७-५८ ॥

विनीय गणयेन्मन्त्री शुभाशुभविचारवान् ।
प्रादक्षिण्येन गणयेत् साधकाद्यक्षरात् सुधीः ॥ ५९ ॥
इत्येतत् कथितं नाथ ममात्मा पुरुषेश्वर ।

कुलाकुलमनन्ताख्यं ताराचक्रं मनोर्गुणम् ॥ ६० ॥

शुभ और अशुभ फल का विचार करने वाला मन्त्रज्ञ एवं बुद्धिमान् साधक इस प्रकार कोष्ठ रचना कर प्रदक्षिणा क्रम से अपने नाम के आद्य अक्षर से गणना करे । हे नाथ ! हे मेरे सर्वस्व ! हे पुरुषेश्वर ! यहाँ तक हमने कुलाकुल तथा अनन्त नामक तारा चक्र (नक्षत्र-चक्र) के विषय में मन्त्र के गुणों को कहा ॥ ५९-६० ॥

तारामन्त्रं प्रदीपाभं रत्नभाण्डस्थितामृतम् ।
एतद्विचारे महतीं सिद्धिमाप्नोति मानवः ॥ ६१ ॥

तारामन्त्र प्रदीप के समान दीप्तिमान है । तारामन्त्र रत्न है और भाण्ड में संस्थित अमृत के समान है । इस प्रकार मन्त्र का विचार करने से मनुष्य को बहुत बड़ी सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ६१ ॥

(६) राशिचक्रम्

राशिचक्रं प्रवक्ष्यामि सिद्धिलक्षणमुत्तमम् ।
क्रमेण देया युगला रेखा पूर्वापरोद्गमा ॥ ६२ ॥
तन्मध्यतो द्वयं दद्याद् रेखाग्निदक्षिणे ततः ।
अग्निनैर्ऋतिवायवीशक्रमेण रेखयेत् तथा ॥ ६३ ॥

अब सिद्धि के लक्षण वाले उत्तम **राशि चक्र** को कहती हूँ—पूर्व से पश्चिम की ओर दो रेखा तथा पर में दक्षिण से उत्तर को दो रेखा खीचें, फिर उनके मध्य से दो दो रेखा अग्निकोण से दक्षिण कोण तक खीचे । तदनन्तर अग्निकोण से वायव्य कोण तथा नैर्ऋत्य कोण से ईशान कोण पर्यन्त दो रेखा खीचें ॥ ६२-६३ ॥

विलिखेन्मेषराश्यादि मीनान्तं सर्ववर्णकान् ।
कन्यागृहगतान् शादिवर्णानालिख्य यत्नतः ॥ ६४ ॥
गणयेत्साधकश्रेष्ठो लग्नाद्यामव्ययान्तकान् ।
स्वराशिदेवकोष्ठानामनुकूलान् भजेन्मनून् ॥ ६५ ॥

राशि चक्र

इसके बाद मेष से लेकर मीन पर्यन्त राशि तथा उसमें होने वाले सभी वर्णों को भी लिखे । फिर कन्या राशि में स्थित शकारादि वर्णों को भी यत्नपूर्वक लिखे । तदनन्तर श्रेष्ठ साधक लग्न के आदि से लेकर आय व्यय पर्यन्त कोष्ठों में अपने नाम के आद्य अक्षर की राशि से गणना करें । यदि मन्त्र स्वराशि में हो अथवा देवतात्मक हो तो उसे ग्रहण करे ।

विमर्श—क्रमेण विलिखेद् वीर राशि-चक्रे च साधक । वेदरामं रामहस्तं भज लोचन-मेव च ॥ पञ्चभूतं पञ्चभूतं पञ्चवेदादिवर्णकान् इति वा पाठः ॥ ६४-६५ ॥

राशीनां शुद्धता ज्ञेया त्यजेत् शत्रुमृतिं व्ययम् ।
स्वराशेर्मन्त्रराश्यन्तं गणनीयं विचक्षणैः ॥ ६६ ॥

शुद्ध राशि वाला मन्त्र ग्रहण करे । परन्तु शत्रु स्थान (छठाँ) मृत्यु स्थान (आठवाँ) और व्यय स्थान (१२ वें) में पड़ने वाले मन्त्र का त्याग कर देना चाहिए । विद्वान् पुरुष को अपनी राशि से मन्त्र की राशि पर्यन्त गणना करनी चाहिए ॥ ६६ ॥

साध्याद्यक्षरराश्यन्तं गणयेत् साधकाक्षरात् ।
एकं वा पञ्च नवमं बान्धवं परिकीर्तितम् ॥ ६७ ॥
द्विषड्दशमसंस्थाश्च सेवकाः परिकीर्तिताः ।
रामरुद्राश्च मुनयः पोषकाः परिकीर्तिताः ॥ ६८ ॥

साधक (दीक्षा लेने वाले) के अक्षर की राशि से साध्य (मन्त्र) की राशि पर्यन्त गणना करनी चाहिए । साधक की राशि से यदि मन्त्र की राशि एक, पाँच और नव स्थान में पड़े तो वह मन्त्र बान्धव के समान 'रक्षक' होता है । २, ६, और १० वें स्थान में पड़े तो 'सेवक' कहा जाता है । ३, ७, ११, स्थान में पड़े तो 'पोषक' कहा जाता है ॥ ६७-६८ ॥

सूर्याष्टवेदयुक्तास्तु घातकाः सर्वदोषदाः ।
शक्त्यादौ तु महादेव कुलचूडामणिर्यतिः ॥ ६९ ॥

चौथे, आठवें, और बारहवें स्थान में पड़े तो संपूर्ण दोष उत्पन्न करता है और घातक कहा जाता है । हे महादेव ! शक्ति आदि का मन्त्र ग्रहण करने में कुल शास्त्र का विद्वान् यति ही श्रेष्ठ होता है ॥ ६९ ॥

वर्जयेत् षष्ठगेहञ्च अष्टमं द्वादशं तथा ।
लग्नं धनं भ्रातृबन्धुपुत्रशत्रुकलत्रकाः ॥ ७० ॥
मरणं धर्मकर्मायव्यया द्वादशराशयः ।
नामानुरूपमेतेषां शुभाशुभफलं दिशेत् ॥ ७१ ॥

शक्ति मन्त्र के ग्रहण में छठवाँ, और आठवाँ स्थान वर्जित है । १. लग्न में शरीर, २. धन, ३. भाई, ४. बन्धु, ५. पुत्र, ६. शत्रु, ७. भार्या, ८. मृत्यु, ९. धर्म, १०. कर्म, ११. आय, १२. व्यय का विचार द्वादश राशियों से किया जाता है । नाम के अनुसार इनके शुभाशुभ फलों का निर्देश करना चाहिए ॥ ७०-७१ ॥

वैष्णवे तु महाशत्रोः स्थाने बन्धुः प्रकीर्तितः ।

वैष्णव मन्त्र की दीक्षा में महाशत्रु के स्थान में बन्धु का विचार करना चाहिए ॥ ७२ ॥

(७) कूर्मचक्रम्

कूर्मचक्रं प्रवक्ष्यामि शुभाशुभफलात्मकम् ॥ ७२ ॥
यज्ज्ञात्वा सर्वशास्त्राणि जानाति पण्डितोत्तमः ।

अभेद्यभेदकं चक्रं शृणुष्वादरपूर्वकम् ॥ ७३ ॥

अब शुभाशुभ फल देने वाला **कूर्मचक्र** कहता हूँ । बुद्धिमान् पुरुष, कूर्मचक्र को जान लेने पर सारे शास्त्र का पण्डित हो जाता है । अब अभेद्य को भेदन करने वाले इस कूर्मचक्र को आदरपूर्वक सुनिए ॥ ७२-७३ ॥

कूर्माकारं[1] महाचक्रं चतुष्पादसमावृतम् ।
मुण्डे स्वरा दक्षपादे कवर्गं वामपादके ॥ ७४ ॥
चवर्गं कीर्तितं पश्चाद् अधःपादे टवर्गकम् ।
तदधस्तु तवर्गं स्यादुदरे च पवर्गकम् ॥ ७५ ॥
यवान्तं हृदये प्रोक्तं सहान्तं पृष्ठमध्यके ।
लाङ्गूले शत्रुबीजञ्च क्षकारं लिङ्गमध्यके ॥ ७६ ॥
लिखित्वा गणयेन्मन्त्री चक्रं कलिमलापहम् ।
स्वरे लाभं कवर्गे श्रीश्चवर्गे च विवेकदम् ॥ ७७ ॥

कूर्मचक्र

पूर्व

पश्चिम	दक्षपाद क ख ग घ ङ	मुख अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ए ऐ ओ औ अं अः	वामपाद च छ ज झ ञ	दक्षिण
	उदर प फ ब भ म	पृष्ठमध्य श ष स ह	हृदय य र ल व	
	अधःपाद ट ठ ड ढ ण	पुच्छ छ	तदधःपाद त थ द ध न	

पश्चिम

चार पैरों वाले कूर्म के आकार का महाचक्र निर्माण करे । उसके शिरः स्थान पर १६ स्वरों को, आगे के दाहिने पैर पर क वर्ग, बायें पैर पर च वर्ग, पीछे के दाहिने पैर पर ट वर्ग तथा बायें पैर पर त वर्ग लिखे । फिर उदर स्थान पर प वर्ग लिखे ॥ ७४-७५ ॥

हृदय स्थान पर य र ल व, पृष्ठ के मध्य में श ष स ह, पुच्छ पर शत्रुबीज तथा लिङ्ग पर क्षकार वर्ण लिखे । इस प्रकार कूर्मचक्र पर सभी वर्णों को लिख कर मन्त्रज्ञ साधक कलिदोष नाशक कूर्मचक्र पर मन्त्राक्षर से गणना करे । स्वरों पर यदि मन्त्र का आद्य अक्षर पड़े तो लाभ, क वर्ग पर मन्त्राद्याक्षर पड़े तो श्री और च वर्ग पर विवेक की प्राप्ति होती है ॥ ७६-७७ ॥

टवर्गे राजपदवीं तवर्गे धनवान् भवेत् ।
उदरे सर्वनाशः स्याद् हृदये बहुदुःखदम् ॥ ७८ ॥
पृष्ठे च सर्वसन्तोषं लाङ्गूले मरणं ध्रुवम् ।
वैभवं (पृष्ठ?)लिङ्गदेशे तु दुःखञ्च वामपादके ॥ ७९ ॥

ट वर्ग पर राजपदवीं, त वर्ग पर धन की प्राप्ति, उदर पर सर्वनाश, हृदय पर दुःख, पृष्ठ पर सब प्रकार का संतोष, पूँछ पर निश्चित मरण, लिङ्ग (दाहिने पैर) पर वैभव तथा

---

१. सकले कूर्मशरीरे तत्तदङ्गेषु वर्गस्थापनव्यवस्था ।

वामपाद पर मन्त्राद्याक्षर पड़ने से दुःख होता है ॥ ७८-७९ ॥

विरुद्धद्वयलाभे तु न कुर्याच्चक्रचिन्तनम् ।
विरुद्धैके धर्मनाशो युग्मदोषे च मारणम् ॥ ८० ॥
यत्र देवाक्षरञ्चास्ति तत्र चेन्निजवर्णकम् ।
विरुद्धञ्चेत्त्यजेत् शत्रुमन्यमन्त्रं विचारयेत् ॥ ८१ ॥

यदि दो विरुद्ध की प्राप्ति हो तो चक्र का विचार त्याग देना चाहिए, क्योंकि एक विरुद्ध से धर्म का नाश होता है । दो विरुद्ध पड़ने से मरण निश्चित है । जहाँ देवाक्षर हो वहाँ यदि अपने नाम का अक्षर आवे (तो ग्राह्य है) यदि विरुद्ध हों तो त्याग कर देवे, क्योंकि वह शत्रु होता है । अतः दूसरे मन्त्र का विचार करना चाहिए ॥ ८०-८१ ॥

पृथक्स्थाने यदि भवेद्वर्णमाला महेश्वर ।
यदि तत् सौख्यभावः स्यात् सौख्यं नापि विवर्जयेत् ॥ ८२ ॥
विभिन्नगेहे दोषश्चेत् शुभमन्त्रञ्च सन्त्यजेत् ।
इति ते कथितं देवि(देव) दृष्टादृष्टफलप्रदम् ॥ ८३ ॥
यः शोधयेच्चरेद् वर्णं मन्त्रमालामहेश्वरः ।
यदि शुध्यति चक्रेन्द्रं मन्त्रसिद्धिप्रदं शुभम् ॥ ८४ ॥

हे महेश्वर ! यदि वर्णमाला पृथक् स्थान में हो, किन्तु उसमें सौख्य भाव हो तो उस सौख्य भाव का परित्याग नहीं करना चाहिए । अनेक गेहों पर विचार करने पर भी यदि दोष ही दोष आवे तो उस उत्तम मन्त्र का भी परित्याग कर देना चाहिए । हे देव ! यहाँ तक हमने दृष्टादृष्ट फल देने वाले मन्त्रों का वर्णन किया । मन्त्र माला का महेश्वर जो साधक वर्णों को स्थापित कर उसे शुद्ध करता है ऐसा करने से यदि चक्रेन्द्र शुद्ध मिले तो वह मन्त्र सिद्धि देने वाला तथा शुभकारी होता है ॥ ८२-८४ ॥

(८) शिवचक्रम्

शिवचक्रं प्रवक्ष्यामि महाकालकुलेश्वर ।
अवश्यं सिद्धिमाप्नोति शिवचक्रप्रभावतः ॥ ८५ ॥

शिवचक्रम्



चक्र का विवरण—१. यक्षमन्त्रसंस्थान,
२. महाविद्या मन्त्र के पद

विभिन्न कोणों के वर्ण—
शिवकोण में—अ, आ, कं खं गं घं ङं,
विष्णुकोण में—इ, चं छं जं झं ञं, टं ठं डं ढं णं,
ब्रह्मकोण में—तं थं दं धं नं,
नायिकाकोण में—न, न, पं फं बं भं मं,
भूत (मन्त्र) कोण में—उ, ऊ, यं रं लं वं,
यक्ष (मन्त्र) कोण में—ॐ श,
पिशाच वाले मन्त्र कोण में—ष स (लं षं),
देवमन्त्र कोण—हं सं
महाविद्यादि संस्थान—ल क्ष

हे महाकाल ! हे कुलेश्वर ! अब **शिवचक्र** कहती हूँ । जिस शिवचक्र के प्रभाव से साधक निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ८५ ॥

षट्कोणमध्यदेशे तु चतुरस्रं लिखेद् बुधः ।
तन्मध्ये विलिखेच्चारु चतुरस्रं सवर्णकम् ॥ ८६ ॥
मस्तकस्थत्रिकोणे तु शिवसंस्थानमन्त्रकम् ।
दक्षिणावर्तमानेन गणयेत् सर्वमन्त्रकम् ॥ ८७ ॥

बुद्धिमान् साधक षट्चक्र कोण के मध्य में चतुरस्र (चौकोर चतुर्भुज) निर्माण करे । फिर उसके मध्य में वर्णों के सहित मनोहर चतुरस्र इस प्रकार लिखे । ऊपर मस्तक स्थान पर स्थित त्रिकोण में शिव संस्थान के मन्त्र को लिखे । फिर दक्षिण दिशा के क्रम से सभी मन्त्रों की गणना करे ॥ ८६-८७ ॥

विष्णुस्थाने स्वमन्त्रञ्च द्वितीये च त्रिकोणके ।
त्रिकोणे च तृतीये च ब्रह्मसंस्थानमन्त्रकम् ॥ ८८ ॥
शक्तिमन्त्रादिसंस्थानं त्रिकोणाधो मुखे तथा ।
नायिकामन्त्रसंस्थानं त्रिकोणाधो मुखे तथा ॥ ८९ ॥

इसके बाद द्वितीय त्रिकोण में, जहाँ विष्णु का स्थान है, वहाँ अपना मन्त्र लिखे । इसके बाद तृतीय त्रिकोण में ब्रह्मसंस्थान के मन्त्रों को लिखे । तदनन्तर त्रिकोण के अधोमुख में शक्ति मन्त्रादि संस्थान लिखे । फिर वहीं नायिकामन्त्र संस्थान भी लिखे ॥ ८८-८९ ॥

नायिकामन्त्रसंस्थानं तद्वामे दुर्लभं शुभम् ।
तदूर्ध्वे च त्रिकोणे च भूतसंस्थानमन्त्रकम् ॥ ९० ॥
शिवाधो यक्षमन्त्रस्य संस्थानमतिदुर्लभम् ।
विष्णुब्रह्मसन्धिदेशे महाविद्यापदं[1] ध्रुवम् ॥ ९१ ॥

ऐसे तो दुर्लभ नायिका मन्त्र का संस्थान बायें लिखे तो शुभ होता है । इसके बाद ऊपर वाले त्रिकोण में भूत संस्थान मन्त्र लिखे । शिव के अधोभाग में यक्ष के मन्त्र का संस्थान लिखे जो अत्यन्त दुर्लभ है । विष्णु तथा ब्रह्म के सन्धि प्रदेश में महाविद्या के मन्त्र के पदों को अवश्य लिखना चाहिए ॥ ९०-९१ ॥

स्वरस्थानं[2] तथा वर्णस्थानं शृणु महाप्रभो ।
अ-आवर्णद्वयं शैवे कवर्गञ्च सबिन्दुकम् ॥ ९२ ॥
विष्णौ नेत्रं चवर्गञ्च टवर्गं ब्रह्मणि श्रुतम् ।
तवर्गं नासिकाशक्तौ सर्वमन्त्रार्थचेतनम् ॥ ९३ ॥

---

१. पिशाचपदमन्त्रकम् इति—क० ।

२. त्रिकोणं परिसर्वेषां मन्त्रसंस्थानमेव च ॥ नायिकाभूतशक्तौ च कृत्यसंस्थानमन्त्रकम् ॥ चतुष्कोणमध्यदेशे महाविद्यापदं ध्रुवम् ।—इति अ० क० प्र० पो० ।

हे महाप्रभो ! अब स्वरस्थान तथा वर्ण स्थानों के स्थापन का प्रकार सुनिए । शिव कोण में अ आ दो स्वर तथा बिन्दु सहित क वर्ग (कं खं गं घं ङं) स्थापित करे । विष्णु के कोण में नेत्र (इकार) तथा च वर्ग एवं ट वर्ग लिखे । ब्रह्मकोण में त वर्ग तथा अनुनासिक लिखे, जो सभी मन्त्रों में चेतना प्रदान करने वाले हैं ॥ ९२-९३ ॥

नायिकायां पवर्गञ्च न युगं परिकीर्तितम् ।
भूते यवान्तं विलिखेदोष्ठाधरसमन्वितम् ॥ ९४ ॥
प्रणवं यक्षमन्त्रे च शकारं परिकीर्तितम् ।
अधोदन्तं पिशाचे च षयुक्तं बिन्दुभूषितम् ॥ ९५ ॥

नायिका वाले मन्त्र के कोण में प वर्ग लिखे तथा दो न लिखें—ऐसा कहा गया है । भूतमन्त्र वाले कोण में य र ल व वर्णों को उ ऊ ओष्ठाक्षरों के साथ लिखे । यक्ष मन्त्र वाले कोण में प्रणव (ॐ) तथा शकार लिखे । पिशाच वाले मन्त्र में अधोदन्त मूल और ष जो बिन्दु से भूषित हों (लं षं) लिखे ॥ ९४-९५ ॥

शिवो बीजं देवमन्त्रे सकारञ्च सबिन्दुकम् ।
महाविद्यादिसंस्थाने लक्षवर्णं प्रकीर्तितम् ॥ ९६ ॥
इति ते कथितं शम्भो शृणु वर्णाङ्क(ङ्ग)वर्णनम् ।
शिवे एकविंशतिश्च द्वात्रिंशद्विष्णुकोणके ॥ ९७ ॥

देव मन्त्र में शिवबीज (ॐ ?) तथा सकार जो बिन्दु से विभूषित हो, उसे लिखे । इसके बाद महा विद्यादि संस्थान में ल और क्ष वर्ण लिखे, ऐसा कहा गया है । हे शम्भो ! इस प्रकार मैंने स्वर वर्ण स्थापन की विधि कही । अब **अङ्क के स्थापन** प्रकार को सुनिए । शिव (गृह) में २१ संख्या तथा विष्णु के गृह में ३२ संख्या स्थापित करे ॥ ९६-९७ ॥

ब्रह्मणे षोडशाद्यञ्च शक्तिकूटे युगाष्टकम् ।
नायिकायां वह्निबाणं भूते सप्ताङ्कमेव च ॥ ९८ ॥
यक्षे च चन्द्रवेदञ्च पिशाचेऽष्टवसुः स्मृतः ।
सर्वदेवे बाणवेदं कृत्यायां षष्ठषष्ठकम् ॥ ९९ ॥

ब्रह्मसंस्थान में १६ का आद्य अर्थात् १५, शक्तिकूट में ८ का दुगुना अर्थात् १६, नायिका में ८ तथा भूत संस्थान में ७ अङ्क स्थापित करे । यक्ष में ५ और पिशाच में ८ तथा सभी देवी के संस्थान में ९ और कृत्या में १२ अङ्क स्थापित करे ॥ ९८-९९ ॥

मध्ये षष्ठे हुताशञ्च[१] महाविद्यागृहे शुभे ।
साधकस्य च साध्यस्यैकाङ्कं साध्यमन्दिरे ॥ १०० ॥
साधकाङ्कमूर्ध्वदेशे साध्याङ्कं गणयेदधः ।
भुजयुग्मं शिवे प्रोक्तं विष्णौ वामाष्टकं तथा ॥ १०१ ॥

---

१. अश्नातीति अशः, पचादित्वादच्प्रत्ययः, हुतस्याशः इति षष्ठीतत्पुरुषः । अथवा कर्मण्यण्प्रत्ययः ।　　२. मणि इति—क० ।

इसके बाद कल्याणकारी महाविद्या के छठें गृह में ३ अङ्क स्थापित करे । साध्य मन्दिर में साधक तथा साध्य के एक एक अङ्क स्थापित करें ।

विमर्श—	१. शिव	२१	७. यक्ष में	५
	२. विष्णु	३२	८. पिशाच में	८
	३. ब्रह्म	१५	९. देवी संस्थान ९, कृत्या	१२
	४. शक्ति	१६	१०. महाविद्या के छठे गृह में	३
	५. नायिका	८	११. साध्य मन्दिर में	१
	६. भूत	७	१२. साधक मन्दिर में	१

फिर ऊर्ध्वदिशा में साधक के अङ्क तथा नीचे साध्य के अङ्क की गणना करे । शिव चक्र में भुजयुग्म की तथा विष्णु चक्र में वामाष्टक की गणना करे ॥ १००-१०१ ॥

ऋषिचन्द्रं विधौ प्रोक्तं शक्तौ रामाष्टकं तथा ।
नायिकायां वेदबाणं भूतेऽष्टनवमं तथा ॥ १०२ ॥
यक्षे युग्मं चतुर्थं च पिशाचे वज्रकाष्टकम् ।
शक्तौ वशकृतौ ज्ञेयौ कृत्या(ल)यां [2]मुनिषष्ठकम् ॥ १०३ ॥

ब्रह्मचक्र में ऋषि चन्द्र (१, ७), की, शक्ति में रामाष्टक (८, ३) की नायिका चक्र में वेदवाण (४, ५) की तथा भूतचक्र में अष्टम नवम की गणना करे । यक्ष में दो तथा चौथे की, पिशाच में वज्रक (१) तथा अष्टक की, शक्ति में और कृत्या में मुनि (७) एवं षष्ठ की गणना करे ॥ १०२-१०३ ॥

यस्मिन् यस्मिन् गृहस्था ये देवतास्तु महाफला: । क० ।
अनामाक्षरदेहस्थमक्षरं द्विगुणं स्मृतम् ।
साध्याङ्केन योजयित्वा पूरयेत्षष्ठपञ्चमै: ॥ १०४ ॥
तद्गेहं ग्राहयेद् यत्नात् देवताद्यक्षरं यथा ।
एकशेषस्थितं [1] वर्णं कुर्यान्नापि [2] विवेचनम् ॥ १०५ ॥
शुद्धं तद्धि विजानीयाद्विचारमन्यतोऽपि च ।

गणना की प्रक्रिया—जिस जिस घर में स्थित रहने वाले देवता हों वे वहाँ महाफलदायी हैं । अकार नाम वाले अक्षर तथा देहस्थ अक्षर को द्विगुणित करें । फिर उसे साध्य अङ्क से जोड़कर षष्ठ तथा पञ्चम से पूर्ण कर देवे । उस गेह के अक्षर को तथा देवता के आद्य अक्षर को प्रयत्नपूर्वक ग्रहण करे । यदि शेष १ बचे तो फिर विवेचना की आवश्यकता नहीं है । उसे सर्वथा शुद्ध समझे ॥ १०४-१०५ ॥

षष्ठाङ्केन च वेदाङ्कं तथा च देववर्णकम् ॥ १०६ ॥
शशाङ्कं मिश्रितं चाङ्कं द्विगुणं देवतार्णकम् । क० ।

---

१. गेहे स्थितं वर्णम्—क० ।
२. वापि इति—क० ।

पश्चात् कृत्वा तदङ्कञ्च हरेद्रामेण वल्लभ ।
यदि साध्याङ्कं विस्तीर्णं तदा नैव शुभं भवेत् ॥ १०७ ॥
साधकाङ्कञ्च विस्तीर्णं यदि स्याज्जायते गृहे ।
तदा सर्वकुलेशः स्याद् रुद्रश्रवणसंशयः ॥ १०८ ॥

षष्ठ अङ्क से वेदाङ्क ४ को तथा देवता के वर्ण को चन्द्रमा से मिला देवे । इसके पश्चात् देवता वर्ण को द्विगुणित करे । फिर हे वल्लभ ! उसमें ३ का भाग देवे । यदि साध्य का अङ्क अधिक आवे तब उसे शुभ फल वाला नहीं समझना चाहिए । यदि उस घर में साधक का अङ्क अधिक आवे तब वह मन्त्र सर्व कुलेश होता है ॥ १०६-१०८ ॥

द्विगुणं देवतावर्णं साधकाङ्केन योजयेत् ।
वर्णसंख्याङ्कमालिख्य गणयेत् साधकोत्तमः ॥ १०९ ॥

देवतावर्ण को द्विगुणित कर साधक के अङ्क से मिला देना चाहिए । फिर उन दोनों के वर्ण संख्या का अङ्क लिख कर उत्तम, साधक गणना करे ॥ १०९ ॥

रसबाणेन सम्पूर्य संहरेत् रससंख्यया ।
आत्माङ्कमिश्रितं पश्चाद् यदि किञ्चिन्न तिष्ठति [१] ॥ ११० ॥
स्वीयाभिधानकाङ्कस्य द्विगुणञ्चापि योजयेत् ।
पश्चादनलसंख्याभिर्हरेत् सौख्यार्थिमुक्तये ॥ १११ ॥
अङ्कं बहुतरं ग्राह्यं साधकस्य सुखावहम् ।
न ग्राह्यं साध्यविस्तीर्णमि(म?)तिशास्त्रार्थनिश्चयम् ॥ ११२ ॥

उसमें (रस) ६ एवं (बाण) ५ संख्या मिलाकर ६ से भाग देवे । फिर उसमें अपने नाम का अङ्क मिश्रित करें । यदि कुछ भी शेष न रहे तो अपने नाम के अङ्क का द्विगुणित कर उसे जोड़ देवे । इसके बाद अनल (३) संख्या से सौख्य अर्थ तथा भुक्ति के लिए भाग देवे । यदि अङ्क (लब्धि) बहुतर प्राप्त हो तो वह साधक को सुख प्राप्त कराने वाला होता है । किन्तु यदि साध्य से अङ्कलब्धि विस्तीर्ण हो तो उसे न ग्रहण करे—ऐसा शास्त्र के अर्थ का निश्चय है ॥ ११०-११२ ॥

विचारादस्य चक्रस्य राजत्वं लभते ध्रुवम् ।
समानाङ्केन गृह्णीयाद् [२]गुण्याङ्कं वर्जयेदिह ॥ ११३ ॥
अवश्यं [३] चक्रमेवं हि गोपनीयं सुरासुरैः ।

इस चक्र पर विचार करने पर साधक अवश्य ही राजत्व प्राप्त कर लेता है । अतः समान अङ्क होने पर उसे ग्रहण कर लेना चाहिए, किन्तु इसमें गुण्याङ्क अवश्य वर्जित करे । अवश्य ही यह चक्र देवताओं तथा असुरों से भी गोपनीय रखनां चाहिए ॥ ११३-११४ ॥

---

१. यदि किञ्चिन्न तिष्ठति—क० ।
२. शून्याङ्कम् इति क० ।
३. अवश्यं भावयेत् चक्रम् इति क० ।

(९) विष्णुचक्रम्

विष्णुचक्रं प्रवक्ष्यामि चक्राकारं सुगोपनम् ॥ ११४ ॥
सर्वसिद्धिप्रदं शुद्धं चक्रं कृत्वा फलप्रदम् ।
शृणु नाथ महाविष्णोः स्थानं मङ्गलदायकम् ॥ ११५ ॥
लक्ष्मीप्रियमङ्कमयं नवकोणं महाप्रभम् ।
तदूर्ध्वे च तमालिख्य तदूर्ध्वेऽष्टग्रहं शुभम् ॥ ११६ ॥

(ईश्वरात्मकचक्र) = विष्णुचक्र



अब **चक्राकार विष्णु चक्र** के विषय में कह रही हूँ, जो अत्यन्त गुप्त है । यह सर्वसिद्धि प्रदान करने वाला चक्र शुद्ध कर लेने पर फलदायी होता है । हे नाथ ! अब महाविष्णु के मङ्गल देने वाले उस स्थान के विषय में सुनिए । यह अङ्कमय चक्र लक्ष्मी जी को अत्यन्त प्रिय है । इसमें महा प्रभा वाले नवकोण होते हैं । इसलिए ऊपर उसे लिखकर उसके भी ऊपर शुभ अष्ट ग्रह का निर्माण करे ॥ ११४-११६ ॥

चतुष्कोणाकारगेहं सन्धौ शून्याष्टकं[१] लिखेत् ।
तदूर्ध्वे च तमालिख्य चक्रमेतद्धनेश्वर[२] ॥ ११७ ॥
पूर्वे महेन्द्राभरण[३]मूद्र्ध्वदिशोल्लसत्करम् ।
मुनिरामखचन्द्राद्यमङ्कं सर्वसमृद्धिदम् ॥ ११८ ॥

वह गृह चतुष्कोण के आकार का होना चाहिए । उसकी सन्धि में शून्य तथा ८ अङ्क लिखे । इस प्रकार उसके ऊपर लिखे तो हे धनेश्वर ! वह विष्णुचक्र बन जाता है । पूर्व में महेन्द्र का आभरण (गृह) निर्माण करे । जिसका प्रकाश पुञ्ज ऊपर की ओर उठ रहा हो उसमें मुनि ७, राम ३, ख शून्य, चन्द्र १ आदि अङ्क लिखे । यह महेन्द्रगृह सर्वसमृद्धियों को देने वाला है ॥ ११७-११८ ॥

दक्षिणे वह्निभरणं रसवेदे खयुग्मकम्[४] ।
तदधो रामचक्रञ्च[५] सप्तषट्सु च रामकम् ॥ ११९ ॥
तदधो निर्ऋते स्वर्गे युगाङ्कशून्यवेदकम् ।

---

१. शूलाष्टकं लिखेत् इति क० । २. कुलेश्वर इति क० ।
३. महेन्द्रभवनम् इति क० । ४. त्रियुग्मकम् इति क० ।
५. यमचक्रञ्च इति क० ।

केवलाधो जलेशस्य मन्दिरं सुमनोहरम् ॥ १२० ॥

दक्षिण में अग्नि का घर निर्माण करे। उसमें रस ६, वेद ४, ख शून्य तथा युग्म २ अङ्क लिखे। उसके नीचे राम चक्र निर्माण करे। जिसमें ७ एवं ६ अङ्क (एवं शून्य) तथा राम ३ अङ्क लिखे। उसके निर्ऋति (दिक्) के स्वर्ग (गृह) में युग २ अङ्क, ९ शून्य तथा वेद ४ अङ्क लिखे। उसके नीचे जलेश (वरुण) का अत्यन्त मनोहर गृह निर्माण करे ॥ ११९-१२० ॥

रामेषु शून्यबाणाढ्यं तस्यामेवायुमन्दिरम् ।
भुजहस्तखरसाढ्यं चक्रेदमीश्वरात्मकम्[1] ॥ १२१ ॥
नवकोणं मध्यदेशे पञ्चाङ्गभागमालिखेत्[2] ।
तन्मध्ये रचयेद्वर्णं पञ्चकोणे[3] त्रिकोणके ॥ १२२ ॥

उसमें राम ५, इषु ५, शून्य एवं बाण ५ लिखे। उसी में वायु का मन्दिर लिखे। जिसमें भुज २, हस्त २, शून्य तथा रस ६ अङ्क लिखे। यह ईश्वरात्मक चक्र कहा गया है। मध्य देश के पञ्चाङ्ग भाग में नवकोण का निर्माण करे। उसके मध्य में पञ्चकोण में तथा त्रिकोण में वर्णों को इस प्रकार लिखे ॥ १२१-१२२ ॥

इन्द्राधो विलिखेद् धीरो वर्णमाद्यञ्च सप्तकम् ।
भागे दक्षिणकोणेषु ॠकाराद‌ङ्कं[4] लिखेत् ॥ १२३ ॥
ककारादिटकारान्तं तदधो विलिखेद् बुधः ।
तद्वामे ठादिमान्तञ्च वर्णलक्षणकारणम् ॥ १२४ ॥

धीर साधक इन्द्र के नीचे आद्य वर्ण तथा सातवाँ वर्ण अ आ इ ई उ ऊ ॠ लिखे। उसके दक्षिण कोण में दीर्घ ॠकार से अङ्क लिखे। उसके नीचे बुद्धिमान् साधक क से ट पर्यन्त वर्ण लिखे। उसके वाम भाग में ठ से म पर्यन्त वर्ण लिखे ॥ १२३-१२४ ॥

तदूर्ध्वे यादिवर्णञ्च चक्रञ्च गणयेत्ततः ।
पूर्वकोणपतिः शक्रो द्वितीयेशौ यमानलौ ॥ १२५ ॥
निर्ऋतिर्वरुणश्चैव तृतीयमन्दिरेश्वरः ।
चतुर्थाधिपतिर्वायुः कुबेरो नाथ इत्यपि ॥ १२६ ॥

---

१. प्राणवायुगतं हितम् इति क० । तदूर्ध्वे प्रीतिदं नाम गुह्यकेश्वरमन्दिरम् । पञ्चपञ्चखसप्ताढ्यं देवतादर्शनप्रदम् ॥ तदूर्ध्वे शेषगेहे च महेशस्यापि मन्दिरम् । नवमाष्टमथाष्टाढ्यं चक्रगोपीश्वरात्मकम् ॥ इति क० पु० अधिकः पाठः ।

२. पञ्चाङ्कं भागतो लिखेत् क० । ३. पञ्चगेहेषु कोणके इति क० ।

४. ॠकारादित्रयं लिखेत् इति क० । एकगेहे स्थितं रत्नं देवतानिजवर्णयोः । तदा सिद्धिमवाप्नोति विष्णौ भक्तिः दृढा भवेत् ॥ तदा तु गणयेन्मन्त्री विष्णुचक्रमनोरमम् । प्राणोऽपानः समानश्चोदानो व्यानश्च वायवः ॥ क० अ० पाठः ।

उसके ऊपर य से लेकर सभी वर्ण लिखे । फिर चक्र की गणना करे । पूर्व कोण के पति इन्द्र हैं । इसके बाद दूसरे कोण के पति यम तथा अग्नि है । तृतीय मन्दिर के ईश्वर निर्ऋति तथा वरुण हैं । हे नाथ ! चतुर्थ गृह के अधिपति वायु तथा कुबेर हैं ॥ १२५-१२६ ॥

पञ्चगेहस्याधिपतिरीशो विश्वविदाम्बरः[1] ।
पञ्चकोणे प्रतिष्ठन्ति[2] पञ्चभूताशयस्थिताः ॥ १२७ ॥
प्राणे सिद्धिमवाप्नोति चापाने व्याधिपीडनम् ।
समाने सर्वसम्पत्तिरुदाने निर्धनं भवेत् ॥ १२८ ॥

पाँचवें गृह के अधिपति विश्व वेत्ताओं में श्रेष्ठ ईश्वर हैं । पञ्चकोणों में प्राणियों के भीतर रहने वाले पञ्च वायु का निवास है । प्राण में सिद्धि, अपान में व्याधि एवं पीड़ा, समान में सर्वसंपत्ति तथा उदान में निर्धनता होती है ॥ १२७-१२८ ॥

व्याने च ईश्वरप्राप्तिरेतस्मिन् लक्षणं शुभम् ।
पूर्वगेहे महामन्त्रं मन्त्रत्यागं करोति यः ॥ १२९ ॥
स तावत् साधकश्रेष्ठो विष्णुमार्गेण शङ्कर ।
विशेषं शृणु यत्नेन सावधानावधारय ॥ १३० ॥

व्यान में ईश्वर प्राप्ति होती है । इस प्रकार इसमें शुभ लक्षण कहा गया है । पूर्वगेह में महामन्त्र का जो त्याग कर देता है वही श्रेष्ठ साधक है । हे शङ्कर ! अब विष्णु मार्ग से होने वाले विशेष को सुनिए और सावधानी से उसे धारण करिए ॥ १२९-१३० ॥

सप्ताक्षरं त्र्यक्षरं च दशमाक्षरमेव च ।
पूर्वगेहे यदि भवेदाद्याक्षरसमन्वितम् ॥ १३१ ॥
तदा भवति सिद्धिश्च सर्वमेवंप्रकारकम् ।
षष्ठाक्षरं वेदवर्णं विंशत्यर्णं महामनुम् ॥ १३२ ॥
आम्नायाद्यक्षरं व्याप्तं सफलं गणयेद् बुधः ।
तथास्मिन् मम गेहे च मन्त्रं सप्ताक्षरं शुभम् ॥ १३३ ॥

सप्ताक्षर मन्त्र, त्र्यक्षर मन्त्र तथा दशाक्षर मन्त्र यदि आद्य अक्षर के साथ पूर्वगृह में स्थित हो तो निश्चित ही सिद्धि होती है । सर्वत्र मन्त्रों में यही विधि प्रयुक्त होती है । ६ अक्षर वाला, ४ अक्षर वाला, २० अक्षरों वाला महामन्त्र तथा आम्नाय का आद्यक्षर हो तो मन्त्र फल देने वाला होता है । इसी प्रकार बुद्धिमान् साधक गणना करे । मेरे गृह में ७ अक्षरों वाला मन्त्र शुभ है ॥ १३१-१३३ ॥

षष्ठाक्षरञ्च गणयेत्रिंशदक्षरमेव च ।
आद्याक्षरसमायुक्तं साध्यसाधकयोरपि ॥ १३४ ॥

---

१. विश्वविदामिति षष्ठ्यन्तम्, अथवा वेत्तीति विदः, इगुपधत्वात् कप्रत्ययः, विश्वस्य विदः, तस्य अम्बरमिवाम्बरं यस्य सः ।

२. पृषोदरादित्वात् परस्मैपदम् । अथवा आर्षत्वात् ।

एकस्यापि च लाभे च मन्त्रसिद्धिरखण्डिता ।
मन्त्राक्षरादिलाभञ्च अवश्यं गणयेदिह ॥ १३५ ॥

साध्य तथा साधक के आद्य अक्षर से युक्त षष्ठाक्षर ६ तथा ३० त्रिशदक्षरों की गणना करें, यदि उसमें एक भी ठीक-ठीक से प्राप्त हो जाय तो मन्त्र सिद्धि निश्चित है । इसलिए मन्त्राक्षर के आदि लाभ के लिए यहाँ गणना अवश्य करे ॥ १३४-१३५ ॥

नैर्ऋते च जलेशस्य द्वयक्षरञ्च नवाक्षरम् ।
शून्यदेवाक्षरं [1] नाथ गणनीयं विचक्षणैः ॥ १३६ ॥
तथात्र अक्षरं मन्त्रं पञ्चाक्षरमनुं तथा ।
पञ्चाशदक्षरं [2] मन्त्रं मन्दिरे गणयेत् शुभम् ॥ १३७ ॥

नैर्ऋत्य में वरुण के दो अक्षर वाले, नव अक्षर वाले, शून्य युक्त वेदाक्षर (४०) अक्षर वाले मन्त्रों की गणना विचक्षणों को अवश्य ही करनी चाहिए । इसी में अक्षर मन्त्र (ॐ कार संयुक्त) तथा ५ अक्षरों वाले मन्त्रों की भी गणना करे । इसी प्रकार १५ अक्षरों वाले मन्त्रों की भी गणना करे तो शुभ फल होता है ॥ १३६-१३७ ॥

वायुकोणे कुबेरस्य मन्दिरे गणयेत्तथा ।
द्वाविंशत्यक्षरं मन्त्रं शून्यषष्ठमनुं तथा ॥ १३८ ॥
पञ्चाक्षरं तारिकायाः शिवे पञ्चाक्षरं तथा ।
सुसप्तमन्त्रग्रहणे सफलं परिकीर्तितम् ॥ १३९ ॥

वायुकोण में तथा कुबेर के मन्दिर में २२ अक्षरों वाले शून्य युक्त षष्ठ (६०) अक्षरों के मन्त्रों की गणना करे । तारा के पञ्चाक्षर तथा शिव के पञ्चाक्षर मन्त्र की गणना करे । ७ अक्षर वाले मन्त्र ग्रहण करने से उत्तम फल कहा गया है ॥ १३८-१३९ ॥

ईशानपञ्चकोणे च सफलञ्च नवाक्षरम् ।
अष्टाक्षरं हि विद्याया गणयेत् सहितं सुधीः ॥ १४० ॥
एतदुक्तञ्च गणयेद्विरुद्धं नैव शीलयेत् ।
प्राणमित्रं समानञ्च समानो व्यानबान्धवः ॥ १४१ ॥

ईशान के पञ्चकोण में नवाक्षर मन्त्र से फल कहे गये हैं । सुधी साधक महाविद्या के अष्टाक्षर मन्त्र की भी गणना करे । जैसा हमने पूर्व में कहा है, गणना उसी प्रकार करनी चाहिए । इससे विरुद्ध कभी भी गणना न करे । प्राण का मित्र समान है और समान व्यान का बन्धु है ॥ १४०-१४१ ॥

एतत्स्थितञ्च गृह्णीयाद् दोषभाक् स [3] भवेत् क्वचित् ।
एकदैव [4] प्रिये प्रीतिरेकगेहे तथा प्रियम् ॥ १४२ ॥

---

१. वेदाक्षरं इति क० ।
२. पञ्चाशदक्षराणि यस्मिन्निति विग्रहः ।
३. न इति क० ।
४. एकदैव पतौ इति क० ।

इस प्रकार गणना से स्थित मन्त्र ग्रहण करे तो कदाचित् ही वह दोष का भागी हो सकता है । एक समय में प्रिय होने पर प्रीति तथा एक गृह में प्रिय होता है ॥ १४२ ॥

गृहीत्वा विष्णुपदवीं प्राप्नोति मानवः क्षणात् ।
यदि चक्रं न विचार्य रिपुमन्त्रं सदा न्यसेत् ॥ १४३ ॥
निजायुषं[1] छिनत्त्येव मूको भवति निश्चितम् ।
विचार्य यदि यत्नेन सर्वचक्रे प्रियं हितम् ॥ १४४ ॥
महामन्त्रं महादेव लघु सिद्ध्यति भूतले ॥ १४५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सर्वचक्रानुष्ठाने सिद्धमन्त्रप्रकरणे भावनिर्णये भैरवभैरवीसंवादे तृतीयः पटलः ॥ ३ ॥

— ❖ —

इस प्रकार गणना कर मन्त्र ग्रहण करने से मानव क्षण मात्र में विष्णु पदवी प्राप्त कर लेता है । यदि चक्र पर मन्त्र का विचार किए बिना साधक शत्रु मन्त्र का ग्रहण करे तो वह अपनी आयु का ही विनाश करता है । बहुत क्या वह निश्चित रूप से गूँगा हो जाता है । हे महादेव ! यदि सभी चक्रों पर विचार पूर्वक यत्न से अपना प्रिय तथा हितकारी महा मन्त्र ग्रहण करें तो पृथ्वी में वह शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १४३-१४५ ॥

॥ इस प्रकार श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सर्वचक्रानुष्ठान में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भाव निर्णय में भैरव-भैरवी संवाद में तीसरे पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३ ॥

— ❖ —

१. निजं च तदायुश्चेति निजायुषम्, समासान्तोऽच्प्रत्ययः अजिति विभक्तेन योगेन ।

अथ चतुर्थः पटलः

श्रीभैरवी उवाच

अथ वक्ष्यामि चक्रान्यत्[1] शृणु भैरव सादरम् ।
येन हीना[2] न सिद्ध्यन्ति महाविद्या वरप्रदाः ॥ १ ॥

ब्रह्मचक्रम्

तव चक्रं[3] ब्रह्मणा व्यक्तं ब्रह्मचक्रमुदाहृतम् ।
यस्य ज्ञानात् स्वयं ब्रह्मा स्वबलेन भवं सृजेत् ॥ २ ॥
अकालमृत्युहरणं[4] परं ब्रह्मपदं व्रजे[5] ।

श्रीभैरवी ने कहा—हे भैरव ! अब अन्य चक्र कहती हूँ उसे आदरपूर्वक सुनिए । जिसका ज्ञान न होने से वर देनी वाली महाविद्यायें सिद्ध नहीं होती । वह चक्र आपका है, ब्रह्मा ने उसे प्रगट किया इसलिए उसे ब्रह्मचक्र कहते हैं, जिसका ज्ञान प्राप्त कर ब्रह्मा स्वयं सृष्टि करने में समर्थ हो गये । वह चक्र अकाल मृत्यु का हरण करने वाला है, इसका ज्ञान हो जाने पर साधक अन्त में ब्रह्म पद प्राप्त कर लेता है ॥ १-३ ॥

चतुष्कोणे चतुष्कोणं तन्मध्ये च चतुश्चतुः ॥ ३ ॥
मध्यगेहं वेष्टयित्वा इष्टं[6] मन्दिरमुत्तमम् ।
अष्टकोणे महादेव षोडशस्वरमालिखेत् ॥ ४ ॥

चतुष्कोण बनाकर उसके मध्य में पुनः चतुष्कोण बनावे, फिर उनमें एक एक चतुष्कोण में चार चार चतुष्कोणों की रचना करे । फिर मध्य में स्थित इष्ट (आठ) उत्तम मन्दिर को घेर कर, हे महादेव ! आठ कोणों पर १६ स्वर लिखे ॥ ३-४ ॥

अष्टकोणं वेष्टयित्त्वा वृत्तयुग्मं लिखेत् सुधीः ।
मध्यगेहे चतुष्कोणे कादिक्षान्तञ्च वर्णकम् ॥ ५ ॥
दक्षिणावर्त्तयोगेन विलिखेत् साधकोत्तमः ।
तदूर्ध्वे स्वगृहे चाङ्कं विलिख्य गणयेत् सुधीः ॥ ६ ॥

---

१. चक्रेन्द्रं इति क० । २. विना इति क० ।
३. तच्चक्रं ब्रह्मणा प्रोक्तम् इति क० । तव चक्रं ब्रह्मणा च इति ख० ।
४. न कालोऽकालः, अकाले मृत्युरकालमृत्युस्तस्य हरणम् ।
५. ब्रह्मपदप्रदम् इति क० । ६. अष्ट इति क० ।

फिर आठ कोणों को घेरकर सुधी साधक दो वृत्तों की रचना करे । तदनन्तर मध्य गेह के चारों कोनों पर ककार से आरम्भ कर क्षकार पर्यन्त वर्णों को लिखे । उत्तम साधक उन वर्णों को दक्षिणावर्त से लिखे । उसके ऊपर अपने गृह में अङ्कों को लिखकर सुधी साधक गणना करे ॥ ५-६ ॥

चतुर्गेहस्योद्ध्र्वदेशे युग्मगेहे क्रमाल्लिखेत् ।
साध्यस्य साधकस्यापि मेषादिकन्यकान्तकम् ॥ ७ ॥
अधो लिखेत्तुलाद्यन्तमिति राश्यादिकं शुभम् ।
ततो लिखेद् गेहदक्षे युग्मगेहे महेश्वर ॥ ८ ॥
तारकानश्विनी ताराद्यन्तान् दक्षिणतो लिखेत् ।
वर्णक्रमेण विलिखेद् वेदमन्दिरमण्डले ॥ ९ ॥

चारगृह के ऊर्ध्व भाग के दो दो गृहों में क्रमपूर्वक साध्य के तथा साधक के मेष से आरम्भ कर कन्या पर्यन्त राशियों को लिखे । उसके नीचे तुला से आरम्भ कर शेष शुभ राशियों को लिखे । हे महेश्वर ! इसके बाद दाहिने गृह के दो गृहों में अश्विनी से लेकर समस्त नक्षत्र पर्यन्त राशियों को वर्णक्रम से चारों मन्दिरों में लिखे ॥ ७-९ ॥

ऊद्ध्र्वाधः क्रमशो लेख्यमङ्गतारं[1] सुरेश्वर ।
ततो हि गणयेन्मन्त्री योजयित्वा क्रमेण तु ॥ १० ॥
सुखं राज्यं धनं वृद्धिं कलहं कालदर्शनम् ।
सिद्धिमृद्धिमष्टकोणे विदित्वा च शुभाशुभम् ॥ ११ ॥

हे सुरेश्वर ! फिर ऊपर से आरम्भ कर नीचे से क्रमशः अङ्क के ताराओं (?) को लिखे । फिर मन्त्रज्ञ साधक सबको एक में मिलाकर गणना करे । प्रथम सुख, राज्य, धन, वृद्धि, कलह, काल (मृत्यु), सिद्धि, ऋद्धि इस प्रकार का फल उन अष्टकोणों से जानकर अपने शुभाशुभ का विचार करे ॥ १०-११ ॥

गणयेद्राशिनक्षत्रं मनुचाहं[2] विवर्जयेत् ।
सुखे सुखमवाप्नोति राज्ये राज्यमवाप्नुयात् ॥ १२ ॥
धने[3] धनमवाप्नोति वृद्धौ वृद्धिमवाप्नुयात् ।
मेषो वृषमिथुनश्च कर्कटः सिंह एव च ।
कन्यका देवता ज्ञेया नक्षत्राणि पुनः शृणु ॥ १३ ॥

राशि तथा नक्षत्र की गणना करे । मृत्यु तथा कलह वाला मन्त्र वर्जित करे । सुख के गृह में सुख तथा राज्यगृह में राज्य की प्राप्ति होती है । धन में धन की प्राप्ति और वृद्धि में

---

१. अङ्गं तारयति इति अङ्गतारस्तम् । २. मृत्युगेहं इति क० ।

३. कलहे सर्वनाशः स्यात् मरणं कालदर्शनम् ।
सिद्धौ सिद्धिमवाप्नोति ऋद्धौ ऋद्धिं न संशयः ॥
आद्यस्वरयुगस्यापि देवता इति राशयः । इति क० ।

वृद्धि की प्राप्ति होती है । १. मेष, २. वृष, ३. मिथुन, ४. कर्क, ५. सिंह तथा ६. कन्या क्रमशः इनके देवता है । अब नक्षत्रों को सुनिए ॥ १२-१३ ॥

ऊद्‌र्ध्वयुग्मगृहस्यापि दक्षवामे च भागके ।
नक्षत्राणि सन्ति यानि तानि शृणु महाप्रभो ॥ १४ ॥
अश्विनी मृगशिराश्लेषा हस्तानुराधिका तथा ।
उत्तराषाढिकार्द्रा वा पूर्वभाद्रपदा तथा ॥ १५ ॥
दक्षाग्रहस्तितास्तारा:[1] स्पष्टीभूताश्च देवता: ।
एतासामधिपा एते राशयो ग्रहरूपिण: ॥ १६ ॥

दोनों गृह के ऊपर दायें तथा बायें भाग में जिन नक्षत्रों का निवास है, हे महाप्रभो ! अब उन्हें सुनिए । अश्विनी, मृगशिरा, आश्लेषा, हस्त, अनुराधा, उत्तराषाढ़ा, आर्द्रा एवं पूर्वाभाद्रपदा—ये दाहिनी ओर की तारायें हैं । ये स्पष्ट रूप से देवता नक्षत्र हैं । इन ताराओं के आगे कही जाने वाली ये सभी राशियाँ अधिपति हैं और ये सभी ग्रह स्वरूप भी हैं ॥ १४-१६ ॥

कर्कटकेशरी कन्यादेवता: परिकीर्तिता: ।
एतेषाञ्चापि वर्णानामधिपाश्चेति राशय: ॥ १७ ॥
ककारस्य(ढ?)[2] खकारस्य ञकारस्य टकारप: ।
दकारस्य फकारस्य यकारस्य सकारप: ॥ १८ ॥

कर्क, सिंह और कन्या ये देवता राशि हैं जो इन नक्षत्रों के तथा वर्णों की अधिप राशियाँ है । (१) ककार, खकार तथा ञकार के टकार वाले देवता हैं । (२) दकार, फकार एवं यकार के सकार वाले देवता हैं ॥ १७-१८ ॥

नकारस्यापि पतयो ज्ञेयाश्च क्रमश: प्रभो ।
संशृणु रोहिणीपुष्या तथा चोत्तरफाल्गुनी ॥ १९ ॥
विशाखा च तथा ज्ञेया पूर्वाषाढा च तारका ।
तथा शतभिषातारा वाममन्दिरपर्वगा: ॥ २० ॥

हे प्रभो ! इसी प्रकार क्रम से नकार के सभी स्वामियों को समझ लेना चाहिए और अब आगे सुनिए । रोहिणी, पुष्य, उत्तरफाल्गुनी, विशाखा, पूर्वाषाढ़ा तथा शतभिषा ये तारायें बायें भाग के मन्दिर में रहने वाली हैं । (द्र० ४. १४) ॥ १९-२० ॥

एतासामधिपा एते राशयो ग्रहरूपिण: ।
मेषो वृषो मिथुनश्च ईश्वरा: परिकीर्तिता: ॥ २१ ॥
एतद्‌गेहस्थितं वर्णमेते रक्षन्त्यनित्यश: ।
ककारस्य नकारस्य ऋकारस्य उकारप: ॥ २२ ॥

---

१. दक्षाग्रेण हस्तिता इति तत्पुरुष: । दक्षगेहस्थितास्तारा इति क० ।

२. ककारस्य डकारस्य सकारस्य डकारप: ।
अकारस्य पकारस्य मकारस्य ठकारप: ।। इति क० ।

इनके स्वामी राशियों को जो ग्रह स्वरूप हैं उन्हें इस प्रकार जानना चाहिए । मेष, वृष और मिथुन इनके स्वामी हैं । इन गृहों में रहने वाले इन-इन वर्णों की ये राशियाँ रक्षा करती हैं, किन्तु नित्य नहीं । (३) ककार, नकार तथा ऋकार के उकार वाले स्वामी हैं ॥ २१-२२ ॥

अकारस्य पकारस्य मकारस्य वकारपः ।
हकारस्याधिपा एते ऋद्धिमोक्षफलप्रदाः ॥ २३ ॥

(४) अकार, षकार, नकार तथा मकार का वकार अक्षर वाली राशि स्वामी है, ये सभी हकार अक्षर के भी स्वामी हैं जो ऋद्धि एवं मोक्ष रूप फल देने वाले हैं ॥ २३ ॥

विमर्श—१. **टकारप**—टकारं पिबति स्वान्तः स्थापयति—इस व्युत्पत्ति से टकार को अपने नाम में समाविष्ट करने वाला 'कर्कट' ऐसा अर्थ संभव हो सकता है क्या ? (अर्थात् टकार अक्षर वाली राशि)

२. **सकारप**—यहाँ पर भी सकारं पिबति स्वान्तः अन्तः स्थापयति—इस व्युत्पत्ति से केसरी, अर्थात् सिंह ऐसा अर्थ हो सकता है क्या ? (अर्थात् सकार अक्षर वाली राशि)

३. **उकारप**—उकारं पिबतिः स्वान्तः स्थापयति—इस व्युत्पत्ति से मिथुन अर्थ हो सकता है क्या ? (अर्थात् उकार अक्षर वाली राशि) ॥ २३ ॥

दक्षिणाधोगृहस्यापि देवता इति राशयः ।
तुला च वृश्चिकश्चैव धनुश्चैव ग्रहेश्वरः ॥ २४ ॥

(५) दक्षिण गृह के नीचे रहने वाले गृह की ये देवता राशियाँ हैं । हे महेश्वर ! उनके नाम तुला, वृश्चिक और धनु हैं जो ग्रहेश्वर भी कहे जाते हैं ॥ २४ ॥

एतासां तारकाणाञ्च पतयो गदिता मया ।
भरण्यार्द्रमघाचित्राज्येष्ठाश्रवणवल्लभाः ॥ २५ ॥
तथोत्तरभाद्रपदा वल्लभाः राशयो मताः ।
अथ गेहस्थितं[1] वर्णं शृणु नाथ भयापह ॥ २६ ॥

मेरे द्वारा कही गई ये राशियाँ भरणी, आर्द्रा, मघा, चित्रा, ज्येष्ठा तथा श्रवण नक्षत्रों के स्वामी हैं । इसी प्रकार उत्तराभाद्रपद के भी स्वामी हैं । अब सबके भय को दूर करने वाले, हे नाथ ! इन नक्षत्रों में रहने वाले वर्णों को सुनिए ॥ २५-२६ ॥

यकारस्य[2] दकारस्य टकारस्य नकारपः ।
धकारस्य वकारस्य चकारस्य यकारपः ॥ २७ ॥
क्षकारपणका[3] एते राशयः परिकीर्तिताः ।
धनवृत्तिप्रदा नित्या नित्यस्थाननिवासिनः ॥ २८ ॥

---

१. अधो गेहस्थितं इति क० ।

२. गकारस्य अकारस्य टकारस्य शकारपः ।
धकारस्य यकारस्य रकारस्य षकारपः ॥ इति क० ।

३. क्षकारपालका इति क० ।

यकार, दकार, टकार के नकार अक्षर वाली राशि स्वामी है। धकार, वकार तथा चकार के यकार अक्षर वाली राशि स्वामी हैं। इसी प्रकार क्षकार की भी ये राशियाँ स्वामी कही गई हैं। जो धन तथा वृत्ति प्रदान करने वाली हैं तथा अपने स्थान में नित्य निवास करने वाली हैं ॥ २७-२८ ॥

वामाधोमन्दिरस्यापि वल्लभा इति राशयः ।
मकराधस्तु[1] कोष्ठेषु मीनो राशिफलस्थिताः ॥ २९ ॥

बायीं ओर के नीचे के गृह की भी यही राशियाँ स्वामी हैं, गकार के नीचे वाले कोष्ठकों में मीन ही राशियों के फल रूप से स्थित है ॥ २९ ॥

एतानि भानि रक्षन्ति शूलपाशासिधारकाः[2] ।
पुनर्वसुः कृत्तिका च तथाभंपूर्वफल्गुनी ॥ ३० ॥
स्वाती मूला धनिष्ठा च रेवती वामगेहगाः ।
एतासामधिपा एते जलस्था ग्रहदेवताः ॥ ३१ ॥

शूल पाश तथा असि (तलवार) धारण किए हुये उक्त राशियाँ इन सभी नक्षत्रों की रक्षा करती हैं। पुनर्वसु, कृत्तिका, पूर्वाफाल्गुनी, स्वाती, मूल, धनिष्ठा, रेवती इतने नक्षत्र बायीं ओर वाले गृह में निवास करने वाले हैं जिनके स्वामी जलचर गृह देवता हैं ॥ ३०-३१ ॥

एतान् वर्णान्[3] प्ररक्षन्ति गृहस्था नव राशयः ।
धकारस्य जकारस्य टकारस्य तकारपः ॥ ३२ ॥
नकारस्य भकारस्य लकारस्य तकारपः ।
कलहादिमहादोषकालदर्शनकारकाः[4] ॥ ३३ ॥

इस प्रकार गृहों में रहने वाली नव राशियाँ इन वर्णों की रक्षा करती हैं। धकार, जकार तथा टकार वर्णों की तकार अक्षर वाली राशि स्वामी है। नकार भकार एवं लकार वर्णों की सकार अक्षर वाली राशि स्वामी हैं, जो सभी कलहादि महादोषों वाली तथा काल का दर्शन कराने वाली है ॥ ३२-३३ ॥

राशयो लोकहा नाथ तन्मन्त्रं परिवर्जयेत् ।
यद्येकदेवतागेहं विभिन्नञ्च सुशोभनम् ॥ ३४ ॥
चतुः स्थानं युगस्थानं सर्वत्रापि निषेधकम् ।
एकगेहस्थितं मन्त्रं बहुसौख्यप्रदायकम् ॥ ३५ ॥
नाम्न आद्यक्षरं नीत्वा राशिनक्षत्रविस्मृतौ ।
सभावं[5] साधकश्रेष्ठः कलहे कलहं भवेत् ॥ ३६ ॥

---

१. मकरः कुम्भश्चैक मीनो राशिकुलस्थिताः इति क० ।
२. शूलं च पाशश्च असिश्च, तेषां धारकाः ।
३. एतान् वर्णान् प्रक्षरन्ति गृहस्थान् राशयस्त्रयः ।। इति क० ।
४. कालदर्शनं कुर्वन्ति कारयन्ति वा इति कालदर्शनकारकाः ।
५. गणयेत् साधकश्रेष्ठः इति क० ।

राशिफल विचार—हे नाथ ! जो राशियाँ लोकविनाशक हैं, उन राशि वाले मन्त्रों को त्याग देना चाहिए । यदि एक देवता वाले गृह में भिन्न भिन्न राशि वाले मन्त्र पड़ें तो शुभावह हैं । चौथा तथा दूसरा स्थान सभी मन्त्रों के ग्रहण में निषिद्ध कहा गया है । एक ही गृह में स्थित होने वाले मन्त्र बहुत सौख्य प्रदान करने वाले होते हैं । यदि राशि तथा नक्षत्र ज्ञात न हों तो नाम का आदि अक्षर ले कर गणना करे । समान भाव होने पर श्रेष्ठ साधक, किन्तु कलह में गणना होने पर कलह होता है ॥ ३४-३६ ॥

[१] रिपुश्चेन्मूलनाशः स्यात् कलहोऽपि सुरेश्वर।
नेत्रयुग्मं स्वरं पाति सिंहो हि कन्यकां तथा ॥ ३७ ॥
कर्णयुग्मं तुला पाति संयुगं वृश्चिको धनुः ।
चयुगं मकरः पाति कुम्भो मीनश्च पाति हि ॥ ३८ ॥
ओष्ठञ्च पाति च तथा अधरं मेष एव च ।
दन्तयुग्मं [२] वृषः पाति मिथुनः शेषगोऽक्षरः ॥ ३९ ॥

हे सुरेश्वर ! यदि शत्रु स्थान में नाम पड़े तो मूल सहित सर्वनाश होता है । किं बहुना कलह तो होता ही है । सिंह तथा कन्या नेत्रयुग्म (इ ई) स्वर की रक्षा करती है । तथा तुला कर्णयुग्म (उ ऊ) की, वृश्चिक धन संयुगं (ए ऐ) की वृश्चिक और धन राशि, चयुग की मकर, कुम्भ एवं मीन ओष्ठ की, अधर की मेष, दन्त युग्म की वृष तथा मिथुन शेष अक्षरों की रक्षा करती हैं ॥ ३७-३९ ॥

यस्य ये ये राशयः स्युस्तस्य तत्तच्छुभं स्मृतम् ।
एकराशिः शुभं नित्यं ददाति च मनोरथम् ॥ ४० ॥
अन्यत्र [३] दुखदं प्रोक्तं साधकः सिद्धिभाग् भवेत् ।
भिन्नराशौ वर्जनीयं कलहं कालदर्शनम् ॥ ४१ ॥

जिसकी जो जो राशियाँ होती है, उसके लिए वे वे स्वर शुभ कहे गये हैं, मन्त्र तथा साधक की एक राशि होने पर मनोरथ की सिद्धि प्राप्त होती है । अन्यत्र गृह दुखदायी कहा गया है, अतः साधक अपने राशि के गृह में सिद्धि का भाजन बनता है । इसलिए भिन्न राशि वर्जित करनी चाहिए, वह कलह कराने वाली है तथा काल का दर्शन कराती है ॥ ४०-४१ ॥

श्रीचक्रम्

श्रूयतां शैलजानाथ चक्रं श्रीत्रिदशात्मकम् ।
पूर्वपश्चिमभेदेन षट् च रेखाः समालिखेत् ॥ ४२ ॥

---

१. रिपुश्चेन्मृत्युलाभः स्यात् कलहेऽपि सुरेश्वर । कलहं कालगेहश्च वर्जयेत् प्रयतः सुधीः ॥ चक्रोद्धारञ्च कथितं फलं शृणु मुदा हितम् । दीक्षादिवसे नाथ चक्रराजं यजन्ति ये ॥ ऐहिके धननाथः स्यात् परे याति परं पदम् ॥ इति क० ।

२. दन्तयुग्मं वृषश्चैव मिथुनमेषगौ स्वरौ । इति क० ।

३. अस्यालं सुखदं इति सं० पाठः ।

वामादि दक्षिणान्तञ्च रेखा दश समालिखेत् ।
पञ्चगेहे पूरकाङ्कं सर्वाधोहारकाङ्ककम्[१] ॥ ४३ ॥

हे शैलजानाथ ! अब श्री देवता के चक्र को सुनिए । पूर्व से पश्चिम की ओर ६ रेखा खींचे । फिर उत्तर से दक्षिणान्त दश रेखा खींचे । पाँच गेह में पूरक अङ्क लिखे । सबके नीचे हारक अङ्क लिखे ॥ ४२-४३ ॥

तन्मध्ये रचयेदक्षं देवताग्रहसंयुतम् ।
पूरकाङ्कं मध्यगेहे[२] सप्तर्षियुक्तमालिखेत् ॥ ४४ ॥

उसके मध्य में देवताग्रह से संयुक्त अक्ष की रचना करे । मध्य गृह में सप्तर्षियुक्त पूरक अङ्क लिखे ॥ ४४ ॥

विमर्श—पूरकाङ्क और हारकाङ्क पूण संख्या २, ४, ६ है और

तद्दक्षिणे द्वादशञ्च तद्दक्षेण रसं तथा ।
तद्दक्षे अष्टदशके तद्दक्षे षोडशस्मृतम् ॥ ४५ ॥

उसके दक्षिण द्वादश, उसके भी दक्ष (रस) ६, उसके दक्ष १८, उसके भी दक्ष भाग में १६ लिखे—ऐसा कहा गया है ॥ ४५ ॥

पूरकाङ्कं ततो लेख्यं इन्द्राद्यङ्काश्च दक्षतः ।
इन्द्रगेहे च शतकं विधिविद्याफलप्रदम् ॥ ४६ ॥
धर्मगेहे शून्यसप्त युगलं विलिखेद् बुधः ।
अनन्तमन्दिरे नाथ शून्याष्टवसुरेव च ॥ ४७ ॥

उसके बाद पूरक अङ्क लिखें, फिर दक्ष भाग से इन्द्रादि अङ्क लिखे । इन्द्र के गृह में विधि विद्या का फल देने वाला शतक लिखे । विद्वान् साधक धर्मगृह में शून्य सात तथा दो लिखे । हे नाथ ! इसके बाद अनन्त मन्दिर में शून्य, आठ तथा (वसु) ८ संख्या लिखे ॥ ४६-४७ ॥

कालीगृहे शून्यवेदवामाद्याङ्कं विलिखेत्ततः ।
धूमावतीमन्दिरे च शून्यखेषु निशापतिम् ॥ ४८ ॥
इन्द्राद्या दक्षतो लेख्या अङ्काश्चन्द्राधिदेवताः ।
शून्याष्टचन्द्रयुक्तञ्च[३] सर्वत्र देवता लिखेत् ॥ ४९ ॥

इसके बाद **काली** गृह में शून्य, (वेद) ४ तथा वामादि अङ्क लिखे **धूमावती** के मन्दिर में शून्य तथा ख में (निशापति) १ लिखे । इन्द्रादि दक्षभाग से लिखे, अङ्क चन्द्राधि देवता, शून्य अष्टचन्द्र से युक्त कर सर्वत्र देवता लिखे ॥ ४८-४९ ॥

---

१. हारकङ्ककम् इति सं० पाठः । २. आद्यगेहे इति क० ।
३. शून्यषष्ठचन्द्रयुक्तं सर्वत्र दक्षतो लिखेत् । इति क० ।

तथाश्विनीकुमारौ[1] च शून्यानलयुगायुगौ[2] ।
तत्पश्चात् पूर्वगेहञ्च सहस्रार्कसमन्वितम् ॥ ५० ॥
तारिणीमन्दिरस्थाङ्कं शून्यवेदं तथैव[3] च ।
बगलामुखीगेहस्थं शून्याष्टचन्द्रसंयुतम् ॥ ५१ ॥
ततश्चन्द्रगृहस्याधो वायुर्गेहं मनोरमम् ।
रन्ध्रवेदात्मकं गेहं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ॥ ५२ ॥

फिर शून्य, अनल ३, युग ४ तथा अयुग से युक्त कर दोनों अश्विनीकुमारों को लिखे । उसके बाद सहस्रार्क समन्वित पूर्वगृह लिखे । **तारा** के मन्दिर में रहने वाला अङ्क शून्य वेद ४ है । उसी प्रकार **बगलामुखी** का गेह शून्य, अष्ट तथा चन्द्र १ से संयुक्त लिखे । इसके बाद उस चन्द्र गृह के नीचे वायु का मनोरम गृह है जो रन्ध्र ०, वेद ४ संख्या से संयुक्त है तथा सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है ॥ ५०-५२ ॥

राहुगेहं महापापं शून्यशून्यमुनिप्रियम् ।
पश्चादेकत्र[4] हस्तञ्च खशून्ययुगलात्मकम् ॥ ५३ ॥
षोडशीमन्दिरे शून्यमष्टचन्द्रसमन्वितम्[5] ।
मातङ्गीमन्दिरे शून्यरुद्रचन्द्रसमन्वितम् ॥ ५४ ॥

राहु का गृह महापाप संयुक्त है वह शून्य, शून्य तथा मुनि ७ प्रिय है, उसके पश्चात् एक ही स्थान पर ख १ शून्य युगल अङ्क से युक्त हस्त लिखे । **षोडशी** मन्दिर शून्य, अष्ट तथा चन्द्र १ से समन्वित लिखे । मातङ्गी मन्दिर शून्य, रुद्र ११ तथा चन्द्र १ समन्वित लिखे ॥ ५३-५४ ॥

वायोरधोवरुणस्य गृहं सप्तशशिप्रियम् ।
तरुणी गेहमध्ये च शून्याष्टकसमन्वितम् ॥ ५५ ॥
बुधगेहस्थिताङ्कञ्च शून्यचन्द्रयुगात्मकम् ।
भुवनेशीमन्दिरस्थं शून्याष्टकशशिप्रियम् ॥ ५६ ॥

वायु के नीचे वरुण का गृह है जो सात तथा शशि १ प्रिय है तरुणीगृह को शून्य तथा अष्ट संख्या से समन्वित लिखना चाहिए । बुध गेह में रहने वाले अङ्क शून्य, चन्द्र तथा युग ४ संख्यायें हैं इसी प्रकार **भुवनेशी** मन्दिर का अङ्क शून्य, आठ तथा शशि १ संख्या वाला है ॥ ५५-५६ ॥

वरुणाधः कुबेरस्य गृहस्थं षट् च युग्मकम् ।
आनन्तभैरवी गेहे दशकं परिकीर्तितम् ॥ ५७ ॥

---

१. अश्विनीकुमारयो द्वित्वं भवति—इति कृत्वा द्विवचनान्तता नियता ।
२. शून्यानलयुगात्मकौ इति क० ।
३. शून्यवेदषडात्मकम् इति क० ।
४. पश्चादर्कगृहस्थञ्च खशून्ययुगलात्मकम् इति क० ।
५. षष्ठ इति क० ।

धरणीगृहमध्ये च शून्ययुग्मेन्दुसंयुतम् ।
भैरवी गृहमध्यस्थं शून्ययुगलचन्द्रकम् ॥ ५८ ॥

वरुण के नीचे कुबेर का गृह षट् तथा दो संख्या वाला है । आनन्दभैरवी का गृह दश संख्या वाला कहा गया है । धरणी गृह में शून्य युग्म तथा इन्दु १ संयुक्त लिखें । भैरवी का गृह शून्य युगल तथा चन्द्र संख्या वाला है ॥ ५७-५८ ॥

राशिगृहस्थितं[१] शून्यर्षिचन्द्रमण्डलसंयुतम् ।
कुबेराधः [२]स्वकं चक्रस्थिताङ्कं सर्वसिद्धिदम् ॥ ५९ ॥
ईश्वरस्य गृहस्थञ्च सप्तशून्ययुगात्मकम् ।
तिरस्करिण्या गेहस्थं सहस्राङ्कसमन्वितम् ॥ ६० ॥

शशि गृह शून्य ऋषि ७ तथा चन्द्रमण्डल १ से संयुक्त है । कुबेर के नीचे श्री चक्र में रहने वाले अङ्क सर्वसमृद्धि प्रदान करने वाले हैं । **ईश्वर सदाशिव** के गृह में रहने वाले अङ्क सप्त, शून्य तथा युगात्मक ४ हैं । तिरस्करिणी का गृह एक हजार संख्या से समन्वित है ॥ ५९-६० ॥

किङ्किणीमन्दिरं पश्चादष्टचन्द्रसमन्वितम् ।
छिन्नमस्तागृहं पश्चाच्छून्याष्टचन्द्रमण्डलम् ॥ ६१ ॥
वागीश्वरीगृहं पश्चात् सप्तमं चन्द्रमण्डलम् ।
महाफलप्रदातारं[३] धर्मो[४] रक्षति तं पुनः ॥ ६२ ॥

इसके पश्चात् **किंकिणी** का मन्दिर ८ आठ तथा चन्द्र संख्या समन्वित है, इसके पश्चात् छिन्नमस्ता का गृह शून्य, अष्ट तथा चन्द्रमण्डलात्मक १ है । इसके पश्चात् **वागीश्वरी** का गृह सप्तम तथा चन्द्रमण्डल १ युक्त है, यह गृह महाफल देने वाला है, जिसकी स्वयं धर्म रक्षा करते हैं ॥ ६१-६२ ॥

ईश्वरस्य अधोगेहे बटुकस्य गृहं ततः ।
शून्याष्टमाद्यं स्वगृहं धर्मार्थकाममोक्षदम् ॥ ६३ ॥
तत्पश्चात् डाकिनीगेहं खशून्यमुनिसंयुतम् ।
हन्ति साधकसौख्यं[५] हि क्षणादेव न संशयः ॥ ६४ ॥

इसके बाद ईश्वर सदाशिव के गृह के नीचे **बटुक** का गृह है । इनका स्वयं का गृह शून्य, आठ तथा आद्य १ अङ्क समन्वित है जो धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष देने वाला है । इसके पश्चात् **डाकिनी** का गृह है जो ख शून्य तथा मुनि ७ संख्या से संयुक्त है । यह गृह साधक के समस्त सौख्य को क्षण मात्र में विनष्ट करने वाला है—इसमें संशय नहीं ॥ ६३-६४ ॥

---

१. वाणिगृहस्थितम् इति क० । २. सुखम् इति क० ।
३. महच्च तत्फलं चेति महाफलम्, तस्य प्रदातारम् ।
४. धर्मः क्षरति तस्य च इति क० । ५. मुख्यम् इति क० ।

स्वगृहे स्वीयमन्त्रस्य फलदं परिकीर्तितम् ।
भीमादेवीगृहं पश्चात् खसप्तचन्द्रमण्डलम् ॥ ६५ ॥
भयदं सर्वदेशे तु वर्जयेद् गृहान्तरम् ।
लक्षवर्णं लिखेत् शेषगृहे द्वे पण्डितोत्तमः ॥ ६६ ॥

अपने गृह में अपना-अपना मन्त्र फल देने वाला है—ऐसा कहा गया है । इसके बाद **भीमा देवी** का गृह है जो ख शून्य, सप्त तथा चन्द्रमण्डल से संयुक्त है । अन्य गृह सभी स्थानों पर भय प्रदान करते हैं । इसलिए उन्हें वर्जित कर देना चाहिए । इसके बाद उत्तम, श्रेष्ठ, विद्वान् शेष दो गृह में ल और क्ष इन दो वर्णों को लिखे ॥ ६५-६६ ॥

इन्द्रगेहावधिं धीरो वकारादिकवर्णकम्[1] ।
क्षकारान्तं लिखेत्तत्र गणयेत् साधकस्ततः ॥ ६७ ॥

धीर साधक **इन्द्रगेह** (द्र० ४. ४६) से प्रारम्भ कर वकार से लेकर क वर्ग पर्यन्त वर्ण लिखे । फिर श, ष, स, ह, क्ष—इस प्रकार क्षकारान्त वर्ण लिखे । फिर साधक गणना करे ॥ ६७ ॥

पूरकाङ्कमूर्द्ध्वदेशे हारकाङ्कमधो लिखेत् ।
निजनामाक्षरं यत्र तत्कोष्ठाङ्कं महेश्वर ॥ ६८ ॥
नीत्वा च पूजयेद्विद्वान् स्वस्वगेहोर्ध्वदेशगैः ।
अङ्कैस्ततो[2] हरेर्नाथ अधोऽङ्के हार्यशेषकम् ॥ ६९ ॥
विस्तारञ्चेद्देवताङ्कस्तदङ्कः शुभदः स्मृतः ।
अल्पाङ्कः शुभदः प्रोक्तः साधकस्य सुखावहः ॥ ७० ॥

ऊर्ध्वदेश में पूरक अङ्क लिखे, नीचे हारकाङ्क लिखे । इसके बाद, हे महेश्वर ! जहाँ अपने नाम का अक्षर हो विद्वान् उस कोष्ठ का अङ्क लेकर पूजा करे । फिर उसके ऊपर वाले गृह के अङ्क से भाग देवे । यदि देवता का अङ्क बडा हो तो वह अङ्क शुभ देने वाला होता है । अल्पाङ्क भी शुभ देने वाला कहा गया है जो साधक के लिए सुखावह है ॥ ६८-७० ॥

एकाक्षरे महासौख्यं तत्रापि गणयेद् वचः[3] ।
धीराङ्कः शून्यगामी च देवताङ्कस्तथा विभो ॥ ७१ ॥
तदा नैव शुभं विद्यादशुभाय प्रकल्प्यते ।
एके धनमवाप्नोति द्वितीये राजवल्लभः ॥ ७२ ॥
तृतीये जाप्यसिद्धिः स्याच्चतुर्थे मरणं ध्रुवम् ।
पञ्चमे पञ्चमानः[4] स्यात् षष्ठे दुःखोत्कटानि च ॥ ७३ ॥

---

१. ककारादि इति क० ।

२. आज्ञास्ततो हरेर्नाथ अधोर्द्धेऽङ्के द्वाष्टशोधकम् इति क० । ३. न च इति क० ।

४. पचि व्यक्तीकरणे इति धातोः कर्तरि शानच्प्रत्ययः, ततः पञ्चमान इत्यस्य साधुत्वम् ।

एकाक्षर में महान् सुख की प्राप्ति होती है । उसमें भी वर्णों की गणना करनी चाहिए । हे विभो ! यदि धीराङ्क (अधोङ्क) तथा देवताङ्क शून्य आवे तो शुभ नहीं होता । वह सर्वदा अशुभ देने में समर्थ होता है । एक में धन की प्राप्ति, द्वितीय में राजवल्लभ, तृतीय में जप से सिद्धि, किन्तु चतुर्थ में निश्चित रूप से मरण कहा गया है । पञ्चम में व्यक्ति की कीर्ति, छठवें में उत्कट दुःख प्राप्त होता है ॥ ७१-७३ ॥

शैवानां [१]शाक्तवर्णानामित्यङ्कः परिगृह्यते ।
वैष्णवानां निषेधे [२] च पञ्चमाङ्को निषेधकः ॥ ७४ ॥
यासां यासां देवतानां हिंसा तिष्ठति चेतसि ।
तन्मन्त्रग्रहणादेवाष्टैश्वर्ययुतो [३] भवेत् ॥ ७५ ॥
यद्देवस्याश्रिता ये तु तद्गृहाङ्कं हरन्ति ते ।
ऊर्द्ध्वाङ्केन पूरयित्त्वा अधोऽङ्केन हरेत्सदा ॥ ७६ ॥

शैवों के लिए तथा शक्ति के लिए इतने ही वर्णों के अङ्क के ग्रहण का विधान है । वैष्णवों के लिए पञ्चम अङ्क निषिद्ध है । जिन-जिन देवताओं की हिंसा चित्त में स्थित हो, उन-उन देवताओं के मन्त्र ग्रहण से साधक आठों ऐश्वर्यों से युक्त हो जाता है । जो लोग जिस देवता के अधीन होते हैं वे उन देवताओं के गृह के अङ्क को लेते हैं । इसलिए ऊपर के अङ्क से पूर्ण कर नीचे के अङ्क से उसका हरण (भाग) करे ॥ ७४-७६ ॥

ऋणिधनिमहाचक्रं वक्ष्यामि शृणु तत्त्वतः ।
दर्शनादेव कोष्ठस्य जानाति पूर्वजन्मगम् ॥ ७७ ॥
देवं बहुतराङ्गेषु ज्ञात्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ।
निजसेव्यां महाविद्यां गृहीत्वा मुक्तिमाप्नुयात् ॥ ७८ ॥
कोष्ठशुद्धञ्च मन्त्रञ्च ये गृह्णन्ति द्विजोत्तमाः ।
तेषां दुःखानि नश्यन्ति ममाज्ञा बलवत्तरा ॥ ७९ ॥

ऋणधनिचक्र—हे सदाशिव ! अब ऋणी तथा धनी का चक्र तत्त्वतः वर्णन करती हूँ । उस कोष्ठ के दर्शन मात्र से पूर्व जन्म के ऋणी तथा धनी का ज्ञान हो जाता है । अनेक प्रकार के अङ्कों में मन्त्र देवता का ज्ञान कर साधक सिद्धियों का ईश्वर बन जाता है । अपनी सेवा के योग्य महाविद्या के मन्त्रों को ग्रहण कर साधक मुक्ति प्राप्त कर लेता है । कोष्ठ से शुद्ध मन्त्रों का जो द्विजोत्तम ग्रहण करते हैं उनके समस्त दुःख दूर हो जाते हैं, यह हमारी बलवत्तर आज्ञा है ॥ ७७-७९ ॥

कोष्ठशुद्धं महामन्त्रं फलदं रुद्रभैरव ।
न हातव्यं महामन्त्रं सद्गुरुप्रियदर्शनात् ॥ ८० ॥
तत्र कोष्ठं न विचार्यं चेज्जानाति विचार्यकम् ।
महाविद्या महामन्त्रे विचार्यकोटिपुण्यभाक् ॥ ८१ ॥

---

१. शाक्तवर्गाणाम् इति क० । २. निषेध्याङ्कः इति क० ।
३. तुच्छतो भवेत् इति ग० ।

हे रुद्र ! हे भैरव ! कोष्ठ से शुद्ध किया गया मन्त्र ही फल देने वाला है । सद्गुरु के प्रिय दर्शन से प्राप्त हुये महामन्त्र का भी त्याग नहीं करना चाहिए । उस विषय में कोष्ठ का विचार न कर अपने विचार को ही मानना चाहिए । यदि महाविद्याओं के महामन्त्र में विचार पूर्वक (परीक्षित) मन्त्र ग्रहण करने से करोड़ों गुना पुण्य का लाभ भी होता है तो भी सद्गुरु का मन्त्र लेना चाहिए ॥ ८०-८१ ॥

अविचारे चोक्तफलं ददाति कामसुन्दरी ।
कोष्ठान्येकादशान्येव देवेन[1] पूरितानि च ॥ ८२ ॥

(सद्गुरु से प्राप्त मन्त्र का) यदि विचार न भी किया जाय तो कामसुन्दरी **ललिता** महाविद्या जैसा उसका फल कहा गया है । उतना फल तो वह देती ही हैं । (इस चक्र में) मात्र ११ कोष्ठक हैं, जिसे स्वयं महादेव ने परिपूर्ण किया है ॥ ८२ ॥

अकारादिहकारान्तं लिखेत् कोष्ठेषु तत्त्ववित् ।
प्रथमं पञ्चकोष्ठेषु ह्रस्वदीर्घक्रमेण तु ॥ ८३ ॥
द्वयं द्वयं लिखेत्तत्र विचारे खलु साधकः ।
शेषेष्वेकैकशो[2] वर्णान् क्रमशस्तु लिखेत्सुधीः ॥ ८४ ॥

तत्त्ववेत्ता उन कोष्ठों में अकार से आरम्भ कर हकार पर्यन्त वर्ण लिखे । प्रथम पाँच कोष्ठों में ह्रस्व दीर्घ क्रम से साधक विचारपूर्वक दो दो वर्णों को लिखे । फिर सुधी साधक शेष कोष्ठों में क्रमपूर्वक एक एक वर्ण लिखे ॥ ८३-८४ ॥

अमावर्ण[3]द्वयस्यार्द्धावधिस्तु क्रमशोऽङ्ककम् ।
आद्यमन्दिरमध्ये तु षष्ठाङ्कं विलिखेद् बुधः ॥ ८५ ॥
द्वितीये षष्ठचिन्हञ्च तृतीये च गृहे तथा ।
चतुर्थे गगनाङ्कञ्च पञ्चमे चक्रत्रयं तथा ॥ ८६ ॥
षष्ठचापे[4] चतुर्थञ्च सप्तमे च चतुर्थकम् ।
अष्टमे गगनाङ्कञ्च नवमे दशमं तथा ॥ ८७ ॥

अ से लेकर म पर्यन्त दो वर्णों के अवधि में क्रमशः अङ्कानुसार वर्ण लिखे । बुद्धिमान् प्रथम मन्दिर में छठवाँ वर्ण लिखे । द्वितीय में भी छठें चिन्ह को लिखे तृतीय गृह में तथा चतुर्थ गृह में गगनाङ्क (ह) लिखना चाहिए । पञ्चम में तीन चक्र लिखे । षष्ठ गृह में चतुर्थ वर्ण, सप्तम में भी चतुर्थ वर्ण, अष्टम में गगनाङ्क (ह) तथा नवम में दशम वर्ण लिखे ॥ ८५-८७ ॥

शेषमन्दिरमध्ये तु त्रयाङ्कं विलिखेत्ततः ।
एते नाथ साध्यवर्णाः कथिताः क्रमशो ध्रुवम् ॥ ८८ ॥

शेष मन्दिर में तीसरा वर्ण लिखे । हे नाथ ! ये साध्य मन्त्र के वर्ण हैं जिन्हें मैने आप से निश्चित रूप से कहा है ॥ ८८ ॥

---

१. वेदेन इति ग० । २. एकमेकमिति एकैकम्, तत एव स्वार्थे शस् ।
३. अ-आवर्णद्वयस्य इति क० । ४. षष्ठगेहे इति क० ।

कथयामि साधकार्णं सकलार्थनिरूपणम् ।
आद्यगेहे द्वितीयञ्च द्वितीये च तृतीयकम् ॥ ८९ ॥
तृतीये पञ्चमं प्रोक्तं गगनं वेदपञ्चके ।
षष्ठे युगलमेवं हि सप्तमे [१]चन्द्रमण्डलम् ॥ ९० ॥
अष्टमे गगनं प्रोक्तं नवमे च चतुर्थकम् ।
वेदञ्च दशमे प्रोक्तं चन्द्रमेकादशे तथा ॥ ९१ ॥

अब संपूर्ण प्रयोजनों के निरूपण करने वाले साधक के अक्षरों को कहती हूँ । प्रथम गृह में द्वितीय और द्वितीय में तृतीय वर्ण लिखे । तृतीय गृह में पाँचवाँ, चौथे तथा पाँचवे गृह में गगन (ह) लिखे । षष्ठ में युगल वर्ण, सप्तम में चन्द्रमण्डल लिखे । अष्टम गृह में गगन (ह) वर्ण, नवम में चतुर्थ वर्ण, दशवें गृह में चौथा वर्ण, एकादश में चन्द्र वर्ण लिखे ॥ ८९-९१ ॥

साधकार्णाः स्मृताः त्वेते वर्णमण्डलमध्यगाः ।
साध्यवर्णान् महादेव स्वरव्यञ्जनभेदकान् ॥ ९२ ॥
एवं हि सर्वमन्त्रार्णानमष्टाद्यङ्कैः [२] प्रपूरयेत् ।
एकीकृत्य हरेदष्टसंख्याभिः [३]क्षणवल्लभे ॥ ९३ ॥
यस्यापहस्थितं वर्णं तन्नेभव्यं मनौ शुभे [४] ।
साधकाभिधानवर्णान् [५] स्वरव्यञ्जनभेदकान् ॥ ९४ ॥

वर्ण मण्डल के मध्य में रहने वाले इतने ही साधक के वर्ण हैं । हे महादेव ! स्वर व्यञ्जन को अलग अलग कर साध्यवर्णों को एकत्रित करे, यह प्रक्रिया समस्त वर्णों के लिए है । फिर उन दोनों में अष्ट आदि में हैं जिसके अर्थात् ९ अङ्क जोड़ दे । इस प्रकार सबको जोड़कर आठ संख्या से भाग दे । जिस मन्त्र में साधक वर्णों से कम शेष बचे, उस शुभ मन्त्र को भी कदापि न ग्रहण करे । इसी प्रकार साधक के वर्णों के स्वरों तथा व्यञ्जनों को अलग-अलग कर लेवे ॥ ९२-९४ ॥

पृथक् पृथक् संस्थितांश्च व्यक्तं शृणु पुनः पुनः ।
द्वितीयाद्यङ्कचन्द्रान्ते संपूर्वाष्टभिराहरेत् [६] ॥ ९५ ॥
मन्त्रो यस्त्वधिकाङ्कः स्यात्तदा मन्त्रं जपेत् सुधीः ।
समेऽपि च जपेन्मन्त्रं न जपेत्तु ऋणाधिके ॥ ९६ ॥

फिर पृथक् पृथक् संस्थित उन वर्णों को द्वितीयादि अंक से भाग दे । यदि मन्त्र में साधक की अपेक्षा अधिक अङ्क आवे तो सुधी साधक उस मन्त्र का जप करे । सम होने पर

---

१. चक्रमण्डलम् इति क० ।　२. अष्टाद्यङ्कैः इति ख, ग, ।
३. कुलवल्लभ इति क ।　४. यद्यत् गेहस्थितं वर्ण तन्त्रे तस्य मनौ शुभे इति क० ।
५. साधकस्याभिधान—इति क० ।
६. सम्पूर्वास्वभिवाहरेत् इति ख० ग०।

भी मन्त्र का जप किया जा सकता है । किन्तु ऋण की अधिकता होने पर कदापि उस मन्त्र का जप न करे ॥ ९५-९६ ॥

शून्ये मृत्युं विजानीयात्तस्माच्छून्यं विवर्जयेत् ।
द्वितीयाद्यङ्कजालञ्च वैष्णवे सुखदं स्मृतम् ॥ ९७ ॥
द्वितीयाद्यङ्कजालञ्च वैष्णवे सुखदं स्मृतम् ।
द्वितीयाद्यङ्कजालञ्च तथा वै परिकीर्तितम् ॥ ९८ ॥

यदि शेष शून्य बचे तो भी उस मन्त्र का जप कदापि न करे । क्योंकि शून्य मृत्यु का सूचक है । द्वितीयादि अङ्क समुदाय वैष्णवों के लिए सुखदायी कहे गये हैं । यतः द्वितीयादि अङ्क जाल वैष्णवों के लिए सुखदायी हैं, अतः द्वितीयादि अङ्कजाल भी उसी प्रकार का कहा गया है ॥ ९७-९८ ॥

इन्द्राद्यङ्कं तथा नाथ सौरे[1] शाक्ते शुभप्रदम् ।
तथा दिक्संख्यकाङ्कञ्च साधकस्य शुभप्रदम् ॥ ९९ ॥
तदङ्कं शृणु यत्नेन पूर्ववत् सकलं स्मृतम् ।
स्थलञ्चैव[2] विभिन्नाङ्कमूर्द्ध्वाधश्च क्रमेण तु ॥ १०० ॥
साध्याङ्कान् साधकाङ्कांश्च पूरयेद् गृहसंख्यया ।
गुणिते तु हृते चापि यच्छेषं जायते स्फुटम् ॥ १०१ ॥

हे नाथ ! इन्द्रादि अङ्क सूर्य-मन्त्र तथा शक्ति-मन्त्र में शुभप्रद हैं उसी प्रकार दिक् १० संख्या वाले अङ्क साधक के लिए शुभप्रद हैं । हे सदाशिव ! और सब तो पूर्ववत् है केवल उन अङ्कों को प्रयत्नपूर्वक सुनिए । विभिन्न अङ्कों से युक्त ऊपर से नीचे तक क्रमशः साध्य के अङ्कों को तथा साधक के अङ्कों को एक में मिला देवे और उसे ९ से पूर्ण करे । फिर जितनी गृह की संख्या हो उसे ८ से गुणा करे । फिर स्पष्टरूप से जो शेष बचे उससे फल विचार करे ॥ ९९-१०१ ॥

तदङ्कं कथयाम्यत्र एकादशगृहे स्थितम् ।
इन्द्रतारास्वर्गरवितिथिषड्वेददाहनाः[3] ॥ १०२ ॥
अष्टवसु नवाङ्कस्थाः साध्यार्णगुणिता इति ।
दिग्भूगिरिश्रुतिगजवह्निपर्वतपञ्चमाः ॥ १०३ ॥
वेदषष्ठानलाङ्कञ्च गणयेत् साधकाक्षरान् ।
नामाद्यक्षरमारभ्य यावन्मन्त्राक्षरं भवेत् ॥ १०४ ॥
तत्संख्याञ्च त्रिधा कृत्वा सप्तभिः संहरेद् बुधः ।
अधिकं च ऋणं प्रोक्तं तच्छेषं धनमुच्यते ॥ १०५ ॥

एकादश गृह में रहने वाले उन अङ्कों को यहाँ कहती हूँ—ये अंक इन्द्र तारा २७,

---

१. शैवे इति कः । २. शैवे इति क० ।
३. इन्द्रश्च तारा च स्वर्गश्च रविश्च तिथिश्च षड्वेदाश्च, ते दह्यन्ते एभिस्ते ।

स्वर्ग, रवि १२, तिथि २७, षड् ६, वेद ४, दहन ३, अष्टवसु ८ तथा नवाङ्क ९ में स्थित वर्ण का गुणा साध्य वर्ण से करे ।

नाम के आदि अक्षर से लेकर जितने मन्त्र के अक्षर हों उन संख्याओं को तीन भागों में बाँट देवे । फिर सात का भाग देवे । यदि अधिक शेष हो तो ऋण, यदि कम शेष हो तो धन कहा जाता है ॥ १०२-१०५ ॥

अथवान्यप्रकारञ्च कृत्वा मन्त्रं समाश्रयेत् ।
नामाद्यक्षरमारभ्य यावत् साधकवर्णकम् ॥ १०६ ॥
तावत्संख्यां सप्तगुणं कृत्वा वामैहरेद् बुधः ।
श्रीविद्येतरविद्यायां[1] गणना परिकीर्तिता ॥ १०७ ॥

(१) अथवा एक दूसरा भी प्रकार है जिससे परीक्षा कर मन्त्र का आश्रय ग्रहण करे नाम के आदि अक्षर से आरम्भ कर जितना भी साधक का वर्ण हो उसकी गणना करे । फिर जितनी संख्या हो, उसमें सात का गुणा करे । फिर वाम (उलट कर) संख्या से भाग देवे । किन्तु यह गणना श्री विद्या से इतर महाविद्याओं वाले मन्त्र में करने का विधान है ॥ १०६-१०७ ॥

अथवान्यप्रकारञ्च सकलान् साधकाक्षरान् ।
स्वरव्यञ्जनभेदेन द्विगुणीकृत्य साधकः ॥ १०८ ॥
साध्ययुक्तं ततः कृत्वा स्वरव्यञ्जनभेदकम् ।
अष्टाभिः संहरेदङ्कं शृणु संहारविग्रहम् ॥ १०९ ॥

(२) अथवा परीक्षा का एक और भी प्रकार है । साधक के सभी अक्षरों के स्वर और व्यञ्जनों को अलग अलग कर उसकी गणना करे । फिर साधक स्वयं उसका दुगुना करे । इस प्रकार साध्य के स्वर एवं व्यञ्जन अक्षरों को अलग अलग जोड़कर आठ का भाग देवे, फिर उसके संहार-विग्रह (= फल) को सुनिए ॥ १०८-१०९ ॥

पूर्वचारक्रमं सम्यक् सर्वत्रापि शुभाशुभम् ।
अस्य विचारमात्रेण सिद्धिः सर्वार्थसाधिका ॥ ११० ॥
पूर्वजन्माराधितायां तां प्राप्नोति हि देवताम् ।

इसमें पूर्वाचार के क्रम से ही सम्यक् शुभाशुभ फल जानना चाहिए इसके केवल विचार मात्र से ही सर्वार्थ साधिका सिद्धि प्राप्त होती है । साधक ने पूर्व जन्म में जिस देवता की आराधना की हैं उसी देवता को वह प्राप्त करता है ॥ ११०-१११ ॥

मन्त्रदोषादिनिर्णयः
उल्काचक्रम्

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि सावधानावधारय ॥ १११ ॥
उल्काचक्रं सर्वसारं मन्त्रदोषादिनिर्णयम् ।
मत्स्याकारमूर्ध्वमुखं सर्वमन्त्रादि विग्रहम् ॥ ११२ ॥

---

१. श्रीविद्यात इतरा विद्या श्रीविद्येतरविद्या, तस्याम् ।

हे शिव ! अब मन्त्र परीक्षा का अन्य प्रकार कहती हूँ सावधान होकर सुनिए । वह प्रकार **उल्काचक्र** है, जो सबका सार है, उससे सभी दोषादि का निर्णय हो जाता है, उसका आकार मत्स्य के समान ऊर्ध्वमुख है तथा वह सभी मन्त्रों का आदि विग्रह है ॥ १११-११२ ॥

स्कन्धदेशावधिर्नाथ पुच्छपर्यन्तमेव च ।
एकाक्षरादिमन्त्रादिद्वादशान्ताक्षरात्मकम् ॥ ११३ ॥
विलिखेत् पृष्ठदेशे तु शुभाशुभविशुद्धये ।
त्रयोदशाक्षरान् वाथ एकविंशाक्षरान्तकम् ॥ ११४ ॥

हे नाथ ! मत्स्याकार उस चक्र के स्कन्ध देश से लेकर पुच्छपर्यन्त भाग में एकाक्षर मन्त्र के आदि अक्षर से लेकर द्वादश अक्षर पर्यन्त मन्त्रों को लिखे और शुभाशुभ फल की विशुद्धि के लिए उसके पृष्ठ देश पर १३ अक्षर से आरम्भ कर २१ अक्षर पर्यन्त मन्त्रों को लिखे ॥ ११३-११४ ॥

नेतव्यं साधकैर्मन्त्रं पृष्ठस्थमुदरस्थकम् ।
तथा श्रीशुभदं प्रोक्तं [1]कण्ठादिपुच्छकान्तकम् ॥ ११५ ॥
द्वाविंशादि चतुस्त्रिशदक्षरान्तमनुं शुभम् ।
पुच्छस्थं नापि गृह्णीयात् मुखस्थञ्च तथा ध्रुवम् ॥ ११६ ॥

इस प्रकार जो मन्त्र पृष्ठ से ले कर उदर पर्यन्त भाग से पड़े, साधक उसी को ग्रहण करे । कण्ठ से ले कर पुच्छ पर्यन्त २२ अक्षर से २४ अक्षर पर्यन्त मन्त्र भी श्री तथा शुभ देने वाला कहा गया है । पुच्छ पर पड़ने वाले तथा मुख पर पड़ने वाले मन्त्र निश्चित रूप से न ग्रहण करे ॥ ११५-११६ ॥

शीर्षस्थञ्चापि गृह्णीयात् तदक्षरं शृणु प्रभो ।
पञ्चत्रिंशादि [2] द्विचतुर्द्वाविंशदन्तमेव च ॥ ११७ ॥
मस्तकस्थं शुभं प्रोक्तं मुखवर्णान् शृणु प्रभो ।
त्रिचत्वारिंशदर्णादि एकपञ्चाशदन्तकम् ॥ ११८ ॥

हे प्रभो ! शीर्ष पर पड़ने वाले जिन अक्षर वाले मन्त्रों को ग्रहण करे उसे सुनिए वे ३५ अक्षर से प्रारम्भ कर ४२ अक्षर पर्यन्त वाले मन्त्र हैं । उपर्युक्त मस्तक (शीर्ष) पर लिखे गये अक्षर वाले मन्त्र शुभ देने वाले हैं । हे प्रभो ! अब मुख पर रहने वाले वर्णों को सुनिए । वे ४३ अक्षर से प्रारम्भ कर ५१ अक्षर पर्यन्त वाले मन्त्र हैं ॥ ११७-११८ ॥

मुखस्थमन्तमशुभं न गृह्णीयात् कदाचन ।
पृष्ठस्थं शृणु यत्नेन निरर्थकमहाश्रमम् ॥ ११९ ॥
श्रमगात्रस्य पीडाभिर्देवता कुप्यतेऽनिशम् ।
द्विपञ्चाशदक्षरादि एकषष्टितमान्तकान् ॥ १२० ॥

---

१. कण्ठ आदिर्यस्य तत्, पुच्छोऽन्तो यस्य तत्, पुच्छ एव पुच्छकः, ततः कर्मधारयः ।

२. पञ्चत्रिशादिद्विचत्वारिंशदर्णान्तमेव च ।

वर्णान् पुच्छस्थितानेतान् नेत्रस्थान् शृणु वल्लभ ।
द्विषष्टितमवर्णादि[१] चतुःषष्ट्यक्षरान्तकान् ॥ १२१ ॥

मुख पर रहने वाले तथा अन्त (= पुच्छ) में रहने वाले मन्त्र अशुभ हैं । उन्हें किसी भी अवस्था में ग्रहण न करे ।

अब पीठ पर रहने वाले अक्षर मन्त्रों को सुनिए । ऐसे तो वे निरर्थक हैं । महाश्रम देने वाले हैं । श्रम के कारण गात्र की पीडा से देवता निरन्तर कुपित हो जाते हैं वे ५२ अक्षर से आरम्भ कर ६१ अक्षरों वाले मन्त्र हैं । यही वर्ण पुच्छ पर स्थित रहने वाले हैं । हे वल्लभ ! अब नेत्र पर रहने वाले वर्णों को सुनिए । वे ६२ अक्षर से आरम्भ कर ६४ अक्षरों वाले मन्त्र हैं ॥ ११९-१२१ ॥

अङ्कं लोचनसंस्थं च[२] ततोऽन्यं रसनास्थितम् ।
तत्सर्वं शुभदं प्रोक्तमेतदन्यतमं स्मृतम् ॥ १२२ ॥
वैष्णवानाञ्च शैवानां शाक्तानां मन्त्रजापने ।
ततोऽन्यदेवभक्तानां भुक्तिमुक्तिप्रदं नृणाम् ॥ १२३ ॥

ये अङ्क लोचन पर स्थित रहने वाले हैं, इसके अतिरिक्त अन्य सभी जिह्वा पर स्थित रहने वाले हैं । इन दोनों में कोई एक शुभदायक कहा गया है अथवा सभी शुभदायक हैं । वैष्णवों के लिए, शैवों के लिए, शक्तों के लिए अथवा अन्य देवताओं के भक्तों के लिए मन्त्र जप में नेत्रस्थ मन्त्र भुक्ति तथा मुक्ति देने वाले हैं ॥ १२२-१२३ ॥

रामचक्रम्

अथ वक्ष्ये महादेव चक्रसारं सुदुर्लभम् ।
रामचक्रं महाविद्या सर्वमन्दिरमेव च ॥ १२४ ॥
सर्वसिद्धिप्रदं मन्त्रं निजनामस्थमाश्रयेत् ।
तदैव सिद्धिमाप्नोति सत्यं सत्यं महेश्वर ॥ १२५ ॥

रामचक्र—हे महादेव ! अब अत्यन्त दुर्लभ चक्रसार कहती हूँ वह रामचक्र है जो महाविद्या का ही नहीं अपितु सभी मन्त्रों का मन्दिर है । जिसमें अपना नाम आवे वही मन्त्र समस्त सिद्धियों को देने वाला है । उसी का आश्रय लेना चाहिए । हे महेश्वर ! उसके आश्रय मात्र से साधक सिद्धि प्राप्त कर लेता है—यह सत्य है, यह सत्य है ॥ १२४-१२५ ॥

तत्प्रकारं शृणु क्रोधभैरव प्रियवल्लभ ।
नवाङ्कान् प्रलिखेद् विद्वान् वामदक्षिणभागतः ॥ १२६ ॥
तन्मध्ये क्रमशो दद्यात् तथा सप्तदशाङ्कान् ।
दक्षिणादिक्रमेणैवमुक्तविद्याः समालिखेत् ॥ १२७ ॥

---

१. द्विषष्टितमो वर्णा आदिर्येषाम्, चतुःषष्ट्यक्षरमन्ते येषां तान् । बहुव्रीहिद्वयगर्भः कर्मधारयः ।

२. लोचनमन्त्रञ्च—इति क० ।

हे प्रियवल्लभ ! हे क्रोधभैरव ! अब उसका प्रकार सुनिए। विद्वान् साधक बायीं ओर से दक्षिण ओर नव अङ्क (रेखा) खींचे। उसके मध्य में क्रमशः १७ अङ्क (रेखा) खींचे। फिर दक्षिणादि क्रम से इस प्रकार उक्त विद्याओं को लिखे ॥ १२६-१२७ ॥

अकारादिक्षकारान्तं सर्वस्मिन् मन्दिरे लिखेत्।
बालादिदेवताः[1] सर्वा भ्रामर्यन्ताश्च देवताः ॥ १२८ ॥
अस्याकाशविधे[2] गेहे सान्तनित्यं फलप्रदम्।
पुनर्विलोममार्गेण आदिक्षान्तार्णमन्दिरे ॥ १२९ ॥
रक्तदन्तादि श्रीविद्या मन्त्रान्तं विलिखेद् बुधः।
क्षकाराद्यनुलोमेन अकारान्तं लिखेत् ततः ॥ १३० ॥

सभी गृहों में अकार से लेकर क्षकारान्त वर्ण लिखे। फिर उसमें बाला देवता से प्रारम्भ कर भ्रामरी पर्यन्त देवता मन्त्र लिखे। इसके बीच में रहने वाले आकाश गृह में सान्त (मन्त्र) नित्य फलप्रद है। फिर अकारादि से लेकर क्षकारान्त गृह में विलोम रीति से रक्तदन्ता से लेकर श्री विद्या पर्यन्त मन्त्रों को लिखे। फिर उसी में अनुलोम क्रम से क्षकारादि वर्णों से प्रारम्भ कर उकारान्त अक्षरों को लिखे ॥ १२८-१३० ॥

पुनस्तच्छेषविद्याश्च शेषगेहे लिखेत् सदा।
कायशोधनमुख्यादि[3] शैलवासिनि मन्त्रकम् ॥ १३१ ॥
पञ्चविंशतिगेहस्थं गणयेत् साधकस्ततः।
गृहस्थमङ्कं वक्ष्यामि शृणु योगीशवल्लभ ॥ १३२ ॥

इसके बाद शेष गृहों में शेष विद्यायें लिखे। फिर काय शोधन मुख्य से आरम्भ कर शैलवासिनि पर्यन्त मन्त्र को लिखे। फिर साधक २५ गृहों में रहने वाले मन्त्रों की गणना करे। अब हे योगीशवल्लभ ! उन गृहों में रहने वाले अङ्कों को कहता हूँ उन्हें सुनिए।

बालागृहादिशेषान्तं मुनिहस्तविधौ गृहे।
क्रमेण शृणु तत्सर्वं सावधानावधारय ॥ १३३ ॥
दक्षिणावर्तयोगेन गणयेत् क्रमशो बुधः।
वसुसप्तपञ्चमेषुवह्निवेदानलस्तथा ॥ १३४ ॥
मुनिषष्ठाद्यवेदाश्च[4] सप्तेषुमुनयस्तथा।
पञ्चवेदेषुवसवो[5] वेदेषुवह्नयस्तथा ॥ १३५ ॥

---

१. वालादिदेवताः—इति श्लोकः क० पु० नास्ति।
२. युग्माकाशविधौ गेहे सन्ति नित्यं फलप्रदाः, इति क०।
३. कायशोधनमोक्षादि, इति क०।
४. पञ्चर्षिः वसुवालाश्च वेदपञ्चमषष्टकाः। वह्नयग्निबन्धुवसवः सप्ताष्टनवमास्तथा ॥ पञ्चवेदानङ्काश्च वेदवेदानलस्तथा। इति क० पु० अधिकः पाठः।
५. पञ्च वेदा इषवो बसवः।

वह्निवेदाश्च[1] सम्प्रोक्ता आकाशं तदनन्तरम् ।
आकाशानन्तरे गेहे अनलं परिकीर्तितम् ॥ १३६ ॥

बाला के गृह से लेकर शेष गृह पर्यन्त मुनि ७, हस्त २ अर्थात् कुल २७ गृहों में क्रमशः स्थापित किये जाने वाले अंकों को सावधान होकर सुनो—

बुद्धिमान् पुरुष इन गृहों की गणना दाहिनी ओर से करे । वसु ८, सप्त ७, पंचम ५, वह्नि ३, वेद ४, अनन्त ३, मुनि ७, षष्ठ ६, आद्य १, वेद ४, सप्त ७, इषु ५, मुनि ७, पञ्च ५, वेद ४, इषु ५, वसु ८, वेद ४, इषु ५, वह्नि ३, वह्नि ३, वेद ४—इन अंकों को स्थापित करे । इसके बाद आकाश है । आकाश के बाद अग्नि का गृह है ॥ १३३-१३६ ॥

तत्पश्चात् सर्वगेहेषु सर्वाङ्कं दक्षतः शृणु ।
वह्नि वह्निवेदवह्नि वेदवह्नय एव च ॥ १३७ ॥
श्रवणाक्षिवेदबाण[2] वेदेषु सप्तकस्तथा ।
षष्ठाष्टसप्तमाः प्रोक्ता वह्न्यग्नीषु मुनिस्तथा ॥ १३८ ॥
मुनीषु बाणवेदाश्च मुन्यग्निवह्नयस्तथा ।
वह्निवेदबाणसप्त अष्टाङ्कवेदबाणकाः ॥ १३९ ॥
पञ्चसप्तानलाग्निश्च वह्नीषुबाणबाणकाः ।
बाणवेदकान्तवेदकान्तश्रुतिचतुर्थकाः ॥ १४० ॥
रामर्षिमुनिषष्ठाश्च सप्तेषु रामवेदकाः ।
वेदसप्ताष्टवसवो नवमाष्टमसप्तमाः ॥ १४१ ॥
वह्न्यग्निवेदबाणाश्च वस्वष्टानलवेदकाः ।
सप्ताष्टमाश्च सम्प्रोक्ता गृहाङ्काः परिकीर्तिताः ॥ १४२ ॥

इसके बाद के सभी गृहों में दक्षिणावर्त क्रम से जिस प्रकार सभी अंक दिये जाने चाहिए, हे महाभैरव उन्हें सुनिए—वह्नि ३, वह्नि ३, वेद ४, वह्नि ३, वेद ४, वह्नि ३, श्रवण २, अक्षि २, वेद ४, बाण ५, वेद ४, इषु ८, सप्तक ७, षष्ठ ६, अष्ट ८, सप्तम ७, फिर वह्नि ३, अग्नी ३, इषु ५, मुनि ७, फिर मुनि ७, इषु ५, बाण ५, वेद ४, मुनि ७, अग्नि ३, वह्नि ३, वह्नि ३, वेद ४, बाण ५, सप्त ७, अष्ट ८, अंक ९, वेद ४, बाण ५, पंच ५, सप्त ७, अनल ३, अग्नि ३, वह्नि ३, इषु ५, बाण ५, बाण ५, बेदकान्त ३ या ५, वेदकान्त ३ या ५, श्रुति ४, चतुर्थक ४, राम ३, ऋषि ७ मुनि ७, षष्ठ ६, सप्त ७, इषु ५, राम ३, वेक ४, वेद ४, सप्त ७, अष्ट ८, वसु ८, नवम ९, अष्टम ८, सप्तम ७, वह्नि ३, अग्नि ३, वेद ४, बाण ५, वसु ८, अष्ट ८, अनल ३, वेदका ४, सप्त ७, अष्टम ८ ये अन्य गृहों में लिखे जाने वाले अंक मैंने कह दिया है ॥ १३७-१४२ ॥

येषां मनसि या विद्या सदा तिष्ठति भावने ।

---

१. वह्निपदेन त्रयः, वेदाश्चत्वारः, मध्यमपदलोपिसमासः ।

२. श्रुत्यग्निवेदवाणाश्च इति क० ।

तामाश्रित्य जपेद्विद्वान् तदा सिध्यति निश्चितम् ॥ १४३ ॥
स्वनाम देवतानाम पूरयेत् षोडशाङ्ककैः ।
हरेन्निजगृहस्थेन चाङ्केन साधकोत्तमः ॥ १४४ ॥
कृतशेषं बहुतरं शुभं देवस्य निश्चितम् ।
अल्पाङ्कसाधकस्यापि सौख्यमेव न संशयः ॥ १४५ ॥

जिनके मन में भावना द्वारा जिस विद्या का निवास होता है, विद्वान् साधक उसी का आश्रय ले कर जप करे तो वह निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता है । अपना नाम तथा मन्त्र देवता के नाम को १६ अङ्कों से पूर्ण करे । फिर उत्तम साधक अपने नाम वाले गृह के अङ्क से भाग देवे । यदि अधिक शेष आवे तो वे देवता शुभ करते हैं यह निश्चित है । साधक के लिए अल्पाङ्क शेष भी सुखकारी होता है इसमें संशय नहीं ॥ १४३-१४५ ॥

उक्तक्रमेण गणयेत् साधकः स्थिरमानसः ।
महाविद्यानायिकादियज्ञभूतादिसाधने[१] ॥ १४६ ॥
सम्प्रोक्तं चक्रसारञ्च सर्वतन्त्रेषु गोपितम् ।
ततश्चक्रविचारेण सिद्धिमाप्नोति साधकः ॥ १४७ ॥

साधक स्थिर बुद्धि से ऊपर कही गई विधि के अनुसार महाविद्या नायिका के साधन में, यज्ञ के साधन में तथा भूतादि साधनों में उक्त क्रम से ही गणना करे । हे सदाशिव ! सभी तन्त्रों में अत्यन्त गोपनीय चक्रसार हमने कहा, उस चक्र के विचार से साधक अवश्य ही सिद्धि प्राप्त करता है ॥ १४६-१४७ ॥

चतुष्चक्रम्

चतुश्चक्रं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व पार्वतीपते ।
वामदक्षिणयोगेन रेखापञ्चकमालिखेत् ॥ १४८ ॥

चतुष्चक्र—हे पार्वतीपते ! अब चतुष्चक्र कहती हूँ । बायीं ओर से दाहिनी ओर पाँच रेखा खींचे ॥ १४८ ॥

पूर्वपश्चिमभेदेन रेखाः पञ्च समालिखेत् ।
चतुष्कोष्ठे दक्षभागे चतुष्कोष्ठे च मन्त्रवित् ॥ १४९ ॥
तदधश्च चतुष्कोष्ठे तद्वामस्थे चतुर्गृहे ।
प्रलिखेत् क्रमशश्चाद्ये चतुर्मन्दिरमध्यके ॥ १५० ॥
शीघ्रञ्च शीतलं जप्तं सिद्धञ्चापि ततः परम् ।
अकारञ्च उकारञ्च लृसोकारं ततः परम् ॥ १५१ ॥
ऊर्द्ध्वस्थमिति वर्णं तु शीतलस्थं शृणु प्रभो ।
अकारञ्च उकारञ्च(लृ लॄ)सौकारञ्च ततः परम् ॥ १५२ ॥

---

१. महाविद्या च नायिकादयश्च यज्ञभूतादयश्च तेषां साधने ।

फिर पूर्वदिशा से पश्चिम दिशा में भी पाँच रेखा खींचे । फिर दाहिनी ओर के चार चार कोष्ठकों में तथा बायीं ओर के चार चार कोष्ठकों में साधक वर्णों को इस प्रकार लिखे—प्रथम चार मन्दिर में जिनकी १. शीघ्र, २. शीतल, ३. जप्त और ४. सिद्ध संज्ञा है। उसमें प्रथम गृह में उकार, ऊकार, लृकार तथा सौंकार लिखे । ये वर्ण शीघ्र अथवा ऊर्ध्वस्थ कोष्ठ में लिखे । हे प्रभो ! शीतल गृह में रहने वाले वर्णों को सुनिए वे अकार, उकार लृ लॄ सोकार हैं ॥ १४९-१५२ ॥

तदधो जपगेहस्थं वर्णं शृणु महाप्रभो ।
इकारञ्च ऋकारञ्च एकारञ्च ततः परम् ॥ १५३ ॥

उसके नीचे जपगृह में रहने वाले वर्णों को सुनिए । हे महाप्रभो ! इकार ऋकार उसके बाद एकार वर्ण हैं ॥ १५३ ॥

सिद्धगेहस्थितं वर्णं शृणु सर्वसुखप्रदम्[1] ।
तद्दक्षिणचतुर्गेहे स्थितान् वर्णान् वदामि तान् ॥ १५४ ॥
आह्लादञ्च प्रत्ययञ्च[2] मुखञ्च शुद्धमित्यपि ।
एतत्कुलस्थान् सर्वार्णान् शुभाशुभफलप्रदान् ॥ १५५ ॥

हे शङ्कर ! अब सिद्ध गृह में रहने वाले सर्वसुखप्रद वर्णों को सुनिए प्रथम उसके दक्षिण के चार गृहों में रहने वाले वर्णों को कहती हूँ । उनके क्रमशः आह्लाद प्रत्यय, मुख तथा शुद्ध नाम है । अब उन-उन गृहों में रहने वाले शुभाशुभ फल देने वाले उन सभी वर्णों को कहती हूँ ॥ १५४-१५५ ॥

ककारञ्च ऋकारञ्च[3] ॠकारञ्च ञकारकम् ।
आह्लादस्थमिति प्रोक्तं प्राप्तिमात्रेण सिद्धिदम् ॥ १५६ ॥
प्रत्ययस्थं गकारञ्च घकारं टठमित्यपि ।
मुखस्थं हि ङकारञ्च चकारं डढमित्यपि ॥ १५७ ॥

ककार ऋकार, ॠकार, अकार ये आह्लाद में रहने वाले वर्ण हैं जो प्राप्तिमात्र से सिद्धि प्रदान करते हैं । गकार, घकार, ट और ठ ये 'प्रत्यय' संज्ञक गृह में रहने वाले वर्ण हैं । ङकार, चकार, ड और ढ—ये मुख संज्ञक गृह के वर्ण हैं ॥ १५६-१५७ ॥

शुद्धस्थञ्च उकारञ्च जकारं णतमित्यपि ।
तदधःस्थं चतुर्गेहं लौकिकं सात्त्विकं तथा ॥ १५८ ॥
मानसिकं राजसिकं चतुर्गेहस्थितं त्विमम् ।
लौकिकस्थं थकारञ्च दकारञ्च मकारकम् ॥ १५९ ॥

---

१. सर्व सुखं प्रददाति इति—सर्वसुखप्रदम् ।
२. आह्लादञ्चावि प्रत्यायं सुखञ्च शुद्धमित्यपि । इति क० ।
३. रवकारञ्च इति क० ।

सात्त्विकस्थं धकारञ्च लकारञ्च यकारकम् ।
मानसिकञ्च शृणु भो पकारञ्च फमित्यपि ॥ १६० ॥

उकार, जकार, ण और त—ये 'शुद्ध' संज्ञक गृह में रहने वाले वर्ण हैं । उसके नीचे रहने वाले ४ गृह लौकिक, सात्त्विक, मानसिक, राजसिक हैं, जिनमें लौकिक गृह में रहने वाले थकार, दकार तथा मकार वर्ण हैं । धकार, लकार और यकार—ये सात्त्विक गृह के वर्ण हैं । हे प्रभो ! पकार, फ, म ये मानसिंहक गृह के वर्ण हैं ॥ १५८-१६० ॥

शृणु राजसिकत्वञ्च भकारं वनमित्यपि ।
तन्नामस्थं चतुर्गेहं शृणु पञ्चानन प्रभो ॥ १६१ ॥
सुप्तं क्षिप्तञ्च लिप्तञ्च दुष्टमन्त्रं प्रकीर्तितम् ।
ऊर्द्ध्वगेहस्थितान् वर्णमन्त्रान् गृह्णाति यो नरः ॥ १६२ ॥
वर्जयित्वा सुप्तमन्त्रं क्षिप्तं लिप्तञ्च दुष्टकम् ।
ऐहिके सिद्धिमाप्नोति परे मुक्तिमवाप्नुयात् ॥ १६३ ॥

हे प्रभो ! अब राजसिक गृह के वर्णों को सुनिए । वे भकार, व और न हैं । हे पञ्चानन प्रभो ! अब आगे के चार गृहों के नाम सुनिए ॥ १६१ ॥

उनके नाम सुप्त, क्षिप्त, लिप्त तथा दुष्ट मन्त्र हैं । उसमें प्रथम कहे गये ऊर्ध्व गृह स्थित वर्णों को जो साधक ग्रहण करते हैं । (द्र० १५१) । किन्तु सुप्त, क्षिप्त, लिप्त तथा दुष्ट अक्षर वाले मन्त्र का परित्याग कर देते हैं । उन्हें इस लोक में सिद्धि प्राप्त होती हैं तथा उस लोक में मोक्ष प्राप्त होता है ॥ १६२-१६३ ॥

यद्यभाग्यवशात्सुप्तादिषु गेहेषु लभ्यते ।
तदा मन्त्रं शोधयेद् वै सुप्तस्तम्भितकीलितैः ॥ १६४ ॥
वर्द्धितैर्दोषजालस्थैरशुभं भूतशुद्धये ।
भूतलिप्या पुटीकृत्या जप्त्वा सिद्धिं ततो लभेत्[१] ॥ १६५ ॥

यदि अभाग्य वश मन्त्र वर्ण सुप्तादि गृहों में प्राप्त होते हों तो उस मन्त्र को सुप्त स्तम्भित और कील से तथा बढे हुये दोष जालों से उत्पन्न उनके अशुभ की भूतशुद्धि के लिए साधक को भूतलिपि (द्र० ७. १-४) से संपुटित कर जप करना चाहिए । तब सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १६४-१६५ ॥

न तु वा वर्जयेद् गेहं चतुष्कं वर्णवेष्टितम् ।
सुप्तगेहस्थितं वर्णं शृणु पञ्चानन प्रभो ॥ १६६ ॥
वकारञ्च हकारञ्च ततोऽन्यद्गृहसंस्थितम् ।
शकारञ्च लकारञ्च क्षिप्तगेहस्थितद्वयम् ॥ १६७ ॥
धकारञ्च क्षकारञ्च लिप्तगेहस्थितं द्वयम् ।
दुष्टगेहस्थितं नाथ शकारगगनं तथा ॥ १६८ ॥

---

१. पूर्ववत् परस्मैपदम् ।

निजं सौभाग्ययुक्तं यत्तन्मन्त्रं तदुपाश्रयेत् ।

मन्त्र वर्ण से वेष्टित चौथा (सिद्ध) गृह कदापि वर्जित न करे ।

हे पञ्चानन प्रभो ! अब सुप्त गेह में स्थित वर्णों को सुनिए । नकार और हकार सुप्त गेह स्थित वर्ण हैं । उससे अन्य क्षिप्त गृह में रहने वाले शकार तथा लकार ये दो वर्ण है । धकार तथा क्षकार ये दो वर्ण लिप्त गृह में रहने वाले हैं । इसी प्रकार, हे नाथ ! शकार तथा गगन (ह) ये दुष्टगृह में रहने वाले वर्ण हैं । इस प्रकार जो मन्त्र अपने सौभाग्य से युक्त हो उसी का आश्रय ग्रहण करना चाहिए ॥ १६६-१६८ ॥

सूक्ष्मचक्रम्

सूक्ष्मचक्रं प्रवक्ष्यामि हिताहितफलप्रदम् ॥ १६९ ॥
एतदुक्ताक्षरं शम्भो गृहीत्वा जपमाचरेत् ।
वामदक्षिणमारभ्य सप्तरेखाः समालिखेत् ॥ १७० ॥

सूक्ष्मचक्र—अब शुभाशुभ फल देने वाले **सूक्ष्म चक्र** को कहती हूँ । हे शम्भो ! इसमें आये हुये अक्षरों वाले मन्त्र को ग्रहण कर जप करना चाहिए । बायी ओर से दाहिनी ओर सात रेखा खींचे ॥ १६९-१७० ॥

भित्वा तदङ्कान् मन्त्री च रेखाचतुष्टयं लिखेत् ।
दक्षिणादिक्रमेणैव बद्धमन्दिरमध्यके ॥ १७१ ॥
मन्त्राक्षराणि विलिखेदङ्काचारेण साधकः ।
तदङ्कं शृणु यत्नेन नराणां भुक्तिमुक्तिदम् ॥ १७२ ॥

फिर मन्त्रज्ञ साधक उन रेखाओं को काटते हुये चार रेखा खीचें । इस प्रकार बने हुये उन उन गृहों में दाहिनी ओर से अङ्कों के अनुसार मन्त्रों के अक्षरों को साधक लिखे । हे शिव ! उन उन अङ्कों को प्रयत्नपूर्वक सुनिए । जो मनुष्य को भोग तथा मोक्ष देने वाले हैं ॥ १७१-१७२ ॥

प्रथमे मन्दिरे नाथ भुजाङ्कं विलिखेत्ततः ।
विष्णुमन्त्रादिगेहे च वेदाङ्कं विलिखेद् बुधः ॥ १७३ ॥
तत्पश्चादष्टमाङ्कं च भुजाधः षष्ठमेव च ।
तद्गेहं शङ्करस्यापि तत्पश्चाद्दशमं गृहे ॥ १७४ ॥

हे नाथ ! प्रथम गृह में मन्त्र का दूसरा अक्षर लिखे । इसके बाद विष्णु मन्त्रादि गृह में चौथा अक्षर लिखे । इसके बाद **आठवाँ** अक्षर लिखे । फिर दूसरे के नीचे छठाँ अक्षर लिखे वह गृह शङ्कर का भी है, इसके पीछे वाले गृह में दशवाँ अक्षर लिखे ॥ १७३-१७४ ॥

तत्पश्चाद्द्वादशाङ्कञ्च नायिकास्थानमेव च ।
षष्ठाधोयुगलाङ्कञ्च तत्पश्चादष्टमं तथा ॥ १७५ ॥
तद्गृहं शम्भुना व्यस्तं तत्पश्चादष्टमं तथा ।
युगलाधोगृहे चापि चतुर्दशाक्षरं तथा ॥ १७६ ॥

तद्दक्षिणे सूर्यगेहं चतुर्दशाक्षरान्वितम् ।
तत्पश्चात् षोडशाङ्कञ्च पुनरङ्कं लिखेत्ततः ॥ १७७ ॥
तद्दक्षिणे वेदवर्णं तत्पश्चादष्टमाक्षरम् ।
ब्रह्ममन्दिरमेवं तत् षोडशाधः पुनः शृणु ॥ १७८ ॥

इसके बाद बारहवाँ अक्षर लिखे जो नायिका का स्थान कहा जाता है, छठे अक्षर के नीचे दूसरा अक्षर लिखे । इसके पश्चात् **आठवाँ** अक्षर लिखे । वह गृह भी शंभु से व्यस्त है । इसके पश्चात् आठवाँ अक्षर लिखे इसके बाद दो के नीचे वाले गृह में १४ वाँ अक्षर लिखे । उसके दक्षिण सूर्य में चौदहवें अक्षर को लिखे । इसके बाद १६ वाँ अक्षर लिखे । फिर अङ्कों को लिखे । और उसके दक्षिण चौथा वर्ण और उसके बाद अष्टमाक्षर लिखे । इसी प्रकार ब्रह्म मन्दिर भी है अब १६ के नीचे फिर सुनिए ॥ १७५-१७८ ॥

अष्टमाङ्कं ततो युग्ममष्टादशाक्षरं ततः ।
प्रथमस्थं द्वितीयस्थं गृह्णीयाद् शुभदं स्मृतम् ॥ १७९ ॥
तृतीयस्थं महापापं सर्वमन्त्रेषु कीर्तितम् ।
द्वितीयं प्रथमं दुःखं तृतीयं सर्वभाग्यदम् ॥ १८० ॥

अष्टम अङ्क का अक्षर लिखे, इसके बाद दूसरा, फिर १८ वाँ अक्षर लिखे ।

सूक्ष्मचक्र का फलविचार—प्रथम में रहने वाला तथा द्वितीय में रहने वाला मन्त्राक्षर ग्रहण करे क्योंकि वह कल्याणकारी कहा गया है । तृतीय में रहने वाला मन्त्र वर्ण महापाप कारक है । ऐसा सभी मन्त्रों में कहा गया है । द्वितीय तथा प्रथम दुःखकारक है । किन्तु तृतीय सर्व सौभाग्य प्रदान करने वाला है ॥ १७९-१८० ॥

तृतीयञ्च तथा नाथ गृह्णीयान्निजसिद्धये ।
तृतीये प्रथमं भद्रं द्वितीयं दुःखदायकम् ॥ १८१ ॥
तृतीयञ्च तथा प्रोक्तमष्टाक्षरगृहं भयम् ।
चतुर्दशाक्षरं भद्रं सूर्यमन्त्रं द्वितीयकम् ॥ १८२ ॥

इसलिए, हे नाथ ! अपनी सिद्धि के लिए तृतीय अवश्य ग्रहण करे । तृतीय में प्रथम तृतीय कल्याणकारी है और द्वितीय तृतीय दुःखदायी है । तृतीय तथा अष्टाक्षर वाला गृह भयदायक है । द्वितीय में रहने वाला १४ वाँ अक्षर वाला सूर्य मन्त्र कल्याण देने वाला है ॥ १८१-१८२ ॥

तृतीयस्थं षोडशाङ्के महाकल्याणदायकम् ।
अष्टमूर्तिः[१] षोडशाङ्के चतुर्थे शत्रुमारणम् ॥ १८३ ॥
तृतीयगृहमध्यस्थं ब्रह्मकल्याणदायकम् ।
वस्वक्षरं[२] सर्वशेषगृहमध्यस्थमेव च ॥ १८४ ॥

---

१. अधोमुक्तिम् इति क० ।

२. वसूनि = अष्टौ अक्षराणि यस्मिन् ।

अष्टमञ्च महाभद्रं[१] क्षमं चित्तभयप्रदम् ।
अष्टादशाङ्कं शुभदं शेषगेहत्रये तथा ॥ १८५ ॥

तृतीय में रहने वाला १६ वाँ अक्षर वाला मन्त्र महाकल्याणदायक है । चतुर्थ में १६ वाँ अक्षर वाला अष्टमूर्ति मन्त्र शत्रुओं का मारक है । यदि वही तृतीय गृह मध्यस्थ हो, तो महाकल्याण कारक है । सर्वशेष गृह के मध्य में रहने वाला आठ अक्षर वाला मन्त्र का अष्टम अक्षर महाभद्र है । क्ष तथा म वर्ण चित्त को भय देने वाले हैं तथा शेष तीन गृहों में अठारहवाँ अक्षर शुभकारी हैं ॥ १८३-१८५॥

येषां यदक्षराणाञ्च मन्त्रं चेतसि वर्तते ।
एतत् शुभाशुभं ज्ञात्वा मन्त्रवर्णं[२] तदाभ्यसेत् ॥ १८६ ॥
विष्णुमन्त्रस्थितं[३] मन्त्रं नायिकास्थं शिवस्थकम् ।
सूर्यस्थं ब्रह्मसंस्थञ्च गृह्णीयात् शाक्त एव च ॥ १८७ ॥

जिन साधकों के चित्त में जिन-जिन अक्षरों वाले मन्त्र की कामना हो, उनके शुभाशुभ फल को जान कर ही मन्त्र वर्णों का अभ्यास करना चाहिए । विष्णु-मन्त्र में स्थित मन्त्र, नायिका (महाविद्या मन्त्र) में स्थित महामन्त्र, शिवमन्त्र में स्थित मन्त्र, इसी प्रकार सूर्य में रहने वाले तथा ब्रह्म में रहने वाले मन्त्रों को केवल शाक्त साधक ही ग्रहण करने का अधिकारी है ॥ १८६-१८७ ॥

वैष्णवो विष्णुमन्त्रार्थं शैवः शिवमुपाश्रयेत् ।
नायिकामन्त्रजापी[४] च नायिकार्णं सदाभ्यसेत् ॥ १८८ ॥
सूर्यमन्त्रविचारार्थी सूर्यमन्त्रं समाश्रयेत् ।

सामान्यतया वैष्णव विष्णु मन्त्र का तथा शैव केवल शैव मन्त्रों के ग्रहण का अधिकारी है । इसी प्रकार महाविद्याओं के मन्त्र का जप करने वाला नायिका मन्त्रों का अभ्यास करे । सूर्य मन्त्र का भक्त सूर्य मन्त्र का अभ्यास करे ॥ १८८-१८९ ॥

एकस्थं युगलस्थानं तृतीयस्थानमेव च ॥ १८९ ॥
ज्ञात्वा[५] मन्त्रं प्रगृह्णीयात् अन्यथा चाशुभं भवेत् ।
एतदन्यतमं मन्त्रं दिव्यवीरेषु गीयते ॥ १९० ॥

एक स्थान में, दो स्थान में तथा तृतीय स्थान में स्थित मन्त्रों का ज्ञान कर ही मन्त्र ग्रहण करे । अन्यथा अनिष्ट की आशङ्का बनी रहती है । दिव्य तथा वीर पथ का

---

१. युग्मम् इति क० ।
२. मन्त्रमार्ग इति क० ।
३. विष्णुशब्दस्थितं इति क० ।
४. नायिकामन्त्रं जपति तच्छीलः, नायिकामन्त्रजापी, णिनिप्रत्ययस्ताच्छील्यद्योतकः ।
५. कृत्वा इति क० ।

उपासक इस (सूक्ष्मचक्र) में परीक्षित किसी भी मन्त्र को ग्रहण करे—ऐसा उनके संप्रदाय का कथन है ॥ १८९-१९० ॥

ततश्चक्रं पशोरुक्तं सर्वसिद्धिप्रदं ध्रुवम् ।
एतच्चक्रप्रभावेण पशुर्वीरोपमः स्मृतः ॥ १९१ ॥
सर्वसिद्धियुतो भूत्वा वत्सरात्तां प्रपश्यति ॥ १९२ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महामन्त्रोद्दीपने सर्वचक्रानुष्ठाने सिद्धमन्त्रप्रकरणे भावनिर्णये भैरवीभैरवसंवादे चतुर्थः पटलः ॥ ४ ॥

— ❖ —

इसके बाद पाशुपतों का चक्र है जो निश्चय ही सर्वसिद्धिप्रद है । इस पाशुपत चक्र के प्रभाव से पाशुपत वीर मार्ग के उपासक के समान हो जाता है । ऐसा करने से भी साधक सर्वसिद्धियाँ प्राप्त कर संवत्सर के अन्त में शक्ति का दर्शन प्राप्त कर लेता है ॥ १९१-१९२ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सर्वचक्रानुष्ठान में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भावनिर्णय में भैरवी भैरव संवाद में चतुर्थपटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४ ॥

— ❖ —

अथ पञ्चमः पटलः

महाकथहचक्रार्थं सर्वचक्रोत्तमोत्तमम् ।
यस्य विचारमात्रेण कामरूपी भवेन्नरः ॥ १ ॥

महा अकथह नामक यह चक्र सभी उत्तम चक्रों की अपेक्षा श्रेष्ठ है, जिसका विचार करने मात्र से मनुष्य इच्छानुसार रूप धारण कर सकता है ॥ १ ॥

मन्त्रसंस्कारार्थे महा-अकथहचक्रम्

ततः प्रकारं वीराणां नाथः त्वं क्रमशः शृणु ।
चतुरस्रे लिखेत् वर्णांश्चतुःकोष्ठसमन्विते ॥ २ ॥
चतुःकोष्ठे चतुःकोष्ठे चतुश्चतुर्गृहान्वितम् ।
मन्दिरं षोडशं प्रोक्तं सर्वकामार्थसिद्धिदम् ॥ ३ ॥

आप वीरों के नाथ हैं । उस **अकथह चक्र के रचना की विधि** सुनिए—पहले चतुष्कोष्ठ, फिर उसमें भी चतुः कोष्ठ, फिर उसमें पुनः चतुः कोष्ठ, फिर उसमें भी चार गृह बनावे । इस प्रकार कुल १६ गृह का निर्माण काम और अर्थ की सिद्धि देने वाला कहा गया है ॥ २-३ ॥

चतुरस्रं[१] लिखेत्कोष्ठं चतुःकोष्ठसमन्वितम् ।
पुनश्चतुष्कं तत्रापि लिखेद्धीमान् क्रमेण तु ॥ ४ ॥
सर्वेषु गृहमध्येषु प्रादक्षिण्यक्रमेण तु ।
अकारादिक्षकारान्तं लिखित्वा गणयेत्ततः ॥ ५ ॥

चार कोष्ठक से युक्त प्रथम चतुर्भुज, फिर द्वितीय चतुःकोष्ठ समन्वित चतुर्भुज में धीमान् पुरुष क्रम से प्रदक्षिण क्रमपूर्वक सभी घरों में अकारादि क्षकारान्त वर्णों को लिखकर तदनन्तर गणना करे ॥ ४-५ ॥

चन्द्रमग्निं रुद्रवर्णं नवमं युगलं तथा ।
वेदमर्कं दशरसं वसुं षोडशमेव च ॥ ६ ॥
चतुर्दशं भौतिकञ्च सप्तपञ्चदशेति च ।
वह्नीन्दुकोष्ठगं वर्णं सङ्केताङ्कैः मयोदितम् ॥ ७ ॥

---

१. चतुष्कोणमित्यर्थः ।

एतदङ्कस्थितं वर्णं गणयेत्तदनन्तरम् ।
नामाद्यक्षरमारभ्य यावन्मन्त्रादिमाक्षरम् ॥ ८ ॥

१, ३, ११, ९, २, ४, १२, १०, ६, ८, १६, १४, ५, ७, १५ तथा १३ वें अङ्क वाले कोष्ठकों में क्रमशः अकारादि वर्णों को लिखे । यहाँ कोष्ठकों का सङ्केत अङ्कों से किया गया है । क्रमशः इन अङ्कों में वर्णों को लिख कर तदनन्तर नामाक्षर के आदि अक्षर से आरम्भ कर मन्त्र के आदि अक्षर तक गणना करे ॥ ६-८ ॥

चतुर्भिः कोष्ठैरेकैकमिति कोष्ठचतुष्टयम् ।
पुनः कोष्ठगकोष्ठेषु [1] सत्यतो नाम्न आदितः ॥ ९ ॥
सिद्धः साध्यः सुसिद्धोऽरिः क्रमशो गणयेत्सुधीः ।
सिद्धः सिद्ध्यति कालेन साध्यस्तु जपहोमतः ॥ १० ॥

चार कोष्ठों द्वारा एक-एक नाम, इस प्रकार चार कोष्ठक में आदि से लेकर पुनः एक-एक कोष्ठ से दूसरे कोष्ठ में नाम की गणना करे । प्रथम कोष्ठ सिद्ध, दूसरा साध्य, तीसरा सुसिद्ध और चौथा अरि इस क्रम से विद्वान् साधक गणना करे । सिद्ध मन्त्र समय से सिद्ध हो जाता है और साध्य मन्त्र जप होम से सिद्ध हो जाता है ॥ ९-१० ॥

सुसिद्धोऽग्रहणाज्ज्ञानी शत्रुर्हन्ति स्वमायुषम् ।
सिद्धार्णो बान्धवः प्रोक्तः साध्यः सेवक उच्यते ॥ ११ ॥
सिद्धकोष्ठस्थिता वर्णा बान्धवाः सर्वकामदाः ।
जपेन बहुसिद्धिः स्यात् सेवकोऽधिकसेवया ॥ १२ ॥

सुसिद्ध मन्त्र दीक्षा ग्रहण मात्र से ज्ञान करा देता है । किन्तु शत्रु मन्त्र साधक का आयुष्य समाप्त कर देता है । सिद्ध मन्त्र बान्धव कहा गया है और साध्य मन्त्र सेवक कहा जाता है । सिद्ध कोष्ठक में रहने वाले सभी वर्ण बान्धव कहे जाते हैं; जो सारी कामनाओं की पूर्ति करते हैं । उसके जप मात्र से सिद्धि लाभ हो जाता है । किन्तु सेवक वर्ण बहुत सेवा से सिद्धि प्रदान करते हैं ॥ ११-१२ ॥

पुष्णाति पोषकोऽभीष्टो घातको नाशयेद् ध्रुवम् ।
सिद्धः सिद्धो यथोक्तेन द्विगुणः सिद्धसाधकः ॥ १३ ॥
सिद्धः सुसिद्धोदूर्ध्वजपात् सिद्धारिर्हन्ति बान्धवान् ।
साध्यः सिद्धो द्विगुणकः साध्ये साध्यो निरर्थकः ॥ १४ ॥

सुसिद्ध वर्ण पोषक हैं, अभीष्ट हैं और साधक का पोषण करते हैं । अरि वर्ण घातक हैं निश्चय ही वे साधक का वध कर देते हैं ।

अब पुनः **उसके चार भेद** कहते हैं—१. सिद्धासिद्ध वर्ण तो उक्त प्रकार से सिद्ध हो जाते हैं, २. सिद्ध-साध्य द्विगुणित जप से सिद्ध होता है । ३. सिद्ध-सुसिद्ध जप के अनन्तर

---

१. कोष्ठं गच्छन्ति—कोष्ठगानि, गमेर्डः । कोष्ठगानि च कोष्ठानि चेति कर्मधारयः ।

सिद्ध होता है, किन्तु ४. सिद्धारि समस्त बान्धवों का विनाश कर देता है । इस प्रकार साध्य सिद्ध तो दूने जप से सिद्ध होता है, किन्तु साध्य-साध्य निरर्थक है ॥ १३-१४ ॥

तत्सुसिद्धो द्विगुणजपात् साध्यारिर्हन्ति गोत्रजान् ।
सुसिद्धसिद्धोद्र्ध्वजपात्तत्साध्यो द्विगुणाधिकात् ॥ १५ ॥

निष्कर्षतः साध्य सुसिद्ध दूने जप से सिद्ध होता है किन्तु साध्य अरि बान्धवों का विनाश करता है । सुसिद्ध सिद्ध जप से, सुसिद्ध-साध्य दुगुने से भी अधिक जप से सिद्ध होता है ॥ १५ ॥

तत्सुसिद्धो ग्रहादेव सुसिद्धारिः स्वगोत्रहा ।
अरिः सिद्धः सुतान् हन्यादरिसाध्यस्तु कन्यकाः ॥ १६ ॥
तत्सुसिद्धिस्तु पत्नीघ्नस्तदरिर्हन्ति गोत्रजान्[१] ।

सुसिद्ध-सिद्ध ग्रहण मात्र से सिद्ध हो जाता है, किन्तु सुसिद्धारि साधक के गोत्र का वध कर देता है, अरि-सिद्ध साधक के पुत्रों का तथा अरि-साध्य मन्त्र तो साधक के कन्या का विनाश करता है । अरि-सुसिद्ध पत्नीहन्ता होता है । अरि-अरि वर्ण बान्धवों (गोत्रजों) का विनाश करता है ॥ १६-१७ ॥

विमर्श—मन्त्रमहोदधि २४. १-२० में इसका विस्तृत विवेचन है ।

यदि वैरिमनोर्हस्तस्थितः स्यात् साधको भुवि ॥ १७ ॥
तदन्ते रक्षणार्थं हि कुर्यादिवं क्रियादिकम् ।

अरिमन्त्र से रक्षा के उपाय—यदि कदाचित् साधक को शत्रु मन्त्र दीक्षा द्वारा प्राप्त हो गया हो तो उससे अपनी रक्षा के लिए इस प्रकार की क्रिया करनी चाहिए ॥ १७-१८ ॥

तत्प्रकारं महावीर शृणुष्व गिरिजापते ॥ १८ ॥
वटपत्रे लिखित्वारिमन्त्रं[२] स्रोतसि निक्षिपेत् ।
एवं मन्त्रविमुक्तः स्यान्ममाज्ञावशहेतुना ॥ १९ ॥

हे गिरिजापते ! हे महावीर ! अब अरिमन्त्र से छुटकारा पाने के विधान सुनिए । (१) अरिमन्त्र को वटपत्र पर लिख कर नदी के प्रवाह में छोड़ देना चाहिए । इस प्रकार से साधक को शत्रु मन्त्र से छुटकारा मिल जाता है । उसमें मेरी आज्ञा ही हेतु है ॥ १८-१९ ॥

पुनः प्रकारं विप्रस्तु गवां क्षीरे मुदान्वितः ।
द्रोणमिते जपेन्मन्त्रमष्टोत्तरसमन्वितम् ॥ २० ॥
पीत्वा क्षीरं मनोमध्ये ध्यात्वा मन्त्रं समुच्चरन् ।
सन्त्यजन्नीरमध्ये तु वैरिमन्त्रप्रमुक्तये ॥ २१ ॥

(२) अब इसके अतिरिक्त उस मन्त्र से छुटकारा पाने का दूसरा उपाय यह है कि द्रोण परिमाण वाले गौ के दूध में १०८ बार मन्त्र का जाप कर उस दूध को पीते हुये मध्य में

---

१. साधकम् इति क० । २. अरिः शत्रुः तन्मारकं मन्त्रम्, मध्यमपदलोपिसमासः ।

मन्त्र का ध्यान कर फिर उस का उच्चारण करते हुये वैरि मन्त्र से विमुक्ति के लिए पानी में कुल्ला करते हुये छोड़ देवे ॥ २०-२१ ॥

पुनः प्रकारं वक्ष्यामि त्रिरात्रमेकवासरम् ।
उपोष्य विधिनानेन पूजां कृत्वा शनौ कुजे ॥ २२ ॥
सहस्रं वा शतं वापि अष्टोत्तरसमन्वितम् ।
जपित्वा सन्त्यजेन्मन्त्रं क्षीरसागरमण्डले ॥ २३ ॥
अथवा तद्गुरोः स्थाने चान्यस्थाने च वा पुनः ।
विचार्य मन्त्रवर्णञ्च गृहीत्वा मोक्षमाप्नुयात् ॥ २४ ॥

(३) इसके अतिरिक्त अब तीसरा एक प्रकार और कहता हूँ । तीन रात अथवा एक रात उपवास करे । फिर शनिवार अथवा मङ्गल के दिन पूजा कर १००८ अथवा १०८ की संख्या में अरिमन्त्र का जप कर उस मन्त्र को क्षीर सागर के मण्डल में छोड़ देवे । अथवा उस मन्त्र के देने वाले गुरु के घर अथवा किसी अन्य स्थान पर उस मन्त्र को छोड़ देवे । फिर चक्र पर विचारे हुये मन्त्र को ग्रहण करने से साधक दोष विमुक्त हो जाता है ॥ २२-२४ ॥

स्वप्ने यदि महामन्त्रं प्राप्नोति साधकोत्तमः ।
तदा सिद्धिमवाप्नोति सत्यं सत्यं कुलेश्वर ॥ २५ ॥
तन्मन्त्रं कौलिके नाथ गुरोर्यत्नेन सङ्ग्रही ।
यदा भवति सिद्धिः स्यात्तत्क्षणान्नात्र संशयः ॥ २६ ॥

यदि किसी उत्तम साधक को स्वप्न में किसी महामन्त्र की प्राप्ति हो जावें तो उस मन्त्र से उसको अवश्य सिद्धि लाभ हो जाता है । हे कुलेश्वर ! यह सत्य है, यह सत्य है । इसमें संशय नहीं । हे नाथ ! हे गुरो ! किसी कुलिक (शाक्त) से यदि यत्नपूर्वक मन्त्र लिया जाय तो जब लिया जाता है उसी समय सिद्धि हो जाती है, इसमें संशय नहीं ॥ २५-२६ ॥

अरिं वा देवदेवेश यदि विग्राहयेन्मनुम् ।
अन्यमन्त्रं विचार्यैव विष्णोश्चैव शिवस्य च ॥ २७ ॥
शक्तिमन्त्रं यदि रिपुं तदा एवं प्रकारकम् ।
आदावन्ते च मध्ये च ॐ वौषट् स्वाहयान्वितम् ॥ २८ ॥

हे देवदेवेश ! शत्रु मन्त्र, विग्रह कराने वाला मन्त्र, विष्णु का मन्त्र, शिव का मन्त्र अथवा अन्य मन्त्र विचार कर ग्रहण करना चाहिए । शाक्त मन्त्र यदि चक्र पर परीक्षा करने से शत्रु का फल देने वाला हो तो उसका विचार इस प्रकार करना चाहिए । उस शाक्त मन्त्र के आदि में ॐ मध्य में 'वौषट्' तथा अन्त में 'स्वाहा' से युक्त करे ॥ २७-२८ ॥

कृत्वा जप्त्वा[१] महासिद्धिं कामरूपस्थितामिव ।
प्राप्नोति नात्र सन्देहो ममाज्ञा वरवर्णिनी ॥ २९ ॥

---

१. जपधातुः सेट्कोऽपि पृषोदरादित्वादिटं न लेभे ।

शिव जी कहते हैं, तदनन्तर हे वरवर्णिनि! ऐसा कर जप करने से साधक इच्छानुसार रूप धारण करते हुये महासिद्धि को प्राप्त कर लेता है, इसमें संदेह नहीं ऐसी मेरी आज्ञा है ॥ २९ ॥

चक्रफलकथनम्

शृणु चक्रफलं नाथ विचाराचारमङ्गलम् ।
प्रासादञ्च महामन्त्रं सद्गुरोर्मुखपङ्कजात् ॥ ३० ॥
लभ्यते यदि भाग्येन सिद्धिरेव न संशयः ।
तदभावे सिद्धिमन्त्रं दृष्टादृष्टफलोन्मुखम् ॥ ३१ ॥

चक्रों के फल—हे नाथ ! अब विचार और आचार से मङ्गल रूप वाले चक्र फलों को सुनिए । सद्गुरु के मुखपङ्कज से निकला हुआ प्रसाद रूप महामन्त्र यदि भाग्यवश मिल जावे तो सिद्धि अवश्य होती है इसमें संशय नहीं । उसके अभाव में सिद्धि का मन्त्र दृष्ट फल और अदृष्ट फल प्रदान करने के लिए उन्मुख करता है ॥ ३०-३१ ॥

महाचमत्कारकरं हृदयोल्लासवर्द्धनम् ।
स्वप्ने वा सद्गुरोः स्थाने प्राप्तिमात्रेण मुक्तिदम् ॥ ३२ ॥

यदि महागुरु के स्थान पर स्वप्न में कोई मन्त्र प्राप्त हो जावे तो वह महान् चमत्कारी होता है हृदय में प्रसन्नता को बढ़ाता है । किं बहुना, प्राप्त होने मात्र से वह साधक को मुक्ति प्रदान करता है ॥ ३२ ॥

तन्मन्त्रं वर्जयित्वा च घोरान्धकाररौरवे ।
वसन्ति सर्वकालं च ममाज्ञावशभागिनी ॥ ३३ ॥

स्वप्न लब्ध मन्त्र का जो परित्याग करता है, वह मेरी आज्ञा का वशवर्ती न हो कर घोरान्धकार युक्त रौरव नरक में निवास करता है ॥ ३३ ॥

तत्रैव चक्रसारादि विचारं व्यर्थभाषणम् ।
अरिमन्त्रं महापुण्यं सर्वमन्त्रोत्तमोत्तमम् ॥ ३४ ॥

उस मन्त्र के विषय में चक्र सारादि का विचार व्यर्थ भाषण के सदृश है । स्वप्नलब्ध चाहे अरि मन्त्र ही क्यों न हो महा पुण्यदायक होता है और वह सभी उत्तमोत्तम मन्त्रों से भी श्रेष्ठ है ॥ ३४ ॥

कोटिजन्मार्जितैः पुण्यैर्महाविद्याश्रयी भवेत् ।
स्वप्ने कोटिकुलोत्पन्नैः पुण्यकोटिफलैरपि ॥ ३५ ॥
प्राप्नोति साधको मन्त्रं भुक्तये मुक्तये ध्रुवम् ।
ततश्चक्रं न विचार्यं विचार्य मरणं भवेत् ॥ ३६ ॥

करोड़ों जन्मों में किए गये पुण्य के प्रभाव से मनुष्य को महाविद्या का आश्रय प्राप्त होता है और करोड़ों कुलों में उत्पन्न होकर करोड़ों पुण्यों के फल से साधक को स्वप्न में मन्त्र की प्राप्ति होती है, जो निश्चय ही भुक्ति और मुक्ति के लिए होती है । इसलिए

स्वप्नलब्ध मन्त्र का चक्र पर विचार नहीं करना चाहिए। यदि चक्र पर विचार करे तो निश्चय ही मरण होता है ॥ ३५-३६ ॥

किन्तु चक्रविचारञ्च यदि स्वप्ने चमत्कृतम्।
एतेषां चक्रवर्णानां विचारादष्टसिद्धिदम् ॥ ३७ ॥

यदि स्वप्न में कोई चमत्कार युक्त मन्त्र का दर्शन हो तो ऊपर कहे गये चक्रों द्वारा विचार किया जा सकता है। क्योंकि इस (अकथह) चक्र में विचारे गये वर्ण आठों प्रकार की सिद्धियाँ प्रदान करते हैं ॥ ३७ ॥

वायुं मुक्तिं धनं योगसिद्धिमृद्धिं धनं शुभम्।
धर्मदेहपवित्रञ्च अकाले मृत्युनाशनम् ॥ ३८ ॥
वाञ्छाफलप्रदं गौरीचरणाम्भोजदर्शनम्।
भुक्तिं मुक्तिं हरस्थानं प्राप्नोति नात्र संशयः ॥ ३९ ॥

वायु, मुक्ति धन, योगसिद्धि ऋद्धि, धन, शुभ, धर्म और देह की पवित्रता, अकाल में होने वाली मृत्यु से मुक्ति और अभीष्ट सिद्धि, गौरीचरणाम्भोज के दर्शन, भुक्ति, मुक्ति और शिव सायुज्य इतने फल चक्र से विचार किए गए वर्ण से प्राप्त होते हैं, इसमें संशय नहीं ॥ ३८-३९ ॥

एषां चक्रादिकालञ्च क्रमशो गणितं फलम्।
यदि सर्वविचारञ्च करोति साधकोत्तमः ॥ ४० ॥
तदा सर्वफलं नित्यं प्राप्नोति नात्र संशयः।

यदि साधकोत्तम दीक्षा के समय सभी प्रकार का विचार करे तो इन चक्रादिकाल का गणना से फल होता है। गणना करने से अच्छे बुरे सभी प्रकार के फल की प्राप्ति होती है, इसमें संशय नहीं ॥ ४०-४१ ॥

महाव्रतं[१] विवेकञ्च विचाराल्लभते ध्रुवम् ॥ ४१ ॥
अकस्मात् सिद्धिमाप्नोति चक्रराजं विचारतः।
सर्वे देवाः प्रशंसन्ति चक्रमन्त्राश्रितं[२] जलम् ॥ ४२ ॥
वाक्यसिद्धिर्भवेत् क्षिप्रं प्राणायामादिसिद्धिभाक्[३]।
सर्वेषां प्रणमेद् भूमौ विचरेत् साधको बली ॥ ४३ ॥

निश्चय ही चक्रराज के विचार से अकस्मात् सिद्धि महान् व्रत और विवेक की प्राप्ति होती है। सभी देवता गण चक्रमन्त्र से अभिमन्त्रित जल की प्रशंसा करते हैं। साधक को वाक्य की सिद्धि होती है। वह प्राणायामादि के द्वारा समस्त सिद्धियाँ प्राप्त

---

१. महाप्रभावमेकञ्च इति ग०।

२. चक्रमन्त्रमाश्रितम्, गम्यादीनामुपसंख्यानमिति द्वितीयान्तस्य समासः।

३. प्राणायामादिसिद्धि भजते इति भजो णिप्रत्ययः।

कर लेता है । सब लोग उसे प्रणाम करते हैं और वह सभी से बलवान् होकर पृथ्वी पर विचरण करता है ॥ ४१-४३ ॥

इति ते कथितं नाथ चक्रं षोडशमङ्गलम् ।
चक्रणां लोकनादेव सायुज्यपदमाप्नुयात् ॥ ४४ ॥
अतो विचारं सर्वत्र सर्वचक्रादिमङ्गलम् ॥ ४५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सर्वचक्रानुष्ठाने
सिद्धितन्त्रप्रकरणे पञ्चम पटलः ॥ ५ ॥

हे नाथ ! इस प्रकार मङ्गल देने वाले षोडश चक्रों का वर्णन हमने किया । इन चक्रों के विषय में बहुत क्या कहें इनके दर्शन मात्र से सायुज्य पदवीं प्राप्त होती हैं । इसलिए सभी मन्त्र ग्रहण काल में सर्व चक्रादि से मङ्गलकारी मन्त्र का विचार करना चाहिए ॥ ४४-४५ ॥

**॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सर्वचक्रानुष्ठान में
सिद्धमन्त्रप्रकरण में पाँचवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय
कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५ ॥**

अथ षष्ठः पटलः

भैरव उवाच

अथ भावं वद श्रीदे दिव्यवीरपशुक्रमात् ।
पशूनां परमाश्चर्यभावं श्रोतुं समुत्सुकः ॥ १ ॥
इच्छाम्याह्लादजलधौ स्थितोऽहं जगदीश्वरि ।
यदि भाग्यवशादाज्ञासारं चिन्तय सिद्धये ॥ २ ॥

भैरव ने कहा—हे श्री देने वाली महाभैरवि ! अब दिव्य, वीर और पशु के क्रम से भावों का वर्णन कीजिए । विशेष कर मैं आश्चर्य सम्पन्न पशुभाव के विषय में सुनने के लिए उत्सुक हूँ । हे जगदीश्वरि ! यदि भाग्यवश सिद्धि में मेरी आज्ञा का ध्यान करिए तो आह्लाद समुद्र में स्थित हुआ मैं इन भावों को जानना चाहता हूँ ॥ १-२ ॥

पशुभावः

महाभैरव्युवाच

पशुनाथ वीरनाथ दिव्यनाथ कृपानिधे ।
प्रकाशहृदयोल्लास चन्द्रशेखर तच्छृणु ॥ ३ ॥
काली कलालताकारं तपस्याद्वयसङ्गतिम् ।
पशुभावस्थितां नाथ देवतां शृणु विस्तरात् ॥ ४ ॥

महाभैरवी ने कहा—हे पशुनाथ ! हे वीर नाथ ! हे दिव्यनाथ ! हे कृपानिधे ! हे प्रकाशरूप ज्ञान से हृदय को उल्लसित करने वाले ! हे चन्द्रशेखर ! अब भावों के विषय में श्रवण कीजिए । हे नाथ ! कलाओं की लता के समान आकार वाली, तपस्या से अद्वयावस्था में प्राप्त होने वाली काली ही पशुभाव में स्थित देवता हैं, अब उस पशुभाव के विषय में विस्तार पूर्वक सुनिए ॥ ४ ॥

दुर्गापूजां शिवपूजां यः करोति पशूत्तमः[१] ।
अवश्यं हि यः करोति पशुरुत्तमः स्मृतः ॥ ५ ॥
केवलं शिवपूजाञ्च करोति यदि साधकः ।
पशूनां मध्यमः श्रीमान् शिवया सह चोत्तमः ॥ ६ ॥

पशुभावविवेचन—जो उत्तम पशु, दुर्गा पूजा और शिवपूजा अवश्यकरणीय है—

---

१. 'पशुषु उत्तमः' सप्तमी–इति योगविभागस्य भाष्येऽदर्शनात् सुप्सुपेति समासः ।

ऐसा समझ कर उनकी पूजा करता है, वह 'उत्तम पशु' कहा जाता है। यदि साधक केवल शिव की पूजा करता है वह 'मध्यम पशु' है। यदि शिवा के साथ शिव की पूजा करता है तो वह उत्तम है ही उसे हम पूर्व में (द्र० . ६. ५) कह आयें है ॥ ५-६ ॥

केवलं वैष्णवोऽधीशः पशूनां मध्यमः स्मृतः ।
भूतानां देवतानाञ्च सेवां कुर्वन्ति ये सदा ॥ ७ ॥
पशूनां मध्यमाः प्रोक्तं नरकस्था न संशयः ।
त्वत्सेवां मम सेवाञ्च विष्णुब्रह्मादिसेवनम् ॥ ८ ॥
कृत्वान्यसर्वभूतानां नायिकानां महाप्रभो ।
यक्षिणीनां भूतिनीनां ततः सेवा शुभप्रदा ॥ ९ ॥

जो केवल विष्णु भक्त हैं और उन्हीं को अपना अधीश्वर समझता है तो वह मध्यम प्रकार का पशु हैं जो भूतों और देवताओं की सदा पूजा करते हैं।वे भी मध्यम पशु हैं किन्तु नरक गामी होते हैं इसमें संशय नहीं। हे महाप्रभो ! अपकी सेवा, हमारी सेवा, विष्णु एवं ब्रह्मा आदि की सेवा, अन्य सर्वभूतों की नायिकाओं जैसे यक्षिणीयों या भूतिनियों की भी सेवा शुभप्रद होती है ॥ ७-९ ॥

यः पशुर्ब्रह्मकृष्णादि सेवां कुर्वन्ति ये सदा ।
तथा श्रीतारकब्रह्म सेवाद्वये नरोत्तमाः ॥ १० ॥
तेषामसाध्या भूतादिदेवताः सर्वकामदाः ।
वर्जयेत् पशुमार्गेण विष्णुसेवापरो जनः ॥ ११ ॥

जो पशु ब्रह्म कृष्णादि की सेवा करते है, अथवा जो श्री, तारक और ब्रह्म की सेवा करते हैं, ऐसे दोनों प्रकार के सेवक नरो में उत्तम हैं। ऐसे लोगों को असाध्य भूतादि देवता सभी कामनायें प्रदान करते हैं। किन्तु विष्णु सेवा परायण जन पशुमार्ग से वर्जित रहें ॥ १०-११ ॥

प्रवक्तव्यञ्च पटले तेषां तेषां ततस्ततः ।
विधिना विधिना नाथ क्रमशः श्रृणु वल्लभ ॥ १२ ॥

सुषुम्नासाधनम्

अतः प्रातः समुत्थाय पशुरुत्तमपण्डितः ।
गुरूणां चरणाम्भोजमङ्गलं [१]शीर्षपङ्कजे ॥ १३ ॥
विभाव्य पुनरेकं हि श्रीपादं भावयेद् यदि ।
पूजयित्वा च वीरं वै उपहारैर्न मे स्तवैः ॥ १४ ॥

ऐसे लोगों के विषय में पटल में आगे उन उन स्थानों पर हम विधि पूर्वक कहेगें। अब, हे नाथ ! हे बल्लभ ! विधिपूर्वक पशुभाव को सुनिए। उत्तम पण्डित जो पशुभाव में

---

१. शिरः पर्यायभूतः शीर्षशब्दो यद्यपि छान्दसः, तथापि पृषोदरादित्वाल्लोकेऽपि क्वचित्साधुः ।

स्थित है, वह प्रातः काल में उठकर मङ्गलकारी गुरु के चरण पङ्कज का अपने शीर्ष पङ्कज में ध्यान कर, तदनन्तर एक मात्र महालक्ष्मी के वीर स्वरूप श्री पाद का उपहार द्वारा पूजन कर स्तुतिपूर्वक उनको प्रणाम करे ॥१२-१४ ॥

त्रैलोक्यं तेजसा व्याप्तं मण्डलस्थां महोत्सवाम् ।
तडित्कोटिप्रभादीप्तिं चन्द्रकोटिसुशीतलाम् ॥ १५ ॥
सार्द्धत्रिवलयाकारां[1] स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिताम् ।
उत्त्थापयेन्महादेवीं महारक्तां मनोन्मयीम् ॥ १६ ॥

देवी की ध्यान—जिन महाश्री के तेज से सारा त्रैलोक्य व्याप्त है, जो मण्डल में रहने वाली तथा महोत्सव स्वरूपा हैं, करोड़ों बिजली की जगमगाहट के समान जिनके शरीर की कान्ति है जो करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल हैं । जो स्वयंभू लिङ्ग को साढे तीन बार गोलाकार रूप में परिवेष्टित कर अवस्थित है, महारक्त वर्ण वाली, मनोन्मयी उन महादेवी को प्रातःकाल में प्रबुद्ध करना चाहिए ॥ १५-१६ ॥

श्वासोच्छ्वासद्वयावृत्तिं द्वादशाङ्गुलरूपिणीम् ।
योगिनीं खेचरीं वायुरूपां मूलाम्बुजस्थिताम् ॥ १७ ॥
चतुर्वर्णस्वरूपान्तां वकारादिषसान्तकाम् ।
कोटिकोटिसहस्त्रार्ककिरणां[2] कुलमोहिनीम्[3] ॥ १८ ॥
महासूक्ष्मपथप्रान्तवान्तरान्तरगामिनीम् ।
त्रैलोक्यरक्षितां[4] वाक्यदेवतां शम्भुरूपिणीम् ॥ १९ ॥
महाबुद्धिप्रदां देवीं सहस्त्रदलगामिनीम् ।
महासूक्ष्मपथे तेजोमयीं मृत्युस्वरूपिणीम् ॥ २० ॥
कालरूपां सर्वरूपां सर्वत्र सर्वचिन्मयीम् ।
ध्यात्वा पुनः पुनः शीर्षे सुधाब्धौ विनिवेष्टिताम् ॥ २१ ॥

द्वादश अंगुल स्वरूप वाली, श्वास तथा उच्छ्वास इन दो प्रकार की वृत्ति वाली, योगिनी, खेचरी, वायुस्वरूपा, मूलाधार रूप कमल में निवास करने वाली देवी व, श, ष, स, इन चार वर्ण स्वरूपों वाली, करोड़ों सहस्त्र संख्या वाले सूर्य के समान प्रकाश वाली, कुलमोहिनी, महासूक्ष्मपथ के प्रान्त में भीतर ही भीतर चलने वाली, त्रैलोक्य की रक्षा करने वाली, वाक्य देवता, शम्भु स्वरूपा, महान् बुद्धि देने वाली, सहस्त्रदल कमल के ऊपर

---

१. महावज्र सर्पराज सदृशीं ध्यानयोगिनीम् ।
सदावायुसाम्बश्रीं कारणोल्लासवर्धिनीम् ॥
सुप्तां योगिभिराभास्यां शोणवेदिकोपरि ।
योगिध्येयां सूक्ष्मविद्यां भाविनीमुन्मनोमयीम् ॥ इति क० पुस्तके अधिकः पाठः ।

२. किरणोज्ज्वलमोहिनीम्, इति क० पुस्तके पाठः ।

३. कुलं मोहयति तच्छीला, णिनिप्रत्यये सति साधुता ।

४. बाह्यदेवतां शब्दरूपिणीम्, इति क० पा० ।

निवास करने वाली, महासूक्ष्म पथ में तेजः स्वरूपा तथा मृत्यु स्वरूपा, कालस्वरूपा, सर्वरूपा, सब जगह रहने वाली सर्व चेतना स्वरूपा देवी का पुनः पुनः ध्यान कर उन्हें अपने शीर्षस्थान के अमृत समुद्र में ऊपर ले जाकर सन्निविष्ट करे ॥ १७-२१ ॥

सुधापानं कारयित्वा पुनः स्थाने समानयेत् ।
समानयनकाले तु सुषुम्नामध्यमध्यके ॥ २२ ॥
अमृताभिप्लुतां कृत्वा पुनः स्थानेषु पूजयेत् ।
ऊर्द्ध्वोद्गमनकाले तु महातेजोमयीं स्मरेत् ॥ २३ ॥

तदनन्तर वहाँ से उन्हें अमृतपान कराकर अपने स्थान मूलाधार में लाकर प्रतिष्ठित करे । मूलाधार में ले आने के समय मध्य में रहने वाली सुषुम्ना के मध्य से अमृत में स्नान करा कर अपने स्थान में उनकी पूजा करे । उन्हें ऊपर की ओर ले जाते समय साधक उनके तेजःस्वरूप का ध्यान करे ॥ २२-२३ ॥

प्रतिप्रयाणकाले तु सुधाधाराभिराप्लुताम् ।
महाकुलकुण्डलिनीममृतानन्दविग्रहाम् ॥ २४ ॥
ध्यात्वा ध्यात्वा पुनर्ध्यात्वा सर्वसिद्धिश्वरो भवेत् ।
तस्मिन्स्थाने महादेवीं विभाव्य किरणोज्ज्वलाम् ॥ २५ ॥
अमृतानन्दमुक्तिं तां पूजयित्वा शुभां मुदा ।
मानसोच्चारबीजेन मायां वा कामबीजकम् ॥ २६ ॥
पञ्चाशद्वर्णमालाभिर्ज्जप्त्वा[१]नुलोमसत्पथा ।
विलोमेन पुनर्जप्त्वा सर्वत्र जयदं स्तवम् ॥ २७ ॥
पठित्वा सिद्धिमाप्नोति तत्स्तोत्रं शृणु भैरव ॥ २८ ॥

जब उन्हें नीचे की ओर मूलाधार में लाना हो तब सुधाधारा में डूबी हुई आनन्द विग्रह वाली महाकुण्डलिनी के स्वरूप में बारम्बार ध्यान करे । ऐसा करने से साधक सभी सिद्धियों का ईश्वर बन जाता है । फिर मूलाधार में किरण पुञ्जों से प्रकाशित अमृतानन्द देने के कारण मुक्तिस्वरूपा समस्त कल्याणकारिणी उन देवी का निम्न मन्त्र से पूजन करे—

मानसोच्चार बीज (ॐ), माया (ह्रीं) अथवा कामबीज (क्लीं), तदनन्तर ५० वर्णों (अकार से लेकर क्षकार तक) की माला अनुलोम क्रम से जप कर, पुनः प्रतिलोम क्रम से जप कर, तद्नन्तर 'जयद' नामक स्तोत्र को पढ़े । ऐसा करने से साधक को सिद्धि प्राप्त होती है अब हे भैरव ! उस स्तोत्र को सुनिए ॥ २४-२८ ॥

कुण्डलिनीस्तवः

जन्मोद्धारनिरक्षिणीहतरुणी[२] वेदादिबीजादिमा
नित्यं चेतसि भाव्यते भुवि कदा सद्वाक्यसञ्चारिणी ।

---

१. पृषोदरादित्वात् शिष्टप्रयुक्तत्वादिडभावः ।

२. जन्मोद्धारशिवक्षनीहतरुणी वेदादिबीजादिमा इति. क. पा. ।

मां[1] पातु प्रियदा स विपदं संहारयित्रि धरे
धात्रि त्वं स्वयमादिदेववनितादीनातिदीनं पशुम् ॥ २९ ॥

जयदस्तोत्र—जन्म (एवं मरण) से उद्धार करने वाली युवती, वेदादि की बीज एवं मा स्वरूपा, सद् वाक्य का संचालन करने वाली भगवती का मैं कब अपने चित्त में ध्यान करूँगा? प्रिय करने वाली भगवती मेरी रक्षा करें, विपत्तियों का संहार करने वाली, सबको धारण करने वाली, स्वयं सबका पालन करने वाली, आदिदेव की वनिता हे देवि ! मुझ दीनातिदीन पशु की रक्षा कीजिए ॥ २९ ॥

रक्ताभामृतचन्द्रिकालिपिमयी सर्पाकृतिर्निद्रिता
जाग्रत्कूर्मसमाश्रिता भगवती त्वं मां समालोकय ।
मांसोद्गन्धकुगन्धदोषजडितं वेदादिकार्यान्वितं
स्वल्पान्यामलचन्द्रकोटिकिरणैर्नित्यं शरीरं कुरु ॥ ३० ॥

जिनके शरीर की कान्ति लाल वर्ण की है, जो अमृत की चन्द्रिका से लिपि हुई सी हैं । सर्पाकार आकृति वाली, निद्रित हुई, जाग्रत् अवस्था में कूर्म रूप धारण करने वाली, हे भगवती ! आप मेरी ओर अपनी कृपा दृष्टि से देखिए । मांस की उत्कृष्ट गन्ध तथा अन्य कुत्सित गन्धों से जड़ीभूत मेरे शरीर को, थोड़े अथवा अधिक अपने निर्मल करोड़ों चन्द्र किरणों से तथा वेदादि कार्य से नित्य शरीर को युक्त कीजिए ॥ ३० ॥

सिद्धार्थी निजदोषवित् स्थलगतिर्व्याजीयते विद्यया
कुण्डल्याकुलमार्गमुक्तनगरीमायाकुमार्गः श्रिया ।
यद्येवं भजति प्रभातसमये मध्याह्नकालेऽथवा
नित्यं यः [2]कुलकुण्डलीजपपदाम्भोजं स सिद्धो भवेत् ॥ ३१ ॥

मैं सिद्धि चाहता हूँ, अपने दोषों का मुझे ज्ञान है, मात्र स्थल (लौकिकता) में मेरी गति है, कुण्डली के मार्ग का मुझे ज्ञान नहीं है, माया वश कुमार्ग में निरत हूँ, श्री विद्या मुझे जीवित कर रही हैं जो प्रभात समय में अथवा मध्याह्न के समय इस प्रकार नित्य कुल कुण्डलिनी का जप तथा उनके चरणाम्भोज का भजन करता है वह सिद्ध हो जाता है ॥ ३१ ॥

वाय्वाकाशचतुर्दलेऽतिविमले वाञ्छाफलान्यालके[3]
नित्यं सम्प्रति नित्यदेहघटिता शाङ्केतिताभाविता ।
विद्याकुण्डलमानिनी स्वजननी [4]मायाक्रिया भाव्यते
यैस्तैः सिद्धकुलोद्भवैः प्रणतिभिः [5]सत्स्तोत्रकैः शंभुभिः ॥ ३२ ॥

वाञ्छा फल प्रदान करने वाले, वायु एवं आकाश रूप से अत्यन्त निर्मल, चतुर्दल में

---

१. मांसात्तु प्रियदासावपदसंधातया श्रीधरे । २. निजपदाम् क० ।
३. वाञ्छाफलोन्मूलके—क० । ४. मार क० ।
५. संयोगिनिः क० ।

निवास करने वाली, नित्य, सर्वदा सबके देह में चेष्टारूप से निवास करने वाली, साङ्केतित भावित (श्री) विद्या, कुण्डल मानिनी स्वजननी जो माया क्रिया को सिद्धकुलों में उत्पन्न होने वाली, जिन देवी का ध्यान वे योगी गण उन उन कल्याणकारी स्तोत्रों से प्रणति पूर्वक करते है वे मेरे शरीर को नित्य करें ॥ ३२ ॥

धाताशङ्कर[1] मोहिनीत्रिभुवनच्छायापटोद्‌गामिनी
संसारादिमहासुखप्रहरणी तत्रस्थिता योगिनी ।
सर्वग्रन्थिविभेदिनी स्वभुजगा सूक्ष्मातिसूक्ष्मापरा
ब्रह्मज्ञानविनोदिनी कुलकुटी व्याघातिनी भाव्यते ॥ ३३ ॥

विधाता एवं शङ्कर को भी मोह में डालने वाली, त्रिभुवन रूपीच्छाया पट पर उत्पन्न होने वाली, संसारादि के महासुख का विनाश करने वाली, कुण्डलिनी स्थान में महायोगिनी रूप से स्थित रहने वाली, सारे ग्रन्थियों का भेदन करने वाली, सर्पिणी स्वरूपा, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, पराब्रह्मज्ञान में विनोद करने वाली कुकुटी और व्याधात उत्पन्न करने वाली भगवती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ३३ ॥

वन्दे श्रीकुलकुण्डलीत्रिवलिभिः साङ्गैः स्वयम्भूं प्रियं
प्रावेष्ट्याम्बरमारचित्तचपला बालाबलानिष्कला ।
या देवी परिभाति वेदवदना संभाविनी तापिनी
इष्टानां शिरसि स्वयम्भुवनितां[2] संभावयामि क्रियाम् ॥ ३४ ॥

जो अपने प्रियतम स्वयंभू लिङ्ग को तीन बार गोले आकार में कसकर घेरी हुई हैं, और काम के वशीभूत होकर चपल हो रही हैं, जो बाला, अबला और निष्कला हैं, जो देवी वेद वदना, संभावनी और तापिनी है, अपने भक्तों के शिर पर निवास करने वाली हैं, स्वयंभू की बनिता एवं क्रिया स्वरूपा उन भगवती का मैं अपने चित्त में ध्यान करता हूँ ॥ ३४ ॥

वाणीकोटिमृदङ्गनादमदनानिश्रेणिकोटिध्वनिः
प्राणेशीरसराशमूलकमलोल्लासैकपूर्णानना ।
आषाढोद्भवमेघवाजनियुतध्वान्ताननास्थायिनी
माता सा परिपातु सूक्ष्मपथगे मां योगिनां शङ्करः[3] ॥ ३५ ॥

हे सूक्ष्मपथ में गमन करने वाली ! करोड़ों नगाड़ों के समान ध्वनि युक्त आपकी वाणी करोड़ों मृदङ्गनाद के समान मद (हर्ष) उत्पन्न करने वाली है, जो सब की प्राणेश्वरी हैं रस, राश एवं मूल वाले कमल के समान प्रफुल्लित जिनका मुख है, आषाढ़ में उत्पन्न हुये नियुत मेघ समूह के समान काले मुख वाली, सर्वकाल में स्थित रहने वाली हैं, वह सूक्ष्म पथ वाली माता तथा योगियों में शङ्कर हमारी रक्षा करें ॥ ३५ ॥

---

१. वाताशङ्करविमोहिनीतिवलच्छायापटोद्‌गामिनी ग० ।

२. स्वयम्भुवो वनिता, पृषोदरादित्वात् ऊकारस्य ह्रस्वः । अथवा भूधातुर्डुप्रत्ययान्तः ।

३. योगिनं शं कुरु क० ।

त्वामाश्रित्य नरा व्रजन्ति सहसा वैकुण्ठकैलासयोः
आनन्दैकविलासिनीं शशिशतानन्दाननां कारणाम् ।
मातः श्रीकुलकुण्डली प्रियकरे काली कुलोद्दीपने
तत्स्थानं प्रणमामि भद्रवनिते मामुद्धर त्वं पशुम् ॥ ३६ ॥

हे माता ! हे श्री कुलकुण्डली प्रियकरे ! हे काली ! हे कुलोद्दीपने ! हे भद्रवनिते ! एक मात्र आनन्द में विलासशीला, सैकड़ों चन्द्रमा के समान आनन्दपूर्ण मुख वाली, जगत की कारणभूता, आपका आश्रय ले कर भजन करने वाले मनुष्य बैकुण्ठ और कैलास को जाते है, मैं आपके स्थान को प्रणाम करता हूँ । मुझ पशु का उद्धार कीजिए ॥ ३६ ॥

कुण्डलीशक्तिमार्गस्थं स्तोत्राष्टकमहाफलम् ।
यतः पठेत् प्रातरुत्थाय स योगी भवति ध्रुवम् ॥ ३७ ॥
क्षणादेव हि पाठेन कविनाथो भवेदिह ।
पठेत्[१] श्रीकुण्डलो योगो ब्रह्मलीनो भवेत् महान् ॥ ३८ ॥

फलश्रुति—कुण्डली शक्ति के मार्ग में होने वाले महाफल युक्त इस स्तोत्राष्टक का जो प्रातः काल में उठकर पाठ करता है वह निश्चित रूप से योगी होता है । इसके एक क्षण के पाठ से मनुष्य निश्चय ही कवि शिरोमणि हो जाता है और जो श्री कुण्डल युक्त महान् योगी इसका पाठ करता है वह निश्चित रूप से ब्रह्मलीन हो जाता है ॥ ३७-३८ ॥

इति ते कथितं नाथ कुण्डलीकोमलं स्तवम् ।
एतत्स्तोत्रप्रसादेन देवेषु गुरुगीष्पतिः ॥ ३९ ॥
सर्वे देवाः सिद्धियुताः अस्याः स्तोत्रप्रसादतः ।
द्विपरार्द्धं चिरंजीवी ब्रह्मा सर्वसुरेश्वरः ॥ ४० ॥

हे नाथ ! इस प्रकार कुण्डली को प्रिय लगने वाले स्तोत्र को मैंने आपसे कहा, इस स्तोत्र के पाठ के प्रभाव से बृहस्पति देवगुरु बन गये । इस स्तोत्र के प्रसाद से सभी देवता सिद्धि से युक्त हो गये । किं बहुना इसके प्रभाव से ही ब्रह्मदेव दो परार्द्ध तक जीने वाले तथा सम्पूर्ण देवताओं के ईश्वर बन गये ॥ ३९-४० ॥

त्वष्टापि मम निकटे स्थितो भगवतीपतिः ।
मां विद्धि परमां शक्तिं स्थूलसूक्ष्मस्वरूपिणीम् ॥ ४१ ॥

इस स्तोत्र के प्रभाव से भगवती पति सदाशिव तथा त्वष्टा भी हमारे सन्निधान में निवास करते हैं । स्थूल और सूक्ष्म स्वरूप से निवास करने वाली मुझे आप परमा शक्ति समझिए ॥ ४१ ॥

सर्वप्रकाशकरणीं विन्ध्यपर्वतवासिनीम् ।
हिमालयसुतां सिद्धां सिद्धमन्त्रस्वरूपिणीम् ॥ ४२ ॥

---

१. पावित्रीकुण्डली योगी ब्राह्मणी नो भवेत् महान् ग० ।

वेदान्तशक्तितन्त्रस्थां कुलतन्त्रार्थगामिनीम् ।
रुद्रयामलमध्यस्थां स्थितिस्थापकभाविनीम् ॥ ४३ ॥
पञ्चमुद्रास्वरूपाञ्च शक्तियामलमालिनीम् ।
रत्नमालावलाकोट्यां चन्द्रसूर्यप्रकाशिनीम् ॥ ४४ ॥
सर्वभूतमहाबुद्धिदायिनीं [१] दानवापहाम् [२] ।
स्थित्युत्पत्तिलयकारीं करुणासागरस्थिताम् ॥ ४५ ॥
महामोहनिवासाढ्यां दामोदरशरीरगाम् ।
छत्रचामररत्नाढ्य महाशूलकरां पराम् ॥ ४६ ॥
ज्ञानदां वृद्धिदां ज्ञानरत्नमालाकलापदाम् ।
सर्वतेजःस्वरूपाभामनन्तकोटिविग्रहाम् [३] ॥ ४७ ॥
दरिद्रधनदां लक्ष्मीं नारायणमनोरमाम् ।
सदा भावय शम्भो त्वं योगनायकपण्डित ॥ ४८ ॥

मुझे सब में प्रकाश (ज्ञान) करने वाली, विन्ध्य पर्वत पर निवास करने वाली, हिमालय पुत्री, सिद्ध एवं सिद्धमन्त्र स्वरूपा, वेदान्तशक्ति, तन्त्रनिवासिनी, कुलतन्त्रार्थगामिनी, **रुद्रयामल**-मध्यस्था, स्थिति तथा स्थापक रूप से रहने वाली, पञ्चमुद्रा स्वरूपा, **शक्तियामल** की माला धारण करने वाली, रत्नमाला धारण करने वाली, अबला स्वरूपा, चन्द्रमा और सूर्य को भी प्रकाशित करने वाली, सम्पूर्ण प्राणियों में महाबुद्धि प्रदान करने वाली, दानव हन्त्री, स्थिति-उत्पत्ति एवे प्रलय करने वाली, करुणा के सागर में अवस्थित, महाविष्णु के शरीर में रहकर महामोह स्वरूप से निवास करने वाली, छत्र चामर एवं रत्न से विभूषित, त्रिशूलधारिणी, परस्वरूपा, ज्ञानदात्री, वृद्धिदात्री, ज्ञानरत्न, की माला, कला युक्त पद प्रदान करने वाली, सम्पूर्ण तेजः स्वरूप की आभा से युक्त, अनन्त कोटि विग्रह वाली दरिद्रो को धन देने वाली, नारायण की मनोरमा महालक्ष्मी के रूप में, हे योगनायक पण्डित ! हे शम्भो ! आप सदा भावना करें ॥ ४२-४८ ॥

पशुभावप्रशंसा

पुनर्भावं पशोरेव शृणु सादरपूर्वकम् ।
अकस्मात् सिद्धिमाप्नोति पशुर्नारायणोपमः ॥ ४९ ॥
वैकुण्ठनगरे याति चतुर्भुजकलेवरः ।
शङ्खचक्रगदापद्महस्तो गरुडवाहनः ॥ ५० ॥

अब हे शंभो ! पुनः आदर पूर्वक पशुभाव का स्मरण कीजिए । पशुभाव में रहने वाला नारायण के सदृश हो जाता है । अकस्मात् सिद्धि प्राप्त कर लेता है । अन्ततः वह हाथ

---

१. दानवादपहारिणीम् ग० ।
२. दानवान् अपहन्ति इति विग्रहे हन्धातोरौणादिको डाप्रत्ययः, टिलोपः । अथवा दानवानपजहाति इति विग्रहे 'ओहाक् त्यागे' धातोः कर्तरि कप्रत्ययः, टाप् च ।
३. अनन्तकोटिविग्रहा यस्याः सा ताम् ।

में शंख चक्र गदा पद्म धारण कर गरुड़ पर सवार हो कर चतुर्भुज का स्वरूप प्राप्त कर वैकुण्ठ धाम में चला जाता है ॥ ४९-५० ॥

महाधर्मस्वरूपोऽसौ महाविद्याप्रसादतः ।
पशुभावं महाभावं भावानां सिद्धिदं पुनः[१] ॥ ५१ ॥
आदौ भावं पशोः कृत्वा पश्चात् कुर्यादवश्यकम् ।
वीरभावं महाभावं सर्वभावोत्तमोत्तमम् ॥ ५२ ॥

महाविद्या की कृपा से वह साधक महाधर्मस्वरूप हो जाता है । वस्तुतः यह पशुभाव ही महाभाव है जो बाद में अन्य भावों को सिद्धि प्रदान करता है । अतः सर्वप्रथम पशुभाव को करे, इसके पश्चात् सभी भावों में उत्तमोत्तम महाभाव स्वरूप वीरभाव का आश्रय ग्रहण करे ॥ ५१-५२ ॥

तत्पश्चादतिसौन्दर्यं दिव्यभावं महाफलम् ।
फलाकाङ्क्षी मोक्षगश्च सर्वभूतहिते रतः ॥ ५३ ॥
विद्याकाङ्क्षी धनाकाङ्क्षी रत्नाकाङ्क्षी च यो नरः ।
कुर्याद् भावत्रयं दिव्यं भावसाधनमुत्तमम् ॥ ५४ ॥

इसके बाद फल की आकांक्षा करने वाला, मोक्ष चाहने वाला, समस्त प्राणियों का हित करने वाला पुरुष महान् फल देने वाला अत्यन्त सुन्दरता पूर्ण दिव्यभाव का आश्रय लेवे । विद्या की आकांक्षा करने वाला, धन की आकांक्षा करने वाला तथा रत्न की आकांक्षा करने वाला साधक तीनों भाव करे । दिव्य भाव का साधन उत्तम से उत्तम है ॥ ५३-५४ ॥

भावेन लभते वाद्यं धनं रत्नं महाफलम् ।
कोटिगोदानजैः[२] पुण्यैः कोटिशालग्रामदानजैः ॥ ५५ ॥
वाराणस्यां कोटिलिङ्गपूजनेन च यत्फलम् ।
तत्फलं लभते मर्त्यः क्षणादेव न संशयः ॥ ५६ ॥

भाव से ही वाद्य, धन, रत्न तथा अन्य महाफलों की प्राप्ति होती है । करोड़ों गोदान से, करोड़ों शालग्राम-शिला के दान से तथा वाराणसी में करोड़ लिङ्गों के पूजन से जो फल होता है, वह फल मनुष्य क्षणमात्र में भाव के आश्रय से प्राप्त कर लेता है—इसमें संशय नहीं ॥ ५५-५६ ॥

आदौ दशमदण्डे तु पशुभावमथापि वा ।
मध्याह्ने दशदण्डे तु वीरभावमुदाहृतम्[३] ॥ ५७ ॥
सायाह्नदशदण्डे तु दिव्यभावं शुभप्रदम् ।
अथवा पशुभावस्थो यजेदिष्टादिदेवताम् ॥ ५८ ॥

---

१. परः क० । २. कोटि ब्राह्मणभोज्येन कोटिगोभोजनेन क० ।

३. उदाहृतं वीरभावं जानीयादिति कर्मणि अमिविभक्तौ वीरभावमिति पदम् ।

दिन के प्रारम्भ के दश दण्ड पशुभाव के लिए उपयुक्त हैं । इसके बाद मध्याह्न के दश दण्ड वीरभाव के लिए कहे गये है । इसके बाद सांयाह्न का दश दण्ड दिव्यभाव के लिए उपयुक्त है जो सब प्रकार का कल्याण देने वाला है, अथवा पशुभाव काल में ही इष्टादि देवों का पूजन करे ॥ ५७-५८ ॥

जन्मावधि यजेन्मन्त्री महासिद्धिमवाप्नुयात् ।
सर्वेषां गुरुरूपः स्यादैश्वर्यञ्च दिने दिने ॥ ५९ ॥
यदि गुरुस्वभावः स्यात्तदा मधुमतीं लभेत् ।
यदि विवेकी निर्याति महावननिवासवान् ॥ ६० ॥

यदि मन्त्रज्ञ जन्मपर्यन्त पशुभाव काल में इष्ट देवता का पूजन करे तो उसे महासिद्धि प्राप्त हो जाती है । वह सब का गुरु बन जाता है तथा प्रतिदिन उसके ऐश्वर्य की वृद्धि होती रहती है । यदि साधक गुरु स्वभाव वाला हो जाय तो उसे मधुमती विद्या भी प्राप्त हो जाती है ॥ ५९-६० ॥

ब्रह्मचर्यव्रतस्थो वा अथवा स्वपुरे[१] वसन् ।
पीठब्राह्मणमात्रेण महाषोढाश्रमेण च ॥ ६१ ॥
पशुभावस्थितो मन्त्री सिद्धविद्यामवाप्नुयात् ।
यदि पूर्वापरस्थाञ्च महाकौलिकदेवताम् ॥ ६२ ॥
कुलमार्गस्थितो मन्त्री सिद्धिमाप्नोति निश्चितम् ।
यदि विद्याः प्रसीदन्ति वीरभावं तदा लभेत् ॥ ६३ ॥

यदि विवेक सम्पन्न व्यक्ति महावन में निवास करे अथवा अपने घर रह कर ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करे, अथवा किसी सिद्ध पीठ में ब्राह्मण कुल में जन्म ले, अथवा महाषोढ़ाश्रम में पशुभाव में स्थित रहे तो उसे सिद्ध विद्या प्राप्त हो जाती है । अथवा यदि कुल भाग में स्थित मन्त्रज्ञ साधक पूर्वापर में रहने वाले महा कौलिक देवता (कुण्डलिनी शक्ति) का आश्रय ले तो भी निशचित रूप से उसे सिद्धि का लाभ हो जाता है । अतः यदि महाविद्या की प्रसन्नता रहे तभी साधक को वीरभाव प्राप्त होता है ॥ ६०-६३ ॥

वीरभावप्रसादेन दिव्यभावमवाप्नुयात् ।
दिव्यभावं वीरभावं ये गृह्णन्ति नरोत्तमाः ॥ ६४ ॥
वाञ्छाकल्पद्रुमलतापतयस्ते न संशयः ।
आश्रमी ध्याननिष्ठश्च मन्त्रतन्त्रविशारदः ॥ ६५ ॥
भूत्वा वसेन्महापीठं सदा ज्ञानी भवेद् यतिः ।
किमन्येन फलेनापि यदि भावादिकं लभेत् ॥ ६६ ॥
भावग्रहणमात्रेण मम ज्ञानी भवेन्नरः[२] ।
वाक्यसिद्धिर्भवेत् क्षिप्रं वाणी हृदयगामिनी ॥ ६७ ॥

---

१. अथवा गुरुस्वभाववान् क० ।   २. महाज्ञानी क० ।

वीरभाव जब परिपूर्ण हो जाता है तब साधक वीरभाव युक्त हो जाता है । जो उत्तम पुरुष, वीरभाव और दिव्यभाव प्राप्त कर लेते है । वे वाञ्छा कल्पलता के पति हो जाते हैं, इसमें संशय नहीं । इन भावों को प्राप्त करने वाला, आश्रमी, ध्याननिष्ठ और मन्त्र-तन्त्र विशारद बन कर किसी महापीठ में निवास करता है । अन्ततः वह सदाज्ञानी और यति बन जाता है । इन भावों का अन्य फल हम क्या कहें ? यदि उक्त भाव की प्राप्ति हो जावे तो वह मनुष्य मुझे भी जान लेता है, उसे वाक्सिद्धि प्राप्त हो जाती है उसकी वाणी दूसरों के हृदय तक पहुँचने में समर्थ हो जाती है ॥ ६४-६७ ॥

नारायणं परिहाय लक्ष्मीस्तिष्ठति मन्दिरे ।
मम पूर्णं तु मादृष्टी[१] तस्य देहे न संशयः ॥ ६८ ॥
अवश्यं सिद्धिमाप्नोति सत्यं सत्यं न संशयः[२] ।

महाभैरव उवाच

सूचितं तु महादेवि कथयस्वानुकम्पया ॥ ६९ ॥

लक्ष्मी अपने पति नारायण को छोड़कर उसके घर में निवास करती हैं । उसके शरीर में ममता से पूर्ण मेरी दृष्टि रहती हैं, इसमें संशय नहीं है । वह अवश्य ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है—यह सत्य है, यह सत्य है और यह ध्रुव सत्य है ।

महाभैरव ने कहा—हे महादेवि ! आपने यहाँ तक (पशु एवं वीरभाव को) सूचित किया अब अनुग्रह पूर्वक आगे मुझे बताइए ॥ ६८-६९ ॥

सर्वतन्त्रेषु विद्यासु भावसङ्केतमेव हि ।
तथापि शक्तितन्त्रेषु विशेषात् सर्वसिद्धिदम् ॥ ७० ॥
भावविद्याविधिं विद्ये विस्तार्य भावसाधनम् ।

भावविद्याविधिः

आनन्दभैरव उवाच

भावस्तु त्रिविधो देव दिव्यवीरपशुक्रमात् ॥ ७१ ॥
गुरुरस्य त्रिधा चात्र तथैव मन्त्रदेवताः ।
दिव्यभावो महादेव श्रेयसां सर्वसिद्धिदम् ॥ ७२ ॥

ऐसे तो सभी तन्त्रों में एवं विद्याओं में (पशु आदि) भाव के सङ्केत प्राप्त होते हैं आगे फिर भी तन्त्रों में विशेष रूप से भाव को सिद्धिप्रद कहा गया है ।

अब हे विद्ये ! **भावविद्या की विधि** और **भाव साधन** को विस्तारपूर्वक कहिए—

आनन्दभैरवी ने कहा—हे देव ! दिव्य, वीर और पशु के क्रम से ३ प्रकार के भाव कहे गये हैं । इनके गुरु तथा इनके मन्त्र एवं देवता भी उसी प्रकार तीन-तीन हैं । किन्तु हे महादेव ! दिव्यभाव सभी प्रकार के श्रेय की सिद्धि करता है ॥ ६९-७२ ॥

---

१. चिन्तनीयोऽस्यार्थः ।   २. सदाशिव क० ।

द्वितीयो मध्यमः प्रोक्तस्तृतीयः सर्वनिन्दितः ।
बहुजपात्तथाहोमात् कायक्लेशादिविस्तरैः ॥ ७३ ॥

दूसरा वीरभाव मध्यम कहा गया है, किन्तु प्रथम पशुभाव सर्वथा निन्दित है । क्योंकि यह बहुत जप से, बहुत होम से तथा कायक्लेश से सिद्ध होता है ॥ ७३ ॥

न भावेन बिना देवि तन्त्रमन्त्राः फलप्रदाः ।
किं वीरसाधनेनैव मोक्षविद्याकुलेन किम् ॥ ७४ ॥
किं पीठपूजनेनैव किं कन्याभोजनादिभिः ।
स्वयोषित्प्रीतिदानेन किं परेषां तथैव च ॥ ७५ ॥
किं जितेन्द्रियभावेन किं कुलाचारकर्मणा ।
यदि भावो विशुद्धार्थो न स्यात् कुलपरायणः ॥ ७६ ॥

हे देवि ! भाव के बिना तन्त्र-मन्त्र फल प्रदान नहीं करते । अतः भाव के बिना वीर साधना से क्या ? भाव के बिना मोक्ष विद्या (वेदान्तादि) के समूह से भी कोई लाभ नहीं ? भाव के बिना पीठ पूजन से क्या ? कन्या भोजनादि से भी क्या ? अपनी योषित तथा अन्य की योषित में प्रीतिपूर्वक दान देने से भी क्या ? इन्द्रियों को जीतने से क्या ? कुलाचार पालन रूप कर्म से क्या ? यदि कुलपरायण भाव विशुद्ध नहीं है तो उक्त सभी कार्य व्यर्थ ही हैं ॥ ७४-७६ ॥

भावेन[१] लभते मुक्तिं भावेन कुलवर्द्धनम् ।
भावेन गोत्रवृद्धिः स्याद् भावेन कुलशोधनम् ॥ ७७ ॥
किं तथा पूजनेनैव यदि भावो न जायते ।
केन वा पूज्यते विद्या केन वा पूज्यते मनुः ॥ ७८ ॥

भाव से मनुष्य मुक्ति प्राप्त करता है और भाव से कुल की वृद्धि होती है । भाव से गोत्र की वृद्धि होती है तथा भाव से कुल शुद्ध रहता है । यदि भाव नहीं है तो पूजा पाठ से क्या लाभ ? भाव के बिना कौन विद्या की पूजा करे । भाव के बिना कौन मन्त्र का जप करें ? ॥ ७७-७८ ॥

फलाभावश्च देवेश भावाभावात् प्रजायते ।
एतन्मन्त्रस्य कथने शङ्कते मम मानसः ॥ ७९ ॥
त्रिलोकं सञ्जयेत् प्रायः सर्वरत्नसमागमः ।
नावीक्ष्य निर्जनं कुर्यात् कथं तत् कथयामि ते ॥ ८० ॥

हे देवेश ! भाव के अभाव के कारण किए गये कार्य का फल नहीं होता । इस मन्त्र (शास्त्र) के कहने में मेरा मन सशंकित हो रहा है । यह आगमशास्त्र सभी रत्नों के समान

---

१. 'भावे हि विद्यते देवः, भावो हि भवनाशनः' इत्यादिनापि भावस्य महती प्रशंसा कृताऽस्ति ।

है । यह त्रिलोकी को भी जीत सकता है अतः बिना निर्जन देखे इसका उपदेश न करे अतः इस विषय में आपसे क्या कहूँ ॥ ७९-८० ॥

श्रीआनन्दभैरव उवाच

त्वत्प्रसादान्महादेवि ! विद्यास्वप्नप्रबोधिनि ।
सर्वपञ्चप्रपञ्चानां[१] दीक्षा देया महेश्वरि ॥ ८१ ॥
यद्यतो देव सर्वेषां भूतानां स्वापकारणम् ।
करोमि कथय त्वं मां भावमार्गोत्तमोत्तमम् ॥ ८२ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे महादेवि ! हे महाविद्या और स्वप्न में ज्ञान से प्रबुद्ध करने वाली ! हे महेश्वरि ! सभी पञ्चतत्त्व के प्रपञ्चों की दीक्षा देनी चाहिए । हे देवि ! मैं वह देव हूँ जो सभी भूतों को शयन कराने का कारण हूँ । अतः मैं उन्हें शयन करा देता हूँ । निर्जन हो जाने के कारण अब आप मुझसे सभी भावों में उत्तमोत्तम (दिव्य) भाव को कहिए ॥ ८२ ॥

कुमारीलक्षणम्

श्रीमहाभैरव्युवाच

प्रथमं दिव्यभावस्तु कौलिके शृणु यत्नतः ।
सर्वदेवार्चितां विद्यां तेजःपुञ्जप्रपूरिताम् ॥ ८३ ॥
तेजोमयीं जगत्सर्वां विभाव्य मूर्तिकल्पनाम् ।
तत्तन्मूर्तिमयैः रूपैः स्नेहशून्ये[२] न वा पुनः ॥ ८४ ॥
आत्मानं तन्मयं कृत्वा सर्वभावं तथैव च ।
तत्सर्वां योषितं ध्यात्वा पूजयेद्यतमानसः ॥ ८५ ॥

दिव्यभाव विवेचन—आनन्दभैरवी ने कहा—हे शिव ! यत्नपूर्वक आप श्रवण कीजिए, कौलिक (शाक्त परम्परा) में दिव्यभाव सर्वश्रेष्ठ है । सभी देवताओं के द्वारा अर्चित, तेजःपुञ्ज से प्रपूरित, तेजोमयी, महाविद्या की सारे जगत् में मूर्ति की कल्पना कर उनका ध्यान करे और सारे जगत् उन उन रूपों से अपने को तन्मय बना कर अथवा अपने को सर्वमय बनाकर स्नेह शून्य मन से सारे पदार्थों को पोषित के रूप में समझ कर उनका ध्यान करे और एकाग्रमन से उनकी पूजा भी करे ॥ ८३-८५ ॥

अशेषकुलसम्पन्नां नानाजातिसमुद्भवाम् ।
नानादेशोद्भवां वापि सद्गुणालस्य संयुताम् ॥ ८६ ॥
द्वितीयवत्सरादूर्ध्वं यावत् स्यादष्टमाब्दकम् ।
तावज्जप्त्वा पूजयित्वा कन्यां सुन्दरमोहिनीम् ॥ ८७ ॥

सभी कुलों से सम्पन्न, अनेक प्रकार की जातियों में उत्पन्न, अनेक देश में उत्पन्न,

---

१. माया क० । २. स्नेहस्तेनैव यद्गतः क० ।

सद्गुण और लास्य से युक्त स्त्री जाति को महाविद्या का स्वरूप समझे । दो वर्ष से लेकर ८ वर्ष पर्यन्त सुन्दर तथा मोह उत्पन्न करने वाली कन्या के मन्त्र का जप कर उनका पूजन करे ॥ ८६-८७ ॥

दिव्यभावः स्थितः साक्षात्तन्त्रमन्त्रफलं लभेत् ।
कुमारीपूजनादेव कुमारीभोजनादिभिः ॥ ८८ ॥
एकद्वित्र्यादिबीजानां फलदा नात्र संशयः ।
ताभ्यः पुष्पफलं दत्त्वा अनुलेपादिकं तथा ॥ ८९ ॥
बलिप्रियञ्च नैवेद्यं दत्त्वा तद्भावभावितः ।
मुदा तदङ्गमाल्यानां बालभावविचेष्टितः ॥ ९० ॥

ऐसा करने से साधक दिव्यभाव में स्थित हो जाता है । उसे तत्क्षण मन्त्र का फल प्राप्त होता है । कुमारियों के पूजन से कुमारियों के भोजनादि से एक, दो तीन आदि बीज मन्त्रों द्वारा कन्यायें फल देतीं हैं । इसमें संदेह नहीं करना चाहिए । उन्हें पुष्प एवं फल देवे । इत्रादि सुगन्धित द्रव्यों का अनुलेपन करे । उनको प्रिय लगने वाला नैवेद्य प्रदान करें । उनकी भावना से भावित रहे । प्रसन्नता पूर्वक उनके अङ्ग में माला प्रदान करे । उनके बाल भावों की चेष्टा करे ॥ ८८-९० ॥

जातिप्रिय कथालापक्रीडाकौतूहलान्वितः [१] ।
यथार्थं तत् प्रियं तत्र कृत्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ॥ ९१ ॥

उनकी जाति, प्रिय, कथालाप, क्रीडा तथा कौतुक से युक्त रहे किं बहुना यथार्थ रूप से उनका प्रिय करे तो साधक सिद्धीश्वर हो जाता है ॥ ९१ ॥

कन्या सर्वसमृद्धिः स्यात् कन्या सर्वपरन्तपः ।
होमं मन्त्रार्चनं नित्यक्रियां कौलिकसत्क्रियाम् ॥ ९२ ॥
नानाफलं महाधर्मं कुमारीपूजनं बिना ।
तत्तदर्द्धफलं नाथ प्राप्नोति साधकोत्तमः ॥ ९३ ॥

कन्या सबकी समृद्धि करने वाली है । कन्या सभी शत्रुओं का उन्मूलन करने वाली हैं । होम, मन्त्रार्चन, नित्यक्रिया, कौलिकसत्क्रिया, अनेक प्रकार के फल देने वाले महाधर्म, कुमारी पूजन के बिना साधक को आधे फल देते हैं ॥ ९२-९३ ॥

फलं कोटिगुणं वीरः कुमारीपूजया लभेत् ।
कुसुमाञ्जलि[२]पूर्णञ्च कन्यायां कुलपण्डितः ॥ ९४ ॥
ददाति यदि तत्पुष्पं कोटिमेरुप्रदो भवेत् ।
तज्ज्ञानजं महापुण्यं क्षणादेव समालभेत् ॥ ९५ ॥

---

१. जातिप्रियश्चासौ कथालापक्रीडाकौतूहलान्वितश्चेति कर्मधारयः । कथालापक्रीडाकौतूहलेनान्वितः । २. कुसुमाञ्जलिना पूर्णम् ।

वीरभाव की साधना करने वाला साधक कुमारी पूजन से करोड़ों गुना फल प्राप्त करता है। यदि कौल मार्ग का विद्वान् कन्या की अञ्जलि पुष्पों से परिपूर्ण कर देवे तो उसे करोड़ों मेरु के दान का फल प्राप्त होता है और उसे ज्ञान से होने वाला समस्त पुण्य क्षण मात्र में प्राप्त हो जाता है ॥ ९४-९५ ॥

कुमारी भोजिता येन त्रैलोक्यं तेन भोजितम् ।
एकवर्षा भवेत् सन्ध्या द्विवर्षा च सरस्वती ॥ ९६ ॥
त्रिवर्षा च त्रिधामूर्तिश्चतुर्वर्षा च कालिका ।
सूर्यगा[१] पञ्चवर्षा च षड्वर्षा चैव रोहिणी ॥ ९७ ॥
सप्तभिर्मालिनी साक्षादष्टवर्षा च कुब्जिका ।
नवभिः कालसन्दात्री दशभिश्चापराजिता ॥ ९८ ॥
एकादशे च रुद्राणी द्वादशेऽब्दे तु भैरवी ।
त्रयोदशे महालक्ष्मीर्द्विसप्तपीठनायिका ॥ ९९ ॥
क्षेत्रज्ञा पञ्चदशभिः षोडशे चाम्बिका मता ।
एवं क्रमेण सम्पूज्य यावत् पुष्पं न विद्यते ॥ १०० ॥

जिसने कुमारियों को भोजन कराया मानो उसने समस्त त्रिलोकी को भोजन करा लिया। एक वर्ष की कन्या सन्ध्या, दो वर्ष की कन्या सरस्वती स्वरूपा होती है। त्रिवर्षा त्रिमूर्ति चतुर्वर्षा कालिका, पञ्चवर्षा सूर्यगा (सावित्री), षष्ठ वर्षा रोहिणी, सात वर्ष वाली कन्या मालिनी, अष्टवर्षा कुब्जिका, नव वर्ष वाली कालसंदात्री, दशवर्ष वाली अपराजिता एकादश वर्ष वाली रुद्राणी, १२ वर्ष वाली भैरवी, त्रयोदश वर्ष वाली महालक्ष्मी, दो सात अर्थात् १४ वर्ष वाली पीठनायिका, पन्द्रह वर्ष की अवस्था वाली क्षेत्रज्ञा तथा षोडश वर्ष वाली कन्या अम्बिका स्वरूपा मानी गई है। इस प्रकार जब तक पुष्प न आवे तब तक क्रमशः उनकी पूजा करनी चाहिए ॥ ९६-१०० ॥

प्रतिपदादिपूर्णान्तं वृद्धिभेदेन पूजयेत् ।
महापर्वसु सर्वेषु विशेषाञ्च पवित्रके ॥ १०१ ॥
महानवम्यां देवेश कुमारीश्च[२] प्रपूजयेत् ।
तस्मात् षोडशपर्यन्तं युवतीति प्रचक्षते ॥ १०२ ॥

इस प्रकार प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा पर्यन्त वृद्धि क्रम के अनुसार उनकी पूजा करे। सभी महापर्व काल में, विशेष कर पवित्रारोपण काल में, श्रावण मास के श्रवण नक्षत्र में (द्र० मन्त्रमहोदधि) महा नवमी (अश्विन शुक्ल नवमी) को हे देवेश ! कुमारियों का पूजन करना चाहिए। उक्त अवस्था के बाद १६ वर्ष समाप्त हो जाने पर फिर उनकी युवती संज्ञा हो जाती है ॥ १०१-१०२ ॥

---

१. सुभग क० ।
२. कुमारीपुजाया महती प्रशंसा कृता ।

तत्र भावप्रकाशः स्यात्स भावः परमो मतः ।
रक्षितव्यं प्रयत्नेन रक्षितास्ताः प्रकाशयेत् ॥ १०३ ॥

क्योंकि उस अवस्था में उनमें (युवती) भाव प्रकाशित होने लगता है । वह (युवती) भाव सबसे प्रबल होता है । अतः प्रयत्नपूर्वक उसकी रक्षा करनी चाहिए । क्योंकि रक्षित होने पर वे भाव प्रकाशित करने लगती है ॥ १०३ ॥

महापूजादिकं कृत्वा वस्त्रालङ्कारभोजनैः[१] ।
पूजयेन्मन्दभाग्योऽपि लभते जयमङ्गलम् ॥ १०४ ॥

वस्त्र, अलङ्कार तथा भोजनादि द्वारा उनकी महा पूजा करे । स्वल्प भाग्य वाला भी यदि कुमारी पूजन करे तो वह जयमङ्गल प्राप्त करता है ॥ १०४ ॥

अन्येषां कथनेनाथ प्रयोजनमहाफलम् ।
विधिना पूजयेद् यस्तु दिव्यवीरपशुस्थितः ॥ १०५ ॥
भावत्रये महासौख्यं दिव्ये सत्कर्म सत्फलम् ॥ १०६ ॥

॥ इति श्री रुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने कुमार्युपचर्याविलासे सिद्धमन्त्रप्रकरणे भावनिर्णये षष्ठः पटलः ॥ ६ ॥

— ❖ —

अन्य लोगों के कथनानुसार भी कन्यापूजन का प्रयोजन महाफलदायक कहा गया है । दिव्य, वीर और पशुभाव में स्थित होकर विधिपूर्वक कन्या पूजन करना चाहिए । कन्या पूजन तीनों भावों में महासौख्य कारक होता है । दिव्यभाव में कन्या पूजन सत्कर्म और उसका परिणाम उत्तम कहा गया है ॥ १०५-१०६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में कुमार्युपचर्याविलास में सिद्धमन्त्र प्रकरण में डॉ० सुधाकर मालवीय कृत छठवें पटल की हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६ ॥

— ❖ —

---

१. वस्त्रं च अलङ्कारश्च भोजनं चेति द्वन्द्वः ।

अथ सप्तमः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ पूजां प्रवक्ष्यामि कुमार्याश्चातिदुर्लभाम् ।
व्याधिवर्गविहीनानां शीघ्रं सिद्ध्यति भूतले ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव ! अब कुमारी की अत्यन्त दुर्लभ पूजा कहती हूँ । व्याधि वर्ग विहीन कन्या पूजन से साधक को भूमण्डल में शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १ ॥

तत्प्रकारं महादेव वीराणामधिपाधिप ।
पूजास्थानं महापीठं देवालयमथापि वा ॥ २ ॥

हे वीरों के अधिपाधिप ! हे महादेव ! अब उसका प्रकार सुनिए, कन्यापूजन के लिए (शाक्त) महापीठ अथवा देवालय समुचित स्थान माना गया है ॥ २ ॥

सुन्दरीं परमानन्दवर्द्धनीं जयदायिनीम् ।
कालरात्रिस्वरूपां श्रीं गौरीं रक्ताङ्गरागिणीम् ॥ ३ ॥

सुन्दरी, परमानन्दवर्द्धिनी, जयदायिनी, कालरात्रिस्वरूपा एवं रक्ताङ्ग रञ्जिता कन्या श्री गौरी का स्वरूप हैं ॥ ३ ॥

कन्यां देवकुलोद्भूतां राक्षसीं वा नरोत्तमाम् ।
नटीकन्यां हीनकन्यां तथा कापालिकन्यकाम् ॥ ४ ॥
रजकस्यापि कन्यां ते तथा नापितकन्यकाम् ।
गोपालकन्यकाञ्चैव तथा ब्राह्मणकन्यकाम् ॥ ५ ॥
शूद्रकन्यां वैश्यकन्यां तथा वैद्यकन्यकाम्[१] ।
चण्डालकन्यकां वापि यत्र कुत्राश्रमे स्थिताम् ॥ ६ ॥
सुहृद्वर्गस्य कन्यां च समानीय प्रयत्नतः ।
पूजयेत् परमानन्दैरात्मध्यानपरायणः ॥ ७ ॥

चाहे वह कन्या देवकुल में उत्पन्न हो, अथवा राक्षस कुल में, चाहे नरों के उत्तम कुल में, चाहे नटी कन्या, चाहे हीन जाति की कन्या, चाहे कापालिक की कन्या ही क्यों न हों । चाहे धोबी की कन्या, चाहे नापित की कन्या, गोपाल की कन्या, ब्राह्मण की कन्या, शूद्र की

---

१. वणिक्कन्यकाम् इति सं० मुद्रित पाठः ।

कन्या, वैश्य की कन्या, वैद्य की कन्या अथवा चाण्डालकन्या ही क्यों न हों, किं वा वे जिस किसी आश्रम में स्थित कन्या ही क्यों न हों, चाहे अपने सुहृद् वर्ग की कन्या ही क्यों न हों, उन्हें प्रयत्न पूर्वक अपने घर लाकर अध्यात्म परायण (शक्ति स्वरूपा) मान कर उनका अत्यन्त आनन्दपूर्वक पूजन करना चाहिए ॥ ४-७ ॥

क्रमशः शृणु देवेन्द्र वरहस्तनिषेवित ।
परमानन्दसौन्दर्य कारणानन्दविग्रहः ॥ ८ ॥
मम पूजां यः करोति प्रत्यहं शुद्धभक्तितः ।
तस्यावश्यं कुमारीणां पूजनं भोजनं रवेः ॥ ९ ॥

हे वरदान देने वाले ! हे देवेन्द्र ! हे परमानन्दसौन्दर्य ! हे कारणानन्दविग्रह ! अब क्रमशः सुनिए । जो शुद्ध भक्तिपूर्वक मेरी पूजा प्रतिदिन करते हैं, उन्हें अवश्य ही कुमारी पूजन कर उनको भोजन कराना चाहिए ॥ ८-९ ॥

तेजोरूपं विधोश्चाग्नेः सर्वभावे प्रशस्यते ।
तत्पूजनात् तदालापाद् भोजनादपि तत् शुभम् ॥ १० ॥

चाहे सूर्य की पूजा, चाहे चन्द्रमा की पूजा, चाहे अग्नि की ही पूजा करने वाला क्यों न हो, सभी भावों में कन्या का पूजन प्रशस्त माना गया है । कन्या के पूजन से, कन्या से संभाषण से और कन्या के भोजन से मनुष्य का कल्याण होता है ॥ १० ॥

मम प्रीतिर्भवेत्साक्षाद् देवतागुप्तिसंस्थिता ।
बालभैरवदेवस्य कामिनीवटुकस्य च ॥ ११ ॥
मत्पुत्रस्य सर्वलोकपूजितस्य महौजसः ।
पूजाभिर्विविधैर्दिव्यैः कुमारी देव पूजिता ॥ १२ ॥

कन्या पूजन से मैं प्रसन्न होती हूँ क्योंकि उनमें देवता गुप्त रूप से निवास करते हैं । सभी लोकों के द्वारा पूजित, महान् तेजस्वी तथा ब्रह्मचारी मेरे पुत्र बाल भैरव देव की जो अभीष्ट हैं, वह कुमारी विविध प्रकार के दिव्य पूजन से देवों के द्वारा पूजित हैं ॥ ११-१२ ॥

कुमारी कन्यका प्रोक्ता सर्वज्ञा जगदीश्वरी ।
पूजार्थं सर्वलोकस्य समानीय सुरेश्वराः[1] ॥ १३ ॥
पूजयन्ति[2] महादेवीं गुप्तभावनिवासिनीम् ।
सदा भोजनवाञ्छार्घ्यै[3] माल्यसन्तुष्टहासिनीम् ॥ १४ ॥

कुमारी कन्यका, सर्वज्ञा एवं जगदीश्वरी कही जाती हैं । सुरेश्वर (= इन्द्र) गण भी पूजा के लिए गुप्त रूप से निवास करने वाली भूमिस्वरूपा महादेवी भोजन आदि अभीष्ट से अर्घ्य और मालादि द्रव्यों से सन्तुष्ट होकर प्रसन्न रहने वाली कन्या को समस्त लोक से लाकर उनका पूजन करते हैं ॥ १३-१४ ॥

---

१. सुरेश्वर ! क० । २. पूजयित्वा क० ।
३. वाञ्छाढ्य क० ।

वृथा न रौति सा देवी कुमारी देवनायिका ।
सरस्वतीस्वरूपा च पूज्यते सर्वनायकैः ॥ १५ ॥
शिवभक्तैर्विष्णुभक्तैस्तथान्यदेवपूजितैः ।
सर्वलोकैः पूजिता सा चावश्यं पूज्यते बुधैः ॥ १६ ॥

कुमारी देवनायिका का रोना अर्थात् असन्तुष्ट होना, व्यर्थ नहीं होता है अतः सभी श्रेष्ठ लोग सरस्वती स्वरूपा (द्र० ६. ९६) कन्या का पूजन करते हैं । शिव भक्त, विष्णु भक्त तथा अन्य देवता भक्त, किं बहुना, समस्त मनुष्यों द्वारा कन्या पूजित हुई हैं, इसलिए बुद्धिमान् साधक को कन्या का पूजन अवश्य करना चाहिए ॥ १५-१६ ॥

पूजया लभते पूजां पूजया लभते श्रियम् ।
पूजया धनमाप्नोति पूजया लभते महीम् ॥ १७ ॥
पूजया लभते लक्ष्मीं सरस्वतीं महौजसम् ।
महाविद्याः[१] प्रसीदन्ति सर्वे देवा न संशयः ॥ १८ ॥

कन्या पूजन से साधक पूजा प्राप्त करता है, कन्या पूजन से श्री की प्राप्ति होती है, धन प्राप्त होता है और पृथ्वी मिलती है । कन्या पूजन से लक्ष्मी प्राप्त होती है, सरस्वती प्राप्त होती है, महान् तेज मिलता है और दस महाविद्यायें प्रसन्न होती हैं । किं बहुना समस्त देवता कन्या पूजन से प्रसन्न होते हैं, इसमें संशय नहीं ॥ १७-१८ ॥

बालभैरवब्रह्मेन्द्रा ब्राह्मणा ब्रह्मवादिनः ।
रुद्राश्च देववर्गाश्च वैष्णवा विष्णुरूपिणः ॥ १९ ॥
अवताराश्च द्विभुजा विष्णवो मनुशोभिताः[२] ।
अन्ये दिक्पालदेवाश्च चराचरगुरुस्तथा ॥ २० ॥
नानाविद्यायुतास्सर्वे दानवा कूटशालिनः ।
अपवर्गस्थिता ये ये ते ते तुष्टा न संशयः ॥ २१ ॥

कन्या पूजन से बाल भैरव (श्री बटुक) ब्रह्मा, इन्द्र, ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण, रुद्र, देवगण, विष्णुरूप वैष्णव अवतार, द्विभुजा वाले वैष्णव जन, (स्वारोचिष् आदि) मनु से शोभित, अन्य दिक्पाल एवं देवता, अनेक विद्या से युक्त चराचर गुरु, कूटनीति से युक्त दानव और अपवर्ग में स्थित रहने वाले जो जो जन हैं वे सभी संतुष्ट होते हैं, इसमें संशय नहीं ॥ १९-२१ ॥

यद्यहं तुष्टिरूपा हि अन्ये लोके च का कथा ।
कुमारी पूजनं कृत्वा त्रैलोक्यं वशमानयेत् ॥ २२ ॥

हे देव ! यदि कन्या पूजन से मैं संतुष्ट होती हूँ तो अन्य लोगों की बात ही क्या ? साधक कुमारी पूजन कर समस्त त्रैलोक्य को अपने वश में कर सकता है ॥ २२ ॥

---

१. महाविद्याः सर्वे देवाश्च प्रसीदन्ति इत्यन्वयः ।

२. मनुसेविनः क० ।

महाशान्तिर्भवेत् क्षिप्रं सर्वपुण्यं फलप्रदम् ।
तत्तन्मन्त्रसदुल्लेखात् क्षणात् पुण्ययुतं भवेत् ॥ २३ ॥

कन्या पूजन से शीघ्र ही महाशान्ति प्राप्त होती हैं, संपूर्ण पुण्य तथा समस्त फल प्राप्त होते हैं । तन्त्र और मन्त्र में कहे गये समस्त पुण्य क्षण मात्र में प्राप्त हो जाते हैं ॥ २३ ॥

मन्त्रेण पुटितं कृत्वा जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ।
यद्यत् प्रकारमुच्चार्य वदामि सुरसुन्दर ॥ २४ ॥
तत्तत् कार्यमवश्यं च भिन्नबुद्धिं न कारयेत् ।

(कुमारी) मन्त्र से संपुटित (मन्त्र) का जप करने से साधक समस्त सिद्धियों का ईश्वर बन जाता है । हे सुरसुन्दर ! जिन जिन विधानों के प्रकार को मैं कहती हूँ उसे अवश्य करना चाहिए । उसमें भेद बुद्धि कदापि न करे ॥ २४-२५ ॥

भैरव उवाच

अथ बीजप्रभेदञ्च[1] वद शङ्करपूजिते ॥ २५ ॥
यदि मां[2] स्नेहपुञ्जोऽस्ति मत्कुलार्थप्रवेशिनि ।
वदस्व परमानन्द भैरवि प्राणवल्लभे ॥ २६ ॥

श्रीभैरव ने कहा—हे शङ्करपूजिते ! हे मेरे कुल के समस्त भावों मैं प्रविष्ट कराने वाली ! हे भैरवि ! हे प्राणवल्लभे ! हे परमानन्दे ! यदि मुझ में आपका स्नेह पुञ्ज हो तो अब कुमारी के बीज मन्त्र के भेदों को मुझे बताइए ॥ २४-२६ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु नाथ कुलार्थं मे कुमारीपूजने मनुम् ।
महामन्त्रं महामन्त्रं सिद्धमन्त्रं न संशयः ॥ २७ ॥
एतन्मन्त्रप्रसादेन जीवन्मुक्तो भवेत् सुधीः ।
अन्ते देवीपदं याति सत्यमानन्दभैरव ॥ २८ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! अब शाक्तों के हित के लिए कुमारी पूजन में प्रयोग किए जाने वाले महामन्त्र को मुझ से सुनिए । ये महामन्त्र सिद्ध मन्त्र हैं इसमें संशय नहीं । इस मन्त्र की कृपा होने पर बुद्धिमान् साधक जीवन्मुक्त हो जाता है और अन्त में देवी पद को प्राप्त कर लेता है । हे आनन्दभैरव ! यह सत्य हैं ॥ २७-२८ ॥

ऐहिकसुखसम्पत्तिर्मधुमत्याः प्रसादकम् ।
अवश्यं प्राप्नुयान्मर्त्यो विश्वासं[3] कुरु शङ्कर ॥ २९ ॥

इस लोक में अवश्य ही साधक को सुख संपत्ति प्राप्त होती है और यह मन्त्र मधुमती विद्या को प्रसन्न करने वाला है, हे शङ्कर ! ऐसा विश्वास करो ॥ २९ ॥

---

१. प्रभावं च क० । २. अस्य कुत्रान्वयः ? इति चिन्तनीयमस्ति ।
३. विश्रामं क० ।

वाग्भवेन पुरः क्षोभं मायाबीजे गुणाष्टकम् ।
श्रियोबीजे श्रियोलाभो मायाबीजे रिपुक्षयः ॥ ३० ॥
भैरवेण तु बीजेन खेचरत्वं सुरादिभिः ।
कुमारिका ह्यहं नाथ सदा त्वं हि कुमारकः ॥ ३१ ॥

वाग्भव (ऐं) से समस्त पुर क्षुब्ध हो जाता है । माया बीज (ह्रीं) में आठ गुना फल होता है, श्रीबीज (श्रीं) से श्री की प्राप्ति तथा माया बीज से शत्रु का नाश होता है । भैरव बीज (?) से देवताओं के समान खेचरता (आकाश गमन) प्राप्त होता है । हे नाथ ! वस्तुतः मैं ही सदा कुमारिका हूँ और आप सदैव कुमार हैं ॥ ३०-३१ ॥

अष्टोत्तरशतं वापि एकां वा परिपूजयेत् ।
पूजिताः प्रतिपद्यन्ते[१] निर्दहन्त्यवमानिताः ॥ ३२ ॥

चाहे १०८ की संख्या में चाहे एक ही कन्या का पूजन करना चाहिए । ये कन्यायें पूजित होने पर सब प्रकार का फल देती हैं । किन्तु अपमानित होने पर जला देती हैं ॥ ३२ ॥

कुमारी योगिनी साक्षात् कुमारी परदेवता ।
असुरा अष्टनागाश्च ये ये दुष्टग्रहा अपि ॥ ३३ ॥
भूतवेतालगन्धर्वा[२] डाकिनीयक्षराक्षसाः[३] ।
याश्चान्या देवताः सर्वाः भूर्भुवः स्वश्च भैरव ॥ ३४ ॥
पृथिव्यादीनि सर्वाणि ब्रह्माण्डं सचराचरम् ।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिवः ॥ ३५ ॥
ते तुष्टाः सर्वतुष्टाश्च यस्तु कन्यां प्रपूजयेत् ।

कुमारी साक्षात् योगिनी हैं । कुमारी साक्षात् पर देवता (महाशक्ति स्वरूपा) हैं । अतः कुमारी के सन्तुष्ट होने पर असुर, अष्टनाग, दुष्टग्रह, भूत, वेताल, गन्धर्व, डाकिनी, यक्ष, राक्षस तथा अन्य देवता, किं बहुना, हे भैरव ! समस्त भूः भुवः स्वः रूप त्रिलोकी समस्त पृथिव्यादि तत्त्व, चराचरात्मक समस्त ब्रह्माण्ड, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र एवं ईश्वर तथा सदाशिव आदि सभी देवगण कुमारी पूजन करने वाले साधक पर प्रसन्न हो जाते हैं ॥ ३३-३६ ॥

निधियुक्तां कुमारीं तु[४] पूजयेच्चैव भैरव ॥ ३६ ॥
पाद्यमर्घ्यं तथा धूपं कुङ्कुमं चन्दनं शुभम् ।
भक्तिभावेन सम्पूज्य कुमारीभ्यो निवेदयेत् ॥ ३७ ॥
प्रदक्षिणत्रयं कुर्यादादौ मध्ये तथान्ततः ।
पश्चाच्च दक्षिणा देया रजतस्वर्णमौक्तिकैः ॥ ३८ ॥

---

१. प्रतिपूज्यन्ते क० ।

२. भूताश्च वेतालाश्च गन्धर्वाश्चेति द्वन्द्वः ।

३. डाकिनी च यक्षश्च राक्षसश्चेति डाकिनीयक्षराक्षसाः, द्वन्द्वः ।

४. भोजयेद्वैव क० ।

हे भैरव ! निधि अर्थात ९ संख्यक कुमारी का पूजन करना चाहिए । पाद्य, अर्घ्य धूप, कुंकुम, शुभकारक चन्दन आदि पदार्थ भक्तिपूर्वक कुमारी को निवेदन करना चाहिए । पूजा के आदि में मध्य में तथा अन्त में तीन प्रदक्षिणा करे । फिर सुवर्ण, रजत तथा मोती से संयुक्त दक्षिणा देनी चाहिए ॥ ३६-३८ ॥

दक्षिणां विधिवद्दत्वा कुमारीभ्यः क्रमेण तु ।
विवाहयेत् स्वयं कन्यां ब्रह्महत्यां[1] व्यपोहति ॥ ३९ ॥
यावच्च[2] पुण्यकाले तु कन्यादानं प्रकल्पयेत् ।
भुक्तिमुक्तिफलं तस्य सौभाग्यं सर्वसम्पदः ॥ ४० ॥

विधि पूर्वक दक्षिणा देने के बाद क्रमशः कुमारियों का विवाह भी कर देना चाहिए । ऐसा करने से ब्रह्महत्या के पाप से छूट जाता है । पुण्य काल में जितनी ही कन्या का दान करता है, उसे भुक्ति मुक्ति, अन्य फल, सौभाग्य तथा सारी संपत्ति प्राप्त हो जाती है ॥ ३९-४० ॥

रुद्रलोके वसेन्नित्यं त्रिनेत्रो भगवान् हरः ।
तीर्थकोटिसहस्राणि अश्वमेधशतानि च ॥ ४१ ॥

कन्या दान करने वाला साधक त्रिनेत्र भगवान् सदाशिव का रूप धारण कर रुद्रलोक में निवास करता है । करोड़ों सहस्र तीर्थ का तथा सैकड़ों अश्वमेध यज्ञ का फल उसे प्राप्त हो जाता है ॥ ४१ ॥

तत्फलं लभते सद्यो यस्तु कन्यां विवाहयेत् ।
बालुकासागरे ज्ञेया तावदब्दसहस्रकम् ॥ ४२ ॥
एकैकं कुलमुद्धृत्य रुद्रलोके महीयते ।
तत्तदिष्टदेवानां प्रीतये तुष्टये सुधी ॥ ४३ ॥
कन्यादानं समाहृत्य मुक्तिमाप्नोति भैरव ।

जो कन्या का विवाह कर देता है शीघ्र ही उसके फल को साधक प्राप्त करता है । वह बालुका सागर में रहने वाले जितने बालू की संख्या होती है उतने हजार वर्षों तक एक एक कुल का उद्धार कर रुद्रलोक में पूजा प्राप्त करता है । हे भैरव ! इसलिए अपने उन उन इष्ट देवताओं की प्रीति के लिए बुद्धिमान् साधक कन्यादान कर मुक्ति प्राप्त करे ॥ ४२-४४ ॥

तत्तद्वर्णीयकन्यायास्तत्तद्बुद्ध्वा च साधकः ॥ ४४ ॥
विभाव्य शिवरूपत्वं सम्प्रदानीयकारके ।
पूर्णरूपं शिवं ध्यात्वा वरं सर्वाङ्गसुन्दरम् ॥ ४५ ॥
तेजोमयं यशःकान्तं बालभैरवरूपिणम् ।
बटुकेशं[3] महादेवं वरयेत् साधकाग्रणीः[4] ॥ ४६ ॥

श्रेष्ठ साधक उन उन वर्ण वाली कन्याओं में उन उन देवताओं की बुद्धि कर

---

१. ब्रह्महत्या विनश्यति क० ।
३. यो यश्च क० ।
३. बटुका विद्यार्थिनस्तेषामीशः ।
४. साधकानामग्रणी ।

(द्र० . ५, ९६-१००) एवं दिये जाने वाले वर में शिव की बुद्धि कर तथा पूर्ण रूप से शिव का ध्यान कर कन्यादान करे अथवा सर्वांग सुन्दर, तेजोमय, यश, कान्त बाल भैरव रूप, बटुकेश महादेव का वर रूप में वरण करे ॥ ४४-४६ ॥

बालरूपां भैरवीं च त्रैलोक्यसुन्दरीं वराम् ।
नानालङ्कारनम्राङ्गीं भद्रविद्याप्रकाशिनीम् ॥ ४७ ॥
चारुहास्यां महानन्दहृदयां शुभदां शुभाम् ।
ध्यात्वा द्वादशपत्राब्जे पूर्णचन्द्रनिभाननाम् ॥ ४८ ॥
सम्प्रदाने समानीय तत्तन्मन्त्रेण दापयेत् ।

त्रैलोक्यसुन्दरी, नानालङ्कार से विभूषित, नम्राङ्गी, श्रेष्ठ महाविद्या का प्रकाश देने वाली, मन्द मन्द हास्य करने वाली, महानन्द से परिपूर्ण हृदय वाली, कल्याणकारिणी, मङ्गल स्वरूपा, पूर्ण चन्द्रानना कन्या में बालरूपा (त्रिपुर) भैरवी का द्वादश पत्र कमल में ध्यान कर दान करने के लिए लावे और उन उन मन्त्रों से उनका दान भी करे ॥ ४७-४९ ॥

एतत् श्रुत्वा महावीरो बाल(बल)रूपी निरञ्जनः ॥ ४९ ॥
पुनर्जिज्ञासयामास परमानन्दभैरवीम् ।

इस बात को सुन कर महावीर तथा मायारहित बालरूपी भैरव ने परमानन्द स्वरूपा महाभैरवी से पुनः जिज्ञासा की ॥ ४९-५० ॥

आनन्दभैरव उवाच

कुमारीकुलतत्त्वार्थं मन्त्रार्थं जपनक्रमम् ॥ ५० ॥
यजनादिप्रकारञ्च भोजनादिक्रमं तथा ।
होमादिप्रकियां तस्याः स्तोत्रं प्रत्येकमेव हि ॥ ५१ ॥
कवचं च कुमारीणां वदस्व क्रमशः प्रिये ।
येन क्रमेण सा विद्या कुमारी परदेवता ॥ ५२ ॥
निर्जने साधकस्याग्रे महावाक्यं स्वयं वदेत् ।
बालिका चारुनयना केन हेतोः प्रसीदति ॥ ५३ ॥
तत्प्रकारं वद स्नेहादानन्दभैरवप्रिये ।

आनन्दभैरव ने कहा—हे महाभैरवी ! हे प्रिये ! कुमारी कुलतत्त्व के ज्ञान के लिए मन्त्रार्थ, जपक्रम, यजनादि के प्रकार, भोजनादि का क्रम, होमादि की प्रक्रिया, प्रत्येक का स्तोत्र तथा कुमारी कवच क्रमशः हमें बताइए । जिस क्रम से कुमारी परदेवता महाविद्या निर्जन स्थान में साधक के आगे स्वयं प्रगट हो कर स्वयं महावाक्य का प्रतिपादन करें वह बलिका चारुनयना किस प्रकार और किस कारण से प्रसन्न होती हैं ? हे आनन्दभैरवी ! उस प्रकार को आप कहिए ॥ ५०-५४ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु शम्भो प्रवक्ष्यामि कुमारी कुलमन्त्रकान् ॥ ५४ ॥

येन विज्ञानमात्रेण धरणीशो नरोत्तमः ।
सर्वेषां गुरुरूपः स्यात् कुमारीयजनेन च ॥ ५५ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे शम्भो ! अब कुमारी कुल के मन्त्रों को कहती हूँ उन्हें सुनिए । जिसके जानने मात्र से उत्तम साधक धरणी पति हो जाता है । कुमारी यजन के प्रभाव से साधक गुरु रूप में प्रतिष्ठित हो जाता है ॥ ५४-५५ ॥

एकवर्षा वरा सन्ध्यादिकानां मनुमुत्तमम् ।
षोडशाच्छान्तरूपाणां मन्त्रं शृणु महाप्रभो ॥ ५६ ॥

एक वर्षा वरा सन्ध्यादि नाम वाली कुमारियों से प्रारम्भ कर (१६ वर्ष वाली अम्बिका) स्वरूप कन्याओं के महामन्त्रों को और क्रमपूर्वक सभी के मन्त्रों के चैतन्य सिद्धि की सत्क्रिया को भी हे महाप्रभो ! श्रवण कीजिए ॥ ५६ ॥

क्रमादिकञ्च सर्वेषां चैतन्यसिद्धिसत्क्रियाम् ।
आनीय सुन्दरीं नारीं कुमारीं वरनायिकाम् ॥ ५७ ॥
रत्नालङ्कारसंयुक्तां शङ्खवस्त्रादिशोभिताम् ।
वाग्भवेन जलं नाथ तन्नाम्ना परिदापयेत् ॥ ५८ ॥

श्रेष्ठ सुन्दरी नारी कुलोत्पन्न रत्नालङ्कार संयुक्त चूड़ी और वस्त्रादि से सुशोभित कन्या को लाकर वाग्भव (ऐं) बीज के सहित तत्तन्नाम से, हे नाथ ! जल प्रदान करे ॥ ५७-५८ ॥

विमर्श—यथा ऐं सन्ध्यायै नमः जलं समर्पयामि उइत्यादि ॥ ५७-५८ ॥

देवीबुद्ध्या सदा ध्यात्वा पूजयेत् साधकोत्तमः ।
मायाबीजेन तन्नाम्ना पाद्यं दद्यात् तथा प्रभो ॥ ५९ ॥
लक्ष्मीबीजेन चार्घ्यं तु कुर्याद् बीजेन चन्दनम् ।
मायाबीजेन पुष्पाणि कुमार्यै दापयेत् सुधीः ॥ ६० ॥

उत्तम साधक उन उन कन्याओं में उन उन देवियों की भावना करते हुये पूजन करे । जल प्रदान करने के बाद मायाबीज 'ह्रीं सन्ध्यायै नमः पाद्यं समर्पयामि' इस मन्त्र से पाद्य समर्पित करे । लक्ष्मी बीज 'श्रीं सन्ध्यायै नमः अर्घ्यं समर्पयामि' इस मन्त्र से अर्घ्य प्रदान करे । पुनः माया बीज 'ह्रीं सन्ध्यायै नमः पुष्पाणि समर्पयामि' इस मन्त्र से कुमारी को पुष्प समर्पित करे ॥ ५९-६० ॥

सदाशिवेन मन्त्रेण धूपदीपौ महोत्तमौ ।
दत्वा षडङ्गमन्त्रेण पूजयेद् देवनायकः ॥ ६१ ॥
तत्प्रकारं महादेव शृणुष्वानन्दरूपधृक् ।
महातेजोमयं शुभ्रं हृदयं हस्तदक्षिणैः ॥ ६२ ॥
विभाव्य प्रपठेद् धीमान् तन्मन्त्रं शृणु शङ्कर ।
आदौ वाग्भवमुच्चार्य मायां लक्ष्मीं तु कूर्चकम् ॥ ६३ ॥

तदनन्तर सदाशिव के मन्त्र (ॐ नमः शिवाय) से उत्तम धूप दीप प्रदान कर षडङ्गमन्त्र से इस प्रकार न्यास करे ।

षडङ्गन्यास—हे आनन्द रूप वाले ! हे महादेव ! उस षडङ्गन्यास के प्रकार को सुनिए । महातेजोमय शुभ्र स्वरूप का ध्यान कर हृदय पर दाहिना हाथ रखकर धीमान् साधक को मन्त्र पढ़ाना चाहिए । हे शङ्कर ! अब उस मन्त्र को सुनिए । सर्वप्रथम वाग्भव (ऐं) उच्चारण कर माया (ह्रीं) लक्ष्मी बीज (श्रीं) कूर्च (हूं) का उच्चारण करे ॥ ६१-६३ ॥

प्रेतबीजं ततो ब्रूयात् [1]सविसर्गेन्दुबिन्दुकम् ।
कुलशब्दं समुच्चार्य कुमारिके ततो वदेत् ॥ ६४ ॥
हृदयायः नमः प्रोच्य ततः शिरसि भावयेत् ।
शुक्लवर्णं सर्वमयं बीजमुच्चार्य संन्यसेत् ॥ ६५ ॥
हकारं वाग्भवाढ्यञ्च वकारं वाग्भवार्थकम् ।
मायां लक्ष्मीं वाग्भवं च द्विठान्ते शिरसे पदम् ॥ ६६ ॥
वह्निजायावधिर्मन्त्रो न्यसेत् शिरसि साधकः ।

फिर विसर्ग और बिन्दु से युक्त प्रेत बीज (हंसोः) का उच्चारण कर 'कुल कुमारिके' पद का उच्चारण करे । तदनन्तर 'हृदयाय नमः' कहकर हृदय का स्पर्श करे । मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—'ऐं ह्रीं श्रीं हूँ हंसोः कुलकुमारिके हृदयाय नमः' ।

इसके बाद शिरः स्थान में शुक्ल वर्ण सर्वमय बीज (ॐ) का ध्यान करे । वाग्भव से युक्त हकार, वाग्भव से युक्त वकार, फिर माया (ह्रीं), फिर लक्ष्मी (श्रीं), फिर वाग्भव (ऐं), फिर दो ठ अर्थात् वह्निजाया (स्वाहा) इतना उच्चारण कर शिरः प्रदेश में दाहिने हाथ से स्पर्श कर न्यास करे ॥ ६४-६७ ॥

विमर्श—यथा—ऐं हें वें ह्रीं श्रीं ऐं स्वाहा ।

शिखामध्ये कृष्णवर्णं नीलाञ्जनचयप्रभम् ॥ ६७ ॥
विभाव्य संन्यसेन्मन्त्री कुमारीकुलसिद्धये ।
आदौ प्रणवमुद्धृत्व तदन्ते [2]वह्निसुन्दरी ॥ ६८ ॥
शिखायै च समुद्धृत्य वषट्कारं ततो वदेत् ।

तदनन्तर शिखा में काले अञ्जन के समूह के समान काले वर्ण का ध्यान कर 'कुमारी कुल' की सिद्धि के लिए मन्त्र साधक इस मन्त्र से न्यास करे । प्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण करे । उसके बाद वह्नि सुन्दरी (स्वाहा) का उच्चारण करे । फिर 'शिखायै वषट्' का उच्चारण कर शिखा स्थान में न्यास करे ॥ ६७-६९ ॥

विमर्श—यथा—ॐ स्वाहा शिखायै वषट् ।

ततः कवचमध्ये च बलवन्तं सुतेजसम् ॥ ६९ ॥

---

१. विसर्गेण सहितः सविसर्गः, तादृश दन्दुविन्दुर्यस्य तत् ।

२. विष्णु—क० ।

प्रथमारुणसङ्काशं ध्यात्वा चारुकलेवरम् ।
वाग्भवञ्च समुच्चार्य कुलशब्दं ततो वदेत् ॥ ७० ॥
वागीश्वरीपदं पश्चात् कवचाय ततो वदेत् ।
तारकब्रह्मशब्दञ्च कवचन्यासजालकम् ॥ ७१ ॥

इसके बाद कवच के मध्य में (दोनों बाहु) में महाबलवान् अत्यन्त तेजस्वी, सुन्दर, सूर्योदय से प्रथम होने वाले अरुण के समान लाल वर्ण का ध्यान कर वाग्भव (ऐं) का उच्चारण कर, फिर 'कुल' शब्द, फिर 'वागीश्वरि' पद, फिर 'कवचाय' पद, तदनन्तर तारक ब्रह्मा (हुं) का उच्चारण कर दोनों बाहु में न्यास करें । यहाँ तक कवचन्यास के अक्षर समूह को कहा गया ॥ ६९-७१ ॥

विमर्श—यथा—ऐं कुल वागीश्वरि कवचाय हुँ ।

ततो नेत्रत्रयं ध्यात्वा महाबीजं महाप्रभम् ।
रक्तवर्णं कोटिकोटिवामण्डल मण्डितम् ॥ ७२ ॥
विराजितं कोटिपुण्यार्जिततेजसि भास्करे ।
वाग्भवं च समुच्चार्य कुलेश्वरिपदं ततः ॥ ७३ ॥
नेत्रत्रयाय शब्दान्ते वौषट् लोचनमन्त्रकम् ।

इसके बाद नेत्रत्रय में महाप्रभा वाले रक्त वर्ण के करोड़ों जवा मण्डल मण्डित महाबीज का जो करोड़ो सूर्य में विराजित है उसका ध्यान कर वाग्भव (ऐं) का उच्चारण कर फिर 'कुलेश्वरि' पद फिर नेत्रत्रयाय वौषट्' का उच्चारण कर नेत्रत्रय का न्यास करे ॥ ७२-७४ ॥

विमर्श—यथा—ऐं कुलेश्वरि नेत्रत्रयाय वौषट् ।

ततः साधकमन्त्री च वामहस्ततले तथा ॥ ७४ ॥
मध्यमातर्जनीभ्यां च तालद्वयमुपाचरेत् ।
तन्मन्त्रं कोटिसूर्योग्रज्योत्स्नाजालसमप्रभम्[1] ॥ ७५ ॥
महाकाशोद्भवं शब्दं महोग्रपरिपीडनम् ।
मायाबीजं तथास्त्राय पदमुद्धृत्य यत्नतः ॥ ७६ ॥

फिर मन्त्रज्ञ साधक बायें हाथ पर दाहिने हाथ की मध्यमा और तर्जनी अंगुलियों से करोड़ों सूर्य की किरण समूहों के समान प्रभा वाले महाकाश में उत्पन्न महानग्र शब्द का ध्यान कर प्रथम माया बीज (ह्रीं) फिर 'अस्त्राय' पद, फिर पान्त ठान्त वर्ण (फट्) महामन्त्र कर उच्चारण दो ताली देवे ॥ ७४-७६ ॥

विमर्श—यथा—ह्रीं अस्त्राय फट् ।

पान्तठान्तं समुद्धृत्य महामन्त्रं प्रकीर्तितम् ।
ततस्तस्या हृन्निलये ध्यात्वा च परिवारकान् ॥ ७७ ॥

---

१. कोटिः सूर्यास्तेषामुग्रज्योत्स्नाजालेन समा प्रभा यस्य तम् ।

पूजयेद् यत्नतो मन्त्री भेषजामृतधारया ।
तर्पयेत् पूजयेद् भक्त्या भैरवं[1] बालभैरवम् ॥ ७८ ॥

इसके बाद उस कुमारी के हृदयाकाश में परिवार का ध्यान कर मन्त्रज्ञ यत्नपूर्वक ध्यान कर भेषजरूप अमृत धारा से उनका पूजन करे । तदनन्तर बटुक भैरव का पूजन कर उनका तर्पण करे ॥ ७७-७८ ॥

देवताभिः पूजयित्वा परिवारान् क्रमेण वै ।
ततो वाग्भवमुच्चार्य सिद्धजयाय शब्दतः ॥ ७९ ॥
पूर्वं पदं समुच्चार्य वक्त्राय नम ईरितः ।
ततो वाग्भवमुच्चार्य जयाय शब्दमुद्धरेत् ॥ ८० ॥
उत्तरवक्त्रमुद्धृत्य चतुर्थ्यन्तं नमःपदम् ।

क्रमशः देवताओं के साथ परिवार का पूजन कर, तदनन्तर वाग्भव (ऐं), फिर 'सिद्धजयाय' पद, फिर 'पूर्व' पद, फिर 'वक्त्राय नमः' से पूर्व मुख, इसके बाद वाग्भव (ऐं) उच्चारण कर 'जयाय' शब्द, फिर चतुर्थ्यन्त उत्तरवक्त्र (उत्तरवक्त्राय), फिर नमः पद का उच्चारण कर उत्तर मुख का पूजन करे ॥ ७९-८१ ॥

विमर्श—पूर्वमुख के लिए मन्त्र है—'ऐं सिद्धजायाय पूर्ववक्त्राय नमः' । उत्तरमुख के लिए मन्त्र है—'ऐं जयाय उत्तरवक्त्राय नमः' ।

ततो वाग्भवमाया श्री बीजमुच्चार्य यत्नतः ॥ ८१ ॥
कुब्जिके पश्चिमान्ते च वक्त्राय नम इत्यपि[2] ।
ततो वाग्भवमुच्चार्य कालिके पदमुच्चरेत् ॥ ८२ ॥
दक्षवक्त्राय शब्दान्ते नानामन्त्रं[3] प्रकीर्तितम् ।

फिर वाग्भव (ऐं), माया (ह्रीं) और श्रीबीज (श्रीं) का यत्नपूर्वक उच्चारण करे । 'कुब्जिके पश्चिम-वक्त्राय नमः' से पश्चिम वक्त्र का पूजन करे । तदनन्तर वाग्भव (ऐं) का उच्चारण कर 'कालिके' पद का उच्चारण कर 'दक्षवक्त्राय' शब्द के अन्त में 'नमः' शब्द का उच्चारण करे ॥ ८१-८३ ॥

विमर्श—पश्चिममुख के लिए मन्त्र है—'ऐं ह्रीं श्रीं कुब्जिके पश्चिमवक्त्राय नमः' । दक्षिणमुख के लिए मन्त्र है—'ऐं कालिके दक्षवक्त्राय नमः' ।

एतन्मन्त्राक्षरं नाथ समुच्चार्य कुलेश्वर ॥ ८३ ॥
पूजयित्वा क्रमेणैव भास्करं परिपूजयेत् ।
चन्द्रं दिक्पालदेवञ्च सन्ध्यादीन्[4] परिपूजयेत् ॥ ८४ ॥

---

१. कलिभैरवम्—क० । २. 'कुर्व्वितः' इति सं० मुद्रित पाठः ।
३. नमोमन्त्रः प्रकीर्तितः—क० ।
४. एकवर्षा कन्या 'सन्ध्या' इति कथ्यते ।

हे नाथ ! यहाँ तक हमने कुमारी मन्त्रों को कहा । हे कुलेश्वर ! इन मन्त्राक्षरों का उच्चारण कर उन उन मुखों का पूजन करे । फिर भास्कर, चन्द्रमा, दिक्पाल एवं सन्ध्यादि का पूजन करे ॥ ७९-८४ ॥

वीरभद्रां महाकालीं[1] कौलिनीं कुलगामिनीम् ।
अष्टादशभुजां कालीं चतुर्वर्गां[2] प्रपूजयेत् ॥ ८५ ॥

फिर वीरभद्रा, महाकाली, कुल में गमन करने वाली कौलिनी, अष्टादशभुजा काली तथा चतुर्वर्गा देवी का पूजन करे ॥ ८५ ॥

नैवेद्यादीन् समानीय नानाभोज्यादिसंयुतम् ।
दुग्धं घनावृतं क्षीरं पक्वान्नं पक्वसत्फलम् ॥ ८६ ॥
यद्यत्कालोपयोग्यञ्च शर्करामधुमिश्रितम् ।
पञ्चतत्त्वं कुलद्रव्यं निजकल्याणवर्धनम् ॥ ८७ ॥
नानाद्रव्यञ्च नैवेद्यं स्वस्वकल्पोक्तसाधितम् ।
कुमारीभ्यो निवेद्यैवं नानासौरभशोभितम् ॥ ८८ ॥

अनेक प्रकार के भोज्यान्न से युक्त नैवेद्य आदि जैसे दूध, दही, पक्वान्न, पके हुये उत्तमोत्तम फल, तत्तत्कालों में उपयोग योग्य फल, शर्करा, मधुमिश्रित पञ्चतत्त्व (पञ्चामृत), अपना कल्याण बढ़ाने वाला कुलद्रव्य और अनेक प्रकार के नानाविध नैवेद्य निवेदित करे । फिर अनेक प्रकार के सुगन्ध से मिश्रित शीतल जल लाकर बुद्धिमान् साधक उन कन्याओं को प्रदान करे ॥ ८६-८८ ॥

शीतलं जलमानीय दद्यात्ताभ्यो महासुधीः ।
ततो हितं महामन्त्रं कुमार्याश्चातिदुर्लभम् ॥ ८९ ॥
अथवा स्वीयमूलञ्च जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ।
समर्थप्राणवायूनां धारयेत्कारयेत्[3] स्वयम् ॥ ९० ॥
अष्टाङ्गादिप्रणामं च कुर्वन् स्तोत्रं पठन् दिशेत् ॥ ९१ ॥

इसके बाद अपना हित करने वाला अत्यन्त दुर्लभ कुमारी का महामन्त्र अथवा अपने इष्टदेवता का मन्त्र जपने से साधक सभी सिद्धियों का ईश्वर बन जाता है ।

यदि प्राण वायु के धारण करने में समर्थ हो तो प्राणायाम करे । अन्त में निम्नलिखित कुमारी स्तोत्र का पाठ कर साष्टाङ्ग प्रणाम करे ॥ ८९-९१ ॥

कुमारी स्तोत्र

नमामि कुलकामिनीं परमभाग्यसन्दायिनीम् ।
कुमाररतिचातुरीं सकलसिद्धिमानन्दिनीम् ॥ ९२ ॥

---

१. महाकन्याम् कन्या 'सन्ध्या' इति कथ्यते । २. 'चण्डदुर्गां' इति मन्त्रमहार्णवे पाठः ।
३. धारणं कारयेत्स्वयम्—क० ।

परम भाग्य को देने वाली कुल कामिनी को नमस्कार करता हूँ । कुमार साधकों के लिए आनन्द प्रदान करने वाली, समस्त सिद्धियों को देने वाली, आनन्द स्वरूपिणी कुमारी को नमस्कार करता हूँ ॥ ९२ ॥

प्रवालगुटिकामृजां रजतरागवस्त्रान्विताम् ।
हिरण्यकुलभूषणां भुवनवाक्कुमारीं भजे ॥ ९३ ॥

ध्यान—मूँगा की गुटिका के समान अत्यन्त स्वच्छ स्वरूप वाली स्वर्णमय परिधान से अलंकृत हीरे का आभूषण धारण करने वाली भुवनेश्वरी स्वरूपा कुमारी की मैं सेवा करता हूँ ॥ ९३ ॥

इति मन्त्रेण संन्यस्य तारिणीं परिपूजयेत् ।
शिवं गणेशं सम्पूज्य प्रणमेत् साधकोत्तमः ॥ ९४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने कुमार्युपचर्याविन्यासे सिद्धमन्त्र-प्रकरणे दिव्यभावनिर्णये सप्तम पटलः ॥ ७ ॥

इस मन्त्र से न्यास कर तारिणी स्वरूपा कुमारी का पूजन करे । फिर साधकोत्तम शिव गणेश का पूजन कर उन्हें भी प्रणाम करे ॥ ९४ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में कुमारी पूजाविन्यास वाले सिद्ध-मन्त्र प्रकरण में दिव्य भाव के निर्णय में सातवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७ ॥

अथाष्टमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव कुमार्या जपहोमकम् ।
लक्षसंख्यजपं कृत्वा मायां वा वाग्भवं रमाम् ॥ १ ॥
कालीबीजं वापि नाथ मायां वा कामबीजकम् ।
सदाशिवेन पुटितं बिन्दुचन्द्रविभूषितम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर **कुमारी के जप एवं होम का विधान** कहती हूँ ।

माया (ह्रीं) अथवा वाग्भव (ऐं) रमा (श्रीं) काली बीज (क्लीं), अथवा हे नाथ ! माया (ह्रीं), कामबीज (क्लीं), बिन्दु (विसर्ग) चन्द्र (अनुस्वार) से युक्त सदाशिव होम से सम्पुटित कुमारी मन्त्र का जप करें ॥ १-२ ॥

अथवा[१] प्रणवेनापि पुटितं त्रिदशेश्वर ।
जपित्वा मूलमन्त्रञ्च लक्षसंख्याविधानतः ॥ ३ ॥
तद्दशांशं महाहोमं घृताक्तबिल्वपत्रकैः ।
अथवा श्वेतपुष्पैश्च कुन्दपुष्पैर्महाफलम् ॥ ४ ॥

अथवा हे त्रिदशेश्वर ! केवल प्रणव (ॐ) से सम्पुटित मूलमन्त्र का एक लाख की संख्या में विधानपूर्वक जप कर घृत में डुबोए गए बिल्व पत्रों से उसका दशांश होक करे, अथवा श्वेत पुष्पों से अथवा कुन्द पुष्पों से तद्दशांश होम करे ॥ ३-४ ॥

एवं क्रमेण जुहुयात् करवीरप्रसूनकैः ।
घृताक्तैः कैवलैर्वापि चन्दनागुरुमिश्रितैः ॥ ५ ॥
हविष्याशी[२] दिवाभागे रात्रौ पूजापरो भवेत् ।
निजपूजावशेषैस्तु कुलद्रव्यैः प्रपूजयेत् ॥ ६ ॥

इसी क्रम से केवल घृताक्त करवीर पुष्पों से अथवा चन्दन और अगुरु से मिश्रित करवीर पुष्पों से हवन करना चाहिए । साधक दिन में हविष्यान्न भोजन कर रात्रि के समय कुमारी की पूजा करे, अपनी पूजा से अवशिष्ट कुल द्रव्यों से कुण्डलिनी का पूजन करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

---

१. लक्षसंख्यां क्रमेणैव जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत्—क० ।

२. हविष्यमश्नाति इति हविष्याशी, णिनिप्रत्ययः कर्तरि ।

दिवासंख्यं जपेत्तत्र परमानन्दरूपधृक् ।
जपान्ते जुहुयान्मन्त्री मदुक्तद्रव्यसंयुतैः ॥ ७ ॥
ततः प्राणात्मकं वायुं शोधयित्वा पुनः पुनः ।
प्राणायामत्रयं कृत्वा चाष्टाङ्गं प्रणमेन्मुदा ॥ ८ ॥

अत्यन्त आनन्दमय स्वरूप धारण कर दिन में मनसोभिलषित संख्यानुसार जप करे । फिर जप पूर्ण हो जाने पर प्रथम मैने जैसा कहा है मन्त्रवेत्ता उन्हीं द्रव्यों से हवन करे । इसके बाद बारम्बार अपने प्राणात्मक वायु का संशोधन कर तीन प्राणायाम कर प्रसन्नतापूर्वक साष्टाङ्ग प्रणाम करे ॥ ७-८ ॥

प्रणामसमये नाथ इदं स्तोत्रं पठेत् यतिः ।
कवचञ्च तथा पाठ्यं कुमारीणामथापि वा ॥ ९ ॥
निजदेव्या महास्तोत्रं पठेद्धि कवचं ततः ।
कुमारीणां महादेव सहस्रनाम साष्टकम् ॥ १० ॥

हे नाथ ! प्रणाम करते समय नियमकर्ता साधक इस स्तोत्र का पाठ करे अथवा कुमारी कवच का पाठ करे । अथवा, अपनी इष्टदेवी के स्तोत्र का पाठकर तदनन्तर कुमारी कवच का पाठ करें । तदनन्तर कुमारी अष्टोत्तर सहस्रनाम का पाठ करे ॥ ९-१० ॥

पठित्वा सिद्धिमाप्नोति पठित्वा[१] साधकोत्तमः ।
अग्रे[२] संस्थाप्य ताः सर्वा रत्नकोटिसुशीतलाः ॥ ११ ॥
ततः स्तोत्रं पठेद्धीमान् समाहितमना वशी ।
महादिव्याचाररतो[३] वीरभावोल्बणोऽपि वा ॥ १२ ॥

इस प्रकार पाठ करने से सिद्धि प्राप्त होती है तथा पाठकर्ता उत्तम साधक बन जाता है । करोड़ों रत्नों से सुशीतल उन देवियों को अपने आगे स्थापित कर महादिव्याचार में निरत हो कर, अथवा वीरभाव से उत्तेजित होता हुआ बुद्धिमान् साधक स्थिरचित्त हो कर सर्व प्रथम स्तोत्र का पाठ करे ॥ ११-१२ ॥

एवं क्रमेण प्रपठेद् भक्तिभावपरायणः ।
महाविद्या महासेवा भक्तिश्रद्धाप्लुतार्पितः ॥ १३ ॥
महाज्ञानी भवेत् क्षिप्रं वाञ्छासिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १४ ॥

---

१. नात्र कार्या विचारणा—क० ।
२. तद् शक्तौ निजदेव्याः सहस्रनाम मङ्गलम् ।
अष्टोत्तरं पठित्वाथ सिद्ध्यङ्को क्षीणसंशयः ॥
तासां स्तोत्रं दिव्यनाथ शृणु सर्वत्र मङ्गलम् ।
अकस्मात् सिद्धिमाप्नोति पठित्वा साधकोत्तमः ॥ क० ।
३. महाविद्याचारटतो महाभावोल्बणोऽपि वा—ग० ।

भक्ति भाव में परायण हो कर, महाविद्या की महतीसेवा में भक्ति और श्रद्धा से परिप्लुत हो कर इस स्त्रोत्र का पाठ करने से साधक महा ज्ञानी हो जाता है और अपने अभीष्ट की सिद्धि भी प्राप्त कर लेता है ॥ १३-१४ ॥

आनन्दभैरव उवाच[१]

देवेन्द्रादय इन्दुकोटिकिरणां वाराणसीवासिनीं
विद्यां वाग्भवकामिनीं त्रिनयनां सूक्ष्मक्रियाज्वालिनीम्[२] ।
चण्डोद्योगनिकृन्तिनीं त्रिजगतां धात्रीं कुमारीं वरां
मूलाम्भोरुहवासिनीं शशिमुखीं[३] सम्पूजयामि श्रिये ॥ १५ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—देवेन्द्रादि जिन्हें नित्य प्रणाम करते हैं । जिनके शरीर की कान्ति करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल है । जो वाराणसी सिद्धपीठ में निवास करने वाली हैं । महाविद्या स्वरूपा, वाणी स्वरूपा, त्रिनेत्रा, जो सूक्ष्मक्रिया से उज्ज्वल हैं, चण्डदैत्य के उद्योग को निष्फल करने वाली, तीनों जगत् का पोषण करने वाली, श्रेष्ठ कुमारीस्वरूपा, मूलाधार में स्थित कमल पर निवास करने वाली, ऐसी शशिमुखी देवी को मैं श्री की कामना से पूजा कर रहा हूँ ॥ १५ ॥

भाव्यां देवगणैः शिवेन्द्रयतिभिर्मोक्षार्थिभिर्बालिकां
सन्ध्यां नित्यगुणोदयां[४] द्विजगणे श्रेष्ठोदयां सारुणाम् ।
शुक्लाभां परमेश्वरीं शुभकरीं भद्रां विशालाननां
गायत्रीं गणमातरं दिनगतिं कृष्णाञ्च वृद्धां भजे ॥ १६ ॥

जो देवगणों से शिवेन्द्रादि यतियों से तथा मोक्षार्थियों से पूजनीय हैं, जो बालिका स्वरूपा हैं, सन्ध्यासमय नित्यगुणों से उदय होने वाली, द्विजगणों में श्रेष्ठ, अभ्युदय देने वाली, अरुणवर्ण की कान्ति से युक्त, शुक्ल आभा वाली परमेश्वरी सब का कल्याण करने वाली, स्वयं कल्याणस्वरूपा, विशालमुख वाली, गायत्री स्वरूपा, सभी गणों की माता, सूर्योदय रूप से दिन में गति प्रदान करने वाली, कृष्णा तथा वृद्धा स्वरूपा उन देवी का मैं भजन करता हूँ ॥ १६ ॥

बालां बालकपूजितां गणभृतां विद्यावतां मोक्षदां
धात्रीं शुक्लसरस्वतीं नववरां वाग्वादिनीं चण्डिकाम् ।
स्वाधिष्ठानहरिप्रियां प्रियकरीं वेदान्तविद्याप्रदां
नित्यं मोक्षहिताय योगवपुषा चैतन्यरूपां भजे ॥ १७ ॥

जो बाला हैं, बालकों से पूजित हैं, गणेश्वरों एवं विद्वानों को मोक्ष प्रदान करने वाली हैं, सब का पोषण करने वाली हैं, जो शुक्लवर्णा सरस्वती हैं वाणी की उपासना करने वालों को नवीन वर देने वाली हैं, चण्डिका (कोपनशीला) हैं स्वाधिष्ठान में रहने वाले हरि की

---

१. श्री—आनन्दभैरवी उवाच—क० । २. नृक्षत्रियाकामिनीम्—ग० ।
३. शशिनो मुखमिव मुखं यस्यास्ताम् । ४. सुखोदयाम्—क० ।

प्रिया है सब का प्रिय करने वाली एवं वेदान्त विद्या प्रदान करने वाली हैं, ऐसी योगशरीर से मोक्ष रूप हित के लिए चैतन्य स्वरूप भगवती का मैं भजन करता हूँ ॥ १७ ॥

नानारत्नसमूहनिर्मितगृहे पूज्यां सूरैर्बालिकां
वन्दे नन्दनकानने मनसिजे सिद्धान्तबीजानने ।
अर्थं देहि निरर्थकाय पुरुषे हित्वा कुमारीं कलाम्
सत्यं[1] पातु कुमारिके त्रिविधमूर्त्या च तेजोमयीम् ॥ १८ ॥

सिद्धान्त बीज रूप आनन वाले, मनसिजरूप नन्दन कानन में नाना रत्न समूहों द्वारा निर्मित गृह में देवताओं से परिपूजित—बालिका स्वरूपा भगवती की मैं वन्दना करता हूँ । हमारे जैसे अर्थ हीन को अपनी तेजोमयी कुमारी (षोडश) कला से परिवेष्टित कर पुरुष रूप में अर्थ प्रदान कीजिए और हे कुमारिके ! आप अपनी त्रिविधमूति से सत्य की रक्षा कीजिए ॥ १८ ॥

वरानने सकलिकां कुलपथोल्लासैकबीजोद्वहां[2]
मांसामोदकरालिनीं हि भजतां कामातिरिक्तप्रदाम् ।
बालोऽहं वटुकेश्वरस्य चरणाम्भोजाश्रितोऽहं सदा
हित्वा बालकुमारिके शिरसि[3] शुक्लाम्भोरुहेशं भजे ॥ १९ ॥

हे वरानने ! आप कुलपथ को प्रकाशित करने के लिए बीजधारण करने वाली दीप की कलिका के समान हैं । आप मांस के उपहार से संतुष्ट रहने वाली करालिनी हैं तथा भजन करने वालों को उनको वाञ्छा से भी अधिक फल प्रदान करती हैं । हे बाल कुमारिके ! मैं बालक हूँ और सर्वदा बटुकेश्वर के चरणाम्भोज का आश्रय लेने वाला हूँ । किन्तु अब शिर पर शुक्ल वर्ण का कमल धारण करने वाले आपके जैसे समर्थ का भजन करता हूँ ॥ १९ ॥

सूर्याह्लादवलाकिनीं कलिमहापापादितापापहां[4]
तेजोऽङ्गां भुवि सूर्यगां भयहरां तेजोमयीं बालिकाम् ।
वन्दे हृत्कमले सदा रविदले वालेन्द्रविद्यां सतीं
साक्षात् सिद्धिकरीं कुमारि विमलेऽन्वासाद्य रूपेश्वरीम् ॥ २० ॥

आप सूर्य के समान कलि कि महापापादि तापों को हरण करने वाली हैं, आप तेजोमयी अङ्कवाली हैं, पृथ्वी में तथा सूर्य में निवास करने वाली हैं और भय को हरण करने वाली, तेजोमयी बालिका स्वरूपा हैं । आप के द्वादशपत्र वाले हृत्कमल के मध्य में बालेन्द्रविद्या सती साक्षात् सिद्धि प्रदान करने वाली हे कुमारि ! हे विमले ! हे रूपेश्वरि ! आपको प्राप्त कर मैं आपकी वन्दना करता हूँ ॥ २० ॥

---

१. मह्यं पातु कुमारिके त्रिविधमृत्याकाशतेजोमयीम्—ख० ।

२. बीजोद्गृहाम्—ग० ।

३. शुद्धाम्भोरुहेशं भजे—ख० ।

४. कलिमलापापासितां पापहाम्—ग० ।

नित्यं श्रीकुलकामिनीं कुलवतीं कोलामुमामम्बिकां
नानायोगनिवासिनीं सुरमणीं नित्यां तपस्यान्विताम् ।
वेदान्तार्थविशेषदेशवसना भाषाविशेषस्थितां
वन्दे पर्वतराजराजतनयां[1] कालप्रियो त्वामहम् ॥ २१ ॥

आप नित्य श्री कुल की कामिनी हैं, कुलवती हैं, कोला, उमा तथा अम्बिका हैं, नाना योग में निवास करने वाली, सुन्दर रमण करने वाली, नित्य स्वरूपा, तपस्या में निरत रहने वाली हैं । आप वेदान्तार्थ रूप विशेष देश में रहने वाली तथा आशा के विशेष स्थान में रहने वाली पर्वतराज हिमालय की राजतनया हैं । अतः आपके काल को प्रिय लगने वाला मैं आपकी वन्दना करता हूँ ॥ २१ ॥

कौमारीं कुलकामिनीं रिपुगणक्षोभाग्निसन्दोहिनीं
रक्ताभानयनां शुभां परममार्गमुक्तिसंज्ञाप्रदाम् ।
भार्या भागवतीं मतिं भुवनमामोदपञ्चाननां
पञ्चास्यप्रियकामिनीं भयहरां सर्पादिहारां भजे ॥ २२ ॥

कौमारि, कुलकामिनी (मूलाधार में स्त्रीरूप से रहने वाली), शत्रुगण में क्षोभ रूप अग्नि का संदोहन करने वाली, रक्तवर्ण नेत्रों वाली, कल्याणकारिणी परममार्ग में मुक्ति संज्ञा प्रदान करने वाली, भगवान् की भार्यास्वरूपा, बुद्धिस्वरूपा, पृथ्वी के वन प्रदेश में आमोद (प्रमोद) मनाने वाली, पञ्चानना पञ्चमुख भगवान् सदाशिव की प्रिय कामिनी भयहारिणी तथा सर्पादि का हार धारण करने वाली कुमारी भगवती का मैं भजन करता हूँ ॥ २२ ॥

चन्द्रास्यां[2] चरणद्वयाम्बुजमहाशोभाविनोदीं नदीं
मोहादिक्षयकारिणीं वरकरां श्रीकुब्जिकां[3] सुन्दरीम् ।
ये नित्यं परिपूजयन्ति सहसा राजेन्द्रचूडामणिं
सम्पादं धनमायुषो जनयतो व्याप्येश्वरत्वं जगुः ॥ २३ ॥

चन्द्र के समान मनोहर मुख मण्डल वाली, अपने चरणाम्भोज की महाशोभा से भक्त जनों का विनोद करने वाली, नदी के समान, मोहादि का क्षय करने वाली, मनोहर करों वाली, सुन्दरी श्रीकुब्जिका का जो लोग पूजन करते हैं वे सहसा राजेन्द्र चूडामणि पद सम्पादन कर धन और आयुष्य प्राप्त कर ईश्वरत्व में व्याप्त हो जाते हैं ॥ २३ ॥

योगीशं भुवनेश्वरं प्रियकरं श्रीकालसन्दर्भया
शोभासागरगामिनं हरभवं वाञ्छाफलोद्दीपनम् ।

---

१. पर्वतानां राजानः पर्वतराजानः, तेषां राजा पर्वतराजराजः, तस्य तनया, ताम् ।

२. चन्द्रस्य आस्यं मुखमिव आस्यं यस्यास्ताम् । अस्यन्ति वर्णान् प्रक्षिपन्ति अनेनेति आस्यम्, करणे ण्यत्प्रत्ययः ।

३. श्रीचन्द्रिकाम्—क० ।

लोकानामघनाशनाय शिवया श्रीसंज्ञया विद्यया
धर्मप्राणसदैवतां प्रणमतां कल्पद्रुमं भावये ॥ २४ ॥

योगीश्वर, भुवनेश्वर, सब का प्रिय करने वाले, श्री काल स्वरूप, शोभासागर में जाने वाले, शिवस्वरूप, वाञ्छाफल को प्रकाशित करने वाले, जो समस्त लोक के पाप का नाश करने वाले शिव, श्रीसंज्ञक महाविद्या से अभिहित होते हैं ऐसे धर्मप्राण की देवता स्वरूपा तथा प्रणाम करने वालों के लिए कल्पद्रुम स्वरूपा श्री भगवती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ २४ ॥

विद्यां तामपराजितां [१]मदनभावामोदमत्ताननां
हृत्पद्मस्थितपादुकां कुलकलां कात्यायनीं भैरवीम् ।
ये ये पुण्यधियो भजन्ति परमानन्दाब्धिमध्ये मुदा
सर्व्वाच्छापिततेजसा भयकरीं मोक्षाय सङ्कीर्तये ॥ २५ ॥

मैं मदनभाव के आमोद से उन्मत्त लोगों के मोक्ष के लिए उस अपराजिता विद्या का सङ्कीर्तन करता हूँ जो हृदय रूप कमल में पादुका स्वरूप से विद्यमान हैं, जो कुलोपासकों की कला हैं । कात्यायनी और भैरवी स्वरूपा हैं और परमानन्द के समुद्र के मध्य में रहने वाली जिन देवी का पुण्यात्मा लोग प्रसन्नतापूर्वक भजन करते है, जो अपने तेज से सब को शान्त करने वाली तथा अभय प्रदान करने वाली हैं, उनका मैं संकीर्तन करता हूँ ॥ २५ ॥

रुद्राणीं प्रणमामि पद्मवदनां कोट्यर्कतेजोमयीं
नानालङ्कृतभूषणां कुलभुजामानन्दसन्दायिनीम्।
श्री मायाकमलान्वितां हृदिगतां सन्तानबीजक्रियां
आनन्दैकनिकेतनां हृदि भजे साक्षादलब्धामहम् ॥ २६ ॥

मैं अपने हृदय में आनन्द रूप एक निकेतन में निवास करने वाली, किन्तु साक्षात रूप में उपलब्ध न होने वाली, हृदयस्थल में निवास करने वाली, जगत् के सन्तान के लिए बीज क्रिया स्वरूपा, उन रुद्राणी के मुखकमल को प्रणाम करता हूँ, जिनके पाँच मुख हैं, जो करोड़ों सूर्य के समान तेजोमयी हैं, जो कुलोपासकों को आनन्द प्रदान करने वाली नाना प्रकार के आभूषणों से अलंकृत हैं ॥ २६ ॥

विमर्श—शाक्तप्रमोद में चौथे चरण का पाठ इस प्रकार है—
'वन्दे वाग्भवरूपिणीं कुलवधूं हूंकारबीजोद्‌भवाम्' ।

नमामि वरभैरवीं क्षितितलाद्यकालानलां
मृणालसुकुमारारुणां भुवनदोषसंशोधिनीम् ।
जगद्‌भयहरां हरां हरति या च योगेश्वरी
महापदसहस्रकम् सकलभोगदान्तामहम् ॥ २७ ॥

मैं सकल भोग प्रदान करने वाली, हजारों महापद धारण करने वाली, संसार के भय

---

१. मदनभारेति—क० ।

को हरण करने वाली तथा हरपत्नी होकर जगत् का हरण करने वाली, योगीश्वरी उन श्रेष्ठ भैरवीस्वरूपा भगवती को नमस्कार करता हूँ जो मृणाल तन्तु के समान अत्यन्त सुकुमार तथा अरुण कान्ति वाली तथा त्रिभुवन के दोषों को शुद्ध करने वाली हैं ॥ २७ ॥

साम्राज्यं प्रददाति याचितवती विद्या महालक्षणा
साक्षादष्टसमृद्धिदातरि महालक्ष्मीः कुलक्षोभहा ।
स्वाधिष्ठानसुपङ्कजे विवसितां विष्णोरनन्तप्रिये
वन्दे राजपदप्रदां शुभकरीं कौलेश्वरीं कौलिकीम् ॥ २८ ॥

जो महालक्षण युक्त अपने महाविद्यास्वरूप से याचना करने पर साम्राज्य प्रदान करती हैं, जो साक्षादष्टसमृद्धि के दाता विष्णु महालक्ष्मीस्वरूपा है, जो कुल (मूलाधार) में होने वाले क्षोभ को नष्ट करने वाली हैं तथा स्वाधिष्ठान कमल में विष्णु के साथ निवास करतीं हैं, ऐसी, हे अनन्त प्रिये भगवति ! राज्यपद प्रदान करने वाली, कल्याणकारिणी, कौलेश्वरी, कौलिकी को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ २८ ॥

पीठानामधिपाधिपाम् असुवहां विद्यां शुभां नायिकां
सर्वालङ्करणान्वितां त्रिजगतां क्षोभापहां वारुणीं ।
वन्दे पीठगनायिकां[१] त्रिभुवनच्छायाभिराच्छादितां
सर्वेषां हितकारिणीं जयवतामानन्दरूपेश्वरीम् ॥ २९ ॥

जो पीठाधिपतियों की अधिपा हैं, प्राण का सञ्चार करने वाली हैं, विद्या और कल्याणकारिणी नायिका हैं, सभी प्रकार के अलङ्कारों से अलंकृत हैं, तीनों लोकों में होने वाले क्षोभ को हरण करने वाली हैं, वारुणीस्वरूपा हों त्रिभुवन की छाया से आच्छादित रहने वाली, प्रच्छन्न स्वरूप पीठ में निवास करने वाली, सभी का हित करने वाली, जय करने वालों के मन में आनन्दस्वरूपा ईश्वरी की मैं वन्दना करता हूँ ॥ २९ ॥

क्षेत्रज्ञां मदविह्वलां कुलवतीं सिद्धिप्रियां प्रेयसीम् ।
शम्भोः श्री वटुकेश्वरस्य महतामानन्दसञ्चारिणीम् ॥ ३० ॥

क्षेत्रज्ञ स्वरूपा, मद से विह्वल, कुलवती, सिद्धियों की प्रिय, सदाशिव की प्रेयसी, श्री बटुकेश्वर तथा महान् लोगों में आनन्द का सञ्चार करने वाली, भगवती की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३० ॥

साक्षादात्मपरोद्गमां कमलमध्यसंभाविनीं
शिरो दशशते दलेऽमृतमहाब्धिधाराधराम् ।
निजमनः क्षोभापहां शाकिनीम्
बाह्यार्थ प्रकटामहं रजतभां वन्दे महाभैरवीम् ॥ ३१ ॥

साक्षात् आत्मा में परमात्मारूप से निवास करने वाली, कमल के मध्य में ध्यान करने के योग्य, शिर में रहने वाले सहस्रदल वाले कमल चक्र में अमृत महा समुद्र की धारा को

१. पीठं गच्छति या सा पीठगा, सा चासौ नायिका चेति पीठगनायिका ।

धारण करने वाली, साधक के मन के क्षोभ को अपहरण करने वाली साकिनी स्वरूपा बाह्य जगत् में अर्थ रूप से प्रगट होने वाली सुर्वणमयीं महाभैरवी की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३१ ॥

प्रणामफलदायिनीं सकलबाह्यवश्यां गुणां
नमामि परमम्बिकां विषयदोषसंहारिणीम् ।
सम्पूर्णविधुवन्मुखीं कमलमध्यसम्भाविनीं
शिरो दशशते दलेऽमृतमहाब्धिधाराधराम् ॥ ३२ ॥

जो मात्र प्रणाम से ही फल प्रदान करने वाली हैं, सम्पूर्ण बाह्य वस्तुओं को वश में रखने वाली गुणवती हैं, विषय दोषों का संहार करने वाली, पूर्णचन्द्र निभानना, कमल के मध्य में संभावना (ध्यान) किए जाने योग्य, शिर में संस्थित सहस्र दल वाले कमल में अमृत महासमुद्र की धारा धारण करने वाली भगवती की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३२ ॥

साक्षादहं त्रिभुवनामृतपूर्णदेहां
सन्ध्यादि देवकमलां कुलपण्डितेन्द्राम् ।
नत्वा भजे दशशते दलमध्यमध्ये
कौलेश्वरीं सकलदिव्यजनाश्रयां ताम् ॥ ३३ ॥

तीनों लोकों में अमृत से पूर्ण शरीर वाली सन्ध्या, आदिदेव (विष्णु) की कमला, कुल कुण्डलिनी में रहने वाली, पण्डितों की इन्द्राणी भगवती को नमस्कार कर सहस्रदल कमल के मध्य के बीच में रहने वाली कौलेश्वरी जो समस्त दिव्यजनों को आश्रय देने वाली हैं, मैं उनका साक्षात् भजन करता हूँ ॥ ३३ ॥

विश्वेश्वरीं स्वरकुले वरबालिके त्वां
सिद्धासने प्रतिदिनं प्रणमामि भक्त्या ।
भक्तिं धनं जयपदं यदि देहि दास्यं
तस्मिन् महामधुमतीं लघुनाहता: स्यात् ॥ ३४ ॥

हे स्वरकुले ! हे वर बालिके ! हे सिद्धासने ! आप समस्त विश्व की ईश्वरी हैं । मैं भक्तिपूर्वक प्रतिदिन आपको प्रणाम करता हूँ । हे भगवती ! मुझे भक्ति धन, जयपद तथा अपना दास्यभाव प्रदान कीजिए । यदि मुझ सेवक में आप महामधुमती विद्या प्रदान करें तो मेरी लघुता समाप्त हो जायगी ॥ ३४ ॥

एतत्स्तोत्रप्रसादेन कविता वाक्पतिर्भवेत् ।
महासिद्धीश्वरो दिव्यो वीरभावपरायण: ॥ ३५ ॥
सर्वत्र जयमाप्नोति स हि स्याद् देववल्लभ: ।
वाचामीशो भवेत् क्षिप्रं कामरूपो भवेन्नर: ॥ ३६ ॥

फलश्रुति—इस स्तोत्र के प्रभाव से साधक कविता रूपी वाणी का पति हो जाता है और महान् सिद्धियों का ईश्वर, दिव्य तथा वीरभाव परायण हो जाता है । वह सर्वत्र विजय प्राप्त करता है, देवी का परम प्रिय हो जाता है और शीघ्र ही वाचस्पतित्त्व प्राप्त कर लेता है तथा इच्छानुसार रूप धारण कर सकता है ॥ ३५-३६ ॥

पशुरेव[१] महावीरो दिव्यो भवति निश्चितम् ।
सर्वविद्याः प्रसीदन्ति तुष्टाः सर्वे दिगीश्वराः ॥ ३७ ॥
वह्निः शीतलतां याति जलस्तम्भं स कारयेत् ।
धनवान् पुत्रवान् राजा इह काले भवेन्नरः ॥ ३८ ॥

यदि स्तुति करने वाला पशुभाव वाला हो तो वह निश्चय ही इस स्तोत्र के प्रभाव से दिव्यभाव सम्पन्न हो जाता है । क्रमशः उसे अष्टसिद्धि प्राप्त हो जाती है और वह निश्चित रूप से वाग्मी (सत्य वाणी वाला) हो जाता है । इस स्तोत्र का पाठ करने वाले के लिए अग्नि शीतल हो जाती है । वह जल स्तम्भन भी कर सकता है, और इसी जन्म में धनवान् पुत्रवान् तथा राजा बन सकता है ॥ ३७-३८ ॥

परे च याति वैकुण्ठे कैलासे शिवसन्निधौ ।
मुक्तिरेव महादेव यो नित्यं सर्वदा पठेत् ॥ ३९ ॥
महाविद्यापदाम्भोजं स हि पश्यति निश्चितम् ।

मरने के बाद वह वैकुण्ठ में अथवा कैलास में जहाँ शिव जी का निवास है वहाँ जाता है । किं बहुना जो सर्वदा नित्य इसका पाठ करता है, उसकी मुक्ति ही समझनी चाहिए । वह निश्चित रूप से महाविद्या के चरण कमलों का दर्शन प्राप्त करता है ॥ ३९-४० ॥

कुमारीतर्पणम्

शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि कुमारीतर्पणादिकम् ॥ ४० ॥
यासां तर्पणमात्रेण कुलसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।
कुलबालां मूलपद्मस्थितां कामविहारिणीम् ॥ ४१ ॥
शतधा मूलमन्त्रेण तर्पयामि तव प्रिये ।
मूलाधारमहातेजो जटामण्डलमण्डिताम् ॥ ४२ ॥

हे नाथ ! अब इसके बाद **कुमारी तर्पणादि की विधि** सुनिए, जिनके तर्पणमात्र से कुलसिद्धि (कुण्डलिनी की सिद्धि) निश्चित रूप से हो जाती है । मूलाधार के कमल में निवास करने वाली एवं स्वेच्छा रूप से विहार करने वाली कुल बाला का मैं तर्पण करता हूँ । आपकी प्रियतमा मूलाधार में महातेज रूप से विराजमान जटा-मण्डलमण्डिता कुण्डलिनी को मैं सौ बार मूल मन्त्र पढ़ कर तर्पण करता हूँ ॥ ४०-४२ ॥

सन्ध्यादेवीं तर्पयामि कामबीजेन मे शुभे ।
मूलपङ्कजयोगाङ्गी कुमारीं श्रीसरस्वतीम् ॥ ४३ ॥
तर्पयामि कुलद्रव्यैस्तव सन्तोषहेतुना ।
चक्रे मूलाधारपद्मे त्रिमूर्तिबालनायिकाम् ॥ ४४ ॥
सर्वकल्याणदां देवीं तर्पयामि परामृतैः ।

---

१. क्रमशोऽप्यष्टसिद्धिः स्यात् वाग्मी भवति निश्चितम्—क० ।

स्वाधिष्ठाने महापद्मे षड्दलान्तःप्रकाशिनीम्[१] ॥ ४५ ॥

हे हमारा कल्याण करने वाली सन्ध्या देवी ! मैं कामबीज (क्लीं) से आपका तर्पण करता हूँ **मूलाधार** के पङ्कज से युक्त शरीर वाली कुमारी सरस्वती का मैं आपके संतोष के कारणभूत कुल-द्रव्यों से तर्पण करता हूँ । मूलाधारपद्म के चक्र में तीन मूर्ति वाली बाल नायिका, जो सबका कल्याण करने वाली देवी हैं, उनका मैं इस परामृत से तर्पण करता हूँ ॥ ४३-४५ ॥

श्रीबीजेन तर्पयामि भोगमोक्षाय केवलम् ।
स्वाधिष्ठानकुलोल्लास विष्णुसङ्केतगामिनीम् ॥ ४६ ॥

स्वाधिष्ठान नामक महापद्म चक्र पर षड्दल कमल के भीतर प्रकाशित होने वाली देवी को मैं केवल भोग तथा मोक्ष प्राप्ति के लिए श्री बीज (श्रीं) से तर्पण करता हूँ ॥ ४६ ॥

कालिकां निजबीजेन तर्पयामि कुलामृतैः ।
स्वाधिष्ठानाख्यपद्मस्थां महातेजोमयीं शिवाम् ॥ ४७ ॥
सूर्यगां शीर्षमधुना तर्पयामि कुलेश्वरीम् ।
मणिपूराब्धिमध्ये तु मनोहरकलेवराम् ॥ ४८ ॥

स्वाधिष्ठान चक्र को प्रकाशित करने वाली, विष्णु के सङ्केत से गमन करने वाली कालिका देवी को निजबीज मन्त्र (क्रीं) द्वारा कुलामृत से तृप्त कर रहा हूँ ॥ ४७-४८ ॥

उमादेवीं तर्पयामि मायाबीजेन पार्वतीम् ।
मणिपूराम्भोजमध्ये त्रैलोक्यपरिपूजिताम् ॥ ४९ ॥
मालिनीं मलचित्तस्य सद्बुद्धिं तर्पयाम्यहम् ।
मणिपूरस्थितां रौद्रीं परमानन्दवर्धिनीम् ॥ ५० ॥

स्वाधिष्ठान नामक पद्म चक्र पर विराजमान, महातेजोमयी शिवा को, जो सूर्य में निवास करती हैं, ऐसी शीर्ष स्थान में निवास करने वाली कुलेश्वरी का मैं तर्पण कर रहा हूँ । मणिपूर नामक चक्र में मनोहर शरीर वाली उमा देवी पार्वती को मैं मायाबीज (ह्रीं) से तर्पण कर रहा हूँ । मणिपूर के कमल चक्र के मध्य में त्रैलोक्य परिपूजित 'मालिनी' का मल चित्त की सद्बुद्धि का मैं तर्पण कर रहा हूँ ॥ ४८-५० ॥

आकाशगामिनीं देवीं कुब्जिकां तर्पयाम्यहम् ।
तर्पयामि महादेवीं महासाधनतत्पराम् ॥ ५१ ॥
योगिनीं कालसन्दर्भां तर्पयामि कुलाननाम् ।
शक्तिमन्त्रप्रदां रौद्रीं लोलजिह्वासमाकुलाम् ॥ ५२ ॥

मणिपूर नामक चक्र में रहने वाली, परमानन्द को बढ़ाने वाली और आकाश में गमन

---

१. षट्संख्याकानि दलानि, तेषामन्तर्मध्यें प्रकाशयति, तच्छीला, ताम् ।

करने वाली, रौद्रस्वरूपा 'कुब्जिका' देवी का मैं तर्पण करता हूँ । महासाधन में लीन रहने वाली, योगिनी, कालसंदर्भा, कुलानना और महादेवी का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५०-५२ ॥

अपराजितां महादेवीं तर्पयामि कुलेश्वरीम् ।
महाकौलप्रियां सिद्धां रुद्रलोकसुखप्रदाम् ॥ ५३ ॥
रुद्राणीं रौद्रकिरणां तर्पयामि वधूप्रियाम् ।
षोडशस्वरसंसिद्धिं महारौरवनाशिनीम् ॥ ५४ ॥

शक्ति मन्त्र प्रदान करने वाली, रौद्र रूप धारण करने वाली, लपलपाती जीभ से चञ्चल 'अपराजिता' नाम की कुलेश्वरी महादेवी का मैं तर्पण करता हूँ । महाकौलों को प्रिय लगने वाली, रुद्रलोक के समस्त सुखों को देने वाली भयङ्कर प्रकाश उत्पन्न करने वाली और वधूजनों को प्रिय रुद्राणी का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५२-५४ ॥

महामद्यपानचित्तां भैरवीं तर्पयाम्यहम् ।
त्रैलोक्यवरदां देवीं श्रीबीजमालयावृताम् ॥ ५५ ॥
महालक्ष्मीं भवैश्वर्यदायिनीं तर्पयाम्यहम् ।
लोकानां हितकर्त्रीञ्च [१]हिताहितजनप्रियाम् ॥ ५६ ॥

अकारादि षोडश स्वरों से सिद्धि देने वाली महारौरव नामक नरक का विनाश करने वाली, महापद्य के पान में निरत चित्त वाली 'भैरवी' का मैं तर्पण करता हूँ । समस्त त्रिलोकी को वर देने वाली, श्री बीज की माला से आवृत शरीर वाली और संसार के समस्त ऐश्वर्यों देने वाली 'महालक्ष्मी' का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५४-५६ ॥

तर्पयामि रमाबीजां पीठाद्यां पीठनायिकाम् ।
जयन्तीं वेदवेदाङ्गमातरं सूर्यमातरम् ॥ ५७ ॥
तर्पयामि सुधाभिश्च क्षेत्रज्ञां माययावृताम् ।
तर्पयामि कुलानन्दपरमां [२] परमाननाम् ॥ ५८ ॥
तर्पयाम्यम्बिकादेवीं मायालक्ष्मीहृदिस्थिताम् ॥ ५९ ॥

लोगों का हित करने वाली, हित एवं अहित (शत्रु मित्र) जनों को प्रिय करने वाली, आदि पीठ वाली पीठनायिका रमाबीज (श्रीं) वाली देवी का मैं तर्पण करता हूँ । सूर्यदेव तथा वेद-वेदाङ्ग की माता, क्षेत्रज्ञा तथा माया से आवृत रहने वाली 'जयन्ती' देवी का मैं अमृत से तर्पण करता हूँ । कुलानन्द से परिपूर्ण 'परमानना' देवी का मैं तर्पण करता हूँ । हृदय में माया लक्ष्मी रूप से निवास करने वाली 'अम्बिका' देवी का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५६-५९ ॥

सर्वासां चरणद्वयाम्बुजतनुं चैतन्यविद्यावतीं
सौख्यार्थं शुभषोडशस्वरयुतां श्रीषोडशीसङ्कुलाम् ।

---

१. हिताश्चाहिताश्च हिताहिता:, ते च ते जनाश्च हिताहितजना:, तेषु प्रिया, ताम् ।

२. पावनाम्—क० ।

आनन्दार्णवपद्मरागखचिते सिंहासने शोभिते
नित्यं तत् परितर्पयामि सकलं श्वेताब्जमध्यासने ॥ ६० ॥

श्वेत कमल के मध्यासन पर विराजित रहने वाली, आनन्द समुद्र में पद्मरागमणि से जटित सिंहासन पर शोभा प्राप्त करने वाली, सभी महाविद्याओं में चैतन्य विद्या, जिनका दोनों चरण कमल पर अधिष्ठित हैं, जो सौख्य के लिए अकारादि स्वरूपा षोडश स्वरों से युक्त हैं ऐसी षोडशकला वाली भगवती त्रिपुरा का मैं नित्य तर्पण करता हूँ ॥ ६० ॥

ये नित्यं प्रपठन्ति चारुसफलस्तोत्रार्द्धसन्तर्पणं
विद्यादाननिदानमोक्षपरमां मायामयं यान्ति ते ।
नश्यन्ति क्षितिमण्डलेश्वरगणाः सर्वाविपत्कारका
राजानं वशयन्ति[1] योगसकलं नित्या भवन्ति क्षणात् ॥ ६१ ॥

तर्पण की फलश्रुति—अत्यन्त सुन्दर फल देने वाले स्तोत्र के आधे भाग में वर्णित देवी के मायामय (माया के नाम से संयुक्त) इस संतर्पण को जो नित्य पढ़ते हैं, वे विद्या दान की समस्त निदानभूता मोक्षदात्री भगवती को प्राप्त कर लेते हैं । उसे विपत्ति प्रदान कर सताने वाले समस्त राजागण नष्ट हो जाते हैं । इस तर्पण का पाठ करने वाला साधक क्षणमात्र में राजाओं को अपने वश में कर लेता है । किं बहुना समस्त योग उसमें नित्य रूप से निवास करते हैं ॥ ६१ ॥

तर्पणात्मकमोक्षाख्यं पठन्ति यदि मानुषाः ।
अष्टैश्वर्ययुतो भूत्वा वत्सरात्तां प्रपश्यति ॥ ६२ ॥
महायोगी भवेन्नाथ मासादभ्यासतः प्रभो ।
त्रैलोक्यं क्षोभयेत्क्षिप्रं वाञ्छाफलमवाप्नुयात् ॥ ६३ ॥

यदि मनुष्य तर्पण से युक्त इस मोक्ष नामक स्तोत्र का पाठ करे तो वह आठो ऐश्वर्य से युक्त हो कर एक वर्ष के भीतर भगवती का दर्शन प्राप्त कर लेता है । हे नाथ ! हे प्रभो ! इसका स्तोत्र का एक मास अभ्यास करने से साधक महायोगी बन जाता है । वह शीघ्र ही सारे त्रिलोकी में हलचल मचाने में समर्थ होता है और उसकी समस्त कामनायें सिद्ध हो जाती हैं ॥ ६२-६३ ॥

भूमध्ये राजराजेशो[2] लभते वरमङ्गलम् ।
शत्रुनाशे तथोच्चाटे बन्धने व्याधिसङ्कटे ॥ ६४ ॥
चातुरङ्गे तथा घोरे भये दूरस्य[3] प्रेषणे ।
महायुद्धे नरेन्द्राणां पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ६५ ॥

शत्रुनाश, उच्चाटन, बन्धन और व्याधि का सङ्कट उपस्थित होने पर चतुरंगिणी से घिर

---

१. वशं कुर्वन्ति, वशयन्ति, तत्करोति—इति णिच् ।

२. राज्ञां राजानो राजराजाः, तेषामीशः ।

३. भये दुःखपदर्शने—क० ।

जाने पर घोर भय उपस्थित होने पर तथा विदेश में स्थित होने पर उसे समस्त श्रेष्ठ मङ्गल प्राप्त हो जाते हैं । वह पृथ्वी में राजराजेश्वर बन जाता है । राजाओं से महायुद्ध उपस्थित होने पर साधक इसके पाठ से सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ६४-६५ ॥

यः पठेदेकभावेन सन्तर्पणफलं लभेत् ।
पूजासाफल्यमाप्नोति कुमारीस्तोत्रपाठतः ॥ ६६ ॥

जो एक बार भी इसका पाठ करता है उसे संतर्पण का फल प्राप्त होता है और कुमारीस्तोत्र के पाठ मात्र से उसे पूजा का फल प्राप्त हो जाता है ॥ ६६ ॥

यो न कुर्यात्कुमार्यर्चां स्तोत्रञ्च नित्यमङ्गलम् ।
स भवेत् पाशवः कल्पो मृत्युस्तस्य पदे पदे ॥ ६७ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने कुमार्युपचर्याविलासे सिद्धमन्त्र-प्रकरणे दिव्यभावनिर्णये अष्टमः पटलः ॥ ८ ॥

जो कुमारी की अर्चना नहीं करता और नित्य मङ्गल देने वाले इस स्तोत्र का पाठ नहीं करता, वह पशु के समान हो जाता है और पद पद पर उसकी मृत्यु की संभावना होती है ॥ ६७ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में कुमार्युपचर्याविलास में सिद्धमन्त्र प्रकरण में दिव्य भाव निर्णय में आठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८ ॥

अथ नवमः पटलः

आनन्दभैरव[1] उवाच

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि कुमारीकवचं शुभम् ।
त्रैलोक्यं मङ्गलं नाम महापातकनाशकम् ॥ १ ॥
पठनाद्धारणाल्लोका महासिद्धाः प्रभाकराः ।
शक्रो देवाधिपः श्रीमान् देवगुरुर्बृहस्पतिः ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—अब हे आनन्दभैरव ! त्रैलोक्य मङ्गल नामक सर्वकल्याण-कारी कुमारी कवच मैं कहती हूँ, जो समस्त पापों का नाश करने वाला है । इसके पाठ से और धारण करने से साधक महासिद्ध एवं तेजस्वी हो जाते हैं । इसके प्रभाव से इन्द्रदेव श्रीसम्पन्न एवं देवराज बन गये और बृहस्पति देवगुरु बन गए ॥ १-२ ॥

महातेजोमयो[2] वह्निर्धर्म्मराजो भयानकः ।
वरुणो देवपूज्यो हि जलानामधिपः स्वयम् ॥ ३ ॥
सर्वहर्त्ता महावायुः कुबेरः कुञ्जरेश्वरः ।
धराधिपः प्रियः शम्भोः सर्वे देवा दिगीश्वरः ॥ ४ ॥
न मेरुः प्रभुरेकायाः सर्वेशो निर्मलो द्वयोः ।
एतत्कवचपाठेन सर्वे भूपा धनाधिपाः ॥ ५ ॥

अग्नि महातेजस्वी तथा धर्मराज (यम) भयानक हो गए, इतना ही नहीं वरुण स्वयं देवपूज्य तथा स्वयं जलाधिनाथ बन गये । वायु सर्वहर्त्ता, कुबेर हाथी पर चढ़ने वाले, धराधिप, सदाशिव के प्रिय मित्र हो गये, इसके धारण करने से समस्त देवता दिगीश्वर बन गये । निर्मल सुमेरु केवल एक पृथ्वी के ही स्वामी नहीं, अपितु दो लोकों के स्वामी बन गये । इस प्रकार इस कवच के पाठ से सभी धनाधिप राजा बन गये ॥ ३-५ ॥

त्रैलोक्यमङ्गलकुमारीकवचम्

**प्रणवो मे शिरः पातु माया सन्दायिका सती ।
ललाटोद्ध्वं महामाया पातु मे श्रीसरस्वती ॥ ६ ॥**

प्रणव हमारे शिर की रक्षा करे । माया सान्दायिका सती, महामाया और श्रीसरस्वती मेरे ललाट के ऊपरी भाग (मस्तिष्क) की रक्षा करें ॥ ६ ॥

---

१. आनन्दभैरवी उवाच—क० । २. सद्यः—ग० ।

कामाक्षा वटुकेशानी त्रिमूर्त्तिर्भालमेव मे ।
चामुण्डा बीजरूपा च वदनं कालिका मम ॥ ७ ॥
पातु मां सूर्यगा नित्यं तथा नेत्रद्वयं मम ।
कर्णयुग्मं कामबीजं स्वरूपोमातपस्विनी[१] ॥ ८ ॥

कामाक्षी, बटुका, ईशानी एवं त्रिमूर्ति मेरे भाल प्रदेश की रक्षा करें । बीजरूपा चामुण्डा तथा कालिका मेरे मुख की रक्षा करें । सूर्य में रहने वाली देवी मेरी तथा मेरे दोनों नेत्रों की नित्य रक्षा करें । दोनों कानों की कामबीज (क्लीं) स्वरूपा उमा तथा तपस्विनी रक्षा करें ॥ ७-८ ॥

रसनाग्रं तथा पातु वाग्देवी मालिनी[२] मम ।
डामरस्था कामरूपा दन्ताग्रं कुब्जिका मम ॥ ९ ॥
देवी प्रणवरूपाऽसौ पातु नित्यं शिवा मम ।
ओष्ठाधरं शक्तिबीजात्मिका स्वाहास्वरूपिणी ॥ १० ॥

इसी प्रकार वाग्देवी तथा मालिनी मेरे रसनाग्र भाग की रक्षा करें । डामर में निवास करने वाली कामरूपा तथा कुब्जिका देवी मेरे दन्ताग्रभाग की रक्षा करें । प्रणवरूपा शक्ति तथा बीजात्मिका स्वाहास्वरूपिणी शिवा देवी मेरे ऊपर के ओष्ठ एवं नीचे के अधर की रक्षा करें ॥ ९-१० ॥

पायान्मे कालसन्दष्टा[३] पञ्चवायुस्वरूपिणी ।
गलदेशं महारौद्री पातु मे चापराजिता ॥ ११ ॥
क्षौं बीजं मे तथा कण्ठं रुद्राणी स्वाहयान्विता ।
हृदयं भैरवी विद्या पातु षोडश सुस्वरा ॥ १२ ॥

काल को भी डँसने वाली पञ्चवायुस्वरूपिणी 'अपराजिता' महारौद्री मेरे गले की रक्षा करें । स्वाहा से युक्त रुद्राणी तथा 'क्षौम्' बीज मेरे कण्ठ की रक्षा करें । भैरवी महाविद्या तथा षोडश (स्वर) स्वरूपा देवी मेरे हृदय प्रदेश की रक्षा करें ॥ ११-१२ ॥

द्वौ बाहू पातु सर्वत्र महालक्ष्मीः प्रधानिका ।
सर्वमन्त्रस्वरूपं मे चोदरं पीठनायिका ॥ १३ ॥
पार्श्वयुग्मं तथा पातु कुमारी वाग्भवात्मिका ।
कैशोरी कटिदेशं मे मायाबीजस्वरूपिणी ॥ १४ ॥

सभी देवियों में प्रधान रूप से निवास करने वाली 'महालक्ष्मी' मेरे दोनों बाहुओं की रक्षा करें । सभी मन्त्रों की मूर्तिमान् स्वरूपा पीठाधिष्ठात्री देवी मेरे उदर की रक्षा करें । वाग्भवात्मिका (ऐं बीज स्वरूपा) कुमारी मेरे दोनों पार्श्वभाग की रक्षा करें । माया बीज (ह्रीं) स्वरूपा एवं किशोरावस्था सम्पन्न देवी मेरे कटिभाग की रक्षा करें ॥ १३-१४ ॥

जङ्घायुग्मं जयन्ती मे योगिनी कुल्लुकायुता ।
सर्वाङ्गमम्बिकादेवी पातु मन्त्रार्थगामिनी ॥ १५ ॥

---

१. अस्यार्थश्चिन्तनीयः । २. मलिनी इति सं० पुस्तके मुद्रित पाठः ।
३. सन्दर्भा—ग० ।

केशाग्रं कमलादेवी नासाग्रं विन्ध्यवासिनी ।
चिबुकं चण्डिका देवी कुमारी पातु मे सदा ॥ १६ ॥

कुल्लुका से युक्त योगिनी 'जयन्ती' देवी मेरे दोनों जांघों की रक्षा करें । मन्त्रार्थ में गमन करने वाली 'अम्बिका' देवी मेरे सर्वांग की रक्षा करें । कमला देवी केशों के अग्रभाग की, विन्ध्यवासिनी (दुर्गा) देवी नासा के अग्रभाग की,चण्डिका देवी चिबुक की तथा कुमारी सर्वदा मेरी रक्षा करें ॥ १५-१६ ॥

हृदयं ललिता देवी पृष्ठं पर्वतवासिनी ।
त्रिशक्तिः षोडशी देवी लिङ्गं गुह्यं सदावतु ॥ १७ ॥
श्मशाने चाम्बिका देवी गङ्गागर्भे च वैष्णवी ।
शून्यागारे पञ्चमुद्रा मन्त्रयन्त्रप्रकाशिनी ॥ १८ ॥

ललिता देवी हृदय की और पर्वतवासिनी देवी पृष्ठभाग की रक्षा करें । ज्ञान, इच्छा एवं कर्मरूप तीन शक्तियों से युक्त 'षोडशी' देवी मेरे लिङ्ग तथा गुह्य स्थान की सर्वदा रक्षा करें । अम्बिका देवी श्मशान में, गङ्गा गर्भ में, मन्त्र यन्त्र का प्रकाश करने वाली पञ्चमुद्रा रूपा वैष्णवी देवी शून्यागार में मेरी रक्षा करें ॥ १७-१८ ॥

चतुष्पथे तथा पातु मामेव वज्रधारिणी ।
शवासनगता चण्डा मुण्डमालाविभूषिता[१] ॥ १९ ॥
पातु माने कलिङ्गे च वैखरी शक्तिरूपिणी ।
वने पातु महाबाला महारण्ये रणप्रिया ॥ २० ॥

वज्रधारण करने वाली चौराहे पर मात्र मेरी रक्षा करें । शव के आसन पर विराजमान मुण्डमाला से विभूषित शक्ति स्वरूपिणी वैखरी शब्द रूपा चण्डिका मेरे मान को तथा कलिङ्ग की रक्षा करें । वन में महाबाला मेरी रक्षा करें । घोर अरण्य में रणप्रिया हमारी रक्षा करें ॥ १९-२० ॥

महाजले तडागे च शत्रुमध्ये सरस्वती ।
महाकाशपथे पृथ्वी पातु मां शीतला सदा ॥ २१ ॥
रणमध्ये राजलक्ष्मीः कुमारी कुलकामिनी ।
अर्द्धनारीश्वरा पातु मम पादतलं मही ॥ २२ ॥

महाजल के तडाग में तथा शत्रुओं के मध्य में सरस्वती मेरी रक्षा करें । महाकाश के पथ में पृथ्वी मेरी रक्षा करे तथा शीतल देवी सर्वदा मेरी रक्षा करें । कुमारी कुलकामिनी तथा राजलक्ष्मी रण के मध्य में मेरी रक्षा करें । अर्द्धनारीश्वरी तथा मही मेरे पादतल की रक्षा करें ॥ २१-२२ ॥

नवलक्षमहाविद्या कुमारी रूपधारिणी ।
कोटिसूर्यप्रतीकाशा चन्द्रकोटिसुशीतला ॥ २३ ॥
पातु मां वरदा वाणी वटुकेश्वरकामिनी ।
इति ते कथितं नाथ कवचं परमाद्भुतम् ॥ २४ ॥

---

१. मुण्डमालाभिर्विभूषिता ।

करोड़ो सूर्य के समान प्रकाश करने वाली, करोड़ों चन्द्रमा के समान शीतलता प्रदान करने वाली, कुमारी रूप धारण करने वाली, नव लक्ष्महाविद्यायें, वरदा वाणी तथा बटुकेश्वर कामिनी मेरी रक्षा करें । हे नाथ ! यह महान् अद्भुत कवच मैने आपसे कहा ॥ २३-२४ ॥

कुमार्याः कुलदायिन्याः पञ्चतत्त्वार्थपारग ।
यो जपेत् पञ्चतत्त्वेन स्तोत्रेण कवचेन च ॥ २५ ॥
आकाशगामिनी सिद्धिर्भवेत्तस्य न संशयः ॥ २६ ॥

फलश्रुति—हे पञ्चतत्त्वार्थ पारग ! जो पञ्चतत्त्व नामक स्तोत्र एवं कवच के साथ कुलदायिनी कुमारी के सहस्रनाम का पाठ करता है, उसे आकाशगामिनी सिद्धि प्राप्त हो जाती है इसमें संशय नहीं ॥ २५-२६ ॥

वज्रदेही भवेत् क्षिप्रं कवचस्य प्रपाठतः ।
सर्वसिद्धीश्वरो योगी ज्ञानी भवति यः पठेत् ॥ २७ ॥
विवादे व्यवहारे च सङ्ग्रामे कुलमण्डले ।
महापथे श्मशाने च योगसिद्धो भवेत् स च ॥ २८ ॥

केवल कवच के पाठ से ही साधक का शरीर शीघ्रता से वज्र के समान हो जाता है । इस प्रकार जो पाठ करता है वह सर्व सिद्धीश्वर योगी तथा ज्ञानी बन जाता है । शत्रु के साथ विवाद में, मुकदमे में, संग्राम में, समाज मे, महापथ में तथा श्मशान में इसका पाठ करने वाला योगसिद्ध हो जाता है ॥ २७-२८ ॥

पठित्वा जयमाप्नोति सत्यं सत्यं कुलेश्वर ।
वशीकरणकवचं सर्वत्र जयदं शुभम् ॥ २९ ॥
पुण्यव्रती पठेन्नित्यं यतिश्रीमान्भवेद् ध्रुवम् ।
सिद्धविद्या कुमारी च ददाति सिद्धिमुत्तमाम् ॥ ३० ॥

हे कुलेश्वर ! इस कवच के पाठ से साधक विजय प्राप्त कर लेता है । यह सत्य है, यह सत्य है । यही वशीकरण कवच सभी स्थान में विजय देता है और कल्याणकारी है । पुण्यव्रती नित्य इसका पाठ करे तो वह निश्चय ही यति (संयमी) श्रीमान् (श्रीसम्पन्न) हो जाता है । यह कुमारी सिद्ध विद्या कही जाती है । अतः वह अपने उपासक को उत्तम सिद्धि प्रदान करती है ॥ २९-३० ॥

पठेद्यः शृणुयाद्वापि स भवेत्कल्पपादपः ।
भक्तिं मुक्तिं तुष्टिं पुष्टिं राजलक्ष्मीं सुसम्पदाम् ॥ ३१ ॥
प्राप्नोति साधकश्रेष्ठो धारयित्वा जपेद्यदि ।
असाध्यं साधयेद्विद्वान् पठित्वा कवचं शुभम् ॥ ३२ ॥

जो इसका पाठ करता है अथवा श्रवण करता है वह कल्पवृक्ष के समान हो जाता है । वह भुक्ति, मुक्ति, तुष्टि पुष्टि, राजलक्ष्मी तथा सुसम्पदा प्राप्त करता है । यदि साधक श्रेष्ठ इसे धारण कर कुमारी मन्त्र का जप करे, पुनः कवच का पाठ करे तो वह विद्वान् असाध्य को भी साध्य बना देता है ॥ ३१-३२ ॥

धनिनाञ्च[1] [2]महासौख्यधर्म्मार्थकाममोक्षदम् ।
यो वशी दिवसे नित्यं कुमारीं पूजयेन्निशि ॥ ३३ ॥
उपचारविशेषेण त्रैलोक्यं वशमानयेत् ।
पललेनासवेनापि मत्स्येन मुद्रया सह ॥ ३४ ॥
नानाभक्ष्येण[3] भोज्येन गन्धद्रव्येण साधकः ।
माल्येन स्वर्णरजतालङ्कारेण सुचैलकैः ॥ ३५ ॥

यह धनियों को महासौख्य, धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष प्रदान करने वाला है । जो संयमशील पुरुष अपने इन्द्रियों को वश में रखकर दिन रात उपचार विशेष से कुमारी का पूजन करते हैं । वह त्रैलोक्य को अपने वश में कर सकते हैं । पलल (मांस) आसव, मत्स्य, मुद्रा के सहित अनेक प्रकार के भक्ष्य, भोज्य, सुगन्धित इत्रादि द्रव्य, माला, सुवर्ण तथा रजत निर्मित अलङ्कार तथा उत्तम प्रकार के वस्त्र से साधक कुमारी का पूजन कर जप करे ॥ ३३-३५ ॥

पूजयित्वा जपित्वा च तर्पयित्वा वराननाम् ।
यज्ञदानतपस्याभिः प्रयोगेण महेश्वर ॥ ३६ ॥
स्तुत्वा कुमारीकवचं यः पठेदेकभावतः ।
तस्य सिद्धिर्भवेत् क्षिप्रं राजराजेश्वरो भवेत् ॥ ३७ ॥

फिर उस सुन्दरी का तर्पण करे । तन्निमित्तक यज्ञ, दान, तपस्या और अनुष्ठान करे । फिर, हे महेश्वर ! कुमारी की स्तुति पढ़कर अनन्यमन से कवच का पाठ करे तो उसे अवश्य सिद्धि मिल जाती है, और वह राजराजेश्वर बन जाता है ॥ ३६-३७ ॥

वाञ्छार्थफलमाप्नोति यद्यन्मनसि वर्तते ।
भूर्जपत्रे लिखित्वा स कवचं धारयेद् हृदि ॥ ३८ ॥
शनिमङ्गलवारे च नवम्यामष्टमीदिने ।
चतुर्दश्यां पौर्णमास्यां कृष्णपक्षे विशेषतः ॥ ३९ ॥
लिखित्वा धारयेद् विद्वान् उत्तराभिमुखो भवन् ।
महापातकयुक्तो हि मुक्तः स्यात् सर्वपातकैः ॥ ४० ॥

उसे अपने मन में जितनी भी अभिलाषायें हैं, सभी अभिलाषाओं का फल प्राप्त हो जाता है । यदि इस कवच को भोजपत्र पर लिखकर शनिवार, मङ्गलवार को विशेषतः कृष्णपक्ष की नवमी, अष्टमी, चतुर्दशी और पूर्णमासी तिथि आने पर विद्वान् साधक उत्तराभिमुख हो हृदय पर धारण करे तो वह ब्रह्महत्यादि महापातकों से युक्त होने पर भी सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है ॥ ३८-४० ॥

योषिद्वामभुजे धृत्वा सर्वकल्याणमालभेत् ।

---

१. कुलीनानाम्—क० ।
२. महासौख्यं धर्ममर्थ कामं मोक्षं च ददांति इति ।
३. नाना क्षेत्रभवान्येव गन्धद्रव्याणि साधकः—ग० ।

बहुपुत्रान्विता[१] कान्ता सर्वसम्पत्तिसंयुता ॥ ४१ ॥
तथाश्रीपुरुषश्रेष्ठो दक्षिणे धारयेद् भुजे ।
ऐहिके दिव्यदेहः स्यात् पञ्चाननसमप्रभः ॥ ४२ ॥

स्त्री यदि भोजपत्र पर लिखित इस कवच को अपनी बाईं भुजा में धारण करे तो वह समस्त कल्याण प्राप्त करती हैं, ऐसी स्त्री अनेक संतानो से युक्त हो जाती है और सब प्रकार की सम्पत्ति भी प्राप्त कर लेती है । इसी प्रकार यदि श्रेष्ठ पुरुष भोजपत्र पर लिखे हुये कवच को अपनी दाहिनी भुजा में धारण करे तो वह इस जन्म में ही दिव्य देह संयुक्त हो जाता है तथा पञ्चानन सदाशिव के समान तेजस्वी बन जाता है ॥ ४१-४२ ॥

विमर्श—बहुभिः पुत्रैरन्विता युक्ता । यद्यपि 'बहुप्रजा निर्ऋतिमाविवेश' इति मन्त्रे सन्ततीनामाधिक्यं निन्दितमस्ति, तथापि दुष्टसन्ततीनां कृते एषा स्थितिः। वीरसन्ततयः सद्गुणसम्पन्नाः सन्ततयस्तु श्लाघ्या एव । अत एव गोत्रं नो वर्धतामित्यपि प्रार्थनामन्त्रः श्राद्धकर्मणि ।

शिवलोके परे याति वायुवेगी निरामयः ।
सूर्यमण्डलमाभेद्य परं लोकमवाप्नुयात् ॥ ४३ ॥

वह इस लोक में निरामय (नीरोग) रहता है । फिर वायु के समान वगवान् हो कर परब्रह्म सदाशिव के लोक में जाता है, अथवा सूर्य मण्डल का भेदन कर परब्रह्म के लोक में चला जाता है ॥ ४३ ॥

लोकानामतिसौख्यदं भयहरं श्रीपादभक्तिप्रदं
मोक्षार्थं कवचं शुभं प्रपठतामानन्दसिन्धूद्भवम् ।
पार्थानां कलिकालघोरकलुषध्वंसैकहेतुं जयं
ये नाम प्रपठन्ति धर्ममतुलं मोक्षं व्रजन्ति क्षणात् ॥ ४४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने कुमार्युपचर्याविन्यासे कुमारीकवचोल्लासे सिद्धमन्त्रप्रकरणे दिव्यभावनिर्णये नवमः पटलः ॥ ९ ॥

यह कवच समस्त साधकों को अत्यन्त सौख्य प्रदान करता है भयहरण करता है । श्री के चरणों में भक्ति प्रदान करता है । मोक्ष के लिए पाठ करने वाले मनुष्यों को आनन्द सिन्धु में उत्पन्न समस्त कल्याण प्रदान करता है । यह कलिकाल के घोर कालुष्य (पाप) को नष्ट करने का एक मात्र हेतु है । तथा जय प्रदान करता है । इसलिए जो इसका पाठ करते हैं वे अतुलनीय धर्म प्राप्त करते हैं और क्षण भर में मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं ॥ ४४ ॥

॥ इस प्रकार श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में कुमार्युपचर्याविन्यास में कुमारीकवच में सिद्धमन्त्रप्रकरण के दिव्यभाव-निर्णय में नवम पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ९ ॥

अथ दशमः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते सदानन्दस्वरूपानन्दवल्लभे ।
कुमार्या देवतामुख्याः परमानन्दवर्धनम् ॥ १ ॥
अष्टोत्तरसहस्राख्यं नाम मङ्गलमद्भुतम् ।
यदि मे वर्तते विद्ये यदि स्नेहकलामला ॥ २ ॥
तदा वदस्व कौमारीकृतकर्मफलप्रदम् ।
महास्तोत्रं कोटिकोटि कन्यादानफलं भवेत् ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे सदानन्द स्वरूपानन्द वल्लभे ! हे कान्ते! आप देवताओं में सर्वश्रेष्ठ कुमारी के, परमानन्द को बढ़ाने वाले, मङ्गल प्रदान करने वाले तथा अत्यन्त अद्भुत एक हजार आठ नामों को कहिए । हे विद्ये ! यदि आपकी मुझ में स्वच्छ स्नेह की कला है तो कुमारी के लिए किए जाने वाले कर्म के फल को देने वाले उस महास्तोत्र को कहिए जिसके पाठ से करोड़ो-करोड़ कन्यादान का फल प्राप्त होता है ॥ १-३ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

महापुण्यप्रदं नाथ शृणु सर्वेश्वरप्रिय ।
अष्टोत्तरसहस्राख्यं कुमार्याः परमाद्भुतम् ॥ ४ ॥
पठित्वा धारयित्वा वा नरो मुच्येत सङ्कटात् ।
सर्वत्र दुर्लभं धन्यं धन्यलोकनिषेवितम् ॥ ५ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे सर्वेश्वर ! हे प्रिय ! कुमारी के अत्यन्त अद्भुत, महान् पुण्य देने वाले एक हजार आठ नामों का पाठ कर और उसको हृदय में धारण कर मनुष्य समस्त सङ्कटों से छुटकारा पा जाता है । यह सहस्रनाम सर्वत्र दुर्लभ है, धन्य है तथा धन्य लोगों से निषेवित है ॥ ४-५ ॥

अणिमाद्यष्टसिद्ध्यङ्गं[1] सर्वानन्दकरं परम् ।
मायामन्त्रनिरस्ताङ्गं मन्त्रसिद्धिप्रदे नृणाम् ॥ ६ ॥

यह अणिमादि अष्टसिद्धियों को देने वाला, सभी प्रकार के आनन्द को करने वाला तथा सर्वश्रेष्ठ है । माया निर्मित मन्त्रों को निरस्त करने वाला तथा मनुष्यों को मन्त्र की सिद्धि देने वाला है ॥ ६ ॥

---

१. सर्वाङ्गम्—क० ।

न पूजा न जपं स्नानं पुरश्चर्याविधिश्च न ।
अकस्मात् सिद्धिमवाप्नोति सहस्रनामपाठतः[१] ॥ ७ ॥
सर्वयज्ञफलं नाथ प्राप्नोति साधकः क्षणात् ।
मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं योनिमुद्रास्वरूपकम् ॥ ८ ॥

कुमारी सहस्र नाम के पाठ मात्र से साधक को अनायास सिद्धि प्राप्त होती है । इसमें पूजा, जप, स्नान तथा पुरश्चरण के विधि की आवश्यकता नहीं पड़ती । हे नाथ ! इसके पाठ से साधक क्षणमात्र में समस्त यज्ञों का फल प्राप्त कर लेता है । यह सभी मन्त्रों का अर्थ है । सभी मन्त्रों को चेतना प्रदान करता है तथा समस्त योनिमुद्रा का स्वरूप है ॥ ७-८ ॥

कोटिवर्षशतेनापि फलं वक्तुं न शक्यते ।
तथापि वक्तुमिच्छामि हिताय जगतां प्रभो ॥ ९ ॥

अस्याः श्रीकुमार्याः सहस्रनामकवचस्य वटुकभैरवऋषिरनुष्टुप्छन्दः,
कुमारीदेवता, सर्वमन्त्रसिद्धिसमृद्धये विनियोगः ॥ १० ॥

इसका फल सैकड़ों करोड़ वर्षों तक कहना संभव नहीं है । फिर भी, हे प्रभो ! मैं समस्त संसार के हित के लिए इस कुमारी सहस्रनाम को कहता हूँ ॥ ९ ॥

विनियोग—इस कुमारी सहस्रनाम कवच के बटुक भैरव ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, कुमारी देवता हैं, सम्पूर्ण मन्त्रों की सिद्धि समृद्धि के लिए इसका विनियोग है ॥ १० ॥

ॐ कुमारी कौशिकी काली कुरुकुल्ला कुलेश्वरी ।
जब नासिका के ऊर्ध्वभाग से दण्डे के समान केवल सीधा वायु चले तो **तैजस तत्त्व** का उदय समझना चाहिए । उसमें यात्रा बलवती होती है ॥ ५४ ॥

तद्वृद्धगतभावञ्च विलम्बोऽधिकचेष्टया ।
प्राप्नोति परमां प्रीतिं वरुणाम्भोदये रुजाम्[2] ॥ ५५ ॥
यदाधो गच्छति क्षिप्रं किञ्चिद् ऊर्ध्वमगोचरम् ।
यदा करोति प्रश्वासं तदा रोगोल्बणोदयः ॥ ५६ ॥

जब अधिक चेष्टा करने पर भी विलम्ब से वायु बहे तो वृद्धावस्था समझनी चाहिए । इस **वरुण रूप** अम्भस का उदय होने से रोगों की उत्पत्ति जाननी चाहिए ॥ ५५ ॥

इसी प्रकार जब नासिकास्थ वायु नीचे चले और ऊपर की ओर न दिखाई पड़े तो वह श्वास रोग देकर शरीर को उपद्रवग्रस्त कर देता है ॥ ५६ ॥

पृथिव्या उन्नतं भाग्यं[3] योगातपप्रपीडितम् ।
अस्तमितं महादेव अनुलोमविलोमतः ॥ ५७ ॥
पवनो गच्छति क्षिप्रं वामदक्षिणभेदतः ।
वामनासापुटे याति पृथिवी जलमेव च ॥ ५८ ॥
सदा फलाफलं दत्ते मुदिता कुण्डमण्डले ।

---

१. तदा व्यामोहमेव च—ख० ।
२. वारुणोदयनीरुजम्—ख० ।
३. योगेनातपः योगातपः, तेन प्रपीडितम् । रोगातप—ख० ।

हे महादेव ! यह **पृथ्वी तत्त्व** का वायु है जो रोग आतप से प्रपीडित करता है । अनुलोम से विलोम की ओर चलने वाले वायु की 'अस्तमित' संज्ञा है ।

कभी बायें से दक्षिण और कभी दक्षिण से बायें वायु बहुत शीघ्रता से चलता है । जब वायु दक्षिण से बायें नासिकापुट मे प्रवेश करे तो पृथ्वी और जल तत्त्व का उदय समझना चाहिए । वह नासा रूपी मुदित कुण्डमण्डल में फलाफल दोनों ही प्रदान करता है ॥ ५७-५९ ॥

तयोर्वै वायवी शक्तिः फलभागं तदा लभेत् ॥ ५९ ॥
यद्येवं वामभागे तु वामायाः प्रश्नकर्मणि ।
यदि तत्र पुमान् प्रश्नं करोति [१] वामगामिने ॥ ६० ॥
तदा रोगमवाप्नोति कर्महीनो भवेद् ध्रुवम् ।
यदि वायूदयो वामे दक्षिणे पुरुषः स्थितः ॥ ६१ ॥
तदा फलमवाप्नोति द्रव्यागमनदुर्लभम् ।
अकस्माद् द्रव्यहानिः स्यान्मनोगतफलापहम् [२] ॥ ६२ ॥

यदि स्त्री प्रश्न करने वाली हो और वामभाग से वायवी शक्ति प्रवाहित हो तो उसे शुभ फल मिलता है । यदि वाम नासा चलते समय पुरुष प्रश्न करे तो उसे रोग की प्राप्ति होती है । वह निश्चय ही कर्महीन रहता है । यदि बायें से वायु का उदय हो और प्रश्नकर्ता पुरुष दाहिनी ओर स्थित हो तो उसे सुफल प्राप्त नहीं होता है । द्रव्य (धन) का आगमन दुर्लभ होता है । अकस्मात् उसके द्रव्य की हानि होती है और उसके समस्त मनोगत फल नष्ट हो जाते हैं ॥ ५९-६२ ॥

सुहृद् [३] भङ्गविवादञ्च भिन्नभिन्नोदये शुभम् ।
केवलं वरुणस्यैव पुरुषो दक्षिणे शुभम् ॥ ६३ ॥

उसके मित्र नष्ट हो जाते हैं और उसे विवाद का सामना करना पड़ता है ।

आकाशादि तत्त्वों का शुभाशुभ फल विचार—(उस बाँई नासिका से वायु के उदय की अपेक्षा) भिन्न भिन्न तत्त्वों के उदय में वह शुभकारी है । पुरुष के दक्षिण नासा से चलने वाला जल तत्त्व शुभकारी है ॥ ६३ ॥

अशुभं पृथिवीदक्षे भेदोऽयं वरदुर्लभः ।
सदोदयं दक्षिणे च वायोस्तैजस एव च ॥ ६४ ॥

यदि दाहिने भाग से पृथ्वी तत्त्व चलता हो तो वह अशुभ है । दक्षिण नासिका से यदि वायु और तैजस तत्त्व प्रवहमान हो तो वह सर्वदा अभ्युदयकारक है, किन्तु इस स्वर भेद का ज्ञान होना बहुत दुर्लभ है ॥ ६४ ॥

आकाशस्य विजानीयात् शुभाशुभफलं प्रभो ।

---

१. 'वामदक्षिणे' इति क० ।
२. मनोगतं फलमपजहाति इति विग्रहे 'आतश्चोपसर्गे' इति कप्रत्यये सति आलोपे च सति साधुता ।
३. 'सुखभङ्ग' इति क० ।

यदि भाग्यवशादेव वायोर्मन्दा गतिर्भवेत् ॥ ६५ ॥
दक्षनाशामध्यदेशे तदा वामोदयं शुभम् ।
तदा वामे विचारञ्च वायुतेजोद्वयस्य च ॥ ६६ ॥
ज्ञात्वोदयं विजानीयाद् मित्रे हानिः सुरे भयम् ।
एवं[1] सुभवनागारे यदि गच्छति वायवी ॥ ६७ ॥
तस्मिन् काले पुमान् दक्षो दक्षभागस्थसम्मुखः ।
तदा कन्यादानफलं यथा प्राप्नोति मानवः ॥ ६८ ॥

हे प्रभो ! **आकाश तत्त्व** के भी शुभाशुभ फल का विचार करना चाहिए । यदि भाग्यवश दक्षिण नासा के मध्य में वायु की गति धीमी हो और उसकी अपेक्षा वामोदय हो तो शुभ है । उस समय बायें नासिका से वायु का विचार करना चाहिए । यदि वायु और तैजस दोनों तत्त्व का उदय हो तो मित्र की हानि तथा देवताओं का भय समझना चाहिए । इसी प्रकार यदि किसी सुन्दर मकान में वायवी तत्त्व प्रवहमान हो तो उस समय पुरुष दाहिने अथवा दक्षिण भाग में अथवा सम्मुख स्थित हो तो वह पुरुष कन्या दान (विवाह) का फल प्राप्त करता है ॥ ६५-६८ ॥

तदा वायुप्रसादेन प्राप्नोति धनमुत्तमम् ।
देशान्तरस्थभावार्त्ता[2] आयान्ति पुत्रसम्पदः ॥ ६९ ॥

उस समय वह वायवी तत्त्व की कृपा से उत्तम धन प्राप्त करता है तथा देशान्तर में रहने वाले सम्बन्धी का समाचार मिलता है और उसे पुत्र एवं संपत्ति वहाँ से प्राप्त होती है ॥ ६९ ॥

बाल्यादिकं भावत्रयं राशिभेदे शुभं दिशेत् ।
एतच्चक्रे फलं तस्य राशिद्वादशचक्रके ॥ ७० ॥

राशिभेद होने पर बाल्यादिक तीनों भावों का शुभ फल कहना चाहिए । द्वादशराशि चक्र से उसका सूक्ष्म फल समझना चाहिए ॥ ७० ॥

सूक्ष्मं फलं विजानीयात् चक्रं नाम शृणु प्रभो ।
आज्ञाचक्रं कामचक्रं फलचक्रञ्च सारदम् ॥ ७१ ॥
प्रश्नचक्रं[3] भूमिचक्रं स्वर्गचक्रं[4] ततः परम् ।
तुलाचक्रं[5] वारिचक्रं षट्चक्रं त्रिगुणात्मकम् ॥ ७२ ॥
सारचक्रमुल्काचक्रं मृत्युचक्रं क्रमात्प्रभो ।

---

१. स्वनामावामे तु—ख० ।
२. देशान्तरस्थेन भावेन ऋता, देशान्तरस्थभावार्ता । 'ऋते च तृतीयासमासे' इति वृद्धिः । देशान्तरक्षमारार्ता—ख० ।
३. पुष्पचक्रम्—क० ।
४. खड्गक्रम्—क० ।
५. राशिचक्रम्—क० ।

षट्कोणं[१] चात्र जानीयादनुलोमविलोमतः ॥ ७३ ॥

हे प्रभो ! अब आप उन चक्रों के नामों को सुनिए—

१. आज्ञाचक्र, २. कामचक्र, ३. सारद फलचक्र, ४. प्रश्नचक्र, ५. भूमिचक्र उसके बाद ६. स्वर्गचक्र, ७. तुलाचक्र, ८. वारिचक्र, ९. त्रिगुणात्मक षट्चक्र, १०. सारचक्र, ११. उल्काचक्र, तथा १२. मृत्युचक्र । हे प्रभो ! क्रमशः इन चक्रों में अनुलोम तथा विलोम के अनुसार षट्कोण समझना चाहिए ॥ ७१-७३ ॥

सर्वचक्रे स्वरज्ञानं सर्वत्र वायुसङ्गतिम् ।
सर्वप्रश्नादिसञ्चारं भावेन[२] जायते यदि ॥ ७४ ॥
तदा तद्दण्डमानञ्च ज्ञात्वा राश्युदयं बुधः ।
कुर्यात् प्रश्नविचारञ्च यदि कीर्तिमिहेच्छति ॥ ७५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावबोधनिर्णये पशुभावविचारे सारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे एकादशः पटलः ॥ ११ ॥

— ❖ —

यदि सभी चक्रों में स्वरज्ञान, वायु की संगति पूर्वक सभी प्रकार के प्रश्नों का सञ्चार भाव से उत्पन्न हो तो उस समय बुद्धिमान् को यदि कीर्ति की अभिलाष हो तो उस उस दण्ड के मान् से राशि का उदय समझकर प्रश्न पर विचार करना चाहिए ॥ ७४-७५ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावबोधनिर्णय में पशुभाव विचार के सारसंकेत में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में एकादश पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ११ ॥

— ❖ —

१. षट्कालम्—क० ।   २. भगवन् ज्ञायते यदि—क० ।

अथ द्वादशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

तद्वामसन्धिदेशस्थमष्टमाङ्कमथो लिखेत् ।
तदधः सन्धिदेशस्थं सप्ताङ्कं विलिखेद्[1] बुधः ॥ १ ॥
तदूर्ध्वं[2] वामकोणे च तृतीयाङ्कं लिखेत्ततः ।
तदूर्ध्वं कोणगेहे च युग्माङ्कं विलिखेत्तथा ॥ २ ॥
तद्दक्षिणे गृहे चैकमङ्कवर्णं शृणु प्रभो ।

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—उस चक्र के बायीं ओर स्थित सन्धि देश में ८ का अङ्क लिखे । उसके नीचे की ओर स्थित सन्धि देश में बुद्धिमान् साधक ७ अङ्क लिखे । उसके ऊपर बायीं ओर के कोण में ३ का अङ्क लिखे । उसके ऊपर के कोणगृह में २ का अङ्क लिखे । उसके दाहिनी ओर के गृह में १ का अङ्क लिखे । हे प्रभो ! अब उनमें लिखे जाने वाले वर्णों को भी सुनिए ॥ १-३ ॥

भावप्रश्नार्थबोधकथनम्

वसुभावं[3] शून्यभावं षष्ठभावञ्च शून्यकम् ॥ ३ ॥
एतन्मध्ये नास्ति वर्णं कोणाङ्कञ्च सवर्णकम् ।
टतवर्गौ[4] श श लिखेत् शरे शून्याध एव च ॥ ४ ॥

वसु अर्थात् आठवाँ भाव शून्य तथा छठा भाव शून्य रखे । इनके मध्य में कोई वर्ण नहीं लिखना चाहिए । शेष कोणों में वर्ण के साथ अङ्कों को भी लिखे । ५ वें कोण में ट वर्ग तथा त वर्ग एवं श ष लिखे । नीचें का कोण शून्य रखे ॥ ३-४ ॥

वेदाङ्कस्थौ कचवर्गौ एऐकारसमन्वितौ ।
तृतीयाङ्कस्थितं वर्णं आदिक्षान्तं टवर्गमोम् ॥ ५ ॥

---

१. महेश्वर—क० ।

२. तद्दक्षिणे सन्धिभागे षडङ्कं कामचक्रके ।
तद्दक्षिणे सन्धौ च आकाशं सर्वपुण्यंदम् ॥
शून्याधः कोणगेहे च स्वरञ्चापि विलोमतः ।
तद्वामकोणगेहे च वेदाङ्कं विलिखेद् बुधः ॥

३. वायुभावमन्यभावं षष्ठभावञ्च गुण्यकम्—ग० ।

४. टतवर्गौमूर्द्धनि लिखेत् शरं शून्याध एव च—ख० ग० ।

चौथे अङ्क में एकार ऐकार से युक्त क वर्ग तथा च वर्ग लिखे तीसरे गृह में अकार से लेकर क्षान्त वर्ण तथा ट वर्ग एवं 'ओम्' लिखे ॥ ५ ॥

तपवर्गौ[1] युगान्तस्थौ मकारं सावधानतः ।
विलिखेद् दक्षिणे तस्य गेहे चैकाङ्कमध्यके ॥ ६ ॥
उयुगं पतवर्गौ च अकारं युग्मशीर्षके ।
एतत्[2] चक्रं कामचक्रं प्रश्नकाले फलप्रदम् ॥ ७ ॥

दूसरे में त वर्ग, प वर्ग तथा मकार सावधानी से लिखें उसके दक्षिण वाले गृह में जिसमें एक अङ्क हो उसमें दोनों ह्रस्व दीर्घ उकार (उ ऊ) एवं प वर्ग और त वर्ग लिखे । चक्र के दोनों शिरों पर अकार लिखे । यही **कामचक्र** है जो प्रश्न काल में फल देने वाला है ॥ ६-७ ॥

महासूक्ष्मफल-ज्ञापकचक्र

वामावर्त्तेन गणयेत् दशकोणस्थवर्णकान् ।
अनुलोम विलोमेन पञ्चस्वरादिनामतः ॥ ८ ॥
यस्मिन्गृहे स्वीयनाम प्राप्नोति वेदपारगः ।
तद्गृहावधि प्रश्नार्थं गणयेद्[3] ग्रहसिद्धये ॥ ९ ॥

दशकोण में रहने वाले वर्णों को वामावर्त (उल्टी ओर) से गणना करे । किन्तु पञ्च स्वरों वाले नाम पर्यन्त वर्णों को अनुलोम (सीधे सीधे) और विलोम (उल्टी ओर) क्रम से (५ + ५ = १०) गणना करे । वेद पारग विद्वान् जिस घर में गणना से अपना नाम प्राप्त करे उसी गृह की अवधि तक ग्रहों की सिद्धि के लिए प्रश्न की गणना करे ॥ ८-९ ॥

नवग्रहनवस्थानं वर्णं ज्ञात्वा सुबुद्धिमान् ।
बाल्यभावादिकं ज्ञात्वा यत्र ग्रहस्थितिर्भवेत् ॥ १० ॥
तन्नक्षत्रं समानीय द्वाराधिकारमानयेत् ।
विना त्रिकोणयोगेन [4]षट्कोणं लिखेद् बुधः ॥ ११ ॥

सुबुद्धिमान् नवों ग्रहों के नवो स्थानों तथा वर्णों को जान कर फिर जहाँ ग्रहस्थिति हो उनके बाल्यादिभावों की भी जानकारी करे । उससे नक्षत्र बनाकर फलज्ञान करे । बुद्धिमान् साधक बिना त्रिकोण बनाये षट्कोण की रचना करे ॥ १०-११ ॥

तन्मध्ये अष्टकोणञ्च भित्वा देवगृहान्तरम् ।
तन्मध्ये चापि षट्कोणं तन्मध्ये च त्रिकोणकम् ॥ १२ ॥
क्रमेण विलिखेद् वर्णं दक्षिणावर्त्तयोगतः ।
ऊद्ध्र्ववामदेशभागे अ आ इ च कवर्गकम् ॥ १३ ॥

---

१. उपवर्गौ ...... अकारम्—ग० ख० ।
२. प्रोक्तम्—ख० ग०, प्रश्नकार—ख० ग० ।
३. भाव—ख० ।
४. न—ख० ।

उसके मध्य में अष्टकोण बना कर उसमें भेद पूर्वक (बाँटकर) देवताओं का घर (स्थान) भी निर्माण करे । पुनः उसके मध्य में षट्कोण तथा उसके भी मध्य में त्रिकोण की रचना करे । फिर दाहिनी ओर के क्रम से वर्णों को इस प्रकार लिखे—ऊपर की ओर वाम देश भाग में अ आ इ तथा क वर्ग और च वर्ग वर्ण लिखे ॥ १२-१३ ॥

तद्दक्षिणे ई इ युगं टवर्गञ्च लिखेद् बुधः ।
दक्षपार्श्वे अधोभागे ऋयुगं तु तवर्गकम् ॥ १४ ॥
तदधो लृ लॄ ए ऐ रूपञ्च पवर्गञ्च लिखेद् बुधः ।
तद्वामपार्श्वभागे च ओ औ यरलवान् लिखेत् ॥ १५ ॥
शेषगेहे लिखेदं अः शादिक्षान्तं हि षड्गृहे ।
मध्यस्तमादिकोणे[1] च एकाङ्कं शार्वकं तनुम् ॥ १६ ॥

बुद्धिमान् साधक उसके दक्षिण ओर इ ई तथा ट वर्ग वर्ण लिखे । तदनन्तर दाहिनी ओर पार्श्व भाग के अधोभाग में दोनों ह्रस्व दीर्घ ऋकार (ऋ ॠ) तथा त वर्ग लिखे । उसके नीचे लृ लॄ ए ऐ, का रूप तथा प वर्ग वर्ण लिखे । फिर उसके बाँई ओर 'ओ औ य र ल' तथा 'व' लिखे । शेष गृहों के मध्य तथा आदि कोण में अं अः तथा शेष श ष स ह क्ष आदि ६ वर्णों को लिखे ॥ १४-१६ ॥

रुद्राग्निमूर्तिमनिलं अग्निकोणे लिखेद् बुधः ।
यजमानः पशुपतिमूर्तिषष्ठञ्च दक्षिणे ॥ १७ ॥

फिर एक एक अङ्क के क्रम से सदाशिव के ८ मूर्तियों को इस प्रकार लिखे ।

नैर्ऋत्य कोण में नाम सहित बुद्धिमान् साधक रुद्र की एक एक मूर्ति का उल्लेख इस प्रकार करे—अग्नि कोण में रुद्ररूपायाग्निमूर्तये नमः रुद्र की तीसरी मूर्ति लिखे । दक्षिण में पशुपतये यजमान मूर्तये नमः' यह षष्ठ मूर्ति लिखे ॥ १६-१७ ॥

महादेवं सोममूर्तिं सप्तमं नैर्ऋते लिखेत् ।
जलमूर्त्तिभवं[2] युग्मं पश्चिमे विलिखेद् बुधः ॥ १८ ॥
उग्रवीरं वायुमूर्त्तिं वायुकोणे चतुर्थकम् ।
भीमरूपाकाशमूर्त्तिं पञ्चमं चोत्तरे लिखेत् ॥ १९ ॥

इसके बाद नैर्ऋत्य कोण में महादेवाय सोममूर्त्तये नमः, सप्तम मूर्ति लिखे । पश्चिम में भवाय जलमूर्तये नमः' रुद्र की दूसरी मूर्ति लिखे । वायुकोण में उग्रवीराय वायुमूर्त्तये नमः' यह चतुर्थ मूर्ति लिखे । तदनन्तर उत्तर दिशा में भीमरूपायाकाशमूर्त्तये नमः' रुद्र की पञ्चम मूर्ति लिखे ॥ १८-१९ ॥

ईशानं सूर्यमूर्तिञ्च ईशाने[3] षड्दलं लिखेत् ।
अधः षट्कोणमध्ये च [4]षट्कोणं विलिखेत्ततः ॥ २० ॥

---

१. भूमादि—क० । २. जलमूर्तौ भवम्, जलमूर्तिभवम् ।
३. अष्टमं लिखेत्—ख० । ४. चाष्टकोणम्—ख० ।

ऊद्‌र्ध्वकोणे ग्रीष्मकालं शिशिरञ्चापि दक्षिणे ।
वर्षाकालमधस्तस्य सर्वाधश्च वसन्तकम् ॥ २१ ॥
शरत्कालं पञ्चकोशे शीतकालञ्च षष्ठके ।
त्रिकोणे चापि तन्मध्ये वह्निरूपं वकारकम् ॥ २२ ॥

इसके बाद 'ईशानाय सूर्यमूर्तये नमः' यह अष्टम मूर्ति ईशान कोण में लिखे । इसके बाद फिर षड्‌दल के मध्य भाग में पुनः षटकोण का निर्माण करे । उसके ऊर्ध्वकोण में ग्रीष्म काल लिखे दक्षिण में शिशिर लिखे । नीचे वर्षा काल और फिर सबसे नीचे बसन्त लिखे । इसके बाद साधक पाँचवें खाने में शरत्काल एवं षष्ठ कोष्ठ में शीतकाल लिखे । पुनः उसके मध्य में त्रिकोण का निर्माण कर तीन बार 'व' (व व व) वर्ण को लिखे ॥ २०-२२ ॥

लिखित्वा गणयेन्मन्त्री वर्णदेवाङ्कवह्निभिः ।
एतच्चक्रं महासूक्ष्मं[१] फलचक्रं विशारदम् ॥ २३ ॥

मन्त्रज्ञ साधक इस प्रकार लिखकर 'वर्ण' 'देवता' तथा 'अङ्क' से प्रारम्भ कर तीन तीन बार गणना करे। यह चक्र महासूक्ष्म तथा बहुत बड़ा चक्र **फलचक्र** के नाम से प्रसिद्ध है ॥ २३ ॥

प्रश्नफलबोधक चक्र

अधुना कुलनाथेश [२]पृष्ठचक्रं पुनः शृणु ।
विना ज्ञानेन यस्यैवं पृष्ठभावो[३] न जायते ॥ २४ ॥
यदि[४] पृष्ठचक्रभावं जानाति साधकोत्तमः ।
तदा निजफलं ज्ञात्वा सिद्धिमाप्नोति निश्चितम् ॥ २५ ॥

हे नाथ ! अब पृष्ठचक्र को पुनः सुनिए । जिसके बिना जाने पृष्ठ (प्रश्न) का ज्ञान नहीं होता । यदि उत्तम साधक पृष्ट (प्रश्न) चक्र का भाव (फल) जान ले । तब वह अपना फल भी ज्ञात कर निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ २४-२५ ॥

आनन्दभैरव उवाच[५]

षट्कोणं कारयेन्मन्त्री विना त्रिकोणसाधनैः ।
तन्मध्ये च चतुष्कोणं तन्मध्ये शादिवर्णकान् ॥ २६ ॥
लिखित्वा विलिखेत्तत्र षडङ्कमध्यदेशतः ।
षडङ्कं दापयेन्मन्त्री दीर्घदीर्घक्रमेण तु ॥ २७ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—मन्त्रज्ञ साधक बिना त्रिकोण बनाये ही षट्कोण का निर्माण करे, उसके मध्य में चतुष्कोण फिर उस चतुष्कोण में 'श ष स ह' इन वर्णों को लिखे । ऐसा लिखने के बाद ६ अङ्क के मध्य देश से आरम्भ करके दीर्घ क्रम से ६ अङ्क भी स्थापित करे ॥ २६-२७ ॥

---

१. सिद्ध्या—ख० ।
२. राशिचक्रम्—ख० ।
३. प्रश्नभारो—ख० ।
४. प्रश्नचक्र—ख० ।
५. आनन्दभैरव उवाच—क० पुस्तके नास्ति ।

तदग्रे षड्गृहं कुर्यात्तत्राङ्कार्णान् लिखेत्सुधीः ।
ऊर्द्ध्वप्रथमगेहे च कवर्गं विलिखेद् बुधः ॥ २८ ॥
तद्दक्षिणे मन्दिरे च चवर्गं विलिखेद् बुधः ।
टवर्गं दक्षिणे चाधः सर्वाधस्तु तवर्गकम् ॥ २९ ॥

उसके आगे ६ गृह बनावें । उसमें अङ्कों को तथा अक्षरों को इस प्रकार क्रम से लिखे । ऊपर वाले प्रथम गृह में बुद्धिमान् मन्त्रवेत्ता, क वर्ग लिखे । उसके दक्षिण भाग में स्थित द्वितीय गृह में च वर्ग लिखे और दक्षिण गृह के नीचे ट वर्ग तथा सबसे नीचे त वर्ग लिखे ॥ २८-२९ ॥

तद्वामे मन्दिरे नाथ पवर्गं वर्णमङ्गलम् ।
तदूर्ध्वे यादिवान्तं च दक्षिणावर्त्तयोगतः ॥ ३० ॥
अकारादिस्वरान् तत्र मन्दिरे विलिखेद् बुधः ।
यावत् स्वरस्थितिर्याति तावत्कालं विचारयेत् ॥ ३१ ॥
मेषादिराशिसद्भावं वर्गलेखनमानतः ।
अनुलोमविलोमेन विलिखेत् षष्ठमन्दिरे ॥ ३२ ॥

हे नाथ ! फिर उसके बायीं ओर वाले गेह में सभी वर्णों में मङ्गल देने वाला प वर्ग लिखे और उसके ऊपर 'य र ल व' दक्षिणावर्त योग से लिखे । बुद्धिमान् मन्त्रज्ञ उसी मन्दिर में अकारादि स्वरों को लिखे और जब स्वर लिख ले तब विचार प्रारम्भ करे । जहाँ क वर्गादि वर्ग का नाम लिखा है वहीं उन छः गृहों में मेषादि राशियों को भी अनुलोम विलोम क्रम से लिखे ॥ ३०-३२ ॥

यद्यद्गृहे साध्यनाम चास्ति नाथ स्वरादिकम् ।
एकत्रीकृत्य[1] हरणात् यदङ्कं[2] प्राप्यते वरम् ॥ ३३ ॥
षडङ्केन ततो नाथ हरेदनलसंख्यया ।
यदङ्कं प्राप्यते तत्र स राशिस्तत् क्षणस्य च ॥ ३४ ॥

जिस जिस गृह में साध्य का नामाक्षर तथा उसमें होने वाले स्वरादि आवें, उन सबको एक स्थान पर रख कर जोड़ने से जो (योगफल) अङ्क प्राप्त हो, हे नाथ ! उसमें ६ का भाग देवे । फिर उसमें अनल संख्या ३ जोड़ दें । ऐसा करने से जो अङ्क प्राप्त हो वही उस क्षण की राशि जाननी चाहिए ॥ ३३-३४ ॥

आज्ञाचक्रकथनम्

आज्ञाचक्रं फलं सिद्धं विद्यानाथ वदामि तत् ।
येन विज्ञातमात्रेण सर्वज्ञो भवति ध्रुवम् ॥ ३५ ॥

---

१. एकस्थीकृत्य, इति पाठ उचितः ।
अथवा—एवकं त्रायते इति एकत्रम् । अनेकत्रमेकत्रं कृत्वा इति एकत्रीकृत्य ।
२. हरेदङ्कं वाञ्छितम्—ख० ।

अकस्मात् शक्तिमाप्नोति विद्यारत्नं ददामि तत् ।
रव्यादिसप्तवारञ्च कृते भद्रविवर्धनम् ॥ ३६ ॥

हे नाथ ! अब आज्ञाचक्र पर सिद्ध किए गये फलों को आप से कहती हूँ, जिसके जान लेने मात्र से साधक निश्चित रूप से सर्वज्ञ हो जाता है । जिससे अकस्मात् सिद्धि प्राप्त होती है, अब उस विद्या रत्न को मैं कहती हूँ । रवि आदि से प्रारम्भ सात वार सत्ययुग में मनुष्यों के कल्याणों को विवर्द्धन करने वाले थे ॥ ३५-३६ ॥

शन्यादिसप्तवारं च त्रेतायां सौख्यवर्द्धनम् ।
गुर्वादिसप्तवारञ्च द्वापरे धर्मसाधनम् ॥ ३७ ॥
शुक्रादिवारसप्तञ्च कलौ युगफलप्रदम् ।
अतः शुक्रादिपर्यन्तं गणनीयं विचक्षणैः ॥ ३८ ॥

इसके बाद त्रेता युग में शनि से आरब्ध सात बार मनुष्यों का सौख्य संपादन करते थे । इसके बाद गुरु से प्रारम्भ कर सात बार द्वापर में धर्म साधन के हेतु हुये । किन्तु कलियुग में शुक्र से प्रारम्भ कर सात बार फल देने वाले हुये अतः कलयुग होने के कारण विचक्षण पुरुष को शुक्रवार से ही गणना प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ ३७-३८ ॥

गणयेत् सप्तवारञ्च मध्ये चतुर्द्दले सुधीः ।
पूर्वादिक्रमतो वारान् गणयेद् तन्त्रवित्तमः ॥ ३९ ॥
निजवारो यत्र पत्रे समाप्तिस्तूद्भवञ्च तत् ।
तद्भराशिं समानीय वर्णभेदं समानयेत् ॥ ४० ॥

सुधी साधक चतुर्दल के मध्य में पूर्वादि दिशा के क्रम से शुक्रवार से प्रारम्भ कर सातों वारों की गणना करे । अपना वार जिस पत्र पर समाप्त हो वही वार उद्भव (पैदा होने वाला) समझना चाहिए । उसी से नक्षत्र तथा राशि बनाकर उसके वर्णभेद (बाँटना) को समझना चाहिए ॥ ३९-४० ॥

सामान्यफलमूलञ्च वदार्णादिपत्रभेदतः ।
आज्ञाचक्रं शुभं मन्त्री आज्ञाचक्रं विचारयेत् ॥ ४१ ॥
तत्फलाफलमाहात्म्यं शृणु सङ्केतपण्डित ॥ ४२ ॥

वर्णों के आदि से तथा पत्रों के भेद से सामान्य फल का मूल समझना चाहिए । आज्ञाचक्र अत्यन्त शुभकारी है । अतः मन्त्रसाधक को आज्ञाचक्र का विचार अच्छी तरह जानना चाहिए। अब हे सङ्केत के पण्डित ! उसके फलाफल के माहात्म्य को सुनिए ॥ ४१-४२ ॥

आनन्दभैरव[1] उवाच

दले पूर्वभागे आकारार्ध इन्दु-
स्फुटे राज्यलाभं हकारान्तशब्दम् ।

---

१. आनन्दभैरवी उवाच—क० ।

सामानार्थभावं विशिष्टार्थयोगं
क्रतुक्षेमयुक्तं तथा पुत्रलाभम् ॥ ४३ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—पूर्व दिशा में रहने वाले आकार का अर्ध (अर्थात् अ) जिस पर चन्द्र बिन्दु हो (अर्थात् अं) तथा हकारान्त शब्द (अः) हो तो राज्य का लाभ होता है । १. समान रूप से अर्थ की प्राप्ति तथा २. विशिष्ट अर्थ का योग ३. क्रतु (पुण्यकार्य) क्षेम से युक्त एवं पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है ॥ ४३ ॥

दयायुक्तभूषाश्रयत्वं जयत्वं
समाप्नोति मर्त्यो विवाहं सुवाहम् ।
सुखं नाथ लोकानुरागं सुभोगं
विभाधावकानां समाप्ते क्षणादिम् ॥ ४४ ॥

ऐसा मनुष्य दया से युक्त भूषण का आश्रय वाला, विजयी तथा उत्तम विवाह (पत्नी पुत्र का भोग) प्राप्त करता है । हे नाथ ! उसे सुख एवं लोगों का अनुराग तथा भृत्यों से युक्त सुन्दरभोग प्राप्त होता है ॥ ४४ ॥

पद्मे दक्षिणपत्रके प्रियपदा मोददहं[१] भास्वरं
नानालक्षणदुःखदं शुचिपदा आन्दोलितस्तैरहम् ।
माहेन्द्रामृत[२]योगरागहननं साक्षाद्यमारोपणं
चित्तानां परिचञ्चलं खलगुणाह्लादेन सामोदितम् ॥ ४५ ॥

कमल के दक्षिण दिशा के पत्र में रहने वाली प्रियपदा मोद (प्रसन्नता) को जलाने वाली, तथा भास्वर वर्ण की है वह अपने अनेक लक्षणों द्वारा दुःख देने वाली शुचिपदा है, उससे मैं भी कम्पित होती हूँ, वह महेन्द्र के भी अमृतयोग के राग का हनन करने वाली है, साक्षात् यम को आरोपित करती है । वह सबके चित्त को चञ्चल करने वाली तथा दुष्ट गुणों के आह्लाद सामोद् (प्रसन्नता पूर्वक) रहने वाली है ॥ ४५ ॥

पात्रार्थलाभं यदि वाध एव प्रगच्छति क्रूरखलप्रतापः ।
तथापि हन्तुं न च वर्णमध्ये क्षमः स्वसिद्धं भजते क्षमादि ॥ ४६ ॥

सुपात्र का लाभ करने वाली हैं तथा समस्त बाधाओं का तथा दुष्टों की दुष्टता एवं प्रताप को नष्ट करने वाली हैं । वे वर्णमध्य में क्षमा रूप से प्रतिष्ठित हैं जिन स्वयंसिद्धा की साक्षात् क्षमा आदि भी भजन करते हैं ॥ ४६ ॥

रसार्थप्रश्नं कुरुते यदि स्याद् वारो हि चारो गृहमध्यभागे ।
स्वकीय इन्दुप्रियवद् भवेद् ध्रुवम् मनोगतं सौख्यविवर्धनञ्च ॥ ४७ ॥

यदि रसार्थ प्रश्न गृहमध्य में किया जाय तो युग के आरम्भ के अनुसार सातों वरों के चार अर्थात् संचार के अनुसार वह निश्चित ही स्वकीय इन्दु का प्रिय अर्थात् अपने प्रिय का प्रेमी हो जाता है तथा मनोभिलषित वस्तु प्राप्त होकर सौख्याभिवर्धन होता है ॥ ४७ ॥

---

१. मोदप्रदम्, इति पाठ उचितः । २. माहेन्द्रामृतयोगे यो रागः, तस्य हननं यस्मिन् ।

वाग्देवताध्यानम्

शत्रूणां हननं तदा कुलगतं सञ्चारवातं मुदा
रोगाणां परिमर्दनं प्रभुपदे भक्त्यर्थिनां ज्ञापनम् ।
आह्लादं हृदयाम्बुजेऽमृतधनं तीर्थागमं शोकहं
सूक्ष्मार्थं गणयेत्ततः प्रचपला वाग्देवतादर्शनम् ॥ ४८ ॥

वे शत्रुओं का हनन करने वाली हैं तथा कुलगत संस्कारों का सञ्चार करने वाली हैं। वे रोग का नाश करने वाली एवं प्रभु की भक्ति का बोध कराने वाली हैं । जिनका हृदयरूपी कमल का अमृतरूपी धन आह्लाद देने वाला है तथा जो तीर्थ एवं आगम से शोक का नाश करने वाली हैं उन सुक्ष्मार्थ गणों में श्रेष्ठ प्रचलपा वाग्देवता का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ४८ ॥

आथर्वे पत्रमध्ये निवसति कमला कोमला वाद्यदात्री
आगन्तव्यादिवार्ता कथयति सहसा सर्वदा मङ्गलानि ।
नित्यावश्यं प्रतापं प्रियगणहितां प्रेमभावाश्रयत्त्वं
नित्यं कान्तामुखाम्भोरुहविमलमधुप्रेमपानाभिलाषम्[1] ॥ ४९ ॥

आथर्व पत्र (चौथे) पत्र में कोमल स्वभाव वाली वाद्यों को देने वाली तथा कमला का निवास है । वह किसी आने वाले का सन्देश सहसा कहती है, सर्वदा मङ्गल करती है, नित्य आवश्यक प्रताप उत्पन्न करती है, प्रियगणों की हितकारिणी है, प्रेमभाव का आश्रय करती है, वह कान्ता के विमल कमल मुख के मधु प्रेम का अभिलाष उत्पन्न करती है ॥ ४९ ॥

मेषे तृप्तिमुपैति सिंह इषुभिः कुम्भेन तेषां फलं
लाभं कुञ्जरघातकेषु रजतं चौर्येण यद्यद्गतम् ।
एवं कास्यविहारणं शतपले सूर्योदयात्तिष्ठति
प्रातः कालफलाफलं कथयति श्रीकेशरीमध्यगः ॥ ५० ॥

मेष में प्रश्नकर्ता सदैव तृप्ति करता है, सिंह का धनु तथा कुम्भ राशि के साथ फल इस प्रकार है—सिंह राशि वाले को रजत की प्राप्ति तथा चोरी से प्राप्त माल का लाभ होता है । सूर्योदय से १०० पल तक कास्य विहारण स्थित है । इस प्रकार सिंह राशि वाला पुरुष प्रातः काल अपने फलाफल को प्रगट करता है ॥ ५० ॥

पश्यादेकशतं पलेन्दुधनुषा व्याप्तं यदा भूतले
वित्तानां हरणं तदा जलगते मित्रस्य राज्यादिकम् ।
दूरस्थादिकथागतादिसमयं शत्रोर्महापीडनं
वाञ्छावर्गकुलोदयं समुदयात् सूर्यस्य चागण्यते ॥ ५१ ॥

धनु राशि वाला भूतल में अपने इन्द्र धनुष से एक सौ धनुष् पर्यन्त देखता है ॥ ५१ ॥

---

१. कान्तामुखमम्भोरुहं कमलमिव शोभनगन्धाधायकं तस्य यद् विमलं मधु, तत्र यत्प्रेम, तस्य पाने अभिलाषो यस्य ।

शेषे चैकशते फले समुदिते कुम्भो महादुर्बली
दारिद्र्यस्य कथा कदा सुविषयं विद्यार्थभूषञ्च यम् ।
लाभं देशविदेशकार्यगमनं शीघ्रं धनाद्यागमं
देवानां खलु दर्शनार्थकथनं व्यामोहसन्नाशनम् ॥ ५२ ॥
वारे शुक्रे शनिगतदिन लवटाहौ च सूर्ये
नित्यं ज्ञानोदयनिजपथ आयुषां निर्णयं तत् ।
अष्टौ वर्गानुदयति मुदा प्राप्य वीरो महत्त्वं
लोको दोषं प्रथमखचरे चायुषां पृष्टमात्रम् ॥ ५३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावप्रश्नार्थबोधनिर्णये पाशवकल्पे आज्ञाचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे द्वादशः पटलः ॥ १२ ॥

अर्थ अस्पष्ट है ॥ ५२-५३ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावप्रश्नार्थबोधनिर्णय में पाशव कल्प के आज्ञाचक्र सारसंकेत में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में द्वादश पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १२ ॥

अथ त्रयोदशः पटलः

आनन्दभैरवी[1] उवाच

आज्ञाप्रश्नार्थभावञ्च वर्णविन्यासनिर्णयम् ।
अधुना शृणु सर्वज्ञ भावज्ञानपरायण ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे सर्वज्ञ ! हे भावज्ञान परायण ! अब आज्ञाचक्र पर किए गये प्रश्नों के फल एवं भावों को तथा उसमें स्थित वर्ण विन्यास के निर्णय को सुनिए ॥ १ ॥

यदि मेषे स्वनक्षत्रं स्ववारसंयुतं शुभम् ।
ज्ञात्वा शुभादिपत्रञ्च पलमानेन साधकः ॥ २ ॥
गणयेद् वर्णसारञ्च येन तत्प्रश्ननिर्णयः ।
पूर्वे दले ककारस्य वर्णभेदं शृणु प्रभो ॥ ३ ॥

यदि मेष राशि पर अपने जन्म वार से संयुक्त स्व नक्षत्र हो तो शुभकारक है । इसी प्रकार साधक पलादि मान से शुभादि पत्रों का ज्ञान कर वर्णों की गणना करें, जिससे प्रश्नों के फल का निर्णय किया जा सके । हे प्रभो ! अब पूर्व दिशा के पत्र पर स्थित, ककार के वर्ण भेदों को सुनिए ॥ २-३ ॥

मनसि सुखसमूहं प्राणसौख्यार्थचिन्ता
वसनगमनलाभं प्रीतिपुत्रार्थयोग्यम् ।
स्थिरपदमपि देशे दर्शनं प्राणबन्धोः
सकलकलुषहानिश्चादिपत्रे ककारे ॥ ४ ॥

प्रथम दल का फलादेश—पूर्व दल पर स्थित प्रश्नकर्ता के प्रश्न का आद्य अक्षर ककार हो तो प्रश्नकर्ता के मन में सुख समूह तथा प्राण सौख्य के लिए चिन्ता है—ऐसा कहना चाहिए । उसे वस्त्रादि की प्राप्ति तथा यात्रा से लाभ होगा । प्रीति, पुत्र तथा अर्थ का भी लाभ होगा, देश में स्थिरपद की प्राप्ति तथा प्राणप्रिय बन्धु का दर्शन होगा । किं बहुना, उसके समस्त कलुष का नाश होगा—ऐसा कहना चाहिए ॥ ४ ॥

सदा नृनासिके सुखं सुखोल्बणस्य सेवनं
सदाशिवे च भक्तिदं स्वकीयगेहसत्फलम् ।
कलाधरस्य दृष्टिभिः प्रधानलोकपूजनं
हिताहितं न बाधते विवाहकेलिना सुखम् ॥ ५ ॥

---

१. आनन्दभैरव उवाच—ख० ।

पूर्वदल स्थित प्रश्नकर्ता के प्रश्न का आद्य अक्षर नृनासिक (**इकार** ?) हो तो प्रश्नकर्ता सुखी रहता है, उसे उत्तमोत्तम सुख प्राप्त होता है । इस प्रकार वह इकार सदाशिव में भक्ति प्रदान करता है और उसे अपने घर पर ही समस्त सुन्दर फल प्राप्त होते हैं । यदि उस पर चन्द्रमा की दृष्टि हो तो वह प्रधान होता है और लोगों से पूजित होता है । उसके हित में किसी का अहित बाधा नहीं करता तथा विवाह केलि से उसे सुख की प्राप्ति होती है ॥ ५ ॥

ऋकारं विपदां ध्वंसं धैर्ये विद्याविबोधनम् ।
व्याधिपीडादुर्जनानां पीडाप्रश्नं वदेत्तदा ॥ ६ ॥
उकारे वायुभावस्य वृथागमनमेव च ।
दारिद्र्यहानयोर्यान्ति[1] दूरागमनदुर्लभम् ॥ ७ ॥

यदि प्रश्नकर्ता के प्रश्न का आद्य अक्षर **ऋकार** हो तो वह प्रश्नकर्ता के व्याधि तथा दुर्जनों द्वारा दी गई पीड़ा को सूचित करता है । उसका फल विपत्तियों का नाश, धैर्य प्राप्ति तथा विद्या से ज्ञान प्राप्ति होगी—ऐसा कहना चाहिए । पूर्वदल स्थित **उकार** प्रश्न का आद्य अक्षर हो तो वायु का विकार बतलाना चाहिए । उसके यात्रा में आने का फल व्यर्थ है । उसे दरिद्रता तथा हानि की प्राप्ति होती है। उसका यात्रा में दूर जाना भी दुःखकारक है ॥ ६-७ ॥

खकारे द्रव्यप्रश्नञ्च शुभकार्ये गते भयम् ।
आशु भयं समाप्नोति प्राप्य[2] निर्धनतां व्रजेत् ॥ ८ ॥
पञ्चत्वजिज्ञासनमेव सत्यं नित्यं सुखानामुदयाय चेष्टा ।
शत्रोर्विनाशाय हिताय बन्धोः पकारकूटे परचौरचेष्टा ॥ ९ ॥

प्रश्न में आद्य अक्षर **खकार** होने से द्रव्य विषयक प्रश्न कहना चाहिए । उसे शुभ कार्य करने में भय है । अतः शीघ्र ही ऐसे भय की प्राप्ति उसे होने वाली है, जिससे वह निर्धन हो सकता है । प्रश्न का आद्य अक्षर **पकार** हो तो दूसरे की चोरी की चेष्टा विषयक प्रश्न का फल कहना चाहिए । वह किसी के मृत्यु की जिज्ञासा से आया है । यह बात सत्य है कि उसकी नित्य की चेष्टा अपने सुखों की प्राप्ति, शत्रु का विनाश तथा बन्धु गणों का हित करना ही रहता है ॥ ८-९ ॥

कैवल्यादिसमापनं निजमनो दुष्टव्यापहं कामिनां
नानाभोगविनाशनं कनकरौप्यराजप्रदं स्वके ।
मारीभीतिविरोधनं धनपतेरानन्दपुञ्जोदयं
गोविद्याश्रियमाशु लाभविविधं धर्मार्थचिन्ताकुलम्[3] ॥ १० ॥
हरिपूजा हरिध्यानं हरिपादाम्बुजे रतिः ।
चौर्याहरणद्रव्यस्य न हानिर्जन्महार्दके ॥ ११ ॥

---

१. दारिद्र्यं च हानं च तयोः ।

२. प्र + आप्त्वा इत्यत्र नित्यसमासे ल्यपि सति साधुता ।

३. इदं छन्दस्त्रुटितं प्रतिभाति । बहुशः प्रयत्ने कृतेऽपि पूरकमुपकरणं नावाप्तम् । असंगतोऽयं टिप्पणं संस्कृतविश्वविद्यालयस्य मुद्रितसंस्करणे ।

जन्म नक्षत्र के **हार्दक** (अ अक्षर ?) होने से (धर्म अर्थ काम) मोक्ष आदि पुरुषार्थों की समाप्ति, अपने मन का दुष्टों से व्यापृत होना, कामियों के नाना प्रकार के भोगों का विनाश एवं चाँदी, सोना एवं राज पद प्राप्ति का योग होता है (स्वके ?) । किन्तु यदि वह स्वगृही हो तो प्रश्नकर्ता को मारी का भय जाता रहता है । किसी धनपति से आनन्द पुञ्ज की प्राप्ति होती है । गाय, विद्या तथा श्री की संप्राप्ति तथा अनेक प्रकार का लाभ होता है । ऐसा व्यक्ति धर्म अर्थ की प्राप्ति के लिए चिन्ताकुल रहता है । उसका मन हरिपूजा, हरिध्यान, तथा हरि के चरण कमलों में आसक्त रहता है । चोरी से आहृत किए गये द्रव्यों से उसकी हानि नहीं होती ॥ १०-११ ॥

आकारे तेजसो हानिर्महाशब्दे विनाशनम् ।
आगतानाञ्च हानिः स्यात् पक्षपातं गतौ जयम् ॥ १२ ॥
उशतो निजगेहस्था उल्बणव्याधिपीडनम् ।
उत्साहध्वंसशून्यञ्च पाठे पाण्डित्यमुल्बणम् ॥ १३ ॥

आकार प्रश्न का आद्य अक्षर होने पर प्रश्नकर्ता के तेज की हानि होती है । किसी महाशब्द से विनाश तथा आई हुई संपत्ति से हानि उठानी पड़ती है । उसे विजय की प्राप्ति तभी होती है जब पक्षपात किया जाय । अपने गेह में कटु अक्षर के होने पर बहुत बड़ी व्याधि से पीड़ा की संभावना, उत्साह का ध्वंस, शून्यता तथा पाठ करने में उत्कट पाण्डित्य प्राप्त होता है ॥ १२-१३ ॥

दीर्घलृकारवर्णे च लावण्यलोचनो नृपः ।
लज्जानष्टक्षेमबुद्धिर्मित्रतुल्यप्रियो भवेत् ॥ १४ ॥
दीर्घप्रणवमोङ्कारे निराश्रयो न जीवति ।
महदाश्रयमात्रेण सर्वं चूर्णं करोति हि ॥ १५ ॥

दीर्घ **लृकार** वर्ण में प्रश्न करने पर प्रश्नकर्ता उत्तम नेत्रों वाला राजा के समान होता है, उसमें लज्जा रहती है । उसका क्षेम कभी नष्ट नहीं होता । वह बुद्धिमान् होता है तथा मित्र के समान सबका प्रिय होता है । दीर्घ प्रणव युक्त ॐकार में प्रश्न होने पर वह प्रश्नकर्ता निराश्रय होता है । उसका जीवन नष्ट हो जाता है । महत्त्व के आश्रय मात्र से वह अपना सब कुछ नष्ट कर देता है ॥ १४-१५ ॥

सिंहे कार्मुकमेषलग्नसमये नित्याशिषं प्राप्नुयात्
किञ्चिद्भाति पराक्रमी गतिमतां श्रेष्ठो भवेत् कर्मणि ।
किञ्चिद्दोषकुलापहं नरपतेरुत्साहसंवर्धनं
क्रोधी नित्यपराक्रमी भवति सः शीघ्राभिलाषान्वितः ॥ १६ ॥

सिंह, धनुष तथा मेष लग्न में प्रश्न करने पर प्रश्न कर्ता को नित्य मङ्गल की प्राप्ति होती है । वह पराक्रम से कुछ ही आगे बढ़ता है । किन्तु कर्म में वह सभी गतिमानों से श्रेष्ठ रहता है । वह ऐसे दोषों से ग्रस्त रहता है जो उसके कुल को हानि पहुचाते हैं । किन्तु राजा के उत्साह को बढ़ाने वाले होते हैं । वह क्रोधी तो होता हैं पर नित्य पराक्रमशील भी होता है । किं बहुना वह शीघ्र ही अपनी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होता है ॥ १६ ॥

अथ वक्ष्ये महादेव वीराणामुत्तमोत्तम ।
सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञ तत्त्वज्ञानपरायण ॥ १७ ॥
दक्षिणस्थदलस्यापि वर्णभेदार्थनिर्गमम् ।
फलमत्यन्तनिष्कर्षं वाञ्छावाक्यफलप्रदम् ॥ १८ ॥

पूर्वदिशा के पत्र के वर्ण तथा उनके फल (द्र० . १३ . ३-१६)—हे वीरों में उत्तमोत्तम ! हे महादेव ! हे सर्वशास्त्रार्थ तत्त्वज्ञ ! हे तत्त्वज्ञान परायण ! अब दक्षिण दिशा में रहने वाले पत्र के वर्ण भेदों के अनुसार अर्थ का निर्गम तथा निष्कर्ष युक्त उनके फल को कहती हूँ जो प्रश्नकर्ता के द्वारा किए गये अभिलषित वाक्यों के अनुसार फल प्रदान करते हैं ॥ १७-१८ ॥

कान्ते बीजे [१]कमलनिलया गेहभागस्थिरा या
नानादेशभ्रमणभयदा नैव कुत्रापि सुस्था ।
चण्डोद्वेगापहसति खलानाञ्च हानिः प्रबुद्धो
वाणी वश्या वसति वदने चक्रिणां हानयः स्युः ॥ १९ ॥

कूटफलविचार—कान्त बीज (खकार) में प्रश्नकर्ता के हाथ रखने से ऐसी लक्ष्मी उसके गेह भाग में स्थिर रहती हैं जो अनेक देशों में भ्रमण करने वालों को भय प्रदान करती हैं । किं बहुना वह कहीं भी ठीक प्रकार से स्थिर नहीं रहने वाली हैं जो प्रचण्ड उद्वेग करने वाली है और मनुष्यों का उपहास करती है । ऐसा प्रश्नकर्ता प्रबुद्ध रूप से खलों की हानि करता है । उसके मुख कमल में वाणी वशीभूत हो कर निवास करती है तथा उसके शत्रुओं को नाना प्रकार की हानि उठानी पड़ती है ॥ १९ ॥

चारुप्रतापं चरणे गुरूणां भक्तिर्दृढा स्याद् गमनेषु चारु ।
तदागतानां नृपतिप्रियाणां सम्प्रेरणं चारुफलञ्च कूटे ॥ २० ॥

'च' कूट में हाथ रखने वाला प्रश्नकर्ता उत्तम प्रताप (तेज) से युक्त रहता है । गुरु चरणों में उसकी भक्ति दृढ़ होती है । उसकी यात्रा फलदायक होती है उसके यहाँ आये हुये राजा के प्रिय उसे उत्तम प्रेरणा प्रदान करते है । इस प्रकार चकार कूट के प्रश्न का सुन्दर फल है ॥ २० ॥

कान्तेषु कान्तावदनारविन्दे सुषट्पदत्वं रमणीविलासम् ।
आयुः क्षयोद्वेगविनाशकरणं चाकर्षणं देशसुखं धनानाम् ॥ २१ ॥
टकारे धारणं देशे सुखं शेषे निशामुखम् ।
विदेशस्थधनादीनां स्यादागमनमुत्तमम् ॥ २२ ॥

कान्त वर्ण (ख) पर हाथ रखने वाला प्रश्नकर्ता स्त्री के मुख कमल का भ्रमर होता है । सुन्दर रमणी का विलास प्राप्त करता है । आयु के क्षय का उद्वेग उसके विनाश में कारण होता है । धन के प्रति उसका अधिक आकर्षण होता है । फिर भी अपने देश के

१. कमलस्य निलयः, अथवा कमलं निलयः यस्याः सा कमलनिलया ।

सुख उसे प्राप्त होते हैं । **टकार** में हाथ रखने वाला प्रश्नकर्ता देश में निशामुख के शेष हो जाने पर, सुख प्राप्त करता है । उसे विदेश में रहने वाले उत्तम धन का आगमन होता रहता है ॥ २१-२२ ॥

दकूटमधनं विना भवति विघ्नहानिः सदा
जयं स्वगृहकामिनो कमलनेत्रकान्ता यथा ।
सुसिद्धकरमेव हि प्रबलभावनातो भवेत्
भवे जयति मानुषस्तु पृष्टस्य जिज्ञासने ॥ २३ ॥

दकूट में निर्धनता को छोड़कर सदैव विघ्नों का विनाश होता रहता है, अर्थात् ऐसा प्रश्नकर्ता निर्धन रहता है । किन्तु उसकी अपनी स्त्री कमलों के समान नेत्र वाली तथा सुन्दरी होती है । उसके सारे कार्य सुसिद्ध रहते हैं । वह अपनी प्रबल भावना से संसार में विजय लाभ करता है । पूछी हुई जिज्ञासा में वह एक सामान्य मनुष्य के समान जाना जाता है ॥ २३ ॥

व्याख्यातं मुनिभिः फलं फलमयं कालं[१] रिपूणां सदा
लोकानां वशकारणं कुलवरो वेदागमे पारगः ।
प्राप्नोति प्रियपुत्रकं नरपतेरुत्साहसं कारणं
कार्ये दुर्जनपीडनं भयसमूहानां विनाशङ्कके[२] ॥ २४ ॥

मुनियों ने सदैव ही इस **फलमय** फल को शत्रुओं के कालरूप में व्याख्यान किया है । उक्त प्रश्नकर्ता समस्त लोक को अपने वश में रखने के कारण कुल में श्रेष्ठ होता है । वह वेद का पारगामी विद्वान् होता है और प्रिय पुत्र को प्राप्त करता है । नरपति के उत्कट साहस का कारण बनता है । भय समूहों के कार्य में वह बिना शंका (हिचक) के दुर्जनों को पीड़ा पहुँचाता रहता है ॥ २४ ॥

यशसि वयसि तेजो बुद्धिरेव यकूटे
समयफलभूपोल्लासवृद्धिः समृद्धया ।
यजनमपि सुराणां चौर्यमात्रं न भूया—
दतिशयधनवृद्धिः क्रेयविक्रेयकाले ॥ २५ ॥

यकूट में प्रश्न करने वाला यश में तथा वय में तेजस्वी एवं बुद्धिमान् होता है, वह अपनी समृद्धि से एवं समय फल से राजा के उल्लास को बढ़ाने वाला होता है । देवताओं का पूजन करता है । चोरी नहीं करता । किन्तु वस्तुओं के खरीदने एवं बेचने के समय उसके धन की समृद्धि अपने आप होती रहती है ॥ २५ ॥

शीतकाले धनप्राप्तिः स्वर्णरौप्यादिलाभकम् ।
पुत्रप्राप्तिः सुखप्राप्तिः सङ्कटे वदति ध्रुवम् ॥ २६ ॥
लक्ष्मीः प्रियं धनं दातुं मुदिता भूमिमण्डले ।
जलेन जायते हानिर्लयं देवे न कूटके ॥ २७ ॥

---

१. कालम्—ख० । २. विनाशङ्कं स्वके—ख० ।

प्रश्नाद्यक्षरमित्यादिस्वरमूलं हि यो नरः ।
जिज्ञासनं यदा कुर्यात् तदा स्यादुत्कटं फलम् ॥ २८ ॥

उसे शीतकाल में सोना चाँदी का लाभ तथा धन की प्राप्ति होती है । उसे पुत्र एवं सुख प्राप्त होता है, सङ्कट काल में वह निश्चय ही सत्य बोलता है । इस भूमि मण्डल में प्रिय धन देने के लिए लक्ष्मी न कूट के प्रश्नकर्ता पर प्रसन्न रहती है । उसे जल से हानि की संभावना रहती है । वह देव में लय प्राप्त करता है । **स्वरों के फल** जो मनुष्य प्रश्न के आदि में मूल स्वर का उच्चारण करता है, तथा ऐसे प्रश्न से जिज्ञासा (निर्णय) शान्ति चाहता है, तब उसका उत्कट फल होता है ॥ २६-२८ ॥

शृणु तत्तत् स्वरं नाथ एतत्पत्रस्थमाक्षयम् ॥ २९ ॥
इकारकूलमङ्गले धनादितृष्णयान्वितोः ।
विशेषधर्मलक्षणं धनञ्च पैतृकं लभेत् ॥ ३० ॥

हे नाथ ! अब उस पत्र पर रहने वाले स्वरों के उन उन फलों का श्रवण कीजिए । इकार में प्रश्नकर्ता अपने कुल में मङ्गल प्राप्त करता है और धनादि की तृष्णा से युक्त रहता है । उसमें कुछ विशेष विशेष धर्म के लक्षण घटित होते हैं । किं बहुना, पैतृक धन भी उसे प्राप्त होता है ॥ २९-३० ॥

गतिप्रियं सुदेवता सुसम्पदं सदासुखम् ।
तथा हि सूक्ष्मबुद्धिभिः परास्तमाकरोदरिम् ॥ ३१ ॥
ईकारमपरप्रियं परमतध्वंससंवर्द्धनम् ।
विदेशगमनं नहि प्रभवतीह बाह्यं दया ॥ ३२ ॥

उसे गति (ज्ञान) प्रिय होता है । सुदेवता द्वारा सुसम्पत्ति प्राप्त होती है । वह सदासुखी रहता है, तथा अपनी सूक्ष्म बुद्धि से शत्रु का पराभव करता है । ईकार अक्षर में प्रश्न करने वाला अपर जनों का प्रिय होता है । पर मत के विध्वंस का वर्द्धन करने वाला तथा विदेश जाने वाला होता है । उसे निश्चित रूप से बाहरी जनों पर दया नहीं आती ॥ ३१-३२ ॥

जगज्जनमभिप्रियं तरुणदोषसम्माननम् ।
विकाररहितं सुखं भवति पृष्ट आवेदके ॥ ३३ ॥
ए बीजे बद्धसन्तोषं कामनाफलसिद्धिदम् ।
वायुना हरणं चैव प्राप्नोति नृपमाननम् ॥ ३४ ॥
अमीत्येकाक्षरे बीजे बीजभूते जगत्पतेः ।
प्राप्नोति कन्यादानादिफलं वस्त्रञ्च तैजसम् ॥ ३५ ॥

वह संसार में मनुष्यों का सब प्रकार से प्रिय होता है । तरुणों के दोषों का सम्मान करता है सब प्रकार के विकारों से रहित सुख प्राप्त करता है, पूछने पर आवेदन करने वाले से - - - । प्रश्नकर्ता द्वारा प्रश्न का आद्यअक्षर 'ए बीज' होने पर उसे वद्ध सन्तोषी समझना चाहिए । यह अक्षर कामनाफल की सिद्धि देने वाला है । यह वायु के विकार से ग्रस्त करता

है किन्तु राजा से सम्मान भी प्राप्त कराता है । जगत्पति भगवान् के बीजभूत 'अम्' इस एकाक्षर के प्रश्नाद्यक्षर होने पर प्रश्नकर्ता कन्यादानादि का फल, वस्त्र प्राप्ति तथा सुवर्णादि तैजस पदार्थ प्राप्त करता है ॥ ३३-३५ ॥

गोकन्यामकरे खगे खगचरता सौन्दर्यलक्ष्मीर्भवेत्
शेषे [1]काञ्चनपुञ्जलाभमतुलं सन्तोषसारं गतौ ।
संसारे निजदायिका स्वजनता रत्नादिकं सञ्चयं
सर्वं सञ्चयति प्रभो हितकरं प्रश्नार्थमाद्याक्षरे ॥ ३६ ॥

वृष, कन्या तथा मकर लग्न में प्रश्नकर्ता द्वारा, प्रश्न किए जाने पर वह आकाशमार्ग से चलने वाला होता है, तथा उसे सौन्दर्य लक्ष्मी स्वयं प्राप्त होती है । शेष लग्न में प्रश्न किए जाने पर अतुल सुवर्णराशि, ज्ञान में महान् सन्तोष, संसार में अपना उत्तरदायित्व तथा रत्नादि का सञ्चय करने वाला होता है । इस प्रकार प्रश्नकर्ता अपने प्रश्न में आद्यअक्षर (अकार) के उच्चारण से, हे प्रभो ! अपनी समस्त हितकारी वस्तुयें सञ्चित कर लेता है ॥ ३६ ॥

तृतीयदलमाहात्म्यं[2] यद् यद् वर्णे विचारयेत् ।
प्रश्नाद्यक्षरवर्णेषु नीत्वा च गगनं चरेत् ॥ ३७ ॥

इस प्रकार द्वितीय दक्षिण दल का फल कथन हुआ । (द्र० १३. १८-३६) । **हे प्रभो ! अब तृतीय दल का माहात्म्य कहती हूँ**—प्रश्नकर्ता के प्रश्न के आद्यअक्षरों में जिन जिन वर्णों पर विचार करना चाहिए उसे आप सुनिए ॥ ३७ ॥

तत्प्रकारं शृणु प्राणवल्लभ प्रेमपारग ।
यज्ज्ञानात् प्रश्नसिद्धिः स्यादकालफलदं नृपम् ॥ ३८ ॥
दृष्ट्वा ज्ञात्वा भावराशिमुत्तमाधममध्यमम् ।
लोकभावविधानज्ञो[3] निजविद्यादिकं[4] तथा ॥ ३९ ॥
सर्वं विषयरूपेण भावसारं विचारयेत् ।
गबीजं मङ्गलं ज्ञेयं फलमत्यन्तभाग्यदम् ॥ ४० ॥

हे प्राणवल्लभ ! हे प्रेमपारग ! अब उसका प्रकार सुनिए जिसे जान कर अकाल फल देने वाले राजा को प्रश्न सिद्धि हो जाती है । सर्वप्रथम विचारकर्ता लोकभाव के विधान को जानने वाला उत्तम, अधम तथा मध्यम भावराशि तथा अपनी विद्या देखकर, समझ कर, सबको अपना विषय बनाकर, तब '**भावसार**' का विचार करे । 'ग' बीज प्रश्न के आद्यअक्षर में उच्चारण होने पर अत्यन्त मङ्गलकारी समझना चाहिए । उसका फल अत्यन्त भाग्य देने वाला होता है ॥ ३८-४० ॥

गतद्रव्यादिलाभञ्च तथा लोकवशं फलम् ॥ ४१ ॥

---

१. काञ्चनस्य सुवर्णस्य पुञ्जः समूहः, तस्य लाभस्तम् । २. राहित्यं यद्वा—ख० ।
३. लोकभावयोर्विधानं जानाति इति । ४. विद्यादिकम्—ख० ।

दकारकूटे कठिनं रिपूणां विद्रावणं धर्मविनाशकस्य ।
भूमिपतेर्वा मरणं विनाशनं दिव्याङ्गनाया वररत्नलाभम् ॥ ४२ ॥

नष्ट हुये द्रव्य का लाभ तथा लोक वशीकरण उसका फल है । दकार कूट प्रश्न का आद्य अक्षर होने पर कठिन से कठिन शत्रु भाग जाता है । धर्म विनाशक राजा का मरण अथवा विनाश हो जाता है और उसे दिव्याङ्गना स्वरूप श्रेष्ठ रत्न का लाभ होता है ॥ ४१-४२ ॥

टकारे दूरगानाञ्च दर्शनं भवति ध्रुवम् ।
उद्वाहः पुत्रसम्पत्तिः षष्ठमासेन लभ्यते ॥ ४३ ॥
टान्ते चौरभयं नास्ति तद्द्रव्यागमनं भवेत् ।
विधिविद्याप्रकाशेन[1] शिवे विष्णौ च भक्तिमान् ॥ ४४ ॥

प्रश्न का आद्यअक्षर 'टकार' होने पर दूर रहने वाले सम्बन्धी जनों का दर्शन होता है यह निश्चित है । ६ मास के भीतर उसका उद्वाह हो जाता है, अथवा पुत्र सम्पत्ति की प्राप्ति होती है । 'ट के अन्त का अक्षर अर्थात् 'ठकार' प्रश्न के आद्यअक्षर होने पर चोरों से भय नहीं होता । उसे द्रव्य का लाभ होता है, विधान पूर्वक विद्या के प्रकाश से प्रश्नकर्ता शिव और विष्णु की भक्ति करने वाला होता है ॥ ४३-४४ ॥

धकारकूटे धरणीपतित्वं व्याधेर्भयं नास्ति तथा पशोश्च ।
प्रवेशमात्रेण गतौ कलापि जीवादिसम्पत्तिमुपैति लक्ष्मीम् ॥ ४५ ॥

प्रश्न का आद्यअक्षर धकार होने पर प्रश्नकर्ता पृथ्वी का स्वामी बनता है, उसको तथा उसके पशुओं को व्याधि का भय नहीं रहता । गति में प्रवेश मात्र से वह कलाविद् हो जाता है । किं बहुना उसे जीवन रूप संपत्ति तथा लक्ष्मी की प्राप्ति भी होती है ॥ ४५ ॥

रबीजे सिद्धः सम्यक् खगकुलवरो धीरगमनम्
वाञ्छातुल्यं विभवमतुलं राजराज्यप्रियं स्यात् ।
प्रतापं साम्राज्यं सकलहितगोलोकरसता
रसं सर्वं लोकं प्रियमतिसुखं लाभविविधम् ॥ ४६ ॥

प्रश्न का आद्यअक्षर 'र' बीज होने पर उसके सारे कार्य भली प्रकार सिद्ध हो जाते हैं वह खगकुलों में सर्वश्रेष्ठ होता है । उसकी गति धीरतापूर्वक होती है, उसे अपनी अभिलाषा के अनुरूप अतुल वैभव प्राप्त होता है । वह राजा के राज्य का प्रिय हो जाता है । उसका प्रताप बढ़ता है । साम्राज्य की प्राप्ति होती है । सबका हित करता है । उसे गौओं से दूध, घी, दही आदि प्रचुर रसों की प्राप्ति, सर्वप्रियता अत्यन्त सुख तथा विविध लाभ होते है ॥ ४६ ॥

चकारे[2] वह्निबीजे च जितं सर्वं चराचरम् ।
यथा [3]क्रमेण सर्वत्र गमने भाग्यदं फलम् ॥ ४७ ॥

---

१. विधीनां विद्याः, तासां प्रकाशेन । २. वाकरे—ख० ।
३. जयेन—ख० ।

षकारमध्यमे देशे वार्त्तादिशादुपैति हि ।
पत्रिकागमनं [1]कार्यं यः करोति धनं लभेत् ॥ ४८ ॥

पकार और वह्नि बीज (रेफ) अर्थात् प्र प्रश्न का आद्यअक्षर होने पर प्रश्नकर्ता ने सारे चराचर जगत् को जीत लिया । यथा क्रमेण सर्वत्र गमन—यही उसके भाग्य द्वारा दिया जाने वाला फल है । प्रश्न का आद्यअक्षर मध्य षकार होने पर परदेश से किसी के समाचार आने की संभावना रहती है, अथवा पत्र के आगमन की संभावना रहती है जो कार्य वह प्रारम्भ करता है उसे धन की संप्राप्ति होती है ॥ ४७-४८ ॥

क्षकारे सख्यभावञ्च मित्रभावं यदा लभेत् ।
सुप्रीतिश्च [2] भवेत्तस्मात् तदा प्रश्नभयं न च ॥ ४९ ॥
स्वराज्ये च भवेत् सौख्यं पुष्पजिज्ञासकर्मणि ।
हसनान्ते तथा वर्णे पाचकं देहि चादिदम् ॥ ५० ॥
यदि स्यादुच्यते नाथ विपरीतफलं न च ॥ ५१ ॥

'क्षकार' आद्य अक्षर होने पर सख्यभाव अथवा मित्र भाव प्राप्त होता है । ऐसा करने से प्रीति बढ़ती है । इसलिए क्षकार के प्रश्न के विषय में भय नहीं होना चाहिए । 'ह' 'स' वर्ण तथा अन्त का 'ज्ञ' वर्ण प्रश्न का आद्य अक्षर होने पर स्वराज्य में सुख प्राप्त होता है हे नाथ ! यदि कहा जाय तो भी विपरीत फल नहीं होता ॥ ४९-५१ ॥

दीर्घाकारे विषयघटना नाथ पादेः मतिः स्याद्
यद्यारम्भो भवति कुलनं दीर्घजीवी नरेन्द्रः ।
बालापत्यं गमयति मुदा कालदेशाधिकारी
लोकारण्ये सकलकलुषध्वंसहेतोर्मृगेन्द्रः ॥ ५२ ॥

प्रश्न का आद्य अक्षर दीर्घ आकार होने पर कामक्रोधादि विषय की चर्चा रहती है किन्तु हे नाथ ! उस प्रश्नकर्ता की आप के चरण कमलों में मति होती है, यदि कार्य का आरम्भ हो तो वह कुलनं एक होता है, राजा दीर्घ जीवी होता है, बाला स्त्री अपत्य प्राप्त करती हैं । काल के अनुसार वह देश पर अधिकार करने वाला एवं प्रसन्नता से जीवन निर्वाह करता है ! वह इस संसार रूपी अरण्य में संपूर्ण कलुष रूपी मृगों के ध्वंस के लिए मृगेन्द्र के समान होकर काल व्यतीत करता है ॥ ५२ ॥

सुखञ्चचार चाष्टमे महाधनेशसन्निधौ
प्रबुद्धवान् भवेन्नरः समाहितो भवेद् ध्रुवम् ।
विचित्रचातुरी यदा महाकुचोरगा प्रभो
प्रहस्यते क्षणादपि प्रभातसूर्यदर्शनात् [3] ॥ ५३ ॥

---

१. क्रेयम्—ख० ।
२. अप्रीतिश्च भवेत् तस्य तदा प्रश्नभयं न च—ख० ।
३. प्रभाते प्रातःकाले यः सूर्यः, तस्य दर्शनात् ।

अष्टम (**हकार?**) प्रश्नाद्यक्षर होने पर प्रश्नकर्ता महाधनपतियों के सन्निधान में सुखपूर्वक विचरण करता है । ऐसा नर सर्वदा प्रबुद्ध तथा निश्चित रूप से समाहित रहता है । उसके हृदय में सदैव विचित्र चातुरी भरी रहती है । हे प्रभो ! वह क्षणमात्र भी प्रभातसूर्य के दर्शन से हँसता रहता है ॥ ५३ ॥

अतीव धैर्यतां लभेत् विचित्रवाग्भवेज्जयम् ।
जयेन सेवितं पुरा पुराण वाक्यलाभकं ।
जगज्जनादिसेवनं लभेत् (वा यदि स्वयं?) ॥ ५४ ॥

वह अत्यन्त धीरज प्राप्त करता है । विचित्र वाणी का वक्ता होता है । उसकी विजय होती है । वह जय से युक्त तो रहता ही है, पूर्व के पुराण वाक्य (पुरातन कामनाएँ) भी उसे लब्ध होते हैं । किं बहुना, सारे संसार के लोगों से उसे सेवा प्राप्त होती है ॥ ५४ ॥

न चाकुलागमं गयागभीरतुल्यसत्फलम् ।
सदा हि पुण्यसागरे गुरोः पदाम्बुजं लभेत् ॥ ५५ ॥

उसे अकुलागम (शाक्तआगम) प्राप्त नहीं होता । किन्तु गया का गम्भीर सत्फल उसे अवश्य प्राप्त होता है, वह अपने पुण्य सागर में गुरु के श्री चरण कमलों को अवश्य प्राप्त करता है ॥ ५५ ॥

विसर्जनीये सुस्वरे समाप्तिकोमलान्वितम् ।
जनागमं धनागमं विशालवेदनान्वितम् ॥ ५६ ॥
मनोगतं कुबुद्धिदं स्वकीयबन्धुसज्जनम् ।
विसर्जनं कुलक्षणं भवेल्लभेत् कुबन्धनम् ॥ ५७ ॥

उत्तम अकारादि स्वरों पर विसर्जनीय से युक्त अः यदि प्रश्न का आद्यअक्षर हो तो उसके कार्य की समाप्ति सुलभतया होती है । उसे विशाल वेदना से युक्त जनागम तथा धनागम होता है । मन में ही किए जाने वाले प्रश्नाद्यअक्षर प्रश्नकर्ता को उसके स्वकीय बन्धु एवं सज्जन उसे कुबुद्धि प्रदान करते हैं । केवल विसर्ग का प्रश्न कुलक्षण है, उससे प्रश्नकर्ता को बुरे बन्धनों में फसँना पड़ता है ॥ ५६-५७ ॥

सकुलं निष्कुलं कान्तं विदुः श्रेष्ठा महर्षयः ।
हास्यसुखे हास्यफलं भावनायां भवेन्नहि ॥ ५८ ॥

श्रेष्ठ महर्षियों ने (प्रश्नकर्त्ता को) सकुल और निष्कुल (कान्त ?) कहा है । हास्य तथा सुख 'पूर्वक प्रश्न करने वाला हास्य फल प्राप्त करता है, किन्तु (काम) भावना (आसक्ति) में प्रश्न करने पर कुछ भी फल नहीं होता ॥ ५८ ॥

क्रोधक्रमेणैव तदैव चक्षुषो-
विकारभावेन हरेत् समस्तम् ।
शीर्षे करौ चेत् कलिकालसंयुतं
फलं हि लाभे वध एव भूषणम् ॥ ५९ ॥

क्रोध में किए गये समस्त प्रश्न, जिसका प्रभाव दोनों नेत्रों के विकार से प्रगट होता है, वह प्रश्नकर्ता का सब कुछ हरण करने वाला है । यदि प्रश्न काल में प्रश्नकर्ता अपने सिर पर हाथ रख कर प्रश्न किया हो तो उसे कलह से संयुक्त समझना चाहिए । जिसके लाभ में वधरूप भूषण का फल प्राप्त होता है ॥ ५९ ॥

यहाँ तक तृतीय पत्र स्थित वर्णों का फल कहा गया है । अब चतुर्थ पत्र स्थित वर्णों का फल कहते हैं । (द्र० . १३, ३६-५९) ।

शेषे वेददले वराभयकरे हारावशब्दापहा
दूरादागमनं भवेद्धि नियतं बालागणैरावृतम् ।
घोरापायविसर्जनं जलगुणाह्लादेन सामोदितं
कूटे कूटघकारवर्गलहरी भासापभासारसे ॥ ६० ॥
जवर्गे जतुकं स्वर्णं जीवनोपायचिन्तनम् ।
जराव्याधिसमाक्रान्तं जीर्णवस्त्रापहारणम् ॥ ६१ ॥

चतुर्थ दल का फलादेश—शेष चौथे पत्र पर जिसका वर एवं अभय होकर है, जो मास और अपभास रस वाला है, जिसके कूट में घकार कूट की वर्ग लहरी है, अर्थात् प्रश्नकर्ता का प्रश्नाद्यक्षर यदि धकार कूट हो तो उसे हारावशब्दापहा समझना चाहिए । उसे निश्चित रूप से दूर से बहुत से बालकों से घिरा हुआ आया समझना चाहिए । घोर विपत्ति से उसे छुटकारा प्राप्त होगा आदि जल के समान आह्लादकारी एवं शान्ति युक्त बचन कह कर उसे शान्त करना चाहिए । ज वर्ग प्रश्न का आद्यअक्षर होने पर प्रश्नकर्ता को जतुक (लाह), सुवर्ण तथा जीवन के उपाय की चिन्ता रहती हैं । ऐसा प्रश्नकर्ता जरा (बुढ़ापा) तथा व्याधि से समाक्रान्त रहता हैं तथा जीर्ण वस्त्र को धारण करने वाला होता है ॥ ६०-६१ ॥

ठकारकूटे यदि चक्रवर्ती
भूमण्डले स्यात्पततीति निश्चितम् ।
अन्तःसुखं हन्ति यदादिभावे
ठकारमात्रेण [1]रिपूत्तमो भवेत् ॥ ६२ ॥

चतुर्थपत्र पर स्थित ठकार कूट प्रश्न का आद्य अक्षर होने पर प्रश्नकर्ता यदि भूमण्डल में चक्रवर्ती हो तो भी वह निश्चित रूप से नीचे गिरेगा। यदि आद्य अक्षर ठकार हो तो उसके अन्तःकरण का सुख जाता रहता है, तथा उसके बहुत बड़े बड़े शत्रु होने चाहिए ॥ ६२ ॥

आद्यप्रश्नाक्षरं नाथ तकारं तरुणप्रियम् ।
पापान्धकार[1]पटलध्वंसाय[2] कल्पयते तदा ॥ ६३ ॥
नकारमाद्ये यदि प्रश्नवाग्मी जिज्ञासमानो ध्रुवमर्थसञ्चयम् ।
आलापमात्रेण नरा वशा स्युः प्रवेशनं राजकुलेन्द्रसन्निधौ ॥ ६४ ॥

---

१. विभोत्तमो—ख० ।

२. पापान्धकारपटलस्य ध्वंसायेत्यर्थः ।

हे नाथ ! यदि प्रश्न का आद्यअक्षर तकार हो तो वह प्रश्नकर्ता तरुण जनों का प्रिय होता है तथा वह पाप रूपी अन्धकार को विनष्ट करने के लिए सदैव प्रयत्न शील रहता है । यदि प्रश्नकर्ता अपने प्रश्न के आद्यअक्षर में नकार का प्रयोग करे तो वह निश्चित रूप से अर्थ सञ्चय की अभिलाषा करने वाला है । उसके आलाप मात्र से लोग वशीभूत हो जाते हैं । और वह राजकुल के सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के यहाँ प्रवेश प्राप्त करता है ॥ ६३-६४ ॥

भीतो भवति देशे च भयस्थाने न दुःखभाक् ।
भूषासम्पत्तिवृद्धिश्च [1] भकारकूटमङ्गले ॥ ६५ ॥
लोकानुरागं सर्वत्र आद्यक्षरविचारतः ।
लकारस्यापि लोकेश भार्यादुःखं विमुञ्चति ॥ ६६ ॥

यदि प्रश्न का आद्य अक्षर परम मङ्गलदायक भकार कूट हो तो प्रश्नकर्ता अपने देश में भयभीत रहता है, किन्तु अन्यत्र भय स्थान प्राप्त होने पर भी भयभीत नहीं होता । ऐसे प्रश्नकर्ता की दिन प्रतिदिन भूषण और संपत्ति की वृद्धि कहनी चाहिए । हे लोकेश ! प्रश्न का आद्यअक्षर लकार होने पर उसे लोकानुराग प्राप्त होगा, ऐसा कहना चाहिए । उसे भार्या का सुख मिलना चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

सकारे मैथुनं कान्ताकुलस्य कुलवर्द्धनम् ।
धनवृद्धिर्वंशवृद्धिः सरस्वतीकृपा भवेत् ॥ ६७ ॥
वेदपत्रे अकारस्य फलमाहात्म्यनिर्णयम् ।
शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि सावधानाऽवधारय [2] ॥ ६८ ॥

प्रश्न का आद्यअक्षर सकार होने पर उत्तम सुन्दरियों के साथ मैथुन, तथा कुल की वृद्धि, धन की वृद्धि एवं वंश की वृद्धि के साथ साथ सरस्वती की कृपा भी प्राप्त होती है । हे नाथ ! हे सावधान मन वाले ! अब चतुर्थ पत्र पर स्थित् अकार के फल माहात्म्य के निर्णय को सुनिए जिसे मैं कहती हूँ ॥ ६७-६८ ॥

ककारादि क्षकारान्तं व्याप्त तिष्ठति तत्त्वतः ।
अकारेण विना शक्तिर्ज्जायते कुत्र न प्रभो ॥ ६९ ॥
अकारे ग्रथितं सर्वं चराचरकलेवरम् ।
यद्यकारमाद्यभागे प्रश्नजिज्ञासने भवेत् ॥ ७० ॥
कुफलेऽपि सत्फलानां सञ्चयं भवति ध्रुवम् ।
शत्रूणां वासहेतोर्धनादीनाञ्चैव सञ्चये ॥ ७१ ॥
अन्तर्यजनविद्यासु लोकस्यागमने तथा ।
निजदुःखानुतापे स्याद्यकारविधिरुच्यते ॥ ७२ ॥

---

१. भूषायाः सम्पत्तेश्च वृद्धिः ।

२. सावधानोऽवधारयेति पाठ उचितः, नाथेत्यस्य विशेषणम् सावधान इत्येव । अथवा हे नाथ सावधाना अहं प्रवक्ष्यामि, इत्यन्वयः ।

स्वरों के फलादेश—यह अकार तत्त्व रूप से अकार से लेकर क्षकार पर्यन्त वर्णों में व्याप्त हो कर स्थित रहने वाला हैं । हे प्रभो ! अकार के बिना किसी भी वर्ण में उच्चारण शक्ति नहीं उत्पन्न होती है । समस्त चराचर का कलेवर अकार से अनुस्यूत है । यदि प्रश्न जिज्ञासा में आद्य अक्षर अकार हो तो उसके कुफल में भी निश्चित रूप से सभी सत्फलों का सञ्चय कहना चाहिए । उसे शत्रु से बचे रहने के लिए, धनादि के सञ्चय में, अन्तर्यजन विद्या में, लोगों के आने जाने में तथा अपने दुःख के अनुताप में सर्वत्र सत्फल की प्राप्ति होती है । यहाँ तक अकार अक्षर में प्रश्न का विधान कहा गया ॥ ६९-७२ ॥

उकारफलमाहात्म्यं शृणु प्रश्नार्थपण्डित ।
उषाकाले चौर्यप्रश्नमुल्लासं मानसोद्धमम् ॥ ७३ ॥
उत्तमस्थलवासञ्च उत्कृष्टभोजनादिकम् ।
उल्बणाबुद्धिरुत्पत्तिरुमादेवीपदे मतिः [१] ॥ ७४ ॥

हे प्रश्नार्थ पण्डित ! अब उकार के फल माहात्म्य को सुनिए । यदि उषा काल में प्रश्न का आद्य अक्षर उकार हो तो चोरी विषयक प्रश्न समझना चाहिए । ऐसा प्रश्नकर्ता उल्लास पूर्ण तथा मानसी औद्धत्त्व से युक्त होता है । उसका निवास उत्तम स्थल में तथा भोजन उत्तमोत्तम एवं उत्कृष्ट होता है । वह उल्बण बुद्धि से युक्त तथा उमादेवी में भक्ति रखने वाला होता है ॥ ७३-७४ ॥

रकारलक्षणं चक्षुः शब्दस्य वचनं भवेत् ।
लोचने दर्शनं स्त्रीणां लिखनं दूरसम्भवम् ॥ ७५ ॥
प्राप्नोति परमां लक्ष्मीं लोकवश्याय केवलम् ।
लाङ्गलानां सञ्चयञ्च भूमिलाभो भवेद् ध्रुवम् ॥ ७६ ॥

रकार लक्षण वाला प्रश्न चक्षु तथा शब्द विषयक प्रश्न से संयुक्त होता है । अपने लोचन से वह स्त्री का दर्शन प्राप्त करता है तथा दूर होने वाले किसी व्यक्ति के विषय में पत्र लिखता है । ऐसा व्यक्ति बहुत बड़ी संपत्ति प्राप्त करता है । वह लोक को वशीभूत करने वाला होता है । अनेक हलों का सञ्चय करने वाला तथा निश्चित रूप से भूमि का लाभ करने वाला होता है ॥ ७५-७६ ॥

ओकारे राज्यवृद्धिः स्यात् पुत्रवृद्धिस्तथैव च ।
सदा सन्तोषमाप्नोति प्रणवः सर्वसिद्धिदः ॥ ७७ ॥

प्रश्न का आद्य अक्षर 'ॐकार' होने पर राज्य वृद्धि तथा पुत्रवृद्धि होती है । उसे सर्वदा संतोष रहता है । इस प्रकार प्रणव समस्त सिद्धियों को देने वाला होता है ॥ ७७ ॥

मीने कर्कटराशिवृश्चिकतुले धर्माग्निभानूदये
गेहे वेदविचारणे शुभफलं श्रीलाभगत्युन्नतिम् ।
विद्यावेदकथादिकं जयवतामानन्दसिन्धोः फलं
प्राप्नोति प्रतिपत्तिसिद्धपदवीं मर्त्यो मुदा हर्षणम् ॥ ७८ ॥

---

१. उमा देवि पदे सति—ख० ।

मीन, कर्कराशि, वृश्चिक तथा तुला राशि में प्रश्न करने पर और धर्मकाल में अग्नि सामने होने पर तथा भानू के उदय काल में घर पर एवं वेद पाठ के समय प्रश्न करने पर श्री लाभ, गति (यात्रा) में उन्नति आदि शुभ फल होते हैं । ऐसा मनुष्य विद्या, वेद, कथादि तथा जीतने वालों के आनन्द समुद्र का फल प्राप्त करता है, इतना ही नहीं यश प्राप्त कर प्रसन्नतापूर्वक सिद्ध पदवी एवं हर्ष प्राप्त करता है ॥ ७८ ॥

पत्रप्रमाणं कथितं हीनविद्याविनिर्गमम् ।
पुनः शृणु महाकालकलिकालस्य उद्भवम् ॥ ७९ ॥

हीन विद्या (श्रेष्ठ वेद विद्या ?) से निकले हुये पत्रों के प्रमाण के अनुसार हमने फल निरूपण किया । अब हे महाकाल ! कलि में होने वाले काल के उद्भव को पुनः सुनिए ॥ ७९ ॥

यद्यन्मासस्य प्रथमे तथा चाह्नोऽर्भकस्य च ।
दण्डद्वये शुभफलं प्रथमस्य महेश्वर ॥ ८० ॥
तृतीयैकदण्डमात्रं विपरीतफलप्रदम् ।
तत्र दण्डेषु नक्षत्रं यदि चेन्नाशुभं भवेत् ॥ ८१ ॥

दण्ड आदि काले परिमाण का फलादेश—हे महेश्वर ! जिस जिस मास के प्रथम दिन के प्रथम दो दण्ड लड़कों के प्रश्न के लिए शुभकारक फल देने वाले हैं । उन उन मासों के अन्य अन्य दिन के तृतीय दण्ड तथा प्रथम दण्ड विपरीत फल देने वाले हैं, किन्तु यदि उन उन दण्डों में शुभ नक्षत्र हों तो वे अशुभ फल नहीं देते ॥ ८०-८१ ॥

अश्विन्याद्यष्टनक्षत्रं पूर्वप्रथमपत्रके ।
तत्सुतारं[१] विजानीयात् दुष्टदोषे सुखं भवेत् ॥ ८२ ॥
आश्लेषाभादिचित्रान्तं द्वितीये दक्षिणे दले ।
तत्फलं विपरीताख्यं सफलेऽपि फलापहम् ॥ ८३ ॥

नक्षत्रों का फलादेश—पूर्व दिशा के प्रथम पत्र पर अश्विनी आदि ८ नक्षत्र (अश्विनी से पुष्य) ये सुन्दर तारे कहे गए हैं इनमें यदि दुष्ट दोष भी हों तो भी ये सुख देने वाले कहे गए हैं । इसके बाद दक्षिण दिशा के द्वितीय पत्र पर स्थित आश्लेषा से चित्रापर्यन्त नक्षत्र विपरीत फल देने वाले हैं, उनमें अच्छा योग होने पर भी उत्तम फल नहीं होता ॥ ८२-८३ ॥

स्वात्यादिवसुनक्षत्रं तृतीयाधोदले लिखेत् ।
तत्सुतारं क्रमाज्ज्ञेयं नान्यथाशुभमानयेत् ॥ ८४ ॥
तत्फलार्थं कुत्सितञ्च विपरीतफलस्थले ।
अशुभं तत्फलस्थाने कुफले सुफलं भवेत् ॥ ८५ ॥

इसके बाद स्वाती से लेकर आठ नक्षत्र (स्वाती से पूर्वाषाढ़ तक) तृतीय दल पर लिखना चाहिए । उन्हें क्रमशः सुन्दर तारा समझना चाहिए । अन्यथा अशुभ ? समझना

---

१. सुष्ठु तार्यते इति सुतारम्, तृधातोर्घञ्प्रत्ययः कर्मणि ।

चाहिए । उनका फल विपरीत स्थान में कुत्सित तो कहा गया है, किन्तु सुफल के स्थान में वे कुफल देने वाले हैं, और कुफल स्थान में सुफल देने वाले है ॥ ८४-८५ ॥

उत्तराषाढकातारादिरेवत्यन्तमेव च ।
तत्फलं तु भवेद् मर्त्यो यदि कर्मपरो भवेत् ॥ ८६ ॥
अथ वक्ष्ये महादेव अश्विन्यादिफलं प्रभो ।
यज्ज्ञात्वा देवताः सर्वा दिग्विदिक्ष्वादिरक्षकाः ॥ ८७ ॥
तत्प्रकारं महापुण्यं देवदेव फलोद्भवम् ॥ ८८ ॥

इसके बाद उत्तराषाढ़ से रेवती पर्यन्त नक्षत्रों का फल तभी होता है जब मनुष्य कर्म (उद्योग) में निरत रहे । हे महादेव ! हे प्रभो ! अब अश्विनी आदि नक्षत्रों के फल को कहती हूँ । जिसका ज्ञान हो जाने पर देवता दिशाओं और विदिशाओं की रक्षा करने में समर्थ हो गये । उसका कारण यहीं है कि उसका ज्ञान महापुण्य कारक तथा फलदायी है ॥ ८६-८८ ॥

त्रैलोक्ये सौख्यपूजां त्रिभुवनविदितां त्रैगुणाह्लादसिद्धां
सिद्धभ्रान्तो विशालो वरदविदलितां वेदनार्द्रापशङ्काम् ।
मन्दानां मन्दभाग्योपहगुणहननं हीनदीनापदाहां
लोकानां सत्फलानां फलगतवपुषा साश्विनी सा ददौ चेत् ॥ ८९ ॥

यदि वह अश्विनी है तो वह इस प्रकार का फल देने वाला नक्षत्र है—त्रिभुवन में विदित कराने वाला, त्रैलोक्य में आह्लाद की सिद्धि करने वाला और सौख्य पूजा प्रदान करने वाला है । ऐसा पुरुष सिद्ध, भ्रान्त तथा विशाल होता है । वह विदलित (दीन-हीन) को वर देने वाला, वेदना से युक्त, आर्द्र हृदय वाला और शङ्का से रहित करने वाला होता है । किं बहुना लोक के समस्त फलों को अपने फलमय शरीर में धारण कर मन्दों के मन्दता युक्त गुणों का अपहनन करता है और हीन तथा दीनों के दुःख को दूर करता है ॥ ८९ ॥

एवं क्रमेण देवेश तारकाणां फलाफलम् ।
पुनः पुनः शृणु प्राण-वल्लभ प्रेमभावक ॥ ९० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये पाशवकल्पे आज्ञाचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे त्रयोदशः पटलः ॥ १३ ॥

हे प्राण वल्लभ ! हे प्रेम भावक ! हे देवेश ! इस प्रकार समस्त तारा गणों का फलाफल पुनः पुनः सुनिए ॥ ९०॥

॥ इस प्रकार श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावनिर्णय में पाशव कल्प में आज्ञाचक्रसारसंकेत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवी-भैरव संवाद के तेरहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १३ ॥

अथ चतुर्दशः पटलः

आनन्दभैरवी[1] उवाच

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि योगमार्गेण शङ्कर ।
भरण्यादिसप्तविंशान् नक्षत्रार्थं सुसत्फलम् ॥ १ ॥
तत्फलाफलमाहात्म्यं साक्षात्कारकलेः फलम् ।
फलार्थं भरणीक्षेत्रं धर्मविद्यादिनिर्णयम् ॥ २ ॥
धर्मचिन्ताविनिर्बोधं गमनाभावमङ्गलम् ।
मकारादिवर्णजातां प्राप्नोति भरणीं भके ॥ ३ ॥

नक्षत्रों के फल—हे शङ्कर ! अब इसके बाद योगमार्ग से भरणी से प्रारम्भ कर सत्ताईस नक्षत्रों को तथा उन नक्षत्रों में होने वाले उत्तम फलों को भी मैं कहती हूँ । उनके फल का इतना माहात्म्य है कि जितना कलि के साक्षात्कार का होता है ॥ १-२ ॥

(१) **भरणी नक्षत्र** धर्म विद्यादि के निर्णय के लिए फलदायक है । भरणीनक्षत्र धर्म चिन्ता के लिए प्रशस्त कहा गया है । यह बिना यात्रा के ही मङ्गल देने वाला है, भरणी नक्षत्र वाला पुरुष मकारादि वर्णों वाली वस्तुओं को प्राप्त करता है ॥ २-३ ॥

कृत्तिकायां शादिवर्णं व्याधिशङ्करसंक्षयम् ।
आरोग्याय धनस्यार्थे तत्र सूर्यं न चाचरेत् ॥ ४ ॥

(२) **कृत्तिका** में उत्पन्न पुरुष शादि (श ष स ह) वर्णों वाली वस्तुओं को प्राप्त करता है । आरोग्य तथा धन के लिए भी वह उत्तम है यदि उसमें सूर्य दृष्ट न हों तो ? ॥ ४ ॥

या रोहिणी धनवतां धनहानयोर्न प्राणप्रियं गणसुबुद्धविबुद्धिशुद्धिम् ।
नागादिदोषशमनं क्षितिचक्रमध्ये राजश्रियं विबुधशुद्धिमुपैति वृद्धिम् ॥ ५ ॥

(३) **रोहिणी नक्षत्र** में उत्पन्न पुरुष धनिकों के धन की हानि नहीं करता । वह सबका प्राणप्रिय रहता है, अपने समाज में बुद्धिमान् तथा बुद्धि (विवेक) से शुद्ध रहता है । पृथ्वी मण्डल में वह नागादि (काद्रवेय सर्पों) के दोषों को शान्त करने वाला होता है । वह राज्य श्री की प्राप्ति कर बुद्धिमानों में श्रेष्ठ तथा वृद्धि प्राप्त करता है ॥ ५ ॥

मृगेन्द्रशीर्षगामिनी नरेन्द्र मन्दिरे निधिं
ददाति पापनिर्मले जले घन्यशून्यके ।
भयं विवाहकालके कुले शुभं शुभेक्षणा
स्वकीयकिल्बिषं दहेदनन्तबुद्धिसञ्चयम् ॥ ६ ॥

(४) **मृगशिरा नक्षत्र** राजा के मन्दिर में निधि देती है, पाप रहित निर्मल जल में भय शून्य करती है । विवाहकाल में कल्याणकारिणी सुलोचना प्रदान करती है, वह जातक के सारे पापों को नष्ट कर देती है, तथा उसमें अनन्त बुद्धि का संचय करती है ॥ ६ ॥

आर्द्राविद्रुमरूपिणी रतिकलाकोलाहलोल्लासिनी
सा मत्यार्पणमेव सम्प्रकुरुते काले फलालापनम् ।
सौख्यं मुख्यसमृद्धिदा दरदलाम्भोजच्छटालिम्पटा
सा धीरं परिरक्ष्यति प्रतिदिनं शान्तं दृशान्तं दहेत् ॥ ७ ॥

(५) **आर्द्रा नक्षत्र** का वर्ण विद्रुमा (मूगा) के समान है । रतिकला में होने वाले कोलाहल को उल्लसित करने वाला है । वह अपने को मनुष्यों के लिए समर्पण कर देता है, और समय से फल देता है । सौख्य तथा मुख्य रूप से समृद्धि देता है । खिले हुये दल युक्त कमल की शोभा के समान वह प्रतिदिन धीरों की रक्षा करता है । इस प्रकार वह शान्त स्वभाव वाला है तथा अपने नेत्रों से अनिष्ट का वारण करता है ॥ ७ ॥

पुनर्वसुसुतारिका तरुणरूपकूपा कृपा-
विशिष्टफलभावनारहितचित्तदोषापहा[१] ।
धनमन्तपरिमाणगं प्रचुरशोकसङ्घापहा
प्ररक्षति महाग्रहः परमपीडितं मानुषम् ॥ ८ ॥

(६) **पुनर्वसु नक्षत्र** तरुणरूपकूपा (समुद्र) है, कृपाविशिष्ट फल वाली हैं बिना भावना के ही चित्त के दोषों को दूर करने वाली हैं । अन्तिमावस्था तक धन देती है, बहुत शोक समुदाय को नष्ट करती है, यह महाग्रह की तरह अत्यन्त पीड़ा में पड़े हुये मनुष्य की रक्षा करती है ॥ ८ ॥

पुण्या पौषमाकरोति सहसा तेजस्विनां कान्तिदा
कान्तायाः कनकादि-लाभविपदां ध्वंसेन वंशादिदा ।
बाधायां फलदा मृगा मृगपतेरानन्दतुल्यं श्रियम्
काद्या पञ्चमवर्णज्ञानललिता पातीह पुत्रं यथा ॥ ९ ॥

(७) **पुष्य नक्षत्र** सहसा पुण्य तथा पुष्टि प्रदान करती है, तेजस्वियों में कान्ति देती है, पुष्य नक्षत्र में जातक की स्त्री का विपत्ति का विनाश कर कनकादि का लाभ तथा वंशादि प्रदान करती है, बाधा उपस्थित होने पर फल प्रदान करती हैं, मृगा मृगपति के समान आनन्ददायिनी श्री प्रदान करती है, कादि पञ्च वर्णों के ज्ञान से मनोहर है तथा पुत्र के समान जातक की रक्षा करती है ॥ ९ ॥

एतद्धि पूर्वपत्रान्ते तारा मङ्गलदायिकाः ।
प्रतिभान्ति यथा चक्रे ग्रहाणां भ्रामणे शुभे ॥ १० ॥

---

१. विशिष्टफलभावनाभिः रहितं यच्चित्तम्, तस्य दोषान् अपजहातीति कप्रत्यये सति साधुत्वम् ।

विपरीतफलं नाथ प्राप्नोति पातके बहु ।
पुष्यायां स भवेत् क्रूरः कर्कटस्थोऽपि भास्करः ॥ ११ ॥

पूर्व में रहने वाले इतने ही तारे (नक्षत्र) मङ्गल देने वाले हैं । ये ताराएँ इस नक्षत्र चक्र में ग्रहों को घुमाती हुई शोभित होती हैं । हे नाथ ! यदि बहुत पाप रहता है तो ये तारे विपरीत फल भी प्रदान करते हैं । कर्क राशि में यदि सूर्य हों तो पुष्य में उत्पन्न हुआ जातक अत्यन्त क्रूर होता है ॥ १०-११ ॥

एतासां तारकाणाञ्च राशिदेवान् शृणु प्रभो ।
मेषः सिंहो धनुश्चैव अश्विन्यादिकदेवताः ॥ १२ ॥
येषां राशिस्थितं वर्णं न हानिर्विषयास्पदे ।
सर्वत्र जयमाप्नोति ग्रहे क्रूरेऽपि सौख्यदः ॥ १३ ॥

हे प्रभो ! अब इन ताराओं (नक्षत्रों) के राशि देवताओं को सुनिए । मेष, सिंह तथा धनु ये अश्विन्यादि नक्षत्रों के देवता है । जिन राशियों में स्थित वर्ण विषयास्पद में हानि नहीं करते, उन राशियों में क्रूर ग्रहों के रहने पर भी जातक को सुख देवे वाले तथा सर्वत्र विजय प्राप्त कराते है ॥ १२-१३ ॥

विभिन्नराशौ संभिन्नो धर्मनिन्दाविवर्जितः ।
स्वनक्षत्रफलं[1] ज्ञात्वा प्रश्नार्थं कोमलं वदेत् ॥ २४ ॥
तत्तन्नक्षत्रसुफलं कुफलं वा भवेद्यदि ।
तदा वर्णविचारञ्च कृत्वा [2]पुष्पं तदा वदेत् ॥ १५ ॥

विभिन्न राशियों में संभिन्न ये क्रूर ग्रह धर्म निन्दा नहीं करवाते । इस प्रकार अपने नक्षत्र फलों को जानकर प्रश्न के लिए कोमल अक्षरों का उच्चारण करे । यदि उन उन नक्षत्रों के फल सुन्दर हैं, तब तो अच्छी बात है । किन्तु यदि उनका बुरा फल है, तो वर्ण का विचार कर किसी फूल का नाम लेना चाहिए ॥ १४-१५ ॥

अक्षमालाक्रमेणैव तद्वर्णानां विचारतः ।
तत्तद्वर्णविचारे तु यद्यत् सौख्यं प्रवर्त्तते ॥ १६ ॥
अधिके दोषजाले तु अधिकं दुःखमेव च ।
बहुसौख्यं[3] नित्यसौख्यं[4] प्राप्नोति साधकोत्तमः ॥ १७ ॥

---

१. अल्पजयमल्पकार्यप्रधानफलमङ्गलम् ।
अल्पकर्मणि संसक्तो हीनबुद्ध्या विबोधनम् ॥
अथवा स्वस्वनक्षत्रं यदि यागादिसंयुतम् ।
तथापि फलमाप्नोति निन्दधर्मविवर्जितः ॥

२. प्रश्नं—ग० ।

३. बहु अतिशयितं सौख्यम्, सुखमेव सौख्यम्, स्वार्थे ष्यञ् ।

४. नित्यं सार्वकालिकं सौख्यम् । सुखं बहु भवेत्, सदा भवेत्—इति भावः ।

नक्षत्र चक्र

अश्विनी अ आ देव	भरणी इ नर	कृत्तिका ई उ ऊ राक्षस	रोहिणी ऋ ॠ ऌ ॡ नर	मृगशिरा ए देव	आर्द्रा ऐ नर	पुनर्वसु ओ औ देव	पुष्य क देव	आश्लेषा ख ग राक्षस
मघा घ ङ राक्षस	पू०फाल्गुनी च नर	उ०फाल्गुनी छ ज नर	हस्त झ ञ देव	चित्रा ट ठ राक्षस	स्वाती ड देव	विशाखा ढ ण राक्षस	अनुराधा त थ द देव	ज्येष्ठा ध राक्षस
मूल न प फ राक्षस	पूर्वाषाढा ब नर	उत्तराषाढा भ नर	श्रवण म देव	धनिष्ठा य र राक्षस	शतभिषा ल राक्षस	पू०भाद्रपद व श नर	उ०भाद्रपद ष स ह नर	रेवती ळ क्ष अं अः देव

साधक इस चक्र के अनुसार अपना और मन्त्र का गण निश्चित करे । यदि साधक का गण मनुष्यगण है तो मनुष्यगण का मन्त्र ही उसके लिए श्रेष्ठ है । देवगण का भी उत्तम है, किन्तु राक्षसगण का मन्त्र घातक है । देवगण के लिए मनुष्य गण का मन्त्र मध्यम है और राक्षस गण का शत्रु है । राक्षस गण के लिए केवल राक्षसगण का मन्त्र ही उपयोगी है । अतः इस चक्र के अनुसार साधक को अपना और मन्त्र का नक्षत्र निश्चित करके अपने नक्षत्र से मन्त्र का नक्षत्र गिनना चाहिए और क्रमशः जन्म, सम्पत्, विपत्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मित्र और परममित्र समझना चाहिए । यदि मन्त्र इतनी संख्या के अन्दर न आवे तो इनकी दुबारा और तिबारा गणना करनी चाहिए ।

एतासां तारकाणां तु वारान् शृणु यथाक्रमम् ।
रव्यादिरविवारान्तं ताराणामधिपं शुभम् ॥ १८ ॥

अक्षमाला (अ से लेकर क्ष पर्यन्त वर्ण) के क्रम से ही वर्णों के फल का विचार करते हुये प्रश्न करे । उन उन वर्णों के विचार से जो जो सुख प्राप्त होता है, वही प्रश्न करे । किन्तु अधिक दुःखदायी वर्णों पर प्रश्न करने से अधिकाधिक दुःख प्राप्त होता है, सौख्यकारक वर्णों द्वारा प्रश्न करने पर साधक बहुत सौख्य तथा नित्य सुख प्राप्त करता है । हे भैरव ! अब इन नक्षत्रों के क्रमानुसार उन उन वारों को भी सुनिए । रवि से लेकर रविवार पर्यन्त दिन (आठ आठ नक्षत्रों के क्रम से) ताराओं (नक्षत्रों) के शुभ अधिपति कहे गये हैं ॥ १६-१८ ॥

अशुभञ्च तथा रुद्र ज्ञात्वा प्रश्नार्थमावदेत् ।
तद्वारनिर्णयं वक्ष्ये पूर्वपङ्केरुहे दले ॥ १९ ॥

हे रुद्र ! इन वारों के शुभाशुभ का विचार कर तदनन्तर फल कहना चाहिए । वे वार पूर्व दिशा में रहने वाले कमलचक्र पर स्थित हैं ॥ १९ ॥

रवौ राज्यं बालकानां यदि प्रश्नं प्रियं फलम् ।
धर्मार्थलाभमेवं हि त्रयोविंशाधिके नरे ॥ २० ॥

रविवार का फल—रविवार को प्रश्न करने से राज्य की प्राप्ति होती है । बालकों का यदि प्रश्न हो तो उसका फल उत्तम कहा गया है । उक्त दिन प्रश्न करने पर तेइस वर्ष की अवस्था के बाद प्रश्नकर्ता को धर्म, अर्थ की प्राप्ति तथा (यश) लाभ होता है ॥ २० ॥

संहितं परमानन्दं योगेन तत्त्वचिन्तनम् ।
इत्यादि रविवारस्य वृद्धानामशुभं शुभे ॥ २१ ॥

प्रश्नकर्ता का हित होता है । आनन्द की प्राप्ति होती है । योग से तत्त्वचिन्तन होता है, इत्यादि रविवार के फल हैं । हे शुभे ! किन्तु वृद्धों द्वारा रविवार को प्रश्न किए जाने पर अशुभ फल होता है ॥ २१ ॥

सोमे रत्नमुपैति देवकुसुमामोदेन पूर्ण सुखम्
बालायां नवकन्यका शुभफलं मुद्रामयार्थ लभेत् ।
कैवल्यार्थविचेष्टनं नृपवधूप्रेमाभिलापः सदा
वाञ्छा पुण्यसुखास्पदेषु विमला भक्तिश्च सोमे दिने ॥ २२ ॥

सोमवार का फल—सोमवार के दिन प्रश्न करने पर प्रश्नकर्ता को रत्न की प्राप्ति होती है । देवता को सुगन्धित पुष्प चढ़ाने से पूर्ण सुख मिलता है । यदि बाला स्त्री प्रश्न करे तो नवकन्यका की प्राप्ति तथा शुभ फल प्राप्त होता है । उसे मुद्रा तथा आरोग्य भी मिलता है। पुरुष कैवल्य प्राप्ति की चेष्टा करता है । राजपत्नी से प्रेम तथा प्रेमालाप की प्राप्ति होती है । वाञ्छा एवं पुण्य तथा सुखास्पद वाले उस व्यक्ति को विमल भक्ति प्राप्त होती है । ऐसा सोमवार के दिन प्रश्न करने का फल है ॥ २२ ॥

पृथ्वीपुत्रो रुधिरवदनो बालबाली विशेषो
मुख्यं कार्यं दहति सहसा साहसं वासनायाम् ।
हन्ति प्रायो विफलघटितं शोकसन्तानसारं
मोक्षं[1] पुण्यं घटयति सदा मङ्गले भूमिवारे ॥ २३ ॥

मङ्गलवार का फल—पृथ्वी पुत्र (मङ्गल) का मुख रुधिर के समान लाल है । वह प्रश्नकर्ता बालक या बालिका के प्रधान कार्य को विनष्ट कर देते हैं । वासनाओं में सहसा साहस उत्पन्न करता है और उसे विनष्ट भी कर देता है । उसके समस्त कार्य विफल हो जाते है, शोक संताप का सार प्रदान करता है । बहुत क्या कहना, भूमिवार मङ्गल के दिन प्रश्न करने पर मोक्ष तथा पुण्य की ओर साधक से चेष्टा करवाते हैं ॥ २३ ॥

बुधे वारमुख्ये महापुण्यपुञ्जं[2] समाप्नोति मर्त्यस्तथा दुर्बलञ्च ।
सदा कालदोषं महाघोरदुःखं रिपूणां धनीनां महावीर्यदर्पम्[3] ॥ २४ ॥

बुधवार का फल—वारों में प्रधान बुधवार को प्रश्न करने पर प्रश्नकर्ता महान् पुण्य पुञ्ज प्राप्त करता है । वह कालदोष, दुर्बलता, महाघोर दुःख प्राप्त करता है और वह धनिक शत्रुओं के महावीर्य युक्त अभिमान का भाजन बनता है ॥ २४ ॥

सुराणां देवानां विविध धनलाभं वितरणं
प्रतापं सत्कीर्त्ति क्रतुफलविशेषं विधिगतम् ।
जनानामानन्दं समर वसगतानन्द हृदये
प्रतिष्ठा सद्धर्मं गमयति मुदा वासनगुरौ ॥ २५ ॥

गुरुवार का फल—गुरुवार के दिन प्रश्न करने पर प्रश्नकर्ता सुरों के तथा देवताओं के विविध धन का लाभ प्राप्त करता है । उसका वितरण भी करता है । प्रताप, सत्कीर्ति तथा विधानपूर्वक किए गये यज्ञादि का फल पाता है । उसका परिवार आनन्दपूर्वक फूलता फलता है । अपने समरस वाले (समरवसगत ?) आनन्दपूर्ण हृदय में प्रतिष्ठा तथा सद्धर्म प्रसन्नता पूर्वक प्राप्त करता है । यह गुरुवार के प्रश्न का फल है ॥ २५ ॥

मन्दारमालान्वित देहधारी नाकस्थले गच्छति देवनिष्ठः ।
हरेः पदे भक्तिमुपैति सत्यं प्रसाधनात् शुक्रसुवारकाले ॥ २६ ॥
शनैश्चरदिने भयं [4]भुवनदोषमोहान्वितं
क्षितिप्रियसुतप्रियं परमतारकं स्त्रीसुखम् ।
विशिष्टधननीरदं वयसि सिद्धिर्ऋद्ध्यर्कजं
भजन्ति यदि मानुषाः सकलकामनादेः प्रभोः ॥ २७ ॥

---

१. मुख्यम्—ख० ।

२. महान्ति यानि पुण्यानि, विद्यादानान्नदानकन्यादानादिजानि तेषां पुञ्जम् ।

३. महान्ति यानि वीर्याणि, तेषां दर्पम् ।

१. गुरुजनेषु दोषान्वितम्—ख० ।

शुक्रवार का फल—शुक्रवार जैसे सुन्दर दिन में प्रश्नकर्ता मन्दार माला से परिपूर्ण शरीर धारण करने वाला, देवताओं में प्रीति रखने वाला, स्वर्गगामी और श्री भगवान् के चरण कमलों में भक्ति प्राप्त करने वाला होता है—यह सत्य है ।

शनैश्चर के दिन प्रश्न करने वाला भय प्राप्त करता है । भुवन के मोहादि दोषों से ग्रस्त रहता है । राजा के प्रिय पुत्र का प्रिय होता है । उसके नेत्र सुन्दर होते हैं । स्त्री सुख की प्राप्ति, विशिष्ट जल देने वाले बादल के समान, समय आने पर सिद्धि-ऋद्धि की प्राप्ति का फल कहा गया है । यदि मनुष्य अर्कज (शनि) का जप पूजा पाठ करे तो उसे सब समृद्धि प्राप्त होती है; हे प्रभो ! क्योंकि वे विशिष्ट कामना के फल देने वाले हैं ॥ २६-२७ ॥

पुनश्च रविवारगं फलमतीव दुःखास्पदं
प्रचण्डकिरणं सदा विकललोकरोगापहम् ।
तमेव परिभावनं परिकरोति यो वा नरो
न[१] नश्यति कदाचन प्रचुरतापशापाकरम् ॥ २८ ॥

रविवार का फल—अब फिर रविवार का फल कहती हूँ । उनका फल अत्यन्त दुःखास्पद है ये रवि प्रचण्ड किरणों वाले हैं । सदैव ताप से विकल लोगों के रोगों को दूर करने वाले हैं, जो मनुष्य इस प्रकार प्रचुर ताप तथा शाप के आकर सूर्य भगवान् का भजन करता है वह कभी भी विनष्ट नहीं होता ॥ २८ ॥

कलाधरफलं शृणु प्रणवबाह्यसूक्ष्माश्रयं
समग्रखचराफलं फलवतां हि सञ्ज्ञाफलम् ।
गभीरवचनं नृपप्रियकरस्य रक्षाकरं
यदीन्दुभजनं यदा कलिशुभादिशम्भोऽकरोत् ॥ २९ ॥

सोमवार का फल—अब हे भैरव ! कलाधर (चन्द्रमा) सोमवार के फल को पुनः सुनिए । यह फल प्रणव से बाहर सूक्ष्माश्रय वाला है । इसी में समस्त ग्रहों का फल समाहित है । यह सभी फलों में ग्रह संज्ञा फल है । सोमवार के दिन प्रश्नकर्ता गम्भीर वचन बोलने वाला और राजा का प्रिय करने वाले की रक्षा करता है । यदि वह पुरुष सोम का भजन पूजन करे तो कलि में शुभ एवं शान्ति की प्राप्ति होती है ? ॥ २९ ॥

विमर्श—रविवार से लेकर रविवार पुनः सोमवार कुल ९ वार ये ही २७ नक्षत्रों के क्रमशः देवता हैं । ९ संख्या सूचित करने के लिए रवि का २ वार फल तथा सोमवार का दो वार फल कहा गया है ।

पूर्व में प्रथम दल पर भरणी, कृत्तिका, रोहिण, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु पुष्य पर्यन्त सात नक्षत्रों का फल है जो १४. ३-१० तक कह आये हैं । इसके बाद प्रसङ्गानुसार राशि-देवता का वर्णन है । अत्र पुनश्च सत्ताईस नक्षत्रों के वार देवता का वर्णन है । रविवार से आरम्भ कर पुनः रविवार एवं पुनः सोमवार पर्यन्त नव वार होते हैं जो क्रमेण सत्ताईस नक्षत्रों के देवता हैं । उनका फल भी १४. २०-२९ पर्यन्त श्लोक में कहा गया है ।

---

१. लभ्यते—ख० ।

द्वितीयदलमाहात्म्यं नक्षत्रमण्डलावृतम् ।
तत्तत्ताराफलं वक्ष्ये येन प्रश्नार्थनिर्णयः ॥ ३० ॥

अब आश्लेषा से लेकर चित्रा पर्यन्त द्वितीय सकात्मक दल का फल पुनः आरम्भ करते हैं—अब द्वितीयदल का माहात्म्य जो नक्षत्र मण्डल से आवृत हैं उन उन नक्षत्रों का फल कहती हूँ जिससे प्रश्न के अर्थ का निर्णय किया जाता है ॥ ३० ॥

अश्लेषा[१] बहुदुःखवादनगतं व्यामोहशोभावृतं
नानाभृङ्गनिषेवणं धनवतां हानिः पदे सम्पदे ।
भूपानां परिवर्ज्जनं खलजनैराच्छादितं तापितं
सन्दद्यात् क्षितिजातिभाति नियतं कोलाहले नारके ॥ ३१ ॥

(८) **आश्लेषा** अनेक प्रकार के दुःख के दावानल से परिपूर्ण है । यह नक्षत्र व्यामोह की शोभा से आवृत है । नाना भृङ्गों (याचकों या चाटुकारों) से निषेवित है । प्रत्येक पग में धनवानों के संपत्ति की हानि करता है । राजा उसका त्याग कर देते हैं और दुष्ट लोग उसे घेर कर संतप्त करते हैं ॥ ३१ ॥

मघायां महेशि धनं हन्ति मध्ये महोल्लासवृद्धिं भयं तस्य शत्रोः ।
क्षितिक्षोभहन्तारमेत्यन्तभावं कुकामातुराणां सदा सङ्गकारम् ॥ ३२ ॥

(९) हे महेशी ! **मघा** नक्षत्र में मङ्गल धन का नाश करता है । उसके आनन्द की अभिवृद्धि में शत्रु का भय सताता है । वह पृथ्वी का क्षोभ मिटाने वाले का आश्रय लेता है फिर भी मारा जाता है । बुरे एवं कामातुरों का वह साथ पकड़ता है ॥ ३२ ॥

पूर्वफल्गुनिनक्षत्रे दूरगानां[२] फलं पठेत् ।
अतिधैर्यं शत्रुपक्षे हानयो यान्ति निश्चितम् ॥ ३३ ॥
फलमुत्तरफल्गुन्या दीयते गतिरीश्वरी ।
यदि देवपरो नाथ तदा सर्वत्र सुन्दरम् ॥ ३४ ॥

(१०) **पूर्वाफाल्गुनी** नक्षत्र में प्रश्न होने पर फल को दूरगामी बताना चाहिए । प्रश्नकर्ता के अत्यन्त धैर्यवान् होने पर भी शत्रुपक्ष से हानि उठानी पड़ती है—यह निश्चित है । (११) **उत्तराफाल्गुनी** में प्रश्नकर्ता ईश्वरी गति के अनुसार फल प्राप्त करता है । हे नाथ ! यदि वह आस्तिक है तो उसे सर्वत्र सुन्दर फल प्राप्त होता है ॥ ३३-३४ ॥

हस्तामस्तकव्रीडया शुभविलोकत्रये भाग्यदा
रक्ताङ्गीगतिचञ्चलामलगुणाह्लादेन कल्याणदा ।
सा नित्यं प्रददाति रुक्मशतकं भक्ताय यज्ञार्थिने
नानाव्यञ्जनभोजनैरतिसुखी संज्ञासमूहं ददेत् ॥ ३५ ॥

---

१. आश्लेषा इति पाठ उचितः ।

२. दूरगाणामिति पाठ उचितः, कुमति चेति नित्यं णत्वप्राप्तेः ।

(१२) **हस्त तारा** शिर पर लज्जालु होने से अपने शुभावलोकन से सौभाग्य प्रदान करता है, उसके समस्त अङ्ग रक्त वर्ण वाले हैं गति चञ्चल है । वह अपने स्वच्छ गुणों के आह्लाद से कल्याण देने वाला नक्षत्र है । वह अपने यज्ञ करने वाले भक्त को नित्य सौ कार्षापण सोना देता है । अनेक प्रकार के व्यञ्जन भोजनों से अत्यन्त सुखकारी वह अपने भक्त को विभिन्न सञ्ज्ञा समूह प्रदान करता है ॥ ३५ ॥

ददाति वित्तं जगतीह चित्रा मनोरथं व्याकुलतामलङ्कृता ।
कदाचिदेवं हि शरीरदुःखदं न प्राप्नुयादीश्वरभक्तिमालभेत् ॥ ३६ ॥

(१३) **चित्रा नक्षत्र** इसी जगत् में वित्त तथा मनोरथ प्रदान करता है । (अन्य ग्रहों से) अलंकृत होने पर भी वह कभी व्याकुलता प्रदान करती है । ऐसा कभी नहीं हो सकता कि उसके साधक को शरीर का दुःख प्राप्त हो । बहुत क्या, वह साधक ईश्वर की भक्ति प्राप्त करता है ॥ ३६ ॥

अश्लेषानाथ शुक्रो विपदमपि कदा नो ददाति प्रदुःखं
दक्षे पत्रे विहारोत्तरभयहराचण्डतापं न हन्ति ।
जीवः श्रीमानमोघाशाधनमपि विविधं ब्राह्मणः पीतवर्णः
पूर्वान्तःफल्गुनीशो विधुतनुजवरो नीलवर्णः [1]स्वपत्रम् ॥ ३७ ॥
कुरुते बहुसुखवित्तं उत्तरफल्गुनीनाथो मङ्गलेन ।
हस्तायाः पतिश्चन्द्रो विभवमनन्तं चित्रेशो रविः ॥ ३८ ॥

नक्षत्राधिपति फल विचार—आश्लेषा के अधिपति शुक्र हैं जो कभी विपत्ति तथा दुःख नहीं देते । दक्षिण वाले द्वितीय पत्र पर स्थित वह बिहार करवाते हैं, उत्तर में आने वाले भय को विनष्ट करता है, उसके प्रचण्ड ताप का हनन नहीं करता । मघा का अधिपति जीव (बृहस्पति) हैं जो विविध प्रकार की धन-सम्पत्ति प्रदान करते हैं । बृहस्पति ब्राह्मण है । उनके शरीर का वर्ण पीत है । पूर्वाफाल्गुनी के अधिपति चन्द्रमा के लड़के बुध हैं । जिनके शरीर का वर्ण नीला है । वे अपने पत्र पर तथा उत्तरा फाल्गुनी के अधिपति मङ्गल के साथ अनेक प्रकार के सुखों से चित्त को पूर्ण कर देते है, हस्त के अधिपति चन्द्रमा तथा चित्रा के अधिपति रवि हैं जो अनन्त वैभव संपन्न बनाते हैं ॥ ३७-३८ ॥

अधस्तृतीयपत्रस्य नक्षत्राणि शृणु प्रभो ।
यासां वारविशिष्टानां प्रश्ननिष्कर्षसत्फलम् [2]॥ ३९ ॥

हे प्रभो ! अब अधः **तृतीय पत्र** पर रहने वाले नक्षत्रों को सुनिए, जो वार विशिष्ट होने पर प्रश्न के निष्कर्ष का उत्तम फल प्रदान करते हैं ॥ ३९ ॥

स्वातीं रविः पाति महोग्र तेजसा [3] विनाशकाले विपरीतबुद्धिदः ।
इन्दुर्विशाखां सुखदः सरस्वतीं कुजोऽनुराधां विपदां प्रबाधाम् ॥ ४० ॥

---

१. सुपुत्रम्—ख० । २. प्रश्नस्य यो निष्कर्षः, सारांशः तस्य सत्फलम् ।
३. महच्च तदुग्रं चेति महोग्रम्, तच्च तत्तेजश्च, तेनत्यर्थः ।

(१४) **स्वाती** नक्षत्र की रक्षा रवि अपने तेज से करते हैं । किन्तु जब विनाशकाल उपस्थित होता है तो वे ही विपरीत बुद्धि प्रदान करते हैं । (१५) **विशाखा** के अधिपति इन्दु हैं जो सुख तथा सरस्वती प्रदान करते हैं । (१६) अनुराधा के अधिपति कुज (मङ्गल) हैं जो समस्त विपत्तियों को प्रबाधित करते हैं ॥ ४० ॥

बुधो हि पायात् सकलार्थसाधिनीं तथा हि मूलां सुखदाञ्च जीवः ।
तदा धनार्थं प्रददाति शुक्रः पूर्वान्विताऽऽषाढिकयाऽन्वितः सुखम् ॥ ४१ ॥

(१७) सम्पूर्ण अर्थों का साधक (ज्येष्ठा) नक्षत्र है । उसके अधिपति बुध हैं जो रक्षा करते हैं । (१८) इसी प्रकार **मूल** सुख देने वाले हैं । जीव (बृहस्पति) उसके अधिपति हैं । (१९) पूर्वाषाढ़ के अधिपति शुक्र है । वे सुख देते हैं तथा धन भी ॥ ४१ ॥

चतुर्थपत्रं वामस्थं महामङ्गलकारणम् ।
अथर्ववेदरूपं तत् सर्वप्रश्नकथावृतम् ॥ ४२ ॥
विपरीते महद्दुखं वर्णसौख्येऽपि हानयः ।
भवन्ति तारकाणाञ्च शुभदृष्ट्या महोदयाः ॥ ४३ ॥

चौथा पत्र बाई ओर स्थित है, वह महामङ्गलकारी है वह अर्थववेद का स्वरूप है, तथा सारे प्रश्नों के कथा से आवृत है । प्रश्न वर्ण के विपरीत होने पर महान् दुःख तथा वर्णों के सुखकारक होने पर भी हानि उठानी पड़ती है । किन्तु यदि नक्षत्रों की शुभदृष्टि हो तो महान् अभ्युदय या लाभ होता है ॥ ४२-४३ ॥

तत्तारकानाथगुणं शुभाशुभफलप्रदम् ।
प्रश्नवर्णसमूहानां मतमालोक्य निर्णयम् ॥ ४४ ॥
शनिः पात्युत्तराषाढां हानिरूपां विपाकदाम् ।
दुःखदारिद्र्यसंयुक्तां देवनिष्ठेन बाधते ॥ ४५ ॥

यह शुभाशुभ फल तारकों (नक्षत्रों) के अधिपति के गुण से प्रगट होते हैं, इसलिए प्रश्नवर्ण के समूहों का मत जानकर तब निर्णय देना चाहिए । (२०) **उत्तराषाढ़** के अधिपति शनि हैं । वे विपाक (परिणाम) में होने वाली हानि ही देते हैं वह दुख दारिद्र्य देने वाले होते हैं किन्तु देवता में निष्ठा होने पर वह बाधित भी हो जाती है ॥ ४४-४५ ॥

रविः प्रपाति श्रवणां धनादिभिः प्रधानदेवाश्रयनिर्विकल्पाम् ।
तथा धनिष्ठां फलदां सुधांशुः कुजो विपत्तिं शतभिग्गणेशः ॥ ४६ ॥

(२१) श्रवण के अधिपति रवि धनादि द्वारा रक्षा करते हैं । प्रधान देव (सूर्य) के आश्रय लेने से उसका ऐसा फल निर्विकल्प समझना चाहिए । (२२) **धनिष्ठा** के अधिपति सुधांशु (चन्द्रमा) हैं । इसलिए वह उत्तम फल देने वाले नक्षत्र हैं । (२३) **शतभिषा** तारागणों के देवता कुज (मङ्गल) हैं, जो विपत्ति प्रदान करते हैं ॥ ४६ ॥

विमर्श—शतभिषा में १०० तारे होते हैं । उसका अधिपति होने के कारण मङ्गल को गणेश कहा गया है । (द्र० १४. ४८) । 'शतभिशजां गणनामीशा' या 'शतभिग्गणेश' ।

पूर्वभाद्रपदानाथो[१] बुधः काञ्चनवर्धनः ।
तथा लोकं महादेवोत्तरभाद्रपदापतिः ॥ ४७ ॥
बृहस्पतिः सुखोल्लासं रेवती शस्तथा भृगुः ।
ददाति परमाह्लादं स्वस्व पत्रस्थराशिभिः ॥ ४८ ॥

(२४) **पूर्वाभाद्रपद** के अधिपति बुध हैं जो सुवर्ण की वृद्धि करते हैं । (२५) **उत्तरभाद्रपद** के अधिपति महान्देव बृहस्पति हैं जो उत्तम लोक प्रदान करते हैं तथा सुखों को उल्लसित करते हैं । (२६) **रेवती** के अधिपति भृगु (शुक्र) हैं, जो अपने अपने पत्र पर रहने वाली राशियों के साथ परम आह्लाद प्रदान करते हैं ॥ ४७-४८ ॥

अभिजित्तारकं पाति शनिः श्रीमान् धनप्रदः ।
फलभागं मुदा दातुं शनी राजमृगान्तिके ॥ ४९ ॥
तच्चन्द्रोच्चस्थमिति के वदन्ति परमप्रियम् ।
राहुराजा ग्रहाः क्षेत्रे अभिजित् कालवेष्टितः ॥ ५० ॥

श्री सम्पन्नता एवं धन देने वाले शनि (२७) **अभिजित् तारे** की रक्षा करते हैं । वस्तुतः प्रसन्नतापूर्वक फल प्रदान करने के लिए शनि राजा मृगान्तक (सिंह) है । उसमें भी यदि चन्द्रमा उच्च का हो तो बुद्धिमान् लोग उसे अत्यन्त उत्तम कहते है । राहु राजा ग्रहों के क्षेत्र में अभिजित् काल से परिवेष्टित है ॥ ४९-५० ॥

तत्कालं सूक्ष्मतद्रूपं यो जानाति महीतले ।
सन्ध्याकालमिति ज्ञेयं शनिराहू सुखान्तयोः ॥ ५१ ॥
तत्सन्धिकालमेवं हि सत्त्वगुणमहोदयम् ।
तत्कुम्भकं विजानीयान्मदीय देहसम्भवम् ॥ ५२ ॥
महासूक्ष्मक्षणं तद्धि कुण्डलीमण्डलं यथा ।
तस्याः प्रथमभागे च धारणाख्यः शनिः प्रभुः ॥ ५३ ॥

वह काल अत्यन्त सूक्ष्म है, पृथ्वीतल में जो उसे जान लेता है वह सुखी रहता है । शनि और राहु एकत्र रहने पर सुख का अन्त करने के लिए सन्ध्या काल के समान है । उनका सन्धिकाल इस प्रकार सत्त्वगुण का महान् उदय करने वाला होता है, उसे कुम्भक जानना चाहिए, जो मेरे शरीर से उत्पन्न हुआ है, वह क्षण कुण्डली मण्डल के समान अत्यन्त सूक्ष्म हैं । उसके प्रथम भाग में 'धारणा' नामक शनि प्रभु है ॥ ५१-५३ ॥

स्वयं ब्रह्मा मुदा भाति निरञ्जनकलेवरः ।
तस्याः शेषे रेचनाख्यः संहारविग्रहः शुचिः ॥ ५४ ॥
राहुरूपी स्वयं शम्भुः पञ्चतत्त्वविधानवित् ।
कालरूपी महादेवो विकटास्यो[२] भयङ्करः ॥ ५५ ॥

---

१. पूर्वभाद्रपदाया नाथः, बुधो देवः काञ्चनस्य सुवर्णस्य वर्धनः, वर्धक इत्यर्थः । एवमेव सर्वनक्षत्रेषु स्वामिफलं बोध्यम् ।

२. विकटमास्यं मुखं यस्य स इत्यर्थः ।

जहाँ पर निरञ्जन (माया रहित) ब्रह्मदेव स्वयं प्रसन्नता पूर्वक निवास करते है । उसके शेष भाग में संहार विग्रह वाले शुचि रेचन नाम से राहु रूप धारण करने वाले पञ्च तत्त्व विधान वेत्ता सदाशिव प्रभु हैं । ये महादेव ही काल स्वरूप है, जिनका मुख अत्यन्त विकट तथा भयङ्कर है ॥ ५४-५५ ॥

सर्वपापानलं हन्ति चन्द्ररूपी सुधाकरः ।
कृष्णवर्णः कालयमः पुण्यापुण्यनिरूपकः ॥ ५६ ॥
द्वयोर्मध्ये सूक्ष्मरूपा तडित्कोटिसमप्रभा ।
महासत्त्वाश्रिता देवी विष्णुमायाग्रहाश्रिता ॥ ५७ ॥
अभिजित्तारका सूक्ष्मा सन्धिकाललया जया ।
कुम्भकाक्रान्तहृदया ग्रहचक्रपुरोगमा ॥ ५८ ॥

चन्द्रमा रूप में सुधाकर स्वरूप धारण कर वही महादेव अपने साधक के सारे पापाग्नि को विनष्ट कर देते हैं और वही काले स्वरूप वाले काल यम बनकर पुण्यापुण्य का फल भी प्रदान करते हैं । उन दोनों के मध्य में करोड़ों विद्युत के समान देदीप्यमान, सूक्ष्मरूप वाली, महासत्त्व का आश्रय लिए हुये, ग्रहों पर आश्रित रहने वाली, विष्णुमाया स्वरूपा, सूक्ष्मा एवं जया अभिजित् नक्षत्र है जिसका लय सन्धिकाल में होता है । उसका हृदय कुम्भक से आक्रान्त है वही अभिजित् समस्त ग्रहसमूहों के आगे चलता है ॥ ५६-५८ ॥

नक्षत्रमण्डलग्राममध्यस्था तिथिषोडशी ।
असामयी सूक्ष्मकला तरुणानन्दनिर्भरा ॥ ५९ ॥
अस्या आद्यभागसंस्थो ब्रह्मरूपी रजोगुणः ।
अस्याः शेषः कालरूपी तमोगुणलयप्रियः ॥ ६० ॥

तिथिविवेचन—नक्षत्र मण्डल समूहों के मध्य में रहने वाली षोडशी तिथि हैं जिसका समय निर्धारित नहीं है और वह सूक्ष्म कला से युक्त है । वह तरुणों के समान आनन्द से परिपूर्ण रहने वाली तिथि है । इसके प्रथम भाग में स्थित रहने वाला ब्रह्मरूप रजोगुण है, इसका शेष (भाग) काल रूप धारण करने वाला तमोगुण है और सबको अपने में लय कर लेना ही इसे प्रिय है ॥ ५९-६० ॥

चन्द्रो ब्रह्मा शिवः सूर्यो महामायातनूत्तरः ।
आत्रेयी परमा शक्तिः सुषुम्नान्तरगामिनी ॥ ६१ ॥
मध्यस्था ब्रह्मशिवयोर्विधिशास्त्रस्य सिद्धिदा ।
यैर्ज्ञायते सर्वसंस्था सर्वानन्दहृदि स्थिता ॥ ६२ ॥

सुषुम्ना नाड़ीस्थ आत्रेयी शक्ति का विवेचन—चन्द्रमा ब्रह्मा हैं, सूर्य शिव हैं जो महामाया के उत्तर (पश्चात्) शरीर है, उसकी आत्रेयी नाम की शक्ति है जो सुषुम्ना के भीतर गमन करती है । वह सुषुम्ना ब्रह्मा और शिव के मध्य में रहने वाली है जो विधि शास्त्र की सिद्धि दात्री है । जिससे सब कुछ का ज्ञान होता है । किं बहुना, वह सबको आनन्द देने वाली है तथा हृदय में निवास करने वाली है ॥ ६१-६२ ॥

तैरानन्दफलोपेतैः सत्त्वसम्भोगकारिणी ।
महाविष्णुर्महामाया चन्द्रतारास्वरूपिणी ॥ ६३ ॥
मुक्तिदा भोगदा भोग्या शम्भोराद्या महेश्वरी ।
अज्ञानावृतता घोरान्धकारकालसंहारहंसिनी ॥ ६४ ॥

वह (आत्रेयी शक्ति) आनन्द रूप फलों से युक्त होने के कारण सत्त्व के संभोगो को प्रदान करने वाली हैं । यह महाविष्णु स्वरूपा है और महामाया हैं तथा चन्द्र तारा स्वरूपिणी हैं । वह भोग तथा मुक्ति प्रदान करती हैं तथा सदाशिव की भोग्या है । यह आद्या माहेश्वरी है । अज्ञान से आवृत होने पर यह घोर अन्धकार वाली है तथा काल का संहार करने वाली एवं हंसिनी है ॥ ६३-६४ ॥

मन्दवायुप्रिया यस्य कल्पनार्थे च वीरहा ।
सा पाति जगतां लोकान् तस्याधीनमिदं जगत् ॥ ६५ ॥
नाकाले म्रियते कश्चिद् यदि जानाति वायवीम् ।
वायवी परमा शक्तिरिति तन्त्रार्थ निर्णयः ॥ ६६ ॥

वायवी कला का विवेचन—वह (आत्रेयी शक्ति) मन्द वायु से प्रेम करने वाली हैं। जिसके कल्पना के लिए वही सारे संसार के जीवों की रक्षा करती हैं, सारा संसार उसी के आधीन है । यदि कोई साधक उस वायवी कला को जान ले तो उसकी अकाल मृत्यु कभी नहीं हो सकती । क्योंकि समस्त तन्त्रों का तात्पर्य यही है कि वायवी कला सर्वश्रेष्ठ शक्ति है ॥ ६५-६६ ॥

सूक्ष्मागमनरूपेण सूक्ष्मसिद्धिं ददाति या ।
नराणां भजनार्थाय अष्टैश्वर्यजयाय[१] च ॥ ६७ ॥
कथितं ब्रह्मणा पूर्वं शिष्याय तनुजाय च ।
लोभमोहकामक्रोधमदमात्सर्यहाय च ॥ ६८ ॥

जो अपने सूक्ष्म आगमन रूप से मनुष्यों के भजन के लिए तथा आठो ऐश्वर्य पर विजय पाने के लिए सूक्ष्म सिद्धि प्रदान करती है । यह बात ब्रह्मदेव ने पूर्व काल में अपने शिष्यों के लिए और अपने पुत्रों के लिए कही थी, जिन्होंने लोभ, मोह, काम, क्रोध, मद तथा मात्सर्य का परित्याग कर दिया था ॥ ६७-६८ ॥

तत्क्रमं परमं प्रीतिवर्धनं भूतले प्रभो ।
आज्ञाचक्रस्य मध्ये तु वायवी परितिष्ठति ॥ ६९ ॥
चन्द्रसूर्याग्निरूपा सा धर्माधर्मविवर्जिता ।
मनोरूपा[२] बुद्धिरूपा शरीरं व्याप्यं तिष्ठति ॥ ७० ॥

हे प्रभो ! उस वायवी कला का यही सर्वोत्कृष्ट क्रम है । यह भूतल में प्रेम की वृद्धि

१. अष्टौ च तानि ऐश्वर्याणि चेति अष्टैश्वर्याणि, तेषां जयाय, तदुपरि विजयसिद्धये ।
२. मनोरूपं शरीरं हि व्याप्य तिष्ठति खेचरी—ख० ।

करने वाली है । उक्त लक्षणलक्षित वायवी कला आज्ञाचक्र में निवास करती है । वह चन्द्र सूर्य तथा अग्नि स्वरूपा है, धर्म और अधर्म दोनों से रहित है । यह कला मनोरूपा एवं बुद्धिरूपा है तथा समस्त शरीर में व्याप्त हो कर स्थित रहती है ॥ ६९-७० ॥

आज्ञा द्विदलमध्ये तु चतुर्द्दशमुदाहृतम् ।
वेददले वेदवर्णं वादिसान्तं महाप्रभम् ॥ ७१ ॥
तदग्निरूप सम्पन्नम् ऋग्वेदादिसमन्वितम् ।
शृणु तद्वेदमाहात्म्यं क्रमशः क्रमशः प्रभो[1] ॥ ७२ ॥

॥ इति श्री रुद्रयामले उत्तरतन्त्रे भावप्रश्नार्थनिर्णये आज्ञाचक्रसङ्केते वेदप्रकरणे भैरवी भैरवसंवादे चतुर्दशः पटलः ॥ १४ ॥

आज्ञाचक्र में दो दल हैं, जिसमें चौदह अक्षर हैं, यह हम पहले कह आये हैं । वेद दल में (व श ष स) ये चार वर्ण हैं जो अत्यन्त तेजोमय है । वे सभी अग्निस्वरूप हैं और ऋग्वेदादि से युक्त हैं । हे प्रभो ! अब उन वेदों का माहात्म्य एक एक के क्रम से श्रवण कीजिए ॥ ७१-७२ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में भावप्रश्नार्थनिर्णय में आज्ञाचक्रसंकेत में सिद्धमन्त्र प्रकरण के वेद प्रकरण में भैरवी-भैरव संवाद के चौदहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १४ ॥

---

१. प्रभो ! इति सम्बोधनान्तः पाठ उचितः ।

अथ पञ्चदशः पटलः

आनन्दभैरवी[1] उवाच

देवकार्यं वेदशाखापल्लवं [2]प्रणवं परम् ।
वदामि परमानन्द भैरवाह्लादमाशृणु ॥ १ ॥
आद्यपत्रे अकारञ्च ऋग्वेदं परमाक्षरम् ।
ब्रह्माणं तं विजानीयाद् आद्यवेदार्थनिर्णयम् ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे भैरव ! अब देवकार्य, वेदशाखा के पत्र तथा पर स्वरूप प्रणव को और जो परमानन्द भैरव को आह्लादित करने वाला है उसके विषय में सुनिए । आद्यपत्र में रहने वाला अकार ऋग्वेद का सर्वश्रेष्ठ अक्षर है । उसे ब्रह्मा का स्वरूप समझना चाहिए, जो सर्वप्रथम वेदार्थ का निर्णय करता है ॥ १-२ ॥

वेदेन लभ्यते सर्वं वेदाधीनमिदं जगत् ।
वेदमन्त्रविहीनो[3] यः शक्तिविद्यां समभ्यसेत् ॥ ३ ॥
स भवेद्धि कथं योगी कौलमार्गपरायणः ।

श्रीआनन्दभैरव उवाच

ब्रह्मस्तोत्रं हि किं देवि! ब्रह्मविद्या च कीदृशी? ॥ ४ ॥

वेद से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है । यह सारा जगत् वेद के अधीन है । जो वेदमन्त्र नहीं जानता किन्तु शक्ति विद्या का अभ्यास करता है वह शक्ति (कौल) मार्ग का उपासक भला किस प्रकार योगी बन सकता है ।

श्री आनन्दभैरव ने कहा—हे देवि ! ब्रह्मस्तोत्र क्या है, तथा ब्रह्मविद्या का स्वरूप कैसा है ? ॥ ३-४ ॥

ब्रह्मज्ञानी च को वा स्यात् को वा ब्रह्मशरीरधृक् ।
तत्प्रकारं कुलानन्दकारिणि प्रियकौलिनि ॥ ५ ॥
वद शीघ्रं यदि स्नेहदृष्टिश्चेन्मयि सुन्दरि ।

श्री आनन्दभैरवी उवाच

तदेव ब्रह्मणः स्तोत्रं वायवीशक्तिसेवनम् ॥ ६ ॥

---

१. आनन्दभैरव उवाच—ख० ।   २. देवकार्यात् देवशाखा—ख० ।
३. वेदानां मन्त्रैर्विहीनो रहितः ।

ब्रह्मविवेचन—कौन लोग ब्रह्मज्ञानी होते हैं ? तथा कौन ब्रह्म का शरीर धारण करता है । हे कुलानन्दकारिणि ! हे शक्ति मार्ग से प्रेम करने वाली ! हे सुन्दरि ! यदि मुझ पर स्नेह रखती हो तो शीघ्र उसे बतलाइए ।

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—वायवी शक्ति की जो सेवा है, वही ब्रह्मस्तोत्र हैं ॥ ५-६ ॥

सूक्ष्मरूपेण[१] मग्ना या ब्रह्मविद्या प्रकीर्तिता ।
सदा[२] वायू[३] प्राणरससूक्ष्मोन्मत्तप्रसन्नधीः ॥ ७ ॥

उसी में सूक्ष्मरूप से जो निमग्न है वही ब्रह्मविद्या कही जाती हैं । वही वायुरूप प्राणरस का सूक्ष्म स्वरूप तथा उन्मत्त (आनन्दोद्रेक) एवं बुद्धि में प्रसन्नता उत्पन्न करने वाली हैं ॥ ७ ॥

एकान्तभक्तिः श्रीनाथे ब्रह्मविद्या प्रकीर्तिता ।
अष्टाङ्गन्यासनिहतः सूक्ष्मसञ्चारहृत् शुचिः ॥ ८ ॥
सदा[४] विवेकमाकुर्याद् ब्रह्मज्ञानी प्रकीर्तितः ।
ब्रह्मानन्दं हृदि श्रीमान् शक्तिमाधाय वायवीम् ॥ ९ ॥
सदा भजति यो ज्ञानी ब्रह्मज्ञानी प्रकीर्तितः ।
विजयारससारेण बिना बाह्यासवेन च ॥ १० ॥
वायव्यानन्दसंयुक्तो ब्रह्मज्ञानी प्रकीर्तितः ।

श्री नाथ विष्णु में अनन्य भक्ति ही 'ब्रह्मविद्या' कही गई हैं । जो अष्टाङ्ग योग में निरत हृदय से सूक्ष्म में विचरण करने वाला पवित्र, तथा नित्य विवेक धारण करने वाला है, वह 'ब्रह्मज्ञानी' कहा जाता है । जो श्रीमान्, ब्रह्मानन्द में निमग्न रहने वाला, हृदय में वायवी शक्ति धारण कर सर्वदा भजन करता है, वह ज्ञानी 'ब्रह्मज्ञानी' कहा जाता है । बिना बाह्य आसव का सेवन किए मात्र विजया रस का सार ग्रहण करने वाला वायव्य आनन्द से संयुक्त साधक 'ब्रह्मज्ञानी' कहा जाता है ॥ ८-१० ॥

सदानन्दरसे मग्नः परिपूर्णकलेवरः ॥ ११ ॥
आनन्दाश्रुजलोन्मत्तो[५] ज्ञातो ब्रह्मशरीरधृक् ।
शक्तिः[६] कुण्डलिनी देवी जगन्मातास्वरूपिणी ॥ १२ ॥
प्राप्यते यैः सदा भक्तैः [७]मुक्तिरेवागमं फलम् ।
आद्यपत्रे प्रतिष्ठन्ति वर्णजालसमाश्रिताः ॥ १३ ॥

---

१. ऋग्वेदस्थं परमहंसमण्डलारूढमीश्वरम् । वेदवक्त्रं वेदविद्या वेदकायं प्रकाशकम् ॥
श्रुतिकन्या वेदकन्या सुन्दरानन्दमाश्रिता । वायुकृष्टशरीरे च प्राणिनां वायवी श्रुतिः ॥
इति क० अ० पाठः ।
२. पानरससूक्ष्मा प्रसन्नधीः—ख० ।	३. वायुप्राण इति समस्तं पदं प्रतिभाति ।
४. एकान्तभक्तिः श्रीनाथे जीवात्मपरमात्मनि । विवेकी विचरेदेको ज्ञातो ब्रह्मशरीरधृक् ॥
वायवीं शक्तिमाश्रित्य सदा ध्यानपरायणः । वशी ज्ञानवशाच्छन्नो ज्ञातो ब्रह्मशरीरधृक् ॥
५. विवेकमत् कुर्यातः—ख० ।	७. सर्वदा जननायिकाः—ख० ।
६. आनन्दोद्भूतो योऽश्रुजलात्मको रसः, तेन उन्मत्त इति भावः ।

ब्रह्मशरीर विवेचन—जो नित्य आनन्द रस में निमग्न, परिपूर्ण इच्छा वाला, आनन्द से प्रवाहित अश्रु जल में उन्मत्त एवं ज्ञान संपन्न है, उसे ब्रह्मशरीर धारण करने वाला समझना चाहिए ।

कुण्डलिनी विवेचन—समस्त जगत् की मातृ-स्वरूपा कुण्डलिनी ही शक्ति पद से कही जाती है, जिसकी उपासना से भक्त लोग आगम फल के स्वरूप मुक्ति को प्राप्त करते हैं, उसके आद्य पत्र पर समस्त वर्णसमूहों का निवास है ॥ ११-१३ ॥

वायवीशक्तय: कान्ता ब्रह्माण्डमण्डलस्थिता: ।
राशिनक्षत्रतिथिभि: सर्वदोज्ज्वलनायिका:[१] **॥ १४ ॥**
भवानी ब्रह्मशक्तिस्था साऽवश्यमेवमाश्रयेत् ।
मासेन जायते सिद्धि: खेचरी वायुशोषणी ॥ १५ ॥

समस्त वायवी शक्ति, राशि, नक्षत्र तथा तिथियों के सहित समस्त ब्रह्माण्ड मण्डल जिसमें स्थित हैं ऐसी मनोहर कुण्डलिनी सर्वदा उज्ज्वल नायिका स्वरूपा है । इसलिए साधक को ब्रह्मशक्ति में रहने वाली उस भवानी स्वरूपा कुण्डलिनी का अवश्य आश्रय प्राप्त करना चाहिए । जिसके आश्रय करने से एक महीने के भीतर वायुशोषणी खेचरी सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ १४-१५ ॥

द्विमासे वज्रदेह: स्यात् क्रमेण वर्धयेत् पुमान् ।
द्विमासे कल्पसंयुक्तो यस्य सम्बन्धरूपत: ॥ १६ ॥
चैतन्या कुण्डली शक्तिर्वायवी बलतेजसा ।
चैतन्यसिद्धिहेतुस्था ज्ञानमात्रं ददाति सा ॥ १७ ॥

जिस कुण्डलिनी के सम्बन्ध रूप से पुरुष दो महीने में वज्र के समान सुपुष्ट शरीर वाला तथा प्रत्येक कार्य के करने में सक्षम हो जाता है । यह कुण्डलिनी शक्ति सर्वदा चैतन्य स्वरूपा है । यह बल और तेज से वायवी शक्ति है । इस प्रकार चैतन्य मात्र में स्थित होने के कारण वह समस्त ज्ञान प्रदान करती है ॥ १६-१७ ॥

ज्ञानमात्रेण मोक्ष: स्याद् वायवी ज्ञानमाश्रयेत् ।
महाबली महावाग्मी वर्धते च दिने दिने ॥ १८ ॥

साधक को ज्ञान से ही मोक्ष प्राप्ति होती है । इसलिए वायवी (शक्ति) ज्ञान का आश्रय लेना चाहिए । कुण्डलिनी का आश्रय लेने वाला महाबली तथा महावक्ता होता है । इस प्रकार वह रात दिन बढ़ता रहता है ॥ १८ ॥

आयुर्वृद्धि: सदा तस्य जरामृत्युविवर्जित: ।
कुण्डलीकृपया नाथ विना किञ्चिन्न सिद्ध्यति ॥ १९ ॥
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरञ्च सदाशिव: ।
तत: परशिवो देव वायवी परिकल्पिता ॥ २० ॥

---

१. भान्ति ब्रह्मसिद्धये सा—ख० । सर्वदोज्ज्वलनायिका इत्येकवचनान्त: पाठ उचित: ।

कुण्डलिनी का साधक जरा मृत्यु से विवर्जित रहता है । उसकी निरन्तर आयु की वृद्धि होती रहती है । हे नाथ ! कुण्डलिनी की कृपा बिना प्राप्त किए पुरुष का कुछ भी इष्ट सिद्ध नहीं होता ।

वायवीशक्ति निरूपण—ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव उसके बाद परशिव ये सभी वायवी शक्ति के स्वरूप हैं ॥ १९-२० ॥

एते षट्शङ्कराः सर्वसिद्धिदाः चित्तसंस्थिताः ।
सर्वे तिष्ठन्ति [1]पत्राग्रेऽमृतधारारसाप्लुताः ॥ २१ ॥
अधोमुखाः सूक्ष्मरूपाः कोटिसूर्यसमप्रभाः ।
ब्रह्ममार्गस्थिताः सर्वे सन्ति षट्चक्रमण्डले ॥ २२ ॥

चित्त भूमिका में निवास करने वाले ये छ शङ्कर समस्त सिद्धियाँ प्रदान करने वाले हैं ये सभी उस पत्र के अग्रभाग में (द्र० . १५. २, १३) अमृतधारा रस से परिपूर्ण हो कर निवास करते हैं । इनका मुख नीचे की ओर है, और स्वरूप अत्यन्त सूक्ष्म है, इनकी कान्ति करोड़ों सूर्य के समान है, ये सभी षट् चक्रमण्डल के ब्रह्ममार्ग में स्थित रहने वाले है ॥ २१-२२ ॥

आज्ञया अध एवं हि चक्रं द्वादशकं स्मरेत् ।
गलितामृतधाराभिराप्लुतं कुण्डलीप्रियम् ॥ २३ ॥
आग्नेयीं कुण्डलीं मत्त्वा अधोधाराभितर्पणम् ।
प्रकुर्वन्ति परानन्दरसिकाः षट्शिवाः सदा ॥ २४ ॥

आज्ञा चक्र के नीचे द्वादश चक्र (द्र० . ११ . ७०-७३) का ध्यान करना चाहिए जो कुण्डलिनी को अत्यन्त प्रिय हैं और गिरते हुये अमृत धाराओं से नित्य परिपूर्ण रहते हैं । यतः कुण्डलिनी शक्ति अग्नि देवता से सम्बन्धित हैं, अतः उन्हें इस अधोभाग में स्थित रहने वाली अमृत धारा से तृप्त करना चाहिए । इसीलिए परानन्द के रस का अनुभव करने वाले ये षट् शिव (द्र० . १५ . २०) उसको तृप्त करते रहते है ॥ २३-२४ ॥

चन्द्रमण्डलसञ्जाता जीवरूपधरा यथा ।
आत्मज्ञानसमाशक्ताः शक्तितर्पणतत्पराः ॥ २५ ॥
द्वितीयदलरूपं हि यजुर्वेदं कुलेश्वर ।
अकस्मात् सिद्धिकरणं विष्णुना परिमीलितम् ॥ २६ ॥

ये चन्द्रमण्डल में निवास करने वाले जीवों के समान आत्मज्ञान की आसक्ति में लीन रह कर शक्ति तर्पण में लगे रहते हैं ।

विष्णु का ध्यान—हे कुलेश्वर ! उस वेद शाखा का द्वितीय दल यजुर्वेद का स्वरूप है । यह विष्णु से संयुक्त रहता है तथा अकस्मात् सिद्धि प्रदान करता है ॥ २५-२६ ॥

वज्रकोटिमहाध्वानघोरनादसमाकुलम् ।
हरिमीश्वरमीशानं वासुदेवं सनातनम् ॥ २७ ॥

---

१ . मन्त्राधिष्ठानविलयम्—ख० ।

सत्वाधिष्ठान विनयं चतुर्वर्गफलप्रदम् ।
वाञ्छातिरिक्तदातारं कृष्णं योगेश्वरं प्रभुम् ॥ २८ ॥

वे विष्णु करोड़ों वज्र के समान महान् शब्द करने वाले हैं व घोरनाद से संयुक्त हैं । ये हरि, ईश्वर, ईशान, वासुदेव तथा सनातन कहे जाते हैं । सत्त्व के अधिष्ठान होने से ये विनयशील हैं । ये धर्म, अर्थ काम तथा मोक्ष रूप चतुवर्गों को देने वाले हैं और मनोरथ से भी अधिक देने वाले योगेश्वर कृष्ण सबके प्रभु हैं ॥ २७-२८ ॥

राधिका राकिणी देवी वायवीशक्तिलालितम् ।
महाबलं महावीरं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ २९ ॥
पीताम्बरं सारभूतं यौवनामोदशोभितम् [१] ।
श्रुतिकन्यासमाक्रान्तं [२] श्रीविद्याराधिका प्रभुम् ॥ ३० ॥

राधिका जिन्हे राकिणी देवी कहा जाता है ऐसी वायवी शक्ति से वह सेवित हैं । ये महाबलवान् महावीर तथा शंख चक्र एवं गदा धारण करने वाले हैं । पीताम्बर धारण करने वाले (विष्णु) समस्त जगत् के स्थिरांश, यौवन के आमोद से परिपूर्ण रूप से सुशोभित, श्रुति रूपी कन्याओं से घिरे हुये है तथा 'श्रीविद्या' जिन्हे राधा भी कहा जाता है उनके प्रभु है ॥ २९-३० ॥

दैत्यदानवहन्तारं शरीरस्य सुखावहम् ।
भावदं भक्तिनिलयं यदा सागर चन्द्रकम् ॥ ३१ ॥
गरुडासनसमारूढं मनोरूपं जगन्मयम् ।
यज्ञकर्मविधानज्ञं आज्ञाचक्रोपरि स्थितम् ॥ ३२ ॥

वह दैत्य दानवों के विनाशकर्ता, जगत् रूप शरीर को सुख देने वाले, (द्वादश राशिगत) भाव के अनुसार फल देने वाले, भक्ति के निलय तथा सागर से उत्पन्न हुये साक्षात् चन्द्रमा हैं । गरुडासन पर आसीन, मन के अनुसार रूप धारण करने वाले, जगन्मय, यज्ञकर्म विधानवेत्ता तथा आज्ञाचक्र पर निवास करने वाले हैं ॥ ३१-३२ ॥

अध: परामृतरसपानोन्मत्तकलेवर: ।
साधको योगनिरत: स्वाधिष्ठानगतं यथा ॥ ३३ ॥

ऊपर से नीचे की ओर गिरने वाले, परामृत के रस के पीने से उन्मत्त (मस्ती से परिपूर्ण) शरीर वाले साधक, योगनिरत तथा स्वाधिष्ठान चक्र में नित्य निवास करने वाले हैं ॥ ३३ ॥

तदाकारं विभाव्याशु सिद्धिमाप्नोति शङ्कर ।
को वैष्णवो वाजिक: को धार्मिको वापि को भुवि ॥ ३४ ॥
को वा भवति योगी च तन्मे वद सुरेश्वरि ।

---

१. यौवनस्यामोदेन सौरभेण शोभितम् ।

२. श्रुतय: एव कन्या:, ताभि: समाक्रान्तम्—व्याप्तम् ।

आनन्दभैरवी उवाच

शङ्कर शृणु[१] वक्ष्यामि कालनिर्णयलक्षणम् ॥ ३५ ॥

हे शङ्कर ! इस प्रकार के आकार वाले विष्णु का ध्यान कर साधक शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ।

तब **आनन्दभैरव ने पूछा**—हे सुरेश्वरि ! इस पृथ्वी पर कौन वैष्णव है ? कौन वाजिमेध करने वाला याज्ञिक है ? कौन धार्मिक है ? और योग किसे कहते हैं ? वह हमें बताइए ।

आनन्दभैरवी ने कहा—हे आनन्दभैरव ! अब काल का लक्षण सुनिए ॥ ३४-३५ ॥

वैष्णवानां वैष्णवत्वं आज्ञाचक्रे फलाफलम् ।
आज्ञाचक्रं महाचक्रं यो जानाति महीतले ॥ ३६ ॥
तस्याऽसाध्यं त्रिभुवने न किञ्चिदपि वर्तते ।
सदा शुचिर्ध्याननिष्ठो मुहुर्जाप्यपरायणः ॥ ३७ ॥
स्मृतिवेदक्रियायुक्तो विधिश्रुतिमनुप्रियः ।
सर्वत्र[२] समभावो यो वैष्णवः परिकीर्तितः ॥ ३८ ॥

वैष्णवभक्त का स्वरूप—आज्ञाचक्र में होने वाला फलाफल ही वैष्णवों का वैष्णवत्व है । इसलिए पृथ्वीतल पर आज्ञाचक्र स्वरूप महाचक्र को जो जानता है, उसके लिए इस त्रिभुवन में कुछ भी असाध्य नहीं है । सदैव पवित्र रहने वाला, ध्यान में निष्ठा रखने वाला, प्रतिक्षण जप में परायण, स्मृति तथा वेद प्रतिपादित क्रिया से युक्त, सदाचार वेद तथा मन्त्र से प्रेम करने वाला और सर्वत्र सबमें समान दृष्टि रखने वाला मनुष्य 'वैष्णव' कहा जाता है ॥ ३६-३८ ॥

समता शत्रुमित्रेषु कृष्णभक्तिपरायणः ।
योगशिक्षापरो नित्यं वैष्णवः परिकीर्तितः[३] ॥ ३९ ॥
यजुर्वेदाभ्यासरतः सदाचारविचारवान् ।
सदा साधुषु संसर्गो वैष्णवः परिकीर्तितः ॥ ४० ॥

शत्रु एवं मित्र में समत्व बुद्धि से देखने वाला, कृष्ण भक्ति में नित्य निरत रहने वाला तथा योगशिक्षा को जानने वाला 'वैष्णव' कहा जाता है । यजुर्वेद का अभ्यास करने वाला, सदाचारपूर्वक आचार-विचार से रहने वाला तथा सज्जनों की संगति में रहने वाला पुरुष 'वैष्णव' कहा जाता है ॥ ३९-४० ॥

विवेकधर्मविद्यार्थी[४] कृष्णे चित्तं निधाय च ।
शिववत् कुरुते कर्म वैष्णवः परिकीर्तितः ॥ ४१ ॥

---

१. 'शृणु शङ्कर ! वक्ष्यामि' इति पाठ उचितः प्रतिभाति ।
२. ध्यात्वा यः कुरुते कर्म—ख० ।
३. शिवे विष्णौ तुल्यभावं दुर्गामन्त्रपरायणः ।
ध्यात्वा यः कुरुते कर्म वैष्णवः परिकीर्तितः ।।—ख० ।
४. विवेकश्च धर्मश्च विद्या च, ता अर्थयते तच्छीलो विवेकधर्मविद्यार्थी इति ।

श्री कृष्ण में चित्त स्थापित कर विवेक, धर्म तथा विद्या चाहने वाला और शिव के समान अनासक्त रह कर कर्म करने वाला 'वैष्णव' कहा जाता है ॥ ४१ ॥

यज्ञिको ब्राह्मणो धीरो भवः प्रेमाभिलाषवान् ।
वनस्थो घोरविपिने नवीनतरुशोभिते ॥ ४२ ॥
एकाकी कुरुते योगं जीवात्मपरमात्मनोः ।
वाय्वग्नी रेचकः सूर्यः पूरकश्चन्द्रमा तथा ॥ ४३ ॥

याज्ञिक के लक्षण—यज्ञ में परायण, ब्राह्मण वृत्ति से रहने वाला, धीर सदाशिव में प्रेम की अभिलाषा वाला, नवीन वृक्ष से सुशोभित वन में या घोर अरण्य में अकेला रह कर जीवात्मा तथा परमात्मा में योग धारण करने वाला 'याज्ञिक' है । वायु और अग्नीरेचक हैं । सूर्य तथा चन्द्रमा पूरक हैं ॥ ४२-४३ ॥

ज्वलच्छिखा सूर्यरूपा न च योजनमेव च ।
पुनः पूरकयोगश्च चन्द्रस्य तेजसा हविः ॥ ४४ ॥
ऊद्‍र्ध्वविषा[1] ज्वलद्वह्नौ वायवीबलचञ्चले ।
योऽनिशं कुरुते होमं मौनी याज्ञिक उच्यते ॥ ४५ ॥

जलती हुई शिखा ही सूर्य स्वरूपा हैं । उसे बिना युक्त किए जो पुनः पूरक योग करता है, और चन्द्रमा के तेज से उत्पन्न छवि को जो ऊपर की ओर ज्वाला वाली वायवी शक्ति के बल से चञ्चल एवं जलती हुई अग्नि में जो नित्य होम करता है ऐसा मौन धारण करने वाला साधक 'याज्ञिक' कहा जाता है ॥ ४४-४५ ॥

जीवसूर्याग्निकिरणे [2] आत्मचन्द्राद्यपूरकैः ।
काये यः कुरुते होमं याज्ञिकः परिकीर्तितः ॥ ४६ ॥
सुरा शक्तिः शिवो मांसं तद्भोक्ता भैरवः स्वयम् ।
शक्त्यग्नौ जुहुयान्मांसं याज्ञिकः परिकीर्तितः ॥ ४७ ॥

जीव रूपी सूर्याग्नि के किरण रूप शरीर में आत्म चन्द्र रूपी अपूप से जो होम करता है वह 'याज्ञिक' कहा जाता है । सुरा शक्ति है और मांस शिव है, उन दोनों का भोक्ता स्वयं भैरव हैं । अतः जो शक्ति रूप अग्नि में मांस का हवन करता है वह 'याज्ञिक' कहा जाता है ॥ ४६-४७ ॥

विधिवत् कुलकुण्डे च कुलवह्नौ शिवात्मकैः ।
पूर्णहोमं यः करोति याज्ञिकः परिकीर्तितः ॥ ४८ ॥
भूमण्डले धर्मशीलो निर्जने कामवेश्मनि [3] ।
दृढभक्त्या जीवसारं[4] यो जपेत् स हि धार्मिकः ॥ ४९ ॥

---

१. ऊर्ध्वहविषा इति पाठः प्रतिभाति । २. तीव्र—ख० ।
३. कान्त—क० । ४. बीजसारम्—ख० ।

विधि निर्मित 'कुल' कुण्ड में तथा 'कुलात्मक वह्नि' में जो शिवात्मक द्रव्यों से पूर्ण होम करता है वह 'याज्ञिक' कहा जाता है । भूमण्डल में धर्मशील रहकर या निर्जन में अथवा गृहस्थाश्रम में रह कर जो दृढ़भक्ति से 'जीवसार' का जप करता है वह सच्चा धार्मिक है ॥ ४८-४९ ॥

मणौ[१] लोष्ठे समं ध्यानं धर्मेऽधर्मे जयेऽजये ।
कृत्वा त्यागी भवेद्यस्तु ब्रह्मज्ञानी स साधकः[२]॥ ५० ॥
सदा ईश्वरचिन्ता च गुरोराज्ञा व्यवस्थितिः ।
सुशीलो[३] दीनबन्धुश्च धार्मिकः परिकीर्तितः ॥ ५१ ॥

ब्रह्मज्ञानी के लक्षण—मणि तथा मिट्टी के ढेले में, धर्म में, अधर्म में, जय में तथा पराजय में जो समान भाव रखता है अथवा जो सबका त्याग कर देता है वह साधक 'ब्रह्माज्ञानी' है । **धार्मिक के लक्षण**—सदैव ईश्वर की चिन्ता करने वाला, गुरु की आज्ञा का नियमपूर्वक पालन करने वाला, उत्तम शीलवान् तथा दीनों की भलाई करने वाला 'धार्मिक' कहा जाता है ॥ ५०-५१ ॥

कालज्ञो विधिवेत्ता च [४]अष्टाङ्गयोगविग्रहः ।
पर्वते कन्दरे मौनी भक्तो योगी प्रकीर्तितः ॥ ५२ ॥
ब्रह्मज्ञानी चावधूतः [५]पुण्यात्मा सुकृती शुचिः ।
वाञ्छाविहीनो धर्मात्मा स योगी परिकीर्तितः ॥ ५३ ॥

योगी के लक्षण—कालवेत्ता, विधानवेत्ता, अष्टाङ्ग योग से युक्त शरीर वाला और पर्वत की कन्दरा में मौन होकर निवास करने वाला 'भक्त' योगी कहा जाता है । ब्रह्मज्ञानी, अवधूत वेष में रहने वाला, पुण्यात्मा, सुकृती, शुचि, कामना से रहित धर्मात्मा 'योगी' कहा जाता है ॥ ५२-५३ ॥

वाग्वादिनीकृपापात्रः[६] षडाधारस्य भेदकः ।
ऊर्ध्वरेता स्त्रीविहीनः स योगी परिकीर्तितः ॥ ५४ ॥
यजुर्वेदपुरोगामी यजुःपत्रस्थवर्णधृक् ।
वर्णमालाचित्तजापो भावुकः स हि योगिराट् ॥ ५५ ॥

वाग्वादिनी भगवती का सत्कृपापात्र, षट्चक्रों का भेदन करने वाला, ऊर्ध्वरेता, तथा स्त्री का साथ न करने वाला 'योगी' कहा जाता है । यजुर्वेद में सबके आगे रहने वाला, यजुर्वेद के पत्र पर रहने वाले वर्णों को धारण करने वाला, वर्णमाला का अपने चित्त में जप करने वाला ऐसा भावुक साधक तथा योगिराट् कहा जाता है ॥ ५४-५५ ॥

---

१. रत्ने—ख० । २. स धार्मिकः—ख० ।
३. दीनानां बन्धुः अथवा दीना बन्धवो यस्य । ४. अष्टाङ्गोज्ज्वल—क० ।
५. कृतः सिद्धो वशी ।
६. वाग्वादिन्याः कृपा, सैव पात्रं पानसाधनंतृप्तिसाधनं यस्य सः ।

मासद्वादशकग्रस्तं राशिद्वादशकान्वितम् ।
तिथिवारं तु नक्षत्रयुक्तमाज्ञाम्बुजं भजेत् ॥ ५६ ॥
दिक्कालदेशप्रश्नार्थं वायवीशक्तिनिर्णयम् ।
बालवृद्धास्तादिदण्डपलनिश्वाससंख्यया ॥ ५७ ॥
व्याप्तमाज्ञाचक्रसारं भजेत् परमपावनम् ।
चक्रे सर्वत्र सुखदं सतां हानिर्न च प्रभो ॥ ५८ ॥

द्वादश मासों तथा द्वादश राशियों, तिथि, वार तथा नक्षत्रों से युक्त आज्ञाचक्राम्बुज की पूजा करनी चाहिए । दिशा काल देश विषयक प्रश्न के लिए वायवी शक्ति से निर्णय करना चाहिए । बाल, वृद्ध, अस्तादि दण्ड, पल तथा निःश्वास की संख्या से व्याप्त, परम, पवित्र, आज्ञाचक्रसार की पूजा करनी चाहिए । हे प्रभो ! चक्र में निर्णय सदैव सुखदायी होता है उसमें सज्जन पुरुषों की कुछ भी हानि नहीं होती ॥ ५६-५८ ॥

खलानां विपरीतञ्च निन्दकानां पदे पदे ।
दुःखानि प्रभवन्तीह पापिनाञ्च फलाफलम् ॥ ५९ ॥
पापी पञ्चत्त्वमाप्नोति ज्ञानी याति परं पदम् ।
यः श्वासकालवेत्ता च स ज्ञानी परिकीर्तिताः ॥ ६० ॥

खलों को चक्र विपरीत फल देते हैं । निन्दकों को तो पद पद पर विपरीत फल होता है । पापियों के लिए चक्र का फलाफल दुःख ही उत्पन्न करने वाला होता है । चक्र से पापी पञ्चत्व (मृत्यु) प्राप्त करता है । किन्तु ज्ञानी परम पद प्राप्त करता है । जो श्वास एवं काल का जानकार है वही 'ज्ञानी' कहा जाता है ॥ ५९-६० ॥

श्वासकालं न जानाति स पापी परिकीर्तितः ।
यजुर्वेदं सत्त्वगुणं सत्त्वाधिष्ठाननिर्मलम् ॥ ६१ ॥
गुरोराज्ञाक्रमेणैव अधस्तत्त्वेन कुण्डलीम् ।
महाशक्तिं समाप्नोति ऊद्र्ध्वाधः क्रमयोगतः ॥ ६२ ॥

जिसे श्वास एवं काल का ज्ञान नहीं है वह 'पापी' कहा जाता है । यजुर्वेद सत्त्व गुण वाला है । इसलिए सत्त्व का अधिष्ठान होने से वह सर्वदा विशुद्ध है । गुरु के आज्ञानुसार चलने से साधक अधोधिष्ठान वाली, ऊपर तथा नीचे के क्रम के योग से संञ्चालन कर कुण्डलिनी महाशक्ति को प्राप्त कर लेता है ॥ ६१-६२ ॥

यजुर्वेद[१]महापात्रसत्त्वाधिष्ठानसेवया[२] ।
ललाटामृतधाराभिश्चैतन्या कुण्डली भवेत् ॥ ६३ ॥

यजुर्वेद महापात्र रूप सत्त्व के अधिष्ठान की सेवा से तथा ललाट में रहने वाली अमृत धारा से कुण्डलिनी शक्ति चैतन्य होती है ॥ ६३ ॥

---

१. पन्ने—क० ।

२. यजुर्वेदो महापात्रसत्त्वं तस्याधिष्ठानं तत्सेवया इति तात्वर्यम् ।

विभाव्य द्विदलं चक्रं होमं कुर्यादहर्निशम् ।
शुद्धाज्यैर्जुहुयान्मन्त्री अधस्तुण्डे च कुण्डलीम् ॥ ६४ ॥

भजन्ति रुद्धेन्द्रिय[1]शुद्धयोगं[2]
प्रचण्डरश्मिप्रगताङ्गसुन्दरा: ।
आम्बुजं चक्रवरं चतुर्द्दलं
यन्मध्यदेशे शतकोटितेजसम् ॥ ६५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये पाशवकल्पे आज्ञा-चक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे वेदप्रकरणोल्लासे भैरवभैरवीसंवादे पञ्चदश: पटल: ॥ १५ ॥

— ❖ —

(भ्रूमध्य में रहने वाले) द्विदल चक्र का अच्छी तरह ज्ञान कर साधक को दिन रात उसमें (ध्यान रूप) होम करते रहना चाहिए । मन्त्रज्ञ साधक को कुण्डलिनी के अधो मुखाग्रभाग में शुद्ध घृत से होम करना चाहिए ॥ ६४ ॥

प्रचण्ड रश्मि से युक्त मनोहर अङ्ग वाले साधक इन्द्रियों को रोकने वाले शुद्ध योग से युक्त, चार दल वाले 'आज्ञा कमल' नामक श्रेष्ठ चक्र का पूजन करते हैं जिसके मध्य में सैकड़ो करोड़ से युक्त तेजोमण्डल विराजमान है ॥ ६५ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावनिर्णय में पाशवकल्प में आज्ञा-चक्रसारसंकेत में सिद्धमन्त्र प्रकरण के वेद प्रकरणोल्लास में भैरव-भैरवी संवाद में पन्द्रहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १५ ॥

— ❖ —

१. 'रुद्धेन्द्रियशुद्धयोगम्' इति पाठ: प्रतिभाति । रुद्धेन्द्रियै: विषयविवर्जितेन्द्रियै: शुद्धो योगो यस्य तम् ।

२. योगिनम्—ख० ।

अथ षोडशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्वानन्दरुद्रेश तृतीयदललक्षणम् ।
सामवेदमधश्चक्रं तमोगुणनिराकुलम् ॥ १ ॥
वर्णजालादिनाक्रान्तं रुद्ररूपं महेश्वरम् ।
लयस्थानं कामरूपं परमानन्दमन्दिरम् ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे आनन्द के ईश्वर ! हे रुद्रदेव ! अब तृतीय दल का लक्षण सुनिए । वह नीचे की ओर रहने वाला, तमोगुण से व्याप्त सामवेद नामक चक्र है । वह वर्ण समूहों से परिपूर्ण है । वह रुद्र रूप धारण करने वाला महेश्वर है । वह लय का स्थान तथा कामना के अनुसार रूप वाला है । इस प्रकार तीसरा दल परमानन्द का मन्दिर भी है ॥ १-२ ॥

वह्निवृत्तिसुस्थानं[१] विभाव्य योगिराड् भवेत् ।
तत्स्थानं योगिनां धर्मो गुरोराज्ञाफलप्रदम् ॥ ३ ॥
तत्पदाब्जं श्रीगुरूणां भ्रूमध्ये द्विदलाम्बुजे ।
मुहुर्मुहुः शनैर्ध्यायेत् समीरास्पदभास्वरम् ॥ ४ ॥

अग्नि को धारण करने वाले ऐसे सुख स्थान का ध्यान कर साधक योगिराज होता है । वह स्थान योगियों का धर्म स्थान है तथा गुरु की आज्ञा के समान फल देने वाला है । गुरु का ध्यान श्री गुरु का पदाम्बुजभूत वह स्थान भ्रू के मध्य में है जिसमें द्विदल कमल का निवास है । धीरे-धीरेवायु के समान तेजस्वी उस स्थान का साधक को बारम्बार ध्यान करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

विभाव्य मनसा वाचा कर्मणा सूक्ष्मवायुना ।
लीनं कृत्वा सदा ध्यायेत् सदा हर्षकलेवरः ॥ ५ ॥
सहस्रारे यथा ध्यानं तद्ध्यानं द्विदलाम्बुजे ।
गुरुमात्मानमीशानं देवदेवं सनातनम् ॥ ६ ॥
अकस्मात् सिद्धिदातारं योगाऽष्टाङ्गफलप्रदम् ॥ ७ ॥

मन से, वाणी से, कर्म से तथा सूक्ष्म वायु स्वरूप से उसका ध्यान कर अपने शरीर में उसका लय करने से साधक का शरीर सर्वदा प्रसन्न रहता है । जिस प्रकार का ध्यान सहस्र दल कमल में किया जाता है उसी प्रकार इस द्विदलाम्बुज में भी गुरु का ध्यान करना

---

१. वाङ्निवृत्ति—ख० ।

चाहिए । वे गुरु आत्मस्वरूप, ईशान स्वरूप, देवाधिदेव सनातन हैं । अतः गुरु अकस्मात् सिद्धि देने वाले योग के आठ अङ्गों का फल देने वाले हैं ॥ ५-७ ॥

विमर्श—योगश्चासौ अष्टाङ्गश्च तस्य फलं प्रददाति इति कप्रत्ययान्तोऽयं शब्दः ।

नित्यं शब्दमयं [1]प्रमाणविषयं नित्योपमेयं गुरुं
चन्द्रोल्लासतनुप्रभं शतविधूल्लास्साय पङ्केरुहम् ।
सर्वप्राणगतं गतिस्थमचलं ज्ञानाधिनिर्लेपनं
रूढालास्यगुणालयं लयमयं स्वात्मोपलब्धिं भजे ॥ ८ ॥

वह नित्य हैं । शब्द स्वरूप हैं । सभी प्रमाणों के विषय हैं और नित्य उपमेय गुरु है, उनके शरीर की कान्ति चन्द्रमा के समान देदीप्यमान हैं तथा मुख पङ्कज सैकड़ों चन्द्रमा के समान प्रसन्न रहने वाला है । वे सभी के प्राणों में रहने वाले, गतिमान् पदार्थों वाले तथा अचल हैं । वे गुरु ज्ञान रूपी समुद्र में निर्लेप रूप से रहते हैं । ऐसे रूढ़ आलस्य के गुणस्वरूप, लय स्वरूप, स्वात्म उपलब्धि वाले, अनिर्वाच्य तत्त्व वाले गुरु का मैं भजन करता हूँ ॥ ८ ॥

यदि भजेज्जगताममलेश्वरं स्मरहरं गुरुमीश्वरमात्मनि ।
परमसुन्दरचन्द्रसामाकुलं निपतिताद्यकुलानलसञ्चयम्[2] ॥ ९ ॥

यदि साधक अपनी आत्मा में, जगत् के निर्विकार स्वामी गुरु रूप में कामशत्रु ईश्वर का, अत्यन्त सुन्दर स्वरूप वाले चन्द्रमा को धारण करने वाले तथा मनुष्य के पापकुलों को नष्ट करने के लिए अनल के समूह के समान परमात्मा का भजन करे तो उसे ईश्वर प्राप्त हो जाते है ॥ ९ ॥

विमर्श—गुरु रूप ईश्वर की स्तुति में ९ से १४ तक के श्लोक द्रुतविलम्बित छन्द में निबद्ध हैं ।

प्रणमतां समतां कुरुते गुरो यदि भवान् विफलं परिहन्ति मे ।
तव पदाम्बुजमद्भुतलीलया परिभजे भवसागरपारगम् ॥ १० ॥

गुरुपदाम्बुज—हे गुरो ! यदि भक्त आप को प्रणाम करे तो आप उसे अपने समान बना लेते हैं । हमारे कुत्सित फल देने वाले कर्म को नष्ट कर देते हैं । इसलिए, हे नाथ ! इस भवसागर से अद्भुत लीलापूर्वक पार करने वाले आपके पादाम्बुज का मैं भजन करता हूँ ॥ १० ॥

गुरुपदं सितपङ्कजराजितं कनकनूपुरसुन्दरसञ्जनम् ।
रचितचित्रितचारुनखेन्दुकं भुवनभावनपावनमाश्रये ॥ ११ ॥

मैं मनुष्यों से भावना किए जाने वाले, अत्यन्त पवित्र, श्वेत कमल से विराजित गुरु के उन चरणों का आश्रय लेता हूँ, जो सुवर्णमय नूपुर से सुशोभित एवं खञ्जन के समान सुन्दर है और जो अत्यन्त सुन्दर चित्रकारी से युक्त मनोहर नख रूप चन्द्रमा से विरचित है ॥ ११ ॥

सकलसत्फल पालनकोमलं विमलशोणित पङ्कज मण्डितम् ।
पदतलं खनिग्रहपालनं खचितरत्नधराचलनं भजे ॥ १२ ॥

---

१. प्रभाविषयगम्—ख० । २. कुलानन—ख० ।

मैं रत्न खचित पर्वत के समान गुरु के उस पाद तल का भजन करता हूँ जो खलों का निग्रह करने वाला, भक्त का पालन करने वाला, संपूर्ण उत्तमोत्तम फल का पालन करने वाला, कोमल तथा निर्मल रक्तवर्ण के कमलों से मण्डित है ॥ १२ ॥

सुकनकाजडितासनपङ्कजे परिभवं भवसागरसम्भवम् ।
यदि कृपा विभवेन्मयि पामरे व्यवतु मां तव पादतलं भजे ॥ १३ ॥
परमहंसमनुं [1]हररूपिणं सकलमक्षवशङ्गुरुमीश्वरम् ।
सकललक्षणचन्द्रमसःकरं तरुगुरोर्मुखपङ्कजमाश्रये ॥ १४ ॥

जिस पाद तल का आसन अत्यन्त दिव्य कनक जटित हैं, जो भवसागर से उत्पन्न दुःख समूह का परिभव करने वाला है । हे प्रभो ! यदि आपके चरणों की कृपा मेरे जैसे पामर पर हो जावे तो मेरी रक्षा हो जावे । मैं इस प्रकार के आपके पाद तल का भजन करता हूँ । मैं संपूर्ण लक्षण से युक्त चन्द्रमा की किरणों के समान उज्ज्वल एवं वृक्ष के नीचे रहने वाले तथा कमल के समान मुखवाले उन गुरु का आश्रय लेता हूँ, जो परमहंसों के मन्त्रस्वरूप है। शिव स्वरूप है, कलाओं के सहित, अक्षय धन वाले तथा सबके ईश्वर हैं ॥ १३-१४ ॥

गुरोराज्ञाचक्रं भुवनकरणं केवलमयं
सकारं [2]नादेन्दुकुमुदहृदयं कामकलया ।
लयस्थाने[3] वायोर्नवमधुरसमोदमिलिते
दले वेदक्षेत्रे विधुविरहिते तत्र पदके ॥ १५ ॥
तमोगुणसमाक्रान्ते अधोमण्डलमण्डिते ।
द्विबिन्दुनिलये स्थाने द्विदले श्रीगुरोः पदम् ॥ १६ ॥

यह गुरु का आज्ञाचक्र समस्त भुवन का कारण है, केवल अद्वैत है, सकार स्वरूप है, कामकला की दृष्टि से नाद, इन्दु, तथा कुमुद युक्त हृदय वाला है, नवीन मधुर आमोद से मिले हुये वायु के लय स्थान में, वेद रूपी क्षेत्र के दल में, चन्द्रमा से रहित उस स्थान में, जो तमोगुण से समाक्रान्त है, अधोमण्डल मण्डित, द्विबिन्दु निलय वाले द्विदल में श्रीगुरु का पद है ॥ १५-१६ ॥

महावह्निशिखाकारं तन्मध्ये चिन्तयेत् सुधीः ।
एतद्योगप्रसादेन बीजवाग्भवकूटकैः ॥ १७ ॥
चिरजीवी भवेत् क्षुद्रो वागीशत्वमवाप्नुयात् ।
श्रीगुरोश्चरणाम्भोजनिःसृतं[4] यत् परामृतम् ॥ १८ ॥
तत्परामृतधाराभिः[5] सन्तर्प्य कुलनायिकाम् ।
पुनः पुनः समाकुञ्च्य[6] प्रबुद्धां तां स्मरेत् सदा ॥ १९ ॥

---

१. तनुरूपिणं—क० । २. कुमुदहृदयाङ्गे—ख० । ३. लयापाङ्गे—ख० ।
४. समाकृत्य—क० । ५. श्रिया सहितो गुरुः, तस्य चरणाम्भोजाद् निःसृतम् ।
६. तच्च तत्परामृतं च तत्परामृतम्, तस्य धाराभिः ।

उस गुरु के पद के मध्य में महावह्नि की ज्वाला के समान तेज का सुधी साधक को ध्यान करना चाहिए । इस योग के सिद्ध हो जाने पर वाग्भव बीज (ऐं) कूट के द्वारा साधक चिरजीवीं हो जाता है । पामर नर भी वागीशता प्राप्त कर लेता है । जहाँ श्री गुरु चरणकमलों से परामृत प्रवाहित होता रहता है, उस परामृत धारा से कुल नायिका कुण्डलिनी का तर्पण करे । फिर बारम्बार उसे संकुचित करे, तथा जब तक वह प्रबुद्ध न हो तब तक उसका स्मरण करते रहना चाहिए ॥ १७-१९ ॥

पर्यायत्वापररसं धारयेन्मारुतं सुधीः ।
तत्परामृतधाराभिः[१] सन्तर्प्य कुलनायिकाम् ॥ २० ॥
ततः[२] पुनः पुनः पात्यं सर्वपुण्यफलं प्रिये ।
धनरत्नमहालक्ष्मीः प्राप्नोति साधकोत्तमः ॥ २१ ॥

सुधी साधक बारी-बारी के क्रम से (आनन्दरूप) पर रस का तथा वायु को हृदय से धारण करे । तदनन्तर उस अमृतधारा वाले पर (श्रेष्ठ) रस से कुल-नायिका-कुण्डलिनी को संतृप्त कर उसी से सर्वपुण्यफलस्वरूप अमृत धारा को पुनः पुनः गिराता रहे । हे प्रिये ! ऐसा करने से वह उत्तम साधक धन, रत्न तथा महालक्ष्मी प्राप्त करता है ॥ २०-२१ ॥

सर्वत्र जयमाप्नोति युद्धे क्रोधे महाभये ।
महायुधि स्थितो याति सुशीलो मोक्षमाप्नुयात् ॥ २२ ॥

ऐसा साधक युद्ध में, क्रोध में या (मृत्यु रूप) महाभय की स्थिति में सर्वत्र जय प्राप्त करता है । किं बहुना, युद्ध में स्थित (जीवित) रहता है और वह सुशील अन्त में मोक्ष प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

इति ते कथितं नाथ ब्रह्मज्ञानमनुत्तमम् ।
आज्ञाचक्रत्रिखण्डस्य दलस्य कामरूपतः ॥ २३ ॥
सत्फलं समवाप्नोति विचार्य भावयेद्यदि ।
आज्ञाचक्रे त्रिखण्डे च कामरूपं महेश्वरम् ॥ २४ ॥
चीनाचार[३]समाक्रान्तं श्मशानाधिपवेष्टितम् ।
कालं कालकरं चक्रं महाकालं कलानिधिम् ।
पलानुपलविपलद्दण्डतिथ्यातिपदपक्षकैः ॥ २५ ॥
मासवत्सरादियुगैर्महाकालैः समन्वितम् ।
उल्काकोटिसमं नेत्रं तीक्ष्णदंष्ट्रं सुरेश्वरम् ॥ २६ ॥

---

१. एतत् स्तोत्रं ततः पाठ्यं सर्वपुण्यफलाप्तये—क० ।

२. तत्परामृतमित्यतः प्रिये पर्यन्तम्—क० ।

३. महारुद्रं धर्मलिङ्गं सर्वधर्मबहिष्कृतम् । अधर्मध्वान्तमिहिरं कोटिकोटिविधूद्भवम् ॥
विद्यारमणकामेशं हेमवाराणसीपुरम् । शुद्धकामकलाचिह्नं कोटिकोटिकलेवरम् ॥
सामवेदमहामन्त्रममूलास्यानुगतं शिवम् । कामलिङ्गं बिन्दुलिङ्गं विसर्गपदभूषणम् ॥
परशिवं देवदेवं हाकिनीशक्तिमुक्तिदम् । कुलचूडामणिं सिद्धं बुद्धरूपिणमीश्वरम् ॥

कोटिकोटिनेत्रजालशोभिताननपङ्कजम् ।
चिद्रूपं सदसन्मुक्तिरूपिणं बहुरूपिणम् ॥ २७ ॥
ध्यात्वा त्वतिसुखेनैव कालरुद्रं परेश्वरम् ।
नासिकोद्ध्र्वे भ्रुवोर्मध्ये आज्ञाचक्रे महाप्रभो ॥ २८ ॥
विभाव्य परमं स्थानं तत्क्षणात्तन्मयो भवेत् ।
हाकिनीं भावयेन्मन्त्री रौरवादिविनाशिनीम् ॥ २९ ॥

हे नाथ ! यहाँ तक हमने सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मज्ञान का विवेचन किया है । आज्ञाचक्र के तीन खण्ड वाले कमल दल का जो कामनाओं को पूर्ण करने वाला है, यदि विचारपूर्वक उसकी भावना की जाय तो उससे अवश्य ही साधक उत्तम फल प्राप्त कर लेता है । तीन खण्ड वाले आज्ञाचक्र के ऊपर कामरूप महेश्वर का, जो चीनाचार से परिपूर्ण, श्मशानाधिप से परिवेष्टित, काल, कालकर्ता, चक्र स्वरूप, महाकाल, कलाओं के निधान, पल, अनुपल, विपल, दण्ड, तिथि आदि पक्ष, मास संवत्सर तथा युगादि महाकालों से समन्वित है, जिनके नेत्र, करोड़ों उल्का के समान, तथा जिनकी दाढ़ अत्यन्त तीक्ष्ण है, जो सुरेश्वर हैं जो करोड़ों-करोड़ों नेत्र समूहों से युक्त एवं करोड़ों-करोड़ों मुख कमलों से सुशोभित हैं चिद्रूप, सदसन्मुक्ति रूप, तथा अनेक रूप वाले हैं ऐसे कालरुद्र परमेश्वर का साधक अत्यन्त सुख से नासिका के ऊपर दोनों भ्रू के मध्य में रहने वाले आज्ञा चक्र के श्रेष्ठ स्थान में ध्यान कर तत्क्षण तन्मय हो जावे । फिर रौरवादि नरकों का विनाश करने वाली हाकिनी देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ २३-२९ ॥

कोटिसौदामिनीभासाममृतानन्दविग्रहाम् ।
अमातत्त्वपूर्णशोभां[१] हेमवाराणसीस्थिताम् ॥ ३० ॥
नानालङ्कार शोभाङ्गीं नवयौवनशालिनीम् ।
पीनस्तनीं[२] बलोन्मत्तां सर्वाधारस्वरूपिणीम् ॥ ३१ ॥
दीर्घप्रणवजापेन[३] तोषयन्तीं त्रिविक्रमम् ।
मौनां मनोमयीं देवीं सर्वविद्यास्वरूपिणीम् ॥ ३२ ॥
महाकालीं महानीलां पीतवर्णां शशिप्रभाम् ।
त्रिपुरां सुन्दरीं वामां वामकामदुघां[४] शिवाम् ॥ ३३ ॥
ध्यायेदेकासने वामे परनाथस्य पावनीम् ।
सर्वाधारात्मिकां शक्तिं दुर्निवार्यां दुरत्ययाम् ॥ ३४ ॥

जिनके शरीर की कान्ति करोड़ों विद्युत् की आभा के समान है, तथा शरीर अमृतानन्दमय हैं, सभी के तत्त्व से परिपूर्ण होने के कारणं जिनकी शोभा शरीर में समा नही रही हैं, ऐसी सुवर्णमय वाराणसी में निवास करने वाली, अनेक प्रकार के अलङ्कारों से सुशोभित अङ्ग वाली, नवीन यौवन से परिपूर्ण, मोटे-मोटे स्तन वाली, बल से इठलाती हुई, सबकी आधार स्वरूपा, दीर्घ काल तक प्रणव के जप से त्रिविक्रम वामन को संतुष्ट करने

१. अयुतेन्दु—ख० । २. नवीन यौवनोन्मत्ताम्—क० । ३. कामहराम्—क० ।
४. प्रणवस्य जापः, प्रणवजापः, दीर्घश्चासौ प्रणवजापश्चेति भावः ।

वाली, मौन रहने वाली, मनोमयी, सर्व विद्या स्वरूपिणी देवी महाकाली, महानीला, पीतवर्णा एवं चन्द्रवर्णा, त्रिपुरा, सुन्दरी, वामा, वामकामदुघा, परम पावनी शिवा का, जो परनाथ शिव के साथ वाम भाग में एक आसन पर विराजमान है, ध्यान करना चाहिए ॥ ३०-३४ ॥

श्वासमात्रेण वसयेत् कुलमार्गं न पण्डितः ।
कुलाकुलविभागेन आत्मानं नीयते परे ॥ ३५ ॥

वही सर्वधारात्मिका शक्ति हैं उनको कोई रोक नहीं सकता । अतएव दुरत्यय हैं । पण्डित साधक श्वासमात्र से उनका कुलमार्ग न रोके वही कुलाकुल के विभाग के द्वारा आत्मा को पर (नाथ शिव) से मिलाने वाली है ॥ ३४-३५ ॥

श्वासाभ्यासं विना नाथ अष्टाङ्गाभ्यसनेन च ।
विना दमेन धैर्येण कुलमार्गो न सिद्ध्यति ॥ ३६ ॥
तथा पूरकयोगेन[१] रेचकेनापि तिष्ठति ।
विना कुम्भकसत्त्वेन यथैतौ नापि तिष्ठतः ॥ ३७ ॥

हे नाथ ! श्वास का अभ्यास तथा अष्टाङ्ग योग का अभ्यास तथा इन्द्रियों के दमन के बिना 'कुल मार्ग' सिद्ध नहीं होता । केवल पूरक के योग से तथा केवल रेचक से भी वे स्थिर नहीं रहती । जिस प्रकार कुम्भक के रहते हुये भी ये दोनों पूरक और रेचक नहीं रहते ॥ ३६-३७ ॥

तथा योगं विना नाथ अष्टाङ्गाभ्यसनं विना ।
कुलमार्गो महातत्त्वो न सिद्ध्यति कदाचन ॥ ३८ ॥

इसी प्रकार हे नाथ ! योग के बिना तथा अष्टाङ्ग के अभ्यास के बिना महा तत्त्ववान् 'कुलमार्ग' किसी प्रकार सिद्ध नहीं होता ॥ ३८ ॥

कुलमार्गं विना मोक्षं कः प्राप्नोति महीतले ।
कुलमार्गं न जानाति योगवाक्यागमाकुलम् ॥ ३९ ॥
स कथं पूजयेद्देवीं तस्य योगः कृतः प्रभो ।
अज्ञात्वा[२] वीरनाथानामाचारं यः करोति हि ॥ ४० ॥
तेषां[३] बहुदिने योगशिक्षा भवति निश्चितम् ।

कुलमार्ग की सिद्धि किए बिना इस पृथ्वी पर कौन ऐसा है, जिसे मोक्ष मार्ग प्राप्त हो

---

१. 'पूरकयोगेण' इत्युचितः पाठः, कुमति चेति नित्यं णत्वप्राप्तिः, अथवा युवादेर्न इति वार्तिकेन णत्वनिषेधः ।

२. योगाभ्यासं सदा कुर्यात् कुलमार्गप्रसिद्धये ।
आदौ भूत्वा महायोगी कुलीनः प्रभवेत् ततः ॥
आदौ कुलाचारभावं यः करोति नराधमः ।
योगाभ्यासं विहायापि स भवेत् ब्रह्मराक्षसः ।।—क० ।

३. वज्रानले—ख० ।

जावे । जो कुलमार्ग नहीं जानता, योगवाक्य नहीं जानता अथवा आगम मार्ग के 'कुल' को नहीं जानता, भला वह किस प्रकार देवी की पूजा कर सकता है । हे प्रभो ! उसे योग भी कैसे प्राप्त हो सकता है ? जो इसको जाने बिना वीरनाथ के परम्परागत सदाचार को करता है, उनको योग की शिक्षा बहुत दिन में प्राप्त होती है यह निश्चित है ॥ ३९-४१ ॥

प्राणायामं महाधर्मं वेदानामप्यगोचरम् ॥ ४१ ॥
सर्वपुण्यस्य सारं हि पापराशितुलानलम्[1] ।
महापातककोटीनां तत्कोटीनाञ्च दुष्कृतम् ॥ ४२ ॥
पूर्वजन्मार्जितं पापं नानादुष्कर्मपातकम् ।
नश्यत्येव महादेव षण्मासाभ्यासयोगतः ॥ ४३ ॥

प्राणायाम महिमा वर्णन—प्राणायाम सबसे बड़ा धर्म है जिसे वेद भी जानने में असमर्थ हैं । यह प्राणायाम सभी पुण्यों का स्थिरांश है । पापराशि रूपी रूई को जलाने के लिए अग्नि है । करोड़ों महापातकों का उसके भी करोड़ों गुना किए गये दुष्कृत, पूर्वजन्मार्जित पाप तथा अनेक प्रकार के दुष्कर्म जन्य पातक, हे महादेव ! प्राणायाम के छः महीने के अभ्यास के योग से नष्ट हो जाते हैं ॥ ४१-४३ ॥

विमर्श—पापराशिः तुलः, तूलः तयानलमिव अग्निरिव । अथ तुलशब्दे ह्रस्व-उकारश्छन्दोऽनुरोधात् ।

सन्ध्याकाले प्रभाते च यः करोत्यप्यहर्निशम् ।
वशी षोडशसंख्याभिः प्राणायामान् पुनः पुनः ॥ ४४ ॥
संवत्सरं वशी ध्यात्त्वा खेचरो योगिराड् भवेत् ।
योगी भूत्वा कौलमार्गं समाश्रित्यामरो भवेत् ॥ ४५ ॥
महाविद्यापतिर्भूत्वा विचारात् साधकोत्तमः ॥ ४६ ॥

॥इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावार्थबोधनिर्णये पाशवकल्पे आज्ञाचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे षोडशः पटलः ॥ १६ ॥

जो साधक सन्ध्या काल में, प्रभात में अथवा दिन रात संयमशील होकर १६, १६ की संख्या में बारम्बार प्राणायाम करता है, वह संयमी मात्र संवत्सर काल में ध्यान से आकाश गामी योगिराज बन जाता है । योगी हो कर कौलमार्ग का आश्रय लेकर वह साधकोत्तम विचार करता हुआ विद्यापति बन कर देवता बन जाता है ॥ ४४-४६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावार्थबोधनिर्णय में पाशवकल्प में आज्ञाचक्रसारसंकेत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में सोलहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १६ ॥

अथ सप्तदशः पटलः

आनन्दभैरवी[1] उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव अथर्ववेदलक्षणम् ।
सर्ववर्णस्य सारं हि शक्त्याचारसमन्वितम् ॥ १ ॥
अथर्ववेदादुत्पन्नं सामवेदं तमोगुणम् ।
सामवेदाद्यजुर्वेदं महासत्त्वसमुद्भवम् ॥ २ ॥
रजोगुणमयं ब्रह्मा ऋग्वेदं यजुषः स्थितम् ।
मृणालसूत्रसदृशी[1] [2]अथर्ववेदरूपिणी ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर अथर्ववेद का लक्षण कहती हूँ, जो शक्त्याचार से समन्वित समस्त वर्णों का स्थिरांश है । अथर्ववेद से तमोगुण वाला सामवेद उत्पन्न हुआ । पुनः उस सामवेद से समस्त महासत्त्व का उतपत्ति स्थान भूत यजुर्वेद उत्पन्न हुआ। उस यजुर्वेद से रजोगुणमय ऋग्वेद उत्पन्न हुआ, जहाँ ब्रह्मदेव की स्थिति है ॥ १-३ ॥

अथर्वे सर्ववेदाश्च जलखेचरभूचराः ।
निवसन्ति महा विद्या[3] कुलविद्या महर्षयः ॥ ४ ॥
समाप्तिपत्रशेषार्थं समीपं लोकमण्डले ।
शक्तिचक्रसमाक्रान्तं दिव्यभावात्मकं शुभम् ॥ ५ ॥

अथर्ववेद रूपिणी यह महाशक्ति मृणालतन्तु के सदृश है । इस अथर्व वेद में सभी वेद समस्त जलचर, खेचर तथा भूचर समाहित है । इसमें महाविद्यायें, अन्य विद्यायें, कुल विद्या तथा समस्त महर्षिगण निवास करते हैं । समाप्त होने वाले पत्र पर शेष सभी वस्तुयें हैं जो इस लोकमण्डल की सीमा से संयुक्त हैं । यह पत्र शक्तिचक्र से समाक्रान्त तथा कल्याण करने वाला दिव्यभावात्मक है ॥ ३-५ ॥

तत्रैव वीरभावञ्च तत्रैव पशुभावकम् ।
सर्वभावात् परं तत्त्वमथर्वं वेदपत्रकम् ॥ ६ ॥
द्विबिन्दुनिलयस्थानं ब्रह्माविष्णुशिवात्मकम् ।
चतुर्वेदान्वितं तत्त्वं शरीरं दृढनिर्मितम् ॥ ७ ॥

उसी पर वीरभाव तथा पशुभाव भी रहता है । इस प्रकार सबको उत्पन्न करने के

---

१. शूकसूत्रसदृशी—क० । २. विद्या—क० ख० ।
३. मृणालसूत्रेण कमलतन्तुना सदृशी ।

कारण वेद पत्र वाला यह अथर्व सबका तत्त्व है । वह दो बिन्दुओं के निलय का स्थान, ब्रह्मा, विष्णु, शिवात्मक यह शरीर तत्त्व चारों वेदों से युक्त है, इसकी रचना दृढ़तापूर्वक की गई है ॥ ६-७ ॥

चतुर्विंशतितत्त्वानि सन्ति गात्रे मनोहरे ।
ब्रह्मा रजोगुणाक्रान्तः पूरकेणाभिरक्षति ॥ ८ ॥
विष्णुः सत्त्वगुणाक्रान्तः[१] कुम्भकैः स्थिरभावनैः ।
हरस्तमोगुणाक्रान्तो रेचकेणापि विग्रहम् ॥ ९ ॥

इस मनोहर शरीर में चौबीस तत्त्व हैं, इसकी रक्षा रजोगुण से आक्रान्त ब्रह्मदेव पूरक प्राणायाम से करते हैं । सत्त्वगुण से आक्रान्त विष्णुदेव स्थिरभावना वाले कुम्भक प्राणायाम से तथा तमोगुण से आक्रान्त सदाशिव रेचक के द्वारा इस शरीर की रक्षा करते हैं ॥ ८-९ ॥

अथर्ववेदचक्रस्था कुण्डली परदेवता ।
एतन्माया तु यो नैव ब्रह्मविष्णुशिवेन च ॥ १० ॥
शरीरं देवनिलयं भक्तं ज्ञात्वा प्रवक्ष्यति ।
सर्ववेदमयी देवी सर्वमन्त्रस्वरूपिणी ॥ ११ ॥

कुण्डलिनी की महिमा—अथर्ववेद के चक्र पर रहने वाली कुण्डलिनी परा शक्ति हैं । यही माया है जो ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव से अलग रहती है । यह शरीर देवताओं का निवास स्थान है, जिसे सर्वदेवमयी, सर्व मन्त्र स्वरूपिणी यह कुण्डलिनी अपने भक्त को ही प्रदान करती है ॥ १०-११ ॥

सर्वयन्त्रात्मिका विद्या वेदविद्याप्रकाशिनी ।
चैतन्या सर्वधर्मज्ञा स्वधर्मस्थानवासिनी ॥ १२ ॥
अचैतन्या ज्ञानरूपा हेमचम्पकमालिनी ।
अकलङ्का निराधारा शुद्धज्ञानमनोजवा ॥ १३ ॥

यह सर्व यन्त्रात्मिका है । यह विद्या है तथा वेद विद्या का प्रकाश इसी से होता है । यह चैतन्य है । यह सब प्रकार के धर्मो को जानने वाली है तथा अपने धर्मस्थान पर निवास करती है । यह अचैतन्या एवं ज्ञानरूपा है । यह सुवर्ण के समान पीत वर्ण की चम्पकमाला धारण करने वाली हैं और कलङ्क से रहित सर्वथा स्वच्छ एवं किसी के आधार पर न रहने वाली शुद्ध ज्ञान स्वरूपा तथा मन के समान वेगवती है ॥ १२-१३ ॥

सर्वसङ्कटहन्त्री च सा शरीरं प्रपाति हि ।
तस्याः कार्यमिदं विश्वं तस्याः पुण्यानि हन्ति हि ॥ १४ ॥
तस्याश्चैतन्यकरणे सदा व्याकुलचेतसः ।
महात्मानः प्रसिद्ध्यन्ति यदि कुर्वन्ति चेतनाम् ॥ १५ ॥

---

४. सत्त्वगुर्णराक्रान्तः ।

तस्या अनुग्रहादेव किं न [1]सिद्ध्यति भूतले ।
षण्मासाभ्यासयोगेन चैतन्या कुण्डली भवेत् ॥ १६ ॥

यह सारे सङ्कटों का विनाश करने वाली है । वही शरीर की रक्षा भी करती है, यह समस्त विश्व उसी का कार्य है, उसी के पुण्य इस विश्व का विनाश भी करते हैं । महात्मा लोग उसी को सचैतन्य बनाने के लिए सदा व्याकुल हो कर यत्न करते रहते हैं यदि उसे सचेतन बना लेते है । तब उसके अनुग्रह से इस भूतल पर क्या सिद्ध नहीं होता ? छः महीने निरन्तर अभ्यास करते रहने पर यह कुण्डलिनी चेतना प्राप्त करती है ॥ १४-१६ ॥

सा देवी वायवी शक्तिः परमाकाशवाहिनी ।
तारिणी वेदमाता च बहिर्याति दिने दिने ॥ १७ ॥
द्वादशाङ्गुलमानेन आयुः क्षरति नित्यशः ।
द्वादशाङ्गुलवायुश्च क्षयं कुर्याद्दिने दिने ॥ १८ ॥
यावद् यावद् बहिर्याति कुण्डली परदेवता ।
तावत्तावत्खण्डलयं भवेद्धि पापमोक्षणम् ॥ १९ ॥

यही वायवी शक्ति है जो सर्वदा परमाकाश में बहती रहती है । यह तारने वाली है । वेदों की जननी है तथा प्रतिदिन (शरीर के) बाहर जाती रहती है । मनुष्य की आयु १२ अंगुल के प्रमाण से नित्य संक्षरण करती है । इसलिए पुरुष को चाहिए कि वह १२ अंगुल के वायु को नित्य क्षय करता रहे । यह पर देवता स्वरूपा, कुण्डलिनी, जब जब बाहर जाती है तब तब खण्डलय होता रहता है, और पाप से छुटकारा मिलता रहता है ॥ १७-१९ ॥

यदा यदा न क्षरति वायवी सूक्ष्मरूपिणी ।
बाह्यचन्द्रे महादेव आग्नेयी सोममण्डले ॥ २० ॥
मूलाधारे कामरूपे ज्वलन्ती चण्डिका शिखा ।
यदा शिरोमण्डले च सहस्रदलपङ्कजे ॥ २१ ॥
तेजोमयी सदा याति शिवं कामेश्वरं प्रभुम् ।
अच्युताख्यं महादेवं तदा ज्ञानी स योगिराट् ॥ २२ ॥

हे महादेव ! जब यह सूक्ष्मरूपिणी अग्निदेवता वाली वायवी शक्ति वाह्य चन्द्र वाले सोम-मण्डल में संक्षरण नहीं करती तब तक कामरूप मूलाधार में यह चण्डिका बन कर शिखा के समान जलती रहती है। जब यह तेजोमयी शिरो मण्डल में स्थित सहस्त्र दल कमल में कामेश्वर सदाशिव अच्युत महादेव के समीप जाती है, तब साधक ज्ञानी एवं योगिराज बन जाता है ॥ २०-२२ ॥

यदि क्षरति सा देवी बाह्यचन्द्रे मनोलये ।
तदा योगं समाकुर्यात् यावत् शीर्षेण[2] गच्छति ॥ २३ ॥

---

१. किं न सिद्धयति, सर्व सिध्यति इति तात्पर्यम् ।

२. वैदिकोऽयं शब्दः क्वचिल्लोकेऽपि ।

यदि शीर्षे समागम्यामृतपानं करोति सा ।
वायवी सूक्ष्मदेहस्था सूक्ष्मालयप्रिया सती ॥ २४ ॥
तदेव[1] परमा सिद्धिर्भक्तिमार्गो न संशयः ।
चतुर्वेद ज्ञानसारं अथर्वं परिकीर्तितम् ॥ २५ ॥

जब यह देवी मन को लीन करने वाले बाह्य चन्द्र में क्षरण करती हैं तब योगारम्भ करना चाहिए, जिससे यह शिरः प्रदेश से सहस्त्र दल पङ्कज में गमन करे । यदि सूक्ष्म देह में रहने वाली सूक्ष्मालय प्रिया यह वायवी शक्ति शिरः स्थान के सहस्त्रदल पङ्कज में जाकर अमृत पान करती है, तभी साधक को परमा सिद्धि प्राप्त होती है । वही भक्ति मार्ग है । इसमें संशय नहीं । इसलिए अथर्व चारों वेदों के ज्ञान का सार कहा जाता है ॥ २३-२५ ॥

अथर्ववेदविद्या च देवता वायवी मता ।
तस्याः सेवनमात्रेण रुद्ररूपो भवेन्नरः ॥ २६ ॥
केवलं कुम्भकस्था सा एका ब्रह्मप्रकाशिनी ।

भैरव उवाच

केन वा वायवी शक्तिः[2] कृपा भवति पार्वति ॥ २७ ॥

अर्थव वेद विद्या की देवता वायवी शक्ति कही गई है । उसके सेवन मात्र से मनुष्य रुद्रस्वरूप बन जाता है । वह केवल कुम्भक प्राणायाम में अकेले रह कर ब्रह्मविद्या का प्रकाश करती है ॥ २६-२७ ॥

भैरव ने कहा—हे पार्वती ! यह वायवी शक्ति किससे उत्पन्न होती है और किस प्रकार कृपा करती है ? ॥ २७ ॥

स्थिरचेता भवेत् केन विवेकी वा कथं भवेत् ।
मन्त्रसिद्धिर्भवेत् केन कायसिद्धिः कथं भवेत् ॥ २८ ॥
विस्तार्य वद चामुण्डे आनन्दभैरवेश्वरी ।

आनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्वैकमनाः शम्भो मम प्राणकुलेश्वर ॥ २९ ॥

साधक अपने चित्त को किस प्रकार स्थिर करता है ? और किस प्रकार विवेकी बनता है? किस प्रकार से मन्त्र की सिद्धि की जाती है तथा काय की सिद्धि कैसे होती है ? । हे आनन्द भैरवेश्वरि चामुण्डे ! विस्तार पूर्वक इसका वर्णन कीजिए । **आनन्द भैरवी ने कहा**—हे मेरे प्राणकुलेश्वर ! हे शम्भो ! अब सावधान होकर सुनिए ॥ २८-२९ ॥

एकवाक्येन सकलं कथयामि समासतः ।
श्रद्धया परया भक्त्या मनोनियमतत्परः ॥ ३० ॥

---

१. रूपिणी—ग० । २. आनन्दभैरव—ग० ।

स प्राप्नोति पराशक्तिं वायवीं [१]सूक्ष्मरूपिणीम् ।
धैर्यक्षमामिताहारी[२] शान्तियुक्तो यतिर्महान् ॥ ३१ ॥
सत्यवादी ब्रह्मचारी दयाधर्मसुखोदयः ।
मनसः संयमज्ञानी दिगम्बरकलेवरः ॥ ३२ ॥
सर्वत्र समबुद्धिश्च परमार्थविचारवित् ।
शरशय्या भूमितले वायवीं परमामृतम् ॥ ३३ ॥

वायवी सिद्धि का वर्णन—मैं आपके सभी प्रश्नों का संक्षेप में एक वाक्य से उत्तर दे रही हूँ । श्रद्धा एवं पराभक्ति से जो साधक अपने मन को नियम में तत्पर रखता है, वह सूक्ष्मरूपिणी वायवी पराशक्ति को प्राप्त कर लेता है । जो धैर्य धारण करने वाला क्षमावान् परिमित आहार करने वाला शान्ति युक्त, चित्त को संयम में रखने वाला महान् है । सत्यवादी, ब्रह्मचारी, दयावान् धर्मवान्, सुख पूर्वक अभ्युदय चाहने वाला, मन के संयम का उपाय जानने वाला, नग्न वेश में रहने वाला, सभी में समान बुद्धि रखने वाला, परमार्थ के विचार को जानने वाला, भूमितल पर अथवा चटाई पर सोने वाला साधक है वही वायवी परमामृत शक्ति को प्राप्त करता है ॥ ३०-३३ ॥

य एवं पिबति क्षिप्रं तत्रैव वायवी कृपा ।
गुरुसेवापरे धीरे[३] शुद्धसत्त्वतनुप्रभे ॥ ३४ ॥
भक्ते अष्टाङ्गनिरते वायवी सुकृपा भवेत् ।
अतिथिं भोजयेद्यस्तु न भुक्त्वा स्वयमेव च ॥ ३५ ॥

वायवी कृपा—जो इस प्रकार रह कर उस वायवी परमामृत का पान करता हैं उसी पर वायवी शक्ति की कृपा होती है, जो गुरु की सेवा में सर्वदा निरत रहने वाला धैर्यवान् शुद्ध सत्त्व से युक्त शरीर वाला, अष्टाङ्ग योग से युक्त भक्त है उस पर वायवी शक्ति की सुकृपा होती है, जो स्वयं बिना भोजन किए, अतिथि को भोजन कराता है, उस पर वायवी शक्ति की कृपा होती है ॥ ३४-३५ ॥

सर्वपापविनिर्मुक्तो वायवी सुकृपा ततः ।
अन्तरात्मा महात्मा यः कुरुते वायुधारणम् ॥ ३६ ॥
देवगुरौ सत्यबुद्धिर्वायवी सुकृपा ततः ।
एककालो वृथा याति नैव यस्य महेश्वर ॥ ३७ ॥
वायव्यां चित्तमादाय तत्रानिलकृपा भवेत् ।
विचरन्ति महीमध्ये योगशिक्षानिबन्धनम् ॥ ३८ ॥
प्राणायामेच्छुको यो वा वायवी सुकृपा ततः ।
प्रतिवत्सरमानेन पीठे पीठे वसन्ति ये ॥ ३९ ॥

---

१. गामिनीम्—ग० ।
२. केन हेतुना या वायवी शक्तिः तन्त्रशास्त्रप्रसिद्धा, तस्याः कृपा भवति, पार्वति ! इति सम्बोधनम् ।
३. परमाणु—ग० ।

वायवीं प्रजपन्तीह वायवी सुकृपा ततः।
अल्पाहारी निरोगी च विजयानन्दनन्दितः ॥ ४० ॥

जो सभी पापों से विनिर्मुक्त है उस पर वायवी कृपा होती हैं, जो अन्तः करण से महात्मा है और वायु को धारण करता है। देवता तथा गुरुजनों में सात्त्विक बुद्धि रखता है उस पर वायवी सुकृपा होती है, हे महेश्वर ! वायवी शक्ति को चित्त में धारण करने से जिसका एक काल भी व्यर्थ नहीं जाता, उस पर वायवी कृपा होती है, जो लोग योग शिक्षा से निपुणेता प्राप्त कर पृथ्वी मण्डल में विचरण करते हैं, अथवा जो प्राणायाम में अभिलाषा रखते हैं उन पर वायवी कृपा होती है। जो एक-एक संवत्सर के क्रम से शक्ति के एक एक पीठ में निवास करते हैं और वायवी शक्ति का जप करते हैं उन पर वायवी शक्ति की कृपा समझनी चाहिए ॥ ३६-४० ॥

वायवीं भजतो योगी वायवी सुकृपा भवेत्।
अन्तर्यागे पीठचक्रे चित्तमाधाय यत्नतः ॥ ४१ ॥
नामनिष्ठो धारणाख्यो वायवी सुकृपा ततः।
पशुभाव समाक्रान्तः सदा रेतोविवर्जितः ॥ ४२ ॥

जो स्वल्प आहार करने वाला, नीरोग, विजया के आनन्द से मस्त रहने वाला योगी वायवी शक्ति का भजन करता है उस पर वायवी कृपा होती है। जो साधक यत्न पूर्वक अन्तर्याग रूप पीठचक्र में चित्त को स्थिर कर नाम में निष्ठा रखता हुआ धारण करता है, उस पर वायवी कृपा होती है ॥ ४०-४२ ॥

शुक्रमैथुनहीनश्च वायवी सुकृपा ततः।
अकालेऽपि सकालेऽपि नित्यं धारणतत्परः ॥ ४३ ॥
योगिनामपि सङ्गी यो वायवी सुकृपा ततः।
बन्धुबान्धवहीनश्च विवेकाक्रान्तमानसः ॥ ४४ ॥

जो पशुभाव से समाक्रान्त होकर रेतः का स्खलन नहीं करता तथा शुक्रपात वाला मैथुन नहीं करता उस पर वायवी सुकृपा होती है। अकाल में अथवा उत्तम काल में जो नित्य 'धारणा' में लगा रहता है और योगियों का साथ करता है, उस पर वायवी कृपा समझनी चाहिए ॥ ४२-४४ ॥

शोकाशोकसमं[१] भावं वायवी सुकृपा ततः।
सर्वदानन्दहृदयः कालज्ञो भौतसाधनः ॥ ४५ ॥
मौनधारणजापश्च वायवी सुकृपा ततः।
निर्जनस्थाननिरतो[२] निश्चेष्टो दीनवत्सलः ॥ ४६ ॥

---

१. शोकः, अशोकः शोकाभावः, उभाभ्यां समं भावमधिगच्छति वायवीकृपया इति भावः।

२. सर्वशास्त्रार्थवेत्ता च विधिवेत्ता च धार्मिकः। सूक्ष्मवायुप्रसादज्ञो वायवी सुकृपा ततः ॥
सहसा बहु इष्टज्ञो निन्दाधर्मविवर्जितः। शिल्पकर्माभिमानी यो वायवी सुकृपा ततः ॥
इति क० अ० पु० पाठः।

जो बन्धु-बान्धव से हीन तथा विवेक युक्त चित्त वाला है, शोक और हर्ष के भाव जिसके लिए समान है, उस पर वायवी कृपा समझनी चाहिए। जिसका हृदय सर्वदा आनन्द से परिपूर्ण है, जो काल का ज्ञाता है, पञ्चभूत शरीर जिसका साधन है, जो मौन धारण करने वाला तथा जप करने वाला है, उस पर वायवी कृपा समझनी चाहिए ॥ ४४-४६ ॥

बहुजल्पनशून्यश्च स्थिरचेताः प्रकीर्तितः ।
हास्य सन्तोषहिंसादिरहितः[१] पीठपारगः ॥ ४७ ॥
योगशिक्षासमाप्त्यर्थी स्थिरचेताः प्रकीर्तितः ।
मत्कुलागमभावो ज्ञो महाविद्यादिमन्त्रवित् ॥ ४८ ॥

निर्जन स्थान में रहने वाला, किसी प्रकार की चेष्टा न करने वाला, दीनों के ऊपर प्रेम करने वाला, अधिक न बोलने वाला पुरुष स्थिरचित्त कहा जाता है। हास्य, असंतोष, हिंसादि से रहित, पीठ (आसन) का पारवेत्ता योग शिक्षा की समाप्ति चाहने वाला साधक स्थिरचित्त कहा जाता है ॥ ४७-४८ ॥

शुद्धभक्तियुतः शान्तः स्थिरचेताः प्रकीर्तितः ।
मूलाधारे कामरूपे हृदि जालन्धरे तथा ॥ ४९ ॥

मेरे कुलागम के समस्त प्रक्रियाओं को जानने वाला महाविद्या आदि मन्त्रों का जानकार शुद्ध भक्ति से युक्त तथा शान्त साधक स्थिर चित्त वाला कहा जाता है ॥ ४८-४९ ॥

ललाटे पूर्णगिर्याख्ये उड्डीयाने तदूर्ध्वके ।
वाराणस्यां भ्रुवोर्मध्ये ज्वलन्त्यां लोचनत्रये ॥ ५० ॥
मायावत्यां सुखवृत्ते कण्ठे चाष्टपुरे तथा ।
अयोध्यायां नाभिदेशे कट्यां काञ्च्यां महेश्वर ॥ ५१ ॥
पीठेष्वेतेषु भूलोके चित्तमाधाय यत्नतः ।
उदरे पूरयेद् वायुं सूक्ष्मसङ्केतभाषया ॥ ५२ ॥

मूलाधार रूपी कामरूप पीठ में, हृदय रूपी जालन्धर पीठ में, ललाट रूपी पूर्णगिरि पीठ में, उससे ऊपर (मूर्धा) उड्डीयान में, भ्रू के मध्य रूपी वाराणसी में, लोचनत्रय रूपी ज्वालामुखी में, मुखवृत्त रूपी माया तीर्थ में, कण्ठ रूपी अष्टपुरी में, नाभिदेश रूपी अयोध्या में, कटिरूपी काञ्चीपुरी में हे महेश्वर ! जो भूलोक के इन पीठों में यत्न पूर्वक चित्त को लगाकर सूक्ष्म सङ्केत की भाषा से उदर में वायु को पूर्ण बनाता है ॥ ४९-५२ ॥

पादाङ्गुष्ठे च जङ्घायां जानुयुग्मे च मूलके ।
चतुर्दले षड्दले च तथा दशदले तथा ॥ ५३ ॥
दले द्वादशके चैव सिद्धिसिद्धान्तनिर्मले[२] ।
कण्ठे षोडशपत्रे च द्विदले पूर्णतेजसि ॥ ५४ ॥

---

१. हास्यसन्तोषहिंसादिभिः रहितः, तृतीयातत्पुरुषः ।

२. सिद्धिसिद्धान्ताभ्यां निर्मले ।

कैलासाख्ये [१]ब्रह्मरन्ध्रपदे निर्मलतेजसि ।
सहस्रारे महापद्मे कोटिकोटिविधुप्रभे ॥ ५५ ॥
चालयित्वा महावायुं कुम्भयित्वा पुनः पुनः ।
पूरयित्वा रेचयित्वा रोमकूपाद्विनिर्गतम् ॥ ५६ ॥

अपने पैर के दोनों अंगूठों को जंघा पर तथा दोनो जानुओं को मूलाधार में स्थापित कर चार दल वाले छः दल वाले, दश दल वाले, सिद्धि सिद्धान्त से निर्मल द्वादश दल वाले, कण्ठ में रहने वाले सोलह पत्र वाले, पूर्णतेजःस्वरूप में दो दल वाले, करोड़ों करोड़ों चन्द्रमा की प्रभा के समान सहस्त्र पत्र वाले महापद्म में महावायु को चला चला कर, पुनः पुनः उसे कुम्भक कर, फिर पूरक करे । तदनन्तर रेचक कर रोमकूप से निकले हुये ॥ ५३-५६ ॥

तिस्रः कोट्यर्धकोटि च यानि लोमानि मानुषे ।
नाडीमुखानि सर्वाणि धर्मबिन्दुं च्यवन्ति हि ॥ ५७ ॥
यावत्तद्बिन्दुपातश्च तावत्कालं लयं[२] स्मृतम् ।
तावत्कालं प्राणयोगात् प्रस्वेदाधमसिद्धिदम् ॥ ५८ ॥

अधम सिद्धि का लक्षण—मनुष्य के शरीर में होने वाले साढ़े तीन करोड़ रोम हैं वे तथा सभी प्रमुख नाडियाँ घर्म बिन्दु को चुआते रहते हैं । जब तक इस प्रकार का बिन्दु पात होता रहता है तब तक लय की स्थिति रहती है, उतने समय तक अर्थात् प्रस्वेद पर्यन्त किया गया प्राणायाम अधम प्रकार की सिद्धि प्रदान करता है ॥ ५७-५८ ॥

सूक्ष्मवायुसेवया च किन्न सिद्ध्यति भूतले ।
लोमकूपे मनो दद्यात् लयस्थाने मनोरमे ॥ ५९ ॥
स्थिरचेता भवेत् शीघ्रं नात्र कार्या विचारणा ।
वायुसेवां विना नाथ कथं सिद्धिर्भवेद् भवे ॥ ६० ॥

स्थिरचित्त साधक के लक्षण—सूक्ष्म वायु की सेवा से (= प्राणायाम) इस पृथ्वी तल में कौन सी वस्तु है जो सिद्ध न हो लोभकूप में जो मनोरम लय का स्थान है उसमें अपने मन को लगाना चाहिए । ऐसा करने से साधक अपने चित्त को स्थिर कर लेता है, इसमें संदेह या विचार की आवश्यकता नहीं । हे नाथ ! वायु सेवा (प्राणायाम) किए बिना इस संसार में भला सिद्धि किस प्रकार प्राप्त हो सकती है ॥ ५९-६० ॥

स्थिरचित्तं बिना नाथ मध्यमापि न जायते ।
स्थाने स्थाने मनो दत्वा वायुना कुम्भकेन च ॥ ६१ ॥
धारयेन्मारुतं मन्त्री कालज्ञानी दिवानिशम् ।
एकान्तनिर्जने स्थित्वा स्थिरचेता भवेद् ध्रुवम् ॥ ६२ ॥

---

१. लोकमुखात्—ग० ।

२. लयमिति लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्येति नियमेन नपुंसकता, अन्यथा 'घत्रजपाः पुंसि' इति सूत्रेणाच्प्रत्ययान्ततया पुंल्लिङ्गता स्यात् ।

हे नाथ ! चित्त को स्थिर किए बिना मध्यमा सिद्धि भी नहीं होती । इसलिए कुम्भक रूप वायु के द्वारा उन उन स्थानों में मन को लगाना चाहिए । काल का ज्ञान रखते हुये मन्त्रज्ञ साधक किसी एकान्त निर्जन स्थान में रह कर वायु धारण (प्राणायाम) करे । ऐसा करने से वह निश्चय ही स्थिर चित्त वाला हो जाता है ॥ ६१-६२ ॥

स्थिरचित्तं विना शम्भो सिद्धिः स्यादुत्तमा कथम् ॥ ६३ ॥
निवाह्य पञ्चेन्द्रियसञ्ज्ञकानि यत्नेन धैर्यायतिरीश्वरस्त्वम् ।
प्राप्नोति मासन्नयसाधनेन विषासवं भोक्तुमसौ समर्थः ॥ ६४ ॥

हे शम्भो ! जब तक चित्त स्थिर न हो तब तक उत्तमा सिद्धि भी क्या किसी प्रकार प्राप्त हो सकती है ? पञ्चेन्द्रिय संज्ञक वालों को अपने वश में कर यति यत्नपूर्वक धीरता धारण करते हुये एक महीने पर्यन्त वायु का साधन करने से ईश्वरत्व प्राप्त कर लेता है, और वह विष के आसव को भी पान करने में समर्थ हो जाता है ॥ ६३-६४ ॥

मासत्रयाभ्यास-सुसञ्चयेन स्थिरेन्द्रियः स्यादधमादिसिद्धिः ।
सा खेचरी सिद्धिरत्र प्रबुद्धा चतुर्थये मासे तु भवेद्विकल्पनम् ॥ ६५ ॥

तीन महीने तक इस प्रकार के अभ्यास के सञ्चय से साधक की इन्द्रियाँ स्थिर हो जाती है और उसे अधम प्राणायाम की सिद्धि हो जाती है । फिर चार महीने में उसे प्रबुद्ध होने वाली खेचरी (आकाशगमत्व) सिद्धि भी प्राप्त होती है ऐसा विकल्प संभव है ॥ ६५ ॥

तदाधिकारी पवनाशनोऽसौ स्थिरासनानन्दसुचेतसा भुवि ।
प्रकल्पने सिद्धिं यथार्थगामिनीमुपेति शीघ्रं वरवीरभावम् ॥ ६६ ॥

इस भूमण्डल में वह अधिकारी तब हो सकता है जब स्थिरासन होकर आनन्द युक्त चित्त से वायु पीता रहे अर्थात् प्राणायाम करता रहे, ऐसा करते रहने से उसे यथार्थ गामिनी सिद्धि प्राप्त होती है, तथा वह शीघ्र ही श्रेष्ठ वीरभाव को प्राप्त कर लेता है ॥ ६६ ॥

सा वयवी शक्तिरनन्तरूपिणी लोभावलीनां कुहरे महासुखम् ।
ददाति सौख्यं गतिचञ्चलं जयं स्थिराशयत्वं सति शास्त्रकोविदम् ॥ ६७ ॥

यह वायवी शक्ति अनन्त स्वरूपिणी है, जो रोम समूहों से कुहर में रह कर साधक को महासुख प्रदान करती है, सौख्य देती है तथा गति चाञ्चल्य प्रदान करती है, जय देती है, अन्तःकरण में स्थिरता देती है तथा शास्त्र का ज्ञान प्रदान करती है ॥ ६७ ॥

षण्मासयोगासननिष्ठदेहा [१] वायुश्रमानन्दरसाप्तविग्रहः ।
विहाय कल्पान्वितयोगभावं श्रुत्यागमान् कर्तुमसौ समर्थः ॥ ६८ ॥

जो साधक छः महीने तक योगासन (के अभ्यास) में शरीर को लगा देता है, उसे वायु के श्रम से आनन्द रस की प्राप्ति होती रहती है, फिर वह कल्प युक्त योगभाव

---

१. सर्वत्रगामिनो भावात्—ग० ।

को त्याग कर श्रुति (वेद) तथा आगम (मन्त्र या तन्त्र शास्त्र) की रचना करने में भी समर्थ हो जाता है ॥ ६८ ॥

स्थिरचेता महासिद्धिं प्राप्नोति नात्र संशयः ।
संवत्सरकृताभ्यासे महाखेचरतां व्रजेत् ॥ ६९ ॥
यावन्निर्गच्छति प्रीता वायवी शक्तिरुत्तमा ।
नासाग्रमववार्यैव स्थिरचेता महामतिः ॥ ७० ॥

जिसका चित्त स्थिर होता है, वही महासिद्धि प्राप्त करता है इसमें संशय नहीं । संवत्सर पर्यन्त अभ्यास करते रहने पर साधक महाखेचरत्त्व प्राप्त कर लेता है । जब तक यह उत्तमा वायवी शक्ति, सुखपूर्वक बाहर निकलती रहती है, तब तक महाबुद्धिमान् नासा के अग्रभाग में चित्त को लगावे, ऐसा करने से वह स्थिर चित्त हो जाता है ॥ ६९-७० ॥

चण्डवेगा यदा क्षिप्रमन्तरालं न गच्छति ।
सर्वत्रगामी स भवेत् तावत्कालं विचक्षणः ॥ ७१ ॥
यदि शीर्षादूर्ध्वदेशे द्वादशाङ्गुलकोपरि ।
गन्तुं समर्थो भगवान् शिवतुल्यो गणेश्वरः ॥ ७२ ॥
सर्वत्रगामी प्रभवेत् खेचरो योगिराड् वशी ।
इति सिद्धिर्वत्सरे स्यात् स्थिरचित्तेन शङ्कर ॥ ७३ ॥

प्रचण्ड वेग वाली वायु जब शीघ्रता से भीतर न प्रवेश करे तब तक वह विचक्षण सर्वत्रगामी हो सकता है । यदि शिरःप्रदेश के ऊपर १२ अंगुल ऊपर तक साधक जाने में समर्थ हो जावे तो वह शिव के सदृश भगवान् एवं गणेश्वर है । हे शङ्कर ! एक वर्ष के भीतर स्थिर चित्त होने से सिद्धि अवश्य हो जाती है, वह साधक आकाशचारी, सर्वत्रगामी, योगिराट् तथा जितेन्द्रिय हो जाता है ॥ ७१-७३ ॥

योगी भूत्वा मनःस्थैर्यं न करोति यदा भुवि ।
कृच्छ्रेण पदमारुह्य प्रपतेन्नारकी यथा ॥ ७४ ॥
अत एव महाकाल स्थिरचेता भव प्रभो ।
तदा मां प्राप्स्यसि क्षिप्रं वायवीमष्टसिद्धिदाम्[1] ॥ ७५ ॥

यदि साधक इस भूलोक में योगी बन कर भी मन की स्थिरता का अभ्यास न करे तो वह बड़े कष्ट से ऊचाई पर जा कर भी नारकीय मनुष्य के समान नीचे गिर जाता है । इसलिए, हे महाकाल ! हे प्रभो ! चित्त को स्थिर रखिए, तब बड़ी शीघ्रता से आठों प्रकार की सिद्धियों को देने वाली मुझे आप प्राप्त कर लेंगे ॥ ७४-७५ ॥

यदि सिद्धो भवेद् भूमौ वायवीसुकृपादिभिः ।
सदा कामस्थिरो भूत्वा गोपयेन्मातृजारवत्[2] ॥ ७६ ॥

---

१. अष्टौ सिद्धयोऽष्टसिद्धयस्ता ददाति या सा ताम् ।
२. मातुः जारो यथा गोपनीयो भवति, तद्वत् ।

यदि साधक वायवी शक्ति की सुन्दर कृपा आदि के द्वारा सिद्धि प्राप्त कर ले तो वह सभी कामनाओं से स्थिर हो कर अपनी सिद्धि को इस प्रकार गोपनीय रखे जैसे कोई अपनी माता के जार (उपपति) को प्रगट नहीं करता ॥ ७६ ॥

यदा यदा महादेव योगाभ्यासं करोति यः ।
शिष्येभ्योऽपि सुतेभ्योऽपि दत्वा कार्यं करोति यः ॥ ७७ ॥
तदैव स महासिद्धिं प्राप्नोति नात्र संशयः ।
संवत्सरं चरेद्धर्मं योगमार्गं हि दुर्गमम् ॥ ७८ ॥

हे महादेव ! जो पुरुष जैसे-जैसे योगाभ्यास करता है । उसे वह अपने शिष्यों को तथा अपने पुत्रों को भी शिक्षित करते हुये साधना कार्य करता रहे । उस समय ही वह महासिद्धि प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं । यतः योगमार्ग बहुत दुर्गम है । अतः संवत्सर पर्यन्त धर्म का आचरण करते रहना चाहिए ॥ ७७-७८ ॥

प्रकाशयेन्न कदापि कृत्वा मृत्युमवाप्नुयात् ।
योगयोगाद् भवेन्मोक्षो मन्त्रसिद्धिरखण्डिता ॥ ७९ ॥
न प्रकाश्यमतो योगं भुक्तिमुक्तिफलाय च ।
नित्यं सुखं महाधर्मं प्राप्नोति वत्सराद् बहिः ॥ ८० ॥

योगमार्ग में सिद्धि प्राप्त कर लेने पर साधक उसे कदापि प्रगट न करे । यदि सबको प्रगट कर देता है तो वह मृत्यु को प्राप्त करता है । योग से युक्त हो जाने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है और मन्त्रसिद्धि भी खण्डित नहीं होती । यतः योग 'भोग और मोक्ष' दोनों प्रकार का फल देने वाला है, इसलिए उसे प्रकाशित न करे । एक संवत्सर से ऊपर बीत जाने पर साधक योगाभ्यास से सुख तथा महाधर्म प्राप्त करने लग जाता है ॥ ७९-८० ॥

आत्मसुखं नित्यसुखं मन्त्रं यन्त्रं तथागमम् ।
प्रकाशयेन्न कदापि कुलमार्ग कुलेश्वर ॥ ८१ ॥
यद्येवं कुरुते धर्मं तदा मरणमाप्नुयात् ।
योगभ्रष्टो विज्ञानज्ञोऽजड़ो मृत्युमवाप्नुयात् ॥ ८२ ॥

आत्मानन्द का सुख, नित्य सुख, मन्त्र, यन्त्र तथा आगम शास्त्र तथा कुलमार्ग कुण्डलिनी का ज्ञान हो जाने पर, हे कुलेश्वर ! उसे कदापि प्रकाशित नहीं करना चाहिए । यदि इस प्रकार के धर्म का आचरण करे तो उसकी मृत्यु नहीं होती । योग से भ्रष्ट हो जाने वाला एवं विधान को न जानने वाला चाहे कितना भी पण्डित हो वह मृत्यु अवश्य प्राप्त करता है ॥ ८१-८२ ॥

येन मृत्युवशो याति तत्कार्यं नापि दर्शयेत् ।
दत्तात्रेयो महायोगी शुको नारद एव च ॥ ८३ ॥
येन कृतं सिद्धिमन्त्रं वर्णजालं कुलार्णवम् ।
एकेन लोकनाथेन योगमार्गपरेण च ॥ ८४ ॥

तथा मङ्गलकार्येण ध्यानेन साधकोत्तमः[१] ।
उत्तमां सिद्धिमाप्नोति वत्सराद् योगशासनात् ॥ ८५ ॥

जिसके प्रकाशित करने से साधक मृत्यु के वश में जा सकता हैं उस कार्य को कदापि प्रकाशित न करे । दत्तात्रेय, महायोगी शुक, और नारद इनमें से प्रत्येक लोगों ने कुलार्णव के समस्त मन्त्र जालों को सिद्ध किया था । योगमार्ग प्रदर्शित करने वाले, लोक को वश में करने वाले एवं समस्त मङ्गल प्रदान करने वाले केवल एक ही मन्त्र से साधकोत्तम अपने ध्यान की सहायता से योगशास्त्र के अनुसार एक संवत्सर में ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ८३-८५ ॥

आदौ वै ब्रह्मणो ध्यानं पूरकाष्टाङ्गलक्षणैः ।
कुर्यात् सकलसिद्ध्यर्थमम्बिकापूजनेन च ॥ ८६ ॥
ऋग्वेदं चेतसि ध्यात्वा मूलाधारे चतुर्द्दले ।
वायुना चन्द्ररूपेण धारयेन्मारुतं सुधीः ॥ ८७ ॥

सर्वप्रथम पूरक प्राणायाम कर (अष्टाङ्ग विशिष्ट) लक्षण योग से ब्रह्मदेव का ध्यान करना चाहिए । फिर समस्त प्रकार की सिद्धि की प्राप्ति के लिए अम्बिका का पूजन करे । मूलाधार स्थित चतुर्दल कमल में अपने चित्त में ऋग्वेद का ध्यान कर सुधी साधक चन्द्ररूप वायु से वायु धारण (प्राणायाम) करे ॥ ८६-८७ ॥

अथर्वान्निर्गतं सर्वं ऋग्वेदादि चराचरम् ।
तेन पूर्णचन्द्रमसा जीवेनार्यामृतेन च ॥ ८८ ॥
जुहुयादेकभावेन कुण्डलीसूर्यगोऽनले ।
कुम्भकं कारयेन्मन्त्री यजुर्वेदपुरःसरम् ॥ ८९ ॥

अथर्ववेद से समस्त ऋग्वेदादि चराचर निकले हुये है। इसलिए उस चन्द्रमा से निर्गत अमृत द्वारा कुण्डलिनी रूप सूर्याग्नि में होम करना चाहिए । मन्त्र वेत्ता यजुर्वेद को आगे रखकर कुम्भक प्राणायाम करे ॥ ८८-८९ ॥

सर्वसत्त्वाधिष्ठितं तत् सर्वविज्ञानमुत्तमम् ।
वायव्याः पूर्णसंस्थानं योगिनामभिधायकम् ॥ ९० ॥
पुनः पुनः कुम्भयित्वा सत्त्वे निर्मलतेजसि ।
महाप्रलयसारज्ञो[२] भवतीति न संशयः ॥ ९१ ॥
रेचकं शम्भुना व्याप्तं तमोगुणमनोलयम्[३] ।
सर्वमृत्युकुलस्थानं व्याप्तं धर्मफलाफलैः ॥ ९२ ॥

कुम्भक समस्त सत्त्वों से अधिष्ठित है, और वह सभी विज्ञानों में उत्तम है ।

---

१. साधकेषु उत्तमः, सुप्सुपेति समासः । २. महाप्रलयस्य सारं जानाति ।
३. तमोगुणविशिष्टस्य मनसो लयो यस्मिन् रेचके, तत् ।

वायवी शक्ति का पूर्ण रूप से स्थान है तथा योगियों के द्वारा प्रशंसित है । बारम्बार निर्मल तेज वाले सत्त्व में कुम्भक प्राणायाम कर साधक महा प्रलय के सार का मर्मज्ञ हो जाता है इसमें संशय नहीं । रेचक प्राणायाम शिव से व्याप्त है । वह तमोगुण वाले मन को अपने में लीन कर लेता है । समस्त मृत्यु रूप कुल का स्थान है तथा धर्म के फलाफल से व्याप्त है ॥ ९०-९२ ॥

पुनः पुनः क्षोभनिष्ठो रेचकेन निवर्तते ।
रेचकेन लयं याति रेचनेन परं पदम् ॥ ९३ ॥
प्राप्नोति साधकश्रेष्ठो रेचकेनापि सिद्धिभाक् ।
रेचकं वह्निरूपञ्च कोटिवह्निशिखोज्ज्वलम् ॥ ९४ ॥
द्वादशाङ्गुलमध्यस्थं ध्यात्वा बाह्ये[१] लयं दिशेत् ।
चन्द्रव्याप्तं सर्वलोकं सर्वपुण्यसमुद्भवम् ॥ ९५ ॥

पुनः पुनः होने वाली चञ्चलता रेचक से दूर हो जाती है । रेचक से चञ्चलता लय को प्राप्त होती है, रेचक से परम पद की प्राप्ति होती है । श्रेष्ठ साधक केवल रेचक से भी सिद्धि का अधिकारी हो जाता है । **रेचक** वह अग्नि है जो करोड़ों-करोड़ों अग्नि ज्वाला से उज्वल है । यह बारह अंगुल के मध्य में रहने वाला है इसका ध्यान कर बाह्य लय करना चाहिए । सब प्रकार के पुण्यों से उत्पन्न यह समस्त लोक चन्द्रमा से व्याप्त है ॥ ९३-९५ ॥

रेचकाग्निर्दहतीह वायुसख्यो महाबली ।
तत् शशाङ्कजीवरूपं पीत्वा जीवति वायवी ॥ ९६ ॥
आग्नेयी दह्यति क्षिप्रं एष होमः परो मतः ।
एतत् कार्यं यः करोति स न मृत्युवशो भवेत् ॥ ९७ ॥

वायु की मित्रता वाली महाबली रेचकाग्नि उसे जलाती रहती है । इस प्रकार वायवी कला शशाङ्क जीवरूप को पी कर वह सर्वदा जीवित रहती है । आग्नेयी उस वायु को शीघ्र जलाती रहती हैं, यह सबसे उत्कृष्ट होम है जो इस कार्य को करता है, वह मृत्यु के वश में नहीं जाता ॥ ९६-९७ ॥

एतयोः सन्धिकालञ्च कुम्भकं तत्त्वसाधनम् ।
तदेव भावकानाञ्च परमस्थानमेव च ॥ ९८ ॥
महाकुम्भकलाकृत्या स्थिरं स्थित्त्वा च कुम्भके ।
अथर्वगामिनीं देवीं भावयेदमरो महान् ॥ ९९ ॥

कुम्भक—इस वायवी तथा रेचकाग्नि को मिलाने वाला कुम्भक उस तत्त्व का साधन है, जो उन भावुकों के लिए परमस्थान कहा जाता है । महाकुम्भ की कला की आकृती वाले कुम्भक में स्थिर रूप से स्थित रह कर अमर महान् साधक अथर्व वेद में रहने वाली (योगिनी) देवी का ध्यान करे ॥ ९८-९९ ॥

---

१. राज्ये—ग० ।

अनन्तभावनं शम्भोरशेषसृष्टिशोभितम् ।
अथर्वं भावयेन्मन्त्री शक्तिचक्रक्रमेण तु ॥१००॥
आज्ञाचक्रे वेददले चतुर्दलसुमन्दिरे ।
अथर्वयोगिनीं ध्यायेत् समाधिस्थेन चेतसा ॥१०१॥

यह अथर्व अनन्त भावना वाला है । सदाशिव की समस्त सृष्टि से शोभित है । उसका शक्ति चक्र के क्रम से मन्त्रवेत्ता साधक ध्यान करे । आज्ञाचक्र में चार पत्तों वाला कमल है उस चतुर्दल कमल कोष में अथर्व रूप योगिनी का समाधि में स्थित चित्त से ध्यान करे ॥१००-१०१॥

ततोऽच्युताख्यं जगतामीश्वरं शीर्षपङ्कजे ।
प्रपश्यति जगन्नाथं नित्यसूक्ष्मसुखोदयम्[१] ॥१०२॥
आज्ञाचक्रे शोधनमशेषदलमथर्वं परिकीर्तितम् ।
ज्योतिश्चक्रे तन्मध्ये योगमार्गेण सद्बिलम् ॥१०३॥

तदनन्तर शीर्षस्थ कमल में जगत् के ईश्वर जिन्हें अच्युत कहा जाता है उन जगन्नाथ का दर्शन होता है, जो नित्य सूक्ष्म तथा सुखोदय स्वरूप हैं । इस आज्ञाचक्र में जिसका संपूर्ण दल शुद्ध करने वाला है वही अथर्व नाम से पुकारा जाता है उसी के मध्य में ज्योतिश्चक्र है जिसका उत्तम बिल (द्वार) योगमार्ग से जाना जाता है ॥१०२-१०३॥

प्रपश्यति महाज्ञानी बाह्यदृष्ट्या यथाम्बुजम् ।
कालेन सिद्धिमाप्नोति ब्रह्मज्ञानी च साधकः ॥१०४॥
ततो भजेत् कौलमार्गं ततो विद्यां प्रपश्यति ।
महाविद्यां कोटिसूर्यज्वालामालासमाकुलम् ॥१०५॥

महाज्ञानी बाह्य दृष्टि से जिस प्रकार कमल देखते हैं उसी प्रकार उस द्वार का भी दर्शन करते है, जिससे ब्रह्मज्ञानी साधक काल (समय) पाकर सिद्धि प्राप्त करते हैं । इसलिए कौलमार्ग का आश्रय लेना चाहिए । तभी महाविद्या का दर्शन संभव है । वह महाविद्या करोड़ों सूर्य की ज्वालामाला से व्याप्त है ॥१०४-१०५॥

एतत्तत्त्वं विना नाथ न पश्यति कदाचन ।
वसिष्ठो ब्रह्मपुत्रोऽपि चिरकालं सुसाधनम् ॥१०६॥
चकार निर्जने देशे कृच्छ्रेण तपसा वशी ।
शतसहस्रं वत्सरं च व्याप्य योगादिसाधनम् ॥१०७॥

बुद्ध-वशिष्ठ वृत्तान्त--हे नाथ ! यही तत्त्व है, जिसके बिना महाविद्या का दर्शन नहीं होता । ब्रह्मा के पुत्र वशिष्ठ जी ने भी बहुत काल तक निर्जन स्थान में निवास कर बहुत बड़ी कठिन तपस्या से श्रेष्ठ साधन किया । इस प्रकार वे योगादि साधन निरन्तर एक लाख वर्ष तक करते रहे ॥१०६-१०७॥

---

१. नित्यं सूक्ष्मसुखोदयो यस्मिन्, तं जगन्नाथमित्यर्थः ।

तथापि साक्षाद्विज्ञानं न बभूव महीतले ।
ततो जगाम क्रुद्धोऽसौ तातस्य निकटे प्रभुः ॥ १०८ ॥
सर्वं तत् कथयामास स्वीयाचारक्रमं प्रभो ।
अन्यमन्त्रं देहि नाथ एषा विद्या न सिद्धिदा ॥ १०९ ॥

इतना करने पर भी उन्हें इस पृथ्वीतल पर साक्षाद् महाविद्या का विज्ञान नहीं हुआ । तब सर्वसमर्थ वशिष्ठ ऋषि क्रुद्ध हो कर अपने पिता ब्रह्मदेव के पास गये । हे प्रभो ! वहाँ जाकर उन्होंने अपने पिता से सभी आचार का क्रम बतलाया, और कहा—हे पिता ! मुझे अन्य मन्त्र प्रदान कीजिये । क्योंकि यह विद्या सिद्धि नहीं देती ॥ १०८-१०९ ॥

अन्यथा सुदृढं शापं तवाग्रे प्रददामि हि ।
ततस्तं वारयामास एवं न कुरु भो सुत ॥ ११० ॥
पुनस्तां भज भावेन योगमार्गेण पण्डित ।
ततः सा वरदा भूत्वा आगमिष्यति तेऽग्रतः ॥ १११ ॥

यदि आप ऐसा नहीं करते तो मैं उस महाविद्या को आप के आगे ही दृढ़तर शाप दूँगा । तब ब्रह्मा ने उन्हें मना किया कि हे पुत्र ! ऐसा मत करो । हे पण्डित ! तुम पुनः **भावपूर्वक** 'योग-मार्ग' से उन महाविद्या की आराधना करो । पुनः ऐसा करने से वह वरदायिनी बन कर तुम्हारे आगे आएंगी ॥ ११०-१११ ॥

सा देवी परमा शक्तिः सर्वसङ्कटतारिणी ।
कोटिसूर्यप्रभा नीला चन्द्रकोटिसुशीतला ॥ ११२ ॥
स्थिरविद्युल्लताकोटिसदृशी कालकामिनी ।
सा[१] पाति जगतां लोकान् तस्याः कर्म चराचरम् ॥ ११३ ॥

वह देवी परमा शक्ति है । समस्त सङ्कटों से तरण तारण करने वाली है । वह करोड़ों सूर्यों के समान कान्तिमती तथा नीलवर्णा हैं और करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल भी हैं । सर्वदा स्थिर रहने वाली और करोड़ों विद्युल्लता के समान प्रकाश करने वाली महाकाल की कामिनी है । वह समस्त जगत् के लोगों का पालन करने वाली हैं, यह चराचर जगत् उन्ही का कार्य है ॥ ११२-११३ ॥

भज पुत्र स्थिरानन्द कथं शप्तुं समुद्यतः ।
एकान्तचेतसा नित्यं भज पुत्र दयानिधे ॥ ११४ ॥

हे स्थिरानन्द ! हे पुत्र ! तुम उन्ही का भजन करो । उन्हे शाप देने के लिए क्यों उद्यत हो ? हे दयानिधे ! हे पुत्र ! तुम मन को एकाग्र कर निरन्तर भजन करो ॥ ११४ ॥

तस्या दर्शनमेवं हि अवश्यं समवाप्स्यसि ।
एतत् श्रुत्वा गुरोर्वाक्यं प्रणम्य च पुनः पुनः ॥ ११५ ॥

---

१. सर्वस्वरूपा सर्वाख्या धर्माधर्मविवर्जिता । शुद्धचीनाचारता शक्तिचक्रप्रवर्तिका ॥
अनन्तानन्तमहिमा संसारावर्तनाशिनी । बुद्धेश्वरी बुद्धमाता अर्भकवेदश्लाघिनी ॥ क०।

जगाम जलधेस्तीरे वशी वेदान्तवित् शुचिः ।
सहस्रवत्सरं सम्यक् जजाप परमं जपम् ॥ ११६ ॥

ऐसा करते रहने से आप उनका दर्शन अवश्य प्राप्त करेंगे । अपने पिता ब्रह्मा की इस बात को सुनकर वेदान्तवेत्ता, परम पवित्र, इन्द्रियों को वश में रखने वाले वशिष्ठ जी बारम्बार उन्हें प्रणाम कर समुद्र के किनारे गये । वहाँ जाकर उन्होंने पुनः एक सहस्र वर्ष पर्यन्त नियमपूर्वक देवी के श्रेष्ठ मन्त्र का जप किया ॥ ११५-११६ ॥

आदेशोऽपि न बभूव ततः क्रोधपरो मुनिः ।
व्याकुलात्मा महाविद्यां वसिष्ठः शप्तुमुद्यतः ॥ ११७ ॥
द्विराचम्य महाशापः प्रदत्तश्च सुदारुणः ।
तेनैव मुनिना नाथ मुनेरग्रे कुलेश्वरी ॥ ११८ ॥

इतना कहने पर भी जब देवी का कोई संदेश नहीं प्राप्त हुआ । तब वे मुनि बहुत क्रुद्ध हो उठे और व्याकुल चित्त हो कर महाविद्या को शाप देने के लिए उद्यत हो गये । उन्होंने दो बार आचमन किया फिर बहुत कठिन शाप दिया । तब वह कुलेश्वरी मुनि के आगे आ कर खड़ी हो गईं ॥ ११७-११८ ॥

आजगाम महाविद्या योगिनामभयप्रदा ।
अकारणमरे विप्र शापो दत्तः सुदारुणः ॥ ११९ ॥

योगियों को अभयदान देने वाली महाविद्या ने वशिष्ठ से कहा—हे ब्राह्मण ! तुमने अकारण ही ऐसा कठिन शाप दिया ॥ ११९ ॥

मम सेवां न जानाति मत्कुलागम चिन्तनम्[१] ।
कथं योगाभ्यासवशात् मत्पदाम्भोजदर्शनम् ॥ १२० ॥
प्राप्नोति मानुषो देवे मनध्यानमदुःखदम् ।
यः कुलार्थी सिद्धमन्त्री मद्वेदाचार निर्मलः ॥ १२१ ॥
ममैव साधनं पुण्यं वेदानामप्यगोचरम् ।
बौद्धदेशेऽथर्ववेदे महाचीने तदा व्रज ॥ १२२ ॥

तुम न तो मेरी सेवा का विधान जानते हो और न मेरे कुलागम के चिन्तन का प्रकार ही जानते हो । कोई भी मनुष्य योगाभ्यास मात्र से मेरे चरण कमलों का दर्शन किस प्रकार प्राप्त कर सकता है ? देवताओं में मन द्वारा किया गया ध्यान सुख का कारण होता है । सिद्ध मन्त्रज्ञ और मेरे वेद का स्वच्छ रूप से आचरण करने वाला शक्ति मार्ग का अधिकारी तो वेद से भी अगोचर मेरा ही साधन करता है जो महापुण्यदायक है । अतः यदि तुम मेरी साधना चाहते हो तो अथर्ववेद वाले बौद्धों के देश महाचीन में जाओ ॥ १२०-१२२ ॥

तत्र गत्वा महाभावं विलोक्य मत्पदाम्बुजम् ।
मत्कुलज्ञो महर्षे त्वं महासिद्धो भविष्यसि ॥ १२३ ॥

---

१. मत्कुलस्य आगमस्तस्य चिन्तनं ध्यानम् ।

एतद्वाक्यं कथयित्वा सा वायव्याकाशवाहिनी ।
निराकाराऽभवत् शीघ्रं ततः साकाशवाहिनी ॥ १२४ ॥

हे महर्षे ! वहाँ जाकर अत्यन्त भावपूर्वक मेरी साधना से मेरे चरण कमलों का दर्शन करोगे, मेरा कुलाचार जान लोगे तब महासिद्ध हो जाओगे । आकाश में रहने वाली उस वायवी शक्ति ने इतना कह कर शीघ्र ही निराकार रूप धारण कर लिया ॥ १२३-१२४ ॥

ततो मुनिवरः श्रुत्वा महाविद्यां सरस्वतीम् ।
जगाम चीनभूमौ च यत्र बुद्धः प्रतिष्ठति ॥ १२५ ॥
पुनः पुनः प्रणम्यासौ वसिष्ठः क्षितिमण्डले ।
रक्ष रक्ष महादेव सूक्ष्मरूपधराव्यय ॥ १२६ ॥

तदनन्तर उन श्रेष्ठ महामुनि वशिष्ठ ने महाविद्या सरस्वती के द्वारा कहे गये वाक्य को सुनकर फिर वे चीन देश को चले गये, जहाँ बुद्ध प्रतिष्ठित हैं । महामुनि वशिष्ठ ने उस देश में जाकर बारम्बार प्रणाम कर कहा—हे सूक्ष्मरूप ! हे अव्यय ! हे महादेव ! मेरी रक्षा करो, मेरी रक्षा करो ॥ १२५-१२६ ॥

अतिदीनं वसिष्ठं मां सदा व्याकुलचेतसम् ।
ब्रह्मपुत्रो महादेवीसाधनायाजगाम च ॥ १२७ ॥
सिद्धिमार्गं न जानामि वेदमार्गपरो हर ।
तवाचारं समालोक्य भयानि सन्ति मे हृदि ॥ १२८ ॥

मैं अत्यन्त दीन वशिष्ठ हूँ, तथा सर्वदा मन्त्र साधन के लिए चित्त से व्याकुल रहने वाला हूँ, ब्रह्मदेव का पुत्र हूँ, तथा महादेवी की आराधना के लिए आया हुआ हूँ । हे हर ! मैं सिद्धिमार्ग को नहीं जानता, क्योंकि मैं वेदमार्ग में परायण रहने वाला हूँ, आपके (सिद्धि) मार्ग को देखकर मेरे हृदय में अनेक भय उत्पन्न हो रहे हैं ॥ १२७-१२८ ॥

तन्नाशय मम क्षिप्रं दुर्बुद्धिं भेदगामिनीम् ।
वेदबहिष्कृतं कर्म सदा ते चालये प्रभो ॥ १२९ ॥
कथमेतत् प्रकारञ्च मद्यं मांसं तथाङ्गनाम् ।
सर्वे दिगम्बराः सिद्धा रक्तपानोद्यता वराः ॥ १३० ॥

इसलिए भेद में पड़ी हुई मेरी दुर्बुद्धि का शीघ्र ही विनाश कीजिये । हे प्रभो ! अब मैं आपके वेद बहिष्कृत मार्ग का सर्वदा प्रचार करूँगा । मद्य मांस तथा अङ्गना सेवन का यह कौन सा प्रकार है ? जिससे ये नग्न रहने वाले रक्तपायी सभी जन श्रेष्ठ तथा सिद्ध हो जाते हैं ॥ १२९-१३० ॥

मुहुर्मुहुः प्रपिबन्ति रमयन्ति वराङ्गनाम् ।
सदा मांसासवैः पूर्णा मत्ता रक्तविलोचनाः ॥ १३१ ॥
निग्रहानुग्रहे शक्ताः पूर्णान्तःकरणोद्यताः ।
वेदस्यागोचराः सर्वे मद्यस्त्रीसेवने रताः ॥ १३२ ॥

ये बारम्बार मद्य पान करते हैं वराङ्गनाओं को रमण कराते है, मद्य, मांस, तथा आसव से उदर पूर्ति करते हैं, इनके नेत्र मद्य से निरन्तर लाल रहते हैं तथा उन्मत्त वेष धारण किए रहते हैं। ये निग्रह और अनुग्रह (कोप तथा प्रसाद) में समर्थ हैं। ये अन्तःकरण से परिपूर्ण हैं ये मद्य एवं स्त्री सेवन में सर्वदा निरत हैं, जो वेद से सर्वथा परे हैं ॥ १३१-१३२ ॥

इत्युवाच महायोगी दृष्ट्वा वेदबहिष्कृतम् ।
प्राञ्जलिर्विनयाविष्टो वद चैतत् कुलं प्रभो ॥ १३३ ॥
मनःप्रवृत्तिरेतेषां कथं भवति पावन ।
कथं वा जायते सिद्धिर्वेदकार्यं बिना प्रभो ॥ १३४ ॥

वेद बहिष्कृतों को देखकर महायोगी वशिष्ठ ने हाथ जोड़कर विनय वेष धारण करते हुये बुद्ध से कहा—कि हे प्रभो ! आप इसका कारण कहिये कि यह कुलमार्ग क्या है ? । हे पावन ! इनके मन की प्रवृत्ति इन कार्यों में किस प्रकार होती है और हे प्रभो ! वेद कार्य के बिना इन्हे किस प्रकार सिद्धि प्राप्त होती है ? ॥ १३३-१३४ ॥

श्रीबुद्ध उवाच

वसिष्ठ शृणु वक्ष्यामि कुलमार्गमनुत्तमम् ।
येन विज्ञातमात्रेण रुद्ररूपी भवेत् क्षणात् ॥ १३५ ॥
साक्षेपेण सर्वसारं कुलसिद्ध्यर्थमागमम् ।
आदौ शुचिर्भवेद् धीरो विवेकाक्रान्तमानसः[१] ॥ १३६ ॥

तब श्रीबुद्ध ने कहा–हे वशिष्ठ ! सुनिए, मैं सर्वश्रेष्ठ कुलमार्ग कहता हूँ, जिसके विज्ञान मात्र से साधक क्षण मात्र में रुद्रस्वरूप हो जाता है। संक्षेप में कुलमार्ग की सिद्धि के लिए आगम को कहता हूँ जो सबका स्थिर अंश है ॥ १३५-१३६ ॥

पशुभावस्थिरचेताः[२] पशुसङ्गविवर्जितः ।
एकाकी निर्जने स्थित्वा कामक्रोधादिवर्जितः ॥ १३७ ॥
दमयोगाभ्यासरतो योगशिक्षाद्दृढव्रतः ।
वेदमार्गाश्रयो नित्यं वेदार्थनिपुणो महान् ॥ १३८ ॥

१. सर्वप्रथम विवेक चाहने वाला धीर साधक पवित्र रहे। २. पशुओं का साथ न करे, किन्तु पशुभाव में चित्त को स्थिर रखे। ३. अकेला निर्जन बन में निवास करे, तथा काम क्रोधादि दोषों से अलग रहे। ४. इन्द्रियों का दमन करते हुये योगाभ्यास करे। ५. योगशिक्षा में दृढ़ता का नियम रखे, निरन्तर वेदमार्ग का आश्रय ले कर वेदार्थ में महती निपुणता प्राप्त करें ॥ १३६-१३८ ॥

एवं क्रमेण धर्मात्मा शीलो दार्ढ्यगुणान्वितः ।
धारयेन्मारुतं नित्यं श्वासमार्गे मनोलयम् ॥ १३९ ॥

---

१. विवेकेनाक्रान्तं मानसं यस्य सः । २. पशुभावे स्थिरं चेतो यस्य सः ।

एवमभ्यासयोगेन वशी योगी दिने दिने ।
शनैः क्रमाभ्यासाद् दहेद् स्वेदोद्गमोऽधमः ॥ १४० ॥

इस प्रकार के क्रमशः अभ्यास से धर्मात्मा, शीलवान् और दृढ़ता गुण से संपन्न साधक (प्राणायाम द्वारा) वायु को धारण करे तथा श्वास मार्ग में अपने मन का लय करे । इन्द्रियों को वश में रखने वाला योगी इस प्रकार प्रतिदिन के अभ्यास से धीरे-धीरे अधम सिद्धि (द्र० . १७. ५८) में प्राप्त स्वेद के उद्गम को भस्म कर देवे ॥ १३९-१४० ॥

मध्यमः कल्पसंयुक्तो भूमित्यागः परो मतः ।
प्राणायामेन सिद्धिः स्यान्नरो योगेश्वरो भवेत् ॥ १४१ ॥

मध्यम कल्प से संयुक्त भूमित्याग (भूमि से ऊपर उठाने वाला प्राणायाम) उसकी अपेक्षा श्रेष्ठ होने के कारण मध्यम है । क्योंकि प्राणायाम से सिद्धि होती है और साधक मनुष्य योगेश्वर बन जाता है ॥ १४१ ॥

योगी भूत्वा कुम्भकज्ञो मौनी भक्तो दिवानिशम् ।
शिवे कृष्णे ब्रह्मपदे एकान्तभक्तिसंयुतः ॥ १४२ ॥
ब्रह्मविष्णुशिवा एते वायवीगतिचञ्चला ।
एवं विभाव्य मनसा कर्मणा वचसा शुचिः ॥ १४३ ॥
आदौ चित्तं समाधाय चिद्रूपायां स्थिराशयः ।
ततो महावीरभावं कुलमार्गं महोदयम् ॥ १४४ ॥

महावीर भाव के लक्षण—योगी बन कर कुम्भक का ज्ञान करे । दिन रात मौन धारण करे और (एकाग्र मन से) शिव कृष्ण तथा ब्रह्मपद में निश्चल भक्ति रखकर भक्त बने । ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव ये वायवी गति से चञ्चल रहते हैं, ऐसा विचार कर मन से, कर्म से तथा वचन से पवित्र रहकर चित्त को एकाग्र कर चिद्रूपा महाविद्या में सर्व प्रथम मन को समाहित करे । यही महाभ्युदय कारक कुलमार्ग महावीर भाव कहा जाता है ॥ १४२-१४४ ॥

शक्तिचक्रं सत्त्वचक्रं वैष्णवं नवविग्रहम् ।
समाश्रित्य भजेन्मन्त्री कुलकात्यायनीं पराम् ॥ १४५ ॥
प्रत्यक्षदेवतां श्रीदां चण्डोद्वेगनिकृन्तिनीम् ।
चिद्रूपां ज्ञाननिलयां चैतन्यानन्दविग्रहाम्[1] ॥ १४६ ॥
कोटिसौदामिनीभासां[2] सर्वतत्त्वस्वरूपिणीम् ।
अष्टादशभुजां रौद्रीं शिवमांसाचलप्रियाम् ॥ १४७ ॥

वीरभाव की प्रक्रिया--शक्तिचक्र, तथा नवीन विग्रह वाला वैष्णव सत्त्वचक्र का

---

१. चैतन्यं चानन्दश्च विग्रहो यस्यास्ताम् ।
२. कोटिसौदामिनीनां भासोऽस्ति यस्यास्ताम् ।

आश्रय ले कर मन्त्रज्ञ साधक कुल में रहने वाली परा कात्यायनी की सेवा करे । यह कात्यायनी प्रत्यक्ष देवता हैं और श्री प्रदान करने वाली हैं । यह प्रचण्ड उद्वेण को नाश करने वाली, चित्स्वरूपा, ज्ञाननिलया और चैतन्यानन्द स्वरूपिणी है । इनकी कान्ति करोड़ों विद्युत् के समान हैं, यह सर्वसत्त्व स्वरूपा अठारह भुजा वाली हैं शिव में, मांस (बलि) में तथा अचल (कैलासादि) में प्रेम करने वाली हैं ॥ १४५-१४७ ॥

आश्रित्य प्रजपेन्मन्त्रं कुलमार्गाश्रयो नरः ।
कुलमार्गात् परं मार्गं को जानाति जगत्त्रये ॥ १४८ ॥
एतन्मार्गप्रसादेन ब्रह्मा स्रष्टा स्वयं महान् ।
विष्णुश्च पालने शक्तो निर्मलः सत्त्वरूपधृक् ॥ १४९ ॥
सर्वसेव्यो महापूज्यो यजुर्वेदाधिपो महान् ।
हरः संहारकर्त्ता च वीरेशोत्तममानसः ॥ १५० ॥

कुलमार्ग का आश्रय लेने वाला साधक इन्हीं का आश्रय लेकर मन्त्र का जप करे । इस त्रिलोकी में कुलमार्ग से श्रेष्ठ अन्य मार्ग को कौन जानता है । इस कुलमार्ग की कृपा से ब्रह्मदेव महान् बन गये तथा सत्त्वरूपधारी एवं निर्मल विष्णु सृष्टि पालन करने में समर्थ हो गये । सदाशिव इस कुलमार्ग की कृपा से सबके सेवनीय सर्वपूज्य, यजुर्वेद के अधिपतिः महान् वीरेश तथा उत्तम मन वाले हो गए ॥ १४८-१५० ॥

सर्वेषामन्तकः क्रोधी क्रोधराजो महाबली ।
वीरभावप्रसादेन दिक्पाला रुद्ररूपिणः ॥ १५१ ॥
वीराधीनमिदं विश्वं कुलाधीनञ्च वीरकम् ।
अतः कुलं समाश्रित्य सर्वसिद्धीश्वरो जडः ॥ १५२ ॥

वे सभी के काल, क्रोध करने वाले, क्रोधराज तथा महाबली हो गये । वीरभाव की कृपा से सभी दिक्पाल रुद्ररूप वाले हो गये । यह सारा विश्व वीरभाव के अधीन है, और वीरभाव कुल मार्ग के अधीन है, इसलिए जड़ (जल) कुल मार्ग का आश्रय ले कर सर्व सिद्धिश्वर बन गया ॥ १५१-१५२ ॥

मासेनाकर्षणं सिद्धिर्द्विमासे वाक्पतिर्भवेत् ।
मासत्रयेण संयोगाज्जायते सुखवल्लभः ॥ १५३ ॥
एवं चतुष्टये मासि भवेद् दिक्पालगोचरः ।
पञ्चमे पञ्चबाणः स्यात्षष्ठे रुद्रो भवेद् ध्रुवम् ॥ १५४ ॥

साधक को मास मात्र के अभ्यास से सिद्धि का आकर्षण प्राप्त होता है, दो मास के अभ्यास से वह वाक्पति बन जाता है और तीन मास के अभ्यास से आनन्द का वल्लभ जाना जाता है । इस प्रकार चार मास के अभ्यास से उसे दिक्पालों के दर्शन होते हैं, पञ्चम मास में काम के समान सुन्दरता प्राप्त होती है तथा छः मास में रुद्रस्वरूप बन जाता है ॥ १५३-१५४ ॥

एतदाचारसारं हि सर्वेषामप्यगोचरम् ।
एतन्मार्गं कौलमार्गं कौलमार्गं परं नहि ॥ १५५ ॥

मात्र इतना ही वीराचार का सार है जो सबके लिए अगोचर है । इसी को कौलमार्ग कहते हैं । कौलमार्ग से बढ़कर कोई अन्य मार्ग नहीं ॥ १५५ ॥

योगिनां दृढचित्तानां भक्तानामेकमासतः ।
कार्यसिद्धिर्भवेन्नारी कुलमार्गप्रसादतः ॥ १५६ ॥

कौलमार्ग की फलश्रुति—दृढ़ता से चिन्तन करने वाले भक्त योगियों को कुल मार्ग की कृपा से एक मास में ही कार्य सिद्धि हो जाती है उसके शत्रु नहीं होते ॥ १५६ ॥

पूर्णयोगी भवेद् विप्रः षण्मासाभ्यासयोगतः ।
शक्तिं बिना शिवोऽशक्तः किमन्ये जडबुद्धयः ॥ १५७ ॥

ब्राह्मण साधक छः महीने के योगाभ्यास से पूर्णयोगी बन जाता है । शक्ति के बिना शिव जैसा योगी भक्त भी असमर्थ बन जाता है, फिर अन्य जड़बुद्धियों की बात ही क्या ? ॥ १५७ ॥

इत्युक्त्वा बुद्धरूपी च कारयामास साधनम् ।
कुरु विप्र महाशक्तिसेवनं मद्यसाधनम् ॥ १५८ ॥
महाविद्यापदाम्भोजदर्शनं[१] समवाप्स्यसि ।
एतच्छ्रुत्वा गुरोर्वाक्यं स्मृत्वा देवीं सरस्वतीम् ॥ १५९ ॥

ऐसा कहकर बुद्धरूपी सदाशिव ने साधन का उपदेश किया और कहा—हे ब्राह्मण ! मद्य साधना करो, यही महाशक्ति का सेवन है । ऐसा करने से महाविद्या के चरण कमलों का दर्शन प्राप्त कर सकोगे । अपने गुरु सदाशिव की बात सुन कर वशिष्ठ ने सरस्वती देवी का स्मरण किया ॥ १५८-१५९ ॥

मदिरासाधनं कर्तुं जगाम कुलमण्डले ।
मद्यं मांसं तथा मांसं मुद्रा मैथुनमेव च ॥ १६० ॥
पुनः पुनः साधयित्वा पूर्णयोगी बभूव सः ।
योगमार्गं कुलमार्गमेकाचारक्रमं[२] प्रभो ॥ १६१ ॥

वे मदिरा की आराधना के लिए कुल मण्डल (शाक्त समुदायों) में गये । वहाँ मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, तथा मैथुन की बारम्बार साधना कर वशिष्ठ पूर्णयोगी बन गये । हे प्रभो ! योगमार्ग तथा कुल मार्ग दोनों ही एक मार्ग के क्रम है ॥ १६०-१६१ ॥

योगी भूत्वा कुलं ध्यात्वा सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ।
सन्धिकालं कुलपथं योगेन जडितं सदा ॥ १६२ ॥

---

१. महाविद्यायाः पदाम्भोजयोः दर्शनम् ।

२. एकाचारस्य क्रमः, तम् ।

पहले योगी बनें। फिर कुल (शक्ति) का ध्यान करे, तब साधक सभी सिद्धियों का अधीश्वर बन जाता है। यह कुलपथ जीवात्मा तथा परमात्मा का सन्धिकाल है जो योगमार्ग से सर्वदा जोड़ा गया है ॥ १६२ ॥

भगसंयोगमात्रेण सर्वसिद्धीश्वरो भवेत्।
एतद्योगं विजानीयाज्जीवात्मपरमात्मनोः ॥ १६३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावप्रश्नार्थनिर्णये सिद्धमन्त्रप्रकरणे चतुर्वेदोल्लासे भैरवभैरवीसंवादे सप्तदशः पटलः ॥ १७ ॥

— ❖ —

जब उसमें भग (ऐश्वर्य) का संयोग कर दिया जाता है तो साधक सर्व सिद्धिश्वर बन जाता है और योग उसी को कहते हैं जिसमें जीवात्मा और परमात्मा एक में मिल जाते हैं ॥ १६३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावप्रश्नार्थबोधनिर्णय में सिद्ध-मन्त्र प्रकरण के चतुर्वेदोल्लास में भैरवभैरवी संवाद में सत्रहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १७ ॥

— ❖ —

अथाष्टादशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि असाध्यसाधनं परम् ।
कामचक्रस्य वर्णानां वर्णनं प्रश्ननिर्णयम् ॥ १ ॥

आनन्द भैरवी ने कहा—हे नाथ ! अब मैं परम असाध्य के साधनभूत कामचक्र पर स्थित वर्णों का वर्णन तथा प्रश्न के विषय में निर्णय कहती हूँ उसे सुनिए ॥ १ ॥

आज्ञाचक्रमध्यभागे नाडीकोटिरसालिनी ।
तन्मध्ये भावयेन्मन्त्री कामचक्रं मनोरमम् ॥ २ ॥
कामचक्रे च पूर्वोक्तवर्णमालोक्य साधकः ।
न्यासमन्त्रे पुटीकृत्य जपित्वा योगिराड् भवेत् ॥ ३ ॥
एको मन्दिरमध्यस्थो मन्त्रमाश्रित्य यत्नतः ।
निजनामाक्षरं तत्र तत्कोष्ठमनुमाश्रयेत् ॥ ४ ॥

आज्ञाचक्र के मध्य में करोड़ों सरस नाड़ियाँ प्रवाहित हैं, मन्त्रज्ञ साधक उसके मध्य में अत्यन्त मनोहर कामचक्र का ध्यान करे । उस कामचक्र में साधक पूर्व में कहे गए वर्णों को देखकर न्यास मन्त्र में उसका सम्पुट कर जप करे तो वह योगिराज बन जाता है । साधक अकेले किसी मन्दिर के मध्य में स्थित होकर यत्नपूर्वक मन्त्र का आश्रय लेकर उस वर्ण के कोष्ठक में अपने नाम के अक्षरों को देखे ॥ २-४ ॥

आनन्दभैरव उवाच

एतेषां कोष्ठसंस्थानां वर्णानां हि फलाफलम् ।
वद कान्ते रहस्यं मे कामचक्रफलोद्भवम् ॥ ५ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे कान्ते ! कोष्ठ में स्थित रहने वाले उन वर्णों के फलाफल को तथा कामचक्र के फल से उत्पन्न उस रहस्य को भी कहिए ॥ ५ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

कामचक्रं कालरूपं ततो वाराणसीपुरम् ।
तत्र सर्वपीठचक्रं चक्राणामुत्तमोत्तमम् ॥ ६ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—यह कामचक्र काल (राशि नक्षत्रादि) का स्वरूप हैं । उसके बाद वाराणसीपुर है, वहीं पर सभी चक्रों में उत्तमोत्तम 'सर्वपीठचक्र' है ॥ ६ ॥

एतच्चक्रप्रसादेन ते पादाम्बुजदर्शनम् ।
प्राप्नोति साधकान् सत्यं सर्वं जानाति साधकः ॥ ७ ॥

कामनाफलसिद्ध्यर्थं मन्त्रार्थादिविचारणाम् ।
वृद्धमस्तमितं[1] त्यक्त्वा गृह्णीयान्मन्त्रमुत्तमम् ॥ ८ ॥

इसी चक्र (वाराणसीस्थ सर्वपीठचक्र) की कृपा होने पर, हे सदाशिव ! साधकों को आपके चरणकमलों का दर्शन होता है, वह बहुत से साधकों को भी प्राप्त करता है, किं बहुना, साधक सब कुछ सत्य जान लेता है । मन्त्र द्वारा अपनी कामना की फलसिद्धि के लिए मन्त्र के अर्थ आदि का विचार करना चाहिए । अतः कोष्ठ में वृद्ध तथा अस्तमित भावों को छोड़कर उत्तम मन्त्र का ग्रहण करना चाहिए ॥ ७-८ ॥

(आनन्दभैरवी उवाच)

शृणु वर्णफलं नाथ असाध्यप्रश्ननिर्णयम्[2] ।
वर्णानाञ्च नाथ राशिभेदेन संशृणु प्रभो ॥ ९ ॥

हे नाथ ! अब वर्णफलों को तथा असाध्य प्रश्नों के निर्णय को सुनिए । हे प्रभो ! सर्वप्रथम राशिभेद से उन वर्णों का फल कहती हूँ उसे सुनिए ॥ ९ ॥

बाल्यादिषु स्थितान् वर्गान् आश्रयेत् साधकोत्तमः ।
वर्जयेद् वृद्धभावञ्च तथास्तमितमेव च ॥ १० ॥
आश्रयेद् राशिभावेन बाल्यकैशोरयौवनम् ।
अथ बाल्यं वर्गभेदं विचारे वामयोगतः ॥ ११ ॥
मन्त्राणाञ्चापि गणयेत् प्रश्नकर्माणि दक्षिणात् ।
मध्यकोणावधिं नाथ गणनीयं विचक्षणैः ॥ १२ ॥
ऊर्द्ध्वदक्षिणयोगेन गणयेत् प्रश्नकर्मणि ।
वामयोगेन गणयेद् मन्त्रादीनां विचारणे ॥ १३ ॥

बाल्य, कैशोर तथा युवाभाव में आश्रित वर्ण मन्त्रों को साधकोत्तम ग्रहण करे । किन्तु वृद्धभाव को तथा अस्तमित भाव को प्राप्त मन्त्राक्षरों का त्याग कर देवे । राशि के भेद से बाल्य, कैशोर और युवा वर्ण वाले अक्षरों को ग्रहण करे और अपने बाल्यादिवर्ग भेद का विचार करते समय बायें से गणना करे । मन्त्रों के प्रश्न कर्म में दक्षिण से गणना करनी चाहिए। हे नाथ ! विद्वान् पुरुष को यह गणना मध्यकोण को अवधि बनाकर करनी चाहिए । प्रश्न कर्म में ऊर्द्ध्वस्थ की दक्षिण के योग के द्वारा गणना करनी चाहिए । किन्तु मन्त्र आदि के विचार में बायें के योग से गणना करनी चाहिए ॥ १०-१३ ॥

शृणु तद्वर्गवर्गाणां फलमत्यन्तसुन्दरम् ।
वदामि परमानन्दरससिन्धुमधुव्रतः(त)[3] ॥ १४ ॥

---

१. बुद्धमस्तमितं इति सं पुस्तके पाठः ।

२. आनन्दभैरव उवाच—असाध्या निरुत्तरा ये प्रम्नास्तेषा निर्णयम्—इति सं पुस्तके पाठः । द्र० भूमिका, पाठसमीक्षा ।

३. परमानन्दरससिन्धौ मधुव्रतः—सं० ।

अब हे परमानन्द सिन्धु मधुव्रत ! वर्ग कु आदि अर्थात् क वर्ग (क ख) आदि के अत्यन्त सुन्दर फलों को मैं कहती हूँ उसे सुनिए ॥ १४ ॥

वर्णदेवता तस्य स्वरूपकथनम्

कवर्गं कामाख्याभवनमणिपीठे त्रिजगतां
धरित्री सा धात्री वसति सततं सिद्धिनवके ।
हुताशेष्वाकाशे[1] जलदतनुसाकाशजननी
गभीरा खड्गाभा करहर(भयवर)करा घोरमुखरा ॥ १५ ॥

क वर्ग के क वर्ण के देवता और फल—क वर्ग कामाख्या हैं, जो मन्दिर के मणि पीठ पर स्थित हैं, वही तीनों जगत् को धारण करने वाली तथा धात्री (पालन करने वाली) हैं, सर्वदा नवसिद्धि में अग्नि में निवास करती हैं । जलद के समान शरीर वाली वही आकाश की जननी हैं और गम्भीर तथा खड्ग के समान आभा वाली हैं । हाथ में अभय तथा वर मुद्रा धारण की हैं और घोर तथा मुखर हैं ॥ १५ ॥

अभ्यासयोगात् कलिकालपावनीं कालीं[2] कुलानन्दमयीं रमेशीम् ।
महारसोल्लाससुवक्त्रलोचनां कामेश्वरीं कूर्मपदं(दां) भजेज्जयी ॥ १६ ॥

निरन्तर अभ्यास के योग से वह कलिकाल में पवित्र करने वाली हैं, काली कुल में आनन्द देने वाली रमेशी हैं, महारस के उल्लास में उनके मुख और नेत्र अत्यन्त सुन्दर दिखाई पड़ते हैं, ऐसी कामेश्वरी तथा कूर्मपद का भजन करने वाले को जय की प्राप्ति होती है ॥ १६ ॥

कालागुरोरुत्तमसिद्धसेविता मनोहरा खेचरसारशाखिनी[3] ।
उल्कासमग्रा भवदीपवृत्तिस्तेज(:)(प्र)कूटामलनीलदेहा ॥ १७ ॥

जो उत्तम सिद्धों से काला अगुरु के द्वारा सेवित हैं, अत्यन्त मनोहर तथा खेचर सार की शाखिनी (वृक्षस्वरूपा) हैं समग्र उल्का स्वरूपा हैं । संसार की दीपक, तेजों का समूह तथा अमल नीलवर्ण युक्त शरीर धारण करने वाली (नीलसरस्वती) हैं ॥ १७ ॥

खड्गायुधा खर्परधारिणी सा चण्डोद्गमा वायुपथस्थ खेचरी ।
विद्याभयाखञ्जनलोचना गतिः क्षितिक्षये खेचरवर्गधारिणी ॥ १८ ॥

ख वर्ण का स्वरूप तथा देवता—वही खड्ग आयुध वाली एवं खप्पर धारण करने वाली हैं जो ऊपर प्रचण्ड रूप से चलने वाली तथा वायुमार्ग में खेचरी हैं, विद्या तथा अभय से युक्त हैं खञ्जन के समान नेत्र वाली, समस्त प्राणियों की गति तथा क्षिति के क्षय हो जाने पर खेचर वर्गों को धारण करती हैं ॥ १८ ॥

खारी विहारी खलखेलनेन खराखरोन्मत्तगतिप्रिया खगा ।
महाखगारूपखलस्थिता[4] सदा प्रपाति विद्याबलविक्रमस्थिता ॥ १९ ॥

---

१. हुताश्वेषाकाशे—ग० । २. कुलानन्दरूपं रमेशीं महेशीम्—ग० ।
३. खेचरसारस्य शाखा, खेचरसारशाखा, सा अस्ति यस्यां सा, इनिप्रत्यये सति साधुता । ४. रुपोढषादा खलसंस्थिता—ग० ।

व्यापारनिद्रागहनार्थचिन्ताखरप्रभाभाति यदा यदा ॥ २० ॥

जो परिमाण में खारी (द्रोण) हैं, खलों के साथ खेल में विहार करने वाली हैं, खरा (कठोर) तथा खरों के समान उन्मत्तगति जिन्हें प्रिय है, जो खगा (आकाशाचारी) हैं, सदैव महाखगरूप तथा खल में स्थित रहने वाली हैं तथा विद्या, बल एवं विक्रम में स्थित रह कर जगत् की रक्षा करती है । व्यापार, निद्रा, गहन अर्थों में चिन्ता तथा खर (तीक्ष्ण) प्रभा हैं वे जहाँ-तहाँ सर्वत्र शोभित हैं ॥ १९-२० ॥

गायत्री गणनायिका मतिगतिग्लानिरगूढाशया
गीता गोकुलकामिनी गुरुतरा गार्ह्याग्निजेयोदया ।
गोरूपा गयहा गया गुणवती गाथापथस्थायिनी
श्रीगुर्वी प्रतिपालनं त्रिजगतां गायन्ति यां तां भजेत् ॥ २१ ॥

ग वर्ण के देवता—जो गायत्री गणनायिका मति, गति तथा ग्लानि हैं, जिनका आशय अत्यन्त गूढ़ है, गीता तथा गोकुल कामिनी हैं, गुरुतरा हैं, गृह की अग्नि वाली एवं उदया हैं, गोरूपा, गय नामक राक्षस का हनन करने वाली, गया स्वरूपा, गुणवती एवं गाथापथ में स्थित रहने वाली हैं । श्री गुर्वी हैं, तीनों जगत् का पालन करने वाली हैं, लोग जिनका गान करते हैं ऐसी ग स्वरूपा भगवती का भक्तों को भजन करना चाहिए ॥ २१ ॥

वायोर्घर्मकरानन्दमोहिनी घर्घरा घना ।
निद्रामाध्याति घटना नीला घोटकवाहिनी ॥ २२ ॥

घ वर्ण विचार—जो वायु से घाम करने वाली, आनन्द को भी मोहित करने वाली घर्घरा एवं घन स्वरूपा हैं, निद्रा देने वाली घटना, नीला तथा घोटक के ऊपर सवार रहने वाली हैं उनका भजन करना चाहिए ॥ २२ ॥

बिन्दुस्था विषभोजनानलकथा बीजश्रमायोप्रिया ।
पञ्चाढ्यामनुनासिका सुखमयी वेदक्रिया षण्मुखी ॥ २३ ॥

ङ वर्ण के देवता—बिन्दु में स्थित रहने वाली, विष का भोजन करने वाली अग्नि के समान तेजस्विनी, बीज के लिए श्रम करने वाली तथा तीक्ष्ण लोहे के शस्त्रों से प्रेम करने वाली, पाँच से पूर्ण, नासिका से उच्चरित होने वाली, सुखमयी, वेदक्रिया तथा छः मुखों वाली ऐसी ङकार की देवता है ॥ २३ ॥

विचित्रवस्त्राचरणाब्जचालनम्[1] ।
विचारचेष्टां मयि देहि चञ्चले ॥ २४ ॥
इति वर्णं चवर्गस्य महापातकनाशनम् ।
कामचक्रे स्थितं यद्यत् प्रश्ने मन्त्रगृहे यथा ॥ २५ ॥

---

१. कृत्या भूतनिवारिणी करणगणने गात्रशिष्टामुखी ।
वरस्याहितकारिणी कलियुगे योगाटवी पातु वः ॥
चराचरत्वं चमरी चचार प्रचारचन्द्राननचञ्चला च । —क० ।

चवर्गफलमत्यन्तनिष्कर्षं सूक्ष्मभावनम् ।
धिया सर्वाक्षरश्रेणीं भावयन्ति पुनः पुनः ॥ २६ ॥

च वर्ण के देवता—हे चञ्चल ! आप विचित्र वस्त्रों वाली, अपने चरणकमलों से जगत् को चलाने वाली हैं मुझ में विचार की चेष्टा प्रदान कीजिए । चवर्ग वर्ण का यही माहात्म्य है कि वह महापातकों का नाशकर देता है यह कामचक्र में स्थित है, यही च प्रश्न में उस प्रकार से स्थित है, जैसे मन्त्र गृह में रहता है । च वर्ग का फल अत्यन्त सारयुक्त है, सूक्ष्म भावना वाला है, साधक लोग सभी अक्षरों की श्रेणी में बारम्बार इसका ध्यान करते हैं ॥ २४-२६ ॥

सर्वं[१] जानाति शम्भो त्वं परं किं कथयामि ते ।
तथापि वर्गमाहात्म्यं कामचक्रस्थनिर्मलम् ॥ २७ ॥

हे शम्भो ! आप तो सब जानने वाले हैं, फिर मैं और आप से क्या कह सकती हूँ, कामचक्र में स्थित रहने वाले अत्यन्त निर्मल वर्गों का माहात्म्य इस प्रकार है ॥ २७ ॥

यो जानाति कामचक्रं यमो हन्ति न तं जनम् ।
तत्प्रकारं भावयुक्तं [२]भावनाध्याननिर्मलम् ॥ २८ ॥

जो कामचक्र को जानता है, उस मनुष्य को यमराज नहीं मारते, उसके जानने का प्रकार यही है कि भाव युक्त होकर भावना तथा निर्मल ध्यान करे ॥ २८ ॥

ध्यात्वा[३] कामरूपस्था मूलाधारनिवासिनः ।
देवताः पार्थिवाः सर्वे आत्मानं परमेष्ठिनः ॥ २९ ॥

पूर्वकाल में सभी राजाओं ने मूलाधार स्थित तथा कामरूप स्थित देवताओं का ध्यान कर अपने को परमेष्ठी में मिला दिया ॥ २९ ॥

न जानन्ति बालका मे तेषां योगादिसिद्धये ।
कामचक्रं कामरूपं कामनाफलसिद्धिदम् ॥ ३० ॥
तन्मन्त्रग्रहणादेव साक्षादीशो भवेन्नरः ।
श्रुतिशास्त्राणि सर्वाणि करे तस्य न संशयः ॥ ३१ ॥
योगशिक्षादिकं सर्वं जानाति [४]कामचक्रतः ।
कामचक्रप्रसादेन कामरूपी भवेद् ध्रुवम् ॥ ३२ ॥

मेरे बालक (भक्त गण) कुछ भी नहीं जानते हैं । उनके योगादि सिद्धि के लिए कामनाफल की सिद्धि देने वाला यह कामरूप कामचक्र है । मात्र उस कामचक्र के ज्ञान से मनुष्य ईश्वर स्वरूप हो जाता है । उसके हाथ में समस्त श्रुतियाँ तथा समस्त शास्त्र आ

---

१. वृद्धास्तमितमेवं हि त्यक्त्वा मन्त्राणि दापयेत् ।
अन्यकोणस्य वर्णानां गृह्णीयान्मन्त्रमुत्तमम् ॥
चवर्गपुत्रजालस्या देवता दयिता प्रभो ।
तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व विश्वभावन ॥ —क० ।

२. ज्ञान—ग० । ३. ज्ञात्वा—ग० । ४. ब्राह्मणाः शुद्ध—ग० ।

जाते हैं इसमें संशय नहीं । कामचक्र से साधक योग तथा शिक्षादि सभी जान लेता है । निश्चय ही कामचक्र की कृपा होने पर साधक कामरूपी (इच्छानुसार रूप धारण करने वाला) हो जाता है ॥ ३०-३२ ॥

तद्वर्णस्थं तदन्तःस्थं दशकोणस्थमेव च ।
अष्टदलस्थं तत्रापि विचार्य साधकोत्तमः ॥ ३३ ॥
अनुलोमविलोमेन शास्त्रस्यानुक्रमेण च ।
बाल्यं कैशोरमुल्लासं वृद्धिः सिद्धिश्च यौवने ॥ ३४ ॥

उस कामचक्र के वर्गों में स्थित उसके भीतर स्थित, दशकोण स्थित, अष्टदल पर स्थित (बाल्य कैशोरादि) भावों की गणना साधकोत्तम शास्त्रीय पद्धति के अनुसार अनुलोम विलोम क्रम से (दाहिने बायें, सीधे उल्टे) विचार करके करे । बाल कैशोरादि भाव उल्लास प्रदान करते हैं, युवाभाव वृद्धि और सिद्धि प्रदान करता है ॥ ३३-३४ ॥

वृद्धो वृद्धत्वमाप्नोति अस्ते च निधनं भवेत् ।
नवग्रहास्तत्र मध्ये पञ्चप्राणाश्च सन्ति वै ॥ ३५ ॥
अनुलोमविलोमेन गणयेद्दशकोणके ।
दशकोणे सर्वसिद्धिरष्टसिद्धिश्च तत्र वै ॥ ३६ ॥

वृद्ध भाव से वृद्धता प्राप्त होती है तथा अस्तमित भाव से साधक मृत्यु प्राप्त करता है, उसके मध्य में नवों ग्रह तथा पाँचों प्राण भी हैं वहीं दशकोण में सर्वसिद्धियाँ तथा अष्टसिद्धियाँ भी हैं ॥ ३५-३६ ॥

अष्टपत्रे प्रशंसन्ति अधोऽनन्तमध्ये गृहे ।
ब्राह्मणमूर्ध्वगेहे च मन्त्रवर्णांश्च तत्तु तान् ॥ ३७ ॥

अष्टपत्र के अधोभाग में, अनन्त के मध्य गृह में तथा उसके ऊपर वाले गृह में उन-उन मन्त्र वर्णों का पड़ना प्रशंसास्पद है ॥ ३७ ॥

समाश्रित्य जपेद्विद्यां सूरयः क्रमरूपिणीम् ।
ह्रस्वदेवीं ह्रस्वबुद्धिं ददाति साधकाय च ॥ ३८ ॥

विद्वान् लोगों को क्रमस्वरूपा इस विद्या का आश्रय लेकर जप करना चाहिए । ह्रस्व देवी अपने साधक को ह्रस्व बुद्धि देती है ॥ ३८ ॥

यदि क्रोधपरा विद्या भक्षयेत् साधकं लघु ।
अतः समवयोरूपां देवतामष्टसिद्धिदाम् ॥ ३९ ॥

यदि विद्या क्रोध में रहने वाली है तो साधक का शीघ्र ही भक्षण कर जाती है, अतः अपने समान वय रूप वाले देवता का पूजन करे क्योंकि वह इष्टसिद्धि प्रदान करते हैं ॥ ३९ ॥

देवो भूत्वा यजेद्देवं तदा मोक्षं समाप्नुयात् ।
यदि वर्णं न जानाति कौलपुत्रोऽप्यधो व्रजेत् ॥ ४० ॥

स्वयं देवता बन कर ही देवता का यजन पूजन करना चाहिए, तभी साधक को मोक्ष

प्राप्ति होती है । यदि वर्णों का ज्ञान नहीं है तो साधक कौल पुत्र (शक्ति का उपासक) हो कर भी नीचे गिर जाता है ॥ ४० ॥

डाकिनी तं भक्षयति दीक्षामन्त्रार्णहीनकम् ।
ततो वर्णविचारञ्च प्रवक्ष्यामि समासतः ॥ ४१ ॥

दीक्षा मन्त्र के वर्ण से रहित साधक को डाकिनी खा जाती है । हे शिव ! इसलिए मन्त्र के वर्ण का विचार संक्षेप में कहती हूँ ॥ ४१ ॥

चापान् धृत्वा नरेन्द्रस्तमपि मनुजकं पालयन्तीह लोके
सर्वं[1] चन्द्रो विघातं प्रचुरमयभयं भास्करो हन्ति शोकान् ।
चातुर्थ्या चक्रपाणेः पदमपि चपला सन्ददातीह माया-
योगोद्योगी[2] चरुगतमनसा साधकायाऽऽशु योगम् ॥ ४२ ॥

च वर्ण विचार—इस लोक में (चवर्गोपासक) मनुष्य की राजा स्वयं बाण लेकर पालन करते हैं । चन्द्रमा प्रचुरता युक्त उसके भय को विनष्ट करते हैं । भास्कर शोक दूर करते हैं । चौथी चपला माया उसे चक्रपाणि विष्णु का पद देती है । किं बहुना, योग में तत्पर योगी हूयमान अन्न वाले मन से उस साधक को शीघ्र ही योग प्रदान करते हैं ॥ ४२ ॥

छत्राशा कमले स्थिता स्थितिलये वाञ्छाफलश्रीधरा
छायामण्डपमध्यगाच्छलगता छत्रञ्छटा तेजसा ।
त्रैलोक्यं प्रतिपाति पाशुपतिभिः क्षेत्राधिपैः श्रीधरैः
प्राणप्रेमविहारिणी भगवतीच्छत्रेण तं साधकम् ॥ ४३ ॥

छ वर्ण विचार—छः की देवता छत्रशा कमल पर स्थित हैं । वे स्थिति तथा लय में वाञ्छा फल की श्री धारण करने वाली हैं, छाया मण्डप के मध्य में गमन करती है, छल करने वाली हैं, अपने तेज से छत्र की छटा से युक्त है, वे पाशुपतियों तथा श्री धारण करने वाले क्षेत्राण्पिों के साथ त्रैलोक्य का पालन करती हैं, ऐसी प्राणों में प्रेम पूर्वक विहार करने वाली भगवती उस छकारोपासक साधक की अपने छत्र से रक्षा करें ॥ ४३ ॥

जातिख्यातिरनुत्तमा[3] प्रभवति प्रीतायमाभ्यासतां
जीवानामतिदुःखराशिहननात् एकार्थसञ्चारिणी ।
वज्रा जीवनमध्यगा गतिमती विद्या जया यामिनी
जाता जातनिवारिणी जनमनःसंहारचिन्तावतु ॥ ४४ ॥

ज वर्ण विचार—जिस जकार का अभ्यास करने वालों की जाति तथा ख्याति सर्वश्रेष्ठ रूप में उत्पन्न हो जाती है, जीवों के अत्यन्त दुःख राशि का हनन करने से एकार्थ सञ्चारिणी जिस पर प्रसन्न रहती हैं ऐसी वज्रा, जीवन मध्यगा, गतिमती, विद्या, जया यामिनी, जाता, जातनिवारिणी संहार चिन्ता स्वरूपा भगवती मनुष्यों के मन की रक्षा करें ॥ ४४ ॥

झं झंत्वादविवादं झटिति झरझरा झारयाबीजझङ्कां

---

१. चिन्ता—ग० । २. योगे उदयोगी । ३. नास्ति उत्तमो यस्याः सा ।

गङ्गा हन्ति हताशुभा धनमुखी कैवल्यमुक्तिप्रदा ।
कृत्वा रक्षति साधकं झरझनत्कारेण सूक्ष्मानिला
कामक्रोधविनाशिनी शशिमुखी झङ्कारशब्दप्रिया ॥ ४५ ॥

झ विचार—शीघ्र ही वाद विवाद को विनष्ट कर झर्झरा (झाँझ) के समान शब्द करने वाली जो गङ्गा अपने झं झं शब्द से जन्म मरण के बीजझङ्कार को नष्ट कर देती हैं, अशुभों का हनन कर देती हैं धन प्रदान करने वाली तथा कैवल्य मुक्ति देने वाली हैं सूक्ष्म वायु से परिपूर्ण ऐसी काम क्रोध की विनाशिनी, चन्द्रमुखी, झङ्कार शब्द से प्रेम करने वाली गङ्गा अपने झरझनत्कार शब्द से (झकारोपासक) साधक की रक्षा करती है ॥ ४५ ॥

ञकारबीजामलभावसारैः बाणस्य पुञ्जं प्रतिहन्ति योगिनी ।
खड्गायुधा सा रसपानमत्ता संहारनिद्राकुलसाधुदुःखहा ॥ ४६ ॥

ञवर्ण का विचार—जो अकार बीजाधिष्ठात्री योगिनी अकारबीज रूप स्वच्छ भाव सार से बाण समूहों को नष्ट कर देती हैं, वह खड्ग का आयुध धारण करने वाली, रस पान से प्रमत्त संहार निद्रा से आकुल साधुजनों के दुःख को दूर करें ॥ ४६ ॥

चन्द्रातपस्निग्धसुकान्त विग्रहा टङ्कास्त्र वज्रास्त्रहतारिपुङ्गवाः ।
टिं टिं महामन्त्रजपेन सिद्धिदा हन्ति श्रियं कापुरुषस्य पातकम् ॥ ४७ ॥

ट वर्ण विचार—चन्द्रमा की चन्द्रकिरण के समान स्निग्ध तथा मनोहर विग्रह वाली अपने टङ्कास्त्र (त्रिशूल) तथा वज्रास्त्र से अरिपुङ्गवों का विनाश करने वाली, टिं टिं इस बीज रूप मन्त्र से सिद्धि देने वाली टकाराधिष्ठातृ देवता दारिद्र पुरुष के पातक का विनाश करती हैं और श्री प्रदान करती हैं ॥ ४७ ॥

विशालनेत्रा यदि चारुकाङ्गी[१] ठं ठं स्वबीजं परिपाति कक्षरी ।
मनोगतं दुःखसमूहमुर्वशी रत्नाकरा सैन्यकुलं निहन्ति ॥ ४८ ॥

ठकार वर्ण विचार—ठकार की अधिष्ठातृ देवी विशाल नेत्रों वाली अत्यन्त मनोहर अङ्गो वाली है और ठं ठं अपने इस बीज की रक्षा करती हैं । ऐसी कक्षरी रत्नाकरा उर्वशी देवी उपने उपासकों के मन में रहने वाले समस्त दुःख समूहों को तथा शत्रु के सैन्य कुलों को विनष्ट करती हैं ॥ ४८॥

डामरा जगतामाद्या डं डां डिं डीं स्वरूपिणी ।
कामचक्रे सुखं दत्वा सारयैवं तनोति सा ॥ ४९ ॥

ङ वर्ण विचार—ड की अधिष्ठात्री जगत् की आदि भूता डामरा हैं । वे डं डां डिं डीं स्वरूपिणी हैं । वे अपने डकारोपासक को सुख प्रदान कर शीघ्रता पूर्वक उसे आगे बढ़ाती हैं ॥ ४९ ॥

ढं ढां बीजात्मिका विद्या रत्नमन्दिरसंस्थिता ।
ढक्कारी पाशहस्ता च साधक पाति सुन्दरी ॥ ५० ॥

---

१. चक्कवाङ्गी—क० ।

ढ वर्ण विचार—ढ की अधिष्ठातृ देवता ढं ढां बीजात्मिका विद्या हैं, जो रत्न मन्दिर में निवास करती हैं । ऐसी ढक्कारी सुन्दरी अपने हाथ में पाश लेकर ढकारोपासक साधक की रक्षा करती हैं ॥ ५० ॥

णं णां णिं णीं जपति सुजनो जीवनीमध्यसंस्था
अष्टैश्वर्या प्रभवति हृदि क्षोभपुञ्जापहाय ।
वाराणस्यां सकलभयहा सन्ददातीह लक्ष्मीं
सूक्ष्मात्यन्तानलपथमुखी कालजालं निहन्ति ॥ ५१ ॥

ण वर्ण विचार—जो सुजन णं णां णिं णीं इस मन्त्र का जप करता है उसके हृदय में समस्त क्षोभ पुञ्जों को विनष्ट कर ण की अधिष्ठात्री जीवनी मध्यसंस्था अष्टैश्वर्या देवी स्वयं उत्पन्न हो जाती हैं । वह वाराणसी में समस्त भय को विनष्ट करने वाली हैं और अपने साधक (णकारोपासक) को लक्ष्मी प्रदान करती हैं । वह सूक्ष्मा हैं । जाज्वल्यमान अग्नि के समान प्रदीप्त मुख वाली हैं तथा काल के जाल को नष्ट कर देती हैं ॥ ५१ ॥

तारारूपा तरुस्था त्रिनयन कुटिला तारकाख्या
निहन्त्री तन्वश्रेणी तरुवरकलात्राणहेतोरतीता ।
तालक्षेत्रा तडिदिव कलाकोटिसूर्यप्रकाशा
तोकादीनां बहलतरुणी तारकं पाति भक्तम् ॥ ५२ ॥

त.वर्ण विचार—त की अधिष्ठात्री तारारूपा तरु पर स्थित रहने वाली, तीन नेत्रों से भयङ्कर, तारका नाम से प्रसिद्ध, संहार करने वाली, तन्त्र की श्रेणी (पंक्ति) के त्राण के लिये वर्तमान रहने वाली, तरुवर की कला, मन कर्म और वाणी से अगम्या, तालों के क्षेत्र में निवास करने वाली. बिजली के समान कलाओं से युक्त, करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमती, कन्या पुत्रादि सन्तानों के संरक्षण के लिए अत्यन्त तरुणी स्वरूपा ऐसी तकाराधिष्टातृ देवता तारा अपने तारक मन्त्रों के जप करने वाले भक्त की रक्षा करती हैं ॥ ५२ ॥

कालक्रमेणैव विमुक्तिदायिनी मनोरमा नीरजनेत्र कोमला[1]।
स्थिता क्ष(थ)काराक्षरमालिनीस्थला प्रपाति मुख्यं वरसाधकं शिवा ॥ ५३ ॥

थ वर्ण विचार—थकाराधिष्ठातृ देवी भी कालक्रम से विमुक्ति देने वाली हैं । अत्यन्त मनोहर तथा नीले कमल के समान कोमल नेत्र वाली हैं । सर्वदा स्थित रहने वाली, थकार रूप अक्षरों की माला धारण करने वाली, स्थल (पृथ्वी) स्वरूपा शिवा अपने मुख्य वर साधक (थकारोपासक) की रक्षा करती हैं ॥ ५३ ॥

दाली दरिद्रातिनिकृष्टदुःखहा दान्तप्रिया दैत्यविदारिणी दहा ।
दानस्थलस्था दयिता जगत्पतेर्दयां ददाति द्रवदेवदारा ॥ ५४ ॥

द वर्ण विचार—द की अधिष्ठात्री देवी दाली (दलन करने वाली) हैं । दरिद्रता तथा अत्यन्त निकृष्ट दुःख की हन्त्री हैं, दान्त (उदार पुरुषों) पर प्रेम करने वाली, दैत्य

---

१. नीरजे इव नेत्रे, तयोः (तदवच्छेदेन) कोमला ।

विदारिणी तथा दहन करने वाली हैं, दान स्थल में निवास करने वाली तथा जगत्पति की दयिता हैं । दकाराधिष्ठात्री ऐसी द्रवित होने वाली देवधरा अपने (दकारोपासकों) को दया प्रदान करती हैं ॥ ५४ ॥

धात्री धराधारणतत्परा धनी धनप्रदा धर्मगतिर्धरित्री ।
दधार धीरं धनबीजमालिनी ध्यानस्थिता धर्मनिरूपणाय ॥ ५५ ॥

ध वर्ण विचार—धकाराधिष्ठात्री धात्री धरा स्वरूपा, जगत् के धारण में तत्पर धनी, धनप्रदा, धर्म की एकमात्र गति तथा धरित्री स्वरूपा है । धन बीज की माला धारण करने वाली वे धीरों को धारण करती हैं किं बहुना धर्म के निरूपण के लिए ध्यान में स्थित रहती है ॥ ५५ ॥

नन्दस्य प्रतिपालनाय जगतामानन्दपुञ्जोदया
योगिन्यो नयनाम्बुजोज्ज्वलशिखाशोभा प्रमालाक्षरा ।
नीता नावपथस्थिता मतिमती याः पालयन्तीह ताः
पान्तु श्रीमुखतेजसा खलु यथा कालक्रमात् साधकम् ॥ ५६ ॥

न वर्ण विचार—जिस नकाराधिष्ठात्री देवी का उदय नन्द के प्रति पालन के लिए जगत् के आनन्दपुञ्ज के रूप में हुआ है, जो योगिनी के नयनाम्बुज के लिए उज्ज्वल शिखा है, शोभा की माला धारण करने वाली तथा अक्षरा हैं, विनीत एवं नाव पथ में स्थित रहने वाली तथा मति सम्पन्ना हैं, ऐसी भगवती जिनका पालन करती हैं उनकी रक्षा भी अपने श्री मुख तेज से इस प्रकार करें जिस प्रकार कालक्रम से अपने साधक (नकारोपासक) की रक्षा करती हैं ॥ ५६ ॥

पीता प्रेमविलासिनी वरपथज्ञानाश्रया पालनात्
पूज्या पायसपा परापरपदा पीताम्बरा पोषणा ।
प्रौढा प्रेमवती पुराणकथना पायात् पुरा पावनी
या कामेश्वरपावनं परजनं श्री साधकं प्रस्थिता ॥ ५७ ॥

प वर्ण विचार—जो पकाराधिष्ठात्री देवी प्रसन्न रहने वाली, प्रेम में विलास करने वाली हैं, श्रेष्ठ मार्ग वाले ज्ञान का आश्रय करने वाली तथा पालन करने के कारण पूज्य हैं, पायस का पान करने वाली पर तथा अपर को देने वाली हैं । पीत वस्त्र धारण करने वाली, सबका पोषण करने वाली, पौढ़ा, प्रेमवती तथा पुराण का कथन करने वाली हैं, अतीत काल से वर्तमान रहने वाली, पावन करने वाली तथा प्रकर्ष रूप से स्थिति करने वाली हैं ऐसी वह जिसने कामेश्वर को पवित्र किया था अपने अनुत्तमजन श्री साधक की भी रक्षा करें ॥ ५७ ॥

फुत्फणिवरमाला फेरवी फेरुरूपा
फणधरमुखकुल्याम्भोजवाक्यामृताब्धौ ।
निरवधिहरिकण्ठे वाक्यरूपा फलस्था
फलगतफणिचूडा पातु फुल्लारविन्दे ॥ ५८ ॥

फ कार वर्ण विचार—जो फकाराधिष्ठात्री फुत्कार करने वाले सर्प की श्रेष्ठ माला धारण करने वाली शृगाली तथा शृगाल का रूप धारण करने वाली हैं, अनन्त के मुख कुल्या में विकसित कमल रूपी वाक्य के अमृत समुद्र के समान अपार श्री विष्णु के कण्ठ में वाक्य स्वरूपा एवं फल में स्थित रहने वाली, फलगता (प्रग्रह के समान लटकते) फणि को अपने चूड़ा में धारण करने वाली हैं वह फुल्लारविन्द में अपने फकारोपासक साधक की रक्षा करें ॥ ५८ ॥

वज्राख्यां वशकारिणीं यदि जपेत् श्रीपादसंसेवनात्
बाल्यं वेदविनिर्गतां भगवतीं श्रीरामदेवोर्व्वराम् ।
वश्या तस्य कराम्बुजे वसति सा वीरासनःस्था वशा
वक्त्राम्भोरुह कोमले भगवती भूतेश्वरी भूतगा ॥ ५९ ॥

बकार भकार वर्ण विचार—वकार की अधिष्ठात्री बज्रनाम से पुकारी जाने वाली, सबको वश में करने वाली, वेद से निकली हुई श्री रामदेव को उत्पन्न करने वाली, ऐसी भगवती का जो साधक बाल्यावस्था में जप करता है तो उस श्री पाद के संसेवन के प्रभाव से उसके कर कमल में वीरासन से स्थित रहने वाली वशा नाम वाली भगवती वश्य हो जाती हैं। किं बहुना भूतगा भूतेश्वरी भगवती उसके कोमल मुख कमल में निवास करती हैं ॥ ५९ ॥

माता मन्दिरमालिनी मतिमतामानन्दमालामला[१]
मिथ्यामैथुनमोहिनी मनसि या(जा) मि(मे)ला महन्मेलनी ।
मानी तं वदते महेश्वरमहित्वं तस्य वक्षःस्थले
स्थित्वा सा मरणं निहन्ति सहसा [२]मौनावलम्बी भवेत् ॥ ६० ॥

म वर्ण विचार—म की अधिष्ठात्री माता मन्दिर माला में निवास करने वाली बुद्धिमानों की आनन्द माला तथा अमला हैं। मिथ्या तथा मैथुन से मोहित करने वाली हैं मन से उत्पन्न काम स्वरूपा हैं, मेला स्वरूपा महान् लोगों को मिलाने वाली हैं, जो मानी उस मकार को महेश्वर की महनीयता कहते हैं उसके वक्षःस्थल पर स्थित हो कर वह मकाराधिष्ठात्री उसके मृत्यु को मार डालती हैं और वह सहसा मौन का आलम्बन ग्रहण करता है ॥ ६० ॥

यातप्रिया[३] या प्रतिभाति योगिनी
यामास्थिता योगमुखास्पदा यथा ।
योनिस्थले सा यतिसाधकं
यशोयात्रा सदा पाति यमादिकं दहेत् ॥ ६१ ॥

य वर्ण विचार—जो यतियों से प्रेम करने वाली यकाराधिष्ठात्री योगिनी हैं जो यामा (रात्रि दिन के अष्टम भाग) में स्थित रहने वाली अथवा रात्रि स्वरूपा हैं वह जिस प्रकार योनिस्थल की मुख्य आस्पदा हैं उसी प्रकार योग की भी मुख्य आस्पदा हैं, यशः स्वरूपा

---

१. आनन्दमाला चासौ अमला चेति आनन्दमालामला ।
२. मौनमवलम्बते तच्छील: ।
३. याति प्रिया—ग० ।

तथा प्रव्रज्या स्वरूपा हैं, वह अपने यति साधक की सदैव रक्षा करती हैं ओर उसके यम (मृत्यु) को नष्ट कर देती हैं ॥ ६१ ॥

रत्नस्था रतिराजिता रणमुखे राज्ञः [१]प्रियाभीतिहा-
रुक्ष्मा(क्या)लङ्कृतरङ्गिणी रसवती रागापहा रोगहा ।
राजेन्द्रं रजनीस्थे प्रकुपिता राधामृता पाति तं
स्वाहारूपमनोरमा सुरमणी रामा रकाराक्षरी ॥ ६२ ॥

र वर्ण विचार—र वर्ण की अधिष्ठात्री रत्नों में रहने वाली रति से शोभित होने वाली युद्धस्थल में राजाओं की प्रिय तथा भीति (भय) का हरण करने वाली हैं, सुर्वण के अलङ्कार से अलंकृत, नटों के वेशभूषा वाला स्थान रंगशाला में निवास करने वाली हैं। रस से पूर्ण, राग का अपहरण करने वाली तथा रोगों को दूर करने वाली हैं, राधा एवं अमृता हैं। राजेन्द्र की रक्षा करने वाली तथा रजनी (अन्धकार) या अज्ञान में रहने वाले पर कोप करती हैं। स्वाहा का स्वरूप, मनोरमा सुरमणी है ऐसी रकाराक्षर वाली रामा अपने उपासक की रक्षा करे ॥ ६२ ॥

लक्ष्मीर्लाङ्गलिलक्षणा सुललना लोलामला निर्भया
बालामूलमिवासतां[२] लवणाकुला सिन्धूल्लासलीलाकुला।
लोलाकोलकुलान्न[३]जानलमुखी लग्नालघूराकुला
कौलार्काकुल[४]लोचना लयकरी लीलालयं पाति माम् ॥ ६३ ॥

ल वर्ण का स्वरूप—जो लकाराधिष्ठात्री लक्ष्मी हैं लाङ्गलि (हल) लक्षण वाली हैं। सुललना, लोला, अमला (विमला) तथा निर्भया हैं, बाला हैं, असतों (दुष्टों) का अमूलीकरण करने वाली हैं, लावण्य युक्त तथा समुद्र के उल्लास के समान लीला से आकुल हैं। लोला, कोलकुलान्नजा, अनलमुखी लग्ना, लघू तथा आकुला हैं। कौल मार्ग की सूर्य स्वरूपा, आकुल नेत्रों वाली, लयकरी हैं—ऐसी भगवती लीला के आलयभूत मेरी रक्षा करती हैं ॥ ६३ ॥

विषासवस्थानरणस्थवासना
वश्यावहन्ती[५] ललनावशार्थम् ।
सा पाति वीरं यदि तां भजेद् वशी
विषाशनं ते निवसन्ति वारुणीम् ॥ ६४ ॥

वकार स्वरूप विचार—जो विष (पारद) के आसव की स्थान, रण स्थल में उत्पन्न वासना वाली, वश्या ललना के वेशभूषा वाले अर्थ (प्रयोजन) वहन करने वाली हैं,

---

१. रीतिहा—ग० ।
२. मूलामूलनिरामतां सबलकुल्लासलोलाकुला—क० ।
३. कुलानलमूलीलग्नालधूरा कुला—ग० ।
४. कौलालौलिललोचना नयबला वालोज्ज्वला पाति नः—क० ।
५. सकला—ग० ।

वशी वीर यदि ऐसी देवी का भजन करे तो वह उस वीर की रक्षा करती हैं । हे देवि ! आपका विष (पारा) भोजन है, जिसमें वारुणी का निवास है ॥ ६४ ॥

शीतां शशीशोक विशेषनाशिनीं
भजेत् सुशीलां स भवेद्दिवाकरः ।
शिवां शचीं शौचशुभां शवप्रियां
शवस्थितां शीतलदेशशोभिताम् ॥ ६५ ॥

श वर्ण विचार—शीत, शशी के शोक विशेष का नाश करने वाली ऐसी शकाराधिष्ठात्री शिवा, शची, पवित्रता से कल्याणकारिणी, शव से प्रेम करने वाली, शव में निवास करने वाली, शीतल देश में शोभित होने वाली सुशीला का जो साधक भजन करता है वह सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है ॥ ६५ ॥

षट्चक्रे षट्पदाषाढी षडङ्गस्था षडानना ।
षट्चक्रे सिद्धिदा पाति साधकं षोडशी मुदा ॥ ६६ ॥

ष वर्ण विचार—षकार की अधिष्ठात्री षट्चक्र में षट्पदा है आषाढ़ी (पलाश दण्ड धारण करने वाली ब्रह्म धारिणी) वेद के छः अङ्गो में रहने वाली तथा छः मुखों वाली हैं ऐसी षट्चक्र में रहने वाली सिद्धिदा षोडशी देवी प्रसन्नतापूर्वक अपने षकारोपासक साधक की रक्षा करती हैं ॥ ६६ ॥

सा मा सूक्ष्मा [१]वहति सुजलं सप्तनाकस्थलाढ्या[२]
सारा साक्षात् सुखसमरसोज्ज्वालसाह्लादसाम्या ।
साकारा साम्बुजमधुगिरा पूरयन्ती महार्थं
वेदा सौरा सुरमतिनिवहा सामवेदान्तरस्था ॥ ६७ ॥

सकार वर्ण विचार—सकार की वही अधिष्ठात्री माँ (लक्ष्मी) हैं, सुन्दर जल धारण करती है, पात, आकाश अथवा स्वर्ग स्थल में निवास करने वाली हैं, वस्तुओं की सार हैं, साक्षात् सुख की समता वाली रस से उत्कृष्ट ज्वाला से आह्लाद सहित, समतायुक्त साकारस्वरूप वाली, कमल में रहने वाली, मधुरता के समान कोमल वाणी वाली, सबके महान् अर्थों को पूर्ण करती हुई, वेद स्वरूपा सूर्य की किरणों के समान देदीप्यमान देवताओं के समान मति वाली सामवेद के अन्तर में निवास करने वाली अपने सकारोपासक की रक्षा करें ॥ ६७ ॥

हठात्कारेण सहारा हरति प्राणहं जनम् ।
निहारिणं न सा हन्ति हिरण्याहारमालिनी ॥ ६८ ॥

हकार वर्ण विचार—जो हकाराधिष्ठात्री हठ पूर्वक हार (माला) के सहित हो जाती हैं, दूसरे के प्राण लेने वाले जन को मार डालती हैं, किन्तु जो दूसरे के प्राणों की रक्षा करता है उसे वह हिरण्यहार मालिनी नहीं मारती ॥ ६८ ॥

---

१. सा मासूक्ष्मा रस इति सुजनं सप्तलोकस्थलाद्या ।

२. सप्तानां नाकस्थलानामाढ्या स्वामिनी ।

आलोका लक्षजपदा लाक्षरंल्लक्षणा[१] समा ।
आलग्दानाल सालापा ? पाति तं यो भजेल्लघु ॥ ६९ ॥

क्षकार वर्ण विचार—जो क्षकाराधिष्ठात्री प्रकाश स्वरूपा हैं, एक लाख जप करने वाले को दान करती हैं, ल अक्षर से युक्त हैं सर्वलक्षण तथा समता वाली कोश है आलग्नादानाल सालापा (आलम्लोल्वान इति जीवानन्दपाठः ?) हैं जो शीघ्रता से उनका भजन करता है उसकी वह शीघ्रता से रक्षा करती है ॥ ६९ ॥

क्षयं क्षितौ याति सुसूक्ष्मभावनं
विहाय मन्त्री क्षयरोगहारिणी ।
सूक्ष्मातिसूक्ष्मान्यतमं विचिन्तयेत्
क्षोभादिकं पक्षकलाक्षयन्ती ॥ ७० ॥

जो मन्त्री क्षयरोग का हरण करने वाली क्षकाराधिष्ठात्री देवी को छोड़कर सुसूक्ष्मभावना करता है वह इस पृथ्वी में ही विनष्ट हो जाता है अतः सूक्ष्म से भी अति सूक्ष्म सब से अन्यतम क्षकाराधिष्ठात्री की भावना करनी चाहिए, जो क्षोभादि समस्त दोषों को तथा पक्ष की कलाओं को विनष्ट करती हैं ॥ ७० ॥

षोडशस्वरफलकथनम्

षोडशस्वरभेदेन फलं शृणु महाप्रभो ।
संक्षेपेण प्रवक्तव्यमुत्कृष्टं फलकाङ्क्षिणाम् ॥ ७१ ॥

हे महाप्रभो ! अब सोलह स्वर के भेद से वर्णों के फल को सुनिए, उसे मैं उत्कृष्ट फल चाहने वाले अपने भक्तों के लिए संक्षेप में कहती हूँ ॥ ७१ ॥

श्लोकत्रयेण(द्वयेन) तत्सर्वं फलमत्यन्तसाधनम् ।
ये कुर्वन्ति महादेव कामचक्रोत्सवं यथा ॥ ७२ ॥

अत्यन्त साधना से युक्त वह फल मात्र दो तीन श्लोक में ही कहती हूँ । हे महादेव ! जो कामचक्र का उत्सव करते हैं, यह उन्हीं के समान हैं ॥ ७२ ॥

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ
आद्याष्टस्वरमङ्गलं जपति यः श्रीनाथवक्त्राम्बुजां
प्राप्य श्रीधरनायकः क्षितितले सिद्धो भवेत् तत्क्षणात् ।
राजा राजकुलेश्वरो जयपथे दीपोज्वलामालया
सम्पश्येत् परमां कलां जयति सः कामानलं ताडयेत् ॥ ७३ ॥

आदि के आठ स्वर (अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ) जो मङ्गल देने वाले हैं उनका जो जप करता है वह श्रीनाथ के मुख कमल में रहने वाली अष्ट स्वराधिष्ठात्री देवी को प्राप्त कर पृथ्वी में सम्पत्तिवानों का नायक बन जाता है । तत्क्षण सिद्धि प्राप्त कर लेता है, राजकुलों का

---

१. आलोका लक्षजयदा लालाक्षरांकलोमशा—क० ।

ईश्वर तथा राजा बन जाता है । वह जय के पथ में दीप की उज्ज्वल माला से परमा कला को प्राप्त करता है । किं बहुना कामानल को प्रताड़ित भी करता है ॥ ७३ ॥

लृ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः ।
शेषाष्टौ स्वरपावनी [1]प्रियजनानन्देन मन्दोदरी
मन्त्रं हन्ति मदानना त्रिजगतां [2]साधूत्तमानां सुखम् ।
दत्त्वा पालयति प्रभा प्रलयके[3] कौटिल्यविद्यापहा
भक्तये[4] क्षितिपालनं निजजपध्यानाकुलामङ्गलम्[5] ॥ ७४ ॥

शेष आठ स्वर लृ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः की अधिष्ठात्री पावन करने वाली हैं। प्रिय जनों को आनन्द देने से मन्द उदर वाली हैं । वह मद्य के मुख वाली, मन्त्र को नष्ट कर देती हैं । तीनों जगत् में रहने वाले उत्तम साधुओं को सुख देकर उनका पालन करती हैं, प्रभा होकर प्रलय काल में जो पालन करती हैं, कौटिल्य विद्या का जो अपहनन करती हैं, इस प्रकार पृथ्वी का पालन करती हुई जो अपने जप एवं ध्यान में आकुल भक्तों का मङ्गल करती हैं ॥ ७४ ॥

इति वर्णफलं ज्ञात्वा यो गृह्णाति मनूत्तमम् ।
स भवेत् कुलयोगार्थी सिद्धज्ञानी महीतले ॥ ७५ ॥

इस प्रकार वर्णों के फल को जान कर जो साधक उत्तम मन्त्र ग्रहण करता है वह पृथ्वीतल में कुल योग (शाक्त सम्प्रदाय प्रचलित योग) का अर्थी (याचक) हो जाता है । किं बहुना ऐसा करने से सिद्ध ज्ञानी हो जाता है ॥ ७५ ॥

वर्गे वर्गे फलं नाथ शृणु वक्ष्यामि अद्भुतम् ।
प्रश्नादीनाञ्च कथनं यो जानाति स साधकः ॥ ७६ ॥

हे नाथ ! अब प्रत्येक क वर्गादि वर्गों का अद्भुत फल कहती हूँ उसे सुनिए । यह उस साधक के लिए है जो प्रश्नादि के कथन की विधि जानता है ॥ ७६ ॥

वर्गे वर्गे फलकथनम्

कवर्गे कामसम्पत्तिं श्रिया व्याप्तं सुमन्दिरम् ।
प्राप्नोति कामचक्रार्थं राशिनक्षत्रसम्मतम् ॥ ७७ ॥

कवर्ग में प्रश्न करने वाला काम सम्पत्ति तथा श्री (लक्ष्मी) से परिपूर्ण सुन्दर एवं धवल गृह प्राप्त करता है । यह कामचक्र में कहा गया अर्थ है और राशि तथा नक्षत्र से भी सम्मत है ॥ ७७ ॥

चवर्गे दीर्घजीवी स्यात् दृढसम्पदमेव च ।
वृत्तिं प्राप्नोति गमनादनुद्दिश्य शरीरिणः ॥ ७८ ॥

---

१. आलम्लोल्वान—क० । २. प्रियतम—ग० । ३. प्रबलये इति सं० पुस्तके पाठः । ४. साध्योत्तमानाम्—ग० । ५. निजजपध्यानाकुला इति कृत्वा मङ्गलम् ।

चवर्ग में प्रश्न करने वाला दीर्घजीवी होता है, पर्याप्त सम्पत्ति प्राप्त करता है, विदेशादि में गमन से उत्तम वृत्ति प्राप्त करता है किसी शरीरधारी का आश्रय लिए बिना वह अपनी यात्रा में अपने परिवार का समाचार प्राप्त करता है, इस प्रकार प्रवास गमन में उसे लाभ प्राप्त होता है ॥ ७८ ॥

समाचारं समाप्नोति गमने सर्वमुत्तमम् ।
टवर्गे सम्भवे नाथ महदुच्चाटनादिकम् ॥ ७९ ॥

हे नाथ ! **टवर्ग** में प्रश्न करने पर बहुत बड़ा उच्चाटन प्राप्त करता है, त वर्ग में प्रश्न करने पर पुत्रादि की वृद्धि तथा धन का लाभ होता है ॥ ७९ ॥

पुत्राणामपि वृद्धिः स्यात् तवर्गे धनलाभकम् ।
पवर्गे मरणं नाथ यादि-क्षान्ते महागुणी ॥ ८० ॥

हे नाथ ! पवर्ग में प्रश्न करने से मरण की प्राप्ति होती है, य से लेकर क्षान्त वर्णों में प्रश्न करने पर साधक महागुणी हो जाता है ॥ ८० ॥

कामचक्रफलं नाथ राशिदण्डेन योजयेत् ।
निजगेहस्थितं राशिं ज्ञात्वा हि दिनदण्डतः ॥ ८१ ॥
गणयित्वाशुभं ज्ञानी अनुलोमविलोमतः ।
घटस्थं सकलं[१] सन्धिकोणस्थं पार्श्वके शुभम् ॥ ८२ ॥
शुभमन्त्रं गृहीत्वा तु सिद्धिमाप्नोति साधकः ॥ ८३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावप्रश्नार्थनिर्णये पाशवकल्पे कामचक्रसारसङ्केते सिद्धिमन्त्रप्रकरणे चतुर्वेदोल्लासे भैरवभैरवी संवादे अष्टादशः पटलः ॥ १८ ॥

हे नाथ ! कामचक्र के फल को राशि तथा दण्ड से युक्त करना चाहिए दिन में दण्ड के अनुसार अपने गेह में स्थित राशि तक ज्ञानी अनुलोम विलोम क्रम से (दायें तथा बायें क्रम) से गणना करे । कुम्भ में रहने वाला सभी सान्धिकोणस्थ, वर्ण तथा पार्श्व में रहने वाले वर्ण ये सभी शुभ कारक हैं । साधक शुभ मन्त्र के ग्रहण से ही सिद्धि प्राप्त करता है ॥ ८१-८३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावप्रश्नार्थनिर्णय में पाशवकल्प में कामचक्रसारसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण के चतुर्वेदोल्लास में भैरवभैरवी संवाद में डॉ० सुधाकर मालवीय कृत अठारहवें पटल की हिन्दी पूर्ण हुई ॥ १८ ॥

---

१. त्यक्त्वा यः—ग० ।

अथोनविंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

इदं तु शृणु वक्ष्यामि सर्वतन्त्रार्थगोपनम् ।
तत्सर्वं प्रश्नचक्रे च षडाधारस्य भेदनम् ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे भैरव ! अब सर्वतन्त्रों के द्वारा गुप्त रहस्यों को कहती हूँ । वह सब प्रश्नचक्र में षडाधार का भेदन है ॥ १ ॥

कालचक्रफलं तत्र [1]निर्विकल्पादिसाधनम् ।
प्रश्नचक्रं कामरूपं चैतन्यं सर्वदात्मनोः ॥ २ ॥
षड्मन्दिरे षट्कलापं कैवल्यसाधनादिकम् ।
नानाभोगं योगसिद्धिं हित्वा यो मन्त्रमाजपेत् ॥ ३ ॥
स भवेद् देवताद्रोही कोटिकल्पेन सिध्यति ।
हृदि यस्य महाभक्तिः प्रतिभाति महोदया ॥ ४ ॥
क्षणादेव हि सिद्धिः स्यात् किं जपैर्मन्त्रसाधनैः ।
अतो भक्तिं सदा कुर्याद् देवताभावसिद्धये ॥ ५ ॥

उस प्रश्न चक्र में निर्विकल्पादि साधन कालचक्र का फल है । प्रश्नचक्र कामरूप है और सर्वदा अपेक्षा आत्मा तथा आत्मीय शरीर को चेतना प्रदान करता है । षड्मन्दिर में षट्कलाप हैं कैवल्य साधनादि भी हैं । अनेक प्रकार के भोगों एवं योग सिद्धि का त्याग कर जो मन्त्र का जप करता है । वह देवताओं का द्रोही है, करोड़ों कल्पों में उसे सिद्धि प्राप्त होती है । किन्तु जिसके हृदय में महान् उदय वाली महाभक्ति भासित हो रही है उसे क्षणमात्र में सिद्धि मिल जाती है, जप एवं मन्त्र साधनों से क्या लाभ ? अतः देवता में अपनी भावना सिद्धि के लिए सदैव देव भक्ति करनी चाहिए ॥ २-५ ॥

भैरव उवाच

एतच्चक्रप्रसादेन को वा किं सिद्धिमाप्नुयात् ।
एतस्य भावनादेव किं फलं भावनं शुभम् ॥ ६ ॥

भैरव ने कहा—हे भैरवि ! इस चक्र की कृपा से किसने कब सिद्धि प्राप्त की है, इस चक्र की भावना करने से कौन सा शुभ भावना वाला फल प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

---

१. समाधिर्द्विविधः, निर्विकल्पः सविकल्पश्च, निर्विकल्प आदिर्यस्य तस्य साधनम् ।

को वा प्रश्नादिकथने क्षमो भवति सुन्दरि ।
तत्प्रकारं विधानेन वद मे फलसिद्धये ॥ ७ ॥

हे सुन्दरि ! प्रश्नादि के कथन में कौन सक्षम है अतः फलसिद्धि के लिए आप उसके प्रकार को विधान पूर्वक कहिए ॥ ७ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

यः करोति पूर्णहोमं पुत्रार्थं योगसिद्धये ।
कुण्डलीक्रमयोगेन पुनः पुनः क्रमेण च ॥ ८ ॥
एतच्चक्रार्थभावज्ञः स एव नात्र संशयः ।
यः करोति सदा नाथ वायुनिर्गमलक्षणम् ॥ ९ ॥
ऊर्ध्वं संस्थाप्य विधिवद् भावनां कुरुते नरः ।
स एव सिद्धिमाप्नोति सिद्धमार्गो(र्गे) न संशयः ॥ १० ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—जो योगसिद्धि के लिए अथवा पुत्र प्राप्त के लिए कुण्डली के क्रम के योग से बारम्बार क्रमशः पूर्ण होम करता है वही इस चक्र के अर्थ के भाव को जानने वाला है, इसमें संशय नहीं । हे नाथ ! जो शरीर से वायु के निर्गम रूप लक्षण को करता रहता है और उसे ऊपर उठाकर विधिवत् इस चक्र की भावना करता है, वही सिद्धिमार्ग में सिद्धि प्राप्त करता है इसमें संशय नहीं ॥ ८-१० ॥

फलमेतद्भावनार्थं कामक्रोधादिवर्जितः ।
भावनाफलसिद्ध्यर्थं वायुसंयोगसंक्रमात् ॥ ११ ॥
लेपयित्वा शोधयित्वा मन्त्रयित्वा पुनः पुनः ।
धर्माधर्मविरोधेन सूक्ष्मवायुक्रमेण च ॥ १२ ॥
प्राप्नोति महतीं सिद्धिमेतच्चक्रस्य तत्फलम् ।
फलञ्च द्विविधं प्रोक्तं स्थूलसूक्ष्मपरस्थितम् ॥ १३ ॥

यह फल भावना के लिए कहा गया है, अतः काम क्रोधादि दोषों से विवर्जित हो इसकी भावना करनी चाहिए । भावना फल की सिद्धि के लिए धर्म पूर्वक अधर्म का विरोध करते हुए सूक्ष्म वायु के क्रम से लीपे शुद्ध करे बारम्बार मन्त्र का जप करे । तब साधक महती सिद्धि प्राप्त करता है, वही इस चक्र का फल है । इस प्रश्न चक्र के स्थूल और सूक्ष्म दो फल कहे गए हैं ॥ ११-१३ ॥

स्थूलं त्यक्त्वा महासूक्ष्मे मनो याति यदा यदा ।
तदा हि महती सिद्धिरमरस्तत्क्षणाद् भवेत् ॥ १४ ॥
एकबारं भावयेद्यः सिद्धचक्रस्य वर्णकान् ।
तस्यैव भावसिद्धिः स्याद् भावेन किं न सिद्ध्यति ॥ १५ ॥
महद्भावं विना नाथ कः सिद्धिफलकग्रही ।
योगभ्रष्टः स्थूलफले परजन्मनि सिद्धिभाक् ॥ १६ ॥

जब जब मन स्थूल फल को त्याग कर सूक्ष्म में प्रवेश करे, तभी उसे महती सिद्धि प्राप्त होती है और साधक तत्क्षण अमर हो जाता है । जो एक बार भी सिद्धि चक्र के वर्णों का ध्यान करता है, उसी को भावसिद्धि प्राप्त होती है, क्योकि भाव सिद्धि से क्या नहीं प्राप्त होता ? हे नाथ ! बिना महान् भाव के कौन सिद्धि के फल का आग्रही बन सकता है ? स्थूल फल में भावना करने वाला योग भ्रष्ट हो जाता है उसे अन्य जन्म में सिद्धि मिलती है ॥ १४-१६ ॥

ऐहिके सिद्धिमाप्नोति सूक्ष्मफलक्रमेण च ।
यो जानाति सूक्ष्मफलं स योगी भवति ध्रुवम् ॥ १७ ॥
स एव प्रश्नकथने योग्यो भवति साधकः ।
यः सूक्ष्मफलभोक्ता स्यात् क्रियागोपनतत्परः ॥ १८ ॥

सूक्ष्म फल में भावना क्रम से साधक इसी जन्म में सिद्धि प्राप्त कर लेता है जो योगी सूक्ष्म फल को जानता है वह निश्चय ही योगी बन जाता है । जो सूक्ष्म फल का भोग करने वाला तथा अपनी क्रिया के गोपन में उद्यत रहता है ऐसा साधक ही अपने प्रश्न कथन में योग्य होता है ॥ १७-१८ ॥

निरन्तरं प्रश्नचक्रं आज्ञाचक्रोपरि स्थितम् ।
विभाव्य कालसिद्धिः स्यात् सर्वज्ञो वेदपारगः[१] ॥ १९ ॥
कालज्ञानी च सर्वज्ञ इति तत्त्वार्थ निर्णयः ।
प्रश्नचक्रस्थितं वर्णं सूक्ष्मकालफलावहम्[२] ॥ २० ॥

आज्ञा चक्र पर स्थित रहने वाले प्रश्न चक्र का निरन्तर ध्यान करने से काल सिद्धि होती है, वही सर्वज्ञ एवं वेदों का पारगामी हो जाता है । कालज्ञानी ही सर्वज्ञ है ऐसा तत्त्वार्थ का निर्णय है । प्रश्नचक्र में रहने वाले वे वे वर्ण सूक्ष्म काल के फलों को देने वाले हैं ॥ १९-२० ॥

मनोरूपं दण्डभेदं मासभेदं सवर्गकम् ।
मनसो भ्रम एवं हि काल एको न संशयः ॥ २१ ॥

काल में दण्डादि (दण्ड, पल, विपल) तथा वर्ग सहित मास भेद (द्वादस मास भेद, कृष्ण पक्ष भेद, शुक्ल पक्ष भेद तथा सप्ताहादि भेद) मन के स्वरूप हैं, ये सभी मन के भ्रम हैं, वस्तुतः काल एक ही है इसमें संशय नहीं ॥ २१ ॥

मृत्यु(त्युं)वशं करोत्येव कालज्ञानी स योगिराट् ।
कालेन लीयते सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥ २२ ॥
कालाधीनमिदं विश्वं तस्मात् काल(लं)वशं नयेत् ।
तत्कालं सूक्ष्मनिलयं दुर्वाच्यं[३] प्रश्नकं शृणु ॥ २३ ॥

---

१. वेदानाम् ऋगादीनां पारं गच्छति ।
२. सूक्ष्मकालस्य फलमावहति ।
३. दुर्भाव्यम्—ग० ।

काल ज्ञानी योगिराज है वह मृत्यु को भी अपने वश में कर लेता है एक काल ही ऐसा है जो समस्त चराचर जगत् को अपने में लीन कर लेता है । यह सारा जगत् कालाधीन है इसलिए काल को अपने वश में करना चाहिए । वह सूक्ष्म का निलय है । हे भैरव ! अब सर्वथा दुर्वाच्य कथन न करने योग्य, अर्थात् गुप्त प्रश्नों के विषय में सुनिए ॥ २२-२३ ॥

मेषं तुलाराशिमनुत्तमं सदा
वैशाखमासे फलसिद्धिकारणम्[१] ।
कवर्गमावाप्य स्वरान् स एव
विभावयेत् स क्षितिनाथ आभवेत् ॥ २४ ॥

मेष और तुला राशि सदैव श्रेष्ठ हैं, ये दोनों वैशाख मास में फलसिद्धि के कारण हैं जो इस राशि में क वर्ग तथा समस्त स्वरों को लिखकर भावना करता है, वह पृथ्वीपति बन जाता है ॥ २४ ॥

आज्ञाचक्रोपरि ध्यात्वा सर्वचक्रं महाप्रभो ।
एकक्षणेन सिद्धिः स्यात् परभावेन हेतुना ॥ २५ ॥
सिद्धेशचक्रचैतन्यं यो जानाति महीतले ।
वाक्सिद्धिर्जायते मासाद्दिवारात्रिक्रमेण च ॥ २६ ॥

हे महा प्रभो ! आज्ञाचक्र के ऊपर जो सर्वचक्र का ध्यान करता है उस पर (परमात्मा) में भावना के कारण एक क्षणमात्र में सिद्धि हो जाती है । हे भैरव ! जो इस पृथ्वी तल में सिद्धेशचक्र को महीने के नित्य दिन और रात के क्रम से चेतन करना जानता है, उसे वाक्सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ २५-२६ ॥

वर्णमालासमाक्रान्तं राशिनक्षत्रसंयुतम् ।
ग्रहचक्रं भावयित्वा सर्वं जानाति साधकः ॥ २७ ॥
च वर्गं वृषमीनस्थं कैशोरसिद्धिकारणम् ।
द्विमाससाधनादेव सर्वज्ञो भवति ध्रुवम् ॥ २८ ॥

वर्णमालाओं से परिपूर्ण तथा राशियों एवं नक्षत्रों से युक्त ग्रहचक्र की भावना करने वाला साधक सब कुछ जानने में समर्थ हो जाता है । वृष तथा मीन राशि में रहने वाला च वर्ग किशोरावस्था में सिद्धि का कारण है, साधक दो मास पर्यन्त इसकी साधना से निश्चित रूप से सर्वज्ञ हो जाता है ॥ २७-२८ ॥

योगिनी खेचरी[२] भूत्वा प्रयाति निकटे सताम् ।
ग्रहचक्रप्रसादेन जीवन्मुक्तस्तु साधकः ॥ २९ ॥
यदि कर्म करोत्येव एकान्तचित्तनिर्मलः[३] ।
तस्याऽसाध्यं त्रिभुवने न किञ्चिदपि वर्तते ॥ ३० ॥

---

१. फलानां सिद्धयस्तासां कारणम् । २. विद्या आयाति—ग० ।

३. एकान्ते चित्तम्, अतएव निर्मलम् । एकान्ते—एकलक्ष्ये इत्यर्थः ।

योगिनी, आकाश मण्डल से उन सज्जनों के पास जाती है । बहुत क्या कहें, साधक ग्रहचक्र की कृपा से जीवन्मुक्त हो जाता है । यदि साधक निश्चित रूप से अपने चित्त को निर्मल कर कर्म करता है, तो उसे इस त्रिलोकी में कुछ भी असाध्य नहीं होता ॥ २९-३० ॥

प्रश्नचक्र प्रसादेन सर्वे वै योगिनो भुवि ।
यदि योगी भवेद् भूमौ तदा मोक्षमवाप्नुयात् ॥ ३१ ॥
विना योगसाधनेन कः सिद्धो भूमिमण्डले ।
साधनेन विना सिद्धिः कस्य भक्तस्य जायते ॥ ३२ ॥
भक्तानां निकटे सर्वे प्रतिष्ठन्ति महर्षयः ।
अतो भक्तिं सदा कुर्यात् सर्वधर्मान् विहाय च ॥ ३३ ॥

प्रश्न चक्र की कृपा होने पर इस भूमि में सभी योगी हो सकते हैं और यदि योगी बन जाये तो निश्चित ही उन्हें मुक्ति भी मिल सकती है । जब तक योग साधन न हो तब तक पृथ्वीमण्डल में कौन सिद्ध हो सकता है ? भला बिना योग साधन के किस भक्त को सिद्धि मिल सकती है ? महर्षि गण भक्तों के निकट ही निवास करते हैं । इसलिए समस्त धर्मों का त्याग कर सदैव भक्ति करनी चाहिए ॥ ३१-३३ ॥

तत्कालं भक्तिमाप्नोति प्रश्नचक्रप्रसादतः ।
तत्प्रकारं महाधर्मं को वक्तुं क्षम एव हि ॥ ३४ ॥
कञ्चित्तद्भावसारञ्च प्रश्नचक्रे वदाम्यहम् ।
चवर्गभावनादेव भक्तिं प्राप्नोति साधकः ॥ ३५ ॥

प्रश्नचक्र की कृपा होते ही तत्क्षण साधक भक्ति प्राप्त कर लेता है उस प्रकार वाले महाधर्म को कहने में कौन समर्थ हो सकता है । इस प्रश्न चक्र में मैं उसके कुछ भावसार को कहती हूँ । साधक व वर्ग की भावना, मान से भक्ति प्राप्त कर लेता है ॥ ३४-३५ ॥

समाधाय परं देवमाज्ञाचक्रोपरि प्रभो ।
विभाव्य नित्यभावं हि प्राप्नोति तत्कुलाद(कलाम)पि ॥ ३६ ॥
आनन्दाश्रूणि पुलको देहावेशमनोलयम्[१] ।
सर्वकर्म स्वयं-त्यागी यः करोति स योगिराट् ॥ ३७ ॥

हे प्रभो ! आज्ञाचक्र पर परमात्मा को स्थापित कर उनकी नित्यता का ध्यान कर साधक उसकी कला को भी प्राप्त कर लेता है । उसके नेत्रों से आनन्दाश्रु प्रवाहित होते रहते हैं, शरीर में परमात्मा का आवेश होने लगता है, मन का लय हो जाता है, स्वयं सर्वकर्म का त्याग कर देता है, ऐसा जो करता है वह योगिराज बन जाता है ॥ ३६-३७ ॥

टवर्गे वासनासिद्धिः संसाररहितो भवेत् ।
बलवान् सर्वविज्ञानी त्रिमासे खेचरो भवेत् ॥ ३८ ॥

---

१. देहावेशं देहे इष्टस्यावेशं मनोलयं च करोति इत्यनेनान्वयः ।

२. सुरम्—क० ।

खेचरीमेलनं तस्य [2]परं प्राप्नोति चक्रत: ।
टवर्गं व्याप्य तिष्ठन्ति मिथुनं कुम्भयोनय: ॥ ३९ ॥

ट वर्ग में ध्यान करने से वासनासिद्धि होती है साधक संसार वासना से रहित हो जाता है, बलवान् एवं सर्वविज्ञानी बन जाता है, मात्र तीन महीने में वह खेचर (आकाशचारी) हो जाता है । उसे चक्र द्वारा खेचरी से मिलते ही परमात्मा की प्राप्ति हो जाती है ट वर्ग को व्याप्त कर मिथुन तथा कुम्भराशियाँ स्थित रहती है ॥ ३८-३९ ॥

स्वनक्षत्रस्वयोगञ्च विभाव्य योगिराड् भवेत् ।
चतुर्मासे पूर्णयोगी तवर्गसाधनादपि ॥ ४० ॥
वेतालादिमहासिद्धिमिन्द्र[1]सिद्धिं समाप्नुयात् ।
तवर्गं व्याप्य तिष्ठन्ति [2]मकरवृश्चिककर्कटा: ॥ ४१ ॥

इस प्रकार उन राशियों पर अपने नक्षत्र से अपने को युक्त कर ध्यान करने से साधक योगिराज बन जाता है, तवर्ण की भी साधना करने से साधक चार मास मे पूर्ण योगी बन जाता है । ऐसा साधक वेतालादि महासिद्धियाँ तथा इन्द्र की भी सिद्धि प्राप्त कर लेता है । त वर्ग को व्याप्त कर मकर वृश्चिक एवं कर्क राशि स्थित रहते हैं ॥ ४०-४१ ॥

चिरजीवी भवेदीश [3]इन्द्रतुल्यप्रियो भवेत् ।
तिष्ठेत् प्रलयपर्यन्तं महाप्रलयरूपवान् ॥ ४२ ॥

हे ईश ! त वर्ग की भावना करने वाला चिरजीवी रहता है इन्द्र के समान सबको प्रिय हो जाता है । वह महाप्रलय का रूप धारण कर प्रलय पर्यन्त स्थित रहता है ॥ ४२ ॥

कृत्वा काल(लं)वशं मन्त्री महावायौ महालयम् ।
महाचक्रे सूर्यमध्ये वह्निमण्डलमध्यगे ॥ ४३ ॥

महाचक्र में स्थित सूर्य के मध्य में वह्नि मण्डल के मध्य में तथा महावायु में महालय करके मन्त्रज्ञ साधक काल को अपने वश में करे ॥ ४३ ॥

वाग्देवता[4] तस्य साक्षाद्भवतीति न संशय: ।
पवर्गं व्याप्य तिष्ठन्ति धनु:सिंहास्तु [5]चित्कला: ॥ ४४ ॥

उसे वाग्देवता साक्षाद्रूप में दर्शन देते हैं इसमें संशय नहीं । प वर्ग को व्याप्त कर चित्कला से परिपूर्ण धनुष् तथा सिंह राशि स्थित रहते हैं ॥ ४४ ॥

---

१. इन्दु—क० । २. मकरावृक्षकर्कटा—ग० ।
३. इन्दु—क० । ४. चन्द्र—क० ।
५. महाप्रलयभावेन लीनं कुर्याद् महानिले ।
महाप्रलयपर्यन्तं सैव तिष्ठति निश्चितम् ॥
पञ्चमे मासि सम्प्राप्ते पवर्गशुभलक्षणे ।
मनो निधाय यो योगी ध्यानचिन्तापरो यदि ॥ क० ।

विभाव्य परमस्थानं स(न) नश्यति महानिलम् ।
त्रैलोक्यमष्टवर्गं च षट्चक्रं चक्षुषा क्षणात् ॥ ४५ ॥

साधक त्रिलोकी, अष्टवर्ग, षट्चक्र तथा चक्षुरिन्द्रिय से महानिल का ध्यान कर स्वयं का नाश नहीं करता है ॥ ४५ ॥

यदि वान्तं ब्रह्मरूपं सर्वतीर्थपदाश्रयम् ।
महासत्त्वगुणाक्रान्तं मत्वा निर्मलचक्षुषा ॥ ४६ ॥
कन्यावृश्चिकराशिभ्यां ब्रह्ममार्ग विलोकयेत् ।
षण्मासेन सिद्धिः स्याद् महाकौलो भवेद् ध्रुवम् ॥ ४७ ॥

फिर सम्पूर्ण तीर्थ पदों का आश्रय, महासत्त्वगुण से आक्रान्त ब्रह्मस्वरूप वान्तबीज का अपने निर्मल चक्षु द्वारा दर्शन कर कन्या वृश्चिक राशि से ब्रह्ममार्ग का अवलोकन करता है । ऐसा करने से उसे छः महीने में सिद्धि हो जाती है और वह निश्चित रूप से कुल मार्ग का उपासक बन जाता है ॥ ४६-४७ ॥

मौनी एकान्तभक्तः स्यात् श्रीपादाम्भोजदर्शनम् ।
प्राप्नोति साधकश्रेष्ठः सायुज्यपदवीं लभेत् ॥ ४८ ॥

वह मौनी तथा एकान्त भक्त हो जाता है उसे महाश्री के चरणकमलों का दर्शन प्राप्त हो जाता है । फिर तो ऐसा साधक श्रेष्ठ सायुज्यपदवी प्राप्त कर लेता है ॥ ४८ ॥

ततो मध्ये प्रगच्छन्ति योगिनस्तत्त्वचिन्तकाः ।
शादिक्षान्ते चतुष्कोणे सर्वयोगाश्रये पदे ॥ ४९ ॥
विभाव्य याति शीघ्रं सः श्री देवीलोकमण्डले ।
महाकालो भवेद् धीमान् प्रश्नचक्रस्य भावकः ॥ ५० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावप्रश्नार्थनिर्णये पाशवकल्पे प्रश्नचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे चतुर्वेदोल्लासे भैरवभैरवीसंवादे ऊनविंशः पटलः ॥ १९ ॥

जिस सायुज्यपदवी को तत्त्व चिन्तक योगी जन प्राप्त करते हैं । श से लेकर (क्ष है अन्त में जिसके अर्थात् ह अर्थात् श ष स ह) पर्यन्त वर्ण वाले चतुष्कोण का, जो सभी योगाश्रयों का स्थान है, उसका ध्यान करने से साधक शीघ्र ही देवी लोकमण्डल में पहुँच जाता है, फिर वह प्रश्न चक्र का भावना करने वाला महाकाल हो जाता है ॥ ४९-५० ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावप्रश्नार्थनिर्णय में पाशवकल्प में प्रश्नचक्रसारसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण के चतुर्वेदोल्लास में भैरवभैरवीसंवाद में डॉ० सुधाकर मालवीय कृत उन्नीसवें पटल की हिन्दी पूर्ण हुई ॥ १९ ॥

अथ विंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव सिद्धमन्त्रविचारणम् ।
जपित्वा भावयित्वा च नरो मुच्येत सङ्कटात् ॥ १ ॥

आनन्द भैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर सिद्धमन्त्र पर विचार कहती हूँ, जिनका जप तथा ध्यान करने से मनुष्य सङ्कट से छुटकारा पा जाता है ॥ १ ॥

आनन्दभैरव[1] उवाच

फलचक्रे सर्वमन्त्रं सर्वसारं तनुप्रियम् ।
क्रियायोगाद् भवेत् सिद्धिर्वायवीशक्तिसेवनात्[2] ॥ २ ॥

फल चक्र में सभी मन्त्रों का समावेश है जो सब मन्त्रों का सार एवं अत्यन्त सूक्ष्म है वायवी शक्ति सेवन रूप क्रिया योग से उनकी सिद्धि होती है ॥ २ ॥

वह्निबीजं त्रिकोणस्थं षट्कोणं तद् बहिः प्रभो ।
षट्कोणे षण्मनुं(नून्) ध्यात्वा षण्मासाद्रुद्ररूपिणः ॥ ३ ॥

हे प्रभो ! त्रिकोण में स्थित वह्निबीज (रं) तथा उसके बाहर रहने वाले षट्कोण में छः मन्त्रों का ध्यान कर साधक छः महीने में रुद्रस्वरूप हो जाते हैं ॥ ३ ॥

अष्टकोणे स्थितान् वर्णान् अङ्कभेदेन पण्डितः ।
अङ्कसंख्याक्रमेणैव ध्यात्वा तद् बहिरेव च ॥ ४ ॥
तत्संख्यासु गतान् वर्णान् विभाव्य खेचरो भवेत् ।
विना त्रिकोणयोगेन षटकोणं तत्र वर्णकान् ॥ ५ ॥

उसके बाहर रहने वाले अष्टकोण में स्थित रहने वाले वर्णों को पण्डित साधक अङ्क भेद से लिखे । अङ्क संख्या के क्रम से उन-उन संख्या वाले वर्णों का ध्यान करे तो साधक खेचर हो जाता है । प्रथम कहे गए त्रिकोण में तथा षट्कोण में स्थित उन-उन वर्णों का ध्यान (द्र० २०. ३) न करे ॥ ४-५ ॥

आज्ञाचक्रमध्यदेशे कामचक्रं मनोरमम् ।
कामचक्रं(क्र) मध्यदेशे महासूक्ष्मफलोदयम् ॥ ६ ॥

---

१. इति—क० ।

२. वायवी चासौ शक्तिश्च, संज्ञात्वात् पुंवद्भावयः, तस्याः सेवनात् ।

प्रश्नचक्रं षट्पदार्थं षट्चक्रफलसाधनम् ।
प्रश्नचक्रे फलचक्रं योगाष्टाङ्गफलप्रदम् ॥ ७ ॥

आज्ञाचक्र के मध्य में अत्यन्त मनोरम कामचक्र है । उस कामचक्र के मध्य देश में महासूक्ष्म फल का उदय करने वाला प्रश्नचक्र है, जिसमें षट्चक्र के फलों का साधन करने वाले षट् पदार्थ हैं । उसी प्रश्नचक्र में फल चक्र है जो योग के आठों अङ्गो के फलों को देने वाला है ॥ ६-७ ॥

फलचक्रस्योद्‌र्ध्वभागे वर्णमालाक्रमेण तु ।
तद्वर्णान् मौनजापेन फलसारं समाप्नुयात् ॥ ८ ॥
फलचक्रप्रसादेन तत्त्वचिन्तापरो(रा) मतिः ।
स्थित्वा भू(भ्रू)मध्यकुहरे सदा भावयतीश्वरम् ॥ ९ ॥

फलचक्र के ऊर्ध्व भाग में वर्णमाला के क्रम से स्थापित कर उन वर्णों का मौन हो कर जप करने से समस्त फलों के सार की प्राप्ति होती है । फलचक्र की कृपा होने पर साधक की मति तत्त्वचिन्ता में निमग्न हो जाती है । जिससे साधक दोनों भ्रूमध्य के कुहर में स्थित हो कर ईश्वर का ध्यान करने लग जाता है ॥ ८-९ ॥

भावज्ञानी भवेत् शीघ्रं मूढोऽपि भावनावशात् ।
आदौ सूक्ष्मफलं वक्ष्ये वर्णभेदेन शङ्कर ॥ १० ॥

मूर्ख भी भावना करने से भावज्ञानी हो जाता है । हे शङ्कर ! अब सर्व प्रथम वर्णभेद से उनका सूक्ष्म फल कहती हूँ ॥ १० ॥

वह्निर्भाति निरन्तरं त्रिजगतां नाशाय रक्षाकरो
जीवः सर्वचला चलस्थदहनं श्रीकालिकाविग्रहः ।
सर्वव्यापक ईश्वरः क्षयति यः कामान् मनःपल्लवं
ध्यात्वा तं समरूपवान् परशिवज्ञानी भवेत्तत्क्षणात् ॥ ११ ॥

तीनों जगत् की रक्षा करने वाले अग्निदेव तीनों जगत् के विनाश के लिए भी भासमान रहते हैं । वही सभी प्राणियों के जीवन को धारण करते हैं तथा चराचर जगत् में रहने वाली समस्त वस्तुओं को जला भी देते हैं । इतना ही नहीं श्रीकालिका के विग्रहवान् स्वरूप हैं, इस प्रकार जिनका ध्यान करने से साधक तुरन्त श्रेष्ठ शिव-ज्ञानी हो जाता है ॥ ११ ॥

वह्निबीजं सूक्ष्मफलं साक्षात् प्रत्यक्षकारणम् ।
त्रिकोणस्थं वह्निबीजं विधिविद्याप्रकाशकम् ॥ १२ ॥
अकस्मात् सिद्धिदातारं यो भजेत् स भवेत् सुखी ।

वह्नि बीज (रं) सूक्ष्म फल वाला है तथा साक्षात् प्रत्यक्ष प्रमाण में कारण है । किन्तु उक्त (द्र० २०. ३) त्रिकोणस्थ वह्नि बीज (रं) ब्रह्मविद्या का प्रकाशक है । अकस्मात् सिद्धि देने वाले उस वह्निबीज का जो भजन करता है वह सुखी हो जाता है ॥ १२-१३ ॥

षट्कोणस्थवर्णमन्त्रान् शृणुष्वानन्दभैरव ॥ १३ ॥

यज्ज्ञात्वा देवताः सर्वा दिग्विदिक्षु प्रपालकाः ।
तद्भेदं रमणीयार्थं सङ्केतशुद्धिलाञ्छितम् ॥ १४ ॥

हे आनन्दभैरव ! अब षट्कोणों में रहने वाले (द्र० २१. ३) उन-उन वर्णों को सुनिए । जिनको जान लेने से सभी देवता दिशाओं के तथा विदिशाओं (कोणों) के प्रपालक बन गए । सङ्केत शुद्धि से युक्त उन वर्णों के भेद अत्यन्त रमणीय अर्थ वाले हैं ॥ १३-१४ ॥

वह्निबीजस्योद्ध्वदेशे चन्द्रबीजमनुत्तमम् ।
तत्र यो भावयेन्मन्त्री स सिद्धो नात्र संशयः ॥ १५ ॥

वह्निबीज के ऊपरी भाग में सर्वश्रेष्ठ चन्द्र बीज है, उस चन्द्र बीज का जो मन्त्रज्ञ साधक ध्यान करता है, वह सिद्ध हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ १५ ॥

विधोर्बीजं सूक्ष्मं विमलकमलं कान्तकिरणं
सदा [१] जीवस्थानं प्रलयनिलयं वायुजडितम् ।
ततो वामे सूर्यं सकलविफलध्वंसनिकरं
महावह्निस्थानं भजति सुजनो भावविधिना ॥ १६ ॥

चन्द्रमा का बीज सूक्ष्म है, स्वच्छ कमल के समान विमल है, उसकी किरणें अत्यन्त कमनीय हैं । वह जीवों का स्थान है प्रलयकारी एवं वायु के द्वारा जटित है । उसके वाम भाग में सूर्य है जो सम्पूर्ण विपरीत फलों का विध्वंसक है । सुजन लोग ऐसे महावह्निस्थान का भावना की विधि से भजन करते हैं ॥ १६ ॥

तदधः कोणगेहे च श्रीबीजं पञ्चमस्वरम् ।
भावकल्पलतासारमकारादिकुलाक्षरम् ॥ १७ ॥
चतुःपञ्चाशदङ्कस्थं वायुबीजमधस्ततः ।
विभाव्य वायवीसिद्धिमवाप्नोति नराधिपः ॥ १८ ॥
तदङ्गं दक्षिणे नाथ भवानीबीजमण्डलम् ।
युग्मस्वरसमाक्रान्तं विभाव्य योगिराड् भवेत् ॥ १९ ॥

उसके नीचे कोण वाले गृह में पञ्चम स्वर से युक्त श्रीबीज (श्रीं) है जो भाव कल्पलता का सार है एवं अकारादि कुलाक्षरों से युक्त है । उसके नीचे चौवन पर्यन्त अङ्को से युक्त वायु बीज है । नराधिप उसका ध्यान कर वायवी सिद्धि प्राप्त कर लेता है । हे नाथ ! उसके दक्षिण में भवानी बीज मण्डल है, जो उसी का अङ्ग है और वह दो स्वरों से समाक्रान्त है । उस भवानी बीज मण्डल का ध्यान करने से साधक योगिराज बन जाता है ॥ १७-१९ ॥

तद्दक्षिणोर्ध्वकोणे च सोमबीजमनुत्तमम् ।
विभाव्य जगतामीशदर्शनं प्राप्नुयान्नरः ॥ २० ॥
तदूर्ध्वे परमं बीजं साक्षात्कारफलप्रदम् ।
मासैकभावनादेव देवलोके गतिर्भवेत् ॥ २१ ॥

---

१. जीवस्थानम्, अस्य भावयेदित्यनेनान्वयः ।

तदूर्ध्वकोणगेहे च रुक्मिणीबीजमद्भुतम्[१] ।
साधनादेव सिद्धिः स्याल्लक्ष्मीनाथो भवेदिह ॥ २२ ॥

उसके भी दक्षिण ऊर्ध्वकोण में सर्वश्रेष्ठ सोमबीज है, साधक जन उसका ध्यान करने से जगदीश का दर्शन प्राप्त कर लेते हैं । उसके भी ऊपर परमात्मा का बीज (ॐ ?) है, जो साक्षात् फल देने वाला है, मात्र एक मास तक परमात्मा बीज की भावना से साधक की गति देवलोक तक हो जाती है । उसके भी ऊपर वाले कोण गृह में अद्भुत रुक्मिणी बीज है । उसके साधे साधन से सिद्धि तो प्राप्त होती ही है, साधक इसी लोक में लक्ष्मीनाथ भी बन जाता है ॥ २०-२२ ॥

अङ्गक्रमेण सर्वत्र ज्ञेयं स्वरविधानकम् ।
येन तेन स्वरेणापि वेष्टितं फलबीजकम् ॥ २३ ॥

अङ्ग के क्रम से सर्वत्र स्वर का विधान भी उन-उन कोणों के बीज मन्त्र में समझना चाहिए । फल देने वाले बीज मन्त्र जिस क्रम से कहे गए हैं उसी क्रम से स्वरों द्वारा भी वे वेष्टित हैं ॥ २३ ॥

भवत्येव[२] महादेव वायुसिद्ध्यादिकारणम् ।
अष्टकोणं(ण)तले नाथ षट्कोणे योनि सन्ति वै ॥ २४ ॥
तद्बीजानि सत्फलानि ध्यात्वा वाक्सिद्धिमाप्नुयात्
रेफोद्र्ध्वे कमलाबीजं भावकल्पद्रुमाकरम् ॥ २५ ॥
सर्वत्र तेजसा व्याप्तं विभाव्य योगिनीपतिः ।
तदधः शीतलाबीजं वामभागक्रमेण तु ॥ २६ ॥
विभाव्य परमानन्दरसे मग्नो महासुखी ।
तदधः कामबीजञ्च कामनाफलसिद्धिदम् ॥ २७ ॥

हे महादेव ! ये स्वर वायु सिद्धि आदि में आवश्यक रूप से कारण हैं । हे नाथ ! अष्टकोण के नीचे षट्कोण में जो बीज हैं, उन-उन बीजों को तथा उनके उन-उन फलों का ध्यान कर साधक वाक्सिद्धि प्राप्त कर लेता है । रेफ के ऊपर कमला बीज है, जो भावरूप कल्पद्रुम का समूह है । वह सर्वत्र तेज से व्याप्त है उसका ध्यान करने से साधक योगिनीपति हो जाता है, बायें भाग के क्रम से उसके नीचे शीतला बीज है, उसका ध्यान कर साधक परमानन्द रस में निमग्न होकर महासुखी हो जाता है, उसके नीचे कामनाफल की सिद्धि देने वाला कामबीज है ॥ २४-२७ ॥

यो जपेत् परमानन्दो नित्यज्ञानी च वायुना ।
तदग्रे वेदकोणे च वारुणं बीजमुत्तमम् ॥ २८ ॥
विभाव्य भावको भूत्वा चिरजीवी स जीवति ।
तदूर्ध्वे[३] पञ्चमे कोणे वज्रबीजं वकारकम् ॥ २९ ॥

---

१. अद्भुतं कमनीयार्थम्—ग० । २. मण्डितम्—ग० । ३. फलत्येव ।

जो उस कामबीज का जप करता है वह वायु के द्वारा परमानन्द तथा नित्यज्ञान प्राप्त कर लेता है, उसके आगे चतुर्थ कोण में अत्यन्त उत्तम वरुण बीज है । उसका ध्यान कर भावुक बनने वाला साधक बहुत काल तक जीवित रहता है ॥ २८-२९ ॥

अष्टसिद्धिकरं[१] साक्षाद् भजतां शीघ्रसिद्धिदम् ।
षट्कोणे च तदूर्ध्वे च सुरबीजं महाफलम् ॥ ३० ॥

उसके ऊपर पञ्चम कोण में 'वकार' नाम वाला वज्रबीज है । वह आठों प्रकार की सिद्धि देने वाला तथा भजन करने वालों को साक्षात् रूप में शीघ्र सिद्धि देने वाला है । उसके ऊपर षट्कोण में सुरबीज है जो महा फलों वाला है ॥ ३० ॥

हृदि यो भावयेन्मन्त्री तस्य सिद्धिः प्रतिष्ठिता ।
अष्टकोणस्योद्ध्र्वदेशे वर्णमालाविधिं शृणु ॥ ३१ ॥

जो मन्त्रज्ञ हृदय में उसकी भावना करता है, उसके लिए सिद्धि प्रतिष्ठित है । अब अष्टकोण के ऊर्ध्व देश में स्थित वर्णमाला का विधान सुनिए ॥ ३१ ॥

येन भावनमात्रेण सर्वज्ञो जगदीश्वरः ।
ओ औ पवर्गमेवं हि यो नित्यं भजतेऽनिशम् ॥ ३२ ॥
तस्य सिद्धिः क्षणादेव वायवीरूपभावनात् ।
चन्द्रबीजस्योद्ध्र्वदेशे विभाति पूर्णतेजसा ॥ ३३ ॥

अष्टकोण के ऊर्ध्वदेश में वर्णमाला का विधान

जिसकी भावना मात्र से जगदीश्वर सर्वज्ञ बन गए । ओ औ तथा प वर्ग को जो निरन्तर भजता रहता है, उस वायवी रूप की भावना से उसे क्षणमात्र में सिद्धि हो जाती है, यह चन्द्रबीज के ऊपर वाले देश में पूर्ण तेज से शोभित होता है ॥ ३२-३३ ॥

लृ ए ऐ तवर्गञ्च तद्दक्षिणविधानतः ।
तेजोमयी वायुशक्तिर्ददाति सर्वमङ्गलम् ॥ ३४ ॥
टवर्गं भावयेन्मन्त्री ऋ ॠ लृ स्वरसंयुतम् ।
अष्टैश्वर्यप्रदं नित्यं कमलासनसिद्धिदम् ॥ ३५ ॥

लृ ए ऐ तथा त वर्ग वर्ण उसके दक्षिण में विधान पूर्वक स्थित हैं । यही तेजोमयी

---

१. अष्टसिद्धिकरं साक्षाद् भजतां शीघ्रसिद्धिदम् ।
षट्कोणे च तदूर्ध्वे च स्वरबीजं महाफलम् ॥
हृदि यो भावयेन्मन्त्री तस्य सिद्धिः प्रतिष्ठिता ।
अष्टकोणस्योर्ध्वदेशे वर्णमालाविधिं शृणु ॥
येन भावेन मात्रेण सर्वज्ञो जगदीश्वरः ।
ओ औ पवर्गमेवं हि यो नित्यं भजतेऽनिशम् ॥
तस्य सिद्धिः क्षणादेव वायवीरूप भावनात् ।
चन्द्रबीजस्योर्ध्वदेशे विभाति पूर्णतेजसा ॥

वायुशक्ति है जो सब प्रकार का मङ्गल करने वाली है । ऋ ॠ और लृ स्वरों से संयुक्त ट वर्ग की मन्त्रज्ञ साधक को भावना करनी चाहिए, जो नित्य ही आठों प्रकार का ऐश्वर्य देने वाला है तथा कमलासन ब्रह्मदेव की सिद्धि देने वाला है ॥ ३४-३५ ॥

तदधो भावयेद् यस्तु स भवेत् कल्पपादपः ।
भवानीबीजरूपस्य अधो गेहे विभावयेत् ॥ ३६ ॥
इ ई युग्मं चवर्गञ्च भावयित्वामरो भवेत् ।
अ आ इ संयुतो नाथ कवर्गं कुरुते जयम् ॥ ३७ ॥

ट वर्ग चन्द्रबीज के नीचे जो उक्त वर्णों का ध्यान करता है, वह कल्पवृक्ष के समान हो जाता है । भवानी बीजरूप के अधोभाग में इ ई इन दो वर्णों की तथा च वर्ग की भावना करने वाला अमर हो जाता है । हे नाथ ! अ आ इ के सहित क वर्ग का ध्यान विजय देता है ॥ ३६-३७ ॥

भावयेत् परया भक्त्या सोऽभीष्टं फलमाप्नुयात् ।
इत्येतत् कथितं नाथ फलचक्रं च सारदम् ॥ ३८ ॥

जो पराभक्ति से संयुक्त हो कर इनका ध्यान करता है, वह अभीष्ट फल प्राप्त करता है, हे नाथ ! शारदा देवता वाले फल चक्र का मैंने इस प्रकार वर्णन किया ॥ ३८ ॥

एतच्चक्रभावनाभिर्महाविद्यापतिर्भवेत् ।
कामरूपे महापीठे लिङ्गपीठे प्रयत्नतः ॥ ३९ ॥
आज्ञाचक्रं चतुश्चक्रं भावयित्वाऽमरो भवेत् ।
महायोगी हिरण्याक्षो मासैकभावनावशात् ॥ ४० ॥
सप्तद्वीपेश्वरो भूत्वा अन्ते विष्णुर्बभूव सः ।
स्थिरचेताः स योगी स्यादिति तन्त्रार्थनिश्चयः ॥ ४१ ॥

इस फलचक्र की भावनाओं से साधक महाविद्यापति बन जाता है, कामरूप नामक

ट ए ऐ तवर्गञ्च तद्दक्षिणविधानतः ।
तेजोमयी वायुशक्तिर्ददाति सर्वमङ्गलम् ॥
टवर्गं भावयेन्मन्त्री ऋ ॠ लृ स्वरसंयुतम् ।
अष्टैश्वर्यप्रदं नित्यं कमलामन्त्रसिद्धिदम् ॥
तदधो भावयेद् यस्तु स भवेत् कल्पपादपः ।
भवानीबीजरूपस्य ह्यधो गेहे विचारयेत् ॥
इ ई युग्मं चवर्गं च भावयित्वाऽमरो भवेत् ।
अ आ इ संयुतं चात्र कवर्गं चारुतेजसम् ॥
भावयेत् परया भक्त्या सोऽभीष्टं फलमाप्नुयात् ।
इत्येतत् कथितं ह्यत्र फलचक्रञ्च सारदम् ॥
एतच्चक्रभावनाभिः महाविद्यापतिर्भवेत् ।
कामरूपमहापीठे लिङ्गपीठे प्रयत्नतः ॥

महापीठ में तथा लिङ्ग पीठ में स्थित आज्ञाचक्र तथा चतुश्चक्र की भावना कर साधक अमर बन जाता है मात्र एक मास में इसकी भावना के कारण ही हिरण्याक्ष महायोगी बन गया, फिर सातों द्वीपों का अधीश्वर बनकर अन्त में वही विष्णु भी बन गया। अतः इसकी भावना करने वाला स्थिर चित्त तथा योगी हो जाता है, यही इस तन्त्रार्थ का निर्णय है ॥ ३९-४१ ॥

एतानि चक्रसाराणि आज्ञाचक्रस्थितानि च ।
विभाव्य [१]परमानन्दैरात्मसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ॥ ४२ ॥
सूक्ष्मवायुप्रसादेन चिरजीवी भवेदिह ॥ ४३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावप्रश्नार्थनिर्णये पाशवकल्पे फलचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे चतुर्वेदोल्लासे भैरवीभैरवसंवादे विंशः पटलः ॥ २० ॥

आज्ञाचक्र में रहने वाले इतने ही प्रधान चक्र हैं परमानन्द पूर्वक इन चक्रों का ध्यान करने से निश्चित ही आत्मसिद्धि हो जाती है। वह सूक्ष्म वायु की कृपा से इस लोक में चिरञ्जीवी हो जाता है ॥ ४२-४३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावप्रश्नार्थ निर्णय में पाशवकल्प में फलचक्रसारसङ्केत में सिद्धमन्त्र प्रकरण के चतुर्वेदोल्लास में भैरवी-भैरव संवाद में डॉ० सुधाकर मालवीय कृत बीसवें पटल की हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २० ॥

अथैकविंशः पटलः

श्रीभैरव उवाच

वद कान्ते रहस्यं मे येन सिद्धो भवेन्नरः ।
तत्प्रकारं विशेषेण देवानामपि दुर्लभम् ॥ १ ॥

श्री भैरव ने कहा—हे कान्ते ! अब आप मुझसे उस रहस्य को कहिए, जिससे मनुष्य सिद्ध हो जाता है । विशेष रूप से उसके प्रकार को भी कहिए, क्योंकि वह देवताओं के लिए भी दुर्लभ है ॥ १ ॥

वीरभावस्य माहात्म्यम्

वीरभावस्य माहात्म्यमकस्मात् सिद्धिदायकम् ।
करुणादृष्टिरानन्दा यदि चेदस्ति सुन्दरि ॥ २ ॥

वीरभाव का माहात्म्य अकस्मात् सिद्धिदायक है । हे सुन्दरि ! यदि आपकी करुणापूर्ण, आनन्द देने वाली दृष्टि मुझ पर है तो उसे कहिए ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

परमानन्दसारज्ञो योगक्षेत्रप्रपालक[1] ।
रहस्यं शृणु मे नाथ महाकालज्ञ भावग ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे योगज्ञ ! हे क्षेत्रपालक ! हे महाकालज्ञ ! हे भावज्ञ ! हे नाथ ! आप परमानन्द सार के ज्ञाता हैं, अब उस रहस्य को सुनिए ॥ ३ ॥

योगमार्गानुसारेण वीरभावं श्रयेत कः ।
आनन्दोद्रेकपुञ्जं तत् शक्तिवेदार्थनिर्णयम् ॥ ४ ॥
वेदाधीनं महायोगं योगाधीना च कुण्डली ।
कुण्डल्यधीनं चित्तं तु चित्ताधीनं चराचरम् ॥ ५ ॥
मनसः सिद्धिमात्रेण शक्तिसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।
यदि शक्तिर्वशीभूता त्रैलोक्यञ्च तदा वशम् ॥ ६ ॥

योगमार्ग का अनुसरण करने से कौन वीरभाव का आश्रय ले सकता है ? क्योंकि वह आनन्दोद्रेक का पुञ्ज है तथा शक्ति एवं वेदार्थ का निर्णय है । वेद के अधीन महायोग है और योग के आधीन कुण्डली है तथा कुण्डली के आधीन चित्त है और यह सारा चराचर

---

१. क्षेत्रपारग—ग० ।

जगत् चित्त के आधीन है । अतः मन की सिद्धि मात्र से ही निश्चित रूप से शक्ति सिद्ध हो जाती है, यदि शक्ति अपने वशीभूत हो गई तो समझ लेना चाहिए कि सारी त्रिलोकी अपने वश में हो गई है ॥ ४-६ ॥

अमरः स भवेदेव सत्यं सत्यं कुलेश्वर ।
सहस्रश्लोकयोगेन वीरयोगार्थनिर्णयम् ॥ ७ ॥
पटलैकादश [1]क्षेमयोगेन योगमण्डलम् ।
षट्चक्रबोधिनी विद्या सहस्रदलपङ्कजम् ॥ ८ ॥
कैलासाख्यं सूक्ष्मपथं ब्रह्मज्ञानाय योगिनाम् ।
कथयामि महावीर क्रमशः क्रमशः शृणु ॥ ९ ॥

हे कुलेश्वर ! वह अवश्य ही अमर हो जाता है । यह सत्य है, यह सत्य है । ऐसे तो वीरभाव के अर्थ का निर्णय एक हजार श्लोक के योग से किया गया है । ग्यारह पटलों के योग और क्षेम के द्वारा योग-मण्डल कहा गया है । अब षट्चक्र बोधिनी विद्या, सहस्त्र दल पङ्कज, कैलास नामक सूक्ष्म पथ, जो योगियों के ब्रह्मज्ञान के लिए हैं । हे महावीर ! क्रम से कहती हूँ आप उसे सुनिए ॥ ७-९ ॥

वीराणामुत्तमानाञ्च भ्रष्टानां प्रहिताय च ।
साक्षात् सिद्धिकरं यद्यत् तत्सर्वं प्रवदामि ते ॥ १० ॥
योगशास्त्र[2]क्रमेणैव यः सिद्धिफलमिच्छति ।
स सिद्धो भवति क्षिप्रं ब्रह्ममार्गे न संशयः ॥ ११ ॥

वीरों के उत्तम जनों के तथा भ्रष्ट लोगों के लिए जो अत्यन्त हितकारी हैं, किं बहुना जो साक्षात् सिद्धि प्रदान करने वाला है उन सबको आपसे कहती हूँ । योगशास्त्र के क्रम से चल कर जो सिद्धिफल की अभिलाषा करता है, वह बहुत शीघ्र ही ब्रह्ममार्ग में सिद्ध हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ १०-११ ॥

ब्रह्मविद्यास्वरूपेण जपहोमार्चनादिकम् ।
कुरुते फलसिद्ध्यै यः स ब्रह्मज्ञानवान् शुचिः ॥ १२ ॥
षट्चक्रभेदने प्रीतिर्यस्य साधनचेतसः ।
संसारे वा वने वापि सिद्धो भवति ध्रुवम् ॥ १३ ॥

जो साधक ब्रह्मविद्या की विधि के अनुसार, कामना सिद्धि के लिए जप, होम एवं अर्चनादि करता है, वही ब्रह्मज्ञानवान् तथा शुचि (पवित्रात्मा) है । साधन की इच्छा रखने वाले जिस साधक की षट्चक्र भेदन में रुचि हो गई हो, भले ही वह संसार में रहने वाला हो, वा वन में रहने वाला हो वह निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता है ॥ १२-१३ ॥

---

१. एकादशाश्चासौ पटलश्चेति पटलैकादशः, पूर्वनिपातस्यानित्यत्वाद् व्यवस्था, क्षेमश्च योगश्चानयोः समाहारः, ततः षष्ठीतत्पुरुषः ।

२. मार्ग—ग० ।

षट्चक्रार्थं न जानाति यो भजेदम्बिकापदम् ।
तस्य पापं क्षयं याति सप्तजन्मसु सिद्धिभाक् ॥ १४ ॥
ज्ञात्वा षट्चक्रभेदञ्च यः कर्म कुरुतेऽनिशम् ।
संवत्सरात् भवेत् सिद्धिरिति तन्त्रार्थनिर्णयः ॥ १५ ॥

जो षट्चक्रों को नहीं जानता किन्तु अम्बा के श्रीचरणों की सेवा करता है, उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं, किन्तु सात जन्म में उसे सिद्धि प्राप्त होती है । जो षट्चक्र भेदन का ज्ञानवान् है और उसके भेदन के लिए दिन रात कर्म करता रहता है, उसे मात्र एक संवत्सर में सिद्धि मिल जाती है, ऐसा तन्त्रार्थ का निर्णय है ॥ १४-१५ ॥

प्रस्वेदनं समाप्नोति मासत्रयनिषेवणात् ।
अष्टमासात् कल्प(म्प)नाशो वत्सरात् खेचरी गतिः ॥ १६ ॥
प्रस्वेदमधमं प्रोक्तं कल्प(म्प)नं मध्यमं स्मृतम् ।
भूमेरुत्थापनं नाथ खेचरत्वं महासुखम् ॥ १७ ॥

मात्र तीन महीने उस कर्म को करते रहने से साधक प्रस्वेदन (शरीर में पसीना) प्राप्त करने लगता है, आठ मास निरन्तर कर्म करते रहने से कम्पन की प्राप्ति तथा उस कर्म को एक संवत्सर करते रहने से आकाश में उठने की शक्ति प्राप्त हो जाती है । योग में प्रस्वेदन को अधम (छोटा) कहा गया है और कम्पन को मध्यम कहा गया है । हे नाथ ! भूमि से ऊपर उठ जाना उत्तम है । वही महासुख है तथा खेचरी गति कही गई है ॥ १६-१७ ॥

द्वात्रिंशद् ग्रन्थिभेदञ्च मूलाधारावधिस्थितम् ।
मेरुदण्डाश्रितं देशं कृत्वा ब्रह्ममयो भवेत् ॥ १८ ॥
सुषुम्ना बाह्यदेशे च यद् यद् ग्रन्थिपदं प्रभो ।
क्रमशः क्रमशो भित्वा खेचरो भवति ध्रुवम् ॥ १९ ॥

इस शरीर में मूलाधार पर्यन्त बत्तीस ग्रन्थियाँ हैं जो मेरुदण्डाश्रित देश में रहती हैं उनका भेदन कर देने से साधक साक्षात् ब्रह्ममय हो जाता है । हे प्रभो ! सुषुम्ना से बाहर प्रदेश में रहने वाले जितने ग्रन्थि स्थान हैं उनका एक-एक क्रम से भेदन करने वाला साधक निश्चित रूप से खेचर हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

अल्प(न्य)कार्ये मनो दत्वा ध्यानज्ञानविवर्जितः ।
उन्मत्तः स भवेदेव शास्त्राणां योगिराड् भवेत् ॥ २० ॥
हिमं[1] कुन्देन्दुधवलां बालां शक्तिं महोज्ज्वलाम् ।
कलिकालफलानन्दां मूले ध्यात्वा भवेद् वशी ॥ २१ ॥

जो ध्यान और ज्ञान से रहित है और अन्य कार्यों में मन लगाता है, वह अवश्य ही उन्मत्त हो जाता है । अन्यथा स्वयं योगादि (प्राणायामों में मन लगाने वाला) सभी शास्त्रों

---

१. हिमं च कुन्दश्च हिमकुन्दौ, ताभ्यां सहित इन्दुः, हिमकुन्देन्दुः, मध्यमपद-लोपिसमासः। स इव धवला, 'उपमानानि सामान्यवचनैः' इति कर्मधारयसमासः ।

का ज्ञाता योगिराज बन जाता है । हिम एवं कुन्दपुष्प तथा इन्दु के समान धवल वर्ण वाली, अत्यन्त प्रकाश युक्त जो कलि काल में आनन्द रूप फल वाली है, उस **महाशक्ति बाला** का, मूलाधार में ध्यान करने से साधक जितेन्द्रिय हो जाता है ॥ २०-२१ ॥

मूलपद्मं(द्मे) महाज्ञानी ध्यात्वा चारुचतुर्दले ।
कपिलाकोटिदानस्य फलं प्राप्नोति योगिराट् ॥ २२ ॥
मूलपद्मे कोटिचन्द्रकलायुक्तं सरक्तकम् ।
गलत्सुधा[1]रसामोदवदनाब्जं फलं भजेत् ॥ २३ ॥

अत्यन्त मनोहर दल वाले मूलपद्म में ध्यान करने से साधक महाज्ञानी हो जाता है, ऐसा योगिराज साधक करोड़ों कपिला के दान का फल प्राप्त कर लेता है । मूलाधार रूप पद्म में करोड़ों चन्द्रमा की कलाओं से युक्त, रक्त वर्ण वाले, आमोद युक्त मुख कमल, जिससे सुधारस प्रवाहित हो रहा है, उसका ध्यान कर साधक सब प्रकार का फल प्राप्त कर लेता है ॥ २२-२३ ॥

निर्मलं कोटिवीरोग्रतेजसं ब्रह्मरूपिणम् ।
वामपार्श्वे कुण्डलिन्या विभाव्य शीतलो भवेत् ॥ २४ ॥
ततः श्रीयामलं वीरं तदाकारं तदुद्भवम् ।
ललाटवह्निजं देव्या नाथं भजति योगिराट् ॥ २५ ॥

कुण्डलिनी की बायीं ओर अत्यन्त निर्मल करोड़ों वीरों के समान उग्र तेज वाले ब्रह्मस्वरूप का ध्यान कर साधक शीतल हो जाता है । उसके बाद योगिराज उससे उत्पन्न उसी आकार वाले, श्रीयामल वीर, जो ललाटस्थ वह्नि से उत्पन्न हैं और देवी के नाथ हैं, उनकी सेवा करता है ॥ २४-२५ ॥

तत्र पद्मपूर्वदले सिन्धूरारुणविग्रहम् ।
वकारं कोटिचपलामालं भजति योगिराट् ॥ २६ ॥
तत्पार्श्वे शोणितदले आज्ञाचक्रं मनोरमम् ।
यथा ध्यानं कुण्डलिन्या आज्ञाचक्रे तथात्र च ॥ २७ ॥

तदनन्तर योगिराज, उस कमल के पूर्व दिशा वाले पत्र पर सिन्दूर के समान अरुण विग्रह वाले करोड़ों चपला के समान देदीप्यमान, वकार अक्षर की सेवा में संलग्न हो जाता है । उसी के पार्श्वभाग में स्थित रक्त वर्ण वाले दल पर अत्यन्त मनमोहक आज्ञाचक्र है, पूर्व में कुण्डलिनी का ध्यान जिस प्रकार कहा गया है उसी प्रकार का ध्यान इस आज्ञाचक्र में करना चाहिए ॥ २६-२७ ॥

भूमिचक्रक्रमं नाथ शृणु शङ्कर योगिनाम् ।
यं ध्यात्वा सिद्धिमाप्नोति सिद्धिदं षड्गृहं भवेत् ॥ २८ ॥

---

१. गलँश्चासौ सुधारसश्च, गलत्सुधारसस्तस्यामोदो गलत्सुधारसामोदः, तेन पूर्ण वदनाब्जम्, मध्यममदलामिसमासः ।

षड्गृहं त्रिकालागेहमेकत्रस्थं महाप्रभम् ।
ध्यायेद् योगिनीगेहं मध्यगेहे रबीजकम् ॥ २९ ॥

भूमिचक्रनिरूपण—हे योगियों का कल्याण करने वाले शङ्कर ! हे नाथ ! अब भूमिचक्र के क्रम को सुनिए जिसका ध्यान करने से साधक सिद्धि प्राप्त करता है तथा षड्गृह भी उसे सिद्धि प्रदान करता है । महाप्रभा से युक्त षड्गृह तथा त्रिकालागेह (?) एक स्थान पर ही स्थित हैं । उनके मध्य वाले गेह में र बीज वाले योगिनी गेह का ध्यान करना चाहिए ॥ २८-२९ ॥

वकारं दक्षिणे गेहे हेममालिनमञ्जनम् ।
डाकिनी परमाबीजं ब्रह्मबीजं विभावयेत् ॥ ३० ॥
वकारवामपार्श्वे च योगिनां योगसाधनम् ।
सदाशिवमहाबीजं विभाव्य योगिराड् भवेत् ॥ ३१ ॥
वं बीजं वारुणाध्यक्षं हिमकुन्देन्दुनिर्मलम् ।
तद्विष्णोर्जन्मसंस्थानं सत्त्वं द्रवमुपाश्रयेत् ॥ ३२ ॥

उसके दक्षिण भाग वाले गेह में, सुवर्ण की माला पहने, अञ्जन के आकार वाले, डाकिनी के परम बीज 'ब्रह्मबीज' वकार का ध्यान करना चाहिए । वकार के बायीं ओर योगियों के योग का साधन सदाशिव का महाबीज है । उसका ध्यान करने से साधक योगिराज बन जाता है । वं बीज वारुण बीज है, जो हिम एवं कुन्दपुष्प तथा इन्दु के समान निर्मल है, वहीं विष्णु के जन्म का संस्थान है और वह सत्त्व से युक्त एवं द्रव वाला है । अतः उसकी उपासना करनी चाहिए ॥ ३०-३२ ॥

तदूर्ध्वपूर्वगेहे च लं बीजमिन्द्रपूजितम् ।
विद्युल्लताहेमवर्णं विभाव्य योगिनां पतिः ॥ ३३ ॥
इन्द्रबीजं दक्षपार्श्वे श्रीबीजं बिन्दुलाञ्छितम् ।
स्थिरविद्युल्लतारूपमिन्द्राण्याः साधु भावयेत् ॥ ३४ ॥

उसके ऊपर पूर्व वाले गेह में इन्द्र द्वारा पूजित 'लं' बीज है जो विद्युल्लता के समान एवं सुवर्ण के समान देदीप्यमान है उसका ध्यान करने से साधक योगियों का स्वामी बन जाता है । उसके दाहिने भाग में इन्द्रबीज (?) तथा बिन्दु से युक्त श्रीबीज (श्रीं) तथा स्थिर विद्युत् लता के समान रूपवाले इन्द्राणी के बीज की भली प्रकार से भावना करे ॥ ३३-३४ ॥

तद्वामपार्श्वभागे च प्रणवं ब्रह्मसेवितम् ।
विभाव्य कोटिमिहिरं योगिराड् भवति ध्रुवम् ॥ ३५ ॥
वं बीजाधोमन्दिरे श्रीविद्यायाः बीजतेजसम् ।
कोटिसूर्यप्रभाकारं[1] विभाव्य सर्वगो भवेत् ॥ ३६ ॥

---

१. कोटिसंख्याकाः सूर्याः, कोटिसूर्याः, मध्यमपदलामिसमासः, तेषां प्रभां करोति इति विग्रहः ।

उसके बायें भाग में, ब्रह्मदेव द्वारा सेवित, करोड़ों सूर्य के समान देदीप्यमान प्रणव का ध्यान कर साधक निश्चित रूप से योगिराज बन जाता है । वं बीज के नीचे वाले मन्दिर में श्रीविद्या का तैजस बीज है, जो करोड़ों सूर्य के समान तेजस्वी है, उसका ध्यान करने से साधक सर्वगामी बन जाता है ॥ ३५-३६ ॥

निजदेव्या वामभागे अधः कनकमन्दिरे ।
श्रीगुरो रमणं बीजं ध्यात्वा वाग्भवमीश्वरम् ॥ ३७ ॥
निजदेव्या दक्षपार्श्वे दीर्घप्रणवतेजसम् ।
कोटिसूर्यप्रभारूपं ध्यात्वा योगी भवेद् यतिः ॥ ३८ ॥
निजदेवीं तत्र पद्मे मनःसद्वाक्ययोगकैः ।
यथा ध्यानं तथा मौनं ध्यानं कुर्याज्जगत्पतेः ॥ ३९ ॥

नित्यरूपा देवी के वामभाग के नीचे सुवर्णमय मन्दिर में श्रीगुरु के रमण वाला, जो वाग्भव एवं ईश्वर हैं, उसका ध्यान करे । उसी नित्य देवी के दाहिने भाग में करोड़ों सूर्य के समान प्रकाश वाले तैजस दीर्घ प्रणव (आँ) का ध्यान कर योगी यति बन जाता है । वहाँ पर स्थित पद्म में नित्य देवी का, मन को सद्वाक्य से युक्त कर, जिस प्रकार ध्यान एवं मौन धारण किया जाता है उसी प्रकार वहाँ जगत्पति का ध्यान करे ॥ ३७-३९ ॥

ब्रह्मणः पूरकेणैव महायोगक्रमेण तु ।
सूक्ष्मवायूद्गमेनापि भूमिचक्रे जपञ्चरेत् ॥ ४० ॥
चतुष्कोणं धरायास्तु नवभूमिगृहान्वितम् ।
अष्टगेहं विभेद्यादौ वसुशून्ये यजेद् यतिः ॥ ४१ ॥

वहाँ उस भूमिचक्र में पूरक प्राणायाम के द्वारा महायोग क्रम के द्वारा तथा सूक्ष्म वायु की उत्पत्ति के द्वारा ब्रह्मदेव के मन्त्र का जप करना चाहिए । वह धराचक्र चतुष्कोण है जिसमें नव पृथ्वी के घर हैं, उनमें आठ गृहों का भेदन कर वसु (८) से शून्य वाले नवें गृह में यति को जप पूजा करनी चाहिए ॥ ४०-४१ ॥

धराबीजं वान्तवर्णं शक्रेण परिपूजितम् ।
विभाव्य कुण्डलीतत्त्वं सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ॥ ४२ ॥
भजेदिन्द्रं तत्र नाके श्वेतकुञ्जरवाहनम् ।
चतुर्बाहुं देवराजं विद्युत्पुञ्जं भवक्षयम् ॥ ४३ ॥

'व' है अन्त में जिसके अर्थात् 'लं' अक्षर धरा बीज है, जिसका पूजन इन्द्र देव ने स्वयं किया था, वहाँ कुण्डली तत्त्व का ध्यान कर साधक सर्वसिद्धिश्वर हो जाता है । वहाँ के आकाश मण्डल में श्वेत हाथी पर विराजमान्, विद्युत्पुञ्ज के समान देदीप्यमान् तथा संसारचक्र के विनाशक चार बाहुओं वाले देवराज इन्द्र का ध्यान करना चाहिए ॥ ४२-४३ ॥

डाकिन्या मन्दिरे कान्तं ब्रह्माणं हंसहंसगम् ।
नवीनार्कं चतुर्बाहुं चतुर्वक्त्रं भजेद् वशी ॥ ४४ ॥

ब्रह्माणं डाकिनीयुक्तं सिन्दूराप्लुतभास्करम्[१] ।
परमामोदमत्तं तं विभाव्य योगिराड् भवेत् ॥ ४५ ॥

डाकिनी के मन्दिर में अत्यन्त सुन्दर हंस पर गमन करने वाले, चार भुजा तथा चार मुख वाले, नवीन उदीयमान सूर्य के समान भासमान ब्रह्मदेव का जितेन्द्रिय साधक को ध्यान करना चाहिए । डाकिनी से संयुक्त, सिन्दूर से परिपूर्ण, भास्कर के समान तेजस्वी तथा अत्यन्त आनन्द में मदमत्त ब्रह्मदेव का ध्यान कर साधक योगिराज बन जाता है ॥ ४४-४५ ॥

विद्युल्लतावदुज्ज्वलां श्रीदेवडाकिनीं सुराट् ।
अभीक्षां(क्ष्णा) रक्तनयनां हंसस्थां भावयेद् वशी ॥ ४६ ॥
हंसोद्ध्र्वे कमलाबीजं सर्वालङ्कारभूषितम् ।
महालक्ष्मीस्वरूपं यत्तद् भजन्ति महर्षयः ॥ ४७ ॥

विद्युल्लता के समान प्रकाशित श्रीदेव डाकिनी का, जिनके नेत्र रक्त वर्ण के हैं तथा जो हंस की सवारी पर आसीन हैं, वशी एवं सुराट साधक उनका बारम्बार ध्यान करे । हंस के ऊर्ध्वभाग में सर्वालङ्कार से विभूषित कमलाबीज (श्रीं) है जो महालक्ष्मी का स्वरूप है, ऐसे स्वरूप का ध्यान महर्षि लोग करते हैं ॥ ४६-४७ ॥

इन्द्रपृथ्वीबीजवामे प्रणवं ब्रह्मसेवितम् ।
प्राणायामसिद्धिदं यत्तद् भजन्ति महर्षयः ॥ ४८ ॥

भूमिचक्रम्

तदधः प्राणनिलयं प्रेतबीजं शशिप्रभम् ।
विभाव्य शिवतुल्यः स्याद् भूमिचक्रे सदाशिवः ॥ ४९ ॥

इन्द्र तथा पृथ्वी बीज (लं) के वामभाग में ब्रह्मदेव द्वारा सेवित प्रणव (ॐ) है, जो प्राणायाम करने से सिद्धि प्रदान करता है । अतः महर्षि लोग उस प्रकार के प्रणव का जप करते हैं । उसके नीचे सभी प्राणों का स्थान चन्द्रमा के समान उज्ज्वल वर्ण वाला प्रेत बीज (हंसो) है, वहीं उस भूमिचक्र में सदाशिव का स्वरूप है । उसका ध्यान करने से साधक शिव तुल्य हो जाता है ॥ ४८-४९ ॥

तदधो वाग्भवं ध्यायेत् कोटिसौदामिनीप्रभम् ।
गुरुबीजं भूमिचक्रे महाविद्यागुरुर्भवेत् ॥ ५० ॥
दक्षिणे मध्यगेहे च श्रीविद्यानिर्मलं पदम् ।
विभाव्य मानसध्यानात् सिद्धो भवति साधकः ॥ ५१ ॥
तद्दक्षिणे शेषगेहे प्रणवान्तं मनूत्तमम् ।
सर्वाधारं ब्रह्मविष्णुशिवदुर्गापदं भवेत् ॥ ५२ ॥

भूमि चक्र के नीचे करोड़ों विद्युत् के समान भासमान वाग्भव बीज (ऐं) का ध्यान

---

१. सिन्दूराप्लुतो भास्करो यस्येति विग्रहो बहुव्रीहौ ।

करना चाहिए। वही गुरुबीज है। साधक उसका ध्यान करने से महाविद्याओं का ज्ञाता हो जाता है। दक्षिण दिशा में मध्य भाग में श्रीविद्या का निर्मल स्थान है। उनका मानस ध्यान करने से साधक सिद्ध हो जाता है। उसके दक्षिण शेष गृह में प्रणवान्त उत्तम मन्त्र का स्थान है। वही ब्रह्मा, विष्णु, शिव एवं दुर्गा का स्थान है इसलिए सर्वाधार है ॥ ५०-५२ ॥

एतत् श्रीभूमिचक्रार्थं सर्वं चैतन्यकारकम्।
मूलाधारपूर्वदले वकारं व्याप्य तिष्ठति ॥ ५३ ॥
भूमिचक्रमण्डले तु वकारस्थं स्मरेद्यदि।
ब्रह्माण्डमण्डलेशः स्यादण्डं व्याप्यैकपत्रकम् ॥ ५४ ॥

यह सब भूमिचक्र के अभिधेय हैं। सभी चैतन्य करने वाले हैं और मूलाधार के पूर्वदल में रहने वाले वकार को व्याप्त कर स्थित हैं। भूमिचक्र के मण्डल में समस्त ब्रह्माण्ड को व्याप्त कर एक पत्ते वाले वकारस्थ उस मन्त्रोत्तम का स्मरण करे तो साधक ब्रह्माण्ड मण्डल का ईश्वर बन जाता है ॥ ५३-५४ ॥

तदेकपत्रं पदस्य शोणितं निर्मलद्युतिम्।
तन्मध्यान्ते भूमिचक्रे मध्ये वं भावयेद् वशी ॥ ५५ ॥
एतच्चक्रप्रसादेन वरुणो मदिरापतिः।
अमृतानन्दहृदयः सर्वैश्वर्यान्वितो भवेत् ॥ ५६ ॥

कमल का वह एक पद्मपत्र रक्तवर्ण का एवं निर्मल द्युति वाला है। उसके मध्यान्त में स्थित भूमिचक्र के मध्य में जितेन्द्रिय साधक को 'वं' बीज का ध्यान करना चाहिए। इस चक्र की कृपा से वरुण समस्त मदिरा के पति बन गए। इस चक्र के ध्यान से साधक का हृदय अमृतानन्द से परिपूर्ण हो जाता है, किं बहुना वह समस्त ऐश्वर्यों से युक्त हो जाता है ॥ ५५-५६ ॥

स्वर्गचक्रम्

द्वितीये दक्षिणे पत्रे वान्तबीजं महाप्रभम्।
मनो विधाय योगीन्द्रो ध्यायेद् योगार्थसिद्धये ॥ ५७ ॥

स्वर्गचक्र का निरूपण—दक्षिण के द्वितीय पत्र में अत्यन्त प्रकाशित वान्त (लं) बीज है योगीन्द्रों को अपने योग रूप प्रयोजन की सिद्धि के लिए उसी में मन लगाकर ध्यान करना चाहिए।

विमर्श—वान्त का अर्थ २१. ४२ में बहुब्रीहि समास करके ल किया गया है ॥ ५७ ॥

तत्र ध्यायेत् स्वर्गचक्रं स्वर्गशोभासमाकुलम्।
विभाव्य स्वर्गनाथः स्याद्देवेन्द्रसदृशो भुवि ॥ ५८ ॥

वहीं स्वर्ग की शोभा से संयुक्त स्वर्ग चक्र का ध्यान करना चाहिए। उस चक्र का ध्यान करने से साधक इस पृथ्वी पर ही स्वर्ग का स्वामी बन जाता है ॥ ५८ ॥

पञ्चकोणं विभेद्यापि पञ्चकोणं विभाति यत्।
तन्मध्ये वृत्तयुगलं तत्र षट्कोणगं भजेत् ॥ ५९ ॥

एतत् स्वर्गाख्यचक्रं तु भूपुरद्वयमध्यके ।
दक्षिणोत्तरपत्रस्थे विभाव्य वान्तमीश्वरम् ॥ ६० ॥

पञ्चकोण का भेदन करने के बाद भी एक पञ्चकोण शोभित होता दिखाई पड़ता है । उस दृश्यमान् पञ्चकोण के मध्य में दो वृत्त हैं । उन दोनों वृत्तों में रहने वाले षट्कोण का ध्यान करना चाहिए । यही स्वर्ग नामक चक्र है । इसके दक्षिण उत्तर वाले पत्र के मध्य में दो भूपुर हैं उसमें 'व' बीज एवं ईश्वर स्थित हैं, उनका ध्यान करे ॥ ५९-६० ॥

षट्कोणान्तर्गतं वान्तं विद्युत्कोटिसमप्रभम्[१] ।
तमाश्रित्य सुराः सर्वे दशकोणे वशन्ति ते ॥ ६१ ॥
पूर्वकोणे महेन्द्रश्च सर्वदेवसमास्थितः ।
इन्द्राणी सहितं ध्यात्वा योगीन्द्रो भवति ध्रुवम् ॥ ६२ ॥
तद्दक्षिणे रक्तकोणे वह्निं स्वाहान्वितं स्मरेत् ।
कोटिकाला[२]नलालोलं परिवारगणान्वितम् ॥ ६३ ॥

करोड़ों विद्युत् के समान प्रभा वाले षट्कोणान्तर्गत उस वान्त बीज का आश्रय लेकर ही उसके दशकोणों में सभी देवताओं का निवास है । उस वकार रूप बीज के पूर्वकोण में सभी देवताओं से संयुक्त इन्द्राणी सहित **इन्द्र का ध्यान** करने से साधक निश्चित रूप से योगीन्द्र हो जाता है । उसके दक्षिण रक्त वर्ण वाले कोण में करोड़ों कालानल के समान चञ्चल परिवार समन्वित स्वाहा युक्त **अग्निदेव का ध्यान** करना चाहिए ॥ ६१-६३ ॥

तद्दक्षिणे कामरूपी भाति शक्तियुतः प्रभुः ।
परिवारान्वितं ध्यात्वा तं मृत्यु(त्यु)वशमानयेत् ॥ ६४ ॥
नैर्ऋतं विद्युदाकारं कन्दर्पदमनं प्रियम् ।
शक्तियुक्तं स्वरानन्दं विभाव्य योगिनीपतिः ॥ ६५ ॥

उसके भी दक्षिण शक्ति संयुक्त कालरूपधारी स्वयं प्रभु (शिव) विराजमान हैं । परिवार सहित उन (शिव एवं शक्ति) का ध्यान करने से साधक उस मृत्यु को अपने वश में कर लेता है । उसके बाद कन्दर्प का दमन करने वाले विद्युत् के समान देदीप्यमान् नैर्ऋत्य हैं । शक्ति युक्त स्वरानन्द उन **नैर्ऋत्य का ध्यान** करने से साधक समस्त योगिनियों का पति हो जाता है ॥ ६४-६५ ॥

तदधो वरुणं ध्यात्वा सुशक्तिपरिलालितम् ।
जलानामधिपं सत्त्वं नित्यसत्त्वश्रियो भवेत् ॥ ६६ ॥
तद्वामे मरुतः कोणं मरुद्गणविभाकरम् ।
वायुस्थानं लयस्थानं वायुव्याप्तं भवेत् सुधीः ॥ ६७ ॥

---

१. विद्युतां कोटिः, तत्समा प्रभा यस्येति बहुव्रीहिः ।

२. कोटिकालानल इवालोलस्तम्, 'उपमानानि समान्यवचनैः' इति समासः कर्मधारयः ।

तत्पश्चाद् गणनाथञ्च मत्तं शक्तिसमन्वितम् ।
परिवारगणानन्दं विभाव्य स्याद् गणेश्वरः ॥ ६८ ॥

उसके नीचे सुन्दर शक्ति से लालित, जलों के अधिपति सत्त्व स्वरूप **वरुण का ध्यान** कर नित्य सत्त्व युक्त श्री से सम्पन्न हो जाता है । उसके बायें वायुकोण है जहाँ मरुद् गणों को विभावित करने वाला सबके लय का स्थान है वह वायु का स्थान है । वहाँ **(वायु) का ध्यान** करने से सुधी साधक वायु से व्याप्त हो जाता है । उसके पश्चात् मदमत्त शक्ति समन्वित एवं अपने परिवार गणों से आनन्द पूर्वक रहने वाले गणनाथ **गणेश का ध्यान** कर साधक गणेश्वर हो जाता है ॥ ६६-६८ ॥

तत्पश्चात् परमं स्थानमीशं शक्तिसमन्वितम् ।
परिवारान्वितं ध्यात्वा कामरूपी भवेद्यतिः ॥ ६९ ॥
तत्पश्चात् कोणगेहे च चन्द्रसूर्याग्नितेजसम् ।
एकरूपमूर्द्ध्वसंस्थं ब्रह्माणं भावयेद्यतिः ॥ ७० ॥
इन्द्रवामकोणगेहे अनन्तं वह्निरूपिणम् ।
अनन्तसदृशं[१] ध्यात्वा अनन्तसदृशो भवेत् ॥ ७१ ॥

उसके बाद एक और उत्कृष्ट स्थान है, जहाँ शक्ति एवं परिवार गणों से युक्त **सदाशिव का ध्यान** कर यति इच्छानुसार रूप धारण करने वाला बन जाता है । उसके बाद कोने वाले गृह में चन्द्रमा सूर्य एवं अग्नि के समान तेजस्वी एकाकार में रहने वाले ऊपर की ओर स्थित **ब्रह्मदेव का ध्यान** करना चाहिए । इन्द्र के बायें कोने वाले गृह में अनन्त सदृश अग्नि का रूप धारण करने वाले **अनन्त का ध्यान** कर साधक अनन्त के सदृश हो जाता है ॥ ६९-७१ ॥

एतत् स्वचक्रमध्ये तु वृत्तयुग्मं महाप्रभम् ।
सर्वदा वह्निना व्याप्तं ज्वलदग्निं विभावयेत् ॥ ७२ ॥
वृत्तमध्ये च षट्कोणं कोणे कोणे रिपुक्षयम् ।
लोभमोहादिषट्कञ्च हरेत् षट्कोणसंस्थितान् ॥ ७३ ॥

इस स्वर्ग चक्र के मध्य में आठ महाप्रभा वाले दो वृत्त हैं, वह सर्वदा अग्नि से व्याप्त रहता है । अतः वहाँ जलती हुई **अग्नि का ध्यान** करना चाहिए । उन दोनों वृत्त के मध्य में षट्कोण हैं । जिसके प्रत्येक कोणो में लोभ मोहादि छः शत्रुगणों का गृह है । दशकोण स्थित देवताओं का ध्यान षट्कोण संस्थित लोभ-मोहादि शत्रुओं को विनष्ट कर देता है ॥ ७२-७३ ॥

लोभं हरति इन्द्राणी(ग्नी) मोहं हरति दण्डधृक् ।
कामं नैर्ऋतवरुणौ क्रोधं वायुश्च योगिनाम् ॥ ७४ ॥
मदं हरेदधीशश्च ब्रह्मानन्तौ हि योगिनाम् ।
मात्सर्यं संहरत्येव मासत्रयनिषेवणात् ॥ ७५ ॥

---

१. अनन्तेन सदृशम्, 'पूर्वसदृशसमानार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः' इति समासः ।

षट्कोणमध्यदेशस्थं वान्तबीजं शशिप्रभम् ।
स्वर्णालङ्काररजडितं भावयेद् योगसिद्धये ॥ ७६ ॥

इन्द्राग्नी योगियों के लोभ का हरण करते हैं, यमराज मोह का हरण करते हैं, नैर्ऋत्य और वरुण काम का तथा वायु क्रोध का विनाश करते हैं । मात्र तीन महीने ध्यान करने से ईश्वर मद का तथा ब्रह्मा और अनन्त योगियों का मात्सर्य हरण करते हैं । इस षट्कोण के मध्य में चन्द्रमा के समान प्रकाश वाले, स्वर्णनिर्मित अलङ्कारों से विभूषित **वान्त बीज का ध्यान** योगसिद्धि के लिए करना चाहिए ॥ ७४-७६ ॥

सदा व्याप्तं कुण्डलिन्या पालितं मण्डितं सुधीः ।
तैले यथा दीपपुञ्जं विभाव्य योगिराड् भवेत् ॥ ७७ ॥
स्वयंभूलिङ्गं तत्रैव विभाव्य चन्द्रमण्डलम् ।
आप्लुतं कारयेन्मन्त्री कुण्डलीसहितं वशी ॥ ७८ ॥

ये चक्र कुण्डलिनी से सदैव व्याप्त रहने वाले हैं और उसी से उसी प्रकार पालित तथा मण्डित भी हैं जिस प्रकार तेल में दीप-पुञ्ज भासित होता है, इसका ध्यान करने से सुधी साधक योगिराज बन जाता है । वहीं **स्वयंभू लिङ्ग** है । जितेन्द्रिय एवं मन्त्रज्ञ साधक कुण्डली सहित उस स्वयंभू लिङ्ग को चन्द्रमण्डल से आप्लावित कर उसका ध्यान करे ॥ ७७-७८ ॥

एवं क्रमेण सिद्धः स्यात् कुण्डल्याकुञ्चनेन च ।
सदाभ्यासी महायोगी संस्थाप्य वायवीं ततः ॥ ७९ ॥
वायव्याभासयुक्तेन एतच्चक्राश्रयेण च ।
मूकोऽपि वाक्पतिर्भूयात् फलभागी दिने दिने ॥ ८० ॥

इस क्रम से तथा कुण्डली को बारम्बार संकुचित करने से साधक क्रमशः सिद्ध हो जाता है । इसके बाद सदाभ्यास में निरत महायोगी वायवी शक्ति का संस्थापन करे । वायवी शक्ति के अभ्यास से युक्त होने के कारण तथा इस चक्र के आश्रय करने के कारण गूँगा भी वाक्पति बन जाता है और दिन प्रतिदिन फल का भागी होता रहता है ॥ ७९-८० ॥

तृतीयदलमाहात्म्यम्

तृतीयदलमाहात्म्यं योगिज्ञानोदयं परम् ।
भावसिद्धिर्भवेत्तस्य यो भजेदात्मचिन्तनम् ॥ ८१ ॥

तुलाचक्रम्

दलमध्ये तुलाचक्रं चतुष्कोणो गृहाणि च ।
द्वात्रिंशद् ग्रन्थिरूपाणि सन्ति ग्रन्थिविभेदने ॥ ८२ ॥

तुलाचक्रनिरूपण—तृतीयदल का माहात्म्य योगियों के ज्ञान के उदय का कारण है, अतः जो आत्म चिन्तन करता है, उसे भावसिद्धि हो जाती है । इस तृतीयदल के मध्य में तुलाचक्र है जिसके चारों कोनों पर बत्तीस ग्रन्थि रूप गृह हैं । इन्हीं ग्रन्थियों का विभेदन करना चाहिए ॥ ८१-८२ ॥

तुलाचक्रस्य नाडीभिर्द्वात्रिंशद् ग्रन्थिभेदनम्[१] ।
गलदेशावधि ध्यानं मेरुमध्ये प्रकारयेत् ॥ ८३ ॥
द्वात्रिंशद्ग्रन्थिगेहस्य मध्ये वृत्तत्रयं शुभम् ।
तन्मध्ये च त्रिकोणे च खं मूर्द्धन्यं भजेद् वशी ॥ ८४ ॥

तुलाचक्र की नाडियों द्वारा इन ग्रन्थियों का भेदन किया जाता है अतः मेरुदण्ड के भीतर गलादेश पर्यन्त भाग में इनका ध्यान करना चाहिए । इन बत्तीस ग्रन्थियों वाले गृह के मध्य में अत्यन्त कल्याणकारी तीन वृत्त हैं । उनके मध्य में तथा त्रिकोण में वशी साधक मूर्धन्य 'खं' बीज का ध्यान करे ॥ ८३-८४ ॥

एतद्गेहे विभाव्यानि वर्णजालफलानि च ।
दक्षिणावर्तयोगेन विभाव्य वाक्पतिर्भवेत् ॥ ८५ ॥
अकारमाद्यगेहे च अनुस्वारं द्वितीयके ।
विसर्गं तु तृतीये च यो भजेत्स भवेद्वशी ॥ ८६ ॥

इन बत्तीस गृहों में दक्षिणावर्त वर्ण समूहों के फलकों को स्थापित करना चाहिए । ऐसा कर साधक वाक्पति हो जाता है । प्रथम गृह में अकार, द्वितीय में अनुस्वार, तृतीय में विसर्ग स्थापित करने वाला साधक वशी हो जाता है ॥ ८५-८६ ॥

एतदन्यमन्दिरेषु कादिहान्तं विभावयेत् ।
वादिसान्तं वर्जयित्वा सबिन्दुं स भवेद्वशी ॥ ८७ ॥

इसके अतिरिक्त शेष उन्तीस गृहों में बिन्दु सहित व, श, ष, स—इन अक्षरों को छोड़कर क वर्ग से ह पर्यन्त (क, च, ट, त, प कुल पच्चीस किन्तु व श ष स इन अक्षरों को छोड़कर य, र, ल, ह पर्यन्त चार को लेकर) कुल उन्तीस वर्णों को स्थापित करे तो साधक वशी हो जाता है ॥ ८७ ॥

आज्ञाचक्रे यथानामफलं प्राप्नोति साधकः ।
वर्णानां मूलपद्मे तु तत्फलं हि तुलागृहे ॥ ८८ ॥
भजेन्मध्यं सकारस्य त्रिवृत्तस्थ त्रिकोणके ।
ज्वालामाल[२]सहस्राढ्यं स्वर्णालङ्कृतमाश्रयेत् ॥ ८९ ॥
प्रत्येकवर्णपुटितं तुलाचक्रे च मौनवान् ।
मौनं जपं यः करोति षकारं व्याप्य योगिराट् ॥ ९० ॥

तुलाचक्र की फलश्रुति—आज्ञाचक्र के मूलपद्म में वर्णों को स्थापित करने से जैसा फल प्राप्त होता है वही तुलागृह में भी वर्णों के स्थापन से प्राप्त होता है । त्रिवृत्तस्थ त्रिकोण में सकार के मध्य भाग का, जो सहस्रों ज्वालाओं से परिपूर्ण एवं स्वर्ण से

---

१. द्वात्रिंशत्संख्याकग्रन्थीनां भेदनमिति—मध्यमपदलोपिसमासगर्भः षष्ठीतत्पुरुषः ।

२. ज्वालानां मालाः ज्वालामालाः, तासां सहस्रेणाढ्य, इति विग्रहः । ङ्यापोः संज्ञाछन्दसोर्बहुलमिति ह्रस्वः, छन्दोऽनुरोधात् ।

अलंकृत है, उसका आश्रय ग्रहण करना चाहिए । तुलाचक्र में मौन व्रत धारण कर प्रत्येक वर्ण से सम्पुटित षकार पर्यन्त वर्ण (व, श, ष, स) का जो साधक मौन हो कर जप करता है वह योगिराज हो जाता है ॥ ८८-९० ॥

एतद्योगप्रसादेन चैतन्या कुण्डली भवेत् ।
वाक्सिद्धिश्च भवेत्तस्य तापत्रयविनाशिनी ॥ ९१ ॥
सिद्धिर्मन्त्रस्य वर्णानां जपमात्रेण शङ्कर ।
तुलाचक्रान्तरस्थानं विभाव्य मन्त्रसिद्धिभाक् ॥ ९२ ॥
एतच्चक्रं विना नाथ कुण्डली नापि सिद्ध्यति ।
भावज्ञानं बिना कुत्र योगी भवति भारते ॥ ९३ ॥

इस योग की कृपा होने पर ही कुण्डली चेतनता प्राप्त करती है । ऐसे साधक को त्रितापनाश करने वाली वाक्सिद्धि भी प्राप्त हो जाता है । हे शङ्कर ! ऐसे तो मन्त्रों के वर्णों के जप करने से भी सिद्धि प्राप्त होती है, किन्तु तुलाचक्र के मध्य में रहने वाले स्थान के ध्यान से भी साधक मन्त्रसिद्धि का भाजन बन जाता है । हे नाथ ! इस तुलाचक्र के बिना कुण्डलिनी किसी भी हालत में सिद्ध नहीं होती । भला भावज्ञान के बिना इस भारत में कब कौन योगी हुआ है ? ॥ ९१-९३ ॥

अन्यदलमाहात्म्यम्

अथान्यदलमाहात्म्यं शृणु वक्ष्यामि तत्त्वतः ।
योगसञ्चारसारं यत् कुण्डलीशक्तिसाधनम् ॥ ९४ ॥

वारिचक्रनिरूपण—अब हे शङ्कर ! अन्य दलों का माहात्म्य कहती हूँ, श्रवण कीजिए जो योग सञ्चार में सार हैं तथा कुण्डली शक्ति की सिद्धि के साधन हैं ॥ ९४ ॥

शक्तिबीजं बिन्दुयुक्तम् अष्टकोणस्थनिर्मलम् ।
विद्युत्पुञ्जं स्वर्णमालावेष्टितं भावयेद्यतिः ॥ ९५ ॥
चतुष्कोणं विभेद्यापि चतुष्कोणं मनोहरम् ।
तन्मध्ये च चतुष्कोणं सबीजं भावयेत्ततः ॥ ९६ ॥

आठ कोणों में रहने वाले निर्मल बिन्दु युक्त शक्ति बीज (ह्रीं) जो विद्युत् के पुञ्ज तथा स्वर्णमाला से वेष्टित है यति उसकी भावना करे । चतुष्कोण का भेदन करने पर भी एक मनोहर चतुष्कोण है। उसके मध्य में शक्तिबीज सहित चतुष्कोण की भावना करे ॥ ९५-९६ ॥

कोटिसूर्यसमां देवीं कुण्डलीदेवमातरम् ।
पादाङ्गुष्ठावधिं ध्यात्वा सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ॥ ९७ ॥

वारिचक्रम्

यदि वारिचक्रमध्ये ध्यानं कुर्वन्ति मानुषाः ।
अमराः सत्त्वयोगस्थाः षट्चक्रफलभोगिनः ॥ ९८ ॥

करोड़ों सूर्य के समान प्रकाश करने वाली पैर के अंगूठे पर्यन्त देवमाता कुण्डलिनी का ध्यान कर साधक सर्वसिद्धिश्वर बन जाता है । यदि मनुष्य वारि चक्र मध्य में कुण्डली का ध्यान करे तो वे सत्त्व योग में स्थित होकर अमर हो जाते हैं और षट्चक्र के फल के भोग करने वाले हो जाते हैं ॥ ९७-९८ ॥

तच्चतुष्कं समावाप्य वारिव्याप्तं सुनिर्मलम् ।
वामावर्तस्थितं ध्यायेत् सप्तखण्डं महाबली ॥ ९९ ॥
सप्तवृत्तोपरि ध्यायेद् दलषोडशपङ्कजम् ।
दले दले महातीर्थं सिद्धो भवति निश्चितम् ॥ १०० ॥

महाबली साधक उन चारों चतुष्कों को पार कर जल से परिपूर्ण अत्यन्त निर्मल वामावर्त स्थित सप्त खण्ड का ध्यान करे । सप्त वृत्त के ऊपर सोलह पत्ते वाले कमल का ध्यान करे, जिसके प्रत्येक दल पर महातीर्थ स्थित हैं । ऐसा करने से साधक निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता है ॥ ९९-१०० ॥

तीर्थमालावृतं नाथ दलं षोडश शोभितम् ।
तदेकपत्र(द्म)मध्ये तु भाति विद्युल्लतान्वितम् ॥ १०१ ॥
पूर्वादौ दक्षिणे पातु तीर्थमालाफलं शृणु ।
येषां दर्शनमात्रेण जीवन्मुक्तस्तु साधकः ॥ १०२ ॥

हे नाथ ! तीर्थ समूहों से परिपूर्ण उसका सोलहों दल अत्यन्त शोभित है । वे दल उस एक पद्म के मध्य में बिजली के लता से आवृत की तरह शोभा पाते हैं । पूर्व से दक्षिण की ओर व्याप्त रहने वाले उन तीर्थ समूहों के फल को सुनिए । जिसके दर्शन मात्र से साधक जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ १०१-१०२ ॥

गङ्गा गोदावरी देवी गया गुह्या महाफला ।
यमुना कोटिफलदा बुद्धिदा च सरस्वती ॥ १०३ ॥
मणिद्वीपं श्वेतगङ्गा महापुण्या महाफला ।
श्वेतगङ्गा महापुण्या भर्गगङ्गा महाफला ॥ १०४ ॥

गङ्गा, गोदावरी, देवी, गया ये गुह्य हैं जो महाफल प्रदान करने वाले हैं । यमुना तथा बुद्धिदा सरस्वती करोड़ों तीर्थ का फल देने वाली हैं । मणिद्वीप एवं श्वेत-गङ्गा महापुण्य-दायक एवं महाफल वाली हैं । जब श्वेत-गङ्गा महापुण्य वाली हैं तो भर्ग (शिव)-गङ्गा महान् फल देने वाली हैं ॥ १०३-१०४ ॥

स्वर्गगङ्गा महाक्षेत्रं पुष्करं तीर्थपारणम् ।
कावेरी सिन्धुपुण्या च नर्मदा शुभदा सदा ॥ १०५ ॥
अष्टकोणे अष्टसिद्धिं वारिपूर्णां फलोदयाम् ।
सप्तकोणे सप्तसिन्धुं पूर्वादौ भावयेद् यतिः ॥ १०६ ॥

स्वर्ग-गङ्गा तथा महाक्षेत्र पुष्कर सभी तीर्थों से श्रेष्ठ हैं । कावेरी, पुण्यदायिनी सिन्धु

तथा नर्मदा सर्वदा शुभ देने वाली हैं। आठ कोणों पर आठ सिद्धियाँ हैं जो वारि से परिपूर्ण है और फल देने के लिए उदीयमान हैं। सात कोणों पर सप्त सिन्धु हैं। यति को पूर्वादि दिशा में उनका ध्यान करना चाहिए ॥ १०५-१०६ ॥

लवणेक्षु[1]सुरासर्पिर्दधिदुग्धजलान्तका: ।
सकारं व्याप्य तिष्ठन्ति महासत्त्वं स्मरेद् यति: ॥ १०७ ॥
मध्ये चतुष्के शक्तिञ्च कोटिसौदामिनीतनु: ।
विभाव्य वारिचक्रे तु कोटिविद्यापतिर्भवेत् ॥ १०८ ॥

लवण, इक्षु, सुरा, सर्पि, दधि, दुग्ध तथा जल से परिपूर्ण रहने वाले ये सात समुद्र महासत्त्व सकार को व्याप्त कर स्थित रहते हैं। इस प्रकार यति को इनका ध्यान करना चाहिए। वारिचक्र के मध्य में रहने वाले चतुष्कोण में करोड़ों विद्युत् के समान देदीप्यमान शक्ति का ध्यान कर साधक करोड़ों विद्याओं का अधिपति हो जाता है ॥ १०७-१०८ ॥

शक्तिबीजं वामभागे आद्या प्रकृतिसुन्दरी ।
विभाति कामनाशाय योगिनी सा सताङ्गति: ॥ १०९ ॥
शक्तिबीजं दक्षिणे च पुङ्कला पुंशिवात्मकम् ।
सदा भावनरूपाभं यो भजेदीशसिद्धये ॥ ११० ॥

उसके बायें भाग में आद्या प्रकृति सुन्दरी नामक शक्ति बीज (ह्रीं) का निवास है जो काम के नाश करने के लिए शोभा पाती हैं, वही योगिनी सज्जनों की गति है। उसके दक्षिण में पुं शिवात्मक पुङ्कला नामक शक्ति बीज हैं। वह सदा भावना रूप आभा वाला है। अत: ईश्वर सिद्धि के लिए साधक उसका भजन करता है ॥ १०९-११० ॥

शक्तिबीजस्योद्ध्र्वभागे पूर्णचन्द्रमनोहरम् ।
भजन्ति साधव: सर्वे धर्मकामार्थसिद्धये ॥ १११ ॥
शक्तिबीजतले गेहे श्रीसूर्यं कालवह्निजम् ।
उल्काकोटिसमं ध्यात्वा वाञ्छातिरिक्तमाप्नुयात् ॥ ११२ ॥

शक्ति बीज के ऊपरी भाग में अत्यन्त मनोहर पूर्ण चन्द्र हैं। साधु लोग धर्म काम तथा अर्थ सिद्धि के लिए उन पूर्ण चन्द्र का ध्यान करते हैं। शक्ति बीज के नीचे करोड़ों उल्का के समान काल वह्नि से उत्पन्न श्री सूर्य देव हैं। उनका ध्यान करने से मनोरथों से भी अधिक फल की प्राप्ति होती है ॥ १११-११२ ॥

वारिचक्रप्रसादेन चिरजीवी भवेन्नर: ।
भूमौ महाकालरूपी मूलाधारे चतुर्द्दले ॥ ११३ ॥

---

१. लवणेक्षुसुरासर्पिर्दधिदुग्धजलानामन्तं कुर्वन्ति इति विग्रह: । तत्करोति इति ण्यन्तात् ण्वुल्—प्रत्यय: । अन्तशब्दोऽत्र बन्धनवाची । तेन समुद्रोऽर्थ फलति ।

चतुर्द्दलशेषदले वारिचक्रं सषान्तकम्(?) ।
कोटिसौदामिनीभासं[१] विभाव्य योगिराड् भवेत् ॥ ११४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावार्थनिर्णये पाशवकल्पे मूलपद्मोल्लासे भूमिचक्र–स्वर्गचक्र–तुलाचक्र–वारिचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे एकविंशः पटलः ॥ २१ ॥

— ❖ —

वारिचक्र की कृपा होने पर मनुष्य चिरजीवी होता है तथा भूमि में स्थित चार पत्ते वाले मूलाधार में ध्यान करने से महाकाल रूपी हो जाता है । चारदल के अतिरिक्त अन्य दलों पर स ष अन्त वाला वारिचक्र है, जो करोड़ों विद्युत् की आभा वाला है उसका ध्यान करने से साधक योगिराज बन जाता है ॥ ११३-११४ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावार्थ निर्णय में पाशवकल्प में मूलपद्म के विस्तार में भूमिचक्र, स्वर्गचक्र, तुलाचक्र एवं वारिचक्रों के सारसङ्केत में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भैरव-भैरवी संवाद के मध्य इक्कीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २१ ॥

— ❖ —

१. कोटिसंख्याकाः सौदामिन्यः, तासां भासा प्रभा इव भासा यस्य वारिचक्रस्येति बहुव्रीहिः ।

अथ द्वाविंशः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

शृणु शम्भो प्रवक्ष्यामि षट्चक्रस्य फलोदयम् ।
यज्ज्ञात्वा योगिनः सर्वे चिरं तिष्ठन्ति भूतले ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे शम्भो ! अब षट्चक्र में होने वाले फलों को कहती हूँ जिसे जान कर सभी योगी पृथ्वी पर बहुत काल तक जीते रहते हैं ॥ १ ॥

मूलाधारं महापद्मं चतुर्दलसुशोभितम् ।
वादिसान्तं स्वर्णवर्णं शक्तिब्रह्मपदं व्रजेत् ॥ २ ॥
क्षित्यप्तेजोमरुद्व्योममण्डलं षट्सु पङ्कजे ।
क्रमेण भावयेन्मन्त्री मूलविद्याप्रसिद्धये ॥ ३ ॥

मूलाधार नाम का महापद्म चार दलों से सुशोभित है, उस पर व, श, ष, स—ये चार वर्ण हैं जो स्वर्ण के समान चमकीले हैं। उसका ध्यान करने वाला साधक शक्तिब्रह्म का पद प्राप्त करता है क्षिति जल, तेज, वायु, व्योम तथा शून्य ये छः चक्रों में निवास करते हैं । अतः मन्त्रज्ञ साधक मूल विद्या की प्राप्ति के लिए इन चक्रों का ध्यान करे ॥ २-३ ॥

मूलाधार महापद्म



मूलपद्मोद्ध्वदेशे च स्वाधिष्ठानं महाप्रभम् ।
षड्दलं राकिणीं विष्णुं कर्णिकायां स्मरेद्यतिः ॥ ४ ॥

मूलाधार वाले महापद्म के ऊपर अत्यन्त तेजस्वी **स्वाधिष्ठान** नामक महाचक्र हैं जिसमें छः पत्ते हैं, साधक यति उसकी कर्णिका में राकिणी शक्ति के साथ विष्णु का स्मरण करे ॥ ४ ॥

षड्दलं बादिलान्तं च वर्णं ध्यात्वा सुराधिपः ।
कन्दर्पवायुना व्याप्तलिङ्गमूले भजेद्यतिः ॥ ५ ॥

स्वाधिष्ठान महाचक्र

षट्दल कमल



राकिणी एवं विष्णु का ध्यान

उस स्वाधिष्ठान के षड्दल पर ब, भ, म, य, र, ल, इन छः **वर्णों का** ध्यान करने से मनुष्य इन्द्र पदवी **प्राप्त** कर सकता है, यह लिङ्ग के मूल में संस्थित हैं तथा कामवायु से व्याप्त हैं, यति को उस स्वाधिष्ठात्त का आश्रय लेना चाहिए ॥ ५ ॥

तदूर्ध्वे नाभिमूले च मणिकोटिसमप्रभम् ।
दशदलं योगधर्मं डादिफान्तार्थगं भजेत् ॥ ६ ॥
लाकिनीसहितं रुद्रं ध्यायेद्योगादिसिद्धये ।
महामोक्षपदं दृष्ट्वा जीवन्मुक्तो भवेद् ध्रुवम् ॥ ७ ॥

मणिपूरचक्र

दशदल कमल



लाकिनी एवं रुद्र का ध्यान

उस स्वाधिष्ठान के ऊपर नाभिमूल में करोड़ों मणि के समान प्रकाश वाला **मणिपूर** चक्र है जिसमें डकार से लेकर प फ पर्यन्त दश वर्ण हैं योगधर्म की प्राप्ति के लिए साधक को उनका ध्यान करना चाहिए ॥ ६ ॥

उस मणिपूर चक्र में योग सिद्धि के लिए साधक लाकिनी सहित रुद्र का ध्यान करे । फिर वह महामोक्ष पद का दर्शन कर निश्चित रूप से जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ ७ ॥

बन्धूकपुष्पसङ्काशं दलद्वादशशोभितम् ।
कादिठान्तार्णसहितमीश्वरं काकिनीं भजेत् ॥ ८ ॥
तदूर्ध्वे षोडशोल्लासपदे साक्षात् सदाशिवम् ।
महादेवीं साकिनीगं कण्ठे ध्यात्वा शिवो भवेत् ॥ ९ ॥

अनाहतचक्र

द्वादशदल कमल

काकिनी ईश्वर का ध्यान

बन्धूक पुष्प के समान अरुण वर्ण वाले क से लेकर ठ पर्यन्त द्वादश वर्ण से सुशोभित **द्वादश पत्र** वाले चक्र पर काकिनी सहित ईश्वर का ध्यान करना चाहिए ।

उसके ऊपर **सोलहदल वाले पद्म** पर साकिनी सहित सदाशिव का ध्यान कर साधक सदाशिव बन जाता है ॥ ८-९ ॥

विमर्श—द्वादशशब्दस्य संख्यापरत्वमभ्युपेत्य दलशब्देन षष्ठीततपुरुषः । अथवा-द्वादशसंख्यकानि दलानि इति मध्यमपदलोपिसमासे पूर्वनिपातव्यत्यासेन दलद्वादशेति सिध्यति, तैः शोभितमिति ।

विशुद्धाख्यं महापुण्यं धर्मार्थकाममोक्षदम् ।
धूम्रधूमाकरं विद्युत्पुञ्जं भजति योगिराट् ॥ १० ॥
आज्ञानामोत्पलं शुभ्रं हिमकुन्देन्दुमन्दिरम् ।
हंसस्थानं बिन्दुपदं द्विदलं भ्रूकुटे भजेत् ॥ ११ ॥

यह महापुण्यदायक **विशुद्ध** नामक महापद्म है जो धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष को देने वाला है । यह धुएं के आकार से परिपूर्ण विद्युत्पुञ्ज के समान है । योगिराज इसका भजन करते हैं । इसके बाद हिम, कुन्द, इन्दु के मन्दिर के समान **आज्ञा** नामक महापद्म है जो भ्रूकुटी में है । यह चक्र दो पत्तों वाला है । बिन्दु पद से युक्त हंस मन्त्र का स्थान है, उसका भजन करना चाहिए ॥ १०-११ ॥

आज्ञाचक्र महापद्म



विशुद्धचक्र महापद्म

लक्षवर्णद्वयाढ्यं यद् बिन्दुयुक्तं मनोलयम् ।
तयोः स्त्रीपुंप्रकृत्याख्यं कोटिचन्द्रोज्ज्वलं भजेत् ॥ १२ ॥

इस पर ल और क्ष दो वर्ण हैं जो बिन्दु से युक्त हैं । यहीं पर मन का लय होता है । उन दोनों में एक स्त्री दूसरा पुरुष प्रकृति वाला है । यह करोड़ों चन्द्रमा के समान उज्ज्वल है, साधक को इसका भजन करना चाहिए ॥ १२ ॥

कण्ठे षोडशपत्रे च षोडशस्वरवेष्टितम् ।
अकारादिविसर्गान्तं विभाव्य कुण्डलीं नयेत् ॥ १३ ॥

ऊपर कहा गया (द्र० २२. ९) कण्ठ में रहने वाला षोडश पत्रात्मक पद्मचक्र षोडश स्वर से परिवेष्टित है । अकार से लेकर विसर्ग पर्यन्त वर्ण सोलह स्वर कहे गए हैं । इन स्वरों का ध्यान कर फिर कुण्डली को ऊपर ले जाना चाहिए ॥ १३ ॥

आज्ञाचक्रे समानीय कोटिचन्द्रसमोदयाम् ।
कण्ठाधारां कुण्डलिनीं जीवन्मुक्तो भवेदिह ॥ १४ ॥

करोड़ों चन्द्रमा के समान प्रकाश वाली कुण्डली को कण्ठाश्रित-चक्र से ऊपर उठा कर आज्ञा-चक्र (द्विदल कमल) में लाकर उसका ध्यान करने से साधक यहाँ पर ही जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ १४ ॥

यदि श्वासं न त्यजति बाह्यचन्द्रमसि प्रभो ।
भ्रूमध्ये चन्द्रनिकरे त्यक्त्वा योगी भवेदिह ॥ १५ ॥

हे प्रभो ! यदि साधक अपनी श्वास बाह्य चन्द्रमा में न छोड़े किन्तु भ्रू के मध्य में रहने वाले चन्द्र समूह में छोड़े तो वह यती योगी बन जाता है ॥ १५ ॥

सूक्ष्मवायूद्गमेनैव त्यजेद् वायुं मुहुर्मुहुः ।
सहस्रादागतं मूले मूलात्तत्रैवमानयेत् ॥ १६ ॥

साधक को सूक्ष्म वायु को ऊपर चढ़ाकर उसे धीरे धीरे छोड़ना चाहिए । सहस्रार चक्र (सहस्रदल कमल) से आए हुए वायु को मूलाधार में, फिर मूलाधार से सहस्रार के मध्य में ले आना चाहिए ॥ १६ ॥

चन्द्रः सूर्ये लयं याति सूर्यश्चन्द्रमसि प्रभो ।
यो बाह्ये नानयेत् शब्दं तस्य बिन्दुचयो भवेत् ॥ १७ ॥

चन्द्रमा सूर्य में लय को प्राप्त होता है । सूर्य चन्द्रमा में लय प्राप्त करता है । जो बाहर में शब्द का आनयन नहीं करता, उसमें बिन्दु (वीर्य) एकत्रित होता है ॥ १७ ॥

यावद् बाह्ये चन्द्रमसि मनो याति रविप्लुते ।
अन्तर्गते चन्द्रसूर्ये न तस्य दुरितं तनौ ॥ १८ ॥

जब चन्द्र एवं सूर्य का लय हो जाता है, तब चन्द्र सूर्य दोनों ही भीतर हो जाते हैं, इस प्रकार रवि प्लुत बाह्य चन्द्र में जब मन चला जाता है तो शरीर में पाप नहीं रहता ॥ १८ ॥

केवलं सूक्ष्मवायुस्थं वायवीशक्तिलालितम् ।
मानसं यः करोतीति तस्य योगादिवर्द्धनम् ॥ १९ ॥

वायवी शक्ति से सुरक्षित सूक्ष्म वायु में जो अपना मन स्थापित करता है उसके योग की अभिवृद्धि होती है ॥ १९ ॥

प्राप्ते यज्ञोपवीते यः श्रीधरो ब्राह्मणोत्तमः ।
योगाभ्यासं सदा कुर्यात् स भवेद्योगिवल्लभः ॥ २० ॥

यज्ञोपवीत हो जाने पर उत्तम ब्राह्मण श्रीसम्पन्न हो जाता है, उसे सर्वदा योगाभ्यास करते रहना चाहिए । ऐसा करने से वह योगी वल्लभ होता है ॥ २० ॥

यावत्कालं स्थितं बिन्दुं बाल्यभावे यथा यथा ।
तथा तथा योगमार्गं बिन्दुपातान्मरिष्यति ॥ २१ ॥

बाल्यकाल में जिस जिस प्रकार से बिन्दु (वीर्य) स्थित रहता है, उस उस प्रकार से योगमार्ग भी वृद्धिगत होता है, जब बिन्दु पात की स्थिति आती है तो साधक मरने की स्थिति में आ जाता है ॥ २१ ॥

तथापि यदि मासं वा पक्षं वा दशभिर्दिनम् ।
यदि तिष्ठति बिन्दूग्रः साक्षादभ्यासतो जयी ॥ २२ ॥

फिर भी यदि एक मास एक पक्ष अथवा दश दिन तक बिन्दु स्थित रखे तो वह साक्षात् अभ्यास से योग में विजयी हो जाता है ॥ २२ ॥

कामानल[१]महापीडाविशिष्टः पुरुषो यदा ।
तत्कामादिसंहरणे विना योगेन कः क्षमः ॥ २३ ॥

जब पुरुष कामानल की महापीड़ा से ग्रस्त हो जाता है, तो वह योग नहीं कर सकता कामादि को रोके बिना योग में कौन समर्थ हो सकता है ॥ २३ ॥

समसंसर्गगूढेन कामो भवति निश्चितम् ।
तत्कामात् क्रोध उत्पन्नो महाशत्रुर्विनाशकृत् ॥ २४ ॥
क्रोधाद् भवति सम्मोहः सम्मोहात् स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशाद् विनाशनम् ॥ २५ ॥

अपने समान (पुरुष या स्त्री) के साथ संबन्ध स्थापित करने पर निश्चित रूप से काम उत्पन्न होता है, उस काम से क्रोध उत्पन्न होता है जो विनाशकर्ता एवं महाशत्रु है । क्रोध से गाढ़ा मोह उत्पन्न होता है, उससे स्मृति नष्ट हो जाती है । इस प्रकार स्मृति के विनाश होने पर बुद्धि का विनाश होने लगता है । जब बुद्धि विनष्ट होती है तब पुरुष का विनाश हो जाता है ॥ २४-२५ ॥

विमर्श—गीता में भी कहा है—कामात् क्रोधेऽभिजायते ।

अतः सम्बुद्धिमाधार्य मूलादिब्रह्ममण्डले ।
ध्यात्वा श्रीनाथपादाब्जं सिद्धो भवति साधकः ॥ २६ ॥
ईश्वरस्य कृपाचिन्हमादौ शान्तिर्भवेद् हृदि ।
शान्तिभिर्जायते ज्ञानं ज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात् ॥ २७ ॥

इसलिए साधक को अपनी बुद्धि को सुरक्षित रख कर उससे मूलाधार स्थित ब्रह्म मण्डल में महाविष्णु के चरण कमलों का ध्यान कर सिद्धि प्राप्त करनी चाहिए । जब सर्वप्रथम हृदय में शान्ति होने लगे तो उसे ईश्वर की कृपा का चिन्ह समझना चाहिए । क्योंकि शान्ति से ज्ञान होता है और ज्ञान से मोक्ष प्राप्ति होती है ॥ २६-२७ ॥

शान्तिर्विद्या प्रतिष्ठा च निवृत्तिरिति ताः स्मृताः ।
चतुर्व्यूहस्ततो देवः प्रोच्यते परमेश्वरः ॥ २८ ॥

---

१. कामानामनलेन महापीडा, तया विशिष्ट इति तत्पुरुषसमासः ।

इदं ज्ञानमिदं ज्ञेयमिति चिन्तासमाकुलाः ।
पठन्त्यहर्निशं शास्त्रं परतत्त्वपराङ्मुखाः ॥ २९ ॥

प्रथम शान्ति, फिर विद्या, फिर प्रतिष्ठा, तदनन्तर निवृत्ति ये चार व्यूह हैं । इसके निवास के कारण परमेश्वर चतुर्व्यूह कहे जाते हैं । यह ज्ञान है, यह ज्ञेय है, इस प्रकार के विचार से समाकुल लोग दिन रात शास्त्र पढ़ते हैं, तब भी वे तत्त्व से पराङ्मुख रहते हैं ॥ २८-२९ ॥

शिरो वहति पुष्पाणि गन्धं जानाति नासिका ।
पठन्ति मम तन्त्राणि दुर्लभा भावबोधकाः ॥ ३० ॥

शिर पुष्प का भार जानता है, किन्तु उसके गन्ध का ज्ञान नासिका को ही होता है । इसी प्रकार लोग हमारे तन्त्र को पढ़ते हैं, किन्तु उसके भाव का ज्ञान जानने वाले साधक यति दुर्लभ हैं ॥ ३० ॥

यज्ञोपवीतकाले तु पशुभावाश्रयो भवेत् ।
यावद्योगं न सम्प्राप्तं तावद् वीराचरं न च ॥ ३१ ॥

यज्ञोपवीत काल में साधक पशुभाव का आश्रय ग्रहण करे । जब तक योग ज्ञान की संप्राप्ति न हो, तब तक वीराचार ग्रहण करना मना है ॥ ३१ ॥

आचारो विनयो विद्या प्रतिष्ठा योगसाधनम् ।
तस्यैव जायते सिद्धिरिष्टपादाम्बुजे मतिः ॥ ३२ ॥
देवे गुरौ महाभक्तिर्यस्य नित्यं विवर्धते ।
संवत्सरात्तस्य सिद्धिर्भवत्येव न संशयः ॥ ३३ ॥

ऐसा आचरण करने वाले साधक को ही आचार, विनय, विद्या, प्रतिष्ठा, योगसाधन और अपने इष्ट देवता के चरण कमलों में बुद्धि उत्पन्न होती है । जिस साधक को अपने गुरु में और देवता में निरन्तर भक्ति की अभिवृद्धि होती रहती है । उसे एक संवत्सर मात्र में सिद्धि प्राप्त हो जाती है, इसमें संशय नहीं ॥ ३२-३३ ॥

वेदागमपुराणानां सारमालोक्य यत्नतः ।
मनः संस्थापयेदिष्टपादाम्भोरुहमण्डले ॥ ३४ ॥

वेद आगम (मन्त्र शास्त्र) तथा पुराण का तत्त्व यत्नपूर्वक जान कर तदनन्तर अपने इष्ट देवता के चरण कमल मण्डल में मन संस्थापित करे ॥ ३४ ॥

चेतसि क्षेत्रकमले षट्चक्रे योगनिर्मले ।
मनो निधाय मौनी यः स भवेद् योगवल्लभः ॥ ३५ ॥

क्षेत्र रूपी कमल में रहने वाले, योग से सर्वथा विशुद्ध और चेतना संयुक्त षट्चक्र में मन स्थापित कर जो साधक मौन धारण करता है, वह योग का वल्लभ होता है ॥ ३५ ॥

मनः करोति कर्माणि मनो लिप्यति पातके ।
मनःसंयमनी भूत्वा पापपुण्यैर्न लिप्यते ॥ ३६ ॥

मन ही कर्म करता है । मन ही पाप पङ्क से लिप्त रहता है । अतः जो मन को अपने वश में रखता है, वह पाप पुण्य से लिप्त नहीं होता ॥ ३६ ॥

श्री भैरव उवाच

वद कान्ते रहस्यं मे येन सिद्धो भवेन्नरः ।
तत्प्रकारं विशेषेण योगिनामप्यगोचरम् ॥ ३७ ॥
यत्रैव [1] गोपयेद्यद्यदानन्देन निरीक्षयेत् ।
पूजयेद् भावयेच्चैव वर्जयेन्न जुगुप्सयेत् ॥ ३८ ॥
क्रमेण वद तत्त्वञ्च यदि स्नेहोऽस्ति [2] मां प्रति ।
न [3] ज्ञात्वापि च भूतत्त्वं योगी मोहाश्रितो भवेत् ॥ ३९ ॥

श्री भैरव ने कहा—हे कान्ते ! अब उस रहस्य को बताइए, जिससे पुरुष को सिद्धि प्राप्त होती है । विशेष कर उसके प्रकार को जो योगियों के लिए भी अगोचर है । जिसमें जो जो गोपनीय हो, जो जो आनन्दपूर्वक निरीक्षण के योग्य हो, जो जो पूजनीय हो, जो जो ध्यान के योग्य हो, जो जो वर्जनीय हो तथा जो जो जुगुप्सा के योग्य न हो, हे प्रिये ! यदि मुझमें आपका स्नेह हो तो क्रमशः उन तत्त्वों को प्रकाशित कीजिए । क्योंकि इन्हें बिना जाने योगी भूत के समान रहता है और मोह के वशीभूत हो जाता है ॥ ३७-३९ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

त्रैलोक्ये योगयोग्योऽसि षट्चक्रभेदने रतः ।
त्वमेव परमानन्द महाधिष्ठाननिर्मल ॥ ४० ॥
सङ्घातयेन्महावीर एतान्दोषान् महाभयान् ।
कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यसञ्ज्ञकान् ॥ ४१ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे परमानन्द ! हे महाधिष्ठान निर्मल ! मात्र आप ही योग की योग्यता रखते हैं तथा षट्चक्र भेदन की क्रिया में समर्थ हैं । हे महावीर, महाभय देने वाले काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद तथा मात्सर्य संज्ञक इन दोषों का साधक को संहार करना चाहिए ॥ ४०-४१ ॥

सङ्घातयेन्महावीरो विकारं चेन्द्रियोद्भवम् ।
निद्रा-लज्जा-दौर्मनस्यं दशकालानलान् प्रभो ॥ ४२ ॥
सङ्गोपयेन्महावीरो महामन्त्रं कुलक्रियाम् ।
मुद्राक्षसूत्रतन्त्रार्थं गोपिनां वीरसङ्गमम् ॥ ४३ ॥

---

१. घातयेत्—क० ।
२. योगिनी—ग० ।
३. अज्ञात्वा पीठतत्त्वं च—ग० ।

हे प्रभो ! महावीर को इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाले सभी विकारों को निद्रा लज्जा दौर्मनस्य तथा **दश कालाग्नियों** का विनाश करना चाहिए । महावीर को महामन्त्र, कुण्डलिनी के उत्थान की क्रिया, मुद्रा, अक्ष (माला) सूत्र, तन्त्रार्थ गोपनीय वीर का सङ्गम गुप्त रखना चाहिए ॥ ४२-४३ ॥

अत्याचारं भैरवाणां योगिनीनां च साधनम् ।
नाडीग्रथनमानञ्च गोपयेन्मातृजारवत् ॥ ४४ ॥

भैरवों के आचार का अतिक्रमण, योगिनियों के साधन के प्रकार और नाड़ियों का मान माता के जार (उपपति) की तरह गुप्त रखना चाहिए ॥ ४४ ॥

न निन्देत् प्राणनिधने देवतां गुरुमीश्वरम् ।
सुरां विद्यां महाक्षेत्रं पीठं योगाधिकारिणम् ॥ ४५ ॥
योगिनी जडमुन्मत्तं जन्मकर्मकुलक्रियाम् ।
प्रयोगे धर्मकर्तारं न निन्देत् प्राणसंस्थितौ ॥ ४६ ॥
पत्नीं भ्रातृवधूञ्चैव बौद्धाचारञ्च योगिनीम् ।
कर्म शुभाशुभञ्चैव महावीरो न निन्दयेत् ॥ ४७ ॥

साधक जीवन मरण की, देवता की, गुरु की तथा ईश्वर की निन्दा न करे । इसी प्रकार सुरा की, महाविद्या की, महाक्षेत्र, सिद्धपीठ, योग के अधिकारी, योगिनी, जड़, उन्मत्त, जन्म कर्म, कुण्डलिनी, क्रिया तथा प्रकृष्ट योग में धर्म करने वाले की प्राण रहते कदापि निन्दा न करनी चाहिए । पत्नी, भाई की भार्या, बौद्धाचार, योगिनी, शुभाशुभ कर्म की महावीर निन्दा न करे ॥ ४५-४७ ॥

निरीक्षयेन्न कदापि कन्यायोनिं दिने रतिम् ।
पशुक्रीडां[1] दिग्वसनां कामिनीं[2] प्रकटस्तनीम् ॥ ४८ ॥
विग्रहं द्यूतपाशार्थं क्लीबं विष्ठादिकं शुचौ ।
अभिचारभारञ्च क्रियामप्रमत्तस्य[3] नेक्षयेत् ॥ ४९ ॥

कन्या की योनि, दिन में रति, पशुओं का मैथुन, नङ्गी स्त्री तथा खुले स्तन वाली कामिनी, जूआ के लिए लड़ने वाले जुआड़ी, नपुंसक, शुचि रहने पर विष्टा आदि घृणित वस्तु अभिचार (मारणादि क्रिया) तथा असमत्त की क्रिया वीर पुरुष न देखे ॥ ४८-४९ ॥

पूजयेत्परया भक्त्या देवतां गुरुमीश्वरम् ।
शक्तिं साधुमात्मरूपं स्थूलसूक्ष्मं प्रयत्नतः ॥ ५० ॥
अतिथिं मातरं सिद्धं पितरं योगिनं तथा ।
पूजयेत् परया भक्त्या सिद्धमन्त्रं सुसिद्धये ॥ ५१ ॥

---

१. विवसनाम्—ग० ।
२. प्रकटौ स्तनौ यस्याः सा, ताम् ।
३. अज्ञस्य—क० ।

देवता गुरु, ईश्वर शक्ति, साधु, स्थूल तथा सूक्ष्म अपने आत्मस्वरूप की अत्यन्त भक्ति के साथ प्रयत्न पूर्वक पूजा करे । अतिथि, माता, सिद्ध, पिता योगी इनकी भी परा भक्ति से पूजा करे । इसी प्रकार सिद्धि के लिए प्रयुक्त सिद्ध मन्त्र को भी आदर की दृष्टि से देखे ॥ ५०-५१ ॥

भावयेदेकचित्तेन साधूक्तं योगसाधनम् ।
गुरोर्वाक्योपदेशं च स्वधर्मं तीर्थदेवताम् ॥ ५२ ॥
कुलाचारं [१] वीरमन्त्रमात्मानं परमेष्ठिनम् ।
भावयेद्विधिविद्यां च तन्त्रसिद्धार्थनिर्णयम् ॥ ५३ ॥

साधुओं का उपदेश, योग का साधन, गुरुवाक्य, उपदेश, अपना धर्म, तीर्थ, देवता कुलाचार, वीरमन्त्र, आत्मा, परमेष्ठी, विधिपूर्वक प्राप्त की गई विद्या, तन्त्र तथा सिद्धार्थ निर्णय इनका अनन्य मन से ध्यान करना चाहिए ॥ ५२-५३ ॥

वर्जयेत् साधकश्रेष्ठोऽगम्यागमनादिकम् ।
धूर्तसङ्गं वञ्चकञ्च प्रलापमनृताशुभम् ॥ ५४ ॥
वर्जयेत् पापगोष्ठीयमालस्यं बहुजल्पनम् ।
अवेदकर्मसञ्चारं गोसवं [२] ब्राह्मणस्य च ॥ ५५ ॥
जुगुप्सयेन्न कदापि विण्मूत्रं क्लेदशोणितम् ।
हीनाङ्गीं पिशितं नाथ कपालाहरणादिकम् ॥ ५६ ॥
सुरां गोपालनञ्चैव निजपापं रिपोर्भयम् ।
जुगुप्सयेन्न सुधर्म्मं यदि सिद्धिमिहेच्छति ॥ ५७ ॥

श्रेष्ठ साधक अगम्या स्त्री से संभोग जैसे पतित कार्य, धूर्त्त का साथ, ठगहारी, प्रलाप, झूठ, अशुभ इनको वर्जित करे । पापियों की गोष्ठी, आलस्य, बकवाद, वेद विरुद्ध कर्म का प्रचार, गोहत्या, ब्रह्महत्या जैसे पापों का वर्जन करे । हे नाथ ! विष्ठा मूत्र, कफ, खून, हीन अङ्ग वाली स्त्री, मांस तथा कपाल हरणादि की निन्दा कदापि न करे । सुरा, गोपालन, अपना पाप और शत्रु से होने वाले भय की निन्दा न करे । इसी प्रकार सिद्धि चाहने वाला साधक श्रेष्ठ धर्म की भी निन्दा न करे ॥ ५४-५७ ॥

समयाचारमेवेदं योगिनां वीरभाविनाम् ।
गुर्वाज्ञया यः करोति जीवन्मुक्तो भवेद् भुवि ॥ ५८ ॥
वृथा धर्म वृथा चर्यं वृथा दीक्षा वृथा तपः ।
वृथा सुकृतमाख्येति गुर्वाज्ञालङ्घनं नृणाम् ॥ ५९ ॥

वह वीरभाव प्राप्त करने वालों के लिए इस प्रकार का समयाचार है । जो गुरु की आज्ञा से इनका पालन करता है वह पृथ्वी पर ही जीवन्मुक्त हो जाता है । मनुष्य को, गुरु की

---

१. तन्त्रम्—ग० ।
२. गोरसम्—ग० ।

आज्ञा उल्लंघन जैसा पाप, उसके धर्म को, आचरण की दीक्षा को, तप को, पुण्य को तथा यश को व्यर्थ बना देता है ॥ ५८-५९ ॥

ब्राह्मणक्षत्रियादीनामादौ योगादिसाधनम् ।
पश्चात् कुलक्रिया नाथ [१] योगविद्याप्रसिद्धये ॥ ६० ॥
विना भावेन वीरेण पूर्णयोगी कुतो भवेत् ।
आदौ कुर्यात् पशोर्भावं पश्चात् कुलविचारणम् ॥ ६१ ॥

हे नाथ ! योग विद्या में प्रकृष्ट सिद्धि चाहने के लिए ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि को प्रथम योगादिसाधन करना चाहिए । उसके पश्चात् कुल क्रिया कुण्डलिनी का उत्थान करना चाहिए। वीरभाव के बिना कोई मनुष्य किस प्रकार पूर्णयोगी बन सकता है । उसमें भी प्रथम पशुभाव का आचरण करे । पश्चात् कुण्डलिनी का आचरण करे ॥ ६०-६१ ॥

मम तन्त्रे महादेव केवलं सारनिर्णयम् ।
अकस्माद् भक्तिसिद्ध्यर्थं कुलाचारं च योगिनाम् ॥ ६२ ॥
ब्राह्मणानां कुलाचारं केवलं ज्ञानसिद्धये ।
ज्ञानेन जायते योगी योगादमरविग्रहः ॥ ६३ ॥
भूत्वा योगी कुलीनश्च योगाभ्यासमहर्निशम् ।
षट्चक्रं भूतनिलयं भावयेद् भावसिद्धये ॥ ६४ ॥

हे महादेव ! हमारे (शक्ति) तन्त्र में केवल सार निर्णय यह है कि अकस्माद् भक्ति की सिद्धि के लिए योगियों का कुलाचार करे । ब्राह्मणों को कुलाचार (कुण्डलिनी का अभ्युत्थान) केवल ज्ञान की सिद्धि के लिए करना चाहिए । क्योंकि ज्ञान से योगी, तदनन्तर योग से अमर शरीर प्राप्त होता है । कुलीन (कुण्डलिनी का उपासक) योगी दिन रात योगाभ्यास करे और पञ्चभूत के स्थानभूत षट्चक्रों का भावसिद्धि के लिए ध्यान करे ॥ ६२-६४ ॥

मूलपद्मस्योद्ध्वदेशे लिङ्गमूले महाशुचिः ।
स्वाधिष्ठाने महापद्मं पद्दले वायुना यजेत् ॥ ६५ ॥
एतत् षड्दलवर्णानां भावनां यः करोति हि ।
तस्य साक्षाद् भवेद्विष्णुः राकिणीसहितः प्रभो ॥ ६६ ॥

मूलाधार में स्थित महापद्म के ऊपर लिङ्गमूल के स्वाधिष्ठान नामक महापद्म के पाद के (नीचे) दल में पवित्र साधक वायु द्वारा यजन करे । स्वाधिष्ठान स्थित छः पत्तों पर स्थित रहने वाले वर्णों की जो भावना करता है, हे प्रभो ! उसे राकिणी सहित महाविष्णु का साक्षात्कार हो जाता है ॥ ६५-६६ ॥

स्वाधिष्ठानषड्दलस्य कर्णिकामध्यमण्डले ।
दलाष्टकं भावयित्वा नागयुक्तं स ईश्वरः ॥ ६७ ॥

---

१. योगस्य विद्या, तस्याः प्रकर्षेण सिद्धिस्तस्यै ।

अष्टौ नागा अष्टदले प्रतिभान्ति यथारुणाः ।
जलस्योपरि पद्मे च ध्यायेत्तन्नागवल्लभाम् ॥ ६८ ॥

स्वाधिष्ठान के छः पत्तों वाले कर्णिका के मध्य मण्डल में स्थित नाग युक्त आठ पत्तों का ध्यान कर साधक साक्षात् सदाशिव हो जाता है । जिस प्रकार अष्टदल पर अरुण वर्ण के आठ नाग शोभित होते हैं, उसी प्रकार जल के ऊपर रहने वाले उस महापद्म पर नागपत्नियों का भी ध्यान करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

अनन्तं वासुकिं पद्मं महापद्मं च तक्षकम् ।
कुलीरं कर्कटं शङ्खं दक्षिणादौ दले भजेत् ॥ ६९ ॥
अष्टदलोपरि ध्यायेत् कर्णिकावृत्तयुग्मकम् ।
तदूर्ध्वे षड्दलं वादिलान्तयुक्तं सबिन्दुकम् ॥ ७० ॥

अनन्त, वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट तथा शंख इन आठ नागों का दक्षिण दल से प्रारम्भ कर ध्यान करना चाहिए । उस अष्टदल के ऊपर कर्णिका से युक्त दो वृत्तों का ध्यान करे । उसके ऊपर षड्दल का ध्यान करना चाहिए, जिस पर बिन्दु के सहित व भ म य र ल ये छः वर्ण हैं ॥ ६९-७० ॥

पूर्वादिक्रमयोगेन दक्षिणावर्त्तवायुना ।
पुनः पुनः कुम्भयित्वा ध्यायेत् षड्वर्णवायवीम् ॥ ७१ ॥
केशरं युगलं ध्यायेत् कुलोर्ध्वे साकृतिं मुदा ।
अष्टदले षड्दले च विभाव्य योगिराड् भवेत् ॥ ७२ ॥
अष्टदलस्योर्ध्वदेशे वृत्तयुग्मं मनोहरम् ।
तस्योपरि पुनर्ध्यायेत् षड्दले वादिलान्तकम् ॥ ७३ ॥

पूर्व दिशा के क्रम से दक्षिणावर्त वायु द्वारा पुनः पुनः कुम्भक कर वायु देवता वाले इन छः वर्णों का ध्यान करे । कुल के ऊर्ध्व भाग में अष्टदल पर तथा षड्दल पर आकृति सहित दो केशरों का प्रसन्नता पूर्वक ध्यान करे । ऐसा करने से साधक योगिराज बन जाता है । उस अष्टदल के ऊर्ध्व देश में मनोहर दो वृत्त हैं । उसके ऊपर षड्दल पर पुनः 'व भ म य र ल' इन छः वर्णों का ध्यान करना चाहिए ॥ ७१-७३ ॥

दलाष्टकाधो ध्यायेद्वो वृत्तयुग्मं मनोहरम् ।
वृत्ताधोमण्डलाकारं वं बीजं व्याप्य तिष्ठति ॥ ७४ ॥
वृत्तलग्नं समाव्याप्तं यं बीजं विद्युदाकरम् ।
कोटिसूर्यसमाभासं विभाव्य योगिनां पतिः ॥ ७५ ॥
यान्तबीजकलानां तु अधः षट्कोणमण्डलम् ।
षट्कोणे दक्षिणादौ च भावयेद् यादिलान्तकम् ॥ ७६ ॥

अष्टदल के नीचे पुनः दो मनोहर वृत्तों का ध्यान करना चाहिए । जिस वृत्त के अधः मण्डल के आकार वाला 'वं' बीज व्याप्त हो कर स्थित है । वृत्त में लगा हुआ उसी के समान, विद्युदाकर, करोड़ों सूर्य के समान तेज वाला 'यं' बीज का ध्यान कर साधक योगियों का

अधिपति हो जाता है । यान्त बीज 'रं' कला के नीचे षट्कोण का मण्डल है । उस षट्कोण मण्डल में दक्षिण दिशा से आरम्भ कर य र ल वर्णों का ध्यान करना चाहिए ॥ ७४-७६ ॥

तत्षट्कोणमध्यदेशे षट्कोणं धूम्र[१]मण्डलम् ।
तत्कोणे दक्षिणादौ च द्रव्यादिषट्कमाश्रयेत् ॥ ७७ ॥
द्रव्यं गुणास्तथा कर्म सामान्यं सविशेषकम् ।
समवायं क्रमेणैव षट्कोणेषु विभावयेत् ॥ ७८ ॥

उस षट्कोण के मध्य भाग में धूम्र मण्डल युक्त एक षट्कोण और है । उस षट्कोण में द्रव्यादि छः पदार्थ अर्थात् १. द्रव्य, २. गुण, ३. कर्म, ४. सामान्य, ५. सविशेष तथा ६. समवाय—इन छः पदार्थों का ध्यान करना चाहिए ॥ ७७-७८ ॥

पूर्वादिक्रमयोगेन दक्षिणावर्तवायुना ।
सर्वत्र भावयेन्मन्त्री कुम्भयित्वा पुनः पुनः ॥ ७९ ॥
द्रव्यषट्कोणमध्ये तु षट्कोणं चारुतेजसम् ।
कोणे कोणे च षड्वर्गान् भावयेत् स्थिरचञ्चलान् ॥ ८० ॥
तन्मध्ये च त्रिकोणे च राकिणीसहितं हरिम् ।
कोटिचन्द्रमरीचिस्थं ध्यायेद्योगी विशालधीः ॥ ८१ ॥

षट्कोण के मध्य में अत्यन्त सुन्दर तेजस्वी एक षट्कोण और है । उसके प्रत्येक कोण में स्थिर तथा चञ्चल प्रकृति वाले, क वर्ग, च वर्ग, ट वर्ग, त वर्ग, प वर्ग और य वर्ग—इन छः वर्गों का ध्यान करना चाहिए । उसके मध्य में रहने वाले त्रिकोण में विशाल बुद्धि वाले योगी को करोड़ों चन्द्रमा की किरणों के समान राकिणी के सहित श्री हरि का ध्यान करना चाहिए ॥ ७९-८१ ॥

षड्दलान्तर्गतं पद्मं योगिनामपि साधनम् ।
यो नित्यं कुरुतेऽभ्यासं तस्य योगः प्रसिद्ध्यति ॥ ८२ ॥
एतच्चक्रप्रसादेन नीरोगी निरहङ्कृतः ।
सर्वज्ञो भवति क्षिप्रं श्रीनाथपदभावनात् ॥ ८३ ॥

इस प्रकार षट्दल में रहने वाला पद्म योगियों का साधन है । जो इस पद्म का ध्यान करता है, उसका योग सिद्ध हो जाता है । इस चक्र की कृपा से महाविष्णु के चरण कमल में की गई भावना से साधक नीरोग और अहङ्कार रहित हो कर बहुत शीघ्र सर्वज्ञ हो जाता है ॥ ८२-८३ ॥

ज्योतीरूपं योगमार्गं सूक्ष्मातिसूक्ष्मनिर्मलम् ।
त्रैलोक्यकामनासिद्धिं षट्चक्रे भावयेद्धरिम् ॥ ८४ ॥
यो हरिः शेषशम्भुश्च यः शम्भुः सूक्ष्मरूपधृक् ।
सूक्ष्मरूपस्थितो ब्रह्मा ब्रह्माधीनमिदं जगत् ॥ ८५ ॥

---

१. धूम्रतेजसम्—क० ।

योग मार्ग प्रकाश स्वरूप है, सूक्ष्म से सूक्ष्म तथा अत्यन्त निर्मल है । अतः उक्त षट्चक्र में त्रिलोकी के समस्त कामनाओं की सिद्धि करने वाले श्री हरि का ध्यान करना चाहिए । जो हरि हैं वही शेष और वही शम्भु हैं । सूक्ष्म रूप धारण करने वाले जो शम्भु हैं वही सूक्ष्म रूप में स्थित रहने वाले ब्रह्मा हैं । यह सात लोक उन्हीं ब्रह्मदेव के अधीन है ॥ ८४-८५ ॥

एकमूर्तिस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुपितामहाः ।
मम विग्रहसंश्लिष्टाः सृजत्यवति हन्ति च ॥ ८६ ॥
प्राणायामोद्गता एते योगविघ्नकराः सदा ।
प्राणायामेन निष्पीड्य प्रसभं सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ८७ ॥

ऐसे ब्रह्मा, विष्णु तथा पितामह नाम वाले देवता तीन हैं, किन्तु उनकी एक ही मूर्ति है । ये सभी मेरे शरीर से संश्लिष्ट हैं जो सृष्टि, पालन तथा उसका संहार करते हैं । ये प्राणायाम से उत्पन्न हुए हैं और सर्वदा योगमार्ग में विघ्न डालने वाले हैं । इसलिए साधक प्राणायाम के द्वारा इनका निष्पीड़न कर सिद्धि प्राप्त करे ॥ ८६-८७ ॥

अकारं ब्रह्मणो वर्णं शब्दरूपं महाप्रभम् ।
प्रणवान्तर्गतं नित्यं योगपूरकमाश्रयेत् ॥ ८८ ॥
उकारं वैष्णवं वर्णं शब्दभेदिनमीश्वरम् ।
प्रणवान्तर्गतं सत्त्वं योगकुम्भकमाश्रयेत् ॥ ८९ ॥

ओम् का स्वरूप—महातेजस्वी शब्दरूप **अकार** ब्रह्मा का वर्ण है । यह प्रणव के अन्तर्गत नित्य रहने वाला है । यह योग का पूरक है अतः इसका आश्रय लेना चाहिए । शब्द को भिन्न भिन्न करने वाला सबका ईश्वर **उकार** वैष्णव वर्ण है, जो प्रणवान्तर्गत सत्त्व है और कुम्भक प्राणायाम योग है । साधक को इसका भी आश्रय लेना चाहिए ॥ ८८-८९ ॥

मकारं शाम्भवं रूपं बीजभूतं विधूद्गतम् ।
प्रणवान्तस्थितं कालं लयस्थानं समाश्रयेत् ॥ ९० ॥
वर्णत्रय[१]विभागेन प्रणवं परिकल्पितम् ।
प्रणवाज्जायते हंसो हंसः सोऽहं परो भवेत् ॥ ९१ ॥
सोऽहं ज्ञानं महाज्ञानं योगिनामपि दुर्लभम् ।
निरन्तरं भावयेद्यः स एव परमो भवेत् ॥ ९२ ॥

मकार श्री शम्भु का बीजभूत रूप है जो चन्द्रमा से उत्पन्न है । प्रणव के भीतर रहने वाला लय का स्थान तथा काल स्वरूप है, इसका आश्रय लेना चाहिए । तीन वर्ण के अलग अलग रूपों को एक में मिलाने से प्रणव का रूप बनता है, इस प्रणव से 'हंस' मन्त्र बनता है, फिर यही हंस, सोऽहं का रूप बन जाता है । सोऽहं का ज्ञान महाज्ञान है, जो योगियों के लिए भी दुर्लभ है; जो निरन्तर इसकी भावना करता है वह परब्रह्म हो जाता है ॥ ९०-९२ ॥

---

१. वर्णत्रयस्य अकारोकारमकारेति त्रयस्य ।

हं पुमान् श्वासरूपेण चन्द्रेण प्रकृतिस्तु सः ।
एतद्धंसं विजानीयात् सूर्यमण्डलभेदकम् ॥ ९३ ॥
विपरीतक्रमेणैव सोऽहं ज्ञानं यदा भवेत् ।
तदैव सूर्यगः सिद्धः [1]स्वधास्वरप्रपूजितः ॥ ९४ ॥

श्वास रूप चन्द्र से 'हं' पुमान् है और 'सः' प्रकृति है यही हंस मन्त्र है जो सूर्य मण्डल का भी भेदक है । इस हंस को उलट देने पर 'सोऽहं' ज्ञान हो जाता है । तब साधक सूर्यमण्डल में गमन करने वाला सिद्ध हो जाता है और स्वधा स्वर से पूजित होता है ॥ ९३-९४ ॥

हकारार्णं सकारार्णं लोपयित्वा ततः परम् ।
सन्धिं कुर्यात्ततः पश्चात् प्रणवोऽसौ महामनुः ॥ ९५ ॥
एतद् हंसं महामन्त्रं स्वाधिष्ठाने मनोगृहे ।
मनोरूपं भजेद्यस्तु स भवेत् सूर्यमध्यगः ॥ ९६ ॥

हकार वर्ण तथा सकार वर्ण का लोप कर जब शेष की सन्धि कर दे तो वही प्रणव रूप महामन्त्र बन जाता है । यह हंस रूप महामन्त्र मन के गृहभूत स्वाधिष्ठान चक्र में रहता है । अतः साक्षात् मनोरूप से इसका जो जप करता है वह सूर्य मण्डल में गमन करता है ॥ ९५-९६ ॥

हंसं सूर्य विजानीयात् सोऽहं चन्द्रो न संशयः ।
विपरीतो यदा भूयात्तदैव मोक्षभाग् भवेत् ॥ ९७ ॥
यदि हंसमनोरूपं स्वाधिष्ठाने हरेः पदे ।
विभाव्य श्रीगुरोः पादे नीयते नात्र संशयः ॥ ९८ ॥

'हंस' का अर्थ सूर्य है और सोऽहं का अर्थ चन्द्रमा है, इसमें संशय नहीं जब 'हंस' 'सोऽहं' इस विपरीत रूप में हो जाता है तब साधक मोक्ष का भागी बन जाता है । यदि साधक हंस मनोरूप को स्वाधिष्ठान स्थित विष्णु के पद में ध्यान कर श्री गुरु के चरण में समर्पित कर दे तो भी साधक मोक्ष का गामी बन जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ९७-९८ ॥

सोऽहं यदा शक्तिकूटं अकाराकारसम्पुटम् ।
कृत्वा जपति यो ज्ञानी स भवेत् कल्पपादपः ॥ ९९ ॥
जपहोमादिकं सर्वं हंसेन यः करोति हि ।
तदैव चन्द्रसूर्य स्यात् हंसमन्त्रप्रसादतः ॥ १०० ॥

जब साधक 'सोऽहं' इस शक्ति कूट को ॐकार से सम्पुटित कर ॐ सोऽहं ॐ का जप करता है तो वह महाज्ञानी तथा कल्पवृक्ष हो जाता है । जो हंस मन्त्र से जप होमादि कार्य करता है, तब उस हंस मन्त्र की कृपा से वह चन्द्र एवं सूर्य बन जाता है ॥ ९९-१०० ॥

---

१. स्यात् सुरासुरप्रपूजितः—ग० ।

एतज्जपं महादेव देहमध्ये करोम्यहम् ।
एकविंशसहस्राणि षट्शतानि च हंमनुः ॥ १०१ ॥

हे महादेव ! मैं इस हंस मन्त्र का अपने देह के मध्य में जप करती रहती हूँ, इस हंस मन्त्र की जप संख्या २१ हजार छः सौ है ॥ १०१ ॥

पुंरूपेण हकारञ्च स्त्रीरूपेण सकारकम् ।
जप्त्वा रक्षां करोतीह [१] चन्द्रबिन्दुशतेन च ॥ १०२ ॥

चन्द्र बिन्दु से संयुक्त पुरुष रूप से हकार (हं) तथा स्त्री रूप सकार का जप कर साधक अपनी रक्षा करने में समर्थ हो जाता है ॥ १०२ ॥

प्रणवान्तं महामन्त्रं नित्यं जपति यो नरः ।
वायुसिद्धिर्भवेत्तस्य वायवी सुकृपा भवेत् ॥ १०३ ॥
बृहद् हंसं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो भवेन्नरः ।
कामरूपी [२] क्षणादेव वाक्सिद्धिरिति निश्चितम् ॥ १०४ ॥

जो मनुष्य आदि में प्रणव लगाकर उसके अन्त में इस महामन्त्र का जप करता है उस पर वायवी कृपा हो जाती है और वायु की सिद्धि हो जाती है । अब मैं उस बृहद्धंस मन्त्र को कहती हूँ, जिसके जप से पुरुष सिद्ध हो जाता है । वह इच्छानुसार रूप धारण कर लेता है और उसे निश्चित रूप से वाक्सिद्धि हो जाती है ॥ १०३-१०४ ॥

आदौ प्रणवमुच्चार्य ततो हंसपदं लिखेत् ।
तत्पश्चात् प्रणवं ज्ञेयं ततः परपदं स्मरेत् ॥ १०५ ॥
तर्पयामि [३] पदस्यान्ते प्रणवं फडिति स्मरेत् ।
एतद्धि [४] हंसमन्त्रस्तु वीराणामुदयाय च ॥ १०६ ॥

पहले प्रणव (ॐ) का उच्चारण करे । उसके बाद 'हंस' इस पद को लिखे, उसके बाद फिर प्रणव (ॐ), तदनन्तर 'पर पद' इसके बाद 'तर्पयामि' उसके अन्त में प्रणव (ॐ) से युक्त 'फट्' पद लिखे । यह वृहद्धंस मन्त्र वीरभाव वालों के अभ्युदय के लिए है ॥ १०५-१०६ ॥

विमर्श—बृहद् हंस मन्त्र का स्वरूप—ॐ हंस ॐ पर तर्पयामि ॐ फट् ।

बृहद् हंसप्रसादेन षट्चक्रभेदको भवेत् ।
षट्चक्रे च प्रशंसन्ति सर्वे देवाश्चराचराः ॥ १०७ ॥

---

१. चन्द्रबिन्दुः—ग० ।
२. कुलादेव—ग० ।
३. परमान्ते हंसपदं ततः प्रणवमेव च—क० ।
४. फडितिमन्त्रस्मरणमेव, एतदित्यस्यार्थः ।

साधक इस 'बृहद्धंस की कृपा से षट्चक्र का भेदन करने वाला हो जाता है। षट्चक्रों की सभी देवता तथा चराचर प्रशंसा करते हैं ॥ १०७ ॥

योगसिद्धिं विघाताय[१] भ्रमन्ति योगिनस्तनौ ।
यदि हंसं बृहद्धंसं जपन्ति वायुसिद्धये ॥ १०८ ॥
तदा सर्वे पलायन्ते राक्षसान्मानुषा यथा ॥ १०९ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते योगशिक्षाविधिनिर्णये सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे द्वाविंश: पटल: ॥ २२ ॥

योगसिद्धि में विघात करने के लिए योगी के शरीर में विघ्न घूमते रहते हैं, यदि साधक वायु सिद्धि के लिए हंस तथा परमहंस मन्त्र का जप करे तो वे सभी इस प्रकार भाग जाते हैं जैसे राक्षस से मनुष्य ॥ १०८-१०९ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावार्थनिर्णय के पाशव-कल्प में षट्चक्रसारसङ्केत में योगशिक्षाविधिनिर्णय में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवी-भैरव-संवाद में बाइसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २२ ॥

---

१. विदाया मे भ्रमन्ति क्रोधिनस्तनौ—ग० ।

अथ त्रयोविंश: पटल:

श्रीभैरवी[१] उवाच

अथात: सम्प्रवक्ष्यामि ब्रह्ममार्गमनुत्तमम् ।
यद् यज्ज्ञात्वा सुरा: सर्वे जयाख्या: [२]परमं जगु: ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव अब इसके अनन्तर मैं सर्वश्रेष्ठ ब्रह्ममार्ग का वर्णन करूँगी । जिसके ज्ञान करने मात्र से सभी देवताओं ने उत्कृष्ट विजय प्राप्त की ॥ १ ॥

न तन्तेज:प्रकाशाय[३] महतां धर्मवृद्धये ।
योगाय योगिनां देव[४] भक्षप्रस्थनिरूपणम् ॥ २ ॥

भक्तों में तेज:प्रकाश के लिए, महान् लोगों में धर्म की वृद्धि के लिए और योगियों में योग के लिए, हे देव ! प्रस्थ मात्रा में भक्ष का निरूपण किया गया है ॥ २ ॥

योगाभ्यासं य: करोति न जानातीह भक्षणम् ।
कोटिवर्षसहस्रेण न योगी भवति ध्रुवम् ॥ ३ ॥
अतो वै भक्षमाहात्म्यं प्रवदामि[५] समासत: ।
यज्ज्ञात्वा सिद्धिमाप्नोति स्वाधिष्ठानादिभेदनम् ॥ ४ ॥
आदौ विवेकी यो भूयाद् भूतले परमेश्वर ।
स एव भक्षनियमं[६] गृहेऽरण्ये समाचरेत् ॥ ५ ॥

जो योगाभ्यास करता है, किन्तु भक्षण की प्रक्रिया नहीं जानता वह करोड़ों वर्षों में भी योगी नहीं बन सकता यह निश्चित है । इसलिए भक्ष का माहात्म्य मैं संक्षेप में कहती हूँ, जिसके जान लेने पर साधक सिद्धि प्राप्त कर लेता है तथा स्वाधिष्ठान नामक चक्र के भेदन को भी जान लेता है । हे परमेश्वर ! इस भूतल पर सर्वप्रथम जो ज्ञानी बनना चाहता है, उसे घर पर अथवा अरण्य प्रदेश में भक्ष के नियम का आचरण करना चाहिए ॥ ३-५ ॥

वाय्वासन[७]दृढानन्दपरमानन्दनिर्भर: ।
मिताहारं सदा कुर्यात् पूरकाह्लादहेतुना ॥ ६ ॥
तदा पूरकसिद्धि: स्याद् भक्षणादिनिरूपणात् ।
उदरं पूरयेन्नित्यं कुम्भयित्वा पुन: पुन: ॥ ७ ॥

---

१. भैरवी उवाच—ग० ।
२. परमा जगु:—क० ।
३. मन: स्थैर्य—क० ।
४. नाथ—क० ।
५. प्रवक्ष्यामि—क० ।
६. भक्षणोयञ्च—क० ।
७. वाय्वासने दृढानन्द एव परमानन्द:, तत्र निर्भर: ।

वायु, आसन, दृढ़ानन्द तथा परमानन्द में निर्भर साधक पूरक प्राणायाम के आह्लाद प्राप्ति हेतु सदैव प्रमित (संतुलित) आहार करना चाहिए । भक्षणादि नियम का पालन करने से पूरक प्राणायाम की सिद्धि होती है । उदर को कुम्भक प्राणायाम के द्वारा बारम्बार परिपूर्ण करते रहना चाहिए ॥ ६-७ ॥

निजहस्तप्रमाणाभि:[१] पूरयेत् पूर्णमेव च ।
तत्पूरयेत् स्थापयेन्नाथ विश्वामित्रकपालके ॥ ८ ॥
हंसद्वादशवारेण शिलायामपि घर्षयेत् ।
नित्यं तत्पात्रपूर्णं च [२]पाकेनैकेन भक्षयेत् ॥ ९ ॥
तण्डुलान् शालिसम्भूतान्कपालप्रस्थपूर्णकान् ।
दिने दिने क्षयं कुर्याद् भक्षणादिषु कर्मसु ॥ १० ॥

अपने हाथ का जितना प्रमाण हो उतने ही ग्रासों से उदर को पूर्ण करे । हे नाथ ! जितनी अञ्जलि पूर्ण करे उसे विश्वामित्रकपाल (तावा) में स्थापित करे । १२ बार हंस मन्त्र का जप करते हुये उस कपाल की शिला पर घर्षण करे । तदनन्तर उस पूर्ण पात्र को एक बार पका (?) कर भक्षण करे । शालिधान्य का तन्दुल (चावल) कपाल में एक प्रस्थ परिमाण में स्थापित कर प्रतिदिन उसका भक्षण करे और प्रतिदिन भक्षण कर उसे खाली कर दे ॥ ८-१० ॥

हंसद्वादशवारेण जपेन संक्षयं चरेत् ।
शिलायां तत्कपालं च वर्द्धयेत् पूरकादिकम्[३] ॥ ११ ॥
यावत्कालं क्षयं याति निजभक्षणनिर्णयम् ।
तत्कालं वायुनापूर्य [४]नोदरं काकचञ्चुभिः ॥ १२ ॥

नियमपूर्वक १२ बार हंस मन्त्र का जप कर कपालस्थ तण्डुल का भोजन करे । पूरकादि प्राणायाम से युक्त उस कपाल को नित्य शिला पर अभिवर्द्धित करे । जब तक भक्षण से उस कपाल का क्षय हो तब तक उदर को वायु से पूर्ण करे किन्तु काकचञ्चु के समान वायु का आकर्षण कर उसे पूर्ण न करे ॥ ११-१२ ॥

आकुञ्चयेत् सदा मूले कुण्डली भक्षधारणात्[५] ।
तत्र[६] सम्पूरयेद्योगी भक्षप्रस्थावनाशनात् ॥ १३ ॥
कालक्रमेण तत् सिद्धिमवाप्नोति जितेन्द्रियः[७] ।
यत्स्थानं भक्षणस्यैव तत्स्थाने पूरयेत्सुखम् ॥ १४ ॥
पुन:[८] पुनर्भक्षणेन[९] भक्षसिद्धिमुपैति हि ।
विना पूरकयोगेन भक्षणं नापि सिद्ध्यति ॥ १५ ॥

---

१. प्रमाणेनाभिप्रस्थं पूर्णमेव च—क० । २. वायुनैकेन—क० ।
३. पूरकानिलम्—क० । ४. सोदरम्—क० । ५. वारणात्—क० ।
६. तत्र सम्पूरयेत् योगी भक्षणस्य विनाशनात्—अ० पा० क० ।
७. निजेन्द्रियः—क० । ८. यत् स्थानं भक्षणस्यैव तत्स्थानं पूरयेत्सुखम्—क० ।
९. प्रमादेव—क० ।

अथवान्यप्रकारेण भक्षत्यागं विनिर्णयम् ।
येन हीना न सिद्ध्यन्ति [१]नाडीचक्रस्थदेवताः ॥ १६ ॥

योगी साधक भक्षण कर लेने पर सदैव मूलाधार में स्थित कुण्डली का सङ्कोचन करे और वायुप्राशन के द्वारा उसे पूर्ण करता रहे । यदि साधक भक्षण का जो नियत स्थान है उस स्थान में सुखपूर्वक वायु पूर्ण करता रहे तो ऐसा जितेन्द्रिय योगी धीरे-धीरे काल बीतने पर सिद्धि प्राप्त कर लेता है ।

इस प्रकार बारम्बार वायुभक्षण से भक्ष पदार्थ पच जाता है । क्योंकि बिना पूरक प्राणायाम के भक्षण किया गया पदार्थ नहीं पचता । अथवा इस प्रकार के भक्षण को त्याग कर अन्य प्रकार से भक्षण करना चाहिए । क्योंकि भक्षण के बिना नाड़ी समूह पर स्थित देवता तृप्त नहीं होते ॥ १३-१६ ॥

द्वात्रिंशद्[२] ग्रासमादाय त्रिपर्व्वणि यथास्थितम् ।
अर्द्धग्रासं विहायापि नित्यं भक्षणमाचरेत् ॥ १७ ॥
सदा सम्पूरयेद् वायुं भावको गतभीर्महान् ।
भक्षस्थाने समायोज्य पिबेद् वायुमहर्निशम् ॥ १८ ॥

साधक बत्तीस ग्रास अन्न तीन सन्ध्याओं में जैसा भी हो उसे लेकर आधा ग्रास छोड़कर नित्य भक्षण करे । फिर वह महान् एवं भावुक साधक निडर हो कर वायु से (उदर) पूर्ण करता रहे । उसकी विधि इस प्रकार है कि भक्ष स्थान में वायु को संयुक्त कर दिन रात वायु पान करता रहे ॥ १७-१८ ॥

चतुःषष्टिदिने[३] सर्वं क्षयं कृत्वा ततः सुधीः ।
पयोभक्षणमाकुर्यात् स्थिरचेता जितेन्द्रियः ॥ १९ ॥
पयः प्रमाणं वक्ष्यामि हस्तप्रस्थत्रयं त्रयम् ।
शनैः शनैर्विजेतव्याः प्राणा मत्तगजेन्द्रवत् ॥ २० ॥

इस प्रकार चौसठ दिन लगातार करते हुए सुधी साधक सब का परित्याग कर स्थिर चित्त तथा जितेन्द्रिय हो दूध का भक्षण करे । अब दूध का प्रमाण कहती हूँ । दूध की मात्रा हाथ के द्वारा ३, ३ प्रस्थ होना चाहिए । इस प्रकार की प्रक्रिया से साधक पञ्च प्राणों को मत्त गजेन्द्र के समान अपने वश में करे ॥ १९-२० ॥

षण्मासाज्जायते सिद्धिः पूरकादिषु लक्षणम् ।
क्रमेणाष्टाङ्गसिद्धिः स्यात् यतीनां कामरूपिणाम् ॥ २१ ॥
बद्धपद्मासनं कृत्वा विजयानन्दनन्दितः ।
धारयेन्मारुतं मन्त्री मूलाधारे मनोलयम्[४] ॥ २२ ॥

---

१. चक्रस्य—ग० ।

२. द्वात्रिंशत्संख्याको ग्रासः, ग्रामसमुदायः, अनया रीत्या अर्थबोधः कार्यः ।

३. चतुःषष्टिशब्दः चतुःषष्टितमपरः, अत एव दिनेति एकवचनान्तस्य प्रयोगः ।

४. नलोदयम्—क० ।

इस प्रकार की पूरक की प्रक्रिया में छः मास में सिद्धि हो जाती है यही (प्राणायाम की पूर्णता का) लक्षण है । ऐसा करने वाले कामरूप यतियों को क्रमशः योगमार्ग के प्राणायामादि अष्टाङ्ग योग सिद्ध हो जाते हैं । बद्ध पद्मासन कर विजया के आनन्द में मस्त साधक मूलाधार में वायु धारण करे और वहीं अपने मन का भी लय करे ॥ २१-२२ ॥

अथासनप्रभेदञ्च शृणु मत्सिद्धिकाङ्क्षिणाम् ।
येन विना पूरकाणां सिद्धिभाक् न महीतले ॥ २३ ॥
अधो मुण्डासनं वक्ष्ये सर्वेषां प्राणिनां सुखम् ।
ऊर्द्ध्वमार्गे पदं दत्त्वा धारयेन्मारुतं सुधीः ॥ २४ ॥

आसन निरूपण—हे महाभैरव ! अब मेरी सिद्धि चाहने वाले साधकों के लिए आसन के प्रभेदों को सुनिए जिन आसनों को बिना किए पूरक प्राणायाम करने वाले पृथ्वी पर सिद्धि के अधिकारी नहीं बनते । सर्वप्रथम **मुण्डासन** कहती हूँ जिससे सारे प्राणियों को सुख प्राप्त होता है । अपने पैर को ऊपर की ओर खड़ा करे, फिर नीचे मुख करके वायु का पान करे ॥ २३-२४ ॥

सर्वासनानां श्रेष्ठं हि ऊर्द्ध्वपादो यदा चरेत् ।
तदैव महतीं सिद्धिं ददाति वायवी कला ॥ २५ ॥
एतत्पद्मासनं कुर्यात् प्राणवायुप्रसिद्धये ।
शुभासनं तदा ध्यायेत्पूरयित्वा पुनः पुनः ॥ २६ ॥

पैर को ऊपर खड़ा करने वाला मुण्डासन का आचरण सभी आसनों में श्रेष्ठ है, क्योंकि वायवी कला उसी समय साधक को महती सिद्धि प्रदान करती है । प्राणवायु की सिद्धि के लिए **पद्मासन** उत्तम आसन है, इस आसन पर स्थित होकर पूरक प्राणायाम करते हुए ध्यान करे । इसे इस प्रकार करे ॥ २५-२६ ॥

ऊरुमूले वामपादं पुनस्तद्दक्षिणं पदम् ।
वामोरौ स्थापयित्वा च पद्मासनमितिस्मृतम् ॥ २७ ॥
सव्यपादस्य[1] योगेन आसनं परिकल्पयेत् ।
तदैकासनकाले तु द्वितीयासनमाभवेत् ॥ २८ ॥

दाहिने ऊरु के मूल में वामपाद, फिर दाहिना पैर बायें पैर के ऊरुमूल में स्थापित करे, तब उसी को पद्मासन कहते हैं । यह आसन प्रथम सव्यपाद को दाहिने पैर के ऊरुमूल में, तदनन्तर दाहिने पैर को बायें पैर के ऊरु पर रख कर करे अर्थात् एक पैर से आसन के बाद दूसरा पैर बदल कर आसन करे ॥ २७-२८ ॥

पृष्ठे करद्वयं नीत्वा वृद्धाङ्गुष्ठद्वयं सुधीः ।
कायसङ्कोचमाकृत्य[2] धृत्वा बद्धासनो भवेत् ॥ २९ ॥
बद्धपद्मासनं[3] कृत्वा वायुबद्धं पुनः पुनः ।
चिबुकं स्थापयेद्यत्नाद् ह्लादितेजसि भास्करे ॥ ३० ॥

---

१. सव्यापसव्य—क० । २. माहत्य—क० । ३. इति बद्धपद्मासनम्—क० ।

पीछे की ओर दोनों हाथ कर शरीर को सिकोड़ कर बायें हाथ से दाहिने पैर का अंगूठा और दाहिने हाथ से बायें पैर का अंगूठा पकड़कर (पद्म की तरह) बद्धासन हो जावे । इस प्रकार बद्धपद्मासन कर वायु से बँधे चिबुक को सुखदायक प्रकाश वाले सूर्य में प्रयत्नपूर्वक स्थापित करे ॥ २९-३० ॥

इत्यासनं हि सर्वेषां प्राणिनां सिद्धिकारणम् ।
वायुवश्याय यः कुर्यात् स योगी नात्र संशयः ॥ ३१ ॥

यह आसन समस्त प्राणियों की सिद्धि में हेतु है, इसलिए वायु को वश में करने के लिए योगी को अवश्य करना चाहिए इसमें संशय न करे ॥ ३१ ॥

स्वभावसिद्धिकरणं सर्वेषां स्वस्तिकासनम् ।
वामपादतले कुर्यात्पाददक्षिणमेव च ॥ ३२ ॥
सव्यापसव्ययोगेन आसनद्वयमेव च ।
सर्वत्रैवं प्रकारं च कृत्वा नाडीव[1] सारमेत् ॥ ३३ ॥

सभी को स्वभावतः सिद्धि प्रदान करने वाला **स्वस्तिकासन** है । बायें पैर के तलवे पर दाहिना पैर अथवा दाहिने पैर के तलवे पर बायाँ पर रखे इस प्रकार सव्यापसव्य के योग से दोनों आसन करे । सर्वत्र इस प्रकार का आसन कर नाड़ियों का संचालन करे ॥ ३२-३३ ॥

आसनानि [2]शृणु ह्येतत्त्रिंशतासंख्यकानि च ।
सव्यापसव्ययोगेन द्विगुणं प्रभवेदिह ॥ ३४ ॥
चतुःषष्ट्यासनानीह वदामि वायुसाधनात् ।
द्वात्रिंशद्बिन्दुभेदाय[3] कल्पयेद् वायुवृद्धये ॥ ३५ ॥

अब, हे महाभैरव ! तीस आसनों को सुनिए, ये सव्यापसव्य के योग से दूनी संख्या में हो जाते हैं । वायु साधन के लिए चौंसठ आसनों को मैं कहती हूँ, जिसमें से वायु की वृद्धि के लिए एवं बिन्दु का भेद करने के लिए बत्तीस आसन अवश्य करे ॥ ३४-३५ ॥

कार्मुकासनमाकृत्य[4] उदरे पूरयेत् सुखम् ।
तदा वायुर्वशो याति कालेन सूक्ष्मवायुना ॥ ३६ ॥
कृत्वा पद्मासनं मन्त्री वेष्टयित्वा प्रधारयेत् ।
करेण दक्षिणेनैव वामपादान्तिकं तटम्[5] ॥ ३७ ॥
सव्यापसव्यद्विगुणं कार्मुकासनमेव च ।
कार्मुकद्वययोगेन शरवद् वायुमानयेत् ॥ ३८ ॥

कार्मुकासन—धनुष के समान शरीर को बढ़ाकर सुख से उदर में वायु को पूर्ण करे तो इस सूक्ष्म वायु के प्रभाव से समय आने पर वायु स्वयं वश में हो जाता है । मन्त्रज्ञ

---

१. सावसेत्—क० । २. शृणुष्वैतत् द्वात्रिंशत्—क० ।
३. ग्रन्थिभेदाय—क० । ४. माहृत्य—क० ।
५. पादाङ्गुलि—क० ।

साधक पद्मासन कर दाहिने हाथ से पृष्ठभाग में घुमाकर बायें पैर की अंगुली को पकड़े । इसी प्रकार बायें हाथ से पृष्ठभाग में घुमाकर दाहिने पैर की अंगुली को पकड़े तो सव्यापसव्य योग से यह आसन दुगुना हो जाता है, इसी प्रकार कार्मुकासन भी सव्यापसव्य से दुगुना हो जाता है, कार्मुकासन के द्वारा सीधे बाण की तरह वायु को भीतर ले जावे ॥ ३६-३८ ॥

कुक्कुटासनमावक्ष्ये नाडीनिर्मलहेतुना ।
मत्कुलागमयोगेन[1] कुर्याद् वायुनिषेवणम् ॥ ३९ ॥
निजहस्तद्वयं भूमौ पातयित्वा जितेन्द्रिय:[2] ।
पद्भ्यां बद्धं य: करोति कूर्परद्वयमध्यत: ॥ ४० ॥
सव्यापसव्ययुगलं कुक्कुटं ब्रह्मणा कृतम् ।
बद्धं कृत्वा अध:शीर्षं य: करोति खगासनम् ॥ ४१ ॥
खगासन प्रसादेन श्रमलोपो[3] भवेद् द्रुतम् ।
पुन: पुन: श्रमादेव[4] विषयश्रमलोपकृत् ॥ ४२ ॥

अब नाड़ियों को निर्मल करने के लिए मैं **कुक्कुटासन** की विधि कहती हूँ । मेरे सम्प्रदाय के आगम के अनुसार कुक्कुटासन से वायु सेवन करे । साधक अपने इन्द्रियों को वश में कर, दोनों हाथों को भूमि पर स्थापित कर, फिर दोनों पैरों को दोनों हाथ के केहुनी में घुमा कर दोनों हाथों को उससे आबद्ध करे । सव्यापसव्य योग से यह आसन भी दो की संख्या में हो जाता है । इसे ब्रह्मदेव ने किया है । शिर के नीचे वाले भाग को अपने हाथ मे बाँध कर जो किया जाता है वह **खगासन** है । खगासन की कृपा से निश्चय ही थकावट शीघ्रता से दूर हो जाती है । यह पुन: पुन: श्रम करने से तथा विषयों से होने वाले श्रम को विनष्ट करता है ॥ ३९-४२ ॥

लोलासनं सदा कुर्याद् वायुलोलापघातनात् ।
स्थिरवायुप्रसादेन स्थिरचेता भवेद्द्रुतम्[5] ॥ ४३ ॥
पद्मासनं समाकृत्य पादयो: सन्धिगह्वरे ।
हस्तद्वयं मध्यदेशं नियोज्य कुक्कुटाकृति: ॥ ४४ ॥

वायु की चञ्चलता को दूर करने के लिए सर्वदा **लोलासन** का अभ्यास करना चाहिए क्योंकि वायु के स्थिर होने से ही शीघ्रता से चित्त स्थिर हो जाता है । दोनों पैरों के छिद्र के भीतर पद्मासन को समान रूप से करके हाथों को शरीर के मध्य भाग में नियुक्त करे तो **कुक्कुटाकृति आसन** होता है ॥ ४३-४४ ॥

निजहस्तद्वयद्वन्द्वं[6] निपात्य हस्तनिर्भरम् ।
कृत्वा शरीरमुल्लाप्य[7] स्थित्वा पद्मासनेऽनिल: ॥ ४५ ॥

---

१. मार्गेण—क० । २. द्विजोत्तम:—क० ।
३. लेप—ग० । ४. श्रयादेव—क० ।
५. ध्रुवम्—क० । ६. तत्रद्वन्द्वम्—क० ।
७. मुत्थाप्य—क० ।

स्थित्वैतदासने मन्त्री अध:शीर्षं करोति चेत् ।
उत्तमाङ्गासनं ज्ञेयं योगिनामतिदुर्लभम् ॥ ४६ ॥

दोनों हाथ के द्वन्द्व (जोड़े) को नीचे कर हाथ के बल शरीर को ऊपर उठाकर पद्मासन पर वायु के समान ऊपर उठ जावे । फिर इस आसन पर स्थित हो कर अपने शिर को नीचा करले तो वह **उत्तमाङ्गासन** हो जाता है, जो योगियों के लिए अत्यन्त दुर्लभ है ॥ ४५-४६ ॥

एतदासनमात्रेण शरीरं शीतलं भवेत् ।
पुन: पुन: प्रसादेन[१] चैतन्या कुण्डली भवेत् ॥ ४७ ॥
सव्यापसव्य[२]योगेन य: करोति पुन: पुन: ।
पूरयित्वा मूलपद्मे सूक्ष्मवायुं विकुम्भयेत्[३] ॥ ४८ ॥
कृत्वा कुम्भकमेवं हि सूक्ष्मवायुलयं विधौ ।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्ते स्थापयेल्लयगे पदे[४] ॥ ४९ ॥
एतत् शुभासनं कृत्वा सूक्ष्मरन्ध्रे मनोलयम् ।
सूचीरन्ध्रे[५] यथासूत्रं पूरयेत् सूक्ष्मवायुना ॥ ५० ॥

इस आसन के करने मात्र से शरीर शीतल हो जाता है । बारम्बार इस आसन को करने से कुण्डलिनी चेतनता को प्राप्त करती है । सव्यापसव्य योग से जो बारम्बार उत्तमाङ्गसन करता है और मूलाधार पद्म में सूक्ष्म वायु भर कर फिर कुम्भक करता है । इस प्रकार कुम्भक प्राणायाम करने से सूक्ष्मवायु को चन्द्र नाड़ी में लय कर उसे मूलाधार से लय करने वाले ब्रह्मरन्ध्र में स्थापित करना चाहिए । इस शुभासन को करने के बाद जिस प्रकार सूई के छिद्र को सूत डालकर पूर्ण किया जाता है, उसी प्रकार सूक्ष्म वायु से सूक्ष्म रन्ध्र को पूर्ण करे तब मन का लय हो जाता है ॥ ४७-५० ॥

एतत् क्रमेण षण्मासान् पूरकस्यापि लक्षणम् ।
महासुखं समाप्नोति योगाष्टाङ्गनिषेवणात् ॥ ५१ ॥
अथ वक्ष्ये महादेव पर्वतासनमङ्गलम् ।
यत्कृत्वा स्थिररूपी स्याद् षट्चक्रादिविलोपनम्[६] ॥ ५२ ॥

इसी क्रम से ६ महीने तक योग के आठों अङ्गों को करता हुआ साधक पूरक द्वारा सूक्ष्म रन्ध्र पूर्ण करे तो महान् सुख प्राप्त करता है । हे महादेव ! अब मैं मङ्गलकारी **पर्वतासन** कहती हूँ जिसके करने से साधक स्थिर स्वरूप हो जाता है । षट्चक्रादि का भेदन ही पर्वतासन है ॥ ५१-५२ ॥

योन्यासनं पर्वतेन योगं योगफलेऽनिलम्[७] ।
तत्कालफललन्तावत्[८] खेचरो यावदेव हि ॥ ५३ ॥

---

१. श्रमादेव—क० । २. सव्यापसव्ययोर्योग:, तेनेत्यर्थ: ।
३. निकुम्भयेत्—क० । ४. लयगोपथे—क० ।
५. शुचिरन्ध्रे—क० । ६. विलोडनम्—क० ।
७. फलोल्वणम्—क० । ८. सफलस्तावत्—क० ।

पादयोगेन[१] चक्रस्य लिङ्गाग्रं यो नियोजयेत् ।
अन्यत्पदमूरौ दत्त्वा तत्र योन्यासनं भुवि ॥ ५४ ॥

पर्वत आसन के साथ योन्यासन का संयोग करने से योग के फलस्वरूप अनिल तब तक फल प्रदान करता है जब तक वह खेचर हो जाता है । जो पृथ्वी पर अपने लिङ्ग के अग्रभाग को एक पैर के अंगूठे से दबाकर रखता है तथा दूसरे पैर को दूसरे पैर के ऊरु पर स्थापित करता है, तो वह योन्यासन हो जाता है ॥ ५३-५४ ॥

तत्र मध्ये[२] महादेव बन्द्धयोन्यासनं शृणु ।
यत्कृत्वा खेचरो भूत्वा विचरेदीश्वरो यथा ॥ ५५ ॥
कृत्वा योन्यासनं नाथ लिङ्गगुह्यादिबन्धनम् ।
मुखनासा[३]नेत्रकर्णकनिष्ठाङ्गुलिभिस्तथा ॥ ५६ ॥
ओष्ठाधरं कनिष्ठाभ्यामनामाभ्याञ्च नासिके ।
मध्यमाभ्यां[४] नेत्रयुग्मं तर्ज्जनीभ्यां[५] परैः श्रुती[६] ॥ ५७ ॥

हे महादेव ! अब उसके मध्य में **बद्धयोन्यासन** सुनिए, जिसके करने से साधक खेचरता प्राप्त कर ईश्वर के समान सर्वत्र विचरण करता है । उक्त विधि से लिङ्ग गुह्यादि स्थान को बाँधकर योन्यासन कर मुख को दोनों कनिष्ठा से, नासिका को दोनों अनामिका से, दोनों नेत्रों को दोनों मध्यमा से और दोनों कानों को दोनों तर्जनी से आच्छादित करे । यह बद्ध योन्यासन है ॥ ५५-५७ ॥

कृत्वा योन्यासनं नाथ योगिनामति दुर्लभम् ।
कृत्वा यः पूरयेद् वायुं मूलमाकुञ्च्य स्तम्भयेत् ॥ ५८ ॥
सव्यापसव्ययोगेन सिद्धो भवति साधकः ।
शनैः शनैः समारुह्य कुम्भकं परिपूरयेत् ॥ ५९ ॥

हे नाथ ! योगियों को अत्यन्त दुर्लभ बद्ध योन्यासन कर जो शरीर में वायु को पूर्ण करता है तथा मूलाधार का सङ्कोच कर उसे स्तम्भित करता है । इस प्रकार बायें से दाहिने तथा दाहिने से बायें के क्रम से जो पूरक तथा स्तम्भन प्राणायाम करता है तो वह साधक सिद्ध हो जाता है ॥ ५८-५९ ॥

अरुणोदयकालाच्च वसुदण्डे[७] सदाशिव ।
सव्यापसव्ययोगेन [८]गृह्णीयाद्वायुगानिलम् ॥ ६० ॥

हे सदाशिव ! अरुणोदय काल से आठ दण्ड पर्यन्त धीरे-धीरे पूरक द्वारा वायु पूर्ण

---

१. पादाङ्गुष्ठेन चाक्रम्य—क० ।
२. एतन्मध्ये—क० ।
३. अथ—क० ।
४. मध्यमाख्यम्—क० ।
५. छादयित्वा परैः श्रुतिम्—क० ।
६. श्रूयते आभ्यामिति श्रुती । करणे स्त्रियां क्तिन् । प्रथमाद्विवचनान्तं पदम् ।
७. वत्स्वदण्डे (दन्ते)—क० ।
८. गृहणत्वं बाह्यगानिलम्—क० ।

कर कुम्भक करे । बायें से दाहिने तथा दाहिने से बायें दोनों प्रकार से सव्यापसव्य योग से नासिका से वायु ग्रहण करे ॥ ५९-६० ॥

द्वितीयप्रहरे कुर्याद् वायुपूजां[१] मनोरमाम् ।
एतदासनमाकृत्य[२] सिद्धो भवति साधकः ॥ ६१ ॥
अथान्यदासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा सोऽमरो भवेत् ।
मत्साधकः शुचिः श्रीमान् कुर्याद्गत्त्वा निराविले ॥ ६२ ॥

इसके बाद द्वितीय प्रहर प्राप्त होने पर मन को रमण करने वाली वायु की पूजा करनी चाहिए । यह पूजा भी किसी आसन विशेष को करते हुए करनी चाहिए । अब इसके बाद अन्य आसन कहती हूँ, जिसके करने से साधक अमर हो जाता है । मेरा साधक पवित्र एवं शोभा सम्पन्न हो कर किसी निर्दोष स्थान में जाकर इन आसनों को करे ॥ ६१-६२ ॥

भेकानामासनं[३] योगं निजवक्षसि सम्मुखम्[४]।
निधाय पादयुगलं स्कन्धे बाहू पदोपरि ॥ ६३ ॥
ध्यायेद्धि[५] चित्पदं भ्रान्तमासनस्थः सुखाय च ।
यदि सर्वाङ्गमुत्तोल्य गगने खेचरासनम् ॥ ६४ ॥

साधक अपने दोनों पैरों को आमने-सामने वक्षः स्थल पर स्थापित करे । तदनन्तर दोनों हाथों को पैर के ऊपर से ले जाकर अपने कन्धे पर रखे । इस प्रकार के **भेकासन** पर बैठकर सुख प्राप्ति के हेतु प्रकाशमान चित्पद का ध्यान करे । सभी अङ्गों को समान समान भाग में ऊपर आकाश में स्थापित करे तो **खेचरासन** हो जाता है ॥ ६३-६४ ॥

महाभेकासनं[६] प्रोक्तं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
महाविद्यां महामन्त्रं प्राप्नोति जपतीह यः ॥ ६५ ॥
एतत् प्रभेदं वक्ष्यामि करोति यः स चामरः ।
एकपादमूरौ बद्ध्वा स्कन्धेऽन्यत्पादरक्षणम् ॥ ६६ ॥
एतत्प्राणासनं नाम सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
वायुमूले समारोप्य ध्यात्त्वाऽऽकुञ्च्य प्रकारयेत् ॥ ६७ ॥

सम्पूर्ण सिद्धियों को देने वाला भेकासन हम पहले कह आए हैं । इस आसन पर बैठकर जो महाविद्या के मन्त्र का जप करता है वह अवश्य ही महाविद्या को प्राप्त कर लेता है । अब इस (भेकासन) के भेद को कहती हूँ जो इसे करता है वह अमर हो जाता है । एक पैर को ऊरु पर और दूसरा पैर कन्धे पर रखे तो उसे **प्राणासन** कहते हैं । यह सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है । वस्तुतः वायु को मूलाधार में स्थापित कर ध्यान करते हुए उसे संकुचित कर प्राणासन करना चाहिए ॥ ६५-६७ ॥

---

१. बाह्यपूजाम्—क० । २. माहत्त्य—क० ।
३. मेकनामासनम्—क० । ४. षण्मुखम्—क० ।
५. ध्यायेदिष्टपदं श्रीमानासनस्थः—क० ।
६. महाँश्चासौ भेकश्चेति महाभेकः, महान् दर्दुरः, तस्यासनम् ।

केवलं पादमेकञ्च स्कन्धे चारोप्य यत्नतः।
एकपादेन गगने तिष्ठेत् स दण्डवत् प्रभो ॥ ६८ ॥
अपानासनमेतद्धि सर्वेषां पूरकाश्रयम्।
कृत्वा सूक्ष्मे शीर्षपद्मे समारोप्य[1] च वायुभिः ॥ ६९ ॥
तदा सिद्धो भवेन्मर्त्यः प्राणापानसमागमः।
अपानासनयोगेन कृत्वा योगेश्वरो भुवि ॥ ७० ॥

केवल एक पैर यत्न पूर्वक कन्धे पर स्थापित करे और दूसरा पैर ऊपर आकाश में डण्डे की तरह तान कर स्थित रहे, तो हे प्रभो ! यह **अपान** नामक आसन हो जाता है। यदि वायु के द्वारा सूक्ष्म शीर्षपद्म में पूरक प्राणायाम करते हुए इसे करे तो साधक मनुष्य सिद्ध हो जाता है। इसमें प्राण और अपान दोनों परस्पर एक हो जाते हैं। अपान आसन करने से साधक पृथ्वी में योगेश्वर बन जाता है ॥ ६८-७० ॥

समानासनमावक्ष्ये सिद्धमन्त्रादिसाधनात्।
एकपादमूरौ दत्त्वा गुह्येऽन्यल्लिङ्गवक्त्रके[2] ॥ ७१ ॥
एतद् वीरासनं नाथ समानासनसंज्ञकम्।
इत्याकृत्य जपेन्मन्त्रं धृत्वा वायुं चतुर्दले ॥ ७२ ॥

अब सिद्धमन्त्र का कारणभूत **समानासन** (=वीरासन) कहती हूँ। एक पैर ऊरु पर रखे दूसरा पैर गुह्य तथा लिङ्ग के मुख भाग पर रखे तो इसे वीरासन और समानासन दोनों कहा जाता है। इस आसन को करते हुए मूलाधार में स्थित चतुर्दल पर वायु धारण कर मन्त्र का जप करे ॥ ७१-७२ ॥

कुण्डलीं [3]भावयेन्मन्त्रं कोटिविद्युल्लताकृतिम्।
आत्मचन्द्रामृत[4]रसैराप्लुतां योगिनीं सदा ॥ ७३ ॥
वीरासनं तु वीराणां योगवायुप्रधारणम्।
यो जानाति महावीरः स योगी भवति ध्रुवम् ॥ ७४ ॥

अथवा मन्त्रज्ञ साधक आत्मा रूप चन्द्रमा से निकले हुए अमृत रस से परिपूर्ण योगिनी स्वरूपा करोड़ों विद्युल्लता के समान कुण्डलिनी का ध्यान करे। यही वीरासन वीरों को योगवायु धारण करने के लिए है, जो महावीर इस आसन को जानता है वह निश्चित रूप से योगी हो जाता है ॥ ७३-७४ ॥

अथ वक्ष्ये महाकाल समानासनसाधनम्[5]।
भेदक्रमेण यज्ज्ञात्वा वीराणामधिपो भवेत् ॥ ७५ ॥

---

१. स्वं समारोप्य—क०। २. लिङ्गरन्ध्रके—क०।
३. मन्त्री—क०।
४. आत्मा च चन्द्रश्चेति आत्मचन्द्रौ, तयोरमृतरसैरित्यर्थः।
५. सञ्ज्ञकम्—क०।

समानासनमाकृत्य वृद्धाङ्गुष्ठं करेण च।
एकेन सोऽधिकारी स्यात् स्वरयोगादिसाधने ॥ ७६ ॥

हे महाकाल ! अब समानासन के साधन को कहती हूँ, जिसके भेदों को क्रमशः जान कर साधक वीरेश्वर बन जाता है। समानासन कर एक हाथ से अंगूठा बाँध रखे। ऐसा करने से साधक स्वरयोगादि के साधन में अधिकारी बन जाता है ॥ ७५-७६ ॥

आसनं यो हि जानाति वायूनां हरणं तथा।
कालादीनां निर्णयं तु स कदाचिन्न नश्यति ॥ ७७ ॥
कालेन लभ्यते सिद्धिः कालरूपो महोज्ज्वलः।
साधकैर्योगिभिर्ध्येयः सिद्धवीरासनात्मना ॥ ७८ ॥

जो आसन करना जानता है, वायु का हरण करना जानता है तथा कालादि का निर्णय करना जानता है, वह कभी नष्ट नहीं होता। काल प्राप्त करने पर सिद्धि होती है। काल का स्वरूप उज्ज्वल (प्रकाश करने वाला) है। इसलिए साधक योगियों को सिद्ध वीरासन से उसका ध्यान करना चाहिए ॥ ७७-७८ ॥

अथ वक्ष्ये नीलकण्ठ ग्रन्थिभेदासनं शुभम्।
ज्ञात्वा रुद्रो भवेत् क्षिप्रं सूक्ष्मवायुनिषेवणात् ॥ ७९ ॥
कृत्वा पद्मासनं मन्त्री जङ्घयोः हृदये करौ।
कूर्परस्थान[1]पर्यन्तं विभेद्य स्कन्धधारणम् ॥ ८० ॥

अब हे नीलकण्ठ ! परम कल्याणकारी **ग्रन्थि भेद** नामक आसन कहती हूँ। जिसके द्वारा सूक्ष्म वायु ग्रहण कर साधक शीघ्रता से रुद्र बन जाता है। मन्त्रज्ञ साधक पद्मासन कर दोनों जंघा और हृदय में दोनों हाथों को कूर्पर (केहुनी) पर्यन्त उसमें डालकर कन्धे पर धारण करे ॥ ७९-८० ॥

भित्वा पद्मासनं मन्त्री सहस्रार्द्धेन[2] घाटनम्।
येन शीर्षं भावनम्रं[3] सर्वाङ्गुलिभिराश्रमम् ॥ ८१ ॥
ग्रन्थिभेदासनञ्चैतत् खेचरादिप्रदर्शनम्।
कृत्वा सूक्ष्मवायुलयं परमात्मनि भावयेत् ॥ ८२ ॥

मन्त्रवेत्ता साधक पद्मासन के भीतर हाथ डालकर ५०० बार सिर को नीचे की ओर झुका कर नम्र करे। यह ग्रन्थिभेद नामक आसन है। ऐसा करने से आकाश में रहने वाले समस्त खेचर दिखाई पड़ते हैं अतः साधक इससे सूक्ष्म वायु में मन का लय कर परमात्मा में ध्यान करे ॥ ८१-८२ ॥

---

१. कूर्परस्तनपर्यन्तम्—क०।
२. हस्तोर्ध्वेन स्वाघाटनम्—क०।
३. येन शीर्ष भवेन्नम्रं सर्वाङ्गुलिभिराश्रयम्—क०।

अथान्यासनमावक्ष्ये योगपूरकरक्षणात् ।
कृत्वा पद्मासनं पादा[1] अङ्गुष्ठजङ्घयोः स्थितम् ॥ ८३ ॥
हस्तमेकं तु जङ्घायाः कार्मुकं कूर्परोर्द्धकम् ।
पद्मासने समाधाय अङ्गुष्ठं परिधावयेत् ॥ ८४ ॥
कार्मुकासनमेतद्धि सव्यापसव्ययोगतः ।
पद्मासनं वेष्टयित्वा अङ्गुष्ठाग्रं प्रधावयेत्[2] ॥ ८५ ॥

इसके बाद अन्य आसन कहती हूँ यह योग में पूरक प्राणायाम के रक्षण में कारण है । पद्मासन कर दोनों पैर के अंगूठों को जङ्घा पर रक्खे । एक हाथ जङ्घा पर रखे, दूसरा हाथ धनुष के समान टेढ़ा कर कूर्पर के अधभाग पर और पद्मासन पर रक्खे अपने पैर के अंगूठों को चलाता रहे । सव्यापसव्य के योग से इसे **कार्मुकासन** कहते हैं ॥ ८३-८५ ॥

यः करोति सदा नाथ कार्मुकासनमुत्तमम् ।
तस्य रोगादिशत्रूणां क्षयं नीत्वा सुखी भवेत् ॥ ८६ ॥
अथ वक्ष्येऽत्र संक्षेपात् सर्वाङ्गासनमुत्तमम् ।
यत्कृत्वा योगनिपुणो विद्याभिः पण्डितो यथा ॥ ८७ ॥
अधो निधाय शीर्षं च ऊर्द्ध्वपादद्वयं चरेत् ।
पद्मासनं तु तत्रैव भूमौ कूर्परयुग्मकम् ॥ ८८ ॥

हे नाथ ! जो इस उत्तम कार्मुकासन को करता है, उसके रोगादि समस्त शत्रु नष्ट हो जाते हैं और वह सुखी हो जाता है । अब इसके अनन्तर संक्षेप में सर्वश्रेष्ठ **सर्वाङ्गासन** कहती हूँ । जिसके करने से साधक योगशास्त्र में इस प्रकार निपुण हो जाता है जैसे विद्या में पण्डित निपुण होता है । यह आसन नीचे शिर रख कर तथा दोनों पैरों को ऊपर कर करना चाहिए । भूमि में दोनों हाथों की केहुनियों को पद्मासन की तरह स्थापित करे ॥ ८६-८८ ॥

दण्डे दण्डे सदा कुर्यात् [3]श्रमशान्तिपरः सुधीः ।
नित्यं सर्वासनं हित्वा न कुर्याद् वायुधारणम् ॥ ८९ ॥
मासेन[4] सूक्ष्मवायूनां गमनं चोपलभ्यते ।
त्रिमासे[5] देवपदवीं त्रिमासे शीतलो भवेत् ॥ ९० ॥

बुद्धिमान् साधक को अपने श्रमापनोदन के लिए एक एक दण्ड के अनन्तर यह आसन करना चाहिए । सर्वाङ्गासन को छोड़कर नित्य वायु धारण न करे । ऐसा करने वाले

---

१. जंघा बहिःस्थितम्—क० ।   २. प्रधारयेत्—क० ।

३. श्रमश्च शान्तिश्च श्रमशान्ती, तयोः परः । अथवा—श्रमजनिता शान्तिः श्रमशान्तिः, मध्यमपदलोपिसमासः, तत्र परः ।

४. यामेन—क० ।   ५. द्विमासे—क० ।

साधक के शरीर में एक महीने में सूक्ष्म वायु चलने लगती है और वह तीन मास में देव पदवी प्राप्त कर शीतल हो जाता है ॥ ८९-९० ॥

अथ वक्ष्ये महादेव मयूरासनमुत्तमम् ।
भूमौ निपात्य हस्तौ द्वौ कूर्परोपरि देहकम् ॥ ९१ ॥
कूर्परोपरि संस्थाप्य सर्वदेहं स्थिराशयः ।
केवलं हस्तयुगलं निपात्य भुवि सुस्थिरः ॥ ९२ ॥

हे महादेव ! अब इसके अनन्तर सर्वश्रेष्ठ **मयूरासन** कहती हूँ । दोनों हाथों को पृथ्वी पर स्थापित करे तथा दोनों केहुनी पर समस्त शरीर स्थापित करे और आशय (उदर) को केहुनी पर स्थिर रखे तो मयूरासन हो जाता है ॥ ९१-९२ ॥

एतदासनमात्रेण नाडीसम्भेदनं भवेत् ।
पूरकेण दृढो याति सर्वत्राङ्गाश्रयेण च ॥ ९३ ॥
अथान्यदासनं कृत्वा[१] सर्वव्याधिनिवारणम् ।
योगाभ्यासी भवेत्क्षिप्रं ज्ञानासनप्रसादतः ॥ ९४ ॥

केवल दोनों हाथों को पृथ्वी पर रखकर सुस्थिर होकर बैठ जावे । इस आसन के करने मात्र से सभी नाड़ियाँ परस्पर एक हो जाती हैं । पूरक प्राणायाम के द्वारा सर्वाङ्ग का आश्रय हो जाने से साधक दृढ़ता प्राप्त करता है । इसके बाद अन्य ज्ञानासन करने से सभी व्याधियों का विनाश हो जाता है और साधक शीघ्रता से योगाभ्यासी बन जाता है ॥ ९३-९४ ॥

दक्षपादोरुमूले[२] च वामपादतलंतथा ।
दक्षपादतलं दक्षपार्श्वे संयोज्य धारयेत् ॥ ९५ ॥
एतज्ज्ञानासनं नाथ ज्ञानाद्विद्याप्रकाशकम् ।
निरन्तरं यः करोति तस्य ग्रन्थिः श्लथी भवेत् ॥ ९६ ॥

दाहिने पैर के ऊरुमूल पर बायें पैर का तलवा रखें । फिर दाहिने पैर के तलवे को दाहिने बगल के पार्श्वभाग से संयुक्त कर धारण करे । हे नाथ ! इसे **ज्ञानासन** कहा जाता है । इस ज्ञानासन से विद्या का प्रकाश होता है । अतः जो इस आसन का अभ्यास निरन्तर करता है उसकी अज्ञान ग्रन्थि ढ़ीली पड़ जाती है ॥ ९५-९६ ॥

सव्यापसव्ययोगेन मुण्डासनमिति स्मृतम् ।
कृत्वा ध्यात्वा स्थिरो भूत्वा लीयते परमात्मनि ॥ ९७ ॥
गरुडासनमावक्ष्ये येन ध्यानं स्थिरं भुवि ।
सर्वदोषाद्विनिर्मुक्तो भवतीह महाबली ॥ ९८ ॥

---

१. वक्ष्ये—क० ।
२. दक्षपादस्य ऊरुमूले इत्यर्थः ।

सव्यापसव्य के योग से इसे **मुण्डासन** भी कहा जाता है । इसको करने से, ध्यान करने से और स्थिर रखने से साधक परमात्मा में लीन हो जाता है । अब मैं **गरूड़ासन** कहती हूँ जिसके करने से पृथ्वी पर ध्यान स्थिर रहता है, साधक सारे दोषों से मुक्त हो जाता है और महाबलवान् हो जाता है ॥ ९७-९८ ॥

एकपादमुरौ बद्ध्वा एकपादेन दण्डवत् ।
जङ्घापादसन्धिदेशे ज्ञानव्यग्रं व्यवस्थितम् ॥ ९९ ॥
एतदासनमाकृत्य पृष्ठे संहारमुद्रया ।
आराध्य योगनाथं च सदा सर्वेश्वरस्य च ॥ १०० ॥

एक पैर को ऊरु पर रखे दूसरे पैर से दण्ड के समान खड़ा रहे तो गरुड़ासन होता है । एक पैर को जंघा और पैर के सन्धि स्थान में रखे दूसरे को डण्डे के समान खड़ा रखे तो वह व्यवस्थित किन्तु ज्ञानव्यग्र होता है । इस आसन को करने के पश्चात् पीछे से संहार मुद्रा द्वारा योगनाथ की तथा सर्वेश्वर की आराधना करनी चाहिए ॥ ९९-१०० ॥

अथान्यदासनं वक्ष्ये येन सिद्धो भवेन्नरः ।
अकस्माद् वायुसञ्चारं कोकिलाख्यासनेन[१] च ॥ १०१ ॥
ऊर्ध्वे हस्तद्वयं कृत्वा तदग्रे पादयोः सुधीः ।
वृद्धाङ्गुष्ठद्वयं नाथ शनैः शनैः प्रकारयेत् ॥ १०२ ॥

अब मैं अन्य आसन कहती हूँ जिससे मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है । वह है **कोकिल** नामक आसन, जिससे शरीर में अकस्मात् वायुसञ्चार होता है । पैर को आगे पसार कर उस पर दोनों हाथ रख कर पैर के आगे का अंगूठा पकड़े, इस क्रिया को धीरे-धीरे सम्पन्न करे ॥ १०१-१०२ ॥

पद्मासनं समाकृत्य कूर्परोपरि संस्थितः[२] ।
अथ[३] वक्ष्ये वीरनाथ आनन्दमन्दिरासनम् ॥ १०३ ॥
यत्कृत्वा अमरो धीरो भवत्येवेह साधकः ।
हस्तयुग्मं पाददेशे पादयुग्मं प्रदापयेत् ॥ १०४ ॥
प्रकृत्य दण्डवत् कौल नितम्बाग्रे प्रतिष्ठति ।
खञ्जनासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा सुस्थिरो भवेत् ॥ १०५ ॥

अथवा पद्मासन कर दोनों कूर्पर के बल स्थित हो जावे तो **कोकिलासन** होता है । हे वीरनाथ ! अब मैं **आनन्दमन्दिरासन** कहती हूँ, जिसके करने से धीर साधक अमर बन जाता

---

१. कोटिलाख्यामलेन च—क० ।

२. रञ्जसम्—क० ।

३. स्थापयेत् कौलिकानाञ्च कौलिकासनमुत्तमम् ।
एतदासनमाकृत्य वायुस्थम्माङ्गनिर्मलम् ॥
तिष्ठेत् ऊर्ध्वमुखो वीरः लिककासनमुत्तमम् ॥ क० अ० पा० ।

है। हे कौल ! दोनों पैरों के ऊपर किसी देश पर क्रमशः दोनों हाथों को रखकर फिर उन्हें दण्डे के समान खड़ा कर नितम्ब के अग्रभाग में स्थापित करे ॥ १०३-१०५ ॥

पृष्ठे पादद्वयं बद्ध्वा हस्तौ भूमौ प्रधारयेत् ।
भूमौ हस्तद्वयं नाथ पातयित्वानिलं पिबेत् ॥ १०६ ॥
पृष्ठे पादद्वयं बद्ध्वा खञ्जनेन जयी भवेत् ।
अथान्यदासनं वक्ष्ये साधकानां हिताय वै ॥ १०७ ॥

अब **खञ्जनासन** कहती हूँ, जिसके करने से साधक सुस्थिर हो जाता है। दोनों पैरों को पीठ पर बाँधकर दोनों हाथ पृथ्वी पर रखे। हे नाथ ! भूमि पर दोनों हाथों को रख कर वायु पान करे। पीठ पर दोनों पैर को बाँध कर खञ्जनासन करने से साधक जयी हो जाता है ॥ १०५-१०७ ॥

पवनासनरूपेण खेचरो योगिराड्भवेत् ।
स्थित्वा बद्धासने[1] धीरो नाभेरधःकरद्वयम् ॥ १०८ ॥
ऊर्ध्वमुण्डः पिबेद् वायुं निरुद्ध्येत[2] यमाविले ।

अब साधकों के लिए अन्य आसन कहती हूँ। **पवनासन** करने से साधक खेचर तथा योगिराज हो जाता है। धीर हो कर पद्मासन पर स्थित हो कर नाभि के नीचे दोनों हाथ रखकर शिर को ऊपर उठा कर वायु पान करे और दो छिद्र वाले इन्द्रियों (कान, आँख, नासिका) को रोके ॥ १०८-१०९ ॥

अथ सर्पासनं वक्ष्ये वायुपानाय केवलम् ॥ १०९ ॥
शरीरं दण्डवत्तिष्ठेद्रज्जुबद्धस्तु[3] पादयोः ।
वायवी कुण्डली देवी कुण्डलाकारमङ्गुले ॥ ११० ॥
मण्डिता भूषणाद्यैश्च वक्ष्ये सर्पासनस्थितम् ।
निद्रालस्यभयान् त्यक्त्वा रात्रौ कुर्यात्पुनः पुनः ॥ १११ ॥

अब केवल वायु पान के लिए सर्पासन कहती हूँ। दोनों पैरों में रस्सी बाँधकर शरीर को डण्डे के समान खड़ा रखे। कुण्डली देवी वायवी हैं। उनका आकार कुण्डल के समान गोला है। वे भूषणादि से मण्डित हैं तथा सर्पासन पर स्थित रहने वाली हैं इसे आगे कहूँगी। साधक निद्रा आलस्य तथा भय का त्याग कर बारम्बार इस सर्पासन को करे ॥ १०९-१११ ॥

सर्वान् विघ्नान् वशीकृत्य निद्रादीन् वायुसाधनात् ।
अथ वक्ष्ये [4]काकरूपस्कन्धासनमनुत्तमम् ॥ ११२ ॥

---

१. पद्मासने—क० ।
२. निरुद्धेन्द्रियमारिणे—क० ।
३. रज्वा—क० ।
४. कालरूप कल्पदासनमनुत्तमम्—क० ।
—काकरूपं यत्स्कन्धासनम्, इत्यर्थः ।

कलिपापात् प्रमुच्येत वायवीं वशमानयेत् ।
निजपादद्वयं बद्ध्वा स्कन्धदेशे च साधकः ॥ ११३ ॥
नित्यमेतत्[३] पदद्वन्द्वं भूमौ पुष्टिकरद्वयम् ॥ ११४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावासननिर्णये पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे त्रयोविंशः पटलः ॥ २३ ॥

इस आसन से वायु साधन करने के कारण सभी प्रकार के विघ्न तथा निद्रादि उसके वश में हो जाते हैं । अब सर्वश्रेष्ठ **काकस्कन्ध** आसन कहती हूँ । इस आसन से साधक कलि के पापों से मुक्त हो जाता है । वायवी कुण्डलिनी को वश में कर लेता है । साधक अपने दोनों पैरों को बाँधकर कन्धे पर रखे । अथवा दोनों पैरों को पृथ्वी पर ही बाँध कर रखे । ये दोनों प्रकार के आसन पुष्टिकारक हैं ॥ ११२-११४ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावासन निर्णय में पाशवकल्प में षट्चक्रसारसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवी-भैरव संवाद के तेइसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २३ ॥

३. निपात्य—क० ।

अथ चतुर्विंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव योगशास्त्रार्थनिर्णयम् ।
येन विज्ञानमात्रेण षट्चक्रग्रन्थिभेदकः ॥ १ ॥

योगसाधननिरूपणम्

पर्वातिरिक्तदिवसे कुर्यात् श्रीयोगसाधनम् ।
कालिकाकुलसर्वस्वं कला[1] कालसमन्वितम् ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर योगशास्त्र के अर्थ का निर्णय कहती हूँ जिसके ज्ञानमात्र से पुरुष षट्चक्र का भेदन करने वाला बन जाता है । पर्व के दिनों को छोड़कर श्रीविद्या के योग का साधन करना चाहिए । यह श्रीयोग महाकाल से युक्त कालिका कुल सर्वस्व की कला है ॥ १-२ ॥

आसनं विधिना ज्ञानं कोटिकोटिक्रियान्वितम् ।
शतलक्षसहस्राणि आसनानि महीतले ॥ ३ ॥
स्वर्गे पातालमध्ये तु सम्मुक्तानि महर्षिभिः ।
भेदाभेदक्रमेणैव कुर्यान्नित्यं सदासनम् ॥ ४ ॥

करोड़ों करोड़ों क्रियाओं से युक्त आसन का ज्ञान विधिपूर्वक करना चाहिए । इस पृथ्वी पर ही सौ लाख हजार आसन कहे गए हैं । जिन्हें महर्षियों ने स्वर्ग में एवं पाताल में किया था । अतः भेदाभेद के क्रम से उन अच्छे अच्छे आसनों को सर्वदा करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

तत्प्रकारं च विविधं यत्कृत्वा सोऽमरो भवेत् ।
अमरः सिद्ध इत्याहुरष्टैश्वर्यसमन्वितम् ॥ ५ ॥
प्रतिभाति स एवार्थो मूलमन्त्रार्थवेदिनः[2] ।
अमरास्ते प्रशंसन्ति सर्वलोकनिरन्तरम् ॥ ६ ॥

अष्टैश्वर्य समन्वित उस आसन के अनेक प्रकार हैं, जिन्हें करने पर साधक अमर हो जाता है । ऐसा लोग कहते हैं कि देवता लोग आसन के प्रभाव से सिद्ध हो गए हैं । यही बात मूलमन्त्र के अर्थवेत्ताओं को भी भासित होती है । देवता लोग भी सभी लोकों में निरन्तर आसन की प्रशंसा करते हैं ॥ ५-६ ॥

---

१. काली (?)—क० ।
२. मूलमन्त्रार्थं विदन्ति, तच्छीला मूलमन्त्रार्थवेदिनः, ताच्छील्ये णिनिः ।

देवाः श्रीकामिनीकान्ताः प्रभवन्ति जगत्त्रये ।
कालं हि वशमाकर्तुं नियुक्तो यश्च भावकः ॥ ७ ॥
ते सर्वे विचरन्तीह कोटिवर्षशतेषु च ।
तत्तदासननामानि शृणु तत्साधनानि च ॥ ८ ॥
येन विज्ञानमात्रेण साक्षादीशस्य भक्तिमान् ।
अथ कूर्मासनं नाथ कृत्वा वायुं प्रपूरयेत् ॥ ९ ॥

ऐसे तो देवता लोग श्री (कामिनी) में प्रेम करने वाले होते हैं, किन्तु जो आसन में भावना करने वाले हैं, वे काल को भी वश में करने में समर्थ हैं । ऐसे भावक इस लोक में सैकड़ों करोड़ों वर्षों तक विचरण करते हैं । अब हे सदाशिव ! उन-उन आसनों के नाम तथा उनके सिद्धि के साधनों को सुनिए, जिनके ज्ञानमात्र से साधक ईश्वर की भक्ति करने वाला बन जाता है ॥ ७-९ ॥

कामरूपो भवेत् क्षिप्रं कलिकल्मषनाशनम् ।
समानासनमाकृत्य लिङ्गाग्रे स्वीयमस्तकम् ॥ १० ॥
नितम्बे हस्तयुगलं भूमौ सङ्कोचितः पतेत् ।
कुम्भीरासनमावक्ष्ये वायूनां धारणाय च ॥ ११ ॥

आसन निरूपण—हे नाथ ! **कूर्मासन** कर वायु से शरीर को पूर्ण करे । यह कूर्मासन कलि के समस्त पापों को नष्ट करने वाला है । इसके करने से साधक कामनानुसार रूप धारण करने वाला बन जाता है ! **समानासन** (द्र० . २३ . ७९) करके लिङ्ग के आगे अपना मस्तक तथा नितम्ब पर दोनों हाथ रखकर शरीर को सिकोड़ते हुए पृथ्वी पर गिर जावे ॥ ९-११ ॥

तिष्ठेत् कुण्डाकृतिर्भूमौ करौ शीर्षोपरि स्थितौ ।
पदोपरि पदं दत्त्वा शीर्षोपरि करद्वयम् ॥ १२ ॥
तिष्ठेत् कुण्डाकृतिर्भूमौ कुम्भीरासनमेव तत् ।
अथ मत्स्यासनं पृष्ठे हस्तोपरि कराङ्गुलिः ॥ १३ ॥
पादयुग्मप्रमाणेन[1] वृद्धाङ्गुष्ठस्य योजनम् ।

अब वायु धारण के लिए कुम्भीरासन कहती हूँ । दोनों हाथों को शिर के ऊपर रखे, पैर के ऊपर पैर रखकर कुण्ड की आकृति में पृथ्वी पर गिर जावे, यह कुम्भीरासन कहा जाता है । अब मत्स्यासन सुनिए । हाथ की फैली हुई अङ्गुलियों के ऊपर दोनो पैरों को फैलाकर शरीर को मयूर के समान बनाते हुए पैर के अंगुष्ठ का समायोजन मत्स्यासन कहलाता है ॥ १३-१४ ॥

मकरासनमावक्ष्ये वायुपानाय कुम्भयेत् ॥ १४ ॥
पृष्ठे पादद्वयं दत्त्वा हस्ताभ्यां पृष्ठबन्धनम् ।
अथ सिंहासनं नाथ कूर्परोपरि जानुनी ॥ १५ ॥

---

१. समानन—क० ।

स्थापयित्वा ऊद्‌ध्र्वमुखो वायुपानं समाचरेत् ।
अथ वक्ष्ये महादेव कुब्जरासनमुत्तमम् ॥ १६ ॥

अब **मकरासन** कहती हूँ जिससे वायुपान के लिए कुम्भक किया जाता है । पीठ पर दोनों पैर रखकर दोनों हाथों से पीठ को बाँध लेवे—यह मकरासन है । अब **सिंहासन** कहती हूँ । क्रमशः दोनों हाथ की केहुनी पर दोनों पैर का जानु स्थापित करे । तदनन्तर मुख को ऊपर कर वायु पान करे । यह सिंहासन है ॥ १४-१६ ॥

करेणैकेन पादाभ्यां भूमौ तिष्ठेत् शिरः करः ।
व्याघ्रासनमथो वक्ष्ये [1]क्रोधकालविनाशनम् ॥ १७ ॥
एकपादं शीर्षमध्ये मेरुदण्डोपरि स्थितम् ।
भल्लूकासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा योगिराड् भवेत् ॥ १८ ॥

हे महादेव ! अब इसके बाद सर्वश्रेष्ठ **कुब्जरासन** कहती हूँ—एक हाथ तथा दोनों पैरों के सहारे पृथ्वी पर स्थित रह कर शिर पर दूसरा पैर रखे तो सिंहासन होता है । अब क्रोधरूपी काल को विनाश करने वाले **व्याघ्रासन** को कहती हूँ । मेरुदण्ड के ऊपर से ले जाकर एक पैर शिर के मध्य में स्थापित करे तो व्याघ्रासन हो जाता है ॥ १७-१८ ॥

नितम्बे च पादगोष्ठी [2]हस्ताभ्यामङ्गुलीयकम् ।
अथ कामासनं वक्ष्ये कामसङ्गेन[3] हेतुना ॥ १९ ॥
गरुडासनमाकृत्य कनिष्ठाग्रं स्पृशोद्‌भवम्[4] ।
वर्त्तुलासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा भैरवो भवेत् ॥ २० ॥
आकाशस्थितपादाभ्यां पृष्ठदेशं निबन्धयेत् ।

अब **भल्लूकासन** कहती हूँ जिसके करने से साधक योगिराज बन जाता है । दोनों नितम्ब पर पैर रखकर हाथों से (पैर की) अंगुली पकड़ रखे—यह भल्लूकासन है ।

अब काम का मर्दन करने वाले **कामासन** को कहती हूँ । गरुड़ासन (द्र० . २३. ९९) कर उसे कनिष्ठा अंगुली से पकड़े रहे । अब **वर्तुलासन** कहती हूँ जिसके करने से साधक साक्षात् भैरव बन जाता है । दोनों पैर को आकाश में खड़ाकर पीठ को बाँध लेवे ।

अथ मोक्षासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा मोक्षमन्दिरम्[5] ॥ २१ ॥
दक्षहस्तं दक्षपादं केवलं स्थापयेत्सुधीः ।
अथ मालासनं नाथ यत्कृत्वा वायवीप्रियः ॥ २२ ॥
शुभयोगं समाप्नोति एकहस्तस्थितो नरः ।
अथ दिव्यासनं वक्ष्ये पृष्ठं हस्तेन बन्धयेत् ॥ २३ ॥

अब **मोक्षासन** कहती हूँ जिसके करने से मोक्षाधिकारी बन जाता है ।

---

१. क्रोध एव कालस्तस्य विनाशनं विनाशकमित्यर्थः ।

२. अङ्गुलीद्वयम्—क० ।   ३. काममर्दनम्—क० ।

४. भुवि—क० ।   ५. क्षेम—क० ।

सुधी साधक दाहिना हाथ दाहिना पैर केवल पृथ्वी पर स्थापित करे । अब **मालासन** कहती हूँ जिसके करने से वायु देवता कुण्डलिनी प्रसन्न होती हैं । केवल एक हाथ के बल पृथ्वी पर स्थित रहने वाला साधक उत्तम योग प्राप्त कर लेता है । अब **दिव्यासन** कहती हूँ । पीठ को एक हाथ से बाँधे ॥ २१-२३ ॥

एकहस्तमध्यदेशं भूमिहस्तञ्च नासया ।
अर्द्धोदयासनं नाथ सर्वाङ्गं खे नियोजयेत् ॥ २४ ॥
केवलं हस्तयुगलं भूमिमालोक्य[१] नासया ।
अथ चन्द्रासनं वक्ष्ये पादाभ्यां स्वशरीरकम् ॥ २५ ॥
पुनः पुनः धारयेद्[२] यो वायुधारणपूर्वकम् ।

हे नाथ ! अर्द्धोदयासन उसे कहते हैं जिसमें अपने सभी अङ्गो को आकाश में स्थापित करे और नासिका से पृथ्वी का घर्षण करते हुए दोनों हाथों को पृथ्वी पर रखे । अब **चन्द्रासन** कहती हूँ । बारम्बार वायु को धारण करते हुए दोनों पैरों के बल पर अपना समस्त शरीर बारम्बार स्थापित करे ॥ २४-२६ ॥

अथ हंसासनं वक्ष्ये शरीरेण पुनः पुनः ॥ २६ ॥
भूमौ सन्ताडयेत् श्वासैः प्राणवायुदृढः[३] सुधीः ।
अथ सूर्यासनं वक्ष्ये पृष्ठात् पादेन बन्धनम् ॥ २७ ॥
पृष्ठे[४] भेदान्वितं पादं तस्य हस्तेन[५] बन्धयेत् ।
अथ योगासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा योगिराड् भवेत् ॥ २८ ॥

अब **हंसासन** कहती हूँ । सुधी साधक प्राणवायु को दृढ़ करते हुए अपने शरीर से निर्गत श्वासों द्वारा पृथ्वी को बारम्बार प्रताड़ित करे । अब **सूर्यासन** कहती हूँ । इससे पीछे से पैर के द्वारा सारा शरीर बाँधा जाता है । पीठ पर भेदयुक्त पैर रखकर उसे हाथ से बाँध रखे । अब **योगासन** कहती हूँ जिसके करने से साधक योगिराज बन जाता है ॥ २७-२८ ॥

सर्वाः[६] पादतलद्वन्द्वं स्वाङ्गे बद्ध्वा करद्वयम् ।
गदासनमतो वक्ष्ये गदाकृतिर्वसेद् भुवि ॥ २९ ॥
ऊद्ध्र्वबाहुर्भवेद्येन कायशोधनहेतुना ।
अथ लक्ष्म्यासनं वक्ष्ये लिङ्गाग्रेऽङ्घ्रितलद्वयम् ॥ ३० ॥
गुह्यदेशे हस्तयुग्मं तलाभ्यां बन्धयेद् भुवि ।
अथ कुल्यासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा कौलिको भवेत्[७] ॥ ३१ ॥

दोनों ऊरु पर दोनों पैर के तलवे रखकर अपने गोद में दोनों हाथों को परस्पर बाँध

---

१. भुवि व्यालोड्य—क० ।
२. भ्रामयेत् यो वायुधारणतत्परः—क० ।
३. प्राणवायुं दृढं सुधीः—क० ।
४. पृष्ठ—क० ।
५. अन्यहस्तेन—क० ।
६. उर्वो—क० ।
७. कौलिको मुनिः—क० ।

लेवे । अब **गदासन** कहती हूँ । गदा की आकृति में पृथ्वी पर स्थित हो जावे । और कायशुद्धि के लिए बाहुओं को ऊपर उठाए रखे । अब **लक्ष्म्यासन** कहती हूँ—लिङ्ग के अग्रभाग पर दोनों पैर का तलवा रखे तथा गुह्यदेश पर दोनों हाथ रख कर उसके तलवे से भूमि को पकड़ लेवे । अब **कुल्यासन** कहती हूँ, जिसके करने से साधक कुलमार्ग का अधिकारी बन जाता है ॥ ३०-३१ ॥

एकहस्तं मस्तकस्थोऽधः शीर्षेऽभिन्नगे[1] करम् ।
ब्राह्मणासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा ब्राह्मणो भवेत् ॥ ३२ ॥
एकपादमूरौ दत्त्वा तिष्ठेद् दण्डाकृतिर्भुवि ।
क्षत्रियासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा धनवान् भवेत् ॥ ३३ ॥
केशेन पादयुगलं बद्ध्वा तिष्ठेदधोमुखः ।
अथ वैश्यासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा सत्यवान्भवेत् ॥ ३४ ॥

एक हाथ को मस्तक के ऊपर रखे, दूसरे हाथ को शीर्ष के नीचे भाग में रखे । अब **ब्रह्मणासन** कहती हूँ, जिसके करने से साधक ब्राह्मण बन जाता है । एक पैर को ऊरु पर स्थापित करे तथा दूसरे पैर को डण्डे के समान पृथ्वी पर खड़ा रखे । अब **क्षत्रियासन** कहती हूँ, जिसके करने से साधक धनी हो जाता है । केश से दोनों पैरों को बाँधकर नीचे अधोमुख स्थित रहे ॥ ३२-३४ ॥

वृद्धाङ्गुष्ठेन यस्तिष्ठेत्[2] हस्तयुग्मं स्वकोरसि[3] ।
अथ शूद्रासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा सेवको भवेत् ॥ ३५ ॥
धृत्वाङ्गुष्ठद्वयं योज्यं नासाग्रपादमध्यके[4] ।
अथ जात्यासनं वक्ष्ये येन जातिस्मरो भवेत् ॥ ३६ ॥
हस्ताङ्घ्रियुग्मं भूमौ च गमनागमनं ततः ।
पाशवासनमावक्ष्ये कृत्वा पशुपतिर्भवेत् ॥ ३७ ॥
पृष्ठे हस्तद्वयं दत्त्वा कूर्पराग्रे स्वमस्तकम् ।
एतेषां साधनादेव चिरजीवी भवेन्नरः ॥ ३८ ॥

अब **वैश्यासन** कहती हूँ जिसे कर के वैश्य सत्यनिष्ठ हो जाता है । दोनों हाथों को वक्षःस्थल पर स्थापित करे और दोनों पैर के अंगूठे को एक में सटा पर पृथ्वी पर खड़ा रहे । अब **शूद्रासन** कहती हूँ, जिसे करके साधक सेवक बन जाता है । दोनों अंगूठों को पकड़कर एक को नासिका के अग्रभाग में तथा दूसरे को पैर के मध्य भाग में स्थापित करे । अब **जात्यासन** कहती हूँ, जिसे करने पर साधक को पूर्वजन्म का ज्ञान होता है । दोनों हाथ और दोनों पैर को पृथ्वी पर रखकर गमनागमन करे ।

अब **पाशवासन** कहती हूँ, जिसके करने से साधक पशुपति बन जाता है । पीठ पर दोनों हाथ रखे, दोनों कूर्पर के आगे अपना मस्तक रखे, इन सभी आसनों की साधना से

१. एकहस्तमस्तकस्याऽधःशीर्षेऽतिगे करम्—क० । २. सन्तिष्ठेत्—क० ।
३. स्ववक्षसि—क० । ४. नासाग्रम्—क० ।

मनुष्य चिरञ्जीवी बन जाता है ॥ ३४-३८ ॥

संवत्सरं साधनाद्वै जीवन्मुक्तो भवेद् ध्रुवम् ।
श्रीविद्यासाधनं पश्चात् कथितव्यं तब प्रभो ॥ ३९ ॥
आसनं योगसिद्ध्यर्थं [1]कायशोधनहेतुना ।
इदानीं शृणु देवेश रहस्यं कोमलासनम् ॥ ४० ॥
योगसिद्धिविचाराय[2] रहस्यं चर्मासनं शुभम् ।
अथ नरासनं वक्ष्ये षोडशादिप्रकारकम् ॥ ४१ ॥
येन साधनमात्रेण योगी भवति साधकः ।
प्रकारं षोडशप्रोक्तं मत्कुलागमसम्भवम् ॥ ४२ ॥

किं बहुना एक संवत्सर की साधना से निश्चित रूप से मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है । हे प्रभो ! अब इसके आगे श्री विद्या के आसन का साधन आपसे कहूँगी । आसन कायशुद्धि के लिए है । कायशुद्धि से योगसिद्धि होती हैं । हे देवेश ! अब **कोमलासन** के गुप्त रहस्य को श्रवण कीजिए । योगसिद्धि के लिए चर्मासन शुभकारक गोपनीय रहस्य हैं ।

अब मैं सोलह प्रकार वाले नरासन को कहती हूँ, जिसके साधन से साधक योगी बन जाता है । नरासन का उक्त सोंलह प्रकार हमारे शाक्तागम से उत्पन्न हुआ हैं ॥ ३९-४२ ॥

येन साधनमात्रेण साक्षाद्योगी महीतले ।
एकमासाद् भवेत्कल्पो[3] द्विमासे द्रुतकल्पनम्[4] ॥ ४३ ॥
त्रिमासे योगकल्पः[5] स्याच्चतुर्मासे स्थिराशयः[6] ।
पञ्चमासे सूक्ष्मकल्पे[7] षष्ठमासे विवेकगः ॥ ४४ ॥
सप्तमासे ज्ञानयुक्तो भावको भवति ध्रुवम् ।
अष्टमासेऽन्नसंयुक्तो[8] जितेन्द्रियकलेवरः ॥ ४५ ॥
नवमे सिद्धिमिलनो दशमे चक्रभेदवान् ।
एकादशे महावीरो द्वादशे खेचरो भवेत् ॥ ४६ ॥

इसके साधन से पृथ्वी पर साधक एक मास में योगी के समान हो जाता है । दो मास में योग कल्पक, तीन मास में योगीकल्प, चार मास में स्थिराशय, पाँच मास में सूक्ष्मकल्प तथा षष्ठमास में ज्ञान का पात्र हो जाता है ।

भावक सात मास में निश्चित रूप से ज्ञानवान् हो जाता है । आठ महीने में सत्त्वसम्पन्न तथा इन्द्रिय विजेता बन जाता है । नव महीनें में सिद्धि का मिलन होता है, दश मास में चक्रों का भेदन करने वाला, एकादश में महावीर तथा द्वादश मास में खेचर हो जाता है ॥ ४५-४६ ॥

---

१. कायसाधन—क० । २. योगशिक्षा—क० ।
३. कम्पो—क० । ४. कम्पनम्—क० । ५. कम्पः—क० ।
६. स्थिर आशयोऽन्तःकरणं यस्यासौ । आ समन्तात् शेते यस्मिन्नसौ आशयः ।
७. सूक्ष्मकम्पो—क० । ८. अष्टमे सत्त्वसंयुक्तो—क० ।

इति योगासनस्थश्च[१] योगी भवति साधकः ।
नरासनं यः करोति स सिद्धो नात्र संशयः ॥ ४७ ॥
तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो भवेत्प्रभो ।
अधोमुखं महादेव नरासनस्य साधने ॥ ४८ ॥

इस प्रकार योग और आसन से संयुक्त साधक योगी बन जाता है, जो नरासन करता है वह सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ४७ ॥

शवसिद्धिकथन—हे प्रभो ! अब **नरासन** का प्रकार कहती हूँ, जिससे साधक सिद्ध बन जाता है । नरासन के साधन काल में अधोमुख रहना चाहिए ॥ ४८ ॥

करणीयं साधकेन्द्रैर्योगशास्त्रार्थसम्मतैः ।
अक्षीणं यौवनोद्दामं सुन्दरं [२]चारुकुन्तलम् ॥ ४९ ॥
लोकानां श्रेष्ठमेवं हि पतितं रणसम्मुखे ।
तत्सर्वं[३] हि समानीय मङ्गले वासरे निशि ॥ ५० ॥
चन्द्रसूर्यासनं कृत्वा साधयेत्तत्र कौलिकः ।
अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि सर्वसिद्धिप्रकारकम्[४] ॥ ५१ ॥
भेकासनं यः करोति स एव योगिनीपतिः ।

योगशास्त्र में निष्ठा रखने वाले साधकेन्द्रों को जिस प्रकार नरासन करना चाहिए उसका प्रकार कहती हूँ । जिसकी उत्कृष्ट जवानी क्षीण न हुई हो, जिसके केश अत्यन्त सुन्दर हों, जो शरीर से सुन्दर हो, युद्धभूमि में सामने मारा गया है, ऐसे लोक श्रेष्ठ युवक के शरीर को सर्वाङ्गतया लाकर मङ्गलवार के दिन रात्रि के समय चन्द्रासन और सूर्यासन कर कौलिक (शाक्त) साधक उसकी सिद्धि करे । इसके अतिरिक्त एक और सर्वसिद्धि का प्रकार कहती हूँ । जो उक्त शव पर बैठकर **भेकासन** करता है वही योगिनीपति होता है ॥ ४९-५२ ॥

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि यत्कृत्वा योगिराड् भवेत् ॥ ५२ ॥
तत्सर्वोत्तरशिरसि[५] स्थित्वा चन्द्रासने जपेत् ।
अथान्यत् तत्प्रकारञ्च महाविद्यादिदर्शनात् ॥ ५३ ॥
मत्सरे[६] गौरवर्णे च तत्र शैलासने जपेत् ।
अथान्यत्तत्प्रकारं च योगिकौलो न संशयः ॥ ५४ ॥
यद्येवं म्रियते सोऽपि तदा भद्रासने जपेत् ।
तत्तत्साधनकाले च एवं कुर्याद्दिने दिने ॥ ५५ ॥

अब दूसरा आसन कहती हूँ जिसको करके साधक योगिराज बन जाता है । उस शव के शिर के पीछे चन्द्रासन पर स्थित हो जप करे । अब उसका और प्रकार कहती हूँ, जो महाविद्या के दर्शन में कारण है ॥ ५२-५३ ॥

---

१. योगासनद्वन्द्वम्—क० । २. मण्डलम्—क० । ३. शवम्—क० ।
४. सर्वसिद्धिप्रकारणात्—क० ।—सर्वासां सिद्धीनां प्रकृष्टं कारणम्, तस्मात् ।
५. शवोतरशिरसि—क० । ६. यत् शवे—क० ।

मत्सर युक्त किन्तु गौरवर्ण के शवासन पर शैलासन से जप करे । अब उसका एक और प्रकार कहती हूँ, जिससे निस्सन्देह योगी शाक्त बन जाता है । जो उक्त प्रकार से मरा हुआ शव है उस पर भद्रासन से स्थित हो कर जप करे । उसकी सिद्धिकाल में प्रतिदिन ऐसा करे ॥ ५४-५५ ॥

नृत्यवाद्यगीतरागभोगोनविंशतौ [१] दिने ।
चतुर्दशं न वीक्ष्येत [२] भैरवाणां भयाद्दर्नात् ॥ ५६ ॥
मनोनिवेशमात्रेण योगी भवति भैरव ।
स्वेच्छासनं [३] समाकृत्य मन्त्रं जपति यो नरः ॥ ५७ ॥
महासारो [४] वीतरागः सिद्धो भवति निश्चितम् ।

शवसाधनानिरूपणम्

अथान्यत् शवमाहात्म्यं शृणुष्वावहितो मम ॥ ५८ ॥

उन्नीसवें दिन साधक नृत्य, वाद्य, गीत, राग तथा भोग इन १४ का दर्शन न करे क्योंकि दर्शन से भैरवों का भय होता है । हे भैरव ! इस प्रकार मन के सन्निवेश मात्र से साधक योगी हो जाता है । स्वेच्छासन करके जो मनुष्य जप करता है, दृढ़ सत्त्ववान्, वीतराग तथा निश्चित रूप से योगी होता है । अब हे सदाशिव ! सावधान हो कर अन्य प्रकार के शव माहात्म्य को सुनिए ॥ ५६-५८ ॥

तत्सर्वं [५] गृहमानीयाच्छाद्य शार्दूलचर्मणा ।
तत्र मन्त्री महापूजां कृत्वा [६] प्रविश्य संजपेत् ॥ ५९ ॥
पद्मासनस्थस्तस्यैव [७] झटिद् योगी न संशयः ॥ ६० ॥
एतत्प्रकाररासनमाशु कृत्वा
जितेन्द्रियो योगफलार्थविज्ञः ।
भवेन्मनुष्यो मम चाज्ञया हि
सिद्धो गणोऽसौ [८] जगतामधीशः ॥ ६१ ॥

उस शव को घर पर लाकर व्याघ्र चर्म से उसे आच्छादित करे । फिर उसकी महापूजा कर उस पर बैठ कर जप करे । पद्मासन लगाकर जप करने से शीघ्र ही योगी बन जाता है इसमें संशय नहीं । इस प्रकार शवसिद्धि का प्रकार सम्पादन कर साधक जितेन्द्रिय और योगफल के अर्थ का ज्ञाता हो जाता है । मेरी आज्ञा से ऐसा साधक सिद्ध हो जाता है, शिवगण हो जाता है तथा जगत् का स्वामी बन जाता है ॥ ५९-६१ ॥

---

१. भोगीन—क० ।—नृत्यवादित्र । २. न वेक्षेत् (ना रक्षेत्)—क० ।
३. देहासनम्—क० । ४. महाशवे—क० ।
५. तत् शवं गृहमानीयच्छाद्यं शार्दूलचर्मणा—क० ।—शार्दूलस्य चर्मणा, इति षष्ठीतत्पुरुषः ।
६. कृत्वोपविश्य—क० । ७. पद्मासनस्थस्तु सैव—क० ।
८. गणेशो—क० ।

मूलखड्ग[१]यष्टिपरडितरवारादिना युतम् ।
.... भूतसर्पराज[२]व्याघ्रं सद्यो मृतं यजेत् ॥ ६२ ॥
यस्य मृत्युर्भवेन्नाथ भैरवस्य सुरापतेः ।
रणे सम्मुखयुद्धस्य तदानीय जपं चरेत् ॥ ६३ ॥
तत्र कौलासनं कृत्वा अथवा कमलासनम् ।
महाविद्यामहामन्त्रं जप्त्वा लिङ्गमवाप्नुयात्[३] ॥ ६४ ॥

मरे हुए भूत सर्प, राजा और व्याघ्र के शव पर मूल, खड्ग, यष्टि, परडि ?, तलवार लेकर जप करे । हे नाथ ! सुरा पीने वाले जिस भैरवोपासक की सम्मुख युद्ध करते हुए मृत्यु हो गई हो उसे लाकर जप किया जा सकता है । उस पर कौलासन अथवा कमलासन (=पद्मासन) से बैठकर महाविद्या के महामन्त्र का जप करे तो स्पष्ट रूप से महाविद्या के चिन्ह दिखाई पड़ने लगते हैं ॥ ६२-६४ ॥

एतत्सर्वं[४] न गृह्णीयाद् यदीच्छेदात्मनो हितम्[५] ।
कुव्याधिमरणं [६]कुष्ठं स्त्रीवश्यं पतितं [७]मृतम् ॥ ६५ ॥
दुर्भिक्षमृतमुन्मत्तमव्यक्तलिङ्गमेव च ।
हीनाङ्गं भूचरवृद्धं[८] पलायनपरं तथा[९] ॥ ६६ ॥
अन्यद्‌यो[१०] यद् विचारेण हत्त्वा लोकं जपन्ति ये ।
ते सर्वे व्याघ्रभक्षा[११] स्युः खादन्ति व्याघ्ररूपिणः ॥ ६७ ॥

शवसाधना में त्याज्य शव—यदि साधक अपना कल्याण चाहे तो निम्न प्रकार के शवों को जप के लिए न ग्रहण करे । जिसकी कुव्याधि से मृत्यु हो, जो कोढ़ी हो, स्त्री-वश्य हो अथवा पतित होकर मरा हो, जो दुर्भिक्ष में मरा हो, उन्मत्त हो कर मरा हो, जो स्त्री पुरुष के लिङ्ग से रहित (नपुंसक) होकर मरा हो, हीनाङ्ग होकर मरा हो, पृथ्वी पर विचरण करने वाला वृद्ध तथा युद्ध में भागते हुए मरा हो अथवा जिसने जिस विचार से किसी की हत्या कर दी हो, ऐसे शव पर बैठकर जो जप करते हैं वे सब व्याघ्र के भक्ष्य हो जाते हैं, उन्हें प्रेत बाघ का रूप धारण कर खा जाते हैं ॥ ६५-६७ ॥

पर्युषितं तथाश्वस्थमधिकाङ्गं[१२] कुकिल्बिषम् ।
ब्राह्मणं गोमयं वीरं धार्मिकं सन्त्यजेत् सुधीः ॥ ६८ ॥
स्त्रीजनं योगिनं त्यक्त्वा साधयेद्वीरसाधनम् ।
तदा सिद्धो भवेन्मन्त्री आज्ञया मे न संशयः ॥ ६९ ॥

---

१. ग० नास्ति । २. श्रृणु शङ्क तव वारादिनायुतम् वृद्ध अथवा बहु—क० ।
३. सिद्धिम्—क० । ४. शवम्—क० । ५. यदिच्छेत्—क० ।
६. कुष्ठिम्—क० । ७. गुरुम्—क० । ८. तु वरं वृद्धम्—क० ।
९. परायणः—क० । १०. अन्यायादविचारेण—क० ।
११. व्याघ्रभक्षाः स्यात्—मूले क० । १२. तथास्पृश्यम्—क० ।

जो शव बासी हो गया हो, अश्व पर स्थित होकर मरा हो, अधिकाङ्ग हो, बुरे से बुरा पाप किया हो, ब्राह्मण हो, गोबर पर स्थित हो, वीरमार्ग में रहने वाला हो, धार्मिक हो ऐसे शव का परित्याग कर देना चाहिए । स्त्रीजन का शव और योगी का शव इन्हें छोड़कर वीर साधन करना चाहिए । तब मन्त्रज्ञ मेरी आज्ञा से सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ६९ ॥

तरुणं सुन्दरं शूरं मन्त्रविद्यं समुज्ज्वलम् ।
गृहीत्वा जपमाकृत्य सिद्धो भवति नान्यथा ॥ ७० ॥
मनुष्यशवहृत्पद्मे सर्वसिद्धिकुलाकुलाः [१] ।
तत्र सर्वासनान्येव सिद्ध्यन्ति नात्र संशयः ॥ ७१ ॥
अथान्यत्तत्प्रकारं तु यत्कृत्वा योगिराट् [२] भवेत् ।
कोमलाद्यासने स्थित्वा धारयन् [३] मारुतं सुधीः ॥ ७२ ॥

तरुण, सुन्दर, शूर, मन्त्रवेत्ता, प्रकाश से उज्ज्वल शव को ग्रहण कर उस पर जप करने से साधक सिद्ध हो जाता है, अन्यथा नही । मनुष्य के हृत्पद्म में कुल अथवा अकुल सभी सिद्धियाँ रहती हैं । उन पर उन-उन आसनों से जप करने से सिद्धि होती हैं इसमें संशय नहीं । इसके अतिरिक्त **एक अन्य प्रकार** है । कोमलादि आसन पर स्थित रहने वाला सुधी साधक वायु को धारण करने से योगिराज हो जाता है ॥ ७०-७२ ॥

तत्कोमलासनं [४] वक्ष्ये शृणुष्व मम तद्वचः ।
अवृद्धकं [५] मृतं बालं षण्मासात् कोमलं परम् ॥ ७३ ॥
तद्विभेदं प्रवक्ष्यामि गर्भच्युत महाशवम् ।
तद्धि व्याघ्रत्वचारूढं कृत्वा तत्र जपेत् स्थितः ॥ ७४ ॥

अब मैं उस कोमलासन को कहती हूँ, मेरी बात सुनिए । जो बहुत बड़ा न हुआ हो ऐसा ६ महीने के भीतर का मरा हुआ बालक अत्यन्त कोमल कहा जाता है । उनके भेदों को कहती हूँ । गिरे हुए गर्भ वाला बालक महाशव कहा जाता है । उसे वाघ्र के चमड़े के ऊपर रख कर सुधी साधक जप करे ॥ ७३-७४ ॥

षण्मासानन्तरं यावद्दशमासाच्च पूर्वकम् ।
मृतं चारुमुखं बालं गर्भाष्टमपुरःसरम् ॥ ७५ ॥
एकहस्ते द्विहस्ते वा चतुर्हस्ते समन्ततः ।
विशुद्ध आसने कुर्यात् संस्कारं पूजनं ततः ॥ ७६ ॥

६ महीने के बाद दश महीने की अवस्था वाले सुन्दर मुख वाले मरे बालक को जो आठवें गर्भ से उत्पन्न हो, उसे लाकर एक हाथ दो हाथ, अथवा चार हाथ वाले विशुद्ध आसन पर बैठकर उसका संस्कार तथा पूजन करे ॥ ७५-७६ ॥

---

१. सर्वसिद्धिकलाकुला—क० । २. योगिनी—मूले क० ।
३. घारयेन् मारुतं सुधीः—क० । ४. तत्कोमलादिमाहात्म्यं शृणुष्वासनं तत्त्वतः—क० ।
५. अचूडकम्—क० ।

पूर्णे पञ्चमवर्षे च साधको वीतभीः स्वयम् ।
हीनवीतोपनयनो[१] यो मृतस्तं हि कोमलम् ॥ ७७ ॥
गर्भच्युतफलं नाथ शृणु तत्फलसिद्धये ।
अणिमाद्यष्टसिद्धिः स्यात् संवत्सरस्य साधनात् ॥ ७८ ॥

पाँच वर्ष पूर्ण हो जाने पर साधक सर्वथा निर्भय हो जाता है । बिना यज्ञोपवीत हुए अथवा वीतोपनयन (?) वाला मरा हुआ बालक भी कोमल कहा जाता है । हे नाथ ! अब गिरे हुए गर्भ वाले बालकों के विषय में होने वाले फलों को सुनिए । जिस पर एक संवत्सर पर्यन्त साधन करने से अणिमा आदि अष्टसिद्धियों की सिद्धि होती है ॥ ७७-७८ ॥

मृतासने जपेन्मन्त्री महाविद्याममुं शुभम् ।
अचिरात्तस्य सिद्धिः स्यान्नात्र कार्या विचारणा ॥ ७९ ॥
अथान्यत् शवमाहात्म्यं शृणु सिद्धिश्च[२] साधनात् ।
साधको योगिराट् भूत्वा मम पादतले वसेत् ॥ ८० ॥

गर्भच्युत मरे हुए बालक के आसन पर बैठकर साधक महाविद्या के मन्त्र का जप करे तो उसे शीघ्र ही सिद्धि होती है इसमें विचार की आवश्यकता नहीं है । अब हे नाथ ! अन्य प्रकार से शव माहात्म्य का श्रवण कीजिए, जिसकी साधना से सिद्धि होती है । ऐसा साधक योगिराज बन कर मेरे पैर के नीचे निवास करता है ॥ ७९-८० ॥

दशसंवत्सरे पूर्णे यो म्रियेत शुभे दिने ।
शनौ मङ्गलवारे च तमानीय प्रसाधयेत् ॥ ८१ ॥
तत्र वीरासनं कृत्वा यो जपेद् भद्रकालिकाम् ।
अथवा बद्धपद्मे च स सिद्धो भवति ध्रुवम् ॥ ८२ ॥

ठीक दश वर्ष बीत जाने पर जो किसी शुभ दिन में मरा हो साधक उसे शनिवार अथवा मङ्गलवार के दिन लाकर सिद्ध करे । इस प्रकार के शव पर वीरासन लगाकर भद्रकाली मन्त्र का जप करे अथवा पद्मासन लगाकर जप करे तो वह निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता है ॥ ८१-८२ ॥

अथ भावफलं वक्ष्ये येन शवादिसाधनम् ।
अकस्मात् प्राप्तिमात्रेण शवस्य विहितस्य च ॥ ८३ ॥
यं पञ्चदशवर्षीयं सुन्दरं पतितं रणे ।
तमानीय जपेद्विद्यां निशि वीरासने स्थितः ॥ ८४ ॥

शव के अकस्मात् प्राप्त होने पर उसकी साधना से होने वाले फल कहती हूँ, जो शवादि के साधन से प्राप्त होता है । सुन्दर १५ वर्ष की अवस्था वाला जो रणभूमि में मारा गया हो, ऐसे शव को लाकर वीरासन पर स्थित हो रात्रि के समय महाविद्या मन्त्र का जप करे ॥ ८३-८४ ॥

---

१. हीनवृद्धोपनयनम्—क० ।   २. तत् सिद्धिसाधनात्—क० ।

शीघ्रमेव सुसिद्धिः स्यात् खेचरी वायुपूरणी ।
धारणाशक्तिसिद्धिः स्यात् यः करोतीह साधनम् ॥ ८५ ॥
अथ [1]षोडशवर्षीयं सर्वसिद्धिकरं नृणाम् ।
भोगमोक्षौ करे तस्य शवेन्द्रस्य च साधनात् ॥ ८६ ॥

ऐसा करने से खेचरी वायुपूरणी सिद्धि होती है । इस प्रकार से साधन करने वाले की धारणा शक्ति की सिद्धि होती है । ऐसे ही षोडश वर्षीय शव पर वीरासन से स्थित हो साधना करे तो पुरुष को सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं । ऐसे शवेन्द्र साधन करने से साधक के हाथ में भोग और मोक्ष दोनों हो जाते हैं ॥ ८५-८६ ॥

एवं क्रमेण पञ्चाशद् वर्षीयं सुन्दरं वरम् ।
आनीय साधयेद्यस्तु स योगी भवति ध्रुवम् ॥ ८७ ॥
शवं [2] रणस्थमानीय साधयेत्सुसमाहितः ।
इन्द्रतुल्यो भवेन्नाथ रणस्थशवसाधनात् ॥ ८८ ॥

इसी प्रकार क्रमशः पचास वर्ष तक की अवस्था वाले युद्ध में मरे हुए श्रेष्ठ शव को लाकर उसके ऊपर जो साधना करता है, वह निश्चित रूप से योगी हो जाता है । रण में मरे हुए शव को लाकर बड़ी सावधानी के साथ सिद्ध करना चाहिए । हे नाथ ! रण में मरे हुए शव के साधन से साधक इन्द्र के समान बलवान् हो जाता है ॥ ८७-८८ ॥

यदि सम्मुखयुद्धे वा [3] शृणु पट्टीशघातनम् ।
शवमानीय वीरेन्द्रो जपेद्वीरासनस्थितः ॥ ८९ ॥
तत् शवं तु महादेव पूजार्थं निजमन्दिरे ।
देवालये निर्णये च स्थापयित्वा जपं चरेत् ॥ ९० ॥

हे नाथ ! और भी सुनिए । यदि सम्मुख युद्ध में पट्टिश अस्त्र से कोई मर गया हो तो ऐसे शव को लाकर उस पर वीरेन्द्र साधक वीरासन से स्थित हो कर जप करे । हे महादेव ! उस शव को पूजा के लिए अपने घर पर देवालय में अथवा किसी निर्जन स्थान में स्थापित कर जप करना चाहिए ॥ ८९-९० ॥

तत्र वीरासनं किं वा योनिमुद्रासनादिकम् ।
पद्मासनं तथाकृत्य वायुं धृत्वा जपं चरेत् ॥ ९१ ॥
मासैकेन भवेद्योगी विप्रो गुणधरः शुचिः ।
सूक्ष्मवायुधारणज्ञो जपेद् यौवनगे शवे ॥ ९२ ॥

उस पर न केवल वीरासन अपितु योनिमुद्रासनादि अथवा पद्मासन लगाकर वायु को

---

१. षोडशसंख्याकानि वर्षाणि इति षोडशवर्षाणि, मध्यमपदलोपिसमासः, तत्र भवं षोडशवर्षीयम् । गहादित्वाच्छप्रत्ययः ।

२. एतद्रणस्थम्—क० । ३. शूल—क० ।

धारण करते हुए जप करे । ऐसा करने से ब्राह्मण साधक गुणी, पवित्र और योगी बन जाता है। युवावस्था वाले शव पर जप करने से सूक्ष्म वायु के धारण का ज्ञान हो जाता है ॥ ९१-९२ ॥

शवसाधनकालेन[१] यद्यत् कर्म करोति हि ।
तत्कर्मसाधनादेव योगी स्यादमरो नरः ॥ ९३ ॥

आनन्दभैरवी[२] उवाच

कालक्रियादिकं ज्ञात्वा सूक्ष्मानिलनिधारणम् ।
साधको विचरेद्वीरो वीराचारविवेचकः ॥ ९४ ॥

शव साधन काल से लेकर साधक जो जो कर्म करता है उस कर्म की साधना से मनुष्य योगी तथा अमर हो जाता है ॥ ९३ ॥

आनन्दभैरवी ने पुनः कहा—काल-क्रिया का ज्ञानकर सूक्ष्म वायु धारण करना चाहिए। ऐसा वीराचार का विवेचन करने वाला वीर साधक भूमण्डल में विचरण करे ॥ ९४ ॥

शवादे[३] रणयातस्य क्रियामाहात्म्यमुत्तमम् ।
शृणु सङ्केतभाषाभिः शिवेन्द्रचन्द्रशेखर ॥ ९५ ॥
एकहस्तार्द्धमाने[४] तु भूम्यधोविधिमन्दिरे[५] ।
संस्थाप्य सुशवं नाथ मायादवगतः प्रभो ॥ ९६ ॥

अब हे शिवेन्द्र ! हे चन्द्रशेखर ! रण में मरे हुए शव की उत्तम क्रिया के माहात्म्य को सुनिए । पृथ्वी में डेढ़ हाथ नीचे खने हुए गढ्डे में विधिपूर्वक मन्दिर बनाकर उसमें शव स्थापन कर हे प्रभो ! माया मन में निम्न धारणा करे ॥ ९५-९६ ॥

एकाहं जगदाधारा आधारान्तर्गता सती ।
पतिहीना सूक्ष्मरूपादधरादिचराचरम् ॥ ९७ ॥
मदीयं साधकं पुण्यं धर्मकामार्थमोक्षगम् ।
प्रकरोमि[६] सदा रक्षां धात्रीरूपा सरस्वती ॥ ९८ ॥

आधार के अन्तर्गत रहने वाली जगत् की आधारभूता केवल मैं ही हूँ । मेरा कोई स्वामी नहीं है । यह सारा चराचर जगत सूक्ष्मरूप से मेरा ही है । मेरा साधक बहुत पुण्य वाला है । वह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का अधिकारी है । सरस्वती रूप से मैं उसकी धात्री बनकर रक्षा करती हूँ ॥ ९७-९८ ॥

केवलं तदभावेन[७] शम्भो योगपरायण ।
मग्ना संसारकरणात्त्वयि त्वञ्चाहमेव च ॥ ९९ ॥

---

१. वै—क० । २. इति श्रीरुद्रयामले विशतिपटलः समाप्तः—क० ।
३. रणघातस्य—क० । ४. हस्तोर्ध्व—क० ।
५. भूमेरधः स्थिते विधिमन्दिरे इत्यत्र षष्ठीतत्पुरुषः । विधिर्ब्रह्मा।
६. एकावामि—क० । ७. तवभावेन—क० ।

यद्यत्पदार्थनिकरे तिष्ठसि त्वं सदा मुदा।
तत्रैव संस्थिरा हृष्टा चाहमेव न संशयः ॥ १०० ॥

हे योगपरायण शम्भो ! केवल मेरा ज्ञान न होने से अपके द्वारा संसार बनाने के कारण लोग आप में मग्न हो जाते हैं, ऐसे जो आप हैं वही मैं भी हूँ। हे सदाशिव ! जिन पदार्थ समूहों में आप प्रसन्नता से निवास करते हो, उन-उन पदार्थों में प्रसन्नता पूर्वक मैं भी निवास करती हूँ, इसमें संशय नहीं ॥ ९९-१०० ॥

एतद्भावं त्वं करोषि कस्य हेतोस्तव प्रिया।
वामाङ्गे संस्थिरा नित्यं कामक्रोधविवर्जिता ॥ १०१ ॥

आनन्दभैरव उवाच

किं प्रयोजनमेवं हि शवादीनाञ्च साधनात्।
यदि ते श्रीपदाम्भोजमधून्मत्तो भवेद्यतिः ॥ १०२ ॥

आप भी यही भावना करते हो, इसी हेतु से मैं भी आपको प्यारी हूँ, और काम क्रोधादि दोषों से वर्जित रहकर नित्य आपके वामाङ्ग में स्थित रहती हूँ ॥ १०१ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे भद्रे ! शवादि के साधन से क्या प्रयोजन है ? साधक यदि तुम्हारे चरण कमलों के मधु को पीकर उन्मत्त बना रहे ॥ १०२ ॥

त्रैलोक्यपूजिते भीमे वाग्वादिनीस्वरूपिणी।
शवसाधनमात्रेण केन योगी भवेद्वद ॥ १०३ ॥
आनन्दरस [1]लावण्यमन्द हासमुखाम्बुजे।
योगी भजति योगार्थं केन तत्फलमावद ॥ १०४ ॥

हे त्रैलोक्यपूजिते ! हे भीमे ! हे वाग्वादनस्वरूपिणि ! किस प्रकार शव साधन मात्र से साधक योगी बन जाता है उसे कहिए। आनन्द रस के लावण्य से युक्त मुखाम्बुज से मन्द हास्य करने वाली हे देवी ! साधक लोग योग के लिए जब योगी होते हैं, फिर किस प्रकार शव साधन करते हैं उसका फल कहिए ॥ १०३-१०४ ॥

आनन्दभैरवी[2] उवाच

यदि शङ्कर भक्तोऽसि मम जापपरायणः।
तथापि शवभावेन शववत् शवसाधनम् ॥ १०५ ॥
रात्रियोगे प्रकर्त्तव्यं दिवसे न कदाचन।
शवे स्थिरो यो बभूव स भक्तो मे न संशयः ॥ १०६ ॥

आनन्द भैरवी ने कहा—हे शङ्कर ! यद्यपि आप मेरे भक्त हैं, मुझ शक्ति के जप में परायण हैं फिर भी शव भाव से शव के समान बनकर शव साधन करना चाहिए। शव

---

१. आनन्दरसलावण्यं च मन्दहासश्च मुखाम्बुजे यस्याः सा।
२. आनन्दभैरवी—क०।

साधन रात्रि में ही करे । दिन में कदापि न करे जो शव पर स्थिर रह गया वह मेरा भक्त है इसमें संशय नहीं ॥ १०५-१०६ ॥

> मे [१]शवाकृतिमद्द्रव्यं मम तुष्टिनिबन्धनम् ।
> ममाज्ञापालने योग्यः कुर्याद् वीरः शवासनम् ॥ १०७ ॥
> यद्यहं तत्र गच्छामि तदैव स शिवो भवेत् ।
> निःशेषत्यागमात्रेण शवत्वं प्रलयं तनोः ॥ १०८ ॥

शव के समान आकृति वाली वस्तु सदैव मेरे संतुष्टि का साधन है । मेरी आज्ञा पालन की योग्यता रखने वाला वीर साधक शव साधन करे । मैं जिस समय उसके पास जाती हूँ, उसी समय वह शिव स्वरूप बन जाता है । शरीर का सब कुछ त्याग देने पर अथवा प्रलय कर देने पर शवत्व प्राप्त होता है ॥ १०७-१०८ ॥

> यः करोति भावराशिं मयि देव्यां महेश्वर ।
> त्रैलोक्यपूजितायां तु स शिवः शवमाश्रयेत् ॥ १०९ ॥
> अधिकारी [२] तु भक्तस्य पालनं [३]परपृष्ठतः ।
> करोमि कामिनीनाथ सन्देहो नात्र भूतले [४] ॥ ११० ॥

हे महेश्वर ! त्रैलोक्य पूजित मुझ देवी में जो साधक अपनी समस्त भावराशि समर्पित कर देता है और शव का आश्रय ले लेता है, वह शिव है । हे कामिनी नाथ ! मैं पृथ्वी पर भक्त पर अधिकार रखती हूँ और शव की पीठ से उसका पालन करती हूँ इसमें संदेह नहीं ॥ १०९-११० ॥

> यदाहं त्यज्यते गात्रं पशूनां मारणाय च ।
> तदैते च मृताः सर्वे [५]जीवन्ते केन हेतुना ॥ १११ ॥
> तदाहुतिमहाद्रव्यं [६] शवेन्द्रं रणहानिगम् ।
> आनीय साधयेद्यस्तु स स्थिरो मे सुभक्तिगः ॥ ११२ ॥

पशुमारण के लिए जब शरीर उपस्थित किया जाता है तभी वह अहङ्कार त्याग देता है । इसी प्रकार सभी मरे हुए अपना अहङ्कार त्याग देते हैं वे किस हेतु के बल पर जीवित रहें । रण में प्राण त्याग करने वाला शवेन्द्र हमारी आहुति का महान् द्रव्य है । अतः उसको लाकर जो साधक उससे साधन करता है वह स्थिर रूप से मेरी भक्ति का अधिकारी हो जाता है ॥ १११-११२ ॥

> सदा क्रोधी भवेद्यस्तु स क्रूरो नात्र संशयः ।
> स कथं [७]वीररात्रौ च साधयेद् विह्वलः शवम् ॥ ११३ ॥
> भयविह्वलचेता यः स क्रोधी नात्र संशयः ।

---

१. मे शवा इति सद्द्रव्यम्—क० ।　२. अधिकालाय भक्तस्य—क० ।
३. शव—क० ।　४. नात्र विद्यते इति—क० ।
५. केवलाकृतिहेतुना—क० ।　६. तदाकृति—क० ।　७. घोररात्रौ—क० ।

नास्ति क्रोधसमं पापं पापात् क्षिप्तो भवेत् शवे ॥ ११४ ॥

जो सर्वदा क्रोध करता है वही क्रूर है इसमें संशय नहीं । ऐसा विह्वल (क्रूर) वीर साधक रात्रि में किस प्रकार शव साधन करने में समर्थ हो सकता है ? । जिसका चित्त भय से विह्वल है वहीं क्रोधी है इसमें संशय नहीं । क्रोध के समान कोई पाप नहीं है अतः पाप से शव साधन करने वाला साधक विक्षिप्त हो जाता है ॥ ११३-११४ ॥

यो भक्तः पापनिर्मुक्तः सिद्धरूपी निराश्रयः ।
विवेकी ध्याननिष्ठश्च स्थिरः संसाधयेत् शवम् ॥ ११५ ॥
यावत्कालं स्थिरचित्तं न प्राप्नोति जितेन्द्रियः ।
तावत्कालं नापि कुर्यात् शवेन्द्रस्यापि साधनम् ॥ ११६ ॥

शवसाधना के अधिकारी—जो भक्त पाप से निर्मुक्त है और किसी (क्रोधादि) का आश्रय नहीं लेता वह सिद्ध का स्वरूप है, विवेकी है और ध्यान निष्ठ है । अतः स्थिर रहने के कारण वह शव साधन का अधिकारी है । जब तक चित्त स्थिर न हो जब तक इन्द्रियाँ अपने वश में न हों तब तक शवेन्द्र का साधन कदापि नहीं करना चाहिए ॥ ११५-११६ ॥

शवमानीय तद्द्वारे तेनैव परिखन्य च ।
तद्दिनात्तद्दिनं यावत् यद्बद्ध्वा[1] व्याप्य साधयेत् ॥ ११७ ॥
एवं कृत्वा हविष्याशी महाविद्यादिसाधनम् ।
जितेन्द्रियो मुदा कुर्याद् अष्टाङ्गसाधनेन च ॥ ११८ ॥

साधक उस शव को द्वार पर ले आवे, उसे खन कर पृथ्वी में गाड़ देवे, फिर उसी से उस दिन से आरम्भ कर उसी दिन पर्यन्त अर्थात् संवत्सर पर्यन्त साधना करनी चाहिए । इस प्रकार जितेन्द्रिय होकर हविष्यान्न भोजन करते हुए प्रसन्नता के साथ अष्टाङ्ग साधन द्वारा महाविद्या की साधना करे ॥ ११७-११८ ॥

शवसाधनाफलश्रुतिकथनम्

तदष्टाङ्गफलं ह्येतत् यत्कृत्वा सिद्धिभाग् भवेत् ।
नाडीमुद्राभेदकञ्च कुलाचारफलान्वितम् ॥ ११९ ॥
अष्टाङ्गसाधनादेव सिद्धरूपो महीतले ।
पश्चादन्य[2]स्वर्गगामी भवेन्न भूतलं बिना ॥ १२० ॥

शवसाधन की फलश्रुति—अष्टाङ्ग साधन योग की साधना का यही फल है कि साधक सिद्धि का सत्पात्र हो जावे । अष्टाङ्ग साधना से कुलाचार के फल से संयुक्त नाडी भेद तथा मुद्रा भेद का ज्ञान हो जाता है । इसी पृथ्वी पर साधक सिद्ध हो जाता है । इसके पश्चात् वह भूलोक को छोड़कर स्वर्गगामी हो जाता है ॥ ११९-१२० ॥

---

१. वत्सरं व्याप्य साधयेत्—क० । बद्ध्वा इति पाठे बन्धनार्थकबन्धधातोः क्त्वाप्रत्ययः । अनिदितामिति नलोपः । २. शून्य—क० ।

आदौ भूतलसिद्धिः[१] स्याद्भुवोलोकस्य सिद्धिभाक् ।
जनलोकस्य[२] सिद्धीशस्तपोलोकस्य सिद्धिभाक् ॥ १२१ ॥
सत्यलोकस्य सिद्धीशः पश्चाद् भवति साधकः ।
एवं क्रमेण सिद्धिः स्यात् स्वर्गादीनां महेश्वर ॥ १२२ ॥

प्रथम भूलोक में सिद्धि, फिर भुवर्लोक में सिद्धि, फिर जनलोक में सिद्धि, फिर तपोलोक में वह सिद्धि का पात्र बन जाता है । इसके बाद वही साधक सत्यलोक में सिद्धेश्वर हो जाता है । हे महेश्वर ! इसी प्रकार स्वर्गादि लोकों में वह साधक सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १२१-१२२ ॥

अष्टाङ्गसाधनार्थाय देवा भवन्ति भूतले ।
भूतले सिद्धिमाहृत्य गच्छन्ति ब्रह्ममन्दिरे ॥ १२३ ॥
क्रमेणैवं विलीनास्ते अतो भूतलसाधनम् ।

शवसाधकस्य विधिनिषेध—कथनम्

भूतले शवमास्थाय ब्रह्मचारी दिवा शुचिः ॥ १२४ ॥

इस अष्टाङ्ग योग की सिद्धि के लिए देवता भी पृथ्वी तल पर अवतार लेते हैं फिर भूतल में सिद्धि प्राप्त कर वे ब्रह्मलोक चले जाते हैं । इस प्रकार क्रमशः वे ब्रह्मलोक में विलीन हो जाते है । अतः भूतल ही भूतलसाधन के लिए श्रेष्ठ है । साधक दिन में ब्रह्मचारी और पवित्र रहे ॥ १२३-१२४ ॥

निशायां पञ्चतत्त्वेन दिवसेऽष्टाङ्गसाधनम् ।
जितेन्द्रियो [३]निर्विकारो वित्तवानपरो नरः ॥ १२५ ॥
शवं संसाधयेद्धीरश्चिन्तालस्यविवर्जितः ।
चिन्ताभिर्जायते लोभो लोभात् कामः प्रपद्यते ॥ १२६ ॥
कामाद्भवति सम्मोहो मोहादालस्य सञ्चयः ।
आलस्यदोषजालेन निद्रा भवति तत्क्षणात्[४] ॥ १२७ ॥

रात्रि के समय शव पर बैठकर पञ्चतत्त्व की साधना करे और दिन में अष्टाङ्ग योग करे । जितेन्द्रिय एवं विकाररहित पुरुष चाहे वह धनवान् हो चाहे दरिद्र हो धीर होकर चिन्ता आलस्य का त्याग कर शव सिद्धि करे । चिन्ता से लोभ, लोभ से काम उत्पन्न होता है । काम से मोह, मोह से आलस्य का सञ्चय होता है, आलस्य दोष समूहों से सद्यः तत्क्षण निद्रा उत्पन्न होती है ॥ १२५-१२७ ॥

महानिद्राविपाकेन मृत्युर्भवति निश्चितम् ।
अपक्षनिद्राभङ्गेन[५] क्रोधो भवति निश्चितम् ॥ १२८ ॥

---

१. भुवोलोकस्य—क० ।
२. पश्चात् स्वरलोकसिद्धिः स्यात् महालोकस्य सिद्धिभाक्—क० ।
३. वित्तध्यानपरो—क० । ४. स चासौ क्षणश्चेति कर्मधारयसमासः ।
५. अपक्व—क० ।

तत्क्रोधाच्चित्तविकलो विकलात् श्वासवर्द्धनः।
वृथायुः क्षयमाप्नोति विस्तरे श्वाससंक्षये ॥ १२९ ॥
बलबुद्धिक्षयं याति बुद्धिहीनो जडात्मकः ।
जडभावेन मन्त्राणां जपहीनो भवेन्नरः ॥ १३० ॥
जपहीने[१] श्वासनाशः श्वासनाशे तनुक्षयम् ।
अतस्तनुं समाश्रित्य जपनिष्ठो भवेत् शुचिः ॥ १३१ ॥

महानिद्रा के परिणाम स्वरूप निश्चित रूप में मृत्यु होती है । असमय में निद्रा भङ्ग होने से निश्चित रूप से क्रोध उत्पन्न होता हैं । क्रोध से चित्त विकल होता है, चित्त विकल होने से श्वास की वृद्धि होती है, फिर जो अधिक श्वास के संक्षय होते ही आयु का क्षय होने लगता है ॥ १२८-१२९ ॥

श्वास की अधिकता से बल एवं बुद्धि का क्षय होने लगता है । बुद्धि के नष्ट होने से जड़ता आती है । जड़ता से मन्त्र का जप नहीं हो पाता । जपहीन होने से श्वास का नाश और श्वसन प्रश्वसन का नाश होने पर मृत्यु होती है । इसलिए शरीर की रक्षा करते हुए पवित्रता पूर्वक जप करना चाहिए ॥ १३०-१३१ ॥

अष्टाङ्गधारणेनैव सिद्धो भवति नान्यथा ।
अष्टाङ्गलक्षणं वक्ष्ये साक्षात् सिद्धिकरं परम् ॥ १३२ ॥
जन्मकोटिसहस्राणां फलेन कुरुते नरः ।
यमेन लभ्यते ज्ञानं ज्ञानात् कुलपतिर्भवेत् ॥ १३३ ॥

अष्टाङ्गयोग निरूपण—मनुष्य अष्टाङ्ग योग से ही सिद्ध होता है । सिद्ध होने का और कोई दूसरा उपाय नहीं है । अब साक्षात् सिद्धि देने वाले अष्टाङ्ग योग के विषय में कहती हूँ । मनुष्य करोड़ों जन्म के पुण्य के फल से अष्टाङ्ग योग में प्रवृत्त होता है अष्टाङ्ग योग के प्रथम सोपानभूत यम से ज्ञान उत्पन्न होता है । ज्ञान से कुलपति बनता है ॥ १३२-१३३ ॥

यो योगेशः स कुलेशः शिशुभावस्थनिर्मलः ।
नियमेन भवेत् पूजा पूजया लभते शिवम् ॥ १३४ ॥
यत्र कल्याण[२] सम्पूर्णा सम्पूर्णः शुचिरुच्यते ।
आसनेन दीर्घजीवी रोगशोकविवर्जितः ॥ १३५ ॥

वही कुलेश्वर योगेश्वर बनता है, जो शिशुभावापन्न होकर सर्वथा निर्मल रहता है । द्वितीय सोपानभूत **नियम** का फल यह है कि नियम से ठीक प्रकार से पूजा होती है और पूजा से कल्याण होता है । **जहां पूर्ण रुप से कल्याण होता है वहां संपूर्ण शुचिता होती है । आसन** का यह फल है कि आसन से दीर्घ जीवन प्राप्त होता है । रोग और शोक सन्निकट नहीं आते ॥ १३४-१३५ ॥

---

१. बलहीने—क० ।

२. यत्र कन्या न सम्पूर्णः सम्पूर्णः शुचिरुच्यते—ख० ।

ग्रन्थिभेदनमात्रेण साधकः शीतलो भवेत् ।
प्राणायामेन शुद्धः स्यात् प्राणवायुवशेन च ॥ १३६ ॥
वशी भवति देवेश आत्मारामेऽपि[1] लीयते ।
प्रत्याहारेण चित्तं तु चञ्चलं कामनाप्रियम् ॥ १३७ ॥
तत्कामनाविनाशाय स्थापयेत् पदपङ्कजे ।
धारणेन वायुसिद्धिरष्ट[2]सिद्धिस्ततः परम् ॥ १३८ ॥

साधक जब नाड़ियों की ग्रन्थि तोड़ देता है तो वह शीतल हो जाता है । चतुर्थ सोपानभूत **प्राणायाम** से प्राणवायु को वश में कर लेने से वह शुद्ध हो जाता है । हे देवेश ! वह जितेन्द्रिय हो जाता है और आत्माराम होकर आत्मा में रमण करता है । चित्त स्वभावतः चञ्चल और कामना चाहता रहता है ॥ १३६-१३७ ॥

अतः उस काम के विनाश के लिए **प्रत्याहार** द्वारा भगवत्पादपङ्कज में चित्त को स्थापित करें । षष्ठ सोपानभूत **धारणा** से वायुसिद्धि, फिर वायुसिद्धि से अष्टसिद्धि प्राप्त होती है ॥ १३८ ॥

अणिमासिद्धिमाप्नोति अणुरूपेण वायुना ।
ध्यानेन लभते मोक्षं मोक्षेण लभते सुखम् ॥ १३९ ॥
सुखेनानन्दवृद्धिः स्यादानन्दो ब्रह्मविग्रहः ।
समाधिना महाज्ञानी सूर्याचन्द्रमसोर्गतिः ॥ १४० ॥

इतना ही नहीं, अणुरूप वायु से अष्टसिद्धियाँ प्राप्त होती हैं । सप्तम सोपान **ध्यान** से मोक्ष प्राप्ति होती है । मोक्ष से सुख प्राप्त होता है । सुख से आनन्द की वृद्धि होती है और आनन्द साक्षात् ब्रह्म का स्वरूप हैं । अष्टम सोपान **समाधि** से महा ज्ञानी होता है । सूर्य तथा चन्द्रमा तक समाधि के बल से जा सकता है ॥ १३९-१४० ॥

महाशून्ये लयस्थाने श्रीपदानन्दसागरः ।
तत्तरङ्गे मनो दत्त्वा परमार्थविनिर्मले ॥ १४१ ॥
श्रीपादमूर्तिमाकल्प्य ध्यायेत् कोटिरवीन्दुवत् ।
श्रीमूर्तिं कोटिचपलां समुज्ज्वलां सुनिर्मलाम् ॥ १४२ ॥

महाशून्य में जहाँ लय का स्थान है वहाँ महाश्री के चरणों में आनन्द का सागर प्रवाहित होता है, उस परमार्थ विनिर्मल आनन्द सागर की तरंगों में मन को स्थापित करना चाहिए । करोड़ों सूर्य एवं चन्द्रमा के समान प्रकाशमान् भगवती महाश्री के पादारविन्द की कल्पना करे तथा करोड़ों विद्युत के समान प्रभा से उज्ज्वल शुभ्र श्री मूर्ति की भी कल्पना करे ॥ १४१-१४२ ॥

ध्यायेद्योगी सहस्रारे कोटिसूर्येन्दुमन्दिराम् ॥ १४३ ॥

---

१. आत्मारामोऽपि—क० ।

२. रिष्टसिद्धि—क० ।—अष्टसंख्याका सिद्धिरष्टसिद्धिः, मध्यमपदलोपिसमासः ।

श्रीविद्यामतिसुन्दरीं त्रिजगतामानन्दपुञ्जेश्वरीं
कोट्यर्कायुत तेजसि प्रियकरीं योगादरीं शाङ्करीम् ।
तां मालां स्थिरचञ्चलां गुरुघनां[१] व्यालाचलां केवलां
ध्यायेत्[२] सूक्ष्मसमाधिना स्थिरमतिः सश्रीपतिर्गच्छति ॥ १४४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते योगविद्याप्रकरणे मन्त्रसिद्धिशक्त्युपाये भैरवीभैरवसंवादे चतुर्विंशः पटलः ॥ २४ ॥

— ❖ —

योगी को सहस्रार चक्र में रहने वाली करोड़ों सूर्य तथा चन्द्रमा के समान मन्दिर में रहने वाली भगवती महा श्रीविद्या की मूर्ति का ध्यान करना चाहिए । श्रीविद्या अत्यन्त सुन्दरी हैं और तीनों जगत् के आनन्द पुञ्ज की स्वामिनी हैं । वह करोड़ों अयुत सूर्य तेज में निवास करती हैं । स्वामिनी सब का प्रिय करती हैं योग का आदर करने वाली हैं और शङ्कर वल्लभा हैं । ऐसी स्थिर तथा चञ्चल रहने वाली, महाविद्या का स्थिर चित्त से समाधि द्वारा ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार ध्यान करने वाला साधक श्रीपति श्रीविद्या को प्राप्त कर लेता है ॥ १४३-१४४ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावनिर्णय में पाशवकल्प में षट्चक्रसारसङ्केत में योगविद्याप्रकरण में मन्त्रसिद्धि के उपाय कथन में भैरवी-भैरव संवाद में चौबीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २४ ॥

— ❖ —

---

१. व्यालोचनाय—क० ।
२. यः सुसमाधिना—क० ।

अथ पञ्चविंशः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते रहस्यं मे तत्त्वावधानपूर्वकम् ।
यद् यज्ज्ञात्वा महायोगी प्रविशत्यनलाम्बुजे ॥ १ ॥
यदि स्नेहदृष्टिरस्ति मम ब्रह्मनिरूपणम् ।
योगसारं तत्त्वपथं निर्मलं वद योगिने ॥ २ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे कान्ते ! निश्चयपूर्वक तत्त्वों के रहस्यों को कहिए, जिसे जानकर महायोगी वायुरूप में पद्म में प्रवेश करता है । यदि मुझमें आपका स्नेह है, तो योग का सारभूत तत्त्व का प्रदर्शक सर्वथा निर्मलब्रह्म निरूपण मुझ योगी के लिए कहिए ॥ १-२ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु प्राणेश वक्ष्यामि योगनाथ क्रियागुरो ।
योगाङ्गं योगिनामिष्टं तत्त्वब्रह्मनिरूपणम् ॥ ३ ॥
एतत्[1] सृष्टिप्रकारञ्च प्रपालनविधिं तथा ।
असंख्यसृष्टिसंहारं वदामि तत्त्वतः शृणु ॥ ४ ॥

सूक्ष्मसृष्टिस्थितिसंहारकथनम्

त्वमेव संहारकरो[2] वरप्रियः प्रधानमेषु त्रितयेषु शङ्कर ।
संहारभावं मलभूतिनाशनं[3]प्रधानमाद्यस्य जगत्प्रपालनम् ॥ ५ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे योगनाथ ! हे क्रियागुरो ! हे प्राणेश ! योगिजनों के लिए इष्टसाधनभूत योग का अङ्गतत्त्व ब्रह्म निरूपण कहती हूँ, सुनिए । इस जगत् की सृष्टि का प्रकार, उसके प्रकृष्ट रूप से पालन का विधान तथा इस असंख्य सृष्टि का संहार तत्त्वतः कहती हूँ, इसे सुनिए ॥ ३-४ ॥

हे शङ्कर ! सृष्टि, पालन और संहार इन तीनों के क्रम में आप ही संहार करने वाले वरदाता तथा प्रधान हैं । त्रिलोक के मलभूत विभूतियों का विनाश ही संहार का लक्षण है । इसके बाद जगत् का पालन प्रधान है ॥ ५ ॥

तत्राधनं[4] मेरुभुजङ्गमङ्गं सृष्टिप्रकारं खलु तत्र मध्यमम् ।
तत्पालनञ्चेति[5] मयैव राज्ये संहाररूपं प्रकृतेर्गुणार्थकम् ॥ ६ ॥

---

१. तत्र दृष्टिप्रकारञ्च—क० । २. कलेवरप्रियः—क० ।
३. भवभूतिनाशनात्—क० । जननाशनात् सदा—इति जीव० पाठः ।
४. तत्राधमम्—क० । ५. तत्पालनं चोक्तमेव बाह्ये—क० ।

एतत्त्रयं नाथ भयादिकारणं तन्नाशनाम्ने[1] प्रणवं गुणात्मकम् ।
त्रयं गुणातीतमनन्तमक्षरं सम्भाव्य योगी भवतीह साधकः ॥ ७ ॥

मेरु के समान अङ्ग को भुजङ्ग के समान रखना यह सृष्टि का प्रकार अधम है । उसका पालन करना मध्यम है प्रकृति के गुणों के अर्थ को बाहर कर देना 'संहार' है ॥ ६ ॥

हे नाथ ! सृष्टि, पालन और संहार ये तीनों ही योगयों के लिए भयप्रद हैं इसके नाश हो जाने पर गुणात्मक प्रणव ही शेष रहता है । यह तीन अक्षरों वाला प्रणव गुणातीत है, अनन्त है और अक्षर है । अतः उस प्रणव का ध्यान करने से योगी सच्चा साधक बन जाता है ॥ ७ ॥

अव्यक्तरूपात् प्रणवाद्धि सृष्टिस्तल्लीयते व्यक्ततनोः समासा ।
सूक्ष्माद्यकारात् प्रतिभान्ति खे सदा प्रणश्यति स्थूलकलान्निरक्षरात् ॥ ८ ॥

अव्यक्त रूप प्रणव से ही सृष्टि होती है उस प्रणव के व्यक्त आकार होने पर सृष्टि संक्षिप्त होकर उसी में लीन हो जाती है । आदि में रहने वाले 'अ उ म' ये तीनों अक्षर आकाश में सर्वदा भासित होते हैं, निरक्षर स्थूल कला से वह 'ॐ' नष्ट हो जाता है ॥ ८ ॥

अतीव चित्रं जगतां विचित्रं नित्यं चरित्रं कथितुं न शक्यते ।
हंसाश्रितास्ते भववासिनो जना ज्ञात्वा न देहस्थमुपाश्रयन्ते ॥ ९ ॥

जगत् के इस विचित्र नित्य चरित्र का वर्णन करना अशक्य है । संसारी मनुष्य इस हंस मन्त्र का आश्रय ले लेने पर पुनः देहबन्धन के झञ्झट में नहीं पड़ते ॥ ९ ॥

देहाधिकारी प्रणवादिदेव मायाश्रितो निद्रित एष[2] कालः ।
प्रलीयते दीर्घपथे च काले तदा प्रणश्यन्ति जगत् स्थिता जनाः ॥ १० ॥
कालो[3] जगद्भक्षक ईशवेशो तरी तु जीर्णा पतिहीनदीना ।
स एव मृत्युर्विहितं चराचरं प्रभुञ्जति श्रीरहितं पलायनम् ॥ ११ ॥
पञ्चेन्दुतत्त्वेन महेन्द्रसृष्टिः प्रतिष्ठिता यज्ञविधानहेतुना ।
सदैव यज्ञं कुरुते भवार्णवे निःसृष्टिकाले वरयज्ञसाधनम् ॥ १२ ॥

प्रणव रूप ये आदिदेव ही इस देह के अधिकारी हैं, जब देहधारी जीव माया का आश्रय ले लेता है तब वह काल उसके निद्रा का काल कहा जाता है । जब जीव इस दीर्घमार्ग वाले (माया रूप) काल में अपने को लीन कर लेता है तब उसके लिए जगत् में स्थित समस्त जन लीन हो जाते हैं । जब 'आप डूबे तो जग डूबा' ईश्वर रूप धारण करने वाला यह काल जगत् का भक्षक हो जाता है । स्वामी विहीन मेरी जीर्ण नाव दीन हीन है और वही चराचर जगत् का मृत्यु है । श्री से हीन, अहितकारी एवं भगने वाले को वह माया खा जाती है ॥ ११ ॥

यज्ञों के विधान के लिए महेन्द्र से लेकर मनुष्य पर्यन्त यह सारी सृष्टि पञ्च शून्य तत्त्व से रची गई है । योगी जन इस संसार सागर में नित्य यज्ञ करते रहते हैं, क्योंकि निःसृष्टि काल में यज्ञ ही उत्तम साधन कहा गया है ॥ १२ ॥

---

१. तन्नाशनाशे—क० । २. एव—क० ।
३. कालो जगद्भक्षक ईशरोषात् विस्तीर्णगात्रो गतिहीनमीनः—कः । अयमेव पाठो युक्तः ।

हिताहितं तत्र महार्णवे भयं विलोक्य लोका भयविह्वला: सदा ।
विशन्ति ते कुत्सितमार्गमण्डले अतो महानारकिबुद्धिहीना: ॥ १३ ॥
मायामये धर्मकुलानले भवे लीनो हरेर्याति[1] पथानुसारी।
म्रियेत कालानलतुल्यमृत्युना कथं तु योगी कथमेव साधक: ॥ १४ ॥

इस संसार रूप समुद्र में हित और अहित दोनों ही महाभय हैं, फिर भी लोक में अभय होने के लिए व्याकुल वे जन इसी भय को देखकर लोग भयविह्वल हो जाते हैं और कुत्सित मार्ग मण्डल में प्रवेश करते हैं । ऐसे लोग महानारकी एवं बुद्धिहीन हैं ॥ १३ ॥

यह संसार मायामय है । मानव अधर्म समूह रूप अग्नियों से घिरा हुआ है, ऐसा सोचकर जो भगवत्प्राप्ति के पथ से जाकर उसमें लीन हो जाता है, वही श्रेष्ठ है । किन्तु जो कालाग्नि के समान मृत्यु से मर जाता है, भला वह किस प्रकार योगी हो सकता है तथा किस प्रकार साधक हो सकता है ॥ १४ ॥

य: साधक: प्रेम-कलासुभक्त्या स एव मूर्खो यदि याति संसृतौ ।
संसारहीन: प्रियचारुकाल्या: सिद्धो भवेत् कामदचक्रवर्ती ॥ १५ ॥
वसेन्न सिद्धो गृहीणीसमृद्ध्यां महाविपद्दु:खविशोषिकायाम् ।
यदीह काले प्रकरोति वासनां तदा भवेन्मृत्युरतीव निश्चितम् ॥ १६ ॥

जो साधक प्रेम कला सुभक्ति के होते हुए भी इस संसृति में भटकता है वही मूर्ख है किन्तु जो संसार की वासना से हीन है, अत्यन्त सुन्दरी महाकाली का प्रेमी है, वही कामद चक्रवर्ती साधक सिद्ध होता है ॥ १५ ॥

सिद्ध साधक को कभी भी गृहिणी की समृद्धि में निवास नहीं करना चाहिये क्योंकि वह समृद्धि महाविपत्ति दु:ख तथा शरीर का शोषण करने वाली है । यदि इस संसार में गृहिणी विषयक कामना हुई तो मृत्यु भी निश्चित है ॥ १६ ॥

कृपावलोक्यं वदनारविन्दं तदैव हे नाथ ममैव चेद्यदि ।
सदैव य: साधुगणाश्रितो नरो ध्यात्वा निगूढमतिभागगद्वत:[2] ॥ १७ ॥
स एव साधु: प्रकृतेर्गुणाश्रित: कृती वशी वेदपुराणवक्ता[3] ।
सत्त्वं महाकाल इतीह चाहं प्रणिश्चयं ते कथितं श्रिये मया ॥ १८ ॥

हे नाथ ! यदि साधक का मुखारविन्द मेरी कृपा के अवलोकन का पात्र बना, तो वह सदैव सज्जनों का समाश्रित हो जाता है और मेरा ध्यान कर गुप्त रहस्य में मतिमान् हो जाता है ॥ १७ ॥

वही साधु है, प्रकृति के गुणों से आश्रित, कृती, वशी और पुराण वक्ता है । हे महाकाल ! मैं सत्त्वगुण स्वरूपा हूँ । मैने श्रीप्राप्ति के लिए यहाँ पर यह सब आप से कहा ॥ १८ ॥

---

१. यतो वेदपथानुसारी—क० ।

२. अतिभावलग्न:—क० ।

३. वेदानां पुराणानां च वक्ता, षष्ठीतत्पुरुष:, तृजकाभ्यामित्यस्यानित्यत्वात् । वक्तेत्यस्य तृन्नन्तपक्षे गम्यादीनामिति द्वितीयाघटित: समास: ।

गुणेन भक्तेन्द्रगणाधिकानां साक्षात् फलं योगजपाख्यसङ्गतिम् ।
अष्टाङ्गभेदेन शृणुष्व कामप्रेमाय भावाय जयाय[1] वक्ष्ये ॥ १९ ॥
मायादिकं यः प्रथमं वशं नयेत् स एव योगी जगतां प्रतिष्ठितः ।
रविप्रकारं यमवासनावशे शृणुष्व तं कालवशार्थकेवलम् ॥ २० ॥

भक्तेन्द्र गुणों में सब से श्रेष्ठ होने वाला फल योगजय की सङ्गति है । अब उस योग के अष्टाङ्ग भेद से होने वाले फलों को सुनिए । यह काम प्रेम के लिए, भावना के लिए तथा जय के लिए कहती हूँ ॥ १९ ॥

जो इस जगत् में रह कर सर्वप्रथम माया को अपने वश में कर लेता है, वही योगी प्रतिष्ठा का पात्र है । निम्नलिखित १२ प्रकार के यम से (द्र० २५. २३-२५) माया को अपने वश में करना चाहिए । अब उन यमों का समय आने पर केवल श्रवण करना चाहिए ॥ २० ॥

सर्वत्र कामादिकमाशु जित्वा जेतुं समर्थो यमकर्मसाधकः ।
कामं तथा क्रोधमतीव लोभं मोहं मदं मात्सरितं[2] सुदुष्टकृतम् ॥ २१ ॥
अतो मया द्वादश शब्द घातकं वशं समाकृत्य महेन्द्रतुल्यम् ।
सर्वत्र वायोर्वशकारणाय करोति योगी सचलान्यथा भवेत् ॥ २२ ॥

यम क्रिया को सिद्ध करने वाला साधक ही कामादि दोषों को अपने वश में कर माया पर विजय प्राप्त कर सकता है । काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद (अहङ्कार), मत्सरादि—ये सभी बड़े दुर्घट पाप हैं ॥ २१ ॥

इनको विनष्ट करने वाला द्वादश प्रकार का यम ही है । ये इन्द्र के समान बलवान् है, अतः इन्हे अपने वश में करे । शरीर में सर्वनाम वायु को वश में करने के लिए यम का अनुष्ठान अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा योगी अस्थिर हो जाता है ॥ २२ ॥

अहिंसनं सत्यसुवाक्यसुप्रियमस्तेयभावं कुरुते वसिष्ठवत् ।
सुब्रह्मचर्यं सुदृढार्ज्जवं सदा क्षमाधृतिं सेवसुसूक्ष्मवायुनः ॥ २३ ॥
तथा मिताहारमसंशयं मनः शौचं प्रपञ्चार्थविवर्जनं प्रभो ।
करोति यः साधकचक्रवर्ती वाद्योत्सवाज्ञानविवर्जनं[3] सदा ॥ २४ ॥

प्रथम यम अहिंसा है, दूसरा सत्य और प्रिय वाक्य है, तीसरा अस्तेय 'अदत्तानामुपादानम्' है । साधक को इन्हें वशिष्ठ के समान संयम करना चाहिए । चौथा ब्रह्मचर्य, पाँचवा अत्यन्त ऋजुता, छठवाँ क्षमा, सातवाँ धैर्य, आठवाँ सुसूक्ष्मवायु की सेवा (प्राणायाम), नवाँ मिताहार का सेवन, दसवाँ मन में किसी प्रकार का संशय न आने देना, ग्यारहवाँ शौच, बारहवाँ प्रपञ्चार्थ का विवर्जन—ये द्वादश संख्या वाले यम हैं । जो इनका अनुष्ठान करता है, वह साधक चक्रवर्ती है । इसके अतिरिक्त उस साधक को वाद्य, उत्सव तथा अज्ञान का त्याग करना चाहिए ॥ २३-२४ ॥

---

१. यमाय—क० । २. त्वहङ्कृतम्—क० ।
३. बाह्योत्सवम्—क० ।

वशी यमद्वादशसंख्ययेति करोति चाष्टाङ्गफलार्थसाधनम् ।
वरानना श्रीचरणारविन्दं [१]सत्त्वादशाच्छन्नत्रिनेत्रगोचरम् ॥ २५ ॥
तपश्च सन्तोषमनस्थिरं सदा आस्तिक्यमेवं द्विजदानपूजनम् ।
नितान्तदेवार्चनमेव भक्त्या सिद्धान्तशुद्धश्रवणं च ह्रीर्मतिः ॥ २६ ॥
जपोहुतं तर्पणमेव सेवनं तद्भावनं चेष्टनमेव नित्यम् ।
इतीह शास्त्रे नियमाश्चतुर्दशा भक्तिक्रियामङ्गलसूचनानि ॥ २७ ॥

जितेन्द्रिय साधक को योग के अष्टाङ्ग के फल की प्राप्ति के लिए उसके साधन भूत १२ यमों का अभ्यास करना चाहिए । ऐसा करने से वरानना महाश्री के चरणारविन्द उसके नेत्र के सामने प्रकट हो जाते हैं ॥ २५ ॥

१. तप, २. संतोष, ३. मन की स्थिरता, ४. आस्तिक्य, ५. द्विजदम्पती की पूजा, ६. मन लगाकर देवार्चन, ७. भक्तिपूर्वक शुद्ध सिद्धान्त का श्रवण, ८. लज्जा, ९. बुद्धि, १०. जप, ११. होम, १२. तर्पण, १३. भगवान् की सेवा और १४. भावनापूर्वक चेष्टा—ये १४ नियम हैं, जो शास्त्र प्रतिपादित हैं और भक्ति, क्रिया तथा मङ्गल के सूचक हैं ॥ २६-२७ ॥

पूर्वोक्तयोन्यासनमेव सत्यं भेकासनं बद्धमहोत्पलासनम् ।
वीरासनं भद्रसुभकासनं [२] च पूर्वोक्तमेवासनमाशु कुर्यात् ॥ २८ ॥
सर्वाणि तन्त्राणि कृतानि नाथ सूक्ष्माणि [३] नालं वशहेतुना मया ।
तथापि मूढो यदि वायुपान[४]माहृत्य योनौ भ्रमतीह पातकी ॥ २९ ॥

पूर्व में कहा गया योन्यासन भेंकासन, बद्धपद्मासन, वीरासन, भद्रासन, सुभकासन तथा अन्य पूर्वोक्त आसनों को करना चाहिए । हे नाथ ! मैंने सभी सूक्ष्म तन्त्रों का निर्माण किया, किन्तु कोई भी मन को वश में करने के लिए समर्थ नहीं है, फिर भी मूर्ख व पापी वह है जो वायु पान को छोड़कर ८४ लक्ष योनियों में भटकता रहता है ॥ २८-२९ ॥

प्राणानिलानन्दवशेन मत्तो गजेन्द्रगामी [५] पुरुषोत्तमं [६] स्मृतम् ।
तस्यैव [७] सेवानिपुणो भवेद्वशी ब्रह्माण्डलोकं परिपाति यो बली ॥ ३० ॥
वदामि देवादिसुरेश्वर प्रभो सूक्ष्मानिलं प्राणवशेन धारयेत् ।
सिद्धो भवेत् साधकचक्रवर्ती सर्वान्तरस्थं परिपश्यति प्रभुम् ॥ ३१ ॥

जो प्राण वायु के आनन्द के वश में हो कर मस्ती में गजेन्द्र के समान चलता है वही पुरुषोत्तम है । ब्रह्माण्ड लोक का परिपालन करने वाला, महाबलवान् वशी परमात्मा उसी की सेवा सर्वोत्तम मानता है ॥ ३०॥

हे देवादि सुरेश्वर ! हे प्रभो ! मैं कहती हूँ कि सूक्ष्मवायु को अपने प्राण द्वारा धारण

---

१. सत्वादशाब्दमतिनेत्रगोचरम्—क० । २. भद्रसु भद्रकासनम्—क० ।
३. सूक्ष्मानिलानाम्—क० । ४. नाहृत्य योनौ—क० ।
५. गजेन्द्र इव गच्छति, तच्छीलो गजेन्द्रगामी, ताच्छील्ये णिनिः ।
६. पुरुषोत्तमः स्मृतः—क० । ७. तस्यैवमेवानिपुणो—मूले ।

करे । ऐसा साधक साधन चक्रवर्ती तथा सिद्ध हो जाता है और सभी की अन्तरात्मा में परमात्मा प्रभु को देखता है ॥ ३१ ॥

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते महाब्रह्मज्ञानं सर्वत्र शोभनम् ।
येन वायुवशं कृत्वा खेचरो भूभृतां पतिः ॥ ३२ ॥
साधको ब्रह्मरूपी स्यात् ब्रह्मज्ञानप्रसादतः ।
ब्रह्मज्ञानात् परं ज्ञानं कुत्रास्ति वद सुन्दरि ॥ ३३ ॥

श्री आनन्दभैरव ने कहा—हे कान्ते ! अब सर्वत्र शोभा देने वाले उस महा ब्रह्मज्ञान को कहिए, जिससे साधक वायु को अपने वश में कर राजाधिराज बन जाता है । जिस ब्रह्मज्ञान की कृपा से ब्रह्मज्ञान द्वारा ब्रह्मरूप हो कर साधक पर ज्ञान प्राप्त कर लेता है, हे सुन्दरि ! ऐसा ज्ञान कहाँ प्राप्त होता है ॥ ३२-३३ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्व योगिनां नाथ धर्मज्ञो ब्रह्मसञ्ज्ञक[1] ।
अज्ञानध्वान्तमोहानां निर्मलं ब्रह्मसाधनम् ॥ ३४ ॥
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ।
यदि[2] ब्रह्मज्ञानधर्मी स सिद्धो नात्र संशयः ॥ ३५ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—आप धर्मज्ञ हैं । अतः हे योगेश्वर ! हे ब्रह्म संज्ञा वाले ! अज्ञान रूपी अन्धकार से मोहित होने वालों के लिए ब्रह्मसाधन अत्यन्त निर्मल मार्ग है । ब्रह्मज्ञान के धर्म के समान अन्य धर्म का कहीं कोई विधान नहीं प्राप्त होता । यदि साधक ब्रह्मज्ञान का धर्मवेत्ता हो गया तो वह सिद्ध है इसमें संशय नहीं ॥ ३४-३५ ॥

कोटिकन्याप्रदानेन कोटिजापेन किं फलम् ।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ॥ ३६ ॥
सरोवरसहस्रेण कोटिहेमाचलेन च ।
कोटिब्राह्मणभोज्येन कोटितीर्थेन किं फलम् ॥ ३७ ॥

करोड़ों कन्यादान से, करोड़ों संख्या के जप से क्या फल है, जब कि ब्रह्मज्ञान की बराबरी करने वाला कोई अन्य धर्म नहीं है । हजारों तीर्थों में करोड़ों सुवर्ण पर्वत से, करोड़ों ब्राह्मण के भोजन से, तथा करोड़ों तीर्थों से क्या फल है, जबकि ब्रह्मज्ञान सबसे श्रेष्ठ है ॥ ३६-३७ ॥

---

१. ब्रह्मसाधक—इति क० पुस्तके पाठः।

२. गयायां पिण्डदानेन वाराणस्यां मृतेन किम् । किं कुरुक्षेत्रदानेन प्रयागे वपनं यदि ॥
अश्वमेधसहस्रेण राजसूयशतेन किम् । ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ॥—क०।

कामरूपे महापीठे साधकैर्लभ्यते यदि ।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ॥ ३८ ॥
ब्रह्मज्ञानं तु द्विविधं प्राणायामजमव्ययम् ।
भक्तिवाक्यं शब्दरसं स्वरूपं ब्रह्मणः पथम्[१] ॥ ३९ ॥
प्राणायामं तु द्विविधं सुगर्भञ्च निगर्भकम् ।
जपध्यानं सगर्भं तु तदा[२] युक्तं निगर्भकम् ॥ ४० ॥
अव्यया[३]लक्षणाक्रान्तं प्राणायामं परात् परम् ।
ब्रह्मज्ञानेन जानाति साधको विजितेन्द्रियः ॥ ४१ ॥

कामरूप महापीठ में साधक को भले ही लाभ प्राप्त हो जावे, फिर भी ब्रह्मज्ञान के समान कोई अन्य धर्म का विधान नहीं है । ब्रह्मज्ञान दो प्रकार का है—एक अव्यय प्राणायाम जन्य है तथा दूसरा भक्ति वाक्य जो शब्द रस से परिप्लुत ब्रह्म का स्वरूप है । प्राणायाम भी दो प्रकार का है—पहला सुगर्भ तथा दूसरा अगर्भ । मन्त्र, जप, ध्यान सहित प्राणायाम सगर्भ है । बिना जप ध्यान के जो प्राणायाम है वह अगर्भ है । अव्ययालक्षण से आक्रान्त प्राणायाम सबसे श्रेष्ठ है । जितेन्द्रिय साधक ब्रह्मज्ञान होने पर उसका ज्ञान कर पाता है ॥ ३८-४१ ॥

तत्प्रकारद्वयं नाथ [४]मालावृत्तिं जपक्रमम् ।
मालावृत्ति[५]द्वादशकं जपक्रमं तु षोडश ॥ ४२ ॥
नासिकायां महादेव लक्षणत्रयमनुत्तमम्[६] ।
पूरकं कुम्भकं तत्र रेचकं देवतात्रयम् ॥ ४३ ॥
एतेषामप्यधिष्ठाने ब्रह्मविष्णुशिवाः प्रजाः ।
त्रिवेणी सङ्गमे यान्ति सर्वपापापहारकाः ॥ ४४ ॥

उस प्राणायाम के भी दो भेद है—पहला मालावृत्ति तथा दूसरा जपक्रम । मालावृत्ति में द्वादश संख्या तथा जपक्रम में षोडश संख्या होती हैं । हे महादेव ! नासिका में प्राणायाम के तीन लक्षण हैं—पहला पूरक, दूसरा कुम्भक तथा तीसरा रेचक है । इनके भी तीन देवता हैं । ब्रह्मा, विष्णु तथा सदाशिव इन प्राणायामों के अधिष्ठातृ देवता हैं । जिस प्रकार प्रजा अपने समस्त पापों को विनष्ट करने के लिए त्रिवेणी सङ्गम में जाती है, उसी प्रकार साधक को इस त्रिवेणी में जाना चाहिए ॥ ४२-४४ ॥

योगिनां सूक्ष्मतीर्थानि

ईडा च भारती गङ्गा पिङ्गला यमुना मता ।
ईडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्ना च सरस्वती ॥ ४५ ॥

योगियों के शरीर में ईडा भागीरथी गङ्गा है । पिङ्गला यमुना है । ईडा और पिङ्गला के मध्य में सुषुम्ना भारती सरस्वती हैं ॥ ४५ ॥

---

१. पदम्—क० । २. तदयुक्तम्—क० ।
३. अव्ययलक्षणाक्लान्तम्—क० । ४. मालावर्ति—क० ।
५. मात्रावर्ति—क० । ६. लक्षणत्रयमुत्तमम्—क० ।

त्रिवेणीसङ्गमो यत्र तीर्थराज: स उच्यते ।
त्रिवेणीसङ्गमे वीरश्चालयेत्तान् पुन: पुन: ॥ ४६ ॥
सर्वपापाद् विनिर्मुक्त: सिद्धो भवति नान्यथा ।
पुन: पुन: [१]भ्रामयित्वा महातीर्थे निरञ्जने ॥ ४७ ॥
वायुरूपं महादेवं सिद्धो भवति नान्यथा ।
चन्द्रसूर्यात्मिकामध्ये वह्निरूपे महोज्ज्वले ॥ ४८ ॥

वहाँ जहाँ त्रिवेणी का सङ्गम है उसे तीर्थराज कहा जाता है । यहाँ इस त्रिवेणी सङ्गम में साधक ईडा, पिङ्गला और सुषुम्ना का बारम्बार सञ्चालन करे । इस माया रहित महातीर्थ में बारम्बार इन तीन नाडियों का संचालन करने वाला साधक सभी प्रकारों के पाप से मुक्त हो जाता है और कोई अन्य उपाय नहीं है । चन्द्रात्मक नाडी ईडा, सूर्यात्मक नाडी पिङ्गला, इनके मध्य में रहने वाली अग्निस्वरूपा, महोज्वला सुषुम्ना में वायु स्वरूप महादेव का ध्यान करे, यही सिद्धि का उपाय है और कोई अन्य उपाय नहीं है ॥ ४६-४८ ॥

ध्यात्वा कोटि(रवि)करं कुण्डलीकिरणं वशी ।
त्रिवारभ्रमणं वायोरुत्तमाधममध्यमा: ॥ ४९ ॥
यत्र यत्र गतो वायुस्तत्र तत्र त्रयं त्रयम् ।
इडादेवी च चन्द्राख्या सूर्याख्या पिङ्गला तथा ॥ ५० ॥
सुषुम्ना जननी मुख्या सूक्ष्मा पङ्कजतन्तुवत् ।
सुषुम्ना मध्यदेशे च वज्राख्या नाडिका शुभा ॥ ५१ ॥

करोड़ों सूर्य के समान देदीप्यमान कुण्डली की किरण का ध्यान कर तीन बार वायु का संचालन करे तो उत्तम, मध्यम तथा अधम प्राणायाम होता है ? जहाँ जहाँ वायु जाती है, वहाँ ये तीनों नाडियाँ भी जाती हैं । इडा नाडी चन्द्रा है, पिङ्गला सूर्या है, इन दोनों के मध्य में सुषुम्ना जननी मुख्या है और पङ्कज तन्तु के समान वह सूक्ष्म है । सुषुम्ना के मध्य में कल्याणकारिणी वज्रा नाम की नाडी है ॥ ४९-५१ ॥

तत्र सूक्ष्मा चित्रिणी च तत्र श्रीकुण्डलीगति: ।
तया सङ्ग्राह्य तं नाड्या षट्पद्मं सुमनोहरम् ॥ ५२ ॥
ध्यानगम्यापरं ज्ञानं षट्शरं शक्तिसंयुतम् ।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिव: ॥ ५३ ॥
तत: परशिवो नाथ षट्शिवा: परिकीर्तिता: ।
डाकिनी राकिणी शक्तिर्लाकिनी काकिनी तथा ॥ ५४ ॥
साकिनी[२] तत्र षट्पद्मे शक्तय: षट्शिवान्विता: ।
मूलाधारं स्वाधिष्ठानं मणिपूरं सुपङ्कजम् ॥ ५५ ॥

---

१. भावयित्वा—क० ।
२. शाकिनी हाकिनी तत्र षट्पद्मे षट्शिवात्मिका—क० ।

उस वज्रा में अत्यन्त सूक्ष्मा चित्रिणी है । उसी में से कुण्डली जाती है । वह कुण्डलिनी उस नाडी से अत्यन्त मनोहर षट् पद्मों को ग्रहण कर चलती है । उन षट् पद्मों पर शक्ति से संयुक्त ६ शिव निवास करते हैं । ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव तथा परशिव ये ६ शिव हैं । डाकिनी, राकिणी, शक्ति, लाकिनी, काकिनी तथा साकिनी ये षट् पद्मों पर षट् शिव के साथ निवास करने वाली उनकी शक्तियाँ हैं ॥ ५२-५५ ॥

अनाहतं [१]विशुद्धाख्यमाज्ञाचक्रं महोत्पलम् ।
आज्ञाचक्रादिमध्ये तु चन्द्रं शीतलतेजसम् ॥ ५६ ॥
प्रपतन्तं मूलपद्मे तं ध्यात्वा [२] पूरकानिलम् ।
यावत्कालं स्थैर्यगुणं तत्कालं कुम्भकं स्मृतम् ॥ ५७ ॥
पिङ्गलायां प्रगच्छन्तं रेचकं तं वशं नयेत् ।
अङ्गुष्ठैकपर्वणा [३] च दक्षनासापुटं वशी ॥ ५८ ॥
धृत्वा [४] षोडशवारेण प्रणवेन जपं चरेत् ।
एतत्पूरकमाकृत्य कुर्यात्कुम्भकमद्भुतम् [५] ॥ ५९ ॥

मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञाचक्र ये ६ महाचक्र रूप पद्म हैं । आज्ञाचक्र के आदि से लेकर मध्य के पद्मों में होते हुए शीतल तेज वाले चन्द्रमा को नीचे के मूलाधार में आते हुए ध्यान करे तथा पूरक प्राणायाम करे । जब तक वायु को खींचकर स्थिर रखे तब तक कुम्भक प्राणायाम कहा जाता है ॥ ५६-५७ ॥

साधक पिङ्गला में जाते हुए रेचक को अपने वश में करे । अंगूठे के किसी एक पर्व से दाहिने नासिका का छिद्र पकड़कर सोलह बार प्रणव का जप करते हुए वायु को खींचे । यह पूरक प्राणायाम है । इसके बाद अत्यन्त अद्भुत कुम्भक प्राणायाम करे ॥ ५८-५९॥

चतुःषष्टिप्रणवेन जपं ध्यानं समाचरेत् ।
कुम्भकानन्तरं नाथ रेचकं कारयेद् बुधः ॥ ६० ॥
द्वात्रिंशद्वारजापेन मूलेन प्रणवेन वा ।
द्विनासिकापुटं बद्ध्वा कुम्भकं सर्वसिद्धिदम् ॥ ६१ ॥

चौंसठ बार प्रणव का जप तथा ध्यान करते हुए वायु को रोके । हे नाथ ! इस प्रकार कुम्भक प्राणायाम करने के बाद बुद्धिमान् साधक रेचक प्राणायाम करे । यह प्राणायाम बत्तीस बार प्रणव का जप करते हुए अथवा ध्यान करते हुए करना चाहिए । कुम्भक प्राणायाम के समय दोनों नासिकाच्छिद्र बन्द रखे, यह प्राणायाम सब प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है ॥ ६०-६१ ॥

---

१. आनाख्यं षण्मनोहरम्—क० । २. ध्यायेत्—क० ।
३. अङ्गुष्ठस्य एकं पर्व इति षष्ठीतत्पुरुषगर्भः कर्मधारयसमासः ।
४. ध्यात्वा—क० । ५. मुत्तमम्—क० ।

कनिष्ठानामिकाभ्यां तु वाममङ्गुष्ठदक्षिणम् ।
पुनर्दक्षिणनासाग्रे[1] वायुमापूरयेद् बुधः ॥ ६२ ॥
मनुषोडशजापेन[2] कुम्भयेत् [3]पूर्ववत्ततः ।
ततो वामे रेचकञ्च द्वात्रिंशत्प्रणवेन तु ॥ ६३ ॥

पुनः कनिष्ठा और अनामिका से बायें नासिका छिद्र को बन्द कर दाहिने हाथ के अंगूठे से दाहिना नासिका पुट पकड़े हुए दाहिनी नासिका से वायु को पूर्ण कर पूरक करे। तदनन्तर १६ बार मन्त्र का जप करते हुए पूर्ववत् कुम्भक करें, फिर बत्तीस बार प्रणव का जप करते हुए बायीं नासिका से रेचक प्राणायाम करे ॥ ६२-६३ ॥

पुनर्वामेन सम्पूर्य षोडशप्रणवेन तु ।
पुनर्दक्षिणनासाग्रे द्वादशाङ्गुलमानतः ॥ ६४ ॥
कुम्भयित्वा रेचयेद्यः सर्वत्र पूर्ववत् प्रभो ।
प्राणायामत्रयेणैव प्राणायामैकमुत्तमम् ॥ ६५ ॥
द्विवारं मध्यमं प्रोक्तं मध्यमं चैकवारकम् ।
त्रिकालं कारयेद्यत्नात् अनन्तफलसिद्धये ॥ ६६ ॥

इसके बाद फिर सोलह प्रणव का जप कर बाईं नासिका से वायु खींचे फिर दाहिनी नासिका से बारह अंगुल पर्यन्त वायु को रोक कर हे प्रभो ! पूर्ववत् रेचक करे (द्र०. २५, ६०-६१) । तीन बार पूरक, कुम्भक, रेचक प्राणायाम से एक उत्तम प्राणायाम होता है । केवल दो बार का (पूरक कुम्भक) प्राणायाम मध्यम तथा केवल एक बार मात्र पूरक प्राणायाम अधम कहा जाता है । किन्तु साधक को अनन्त फल की सिद्धि के लिए तीन बार वाला उत्तम प्राणायाम यत्नपूर्वक करना चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

प्रातर्मध्याह्नकाले च सायह्ने नियतः शुचिः ।
जपध्यानादिभिर्मु(र्यु)क्तं सगर्भं यः करोति हि ॥ ६७ ॥
मासात् सल्लक्षणं प्राप्य षण्मासे पवनासनः ।
तालुमूले समारोप्य जिह्वाग्रं योगसिद्धये ॥ ६८ ॥

साधक को प्रातः काल, मध्याह्न काल तथा सायङ्काल, नियमपूर्वक पवित्र हो कर प्राणायाम करना चाहिए । जो जप ध्यान से युक्त सगर्भ प्राणायाम करता है, एक महीने के बाद उसे प्राणायाम सिद्धि के लक्षण मालूम पड़ने लगते हैं । इसके बाद योगसिद्धि प्राप्त करने के लिए वायु पान करना चाहिए । जिह्वा के अग्रभाग को तालु के मूल में स्थापित करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

त्रिकाले सिद्धिमाप्नोति प्राणायामेन षोडश ।
सदाभ्यासी वशीभूत्वा पवनं[4] जनयेत् पुमान् ॥ ६९ ॥

---

१. सम्पूरयेत् ततः—क० । २. मनोः षोडशजापेन—क० ।
३. पूरयेत्ततः—क० । ४. पवनः पाचयेत्—क० ।

षण्मासाभ्यन्तरे सिद्धिरिति योगार्थनिर्णयः ।
योगेन लभ्यते सर्वं योगाधीनमिदं जगत् ॥ ७० ॥

योगाभ्यास प्रशंसा—१६-१६ प्राणायाम तीनों काल में करने से साधक सिद्ध हो जाता है । इस प्रकार जितेन्द्रिय हो कर सदाभ्यास करने के बाद मनुष्य वायु पान करे । ऐसा करने से ६ महीने में सिद्धि प्राप्त हो जाती है । यह योगशास्त्र का निर्णय है । क्योंकि योग से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है, यह सारा जगत् योग के आधीन है ॥ ६९-७० ॥

तस्माद् योगं परं कार्यं यदा योगी तदा सुखी ।
बिना योगं न सिद्धेऽपि कुण्डली परदेवता ॥ ७१ ॥
अथ योगं सदा कुर्यात् ईश्वरीपाददर्शनात् ।
योगयोगाद् भवेन्मोक्ष इति योगार्थनिर्णयः ॥ ७२ ॥

इसलिए सर्वश्रेष्ठ योग सदैव करना चाहिए । इससे योगी सर्वदा सुखी रहता है । बिना योग के परदेवता कुण्डली सिद्ध नहीं होती । यह योग ईश्वर पद प्राप्ति कराने वाला है । इस कारण सर्वदा योग करना चाहिए । योग से युक्त होने पर ही मोक्ष होता है—ऐसा योग के अर्थ का निर्णय है ॥ ७१-७२ ॥

मन्त्रसिद्धीच्छुको यो वा सैव योगं सदाभ्यसेत् ।
मात्रावृत्तिं प्रवक्ष्यामि काकचञ्चुपुटं तथा ॥ ७३ ॥
सूक्ष्मवायु भक्षणं तत् चन्द्रमण्डलचालनम् ।
त्र्यावृत्तिञ्चैव[१] विविधं तन्मध्ये उत्तमं त्रयम् ॥ ७४ ॥

जो मन्त्र के सिद्धि की इच्छा रखता हो उसे योगाभ्यास सदैव करते रहना चाहिए । अब (प्राणायाम के अन्य प्रकार) मालावृत्ति (द्र० . २५ . ४२) तथा काकचञ्चुपुट कहती हूँ । मालावृत्ति वह है जिसमें सूक्ष्म वायु का भक्षण किया जाता है, वायु भक्षण से चन्द्रमण्डल का संचालन होता है । उसकी तीन आवृत्तियाँ हैं तथा प्रकार अनेक हैं, उसमें भी तीन उत्तम हैं ॥ ७३-७४ ॥

वर्णं सचन्दं संयुक्तं मूलं त्र्यक्षरमेव वा ।
जानुजङ्घामध्यदेशे तत्तत्सर्वासनस्थितः ॥ ७५ ॥
वामहस्ततालुमूलं भ्रामयेद् द्वादशक्रमात् ।
द्वादशक्रमशः कुर्यात् प्राणायामं हि पूर्ववत् ॥ ७६ ॥

१ . अनुस्वार युक्त वर्ण, मूलमन्त्र का जप, अथवा त्र्यक्षर (ॐकार) का जप ये तीन उत्तम हैं । जानु, जंघा के मध्य में जो जो आसन है, उनमें से किसी एक पर स्थित होकर इसका जप करना चाहिए ॥ ७५ ॥

२ . बायाँ हाथ तथा तालु का मूल भाग क्रमशः बारी बारी से घुमावें और इसी क्रम से बायें से दाहिनें तथा दाहिने से बायें १२ प्राणायाम भी करे ॥ ७६ ॥

---

१ . मात्रावृत्तिञ्च—क० ।

मात्रावृत्तिक्रमेणैव जपमष्टसहस्रकम् ।
प्राणायामद्वादशैकैर्भवेत्तदष्टसहस्रकम् ।
कृत्वा सिद्धीश्वरो नाम निष्पापी चैकमासतः ॥ ७७ ॥
त्रिसन्ध्यं कारयेद्यत्नाद् ब्रह्मज्ञानी निरञ्जनः ।
भवतीति न सन्देहः सदाभ्यासी हि योगिराट् ॥ ७८ ॥

३. मालावृत्ति का क्रम से आठ हजार जप करना चाहिए । यह आठ हजार जप उक्त १२ प्राणायाम को करते हुए करे, ऐसा एक मास करने से साधक सिद्धिश्वर बन जाता है तथा निष्पाप हो जाता है । इस क्रिया को तीनों सन्ध्या में करने से साधक माया से रहित ब्रह्मज्ञानी हो जाता है तथा सदैव अभ्यास करने से योगिराज बन जाता है इसमें संदेह नहीं ॥ ७७-७८ ॥

योगाभ्यासाद् भवेन्मुक्तो योगाभ्यासात् कुलेश्वरः ।
योगाभ्यासाच्च संन्यासी ब्रह्मज्ञानी निरामयः[1] ॥ ७९ ॥
सदाभ्यासाद् भवेद्योगी सदाभ्यासात् परन्तपः ।
सदाभ्यासात् पापमुक्तो [2]विधिविद्याशकृत् शकृत् ॥ ८० ॥
काकचञ्चुपुटं कृत्वा पिबेद्वायुमहर्निशम् ।
सूक्ष्मवायुक्रमेणैव सिद्धो भवति [3]योगिराट् ॥ ८१ ॥

योगिनां जपनियमः

बद्धपद्मासनं कृत्वा योगिमुद्रां विभाव्य च ।
मूले सम्पूरयेद् वायुं काकचञ्चुपुटेन तु ॥ ८२ ॥

योगाभ्यास से साधक मुक्त हो जाता है । योगाभ्यास से कुलेश्वर (महाशाक्त) हो जाता है, योगाभ्यास से सन्यासी ब्रह्मज्ञानी और नीरोग हो जाता है । सदैव योग के अभ्यास से योगी, सदैव योगाभ्यास से उत्तम तपस्वी अथवा शत्रुहन्ता तथा सदैव योगाभ्यास से वह निष्पाप हो जाता है । काक के समान चञ्चुपुट बना कर दिन रात वायु पान करे । सूक्ष्म वायु के क्रम से साधक सिद्ध तथा योगिराज बन जाता है । पद्मासन लगाकर योगीमुद्रा प्रदर्शित कर मूलाधार में काकचञ्चुपुट से वायु को पूर्ण करे ॥ ७९-८२ ॥

मूलमाकुञ्च्य सर्वत्र प्राणायामे मनोरमे ।
प्रबोधयेत् कुण्डलिनीं[4] चैतन्यां चित्स्वरूपिणीम् ॥ ८३ ॥
ओष्ठाधरकाकतुलं[5] दन्ते दन्ताः प्रगाढकम् ।
बद्ध्वा[6] वा यद् यजेद् योगी जिह्वां नैव प्रसारयेत् ॥ ८४ ॥
राजदन्तयुगं नाथ न स्पृशेज्जिह्वया सुधीः ।
काकचञ्चुपुटं कृत्वा बद्ध्वा वीरासने[7] स्थितः ॥ ८५ ॥

---

१. निर्गता आमया आधिव्याध्यादयो यस्य सः, बहुव्रीहिसमासः ।
२. विधिविद्यात् प्रकाशकृत्—क० ।
३. नान्यथा—क० ।
४. कुण्डलिनी चैतन्या चेन्न महासुखी—क० ।
५. ओष्टाधारं काकतुल्यम्—क० ।
६. बद्धराजद्विजो योगी जिह्वां नैव—क० ।
७. बद्धवीरासनस्थितः—क० ।

तदनन्तर मूलाधार को संकुचित कर उत्तम प्राणायाम से चैतन्या चित्स्वरूपिणी कुण्डलिनी को उद्बुद्ध करे । कौवे के तुण्ड के समान अपने ओष्ठ और अधर को तथा दाँतों को दाँत पर प्रगाढ़ रूप से बाँधकर स्थापित करे । जीभ को न प्रसारे, इस प्रकार काकचञ्चुपुट से वायु पान करे । हे नाथ ! सुधी साधक गजदन्त (आगे के प्रधान दो दाँत) जिह्वा से स्पर्श न करे । वीरासन पर स्थित होकर काक के चञ्चुपुट के समान ओष्ठाधर को स्थापित करे ॥ ८३-८५ ॥

तालुजिह्वामूलदेशे चान्यजिह्वां प्रयोजयेत् ।
तदुद्भूतामृतरसं काकचञ्चुपुटे पिबेत् ॥ ८६ ॥
यः काकचञ्चुपुटके सूक्ष्मवायुप्रवेशनम् ।
करोति स्तम्भनं योगी सोऽमरो भवति ध्रुवम्[1] ॥ ८७ ॥

तालु तथा जिह्वा के मूल स्थान में अन्य जिह्वा को संयुक्त करे और उससे गिरते हुए अमृत रस को काकचञ्चुपुट में पान करे । जो काकचञ्चुपुट में सूक्ष्म वायु का प्रवेश कर उसका संस्तम्भन करता है वह योगी निश्चित रूप से अमर हो जाता है ॥ ८६-८७ ॥

एतद्योगप्रसादेन जीवन्मुक्तस्तु साधकः ।
जराव्याधि[2]महापीडारहितो भवति क्षणात् ॥ ८८ ॥
अथवा मात्रया कुर्यात् षोडशस्वरसम्पुटम् ।
स्वमन्त्रं प्रणवं वापि जप्त्वा योगी भवेन्नरः ॥ ८९ ॥
अथवा[3] वर्णमालाभिः पुटितं मूलमन्त्रकम् ।
मालासंख्याक्रमेणैव जप्त्वा कालवशं नयेत् ॥ ९० ॥

इस योग की क्रिया के सिद्ध हो जाने पर साधक जीवन्मुक्त हो जाता है और क्षण भर में जरा व्याधि तथा महापीड़ा से रहित हो जाता है । अथवा मातृका वर्णों से षोडश स्वर का सम्पुट करे, अथवा अपने मन्त्र को अथवा प्रणव को सम्पुटित करे ऐसा जप करने से मनुष्य योगी हो जाता है । अथवा वर्णमाला से मूलमन्त्र को सम्पुटित करे, वर्णमाला के संख्या के क्रम से मूलमन्त्र को सम्पुटित करने से साधक काल को अपने वश में कर लेता है ॥ ८८-९० ॥

वदने नोच्चरेद्वर्णं वाञ्छाफलसमृद्धये ।
केवल जिह्वया जप्यं कामनाफलसिद्धये ॥ ९१ ॥
नाभौ सूर्यो वह्निरूपी ललाटे चन्द्रमास्तथा ।
अग्निशिखास्पर्शनेन गलितं चन्द्रमण्डलम् ॥ ९२ ॥
तत्परामृतधाराभिः दीप्तिमाप्नोति भास्करः ।
सन्तुष्टः पाति सततं पूरकेण च योगिनाम् ॥ ९३ ॥

---

१. सूक्ष्मवायुक्रमेणैव सिद्धो भवति योगिराट्—ग० ।

२. जरा च व्याधिश्च महापीडा च, ताभिः रहितः । ३. अयर्व—ग० ।

मनोरथ फल की समृद्धि के लिए मुख से वर्णों का (वैखरी) उच्चारण न करे, कामना फल सिद्धि के लिए केवल जिह्वा से ही जप करे । नाभि में अग्निरूप से सूर्य का निवास है, ललाट में चन्द्रमा का निवास है । प्राणवायु की अग्नि शिखा के स्पर्श से चन्द्रमण्डल द्रवित होता है । उस चन्द्र मण्डल से चूने वाली अमृतधारा से सूर्य प्रकाशित होता है । जब वह संतुष्ट रहता है तो पूरक से योगी की रक्षा करता है ॥ ९१-९३ ॥

ततः पूरकयोगेन अमृतं श्रावयेत् सुधीः ।
कुर्यात्प्रज्वलितं वह्निं रेचकेन वराग्निना ॥ ९४ ॥
अथ मौनजपं कृत्वा ततः सूक्ष्मानिलं मुदा ।
सहस्रारे गुरुं ध्यात्वा योगी भवति भावकः ॥ ९५ ॥
प्राणवायुस्थिरो यावत् तावन्मृत्युभयं कुतः ।
ऊर्ध्वरिता भवेद्यावत्तावत्कालभयं कुतः ॥ ९६ ॥
यावद्बिन्दुः स्थितो देहे विधुरूपी सुनिर्मलः ।
सदागलत्सुधाव्याप्तस्तावन्मृत्युभयं कुतः ॥ ९७ ॥

तदनन्तर पूरक प्राणायाम के द्वारा सुधी साधक अमृत को गिरावे और रेचक रूप श्रेष्ठ अग्नि से वह्नि को प्रज्वलित करे । इसके बाद मौन हो कर जप करे फिर सूक्ष्म वायु को सहस्रार चक्र में ले जाकर गुरु का ध्यान करे, ऐसा करने से साधक योगी हो जाता है । जब तक प्राणवायु स्थिर है तब तक भला मृत्यु का भय किस प्रकार हो सकता है । जब तक ऊर्ध्वरिता है तब तक भला काल का भय किस प्रकार हो सकता है ॥ ९४-९६ ॥

जब तक चन्द्रमण्डल से गिरे हुए अमृत से व्याप्त वीर्य शरीर में स्थित है, तब तक किस प्रकार मृत्यु का भय हो सकता है ॥ ९७ ॥

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते कुलानन्दरसिके ज्ञानरूपिणि ।
सर्वतेजोऽग्रदेवेन येन सिद्धो भवेन्नरः ॥ ९८ ॥
महामृता खेचरी च सर्वतत्त्वस्वरूपिणी[1] ।
कीदृशी शाङ्करीविद्या श्रोतुमिच्छामि तत्क्रियाम् ॥ ९९ ॥
अध्यात्म[2]विद्यायोगेशी कीदृशी भवितव्यता ।
कीदृशी परमा देवी तत्प्रकारं वदस्व मे ॥ १०० ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे कुलानन्दरसिके ! हे ज्ञान स्वरूपिणि ! हे कान्ते ! जिस सर्वगा सर्वतेजोग्र देवता से मनुष्य सिद्ध होता है उसे कहिए । सर्वतत्त्वस्वरूपिणी महामृता खेचरी तथा शाङ्करी विद्या क्या है मैं उसकी क्रिया सुनना चाहता हूँ । समस्त योगों की अधीश्वरी वह अध्यात्म विद्या क्या है ? परमा देवी भवितव्यता क्या है ? उसका प्रकार मुझ से कहिए ॥ ९८-१०० ॥

---

१. सर्वाणि च तानि तत्त्वानि च संवतत्त्वानि, पूर्वकालैकसर्वजरदित्यादिना समासः, तेषां स्वरूपमस्ति यस्यामिति नित्ययोगे इनिः । २. अध्याय—ग० ।

आनन्दभैरवी उवाच

यस्य नाथ मनस्थैर्यं महासत्त्वे सुनिर्मले ।
भक्त्या सम्भावनं यत्र विनावलम्बनं प्रभो ॥ १०१ ॥
यस्या मनश्चित्तवशं स्वमिन्द्रियं
स्थिरा स्वदृष्टिर्जगदीश्वरीपदे ।
न खेन्दुशोभे च विनावलोकनं
वायुः स्थिरो यस्य बिना निरोधनम् ॥ १०२ ॥
त एव मुद्रा विचरन्ति खेचरी पापाद्विमुक्ताः प्रपिबन्ति वायुम् ।
यथा हि बालस्य च तस्य वेष्टी निद्राविहीनाः प्रतियान्ति निद्राम् ॥ १०३ ॥

खेचरी मुद्रा—आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! जो साधक बिना अवलम्बन वाले मन को भक्तिपूर्वक सुनिर्मल महासत्त्व में भक्तिपूर्वक स्थापित कर उसका ध्यान करता है, जगदीश्वर पद में उस भक्ति से मन, चित्त तथा समस्त इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं, आकाश स्थित इन्दु के बिना जो देखने में समर्थ है तथा वायु के निरोध के बिना ही जिसका वायु स्थिर है, वही खेचरी मुद्रा है । पाप से विमुक्त साधक उसी खेचरी मुद्रा में वैसे ही विचरण करता है और वायु का पान करता है जिस प्रकार बालक (विचरण करता है) ॥ १०१-१०३ ॥

शाङ्करी-विद्यानिरूपणम्

पथापथज्ञानविवर्जिता ये धर्मार्थकामाद्धि विहीनमानसाः ।
विनावलम्बं जगतामधीश्वर एषैव मुद्रा विचरन्ति शाङ्करी ॥ १०४ ॥

आध्यात्मनिरूपणम्

ज्ञाने साध्यात्मविद्यार्थं जानाति कुलनायकम् ।
अध्याज्ञाचक्रपद्मस्थं शिवात्मानं सुविद्यया ॥ १०५ ॥
अध्यात्मज्ञानमात्रेण सिद्धो योगी न संशयः ।
षट्चक्रभेदको यो हि अध्यात्मज्ञः स उच्यते ॥ १०६ ॥
अध्यात्मशास्त्रसङ्केतमात्मना मण्डितं शिवम् ।
कोटिचन्द्राकृतिं शान्तिं यो जानाति षडम्बुधे ॥ १०७ ॥

शाङ्करी मुद्रा—हे जगत् के अधीश्वर ! जिन्हें मार्ग कुमार्ग का ज्ञान नहीं है तथा जिनका मन धर्म, अर्थ तथा काम से रहित है, ऐसे लोग जिसमें बिनावलम्ब के विचरण करते हैं, वही शाङ्करी मुद्रा है ॥ १०४ ॥

विमर्श—जिस प्रकार बक निद्राविहीन होकर जगत् के प्रति जागरूक नहीं रहता उसी प्रकार शाङ्करी मुद्रा में योगी हो जाता है । (पथापथज्ञानविवर्जिता-) पथे गतौ इत्यस्मात् कर्तरि पचाद्यच्, पथम् इति सिध्यति, तच्चापथं चेति पथापथे, ताभ्यां विहीनाः ॥ १०४ ॥

अध्यात्म के सहित महाविद्या के लिए ज्ञान सम्पन्न होने पर साधक आज्ञा चक्र रूप पद्म में रहने वाले कुल नायक शिव स्वरूप आत्मा को जान लेता है । ऐसा योगी मात्र

अध्यात्म के ज्ञान से सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं। अध्यात्म का ज्ञाता वह है जो षट्चक्र का भेदन करना जानता है। वह षट्चक्र रूप समुद्र में रहने वाले, अध्यात्म शास्त्र के सङ्केत से जानने योग्य, आत्मा से मण्डित, करोड़ों चन्द्रमा के समान शीतल सदाशिव को जान लेता है और अन्ततः वह शान्ति प्राप्त कर लेता है ॥ १०५-१०७ ॥

स ज्ञानी सैव योगी स्यात् सैव देवो महेश्वरः।
स मां जानाति हे कान्त विस्मयो नास्ति शङ्कर ॥ १०८ ॥
मम सर्वात्मकं रूपं जगत्स्थावरजङ्गमम्।
सृष्टिस्थितिप्रलयगं[1] यो जानाति स योगिराट् ॥ १०९ ॥

हे कान्त ! हे सदाशिव ! वही ज्ञानी है। वही योगी है। वही महेश्वर देव है और वही मुझे जानता है इसमें विस्मय नहीं करना चाहिए। स्थावर जङ्गमात्मक सारा जगत् मेरा सर्वात्मक रूप है, जो सृष्टि में उसकी स्थिति में तथा उसके प्रलय काल में भी विद्यमान रहता है, ऐसा जो जानता है, वह योगिराज है ॥ १०८-१०९ ॥

आध्यात्मज्ञाननिरूपणम्

अध्यात्मविद्यां विज्ञाप्य[2] नानाशास्त्रं प्रकाशितम्।
तच्छास्त्रजालयुग्मा[3] ये तेऽध्यात्मज्ञाः कथं नराः ॥ ११० ॥
त्रिदण्डी स्यात्सदाभक्तो[4] वेदाभ्यासपरः कृती।
वेदादुद्भवशास्त्राणि त्यक्त्वा मां भावयेद्यदि ॥ १११ ॥

अध्यात्म विद्या को उद्देश्य कर अनेक शास्त्र प्रकाशित किए गए हैं। किन्तु जो उस शास्त्र जाल में उलझ गए हैं वे मनुष्य किस प्रकार अध्यात्म ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। जो त्रिदण्ड धारण करे सर्वदा मुझ में भक्ति रखे, वेदाभ्यास करे, कृतज्ञ हो, ऐसा पुरुष यदि वेद से उत्पन्न समस्त शास्त्रों का त्याग कर मेरा ध्यान करे, तो वह अध्यात्मज्ञ हो सकता है ॥ ११०-१११ ॥

वेदाभ्यासं समाकृत्य नानाशास्त्रार्थनिर्णयम्।
समुत्पन्नां महाशक्तिं समालोक्य भजेद्यतिः ॥ ११२ ॥
सर्वत्र व्यापिकां शक्तिं कामरूपां[5] निराश्रयाम्।
व्यक्ताव्यक्तां स्थिरपदां वायवीं मां भजेद्यतिः ॥ ११३ ॥

वेदाभ्यास का आचरण करते हुए नाना शास्त्रों के अर्थ के निर्णय से उत्पन्न मुझ महाशक्ति को जान कर यति मेरा भजन करे। सब जगह व्यापक रूप से रहने वाली बिना किसी आधार के अधिष्ठित इच्छानुसार रूप धारण करने वाली, व्यक्त तथा अव्यक्त सर्वथा स्थिर मुझ वायवी शक्ति का यति भजन करे ॥ ११२-११३ ॥

---

१. सृष्टिश्च स्थितिश्च प्रलयश्चेति सृष्टिस्थितिप्रलयाः, तान् गच्छति, इति गमेर्डप्रत्ययः।
२. संगोप्य—क०। ३. मुग्धा—क०।
४. सदा भोक्ता—क०। ५. कालरूपाम—क०।

यस्या आनन्दमतुलं [१]ज्ञानं यस्य फलाफलम् ।
योगिनां निश्चयज्ञानमेकमेव न संशयः ॥ ११४ ॥
यस्याः प्रभावमात्रेण [२] तत्त्वचिन्तापरो नरः ।
तामेव परमां देवीं सर्पराजसु कुण्डलीम् ॥ ११५ ॥
तामेव वायवीं शक्तिं सूक्ष्मरूपां स्थिराशयाम् ।
आनन्दरसिकां गौरीं ध्यायेत् श्वासनिवासिनीम् ॥ ११६ ॥

जिसके आश्रय में अतुल आनन्द है, जिसमें ज्ञान है, जो फलाफल देने वाली है, जो योगियों में निश्चय ज्ञान देने वाली है, वह तत्त्व एक ही है । जिसके प्रभाव मात्र से मनुष्य तत्त्व की चिन्ता में लग जाता है । सर्पराज पर अधिष्ठित वह परमा देवी कुण्डली वायवीशक्ति हैं, सूक्ष्मस्वरूपा हैं, स्थिर रहने वाली हैं और आनन्द की रसिका हैं । ऐसी श्वास में रहने वाली उस गौरी का ध्यान करे ॥ ११४-११६ ॥

आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तत्त्वदेहे [३] व्यवस्थितम् ।
तस्याभिव्यञ्जकं द्रव्यं योगिभिः परिपीयते ॥ ११७ ॥

आनन्द ही ब्रह्म का स्वरूप हैं, वह तत्त्व साक्षात्कर्ता के देह में निवास करता है । उस आनन्द के अभिव्यञ्जक द्रव्य को योगीजन पान करते हैं ॥ ११७ ॥

तद्‌द्रव्यस्थां महादेवीं नीलोत्पलदलप्रभाम् ।
मानवीं परमां देवीमष्टादशभुजैर्युताम् ॥ ११८ ॥
कुण्डलीं चेतनाकान्तिं चैतन्यां परदेवताम् ।
आनन्दभैरवीं नित्यां घोरहासां [४] भयानकाम् ॥ ११९ ॥
तामेव परमां देवीं सर्ववायुवशङ्करीम् ।
मदिरासिन्धुसम्भूतां मत्तां रौद्रीं वराभयाम् ॥ १२० ॥
योगिनीं योगजननीं ज्ञानिनां मोहिनीसमाम् [५] ।
सर्वभूत [६] सर्वपक्षस्थितिरूपां महोज्ज्वलाम् ॥ १२१ ॥
षट्चक्रभेदिकां सिद्धिं तासां नित्यां मतिस्थिताम् ।
विमलां निर्मलां ध्यात्त्वा योगी मूलाम्बुजे यजेत् ॥ १२२ ॥

उन द्रव्यों में रहने वाली, नीलकमल पत्र के समान कान्ति वाली, मन्त्रस्वरूपा, अष्टादश भुजा से युक्त परमा महादेवी ही हैं । उस चैतन्या, चेतना से संयुक्त कान्ति वाली, परदेवतास्वरूपा कुण्डली आनन्दभैरवी नित्य घोर हास करने वाली, भयानक, समस्त वायु मण्डल को अपने वश में करने वाली, मदिरा समुद्र से उत्पन्न मस्ती से युक्त, रुद्र स्वरूपा, वर तथा अभय धारण करने वाली योगिनी, योगीजनों की जननी, ज्ञानियों को

---

१. ज्ञानात्—क० (ज्ञानाज्ञस्य)—क० । २. प्रसाद—क० ।
३. तच्च—क० । ४. धीरहासाम्—ग० ।
५. मोहिनीमुमाम्—क० । ३. सर्वभूतेषु सर्वपक्षेषु च या स्थितिः, सा रूपं यस्याः सा ताम् ।

भी मोह के फन्दे में डालने वाली, सब में समभाव से विराजमान, समस्त प्राणियों में तथा समस्त पक्षों में रहने वाली महान् उज्ज्वल स्वरूपा, षट्चक्रों का भेदन करने वाली सिद्धि, नित्या, बुद्धि में स्थित रहने वाली विमला एवं निर्मला का ध्यान कर योगी मूलाधार में उनका यजन करे ॥ ११८-१२२ ॥

एतत्पटलपाठे तु पापमुक्तो विभाकरः।
यथोद्ध्वरिता धर्मज्ञो विचरेत् ज्ञानसिद्धये ॥ १२३ ॥
एतत्क्रियादर्शनेन ज्ञानी भवति साधकः।
ज्ञानादेव हि मोक्षः स्यान्मोक्षः समाधिसाधनः ॥ १२४ ॥

इस (२५ वें) पटल के पाठ से साधक पाप मुक्त हो जाता है । सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है । जिस प्रकार ऊर्ध्वरिता विचरण करता है, उसी प्रकार वह धर्मज्ञ भी ज्ञान सिद्धि के लिए विचरण करता है । इस क्रिया को देखने से भी साधक ज्ञानी हो जाता है । ज्ञान से ही मोक्ष होता है । जो मोक्ष समाधि के साधन से प्राप्त होता है ॥ १२३-१२४ ॥

यदुद्धरति[1] वायुश्च धारणाशक्तिरेव च।
तन्मन्त्रं[2] वर्द्धयित्वा प्राणायामं समाचरेत् ॥ १२५ ॥
प्राणायामात् परं नास्ति पापराशिक्षयाय च।
सर्वपापक्षये याते किन्न सिद्ध्यति भूतले ॥ १२६ ॥

जो मन्त्र वायु को धारण कराता है, जिससे धारणा शक्ति उत्पन्न होती है, उस मन्त्र के जप को बढ़ाकर प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए । पापराशि के क्षय के लिए प्राणायाम से बढ़कर अन्य कोई साधन नहीं है । जब सभी पापों का क्षय हो जाता है तब वह कौन सा पदार्थ है जो इस पृथ्वी पर सिद्ध न हो ? ॥ १२५-१२६ ॥

प्राणवायुं महोग्रं तु महत्तेजोमयं परम्।
प्राणायामेन जित्वा च योगी मत्तगजं यथा[3] ॥ १२७ ॥
प्राणायामं विना नाथ कुत्र सिद्धो भवेन्नरः।
सर्वसिद्धिक्रियासारं[4] प्राणायामं परं स्मृतम् ॥ १२८ ॥
प्राणायामं त्रिवेणीस्थं यः करोति मुहुर्मुहुः।
तस्याष्टाङ्गसमृद्धिः स्याद्योगिनां योगवल्लभः ॥ १२९ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे प्राणायामोल्लासे भैरवीभैरवसंवादे पञ्चविंशः पटलः ॥ २५ ॥

---

१. यद् यद्वर्थति—क० ।
२. तत्तन्मन्त्रम्—ग० ।
३. तथा—क० ।
४. सर्वासां सिद्धीनां क्रियाः, तासां सारं सारभूतम् ।

प्राणवायु बडा प्रचण्ड है । महातेजस्वी है । योगी उस प्राणवायु को मत्त गजेन्द्र के समान प्राणायाम द्वारा अपने वश में कर लेता है । हे नाथ ! प्राणायाम के बिना कौन मनुष्य कब सिद्ध हुआ है । यह प्राणायाम सभी क्रियाओं की सिद्धि का सार है तथा सबसे श्रेष्ठ है । जो साधक त्रिवेणी में रहने वाले इस प्राणायाम का बारम्बार अभ्यास करते हैं, उन्हें अष्टाङ्ग सिद्धि प्राप्त हो जाती है और वे योगियों के प्रेमपात्र हो जाते हैं ॥ १२७-१२९ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावनिर्णय में पाशवकल्प में षट्चक्रसारसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में प्राणायामोल्लास में भैरवी-भैरव संवाद के मध्य पच्चीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २५ ॥

अथ षड्विंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु प्राणेश सकलं प्राणायामनिरूपणम् ।
प्राणायामे जपं ध्यानं तत्त्वयुक्तं वदामि तत् ॥ १ ॥
प्रकारयेय[1]मुल्लासं प्राणायामेषु शोभितम् ।
देवताविधिविष्ण्वीशास्ते तु मध्यममध्यमाः ॥ २ ॥
रजस्तमोगुणं नाथ सत्त्वे संस्थाप्य यत्नतः ।
कामक्रोधादिकं त्यक्त्वा योगी भवति योगवित् ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे प्राणेश ! अब सब प्रकार के प्राणायाम का निरूपण कर रही हूँ उसे सुनिए । जिस प्राणायाम में तत्त्वयुक्त जप और ध्यान है उसे कहती हूँ । प्राणायाम क्रिया में शोभा पाने वाले इस उल्लास के कई प्रकार हैं । इसके ब्रह्मा, विष्णु और ईश्वर—ये देवता वे तो मध्यम से भी मध्यम हैं । हे नाथ ! साधक सत्त्व में रज तम गुणों को स्थापित कर तथा काम क्रोधादि दोषों को त्याग कर प्राणायाम करे तो वह योगी योगवेत्ता हो जाता है ॥ १-३ ॥

रजोगुणं नृपाणां तु तमोगुणमतीव च ।
अधिकं तु पशूनां हि साधूनां सत्त्वमेव च ॥ ४ ॥
सत्त्वं विष्णुं वेदरूपं[2] निर्मलं द्वैतवर्जितम् ।
आत्मोपलब्धिविषयं त्रिमूर्तिमूलमाश्रयेत् ॥ ५ ॥

राजाओं में रजोगुण रहता है उससे भी अधिक तमोगुण रहता है, उससे भी अधिक तमोगुण पशुओं में रहता है, किन्तु साधुओं में मात्र सतोगुण की स्थिति रहती है । विष्णु में सत्त्वगुण है वे वेद के स्वरूप निर्मल तथा द्वैत से वर्जित हैं । आत्मोपलब्धि के विषय हैं, तीनों मूर्तियों के मूल हैं, अतः उनका ही आश्रय लेना चाहिए ॥ ४-५ ॥

सत्त्वगुणाश्रयादेव निष्पापी सर्वसिद्धिभाक् ।
जितेन्द्रियो भवेत् शीघ्रं ब्रह्मचारिव्रतेन च ॥ ६ ॥
प्राणवायुवशेनापि वशीभूताश्चराचराः ।
तस्यैव[3] कारणे नाथ जपं ध्यानं समाचरेत् ॥ ७ ॥

---

१. प्रकारत्रयमुल्लासम्—क० । २. विष्णु वेदरूपम्—क० ।
३. करणे—क० ।

वक्ष्यामि तत्प्रकारं जपध्यानं विधिद्वयम् ।
एतत्करणमात्रेण योगी स्यान्नात्र संशयः ॥ ८ ॥

सत्त्वगुण का आश्रय लेने से साधक पाप रहित और सभी सिद्धियों का पात्र होता है, किं बहुना ब्रह्मचर्य व्रत से वह शीघ्र जितेन्द्रिय हो जाता है । हे नाथ ! प्राणवायु को भी वश में कर लेने से संसार के सभी चराचर वश में हो जाते हैं । इसलिए प्राणवायु को वश में करने के लिए जप और ध्यान भी करते रहना चाहिए । प्राणवायु को वश में करने के लिए जप और ध्यान दो ही विधियाँ हैं । उनका प्रकार आगे कहूँगी । इनके कारण ही साधक योगी बन जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ६-८ ॥

जपं च त्रिविधं प्रोक्तं व्यक्ताव्यक्तातिसूक्ष्मगम् ।
व्यक्तं वाचिकमुपांशुमव्यक्तं[१] सूक्ष्ममानसम् ॥ ९ ॥
तत्र ध्यानं प्रवक्ष्यामि प्रकारमेकविंशतिम् ।
ध्यानेन जपसिद्धिः स्यात् जपात् सिद्धिर्न संशयः ॥ १० ॥

जप के प्रकार - १. व्यक्त रूप से होने वाला, २. अव्यक्त रूप से होने वाला तथा ३. अत्यन्त सूक्ष्म रूप से होने वाला—ये जप के तीन भेद हैं । व्यक्त जप वह है जिसे वचन रूप से उच्चारण किया जाय, उपांशु (जिह्वा संचालन) से जो जप किया जाय वह अव्यक्त है और मन से किया जाने वाला जप अत्यन्त सूक्ष्म है । अब **ध्यान** के विषय में कहती हूँ । उस ध्यान के २१ प्रकार हैं । ध्यान से जप कर सिद्धि होती है और जप से वास्तविक सिद्धि होती है इसमें संशय नहीं ॥ ९-१० ॥

आदौ विद्यामहादेवीध्यानं वक्ष्यामि शङ्कर ।
एषा देवी कुण्डलिनी [२]यस्या मूलाम्बुजे मनः ॥ ११ ॥
मनः करोति सर्वाणि धर्मकर्माणि सर्वदा ।
यत्र गच्छति स श्रीमान् तत्र वायुश्च गच्छति ॥ १२ ॥

हे शङ्कर ! सर्वप्रथम मैं विद्यामहादेवी का ध्यान कहती हूँ । यह कुण्डलिनी, ही महाविद्या हैं जिनके मूलाधार रूप कमल में मन का निवास है । यह मन ही समस्त धर्म कर्म सर्वदा किया करता है जहाँ-जहाँ वह जाता है वायु भी उसी स्थान पर उसके साथ जाता है ॥ ११-१२ ॥

अतो मूले समारोप्य मानसं वायुरूपिणम् ।
द्वादशाङ्गुलकं बाह्ये नासाग्रे चावधारयेत् ॥ १३ ॥
मनःस्थं रूपमाकल्प्य मनोधर्मं मुहुर्मुहुः ।
मनस्तत् [३]सदृशं याति गतिर्यत्र[४] सदा भवेत् ॥ १४ ॥
मनोविकाररूपं तु एकमेव न संशयः ।
अज्ञानिनां हि देवेश ब्रह्मणो रूपकल्पना ॥ १५ ॥

---

१. स व्यक्तम्—ग० । २. अस्या—क० ।
३. सहस्त्रम्—ग० । ४. मतिर्यत्र—ग० ।

अव्यक्तं ब्रह्मरूपं हि तच्च देहे व्यवस्थितम् ।
धर्मकर्मविनिर्मुक्तं मनोगम्यं भजेद्यतिः ॥ १६ ॥

अतः मूलाधार में वायु स्वरूप मन को स्थापित कर नासा के अग्रभाग के बाहर १२ अंगुल पर्यन्त वायु धारण करे । मन में रहने वाले धर्म के स्वरूपभूत (इष्टदेव) की मन में कल्पना करे । मन भी उस स्वरूप के अनुसार ही चलता है जहाँ उसकी गति है । मन में रहने वाला विकार एक ही है, इसमें संशय नहीं । हे देवेश ! परब्रह्म के रूप की कल्पना तो अज्ञानियों की है । वस्तुतः ब्रह्म का स्वरूप अव्यक्त है और वह ब्रह्म शरीर में व्यवस्थित रूप से वर्तमान है । वह धर्म कर्म से सर्वथा निर्लेप है । अतः मनोगम्य होने से साधक यति को उसका भजन करना चाहिए ॥ १३-१६ ॥

पद्मं चतुर्दलं मूले स्वर्णवर्णं मनोहरम् ।
तत्कर्णिकामध्यदेशे स्वयम्भूवेष्टितां भजेत् ॥ १७ ॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशां सुषुम्नारन्ध्रगामिनीम्[1] ।
ऊर्द्ध्वं गलत्सुधाधारामण्डितां कुण्डलीं भजेत् ॥ १८ ॥

मूलाधार में स्थित कमल चार दलों वाला है, जो मनोहर तथा सुवर्ण के समान वर्ण वाले हैं उसकी कर्णिका के मध्य में स्वयंभू लिङ्ग को वेष्टित करने वाली कुण्डलिनी का भजन करना चाहिए । वह कुण्डलिनी करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमती है जो सुषुम्ना रन्ध्र से ऊपर जाती है और बहते हुए सुधा धारा से मण्डित है । यति साधक को उस कुण्डलिनी का भजन करना चाहिए ॥ १७-१८ ॥

स्वयम्भूलिङ्ग परमं ज्ञानं [2]चिरविवर्द्धनम् ।
सूक्ष्मातिसूक्ष्ममाकाशं कुण्डलीजडितं भजेत् ॥ १९ ॥
पूर्वोक्तयोगपटलं तत्र मूले विभावयेत् ।
कुण्डलीध्यानमात्रेण षट्चक्रभेदको भवेत् ॥ २० ॥
ध्यायेद् देवीं कुण्डलिनीं परापरगुरुप्रियाम् ।
आनन्दां[3] भुवि मध्यस्थां योगिनीं योगमातरम् ॥ २१ ॥

उससे परिवेष्टित स्वयंम्भू लिङ्ग है, जो सूक्ष्म से भी अति सूक्ष्म है और आकाश के समान निर्लेप है तथा जो परम ज्ञान को निरन्तर बढ़ाता रहता है, उसका भजन करना चाहिए । साधक उस मूलाधार में कुण्डली तथा तत् परिवेष्टित स्वयंभू लिङ्ग के उभय योग का ध्यान करे । इस प्रकार के कुण्डलिनी के ध्यान मात्र से वह सिद्ध साधक षट्चक्रों का भेदक हो जाता है । पर और अवर गुरुओं की प्रेमास्पदा, आनन्दस्वरूपा, मूलाधार रूप भूलोक में रहने वाली योगी जनों की योगमाता कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ १९-२१ ॥

---

१. वज्रगामिनीम्—ग० । सुषुम्नाया रन्ध्रे गच्छति तच्छीला, ताम् ।
२. ज्ञानाङ्कुर—क० ।   ३. आनन्दार्णव—क० ।

कोटिविद्युल्लताभासां सूक्ष्मातिसूक्ष्मवर्त्मगाम्[१]।
ऊर्द्ध्वमार्गव्याचलन्तीं प्रथमारुणविग्रहाम् ॥ २२ ॥
प्रथमोद्‌गमने कौलीं[२] ज्ञानमार्गप्रकाशिकाम् ।
प्रति[३] प्रयाणे प्रत्यक्षाममृतव्याप्तविग्रहाम् ॥ २३ ॥
धर्मोदयां भानुमतीं जगत्स्थावरजङ्गमाम् ।
सर्वान्तस्थां निर्विकल्पाञ्चैतन्यानन्दनिर्मलाम् ॥ २४ ॥

करोड़ों विद्युल्लता के समान देदीप्यमान, सूक्ष्म से भी अतिसूक्ष्म मार्ग में गमन करने वाली, ऊपर की ओर के चलने वाली और सर्वश्रेष्ठ अरुण वर्ण के शरीर वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । प्रथम गमन के समय कौलीय रूप धारण करने वाली, ज्ञान मार्ग का प्रकाश करने वाली और ऊपर से नीचे की ओर आने के समय अमृत से व्याप्त विग्रह वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । धर्म से उदय होने वाली, किरणों से व्याप्त, जगत् के स्थावर-जङ्गम स्वरूप वाली, सभी के अन्तःकरण में निवास करने वाली, निर्विकल्पा चैतन्य एवं आनन्द से सर्वथा निर्मल स्वरूप वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ २२-२४ ॥

आकाशवाहिनीं नित्यां [४]सर्ववर्णस्वरूपिणीम् ।
महाकुण्डलिनीं ध्येयां ब्रह्मविष्णुशिवादिभिः ॥ २५ ॥
प्रणवान्तःस्थितां शुद्धांशुद्धज्ञानाश्रयां शिवाम् ।
कुलकुण्डलिनीं सिद्धिं चन्द्रमण्डलभेदिनीम् ॥ २६ ॥

आकाश में उड़ने वाली नित्य स्वरूपा, समस्त वर्ण स्वरूपा, ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि, देवताओं से ध्यान करने योग्य श्रीकुण्डली का ध्यान करना चाहिए । प्रणव के मध्य में रहने वाली, शुद्ध स्वरूपा, शुद्ध ज्ञानाश्रया, सबका कल्याण करने वाली, चन्द्र मण्डल का भेदन करने वाली एवं सिद्धि स्वरूपा कुल कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ २५-२६ ॥

मूलाम्भोजस्थितामाद्यां जगद्योनिं जगत्प्रियाम् ।
स्वाधिष्ठानादिपद्मस्थां सर्वशक्तिमयीं पराम् ॥ २७ ॥
आत्मविद्यां शिवानन्दां पीठस्थामतिसुन्दरीम् ।
सर्पाकृतिं रक्तवर्णां [५]सर्वरूपविमोहिनीम् ॥ २८ ॥

मूलाधार के कमल पर निवास करने वाली, आद्या जगत् की कारणभूता, समस्त जगत् से प्रेम करने वाली, स्वाधिष्ठानादि पद्मों में रहने वाली, सर्वशक्तिमयी परा कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । आत्म विद्या, शिवानन्दा पीठ में निवास करने वाली, अत्यन्त सुन्दरी, साँप के समान आकृति वाली, रक्तवर्णा रूप से सबको संमोहित करने वाली कुल कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

---

१. सूक्ष्मवर्णगाम्—क० ।—सूक्ष्मातिसूक्ष्मं यद् वर्त्म (मार्गः) तद् गच्छति—इति । गमेर्डप्रत्ययः ।
२. प्रथमोद्धमने कौला—ग० । ३. प्रति प्रमाणे प्रत्यक्षाममृतव्याप्तविग्रहाम्—ग० ।
४. निर्बिवर्ण—ग० । ५. सर्प—ग० ।

कामिनीं कामरूपस्थां [१]मातृकामात्मदायिनीम् ।
कुलमार्गानन्दमयीं कालीं कुण्डलिनीं भजेत् ॥ २९ ॥
इति ध्यात्वा मूलपद्मे निर्मले योगसाधने ।
धर्मोदये ज्ञानरूपीं साधयेत् परकुण्डलीम् ॥ ३० ॥

कामिनी, कामरूप में रहने वाली मातृका स्वरूपा, आत्मविद्या देने वाली, कुलमार्ग के उपासकों को आनन्द देने वाली महाकाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । पवित्र योगसाधन काल में इस प्रकार मूलपद्म में कुण्डलिनी का ध्यान कर धर्म के उदय हो जाने पर ज्ञानरूपी पर कुण्डलिनी की सिद्धि करनी चाहिए ॥ २९-३० ॥

कुण्डलीभावनादेव खेचराद्यष्टसिद्धिभाक् ।
ईश्वरत्वमवाप्नोति साधको भूपतिर्भवेत् ॥ ३१ ॥
योगाभ्यासे भावसिद्धौ स्मृतो वायुर्महोदयः ।
प्राणानामादुर्निवार्यो यत्नेन तं प्रचालयेत् ॥ ३२ ॥
प्रतिक्षणं समाकृष्य मूलपद्मस्थ कुण्डलीम् ।
तदा प्राणमहावायुर्वशी भवति निश्चितम् ॥ ३३ ॥

कुण्डलिनी की भावना के करने से ही खेचरता तथा अष्टसिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं और साधक ईश्वरत्व प्राप्त कर लेता है, । किं बहुना वह राजा भी हो जाता है । योगाभ्यास में महोदय वायु भावना से सिद्ध होता है । इन प्राण नाम के वायु को रोकना बड़ा कठिन कार्य है । अतः धीरे-धीरे इनका संचालन करे । मूलपद्म में रहने वाली कुण्डली को प्रतिक्षण ऊपर की ओर खींचते रहना चाहिए तभी प्राणरूप महावायु निश्चित रूप से वश में हो जाती है ॥ ३२-३३ ॥

ये देवाश्चैव ब्रह्माण्डे क्षेत्रे पीठे सुतीर्थके ।
शिलायां [२]शून्यगे नाथ सिद्धाः स्युः प्राणवायुना ॥ ३४ ॥
ब्रह्माण्डे यानि संसन्ति तानि सन्ति कलेवरे ।
ते सर्वे प्राणसंलग्नाः प्राणातीतं निरञ्जनम् ॥ ३५ ॥
यावत्प्राणः स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुतः ।
गते प्राणे समायान्ति देवताश्चेतनास्थिताः ॥ ३६ ॥

ब्रह्माण्ड में, क्षेत्र में, पीठ में तथा उत्तम तीर्थ में, शिला में, शून्य स्थान में रहने वाले जितने तत्त्व भी हैं वे सभी प्राणवायु से सिद्ध हो जाते हैं । वस्तुतः जितने तीर्थ ब्रह्माण्ड में है उतने ही तीर्थ इस शरीर में भी हैं, वे सभी प्राण से जुड़े हुए हैं, किन्तु निरञ्जन परब्रह्म प्राण से सर्वथा परे हैं । जब तक इस शरीर में प्राण हैं, तब तक मरने का भय किस प्रकार हो सकता है । प्राण के जाते ही चेतना में रहने वाले सभी देवता भी (शरीर से) चले जाते हैं ॥ ३४-३६ ॥

---

१. मातृकामर्यदायिनीम्—क० ।
२. मृण्मये—क० ।—'मृन्मये' इति पाठान्तरमुचितम्, न तु मृण्मये इति । णत्वस्याप्राप्तेः ।

सर्वेषां मूलभूता सा कुण्डली भूतदेवता[१] ।
वायुरूपा पाति सर्वमानन्दचेतनामयी ॥ ३७ ॥
जगतां चेतनारूपी कुण्डली योगदेवता ।
आत्ममनःसमायुक्ता ददाति मोक्षमेव सा ॥ ३८ ॥
अतस्तां भावयेन्मन्त्री भावज्ञानप्रसिद्धये ।
भवानीं भोगमोक्षस्थां यदि योगमिहेच्छसि ॥ ३९ ॥

सभी का मूलभूत कुण्डलीभूत देवता है, जो आनन्द युक्त एवं चेतनामयी है इस प्रकार यही वायु रूपा कुण्डलिनी सबकी रक्षा करती है । समस्त जगत् में चेतना रूपी कुण्डलिनी योग की अधिष्ठातृ देवता है जो आत्मा और मन से संयुक्त रह कर मोक्ष प्रदान करती है । इसलिए मन्त्रज्ञ साधक भावज्ञान की सिद्धि के लिए उसका ध्यान करे । यदि कोई योग चाहता हो तो वह भोग और मोक्ष में रहने वाली उस भवानी का ध्यान करें ॥ ३७-३९ ॥

वायुरोधनकाले च कुण्डली चेतनामयी[२] ।
ब्रह्मरन्ध्रावधि ध्येया योगिनं पाति कामिनी ॥ ४० ॥
वायुरूपां[३] परां देवीं नित्यां योगेश्वरी जयाम् ।
निर्विकल्पां त्रिकोणस्थां[४] सदा ध्यायेत् कुलेश्वरीम् ॥ ४१ ॥
अनन्तां कोटिसूर्याभां ब्रह्मविष्णुशिवात्मिकाम् ।
अनन्तज्ञाननिलयां यां भजन्ति मुमुक्षवः ॥ ४२ ॥
अज्ञानतिमिरे घोरे सा लग्ना मूढचेतसि ।
सुप्ता सर्पासना मौला पाति साधकमीश्वरी ॥ ४३ ॥

वायु के रोकने के समय चेतनामयी कुण्डली का ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त ध्यान करें क्योंकि वह कामिनी योगी की रक्षा करती है । वायुरूपा, परादेवी, नित्या, योगीश्वरी, जया, निर्विकल्पा, त्रिकोण में रहने वाली कुलेश्वरी कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । वह अनन्ता करोड़ों सूर्य के समान आभा वाली और ब्रह्मा, विष्णु, शिव स्वरूपा वह अनन्तज्ञान निलया हैं । मुमुक्षु जन उसी का भजन करते हैं । वह मूर्खों के चित्त में घोर अज्ञानान्धकार में पड़ी रहती हैं । सर्पासन पर सवार रहती हैं, सोई रहती है और मूलाधार में स्थित रहने वाली वह ईश्वरी साधक का पालन करती है ॥ ४०-४३ ॥

ईश्वरीं सर्वभूतानां ज्ञानाज्ञानप्रकाशिनीम् ।
धर्माधर्मफलव्याप्तां करुणामयविग्रहाम् ॥ ४४ ॥
नित्यां ध्यायन्ति योगीन्द्राः काञ्चनाभाः कलिस्थिताः ।
कुलकुण्डलिनीं देवीं चैतन्यानन्दनिर्भराम् ॥ ४५ ॥

उस सर्व प्राणियों की ईश्वरी, ज्ञान और अज्ञान का प्रकाशन करने वाली, धर्म और

---

१. परदेवता—क० । २. चेतनमुखी—ग० । ३. जयारूपाम्—क० ।
४. त्रिलोकस्थाम्—क० ।—त्र्यवयवोलोकस्त्रिलोकस्तत्रस्थिताम् । मध्यमपदलोपिसमासगर्भस्तत्पुरुषः ।

अधर्म के फल से व्याप्त करुणामय विग्रह वाली नित्या भगवती का स्वर्ण के समान आभा वाले कलिकाल में उत्पन्न योगेन्द्र ध्यान करते हैं ॥ ४४-४५ ॥

ककारादिमान्तवर्णां मालाविद्युल्लतावृताम्[१] ।
हेमालङ्कारभूषाङ्गीं[२] ये मां सम्भावयन्ति ते ॥ ४६ ॥
ये वै[३] कुण्डलिनीं विद्यां कुलमार्गप्रकाशिनीम् ।
ध्यायन्ति[४] वर्षसंयुक्तास्ते मुक्ता नात्र संशयः ॥ ४७ ॥

चैतन्य और आनन्द से परिपूर्ण, वकार से सकार वर्ण वाली, विद्युल्लता से आवृत सुवर्ण के अलङ्कार से भूषित इस प्रकार के रूप में मेरा जो ध्यान करते हैं वे मुक्त हो जाते हैं । इस प्रकार जो कुलमार्ग का प्रकाश करने वाली कुण्डलिनी विद्या का ध्यान वर्ण पर्यन्त करते हैं वे मुक्त हो जाते हैं इसमें संशय नहीं ॥ ४६-४७ ॥

ये मुक्ता[५] पापराशेस्तु धर्मज्ञानसुमानसाः ।
तेऽवश्यं ध्यानमाकुर्वन् स्तुवन्ति [६]कुण्डलीं पराम् ॥ ४८ ॥
कुलकुण्डलिनीध्यानं भोगमोक्षप्रदायकम् ।
यः करोति महायोगी भूतले नात्र संशयः ॥ ४९ ॥

जो पापराशि से मुक्त हैं, जिनके मन में धर्म ज्ञान हो गया है, वे अवश्य ही कुण्डलिनी का ध्यान कर उस पराकुण्डलिनी की स्तुति करते हैं । कुल कुण्डलिनी का ध्यान भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करता है और जो उसका ध्यान करते हैं वह इस भूतल में महायोगी हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ४८-४९ ॥

त्रिविधं कुण्डलिनीध्यानं दिव्यवीरपशुक्रमम् ।
पशुभावादियोगेन सिद्धो भवति योगिराट् ॥ ५० ॥
दिव्यध्यानं प्रवक्ष्यामि सामान्यानन्तरं प्रभो ।
आदौ सामान्यमाकृत्य दिव्यादीन् कारयेत्ततः ॥ ५१ ॥

दिव्य, वीर और पशुभाव से कुण्डलिनी का ध्यान तीन प्रकार का कहा गया है । प्रथम पशुभाव, फिर वीरभाव, फिर दिव्यभाव, इस क्रम से प्राप्त होने पर योगिराज सिद्ध हो जाता है । हे प्रभो ! अब पशु भावादि कहने के बाद दिव्य ध्यान कहूँगी पहले सामान्य पशुभाव का ध्यान, फिर वीरभाव का ध्यान तदनन्तर दिव्यभाव का ध्यान करे ॥ ५०-५१ ॥

कोटिचन्द्रप्रतीकाशां[७] तेजोबिम्बां[८] निराकुलाम् ।
ज्वालामाला[९]सहस्राढ्यां कालानलशतोपमाम् ॥ ५२ ॥

---

१. च्युताम्—ग० । मालाविद्युतां लताभिरावृताम् । २. मन्त्याम्—क० ।
३. ये कुलीनाः कुलाधिस्थाम्—क० । ४. हर्ष—क० ।
५. भक्ताः—क० । ६. कुलकुण्डलीम्—क० ।
७. सूर्य—क० । ८. विध्याम्—ग० । ९. प्राणायाम—ग० ।

द्रंष्ट्राकरालदुर्धर्षां जटामण्डलमण्डिताम् ।
घोररूपां महारौद्रीं सहस्रकोटिचञ्चलाम् ॥ ५३ ॥
कोटिचन्द्रसमस्निग्धां सर्वत्रस्थां भयानकाम् ।
अनन्तसृष्टिसंहारपालनोन्मत्तमानसाम् ॥ ५४ ॥
सर्वव्यापकरूपाद्यामादिनीलाकलेवराम् ।
अनन्तसृष्टिनिलयां ध्यायन्ति तां मुमुक्षवः ॥ ५५ ॥

करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल, तेज का बिम्ब, सर्वथा स्थिर सहस्रों ज्वालामाला से युक्त, सैकड़ों कालाग्नि के समान भयङ्कर, कराल दाँतों से एवं महाभयानक जटामण्डल से मण्डित, घोर रूपा, महारौद्री सहस्र करोड़ विद्युत के समान चञ्चल, करोड़ों चन्द्रमा के समान मनोहर, सर्वत्र व्याप्त रहने वाली, महाभयानक, अनन्त जगत् की सृष्टि एवं अनन्त सृष्टि का पालन तथा अनन्त सृष्टि के संहार में उन्मत्त रहने वाली सर्व व्यापक रूप से रहने वाली, आद्या, आदि नील कलेवर वाली तथा अनन्त सृष्टि की निलयभूता उस महाविद्या का मुमुक्षु जन ध्यान करते हैं ॥ ५२-५५ ॥

वीरध्यानं प्रवक्ष्यामि यत्कृत्वा वीरवल्लभः ।
वराणां वल्लभो यो हि मुक्तो[१] भोगी स उच्यते ॥ ५६ ॥
वीराचारे[२] सत्त्वगुणं निर्मलं दिव्यमुत्तमम् ।
सम्प्राप्य च महावीरो योगी भवति तत्क्षणात् ॥ ५७ ॥

अब वीर ध्यान कहती हूँ, जिसके करने से वीर वल्लभ होता है और जो वीरों का वल्लभ हो जाता है, वह योगी भी मुक्त कहा जाता है । वीराचार में सत्त्वगुण की प्रधानता रहती है, दिव्यभाव से साधक निर्मल होता है । इन भावों को प्राप्त कर योगी तत्क्षण महावीर बन जाता है ॥ ५६-५७ ॥

वीराचारं बिना नाथ दिव्याचारं न लभ्यते ।
ततो वीराचारधर्मं कृत्वा दिव्यं समाचरेत् ॥ ५८ ॥
वीराचारं कोटिफलं वारैकजपसाधनम् ।
कोटिकोटिजन्मपापदुःखनाशं स भक्तकः ॥ ५९ ॥

हे नाथ ! बिना वीराचार के दिव्याचार प्राप्त नहीं होता, इसलिए वीराचार करने के बाद दिव्यभाव का आचरण करना चाहिए । वीराचार करोड़ गुना फल देने वाला है और उसका साधन एकमात्र जप है जिससे करोड़ों करोड़ों जन्म के पापों एवं दुःखों का नाश हो जाता है । अन्ततः वही भक्त भी होता है ॥ ५८-५९ ॥

---

१. मुक्तिभागी—क० ।
२. यदि वीराचारभावं करोति भूभृतां पतिः ।
स योगी भोगवक्ता स्यादानन्दपूर्णभावकः ॥
मुधि दाता विधाता विधाता वेदवाचकैः ।
वेदवक्ता महारुद्रो वीराचारेण सम्भवेत् ॥ क० अधिकः ।

कुलाचारं समाचारं वीराचारं महाफलम् ।
कृत्वा सिद्धिश्च[1] वै ध्यानं कुलध्यानं[2] मदीयकम् ॥ ६० ॥
कुलकुण्डलिनीं देवीं मां ध्यात्वा पूजयन्ति ये ।
मूलपद्मे[3] महावीरो ध्यात्वा भवति योगिराट् ॥ ६१ ॥

कुलाचार, समाचार (समयाचार) और वीराचार महान् फल देने वाला है । इसलिए मेरा ध्यान अर्थात् कुल ध्यान करके ही साधक सिद्धि प्राप्त करता है । जो महावीर मूलाधार के पद्म में स्थिर रहने वाली कुल कुण्डलिनी देवी के रूप में ध्यान करते हैं, वे ध्यान कर महावीर एवं योगिराज हो जाते हैं ॥ ६०-६१ ॥

कालीं कौलां कुलेशीं कलकल-कलिजध्यानकालानलार्कां
कल्योल्कां कालकवलां किलिकिलिकलिकां केलिलावण्यलीलाम् ।
सूक्ष्माख्यां संक्षयाख्यां क्षयकुलकमले सूक्ष्मतेजोमयीन्ता-
माद्यन्तस्थां भजन्ति प्रणतगतजनाः[4] सुन्दरीं चारुवर्णाम् ॥ ६२ ॥

काली, कौला, कुलमार्ग की ईश्वरी, कलकल कलिजों के ध्यान के लिए कालानल का सूर्य, कलि युग की उल्का, काल को कवलित करने वाली, किलिकिलि की कलिका केलि में अपने लावण्य से लीला करने वाली, सूक्ष्म नाम से अभिहित होने वाली, सूक्ष्म नाम से अभिहित होने वाली, संक्षय नाम से अभिहित होने वाली, क्षयकुल कमल में तेजोरूप से विराजमान, आदि और अन्त में रहने वाली, उन चारुवर्णा सुन्दरी को प्रणत रहने वाले भक्त जन निरन्तर भजते हैं ॥ ६२ ॥

अष्टादशभुजैर्युक्तां नीलेन्दीवरलोचनाम् ।
मदिरासागरोत्पन्नां चन्द्रसूर्याग्निरूपिणीम् ॥ ६३ ॥
चन्द्रसूर्याग्निमध्यस्थां सुन्दरीं वरदायिनीम् ।
कामिनीं कोटिकन्दर्पदर्पान्तकपतिप्रियाम् ॥ ६४ ॥
आनन्दभैरवाक्रान्तामानन्दभैरवीं पराम् ।
भोगिनीं कोटिशीतांशुगलद्गात्रमनोहराम् ॥ ६५ ॥
कोटिविद्युल्लताकारां सदसद्व्यक्तिवर्जिताम् ।
ज्ञानचैतन्यनिरतां तां वीरा भावयन्ति हि ॥ ६६ ॥

अट्ठारह भुजाओं वाली, नीले कमल के समान मनोहर नेत्रों वाली, मदिरा के सागर से उत्पन्न होने वाली, चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि स्वरूपा, चन्द्र, सूर्य एवं अग्नि के मध्य में रहने वाली परम सुन्दरी, वरदायिनी, करोड़ों कन्दर्प के दर्प को दलन करने वाली, पति प्रिया, कामिनी, आनन्दभैरव से आक्रान्त, पर स्वरूपा, आनन्दभैरवी, भोगिनी, करोड़ों चन्द्रमा से गिरते हुए अमृतमय गात्र से मनोहर, करोड़ों विद्युल्लता के समान आकार वाली, सदसत् की

---

१. सिद्धश्च—क० ।　　२. यद् यद्—क० ।
३. मूलपङ्के महावीरां भैरवीं ते वशेन्द्रियाम्—ग० ।　　४. जलाम्—ग० ।

अभिव्यक्ति से वर्जित, ज्ञान एवं चैतन्य में निरत रहने वाली उस महाविद्या का ध्यान वीराचार के लोग करते हैं ॥ ६३-६६ ॥

अस्या ध्यानप्रसादेन त्वं तुष्टो भैरवः स्वयम् ।
अहं च तुष्टा संसारे सर्वे तुष्टा न संशयः ॥ ६७ ॥
प्राणायामान् स करोति साधकः स्थिरमानसः ।
ध्यात्वा देवीं मूलपद्मे वीरो योगमवाप्नुयात् ॥ ६८ ॥
वीरभावं सूक्ष्मवायुधारणेन महेश्वर ।
साधको भुवि जानाति स्वमृत्युं जन्मसङ्कटम् ॥ ६९ ॥

हे प्रभो ! इस देवी के ध्यान से स्वयं आप भैरव संतुष्ट होते हैं और मैं भी संतुष्ट होती हूँ, फिर तो सारा संसार ही संतुष्ट रहता है इसमें संशय नहीं । जो वीर साधक स्थिर चित्त से प्राणायाम करता है और मूलाधार पद्म में देवी का ध्यान करता है वह योग प्राप्त कर लेता है । हे महेश्वर ! सूक्ष्म वायु के धारण करने से वीरभाव को प्राप्त करने वाला साधक इस पृथ्वी पर अपनी मृत्यु तथा जन्म में होने वाले सङ्कटों को जान लेता है ॥ ६७-६९ ॥

मासादाकर्षणीसिद्धिर्वाक्सिद्धिश्च द्विमासतः ।
मासत्रयेण[१] संयोगाज्जायते देववल्लभः[२] ॥ ७० ॥
एवञ्चतुष्टये मासि भवेद्दिकपालगोचरः ।
पञ्चमे पञ्चबाणः स्यात् षष्ठे रुद्रो न संशयः ॥ ७१ ॥

एक महीने में आकर्षण की सिद्धि, दो महीने में वाक्सिद्धि तथा तीन महीने में वायु के संयोग से साधक देवताओं का वल्लभ हो जाता है । इसी प्रकार ऐसा करते रहने से उसे दिक्पालों के दर्शन हो जाते हैं । पाँचवें महीने में वह काम के समान सुन्दर, छठें महीने में (साक्षात्) रुद्र हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ७०-७१ ॥

वीरभावस्य माहात्म्यं कोटिजन्मफलेन च ।
जानाति साधकश्रेष्ठो [३]देवीभक्तः स योगिराट् ॥ ७२ ॥
वीराचारं महाधर्मं चित्तस्थैर्यस्य कारणम् ।
यस्य प्रसादमात्रेण दिव्यभावाश्रितो भवेत् ॥ ७३ ॥

जो साधक श्रेष्ठ एवं करोड़ों जन्मों के फल से वीरभाव का माहात्म्य जान लेता है वही देवी का भक्त तथा योगिराज है । चित्त को स्थिर रखने में कारणभूत वीराचार महान् धर्म हैं, जिसकी कृपा होने पर साधक दिव्यभाव का आश्रित बन जाता है ॥ ७२-७३ ॥

स्वयं रुद्रो महायोगी महाविष्णुः कृपानिधिः ।
महावीरः स एवात्मा[४] मोक्षभोगी न संशयः ॥ ७४ ॥

---

१. संयोगी—ग० ।
२. देवानां वल्लभः प्रिय इत्यर्थः ।
३. देव—ग० ।
४. स तु वात्मा—ग० ।

अथ नाथ महावीर भावस्नानं कुलाश्रयम् ।
यत्कृत्वा शुचिरेव स्यात् शुचिश्चेत् किं न सिद्ध्यति ॥ ७५ ॥

वीराचार के प्रभाव से रुद्र स्वयं महायोगी हुए और महाविष्णु कृपा के निधान हो गए। इस प्रकार वही आत्मा महावीर है, वही मोक्ष का भोक्ता है, इसमें संशय नहीं । हे नाथ ! हे महावीर ! कुल (= शाक्तों) का यह आश्रय है और भाव स्नान हैं जिसके करने से साधक शुचि हो जाता है और शुचि होने पर क्या नहीं सिद्ध होता ॥ ७४-७५ ॥

कुलस्नानं महास्नानं योगिनामतिदुर्लभम् ।
कृत्वा जितेन्द्रियो वीर: कुलध्यानं समाचरेत् ॥ ७६ ॥
स्नानं तु त्रिविधं प्रोक्तं मज्जनं गात्रमार्जनम् ।
मन्त्रज्ञानादिभि:[1] स्नानमुत्तमं परिकीर्तितम् ॥ ७७ ॥

कुल (शाक्तों) का स्नान (वीराचार) है । यह महास्नान योगियों को भी अत्यन्त दुर्लभ हैं । अतः जितेन्द्रिय वीर साधक इसे कर के कुल का ध्यान करे । स्नान तीन प्रकार का कहा गया है—पहला डुबकी लगाकर, दूसरा शरीर का मार्जन कर, तीसरा मन्त्र और ज्ञान पूर्वक स्नान जो सर्वोत्तम कहा गया है ॥ ७६-७७ ॥

तत्प्रकारं शृणु प्राणवल्लभ प्रियकारक ।
स्नानमात्रेण मुक्त: स्यात् पापशैलादनन्तग: ॥ ७८ ॥
स्नानञ्च[2] विमले तीर्थे हृदयाम्भोजपुष्करे ।
बिन्दुतीर्थेऽथवा स्नायात् सर्वजन्माघमुक्तये ॥ ७९ ॥

हे प्राण वल्लभ ! हे प्रिय करने वाले ! अब उस स्नान का प्रकार सुनिए, जिस स्नान मात्र से स्नानकर्ता पाप के पहाड़ से मुक्त हो जाता है और अनन्त को प्राप्त कर लेता है । सभी जन्म के पापों से छुटकारा पाने के लिए, हृदय रूपी कमल में होने वाले विमल पुष्कर नाम वाले तीर्थ में स्नान करे अथवा बिन्दुतीर्थ में स्नान करना चाहिए ॥ ७८-७९ ॥

इडासुषुम्ने शिवतीर्थकेऽस्मिन् ज्ञानाम्बुपूर्णे वहत: शरीरे ।
ब्रह्मादिभि:[3] स्नाति तयोस्तु नीरे किं तस्य गाङ्गैरपि पुष्करैर्वा ॥ ८० ॥

इस शरीर में कल्याणकारी तीर्थ ईडा और सुषुम्ना नाडियाँ विद्यमान हैं जिसमें ज्ञान का जल बह रहा है, ब्रह्मादि देवता भी उस जल में स्नान करते हैं, जिसने इसमें स्नान कर लिया उसे गङ्गा जल में अथवा पुष्कर में स्नान से क्या लाभ ? ॥ ८० ॥

इडामलस्थान[4]निवासिनी या सूर्यात्मिकायां यमुना प्रवाहिका[5]।
तथा सुषुम्ना मलदेशगामिनी[6] सरस्वती मज्जति[7] भक्षणार्थकम् ॥ ८१ ॥

---

१. मन्त्रजलादिभि:—क० ।—मन्त्रश्च ज्ञानं च मन्त्रज्ञाने, ते आदिर्येषां तै: ।

२. स्नायाच्च—क० ।

३. ब्रह्माम्बुभि:—क० ।

४. इडामलस्थाम्बुनि नाथकन्या—क० ।

५. प्रकाशिका—क० ।

६. वासिनी—क० ।

७. रक्षति मज्जनात्मकम्—क० ।

ईडा जो सर्वथा पवित्र स्थान से निकलने वाली गङ्गा है तथा पिङ्गला सूर्य से उत्पन्न होने वाली यमुना है, उनके बीच में ब्रह्मलोक तक जाने वाली सरस्वती है । अतः जो उसमें स्नान करता है, वह उसके पापों को खा जाती हैं ॥ ८०-८१ ॥

मनोगतस्नानपरो मनुष्यो मन्त्रक्रियायोग विशिष्ट तत्त्ववित् ।
महीस्थतीर्थे विमले जले मुदा मूलाम्बुजे स्नाति च मुक्तिभाग् भवेत् ॥ ८२ ॥
सर्वादितीर्थे सुरतीर्थपावनी गङ्गा महासत्वविनिर्गता सती ।
करोति पापक्षयमेव मुक्तिं ददाति साक्षादतुलार्थपुण्यदा ॥ ८३ ॥

मन में ही स्नान करने वाला मनुष्य मन्त्र की क्रिया के योग का जानने वाला है, जो मूलाधार कमल रूप मही में रहने वाले इस तीर्थ में प्रसन्नता पूर्वक स्नान करता है वह मुक्ति का भागी हो जाता है । देवताओं के तीर्थ को पवित्र करने वाली गङ्गा इस सर्वादि तीर्थ में महासत्त्व से निकली हुई हैं । जो पापों का क्षय करती हैं और मुक्ति प्रदान करती हैं । किं बहुना वे साक्षात् इतना पुण्य प्रदान करती हैं, जिसकी कोई तुलना नहीं है ॥ ८२-८३ ॥

सर्गस्थं यावदातीर्थं स्वाधिष्ठाने सुपङ्कजे ।
मनो निधाय योगीन्द्रः स्नाति गङ्गाजले तथा[१] ॥ ८४ ॥
मणिपूरे देवतीर्थे [२] पञ्चकुण्डं सरोवरम् ।
एतत् श्रीकामनातीर्थं स्नाति यो मुक्तिमिच्छति ॥ ८५ ॥

इस सृष्टि में जहाँ तक जितने तीर्थ हैं वे सभी तीर्थ स्वाधिष्ठान के कमल में निवास करते हैं, योगीन्द्र उसी में अपना मन उस प्रकार लगाकर स्नान करते हैं जैसे गङ्गा जल में स्नान किया जाता है । देवताओं के तीर्थरूप **मणिपूर** हैं जो पाँच कुण्डों वाला सरोवर है । इसे श्रीकामना तीर्थ भी कहते हैं । जो मुक्ति चाहता है वह इस तीर्थ में स्नान करता है ॥ ८४-८५ ॥

अनाहते सर्वतीर्थं सूर्यमण्डलमध्यगम् [३] ।
विभवः[४] सर्वतीर्थानि स्नाति यो मुक्तिमिच्छति ॥ ८६ ॥
विशुद्धाख्ये महापद्मे अष्टतीर्थं समुद्भवम् [५] ।
कैवल्यमुक्तिदं ध्यात्वा स्नाति वीरो विमुक्तये ॥ ८७ ॥

सूर्य मण्डल के मध्य में रहने वाला अनाहत तीर्थ है जिसमें सभी तीर्थ रहते हैं । किं बहुना यहाँ सभी विभव तथा सभी तीर्थ हैं जो साधक मुक्ति चाहता है वह इसमें स्नान करता है । **विशुद्ध** नामक महापद्म में आठ तीर्थ उत्पन्न हुए हैं, वीराचार वाला पुरुष विमुक्ति के लिए कैवल्य मुक्ति देने वाले परमात्मा का ध्यान कर इसमें स्नान करता है ॥ ८६-८७ ॥

---

१. यथा—क० ।   २. देवतीर्थम्—क० ।
३. सूर्यस्य मण्डलं सूर्यमण्डलम्, तस्य मध्यं गच्छति—इति सूर्यमण्डलमध्यगम् ।
४. विभाव्य—क० ।   ५. हस्ततीर्थमधूद्भवम्—क० ।

मानसं बिन्दुतीर्थञ्च कालीकुण्डं[1] कलात्मकम् ।
आज्ञाचक्रे[2] सदा ध्यात्वा स्नाति निर्वाणसिद्धये ॥ ८८ ॥
एतत् कुले प्रियस्नानं कुर्वन्ति योगिनो मुदा ।
अतो वीराः सत्त्वयुक्ताः सर्वसिद्धियुताः सुराः ॥ ८९ ॥

आज्ञाचक्र में मानस तीर्थ, बिन्दु तीर्थ, कलात्मक कालीकुण्ड नामक तीर्थों का निवास है । अतः निर्वाण चाहने वाला उनका ध्यान करते हुए स्नान करता है । योगी लोग कुल में रहने वाले इन तीर्थों में प्रसन्नता पूर्वक स्नान करते हैं, इसलिए वीराचार वाले सत्त्व से संयुक्त हैं और देवतागण समस्त सिद्धियों से युक्त हैं ॥ ८८-८९ ॥

नाना पापं सदा कृत्वा ब्रह्महत्याविनिर्गतम् ।
कृत्वा स्नानं महातीर्थे सिद्धाः स्युरणिमादिगाः ॥ ९० ॥
स्नानमात्रेण निष्पापी शक्तः स्याद्वायुसङ्ग्रहे ।
तीर्थानां दर्शनं येषां शक्तो योगी भवेद् ध्रुवम् ॥ ९१ ॥

सदैव ब्रह्म हत्यादि से होने वाले अनेक प्रकार के महा पापों को सदैव करके भी इस महातीर्थ में स्नान कर मनुष्य अणिमादि से उत्पन्न होने वाली सिद्धि प्राप्त कर लेता है । वह इस तीर्थ में स्नान मात्र से पाप रहित हो जाता है और वायु ग्रहण करने में समर्थ हो जाता है । जिन्हें इन तीर्थों का दर्शन भी हो गया है, वे सर्वसमर्थ योगी बन जाते हैं यह निश्चय है ॥ ९०-९१ ॥

अथ सन्ध्यां महातीर्थे कुलनिष्ठः समाचरेत् ।
कुलरूपां योगविद्यां योगयोगाद् यतीश्वरः ॥ ९२ ॥
शिवशक्तौ समायोगो यस्मिन् काले प्रजायते ।
सा सन्ध्या कुलनिष्ठानां समाधिस्थे प्रजायते ॥ ९३ ॥
शिवं सूर्यं हृदि ध्यात्वा भालशक्तीन्दुसङ्गमम् ।
सा सन्ध्या कुलनिष्ठानां समाधिस्थे प्रजायते ॥ ९४ ॥

कुलमार्ग के साधक की सन्ध्या—इस प्रकार स्नान करने के बाद कुलमार्ग का अधिकारी सन्ध्या करे । कुलरूपा महाविद्या रूप योग में युक्त होने के कारण साधक यतीश्वर हो जाता है । जिस समय शिव की महाशक्ति से साधक युक्त हो जाता है, शाक्तों की समाधि में होने वाली वही महासन्ध्या है । हृदय में शिव का तथा सूर्य का ध्यान कर भाल प्रदेश में शक्ति तथा चन्द्रमा के सङ्गम का ध्यान करे तो शाक्तों की समाधि में होने वाली यही सन्ध्या है ॥ ९२-९४ ॥

अथवेन्दुं[3] शिवं ध्यात्वा हृत्सूर्यशक्तिसङ्गमम् ।
संयोगविद्या सा सन्ध्या समाधिस्थे प्रजायते ॥ ९५ ॥

---

१. कलाधरम्—क० । २. आज्ञाचक्रम्—क०
३. अथ बिन्दुम्—क० ।

इति[१] सन्ध्या च कथिता ज्ञानरूपा जगन्मयी ।
सा नित्या वायवी शक्तिः छिन्नभिन्ना विनाशनात् ॥ ९६ ॥

अथवा, इन्दु तथा शिव का ध्यान कर हृदय में शक्ति और सूर्य के सङ्गम का ध्यान करें, तो यही शाक्तों की समाधि में होने वाली संयोग विद्या सन्ध्या हो जाती है । इस प्रकार ज्ञानरूपा जगन्मयी सन्ध्या का निरूपण हमने किया । वही नित्या वायवी शक्ति हैं जिसके विनष्ट होने से सन्ध्या भी छिन्न-भिन्न हो जाती है ॥ ९५-९६ ॥

तत्त्वतीर्थे[२] महादेव तर्पणं यः करोति हि ।
त्रैलोक्यं तर्पितं तेन तत्प्रकारं शृणु प्रभो ॥ ९७ ॥
मूलाम्भोजे कुण्डलिनीं चन्द्रसूर्याग्निरूपिणीम् ।
समुत्थाप्य कुण्डलिनीं परं बिन्दुं निवेश्य च ॥ ९८ ॥
तदुद्भवामृतेनेह तर्पयेद् देहदेवताम् ।
कुलेश्वरीमादिविद्यां स सिद्धो भवति ध्रुवम् ॥ ९९ ॥

हे महादेव ! जो तत्त्वतीर्थ में तर्पण करता है उसने सारे त्रिलोकी को तृप्त कर दिया, हे प्रभो अब उस **तर्पण के प्रकार** को सुनिए । मूलाधार रूप कमल में रहने वाली चन्द्र सूर्याग्नि स्वरूपा कुण्डलिनी को ऊपर उठाकर उसमें पर बिन्दु (सहस्रार चक्र में स्थित चन्द्र मण्डल से झरने वाली सुधा) सन्निविष्ट कर उसमें रहने वाले अमृतमय देह में रहने वाली कुलेश्वरी महाविद्या स्वरूप देवता को तृप्त करे तो वह निश्चय ही सिद्ध हो जाता है ॥ ९७-९९ ॥

चन्द्रसूर्यमहावह्निसम्भूतामृतधारया ।
तर्पयेत् कौलिनीं नित्याममृताक्तां विभावयेत् ॥ १०० ॥
एतत्परपदा काली [३]स्त्रीविद्यादिप्रतर्पणम् ।
कृत्वा योगी भवेदेव सत्यं सत्यं कुलेश्वर ॥ १०१ ॥

चन्द्रमा सूर्य तथा महाग्नि से उत्पन्न हुई अमृतधारा से नित्या कौलिनी का तर्पण करे । तदनन्तर अमृत से भीङ्गी हुई उन देवता का ध्यान करे । यह पर-पद में निवास करने वाली, काली स्त्रीविद्यादि का तर्पण कर साधक योगी हो जाता है । हे कुलेश्वर ! यह सत्य है यह सत्य है ॥ १००-१०१ ॥

मूले पात्रं चान्द्रमसं ललाटेन्द्वमृते न च ।
सम्पूर्य ज्ञानमार्गेण तर्पयेत्तेन खेचरीम् ॥ १०२ ॥

---

१. किं वा देहस्थिता शक्तिर्वायवी सुशिवान्विता ।
नासाग्रसन्धिनिलया सा सन्ध्या वायुसङ्गमा ॥
किं वा बाह्यगता शक्तिः सुन्दरि शिवसङ्गमम् ।
सा सन्ध्या तत्त्वनिष्ठानां सामाधिस्थे प्रजायते ॥ क० ।

२. तत्तु तीर्थे—क०   ३. श्रीविद्या—क० ।

सुधासिन्धोर्मध्यदेशे कुलकन्यां प्रतर्पयेत् ।
मदिरामृतधाराभिः सिद्धो भवति योगिराट् ॥ १०३ ॥

मूलाधार रूप पात्र के ललाटस्थ चन्द्रमण्डल से निर्गत अमृत से ज्ञानमार्ग द्वारा पूर्ण करे । फिर उससे खेचरी देवता का तर्पण करे । सुधा-सिन्धु के मध्य देश में कुल कन्या का तर्पण मदिरा रूप अमृत धारा से करे तो वह योगिराज सिद्ध हो जाता है ॥ १०२-१०३ ॥

तत्र तीर्थे महाज्ञानी ध्यानं कुर्यात्[1] प्रयत्नतः ।
तद्गर्भमभ्य[2]सेन्नित्यं ध्यानमेतद्धि योगिनाम् ॥ १०४ ॥
स्वीयां कन्यां भोजयेद्वै परकीयामथापि वा ।
परितोषाय सर्वेषां युवतीं वा प्रतोषयेत् ॥ १०५ ॥

उस तीर्थ में महाज्ञानी प्रयत्नपूर्वक ध्यान करे और उसके बाद सगर्भ प्राणायाम करे - यही योगियों का ध्यान है । अपनी कन्या को अथवा दूसरों की कन्या को भोजन करावे । अथवा सबको तृप्त करने के लिए युवती को संतुष्ट करे ॥ १०४-१०५ ॥

स्तोत्रेणानेन[3] दिव्येन तोषयेत् शङ्कर प्रभो ।
सहस्रनाम्ना कौमार्याः स्तुत्वा देवीं प्रतोषयेत् ॥ १०६ ॥
यः करोति पूर्णयज्ञं पञ्चाङ्गं जपकर्मणि ।
पुरश्चरणकार्यं च प्राणायामेन[4] कारयेत् ॥ १०७ ॥
प्राणवायुः स्थिरो गेहे पूजाग्रहणहेतुना ।
येऽन्तरस्थं न कुर्वन्ति तेषां सिद्धिः कुतः स्थिता ॥ १०८ ॥

फिर हे प्रभो शङ्कर ! दिव्य कुमारी के सहस्रनाम वाले स्तोत्र से स्तुति कर देवी को संतुष्ट करे । जो जप कर्म में पञ्चाङ्ग पूर्ण यज्ञ (द्र० . २५ . ७८-१०६) स्नान, सन्ध्या, तर्पण, ध्यान एवं कुमारी भोजनपूर्वक सहस्रनाम से स्तुति करता है तथा प्राणायाम के साथ पुरश्चरण कार्य करता है उनके शरीर रूपी गृह में पूजा ग्रहण करने के कारण प्राणवायु स्थिर रहता है । हे प्रभो ! जो अन्तरस्थ इस कर्म को नहीं करता उन्हें सिद्धि कैसे मिले ? ॥ १०६-१०८ ॥

अतोऽन्तर्यजनेनैव[5] कुण्डलीतुष्टमानसा ।
यदि तुष्टा महादेवी तदैव सिद्धिभाक् पुमान् ॥ १०९ ॥

---

१. दहर्निशम्—क० ।
२. प्राणायामपरो भूत्वा एतत्सर्वं विभावयेत् ।
किरणर्स्थं तदग्निस्थं चन्द्रभास्करमध्यगम् ॥
महाशून्ये त्वयं कृत्वा पूर्णः तिष्ठति योगिराट् ।
निरालम्बे पदे शून्ये यत्तेज उपपद्यते ॥ क० ।
३. पूर्वोक्तस्तोत्रसारेण कवचाङ्गेन शङ्कर—क० ।
४. प्राणायामम्—ग० ।
५. जलेनापि—क० ।

अभिषिच्य जगद्धात्रीं प्रत्यक्षपरदेवताम् ।
मूलाम्भोजात् सहस्रारे पूजयेद् बिन्दुधारया ॥ ११० ॥

इससे यह सिद्ध होता है कि कुण्डलिनी अन्तर्यजन से ही संतुष्ट मन वाली होती है, जब कुण्डली महादेवी संतुष्ट हो गई तो उसी समय मनुष्य सिद्धि का भाजन बन जाता है । प्रत्यक्ष रूप से पर देवता स्वरूपा जगद्धात्री का अभिषेचन कर मूलाम्भोज से सहस्रार चक्र में जाने वाली उस कुण्डलिनी का बिन्दुधारा द्वारा पूजन करे ॥ १०९-११० ॥

गलच्चन्द्रामृतोल्लासिधारयासिच्य[1] पार्वतीम् ।
पूजयेत् परया भक्त्या मूलमन्त्रं स्मरन् सुधीः ॥ १११ ॥
अर्च्चयन्विषयैः पुष्पैस्तत्क्षणात्तन्मयो भवेत् ।
न्यासस्तन्मयताबुद्धिः सोऽहंभावेन पूजयेत् ॥ ११२ ॥

चन्द्रमा के द्वारा गिरती हुई, अमृत से सुशोभित धारा से पार्वती को अभिषिक्त कर मूलमन्त्र का स्मरण करते हुए सुधी साधक उनका पूजन करे । उनके पूजा के विषय में एकत्रित किए गए पुष्पों से ध्यान कर तत्क्षण तन्मय हो जावें, उनमें तन्मय हो जाने वाली बुद्धि को **न्यास** कहते हैं । इसलिए जो वह हैं, वही मैं हूँ । अतः इस **सोऽहं** भाव से उनका पूजन करे ॥ १११-११२ ॥

मन्त्राक्षराणि चिच्छक्तौ प्रोतानि परिभावयेत् ।
तामेव[2] परमे व्योम्नि परमानन्दसंस्थिते ॥ ११३ ॥
दर्शयत्यात्मसद्भावं[3] पूजाहोमादिभिर्विना[4] ।
तदन्तर्यजनं ज्ञेयं योगिनां शङ्कर प्रभो ॥ ११४ ॥

परमानन्द स्वरूप उस पराकाश में रहने वाली उस महाशक्ति का ध्यान करे जिस चिच्छक्ति में समस्त मन्त्राक्षर ओत प्रोत हैं । ऐसा करने से वह महाविद्या, पूजा, होमादि, के बिना ही अपनी आत्मीयता प्रगट कर देती है । हे शङ्कर ! हे प्रभो ! योगियों का यही अन्तर्याग है ॥ ११३-११४ ॥

अन्तरात्मा महात्मा च परमात्मा स उच्यते ।
तस्य स्मरणमात्रेण साधुयोगी भवेन्नरः ॥ ११५ ॥
अमायमनहङ्कारमरागममदं तथा ।
अमोहकमदम्भञ्च [5]अनिन्दाक्षोभकौ तथा ॥ ११६ ॥
अमात्सर्यमलोभश्च दशपुष्पाणि योगिनाम् ।
अहिंसा परमं पुष्पं पुष्पमिन्द्रियनिग्रहः ॥ ११७ ॥

---

१. ल्लास—ग० । २. भासेव—ग० ।
३. दर्शयेत्यात्म—ग० ।
४. ध्यानपूजादिभिर्विना—क० ।
५. अद्वेष्टा—क० ।—निन्दा च क्षोभश्च (क्षोभकश्च) निन्दाक्षोभकौ, स्वार्थे कप्रत्ययः, ततो नञ्तत्पुरुषः ।

दया पुष्पं क्षमा पुष्पं ज्ञानपुष्पं च पञ्चमम् ।
इत्यष्टसप्तभिः पुष्पैः पूजयेत् परदेवताम् ॥ ११८ ॥

ऐसा साधक अन्तरात्मा, महात्मा और परमात्मा कहा जाता है उसके स्मरण मात्र से मनुष्य उत्तम योगी बन जाता है । १. अमाय (माया से रहित), २. अहङ्कार, ३. अराग, ४. अमद, ५. अमोह, ६. अदम्भ, ७. अनिन्दा और ८. अक्षोभ, ९. अमात्सर्य, १०. अलोभ, पूजा में योगियों के लिए ये दश **पुष्प** कहे गए हैं । इसके अतिरिक्त अहिंसा सर्वोत्कृष्ट पुष्प है, इन्द्रिय निग्रह दूसरा पुष्प है, दया तीसरा पुष्प है, क्षमा चौथा पुष्प है, ज्ञान पाँचवा पुष्प है—इस प्रकार कुल १५ पुष्पों से परदेवता का पूजन करे ॥ ११५-११८ ॥

अथ होमविधिं वक्ष्ये पुरश्चरणसिद्धये ।
सङ्केतभाषया नाथ कथयामि शृणुष्व तत् ॥ ११९ ॥
आत्मानमपरिच्छिन्नं विभाव्य सूक्ष्मवत् स्थितः ।
आत्मत्रयस्वरूपं तु चित्कुण्डं चतुरस्रकम् ॥ १२० ॥
आनन्दमेखलायुक्तं नाभिस्थज्ञानवह्निषु ।
अर्द्धमात्राकृतिर्योनिभूषितं जुहुयात् सुधीः ॥ १२१ ॥

होमविधि—हे नाथ ! अब पुरश्चरण की सिद्धि के लिए सङ्केत भाषा द्वारा **होम का विधान** कहती हूँ, उसे सुनिए । आत्मा अपरिच्छिन्न है और वह सूक्ष्म रूप में स्थित है, ऐसा ध्यान कर आत्मा के तीन स्वरूप की कल्पना करे । चित्त को चौकोर कुण्ड, जिसमें आनन्द की मेखला तथा नाभि ज्ञान की वह्नि हो, जिसकी योनि अर्द्धमात्रा वाली आकृति से भूषित हो साधक को उसी में होम करना चाहिए ॥ ११९-१२१ ॥

इतिमन्त्रेण तद्वह्नौ सोऽहंभावेन होमयेत् ।
बाह्यनारीविधिं त्यक्त्वा मूलान्तेन स्वतेजसम् ॥ १२२ ॥
नाभिचैतन्यरूपाग्नौ हविषा मनसा स्रुचा ।
ज्ञानप्रदीपिते नित्यमक्षवृत्तिर्जुहोम्यहम् ॥ १२३ ॥
इति प्रथममाहुत्या मूलान्ते सञ्चरेत्[1] क्रियाम् ।
द्वितीयाहुतिदानेन होमं कृत्वा भवेद्वशी ॥ १२४ ॥

इस प्रकार मन्त्र से उस वह्नि में **सोऽहं** भाव से होम करे । वाहन्यादि में विहित विधान का त्याग कर मूल मन्त्र से अपने तेज को छवि मानकर ज्ञान से प्रदीप्त नाभि स्थित चैतन्य रूप अग्नि में मन रूपी स्रुचा के द्वारा अक्षवृत्ति वाला मैं यह नित्य होम करता हूँ, इस प्रकार की प्रथम आहुति से मूल मन्त्र पढ़ते हुए क्रिया का आरम्भ करें, फिर दूसरी आहुति दे कर होम करने से जितेन्द्रिय हो जावे ॥ १२२-१२४ ॥

धर्माधर्मप्रदीप्ते[2] च आत्माग्नौ मनसा स्रुचा ।
सुषुम्ना वर्त्मना नित्यमक्षवृत्तिं जुहोम्यहम् ॥ १२५ ॥

---

१. मन्त्रमुच्चरेत्—क० । २. हविर्दीप्तिम्—क० ।

स्वाहान्तं[१] मन्त्रमुच्चार्य आद्ये[२] मूलं नियोज्य च ।
जुहुयादेकभावेन मूलाम्भोरुहमण्डले ॥ १२६ ॥

धर्माधर्म से प्रदीप्त हुई आत्मा रूप अग्नि में मन की स्रुचा से सुषुम्ना मार्ग द्वारा मैं अपनी अक्षवृत्ति का हवन करता हूँ । प्रथम मूल मन्त्र पढ़कर अन्त में स्वाहा का उच्चारण कर एक भाव से मूलाधार के पद्म मण्डल में होम करे ॥ १२५-१२६ ॥

चतुर्थे पूर्णहवने एतन्मन्त्रेण कारयेत् ।
एतन्मन्त्रचतुर्थं तु पूर्णविद्याफलप्रदम् ॥ १२७ ॥
अन्तर्निरन्तरनिरन्धनमेधमाने
मायान्धकारपरिपन्थिनि संविदग्नौ ।
कस्मिंश्चिदद्भुतमरीचिविकासभूमौ
विश्वं जुहोमि वसुधादिशिवावसानम् ॥ १२८ ॥

चौथी बार पूर्णाहुति के होम में इसी मन्त्र से होम करे । यह चौथा वक्ष्यमाण मन्त्र पूर्ण विद्या का फल प्रदान करता है । अन्तःकरणावच्छिन्न देश में बिना इन्धन के निरन्तर प्रज्वलित होने वाले, माया रूप अन्धकार को नष्ट करने वाले, अद्भुत प्रकाश के विकास की भूमि वाले, ज्ञानरूप अग्नि में वसुधा से लेकर शिव पर्यन्त मैं सबकी आहुति दे देता हूँ ॥ १२७-१२८ ॥

इत्यन्तर्यजनं कृत्वा साक्षाद् ब्रह्ममयो भवेत् ।
न तस्य पुण्यपापानि जीवन्मुक्तो भवेद् ध्रुवम् ॥ १२९ ॥
ज्ञानिनां योगिनामेव अन्तर्यागो हि सिद्धिदः ।

इस प्रकार अन्तर्याग कर साधक साक्षात् ब्रह्ममय हो जाता है, उसको पुण्य पाप नहीं लगते, वह निश्चय ही जीवन्मुक्त हो जाता है । ज्ञानी योगियों को उक्त अन्तर्याग सिद्धि प्रदान करता है ॥ १२९-१३० ॥

अथान्तः पञ्चमकारयजनं शृणु शङ्कर ॥ १३० ॥
अन्तर्यजनकाले तु दृढभावेन भावयेत् ।
त्वां मां नाथैकतां ध्यात्वा दिवारात्र्यैकतां यथा ॥ १३१ ॥
सुराशक्तिः शिवो मांसं तद्भक्तो भैरवः स्वयम् ।
तयोरैक्यसमुत्पन्न आनन्दो मोक्षनिर्णयः ॥ १३२ ॥

अब हे शङ्कर ! अन्तःकरण में किए जाने वाले **पञ्च मकार के यजन को**

---

१. द्वितीयाहुतिमेतत्तु तृतीयाहुतिमाशृणु ।
प्रकाशाकाशहस्ताभ्यामवलम्ब्योन्मनीस्रुचा ॥
धर्माधर्मकलास्नेहपूर्णमग्नौ जुहोम्यहम् ॥ क० ।

२. मूलान्ते सञ्चरेत् क्रियाम्—क० ।

सुनिए। हे नाथ ! पञ्चमकार के द्वारा किए जाने वाले अन्तर्याग में दृढ़तापूर्वक आपकी और हमारी एकता का इस प्रकार ध्यान करे, जिस प्रकार दिन और रात्रि की एकता का। पञ्चमकार में प्रथम सुरा (मद्य) शक्ति हैं। मांस शिव हैं, उनका भक्त स्वयं भैरव है, जब शिव-शक्ति रूप मास और सुरा एक में हो जाते हैं तो आनन्द रूप मोक्ष उत्पन्न होता है, ऐसा निर्णय है ॥ १३०-१३२ ॥

आनन्दं ब्रह्मकिरणं देहमध्ये व्यवस्थितम् ।
तदभिव्यञ्जकैर्द्रव्यैः कुर्याद् ब्रह्मादितर्पणम्[1] ॥ १३३ ॥
आनन्दं जगतां सारं ब्रह्मरूपं तनुस्थितम् ।
तदभिव्यञ्जकं द्रव्यं योगिभिस्तैः प्रपूजयेत्[2] ॥ १३४ ॥

इस शरीर के मध्य में आनन्द रूप में ब्रह्म की किरण व्यवस्थित है। इसलिए आनन्द रूप ब्रह्मकिरण के अभिव्यञ्जक द्रव्य से ब्रह्मादि का तर्पण करना चाहिए। आनन्द सारे जगत् का सार है, शरीर में रहने वाला ब्रह्म का स्वरूप है, उसका अभिव्यञ्जक द्रव्य है, योगी जन उन्हीं द्रव्यों से ब्रह्मा का पूजन करते हैं ॥ १३३-१३४ ॥

लिङ्गत्रयं[3] च षट्पद्माधारमध्येन्दुभेदकः[4] ।
पीठस्थानानि चागत्य महापद्मवनं व्रजेत् ॥ १३५ ॥
मूलाम्भोजो ब्रह्मरन्ध्रं चालयेदसुचालयेत्[5] ।
गत्वा पुनः पुनस्तत्र चिच्चन्द्रः परमोदयः ॥ १३६ ॥

साधक षट् पद्माधार के मध्य में रहने वाले तीनों लिंगों के तथा इन्दुमण्डल (चन्द्रमण्डल) को भेदन करते हुए पीठ स्थान में पहुँच कर सहस्रदल कमल रूप महापद्मवन में प्रवेश करे। वहाँ जा कर मूलाम्भोज युक्त ब्रह्मरन्ध्र को संचालन करते हुए प्राण वायु का भी संचालन करे। इस प्रकार बारम्बार करते हुए चिच्चन्द्र (ज्ञान रूप चन्द्र) का परमोदय होता है ॥ १३५-१३६ ॥

चिच्चन्द्रः कुण्डलीशक्तिः सामरस्यमहोदयः ।
व्योमपङ्कजनिस्पन्दसुधापानरतो नरः ॥ १३७ ॥
मधुपानमिदं नाथ बाह्ये चाभ्यन्तरे सताम् ।
इतरं मद्यपानं तु योगिनां योगघातनात् ॥ १३८ ॥
इतरं तु महापानं भ्रान्तिमिथ्याविवर्जितः ।
महावीरः सङ्करोति योगाष्टाङ्गसमृद्धये ॥ १३९ ॥

कुण्डलिनी शक्ति चिच्चन्द्र है। उसकी समरसता महान् अभ्युदयकारक है। साधक व्योम पङ्कज से चूते हुए आनन्द पान में निरत हो जावे। हे नाथ ! सज्जन योगियों के लिए

---

१. ब्रह्मामृतापर्णम्—क० । २. प्रपूज्यते—क० । ३. लिङ्गत्रयज्ञः—क० ।
४. भेदनः—क० ।—षट्पद्माधारमध्येन्दुं भिनत्ति इति फलितार्थः ।
५. दनुचालयेत्—क० ।

बाह्य और अभ्यन्तर में होने वाला यही **मधु पान** है और बाह्य मद्यपान तो योगियों के योग का घातक है । इतर (दूसरा) तो महायान है । भ्रान्ति तथा मिथ्या दोष से विवर्जित महावीर तो योग के अष्टाङ्ग की समृद्धि के लिए प्रथम (= योग पङ्कजनिष्यन्दपरामृत) सुधा का पान करता है ॥ १३७-१३९ ॥

पुण्यापुण्यपशुं हत्वा ज्ञानखड्गेन[1] योगवित् ।
परशिवेन[2] यश्चित्तं नियोजयति साधकः ॥ १४० ॥
मांसाशी[3] स भवेदेव इतरे[4] प्राणिघातकाः ।
शरीरस्थे महावह्नौ दग्धमत्स्यानि पूजयेत् ॥ १४१ ॥
शरीरस्थजलस्थानि इतराण्यशुभानि च ।
महीगतस्निग्धसौम्योद्भवमुद्रामहाबलाः ॥ १४२ ॥
तत्सर्वं ब्रह्मकिरणे आरोप्य तर्पयेत्[5] सुधीः ।
तत्र मुद्राभोजनानि[6] आनन्दवर्द्धकानि च ॥ १४३ ॥

योगवेत्ता साधक तो ज्ञान खड्ग से पुण्यापुण्य रूप पशु को मार कर अपने चित्त को परशिव में समर्पण करता है । वही मांसाशी है । इतर तो पशुओं के हत्यारे हैं । शरीर में रहने वाली महावह्नि में शरीरस्थ जल में रहने वाली जलती हुई मानस इन्द्रिय गणों को रोके—यही **मत्स्य-भोजन** (अलौकिक) है और प्रकार का मत्स्य भोजन तो अशुभ है ।

महीगत स्निग्ध सौम्य से उत्पन्न होने वाली **मुद्रा** महाबल प्रदान करती है । उन सभी को ब्रह्म किरण में आरोपित कर सुधी साधक कुण्डलिनी को तृप्त करे । इस प्रकार की मुद्रा के द्वारा किया जाने वाला भोजन आनन्द का वर्द्धक होता है ॥ १४०-१४३ ॥

इतराणि च भोगार्थे एतद्धि योगिनां परम् ।
परशक्त्यात्ममिथुनसंयोगानन्दनिर्भराः ॥ १४४ ॥
मुक्तास्ते मैथुनं तत्स्यादितरे स्त्रीनिषेवकाः ।
एतत्पञ्चमकारेण पूजयेत् परनायिकाम् ॥ १४५ ॥

और (लौकिक) मुद्रायें तो भोग के लिए बनाई गई हैं, योगियों के लिए तो उक्त मुद्रा ही हैं । परशक्ति के साथ आत्मा को मिथुन में संयुक्त करने वाले आनन्द से मस्त हो जाते हैं वही **(अलौकिक) मैथुन** है जिसे मुक्त साधक लोग करते हैं और (लौकिक) मैथुन तो स्त्री का सहवास करने वाले करते हैं । इस प्रकार कहे गए पञ्चमकार से कुण्डलिनी का पूजन करे ॥ १४४-१४५ ॥

---

१. ज्ञानलभ्यो—क० । २. परे शिवे त्रयं चित्तं मांसाशी स महीतले—क० ।
३. बाह्यस्थानं पंशूनान्तु मासं वीरेन्द्रभोजनम् ।
यदि तद्बुद्धिमाप्नोति तदा तत्कर्म प्राचरेत् ॥
मानसेन्द्रियगणं संयम्यात्मनि विनियोजयेत्—क० ।
४. प्राण—ग० । ५. तर्पयेत्—क० । ६. एतन्नमुद्रा—क० ।

पुरश्चरणगूढार्थसारमन्त्रप्रपूजनम् ।
एतद्योगं[1] सदाभ्यसेद् निद्रालस्यविवर्जितः ॥ १४६ ॥
प्राणवायुरयं[2] कुर्यात्[3] कालकारणवारणात् ।
एतत्क्रियां प्राणवशे यः करोति निरन्तरम् ॥ १४७ ॥
तस्य योगसमृद्धिः स्यात् कालसिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १४८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये सूक्ष्मयोगसिद्धयधिकरणे पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते सिद्धिमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे षड्विंशः[4] पटलः ॥ २६ ॥

यहीं तक पुरश्चरण के गूढार्थ का सारभूत मन्त्र प्रपूजन है—निद्रालस्य को त्याग कर इस योग का सदाभ्यास करे । कालरूपी महामत्त गजराज से बचने के लिए यह प्राण वायु करे । निरन्तर इस क्रिया द्वारा जो प्राणवायु को अपने वश में कर लेता है वह योग में समृद्ध होता है तथा कालसिद्धि प्राप्त करता है ॥ १४६-१४८ ॥

॥ इस प्रकार श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावार्थनिर्णय में, पाशवकल्प में, षट्चक्रसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में सूक्ष्मयोगसिद्धयाधिकरण में भैरवी-भैरव संवाद के छब्बीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २६ ॥

१. एतद्योगसदाभ्यासात्—ग० ।
२. प्राणश्चासौ वायुश्च, तस्य रयो वेगः, तम् ।
३. वारणकारणात्—ग० ।—कालकारणस्य वारणम्, तस्मात् ।
४. अष्टाविंशः पटलः—क० ।

अथ सप्तविंशः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

विविधानि त्वयोक्तानि योगशास्त्राणि भैरवि ।
सर्वरूपत्वमेवास्या[1] मम कान्ते प्रियंवदे ॥ १ ॥
योगाष्टाङ्गफलान्येव सर्वतत्त्वजलानि[2] च ।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि शक्तितत्त्वक्रमेण[3] तु ॥ २ ॥
पूर्वोक्तप्राणवायूनां हरणं वायुधारणम् ।
प्रत्याहारं धारणाख्यं ध्यानं [4]समाधिमावद ॥ ३ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे भैरवी ! हे कान्ते ! हे प्रियम्वदे ! तुमने अनेक प्रकार के योगशास्त्र, इसकी सर्वरूपता तथा सभी तत्त्वों में उज्ज्वल अष्टाङ्गयोग के फलों का प्रतिपादन किया । अब मैं शक्ति-तत्त्व के क्रम से पूर्वोक्त प्राणवायु का ग्रहण, उस प्राणवायु का धारण, फिर प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि सुनना चाहता हूँ उसे कहिए ॥ १-३ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु लोकेश वक्ष्यामि प्राणायामफलाफलम् ।
न गृह्णीयाद्विस्तरं तु [5]स्वल्पं नैव तु कुम्भयेत् ॥ ४ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे प्राणेश ! अब प्राणायाम के फलाफल को कहती हूँ । बहुत विस्तार पूर्वक प्राणवायु को ग्रहण न करे और स्वल्प रूप में कुम्भक भी न करे ॥ ४ ॥

शनैः शनैः प्रकर्तव्यं [6]सङ्घातञ्च विवर्जयेत् ।
पूरकाह्लादसिद्धेश्च[7] प्राणायामशतं शतम् ॥ ५ ॥
वृद्ध्यै[8] प्राणलक्षणं तु यस्मिन् यस्मिन् दिने गतिः ।
कृष्णपक्षे शुक्लपक्षे तिथित्रिंशत्फलोदयः ॥ ६ ॥

---

१. सर्वरूपा त्वमेवात्मा—क० ।　२. सर्व तत्त्वोज्ज्वलानि च—क० ।
३. शान्ति—क० ।　४. मादर—ग०
५. आल्पम्—क० ।　६. सहारञ्च—क० ।
७. सिद्धेश्च—ग० ।—पूरकेण जनिता याऽऽह्लादसिद्धिः, तस्या इत्यर्थः ।
८. वक्ष्ये—क० ।

प्राणायाम धीरे धीरे करना चाहिए, संघात (= एक साथ तेजी से वायु खींचना) विवर्जित रखे । पूरकाह्लाद की सिद्धि के लिए सौ सौ की संख्या में प्राणायाम का विधान है प्राण लक्षण की वृद्धि के लिए जिस जिस दिन प्राण वायु की गति जहाँ से होती है उसका फलोदय इस प्रकार है - कृष्ण पक्ष में तथा शुक्लपक्ष में कुल ३० तिथियाँ होती है ॥ ५-६ ॥

शुक्लपक्षे इडायां तु कृष्णपक्षेऽन्यदेव हि ।
कुर्यात् सर्वत्र गमनं सुषुम्ना बहुरूपिणी ॥ ७ ॥
तिथित्रयं सितस्यापि प्रतिपदादिसम्भवम् ।
तद्द्वयं दक्षनासायां वायोर्ज्ञेयं महाप्रभो ॥ ८ ॥

शुक्लपक्ष में ईळा से कृष्णपक्ष में पिङ्गला द्वारा वायु को सर्वत्र गमन कराना चाहिए । सुषुम्ना तो बहुरूपिणी है । शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से लेकर तीन तिथि पर्यन्त हे महाप्रभो ! दाहिनी नासिका से पिङ्गला से दोनों से वायुसञ्चार होता है ॥ ७-८ ॥

चतुर्थीं पञ्चमीं षष्ठीं व्याप्योदयति देवता ।
वामनासापुटे ध्येया वायुधारणकर्मणि ॥ ९ ॥
सप्तमीमष्टमीञ्चैव नवमीं व्याप्य तिष्ठति ।
वामनासापुटे ध्येया साधकैः कुलपण्डितैः ॥ १० ॥

इसके बाद शुक्ल पक्ष से चतुर्थी पञ्चमी, षष्ठी, पर्यन्त वायुधारण कर्म में बायें नासिका से देवताओं का उदय होता है, अतः उसी से वायु ग्रहण करना चाहिए । इसके अनन्तर शाक्त विद्या के उपासकों को सप्तमी अष्टमी, नवमीं पर्यन्त बाई नासिका से ही वायु ग्रहण करना चाहिए ॥ ९-१० ॥

दशम्येकादशीं चैव द्वादशीं व्याप्य तिष्ठति ।
वायुर्दक्षिणनासाग्रे ध्येयो योगिभिरीश्वरः ॥ ११ ॥
त्रयोदशीं व्याप्य वायुः पौर्णमासीं चतुर्दशीम् ।
वामनासापुटे ध्येयः संहारहरणाय च ॥ १२ ॥
कृष्णपक्षफलं वक्ष्ये यज्ज्ञात्वा अमरो भवेत् ।
कालज्ञानी भवेत् शीघ्रं नात्र कार्या विचारणा ॥ १३ ॥

इसके बाद दशमीं, एकादशी तथा द्वादशी, को वायु दक्षिण नासापुट में व्याप्त हो कर चलता है, अतः उसी से वायु ग्रहण करना चाहिए । फिर त्रयोदशी, चतुर्दशी तथा पूर्णमासी को बायें नासिका के छिद्र से वायु ग्रहण करना चाहिए । अब कृष्णपक्ष में चलने वाले वायु का फल कहती हूँ, जिसे जान कर साधक अमर हो जाता है तथा काल का ज्ञानी हो जाता है, इसमें विचार की आवश्यकता नहीं ॥ ११-१३ ॥

प्रतिपद्द्वितीयामस्य तृतीयामपि तस्य च ।
पिङ्गलायां समावाप्य वायर्निःसरते सदा ॥ १४ ॥

चतुर्थीं पञ्चमीं षष्ठीं वामे व्याप्य प्रतिष्ठति ।
सप्तमीमष्टमीं वायुर्नवमीं दक्षिणे ततः ॥ १५ ॥

कृष्णपक्ष में प्रतिपदा, द्वितीया तथा तृतीया तक पिङ्गला में व्याप्त हो कर वायु निकलता रहता है । फिर कृष्णपक्ष के चतुर्थी, पञ्चमी तथा षष्ठी, तिथि को बायें नासिका के छिद्र से वायु संचरण होता है, इसके बाद सप्तमी, अष्टमी, नवमी, तिथि पर्यन्त दक्षिण नासिका से वायु सञ्चार होता है ॥ १४-१५ ॥

दशम्येकादशीं वायुर्व्याप्य भ्रमति[1] सर्वदा ।
वामे च दक्षिणेऽन्यानि तिथ्यादीनि सदानिशम् ॥ १६ ॥
यदा[2] एतद्व्यस्तभावं समाप्नोति नरोत्तमः ।
तदैव मरणं रोगं बन्धुनाशं त्रिपक्षके ॥ १७ ॥

इसके बाद दशमी एकादशी पर्यन्त वायु सर्वदा वामनासापुट से चलता है अन्य तिथियों में सर्वदा दक्षिण नासापुट से वायु प्रवाहित होती है । जब मनुष्य इससे विपरीत वायु का सञ्चार प्राप्त करता है तब उस विपक्ष की अवस्था में उसे मरण रोग तथा बन्धुनाश प्राप्त होता है ॥ १६-१७ ॥

भिन्नजन्मतिथिं ज्ञात्वा तस्मिन् काले विरोधयेत् ।
आरभ्य जन्मनाशाय प्राणायामं समाचरेत् ॥ १८ ॥
यदा प्रत्ययभावेन देहं त्यक्त्वा प्रयच्छति[3] ।
तदा निरुध्य श्वसनं कालाग्नौ धारयेदधः ॥ १९ ॥

इस लक्षण को देखकर अपनी जन्म तिथि से भिन्न तिथि में उसे रोकने का प्रयत्न करे और जन्म नाश के लिए प्राणायाम करने का प्रयत्न करे । जब मरण का ज्ञान निश्चित हो जाय और देह त्याग कर जाने की बारी आ जाय तब अपनी श्वास रोक कर कालाग्नि में नीचे वायु धारण करें ॥ १८-१९ ॥

यावत् स्वस्थानमायाति तावत्कालं[4] समभ्यसेत् ।
यावन्न चलते देहं यावन्न चलते मनः ॥ २० ॥
क्रमादभ्यसतः पुंसो देहे स्वेदोद्गमोऽधमः ।
मध्यमं कम्पसंयुक्तो भूमित्यागः परस्य तु ॥ २१ ॥
षण्मासाद्भूतदर्शी स्यात् दूरश्रवणमेव च ।
संवत्सराभ्यासयोगात् योगविद्याप्रकाशकृत् ॥ २२ ॥

---

१. जप्त्वा—क० ।   २. दन्तभावम्—क० ।

३. प्रगच्छति—क० ।—'प्रयच्छति' इति पाठे दाण्—दाने इत्यस्य रूपम्, यच्छादेश घटितम् । 'प्रगच्छति' इति पाठे तु गम्धातो रूपम् । प्रकृष्टगमनेऽर्थे प्रयोगः ।

४. तत्त्वमस्य—ग० ।

जब तक वायु अपने स्थान पर न आ जाय तब तक इस क्रिया का अभ्यास करे, जिससे देह चलायमान न हो और न तो मन ही चञ्चल हो। प्राणायाम के धीरे धीरे अभ्यास करने से पुरुष के देह में स्वेद का उद्‌गम होने लगता है - यह **अधम प्राणायाम है**। इसके बाद जब शरीर में कम्पन होने लगे तो **मध्यम प्राणायाम** होता है। जबकि भूमित्याग कर ऊपर उठने की अवस्था तो **उत्तम प्राणायाम** का लक्षण है। ६ महीने के अनन्तर उसे समस्त भूत तत्त्वों के दर्शन हो जाते हैं। इतना ही नही वह दूर की भी बात सुनने में समर्थ हो जाता है। इस प्रकार एक संवत्सर के अभ्यास से वह योग विद्या प्रकाश करने लगता है ॥ २०-२२ ॥

योगी जानाति सर्वाणि तन्त्राणि स्वक्रमाणि च ।
यदि दर्शनदृष्टिः स्यात्तदा योगी न संशयः ॥ २३ ॥
प्रत्याहारफलं वक्ष्ये यत्कृत्वा खेचरो भवेत् ।
ईश्वरे भक्तिमाप्नोति धर्मज्ञानी भवेन्नरः ॥ २४ ॥

योगी को सूक्ष्म दर्शन दृष्टि प्राप्त होने लगे तो वह वास्तव में योगी बन जाता है। ऐसा योगी सारे तन्त्रों का तथा अपने क्रमों का जानकार हो जाता है। इस प्राकर प्राणायाम का फल कहा। अब **प्रत्याहार का फल** कहती हूँ, जिसके करने से साधक खेचर बन जाता है। वह ईश्वर में भक्ति प्राप्त करता है और सारे धर्मों का साक्षात्कार करने लगता है ॥ २३-२४ ॥

उत्तमस्य गुणप्राप्तिर्यावच्छीलनमिष्यते ।
तावज्जपेत् सूक्ष्मवायुः प्रत्याहारप्रसिद्धये ॥ २५ ॥
इन्द्रियाणां विचरतां [1]विषयेषु निवर्तनम् ।
बलादाहरणं तेभ्यः प्रत्याहारो विधीयते ॥ २६ ॥

जब तक अभ्यास करने से उत्तम गुणों की प्राप्ति हो तब तक प्रत्याहार की प्राप्ति के लिए सूक्ष्म वायु धारण करें। विषयों में चलायमान इन्द्रियों को विषयों से हठपूर्वक निवृत्त करना या हटा लेना यही प्रत्याहार का लक्षण है ॥ २५-२६ ॥

नान्यकर्मसु धर्मेषु शास्त्रधर्मेषु योगिराट् ।
पतितं चित्तमानीय स्थापयेत् पादपङ्कजे ॥ २७ ॥
दुर्निवार्यं दृढचित्तं दुरत्ययमसम्मतम् ।
बलादाहरणं तस्य प्रत्याहारो विधीयते ॥ २८ ॥

योगिराज अपने चित्त को अन्य कर्मों में अन्य धर्मों में तथा अन्य शास्त्र धर्मों में न लगावे। किन्तु उसमें आसक्त हुए चित्त को वहाँ से हटाकर भगवती के चरण कमलों में लगावे। यह चित्त बहुत दृढ़ एवं दुर्निवार्य है। इसको रोकना बड़ा कठिन काम है। अपने वश के बाहर है। फिर भी हठपूर्वक उसे विषयों से हटाना प्रत्याहार कहा जाता है ॥ २७-२८ ॥

एतत् प्रत्याहारबलात् योगी स्वस्थो भवेद् ध्रुवम् ।
अकस्माद् भावमाप्नोति भावराशिस्थिरो नरः ॥ २९ ॥

---

१. विषाय धनिवर्गणम्—क० ।

भावात् परतरं नास्ति भावाधीनमिदं जगत् ।
भावेन लभ्यते योगं तस्माद्भावं समाश्रयेत् ॥ ३० ॥

इस प्रत्याहार के बल से निश्चित रूप से योगी स्वस्थ हो जाता है उसे अकस्मात् भाव की प्राप्ति होने लगती है । इस प्रकार वह भाव राशि से स्थिर हो जाता है । इस जगत् में भाव से बढ़कर कोई भी श्रेष्ठ पदार्थ नहीं है । यह सारा जगत् भावाधीन है । भाव से ही योग प्राप्त होता है । अतः भाव प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते रहना चाहिए ॥ २९-३० ॥

अथ धारणमावक्ष्ये यत्कृत्वा धैर्यरूपभाक् ।
त्रैलोक्यमुदरे कृत्वा पूर्णः तिष्ठति[1] योगिराट् ॥ ३१ ॥
अङ्गुष्ठगुल्फजानूरुसीमनि लिङ्गनाभिषु ।
हृद्ग्रीवाकण्ठदेशेषु लम्बिकायां तथा नसि[2] ॥ ३२ ॥
भ्रूमध्ये मस्तके मूर्ध्नि द्वादशान्ते यथाविधि ।
धारणं प्राणमरुतो धारणेति निगद्यते ॥ ३३ ॥
सर्वनाडीग्रन्थिदेशे षट्चक्रे देवतालये ।
ब्रह्ममार्गे धारणं यद् धारणेति निगद्यते ॥ ३४ ॥

अब **धारणा** कहती हूँ जिसके करने से साधक धीर हो जाता है । धारणा वाला योगी सारे त्रैलोक्य को अपने उदर में रख कर पूर्णता प्राप्त कर लेता है । १. अंगूठा, २. गुल्फ, ३. जानु, ४. ऊरु, ५. अण्डकोश, ६. लिङ्ग, ७. नाभि, ८. हृदय, ९. ग्रीवा, १०. कण्ठ प्रदेश में, ११. जिह्वा में एवं १२. नासिका इन द्वादश स्थानों के बाद मस्तक के भ्रूमध्य में अथवा शिरःप्रदेश में प्राणवायु के धारण करने को धारणा कहा जाता है । अथवा सभी नाडियों के ग्रन्थि स्थल में, षटचक्र में जहाँ देवताओं का स्थान है अथवा ब्रह्ममार्ग (सहस्रारचक्र) में प्राणवायु को धारण करना ही धारणा कहा जाता है ॥ ३१-३४ ॥

धारणं मूलदेशे तु कुण्डलीं नासिकातटे ।
प्राणवायोः प्रशमनं[3] धारणेति निगद्यते ॥ ३५ ॥
तत्र श्रीचरणाम्भोजमङ्गले चारुतेजसि ।
भावेन स्थापयेच्चित्तं धारणाशक्तिमाप्नुयात् ॥ ३६ ॥
अथ ध्यानं प्रवक्ष्यामि यत् कृत्वा सर्वगो भवेत् ।
ध्यानयोगाद् भवेन्मोक्षो मत्कुलागमनिर्गमः ॥ ३७ ॥

अथवा, मूलाधार में, कुण्डली में तथा नासिका प्रदेश में प्राणवायु को शान्त रखना **धारणा** कहा जाता है । अथवा अत्यन्त सुन्दर तेज वाले श्री भगवती के मङ्गलदायी चरणाम्भोज में भावपूर्वक चित्त को स्थापित करना चाहिए, जिससे धारणा शक्ति प्राप्त हो । अब **ध्यान** कहती हूँ, जिसके करने से साधक सर्वज्ञ हो जाता है । ध्यान योग से साधक को मोक्ष मिलता है और वह मेरे कौलिक आगम का ज्ञाता हो जाता है ॥ ३५-३७ ॥

---

१. स्त्रष्टति—ग० । २. निशि—क० । ३. प्रसम्बन्धो—क० ।

समाहितेन मनसा चैतन्यान्तर्वर्तिना ।
आत्मन्यभीष्टदेवानां[1] योगध्यानमिहोच्यते ॥ ३८ ॥
श्रीपदाम्भोरुहद्वन्द्वे नखकिञ्जल्कचित्रिते ।
स्थापयित्वा मनःपद्मं ध्यायेदिष्टगणं[2] महत् ॥ ३९ ॥

मन को अत्यन्त समाहित कर अन्तःकरणवर्ती चैतन्य द्वारा अपनी आत्मा में अथवा अभीष्ट देवता में ध्यान करना ही योग ध्यान कहा जाता है । अथवा भगवती महाश्री के नख किञ्जल्क से चित्रित दोनों चरण कमलों में मन रूपी कमल को स्थापित कर इष्टदेवता का ध्यान करना ही ध्यान कहा जाता है ॥ ३८-३९ ॥

अथ समाधिमाहात्म्यं वदामि तत्त्वतः शृणु ।
यस्यैव कारणादेव पूर्णयोगी भवेन्नरः ॥ ४० ॥
समत्वभावना नित्यं जीवात्मपरमात्मनोः ।
समाधिना जयी भूयादान्दभैरवेश्वर ॥ ४१ ॥
संयोगसिद्धिमात्रेण समाधिस्थं महाजनम् ।
प्रपश्यति महायोगी समाध्यष्टाङ्गलक्षणैः ॥ ४२ ॥

हे सदाशिव ! अब **समाधि** का माहात्म्य तत्त्वतः कहती हूँ, उसे सुनिए जिसके साधन से साधक मनुष्य पूर्णयोगी बन जाता है । जीवात्मा और परमात्मा में नित्य समत्व की भावना ही समाधि है । हे आनन्दभैरवेश्वर ! इस समाधि से साधक विजय प्राप्त करता है । जीवात्मा तथा परमात्मा के संयोग की सिद्धि हो जाने पर महायोगी साधक, समाधि में स्थित महाजन का दर्शन प्राप्त करता है, यह अष्टाङ्ग लक्षण योग के आठवें भेद समाधि का फल कहा गया है ॥ ४०-४२ ॥

एतत्समाधिमाकृत्य योगी योगान्वितो भवेत् ।
अथ[3] चन्द्रे मनः कुर्यात् समारोप्य विभावयेत् ॥ ४३ ॥
एतदष्टाङ्गसारेण योगयोग्यो भवेन्नरः ।
योगयोगाद् भवेन्मोक्षो मन्त्रसिद्धिरखण्डिता ॥ ४४ ॥
योगशास्त्र प्रकारेण सर्वे वै भैरवाः स्मृताः ।
योगशास्त्रात् परं शास्त्रं त्रैलोक्ये नापि वर्तते ॥ ४५ ॥

इस समाधि के पूर्ण हो जाने पर ही योगी योगान्वित होता है । चन्द्रमा में मन लगाकर योगी उसी का ध्यान करे । इस समाधि रूपयोग के आठवें लक्षण से साधक योग के योग्य हो जाता है । योग से युक्त होने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है और उसके मन्त्र की सिद्धि कभी खण्डित नहीं होती । योगशास्त्र के विधान के पालन करने से सभी साधक भैरव के समान हो जाते हैं ॥ ४३-४५ ॥

---

१. ध्यानम्—ग० । २. गुणम्—ग० ।
३. क० नास्ति ।

त्रैलोक्यातीतशास्त्राणि योगाङ्गविविधानि च ।
ज्ञात्वा या[१] पश्यति क्षिप्रं नानाध्यायेन शङ्कर ॥ ४६ ॥

ऐसे तो त्रैलोक्य में अतीत काल में कितने शास्त्र बने हुए हैं, अनेक प्रकार के योगाङ्ग भी बताए गए हैं, किन्तु योग शास्त्र से बढ़कर अन्य कोई दूसरा शास्त्र नहीं है । हे शङ्कर ! योग के अङ्गभूत इन नाना प्रकार के ध्यानों से साधक मेरा दर्शन शीघ्र ही प्राप्त कर लेता है ॥ ४५-४६ ॥

कामादिदोषनाशाय कथितं ज्ञानमुत्तमम् ।
इदानीं शृणु वक्ष्यामि मन्त्रयोगार्थनिर्णयम् ॥ ४७ ॥
विश्वं [२]शरीरमाक्लेशं पञ्चभूताश्रयं प्रभो ।
चन्द्रसूर्याग्नितेजोभिः जीवब्रह्मैकरूपकम् ॥ ४८ ॥

कामादि दोषों के नाश के लिए हमने यहाँ तक उत्तम योग का ज्ञान (प्राणायाम प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि) कहा । अब **मन्त्र के योगार्थ निर्णय** को सुनिए । हे प्रभोः ! पञ्चभूतों का आश्रयभूत यह सारा शरीर क्लेश से व्याप्त है । इसमें चन्द्रमा, सूर्य एवं अग्नि के तेज से ब्रह्म का अंशभूत जीव निवास करता है ॥ ४७-४८ ॥

तिस्रः कोट्यस्तदर्धेन शरीरे[३] नाडयो[४] मताः ।
तेषु मुख्या दश प्रोक्तास्तासु तिस्रो व्यवस्थिताः ॥ ४९ ॥
प्रधाना मेरुदण्डेऽत्र सोमसूर्याग्निरूपिणी ।
नाडीत्रयस्वरूपेण योगमाता प्रतिष्ठिता ॥ ५० ॥

इस शरीर में साढ़े तीन करोड़ नाड़ियाँ हैं । उसमें भी दश मुख्य हैं । उन दशों में भी तीन व्यवस्थित हैं । ये तीन नाड़ियाँ मेरुदण्ड में रहने वाली सोम, सूर्य तथा अग्नि स्वरूपा हैं । इन तीन नाड़ियों के रूप में इस शरीर में योगमाता प्रतिष्ठित हैं ॥ ४९-५० ॥

इडा वामे स्थिता नाडी शुक्ला तु चन्द्ररूपिणी ।
शक्तिरूपा च सा नाडी साक्षादमृतविग्रहा ॥ ५१ ॥
दक्षिणे पिङ्गलाख्या तु [५]पुंरूपा सूर्यविग्रहा ।
दाडिमीकुसुमप्रख्या विषाख्या परिकीर्तिता ॥ ५२ ॥

मेरुदण्ड के वामभाग में चन्द्ररूपा शुक्लवर्णा इड़ा नाड़ी है जो साक्षात् शक्ति का स्वरूप एवं अमृतमय शरीर वाली है । मेरु के दक्षिण भाग में पिङ्गला नाम की नाड़ी, पुरुष रूप में सूर्य विग्रह स्वरूप से स्थित है, जो अनार के पुष्प के समान लालवर्ण वाली है । इसे विष भी कहा जाता है ॥ ५१-५२ ॥

---

१. सम्प्राप्यते क्षिप्तम् इति—क० ।

२. माकाशम् इति—ग० । आक्लेशमिति पाठे आ समन्तात् क्लेशो यस्य तदिति बहुव्रीहिसमासो बोध्यः ।

३. दक्षिणत इति—ग० ।

४. शरीरेण तयोः इति—ग० ।

५. स इति—ग० ।

मेरुमध्ये स्थिता या तु सुषुम्ना बहुरूपिणी ।
विसर्गाद्बिन्दुपर्यन्तं व्याप्य तिष्ठति तत्त्वतः ॥ ५३ ॥
मूलाधारे त्रिकोणाख्ये इच्छाज्ञानक्रियात्मके ।
मध्ये स्वयंभूलिङ्गं तं कोटिसूर्यसमप्रभम् ॥ ५४ ॥

मेरु के मध्य में जो स्थित है, उसका नाम सुषुम्ना है जो बहुरूपिणी है और विसर्ग से बिन्दु पर्यन्त तत्त्वतः व्याप्य हो कर स्थित है । इच्छा, ज्ञान तथा क्रिया को उत्पन्न करने वाले त्रिकोणात्मक मूलाधार के मध्य में करोड़ों सूर्य के समान तेजस्वी स्वयम्भू लिङ्ग स्थित हैं ॥ ५३-५४ ॥

तदूर्ध्वे कामबीजं तु कलाशान्तीन्दुनायकम् ।
तदूर्ध्वे तु शिखाकारा कुण्डली ब्रह्मविग्रहा ॥ ५५ ॥
तद्बाह्ये हेमवर्णाभं वसुवर्णचतुर्दलम् ।
द्रुतहेमसमप्रख्यं पद्मं तत्र विभावयेत् ॥ ५६ ॥

उसके ऊपर कला, शान्ति तथा इन्दु रूप में सर्वश्रेष्ठ कामबीज का निवास है । उसके ऊपर शिखा के आकार वाली ब्रह्मस्वरूपा कुण्डलिनी रहती है । उसके बाहर वाले भाग में सुवर्ण के समान आभा वाला 'व श ष स' - इन चार वर्णों से युक्त चार पत्तों वाला द्रवीभूत सुर्वण के समान कमल है उसका ध्यान करना चाहिए ॥ ५५-५६ ॥

तदूर्ध्वेऽग्निसमप्रख्यं[१] षड्दलं हीरकप्रभम् ।
वादिलान्तं[२] तु षड्वर्णसहितं[३] रसपत्रकम् ॥ ५७ ॥
स्वाधिष्ठानाख्यममलं[४] योगिनां हृदयङ्गमम् ।
मूलमाधारषट्कानां[५] मूलाधारं प्रकीर्तितम् ॥ ५८ ॥

उसके ऊपर अग्नि के समान प्रदीप्त एवं हीरे के समान प्रदीप्त ६ पत्तों का कमल है । उसमें 'ब भ म य र ल' - ये ६ वर्ण हैं । इस प्रकार षड्दलों पर ६ वर्णों वाले कमल का ध्यान करना चाहिए । इसके ऊपर योगियों द्वारा जानने योग्य अत्यन्त निर्मल स्वाधिष्ठान नाम का चक्र है, मूल आधार में रहने वाले ६ चक्रों में मूलाधार नामक चक्र हमने पहले (बाइसवें पटल में) कह दिया है ॥ ५७-५८ ॥

स्वशब्देन परं लिङ्गं स्वाधिष्ठानं स्वलिङ्गकम् ।
तदूर्ध्वे नाभिदेशे तु मणिपूरं महाप्रभम् ॥ ५९ ॥
मेघाभं विद्युताभं च बहुतेजोमयं ततः ।
मणिमद्भिन्नतत्पद्मं मणिपूरं शशिप्रभम् ॥ ६० ॥

स्वाधिष्ठान के स्वशब्द से कहा जाने वाला सर्वश्रेष्ठ स्वाधिष्ठान नामक लिङ्ग ही स्व

---

१. सद्ग्रन्थम् इति—ग० । २. लान्तार्ण इति—ग० । ३. वत्स इति—ग० ।
४. सदनम् इति—ग० । ५. षड्कोणम् इति—ग० ।

शब्द का अर्थ है । उसके ऊपर नाभि देश में महाकान्तिमान् मणिपूर नामक चक्र है । मेघ की आभा वाला तथा विद्युत् की आभा वाला अनेक वर्ण के तेजों वाली मणियों से युक्त वह मणिपूर नामक पद्म चन्द्रमा के समान कान्तिमान् है ॥ ५९-६० ॥

कथितं [1]सकलं नाथ हृदयाब्जं शृणु प्रिय ।
दशभिश्च दलैर्युक्तं डादिफान्ताक्षरान्वितम् ॥ ६१ ॥
शिवेनाधिष्ठितं पद्मं विश्वालोकनकारकम् ।
तदूर्ध्वेऽनाहतं पद्मं हृदिस्थं [2]किरणाकुलम् ॥ ६२ ॥

वह पद्म 'ड ढ ण त थ द ध न प और फ' इन दश वर्णों वाले दश दलों से युक्त है । हे नाथ ! उसके विषय में सब कुछ कह दिया । अब हृदय पर विराजमान पद्म चक्र के बारे में सुनिए । हे नाथ ! उस पद्म पर शिव अधिष्ठित हैं, जो चारों ओर अपना प्रकाश विकीर्ण करते रहते हैं । वहाँ पर किरणों से युक्त अनाहत नाम का पद्म है ॥ ६१-६२ ॥

उद्यदादित्यसङ्काशं कादिठान्ताक्षरान्वितम् ।
दलद्वादशसंयुक्तमीश्वराद्यसमन्वितम् ॥ ६३ ॥
तन्मध्ये बाणलिङ्गं तु सूर्यायुतसमप्रभम् ।
शब्दब्रह्ममयं [3]वक्ष्येऽनाहतस्तत्र दृश्यते ॥ ६४ ॥

जो उदीयमान सूर्य के समान प्रकाश वाला तथा 'क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट और ठ' इन द्वादश वर्णों से युक्त द्वादश पत्तों वाला है । उस पद्म के मध्य में हजारों सूर्य के समान आभा वाला बाणलिङ्ग है वह शब्द ब्रह्ममय है और अनाहत रूप में दिखाई पड़ता है ॥ ६३-६४ ॥

तेनानाहतपद्माख्यं योगिनां योगसाधनम् ।
आनन्दसदनं तत्तु सिद्धेनाधिष्ठितं परम् ॥ ६५ ॥
तदूर्ध्वं तु विशुद्धाख्यं दलषोडशपङ्कजम् ।
वर्णैः षोडशभिर्युक्तं धूम्रवर्णं महाप्रभम् ॥ ६६ ॥

वह अनाहत होने के कारण **'अनाहत पद्म'** नाम से कहा जाता है, जो योगियों के योग का साधन है, आनन्द का सदन है और सिद्धों से अधिष्ठित है । उसके ऊपर **विशुद्धाख्य** नामक पद्म है जिसके दल में १६ पत्ते हैं, वे दल १६ वर्णों से विराजमान हैं । धूम्र के समान उनका वर्ण है तथा महाकान्तिमान् हैं ॥ ६५-६६ ॥

योगिनामद्भुतस्थानं [4]सिद्धिवर्णं समभ्यसेत् ।
विशुद्धं तनुते यस्मात् जीवस्य हंसलोकनात् ॥ ६७ ॥

---

१. सफलम् इति—क० ।
२. विकलाकुलम् इति—ग० । किरणाकुलमिति पाठे किरणैः आकुलमिति तृतीयासमासः ।
३. शब्दो । ४. वर्ग यः इति—ग० ।

विशुद्धं पद्ममाख्यातमाकाशाख्यं महाप्रभम् ।
आज्ञाचक्रं तदूर्ध्वे तु अर्थिनाधिष्ठितं परम् ॥ ६८ ॥

योगियों के अद्भुत स्थानभूत उन सिद्ध वर्णों का सर्वदा अभ्यास करना चाहिए । हंस का परम प्रकाश होने के कारण वह जीव को विशुद्ध ज्ञान देता है । इसलिए उसे विशुद्ध कहते हैं । वह आकाश के समान निर्मल है और अत्यन्त कान्तिमान् है । उसके ऊपर आज्ञाचक्र है जो अनेक प्रकार के अर्थों से अधिष्ठित है ॥ ६७-६८ ॥

आज्ञासंक्रमणं तत्र गुरोराज्ञेति कीर्तितम् ।
कैलासाख्यं तदूर्ध्वे तु तदूर्ध्वे बोधनं ततः ॥ ६९ ॥
एवंविधानि चक्राणि कथितानि तव प्रभो ।
तदूर्ध्वस्थानममलं सहस्राराम्बुजं परम् ॥ ७० ॥

वहाँ से आज्ञा का संक्रमण होता है । वह आज्ञा गुरु के द्वारा होती है । ऐसा कहा गया है और उसके ऊपर कैलास है उसके ऊपर ज्ञान का निवास है । हे प्रभो ! इस प्रकार हमने चक्रों के विषय में आपसे कहा । उन सबसे ऊपर अत्यन्त निर्मल सर्वश्रेष्ठ सहस्रदल कमल है ॥ ६९-७० ॥

बिन्दुस्थानं परं ज्ञेयं गणानां मतमाशृणु ।
बौद्धा वदन्ति चात्मानमात्मज्ञानी न ईश्वरः ॥ ७१ ॥
सर्वं नास्तीति चार्वाका नानाकर्मविवर्जिताः ।
वेदनिन्दापराः सर्वे बौद्धाः शून्याभिवादिनः[१] ॥ ७२ ॥

वही सर्वश्रेष्ठ बिन्दु स्थान है, **अन्य मतावलम्बियों का मत** सुनिए । ज्ञानीजन उसी को आत्मा कहते हैं और आत्मज्ञानी उसी को ईश्वर कहते हैं । नाना कर्म न करने वाले मात्र शरीरवादी चार्वाक 'कुछ भी नहीं हैं' ऐसा कहते हैं । वेद की निन्दा करने वाले सभी बौद्ध शून्य वादी हैं । वे किसी की सत्ता नहीं मानते ॥ ७१-७२ ॥

मम ज्ञानाश्रिताः कान्ताश्चीनभूमिनिवासिनः ।
आत्मानमपरिच्छिन्नं विभाव्य भाव्यते मया ॥ ७३ ॥
श्रीपदाब्जे बिन्दुयुग्मं नखेन्दुमण्डलं शुभम् ।
शिवस्थानं प्रवदन्ति शैवाः शाक्ता महर्षयः ॥ ७४ ॥

ये बौद्ध चीनभूमि में निवास करने वाले मेरे ज्ञानाश्रित होने के कारण मुझे प्रिय हैं । मैं तो अपने को अपरिच्छिन्न समझकर उस बिन्दु स्थान का ध्यान करती हूँ । भगवती महाश्री के चरण कमलों में नखेन्दु मण्डल के रूप में उन दो बिन्दुओं को शैव, शाक्त तथा महर्षिगण शिव का स्थान देते हैं ॥ ७३-७४ ॥

---

१. शून्यमभिवदन्ति तच्छीलाः शून्याभिवादिनः, शून्योपासनारता इत्यर्थः ।

परमं पुरुषं नित्यं वैष्णवाः[१] प्रीतिकारकाः ।
हरिहरात्मकं रूपं संवदन्ति परे जनाः ॥ ७५ ॥
देव्याः पदं नित्यरूपाश्चरणानन्दनिर्भराः ।
वदन्ति मुनयो मुख्याः पुरुषं प्रकृतात्मकम् ॥ ७६ ॥
पुंप्रकृत्याख्यभावेन मग्ना भान्ति महीतले ।
इति ते कथितं नाथ मन्त्रयोगमनुत्तमम् ॥ ७७ ॥

सबसे प्रेम करने वाले वैष्णव उस बिन्दु मण्डल को परम पुरुष के रूप में मानते हैं । अन्य जन उन दोनों बिन्दुमण्डलों को हरिहरात्मक रूप में मानते हैं । भगवती के चरणानन्द में निर्भर भक्त उस बिन्दु को देवी का साक्षात् पद मानते हैं । मुख्य मुख्य मुनिगण उसे प्रकृत्यात्मक पुरुष मानते हैं । इस पृथ्वीतल में प्रायः सभी उस बिन्दु को प्रकृत्यात्मक भाव से मान कर उसी में निमग्न हैं । हे नाथ ! इस प्रकार हमने सर्वश्रेष्ठ मन्त्रयोग कहा ॥ ७५-७७ ॥

योगमार्गानुसारेण भावयेत् सुसमाहितः ।
आदौ [२]महापूरकेण मूले संयोजयेन्मनः ॥ ७८ ॥
गुदमेढ्रान्तरे शक्तिं तामाकुञ्च्य प्रबुद्धयेत् ।
लिङ्गभेदक्रमेणैव प्रापयेद्बिन्दुचक्रकम् ॥ ७९ ॥
शम्भुलाभां परां [३]शक्तिमेकीभावैर्विचिन्तयेत् ।
तत्रोत्थितामृतरसं द्रुतलाक्षारसोपमम् ॥ ८० ॥
पाययित्वा परां शक्तिं कृष्णाख्यां योगसिद्धिदाम् ।
षट्चक्रभेदकस्तत्र सन्तर्प्यामृतधारया ॥ ८१ ॥

योग मार्ग के अनुसार साधक समाहित चित्त से उस बिन्दु का ध्यान करे । सर्वप्रथम महापूरक के द्वारा मूलाधार में अपने मन को लगावे । गुदा और मेढ्र के मध्य में रहने वाली शक्ति को संकुचित कर जागृत करे । इस प्रकार तत्तच्चिन्हों का भेदन कर उसे सहस्रार स्थित बिन्दु चक्र में ले जावे । वहाँ से उस पर शक्ति का शिव के साथ एकीभाव के रूप में ध्यान करे । वहाँ से पिघले हुए द्राक्षारस के समान उत्पन्न हुए अमृत रस का उसे पान करावें । इस प्रकार षट्चक्र का भेदन करने वाला साधक अमृत धारा के द्वारा योग में सिद्धि प्रदान करने वाली उस महाकाली शक्ति को तृप्त करावे ॥ ७८–८१ ॥

आनयेत्तेन मार्गेण मूलाधारं ततः सुधीः ।
एवमभ्यस्यमानस्य अहन्यहनि मारुतम् ॥ ८२ ॥
जरामरणदुःखाद्यैर्मुच्यते भवबन्धनात् ।
तन्त्रोक्तकथिता मन्त्राः[४] सर्वे सिद्ध्यन्ति नान्यथा ॥ ८३ ॥

---

१. प्रतिकारकाः इति—क० । २. प्रकरणे इति—ग० ।
३. भावम् इति—क० । ४. दूषिता इति—क० ।

उसे तृप्त कराने के बाद सुधी साधक पुनः उसी मार्ग से उसे मूलाधार में ले आवे। इस प्रकार प्रतिदिन वायु का अभ्यास करते हुए साधक जरा मरण तथा समस्त दुःखों से छुटकारा पा जाता है और वह संसार बन्धन से मुक्त हो जाता है, किं बहुना तन्त्र शास्त्र में कहे हुए वे, सभी मन्त्र उसे सिद्ध हो जाते है, जिसे सिद्ध करने का कोई अन्य उपाय नहीं है ॥ ८२-८३ ॥

स्वयं सिद्धो भवेत् क्षिप्रं योगे हि योगवल्लभा ।
ये गुणाः सन्ति देवस्य पञ्चकृत्यविधायिनः[१] ॥ ८४ ॥
ते गुणाः साधकवरे भवन्त्येव न चान्यथा ।
इति ते कथितं नाथ मन्त्रयोगमनुत्तमम् ॥ ८५ ॥

वह स्वयं शीघ्रतापूर्वक सिद्ध हो जाता है, योग में रहने वाली योगवल्लभा उस पर कृपा करती हैं, पञ्चकृत्य विद्यायी सदाशिव देव में जितने गुण हैं वे सभी गुण उस साधक श्रेष्ठ में आ जाते हैं । अन्यथा नहीं । हे नाथ ! इस प्रकार हमने श्रेष्ठ मन्त्र योग कहा ॥ ८४-८५ ॥

इदानीं धारणाख्यञ्च शृणुष्व परमाञ्जनम् ।
दिक्कालाद्यनवच्छिन्नं त्वयि चित्तं निधाय च ॥ ८६ ॥
मयि वा साधकवरो ध्यात्वा तन्मयतामियात् ।
तन्मयो भवति क्षिप्रं जीवब्रह्मैकयोजनात् ॥ ८७ ॥

वैष्णव ध्यान - अब सर्वश्रेष्ठ अञ्जन के समान दृष्टि प्रदान करने वाले **धारणा** के विषय में सुनिए । देश और काल से सर्वथा अनवच्छिन्न आप शङ्कर में अथवा मुझमें साधक अपना चित्त सन्निविष्ट कर तन्मयता प्राप्त करे । इस प्रकार जीव और **ब्रह्म में एकत्व** की भावना कर शीघ्र ही तन्मयता प्राप्त करे, इस प्रकार जीव और ब्रह्म में एकत्व की भावना करने से शीघ्र ही तन्मयता प्राप्त हो जाती है ॥ ८६-८७ ॥

इष्टपादे मति दत्वा नखकिञ्जल्कचित्रिते ।
अथवा मननं चित्तं यदा क्षिप्रं न सिद्ध्यति ॥ ८८ ॥
तदावयवयोगेन योगी योगं समभ्यसेत् ।
पादाम्भोजे मनो दद्याद् नखकिञ्जल्कचित्रिते ॥ ८९ ॥

अथवा नखकिञ्जल्क से चित्रित अपने इष्टदेव के पाद में मन लगावे तब भी चित्त स्थिर हो जाता है । अथवा मनन करने वाला यह चञ्चल चित्त यदि शीघ्रता से सिद्धक (स्थिर) न हो तो शरीर के अवयवभूत एक-एक अङ्गों में योगी योग द्वारा चित्त स्थिर रखे । प्रथम नखकिञ्जलक चित्रित इष्टदेव के चरण कमलों में मन लगावे ॥ ८८-८९ ॥

---

१. पञ्चसंख्याकानि च तानि कृत्यानि चेति पञ्चकृत्यानि, मध्यमपदलोपिसमासः । तानि विदधति तच्छीला इत्यर्थः ।

जङ्घायुग्मे तथाराम[1]कदलीकाण्डमण्डिते ।
ऊरुद्वये मत्तहस्तिकरदण्डसमप्रभे ॥ ९० ॥
गङ्गावर्त्तगभीरे तु नाभौ सिद्धिबिले ततः ।
उदरे वक्षसि तथा हस्ते श्रीवत्सकौस्तुभे ॥ ९१ ॥

इसके बाद वाटिका स्थित कदली काण्ड के समान प्रभा वाले दोनों जाँघों में मन लगावे । फिर मदमत्त हाथी के शुण्डाग्रदण्ड के समान दोनों ऊरु में मन को स्थिर करे । इसके बाद सिद्धि के लिए प्रवेश किए जाने वाले बिल के समान गङ्गा के आवर्त के समान गम्भीर नाभि स्थान में मन लगावे । इसके बाद श्रीवत्सकौस्तुभ से विराजमान उदर एवं वक्षःस्थल में, तदनन्तर कर कमल में मन लगावे ॥ ९०-९१ ॥

पूर्णचन्द्रामृतप्रख्ये ललाटे चारुकुण्डले ।
शङ्खचक्रगदाम्भोजदोर्दण्डपरिमण्डिते ॥ ९२ ॥
सहस्रादित्यसङ्काशे किरीटकुण्डलद्वये ।
स्थानेष्वेषु भजेन्मन्त्री विशुद्धः शुद्धचेतसा ॥ ९३ ॥
मनो निवेश्य श्रीकृष्णे वैष्णवो भवति ध्रुवम् ।
इति वैष्णवमाख्यातं ध्यानं सत्त्वं सुनिर्मलम् ॥ ९४ ॥

इसके बाद अमृत से संयुक्त पूर्णमासी के चन्द्रमा के समान तथा मनोहर कुण्डल से मण्डित ललाट में मन लगावे । फिर शंख, चक्र गदा और कमल से मण्डित चार भुजाओं से संयुक्त सहस्रों सूर्यों के समान देदीप्यमान किरीट एवं दो कुण्डलों से युक्त श्रीकृष्ण परमात्मा में मन लगावे । भगवान् श्रीकृष्ण के इन स्थानों में विशुद्ध चित्त से मन को लगाने वाला मन्त्रज्ञ साधक निश्चित रूप से विष्णुभक्त बन जाता है । यहाँ तक हमने सत्त्वगुण से संयुक्त अत्यन्त निर्मल वैष्णव ध्यान का वर्णन किया ॥ ९२-९४ ॥

विष्णुभक्ताः प्रभजन्ति [2]स्वाधिष्ठानं मनः स्थिराः ।
यावन्मनोलयं याति कृष्णे [3]आत्मनि चिन्तयेत् ॥ ९५ ॥
तावत् स्वाधिष्ठानसिद्धिरिति योगार्थनिर्णयः ।
तावज्जपेन्मनुं मन्त्री जपहोमं समभ्यसेत् ॥ ९६ ॥

जिनका मन स्थिर है, ऐसे विष्णुभक्त स्वाधिष्ठान चक्र में विष्णु का ध्यान करते हैं । जब तक मन श्रीकृष्ण में लय को न प्राप्त होवे, तब तब तक आत्मा में उक्त प्रकार से श्री कृष्ण का ध्यान करना चाहिए । तभी स्वाधिष्ठान चक्र की सिद्धि होती है, ऐसा योगशास्त्र का निर्णय है तभी तक मन्त्रज्ञ मन्त्र का जप करे तथा जप और होम का अभ्यास करे ॥ ९५-९६ ॥

---

१. सिद्धवने इति—ग० ।
२. चन्द्रायुत इति—ग० ।
३. स्वात्मनि चिन्ययेत् इति—ग० ।

अतः परं न किञ्चिच्च कृत्यमस्ति मनोहरे[1] ।
विदिते परतत्त्वे तु समस्तैर्नियमैरलम् ॥ ९७ ॥
अत[2] एव सदा कुर्यात् ध्यानं योगं मनुं जपेत् ।
तमः परिवृते गेहे घटो दीपेन दृश्यते ॥ ९८ ॥

सिद्धि प्राप्त कर लेने के पश्चात् और कोई कृत्य शेष नहीं रह जाता । क्योंकि मन को हरण करने वाले परतत्त्व परमात्मा का साक्षात्कार हो जाने पर समस्त नियम व्यर्थ ही हैं । इसीलिए सर्वदा ध्यान करे, योग करे, मन्त्र का जप करे, जिस प्रकार अन्धकारपूर्ण घर में रहने वाला घड़ा दीप से दिखाई पड़ता है ॥ ९७-९८ ॥

एवं स यो वृतो ह्यात्मा मनुना गोचरीकृतः ।
इति ते कथितं नाथ मन्त्रयोगमनुत्तमम् ॥ ९९ ॥
कृत्वा पापोद्भवैर्दुःखैर्मुच्यते नात्र संशयः ।
दुर्लभं विषयासक्तैः सुलभं योगिनामपि ॥ १०० ॥

उसी प्रकार माया से आवृत आत्मा मन्त्र के द्वारा प्रत्यक्ष हो जाती है । हे नाथ ! यहाँ तक हमने सर्वश्रेष्ठ मन्त्र योग कहा । ऐसा करने से साधक पापों से तथा सब प्रकार के दुःखों से छूट जाता है इसमें संशय नहीं । यह ध्यान विषयी लोगों के लिए दुर्लभ है तथा योगियों के लिए सुलभ हैं ॥ ९९-१०० ॥

सुलभं न त्यजेद्विद्वान् यदि सिद्धिमिहेच्छति ।
ब्रह्मज्ञानं योगध्यानं मन्त्रजाप्यं क्रियादिकम् ॥ १०१ ॥
यः करोति सदा भद्रो वीरभद्रो हि योगिराट् ।
भक्तिं कुर्यात् सदा शम्भोः श्रीविद्यायाः परात्पराम् ॥ १०२ ॥

विद्वान् साधक यदि सिद्धि चाहे तो उसे इस सुलभ मार्ग का त्याग नहीं करना चाहिए। जो ब्रह्मज्ञानी ! योग, ध्यान, मन्त्र का जाप तथा अपनी क्रिया करता रहता है वह सदा कल्याणकारी योगिराज वीरभद्र बन जाता है । इसलिए सदैव सदाशिव की भक्ति करनी चाहिए अथवा परात्परा श्रीविद्या की भक्ति करनी चाहिए ॥ १०१-१०२ ॥

योगसाधनकाले च केवलं भावनादिभिः ।
मननं कीर्त्तनं ध्यानं स्मरणं पादसेवनम् ॥ १०३ ॥
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ।
एतद्भक्तिप्रसादेन जीवन्मुक्तस्तु साधकः ॥ १०४ ॥

---

१. हरति इति हरा, पचाद्यच् टाप् । मनसो हरा-मनोहरा, तत्सम्बोधने मनोहरे ! इति रूपम्।

२. तालवृन्तेन किं कार्यं लब्धे मलयमारुते ।
मन्त्राभ्यासेन योगेन ज्ञानं ज्ञानाय कल्प्यते ॥
न योगेन बिना मन्त्रो न मन्त्रेण विना हि सः ।
द्वयोरभ्यासयोगो हि ब्रह्मत्वं सिद्धिकारणम् ॥ इति—क० अधिकः पाठः ।

योगिनां वल्लभो भूत्वा समाधिस्थो भवेद्यतिः ॥ १०५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावार्थनिर्णये पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे[1] सप्तविंशः पटलः ॥ २७ ॥

योगसाधन काल में केवल भावनादि से ही भक्ति करे । मनन, कीर्तन, ध्यान, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य तथा आत्मनिवेदन उक्त प्रकार वाली भक्ति के सिद्ध हो जाने पर साधक जीवन्मुक्त हो जाता है और योगियों का वल्लभ हो कर समाधि में स्थित (प्रज्ञ) योगी बन जाता है ॥ १०३-१०५ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावार्थ निर्णय में, पाशवकल्प में, षट्चक्रसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवी-भैरव संवाद में सत्ताइसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २७ ॥

---

१. ऊनविंशः पटल इति—क० ।

अथाष्टाविंशः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

त्रैलोक्यपूजिते कान्ते इदानीं सिद्धिहेतवे ।
मन्त्रसिद्धेर्लक्षणं तु योगिनामतिदुर्लभम् ॥ १ ॥
त्वन्मुखाम्भोरुहोल्लासनिःसृतं परमामृतम् ।
पीत्वा चकार तन्त्राणि[1] यत्तत्र नास्ति तद् वद ॥ २ ॥

श्री आनन्दभैरव ने कहा—हे त्रैलोक्यपूजिते ! हे कान्ते ! अब सिद्धि प्राप्ति के लिए और योगियों के लिए अत्यन्त दुर्लभ मन्त्र सिद्धि का लक्षण कहिए, क्योंकि जिन्होंने आपके मुखाम्भोज से उल्लास पूर्वक निकले हुए परमामृत का पान कर इन तन्त्र ग्रन्थों की रचना की है, उन तन्त्र ग्रन्थों में यह नहीं है ॥ १-२ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

निश्चयं ते प्रवक्ष्यामि आनन्दभैरवेश्वर ।
मन्त्रसिद्धेर्लक्षणं तु योगमार्गानुकूलतः ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे आनन्दभैरवेश्वर ! योगमार्ग के अनुसार मन्त्र सिद्धि के लक्षणों को निश्चय ही आप से कहती हूँ ॥ ३ ॥

नित्यं चेतसि सुस्थिरे स्थितपथक्लेशादिदोषक्षयं[2]
सर्वञ्चोत्तम[3]मन्त्रसिद्धिकलितं संलक्षणं शोभनम् ।
मृत्यूनां हरणं जगत्पतिमतिं सन्दर्शनञ्चोत्तमं
योगोऽक्लेशविवर्द्धनं [4]समुदयाच्छेशप्रयोगेष्टभाक् ॥ ४ ॥

चित्त के नित्य सुस्थिर हो जाने पर अथवा स्थित पथ में वर्तमान होने पर क्लेशादि समस्त दोष अपने आप विनष्ट हो जाते हैं । इसके बाद उत्तम मन्त्र सिद्धि के द्वारा होने वाले शुभ लक्षण साधक में प्रगट होते हैं । साधक मृत्यु को अपने वश में कर लेता है । जगत्पति (ईश्वर) में उसकी बुद्धि होने लगती है, अथवा उनके उत्तम दर्शन उसे होते हैं । उसका योग बिना क्लेश किए ही आगे बढ़ता रहता है और योग की समुदयावस्था में वह अपनी इष्टसिद्धि का भाजन बन जाता है ॥ ४ ॥

---

१. तत्र यत्र सारमावद इति—क० । २. समम् इति—क० ।
३. कलिता इति—क० । ४. समुदयाक्लेशप्रयोगेष्वभाक् इति—ग० ।

नरेन्द्राणां[१] काये प्रविशति हठात् [२]क्षोभयति तं
पुरे[३] तेषामूद्ध्वोत्क्रमणचरस्यावरपुरे ।
अध:छिद्रं[४] पश्येत् खचरवनितामेलनमलं
शृणोति प्रध्माने[५] जगति जगतां कीर्तिरतुला ॥ ५ ॥

वह राजाओं के शरीर में प्रविष्ट हो कर हठात् उन्हें संक्षुब्ध कर देता है जो सबके लिए अगम्य है ऐसे राजाओं के पुर (शरीर) में वह ऊपर से चला जाता है, नीचे के सभी छिद्र उसे प्रकट रूप में दिखाई पड़ने लगते हैं और वह देवाङ्गनाओं से भी मिलता है, शरीर के भीतर होने वाले शब्दों को सुनता है, इस जगत में रहने वाले सभी लोगों में उसकी कीर्ति अतुलनीय हो जाती है ॥ ५ ॥

इतीह सिद्ध्यादिसुलक्षणेन[६]
प्रयाति वैकुण्ठपुरीं मनोरमाम् ।
हितं यदा पश्यति सत्त्वभूभृतां
जगद्विपक्षो निजपक्षमाश्रयेत् ॥ ६ ॥

इस प्रकार की सिद्धि के सुलक्षण द्वारा वह अत्यन्त मनोरम वैकुण्ठ पुरी तक पहुँच जाता है और जब समस्त जीवों एवं राजाओं का हित देखता है तो विपक्ष में स्थित सारे जगत् को अपने पक्ष में कर लेता है ॥ ६ ॥

कीर्तिर्भूषणमादि[७]भक्तिसफला भुक्तिक्रियासंयुता
देवानामतिभक्तियुक्तहृदयं सर्वक्रियादक्षता ।
त्रैलोक्यं निजदास्यकर्मनिपुणं जित्वा चिरं जीवति
अष्टाङ्गाभ्यसनं[८] जगद्वशकरं[९] चैतन्यतामुत्तमम् ॥ ७ ॥

उसे भोग एवं क्रिया से युक्त कीर्ति, भूषण तथा महाश्री में सफल भक्ति प्राप्त होती है, देवताओं के विषय में उसका हृदय अत्यन्त भक्ति से संयुक्त हो जाता है, सारी क्रियाओं में दक्षता प्राप्त होती है, वह सारे त्रैलोक्य को अपने दास्य कर्म के योग्य बना लेता है तथा कुशल लोगों को जीतकर स्वयं बहुत काल तक जीवित रहता है, अष्टाङ्ग योग में उसका अभ्यास बढ़ने लगता है, सारे जगत् को अपने वश में कर लेता है तथा उत्तम सचेतनता प्राप्त करता है ॥ ७ ॥

---

१. नरेन्द्राणि इति—ग० ।—नरेन्द्राणां राज्ञां काये शरीरे प्रविशति; अयमेव पाठक्रम: समीचीन:।
२. क्षोभहरितम् इति—ग० ।
३. पूरकेणामूर्ध्वोत्क्रमणसर्वमुच्चे परपुरे इति—ग० ।
४. अध: छिन्नम् इति—ग० । ५. प्राधान्य इति—ग० ।
६. सुलक्षेन इति—ग० । ७. कीर्तिभ्रंसादिभक्ति: सदसि च इति—ग० ।
८. ज्येष्टाङ्गाभ्यसनम् (ह्यष्टाङ्गाभ्यसनम्)—ग० ।
९. जगद्वशंकरम् इति—ग० ।

भोगेच्छारहितं जगज्जनचमत्कारानुकल्पान्वितं
रोगाणां दरणं विरक्तहृदयं [१]वैराग्यभक्तिप्रियम् ।
त्यागं संसरणं तथा [२]शमदयामायाब्धिजालस्य वा
ऐश्वर्यं कवितारसं धनजनं लक्ष्मीगणं जापनम् ॥ ८ ॥

वह भोगेच्छा से विरत रहता है, जगत के समस्त जनों को अपने चमत्कार के अनुकल्प से वश में कर लेता है, रोगों को नष्ट कर लेता है और हृदय से विरक्त हो जाता है ; उसे वैराग्य तथा भक्ति अच्छी लगती है, वह मायारूप समुद्र के जाल का त्याग कर देता है तथा शम दयादि योग गुणों को ग्रहण करने लगता है, उसे ऐश्वर्य, कवितारस, धन जन लक्ष्मी, गण एवं जप की प्राप्ति होने लगती है ॥ ८ ॥

उल्लासं हृदयाम्बुजे सुतधनं सम्माननं सत्पथं
वाञ्छा[३]सागररत्नपूर्णघटितं कान्तागणान्मोदितम्[४] ।
सङ्केतादिमनुप्रियं हरिहरब्रह्मैकभावान्वितं
लोकानां गुरुतानिरन्तरशिवानन्दैक मुद्राधरम्[५] ॥ ९ ॥
एतदुक्तं महादेवोत्तरतन्त्रनिरूपणम् ।
मन्त्रसिद्धिलक्षणं तदुत्तमाधममध्यमम् ॥ १० ॥

उसका हृदय कमल उल्लसित रहता है सुत एवं धन, सम्मान, सदाचार तथा वांच्छा रूप समुद्र से उत्पन्न हुई अनेक रत्न राशियाँ प्राप्त होने लगती हैं, किं बहुना वह सतत कान्तागणों का आमोद प्राप्त करता रहता है । सङ्केत अक्षर वाले मन्त्रों में उसकी प्रीति होने लगती है तथा ब्रह्मा एवं विष्णु में अभेद सबन्ध का ज्ञान होने लगता है । समस्त लोगों में उसका गौरव बढ़ जाता है तथा वह निरन्तर शिवानन्द की मात्र एक मुख्य मुद्रा धारण कर लेता है । हे महादेव ! इस प्रकार उत्तर तन्त्र में निरूपण किए गए मन्त्रों के सिद्धि के लक्षण को मैंने कहा, वह उत्तम, अधम तथा मध्यम भेद से तीन प्रकार का होता है ॥ ९-१० ॥

मुनयो देवमुख्याश्च नित्यं जन्मनि जन्मनि ।
दिव्यरूपं नरकुले धृत्वा तृप्यन्ति चानिशम् ॥ ११ ॥
तवैवापि ममैवापि तर्पणं होमभोजनम् ।
सर्वदा कुरुते साधु [६]तन्मनो भवति ध्रुवम् ॥ १२ ॥
एतत्प्राणवायुपाने सूक्ष्मचन्द्रनियोजने ।
कर्तव्यं प्रत्यहं कार्यं दिवारात्रौ मुहुर्मुहुः ॥ १३ ॥

हे महादेव ! मुनि तथा देवगण अनेक जन्म पर्यन्त मनुष्य कुल में दिव्य रूप धारण

---

१. मूर्ति इति—ग० । २. मात्रा निजालस्वया इति—ग० ।
३. रत्नपुष्पविटितम् इति—ग० । ४. गणामोदितम् इति—ग० ।
५. लोकानां गुरुतया गौरवेण निरन्तरो व्यवधानशून्यो यः शिवानन्दस्तस्य या एकमुद्रा तस्या धरं धारकम् । धरतीतिः धरः पचाद्यच् । ६. चैतन्यम् इति—क० ।

कर निरन्तर मन्त्र सिद्धि के द्वारा तृप्त होते रहते हैं । मन्त्र सिद्धि के लक्षण जिसमें आ जाते हैं वह पुरुष आपको एवं हमारे निमित्त तर्पण, होम तथा ब्राह्मण भोजन कराता है अथवा अपना मन ऐसे भक्ति के कार्यों में लगाता है । साधक को चाहिए कि वह प्रतिदिन बारम्बार सूक्ष्मचन्द्र में अपने मन को सन्निविष्ट करने के लिए इसी प्रकार प्राणवायु का पान करता रहे ॥ ११-१३ ॥

अद्यैतत् कर्म संस्कुर्यात् योगसाधनमुत्तमम् ।
यः श्रीमान् साधु सद्वक्ता [1]दुष्टमन्त्रोऽपि सिध्यति ॥ १४ ॥
एतद्दोषसमूहं [2] तु वदामि तत्त्वतः शृणु ।
छिन्नादिदोषदुष्टानां योगतत्त्वेन सिध्यति ॥ १५ ॥

जो श्रीमान् साधु सद्वक्ता इस प्रकार से योग साधन को उत्तम प्रकार से सुसंस्कार सम्पन्न करता है उसे अच्छे मन्त्र की बात क्या ? दुष्ट मन्त्र भी सिद्ध हो जाते हैं, अब मन्त्रों के उन-उन दोष समूहों को कहती हूँ, हे सदाशिव ! सावधान हो कर सुनिए । ये छिन्नादि दोषों से दुष्ट मन्त्र जिस प्रकार योगतत्त्व से सिद्ध होते हैं ॥ १४-१५ ॥

देवेन्द्र पाशदुष्टा च भुवनेशी सुसिद्धिदा ।
आराधिता महाविद्या वीर्यदर्पविवर्जिता ॥ १६ ॥
एकाक्षरी वीर्यहीना वाग्भवेन महोज्ज्वला ।
तदवद्युत्तमा [3] देवी तारसम्पुटहंसिनी ॥ १७ ॥

भली प्रकार की सिद्धि देने वाली भुवनेशी देवेन्द्र के पाश से बँधे रहने के कारण सदोष हैं । अतः आराधना करने पर भी इस महाविद्या में वीर्य तथा दर्प का प्रादुर्भाव नहीं होता । वाग्भव (ऐं) से महान् प्रकाश उत्पन्न करने वाली एकाक्षरी वीर्यहीन हैं । इसी प्रकार उत्तम तार (ॐ) के सम्पुट से हंसिनी भी सर्वथा वीर्यहीना है ॥ १६-१७ ॥

आविद्धा कामराजेन विद्या कामेश्वरी परा ।
शरेण पीडिता पूर्वं भुवनेश्याः प्रतिष्ठिता ॥ १८ ॥
या कुमारी महाविद्या [4]यया सप्तारिबोधिका ।
ताराचन्द्रस्वरूपाहं शिवशक्त्या च केवलम् ॥ १९ ॥
भैरवीणां [5]हि विद्यानां दोषजालं शृणु प्रभो ।
एतान्दोषान्प्रणश्यन्ति योगमार्गानुसारिणः ॥ २० ॥

पूर्वकाल में परा कामेश्वरी महाविद्या कामराज के द्वारा आविद्ध है, अतः उस शर से पीड़ित रहती है तदनन्तर भुवनेशी ने उसे प्रतिष्ठित किया । जो कुमारी नाम की महाविद्या है तथा जिसके द्वारा सात शत्रु प्रबुद्ध किए जाते हैं वह शिव शक्ति से प्रतिष्ठित

---

१. शास्त्रोऽपि इति—ग० । २. तत्तद् इति—ग० ।
३. तदवध्रुवरसा इति—क० । ४. माया सभ्राविरोधिका इति—ग० ।
५. श्रीविद्या इति—ग० । एषा श्रीविद्या तन्त्रज्ञानां निकाये अत्यन्तं प्रसिद्धाऽस्ति ।

रहने वाली तारा चन्द्र स्वरूपा मैं हूँ । हे प्रभो ! अब भैरवी विद्याओं के दोष समूहों को सुनिए । जिससे समस्त योग मार्ग का अनुसरण करने वाले साधक के लिए ये सभी दोष नष्ट हो जाते हैं ॥ १८-२० ॥

यत: कुण्डलिनी देवी योगेन चेतनामुखी ।
अतो योगं सदा कुर्यात् सर्वमन्त्रप्रसिद्धये ॥ २१ ॥
भैरवी विधिशप्ता च दग्धा च कीलिता तथा ।
सैव संहारकरी मोहिता चानुमोदिता ॥ २२ ॥

यतः यह कुण्डलिनी देवी योगमार्ग के द्वारा चेतना प्राप्त करती है अतः सभी मन्त्रों की सिद्धि के लिए सर्वदा योगमार्ग का अवलम्बन करना चाहिए । यह भैरवी ब्रह्मदेव के द्वारा शापित हैं, दग्ध है तथा कीलित है, वही संहार करने वाली तब होती है जब ब्रह्मदेव उसको मोहित कर उसका अनुमोदन करते हैं ॥ २१-२२ ॥

महामदोन्मत्तचित्ता मूर्च्छिता वीर्यवर्जिता ।
स्तम्भिता मारिताच्छिन्ना विद्धा रुद्धा च त्रासिता ॥ २३ ॥
निर्बीजा शक्तिहीना च सुप्ता मत्ता च घूर्णिता ।
पराङ्मुखी नेत्रहीना [1]सा भीता दु:संस्कृता ॥ २४ ॥
सुषुप्ता भेदिता प्रौढा बालिका[2] मालिनी क्षमा ।
भयदा युवती क्रूरा दाम्भिका शोकसङ्कटा ॥ २५ ॥
निस्त्रिंशका सिद्धिहीना कूटस्था मन्दबुद्धिदा ।
हीनकर्णा हीननासा [3]अतिक्रुद्धाङ्गभङ्गुरा ॥ २६ ॥
कलहा कलहप्रीता भ्रष्टस्थानक्षयाकुला ।
धर्मभ्रष्टा [4]चातिवृद्धातिबाला सिद्धिनाशिनी ॥ २७ ॥
कृतवीर्या महाभीमा क्रोधपुंजा च ध्वंसिनी ।
कालविद्या सूक्ष्मधर्मा [5]विधर्मा धर्ममोहिनी ॥ २८ ॥
दुर्गस्थिता क्षिप्तचित्ता प्रचण्डा चण्डगामिनी ।
उल्कावच्चलती[6] तीक्ष्णा [7]मन्दाहारा निरंशका ॥ २९ ॥
तत्त्वहीना केकरा च [8]घूर्णितालिङ्गिता जिता ।
अतिगुप्ता क्षुधार्त्ता च धूर्त्ता [9]ध्यानस्थिरास्थिरा ॥ ३० ॥
एता[10] विद्या: प्रसन्ना: स्युर्योगकालनिरोधनात् ।
वीरभावेन सिद्धि: स्यात् पुरश्चरणकर्मणा ॥ ३१ ॥

---

१. सुप्ता भीतानुसंस्कृता इति—क० ।
२. कामिनी क्रिया इति—ग० ।
३. तथा इति०—ग० ।
४. नातिवृद्धा इति—ग० ।
५. सूक्ष्मधर्मा च मोहिनी इति—ग० ।
६. उच्चावच्चलति इति—ग० ।
७. मन्दहासा इति—ग० ।
८. धूतिता इति—ग० ।
९. व्याला इति—ग० ।
१०. तत्राविध्या इति—ग० ।

महामद से उन्मत्त चित्तवाली, मूर्च्छित रहने वाली, वीर्य से वर्जित, जड़भाव में रहने वाली, मारी हुई, छिन्ना, विद्धा, रुद्धा, त्रासिता, निर्बीजा, शक्तिहीना, सुप्ता, मत्ता, चक्कर काटने वाली, उद्भ्रान्त, पराङ्मुखी, नेत्रहीना, भीता, दुःसंस्कृता, सुषुप्ता, भेदिता, प्रौढ़ा, बालिका, मालिनी, क्षमा, भयदा, युवती, क्रूरा, दम्भकारिणी, शोक से उद्विग्न रहने वाली, बिना शस्त्र वाली, सिद्धिहीना, कूटस्थ, मन्दबुद्धि प्रदान करने वाली, कर्ण रहित, नासिका रहित, अत्यन्त क्रोधी स्वभाव वाली, भंगुरा, कलहा, कलहप्रीता, भ्रष्टस्थान, क्षय से आकुल रहने वाली, धर्मभ्रष्टा, अतिवृद्धा, अतिबाला, सिद्धिनाशिनी, कृतवीर्या, महाभीमा, क्रोधपुञ्जा, ध्वंसिनी, कालविद्या, सूक्ष्मधर्मा, विधर्मा, धर्ममोहिनी, दुर्गस्थिता, क्षिप्तचित्ता, प्रचण्डा, चण्डगामिनी, उल्कावच्चंलती, तीक्ष्णा, मन्दाहारा, निरंशका, तत्त्वहीना, केकरा, घूर्णिता, अलिंगिता, जिता, अतिगुप्ता, क्षुधार्त्ता, धूर्ता, ध्यानस्थिरा एवं अस्थिरा—ये सब महाविद्यायें विधि शप्त हैं । ये योगमार्ग के अनुसरण से प्रसन्न होती हैं । इनकी सिद्धि वीरभाव से होती हैं अथवा पुरश्चरण कर्म से होती है ॥ २३-३१ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

तत्र[१] वीरो यजेत् कान्तां परकीयामथापि वा ।
स्वीयामलङ्कार[२]युक्तां सुन्दरीं चारुहासिनीम् ॥ ३२ ॥
मदनानलतप्ताङ्गीमासवानन्द विग्रहाम्[३] ।
योगिनीं कौलिनीं योग्यां धर्मशीलां कुलप्रियाम् ॥ ३३ ॥

इसके बाद पुनः **आनन्दभैरवी ने कहा**—महाविद्या की उपासना के लिए वीरभाव को प्राप्त कर अपनी स्त्री अथवा अन्य की स्त्री का पूजन करना चाहिए । अपनी स्त्री सुन्दरी हो मन्द हास्य से युक्त हो, नाना प्रकार के अलङ्कारों से सुशोभित हो । कामाग्नि से संतप्त हो, आसव के आनन्द से सारा शरीर आनन्द पूर्ण हो, योगिनी, कुलमार्ग (महाशक्ति) की उपासिका हो, योग्य हो, धर्म का आचरण करने वाली हो, कुल से प्रीति रखने वाली हो ॥ ३२-३३ ॥

दीक्षितां लोलवदनां वदनाम्भोजमोहिनीम् ।
नानादेशस्थितां कन्यां युवतीं परिपूजयेत् ॥ ३४ ॥
जापिकां मन्दहास्यां च मन्दमन्द गतिप्रियाम् ।
कृशाङ्गीमतिसौन्दर्यामलङ्कृतकलेवराम् ॥ ३५ ॥

शक्ति की दीक्षा से दीक्षित हो, चञ्चल मुख वाली (बोलने में चतुर) हो इतना ही नहीं अपने मुख कमल की शोभा से सबको मोह लेने वाली हो । इसके अभाव में किसी भी देश में उत्पन्न हुई युवती कन्या का भी पूजन किया जा सकता है । वह जप करने वाली, मन्द मन्द हास्य से युक्त, मन्द मन्द गति से प्रेम करने वाली हो, पतले शरीर वाली, अत्यन्त सौन्दर्य से संयुक्त तथा शरीर पर अलङ्कार धारण करने वाली हो ॥ ३४-३५ ॥

---

१. अत्र इति—ग० । २. स्त्रियालङ्कारसंयुक्ताम् इति—ग० ।

३. मासवानन्द इति—ग०। आसवेन जनित आनन्द आसवानन्दः, मध्यमपदलोपिसमासः । स एव विग्रहः शरीरं यस्याः सा ।

कोटिकन्याप्रदानेन यत्फलं लभते नरः ।
तत्फलं लभते सद्यः कामिनीपरिपूजनात् ॥ ३६ ॥
ततः षोडशकन्याश्च योगिन्यो योगसिद्धये ।
पूजयेत् परया भक्त्या वस्त्रालङ्कारभूषणैः ॥ ३७ ॥

मनुष्य करोड़ों कन्या दान से जितना फल प्राप्त करता है, उतना फल वह उसी क्षण कामिनियों के पूजन से प्राप्त कर लेता है । इसके बाद अपनी योगसिद्धि के लिए योगिनी स्वरूपा षोडश कन्याओं का अत्यन्त भक्ति से युक्त हो वस्त्र, अलङ्कार तथा आभूषणों से पूजन करना चाहिए ॥ ३६-३७ ॥

नानाविधैः पिष्टकान्नैः पक्वान्नैः प्राणसम्भवैः ।
दधिदुग्धघृतैश्चापि नवनीतैः सशर्करैः ॥ ३८ ॥
उपलाखण्डमिश्रान्नैः नानारसफलान्वितैः ।
चूडादिभिर्नारिकेलैः कपिलैर्नागरङ्गकैः ॥ ३९ ॥
नानागन्धफलैश्चैव नानागन्धसमन्वितैः ।
मृगनाभिचन्दनैश्च श्रीखण्डैर्नवपल्लवैः ॥ ४० ॥
पूजयेत्ताः प्रयत्नेन जलजैः स्थलजैस्तथा ।
नानासुगन्धिपुष्पैश्च रक्तचन्दनकुङ्कुमैः ॥ ४१ ॥

अनेक प्रकार के पिष्टान्नों से, प्राण (बल) देने वाले पक्वान्नो से, दही, दूध, घृत, नवनीत, मिश्री, खाँड आदि मिश्रित पदार्थों से अनेक प्रकार के फलों के रस से, चूड़ा, नारिफल, पीले पीले पके पके नारंग फलों से, अनेक प्रकार के सुगन्ध युक्त फलों से, अनेक प्रकार के गन्ध द्रव्यों से, कस्तूरी से, चन्दन से, नवीन पल्लवों से, जल में उत्पन्न होने वाले तथा स्थल में उत्पन्न होने वाले अनेक प्रकार के सुगन्ध युक्त पुष्पों से, रक्त चन्दन से एवं केशर से प्रयत्नपूर्वक उनका पूजन करना चाहिए ॥ ३८-४१ ॥

पूजयेत् शून्यगृहे च निर्जने विपिने तथा ।
कुलदेवीं समानीय स्वागतं प्रवदेद्नु ॥ ४२ ॥
अर्घोदकेन संशोध्यामृतीकरणमाचरेत् ।
शक्तिञ्चाभिमुखीं नीत्वा वीरयोगी भवेद्ध्रुवम् ॥ ४३ ॥
शक्तिं च षोडशी देवीं कुलचक्रप्रियां शुभाम् ।
महाशक्तिं शृणु प्राणवल्लभे श्रीकलावतीम् ॥ ४४ ॥

उनका पूजन शून्य गृह में निर्जन अथवा वन में करे । उन्हें अपनी कुलदेवी समझकर तदनन्तर 'स्वागतम्' ऐसा वचन उच्चारण करे । अर्घ के जल से शुद्ध कर अमृतीकरण करे । इस प्रकार शक्ति को अपने अनुकूल बनाकर साधु निश्चय ही वीरयोगी बन जाता है । कुलचक्र से प्रेम करने वाली, परम कल्याणकारिणी षोडशी देवी ही शक्ति के नाम से अभिहित हैं । अब हे प्राणवल्लभ ! श्री कला से युक्त उन महाशक्तियों को श्रवण कीजिए ॥ ४२-४४ ॥

ब्राह्मणी क्षत्रिया वैश्या शूद्रा वेश्या च सुन्दरी ।
कुलभूषासमाक्रान्ता मानिनी नातिपिङ्गला ॥ ४५ ॥

ब्राह्मणी, क्षत्रिया, वैश्या तथा शूद्रा अथवा वेश्या जो सुन्दर स्वरूप से युक्त हों उत्तम कुल तथा उत्तम आभूषण से अलंकृत हों, मानिनी हों तथा अत्यन्त पिङ्गल केशों वाली न हों, उन्हें दीक्षित कर उनकी पूजा करनी चाहिए ॥ ४५ ॥

रजकी नटकी कौला श्यामाङ्गी स्थूलविग्रहा ।
सङ्केतागमना भार्या [1]विदग्धा रञ्जकी तथा ॥ ४६ ॥
खटकी[2] कोलकन्या[3] च कुलमार्गप्रवर्तिका ।
सर्वाङ्गसुन्दरी भव्या चारुनेत्रा हसन्मुखी ॥ ४७ ॥
यद्यद्दीक्षारतास्तास्तु देया दीक्षा तदा प्रभो ।
सूक्ष्मतन्त्रानुसारेण कथितं पूर्वसूचितम् ॥ ४८ ॥

रजकी, नटकी, कोल कुलोत्पन्न, चाहे श्यामाङ्गी हो अथवा मोटे शरीर वाली हों सङ्केत स्थान पर पुरुष से सम्बन्ध रखने वाली किसी की भार्या हो, विदग्धा अथवा सबको प्रसन्न रखने वाली हों, खटकी कोलकन्या कुल मार्ग में प्रवृत्त रहने वाली हों, सर्वांग सुन्दरी, भव्या, सुन्दर नेत्रों वाली, हँसने वाली - ये सभी शक्तियाँ है । पूजा काल में यदि इनकी दीक्षा न हुई हो तो हे प्रभो ! पूजा के लिए इनको दीक्षित कर लेना चाहिए । यह सब हमने पूर्व ग्रन्थों में सूचित सूक्ष्मतन्त्र के अनुसार कहा ॥ ४६-४८ ॥

सर्वाङ्गसुन्दरी शुद्धा शुद्धलोककुलोद्भवा[4] ।
युवती योगनिरता सा देवी डाकिनी मता ॥ ४९ ॥
तामानीय महामन्त्रं दापयेदिष्टसिद्धये ।
ततस्ताः पूजनीयास्तु दीक्षाहीनास्तु नाचरेत् ॥ ५० ॥

जिसके प्रत्येक अङ्ग सुन्दरता से युक्त हों, जो शुद्ध तथा शुद्धलोगों के बीच में शुद्ध कुल में उत्पन्न हुई हों, ऐसी योगमार्ग में संलग्न रहने वाली युवती डाकिनी देवी के नाम से कही गई हैं । ऐसी युवती को अपने स्थान पर लाकर अपनी इष्ट सिद्धि के लिए महामन्त्र से दीक्षित करे । तब उनकी पूजा करे । बिना दीक्षा के उनकी पूजा न करे ॥ ४९-५० ॥

श्रीकृष्णराममन्त्रं तु दापयेत्सत्त्वसिद्धये ।
ताभ्य आदौ ततो मृत्युञ्जयमन्त्रं ततश्चरेत् ॥ ५१ ॥
आनन्दभैरवीबीजं देवीं शक्तिं स्वबीजकम् ।
अथवा सिद्धमन्त्रं तु श्रीविद्यायाः प्रदापयेत् ॥ ५२ ॥

उनमें तेज बल की सिद्धि के लिए सर्वप्रथम श्रीकृष्ण अथवा राम का मन्त्र प्रदान करे । तदनन्तर महामृत्युञ्जय का जप करे । अथवा आनन्दभैरवी बीज, देवी की शक्ति का बीज,

---

१. वञ्चकी इति—ग० । २. खल्वकी इति—ग० ।
३. लोलकन्या इति—ग० । ४. डाकिन्या लक्षणैकदेशभूतमिदम् ।

अथवा अपने इष्टदेव का बीज, अथवा श्रीविद्या का बीज, अथवा कोई सिद्ध मन्त्र उन्हें प्रदान करे ॥ ५१-५२ ॥

किं वा केवलमायां तु क्रोधारुणकराकृतिम् ।
ज्वलन्तीं मूलपद्मे तु स्वयम्भूकुसुमाकराम् ॥ ५३ ॥
एतद्भूतां महामायां तस्मै दत्वा जयी भवेत् ।
आदौ वामकर्णपुटे अग्निवारं [1]परे त्रयम् ॥ ५४ ॥

अथवा क्रोध से लाल, हाथ की आकृति वाली, मूलाधार पद्म में देदीप्यमान् स्वयंभू लिङ्ग रूप पुष्प को अपने कर कमलों में धारण करने वाली केवल माया का ही उपदेश प्रदान करे । इस प्रकार के स्वरूप वाली महामाया की दीक्षा उसे देकर साधक स्वयं का लाभ करता है । सर्वप्रथम बायें कान में तीन बार, तदनन्तर दाहिने कान में तीन बार मन्त्र दीक्षा का विधान कहा गया है ॥ ५३-५४ ॥

अतः शिक्षां सदानन्ददीक्षान्ते कारयेद् बुधः ।
दीक्षामूलं जपं सर्वं दीक्षामूलं गुरोः कृपा ॥ ५५ ॥
दीक्षामाश्रित्य मायां या जपेत् सा खेचरी परा ।
तस्याः पूजनमात्रेण प्रसन्नाहं न संशयः ॥ ५६ ॥

इसके बाद सर्वदा आनन्द देने वाली दीक्षा के अन्त में बुद्धिमान् साधक उसे इस प्रकार उपदेश करे । सारे जप की मूल दीक्षा है । गुरु की कृपा का मूल भी दीक्षा ही है । दीक्षा ग्रहण के उपरान्त माया मन्त्र का जप करे, अथवा परा खेचरी क्रिया का आश्रय लेवे । क्योंकि माया के पूजन मात्र से मैं प्रसन्न होती हूँ, इसमें संशय नहीं ॥ ५५-५६ ॥

जगतां जगदीशानां नारीरूपेण संस्थितिः ।
अहं नारी न सन्देहः सुन्दरी कुत्सिता परा ॥ ५७ ॥
सुन्दरीपालनार्थाय विनाशायाशु कुत्सिता ।
साधकस्य भ्रान्तिरूपा संहिताः परिभावयेत् ॥ ५८ ॥
या परा मोक्षदा विद्या सुन्दरी कामचारिणी ।
भाविनी सा भवानी च तां विद्यां परिपूजयेत् ॥ ५९ ॥

इस समस्त जगत् की तथा समस्त जगदीश्वरों की नारीरूप में ही संस्थिति है इसीलिए मैं भी नारी रूप धारण की हुई हूँ । इसमें संदेह नही । नारी दो प्रकार की है एक सुन्दरी दूसरी कुत्सिता । सुन्दरी नारी पालन करने के लिए है तथा दूसरी कुत्सिता विनाश के लिए है यह तो साधक की भ्रान्ति है, अतः उसे दोनों में शक्ति के स्वरूप का ध्यान करना चाहिए । परा विद्या मोक्ष देने वाली सुन्दरी तथा कामचारिणी है, वही भाविनी है, वही भवानी है । अतः उसी पराविद्या का पूजन करना चाहिए ॥ ५७-५९ ॥

---

१. परित्रयम् इति—ग० ।

तस्या अङ्के स्थिरा नित्यं देवताया अहं प्रभो ।
यश्च योगी सर्वसमः स सर्वात्मा नयेत् किल ॥ ६० ॥
अन्यथा सिद्धिहानिः स्याद् भावाभावविचारणात्[१] ।
बिना भावं न सिद्ध्येत्तु भावानां[२] भावराशिग ॥ ६१ ॥

हे प्रभो ! उस पराविद्या रूप देवता के अङ्क में मैं स्थिर रूप से निवास करती हूँ । सब में समता रखने वाला जो सर्वात्मा योगी है वही उसे प्राप्त कर सकता है । यह सुन्दर है या यह सुन्दर नहीं है—इस प्रकार के विचार से साधक की सिद्धि की हानि होती है । अतः हे भावों के भावराशि से प्राप्त होने वाले प्रभो ! भाव के बिना सिद्धि नहीं प्राप्त होती ॥ ६०-६१ ॥

कुलपुरश्चरणं कुर्यात् कुलाकुलविमुक्तये ।
योगी स्यादव्ययो धीरो विद्वान्मुक्तो हि जीवने ॥ ६२ ॥
ब्राह्मणीं[३] सुन्दरीं चैव संस्थाप्य क्रमतो यजेत् ।
वामहस्ते महार्घ्यं तु दक्षिणे आसनादिकम् ॥ ६३ ॥

कुल तथा अकुल से छुटकारा पाने के लिए कुल (महाशक्ति) का पुरश्चरण करना चाहिए । इस प्रकार का पुरश्चरण करने वाला सर्वथा विकार रहित धीर योगी होता है, वह विद्वान् अपने जीते जी ही विमुक्त रहता है । सुन्दरी ब्राह्मणी को स्थापित (बैठा) कर एक एक के क्रम से उसका पूजन करे । उसके बायें हाथ में अर्घ्य प्रदान करें और दाहिने हाथ में आसनादि देवे ॥ ६२-६३ ॥

दद्यात् पाद्यमासनानि तत्तन्नाम्ना च स्वागतम् ।
तत्तदा अर्घपात्रस्थजलेन प्रोक्षयेच्च ताः ॥ ६४ ॥
धेनुमुद्रां समाकृत्य वं मन्त्रेणामृतीक्रियाम् ।
अमृतीकरणान्ते च रूपभेदं समानयेत् ॥ ६५ ॥
संज्ञाभिर्नामिकरणं कृत्वा चासनमर्पयेत् ।

तत्तन्नामों से (पाद्यं समर्पयामि, आसनं समर्पयामि, स्वागतं समर्पयामि) पाद्य, आसन तथा स्वागत समर्पित करना चाहिए । उसके पहले अर्घ्यपात्र के जल से समस्त पूजन सामग्री का प्रोक्षण करे । फिर धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर वं मन्त्र के द्वारा अमृतीकरण करे । अमृतीकरण करने के अन्त में रूप भेद की कल्पना करे । शक्ति परक संज्ञा से पुनः उसका नामकरण करे । फिर आसन समर्पित करे ॥ ६४-६६ ॥

---

१. भावस्याभावस्य च विचारणात् चिन्तनात् । द्वन्द्वगर्भः षष्ठीतत्पुरुषः ।

२. वीराणाम् इति—ग० ।

३. ब्राह्मणीं सुन्दरीं नवयौवनशालिनीम् ।
आनीय दद्याद्दीक्षान्तु तस्यैतत्कर्म चाशृणु ।
कुलमार्गानुसारेण वक्तव्यं त्रिदशेश्वर ।
अत्यद्भुतो भवेन्मन्त्री पुरश्चरणकर्मणि ।
एता अष्टमहाशक्तीः संस्थाप्य क्रमतो यजेत् ॥

श्रीभैरवी उवाच[1]

अथ कान्त प्रवक्ष्यामि षट्चक्रभेदनक्रियाम् ॥ ६६ ॥
यत्कृत्वा अमरा लोके विचरन्ति चराचरे ।
अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिविनाशनम् ॥ ६७ ॥
योगेन [2]जीववर्गाश्च भवन्त्यमररूपिण: ।
षट्चक्रे च महापद्मे सर्वसत्त्वगुणान्विते ॥ ६८ ॥

श्री भैरवीने कहा—हे कान्त ! अब षट्चक्र भेदन की क्रिया कहती हूँ । जिसे करने के बाद योगीगण अमर होकर, इस चराचर लोक में विचरण करते हैं । यह षट्चक्र भेदन अकाल मृत्यु का हरण करने वाला है तथा समस्त व्याधियों का विनाश करने वाला है । सम्पूर्ण सत्त्व गुणों से युक्त इस षट्चक्र रूप महापद्म में युक्त होने से समस्त जीव वर्ग देव स्वरूप हो जाते हैं ॥ ६६-६८ ॥

धर्माधर्मे मनोराज्ये [3]सर्वविद्यानिधौ क्रतौ ।
कलिकल्मषमुख्यानां सर्वपापापहारकम् ॥ ६९ ॥
मनो दत्वा महाकाले जीवा: सर्वत्र गामिन: ।
एतच्छ्रुत्वा महावीरो विवेकी परमार्थवित् ॥ ७० ॥
पुनर्जिज्ञासयामास ज्ञानज्ञेयेन शङ्कर:।

धर्माधर्म स्वरूप मनोराज्य वाले, सर्वविद्यानिधान एवं क्रतुस्वरूप इन महाकाल में कलि के समस्त पापों को दूर करने वाले अपने मन को संयुक्त कर जीव सर्वत्र गमनशील हो जाता है, इस बात को सुनकर विवेकी, परमार्थवेत्ता, महावीर और ज्ञान ज्ञेय भगवान् शङ्कर ने पुन: जिज्ञासा की ॥ ६९-७१ ॥

आनन्दभैरव उवाच

षट्चक्रभेदनकथां कथयस्व वरानने ॥ ७१ ॥
हिताय सर्वजन्तूनां हिरण्यवर्णमण्डितम् ।
प्रकाशयस्व वरदे योगानामुदयं वद ॥ ७२ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे वरानने ! अब आप सभी प्राणियों के हित के लिए षट्चक्रों के भेदन की क्रिया को कहिए । हे वरदे ! हिरण्यवर्ण से मण्डित उन षट्चक्रों को प्रकाशित कीजिए तथा जिससे योगों का उदय होता है उसे भी कहिए ॥ ७१-७२ ॥

येन योगेन धीराणां हितार्थं वाञ्छितं मया ।
कालक्रमेण सिद्धि: स्यात्[4] कालजालविनाशनात् ॥ ७३ ॥

---

१. क० पु० नास्ति० इति० क० पु० अधि० पाठ: ।
२. जीवगाश्च इति—ग० ।
३. सत्त्व इति—क० ।
४. ज्ञान इति—ग० ।

कालक्षालनहेतोश्च [१]पुनरुद्यापनं कृतम् ।

आनन्दभैरवी उवाच

आदौ कुर्यात् परानन्दं रससागरसम्भवम् ॥ ७४ ॥
मान्द्यं मन्दगुणोपेतं शृणु तत्क्रममुत्तमम् ।
स्तोत्रं कुर्यात् मूलपद्मे कुण्डलिन्याः पुरश्क्रियाम् ॥ ७५ ॥

जिस योग से मैं धीर पुरुषों का हित चाहता हूँ तथा उनके काल जाल के विनाश के द्वारा कालक्रम से उनको सिद्धि भी मिले, उसे कहिए । काल के प्रक्षालन के लिए ही मैंने इस प्रकार के उद्यापन का आरम्भ किया है ।

आनन्दभैरवी ने कहा—हे शङ्कर ! साधक सर्वप्रथम रस सागर से उत्पन्न एवं मन्दगुण से युक्त परानन्द प्राप्ति का प्रयत्न करे । अतः उसका उत्तम क्रम सुनिए । मूलपद्म में रहने वाली कुण्डलिनी का पुरश्चरण करे तथा उसका स्तोत्र पढ़े ॥ ७३-७५ ॥

पुरश्चरणकाले तु जपान्ते नित्यकर्मणि ।
काम्यकर्मणि धर्मेषु तथैव धर्मकर्मसु [२] ॥ ७६ ॥
गुर्वाद्यगुरुनित्येषु भक्तिमाकृत्य सम्पठेत् ।
ॐ नमो गुरवे ॐ नमो गुर्वम्बपरदेवतायै ॥ ७७ ॥

इस स्तोत्र का पाठ साधक पुरश्चरण काल में, जप के अन्त में, नित्य कर्म के पश्चात्, काम्य कर्म में, धर्म में तथा धर्म कार्य में करे । इस स्तोत्र का पाठ गुरु, आद्यगुरु तथा नित्यगुरु का भक्तिपूर्वक ध्यान कर करना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है—ॐ गुरु के लिए नमस्कार है । ॐ अम्ब परदेवता स्वरूपा गुरु के लिए नमस्कार है ॥ ७६-७७ ॥

सर्वधर्मस्वरूपायै सर्वज्ञानस्वरूपायै ।
ॐ भवविभवायै ॐ दक्षयज्ञविनाशिन्यै ॥ ७८ ॥
ॐ भद्रकाल्यै ॐ कपालिन्यै ॐ उमायै ॐ माहेश्वर्यै ।
ॐ सर्वसङ्कटतारिण्यै ॐ महादेव्यै नमो नमः ॥ ७९ ॥

ॐ सर्व धर्मस्वरूप वाली, सर्वज्ञान स्वरूप वाली, ॐ भव विभव स्वरूपा, ॐ दक्षयज्ञ विनाशिका, ॐ भद्रकाली, ॐ कपालिनी, ॐ उमा, ॐ माहेश्वरी, ॐ सर्वसङ्कट-तारिणी और ॐ महादेवी के लिए नमस्कार है, पुनः नमस्कार है ॥ ७८-७९ ॥

ॐ या माया मयदानवक्षयकरी शक्तिः क्षमा कर्तृका
शुम्भश्रीमहिषासुरासुरबलप्रात्रोलचण्डामहा [३] ।
भद्रार्द्रा [४] रुधिरप्रिया प्रियकरी क्रोधाङ्गरक्तोत्पला
चामुण्डा रणरक्तबीजरजनी ज्योत्स्ना मुखेन्दीवरा ॥ ८० ॥

---

१. पूर्व नोद्यापनम् इति—ग० । २. धर्मिषु इति—ग० ।

३. प्राणेन चण्डापहा इति—ग० ।—असुरासुरबलप्राणेन चण्डमेतन्नामानमसुरमपहन्ति या सा भगवती इत्यर्थः । ४. भक्तार्द्रा इति—ग० ।

जो माया स्वरूपा है, मयदानव की संहारकारिणी हैं, शक्ति तथा क्षमा करने वाली हैं, जो शुम्भ एवं महिषासुर तथा समस्त असुर बलों को समुन्मूलित करने के लिए महाक्रोध से परिपूर्ण हैं, जो सब का कल्याण करती हैं, सब के ऊपर दया करती हैं, जिन्हें रुधिर प्रिय हैं, जो सब का प्रिय करने वाली हैं, जिनके प्रत्येक अङ्ग क्रोध से परिपूर्ण होने पर लाल कमल के समान शोभित होते हैं, जो रण में रक्त बीज के लिए रजनी के समान हैं, चण्डमुण्ड की विनाशिका होने से जो चामुण्डा है, जिनका मुख कमल सर्वदा देदीप्यमान है उन कुण्डलिनी को नमस्कार है ॥ ८० ॥

या जाया जयदायिनी नृगृहिणी भीत्यापहा भैरवी
नित्या सा परिरक्षणं कुरु शिवा सारस्वतोत्पत्तये ।
सा मे पातु कलेवरस्य विषयाह्लादेन्द्रियाणां बलं
वक्षः[१] स्थायिनमुल्वणोज्ज्वलशिखाकारादिजीवान्विता ॥ ८१ ॥

जो ब्रह्मदेव की जाया है, जय देने वाली विजया हैं, मनुष्यों के घर में रहने वाली लक्ष्मी हैं, भयहरण करने वाली भैरवी हैं और जो सब का कल्याण करने के कारण शिवा हैं । इस प्रकार की कुण्डलिनी देवी मुझ में सारस्वत ज्ञान देने के लिए नित्य मेरी रक्षा करें तथा अत्यन्त तेजस्वी शिखाकार जीव रूप से स्थित वही कुण्डलिनी देवी मेरे शरीर के वक्षःस्थल पर रहने वाले विषयाह्लाद से इन्द्रियों में उत्पन्न होने वाले बल की रक्षा करे ॥ ८१ ॥

कृत्वा योगकुलान्वितं स्वभवने नित्यं मनोरञ्जनं
नित्यं संयमतत्परं परतरे भक्तिक्रियानिर्मलम् ।
शम्भो[२] रक्षरजोऽपनीशचरणाम्भोजे सदा भावनं
विद्यार्थप्रियदर्शनं त्रिजगतां संयम्ययोगी भवेत् ॥ ८२ ॥

हे शम्भो ! अपने घर में नित्य मन को प्रसन्न करने के लिए योग कुल का अनुष्ठान कर सर्वदा संयम में तत्पर रहने वाले, परात्पर परमात्मा में भक्ति क्रिया से निर्मल चित्त वाले, मेरे रजो गुण को दूर कर मेरी रक्षा कीजिए । जिससे आपके चरणाम्भोज में मेरी भावना बनी रहे, क्योंकि तीनो जगत के लिए आपका चरण कमल विद्या प्राप्ति के लिए प्रियदर्शन है, जिसमें संयम करने से साधक योगी बन जाता है ॥ ८२ ॥

आकाङ्क्षापरिवर्जितं निजगुरोः सेवापरं पावनं
प्रेमाह्लादकथाच्युतं[३] कुटिलताहिंसापमानप्रियम् ।
कालक्षेपण[४] दोषजालरहितं शाक्तं सुभक्तं पतिं
श्रीशक्तिप्रियवल्लभं सुरुचिरज्ञानान्तरं मानिनम् ॥ ८३ ॥

हे प्रभो ! मुझे आकांक्षा से परिवर्जित कीजिए । अपने गुरु की पवित्र सेवा में मेरा मन

१. रक्षः इति—ग० । २. रक्षरजाप्यममीश इति—क० । ३. कथावृतम् इति—क० ।
४. कान्तिक्षेमकलाफलं कुलगतं मायाविहीनं कुलम् ।
कौलानामपि साङ्गमं तमिहे सम्पास्यहं सर्वदा ॥
मिथ्यावाग्रहितं स्वधार्थनिरतं नित्योक्तिभक्तिप्रियम् ॥ इति क० पु० अधि० पाठः ।

लगाइए । मेरा मन आपके प्रेम तथा आह्लाद उत्पन्न करने वाली कथा से कभी विच्युत न हो मुझे कुटिलता एवं हिंसा करने वालों के द्वारा किए गए अपमान से ग्लानि न हो । आप कालक्षेप रूप दोष जाल से रहित कीजिए । शक्ति देवी में सुभक्ति प्रदान कर यति तथा श्री शक्ति का प्रेम पात्र बनाइए जिस प्रकार मेरा अन्तःकरण ज्ञान में सुरुचि पूर्ण रहे ऐसा तथा मुझे मानी बनाइए ॥ ८३ ॥

मालासूक्ष्म सुसूक्ष्मबद्धनिलयं सल्लक्षणं साक्षिणं
नानाकारणकारणं[१] ससरणं साकारब्रह्मार्पणम् ।
नित्या सा जडितं महान्तमखिले [२]योगासनज्ञानिनं
तं वन्दे पुरुषोत्तमं त्रिजगतामंशार्कहंसं परम् ॥ ८४ ॥

तीनों जगत् के अंशार्क एवं हंसरूप उस परमात्मा पुरुषोत्तम की मैं वन्दना करता हूँ, जो सूक्ष्म से सुसूक्ष्म सभी पदार्थों में माला के समान सर्वत्र अनुस्यूत है, सल्लक्षण से युक्त सबके साक्षी हैं अनेक कारणों के मात्र अकेले कारण हैं, सर्वत्र गमन करने वाले तथा साकार ब्रह्मरूप में रहने वाले हैं, जिस अखिल ब्रह्माण्ड नायक में यह नित्य महाशक्ति महान् रूप से जुड़ी हुई हैं और जो समस्त योगासन के ज्ञाता है ॥ ८४ ॥

मायाङ्के प्रतिभाति[३] चारुनयानाह्लादैकबीजं विधिं
कल्लोलाविकुलाकुला समतुला [४]कालाग्निवाहानना ।
हालाहेलन [५]कौलकालकलिका [६]केयूरहारानना
सर्वाङ्गा मम पातु पीतवसना शीघ्रासना [७]वत्सला ॥ ८५ ॥

पीताम्बरालंकृता, शीघ्रासना वत्स के समान कृपा करने वाली सर्वांगा देवी मेरी रक्षा करें । जो हालाहल विष से शक्ति स्वरूपा काल की कलिका हैं, केयूर तथा हार से सुमण्डित जिनका मुख है तथा जो अपने मुख में कालाग्नि का वहन करते हैं जो समानता में अतुलनीय हैं जो भ्रमर समूहों के गुञ्जार से आकुलित हैं जो सुन्दर नेत्र वाली कुण्डलिनी भगवती माया के अङ्क में शोभा पा रही हैं । जो समस्त आह्लाद देने वाले पदार्थों की एकमात्र बीज हैं तथा सबकी विधात्री हैं वे मेरी रक्षा करें ॥ ८५ ॥

सा बालाबलवाहना [८]सुगहना सम्मानना धारणा
खं खं खं खचराचरा कुलचरा वाचाचरा वङ्कुरा ।
चं चं चं[९] चमरीहरीभगवती गाथागताः सङ्गतिः
बाहौ मे परिपातु पङ्कजमुखी या चण्डमुण्डापहा ॥ ८६ ॥
कं कं कं[१०] कमलाकला गतिफला फूत्कारफेरूत्करा[११]
पं पं पं परमा रमा जयगमा व्यासङ्गमा जङ्गमा ।

---

१. नानाकारविकारसारसरणम् इति—ग० । २. योगोपलज्जानिलम् इति—क० ।
३. चला इति—ग० । ४. कालाग्निहालाहला इति—ग० । ५. कक्ष इति—क० ।
६. केयूरहा वामना इति—ग० । ७. वासना इति—ग० । ८. नगहना इति—ग० ।
९. गतिः इति—ग० । १०. फङ्कार इति—ग० । ११. कला इति—ग० ।

तं तं तं तिमिरारुणा सकरुणा मातावला तारिणी
भं भं भं भयहारिणी प्रियकरी सा मे भवत्वन्तरा ॥ ८७ ॥

खं खं खं खचरा, अचरा, कुलचरा, वाचाचरा, वंखरा, चं चं चं चमरी, हरी, भगवती, गाथागता, सङ्गति ऐसी चण्डमुण्डापहा पङ्कजमुखी भगवती मेरे दोनों बाहुओं की रक्षा करें । कं कं कं कमला, कला, गतिफला, फूत्कारफेरूत्करा, पं पं पं परमा, रमा, जयगमा, व्यासङ्गमा, जङ्गमा, तं तं तं तिमिरारुणा, सकरुणा, मातावला, तारिणी, भं भं भं भयहारिणी एवं प्रियकरी कुण्डलिनी देवी मेरी रक्षा करें ॥ ८७ ॥

झं झं झं [१]झरझर्मरीगतिपथस्थाता रमानन्दितं
मं[२] मं मं मलिनं हि [३]मां हयगतां हन्त्रीं रिपूणां हि ताम् ।
भक्तानां भयहारिणी रणमुखे शत्रोः कुलाग्निस्थिता
सा सा सा भवतु प्रभावपटला दीप्ताङ्घ्रियुग्मोज्ज्वला ॥ ८८ ॥

झं झं झं झर, झर्मरी, गतिपथस्थाता, रमानन्दितं, मं मं मं मलिन मेरी रक्षा करें हयगता, रिपूणां हन्त्री, जो भक्तों का भय हरण करने वाली, शत्रु कुल को भस्म करने के लिए रणभूमि में अग्नि के समान स्थित रहने वाली, सा सा सा कुण्डलिनी भगवती अपने प्रभाव को प्रदर्शित करें । जिनके दोनों चरण कमल अत्यन्त उज्ज्वल हैं ॥ ८८ ॥

गं गं गं गुरुरूपिणी गणपतेरानन्दपुञ्जोदया
तारासारसरोरुहारुणकला[४] कोटिप्रभालोचना[५] ।
नेत्रं पातु(सदा)[६]शिवप्रियपथा कौट्यायुतार्कप्रभा
तुण्डं मुण्डविभूषणा नरशिरोमाला विलोला समा[७] ॥ ८९ ॥

गं गं गं गुरु रूपिणी गणपति के लिए आनन्द पुञ्ज के समान उदय होने वाली ताराओं की सारभूता कमल के समान अरुण कला वाली करोड़ों विद्युत्प्रभा के समान देदीप्यमान नेत्रों वाली, शिव के लिए प्रशस्त पथ वाली एवं करोड़ों हजार सूर्य के समान प्रभा वाली भगवती कुण्डलिनी सर्वदा मेरे नेत्र की रक्षा करें । मुण्डमाला का विभूषण धारण करने वाली, मनुष्य के शिरों की माला से चञ्चल समदर्शिनी भगवती मेरे तुण्ड (मुखाग्र भाग ठोड़ी) की रक्षा करें ॥ ८९ ॥

योगेशी [८]शशिशेखरोल्वणकथालापोदया मानवी[९]
शीर्षं पातु ललाटकर्ण युगलानन्तस्ततः सर्वदा ।
मूर्त्त[१०] मेरुशिखा स्थिता व्यवतु मे गण्डस्थलं कैवली
तुष्टं चाष्टमषष्टिकाधरतलं धात्री धराधारिणी ॥ ९० ॥

---

१. झरझरी इति—क० । २. सं सं सं इति—क० । ३. सा इति—क० ।
४. भावासार इति—क० । ५. रुणरुणी कोटिप्रभा इति—क० ।
६. ह्यसौ सदा शिवपथे इति—क० । ७. मालाधिलोला मम इति—क० ।
८. शेखरान्दन इति—क० । ९. मारवि इति—क० । १०. अस्तम् (?) इति—क० ।

शशि शेखर भगवान् सदाशिव उल्वण कथालाप से उदय को प्राप्त होने वाली मानुषी रूपधारिणी कुण्डलिनी मेरे शिर, ललाट तथा दोनों कानों की अन्तः करण की सर्वदा रक्षा करें । सुमेरु पर्वत के अग्रभाग पर रहने वाली मूर्तिमान् केवली मेरे गण्डस्थल की रक्षा करें । धरा धारण करने वाली एवं सब का पोषण करने वाली संतुष्ट होकर मेरे अष्टम षष्टिका अधरतल की रक्षा करें ॥ ९० ॥

नासाग्रद्वयगह्वरं भृगुतरा नेत्रत्रयं तारिणी
केशान् कुन्तलकालिका सुकपिला कैलासशैलासना ।
कङ्कालामलमालिका सुवसना दन्तावलीं[1] दैत्यहा
बाह्यं मन्त्रमनन्तशास्त्रतरणी सञ्ज्ञावचःस्तम्भिनी ॥ ९१ ॥

भृगुतरा देवी मेरे दोनों नासिका के अग्रभाग में रहने वाले दोनों गह्वरों की, तारिणी दोनों नेत्रों की, कुन्तल कालिका केशों की, सुकपिला कैलास शैल पर आसनासीन कङ्कालों की अमल माला धारण करने वाली सुवसना दन्तावलियों की दैत्यहा बाह्य स्थानों की, अनन्त शास्त्र तरणी मन्त्र की तथा स्तम्भिनी संज्ञा (नाम) तथा वचनों की रक्षा करे ॥ ९१ ॥

हं हं हं नरहारघोररमणी सञ्चारिणी पातु मे
शत्रूणां दलनं करोतु नियतं मे चण्डमुण्डापहा ।
भीमा सन्दहतु प्रतापतपना संवर्द्धनं वर्द्धिनी
मन्दारप्रियगन्धविभ्रममदा [2]वैदग्धमोहान्तरा ॥ ९२ ॥

हं हं हं मनुष्य के मुण्डमाला का हार धारण करने से घोर रमणी स्वरूपा, सञ्चारिणी देवी मेरी रक्षा करें । चण्ड मुण्ड का विनाश करने वाली भगवती नियत रूप से मेरे शत्रुओं का दलन करें । अपने प्रताप से जाज्वल्यमान भीमा मेरे शत्रुओं को जलावें, वर्द्धिनी मेरा संवर्धन करें और मन्दार के प्रिय गन्ध के विलास से मदमत्त अपनी विदग्धता से मेरे समस्त मोहों को नष्ट करें ॥ ९२ ॥

श्यामा[3] पातु पतङ्गकोटिनिनदा[4] हङ्कारफट्कारिणी
आनन्दोत्सवसर्वसारजयदा सर्वत्र सा रक्षिका ।
क्षौं क्षौं क्षौं कठिनाक्षरा क्षयकरी सर्वाङ्गदोषंहना
देहारेः कचहा परा [5]कचकुचाकीलालपूराशिता ॥ ९३ ॥

करोड़ों पतङ्ग के समान निनाद करने वाली, हङ्कार एवं फट्कारिणी, आनन्दोत्सव, सर्वसार जयदा एवं रक्षिका वह श्यामा सर्वत्र हमारी रक्षा करें । क्षौं क्षौं क्षौं कठिनाक्षरा, क्षयकरी, सर्वाङ्ग दोषों का विनाश करने वाली, परा, कचकुचा, कीलाल, पूराशिता, पर एवं कचहा मेरे देह के शत्रुओं से रक्षा करें ॥ ९३ ॥

---

१. मैथुनी इति—ग० । २. विदिग् दिग्दण्डमोहान्तरा इति—क० ।—विदग्धस्यायं वैदग्धः, स चासौ मोहश्चेति वैदग्धमोहः, तस्यान्तं राति ददाति या सा । आतोऽनुपसर्गे क इति कप्रत्ययः । ३. सा सा सा तु इति—ग० ।
४. निलयाबूकारटंकारिणी इति—ग० । ५. कचाकचकटा इति—ग० ।

घं घं घं घटघर्घरा विघटिता जायापतेः पातु मे
कल्पे[१] कल्पा कुलानामतिभयकलितं सर्वत्र मे विग्रहम् ।
निद्रोद्रावितकालिका[२] मम कुलं [३]लङ्कातटाच्छादिनी
नं[४] नं नं नयनानना सुकमला सा [५]लाकिनी लक्षणा ॥ ९४ ॥

घं घं घं घटघर्घरा, विघटिता एवं जायापति मेरी रक्षा करें । कल्प, कल्पा, कुलों की अति भयकलिता सर्वत्र मेरे शरीर की रक्षा करें । निद्रोद्रावितकालिका, लङ्कातटाच्छादिनी देवी मेरे कुल की रक्षा करें । नं नं नं नयनानना, सुकमला, लक्षणा एवं लाकिनी देवी मेरे सर्वाङ्ग की रक्षा करें ॥ ९४ ॥

कुक्षौ[६] पृष्ठतलं सदा मम धनं सा पातु मुद्रामयी
मोक्षं पातु करालकालरजकी या रञ्जकी कौतुकी ।
कृत्या नापितकन्यका शशिमुखी सूक्ष्मा मम प्राणगं
मन्दारप्रियमालया मणिमयग्रन्थ्या महन्मण्डिता ॥ ९५ ॥

वह मुद्रामयी भगवती मेरी कुक्षि, पृष्ठभाग तथा मेरे धन की सदा रक्षा करें । जो सबका रञ्जन करती हैं, सब में कुतूहल उत्पन्न करती है तथा कराल काल की रजकी है वह हमारे मोक्ष की रक्षा करे । चन्द्रमा के समान मनोहर मुख वाली, अत्यन्त सूक्ष्म, नापित कन्यका एवं कृत्या अपनी प्रिय मन्दार माला से जिसमें मणिमय ग्रन्थि लगी हुई हैं, उससे मण्डित हो कर हमारे प्राण में निवास कर हमारी रक्षा करें ॥ ९५ ॥

पूज्या योगिभिरुत्सुकी भगवती मूलस्थिता सत्क्रिया
मत्ता पातु पतिव्रता मम गृहं धर्मं यशः श्रेयसम् ।
धर्माम्भोरुहमध्यदर्शनिकरे काली महायोगिनी
मत्तानामतिदर्पहा हरशिरोमाला[७] कला केवला ॥ ९६ ॥

योगियों के द्वारा पूज्य, उत्सुकता से युक्त, मूल में निवास करने वाली, सत्क्रिया पतिव्रता एवं मत्ता भगवती मेरे घर की, मेरे धर्म की, मेरे यश की तथा मेरे श्रेयस (परलोक के कल्याण) की रक्षा करें । मदमत्तों के अत्यन्त दर्प को दलन करने वाली, शिव के शिरो माला केवला कला महायोगिनी काली धर्म रूप कमल के मध्य दर्श निकर में हमारी रक्षा करें ॥ ९६ ॥

मे गुह्यं जयमेव लिङ्गमपि मे मूलाम्बुजं पातु सा
या कन्या हिमपर्वतस्य भयहा पायान्नितम्बस्थलम् ।
सर्वेषां हृदयोदयानलशिखाशक्तिर्मनोरूपिणी
मे भक्तिं परिपातु कामकुशला लक्ष्मीः प्रिया मे प्रभो ॥ ९७ ॥

मेरे गुह्य स्थान की जय की तथा लिङ्ग की मूलाम्बुज पर निवास करने वाली वह

---

१. कल्पेऽल्पा कुलसर्पकल्पलतिका इति—क० । २. व्यावति इति—क० ।
३. शङ्का इति—क० । ४. लं लं लं इति—ग० ।
५. लालाकिनी लक्षणी इति—ग० । ६. पृष्ठतरं मुदा समधनम् इति—ग० ।
७. हरति पापानि इति हरः, ह्रञ्—धातोः पचाद्यच्। हरस्य शिरः, तस्य माला इवेति विग्रहः ।

भगवती रक्षा करें, जो हिमालय पर्वत की कन्या हैं । सबके भय को हरण करने वाली मेरे नितम्ब स्थल की रक्षा करें । सभी के हृदय पर उदीयमान अनल शिखा शक्ति जो मनोरूपिणी हैं । हे प्रभो ! सबकी प्रिय कामकुशला ऐसी महालक्ष्मी मेरी भक्ति की रक्षा करें ॥ ९७ ॥

गौरी गौरवकारिणी भुवि महामाया महामोहहा ।
वं वं वं वरवारुणी सुमदिरा मे पातु नित्यं कटिम् ।
कूटा सा रविचन्द्रवह्निरहिता स्वेच्छामयी मे मुखम् ॥ ९८ ॥
एतत्स्तोत्रं पठेद् यस्तु सर्वकाले च सर्वदा ।
स भवेत् [१]कालयोगेन्द्रो महाविद्यानिधिर्भवेत् ॥ ९९ ॥

सबके गौरव की कारणभूता, महामाया एवं महामोह का हरण करने वाली गौरी वं वं वं वर वारुणी सुमिदरा मेरे कटि प्रदेश की नित्य रक्षा करें । सूर्य, चन्द्रमा तथा अग्नि के बिना भी जो सर्वत्र विद्यमान् हैं ऐसी स्वेच्छामयी भगवती मेरे मुख की रक्षा करें । जो इस कुण्डलिनी के स्तोत्र को सर्वदा सर्वकाल में पढ़ता है, वह काल विजयी योगेन्द्र बन जाता है तथा महाविद्या का निधान हो जाता है ॥ ९८-९९ ॥

मूलपद्मबोधने च मूलप्रकृतिसाधने ।
निजमन्त्रबोधने च [२]घोरसङ्कटकालके ॥ १०० ॥
आपदस्तस्य नश्यन्ति अन्धकारं बिना रविः ।
सर्वकाले सर्वदेशे महापातकघातकः [३] ॥ १०१ ॥
स भवेद् योगिनीपुत्रः कलिकाले न संशयः ॥ १०२ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावासननिर्णये पाशवकल्पे षट्चक्र प्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे कन्दवासिनिस्तोत्रं नाम अष्टाविंशः [४] पटलः ॥ २८ ॥

मूलाधर पद्म को उद्‌बुद्ध करने में, मूल प्रकृति (कुण्डलिनी) के साधन में अथवा अपने इष्टदेव के मन्त्र को जागरूक करने में या घोर सङ्कट काल उपस्थित होने के समय इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिए । इस स्तोत्र का पाठ करने वाले साधक की सारी विपत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं, वह इस प्रकार प्रकाशित होता है जैसे बिना अन्धकार के सूर्य प्रकाशित होता है । ऐसा पुरुष सर्वकाल में तथा सर्वदेश में महापातकों को विनष्ट कर देता है । इस प्रकार का साधक कलिकाल में योगिनी पुत्र बन जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ १००-१०२ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावार्थनिर्णय में पाशवकल्प में षट्चक्रप्रकाश में भैरव-भैरवी संवाद के कन्दवासिनीस्तोत्र नामक अट्ठाइसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २८ ॥

---

१. योगेन्द्र साध्यो विद्यानिधिर्भवेत् इति—क० । २. घोरसङ्कटकालके—क० ।
३. महान्ति यानि पातकानि तेषां घातको विनाशकः । ४. त्रिंशः पटलः—क० ।

अथैकोनत्रिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ षट्चक्रयोगं च प्रवक्ष्यामीह तत्त्वतः ।
कुण्डलीयोगविविधं कृत्वा योगी भवेन्नरः ॥ १ ॥
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं षट्चक्रभेदनं मतम् ।
षट्चक्रे योगशास्त्राणि विविधानि वसन्ति हि ॥ २ ॥
यो जानातीह षट्चक्रं सर्वशास्त्रार्थविद्भवेत् ।
चतुर्दलं मूलपद्मं वादिसान्तार्णसम्भवम् ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव ! अब षट्चक्र योगों को कहती हूँ क्योंकि कुण्डलिनी योग के अनेक प्रकार हैं जिनके करने से साधक योगी बन जाता है । मूलाधार से प्रारम्भ कर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त षट्चक्रों का भेदन करना चाहिए । इन षट्चक्रों में अनेक प्रकार के योग शास्त्रों का निवास है । जो इन षट्चक्रों का स्वरूप जानता है, वह सर्वशास्त्रार्थ वेत्ता हो जाता है । मूलाधार में रहने वाला पद्म चार दलों का है जिस पर व श ष स ये चार वर्ण हैं ॥ १-३ ॥

हिरण्यवर्णममलं ध्यायेद्योगी पुनः पुनः ।
निर्जने विपिने शून्ये पशुपक्षिगणावृते[1] ॥ ४ ॥
निर्भये[2] सुन्दरे देशे दुर्भिक्षादिविवर्जिते ।
कृत्वा दृढासनं मन्त्री योगमार्गपरो भवेत् ॥ ५ ॥

योगी हिरण्य वर्ण के उन शुभ्र वर्णों का पुनः पुनः ध्यान करे । निर्जन में, वन में, शून्य स्थान में, पशुपक्षि गणों से घिरे हुए स्थान में, निर्भय अथवा सुन्दर प्रदेश में जहाँ दुर्भिक्षादि का भय न हो इस प्रकार के स्थान में दृढ़ता पूर्वक आसन लगाकर मन्त्रज्ञ साधक योग मार्ग में लग जावे ॥ ४-५ ॥

तदा योगी भवेत् क्षिप्रं मम शास्त्रानुसारतः ।
पूर्वदले वकारं च ध्यायेद्योगी सदा सुखी ॥ ६ ॥
सुवर्णवर्णं हितकारिणं नृणां सत्वोद्भवं पूर्वदलस्थितं सुखम् ।
मत्तप्रियं वारणमत्तमन्दिरं मन्त्रार्थकं शीतलरूपधारिणम् ॥ ७ ॥

ऐसा करने से मेरे शास्त्र के अनुसार वह शीघ्र ही योगी बन जाता है । सर्वप्रथम पूर्वदिशा वाले दल पर सुखपूर्वक साधक को 'वकार' (१) का ध्यान करना चाहिए । इस

---

१. गणान्विते—ग० ।   २. निर्भरे—ग० ।

गुण वकार का वर्ण सोने के समान है, वह मनुष्यों का हितकारी है सत्त्व गुण से उत्पन्न हुआ है तथा पूर्व वाले दल पर सुखपूर्वक निवास करता है । वह मत्तों का प्रिय तथा मदमस्त हाथियों के निवास का मन्दिर है । समस्त मन्त्रों के अर्थों से युक्त शीतल रूप वकार का ध्यान करना चाहिए ॥ ६-७ ॥

योगानुभावाश्रयकालमन्दिरं तेजोमयं सिद्धिसमृद्धिदं गुरुम् ।
आद्याक्षरं वं वरभावसाधनं नारायणं भावनपञ्चमच्युतम्[1] ॥ ८ ॥

वकार का ध्यान—जो योगानुभाव के आश्रय का समयोचित मन्दिर है, तेजोमय, सिद्धि तथा समृद्धि प्रदान करने वाला, गुरु, आद्याक्षर श्रेष्ठ भाव से साधन योग्य है ऐसे नारायण स्वरूप भावना के योग्य (१. कण्ठ, २. तालु, ३. मूर्धा, ४. दन्त तथा ५. ओष्ठ) स्थान से उच्चरित होने वाले वकार का ध्यान करना चाहिए ॥ ८ ॥

ध्यायेत् शकारं कनकाचलप्रभं गौरीपतेः श्रीकरणं पुराणम् ।
लक्ष्मीप्रियं[2] सर्वसुवर्णवेष्टितं सदा मुदा दक्षिणपत्रमुत्तमम्[3] ॥ ९ ॥

शकार का ध्यान—इसके बाद कमल के दक्षिण पत्र पर उत्तम रूप से विराजमान सुवर्णाचल के समान प्रभा वाले गौरीपति को श्री सम्पन्न करने वाले पुराण, लक्ष्मी प्रिय, सुवर्ण वर्ण से वेष्टित 'शकार' (२) का प्रसन्नतापूर्वक सर्वदा ध्यान करना चाहिए ॥ ९ ॥

शमीश्वरीषष्ठगुणावतंसं षट्पद्मसम्भेदनकारकं परम् ।
परापरस्थाननिवासिनं गुणं [4]हेमाचलं पत्रमहं भजामि ॥ १० ॥
सकारमानन्दरसं प्रियं प्रियं[5] ध्याये महाहाटकपर्वताग्रकम् ।
ध्याये मुदाहं घननाथमन्दिरे मायामहामोहविनाशनं[6] जयम् ॥ ११ ॥

इसके बाद ईश्वरी के षष्ठ गुणों का अवतंस षट् पद्म संभेदन करने वाले, परात्पर स्थान में निवास करने वाले, गुणों से युक्त हेमाचल के समान वर्ण वाले 'ष' (३) वर्ण से युक्त पत्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १० ॥

इसके बाद आनन्द रस वाले, प्रिय से भी प्रिय महान् सुर्वण पर्वत के अग्रभाग के समान देदीप्यमान, घननाथ मन्दिर में विराजमान, माया तथा महामोह का विनाश करने वाले जय प्रदान करने वाले 'सकार' (४) का मैं आनन्दपूर्वक ध्यान करता हूँ ॥ ११ ॥

चतुर्भुजं भुजयुगं अष्टादशभुजं तथा ।
अष्टहस्तं सदा ध्यायेन्मन्त्री भावविशुद्धये ॥ १२ ॥
ततो ध्यायेत् कर्णिकायां मध्यदेशे मनोरमम् ।
स्वयम्भूलिङ्गपरमं योगिनां योगसिद्धिदम् ॥ १३ ॥

इस प्रकार चार पत्रों पर स्थित चार वर्णों का क्रमशः चारभुजा से युक्त, दो भुजा से

---

१. भावनानां पञ्चमस्तेन च्युतम्, त्यक्तम् । २. लक्ष्मीमयम्—ग० ।
३. पत्रपावनम्—ग० । ४. मावलच्छन्दमहम्—ग०
५. प्रियाप्रियम्—ग० । ६. विनाशम्—ग० ।

युक्त, अष्टादश भुजा से युक्त तथा आठ हाथों से युक्त उन-उन वर्णों का भाव विशुद्धि के लिए मन्त्रज्ञ साधक ध्यान करे । इसके बाद कर्णिका के मध्य देश में स्थित अत्यन्त मनोरम योगियों को सिद्धि प्रदान करने वाले परम स्वयम्भू लिङ्ग का ध्यान करे ॥ १२-१३ ॥

प्रातः सूर्यसमप्रख्यं तडित्कोटिसमप्रभम् ।
तं संवेष्ट्य महादेवी कुण्डली योगदायिनी ॥ १४ ॥
सार्धत्रिवेष्टनग्रन्थियुता सा मुक्तिदायिनी ।
निद्रिता सा सदा भद्रा[1] महापातकघातिनी[2] ॥ १५ ॥

प्रातः कालीन सूर्य के समान अरुण वर्ण करोड़ों तडित्पुञ्ज प्रभा वाले उन स्वयंभू लिङ्ग को परिवेष्टित कर योगदायिनी कुण्डली देवी स्थित हैं । वह उन स्वयंभूलिङ्ग को साढ़े तीन बार घेर कर ग्रन्थि से उन्हें बाँधी हुई हैं, मुक्ति देती हैं, किन्तु निद्रित रहती हैं, सदा उपासकों का कल्याण करती हैं तथा महापातकों का नाश भी करती हैं ॥ १४-१५ ॥

निरन्तरं तस्य शीर्षे विभाति शशधारिणी ।
तच्छ्वासधारिणी नित्या जगतां प्राणधारिणी ॥ १६ ॥
सुप्ता[3] सर्पसमा भ्रान्तिः यथार्कशतकोटयः ।
यदा[4] लिङ्गं सा विहाय [5]प्राक्तिष्ठति महापथे ॥ १७ ॥
तदा सिद्धो भवेद्योगी ध्यानधारणकृत् शुचिः ।
सदानन्दमयो नित्यश्चैतन्यकुण्डली यदा ॥ १८ ॥

उस स्वयंभू लिङ्ग के शिर पर निरन्तर वह चन्द्रकला के रूप में विराजती रहती हैं उस शिवलिङ्ग से निर्गत श्वास धारण करती हैं, नित्या हैं तथा वही समस्त जगत् के प्राणों को धारण करती हैं । वह कुण्डलिनी साँप के समान हैं, सोई रहती है तथा सैकड़ो करोड़ सूर्य के समान कान्तिमती हैं । जब लिङ्ग छोड़कर वह महापथ में ऊपर की ओर गमन करती है, उस समय साधक सिद्ध योगी बन जाता है ध्यान तथा धारणा करने लगता है, पवित्र हो जाता है जब उसकी कुण्डलिनी सचेतनावस्था में जागने लगती है तब साधक, सदानन्दमय तथा नित्य हो जाता है ॥ १६-१८ ॥

सुषुम्ना नाडिकामध्ये [6]महासूक्ष्मविले स्थितः ।
मनो निधाय यो योगी श्वासमार्गपरो भवेत् ॥ १९ ॥
तदा सा द्रवति क्षिप्रं चैतन्या कुण्डली [7]परा ।

जो योगी सुषुम्ना नाड़िका के मध्य में रहने वाले महासूक्ष्म बिलमें स्थिर होकर अपने

---

१. सापदा भद्रा इति—ग० ।
२. महान्ति पातकानि हन्ति इति महापातकघातिनी, ताच्छील्ये णिनिः ।
३. सप्ता इति—ग० ।
४. यदासिद्धिदम् इति—क० ।
५. प्रगच्छति इति—क० ।
६. सूक्ष्मा विलोहिता इति—ग० ।
७. भवेत् इति—ग० ।

मन को धारण करता है, तब योगी में श्वास ग्रहण की योग्यता आ जाती है । इस प्रकार सुषुम्ना मध्य स्थित सूक्ष्म बिल में साधक का मन जब प्रविष्ट हो जाता है तब परा कुण्डलिनी शीघ्र ही द्रवीभूत होकर चैतन्य होने लगती है ॥ १९-२० ॥

पृष्ठदेशे [1]महादण्डे मेरुमूले महाप्रभे ॥ २० ॥
मूलादिब्रह्मरन्ध्राधः सदास्थिरूपधारकः ।
कनकाचलनाम्ना च प्रतिभाति [2]जगत्त्रये ॥ २१ ॥
तन्मध्ये परमा सूक्ष्मा सुषुम्ना बहुरूपिणी ।
मनोमुनिस्वरूपा च मनश्चैतन्यकारिणी ॥ २२ ॥

मनुष्यों के पृष्ठदेश में एक महादण्ड है, जो महाप्रभावान् मेरु का मूल कहा जाता है । वह मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त अस्थि रूप में विराजमान है । तीनों जगत् में उसे सुवर्णाचल नाम से पुकारा जाता है । उस मेरुदण्ड के मध्य भाग में अत्यन्त सूक्ष्म बहुरूपा सुषुम्ना नाड़ी है, जो मनो मुनिस्वरूपा है तथा मन को चेतना प्रदान करती रहती है ॥ २०-२२ ॥

तन्मध्ये भाति वज्राख्या [3]घोरपातकनाशिनी ।
सिद्धिदाभावविज्ञानां मोक्षदा कुलरूपिणाम् ॥ २३ ॥
तन्मध्ये चित्रिणी देवी देवताप्रीतिवर्द्धिनी ।
हितैषिणी महामाया [4]कालजालविनाशिनी ॥ २४ ॥

उस सुषुम्ना के मध्य में महाघोर पापों को नष्ट करने वाली वज्रा नाम की नाड़ी है, जो भाव विज्ञों को सिद्धि प्रदान करती है तथा शक्ति के उपासकों को मोक्ष प्रदान करती है । उस वज्रा नामक नाड़ी के मध्य में चित्रिणी देवी हैं जो देवताओं में प्रीति उत्पन्न करती हैं, सबकी हितैषणी, महामाया तथा कालरूपी जाल को विनष्ट करने वाली है ॥ २३-२४ ॥

सा पाति सकलान् चक्रान् पद्मरूपधरान् परान् ।
त्रैलोक्यमण्डलगतान् साक्षादमृतविग्रहान् ॥ २५ ॥
स्वयं दधार सा देवी चित्राख्या चारुतेजसी ।
तले पृष्ठे ऊद्‌ध्वदेशे शीर्षे वक्षसि नाभिषु ॥ २६ ॥
कण्ठकूपे चक्रमध्ये ब्रह्माण्डं पाति सर्वदा ।
शरीरात्मकमीशार्थं त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥ २७ ॥

वह कमल रूप धारण करने वाले, त्रैलोक्य मण्डल में स्थित, साक्षात् अमृत का शरीर धारण करने वाले समस्त षट्चक्रों का पालन करती है । उत्तम तेज वाली उस चित्रा नाम की नाड़ी ने ही उन षट्चक्रों को धारण किया है, वही दोनों तलवे, पृष्ठभाग, शीर्षस्थान, वक्षः-

---

१. महाकुण्डे इति—ग० । २. गुणद्वये इति—ग० ।
३. घातिनी—ग० ।
४. विकाशिनी—क० । 'कालजालविनाशिनी' इति पाठे कालस्य जालं विनाशयति, तच्छीला । ताच्छील्ये णिनिः ।

स्थल, नाभि प्रदेश, कण्ठकूप तथा चक्र के मध्य में रहकर समस्त ब्रह्माण्ड का पालन करती हैं । किं बहुना वही शरीरात्मक सचराचर त्रैलोक्य की ईश्वरी है ॥ २५-२७ ॥

चित्रासुग्रथनं[1] पद्मं [2]योऽवभाव्यति भावक: ।
भावेन लभ्यते योगं भावेन भाव्यते शिव: ॥ २८ ॥
भावेन शक्तिमाप्नोति तस्माद्भावं समाश्रयेत् ।
षट्चक्रभावनां कृत्वा महायोगी भवेन्नर: ॥ २९ ॥

अतः साधना करने वाला भावक उस चित्रा में अच्छी तरह गूँथे गए पद्म की भावना करता है । क्योंकि भाव से योग की प्राप्ति होती है भाव से ही अपना शिव भावित होता है । यतः भाव से ही शक्ति की प्राप्ति होती है, इसलिए भाव का आश्रय लेना चाहिए । षट्चक्रों में भावना करने से मनुष्य महायोगी हो जाता है ॥ २८-२९ ॥

सर्वधर्मान्वितो भूत्वा राजते [3]क्षितिमण्डले ।
सर्वत्रगामी स भवेत् यदि पद्मे मनोलयम् ॥ ३० ॥
पद्मभावनमात्रेण आकाशसदृशो भवेत् ।
महापद्मे मनो दत्वा महाभक्तो भवेद्ध्रुवम् ॥ ३१ ॥

षट्चक्रों की भावना से सभी धर्मों से युक्त हुआ पुरुष पृथ्वीतल पर शोभा प्राप्त करता है, इस प्रकार यदि षट्चक्र पद्मों में मन लीन हो जावे तो साधक सर्वत्र गमन करने वाला हो जाता है । षट्चक्र रूप पद्म में भावना मात्र से साधक आकाश के सदृश हो जाता है । महापद्म स्वरूप षट्चक्रों में मन लगाने से साधक निश्चय ही महाभक्त हो जाता है ॥ ३०-३१ ॥

यदि भक्तो भवेन्नाथ तदा मुक्तो न संशय: ।
यदि मुक्तो महीमध्ये ध्यानयोगपरायण: ॥ ३२ ॥
तदा कालपरां ज्ञात्वा [4]सर्वदर्शी च सर्ववित् ।
सर्वज्ञ: सर्वतोभद्रो भवतीति न संशय: ॥ ३३ ॥

हे नाथ ! यदि महाभक्त हो जाता है तो वह मुक्त भी हो जाता है इसमें संशय नहीं यदि पृथ्वी पर रहकर ही ध्यान योग परायण साधक मुक्त हो जाता है तो वह काल से परे कुण्डलिनी का ज्ञान कर सर्वदर्शी, सर्ववेत्ता, सर्वज्ञ तथा सर्वतो भावेन कल्याणकारी हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ ३२-३३ ॥

चित्रिणी मध्यदेशे च ब्रह्मनाडी महाप्रभा[5] ।
सर्वसिद्धिप्रदा नित्या सा देवी सकला कला ॥ ३४ ॥

---

१. चित्राख्या नयनम् इति—ग० ।　　२. यो विभाव्यति भावुक: इति—ग० ।
३. स्थिति इति—ग० ।　　४. कृत्वा इति—ग० ।
५. महत्प्रभा इति—ग० ।—महतां प्रभेत्यर्थोऽत्र पाठे । महाप्रभेति पाठे तु महती चासौ प्रभा चेति सन्महदिति समास: ।

व्योमरूपा भगवती सर्वचैतन्यरूपिणी ।
एकरूपं परं ब्रह्म ब्रह्मातीतं जगत्त्रयम् ॥ ३५ ॥

इस चित्रिणी के मध्य प्रदेश में अत्यन्त दीप्त रहने वाली ब्रह्मनाड़ी है । वह देवी सभी प्रकार की सिद्धि देने वाली, नित्या, सकला तथा अकला है । वही भगवती व्योमरूपा है, सर्व चैतन्यरूपिणी है, एक रूप परब्रह्म है, यह सारा जगत् उस महा ब्रह्म से अतीत है ॥ ३४-३५ ॥

यदा जगत्त्रयं ब्रह्म तदा [१]सत्त्वालयं प्रभो ।
महालये मनो दत्वा सर्वकालजयो भवेत् ॥ ३६ ॥
मृत्युञ्जयो महावीरो [२]महाच्छत्रो महागतिः ।
सर्वव्यापकरूपेण ईश्वरत्वेन भाषते ॥ ३७ ॥

हे प्रभो ! जिसके मत में जगत्त्रय ही ब्रह्म है, तो यह सत्त्व का आलय है । अतः महा लय में मन लगाने से साधक सर्वकाल पर विजय प्राप्त करने वाला हो जाता है । वह मृत्युञ्जय है, महावीर है, महाच्छत्र है, महागति है तथा सर्वव्यापक रूपेण वही ईश्वर पद से वाच्य होता है ॥ ३६-३७ ॥

सर्वदा मन्त्रसम्भूतो विशालाक्षः प्रसन्नधीः ।
एकस्थानस्थितो याति नक्षत्रं स हि शङ्कर ॥ ३८ ॥
एकदृष्टिः क्षुधातृष्णारहितो वाक्यवर्जितः ।
निराकारे मनो दद्यात्तदा [३]महानयं प्रभो ॥ ३९ ॥

हे शङ्कर ! वह सर्वदा मन्त्र संभूत, विशालाक्ष तथा प्रसन्न बुद्धि वाला रहता है, वह एक स्थान पर स्थित हो कर कभी विनष्ट नहीं होता । वह सर्वत्र एक दृष्टि से देखता है, क्षुधा एवं तृष्णा से रहित तथा मौन रहता है । हे प्रभो ! इसलिए निराकार में मन लगाना चाहिए तभी वह महान् बन जाता है ॥ ३८-३९ ॥

किन्तु[४] नाथाज्ञानिनां हि नापि नापि[५] महालयः ।
महाप्रलय एवं हि योगिनां नात्र संशयः ॥ ४० ॥
यदा मनोयोग विशुद्धये मनोलयं यः कुरुतेऽप्यहर्निशम् ।
स एव मोक्षो गुणसिन्धुरूपी कालाग्निरूपी निजदेवदैवतः ॥ ४१ ॥

किन्तु हे नाथ ! अज्ञानी लोगों का उसमें महा लय नहीं होता, नहीं होता, योगियों का महा लय में मन को लीन करना ही महालय है, इसमें संशय नहीं । जब जो साधक अपने मनोयोग की शुद्धि के लिए दिन रात अपना मन उस परब्रह्म में लीन करता है तब वही मोक्ष है, वही गुण सिन्धुरूपी एवं कालाग्निरूपी तथा निजदेव का देवता है ॥ ४०-४१ ॥

---

१. महात्रयम् इति—ग० । २. क्षेत्रो महापतिः इति—ग० ।
३. महात्रयः इति—ग० । ४. नात्र प्राणिनां हि इति—ग० ।
५. महात्ययः इति—ग० ।

महामनोयोग विकारवर्जितः[१]
कामक्रिया काण्डविशुद्धमण्डितः ।
हितो गतीनां मतिमान्निरस्तो
महालयस्थोऽमर एव भक्तः ॥ ४२ ॥
मानी विचारार्थविवेकचित्तश्-
चातुर्य चित्तोल्बणताविवर्जितः ।
योगी भवेत्साधक चक्रवर्ती
व्योमाम्बुजे चित्तविसर्जनं सदा ॥ ४३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने षट्चक्र प्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे महाप्रलयनामा एकोनत्रिंशः[२] पटलः ॥ २९ ॥

महा लय में रहने वाला साधक अमर है, भक्त है, वह महा मनोयोग के विकार से वर्जित रहता है । वह काम तथा क्रिया काण्ड में विशुद्ध रूप से मण्डित रहता है । वह सभी गतियों का हितकारी एवं मतिमान् होता है तथा आसक्ति से दूर रहता है ॥ ४२ ॥

वही मानी है, विचार करने वाला है, विवेक युक्त चित्त वाला, चातुर्य युक्त चित्त वाला एवं उल्बणता से विवर्जित है । इस प्रकार जो व्योमाम्बुज में अपने चित्त का विसर्जन कर देता है, वही साधक चक्रवर्ती है ॥ ४३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में षट्चक्रप्रकाश में भैरवी-भैरव संवाद के महाप्रलय नामक उन्तीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २९ ॥

---

१. सुकण्डुममण्डितः ? (सुकाण्डमण्डितः) इति—क० । विशुद्धं यथा स्यात्तथा मण्डित इति । कामस्य क्रियाकाण्डेन विशुद्धमण्डित इति तृतीयातत्पुरुषः, कर्तृकरणे कृतेत्यनेन ।

२. एकत्रिंशः इति—क० ।

अथ त्रिंश: पटल:

आनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महाकाल मूलपद्मविवेचनम् ।
यत् कृत्वा अमरो भूत्वा वसेत् कालचतुष्टयम् ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! अब इसके अनन्तर **मूलाधार स्थित पद्म का विवेचन** कहती हूँ जिसे कर लेने पर अमर होकर साधक चारों कालों में अविच्छिन्न रूप से वर्तमान रहता है ॥ १ ॥

विशेष—कालचतुष्टयम्—चार काल—१. बाल, २. कैशोर, ३. युवा, ४. वृद्धावस्था ।

अथ षट्चक्रभेदार्थे भेदिनीशक्तिमाश्रयेत् ।
छेदिनीं सर्वग्रन्थीनां योगिनीं समुपाश्रयेत् ॥ २ ॥

इसके अनन्तर षट्चक्रों का भेदन करने के लिए भेदिनी शक्ति का आश्रय लेना चाहिए। यह भेदिनी नाम की योगिनी समस्त ग्रन्थियों का छेदन करने वाली है अतः इसका आश्रय लेना चाहिए ॥ २ ॥

तस्या मन्त्रान् प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो भवेन्नर:।
आदौ शृणु महामन्त्रं भेदिन्या: परं[1] मनुम् ॥ ३ ॥

अब मैं उस **भेदिनी के मन्त्रों** को कहती हूँ, जिससे मनुष्यों को सिद्धि प्राप्त होती है । उसमें सबसे पहले भेदिनी के सर्वोत्कृष्ट मन्त्रों को सुनिए ॥ ३ ॥

आदौ[2] कालीं समुत्कृत्य[3] ब्रह्ममन्त्रं तत: परम् ।
देव्या: प्रणवमुद्धृत्य भेदनी तदनन्तरम् ॥ ४ ॥
ततो हि मम गृह्णीयात् प्रापय द्वयमेव च ।
चित्तचञ्चीशब्दान्ते मां रक्ष युग्ममेव च ॥ ५ ॥
भेदिनी मम शब्दान्ते अकालमरणं हर ।
हर[4] युग्मं स्वं महापापं नमो नमोऽग्निजायया ॥ ६ ॥

सर्वप्रथम 'काली' का उच्चारण कर इसके बाद ब्रह्ममन्त्र (द्र० ३०. १६-१७) का उच्चारण करे, इसके बाद देवी का प्रणव (ऐं) उच्चारण कर 'भेदिनी' पद उच्चारण करे ।

---

१. प्रबलम् एति—ग० ।   २. आकालीम् इति—ग० ।
३. समुपाकृत्य इति—ग० ।   ४. हरस्व इति—ग० ।

तदनन्तर 'मम' पद का उच्चारण कर दो बार 'प्रापय' शब्द कहे । फिर चित्तचञ्ची शब्द के बाद 'मां', फिर दो बार 'रक्ष', फिर 'भेदिनी मम' शब्द के अन्त में 'अकालमरणं हर', फिर 'हर' युग्म, फिर 'स्वं महापापं नमो नमो' को अग्निजाया (स्वाहा) के साथ कहे ? ।

विमर्श—भेदिनी मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—'काली ॐ ॐ ॐ आं आं ॐ ॐ ॐ ब्रह्म ब्रह्म ब्रह्म सर्वसिद्धिं पालय मां सत्त्वं गुणो रक्ष रक्ष ह्रीं स्वाहा ऐं भेदिनी मम प्रापय प्रापय चित्तचञ्ची मां रक्ष रक्ष भेदिनी मम अकालमरणं हर हर हर स्वं महापापं नमो नमो स्वाहा ॥ ४-६ ॥

एतन्मन्त्रं जपेत्तत्र डाकिनीरक्षसि प्रभो ।
आदौ प्रणवमुद्धृत्य ब्रह्ममन्त्रं ततः परम् ॥ ७ ॥
शाम्भवीति[1] ततश्चोक्त्वा ब्राह्मणीति पदं ततः ।
मनोनिवेशं कुरुते[2] तारयेति द्विधापदम्[3] ॥ ८ ॥
छेदिनीपदमुद्धृत्य मम मानसशब्दतः ।
महान्धकारमुद्धृत्य छेदयेति द्विधापदम् ॥ ९ ॥
स्वाहान्तं मनुमुद्धृत्य जपेन्मूलाम्बुजे सुधीः ।
एतन्मन्त्रप्रसादेन जीवन्मुक्तो भवेन्नरः ॥ १० ॥

फिर हे प्रभो ! डाकिनी राक्षसी के लिए इस मन्त्र का जप करना चाहिए । प्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण कर फिर ब्रह्ममन्त्र (ॐ ॐ ॐ आं आं ॐ ॐ ॐ ब्रह्म ब्रह्म ब्रह्म सर्वसिद्धिं पालय मां सत्त्वं गुणो रक्ष रक्ष ह्रीं स्वाहा), इसके बाद 'शाम्भवी', फिर 'ब्राह्मणी मनो निवेशं कुरुत तारय तारय' फिर 'छेदिनी' पद का उच्चारण कर 'मम मानस महान्धकारं छेदय छेदय स्वाहा' इतने मन्त्र का उद्धार कर सुधी साधक को मूलाधार में जप करना चाहिए । फिर इस मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर वह जीवन्मुक्त हो जाता है ।

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ ॐ ॐ आं आं ॐ ॐ ॐ ब्रह्म ब्रह्म ब्रह्म सर्वसिद्धिं पालय मां सत्त्वं गुणो रक्ष रक्ष ह्रीं स्वाहा शाम्भवी ब्राह्मणी मनोनिवेशं कुरुत तारय तारय छेदिनी मम मानसमहान्धकारं छेदय छेदय स्वाहा ॥ ७-१० ॥

तथा स्त्रीयोगिनीमन्त्रं जपेत्तत्रैव शङ्कर ।
ॐ घोररूपिणिपदं[4] सर्वव्यापिनि शङ्कर ॥ ११ ॥
महायोगिनि मे पापं शोकं रोगं हरेति च ।
विपक्षं छेदयेत्युक्त्वा योगं मय्यर्पय द्वयम् ॥ १२ ॥
स्वाहान्तं मनुमुद्धृत्य जपाद्योगी भवेन्नरः ।
खेचरत्वं समाप्नोति योगाभ्यासेन योगिराट् ॥ १३ ॥

हे शङ्कर ! इसके बाद **स्त्री-योगिनी** मन्त्र का जप करना चाहिए । वह इस प्रकार है

---

१. समुद्धत इति—क० ।   २. कुरु मे इति—क० ।
३. भावयेति द्विधापदम् इति—क० । ४. पदञ्चोक्त्वा सर्वव्यापिनि शाङ्करि इति—क० ।

'ॐ घोर रूपिणि', फिर 'सर्वव्यापिनि', फिर 'महायोगिनि मम पापं शोकं रोगं हर विपक्षं छेदय योगं मय्यर्पय अर्पय', फिर 'स्वाहा'—इतने मन्त्र का उद्धार कर जप करने से मनुष्य योगी हो जाता है। किं बहुना वह योगिराज इस प्रकार के योगाभ्यास से खेचरता प्राप्त कर लेता है।

विमर्श—स्त्री-योगिनी मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ घोररूपिणि सर्वव्यापिनि महायोगिनि मम पापं शोकं रोगं हर विपक्षं छेदय योगं मय्यर्पय अर्पय स्वाहा ॥ ११-१३ ॥

डाकिनीं ब्रह्मणा युक्तां मूले ध्यात्वा पुनः पुनः।
जपेन्मन्त्रं सदायोगी ब्रह्ममन्त्रेण योगवित् ॥ १४ ॥

मूलाधार में ब्रह्मदेव से युक्त डाकिनी का बारम्बार ध्यान कर योगवेत्ता योगी ब्रह्ममन्त्र के साथ डाकिनी मन्त्र का जप करे ॥ १४ ॥

ब्रह्ममन्त्रं प्रवक्ष्यामि तज्जापेनापि योगिराट्।
ब्रह्ममन्त्रप्रसादेन जडो योगी न संशयः ॥ १५ ॥

अब हे शङ्कर ! मैं **ब्रह्ममन्त्र** को कहती हूँ, जिसके जप मात्र से साधक योगिराज बन जाता है। इस ब्रह्ममन्त्र की सिद्धि हो जाने पर जड़ भी योगी हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ १५ ॥

प्रणवत्रयमुद्धृत्य दीर्घप्रणवयुग्मकम्।
तदन्ते प्रणवत्रीणि ब्रह्म ब्रह्म त्रयं त्रयम् ॥ १६ ॥
सर्वसिद्धिपदस्यान्ते पालयेति च मां पदम्।
सत्त्वं गुणो रक्ष रक्ष मायास्वाहापदं जपेत् ॥ १७ ॥

प्रथम तीन प्रणव (ॐ ॐ ॐ), फिर दीर्घ प्रणव दो बार (आं आं), फिर उसके अन्त में तीन प्रणव (ॐ ॐ ॐ), फिर ब्रह्म पद तीन बार (ब्रह्म ब्रह्म ब्रह्म), तत्पश्चात् 'सर्वसिद्धि' पदं 'पालय मां', फिर 'सत्त्वं गुणो रक्षा रक्ष', फिर माया (ह्रीं) स्वाहा—इस मन्त्र का जप करे।

विमर्श—ब्रह्ममन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ ॐ ॐ आं आं ॐ ॐ ॐ ब्रह्म ब्रह्म ब्रह्म सर्वसिद्धिं पालय मां सत्त्वं गुणो रक्ष रक्ष ह्रीं स्वाहा ॥ १६-१७ ॥

डाकिनीमन्त्रराजञ्च शृणुष्व परमेश्वर।
यज्जप्त्वा डाकिनी वश्या त्रैलोक्यस्थितिपालका: ॥ १८ ॥

हे परमेश्वर ! अब डाकिनी मन्त्रराज को सुनिए जिसका जप करने से त्रैलोक्य की स्थिति तथा पालन करने वाली डाकिनी वशीभूत हो जाती है ॥ १८ ॥

यो जपेत् डाकिनीमन्त्रं चैतन्या कुण्डली झटित्।
अनायासेन सिद्धिः स्यात् परमात्मप्रदर्शनम् ॥ १९ ॥

जो डाकिनी मन्त्र का जप करता है उसकी कुण्डली शीघ्र ही चैतन्य हो जाती है। उसे अनायास सिद्धि तो प्राप्त होती ही है और परमात्मा का दर्शन भी सुलभ हो जाता है ॥ १९ ॥

मायात्रयं समुद्धृत्य प्रणवैकं ततः परम् ।
डाकिन्यन्ते महाशब्दं डाकिन्यम्बपदं ततः ॥ २० ॥
पुनः प्रणवमुद्धृत्य मायात्रयं ततः परम् ।
मम योगसिद्धिमन्ते साधयेति द्विधापदम् ॥ २१ ॥

डाकिनी मन्त्रराज—तीन माया (ह्रीं ह्रीं ह्रीं) का उच्चारण कर उसके बाद एक प्रणव (ॐ), फिर 'डाकिनि' उसके बाद 'महाडाकिन्यम्ब' पुनः प्रणव (ॐ) का उच्चारण फिर तीन माया (ह्रीं ह्रीं ह्रीं) फिर 'मम योगसिद्धिं' फिर दो बार साधय (साधय साधय) पद यही डाकिनी का मन्त्र है ।

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ह्रीं ह्रीं ह्रीं ॐ डाकिनी महाडकिन्यम्ब ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रीं मम योगसिद्धिं साधय साधय ॥ २०-२१ ॥

मनुमुद्धृत्य देवेशि जपाद्योगी भवेज्जडः ।
जप्त्वा सम्पूजयेन्मन्त्री पुरश्चरणसिद्धये ॥ २२ ॥

हे देवेश ! इस प्रकार से उद्धार किए गए डाकिनी मन्त्र के जप से जड़ पुरुष भी योगी हो जाता है । जप करने के बाद पुरश्चरण की सिद्धि के लिए मन्त्रज्ञ साधक को डाकिनी का पूजन करना चाहिए ॥ २०-२२ ॥

सर्वत्र चित्तसाम्येन[१] द्रव्यादिविविधानि च ।
पूजयित्वा मूलपद्मे चित्तोपकरणेन च ॥ २३ ॥
ततो मानसजापञ्च स्तोत्रञ्च कालिपावनम्[२]।
पठित्वा योगिराट् भूत्वा वसेत् षट्चक्रवेश्मनि ॥ २४ ॥

मूलाधार पद्म में चित्त को समाहित कर, अनेक प्रकार के द्रव्यों से व अनेक उपकरणों से पूजाकर मानस जाप तथा कालिपावन स्तोत्र का पाठ करना चाहिए । इस प्रकार कालिपावन स्तोत्र का पाठ कर साधक योगिराज बनकर षट्चक्रों के भवन में निवास करता है ॥ २३-२४ ॥

शक्तियुक्तं विधिं यस्तु स्तौति नित्यं महेश्वर।
तस्यैव पालनार्थाय मम यन्त्रं महीतले ॥ २५ ॥

हे महेश्वर ! जो शक्ति (= ब्रह्माणी) से युक्त ब्रह्मदेव की स्तुति करता है उसी के पालन के लिए पृथ्वीतल में मेरे यन्त्र हैं ॥ २५ ॥

तत् स्तोत्रं शृणु योगार्थं सावधानावधारय ।
एतत्स्तोत्रप्रसादेन महालयवशो भवेत् ॥ २६ ॥

हे महेश्वर ! अब योगसिद्धि के लिए उस स्तोत्र को सावधान होकर श्रवण कीजिए । इस स्तोत्र के सिद्ध हो जाने पर महाकाल भी वश में हो जाते हैं ॥ २६ ॥

---

१. माल्येन इति—क० ।   २. पारणम् इति—ग० ।

कालिपावन स्तोत्रम्

ब्रह्माणं हंस[१]सङ्घायुतशरणवदावाहनं देववक्त्रं
विद्यादानैकहेतुं[२] तिमिचरनयनाग्नीन्दुफुल्लारविन्दम् ।
वागीशं वाग्गतिस्थं[३] मतिमतविमलं बालार्कं चारुवर्णं
डाकिन्यालिङ्गितं[४] तं सुरनरवरदं भावयेन्मूलपद्मे ॥ २७ ॥

मूलपद्म में देवता तथा मनुष्यों को वरदान देने वाले डाकिनी शक्ति से आलिङ्गित उन ब्रह्मदेव का ध्यान करना चाहिए । जो दश हजार हंस संघों से युक्त वाहन से युक्त शरण (विमान) वाले हैं, देवताओं के मुख हैं, विद्या दान में मात्र एक हेतु हैं, राक्षसों के नेत्रों को जलाने के लिए अग्नि हैं, फूले हुए कमल पर चन्द्रमा के समान, वागीश, वाणी में गति देने वाले, मतिमानों में सर्वश्रेष्ठ बाल सूर्य के समान अत्यन्त सुन्दर अरुण वर्ण वाले हैं ॥ २७ ॥

नित्यां ब्रह्मपरायणां सुखमयीं[५] ध्यायेन्मुदा डाकिनीं
रक्तां गच्छविमोहिनीं कुलपथे ज्ञानाकुलज्ञानिनीम् ।
मूलाम्भोरुहमध्यदेशनिकटे[६] भूविम्बमध्ये प्रभां
हेतुस्थां गतिमोहिनीं श्रुतिभुजां विद्यां भवाह्लादिनीम् ॥ २८ ॥
विद्यावास्तवमालया गलतलप्रालम्बशोभाकरां
ध्यात्वा मूलनिकेतने निजकुले यः स्तौति भक्त्या सुधीः ।
नानाकारविकारसारकिरणां[७] कर्त्री विधो योगिनां[८]
मुख्यां मुख्यजनस्थितां स्थितिमतिं सत्त्वाश्रितामाश्रये ॥ २९ ॥

नित्य स्वरूपा, ब्रह्म में परायणा, सुखमयी, डाकिनी का मूलपद्म में, प्रसन्नता पूर्वक ध्यान करना चाहिए । जो रक्त वर्ण वाली हैं, संसार को मोहने वाली हैं, कुल पथ में ज्ञान से अकुल लोगों को ज्ञान देने वाली है, भू विम्ब के मध्य में, मूलकमल के मध्य देश के निकट जिनकी आभा फैली हुई है, जो सभी हेतुओं में स्थित हैं, गति (काल) को मोहने वाली, वेद वेत्ताओं की विद्या तथा भाव में आह्लाद प्रदान करने वाली हैं । मूलाधार में विद्या रूप वस्तु माला से गले के तल भाग में लटकते रहने के कारण शोभा सम्पन्न जिस डाकिनी का ध्यान कर सुधी साधक भक्ति पूर्वक अपने कुल प्रदेश में स्तुति करता है, जो अनेक प्रकार के आकार विकार के सार से संयुक्त किरणों वाली है, सबकी विधात्री हैं, योगियों की विद्या हैं, मुख्य हैं, मुख्यजनों में निवास करने वाली हैं, सर्वत्र स्थित रहने वाली हैं, ऐसी सत्त्वाश्रित भगवती डाकिनी का मैं आश्रय लेता हूँ ॥ २८-२९ ॥

---

१. शववरदवाहनं वेदवक्त्रम् इति—क० । २. तिमिरहन इति—ग० ।
३. वाग्दति संमति इति—ग० ।
४. डाकिन्यालिङ्गितं तं स्वरनवजप्तं भावयेन्मूलपद्मम् इति—ग० ।
५. त्रिनयनाम् इति—ग० ।
६. मूले योऽम्भोरुहः कमलम्, तस्य मध्यदेशस्तस्य निकटे ।
७. करुणाम् इति—ग० । ८. मार्गिनीम् इति—ग० ।

या देवी नवडाकिनी स्वरमणी विज्ञानिनी मोहिनी
मां पातु प्रियकामिनी भवविधेरानन्दसिन्धूद्भवा ।
मे मूलं गुणभासिनी प्रचयतु श्रीः कीर्तिचक्रं हि मां
नित्या सिद्धिगुणोदया सुरदया श्रीसंज्ञया मोहिता ॥ ३० ॥

जो नवडाकिनी देवी हैं, स्वयं में रमण करने वाली हैं, विज्ञान से संयुक्त मोहिनी हैं, प्रिय कामिनी हैं तथा शङ्कर एवं ब्रह्मदेव के आनन्द रूप सिन्धु को उत्पन्न करने वाली हैं वह डाकिनी भगवती हमारी रक्षा करें । वह गुणभासिनी मेरे मूल को अधिक से अधिक एकत्रित करें । मुझे श्री तथा कीर्ति समूह प्रदान करें । जो नित्य हैं सिद्धगुणों का जिनमें उदय है, जो देवताओं के लिए कृपा स्वरूपा हैं और जो अपनी श्री संज्ञा से सबको मोहित करने वाली हैं वह नवडाकिनी भगवती मेरी रक्षा करें ॥ ३० ॥

तन्मध्ये परमाकला कुलफला बाणप्रकाण्डाकरा[१]
राका[२] राशषसादशा शशिघटा लोलामला कोमला[३] ।
सा माता नवमालिनी मम कुलं मूलाम्बुजं सर्वदा
सा देवी लवराकिणी कलिफलोल्लासैकबीजान्तरा ॥ ३१ ॥

जो लवराकिणी देवी के नाम से प्रसिद्ध हैं तथा कलिकाल में फलों को उल्लसित करने वाली बीज स्वरूपा हैं, जो मूलाधार में परमा कला, कुलफला तथा वाण प्रकाण्ड की आकर हैं । राका (शरत्पूर्णिमा) व 'श ष स' दशा वाली हैं । शशिघटा, लोला, अमला तथा कोमला हैं । वह नवीन माला धारण करने वाली कुण्डलिनी माता हमारे सर्वस्व भूत मूलाधार स्थित कमल की रक्षा करें ॥ ३१ ॥

धात्री धैर्यवती सती मधुमती विद्यावती भारती
कल्याणी कुलकन्यकाधरनरारूपा हि सूक्ष्मास्पदा ।
मोक्षस्था स्थितिपूजिता स्थितिगता माता शुभा[४] योगिनां
नौमि श्रीभविकाशयां शमनगां गीतोद्गतां गोपनाम् ॥ ३२ ॥

जो धात्री, धैर्यवती, सती, मधुमती, विद्यावती, भारती, कल्याणी, कुलकन्यका, स्त्री रूप धारण करने वाली, सूक्ष्म आस्पद वाली, मोक्ष में स्थित रहने वाली, अपनी स्थिति से पूजित, स्थिति में रहने वाली एवं योगियों की कल्याणकारिणी माता हैं, मैं उन सबका कल्याण करने वाली, शान्ति में निवास करने वाली, गीत से उद्गत, सर्वथा गोपनीय उन भगवती को नमस्कार करता हूँ ॥ ३२ ॥

कल्केशीं कुलपण्डितां कुलपथग्रन्थिक्रियाच्छेदिनीं
नित्यां[५] तां गुणपण्डितां प्रचपलां मालाशतार्कारुणाम्[६] ।

---

१. रत्नप्रकारान्तरा इति—ग० । २. शका राशषसादशा इति—ग० ।
३. कोमना इति—ग० । ४. सुता इति—ग० ।
५. नित्याशम् इति—ग० । ६. मालायां ये शतसंख्यका अर्काः सूर्याः, तैः अरुणा, ताम्।

विद्यां चण्डगुणोदयां समुदयां त्रैलोक्यरक्षाक्षरां
ब्रह्मज्ञाननिवासिनीं [१]सितशुभानन्दैकबीजोद्गताम् [२] ॥ ३३ ॥

कल्केशी, कुलपण्डिता, कुलपथ में विद्यमान् ग्रन्थियों को क्रिया से च्छेदन करने वाली, नित्या, गुणपण्डिता, प्रकृष्ट चपल स्वभाव वाली, शतबाल सूर्य की माला के समान अरुण वर्ण वाली, महाविद्या, प्रकृष्ट गुणों से उद्दीप्त रहने वाली, सब का उदय करने वाली, त्रैलोक्य की रक्षा में अक्षर रूप से निरत रहने वाली, ब्रह्मज्ञान में निरन्तर निवास करने वाली, सितवर्णा शुभानन्द रूप एक बीज से उत्पन्न होने वाली भगवती को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ३३ ॥

गीतार्थानुभवप्रियां सकलया [३] सिद्धप्रभापाटलाम् ।
कामाख्यां प्रभजामि जन्मनिलयां हेतुप्रियां सत्क्रियाम् ।
सिद्धौ साधनतत्परं परतरं साकाररूपायिताम् ॥ ३४ ॥

गीत के अर्थ के अनुभव से प्रेम करने वाली, कला से युक्त, सिद्ध प्रभा से अरुण विग्रह वाली, सत्क्रिया स्वरूपा, जन्म की निलयरूप, सभी हेतुओं से प्रेम करने वाली, सिद्धि में साधन रूप से तत्पर रहने वाली, परतर तत्त्व से साकाररूप धारण करने वाली कामाख्या का मैं भजन करता हूँ ॥ ३४ ॥

यहाँ तक डाकिनी की स्तुति कही गई । अब ब्रह्मदेव की स्तुति कहते हैं—

ब्रह्मज्ञानं निदानं गुणनिधिनयनं कारणानन्दयानम् ।
ब्रह्माणं ब्रह्मबीजं रजनिजयजनं यागकार्यानुरागम् ॥ ३५ ॥

ब्रह्मज्ञान, सबके निदान, गुणों की निधियों का आनयन करने वाले, सबके कारण स्वरूप, आनन्द से चलने वाले, ब्रह्मबीज (अ) रूप रजनि में जायमान महाशक्ति का यजन करने वाले, याग कार्यों में अनुराग करने वाले ब्रह्मदेव का मैं भजन करता हूँ ॥ ३५ ॥

शोकातीतं विनीतं नरजलवचनं सर्वविद्याविधिज्ञम् ।
सारात् सारं तरुं तं सकलतिमिरहं [४] हंसगं पूजयामि ॥ ३६ ॥

शोक से सर्वथा अतीत, विनय युक्त, नर से उत्पन्न हुए जल में नारायण की स्तुति करने वाले, सम्पूर्ण विद्याओं के विधानवेत्ता, सार से भी सार, अंशों से परिपूर्ण, तरु स्वरूप (फल फूल देने के कारण वृक्षरूपी), समस्त तिमिर का विनाश करने वाले तथा हंस के समान गमन करने वाले ब्रह्मदेव का मैं यजन करता हूँ ॥ ३६ ॥

एतत्सम्बन्धमार्गं नवनवदलगं [५] वेदवेदाङ्गविज्ञम् ।
मूलाम्भोजप्रकाशं तरुणरविशशिप्रोन्नताकारसारम् [६] ॥ ३७ ॥

शक्ति से सम्बन्ध युक्त मार्ग वाले, नवीन-नवीन कमलदल रूप पद से गमन करने

---

१. मितसुता इति—क० । २. बीजामताम् इति—ग० ।
३. सकलसिद्धान्त इति—क० । ४. तिमिहरहरम् इति—ग० ।
५. नवनववदनं वेदवेदान्तविज्ञम् इति—क० । ६. प्रोल्लता इति—क० ।

वाले, वेद वेदाङ्गवेत्ता, मूलाधार स्थित कमल के प्रकाशभूत प्रचण्ड सूर्य तथा चन्द्रमा के प्रोन्नत आकार में सारभूत ब्रह्मदेव का मैं यजन करता हूँ ॥ ३७ ॥

भावाख्यं[1] भावसिद्धं जयजयदविधिं ध्यानगम्यं पुराणम् ।
पाराख्यं पारणायं परजनजनितं ब्रह्मरूपं भजामि ॥ ३८ ॥

भाव नाम से अभिहित होने वाले, भाव से सिद्ध, जय को भी जय प्रदान करने वाले, ध्यान गम्य, पुराण पुरुष, पार नाम वाले, सबको पार करने वाले एवं परब्रह्म से उत्पन्न उन ब्रह्मरूप देव का मैं भजन करता हूँ ॥ ३८ ॥

डाकिनीसहितं ब्रह्मध्यानं कृत्वा पठेत् स्तवम् ।
पठनाद् धारणान्मन्त्री योगिनां सङ्गतिर्भवेत् ॥ ३९ ॥
एतत्पठनमात्रेण महापातकनाशनम् ।
एकरूपं जगन्नाथं[2] विशालनयनाम्बुजम् ॥ ४० ॥
एवं[3] ध्यात्वा पठेत् स्तोत्रं पठित्वा योगिराड् भवेत् ॥ ४१ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रसिद्धिसाधने भैरवभैरवीसंवादे डाकिनी स्तोत्रं नाम त्रिंश:[4] पटल: ॥ ३० ॥

— ❖ —

डाकिनी के साथ ब्रह्मदेव का ध्यान कर इस स्तोत्र का साधक पाठ करे तो इसके पठन से एवं इसके धारण से उसे योगियों का साथ प्राप्त हो जाता है । इस स्तोत्र के पाठ मात्र से महापातकों का नाश हो जाता है, मात्र एक ही रूप में विद्यमान् विशाल नेत्र कमल वाले जगन्नाथ का इस प्रकार ध्यान कर स्तोत्र का पाठ करे, तो साधक योगिराज बन जाता है ॥ ३९-४१ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रसिद्धि-साधन में भैरव-भैरवी संवाद में डाकिनी स्तोत्र की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत तीसवें पटल की हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ३० ॥

— ❖ —

---

१. भावसिन्धुम् इति—क० । २. पश्यतीह स तन: परमो भवेत् इति—क०।
३. बालरूपं सदा ध्यायेत् ब्रह्माणं तेजसा कुलम् । डाकिनीशक्तिसहितं परमात्मानमीश्वरम् ॥
चर्तुमुखं महाकायं वनमालाविभूषितम् । नवीनं नवरूपाढ्यं लोकानामभिलाषदम् ॥
चतुर्भुजं महापुंसगामिनं नित्ययोगिनम् । स्रष्टारं तारकं भव्यं भगमालावृतं विभुम् ॥
सोमसूर्यप्रतीकाशं कुण्डलीशक्तिसेवकम् । पृथ्वीशादिबीजाङ्कविशालनयनाम्बुजम् ॥
इति—क० ।
४. द्वात्रिंश इति—क० ।

अथैकत्रिंश: पटल:

आनन्दभैरवी उवाच

अथ नाथ प्रवक्ष्यामि भेदिन्या: साधनं परम् ।
येन साधनमात्रेण योगी स्यात् कलिकालहा[1] ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! अब भेदिनी के साधन का सर्वोत्कृष्ट उपाय कहती हूँ, जिसके साधन मात्र से साधक कलिकाल में काल को जीतकर योगी बन जाता है ॥ १ ॥

कलिकाले महायोगं साधय त्वं महाप्रभो ।
यदि न साधित: काल: स कालो देहभक्षक: ॥ २ ॥
भेदिनीसाधनेनैव ग्रन्थीनां भेदनं भवेत् ।
डाकिनीं हृदये ध्यायेत् परमानन्दरूपिणीम् ॥ ३ ॥

हे महाप्रभो ! अब इस कलिकाल में आप भी इस महान् योगसाधना को कीजिये । यदि काल की साधना नहीं की गई तो वह काल देह का भक्षक बन जाता है । भेदिनी के सिद्ध कर लेने पर सभी ग्रन्थियाँ अपने आप खुल जाती हैं । भेदिनीसाधन के लिए परमानन्द स्वरूपा डाकिनी का हृदय में ध्यान करना चाहिए ॥ २-३ ॥

अष्टहस्तां विशालाक्षीं शशाङ्कावयवाङ्किताम् ।
त्रैलोक्यमोहिनीं विद्यां भयदां वरदां सताम् ॥ ४ ॥

डाकिनी का विग्रह आठ हाथ से युक्त है । नेत्र विशाल, शरीर के समस्त अङ्ग चन्द्रमा के समान मनोहर हैं । ये त्रैलोक्य का मोहन करने वाली महाविद्या हैं । दुष्टों को भय प्रदान करती हैं तथा सज्जनों को वर देने वाली हैं ॥ ४ ॥

शुक्लवर्णां त्रिनयनां चारुरूपमनोहराम् ।
ध्यात्वा मूलाम्बुजे योगी पाद्याद्यै: परिपूजयेत् ॥ ५ ॥

इनके शरीर का वर्ण शुभ्र है, जिसमें तीन नेत्र हैं तथा अपने सुन्दर रूप से ये सब का मन मोहित करती हैं । इस प्रकार डाकिनी के स्वरूप का मूलाधार में ध्यान कर साधक को पाद्यादि उपचारों से उनकी पूजा करनी चाहिए ॥ ५ ॥

तत्र मनोलयं कृत्वा योगी भवति भूतले ।
यदा मनोलयं याति तदा तस्या: स्तवं पठेत् ॥ ६ ॥

---

१. कलिकालजालहः इति—ग० ।

स्तोत्रं पठनमात्रेण सर्वसत्त्वाश्रितो भवेत् ।
ध्यानमाकृत्य प्रपठेत् सर्वसिद्धिमयो भवेत् ॥ ७ ॥

उन डाकिनी में अपना मन लीन कर साधक इस पृथ्वी में योगी बन जाता है । जब मन लीन हो जावे तब इस स्तव का पाठ करना चाहिए । स्तोत्र के पाठ मात्र से उसमें सत्त्व (बल, तेज, प्राण) का आश्रय हो जाता है, ध्यान लगाकर पढ़ने से वह साधक सर्व सिद्धिमय बन जाता है ॥ ६-७ ॥

या भेदिनी सकलग्रन्थिविनाशनानां
धर्मान्तरे सकलशत्रुविनाशनस्था ।
सा मे सदा प्रतिदिनं परिपातु [1] देहं
कालात्मिका [2] भगवती शुभकार्यकर्त्री [3] ॥ ८ ॥

जो सम्पूर्ण ग्रन्थियों का विनाश करने के कारण भेदिनी कही जाती हैं, धर्म न करने वाले समस्त शत्रुओं के विनाश में स्थित रहने वाली हैं ऐसी कालात्मिका एवं शुभकार्यकर्त्री भगवती प्रतिदिन सभी स्थानों में हमारे देह की रक्षा करें ॥ ८ ॥

या कान्ता करुणामयी त्रिजगतामानन्दसिद्धिस्थिता
नित्या [4] सा परिपालिका कुलकला नीला [5] मलाकोमला ।
वाणी सिद्धिकरी कृतार्थनिगडे शीघ्रोदया शाङ्करी
संज्ञाभेदनभेदिका शुभकरी [6] वेदान्तसिद्धान्तदा ॥ ९ ॥
वाणी बाला कुलाला कलकलचरणा यामलासंख्यमाला ।
हेलाभालान्तराला कुलकमलचला चञ्चला देहकाला ॥ १० ॥

जो अत्यन्त सुन्दर हैं, करुणामयी हैं तथा तीनों लोकों को आनन्द देने के लिए उद्यत रहती हैं । जो नित्य हैं, परिपालन करने वाली हैं, कुलमार्ग की कला, नीला, अमला तथा कोमला हैं, वाणी हैं, सिद्धि करने वाली, कृतार्थ करने के लिए निगड (बन्धन) में शीघ्र उदय हो जाती हैं, सबकी कल्याणकारिणी शुभकर्त्री हैं, वेदान्त की सिद्धि प्रदान करती हैं, जिन भगवती की भेदन भेदिका (भेदन करने योग्य ग्रन्थियों का भेदन करने वाली) संज्ञा है । जो वाणी हैं, बाला तथा सृष्टि करने के कारण कुलाला कही जाती हैं, जिनके चरण कमल में प्रणाम करने वाले देवताओं के चित्त में कलकल निनाद होते रहते हैं, भजन रात्रि में भजन किए जाने के कारण जो यामला हैं तथा जो असंख्यमाला से विभूषित हैं, जिनके भाल का अन्तराल (अन्तर) हेला (शृङ्गार विशेष) से युक्त है, जो कुलरूपी कमल में गतिशील रहती हैं, जो चञ्चला हैं एवं देह से काले वर्ण की हैं ॥ ९-१० ॥

भेदाख्या भेद्यभेदा [7] वरनदनिनदा नादबिन्दुप्रकाशा ।
सा मे शीर्षं ललाटं मुखहृदयकटिं मुख्यपद्मं प्रपायात् ॥ ११ ॥

---

१. प्रतिदिनम् इति—ग० । २. कालार्थिका इति—ग० । काल आत्मा यस्याः सा ।
३. सुत इति—ग० । ४. स्थित्या इति—ग० ।
५. कला इति—ग० । ६. सुवरदा इति—ग० । ७. भेदभेद्या इति—ग० ।

जो भेद इस आख्या वाली हैं भेदन करने योग्य ग्रन्थियों का भेदन करने वाली है श्रेष्ठ शब्दों से शब्दायमान हैं, नाद तथा बिन्दु जिनके प्रकाश है, वह भगवती भेदिनी हमारे शिर, ललाट, मुख, हृदय, कटि तथा मूलाधारादि में स्थित मुख्य मुख्य पद्मों की सुरक्षा करें ॥ ११ ॥

काञ्चीपीठप्रकाशा निजपदविलया योगिनीनेत्रवक्षा ।
नातियोगप्रकाश्या[1] चरुशतघटिता घोरसंहारकारा ॥ १२ ॥
ब्रह्मानन्दस्वरूपा विगतिमतिहरा हीरका भाति नेत्रा ।
हारश्रेण्यादिभूषा शशिशतकिरणा पातु मां भेद्यदेहम् ॥ १३ ॥

काञ्चीपीठ को प्रकाशित करने वाली, अपने पद में सबका विलय करने वाली हैं, योगिनियों की नेत्र तथा वक्षःस्थल (हृदय) हैं, जो बिना योग के ही प्रकाश उत्पन्न करती हैं, जो सैकड़ों चरुओं (यज्ञार्थ निर्मित पायस) में विराजमान रहती हैं तथा घोर संहार के लिए आकार धारण करने वाली हैं, जो ब्रह्म के आनन्द की स्वरूपा हैं, भले लोगों की विमार्ग में जाने वाली मति का हरण करती हैं । जिनके नेत्र हीरे के समान चमकीले हैं, जो हार श्रेणी आदि आभूषणों से विभूषित हैं, सैकड़ों चन्द्रमा के समान जिनके शरीर की किरणें हैं ऐसी भगवती मेरे भेदन करने योग्य देह की रक्षा करें ॥ १२-१३ ॥

या भेदिनी सकलपापरिपुप्रियाणां स्वर्गापवर्गविरला बगलामुखी सा ।
मे पातु देहघटितं सकलेप्सितार्थं[2] भावप्रभावपटला सहदेहसंस्था ॥ १४ ॥

जो पाप रूपी शत्रु से प्रेम करने वाले दुष्टों का भेदन करती हैं जो स्वर्ग तथा अपवर्ग की प्रेरक हैं, भाव के प्रभाव में रहने वाली, देह के साथ ही रहने वाली ऐसी बगला भगवती हमारे शरीर में घटित होने वाले सम्पूर्ण मनोभिलाषा को पूर्ण कर मेरी रक्षा करें ॥ १४ ॥

कामाश्रिता विविधदोषविनाशलेषा
सौन्दर्यवेशकरणी क्रतुकर्मरक्षा ।
दीक्षा सतां मतिमतां निजयोगदात्री
सा मे सदा सकलदेहमिहाशु[3] भेद्या ॥ १५ ॥

काम ने जिनका आश्रय लिया है, जो लेशमात्र में अपने भक्तों के विविध दोषों को विनष्ट कर देती हैं, सौन्दर्य वेश प्रदान करती हैं, यज्ञकर्म की रक्षा करती हैं, दीक्षा स्वरूपा हैं, सज्जनों तथा विद्वानों को अपना योग प्रदान करती हैं । वह भगवती सदैव हमारे शरीर के ग्रन्थियों का शीघ्र भेदन करें ॥ १५ ॥

कान्ता शान्तगुणोदया मम धनं देहस्य नित्याशया
पायात् श्रीकुलदैवतस्य जयदा या योगसारं परम् ।
साक्षादीश्वरपूजिता समुचिता चित्तार्थिता चार्थिता
यन्मे घोरतरे जये निजकुले कालाकुले व्याकुले ॥ १६ ॥

---

१. नेति इति—ग० । २. सकलेन्द्रियार्थम् इति—ग० ।
३. मिहाश्वमेध्या इति—ग० ।

जो कमनीय गुणों वाली हैं, शान्त गुण को उदय करने वाली हैं, नित्याशया, श्री कुलदेवता के योग प्रदान करने वाली हैं, ऐसी भगवती हमारे शरीर के धन तथा उत्कृष्ट योगसार की रक्षा करें । जो साक्षात् ईश्वर द्वारा पूजिता हैं जो सब प्रकार से उचिता हैं, चित्त की सङ्कल्पस्वरूपा हैं, धनादि ऐश्वर्य वाली हैं, वे काल से आकुल हुए व्याकुल रहने वाले मेरे कुल तथा घोरतर विपत्ति एवं विजय में हमारी रक्षा करें ॥ १६ ॥

भेदाभेदविवर्जिता सुरवरश्रीहस्तपद्मार्चिते
मे मेढ्रं खलु लिङ्ग मूलकमलं कालप्रिया पातु सा ।
सप्तस्वर्गतलं ममैव वपुषा मिथ्यावमानापहा
हेडम्बासुरसुन्दर[१] प्रियवती हेमावती भारती ॥ १७ ॥

आप में भेद अभेद कुछ भी नहीं हैं (अर्थात् आप सबकी हैं)। हे देवेन्द्र ! इन्द्र के हस्त कमलों से अर्चना की जाने वाली भगवती ! ऐसी कालप्रिया आप हमारे मेढ्र तथा लिङ्ग मूल में स्थित कमल की रक्षा करें । इतना ही नहीं, मेरे शरीर से होने वाले मिथ्या अपमान को हरण करने वाली, हेडम्बनामक असुर की सुन्दर प्रिया, हेमावती भारती ! आप मुझे सप्त स्वर्ग का तल प्रदान कीजिए ॥ १७ ॥

एतत् स्तोत्रं पठित्वा यः स्तौति मूलाम्बुजे च माम् ।
स एव योगमाप्नोति स भवेद् योगिवल्लभः ॥ १८ ॥
मनः स्थिरं भवेत् क्षिप्रं राजत्वं लभते झटित् ।
अनायासेन सिद्धिः स्यात् तस्य वायुर्वशो भवेत् ॥ १९ ॥

जो इस स्तोत्र का पाठ कर मूलाधार स्थित कमल में मुझ कुण्डलिनी की स्तुति करते हैं, वे ही योग प्राप्त करते हैं तथा योगिवल्लभ होते हैं । उसका मन शीघ्र ही स्थिर हो जाता है । वह शीघ्र ही राजत्व प्राप्त करता है, उसे अनायास सिद्धि प्राप्त होती है तथा वायु उसके वश में हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

योगिनीनां दर्शनं हि अनायासेन लभ्यते ।
भावसिन्धुयुतो भूत्वा विचरेदमरो यथा ॥ २० ॥

उसे योगिनियों के दर्शन अकस्मात् होते हैं, वह भगवती के भाव सिन्धु में स्नान करता हुआ देवताओं के समान विचरण करता है ॥ २० ॥

मूलपद्मे वसेद्देवी मूलाम्भोजप्रकाशिनी ।
मालती मालवी मौना मालिनी च मनोहरा ॥ २१ ॥
मानसी[२] मदना मान्या मुद्रामैथुनतत्परा ।
मेरुस्था माद्यकुसुमा मण्डिता मण्डलस्थिता ॥ २२ ॥

---

१. हेतुम्बाम्बुदसुन्दर इति—क० ।

२. मणिमन्त्रिमनक्षेत्रा मारणामारणापहा । मलहा मङ्गला माला मीनस्था मांसमोहिनी ।
मदिराष्टादशभुजा मोध्या मेध्या मनोहरा ॥ इति क० अ० पाठः ।

मनःस्थैर्यकरी देवी भाव्यते यैः कुमारकैः ।
अकस्मात् सिद्धिमाप्नोति कालेन परमेश्वर[१] ॥ २३ ॥

मूल कमल को प्रकाशित करने वाली भगवती मूलाधार के कमल में निवास करती हैं। वही मालती, मालवी, मौना, मालिनी, मनोहरा, मानसी, मदना, मान्या, मुद्रा तथा मैथुन में सदा तत्पर, मेरु पर निवास करने वाली, आद्य कुसुमा, मण्डिता मण्डलस्थिता तथा मनः स्थैर्यकरी हैं। ऐसी भगवती का जो कुमार ध्यान करते हैं, हे परमेश्वर ! वह कुछ ही काल में अकस्मात् सिद्धि प्राप्त कर लेते हैं ॥ २१-२३ ॥

अथ वक्ष्ये महादेव्याः छेदिन्याः स्तवमुत्तमम्[२]।
छेत्ता[३] त्वं सर्वग्रन्थीनां मत्प्रसादाद् यतीश्वरः ॥ २४ ॥
यत्प्रसादादनन्तो हि योगी संसारमण्डले ॥ २५ ॥

हे महादेव ! अब इसके बाद महादेवी छेदिनी का उत्तम स्तोत्र कहती हूँ जिसके प्रसन्न होने के कारण ही आप सभी ग्रन्थियों के छेदन करने वाले यतीश्वर बन गए हैं। इतना ही नहीं जिसके प्रसन्न होने से भगवान् अनन्त योगी बन गए ॥ २३-२५ ॥

छेदिनीस्तवम्

देशानन्दा सकलगुणदा छेदिनी छेदनस्था
हव्यस्था सा विभवनिरता या निधिस्था निशायाम् ।
सा मे नित्यं कुलकमलगा गोपनीया विधिज्ञा
श्रीवागेशी[४] गगनवसना सर्वयोगं प्रपायात् ॥ २६ ॥

जो छेदन करने वाली भगवती छेदिनी, समस्त शरीर रूपी देश को आनन्द देती हैं, सम्पूर्ण गुण प्रदान करती हैं, हवि में स्थित रहने वाली हैं तथा रात्रि के समय निधि में निवास कर साधक को विभव प्रदान करती हैं ऐसी मूलाधार कमल में सर्वथा गोपनीया, विधिज्ञा, गगनवसना श्री वागेशी हमारे सभी योगों की प्रकृष्ट रूप से रक्षा करे ॥ २६ ॥

कामानन्दा मदननिरता[५] भाविता भावसिन्धौ
कामानन्दोद्भवरसवती[६] योगियोगस्थधात्री[७] ।
देहक्लेदे निरसनरता ... ...
सा मे धौतं प्रकुरु वपुषो धर्मपुञ्जं प्रपायात् ॥ २७ ॥

जो काम से आनन्द देने वाली, काम में निरत, भावसिन्धु में ध्यान के योग्य, काम के आनन्द से उत्पन्न रस से रसवती, योगियों के योग में रह कर उनका पालन करने वाली, शरीर की खिन्नता को दूर करने में रत देवी हमारे शरीर को स्वच्छ बनावें तथा हमारे धर्म पुञ्ज की रक्षा करें ॥ २७ ॥

---

१. परमाश्रव इति—ग० । २. सुरसत्तम इति—ग० ।
३. छित्ता इति—ग० । ४. श्रीपालेशी इति—ग० ।
५. निवृत्ता इति—ग० । ६. वसनरता इति—ग० । ७. धात्रि इति—ग० ।

कालाकालं कमलकलिकावासिनी कालिका मे
ग्रन्थिच्छेदं स्थिरगृहगता गात्रनाडीपथस्था ।
वक्त्राम्भोजे वचनमधुरं धारयन्ती जनानां
सा मे रन्ध्रं मम रुचिरतनोः पातु पञ्चानना या ॥ २८ ॥

कालिका स्तुति—काल एवं अकाल में कमल कलिका में निवास करने वाली तथा शरीर के प्रत्येक नाडी पथ में स्थित रहने वाली कालिका भगवती गृह में स्थिरता प्राप्तकर मेरी ग्रन्थियों का विच्छेद करें। जो मनुष्यों के मुख कमल में मधुर वचन धारण कराती हैं, जो पाँच मुखों वाली हैं, ऐसी कालिका भगवती मेरे सुन्दर शरीर के प्रत्येक रन्ध्रों की रक्षा करें ॥ २८ ॥

योगाङ्गस्था स्थितिलयविभवा लोमकूपाम्बुजस्था
माता गौरी गिरिपतिसुता भासुरास्त्रप्रदीप्ता ।
सम्पायान्मे हृदयविवरं छेदिनीमूलपूरे
कैलासस्था मममनुगिरिं पातु रुद्रप्रसादा[१] ॥ २९ ॥

योग के अङ्ग में निवास करने वाली, सृष्टि की स्थिति, लय तथा विभव से प्रकाशित, रोमकूप के कमल में निवास करने वाली, भासुर एवं प्रदीप्त हिमालय की कन्या माता गौरीरूप से कैलास पर निवास करने वाली, रुद्र का प्रसाद प्राप्त करने वाली ऐसी छेदिनी भगवती मेरे हृदय विवर की तथा मूलाधार चक्र में मेरे मन्त्र के शब्दों की रक्षा करें ॥ २९ ॥

नादान्तःस्था [२] मनगुणधरणासन्नसिद्धान्तपारा
भोगानन्दा भगनगबिले काशयन्ती जनानाम् ।
विद्याविद्या विविधगगना छेदिनी छन्नरूपा
सा सर्वान्तःकरणनिलया लाकिनी प्रेमभावा ॥ ३० ॥

लाकिनी स्तुति—नाद के भीतर रहने वाली, मन के गुणों को धारण करने वाली, (कुल) सिद्धान्त में आसन्न लोगों को पार लगाने वाली, भोग में आनन्द प्राप्त करने वाली, भगरूपी पर्वत के विल में मनुष्यों को प्रकाश देने वाली, विद्या, अविद्या, स्वरूपा, अनेक आकाशों वाली, ऐसी प्रच्छन्नरूपा छेदिनी तथा सभी के अन्तःकरण में गुप्त रूप से निवास करने वाली प्रेमस्वरूपा लाकिनी हमारी रक्षा करें ॥ ३० ॥

योगं स्वर्गेऽर्पयसि मनसि प्रेमभावं परेशे
या या यात्रा त्रिविधकरणा कारणा सर्वजन्तोः ।
माता ज्ञात्री गणेशे गृहिगणसदया सर्वकर्त्री मनो मे
रक्षा रक्षाक्षरगतकला [३] केवला निष्कला या ॥ ३१ ॥

जो स्वर्ग में जाने वालों को योग अर्पित करती हैं, परमेश्वर में लगाने के लिए साधकों के मन में प्रेम उत्पन्न करती हैं, जो यात्रा तत्स्वरूपा, त्रिगुणमयी, सभी जन्तुओं की उत्पत्ति की कारणभूता, जो गणेश की माता तथा उनकी ज्ञात्री हैं, गृहिणी जनों पर दया

---

१. फेरुप्रणादा इति—ग० । २. धरा सत्त्व इति—क० । ३. गणा इति—ग० ।

प्रदर्शित करती हैं तथा सबकी कर्त्री हैं ऐसी अक्षरगत कला वाली केवल निष्कला भगवती मेरे मन की रक्षा करें, रक्षा करें ॥ ३१ ॥

सा योगेन्द्रा समवतु मुदा मे गुदं कुण्डलिन्यां
जह्नो:[1] कन्या कमलनिलया[2] राकिणी प्रेमभावान् ।
मोक्षप्राणान् तपनरहिता पातु मे वेदवक्त्रा
सिद्धा मूलाम्बुजदलगता पावनी पातु तुण्डम् ॥ ३२ ॥

राकिणी स्तुति—वह योगेन्द्रा प्रसन्न होकर कुण्डलिनी में मेरे गुद की रक्षा करें, कमल में निवास करने वाली जह्नुकन्या राकिणी प्रेमभावों की रक्षा करें, वेदरूपी मुखों वाली, तपन (दुःख) से रहित भगवती मोक्ष केलिए मेरे प्राणों की रक्षा करें तथा मूलाधार के कमल दल पर निवास करने वाली पावनी सिद्धा मेरे तुण्ड (ओष्ठाधर भाग) की रक्षा करें ॥ ३२ ॥

हेरम्बाज्ञा प्रलयघटिता काकिनी क्रोधरूपा ॥ ३३ ॥
यदि भजति कुलीनः[3] कामिनीं क्रोधविद्यां
स भवति परयोगी छेदिनीस्तोत्रपाठात् ।
सकलदुरितनाशः क्षालनादिप्रसिद्धिः
सकलजनवशः स्यात् तस्य नित्यं सुराज्यम् ॥ ३४ ॥

हेरम्ब (गणपति) की आज्ञा स्वरूप प्रलय करने वाली क्रोधरूप काकिनी कही गई हैं । उत्तम कुल में उत्पन्न हुआ साधक यदि इन क्रोध विद्या स्वरूपा, काकिनी, कामिनी का भजन करें तो वह उत्कृष्ट योगी हो जाता है । छेदिनी स्तोत्र के पाठ से साधक के समस्त पापों का नाश हो जाता है । नेती, धौती तथा क्षालनादि क्रियायें सिद्ध हो जाती हैं । ऐसे साधक के वश में सम्पूर्ण चराचर जगत् हो जाता है । उसके लिए नित्य सर्वत्र सुन्दर राज्य है ॥ ३४ ॥

एतत् स्तोत्रं पठेद्विद्वान् महासंयमतत्परः ।
मूले मनः स्थिरो याति [4]सर्वानिष्टविनाशनः ॥ ३५ ॥
सर्वसिद्धिः करे तस्य यो भावं समुपाश्रयेत् ।

विद्वान् साधक महान् संयम में तत्पर होकर इस स्तोत्र का पाठ करे तो मूलाधार में उसका मन स्थिर हो जाता है और उसके समस्त पाप विनष्ट हो जाते हैं । इस प्रकार यदि भावपूर्वक छेदिनी स्तोत्र का आश्रय ग्रहण करे तो सभी सिद्धियाँ उसके हाथ में आ जाती हैं ॥ ३५-३६ ॥

योगिनीस्तोत्रसार

शृणुष्व परमानन्द रससागरसम्भव ॥ ३६ ॥
योगिनीस्तोत्रसारं च श्रवणाद्धारणाद् यतिः ।

---

१. मूलेऽर्पय पयसि मे खेलनेकौ सुवायौ इति—क० ।
२. कमला इति—ग० । ३. भक्तः इति—ग० ।
४. सर्वावृत इति—क० ।—सर्वाणि यानि अनिष्टानि, तेषां विनाशनः , विनाशक इत्यर्थः । बाहुलकात् कर्तरि ल्युट् ।

अप्रकाश्यमिदं रत्नं[१] नृणामिष्टफलप्रदम् ॥ ३७ ॥
यस्य विज्ञानमात्रेण शिवो भवति साधकः ॥ ३८ ॥

अब हे परमानन्द ! हे रस सागर ! संभव ! अब योगिनी स्तोत्र सार को सुनिए, जिसके श्रवण से एवं धारण से साधक योगी बन जाता है । यह मनुष्य को अभीष्ट प्रदान करता है, किन्तु इसे रत्न के समान गोपनीय रखना चाहिए । इसके ज्ञान मात्र से साधक साक्षात् शिव हो जाता है ॥ ३६-३८ ॥

कङ्काली कुलपण्डिता कुलकला कालानला श्यामला
योगेन्द्रेन्द्रसुराज्यनाथयजिताऽन्या[२] योगिनीं मोक्षदा ।
मामेकं कुजडं सुखास्तमधनं हीनं च दीनं खलं
यद्येवं परिपालनं करोषि नियतं त्वं त्राहि तामाश्रये ॥ ३९ ॥

जो कङ्काली, कुलमार्ग की पण्डिता, कुल की कला, कालाग्निस्वरूपा एवं श्याम वर्णा हैं। जो योगेन्द्रों से, इन्द्र से तथा श्रेष्ठ श्रेष्ठ देवताओं से यजन की जाती हैं, सबसे विलक्षण हैं, योगिनी तथा मोक्षदायिनी हैं, ऐसी योगिनी भगवती सुख रहित, निर्धन, हीन, दीन, खल तथा अत्यन्त कुत्सित एवं जड़ मात्र मेरा यदि पालन करती रहें तो निश्चय ही मेरी रक्षा भी करें। अतः मैं उनका आश्रय ग्रहण करता हूँ ॥ ३९ ॥

यज्ञेशी शशिशेखरा स्वमपरा हेरम्बयोगास्पदा
दात्री दानपरा हराहरिहराऽघोरामराशङ्करा ।
भद्रे बुद्धिविहीन[३] देहजडितं पूजाजपावर्जितं
मामेकार्भमकिञ्चनं[४] यदि सरत्त्वं योगिनी रक्षसि ॥ ४० ॥

जो यज्ञ की अधीश्वरी हैं, अपने ललाट में चन्द्रमा को धारण करती हैं, जो स्वकीय हैं तथा अपरा भी हैं, गणेश से युक्त रहने वाली हैं, भोग मोक्ष की दानपरायण होने के कारण दात्री हैं, सब कुछ हरण करने वाली हैं, हरिहर स्वरूपा, सर्वथा निष्पाप, अमरा तथा कल्याण कारिणी हैं, इस प्रकार की हे भद्रे योगिनी देवी ! बुद्धिरहित, जड़ देह वाले, पूजा तथा जप से वर्जित, मुझ अकिञ्चन अर्भक की यदि रक्षा करती हो तो आप ही सर्वश्रेष्ठ हो ॥ ४० ॥

भाव्या भावनतत्परस्य करणा सा चारणा योगिनी[५]
चन्द्रस्था निजनाथदेहसुगता मन्दारमालावृता[६] ।
योगेशी कुलयोगिनी त्वममरा धाराधराच्छादिनी
योगेन्द्रोत्सवरागयागजडिता[७] या मातृसिद्धिस्थिता[८] ॥ ४१ ॥

---

१. वर्णम् इति—क० ।
२. सा योगिनी इति—क० ।
३. विहन्य इति—ग० ।
४. मासैकार्थक किञ्चनम् इति—ग० ।
५. भोगिनी इति—क० ।
६. च्युता इति—ग० ।
७. योगेन्द्राणामुत्सवस्तस्य राग एव यागः, तेन जडिता इत्यर्थः ।
८. मोहसिद्धिस्थिता इति—ग० ।

जो भाव्या हैं, भावना में तत्पर साधक की करणा (असाधारण कारण) हैं, अरणा तथा योगिनी हैं, चन्द्रमा में तो निवास करती ही हैं, अपने नाथ महेश्वर के देह में भी विराजने वाली हैं, मन्दार माला से आवृत्त हैं, योगेशी कुल योगिनी हैं, धाराधर बादल पर सवार होकर उसे आच्छादित करने वाली हैं । हे देवी योगिनी ! आप इस प्रकार की अमरा (देवता) हो जो योगेन्द्रों के उत्सव राग तथा याग से जटित है तथा मातृ रूप से सिद्धि प्रदान करती हैं ॥ ४१ ॥

त्वं मां[१] पाहि परेश्वरी सुरतरी श्रीभास्करी[२] योगगं
मायापाशविबन्धनं[३] तव कथालापामृतावर्जितम् ।
नानाधर्मविवर्जितं कलिकुले संव्याकुलालक्षणं
मय्येके[४] यदि दृष्टिपातकमला[५] तत् केवलं मे[६] बलम् ॥ ४२ ॥
मायामयी हृदि यदा मम चित्तलग्नं[७]
राज्यं तदा किमु फलं फलसाधनं वा ।
इत्याशया भगवती[८] मम शक्तिदेवी
भाति प्रिये श्रुतिदले मुखरार्पणं ते ॥ ४३ ॥

हे परमेश्वरी, ! हे सर्वश्रेष्ठ देवी ! हे श्री भास्करी ! योग में गमन करने वाले, किन्तु मायापाश से बँधे हुए, आपकी कथा एवं वार्ता से वर्जित, किसी भी प्रकार के धर्म से वर्जित, कलिकाल से व्याकुल तथा सभी प्रकार के अलक्षणों से युक्त रहने वाले मुझ में आपकी दृष्टि के पात रूप कमल का ही एकमात्र बल है । यदि मायामयी भगवती योगिनी में मेरा चित्त लग गया तो राज्य से क्या, कर्म के फल से क्या तथा फल के लिए साधना का क्या फल है ? अर्थात् कुछ भी नहीं । इस प्रकार की आशा करने वाले मुझ साधक की शक्ति देवी हैं, इष्ट देवी हैं, मुझे यही अच्छा भी लगता है, श्रुतियाँ तो मुखर हैं ॥ ४२-४३ ॥

या योगिनी सकलयोगसुमन्त्रणाढ्या
देवी महद्गुणमयी[९] करुणानिधाना ।
सा मे भयं हरतु वारणमत्तचित्ता
संहारिणी भवतु सोदरवक्षहारा[१०] ॥ ४४ ॥

सम्पूर्ण योग में सुन्दर मन्त्रणा देने वाली, महान् गुणों वाली, करुणा की निधान, वह योगिनी देवी जिनका चित्त वारण (हाथी) के समान मदमत्त है और जो अपने उदर तथा वक्षःस्थल पर हार धारण करने वाली हैं ऐसी योगिनी देवी मेरा भय दूर करें तथा भय का संहार करने वाली होवें ॥ ४४ ॥

---

१. हं सं इति—ग० । २. वाराही सा भास्करी इति—ग० ।
३. योगं पाशविबन्धनम् इति—ग० । ४. यद्योके इति—ग० ।
५. कमला इति—ग० । ६. सेवनम् इति—ग० ।
७. मग्नम् इति—ग० । ८. बलवती इति—ग० ।
९. रुण्या सहद्भणमयी (?) इति—ग० । १०. रत्न इति—ग० ।

यदि पठति मनोज्ञो गोरसामीश्वरं यो[१]
वशयति रिपुवर्गं क्रोधपुञ्जं विहन्ति ।
भुवनपवनभक्षो भावुकः स्यात् सुसङ्गी
रतिपतिगुणतुल्यो रामचन्द्रो यथेशः ॥ ४५ ॥

फलश्रुति—जो वाणी की अधीश्वरी योगिनी के इस स्तोत्र का पाठ मन लगाकर करता है, वह अपने शत्रुओं को वश में कर लेता है तथा शत्रुवर्ग के क्रोधपुञ्ज को विनष्ट कर देता है । समस्त भुवनरूपी पवन का भक्षण कर लेता है, भावुक हो जाता है, सत्सङ्गति करता है तथा कामदेव के समान गुणवान् एवं रामचन्द्र के समान ईश्वर बन जाता है ॥ ४५ ॥

एतत्स्तोत्रं पठेद्यस्तु स भक्तो भवति प्रियः ।
मूलपद्मे स्थिरो भूत्वा षट्चक्रे राज्यमाप्नुयात् ॥ ४६ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने षट्चक्रप्रकाशे सिद्धिमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे भेदिन्यादिस्तोत्रं नाम [२]एकत्रिंशः पटलः ॥ ३१ ॥

— ❖ —

जो इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह मेरा प्रिय भक्त बन जाता है तथा मूलाधार चक्र में स्थिर होने के बाद षट्चक्र में विचरण करता हुआ स्वराज्य प्राप्त कर लेता है ॥ ४६ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के षट्चक्र प्रकाश में सिद्धिमन्त्र प्रकरण में भैरवभैरवी संवाद में भेदिन्यादि स्तोत्र नामक इक्तीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३१ ॥

— ❖ —

---

१. मनोगो गोरसानी सुरङ्गो इति—ग० । २. त्रयस्त्रिंशत्—क० ।

अथ द्वात्रिंशः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ कान्त प्रवक्ष्यामि शृणुष्व मम तत्त्वतः ।
शक्तिः कुण्डलिनी देवी सर्वभेदनभेदिनी ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे मेरे कान्त ! अब तत्त्वतः श्रवण कीजिए । सभी ग्रन्थियों का भेदन करने वाली देवी कुण्डलिनी महती शक्ति हैं ॥ १ ॥

कलिकल्मषहन्त्री च जगतां मोक्षदायिनी ।
तस्याः स्तोत्रं तथा ध्यानं न्यासं मन्त्रं शृणु प्रभो ॥ २ ॥
यस्य विज्ञानमात्रेण मूलपद्मे मनोलयः ।
चैतन्यानन्दनिरतो भवेत् कुण्डलिसङ्गमात् ॥ ३ ॥
आकाशगामिनीं सिद्धिं ददाति कुण्डली[1] भृशम् ।
अमृतानन्दरूपाभ्यां करोषि पालनं नृणाम् ॥ ४ ॥

वे कलि के समस्त कालुष्य को नष्ट करने वाली, जगत् को मोक्ष देने वाली हैं । अब हे प्रभो ! उन कुण्डलिनी के स्तोत्र, ध्यान, न्यास तथा मन्त्र को सुनिए । जिसके जान लेने मात्र से मूल पद्म में मन का लय हो जाता है तथा साधक कुण्डलिनी को प्राप्त कर चैतन्यानन्द में निरत हो जाता है । यह कुण्डलिनी प्रसन्न हो जाने पर आकाश गामिनी सिद्धि प्रदान करती हैं । इतना ही नहीं वह पुरुषों को अमरत्व प्रदान कर आनन्द भी प्रदान करती हैं ॥ २-४ ॥

कुण्डलिनी-ध्यानम्

श्वासोच्छ्वासकलाभ्यां च शरीरं त्रिगुणात्मकम् ।
पञ्चभूतावृता नित्यं पञ्चानिला[2] भवेद् ध्रुवम् ॥ ५ ॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशां[3] निरालम्बां विभावयेत् ।
सर्वस्थितां ज्ञानरूपां श्वासोच्छ्वासनिवासिनीम् ॥ ६ ॥

यह शरीर श्वास तथा उच्छ्वास की कला से त्रिगुणात्मक है । इसमें पञ्च महाभूतों से

---

१. कुण्डलिन्यहम् इति—ग० । २. नानाशक्तिर्भवेद् ध्रुवम् इति—ग० ।

३. पाल्यतेऽखिललोकानां संसारस्थितये मया । कुण्डल्या धारणं तत्र ब्रह्मणो निकटे घटे ॥
कुण्डल्या धारणं कृत्वा भोगी जितेन्द्रियो भवेत् । परिपालनशक्तिः स्यान्नाशक्तिर्भवेद् ध्रुवम् ॥
इति—क० पु० अधि० पाठः ।

आवृत तथा पञ्च प्राणों से नित्य युक्त कुण्डलिनी का निवास निश्चय ही होता है । साधक को करोड़ों सूर्यों के समान देदीप्यमान, आलम्ब से रहित, सबमें स्थित, ज्ञानस्वरूपिणी तथा श्वासोच्छ्वास में वर्तमान रहने वाली कुण्डलिंनी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

स्वयम्भूकुसुमोत्पन्नां ध्यानज्ञानप्रकाशिनीम् ।
मोक्षदां शक्तिदां नित्यां नित्यज्ञानस्वरूपिणीम् ॥ ७ ॥

स्वयंभू लिङ्ग रूप कुसुम से उत्पन्न होने वाली, ध्यान एवं ज्ञान को प्रकाशित करने वाली, मोक्ष तथा शक्ति प्रदान करने वाली, नित्य स्वरूपा, नित्य ज्ञान रूपिणी कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ ७ ॥

लोलां लीलाधरां सर्वां शुद्धज्ञानप्रकाशिनीम् ।
कोटिकालानलसमां विद्युत्कोटिमहौजसाम् ॥ ८ ॥

साधक को अत्यन्त लोल स्वभाव वाली, लीला धारण करने वाली, शुद्ध ज्ञान को प्रकाशित करने वाली, करोड़ों कालाग्नि के सदृश, करोड़ों विद्युत् के समान प्रभा वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ ८ ॥

तेजसा व्याप्तकिरणां मूलादूर्ध्वप्रकाशिनीम् ।
अष्टलोकप्रकाशाढ्यां फुल्लेन्दीवरलोचनाम् ॥ ९ ॥

अपने तेज के किरणों से सर्वत्र व्याप्त रहने वाली, मूलाधार से ऊपर प्रकाश करने वाली, आठों लोकों में प्रकाश उत्पन्न करने वाली, फूले हुए कमल के समान नेत्रों वाली कुण्डलिनी का ध्यान करे ॥ ९ ॥

सर्वमुखीं सर्वहस्तां सर्वपादाम्बुजस्थिताम् ।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तस्थानलोकप्रकाशिनीम् ॥ १० ॥

सर्वत्र व्याप्त मुख वाली, सर्वत्र व्याप्त हाथों वाली, सर्वत्र अपने चरण कमलों से स्थित रहने वाली, मूलाधार से लेकर ब्रह्मपर्यन्त स्थित स्थानों तथा लोकों को प्रकाशित करने वाली कुण्डलिनी का ध्यान करें ॥ १० ॥

त्रिभाषां सर्वभक्षां च श्वासनिर्गमपालिनीम् ।
ललितां सुन्दरीं नीलां[1] कुण्डलीं कुण्डलाकृतिम् ॥ ११ ॥

परा, पश्यन्ती तथा मध्यमा रूप तीन स्थानों से भाषण करने वाली, सब का भक्षण करने वाली, श्वास के निकलने वाले मार्ग का पालन करने वाली, ललिता सुन्दरी, नीला तथा सर्पाकृति वाली कुण्डलिनी का ध्यान करे ॥ ११ ॥

अभूमण्डलबाह्यस्थां[2] बाह्यज्ञानप्रकाशिनीम् ।
नागिनीं नागभूषाढ्यां भयानककलेवराम् ॥ १२ ॥

---

१. नित्याम् इति—ग० ।

२. अण्डस्यानन्द बाह्यस्थाम् इति—क० ।—न भूमण्डलबाह्यस्थामिति नञ्—समासः ।

पृथ्वी मण्डल में न रहकर उसके बाहर निवास करने वाली, बाह्य ज्ञान को प्रकाशित करने वाली, नागिनी, नाग का भूषण धारण करने वाली तथा भयानक शरीर वाली कुण्डलिनी का ध्यान करे ॥ १२ ॥

योगिज्ञेयां शुद्धरूपां विरलामूर्ध्वगामिनीम् ।
एवं ध्यात्वा मूलपद्मे कुण्डलीं परदेवताम् ॥ १३ ॥

योगिजनों से जानी जाने वाली, शुद्धस्वरूप वाली, अकेली ऊर्ध्वगामिनी, इस प्रकार की परदेवता स्वरूपा कुण्डलिनी का मूलाधार स्थित पद्म में ध्यान करे ॥ १३ ॥

भावसिद्धिर्भवेत् क्षिप्रं कुण्डलीभावनादिह ।
ततो मानसजापं हि मानसं होमतर्पणम् ॥ १४ ॥

इस प्रकार ध्यान करने वाले साधक को इस लोक में बड़ी शीघ्रता से सिद्धि मिल जाती है इसके बाद मानस जाप तथा मानस होम तर्पण करना चाहिए ॥ १४ ॥

अभिषेकं मुदा कृत्वा प्रातः काले पुनः पुनः ।
प्राणायामं ततः कृत्वा स्तोत्रं च कवचं पठेत् ॥ १५ ॥
एतत्स्तोत्रस्य पाठेन स्वयं सिद्धान्तविद् भवेत् ।
कुण्डली सुकृपा तस्य मासाद् भवति निश्चितम् ॥ १६ ॥

इस प्रकार प्रातः काल में प्रसन्नता पूर्वक अभिषेक सम्पादन कर प्राणायाम करे फिर बारम्बार स्तोत्र तथा कवच का पाठ करे । इस स्तोत्र का पाठ करने से साधक स्वयं सिद्धान्तों का ज्ञाता हो जाता है । उसके ऊपर एक महीने में ही निश्चित रूप से कुण्डली की सुकृपा हो जाती हैं ॥ १५-१६ ॥

निद्रादोषादिकं[१] त्यक्त्वा प्रकाश्याहं शरीरके ।
अहं दात्री सुयोगानामधिपाहं जगत्त्रये ॥ १७ ॥

हे सदाशिव ! ऐसे साधक के शरीर में रहने वाली निद्रादि समस्त दोषों को दूर कर मै स्वयं प्रकाशित होती हूँ, इस प्रकार के सुयोगों को देने वाली मैं ही हूँ तथा तीनों लोकों की स्वामिनी भी मैं ही हूँ ॥ १७ ॥

अहं कर्म अहं धर्मः अहं देवी च कुण्डली ।
यो जानाति महावीर कुण्डलीरूपसेवनात् ॥ १८ ॥
इति तं पात्रकं कर्तुमवतीर्णास्मि[२] सर्वदा ।
अत एव परं मन्त्रं कुण्डलिन्याः स्तवं शुभम् ॥ १९ ॥
प्रपठेत् सर्वदा देहे यदि वश्या न कुण्डली ।
तावत् कालं जपं कुर्याद् यावत् सिद्धिर्न जायते ॥ २० ॥

---

१. दशा इति—ग० ।

२. इहीदं पालनं कर्तुमवतीर्णा हि सर्वदा इति—ग० ।

मैं ही कर्म हूँ, मैं ही धर्म हूँ, मैं ही देवी कुण्डलिनी हूँ। हे महावीर ! जो कुण्डलिनी के स्वरूप के सेवन से ऐसा जानता है उसी को अपना सत्पात्र बनाने के लिए मैं पृथ्वी पर सर्वदा अवतीर्ण होती हूँ। इसीलिए कुण्डलिनी का मन्त्र तथा कुण्डलिनी का स्तोत्र सर्वोत्कृष्ट है और कल्याणकारी तो है ही। यदि शरीर में रहने वाली कुण्डलिनी वश में न हो तो स्तोत्र का पाठ सर्वदा करते रहना चाहिए, तबतक जप भी करे जब तक सिद्धि न हो ॥ १८-२० ॥

कुण्डलिनीस्तोत्रम्

आधारे परदेवता भवनताधोकुण्डली देवता।
देवानामधिदेवता त्रिजगतामानन्दपुञ्जस्थिता ॥ २१ ॥
मूलाधारनिवासिनी त्रिरमणी या ज्ञानिनी मालिनी।
सा मे मातृमनुस्थिता कुलपथानन्दैकबीजानना ॥ २२ ॥

जो आधार में परदेवता, उसके अधोभाग में देवता हैं तथा देवताओं की अधि देवता हैं तीनों लोकों में आनन्द पुञ्ज रूप से स्थित रहने वाली हैं। मूलाधार में निवास करने वाली सत्त्व, रज तथा तमोगुण वाली रमणी हैं, ज्ञान सम्पन्न हैं, मालाधारण करने वाली हैं, कुलपथ में आनन्द बीज स्वरूपा मुख वाली हैं हमारे मातृका वर्णों के मन्त्र में निवास करने वाली वह हमारी रक्षा करें ॥ २१-२२ ॥

सर्वाङ्गस्थितिकारिणी सुरगणानन्दैकचिन्हा शिवा।
वीरेन्द्रा नवकामिनी वचनदा श्रीमानदा[१] ज्ञानदा ॥ २३ ॥
सानन्दा घननन्दिनी घनगणा छिन्ना भवा योगिनी।
धीरा धैर्यवती समाप्तविषया श्रीमङ्गली कुण्डली ॥ २४ ॥

वह सभी अङ्गों में स्थित रहने वाली, देवताओं में आनन्द संचार के चिन्ह से प्रगट होती हैं। सबका कल्याण करती हैं। वीरेन्द्रा तथा नव युवती हैं, उत्कृष्ट वचन देने वाली, श्री तथा मान देने वाली एवं ज्ञान देने वाली हैं। वह आनन्द के साथ रहती हैं, घन-नन्दिनी घनगणा, छिन्ना, भवपत्नी तथा योगिनी हैं। धीरा, धैर्यवती तथा विषयों को समाप्त करने वाली हैं ऐसी श्री तथा मङ्गल स्वरूपा कुण्डलिनी हमारी रक्षा करे ॥ २३-२४ ॥

सर्वाकारनिवासिनी जयधराधाराधरस्थागया।
गीता गोधनवर्द्धिनी गुरुमयी ज्ञानप्रिया गोधना ॥ २५ ॥

मैं सभी प्रकार के आकारों में निवास करने वाली, विजय धारण करने वाली, धाराधर (बादलों) में रहने वाली विद्युत् हूँ। गीता, गोधनवर्द्धिनी, गुरुमयी, ज्ञानप्रिया और गोधना हैं ऐसी कुण्डलिनी हमारी रक्षा करें ॥ २५ ॥

गार्हाग्निस्थिति[२] चन्द्रिका सुलतिका[३] जाड्यापहा रागदा।
दारा गोधनकारिणी मृगमना ब्रह्माण्डमार्गोज्ज्वला ॥ २६ ॥

---

१. स सर्वदा इति—ग०। २. गौद्र्दग्धि इति—ग०।
३. मुलतिका इति—ग०।

अथाष्टमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव कुमार्या जपहोमकम् ।
लक्षसंख्यजपं कृत्वा मायां वा वाग्भवं रमाम् ॥ १ ॥
कालीबीजं वापि नाथ मायां वा कामबीजकम् ।
सदाशिवेन पुटितं बिन्दुचन्द्रविभूषितम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर **कुमारी के जप एवं होम का विधान** कहती हूँ ।

माया (ह्रीं) अथवा वाग्भव (ऐं) रमा (श्रीं) काली बीज (क्लीं), अथवा हे नाथ ! माया (ह्रीं), कामबीज (क्लीं), बिन्दु (विसर्ग) चन्द्र (अनुस्वार) से युक्त सदाशिव होम से सम्पुटित कुमारी मन्त्र का जप करें ॥ १-२ ॥

अथवा[१] प्रणवेनापि पुटितं त्रिदशेश्वर ।
जपित्वा मूलमन्त्रञ्च लक्षसंख्याविधानतः ॥ ३ ॥
तद्दशांशं महाहोमं घृताक्तबिल्वपत्रकैः ।
अथवा श्वेतपुष्पैश्च कुन्दपुष्पैर्महाफलम् ॥ ४ ॥

अथवा हे त्रिदशेश्वर ! केवल प्रणव (ॐ) से सम्पुटित मूलमन्त्र का एक लाख की संख्या में विधानपूर्वक जप कर घृत में डुबोए गए बिल्व पत्रों से उसका दशांश होक करे, अथवा श्वेत पुष्पों से अथवा कुन्द पुष्पों से तद्दशांश होम करे ॥ ३-४ ॥

एवं क्रमेण जुहुयात् करवीरप्रसूनकैः ।
घृताक्तैः कैवलैर्वापि चन्दनागुरुमिश्रितैः ॥ ५ ॥
हविष्याशी[२] दिवाभागे रात्रौ पूजापरो भवेत् ।
निजपूजावशेषैस्तु कुलद्रव्यैः प्रपूजयेत् ॥ ६ ॥

इसी क्रम से केवल घृताक्त करवीर पुष्पों से अथवा चन्दन और अगुरु से मिश्रित करवीर पुष्पों से हवन करना चाहिए । साधक दिन में हविष्यान्न भोजन कर रात्रि के समय कुमारी की पूजा करे, अपनी पूजा से अवशिष्ट कुल द्रव्यों से कुण्डलिनी का पूजन करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

---

१. लक्षसंख्यां क्रमेणैव जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत्—क० ।

२. हविष्यमश्नाति इति हविष्याशी, णिनिप्रत्ययः कर्तरि ।

निद्रामैथुननाशिनी मम हरा[1] मोहापहा पातुकम् ॥ ३२ ॥
भालं नीलतनुस्थिता मतिमतामर्थप्रिया मैथिली[2]।
भालानन्दकरा महाप्रियजना पद्मानना कोमला ॥ ३३ ॥

उल्लास के साथ जिनका उदय होता है, जो यतियों को नय मार्ग में ले जाती हैं माया तथा जगत् का तरण तारण करने वाली हैं, निद्रा एवं मैथुन का नाश करती हैं, मोह का अपहरण करने वाली हैं ऐसी कुण्डलिनी हमारे शिरोभाग की रक्षा करें । जो शरीर से नीलवर्ण वाली गतिमानों को अर्थ सिद्धि प्रदान करने के कारण प्रिय हैं, मिथिला में उत्पन्न होने वाली, मस्तक (सहस्रार चक्र) में प्रविष्ट हो कर आनन्द देने वाली, मनुष्यों से अत्यन्त प्रेम करने वाली, कमल के समान मुखवाली कोमला हैं वे हमारे शिरःप्रदेश की रक्षा करें ।

नानारङ्गसुपीठदेशवसना[3] सिद्धासना घोषणा ।
त्राणस्थावररूपिणी[4] कलिहनी[5] श्रीकुण्डली पातुकम् ॥ ३४ ॥

अनेक प्रकार के रूपों से सुन्दर पीठों में निवास करने वाली, सिद्धासना तथा घोषणा हैं, जगज्जनों के संत्राण के लिए स्थावर (पृथ्वी) रूप से रहने वाली, कलिकाल में बचाने वाली ऐसी श्री कुण्डलिनी हमारे शिर की रक्षा करें ॥ ३४ ॥

भ्रूमध्यं बगलामुखी शशिमुखी विद्यामुखी सम्मुखी ।
नागाख्या नगवाहिनी महिषहा पञ्चाननस्थायिनी ॥ ३५ ॥
पारावार विहारहेतुसफरी सेतुप्रकारा परा ।
काशीवासिनमीश्वरं प्रतिदिनं श्रीकुण्डली पातुकम् ॥ ३६ ॥

बगलामुखी जो भ्रूमध्य में चन्द्रमा के समान मुख वाली, विद्यामुख वाली, भक्तों के सम्मुख रहने वाली, नागा नाम से प्रसिद्ध नग (पर्वत एवं वृक्ष) को अपना वाहन बनाने वाली महिषमर्दिनी सिंह पर स्थित रहने वाली श्री कुण्डलिनी मेरे शिरो भाग की रक्षा करें । समुद्र में विहार करने के लिए सफरी मछली के समान तथा सेतु स्वरूप वाली परा भगवती श्री कुण्डलिनी, काशीवासी ईश्वर स्वरूप हमारे शिरोभाग की प्रतिदिन रक्षा करें ॥ ३५-३६ ॥

या [6]कुण्डोद्भवसारपाननिरता मोहादिदोषापहा ।
सा नेत्रत्रयमम्बिका सुवलिका श्रीकालिका कौलिका ॥ ३७ ॥
काकस्था द्विकचञ्चुपारणकरी संज्ञाकरी सुन्दरी ।
मे पातु प्रियया तया विशदया सच्छायया छादिता ॥ ३८ ॥

जो कुण्ड में उत्पन्न हुए सार (हविष्य धूम) के पान में निरत रहने वाली भक्तों के मोहादि दोषों को विनाश करने वाली, सुन्दर वलि वाली, कौलिका (महाशक्ति स्वरूपा) श्री कालिका हमारे तीन नेत्रों की रक्षा करें । जो काक पर स्थित रहने वाली अपने दो चञ्चुपुटों से पारण करने वाली, संज्ञाकरी अर्थात् चेतना प्रदान करने वाली तथा सुन्दरी हैं अपने प्रिय उस

---

१. महा इति—ग० । २. मैथुनी इति—ग० । ३. दशना इति—ग० ।
४. मालस्याव्यय इति—क० । ५. कलहली इति—ग० ।
६. कुण्डे उद्भवो यस्य सारस्य सः, तस्य पाने निरता इत्यर्थः ।

विशद श्री छाया (माया) से आच्छादित श्री कुण्डलिनी मेरी रक्षा करें ॥ ३७-३८ ॥

श्रीकुण्डे रणचण्डिका सुरतिका कङ्कालिका बालिका ।
साकाशा परिवर्जिता सुगतिका ज्ञानोर्मिका चोत्सुका ॥ ३९ ॥
सौकासूक्ष्मसुखप्रिया गुणनिका दीक्षा च सूक्ष्माख्यका[1]।
मामन्द्यं[2] मम कन्दवासिनि शिवे सन्त्राहि सन्त्राहिकम् ॥ ४० ॥

जो श्रीकुण्ड में रण चण्डिका सुरति प्रदान करने वाली, कङ्काल रूप धारण करने वाली बालिका हैं, सर्वथा एकान्त में, आकाश में निवास करने वाली, सुन्दर गति (मोक्ष) देने वाली, ज्ञान की लहर रूप तथा उत्सुक रहने वाली हैं वे हमारे शिरोभाग की रक्षा करें । जो सौका, सूक्ष्म, सुखप्रिया, गुणनिका (माला की दाना) दीक्षा स्वरूपा तथा सूक्ष्म रूप वाली हैं ऐसी हे कन्दवासिनि शिवे ! मेरी मन्दता को विनष्ट कीजिए और शिर की रक्षा कीजिए ॥ ३९-४० ॥

एतत्स्तोत्रं पठित्वा त्रिभुवनपवनं पावनं लौकिकानाम् ।
राजा स्यात् किल्विषाग्निः क्रतुपतिरिह यः क्षेमदं योगिनां वा ॥ ४१ ॥
सर्वेशः सर्वकर्ता भवति निजगृहे योगयोगाङ्गवक्ता ।
शाक्तः शैवः स एकः परमपुरुषगो निर्मलात्मा महात्मा ॥ ४२ ॥

समस्त लौकिक जनों को तथा त्रिलोकी को पवित्र करने वाले इस स्तोत्र को पढ़कर साधक राजा बन जाता है । पापों को नष्ट कर अग्नि के समान तेजस्वी हो जाता है और क्रतुओं का पति तथा योगियों का कल्याणकर्ता हो जाता है । वह सर्वेश, सर्वकर्ता हो जाता है । अपने घर पर योग एवं योगाङ्ग का उपदेष्टा होता है । वह अकेला शक्ति का उपासक एवं शिव का उपासक होकर परम पुरुष को प्राप्त करने वाला निर्मलात्मा महात्मा बन जाता है ॥ ४१-४२ ॥

प्रणवेन पुटितं कृत्वा यः स्तौति नियतः शुचिः ।
स भवेत् कुण्डलीपुत्रो भूतले नात्र संशयः ॥ ४३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने मूलचक्रसारसङ्केते भैरवभैरवीसंवादे कन्दवासिनीस्तोत्रं नाम [3]द्वात्रिंशः पटलः ॥ ३२ ॥

जो प्रणव से सम्पुटित कर पवित्रतापूर्वक नियम से इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह पृथ्वी में कुण्डलिनी का पुत्र हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ ४३ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन के मूलचक्रसारसङ्केत में भैरवीभैरव संवाद में कन्दवासिनीस्तोत्र नामक बत्तीसवें पटल की डॉ सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३२ ॥

— ❖ —

---

१. शीक्षारव्यक्षका—क० । २. सानन्दम्—ग० । ३. चतुस्त्रिंशः—क० ।

अथ त्रयस्त्रिंशः पटलः

श्री आनन्दभैरवी उवाच[1]

अथ वक्ष्ये महादेव कुण्डलीकवचं शुभम् ।
परमानन्ददं सिद्धं सिद्धवृन्दनिषेवितम् ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर कल्याणकारी कुण्डलिनी कवच कहती हूँ । यह कवच परमानन्द देने वाला तथा सिद्ध है और सिद्ध समूहों से सुसेवित है ॥ १ ॥

यत्कृत्वा योगिनः सर्वं धर्माधर्मप्रदर्शकाः ।
ज्ञानिनो मानिनो धर्मा विचरन्ति यथामराः ॥ २ ॥
सिद्धयोऽप्यणिमाद्याश्च करस्थाः सर्वदेवताः ।
एतत् कवचपाठेन देवेन्द्रो योगिराड् भवेत् ॥ ३ ॥

इसके पाठ करने से सभी योगी, धर्म-अधर्म का ज्ञान करने वाले, ज्ञानी, मानी तथा धर्मवान् हो जाते हैं और देवताओं के समान पृथ्वी पर विचरण करते हैं । उनके हाथ में सभी अणिमादि सिद्धियाँ तथा सभी देवता हो जाते हैं । इस कवच के पाठ से पाठकर्ता देवेन्द्र तथा योगिराज बन जाता है ॥ २-३ ॥

ऋषयो योगिनः सर्वे जटिलाः कुलभैरवाः ।
प्रातःकाले त्रिवारं च मध्याह्ने वारयुग्मकम् ॥ ४ ॥
सायाह्ने वारमेकं तु पठेत् कवचमेव च ।
पठेदेवं महायोगी कुण्डलीदर्शनं भवेत् ॥ ५ ॥

सभी योगीजन इसका पाठ करने से ऋषि एवं जटा धारण करने वाले भैरव बन जाते हैं । प्रातः काल में तीन बार, मध्याह्नकाल में दो बार, सायङ्काल में एक बार यदि महायोगी इस कवच का पाठ करें तो उन्हें साक्षात् कुण्डलिनी का दर्शन प्राप्त हो जाता है ॥ ४-५ ॥

कुलकुण्डलीकवचस्य ब्रह्मेन्द्र ऋषिर्गायत्री छन्दः, कुलकुण्डली देवता सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे विनियोगः ॥

इस कुलकुण्डलीकवच के ब्रह्मेन्द्र ऋषि है; गायत्री छन्द है और कुलकुण्डली देवता है, सभी अभीष्टसिद्धि के लिए इनका विनियोग है ।

---

१. पुस्तके नास्ति—क० ।

कुलकुण्डलीकवचम्

ॐ ईश्वरी जगतां धात्री ललिता सुन्दरी परा ।
कुण्डली कुलरूपा च पातु मां कुलचण्डिका ॥ ६ ॥

विधि—हाथ में जल लेकर 'अस्य कुलकुण्डलीकवचस्य ब्रह्मेन्द्र ऋषिर्गायत्री छन्दः, कुलकुण्डली देवता सर्वाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः' पर्यन्त वाक्य पढ़कर पाठकर्ता उस जल को पृथ्वी पर अथवा किसी पात्र में गिरा देवे ।

ॐ ईश्वरी, कुलरूपा, जगत् का पालन करने वाली परा, सुन्दरी, ललिता, कुण्डलिनी कुल चण्डिका मेरी रक्षा करें ॥ ६ ॥

शिरो मे ललिता देवी पातूग्राख्या कपोलकम् ।
ब्रह्ममन्त्रेण[1] पुटिता भ्रूमध्यं पातु मे सदा ॥ ७ ॥
नेत्रत्रयं महाकाली कालाग्निभक्षिका शिखाम् ।
दन्तावलीं विशालाक्षी ओष्ठमिष्टानुवासिनी ॥ ८ ॥

ललिता देवी मेरे शिर की रक्षा करें । उग्रनाम वाली देवी मेरे कपोल की तथा ब्रह्ममन्त्र से सम्पुटित देवी मेरे भ्रूमध्य की रक्षा करें । महाकाली तीनों नेत्रों की, कालाग्नि भक्षिका देवी शिखा की, विशालाक्षी दन्त समूहों की एवं इष्ट (यज्ञकर्म में) में निवास करने वाली मेरे ओष्ठ की रक्षा करें ॥ ७-८ ॥

कामबीजात्मिका विद्या अधरं पातु मे सदा ।
लृयुगस्था गण्डयुग्मं माया विश्वा रसप्रिया ॥ ९ ॥
भुवनेशी कर्णयुग्मं चिबुकं क्रोधकालिका ।
कपिला मे गलं पातु सर्वबीजस्वरूपिणी ॥ १० ॥

कामबीजात्मिका महाविद्या सर्वदा मेरे अधर की रक्षा करें । दो प्रकार के लृकार में रहने वाली, रस से प्रेम करने वाली, विश्वा एवं माया दोनों गण्डस्थलों की रक्षा करें । भुवनेशी दोनों कानों की, क्रोधकालिका देवी चिबुक की और सर्व बीजस्वरूपिणी कपिला मेरे गले की रक्षा करें ॥ ९-१० ॥

मातृकावर्णपुटिता कुण्डली कण्ठमेव च ।
हृदयं कालपृथ्वी[2] च कङ्काली पातु मे मुखम् ॥ ११ ॥
भुजयुग्मं चतुर्वर्गा चण्डदोर्दण्डखण्डिनी ।
स्कन्धयुग्मं स्कन्दमाता हालाहलगता मम ॥ १२ ॥

मातृका वर्णों से सम्पुटित कुण्डलिनी कण्ठ की और कालपृथ्वी हृदय की तथा कङ्काली देवी मेरे मुख की रक्षा करें । चण्ड के दोनों बाहुओं को खण्ड खण्ड करने वाली चतुर्वर्गा

---

१. ब्रह्मरन्ध्रेण—क० । २. कौल—क० ।

देवी मेरे दोनों भुजाओं की, हालाहल (विष) में रहने वाली स्कन्दमाता मेरे दोनों कन्धों की रक्षा करें ॥ ११-१२ ॥

अङ्गुल्यग्रं कुलानन्दा श्रीविद्या नखमण्डलम् ।
कालिका भुवनेशानी पृष्ठदेशं सदावतु ॥ १३ ॥
पार्श्वयुग्मं महावीरा वीरासनधराभया ।
पातु मां कुलदर्भस्था नाभिमुदरमम्बिका ॥ १४ ॥
कटिदेशं पीठसंस्था महामहिषघातिनी ।
लिङ्गस्थानं महामुद्रा भगं मालामनुप्रिया ॥ १५ ॥

कुलानन्दा अंगुली के अग्रभागों की, श्रीविद्या समस्त नखमण्डलों की, कालिका तथा भुवनेशानी सर्वदा मेरे पृष्ठदेश की रक्षा करें । वीरासन धारण करने वाली महावीरा और अभया मेरे दोनों पार्श्व भाग की, कुलदर्भस्था मेरी तथा अम्बिका मेरे नाभि और उदर प्रदेश की रक्षा करें । पीठ में निवास करने वाली देवी महामहिषघातिनी मेरे कटिदेश की, महामुद्रा लिङ्गस्थान की और माला से प्रेम करने वाली मेरे भग (= ऐश्वर्य) की रक्षा करें ॥ १३-१५ ॥

भगीरथप्रिया धूम्रा मूलाधारं गणेश्वरी ।
चतुर्दलं कक्ष्यपूज्या दलाग्रं मे वसुन्धरा ॥ १६ ॥
शीर्षं राधा रणाख्या च ब्रह्माणी[1] पातु मे मुखम् ।
मेदिनी पातु कमला वाग्देवी पूर्वगं[2] दलम् ॥ १७ ॥

भगीरथ प्रिया धूम्रा और गणेश्वरी मेरे मूलाधार की, कक्ष्य पूज्या देवी मेरे (कुण्डली के) चतुर्दल की तथा वसुन्धरा देवी दल के अग्रभाग की रक्षा करें । राधा तथा रणाख्या मेरे शिरोभाग की, ब्रह्माणी मुख की और भेदिनी वाग्देवी कमला मेरी कुण्डलिनी के पूर्वदल की रक्षा करें ॥ १६-१७ ॥

छेदिनी दक्षिणे पातु पातु चण्डा महातपा ।
चन्द्रघण्टा सदा पातु योगिनी वारुणं दलम् ॥ १८ ॥
उत्तरस्थं दलं पातु पृथिवीमिन्द्रपालिता ।
चतुष्कोणं कामविद्या ब्रह्मविद्याब्जकोणकम् ॥ १९ ॥
अष्टशूलं सदा पातु सर्ववाहनवाहना ।
चतुर्भुजा सदा पातु डाकिनी कुलचञ्चला ॥ २० ॥
मेढ्रस्था मदनाधारा पातु मे चारुपङ्कजम् ।
स्वयम्भूलिङ्गं चार्वाका कोटराक्षी[3] ममासनम् ॥ २१ ॥
कदम्बवनमापातु कदम्बवनवासिनी ।

---

१. ब्राह्मणं पातु मे सदा—ग० । २. सर्वगम् —क० ।
३. कोटरे इवाक्षिणी यस्याः सा ।

वैष्णवी परमा माया पातु मे वैष्णवं पदम् ॥ २२ ॥

छेदिनीदेवी दक्षिण दल की, महातपा, चण्डा, चन्द्रघण्टा एवं योगिनी पश्चिम दल की रक्षा करें । उत्तर दल की, इन्द्र पालिता पृथ्वी (भूपुर) की, कामविद्या चतुष्कोणों की तथा ब्रह्मविद्या कमलरूप कोणों की रक्षा करें ॥ १८-१९ ॥

सर्ववाहन वाहना चतुर्भुजा कुलचञ्चला डाकिनी सदैव मेरे अष्टशूल की रक्षा करें । मेढ्र पर रहने वाली मदनाधारा मेरे सुन्दर कमल की रक्षा करें । चार्वाका स्वयंभू लिङ्ग की तथा कोटराक्षी मेरे आसन की रक्षा करें । कदम्ब वनवासिनी कदम्बवन की रक्षा करें तथा वैष्णवी परमा माया मेरे वैष्णव पद की रक्षा करें ॥ २०-२२ ॥

षड्दलं[१] राकिणी पातु राकिणी कामवासिनी।
कामेश्वरी कामरूपा श्रीकृष्णं पीतवाससम् ॥ २३ ॥
वनमालां वनदुर्गा शङ्खं मे शङ्खिनी[२] शिवा ।
चक्रं चक्रेश्वरी पातु कमलाक्षी गदां मम ॥ २४ ॥
पद्मं मे पद्मगन्धा च पद्ममाला मनोहरा ।
रादिलान्ताक्षरं[३] पातु लाकिनी लोकपालिनी ॥ २५ ॥
षड्दले[४] स्थितदेवांश्च पातु कैलासवासिनी।
अग्निवर्णा सदा पातु गणं[५] मे परमेश्वरी ॥ २६ ॥

कामवासना वाली राकिणी देवी षड्दल की तथा कामरूपा कामेश्वरी उस पर रहने वाले पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण की रक्षा करें । मेरी वनमाला की रक्षा वनदुर्गा करें । शिवा शङ्खिनी शङ्ख की, चक्रेश्वरी चक्र की तथा कमलाक्षी मेरे गदा की रक्षा करें ॥ २३-२४ ॥

पद्मगन्धा पद्म की, मनोहरा पद्ममाला की, ब भ म य र ल इन छः अक्षरों की लोकपालिनी लाकिनी रक्षा करें । कैलास वासिनी षड्दल पर स्थित देवताओं की, अग्निवर्णा परमेश्वरी मेरे गणों की सदैव रक्षा करें ॥ २५-२६ ॥

मणिपूरं सदा पातु मणिमालाविभूषणा ।
दशपत्रं दशवर्णं डादिफान्तं त्रिविक्रमा ॥ २७ ॥
पातु नीला महाकाली भद्रा भीमा सरस्वती ।
अयोध्यावासिनी देवी महापीठनिवासिनी ॥ २८ ॥
वाग्भवाद्या महाविद्या कुण्डली कालकुण्डली ।
दशच्छदगतं[६] पातु रुद्रं रुद्रात्मकं मम ॥ २९ ॥

मणिमाला विभूषणा मणिपूर की सदा रक्षा करें । त्रिविक्रमा मणिपूर में रहने वाले ड ढ ण त थ द ध न प फ इन दश वर्णों से युक्त दश पत्ते वाले पद्म की रक्षा करें ॥ २७ ॥

नीला, महाकाली, भद्रा, भीमा, सरस्वती, अयोध्यावासिनी देवी, महापीठाधिवासिनी,

---

१. षड्वर्गम्—ग० । २. शक्तिक्षणी—ग० । ३. वादि—क० ।
४. षड्वर्गस्थितदेवीश्च—ग० । ५. जलम्—ग० । ६. शतम्—क० ।

वाग्भवाद्या, महाविद्या, कुण्डली और कालकुण्डली, दशच्छद पर रहने वाले मेरे रुद्रात्मक रुद्र की रक्षा करें ॥ २८-२९ ॥

सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरा पातु सूक्ष्मस्थाननिवासिनी ।
राकिणी लोकजननी पातु कूटाक्षरस्थिता ॥ ३० ॥
तैजसं पातु नियतं रजकी राजपूजिता ।
विजया कुलबीजस्था तवर्गं तिमिरापहा ॥ ३१ ॥

(मेरे) सूक्ष्म से सूक्ष्म (पाप की) रक्षा करें । सूक्ष्म स्थान में रहने वाली, कूटाक्षर स्थिता, लोकजननी राकिणी नियमपूर्वक मेरे तेज की रक्षा करें । राजपूजिता, रजकी, कुलबीजस्था, तिमिरापहा विजया त वर्ग की रक्षा करें ॥ ३०-३१ ॥

मन्त्रात्मिका मणिग्रन्थिं भेदिनी पातु सर्वदा ।
गर्भदाता भृगुसुता पातु मां नाभिवासिनी ॥ ३२ ॥
नन्दिनी पातु सकलं कुण्डली कालकम्पिता ।
हृत्पद्मं पातु कालाख्या धूम्रवर्णा मनोहरा ॥ ३३ ॥

मन्त्रात्मिका भेदिनी सर्वदा मणिग्रन्थि की रक्षा करें । नाभि में रहने वाली, गर्भदाता भृगुसुता (लक्ष्मी) मेरी रक्षा करें । नन्दिनी, कालकम्पिता, कुण्डली सम्पूर्ण वस्तुओं की रक्षा करें । मनोहरा, धूर्मवर्णा एवं कालाख्या हृत्पद्म की रक्षा करें ॥ ३२-३३ ॥

दलद्वादशवर्णं च भास्करी भावसिद्धिदा ।
पातु मे परमा विद्या कवर्गं कामचारिणी ॥ ३४ ॥
चवर्गं चारुवसना व्याघ्रास्या टङ्कधारिणी ।
चकारं पातु कृष्णाख्या काकिनीं पातु कालिका ॥ ३५ ॥
टकुराङ्गी टकारं मे जीवभावा महोदया ।
ईश्वरी पातु विमला मम हृत्पद्मवासिनी ॥ ३६ ॥
कर्णिकां कालसन्दर्भा योगिनी योगमातरम् ।
इन्द्राणी वारुणी पातु कुलमाला कुलान्तरम् ॥ ३७ ॥

भावसिद्धि प्रदान करने वाली भास्करी द्वादशवर्ण वाले दल की रक्षा करें । कामचारिणी परमा विद्या क वर्ग की रक्षा करें । मनोहर वेश भूषा वाली व्याघ्रमुखी टङ्कधारिणी च वर्ग की रक्षा करें । कृष्णा नाम वाली काकिनी कालिका चकार की रक्षा करें ॥ ३४-३५ ॥

जीवभाव को प्राप्त होने वाली, महान् अभ्युदय देने वाली, टकुराङ्गी टकार की रक्षा करें । मेरे हृदयरूप कमल में निवास करने वाली विमला ईश्वरी मेरी रक्षा करें । कालसंदर्भा कर्णिका की, योगिनी योगमाता की, इन्द्राणी, वारुणी एवं कुलमाला कुलान्तर की रक्षा करें ॥ ३६-३७ ॥

तारिणी शक्तिमाता च कण्ठवाक्यं सदावतु ।
विप्रचित्ता महोग्रोग्रा प्रभा दीप्ता घनासना ॥ ३८ ॥

---

१. काकानी—क० ।

वाक्स्तम्भिनी वज्रदेहा[१] वैदेही वृषवाहिनी ।
उन्मत्तानन्दचित्ता च क्षणोशीशा भगान्तरा ॥ ३९ ॥
मम षोडशपत्राणि पातु मातृतनुस्थिता[१] ।
सुरान् रक्षतु वेदज्ञा सर्वभाषा च कर्णिकाम् ॥ ४० ॥

तारिणी तथा शक्ति माता मेरे कण्ठगत वाक्य की सदा रक्षा करें । १. विप्रचित्ता, २. महोग्रा, ३. उग्रा, ४. प्रभा, ५. दीप्ता, ६. घनासना, ७. वाक्स्तम्भिनी, ८. वज्रदेहा, ९. वैदेही, १०. वृषवाहिनी, ११. उन्मत्ता, १२. आनन्दचित्ता, १३. क्षोणीशा (क्षणोशी?), १४. ईशा, १५. (?) तथा १६. भगान्तरा मेरे षोडश पत्रों की रक्षा करें । मातृतनुस्थिता देवताओं की रक्षा करें, वेदज्ञा सर्वभाषा कर्णिका की रक्षा करें ॥ ३८-४० ॥

ईश्वरार्द्धासनगता प्रपायान्मे सदाशिवम् ।
शाकम्भरी महामाया साकिनी पातु सर्वदा ॥ ४१ ॥
भवानी भवमाता च पायाद् भ्रूमध्यपङ्कजम् ।
द्विदलं व्रतकामाख्या अष्टाङ्गसिद्धिदायिनी ॥ ४२ ॥
पातु नासामखिलानन्दा मनोरूपा जगत्प्रिया ।
लकारं लक्षणाक्रान्ता सर्वलक्षणलक्षणा ॥ ४३ ॥
कृष्णाजिनधरा देवी क्षकारं पातु सर्वदा ।
द्विदलस्थं सर्वदेवं सदा पातु वरानना ॥ ४४ ॥

ईश्वर के आधे आसन पर रहने वाली मेरे सदाशिव की रक्षा करें । शाकम्भरी, महामाया एवं साकिनी मेरी सर्वदा रक्षा करें । भवानी, भवमाता मेरे भ्रूमध्यस्थ पङ्कज की रक्षा करें । अष्टाङ्ग सिद्धि देने वाली व्रतकामाख्या भ्रू पङ्कज में रहने वाले द्विदल की रक्षा करें ॥ ४१-४२ ॥

जगत्प्रिया, मनोरूपा एवं अखिलानन्दा मेरे नासिका की रक्षा करें । लक्षणाक्रान्ता एवं सर्वलक्षणलक्षणा लकार की रक्षा करें । कृष्णमृग का चर्म धारण करने वाली देवी सर्वदा क्षकार की रक्षा करें । वरानना देवी द्विदल पर रहने वाले सभी देवों की रक्षा करें ॥ ४३-४४ ॥

बहुरूपा विश्वरूपा हाकिनी पातु संस्थिता ।
हरापरशिवं पातु मानसं पातु पञ्चमी ॥ ४५ ॥
षट्चक्रस्था सदा पातु षट्चक्रकुलवासिनी ।
अकारादिक्षकारान्ता बिन्दुसर्गसमन्विता ॥ ४६ ॥
मातृकार्णा सदा पातु कुण्डली ज्ञानकुण्डली ।
देवकाली गतिप्रेमा पूर्णा गिरितटं शिवा ॥ ४७ ॥
उड्डीयानेश्वरी देवी सकलं पातु सर्वदा ।
कैलासपर्वतं पातु कैलासगिरिवासिनी ॥ ४८ ॥

---

१. मातुलसंस्थिता—ग० । २. नासा सुनानन्दा—क० ।

पातु मे [२]डाकिनीशक्तिर्लाकिनी राकिणी कला ।
साकिनी हाकिनी देवी षट्चक्रादीन् प्रपातु मे ॥ ४९ ॥

बहुरूपा, विश्वरूपा, संस्थिता हाकिनी, हरा परशिव की रक्षा करें तथा पञ्चमी मेरे मन की रक्षा करें । षट्चक्रो में रहने वाली एवं षट्चक्र कुल में निवास करने वाली बिन्दु तथा सर्ग अर्थात् विसर्ग युक्त अकारादि से लेकर क्षकारान्त वर्ण समुदाय की रक्षा करें ॥ ४५-४६ ॥

ज्ञान का कुण्डल धारण करने वाली कुण्डली मातृका वर्णों की रक्षा करें । देवकाली, गतिप्रेमा तथा पूर्ण शिवा गिरितट से रक्षा करें । उड्डीयानेश्वरी देवी सर्वदा हमारे सम्पूर्ण वस्तुओं की रक्षा करें । कैलास गिरिवासिनी देवी कैलास पर्वत की रक्षा करें । डाकिनी, लाकिनी, राकिणी, साकिनी, हाकिनी तथा कला ये छः शक्ति देवी हमारे षट्चक्रों की सर्वदा रक्षा करें ॥ ४७-४९ ॥

कैलासाख्यं सदा पातु पञ्चानन[१]तनूद्भवा ।
हिरण्यवर्णा रजनी चन्द्रसूर्याग्निभक्षिणी ॥ ५० ॥
सहस्रदलपद्मं मे सदा पातु कुलाकुला ।
सहस्रदलपद्मस्था दैवतं पातु खेचरी ॥ ५१ ॥
काली तारा षोडशाख्या मातङ्गी पद्मवासिनी ।
शशिकोटिगलद्रूपा पातु मे सकलं तमः ॥ ५२ ॥
वने[२] घोरे जले देशे युद्धे वादे[३] श्मशानके ।
सर्वत्र गमने ज्ञाने सदा मां पातु शैलजा ॥ ५३ ॥

पञ्चाननतनूद्भवा देवी कैलास नाम की रक्षा करें, हिरण्यवर्णा रजनी चन्द्र सूर्याग्नि भक्षिणी तथा कुलाकुला हमारे सहस्रदल पद्म की सदा रक्षा करें । खेचरी सहस्रदल पद्म पर रहने वाले समस्त देवताओं की रक्षा करें ॥ ५०-५१ ॥

काली, तारा, षोडशी, मातङ्गी, महालक्ष्मी जिनका स्वरूप करोड़ों चन्द्रमा के समान कान्तिमान् है वे मेरे समस्त अज्ञान रूप अन्धकार की रक्षा करें । घोर वन में, जल प्रदेश में, युद्ध में, विवाद में, श्मशान में और सभी स्थानों की यात्रा में तथा ज्ञान में शैलजा मेरी रक्षा करें ॥ ५२-५३ ॥

पर्वते विविधायासे विनाशे पातु कुण्डली ।
पादादिब्रह्मरन्ध्रान्तं सर्वाकाशं सुरेश्वरी ॥ ५४ ॥
सदा पातु सर्वविद्या सर्वज्ञानं सदा मम ।
नवलक्षमहाविद्या दशदिक्षु प्रपातु माम् ॥ ५५ ॥

पर्वत पर, अनेक प्रकार के आयास साध्य कार्य में तथा विनाश में कुण्डली हमारी रक्षा

---

१. मानं मन—ग० । २. रणे— क० ।
३. युद्धे वा देश शानेके—ग० ।

करें । पैर से लेकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त तथा सभी सर्वाकाश में सुरेश्वरी हमारी रक्षा करें । सर्वविद्या सदैव मेरे सर्वज्ञान की रक्षा करें । नव लाख की संख्या में होने वाली महाविद्या देवियाँ दशों दिशाओं में हमारी रक्षा करें ॥ ५४-५५ ॥

इत्येतत् कवचं देवि कुण्डलिन्याः प्रसिद्धिदम् ।
ये पठन्ति ध्यानयोगे योगमार्गव्यवस्थिताः ॥ ५६ ॥
ते यान्ति मुक्तिपदवीमैहिके नात्र संशयः ।
मूलपद्मे मनोयोगं कृत्वा हृदासनस्थितः ॥ ५७ ॥
मन्त्रं ध्यायेत् कुण्डलिनीं मूलपद्मप्रकाशिनीम् ।
धर्मोदयां दयारूढामाकाशस्थानवासिनीम् [१] ॥ ५८ ॥

फलश्रुति—प्रकृष्ट सिद्धि देने वाले कुण्डलिनी देवी के इस कवच का जो लोग योगमार्ग का पालन करते हुए ध्यान पूर्वक पाठ करते हैं वे इसी लोक में मुक्त हो जाते हैं इसमें संशय नहीं । मूलाधार के चतुर्दल पद्म में हृदयासन पर स्थित हो मन लगाकर मन्त्र का जप करते हुए मूलाधार पद्म को प्रकाशित करने वाली, धर्म की अभ्युदयकारिणी दयावती आकाश स्थान में रहने वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५६-५८ ॥

अमृतानन्दरसिकां विकलां सुकलां शिताम् ।
अजितां [२] रक्तरहितां विशक्तां रक्तविग्रहाम् ॥ ५९ ॥
रक्तनेत्रां कुलक्षिप्तां ज्ञानाञ्जनजयोज्ज्वलाम् ।
विश्वाकारां मनोरूपां मूले ध्यात्वा प्रपूजयेत् ॥ ६० ॥

वह कुण्डलिनी देवी अमृतानन्द की रसिक कला रहित (निराकार) सुकला (साकार) शुभ्रवर्णा, अजिता, राग रहित, विशेष आसक्ति वाली, रक्तवर्ण की विग्रह वाली, रक्तनेत्रा, कुल में निवास करने वाली, ज्ञान रूप अञ्जन से विजयोज्ज्वला, विश्वाकारा, मनोरूपा हैं । मूलाधार में स्थित इस प्रकार के स्वरूप वाली उन कुण्डलिनी का ध्यान कर साधक को पूजा करनी चाहिए ॥ ५९-६० ॥

यो योगी कुरुते एवं स सिद्धो नात्र संशयः ।
रोगी रोगात् प्रमुच्येत बद्धो मुच्येत बन्धनात् ॥ ६१ ॥
राज्यं श्रियमवाप्नोति राज्यहीनः पठेद्यदि ।
पुत्रहीनो लभेत् पुत्रं योगहीनो भवेद्वशी ॥ ६२ ॥

जो योगी ऐसा करता है वह सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं । इसका पाठ करने से रोगी रोग से मुक्त हो जाता है, बन्धन में पड़ा हुआ व्यक्ति बन्धन मुक्त हो जाता है । यदि राज्य भ्रष्ट इसका पाठ करे तो वह राज्य तो प्राप्त करता ही है श्री भी प्राप्त करता है पुत्रहीन पुत्र प्राप्त करता है, योग न जानने वाला जितेन्द्रिय हो जाता है ॥ ६१-६२ ॥

---

१. वाहिनीम्—ग० ।—आकाशस्थाने वसति तच्छीला ताम् ।
२. असिताम्—ग० ।—कृष्णामित्यर्थः ।
३. शिखाकाराम्—ग० ।

कवचं धारयेद्यस्तु शिखायां[२] दक्षिणे भुजे ।
वामा वामकरे धृत्वा सर्वाभीष्टमवाप्नुयात् ॥ ६३ ॥
स्वर्णे रौप्ये तथा ताम्रे स्थापयित्वा प्रपूजयेत् ।
सर्वदेशे सर्वकाले पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ६४ ॥
स भूयात् कुण्डलीपुत्रो नात्र कार्या विचारणा ॥ ६५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिविद्याप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे कन्दवासिनीकवचं नाम त्रयस्त्रिंशः[१] पटलः ॥ ३३ ॥

जो साधक शिखा में अथवा दक्षिण भुजा में इस कवच को धारण करता है अथवा स्त्री बाईं भुजा में धारण करे तो उनके सारे अभीष्टों की तत्काल सिद्धि हो जाती है । स्वर्ण के या चाँदी के अथवा ताम्रपात्र में देवी की स्थापना कर पूजा करनी चाहिए । सभी स्थान पर सभी काल में (कवच) पढ़ने से सिद्धि प्राप्त होती है । ऐसा पुरुष कुण्डली का पुत्र बन जाता है, इसमें विचार की आवश्यकता नहीं ॥ ६३-६५ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन के सिद्धि विद्या प्रकरण में षष्टचक्र प्रकाश में भैरवी भैरव संवाद में कन्दवासिनी कवच नामक तैंतीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३३ ॥

---

१. पञ्चत्रिंशत्—क० ।

अथ चतुस्त्रिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच[1]

अथ भेदान् प्रवक्ष्यामि हिताय जगतां प्रभो ।
निर्मलात्मा शुचिः श्रीमान् ध्यानात्मा[2] च सदाशिवः ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे प्रभो ! इसके अनन्तर जगत् के हित के लिए (योग को) कहती हूँ । सदाशिव निर्मलात्मा शुचि श्रीमान् ध्यानात्मा हैं ॥ १ ॥

स मोक्षगो ज्ञानरूपी स षट्चक्रार्थभेदकः[3] ।
त्रिगुणज्ञानविकलो[4] न पश्यति दिवानिशम् ॥ २ ॥
दिवारात्र्यज्ञानहेतोर्न पश्यति कलेवरम् ।
इति कृत्वा हि मरणं नृणां जन्मनि जन्मनि ॥ ३ ॥

वही मोक्ष देने वाले ज्ञान स्वरूप तथा षट्चक्रों का भेदन करने वाले हैं । किन्तु मनुष्य दिन रात त्रिगुणात्मक ज्ञान (सत्त्व, रज, तम) से विकल रहने के कारण उनकों नहीं देख पाता । दिन रात का ज्ञान न रहने के कारण वह अपने शरीर का भी ध्यान नहीं करता । इसी कारण वह प्रत्येक जन्म में मृत्यु को प्राप्त होता रहता है ॥ २-३ ॥

तज्जन्मक्षयहेतोश्च[5] मम योगं समभ्यसेत् ।
पञ्चस्वरं[6] महायोगं कृत्वा स्यादमरो नरः ॥ ४ ॥

इसलिए जन्म के क्षय के लिए हमारे द्वारा बताए गए योग का अभ्यास करना चाहिए। उस महायोग का नाम पञ्चस्वर है, जिसके करने से मनुष्य अमर हो जाता है ॥ ४ ॥

तत्प्रकारं शृणुष्वाथ[7] वल्लभ प्रियदर्शन ।
तव भावेन[8] कथये न कुत्र वद शङ्कर ॥ ५ ॥

हे वल्लभ ! हे प्रिय दर्शन ! हे शङ्कर ! अब उस पञ्चस्वर नामक महायोग के प्रकार को सुनिए । मैं आपके ऊपर स्नेह के कारण उसे कहती हूँ । अतः उसे अन्यत्र प्रकाशित न कीजिये ॥ ५ ॥

---

१. श्रीभैरवी उवाच—क० । २. ध्यानाचार—ग० । ३. विभेदकः—ग० ।
४. त्रिगुणो विकुको देवोऽनुपश्यति दिवानिशम्—ग० ।
५. तज्जन्य—ग० ।—तज्जन्मनः क्षयस्य हेतुः, तस्येत्यर्थः ।
६. पञ्चामरा—क० । ७. प्राण—ग० ।
८. तदभावेन कायेन कुत्रापि वद शङ्कर—ग० ।

यदि लोकस्य निकटे कथ्यते योगसाधनम्[१] ।
विघ्ना घोरा वसन्त्येव गात्रे योगादिकं कथम् ॥ ६ ॥
योगयोगाद् भवेन्मोक्षः[२] तत्प्रकाशाद्विनाशनम् ।
अतो न दर्शयेद् योगं यदीच्छेदात्मनः शुभम् ॥ ७ ॥

यदि लोगों के सामने योग साधन प्रकाशित हो जाता है तो साधक को महान् विघ्न होने लगते हैं फिर शरीर से किस प्रकार योग संभव हो सकता है । योग से युक्त हो जाने पर मोक्ष प्राप्ति संभव है । यदि योग प्रकाशित हो जाता है तो साधक का विनाश हो जाता है । इसलिए यदि अपना कल्याण चाहे तो अपना योग किसी के सामने प्रगट न करे ॥ ६-७ ॥

कृत्वा पञ्चामरा[३] योगं प्रत्यहं भक्तिसंयुतः ।
पठेत् श्रीकुण्डलीदेवीसहस्रनाम चाष्टकम् ॥ ८ ॥
महायोगी भवेन्नाथ षण्मासे नात्र संशयः ।
पञ्चमे वा[४] योगविद्या सर्वविद्याप्रकाशिनी ॥ ९ ॥

पञ्चामरयोग प्रतिदिन भक्तिपूर्वक निष्पन्न कर श्री कुण्डली देवी के एक हजार आठ नाम का पाठ करना चाहिए । हे नाथ ! ऐसा करने से साधक छः महीने में अथवा पाँच महीने में महायोगी बन जाता है इसमें संशय नहीं । वस्तुतः योगविद्या समस्त विद्याओं को प्रकाशित करने वाली हैं ॥ ८-९ ॥

कृत्वा पञ्चस्वरा सिद्धिं ततोऽष्टाङ्गादिधारणा ।
आदौ पञ्चस्वरा सिद्धिस्ततोऽन्या योगधारणा ॥ १० ॥

पञ्चस्वरों की सिद्धि कर तब अष्टाङ्ग योग वर्णित धारणा करनी चाहिए । अर्थात् पञ्चस्वर की सिद्धि प्रथमतः करके, तदनन्तर अन्य योग धारण का विधान कहा गया है ॥ १० ॥

तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि सावधानावधारय ।
अहं जानामि संसारे केवलं योगपण्डितान् ॥ ११ ॥
तत् साक्षिणी ह्यहं नाथ भक्तानामुदयाय च ।
इदानीं कथये तेऽहं मम वा योगसाधनम् ॥ १२ ॥

हे नाथ ! उसका प्रकार कहती हूँ, सावधान होकर धारण कीजिए । क्योंकि सभी योग पण्डितों में केवल मैं ही उसका विधान जानती हूँ । हे नाथ ! मैं उसकी साक्षिणी हूँ, इसलिए इस समय भक्तों के कल्याण के लिए उसे कहती हूँ, क्योंकि योग साधन आपके पास है अथवा हमारे पास है ॥ ११-१२ ॥

एवं कृत्वा नित्यरूपी योगानामष्टधा यतः ।
ततः कालेन पुरुषः सिद्धिमाप्नोति निश्चितम् ॥ १३ ॥

---

१. योगधारणम्—ग० । २. योगानां योगस्तस्मादित्यर्थः ।
३. स्वरा—ग० । ४. स्वरा—ग० ।

इसे नित्य करके तब अष्टाङ्ग योग करना चाहिए । फिर तो कुछ काल के अनन्तर पुरुष को निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १३ ॥

पञ्चामरा विधानानि क्रमेण शृणु शङ्कर ।
नेतीयोगं हि सिद्धानां महाकफविनाशनम् ॥ १४ ॥
दन्तियोगं[१] प्रवक्ष्यामि[२] पश्चाद् हृदयभेदनात् ।
धौतीयोगं ततः पश्चात् सर्वमलविनाशनात्[३] ॥ १५ ॥

हे शङ्कर ! अब पञ्चामर विधान को एक एक के क्रम से सुनिए ! **नेती योग** सिद्धों के समस्त कफ को विनष्ट करने वाला है । उसके पश्चात् हृदय का भेदन करने वाले **दन्तीयोग** कहूँगी । इसके पश्चात् सम्पूर्णमल के विनाश करने वाले **धौती योग** कहूँगी ॥ १४-१५ ॥

नेउलीयोगमपरं सर्वाङ्गोदरचालनात् ।
क्षालनं परमं योगं नाडीनां क्षालनात्[४] स्मृतम् ॥ १६ ॥
एतत् पञ्चामरायोगं यमिनामतिगोचरम्[५] ।
यमनियमकाले[६] तु पञ्चामराक्रियां यजेत् ॥ १७ ॥

फिर सर्वाङ्ग तथा उदर को संचालित करने वाले **नेउली योग** इसके बाद **क्षालन** नामक परमयोग को कहूँगी । नाडियों का प्रक्षालन करने के कारण इसका नाम क्षालन हैं । यह पञ्चामर योग संयम करने वाले योगियों की जानकारी से बाहर है । इसलिए यम नियम के समय योगी को पञ्चामर क्रिया करनी चाहिए ॥ १६-१७ ॥

अमरा साधनादेव[७] अमरत्वं लभेद् ध्रुवम् ।
एतत्करणकाले च तथा पञ्चामरासनम्[८] ॥ १८ ॥
पञ्चामराभक्षणेन[९] अमरो योगसिद्धिभाक् ।

अमरा के साधन से साधक अवश्य ही अमरता प्राप्त कर लेता है, इसके करने के समय पञ्चामरासन तथा पञ्चामरा का भक्षण करने से योग की सिद्धि प्राप्त हो जाती है और साधक अमर हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

तानि द्रव्याणि वक्ष्यामि तवाग्रे परमेश्वर ॥ १९ ॥
येन हीना न सिद्ध्यन्ति कल्पकोटिशतेन च ।
एका तु अमरा दूर्वा तस्या ग्रन्थिं समानयेत् ॥ २० ॥

हे परमेश्वर ! अब भक्षण के लिए आपके आगे उन पञ्चामर द्रव्यों को कहती हूँ ।

---

१. दन्तीं—क० । २. ततः पश्चात् हृदयग्रन्थिभेदनात्—ग० ।
३. विनाशनम्—ग० । ४. क्षालनम्—ग० ।
५. स्वरा—ग० । ६. यमाश्च नियमाश्च यमनियमाः, तेषां काले इति भावः ।
७. त्वरक्रियाञ्चरेत्—ग० । ८. पञ्चाखर—ग० । ९. पञ्चमद्या—ग० ।

जिनके बिना सेवन किए कोई सैकड़ों करोड़ कल्प में भी सिद्ध नहीं हो सकता । एक **अमरा दूर्वा** है उसकी ग्रन्थि ले आनी चाहिए ॥ १९-२० ॥

अन्या तु विजया देवी सिद्धिरूपा सरस्वती ।
अन्या तु बिल्वपत्रस्था शिवसन्तोषकारिणी ॥ २१ ॥
अन्या तु योगसिद्ध्यर्थे निर्गुण्डी[1] चामरा मता ।
अन्या तु कालितुलसी श्रीविष्णोः परितोषिणी ॥ २२ ॥

दूसरी अन्य **विजया** देवी हैं जो सिद्धि स्वरूपा सरस्वती हैं, तीसरी **अमरा बिल्वपत्र** में रहने वाली हैं, जो सदाशिव को तृप्त करने वाली हैं । इसके अतिरिक्त योगसिद्धि के लिए चौथी **निर्गुण्डी अमरा** कही गई है । इसके बाद पाँचवी अमरा **काली तुलसी** हैं, जो श्री विष्णु को संतुष्ट करने वाली हैं ॥ २१-२२ ॥

एताः पञ्चस्वराः ज्ञेया योगसाधनकर्मणि ।
एतासां द्विगुणं ग्राह्यं विजयापत्रमुत्तमम्[2] ॥ २३ ॥

इन्हें पञ्चस्वरा भी कहते हैं, योगसाधन कर्म में इनका उपयोग करना चाहिए । इन सभी का दुगुना उत्तम विजया पत्र ग्रहण करना चाहिए ॥ २३ ॥

ब्राह्मणी क्षत्रिया वैश्या शूद्राः सर्वत्र पूजिताः ।
एतद्द्रव्याणि सङ्ग्राह्य भक्षयेच्चूर्णमुत्तमम् ॥ २४ ॥
तच्चूर्णभक्षसमये एतन्मन्त्रादिपञ्चमम् ।
पठित्वा भक्षणं कृत्वा नरो मुच्येत सङ्कटात् ॥ २५ ॥

ब्राह्मणी, क्षत्रिया, वैश्या और शूद्रा जाति की सभी विजया सर्वत्र पूजनीय हैं । इन द्रव्यों को एकत्रित कर इनका श्रेष्ठ चूर्ण भक्षण करना चाहिए । इनके चूर्ण को भक्षण करते समय इन पाँच मन्त्रों को पढ़कर भक्षण करना चाहिए ऐसा करने से मनुष्य सङ्कटों से छूट जाता है ॥ २४-२५ ॥

ॐ त्वं दूर्वेऽमरपूज्ये त्वं अमृतोद्भवसम्भवे ।
अमरं मां सदा भद्रे कुरुष्व नृहरिप्रिये ॥ २६ ॥
ॐ दूर्वायै नमः स्वाहा इति दूर्वायाः ।
पुनर्विजयामन्त्रेण शोधयेत् सर्वकन्यकाः ।
ॐ संविदे ब्रह्मसम्भूते ब्रह्मपुत्रि सदाऽनघे ।
भैरवाणां च तृप्त्यर्थे पवित्रा भव सर्वदा ॥ २७ ॥
ॐ ब्राह्मण्यै नमः स्वाहा ।
ॐ सिद्धिमूलकरे देवि हीनबोधप्रबोधिनि ।

---

१. नृत्यन्ती—ग० ।
२. विजयाया भङ्गायाः पत्रम् । भङ्गा इति तु 'भाँग' इति लोके प्रसिद्धम् ।

राजपुत्रीवशङ्करि शूलकण्ठत्रिशूलिनि ॥ २८ ॥
ॐ क्षत्रियायै नमः स्वाहा ।
ॐ अज्ञानेन्धनदीप्ताग्नि ज्ञानाग्निज्ज्वालरूपिणि[1] ।
आनन्दाद्याहुतिं कृत्वा[2] सम्यक्ज्ञानं प्रयच्छ मे ॥ २९ ॥
ह्रीं ह्रीं वैश्यायै नमः स्वाहा
ॐ नमस्यामि नमस्यामि योगमार्गप्रदर्शिनि ।
त्रैलोक्यविजये मातः समाधिफलदा भव ॥ ३० ॥
श्रीं शूद्रायै नमः स्वाहा ।
ॐ काव्यसिद्धिकरी[3] देवी बिल्वपत्रनिवासिनि ।
अमरत्वं सदा देहि शिवतुल्यं कुरुष्व माम् ॥ ३१ ॥
ॐ शिवदायै नमः स्वाहा ।
निर्गुण्डि परमानन्दे योगानामधिदेवते ।
सा मां रक्षतु अमरे भावसिद्धिप्रदे नमः ॥ ३२ ॥
ॐ शोकापहायै नमः स्वाहा ।
ॐ विष्णोः प्रिये महामाये महाकालनिवारिणी[4] ।
तुलसी मां सदा रक्ष मामेकममरं कुरु ॥ ३३ ॥
ॐ ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं अमरायै नमः स्वाहा ।
पुनरेव समाकृत्य सर्वासां शोधनञ्चरेत् ॥ ३४ ॥

१. 'ॐ त्वं दूर्वे ... ... नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र दूर्वा के लिए हैं । फिर विजया मन्त्र पढ़कर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र जाति वाली विजया कन्याओं का इस प्रकार शोधन करें ।

२. 'ॐ सम्विदे ... ... ॐ ब्राह्मण्यै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर ब्राह्मण जाति वाली विजया का संशोधन करे । तदनन्तर 'ॐ सिद्धिमूल करे ... ... क्षत्रियायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर क्षत्रिय जाति वाली विजया का शोधन करे । इसके बाद 'ॐ अज्ञानेन्धन ... ... वैश्यायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर वैश्या जाति वाली विजया का शोधन करना चाहिए । इसके पश्चात् 'ॐ नमस्यामि ... ... शूद्रायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर शूद्रा जाति वाली विजया का संशोधन करे ।

३. तदनन्तर 'ॐ काव्यसिद्धिकरी ... .. शिवदायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर बिल्वपत्र का संशोधन करे ।

४. फिर 'निर्गुण्डि परमानन्दे ... ... शोकापहायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़ कर निर्गुण्डी का संशोधन करे ।

५. फिर 'ॐ विष्णो: प्रिये ... ... मामेकममरं कुरु' पर्यन्त पढ़कर काली तुलसी का

---

१. ज्ञानाग्निज्वल—ग० । २. दत्वा—ग० ।

३. काम—ग० ।

४. कालजालविधारिणी—ग० ।—महाकालं निवारयति, तच्छीला ।

संशोधन करे । इसके बाद 'ॐ ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं अमरायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर सभी को एक में मिलाकर सभी का संशोधन करे ॥ २६-३४ ॥

ॐ अमृते अमृतोद्भवेऽमृतवर्षिणि अमृतमाकर्षय ।
आकर्षय सिद्धिं देहि स्वाहा ।
धेनुमुद्रां योनिमुद्रां मत्स्यमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
तत्त्वमुद्राक्रमेणैव तर्पणं कारयेद् बुधः ॥ ३५ ॥

इसके बाद 'ॐ अमृते अमृतोद्भवेऽमृतवर्षिणि अमृतमाकर्षय आकर्षय सिद्धिं देहि स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर धेनु मुद्रा, योनिमुद्रा तथा मत्स्य मुद्रा प्रदर्शित करे । तदनन्तर तत्त्व मुद्रा के क्रम से बुद्धिमान् पुरुष तर्पण भी करावे ॥ ३५ ॥

अमन्त्रकं सप्तवारं[१] गुरोर्नाम्ना शिवेऽर्पयेत् ।
सप्तकञ्च स्वेष्टदेव्या नाम्ना शुद्धिं[२] प्रदापयेत् ॥ ३६ ॥
ततस्तर्पणमाकुर्यात्तर्पयामि नमो नमः ।
एतद्वाक्यस्य पूर्वे च इष्टमन्त्रं समुच्चरेत् ॥ ३७ ॥

उस चूर्ण को बिना मन्त्र पढ़े केवल सात बार गुरु का नाम लेकर सदाशिव को अर्पण करे । तदन्तर सात बार अपनी इष्टदेवी का नाम ले कर शुद्धि करवावे । इसके बाद 'तर्पयामि नमो नमः' मन्त्र पढ़कर तर्पण करें । किन्तु इसके पहले अपने इष्ट देवता का मन्त्र उच्चारण करे ॥ ३६-३७ ॥

परदेवतां समुद्धृत्य सर्वाद्यप्रणवं स्मृतम् ।
ततो मुखे प्रजुहुयात् कुण्डलीनामपूर्वकम् ॥ ३८ ॥

फिर सर्वाद्य प्रणव, तदनन्तर परदेवता, फिर कुण्डली का नाम ले कर अपने मुख में उस चूर्ण की आहुति देवे । मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है 'ॐ परदेवता मे कुण्डल्यै स्वाहा' ॥ ३८ ॥

ॐ ऐं वद वद वाग्वादिनि मम जिह्वाग्रे स्थिरीभव ।
सर्वसत्त्ववशङ्करि[३] शत्रुकण्ठत्रिशूलिनि स्वाहा ।
एतज्जप्त्वा साश्रमी[४] च वशी साधकसत्तमः ।
पञ्चामरा[५] शासनज्ञः कुलाचारविधिप्रियः ॥ ३९ ॥
स्थिरचेता भवेद्योगी यदि पञ्चामरागतः[६] ।

इसके बाद 'ॐ ऐं वद वद वाग्वादिनि मम जिह्वाग्रे स्थिरीभव सर्वसत्त्ववशङ्करी शत्रुकण्ठत्रिशूलिनि स्वाहा' मन्त्र का जप करे । आश्रम युक्त जितेन्द्रिय साधक इस मन्त्र

---

१. सप्तबारमिष्ट—ग० ।
२. सिद्धिम्—ग० ।
३. स्वर—ग० ।
४. यशस्वी—ग० ।
५. पञ्चस्वरा साधकज्ञः—ग० ।
६. पञ्चमद्यागतः—ग० ।

का जप कर पञ्चामरा के शासन को जानकार, कुलाचार विधि मे प्रेम रखने वाला, स्थिर चित्त योगी तथा पञ्चाङ्ग का सेवक हो जाता है ॥ ३९-४० ॥

नेतीयोगविधानानि शृणु कैलासपूजिते ॥ ४० ॥
येन सर्वमस्तकस्थकफानां दहनं भवेत् ।

अब हे कैलास पूजित ! **नेती के योग के विधान** को सुनिए । इसके करने से मस्तक में रहने वाले समस्त कफ जल जाते हैं ॥ ४०-४१ ॥

सूक्ष्मसूत्रं दृढतरं प्रदद्यात् नासिकाबिले[१] ॥ ४१ ॥
मुखरन्ध्रे समानीय सन्धानेन समानयेत् ।
पुनः पुनः सदा योगी यातायातेन[२] घर्षयेत् ॥ ४२ ॥

अत्यन्त पतला किन्तु परिपुष्ट सूत्र नासिका के बिल में डालना चाहिए । फिर उसे मुख के छिद्र से बाहर निकाल कर पुनः पुनः यातायात द्वारा घर्षण करना चाहिए ॥ ४१-४२ ॥

क्रमेण वर्द्धनं कुर्यात् सूत्रस्य परमेश्वर ।
नेतीयोगेन नासाया रन्ध्रं निर्मलकं भवेत् ॥ ४३ ॥
वायोर्गमनकाले तु महासुखमिति प्रभो ।
दन्तीयोगं ततः पश्चात्कुर्यात् साधकसत्तमः ॥ ४४ ॥

हे परमेश्वर ! क्रमशः क्रमशः सूत्र को बढ़ाता रहे । इस प्रकार के नेती योग से नासा का छिद्र सर्वथा निर्मल हो जाता है । जब नासिका छिद्र से वायु का सञ्चार होता है तब, हे प्रभो ! नेती करने वाले को महासुख की अनुभूति होती है । नेती योग के बाद उत्तम साधक दन्ती योग करे ॥ ४३-४४ ॥

दन्तधावनकाले तु योगमेतत् प्रकाशयेत् ।
दन्तधावनकाष्ठञ्च सार्धहस्तैकसम्भवम् ॥ ४५ ॥
नातिस्थूलं नातिसूक्ष्मं नवीनं नम्रमुत्तमम् ।
अपक्वं यत्नतो ग्राह्यं मृणालसदृशं तरुम् ॥ ४६ ॥

यह योग दन्तधावन काल में प्रदर्शित करना चाहिए । दन्तधावन वाला काष्ठ लगभग डेढ़ हाथ का बनाना चाहिए । जो अत्यन्त मोटा न हो और अत्यन्त पतला भी न हो । सर्वथा नवीन कोमल और उत्तम होना चाहिए । यह बहुत पका भी न हो, मृणाल के सदृश न टूटने वाले पेड़ का होना चाहिए ॥ ४५-४६ ॥

गृहीत्वा दन्तकाष्ठं वै योगी[३] नित्यं प्रभक्षयेत् ।
दन्तकाष्ठाग्रभागञ्च कनिष्ठाङ्गुलिपर्वतः ॥ ४७ ॥
एवं दन्तावलिभ्याञ्च चर्वणं सुन्दरं चरेत् ।

---

१. नासिकाया बिलं छिद्रम् ।
२. यातं चायातं चानयोः समाहारस्तेनेत्यर्थः ।
३. तत् क्रमेण तु—ग० ।

ततः प्रक्षाल्य तोयेन शनैर्गिलनमाचरेत् ॥ ४८ ॥
शनैः शनैः प्रकर्त्तव्यं कायावाक्चित्तशोधनम् ।

योगी इस प्रकार के दन्त काष्ठ को लेकर नित्य उसको चबाना चाहिए । दन्त काष्ठ का अग्रभाग कानी अंगुली के पर्व के समान होना चाहिए । ऐसे दन्तकाष्ठ को दाँतों के बल चबाते रहना उत्तम प्रक्रिया है, उसे जल से धो कर धीरे धीरे निगलते रहना चाहिए । इस प्रकार धीरे धीरे शरीर, वाणी एवं चित्त का शोधन करना चाहिए ॥ ४७-४९ ॥

यावदभिन्नकाष्ठाग्रं[१] नाभिमूले त्वनाक्षतम् ॥ ४९ ॥
तावत् सूक्ष्मतरं ग्राह्यमवश्यं प्रत्यहञ्चरेत् ।
हृदये जलचक्रञ्च यावत् खण्डं न जायते ॥ ५० ॥
तावत्कालं सर्वदिने प्रभाते दन्तधावनम्[२] ।
हृदये कफभाण्डस्य खण्डनं जायते ध्रुवम् ॥ ५१ ॥

पाकशासनरक्षिका और पाकसंस्था मेरे दोनों पैरों की तथा कुलालचक्रभ्रमरा मेरे पादांगुली की रक्षा करें । दशविद्या मेरे नखाग्रभागों की तथा विंशरूपा कालनाक्षा मेरे दोनों हाथों की सदैव रक्षा करें ॥ १८१-१८२ ॥

कुलच्छत्राधाररूपा कुलमण्डलगोपिता ।
कुलकुण्डलिनी माता कुलपण्डितमण्डिता ॥ १८३ ॥
काकाननी[5] काकतुण्डी काकायुः प्रखरार्कजा ।
काकज्वरा काकजिह्वा काकाजिज्ञा[6] सनस्थिता ॥ १८४ ॥

---

१. अर्ककोटिशतेनाभासते इति विग्रहः ।
२. अक्षराक्षरैर्मालयति इति विग्रहः ।
३. मृकत्तमा (?) ।
४. युग्मकम्—क० ।
५. काकानना—क० ।
६. कपिक्रोधा—ग० ।

कपिध्वजा कपिक्रोशा कपिबाला[१] हिकस्वरा[२] ।
कालकाञ्ची विंशतिस्था सदा विंशनखाग्रहम् ॥ १८५ ॥

कुलच्छत्रा, आधाररूपा, कुलमण्डलगोपिता, कुलकुण्डलिनी माता, कुलपण्डित-मण्डिता, काकाननी, काकतुण्डी, काकायु:, प्रखरार्कजा, काकज्वरा, काकजिह्वा, काकजिघ्रा, आसनस्थिता, कपिध्वजा, कपिक्रोशा, कपिबाला, अहिकस्वरा, कालकाञ्ची तथा विशतिस्था, सर्वदा बीस नखग्रहों की रक्षा करें ॥ १८३-१८५ ॥

पातु देवी कालरूपा कलिकालफलालया ।
वाते वा पर्वते वापि शून्यागारे चतुष्पथे ॥ १८६ ॥
कुलेन्द्रसमयाचारा कुलाचारजनप्रिया[३] ।
कुलपर्वतसंस्था च कुलकैलासवासिनी[४] ॥ १८७ ॥
महादावानले पातु कुमार्गे कुत्सितग्रहे ।
राज्ञोऽप्रिये राजवश्ये महाशत्रुविनाशने ॥ १८८ ॥

कलिकाल में फलों को देने वाली कालरूपा देवी आँधी, पर्वत, निर्जन स्थान तथा चतुष्पथ में हमारी रक्षा करें । कुलेन्द्र समयाचारा, कुलाचारजनप्रिया, कुलपर्वतसंस्था, कुलकैलासवासिनी, महादावानल में कुमार्ग में बुरे ग्रहों की दशा में, राजा के अप्रिय में और राजा की परवशता में तथा महाशत्रु के विनाश कार्य में मेरी रक्षा करें ॥ १८६-१८८ ॥

कलिकालमहालक्ष्मी: क्रियालक्ष्मी: कुलाम्बरा ।
कलीन्द्रकीलिता कीला कीलालस्वर्गवासिनी ॥ १८९ ॥
दशदिक्षु सदा पातु इन्द्रादिदशलोकपा ।
नवच्छिन्ने सदा पातु सूर्यादिकनवग्रहा ॥ १९० ॥

कलिकाल महालक्ष्मी क्रियालक्ष्मी, कुलाम्बरा, कालीन्द्रकीलिता, कीला कीलालस्वर्ग वासिनी तथा इन्द्रादि दश लोकपाल दशों दिशाओं में हमारी रक्षा करें । नवच्छिन्न में सूर्यादिक नव ग्रह सर्वदा रक्षा करें ॥ १८९-१९० ॥

पातु मां कुलमांसाढ्या कुलपद्मनिवासिनी ।
कुलद्रव्यप्रिया मध्या[५] षोडशी भुवनेश्वरी ॥ १९१ ॥
विद्यावादे विवादे च मत्तकाले महाभये ।
दुर्भिक्षादिभये चैव व्याधिसङ्करपीडिते ॥ १९२ ॥
कालीकुल्ला कपाली च कामाख्या कामचारिणी ।
सदा मां कुलसंसर्गे पातु कौले सुसङ्गता ॥ १९३ ॥
सर्वत्र सर्वदेशे च कुलरूपा सदावतु ।

---

१. वाना—ग । २. कपि—ग० ।
३. कुलाचारजना: प्रिया यस्या: सा इत्यर्थ: । ४. कुले कैलासे च वसति तच्छीला ।
५. कले: काल: कलिकालस्तत्र लक्ष्मी: ।

कुलमांसाढ्या, कुलपद्मनिवासिनी, कुलद्रव्य प्रिया, मध्या षोडशी भुवनेश्वरी मेरी रक्षा करें । विद्या के बाद (शास्त्रार्थ) में विवाद में उन्मत्त से पाला पड़ने पर महामय उपस्थित होने पर दुर्भिक्षादि भय के काल में तथा अनेक व्याधियों के साकर्य से पीडित होने पर कालीकुल्ला, कपाली, कामाख्या, कामचारिणी मेरी रक्षा करें । कुल (कुण्डलिनी) के संसर्ग में कौल (शाक्तों) में सुसङ्गता मेरी रक्षा करें । सर्वत्र सभी देशों में कुलरूपा हमारी रक्षा करें ॥ १९१-१९४ ॥

इत्येतत् कथितं नाथ मातुः प्रसादहेतुना ॥ १९४ ॥
अष्टोत्तरशतं नाम सहस्रं कुण्डलीप्रियम् ।
कुलकुण्डलिनीदेव्याः सर्वमन्त्रसुसिद्धये ॥ १९५ ॥

हे नाथ ! मैने श्री माता की कृपा से कुण्डली प्रिय ११०८ नामों को कहा है । कुलकुण्डलिनी के ये नाम सभी मन्त्रों की सिद्धि देने के लिए है ॥ १९४-१९५ ॥

सर्वदेवमनूनाञ्च चैतन्याय सुसिद्धये ।
अणिमाद्यष्टसिद्ध्यर्थं साधकानां हिताय च ॥ १९६ ॥

सभी देवों के मन्त्रों को चैतन्य करने के लिए, सम्यक् सिद्धि प्रदान करने के लिए, अणिमादि अष्टसिद्धि के लिए तथा साधकों का हित करने के लिए इन्हें हमने कहा है ॥ १९६ ॥

ब्राह्मणाय प्रदातव्यं कुलद्रव्यपराय[1] च ।
अकुलीनेऽब्राह्मणे च न देयः कुण्डलीस्तवः ।
प्रवृत्ते कुण्डलीचक्रे सर्वे वर्णा द्विजातयः ॥ १९७ ॥

ये ११०८ नाम ब्राह्मण को अथवा कुलद्रव्य में निष्ठा रखने वालों को ही देना चाहिए । जो कुलमार्ग में निष्ठा न रखता हो तथा ब्राह्मण योनि में जन्म लेने वाला न हो, उसे यह कुण्डलीस्तव कदापि प्रदान नहीं करना चाहिए । कुण्डली चक्र के प्रवृत्त होने पर सभी वर्ण द्विजाति हैं ॥ १९७ ॥

निवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः पृथक्-पृथक् ।
कुलीनाय प्रदातव्यं साधकाय विशेषतः ॥ १९८ ॥
दानादेव हि सिद्धिः स्यान्ममाज्ञाबलहेतुना ।
मम क्रियायां यस्तिष्ठेत्स मे पुत्रो न संशयः ॥ १९९ ॥

भैरवी चक्र के निवृत्त हो जाने पर सभी वर्ण अलग अलग हैं । यह कुण्डली स्तव विशेष कर कुलीन साधक को ही देना चाहिए । मेरी आज्ञा के प्रताप से इस स्तोत्र के देने मात्र से भी सिद्धि हो जाती है । जो मेरी अर्चना पूजा में निरन्तर लगा रहे वह मेरा पुत्र है, इसमें संशय नहीं ॥ १९८-१९९ ॥

स आयाति[2] मम पदं जीवन्मुक्तः स[3] वासवः ।
आसवेन समांसेन कुलवह्नौ महानिशि ॥ २०० ॥

---

१. कुलद्रव्यं कुलरूपं धनम्, तत् परं प्रधानं यस्य तस्मै इत्यर्थः ।

२. समामाति—ग० । ३. स मानवः—ग० ।

नाम प्रत्येकमुच्चार्य[1] जुहुयात् कायसिद्धये ।
पञ्चाचाररतो भूत्वा ऊद्ध्वरिता भवेद्यतिः[2] ॥ २०१ ॥

मेरी क्रिया में संलग्न साधक मेरा पद प्राप्त करता है । वह जीवन्मुक्त है और समस्त वसुओं का पति है । मांसयुक्त आसव से अर्द्धरात्रि में साधक कामनासिद्धि के लिए मेरे प्रत्येक नाम का उच्चारण कर आहुति प्रदान करें और पञ्चाचार में सर्वदा निरत रहे तो वह ऊर्ध्वरिता सन्यासी हो जाता है ॥ २००-२०१ ॥

संवत्सरान्मम स्थाने आयाति नात्र संशयः ।
ऐहिके कायसिद्धिः स्यात् दैहिके सर्वसिद्धिदः ॥ २०२ ॥

वह एक संवत्सर के भीतर मेरा स्थान प्राप्त कर लेता है इसमें संशय नहीं । इस लोक में उसे कामसिद्धि हो जाती है । दैहिक सिद्धि होने पर वह स्वयं सभी सिद्धियाँ प्रदान करता है ॥ २०२ ॥

वशी भूत्त्वा त्रिमार्गस्थाः स्वर्गभूतलवासिनः ।
अस्य भृत्याः प्रभवन्ति इन्द्रादिलोकपालकाः ॥ २०३ ॥
स एव योगी परमो यस्यार्थेऽयं[3] सुनिश्चलः ।
स एव खेचरो भक्तो नारदादिशुकोपमः ॥ २०४ ॥

स्वर्ग एवं भूतल में रहने वाले तीनों वर्ण उसके वशवर्ती होकर भृत्य बन जाते हैं और इसी के प्रभाव से इन्द्र आदि लोकपालों का भी जन्म होता है । जो इस स्तव के अर्थ में सुनिश्चल है, वही सर्वोत्कृष्ट योगी है । वही आकाशगामी मेरा भक्त है तथा नारदादि शुकदेव के समान मेरा भक्त है ॥ २०३-२०४ ॥

यो लोकः प्रजपत्येवं[4] स शिवो न च मानुषः ।
स समाधिगतो नित्यो ध्यानस्थो योगिवल्लभः ॥ २०५ ॥

जो इस अष्टोत्तरसहस्र नाम वाले स्तव का पाठ करता है वह मनुष्य नहीं साक्षात् शिव है । वही समाधि में लीन रहने वाला ध्यान परायण योगिवल्लभ है ॥ २०५ ॥

चतुर्व्यूहगतो देवः सहसा नात्र संशयः ।
यः प्रधारयते भक्त्या कण्ठे वा मस्तके भुजे ॥ २०६ ॥
स भवेत् कालिकापुत्रो विद्यानाथः स्वयंभुवि ।
धनेशः पुत्रवान् योगी यतीशः सर्वगो भवेत् ॥ २०७ ॥
वामा वामकरे धृत्त्वा सर्वसिद्धीश्वरो[5] भवेत् ॥ २०८ ॥

वह चतुर्व्यूह में सहसा पहुँचने वाला देवता है इसमें संशय नहीं है । जो साधक इस सहस्रनामस्तव को भक्ति पूर्वक गले में, मस्तक में या भुजा में धारण करता है वह कालिका

---

१. प्रत्यक्—क० । २. यदि—ग० । ३. यस्यार्थेऽहं सुनिश्चला—क० ।
४. प्रजिहोत्येवम्—ग० । ५. सर्वासां सिद्धीनामीश्वरः इति तात्पर्यम् ।

का पुत्र बन जाता है । स्वयं विद्या का अधिपति, धनाधिपति, पुत्रावान् योगी यतीश तथा सर्वज्ञ बन जाता है । स्त्री अपने बायें हाथ में धारण करने से सभी सिद्धियों की ईश्वरी बन जाती है ॥ २०६-२०८ ॥

यदि पठति मनुष्यो मानुषी वा महत्या
सकलधनजनेशी पुत्रिणी जीववत्सा ।
कुलपतिरिह लोके स्वर्गमोक्षैकहेतुः
स भवति भवनाथो योगिनीवल्लभेशः[१] ॥ २०९ ॥

यदि महामहिमेश्वरी भगवती के इस स्तोत्र का मनुष्य पाठ करे अथवा मानुषी स्त्री पाठ करे तो वह सब प्रकार से धनजन की ईश्वरी, पुत्रिणी तथा जीवितपुत्र की माता बनी रहती है, मनुष्य इस लोक में अपने कुल का प्रधान, स्वर्ग के मुक्ति का अधिकारी, योगिनियों का प्रिय तथा संसार का ईश्वर बन जाता है ॥ २०९ ॥

पठति य इह नित्यं भक्तिभावेन[२] मर्त्यो
हरणमपि करोति प्राणविप्राणयोगः ।
स्तवनपठनपुण्यं कोटिजन्माघनाशं
कथितुमपि[३] न शक्तोऽहं महामांसभक्षा ॥ २१० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे महाकुलकुण्डलिनी अष्टोत्तरसहस्रनामस्तवकवचं नाम षट्त्रिंशत्तमः पटलः[४] ॥ ३६ ॥

जो मनुष्य भक्तिपूर्वक इस लोक में अष्टोत्तरसहस्र नाम स्तव का पाठ करता है, अथवा प्राणवायु एवं अपान वायु से युक्त रहकर इस स्तोत्र को पढ़ने का पुण्य करता है, उसके करोड़ों जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं । मैं तो महामांस (मनुष्य का मांस) भक्षण करने वाली हूँ, फिर किस प्रकार इस स्तोत्र के पाठ का पुण्य कह सकती हूँ ॥ २१० ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र के प्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरव संवाद में महाकुण्डलिनी अष्टोत्तरसहस्र-नामस्तव तथा कवच नामक छत्तीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३६ ॥

---

१. योगिनीनां वल्लभः, स चासौ ईशश्चेति विग्रहः । २. योगः—ग० ।
३. सर्वे चौरादिका विकल्पितणिजन्ता इति पक्षे इदं रूपम् ।
४. अत्रेदं धेयम् । ग० पुस्तके पञ्चत्रिंशत् पटलानन्तरं षट्त्रिंशदिति भ्रान्त्या लिखितम् । एतेन ग० पुस्तके षट्त्रिंशदिति सप्तत्रिंशदिति पटलद्वयस्याभावो लक्ष्यते।

अथ सप्तत्रिंशः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

श्रुतञ्च परमं ज्ञानं धर्माधर्मविवेचनम् ।
सर्ववेदान्तसारं च सारात्सारं परात्परम् ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरव ने कहा—हे भैरवी ! धर्म एवं अधर्म का विवेचन करने वाला समस्त सारों का तत्त्व, सभी वेदान्तों का सारभूत उत्कृष्ट ज्ञान हमने सुना ॥ १ ॥

कुण्डलीस्तवनं श्रुत्वा पूर्णोऽहं जगदीश्वरि ।
ईदानीं श्रोतुमिच्छामि स्वाधिष्ठानं प्रकाशकम् ॥ २ ॥
यदि मे सुकृपादृष्टिरानन्दघनसञ्चये ।
वद श्रीकुण्डलीयोगं स्वाधिष्ठानविभेदनम् ॥ ३ ॥
येन क्रमेण भेदं स्यात्तत्प्रकारं विनिर्णय ।

हे जगदीश्वरि ! कुण्डलीस्तवन सुनकर मैं पूर्णकाम हो गया । हे आनन्दघन सञ्चये ! यदि आप मुझ पर कृपादृष्टि रखती हैं तो अब स्वाधिष्ठान चक्र को प्रकाशित करने वाले उस ज्ञान को कहिए, जिससे कुण्डलिनी का योग होने पर स्वाधिष्ठान चक्र का भेदन हो जाता है । अतः हे भैरवी! जिस प्रकार स्वाधिष्ठान चक्र का भेदन होता है उसप्रकार को निर्णयपूर्वक कहिए ॥ २-४ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

महाकाल महावीर आनन्दसागरप्रिय[१] ॥ ४ ॥
योग्योऽसि योगमार्गाणामत[२] एव प्रकथ्यते ।
येन क्रमेण चक्रस्य भेदः स्यादमरो भवेत् ॥ ५ ॥
अमरो जितचित्तारिः क्रोधजित् प्रबलो बली[३] ।
धर्माधर्मज्ञानवांश्च[४] योगी भवति सज्जनः ॥ ६ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! हे महावीर ! हे आनन्द सागर प्रिय ! आप योग मार्गों के योग्य हैं, इसलिए जिस प्रकार स्वाधिष्ठान चक्र का भेदन हो जाता है उसे कह रही हूँ ॥ ४-५ ॥

स्वाधिष्ठान चक्र के भेदन से साधक अमर हो जाता है, चित्त में रहने वाले काम

---

१. आश्रय—ग० ।
२. वर्गाणाम् —क० ।
३. पावनो वशी—क० ।
४. ज्ञानरतो—क० ।

क्रोधादि शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है । क्रोध को जीत कर साधक प्रबल एवं बलवान् हो जाता है, धर्म और अर्धम का ज्ञाता तथा सज्जन योगी हो जाता है ॥ ५-६ ॥

परकालदर्शी[1] विज्ञः स्यात् क्रतुश्रद्धापरायणः ।
अहङ्कारविहीनो[2] यः स योगी भवति ध्रुवम् ॥ ७ ॥
महावीरसुसङ्गिनी च सङ्गदोषविवर्जितः ।
महात्मापरमं ब्रह्मज्ञानी भवति योगिराट् ॥ ८ ॥

वह वर्तमान के अतिरिक्त भूत भविष्यत्काल का ज्ञाता, प्राज्ञ क्रतुश्रद्धापरायण हो जाता है । जो अहङ्कार से विहीन है, वह निश्चय ही योगी बन जाता है । महावीरों का सुन्दर साथ करने वाला तथा अन्य के सङ्ग दोष से विवर्जित रहता है । स्वाधिष्ठान का भेदन करने वाला साधक महात्मा परम ब्रह्मज्ञानी तथा योगीराज बन जाता है ॥ ७-८ ॥

विख्यातः सर्वदेशे च किन्तु स्वाश्रयवर्जितः ।
बालको विक्रमी धन्वी धनुर्बाणधरोऽव्ययः ॥ ९ ॥
स भवेत् योगमार्गेशो विवेकी पापवर्जितः[3] ।
अविद्याग्रन्थिनिश्चेष्टो विवेकधर्मचातकः ॥ १० ॥

सभी स्थानों में वह अपनी कीर्ति से विख्यात हो जाता है, उसे स्वयं किसी के आश्रय की आवश्यकता नहीं रहती । चाहे बालक हो, चाहे पुरुषार्थी हो, चाहे धनुर्धारी हो अथवा धनुषबाण धारण करने वाला हो, चाहे विकारहीन हो, स्वाधिष्ठान का भेदक जैसा कैसा भी साधक योगमार्ग का ईश्वर, विवेकी, पापविवर्जित हो जाता है, अविद्या ग्रन्थि के भेदन से वह किसी कार्य में आसक्त नहीं होता तथा विवेक एवं धर्म का चातक बन जाता है ॥ ९-१० ॥

चतुरो विषमज्ञानवर्जितो यज्ञकृत् शुचिः ।
स भवेद् योगिनीपुत्रो योगानामधिपो भवेत् ॥ ११ ॥
यदि योगस्थितो मन्त्री वायवीशक्तिनिर्भरः ।
स एव योगी षण्मासादिति मे तन्त्रनिर्णयः ॥ १२ ॥

वह चतुर बन जाता है, विषमज्ञान से वर्जित, यज्ञकर्ता तथा शुचि बन जाता है, योगिनियों का पुत्र बन कर सभी योगों का अधिपति हो जाता है । यदि योगाभ्यास करने वाला मन्त्रवेत्ता साधक वायवी शक्ति पर निर्भर रह कर इसका पाठ करे, तो वह ६ महीने के भीतर ही योगी बन जाता है, ऐसा हमारे तन्त्रशास्त्र में निर्णय है ॥ ११-१२ ॥

यो मे तन्त्राणि जानाति सदर्थज्ञानजानि च ।
स एव चतुरो योगी मम भक्तो न संशयः ॥ १३ ॥

जो उत्तम अर्थ वाले ज्ञान से उत्पन्न हुए मेरे तन्त्रों को जानता है, वही चतुर योगी है मेरा भक्त है, इसमें संशय नहीं ॥ १३ ॥

---

१. परं कालं पश्यति तच्छीलः परकालदर्शी ।
२. अहंकारेण विहीन इति तृतीयातत्पुरुषः । ३. पाक—ग० ।

यदि वायुपानरतो मन्त्री भवति साधक: ॥ १४ ॥
अथ स्वाधिष्ठानं कुलवरगतं षड्दलगतं
प्रभाकारं विष्णोरतिशयपदं कामनिलयम् ।
महायोगेन्द्राणां मनसि निलयं[1] चारुकिरणं
शरच्चन्द्रज्योत्स्नायुतमतिघनं भव्यविषयम् ॥ १५ ॥

यदि मन्त्रज्ञ साधक वायुपान में निरत रहने वाला तथा यह स्वाधिष्ठान चक्र शक्ति के मार्ग में रहने वाला, ६ पद्म दलों से युक्त है, प्रभा के आकार वाला, विष्णु का अतिशय पद तथा काम का स्थान है, तो यह महायोगेन्द्रों के मन में रहने वाला तथा मनोहर किरणों वाला है, शरत्कालीन चन्द्रिका से युक्त, अत्यन्त घना तथा भव्य विषयों वाला है ॥ १४-१५ ॥

सदाभावक्षेत्रे[2] सकलसुधियो वेद ... ...
यदामापक्षेमे सकलसुधियो वेदपथगा:
विचारं[3] कुर्वन्ति क्षितिगतरता:[4] श्रीप्रभृतय:
महाविष्णो: पीताम्बर नरपते[5] श्यामलतनो: ।
(प्रकाशस्यान्त:पटस्थ नटवरस्यातिनिलयम्)
विटच्छायामध्ये[6] निवसति यथा गोकुलकुले[7] ॥ १६ ॥
हरिध्यानं कुर्यान्निरवधिमहानन्दरसिक:
स एवात्मा साक्षादिह नववर:[8] षोडशयुवा ।
महासर्पारिस्थं[9] स्थितिकरणगं[10] नागगमनं
मुखं [11]वंशीनादध्वनिगुणधरं भावयति क: ॥ १७ ॥

अनन्त आनन्द समुद्र के महारसिक को निरवधि (निरन्तर) विष्णु का ध्यान करना चाहिए । वह विष्णु सबकी साक्षात् आत्मा है, नवीन पीताम्बर धारण करने वाले तथा षोडशवर्षीय युवा हैं । गरुड़ के ऊपर स्थित रहने वाले, सृष्टि की स्थिति करने वाले तथा मत्त नाग पर गमन करने वाले हैं । मुख में वंशीनाद ध्वनि रूप गुण धारण करने वाले हैं, ऐसे विष्णु का ध्यान ब्रह्मदेव करते हैं ॥ १६-१७ ॥

विमर्श—सोलहवाँ श्लोक अस्पष्ट है ।

स एवात्मा नित्यो यतिरिह दले[12] कोमलकुले[13]

---

१. निचयम्—ग० ।
२. सदा भावक्षेत्रे—ग० ।
३. ये कुवक्ति—ग० ।
४. व्रता—ग० ।
५. नवगत:—ग० ।
६. विटपच्छायामध्ये इति युक्त: पाठो मन्तव्य: ।
७. गवां कुलं गोकुलम्, पुनश्च तस्य कुलम् ।
८. नय:—ग० ।
९. सर्पाविस्थम्—ग० ।
१०. करणगण—ग० ।
११. शीलादध्वनि गुणधरं भावयति क: इति —ग० ।
१२. क्षणे—ग० ।
१३. दले—ग० ।

कुलागारे सारे सरसिजयुते षड्दलवरे ।
सुरानन्दश्रीदं दिवि दमनकर्त्तारममदं[१]
सुधाकान्तं कृष्णं परमपुरुषं भावयति कः ॥ १८ ॥

वही आत्मा है, जिनका ध्यान यति लोग अपने आप कुलागार के सारभूत ६ पत्ते वाले कमल पर करते हैं । उन देवताओं को आनन्द तथा श्री देने वाले स्वर्गलोक में दमन करने वाले, स्वयं मदरहित, सुधा के कान्त, परमपुरुष श्रीकृष्ण का ध्यान ब्रह्मदेव करते हैं ॥ १८ ॥

महाविद्यासिद्धं कुलपतिमनोमान्ययजितं[२]
मुकुन्दं श्रीकृष्णं रसदलगतं स्वागमगतं[३] ।
मुरारिं पापारिं नवयुवतिहृत्पद्मसुगतं
हृषीकेशं विष्णुं विषयकरणं भावयति कः ॥ १९ ॥

महाविद्या की उपासना में सिद्ध, शाक्त सम्प्रदाय के स्वामियों के मन से मान्य होने के कारण पूजित, मुकुन्द श्रीकृष्ण, ६ पत्ते वाले कमल पर रहने वाले, अपने आगमों में विद्यमान्, मुरनामक असुर के अरि, पापारि, नवयुवतियों के हृदय कमल पर विराजित, विषयों के कारणभूत, हृषीकेश, विष्णु का ब्रह्मदेव ध्यान करते हैं ॥ १९ ॥

स योगेन्द्रो[४] ज्ञानी जयति सुकृतौ कौतुकवतां
रमेशं श्रीकृष्णं रसविषहरं मानसचरम् ।
सरस्वत्या युक्तं कुलरसमयं मुक्तिजडितं
भजेच्चैतन्यान्तं सुरगुरुवरं[५] मोक्षमयते[६] ॥ २० ॥

कुतूहल करने वालों में अत्यन्त पारङ्गत योगेन्द्र ज्ञानी भगवान् श्रीकृष्ण सर्वोत्कृष्टता को प्राप्त करें । जो रमेश, श्रीकृष्ण, पारद के विष को हरण करने वाले, योगियों के मन में सञ्चरण करने वाले, सरस्वती से युक्त, शक्ति स्वरूप रसमय, मुक्ति से जड़े हुए, चेतना वाले और देवताओं में सर्वश्रेष्ठ है, उन भगवान् का मैं भजन करता हूँ, जिनके भजन से मनुष्य मोक्ष प्राप्त करते है ॥ २० ॥

यतीन्द्रः सश्रीकः प्रचयति निजं भाव्यविषयं
पुराणं योगीन्द्रं हरिमखिलपं कामनिलयम् ।
महासूक्ष्मं[७] द्वारं कुलवधुरतं वामकिरणं
विशालाक्षं कृष्णं निजरसकुले कान्तममरम्[८] ॥ २१ ॥

---

१. दवन—ग० । २. रति मनो —ग० ।
३. दल—ग० । ४. योगेभ्यो—क० ।
५. तरुकरम् ।
६. मोक्षमतये—ग० ।—मोक्षे या मतिस्तस्यै इत्यर्थः । मोक्षमयते इति पाठे तु मोक्षम् अयते इति पदच्छेदः ।
७. महासूक्ष्मोदारम्— ग० । ८. कान्तमरतम्—ग० ।

श्रीसम्पन्न यतीन्द्र जिनकी कृपा से अपने भावी विषय को पूर्ण करना चाहते हैं ऐसे पुराणपुरुष, योगीन्द्र, समस्त विश्व का पालन करने वाले, काम के एकमात्र स्थान, महासूक्ष्म, जीवों के प्रवेश निर्गम के द्वार, कुल वधुओं में प्रेम करने वाले, सुन्दर प्रकाश वाले, अपने सरस कुल में कान्त और अमर हरि श्रीकृष्ण का मैं भजन करता हूँ ॥ २१ ॥

कृपासाक्षीज्ञानं गुणगदितदेहं दाहरहितं
महाशौलं[1] सत्यं कुवलयकरिं हन्ति मरणम् ।
अघावीशं श्रीशं शशिमुखिकराम्भोजयजितं
तमात्मानं कृष्णं निजकुलदले योऽपि भजति[2]॥ २२ ॥

जो कृपा के साक्षी हैं, ज्ञानस्वरूप हैं, जिनका देह गुणमय है, जो ईर्ष्यादि दाह से रहित हैं, महान् शूल एवं सत्य स्वरूप हैं, कुवलय नामक अरि को मार डालने वाले हैं, अघावीश (पतिः एवं घावः सथाथोञण् न धावः यस्य स अघावस्तस्येशः) अनाथों के ईश्वर, श्री के ईश्वर, चन्द्रमुखि गोपाङ्गनाओं के कर कमलों से पूजित, उन आत्मस्वरूप श्रीकृष्ण की अपने कुलदल में जो कोई योगी भजन करता है, वह मोक्ष प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

महाशब्दोत्पन्नं प्रकृतिविकृतिं कारणकृतिं
कृपासिन्धुं कृष्णं कुलवधुशतामोदमिलितम् ।
जगन्नाथं स्तौति क्षितिपतिवशायोपकरणं[3]
विराटं ब्रह्माण्डं करणगमहाविष्णुमरणम्[4] ॥ २३ ॥

महाशब्द से उत्पन्न होने वाले, प्रकृति के विकृति, कारण और कार्य स्वरूप, कृपासिन्धु श्रीकृष्ण, सैकड़ो कुल वधुओं के प्रमोद में मिले हुए, समस्त क्षितिपतियों के वश के लिए उपकरणभूत, विराट् एवं ब्रह्माण्ड स्वरूप, कारण में रहने वाले तथा द्रुतगति वाले महाविष्णु जगन्नाथ की जो स्तुति करता है वह मोक्ष प्राप्त करता है ॥ २३ ॥

विनोदं व्याकर्तुं[5] त्रिभुवनपतिः श्रीपतिरहो
प्रचण्डे संसारे उदयति[6] सदाभावसदने ।
महामेघश्यामस्त्रिफल[7]करुणासागरकुले
अमूल्ये सञ्चारे[8] विषयरसनासञ्चय विषम् ॥ २४ ॥

अहो ! संसारी मनुष्यों के विषय में संलग्न रसना के संचय में विषरूप विनोद को विशेष रूप से विकसित करने के लिए त्रिभुवनपति, महामेघ के समान श्यामवर्ण वाले, श्रीपति अपने भक्तों के भावसदन में एवं अमूल्य सञ्चरणशील इस संसार के धर्म, अर्थ, काम रूप तीनों फलों वाले, करुणासागर वाले कुल में अवतार लेते हैं ॥ २४ ॥

---

१. कैतम्—ग० ।
२. भवति—ग० ।
३. करणात्—ग० ।
४. करणप—ग० ।
५. व्यावर्त्य—ग० ।
६. तदयति—ग० ।
७. पथ—ग० ।
८. संसारे—ग० ।

स कृष्णः श्री विष्णुः प्रकृतिगदया हन्ति सततं[१]
अतः[२] कृष्णो ध्येयः सुरनरगणैः पञ्चसुमुखैः[३]।
कुलाम्भोजे षट्के मनरसदले ध्यानफलितः
किराती राकिण्या नयन कमलापानमधुरम् ॥ २५ ॥

वे श्रीकृष्ण श्रीविष्णु होकर अपनी प्रकृतिरूपी गदा से सर्वदा सबको मारते हैं, अतः देवताओं, मनुष्यों एवं पञ्चमुख वाले सदाशिव के द्वारा एकमात्र श्रीकृष्ण ही ध्यान करने योग्य हैं । जो स्वाधिष्ठान चक्र के ६ पत्तों वाले कमल पर ध्यान करने से फल प्रदान करते हैं और जो किराती (गोया) राकिणी के नयन रूपी कमल के पान से माधुर्य भाव को प्राप्त हो रहे हैं ॥ २५ ॥

धराधारं पूर्णं गगननिलयं कालपुरुषं
मनोगम्यं रम्यं नव नयनलावण्यरसिकम् ।
सदा ध्यायेत् कृष्णं कुरुगणरिपुं यः कुलपतिः
निरालम्बः श्यामः प्रकृतियमुनातीरतरुगः[४] ॥ २६ ॥

इस धरा के आधार पूर्ण, शून्य में निवास करने वाले, कालपुरुष, मनोगम्य, परम रमणीय, नवीन नेत्रों के लावण्य के रसिक कुरुगणों के शत्रु श्रीकृष्ण का कुलपति को (शाक्त सम्प्रदाय का श्रेष्ठ उपासक) सदैव ध्यान करना चाहिए । जो निरालम्ब श्यामवर्ण वाले हैं प्रकृतिस्वरूप एवं यमुना तट के वृक्षों पर बैठे हुए हैं ॥ २६ ॥

कुलीना गोपीभिः परिमिलितपार्श्वस्थलसुखः
प्रधानः क्षेत्रज्ञः [५]क्षितिपतिकराम्भोजयजितः ।
प्रकाशात्मा नाथः प्रचयकरुणो ध्येय इरया[६]
मनोधर्मं च्छत्रं त्रिविधगुणगानाश्रितकरम् ॥ २७ ॥

कुलीन गोपियों के साथ सम्मिलित हो कर जो उनके पार्श्व स्थल का सुख प्राप्त करने वाले हैं, प्रधान हैं, क्षेत्रज्ञ हैं, राजाओं के कर कमलों से पूजित हैं, प्रकाशात्मा और सबके स्वामी हैं, करुणा से परिपूर्ण हैं, ईडा के द्वारा ध्यान करने योग्य हैं, मन के धाम (त्रिताप) से बचाने वाला जिनका छाता है तथा त्रिविधगुणगान करने वाली वंशी में जिनका हाथ लगा हुआ है ॥ २७ ॥

त्रिकाण्डस्थं[७] खण्डोद्भववनरसं प्राणरसिकं
यदा स्तौति प्रातः समयमफले चारुवरदम् ।

---

१. मरण—ग० । २. अथो—ग० ।
३. समुखैः ग० ।—पञ्चसुमुखैरिति पाठे तु पञ्च सुमुखानि येषां तैरिति विग्रहः कार्यः ।
४. तरुपः—ग० । ५. जनितः—ग० ।
६. हरयः—ग० । ७. त्रिकामस्थं स्वर्णोद्भव—ग० ।

महामोक्षक्षेत्रं कुलवधुयुतं कृष्णपरमं
गुणेशं राधेशं[1] रजनिविधुनितं[2] वेदनिलयम् ॥ २८ ॥

वेद के त्रिकाण्ड में रहने वाले (खण्डोद्भव वनरसा ?) प्राणों से प्रिय राधा के रसिक, सुन्दर वरदान देने वाले, महामोक्ष के क्षेत्र, कुल बधुओं से संयुक्त, परम ब्रह्मस्वरूप, गुणों के ईश्वर, राधा के स्वामी, रात्रि के चन्द्रमा स्वरूप वेद में निवास करने वाले श्रीकृष्ण का प्रातः काल में बिना फल की आकांक्षा किए जो लोग स्तुति करते हैं ॥ २८ ॥

क्रियादक्षं सूक्ष्मं समयगुणयो[3]गाङ्कजडितं
त्रिकोणस्थं गङ्गाजलगलितसारं तारकतनुम् ।
महाकालानन्दं[4] गगनघनवर्णं सजलकं
प्रभावारं भावं[5] तरुणनववपुः श्रीधरमलम्[6] ॥ २९ ॥

क्रिया में दक्ष, सूक्ष्म, समयगुण योगाङ्कजडितं त्रिकोणस्थ, गङ्गाजल में जिनका तत्त्व गलित हो कर मिल गया है, ऐसे तारक शरीर वाले, महाकाल सदाशिव के आनन्द स्वरूप, आकाश एवं बादल के समान कान्ति वाले, प्रभा के समूह, युवावस्था के उमङ्ग युक्त नवीन शरीरधारी श्रीधर के भजन से बढ़कर अन्य कुछ भी नहीं है ॥ २९ ॥

वनोत्फुलाम्भोजा[7] मनविरचना भालकलया
महाशोभारूपं कुलपुरुषगं व्याश्रयति[8] यः ।
स योगी संसारे भवति रसनायोगनिरतः
मनो यो व्याधाय प्रचुरफलदं कृष्णमखिलम् ॥ ३० ॥

वन में फूले हुए कमल के पुष्पों से रचना वाले, मस्तक की कला से महाशोभा सम्पन्न कुल पुरुषों में निवास करने वाले, प्रचुर फल देने वाले, सर्वस्वरूप श्रीकृष्ण में मन स्थापित कर जो उनका आश्रय ग्रहण कर लेता है ॥ ३० ॥

महाज्ञानोत्साहं गतिगुणवहिः प्राणनिचयं
जगत्तारं ब्रह्म निरवधिमहायोगकिरणम्[9] ।
यदा लोकस्तौति प्रतिदिनमिहानन्दघटितं
विकारं सर्वेषां ग्रहणनिलनं भास्करविधोः ॥ ३१ ॥
महाराहुग्रासं शतशतमहापुण्यनिकरं[10] ।

---

१. व्याधेशम्—ग० ।
२. ब्रजनिधियुगम्—ग० ।—ब्रजन्ति गावो यस्मिन् स ब्रजः, तस्य निधिः, तत्र युगम्, युगलम् ।
३. योगयाग—ग० ।
४. तारम्—ग० ।
५. कहाकालेनानन्दो यस्य तम् ।
६. श्रीधरमणम्—ग० ।
७. वलोत्फुल्लाम्भोजमल विवचनाभान—ग० ।
८. व्याग्रयतिजे—ग० ।
९. घोर—ग० ।
१०. शतस्य शतं तत्संख्याकानि महापुण्यानि तेषां निकरम् ।

कुलानन्दं विष्णुं शशिशतघटारामकिरणम्[१] ।
मनोगम्यं सूक्ष्मं त्रिगुणजडितं भावयति कः ॥ ३२ ॥

महान् ज्ञान के उत्साह से सम्पन्न, मनुष्यों के गति और गुण से परे, प्राणों के समूह सब का प्राण होने से जगत् को तारने के लिए परब्रह्मस्वरूप, जिनके महायोग के किरण की कोई सीमा नहीं है ऐसे आनन्द की घटना से घटित, सभी में विकार स्वरूप, सूर्य और चन्द्रमा में ग्रहण स्वरूप श्रीकृष्ण की जब सारा जगत् स्तुति करता है । महाराहु को अपना ग्रास बनाने वाले, सैकड़ों सैकड़ों चन्द्र समूहों के समान सुखदायक किरणों वाले, कुलानन्द, विष्णु जो मन से भी अगम्य एवं सूक्ष्म अनेक पुण्यों के समुदाय स्वरूप हैं, तीन गुणों से समन्वित हैं ऐसे श्रीकृष्ण का ध्यान ब्रह्मदेव करते हैं ॥ ३१-३२ ॥

कृष्णभक्तिं मुदा कृष्णं ध्यात्वा कृत्वा यतिर्भवेत् ।
श्रीकृष्णचरणाम्भोजे तस्य भक्तिर्न संशयः ॥ ३३ ॥
कृष्णब्रह्म कृष्णब्रह्मा च त्रिध्यानपरायणः ।
स कृष्णस्तं जनं नीत्वा ददाति अपि शङ्कर ॥ ३४ ॥
विना कृष्णपदाम्भोजं स्वाधिष्ठानं कुतो [२]जयम् ।
कृष्णध्यानान्महापद्मभेदं प्राप्नोति शङ्कर ॥ ३५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे स्वाधिष्ठानश्रीकृष्णराकिणीसाधनं नाम सप्तत्रिंशत्तमः पटलः ॥ ३७ ॥

जो साधक प्रसन्नतापूर्वक श्रीकृष्ण में भक्ति करता है एवं प्रसन्नता से उनका ध्यान करता है, वह यति बन जाता है और श्रीकृष्ण के चरण कमलों में उसकी भक्ति हो जाती हैं इसमें संशय नहीं । श्रीकृष्ण ही ब्रह्म हैं । श्रीकृष्ण ही सृष्टिकर्ता ब्रह्मा हैं ऐसा विचार कर जो तीनों काल में उनके ध्यान में परायण रहता है, हे शङ्कर ! ऐसे अपने भक्त को वे श्रीकृष्ण अपनाकर अपना सब कुछ दे देते हैं । बिना कृष्णपदाम्भोज की सेवा किए भला साधक किस प्रकार स्वाधिष्ठान चक्र पर विजय प्राप्त कर सकता है, हे शङ्कर ! कृष्ण के ध्यान से ही स्वाधिष्ठान नामक महापद्म का साधक भेद कर लेता है ॥ ३३-३५ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में षट्चक्र प्रकाश में भैरवीभैरव संवाद में स्वाधिष्ठान चक्र पर श्रीकृष्ण राकिणी साधन नामक सैंतीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३७ ॥

---

१. घाम—ग० ।   २. यजेत्—ग० ।

अथाष्टात्रिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि श्रीकृष्णसाधनोत्तमम् ।
येन क्रमेण भक्तिः स्यात्कालजालवशो भवेत् ॥ १ ॥
मम पादाम्बुजे भक्तिर्भवत्येव न संशयः ।
भक्तिमान् यः साधकेन्द्रो महाविष्णुं भजेद्यदि ॥ २ ॥
शिवतुल्यो भवेन्नाथ मम भक्तो महीतले ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ! अब श्रीकृष्ण के साधनों में सर्वोत्तम साधन कहती हूँ जिसे क्रम से करने में श्रीकृष्ण में भक्ति होती है तथा कालसमूह वशवर्ती हो जाते हैं ॥ १ ॥

ऐसा करने से मेरे चरण कमलों में भक्ति होती है, इसमें संशय नहीं । यदि विष्णु में भक्ति रखते हुए साधकेन्द्र विष्णु का भजन करे, तो हे नाथ ! मेरा भक्त हो जाने पर वह साधक इस पृथ्वीतल में शिव तुल्य हो जाता है ॥ २-३ ॥

श्रीकृष्णं जगदीश्वरं त्रिजगतामानन्दमोक्षात्मकं
सम्पूर्णं त्रिगुणावृतं गुणधरं सत्त्वाधिदैवं परम् ।
लिङ्गाधः स्थितिराज्यपालपुरुषं पञ्चाननस्थायिनं
श्रीविष्णुं शुभदं जनो यदि भजेल्लोकः सशक्तिं सुखी[1] ॥ ४ ॥

त्रिलोकी मात्र को आनन्द एवं मोक्ष प्रदान करने वाले, पूर्ण स्वरूप, सत्त्वादि तीन गुणों से आवृत, अतएव गुणों को धारण करने वाले, सत्त्व के अधिदेवता, परब्रह्मस्वरूप, लिङ्ग के अधोभाग में स्थिति वाले, स्वाधिष्ठान (चक्र रूप) राज्य का पालन करने वाले, पाँच मुख से स्थित, कल्याण प्रदान करने वाले, महापुरुष, शक्ति सहित विष्णु का यदि भक्त भजन करे तो वह महासुखी हो जाता है ॥ ४ ॥

आदौ कामं त्रिसर्गं कुलवधुनियुतं कामबीजं त्रिसर्गं
श्रीकृष्णं वारयुग्मं प्रणययुगलकं चन्द्रिकाकाशयुक्तम् ।
ब्रह्मद्वन्द्वं भजामि प्रकृति पुरुषिकां काकिनीं तत्परे च
भूयो भूयो भजामि श्रवणगलयनं वह्निजायाविलग्नम् ॥ ५ ॥

प्रथम त्रिसर्ग युक्त काम, कुलवधू से संयुक्त कामबीज एवं त्रिसर्गस्वरूप राधा के सहित प्रणयी युगल, चन्द्रिका से व्याप्त आकाश में निवास करने वाले, काकिनी रूप प्रकृति रूपी

---

१. सुधीः—ग० ।

स्त्री से संयुक्त, ब्रह्मद्वन्द्व श्रवण (उ) में मिला हुआ गलयनम् (इ) अर्थात् सन्धि करने से विं उससे विशेष रूप से लगी हुई वह्निजाया (स्वाहा) अर्थात् विं 'स्वाहा' इस मन्त्र का बारम्बार जप करता हूँ ॥ ५ ॥

एतन्मन्त्रं जपित्वा प्रणवमिति नमोऽन्तं तथाद्ये मिलित्वा
भूयो भूयो नमोऽन्तं[१] त्रिभुवनसहितं क्षोभयेत्तत् क्षणेन ।
राजश्रीस्तस्य शीर्षे निरवधि वसुधा मन्दिरे संस्थिरा[२] स्यात्
कालच्छेदं प्रकृत्य प्रवसति सुमुखी ब्रह्मदण्डे च काले ॥ ६ ॥

उक्त मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ) जिसके अन्त में 'नमः' पद हो, अर्थात् 'ॐ नमो विं स्वाहा' फिर इसके बाद 'नमः' अर्थात् 'ॐ नमो विं स्वाहा नमः' इस मन्त्र का बारम्बार जप करने वाला साधक क्षण भर में समस्त त्रिलोकी को क्षुब्ध कर देता है । उसके शिर पर सदैव राज्यश्री सवार रहती है और निरवधि वसुधा उसके मन्दिर में स्थिर रूप से निवास करती है । किं बहुना सुमुखी भगवती महालक्ष्मी, ब्रह्मा के निर्धारित आयु के अनुसार एक दण्ड पर्यन्त काल तक काल की मर्यादा लाँघ कर उसके घर में निवास करती हैं ॥ ६ ॥

ततः प्राणे दैवनाथ मम सन्तोषवर्द्धन[३] ।
इदानीं नरसिंहस्य मन्त्रं शृणु महाप्रभो ॥ ७ ॥
कान्तबीजं समुद्धृत्य युगलं युगलं स्मृतम् ।
महानृसिंहमन्त्रेण पूजयामि नमो नमः ॥ ८ ॥
स्वाधिष्ठाने महापद्मे मनोनिष्पापहेतुना ।
मनो विधाय यो योगी जपेन्मन्त्रं पुनः पुनः ॥ ९ ॥

हे देव ! हे नाथ ! हे प्राणों में संतोष बढ़ाने वाले महाप्रभो ! इसके बाद नरसिंह के मन्त्र को सुनिए । कान्त बीज (क्ष्रौं) को दो दो बार उच्चारण कर, फिर 'महानृसिंहमन्त्रेण पूजयामि नमो नमः' ऐसा कह कर साधक योगी अपने मन को निष्पाप करने के लिए स्वाधिष्ठान नामक महापद्म में मन को स्थापित कर बारम्बार जप करे ॥ ७-९ ॥

एतन्मन्त्रजपेनापि सिद्धो भवति साधकः ।
एतन्मन्त्रप्रभावेण भावसिद्धिं क्षणाल्लभेत् ॥ १० ॥
साधको यदि भूमिस्थः साधयेत्तु हरेर्मनुम् ।
रेणुसंख्या[४] क्रमेणैव सिद्धिं प्राप्नोति वीर्यतः[५] ॥ ११ ॥

इस मन्त्र के जप से भी वह सिद्ध हो जाता है । बहुत कहने से क्या ? इस मन्त्र के प्रभाव से क्षणमात्र में उसे अपने भाव में सिद्धि प्राप्त हो जाती है । साधक यदि पृथ्वी पर

---

१. मनस्थ—ग० ।

२. संशिवा—ग० ।—सम्यक् शिवं कल्याणं यस्याः सा इति बहुव्रीहिः ।

३. सन्तोषं वर्धयति इति, ण्यन्ताद् वृधुधातोः बाहुलकात् कर्तरि ल्युट्प्रत्ययः ।

४. एवमेव—ग० । ५. धैर्यतः—ग० ।

खड़ा हो कर नरसिंह मन्त्र को सिद्ध कर लेवे तो पृथ्वी में जितने रेणुओं की संख्या है, उतने काल तक अपने पराक्रम से सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १०-११ ॥

अथ वक्ष्ये महादेव सर्ववर्णसुसारकम् ।
वर्णमालास्वसंशक्तो जप्त्वा सिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १२ ॥
सिद्धिमन्त्रं प्रार्थयते यदि मर्त्यो निराश्रय: ।
निर्जने संस्थिरो[१] भूत्वा एकाकी दीपवर्जित:[२] ॥ १३ ॥
नि:शङ्कं प्रजपेन्मन्त्रं स्वाधिष्ठानाब्जसङ्गते[३] ।
वशीकृतं जगत्सर्वं येन तत्क्रममाशृणु ॥ १४ ॥

अब, हे महादेव ! सभी वर्णों के सुन्दर सार वाले मन्त्र को कहता हूँ । वर्णमाला में संसक्त रह कर साधक उसका जप कर सिद्धि प्राप्त कर लेता है । मनुष्य यदि मन्त्र की सिद्धि चाहता है तो वह किसी का आश्रय ग्रहण न करे । किसी निर्जन स्थान में स्थिर हो कर एकाकी निवास करे, दीप का भी प्रकाश वर्जित करे । ऐसे स्थान में स्वाधिष्ठान चक्र में मन को लगाकर नि:शङ्कभाव से मन्त्र का जप करे । इस मन्त्र के जप से वह सारे जगत् को वश में कर लेता है । हे महादेव ! अब उसका क्रम सुनिए ॥ १२-१४ ॥

प्रणवं पूर्वमुच्चार्य नान्तबीजं तथोद्गरेत् ।
वह्निबीजसमालग्नमधोदन्तस्वरान्वितम् ॥ १५ ॥
नादबिन्दुसमायुक्तं[४] पुनर्वारद्वयं वदेत् ।
नरसिंहाय[५] शब्दान्ते पुनर्वारत्रयं वदेत् ॥ १६ ॥

प्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण करे फिर वह्नि बीज 'रं' जो अधोदन्तस्वर (ओ) एवं नाद बिन्दु (अनुस्वार) से संयुक्त हो अर्थात् (रौं) । ऐसा नान्तबीज क्ष् इस प्रकार (क्ष्रौं) को दो बार उच्चारण करे । फिर 'नरसिंहाय' इस शब्द के अन्त में 'क्ष्रौं' इसी मन्त्र को तीन बार पढ़े ॥ १५-१६ ॥

देवीबीजं शक्तिबीजं स्वाहान्तं मनुमुद्गरेत् ।
एतन्मन्त्रप्रयोगेण कुण्डलीवशमानयेत् ॥ १७ ॥
स्वाधिष्ठाने स्थिरीभावं प्राप्नोति साधकाग्रणी: ।
सर्वेषां प्राणगो भूत्वा प्रबलोऽसौ महीतले ॥ १८ ॥
शीतं रौद्रं समं तस्य पापापापं जयाजयम् ।
धर्माधर्म: सदा ज्ञानं नित्यज्ञानं समाप्नुयात् ॥ १९ ॥

फिर देवी बीज 'ऐं ह्रीं क्लीं' फिर शक्ति बीज क्लीं' जो स्वाहान्त हो, इस प्रकार क्ष्रौं क्ष्रौं नरसिंहाय क्ष्रौं क्ष्रौं क्ष्रौं ऐं ह्रीं क्लीं क्लीं स्वाहा' इस मन्त्र का उच्चारण करे । साधक इस

---

१. सुस्थिरो—ग० । २. दिग इति—ग० ।
३. सद्वशात्—ग० ।
४. नादश्च बिन्दुश्च नादबिन्दू, ताभ्यां समायुक्तम् । द्वन्द्वगर्भस्तृतीयातत्पुरुष: ।
५. नवसिंह—ग० ।

नृसिंहमन्त्र के जप से कुण्डलिनी को अपने वश में करे। इससे वह साधकाग्रणी स्वाधिष्ठान चक्र में स्थिरता का भाव प्राप्त कर लेता है और सभी के प्राण में गमन करते हुए महीतल में प्रबल हो जाता है। ऐसे साधक के लिए शीत गर्मी, पाप, अपाप, जय, पराजय, धर्म और अधर्म सभी बराबर हैं, वह सदैव ज्ञानवान् रह कर नित्यज्ञान प्राप्त कर लेता है ॥ १७-१९ ॥

पुनः श्रीकृष्णमन्त्राश्च सर्वदेवनिषेवकाः ।
यज्ज्ञात्वा देवताः सर्वा सर्वदिङ्मुखपालकाः ॥ २० ॥
तत्प्रयोगं महादेव शृणु सिद्धेश्च लक्षणम् ।
विना कृष्णाश्रयेणापि ब्रह्मा तुष्टो न कुत्रचित् ॥ २१ ॥
न तुष्टा कुण्डली देवी पशुभावं विना प्रभो ।
पशुभावे ज्ञानसिद्धिर्वीरभावे हि मोक्षभाक् ॥ २२ ॥

इसके अतिरिक्त श्रीकृष्ण के मन्त्र का सभी देवता सेवन करते हैं, जिसे जान कर सभी देवता दिक्पाल हो गए हैं। हे महादेव ! अब उन श्रीकृष्ण के मन्त्रों का प्रयोग सुनिए और सिद्ध हो जाने पर उसके लक्षणों को भी सुनिए। बिना श्रीकृष्ण का आश्रय लिए ब्रह्मदेव भी कभी संतुष्ट हुए नहीं दिखाई पड़े। हे प्रभो ! पशुभाव के बिना कुण्डलिनी देवी भी कभी संतुष्ट नहीं दिखाई पड़ी है। पशुभाव के आश्रय से ज्ञानसिद्धि प्राप्त होती है और वीरभाव में साधक मोक्ष का अधिकारी बनता है ॥ २०-२२ ॥

दिव्यभावे समाधिस्थो जीवन्मुक्तः स उच्यते ।
कान्तबीजं समुद्धृत्य शक्रवामस्वरान्वितम् ॥ २३ ॥
नादबिन्दुसमाक्रान्तं कृष्णसम्बोधनं पदम् ।
पुनः पूर्वमनुं युक्त्वा त्र्यक्षरात्मा महामनुः ॥ २४ ॥
एतन्मन्त्रजपं कृत्वा योगी भवति योगिराट् ।
योगोऽयं परमाह्लादकारकोऽनन्तरूपकः ॥ २५ ॥

दिव्यभाव में जब साधक समाधिस्थ हो जाता है तब जीवन्मुक्त कहा जाता है। कान्त बीज (क्) का उच्चारण कर वामस्वर (ई) से संयुक्त शक्र (र्) जो नाद बिन्दु अनुस्वार से संयुक्त हो इस प्रकार 'क्रीं' यही कृष्ण का बीज मन्त्र है। फिर तीन अक्षरों वाले महामनु क्रीं का पहले कहे गए महामन्त्र से युक्त कर अर्थात् (क्रीं क्ष्रौं) जप करने से वह योगिराज बन जाता है। यह योग परमाह्लाद करने वाला है तथा अनन्त रूप वाला है ॥ २३-२५ ॥

बहुभिः किं कथनीयं यः करोति फलं लभेत् ।
ध्यायेत् श्रीगोपिकानाथं राकिणीमण्डलेश्वरम् ॥ २६ ॥
जगतां सत्त्वनिलयं श्रीकृष्णं गोकुलेश्वरम् ।
स्वाधिष्ठानस्थितं श्यामं यजेद् भुजचतुष्टयम् ॥ २७ ॥
शङ्खचक्रगदापद्म — महाशोभामनोरमम् ।
सर्वविद्यागतं काम्यं श्रीगोविन्दं सुशीतलम् ॥ २८ ॥

बहुत कहने से क्या फल ? जो करता है उसे उसका फल मिलता है। जप करने के समय राकिणीमण्डल के ईश्वर श्रीगोपिकानाथ का ध्यान करना चाहिए। जो जगन्मात्र के सत्त्व

के निलय हैं, गोकुलेश्वर श्रीकृष्ण हैं, स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित रहने वाले हैं, श्याम वर्ण और चारभुजा वाले हैं उनका पूजन करना चाहिए । शंख, चक्र गदा, पद्म धारण करने से जो महाशोभा से अत्यन्त मनोरम हैं, सभी विद्याओं को जानने वाले हैं, सबके काम्य हैं, श्रीगोविन्द हैं और सुशीतल हैं उन श्रीकृष्ण का भजन करे ॥ २६-२८ ॥

महामोहहरं नाथं वनमालाविभूषितम् ।
कोटिकन्याकराम्भोजजयितं सर्वसङ्गतम्[१] ॥ २९ ॥
किरीटिनं महावीरं बालेन्दुं चूडयान्वितम् ।
गुञ्जामाला शोभिताङ्गं श्रीनाथं परमेश्वरम् ॥ ३० ॥
पीताम्बरं मन्दहास्यं षट्पद्मदलमध्यगम् ।
कामिनीप्राणनिलयं वसुदेवसुतं हरिम् ॥ ३१ ॥

जो महामोह को हरण करने वाले हैं सबके नाथ हैं, वनमाला से विभूषित अङ्ग वाले हैं करोड़ों कन्याओं के कर कमलों से यजन किए जाते हैं, सब में व्याप्त हैं उन श्रीकृष्ण का पूजन करे । किरीट धारण करने वाले हैं, महावीर हैं, अपनी चूड़ा में बालेन्द्र धारण किए हुए हैं । गुञ्जा की माला से शोभित अङ्गो वाले श्री नाथ हैं, परमेश्वर हैं ऐसे श्रीकृष्ण का पूजन करे । पीताम्बर धारण किए हुए, मन्द मन्द मुस्कुराते हुए, ६ पत्ते वाले कमल (षट्चक्र) के मध्य में रहने वाले कामिनियों के प्राणभूत वसुदेव पुत्र श्रीहरि का ध्यान करे ॥ २९-३१ ॥

एवं ध्यात्वा षड्दले च सदा वक्षःस्थकौस्तुभम् ।
राजराजेश्वरं शौरिं भाव्यं श्रीवत्सलाञ्छनम् ॥ ३२ ॥
स्वाधिष्ठानगतं ध्यायेन्मुरारिसिद्धिगो नरः ।
एवं ध्यात्वा पुरा ब्रह्मा नारायणगुणोदयः ॥ ३३ ॥
मनः कल्पितद्रव्यैश्च पूजयेत्परमेश्वरम् ।
षड्दले च महापद्मे संध्यायेत् हरिमायजेत् ॥ ३४ ॥

इस प्रकार षट्दल में श्रीकृष्ण का ध्यान कर वक्षः स्थल पर सर्वदा कौस्तुभ धारण करने वाले राजराजेश्वर शूरवंश में उत्पन्न, श्रीवत्स के चिन्ह से सुशोभित, स्वाधिष्ठान चक्र पर विराजमान श्रीकृष्ण का सिद्धि चाहने वाला साधक ध्यान करे । इस प्रकार ध्यान करने के कारण ब्रह्मा नारायण के गुणों से युक्त हो गए । फिर मानसिक कल्पित द्रव्यों से षड्दल महापद्म पर परमेश्वर श्रीकृष्ण का ध्यान करते हुए इस प्रकार यजन करे ॥ ३२-३४ ॥

षोडशोपचारयुक्तैर्मानसक्षेत्रसम्भवैः ।
मनः कल्पितपीठे च स्थापयित्वा हरिं गुरुम् ॥ ३५ ॥
योगेश्वरं कृष्णमीशं राधिकाराकिणीश्वरम् ।
एकान्तचित्ते चारोप्य कृष्णं पीठे प्रपूजयेत् ॥ ३६ ॥
तत्र दलाष्टकं पद्मं तत्र षट्कोणकर्णिकम् ।

---

१. जितं सर्वज्ञ—ग० ।—कोटिसंख्याकाः कन्याः, तासां करा हस्ता अम्भोजमिव, तेन जयितम् । जयः सञ्जातो यस्य तत् । इतच्प्रत्ययः ।

वेदद्वारोपशोभञ्च संनिर्म्माय मनोहरम् ॥ ३७ ॥
पुनः पुनर्यदा[१] ध्यायेत् षड्दलेषु दलेष्टकम् ।
पञ्चोपचारैर्दशकैः श्रीविष्णुं परिपूजयेत् ॥ ३८ ॥

साधक मानस क्षेत्र में उत्पन्न किए गए षोडशोपचार युक्त द्रव्यों से मन में पीठ की कल्पना कर सर्वश्रेष्ठ भगवान् श्रीकृष्ण को स्थापित करें । योगेश्वर ईश्वर राधिकारूप राकिणी के प्राणवल्लभ श्रीकृष्ण को एकान्त चित्त रूपी पीठ पर स्थापित कर पूजन करे, वहाँ पर आठ दलों वाला पद्म उसके भीतर छः कोणों वाली कर्णिकायें निर्माण करे, फिर चार द्वारों से उसे मनोहर रूप में सुसज्जित करें, फिर उस षड्दल पर प्रत्येक दलों पर बारम्बार श्री विष्णु का ध्यान करे और पाँच उपचारों से अथवा दशोपचारों से उन विष्णु का पूजन करे ॥ ३५-३८ ॥

गन्धादयो नैवेद्यान्ता पूजापञ्चोपचारिका ।
आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम् ॥ ३९ ॥
मधुपर्काचमनस्नान–[२]वसनाभरणानि च ।
सुगन्धिसुमनो धूपदीपनैवेद्यवन्दनम् ॥ ४० ॥
प्रयोजयेदर्चनायामुपचारांस्तु षोडश ।
विष्णोराराधने[३] कुर्यात् सर्वत्र विधिरेष यः ॥ ४१ ॥

गन्ध से लेकर नैवेद्यपर्यन्त पूजन पञ्चोपचार पूजन कहा गया है । अथवा १. आसन, २. स्वागत, ३. पाद्य, ४. अर्घ्य, ५. आचमनीय, ६. मधुपर्क, ७. आचमन, ८. स्नान, ९. वस्त्र, १०. आभरण, ११. सुगन्धित चन्दन, १२. पुष्प, १३. धूप, १४. दीप, १५. नैवेद्य एवं १६. प्रणाम—इन षोडश उपचारों का अर्चन में उपयोग करना चाहिए । विष्णु की आराधना में सर्वत्र यही विधि कही गई है ॥ ३९-४१ ॥

विधिः स्यात् कृष्णविश्वेश समुद्भूतस्य सत्पतेः ।
दशोपचारकथनं श्रूयतां वल्लभ प्रभो ॥ ४२ ॥
पाद्यमर्घ्यं तथाचामं मधुपर्काचमनं तथा ।
गन्धादयो नैवेद्यान्ता उपचारा दशक्रमात् ॥ ४३ ॥
विष्णुं सम्पूज्य धीमान्[४] हविष्याशीर्जितेन्द्रियः ।
सर्वदा परमानन्दः कालिकावशसेवकः ॥ ४४ ॥
सर्वज्ञानधरो वीरो विवेकी सर्वदर्शकः ।
संभावयेत् स्वाधिष्ठाने निरन्तरं महाशुचिः ॥ ४५ ॥
बालकक्रियया व्याप्तो भावज्ञानी निरामयः ।
स भवेत् कालिकापुत्रो यः कृष्णभावतत्परः ॥ ४६ ॥

हे प्राणवल्लभ ! हे प्रभो ! कृष्णविश्वेश सत्पति के पूजन में और भी विधियाँ हैं उनमें

---

१. मुदा—ग० ।
२. मधुपर्कश्च आचमनं च स्नानं च वसनं च आभरणं चेति इतरेतरयोगद्वन्द्वः ।
३. सर्वाज्ञया—ग० । ४. शुद्धः स्यात्—ग० ।

दशोपचार से पूजन कहती हूँ, उसे सुनिये—१. पाद्य, २. अर्घ्य, ३. आचमनीय, ४. मधुपर्क, ५. आचमन, ६. गन्ध, ७. पुष्प, ८. धूप, ९. दीप और अन्त में १०. नैवेद्य—ये दश उपचार कहे गए हैं। इस प्रकार पूजन कर हविष्य का भोजन करने वाला, जितेन्द्रिय, सर्वदा, परम, आनन्द में निमग्न कालिका के वश में रह कर उनकी सेवा करने वाला सर्वज्ञानी वीर, विवेकी, सर्वद्रष्टा, महाशुचि साधक स्वाधिष्ठान चक्र में निरन्तर ध्यान लगावे। बालक के समान आचरण करने वाला, श्रीकृष्ण भाव का ज्ञान रखने वाला, स्वस्थ चित्त वाला साधक इस प्रकार श्रीकृष्ण का ध्यान करता हुआ कालिका पुत्र बन जाता है ॥ ४३-४६ ॥

कृष्णं सञ्चिन्तयेन्मूलकमलोद्ध्र्वे कुलात्मकम् ।
स भवेत्कालिकापुत्रोऽष्टाङ्गसिद्धिगुणान्वितः ॥ ४७ ॥
मानसैः पूजनं कृत्वा शङ्खस्थापनमाचरेत् ।
यत्कृत्वा मानसं योगं न कुर्याद्बहिरर्चनम् ॥ ४८ ॥
मूलमन्त्रदेवतायाः साधने दैवतं यजेत् ।
देवस्य दक्षिणस्थांश्च पूर्वोपास्यसुसंस्थितान् ॥ ४९ ॥
पूजयेद् गन्ध[1]पुष्पाद्यैस्तुल्यमन्त्रेण मन्त्रवित् ।
ततः श्रीकृष्णपादाब्जं ध्यानं कुर्यान्मनोलयम् ॥ ५० ॥

इस प्रकार मूलाधार कमल के ऊपर स्वाधिष्ठान चक्र में कुल देवता श्रीकृष्ण का ध्यान करने वाला साधक अष्टाङ्ग योग की सिद्धि के गुणों से युक्त होकर कालिका देवी का पुत्र बन जाता है। उपर्युक्त विधि से मानसोपचार पूजन कर भगवान् के सामने शंख स्थापित करना चाहिए। साधक को चाहिए कि मानसोपचार से पूजन करने के पश्चात् बाह्य अर्चन न करे। मूलमन्त्र के देवता के साधन में देव के दक्षिण भाग में सम्यग् रूप से अवस्थित अन्य देवताओं का भी यजन पहले करे। मन्त्रवेत्ता साधक जिस मन्त्र से इष्ट देवता का यजन करे उसी मन्त्र से गन्ध पुष्पादि उपचारों द्वारा उन-उन देवताओं का भी यजन करें, फिर श्रीकृष्ण के चरण कमलों का ध्यान कर उसी में अपना मन लय कर देवे ॥ ४७-५० ॥

एवं क्रमेण तत्पद्मे स्थिरो भवति योगिराट् ।
यः करोति शुद्धभावं महामोहहरं हरिम् ॥ ५१ ॥
स्थापयित्वा च षट्पद्मे महामोक्षमवाप्नुयात् ।
यः प्रधानगुणज्ञश्च स मे शास्त्रार्थमाश्रयेत् ॥ ५२ ॥
इहकाले शत्रुलोके निवसत्येव योगिराट् ।
पादाम्भोजे मनो दद्यान्मखकिञ्जल्कचित्रिते ॥ ५३ ॥
जङ्घायुगे चारुरामकदलीकाण्डमण्डिते[2]।
ऊरुद्वये मत्तगजकरदण्डसमप्रभे[3]॥ ५४ ॥

---

१. गन्धश्च पुष्पं च गन्धपुष्पे, ते आद्ये येषां तैः ।

२. चारुरामं च तत्कदलीकाण्डं च तेन मण्डिते ।

३. मत्तश्चासौ गजश्च मत्तगजस्तस्य करदण्डस्तेन समा प्रभा यस्य तस्मिन्, इति बहुव्रीहिः।

ऐसा करने से स्वाधिष्ठान चक्र के पद्म में योगिराज स्थिर हो जाता है । जो साधक शुद्धभाव वाले महामोह का हरण करने वाले श्री विष्णु को उस षट्पद्म के ऊपर स्थापित कर ध्यान करता है वह महामोक्ष प्राप्त कर लेता है, जो इस प्रकार प्रधान इष्ट के देवता के गुण का ज्ञान कर लेता है वही हमारे शास्त्र के अर्थ का आश्रय प्राप्त करता है । ऐसा योगिराज इस काल में संसार में सुखपूर्वक निवास करता है । अतः श्रीकृष्ण के यज्ञरूप केशर से चित्रित पद कमलों का ध्यान इस प्रकार करे । उनके अत्यन्त मनोहर केले के खम्भे के समान दोनों जांघों का ध्यान करे और मदमत्त हाथी के कर दण्ड के समान शोभा वाले दोनों ऊरुओं का ध्यान करे ॥ ५१-५४ ॥

गङ्गावर्तगभीरे तु नाभौ शुद्धविलेऽमले ।
उदरे वक्षसि तथा हरौ श्रीवत्सकौस्तुभे ॥ ५५ ॥
पूर्णचन्द्रायुतपक्षे ललाटे चारुकुण्डले ।
शङ्खचक्रगदाम्भोजे दोर्दण्डोपरिमण्डिते [१] ॥ ५६ ॥
सहस्रादित्यसङ्काशे [२] सकिरीटकुलद्वयम् ।
स्थानेष्वेषु यजेन्मन्त्री विशुद्धः शुद्धचेतसा ॥ ५७ ॥
मनो निवेश्य कृष्णे वै तन्मयो भवति ध्रुवम् ।
यावन्मनोलयं याति कृष्णे स्वात्मनि चिन्मये [३] ॥ ५८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे श्रीकृष्णस्वाधिष्ठानप्रवेशो नाम अष्टात्रिंशत्तमः पटलः ॥ ३८ ॥

गङ्गा के आवर्त (भँवर) के समान गम्भीर शुद्ध बिल वाले, अत्यन्त स्वच्छ उनके नाभि भाग का ध्यान करे । इसी प्रकार श्रीवत्स और कौस्तुभ से युक्त उनके वक्षः स्थल का एवं उदर का ध्यान करे । हजारों चन्द्रमण्डल के समान मुख से युक्त उनके केशपक्ष में, चारुकुण्डल से संयुक्त ललाट में, शंख, चक्र गदा और पद्ममण्डित उनके हाथों का ध्यान करे । सहस्रों आदित्य के समान देदीप्यमान, उनके दोनों किरीटों में—इस प्रकार इन इन स्थानों में मन्त्रज्ञ विशुद्ध साधक अपने शुद्ध चित्त से श्रीकृष्ण का ध्यान करे । श्रीकृष्ण में मन लगाने से साधक निश्चित रूप से उनमें तन्मय हो जाता है । अतः चिदानन्द एवं आत्मस्वरूप श्रीकृष्ण में जब तक मन का लय न हो जावे, तब तक उन श्रीकृष्ण का ध्यान करे ॥ ५६-५८ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवभैरवी संवाद में श्रीकृष्णयुक्त स्वाधिष्ठान चक्र में प्रवेश नामक अड़तीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३८ ॥

---

१. दोषः बाहोः दण्डस्तेन परिमण्डिते । २. सहस्रमादित्यास्तैः संकाशे सदृशे ।
३. चिदेव चिन्मयं तस्मिन् ।

अथैकोनचत्वारिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ नाथ प्रवक्ष्येऽहं संसारसाधनोत्तमम् ।
येन साधनमात्रेण योगी भवति तत्क्षणात् ॥ १ ॥
अनायासेन सिद्धिः स्याद् यद्यन्मनसि वर्त्तते ।
त्रैलोक्यं मोहयेत्क्षिप्रं त्रैलोक्यं वशमानयेत् ॥ २ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! अब संसार के सभी साधनों में उत्तम साधन कहती हूँ, जिसके साधन कर लेने मात्र से साधक तत्क्षण योगी हो जाता है । साधक के मन में जो जो कामनायें होती हैं, इस साधन से उनकी अनायास सिद्धि हो जाती है । ऐसा साधक शीघ्र ही त्रिलोकी को मोहित कर लेता है और उसे अपने वश में कर लेता है ॥ १-२ ॥

रामेण[१] सहितं नित्यं जगतां साक्षिणं वरम् ।
जामदग्न्यकराम्भोजसेवितं सर्वसेवितम् ॥ ३ ॥
अनन्तसत्त्वनिलयं वासुकी[२] सङ्गमाकुलम् ।
अष्टहस्ताग्रसुश्रीदं[३] नानालङ्कारशोभितम् ॥ ४ ॥
स्वाधिष्ठानगतं ध्यात्वा शीतलो जायते वशी ।
तत्स्तोत्रं शृणु मे नाथ यत्पाठात् सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ५ ॥

श्रीकृष्णध्यान—बलराम के साथ निवास करने वाले जगन्मात्र के सर्वश्रेष्ठ द्रष्टा, परशुराम के करकमलों से सेवित, किं बहुना सभी से सेवित, अनन्त सत्व (बल) के निलय, वासुकी नाग के साथ से आकुल, आठ हाथों वाले, सुन्दर लक्ष्मी प्रदान करने वाले, अनेक प्रकार के अलङ्कारों से शोभित स्वाधिष्ठान चक्र में निवास करने वाले श्रीकृष्ण का ध्यान कर साधक जितेन्द्रिय एवं शान्त हो जाता है । हे नाथ ! अब उनके स्तोत्र को सुनिये, जिसके पाठ करने से साधक को सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ ३-५ ॥

श्रीकृष्णस्तोत्रम्

ब्रह्मादयः सुराधीशा मुनयः क्रतुरक्षकाः ।

---

१. स्वाधिष्ठानगतं विष्णुं संसारसारप्रदं हरिम् ।
य: स्तौति प्रत्यहं भक्त्या स्वाधिष्ठानाक्षरस्थिरम् ॥
वादिलानावर्णयुतं हिमांशुं परिशोभितम् ॥ क० ।

२. संकुलेक्षणम्—ग० ।

३. अष्टहस्तो ग्रहम्—ग० ।

एतत् स्तोत्रं पुरा कृत्वा जीवन्मुक्तो महीतले ॥ ६ ॥
अतः श्रीकालिकानाथ स्तोत्रं शृणु महत्फलम् ॥ ७ ॥

ब्रह्मादि देवगण, मुनिगण तथा यज्ञरक्षक, इस स्तोत्र का पाठकर इस पृथ्वी पर ही जीवन्मुक्त हो गए । इसलिए हे श्रीकालिकानाथ ! उस महान् फल देने वाले स्तोत्र को सुनिए ॥ ६-७ ॥

श्रीविष्णोरद्भुतकर्मणो ब्रह्मर्षिस्त्रिष्टुप्छन्दः श्रीविष्णुः श्रीकृष्णः श्रीनारायणो देवता सर्वस्तोत्रसारकवचमन्त्रसिद्ध्यर्थे विनियोगः ॥

अद्भुतकर्मा श्रीविष्णु के इस स्तोत्र के ब्रह्मा ऋषि हैं और त्रिष्टुप् छन्द है । श्रीविष्णु, श्रीकृष्ण और श्रीनारायण देवता हैं । सर्वस्तोत्र सार कवच मन्त्र की सिद्धि के लिए इसका विनियोग करता हूँ ।

श्री कृष्णं जगतामधीशमनघं[१] ध्यानात्सिद्धिप्रदं
गोविन्दं [२]भवसिन्धुपारकरणं सन्तारणं कारणम् ।
श्री विष्णुं वनमालिनं नरहरिं नारायणं गोकुलं
योगेन्द्रं नरनाथमादिपुरुषं वृन्दावने भावयेत् ॥ ८ ॥

समस्त जगत् के अधीश्वर ध्यान से सिद्धि प्रदान करने वाले गोविन्द, संसाररूप समुद्र से पार लगाने वाले, सब को तारने वाले, सब के कारणभूत, श्रीविष्णु के स्वरूप वनमालाधारी नृसिंह, नारायण, गोकुल, योगेन्द्र, नरनाथ एवं आदिपुरुष श्रीकृष्ण का वृन्दावन में ध्यान करना चाहिए ॥ ८ ॥

मोक्षश्रीसहितं कृतान्तविकृतं[३] धर्मार्णवं सुन्दरं
श्रीरामं[४] बलरामभावविमलं नित्याकुलं सत्कुलम् ।
श्रीश्यामं [५]कनकादिहार[६]विलसत्लम्बोदरं श्रीधरं
तं वन्दे हरिमीश्वरं [७]गुणवतीमायाश्रयं स्वाश्रयम् ॥ ९ ॥

मोक्ष श्री के साथ रहने वाले कृतान्त को विकृत करने वाले, धर्म के समुद्र, परमसुन्दर, श्री में रमण करने वाले, बलराम के भाव में विमल, नित्य, आकुल, सत्कुलीन, सुवर्णादि के हार धारण करने से जिनका लम्बा उदर शोभित हो रहा है, ऐसे श्रीधर, गुणवती माया के आश्रय एवं स्व में आश्रय वाले ईश्वर हरि की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ९ ॥

वैकुण्ठेशमशेषदोषरहितं सायुज्यमोक्षात्मकं
नानारत्नविनिर्मिता मम पूजा राजेन्द्रचूडामणिम् ।
शोभामण्डलमण्डितं सुरतरुच्छायाकरं योगिनं
विद्यागोपसुतावृतं[८] गुणमयं वाक्सिद्धये भावयेत् ॥ १० ॥

---

१. अविद्यमाना अघा यस्मिन्, तम् ।
२. भव एव सिन्धुः, तस्य पारकरणम् ।
३. विकृतिम्—ग० ।
४. श्रीबालम्—ग० ।
५. ककुरादि—ग० ।
६. विगलत्—ग० ।
७. गुणवताम्—क० ।
८. रतम्—क० ।

वैकुण्ठ के ईश्वर, सम्पूर्ण दोषों से रहित, सायुज्यमोक्ष के साक्षात् स्वरूप, राजेन्द्र चूड़ामणि, शोभामण्डल से मण्डित, कल्पवृक्ष के समान छाया करने वाले, योगी, महाविद्या एवं गोपसुतों से घिरे हुए, गुणमय, श्रीकृष्ण नाना रत्नों से विरचित मेरी पूजा ग्रहण करें। भक्त जनों को इस प्रकार के श्रीकृष्ण का ध्यान वाक्सिद्धि के लिए करना चाहिए ॥ १० ॥

स्वाधिष्ठाननिकेतनं परजनं विद्याधनं मायिनं
श्रीनाथं कुलयोगिनं त्रिभुवनोल्लासैकबीजं प्रभुम् ।
संसारोत्सवभावलाभनिरतं[१] सर्वादिदेशं सुखं
वन्देऽहं वरसर्पशत्रुसफले[२] पृष्ठे स्थिरानन्ददम्[३] ॥ ११ ॥

स्वाधिष्ठान चक्र में निवास करने वाले, पुरुषोत्तम, विद्यारूप धन वाले, माया से युक्त, श्रीनाथ, कुलयोगी, समस्त त्रिभुवन के एकमात्र आनन्द के बीजरूप, प्रभु, संसाररूप उत्सव के भाव लाभ में संलग्न, समस्त प्रदेशों में विद्यमान, सुखरूप, श्रेष्ठ गरुड की पीठ पर आसीन और स्थिर आनन्द देने वाले बलराम एवं श्रीकृष्ण की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ११ ॥

भावाष्टं[४] भवभावयोगजडितं जाड्यापहं[५]भास्वरं
नित्यं शुद्धगुणं[६]गभीरधिषणामोदैकहेतुं[७]पतिम् ।
कीर्तिक्षेमकरं महाभयहरं[८] कामाधिदैवं शिवं
तत्तत्षड्दलमध्यगेहरुचिरानन्दैकदेशास्पदम् ॥ १२ ॥

आठ प्रकार के भावों से संयुक्त, संसारी भाव (चेष्टा) रूप योग से जड़ीभूत, मूर्खता को दूर करने वाले, महातेजस्वी, नित्य शुद्धगुणस्वरूप, गम्भीरबुद्धि से आनन्द के एकमात्र साधन, सबके स्वामी, भक्त जनों को कीर्ति प्रदान करने वाले और उनका कल्याण करने वाले तथा उनके भय को हरण करने वाले, काम के अधिदेवता, शिव स्वरूप स्वाधिष्ठान के उन-उन षड्दलों के गेह पर रुचिर आनन्द के एक देश के आस्पद, श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिए ॥ १२ ॥

वन्दे श्रीपतिमच्युतं नरहरिं दैत्यारिशिक्ष्याकुलं[९]
गन्धर्वप्रभृतेः सुगायनरतं वंशीधरं भावदम् ।
रत्नानामधिपं गतिस्थमचलं गोवर्धनाधारणं
विश्वामित्रतपोधनादि मुनिभिः संसेवितं तैजसम्[१०] ॥ १३ ॥

श्री के पति, कभी च्युत न होने वाले, नृसिंह, दैत्यों के अरि, देवतागणों के शिक्षण में व्यग्रचित्त, गन्धर्व प्रभृति के सुन्दर गायन में रत, वंशी धारण करने वाले एवं भाव (सत्ता),

---

१. नाम—क० । २. सकले—ग० । ३. नन्दनम्—ग० ।
४. भावान्तम्—ग० । ५. भासुरम्—ग० ।
६. गभीराया धिषणाया य आमोदः स एवैको हेतुर्यस्य तम् ।
७. परम्—ग० । ८. भवहरम्—ग० ।
९. मिक्ष्वाकुगम्—ग०। १०. तेजसम्—ग० ।

चेष्टा प्रदान करने वाले, रत्नों के अधिप, गति में रहने वाले, अचलस्वरूप, गोवर्धन धारण करने वाले, विश्वामित्रादि तपोधनादि मुनियों से सुसेवित, तैजस स्वरूप श्रीकृष्ण की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १३ ॥

वन्दे गोविन्दपादाम्बुजमजमजितं[१] राजितं भक्तिमार्गे
सत्त्वोत्पन्नं[२] प्रभुत्वं परगणनमितं चारुमञ्जीरहारम् ।
हंसाकारं [३]धवलगरुडानन्दपृष्ठे निमग्नं[४]
बन्धूकारक्तसारान्वितचरणतलं [५]सर्वदाशान्तरालम् ॥ १४ ॥

अज, किसी के द्वारा न जीते जाने वाले, भक्ति मार्ग में विराजित, सत्त्वोपपन्नता एवं प्रभुत्व से परिपूर्ण, अपने शत्रुओं के द्वारा प्रणमित, अत्यन्त सुन्दर मञ्जीर एवं हार धारण करने वाले, हंस के आकार वाले, श्वेत वर्ण वाले गरुड़ के आनन्द देने वाले पृष्ठ पर बैठे हुए, बन्धूक पुष्प के समान रक्त वर्ण से संयुक्त चरण तल वाले, अपना सब कुछ देने वाले, आशा के अन्तराल में रहने वाले ऐसे गोविन्द के चरण कमलों की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १४ ॥

राकिण्या: प्रेमसिद्धं नववयसिगतं [६]गीतवाद्यादिरागं
रागोत्पन्नं [७]सुफलगुणदं गोकुलानन्दचन्द्रम् ।
वाणी-लक्ष्मी-प्रियं तं त्रिभुवनसुजनाह्लादकर्तारमाद्यं
वन्दे सिद्धान्तसारं गतिनतिरहितं[८] सारसङ्केतिताप्तम् ॥ १५ ॥

राकिणी के प्रेम से सिद्ध होने वाले, युवावस्था सम्पन्न, गीतवाद्यादि में राग रखने वाले, राग से उत्पन्न होने वाले, सुन्दर फलों वाले गुणों को देने वाले, गोकुल के आनन्द चन्द्र, वाणी एवं लक्ष्मी के प्रिय, त्रिभुवन में रहने वाले, सज्जनों में आह्लाद करने वाले, आद्य सिद्धान्तों के सारभूत, गति नति से रहित, तत्त्वों के सङ्केत द्वारा जिन्हें आप्त बताया है ऐसे उन श्रीकृष्ण की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १५ ॥

कामं कामात्मकं तं विधुगतशिरसं कृष्णसम्बोधनान्तं
बीजं कामं पुनस्तत् [९]पुरुषसुरतरुं भावयित्वा भजेऽहम् ।
श्रीकृष्णं कृष्णकृष्णं निरवधिसुखदं[१०]सुप्रकाशं प्रसन्नं
स्वाधिष्ठानाख्यपद्मे[११]मनसि गतो भवे सिद्धिस्थलस्थम् ॥ १६ ॥

काम, काम के स्वरूप, सर्वत्र व्याप्त, कृष्ण शब्द से संबोधित किए जाने वाले, काम बीज स्वरूप, फिर तत्स्वरूप, पुरुषों के रूप में कल्पवृक्ष उन श्रीकृष्ण का ध्यान कर मैं भजन

---

१. मजयमजितम्—ग० । २. मल्लोत्पन्नम्—ग० । ३. बलधर—ग० ।
४. निलग्नम्—क० । ५. ज्ञानवालम्—ग० ।
६. वाणम्—ग० । ७. सुसकल—ग० । ८. स्तम् इति—ग० ।
९. पुरुष: सुरतरुरिव कल्पवृक्ष इव । उपमितमिति समास: ।
१०. निरवधि यत्सुखं तद् ददाति इति कप्रत्ययान्त: ।
११. मनसि गतभवेसिद्धि सिद्धस्थलस्थम्—ग० ।

करता हूँ । जो श्रीकृष्ण हैं, कृष्ण वर्ण वाले हैं, पापों को विनष्ट करने वाले हैं, जिसकी कोई अवधि नही हैं ऐसे सुख देने वाले हैं, सुन्दर प्रकाश वाले एवं प्रसन्न हैं, स्वाधिष्ठान नामक पद्म में, मन में रह कर जो इसी संसार में सिद्धि स्थल में निवास करते हैं ॥ १६ ॥

आकाशे चारुपद्मे [१]रसभयवलगं रक्तवर्णं प्रकाण्डं
आत्मारामं नरेन्द्रं सकलरतिकरं कंसहन्तारमादिम् ।
आद्यन्तस्थानहीनं [२]विधिहरगमनं सेन्द्रनीलामलाभं
भावोत्साहं[३] त्रिसर्गस्थितिपरममरं भावये भावसिद्ध्यै ॥ १७ ॥

अत्यन्त मनोहर स्वाधिष्ठान चक्र रूप कमल के आकाश में ब भ म य र ल इन ६ पत्तों पर रक्तवर्ण के प्रकाण्ड (मूल से शाखापर्यन्त) भाग से युक्त, आत्मा में रमण करने वाले, मनुष्यों में इन्द्र, सबसे प्रेम करने वाले, कंस के काल, आदि पुरुष, आद्यन्तस्थान से हीन, ब्रह्मा और सदाशिव से प्राप्त किए जाने योग्य, इन्द्रनील के समान स्वच्छ आभा वाले, भावना से उत्साह प्रदान करने वाले, सृष्टि, स्थिति एवं संहार करने वाले परब्रह्म देवाधिदेव श्रीकृष्ण का मैं भावसिद्धि के लिए ध्यान करता हूँ ॥ १७ ॥

सर्वेषां ज्ञानदानं रसदलकमले सर्वदा त्वं करोषि
आत्मानन्दं[४] [५]सुधादिप्रियधनगुणिनामेकयोगप्रधानम् ।
मायापूर्णः प्रचयनवरसः प्रीतिदेशः[६] प्रभेकः
श्रीराजाख्यः[७] प्रपूर्णः मयि धनरहिते दृष्टिपातं भवादौ ॥ १८ ॥

हे प्रभो ! आप ६ पत्तों वाले अधिष्ठान चक्र के कमलों पर निवास करते हुए सबको ज्ञान दान करने वाले हो । सुधादि प्रियधन वाले गुणियों के एक योग प्रधानभूत आत्मानन्द हो । माया से परिपूर्ण हो, नवों रसों के राशि हो, सब के प्रीति के स्थान (प्रभेग ? एवं प्रभेक ?) हो और श्रीराज नाम से प्रसिद्ध हो । किं बहुना, सब प्रकार से परिपूर्ण हो । अतः इस संसार में मुझ निर्धन पर दृष्टिपात कीजिए ॥ १८ ॥

काली श्री[८]कुण्डलिन्याः परगृहनिरतं[९] [१०]भावकब्रह्मरूपं ।
मुक्तिच्छत्रं [११]पुरेशं निजधनसुखं भार्यया क्रीडयन्तम् ।
सभाक्षेत्रं[१२] नेत्रं नयमानमयमत्पुरसंस्थाभिषेकम् ॥ १९ ॥

काली श्री कुण्डलिनी रूप के श्रेष्ठ गृह में निवास करने वाले, सब को उत्पन्न करने

---

१. वमममरुणसम्—क० । २. वहगहनम्—ग० ।
३. वर्ग—ग० । ४. प्रेमानन्दम्—ग० ।
५. गुणधनिनाम्—क० । ६. प्रातिदेशः प्रभेगः—ग० ।
७. श्रीवधक्षेमहीने मयि धनरहिते दृष्टिपात्रं तवादौ—ग० ।
८. श्रीकण्ठनिल्याः—ग० । ९. परगृहनिगतम्—ग० ।
१०. तारक—ग० । ११. पुरवशनिधनम्—ग० ।
१२. सभाक्षेत्रे त्रिनेत्रं वरमणि मयशतपूरसंज्ञात्रियेकम्—क० ।

वाले, परब्रह्मस्वरूप, मुक्तिरूप छत्र वाले, शरीर रूपी पुर के ईश (परमात्मस्वरूप) निर्धन जनों को सुख देने वाले, अपनी भार्या के साथ क्रीड़ा करते हुए ल य व श अक्षरों वाले संसत्प्रदेश में दूर से ही अभिषिक्त उन तारक ब्रह्म का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १९ ॥

ध्यात्वाऽहं प्रणमामि सूक्ष्मकमले[1] लोकाधिपं व्याधिपं
वैकुण्ठं कृष्णमीडे कुरुभवविभवक्षेमहन्तारमन्तम् ।
शान्तानां ज्ञानगम्यं स्वनयनकमले पालयन्तं त्रिमार्गं
वज्रारिं पूतनारिं [2]द्वयवकनरकध्वान्तसंहारसूरम् ॥ २० ॥

सूक्ष्म कमल पर लोकों के अधिप, व्याधि से संरक्षण करने वाले, वैकुण्ठ धाम वाले, श्रीकृष्ण का ध्यान कर मैं उन्हें प्रणाम करता हूँ और उनसे प्रार्थना करता हूँ, जो कौरवों के विभव एवं क्षेम के विनाशकर्ता एवं मृत्युस्वरूप हैं, शान्त पुरुषों के अपने नेत्र कमलों में ज्ञान द्वारा गम्य हैं, सृष्टि, स्थिति एवं संहार रूप तीनों भागों का पालन करने वाले हैं, वज्र के अरि एवं पूतना के शत्रु हैं, बकासुर एवं नरकासुर इन दोनों के पापसंहार करने में शूर हैं ॥ २० ॥

मान्यं लोकेषु सर्वेष्वतिशयमनसं केवलं निर्मलञ्च
ओङ्कारं कारणाख्यं सुगतिमतिमतां मातृकामन्त्रसिद्धम् ।
सिद्धानामादिसिद्धं सुररिपुशमनं कालरूपं रिपूणां
मूलोर्ध्वे षड्दलान्ते मनसि सुविमले पूरयित्वा मुकुन्दम् ॥ २१ ॥
नित्यं सम्भावयेऽहं[3] निजतनुसमता सिद्धये पूजयामि ।
त्वं साक्षादखिलेश्वरः प्रियकरः श्रीलोकहस्तार्चितः ।
क्षोणीशः प्रलयात्मकः प्रतिगुणी ज्ञानी त्वमेको महान् ॥ २२ ॥

सभी लोक में मान्य (आदरणीय) श्रेष्ठ मन वाले एकमात्र (अकेले) स्वच्छ ॐकार स्वरूप, कारण नाम से कहे जाने वाले, सुन्दर गति वाले, बुद्धिमानों के आराध्य, मातृका मन्त्र से सिद्ध, सभी सिद्धों में आदि सिद्ध, देवताओं के शत्रु राक्षसों का शमन करने वाले, सर्वथा निष्पाप, शत्रुओं के लिए कालस्वरूप, मूलाधार चक्र के ऊपर स्वाधिष्ठान चक्र में ६ पत्ते वाले कमल के अन्त में अत्यन्त स्वच्छ मन में भगवान् मुकुन्द को स्थापित कर मैं उनका नित्य ध्यान करता हूँ और अपने शरीर में समदृष्टि प्राप्त करने के लिए उन श्रीकृष्ण का पूजन करता हूँ । हे भगवान् ! आप साक्षात् अखिलेश्वर हो, सबका प्रिय करने वाले हो, श्री सम्पन्न लोगों द्वारा अर्चित हो, इस पृथ्वी के ईश्वर हो, प्रलयकर्ता हो समस्त गुणियों के प्रतिनिधि हो । किं बहुना, आप मात्र एक हो और महान् हो ॥ २१-२२ ॥

यद्येवं मम पामरस्य कलुषं श्रीधर्महीनान्दितं
कृत्वा पादतले यदीह नियतं व्यारक्ष[4] रक्षात्मगम् ।

---

१. हरण .... न्तारमन्तम् ।
२. द्वयवकनरकयोः वकासुरनरकासुरयोर्यद् ध्वान्तमज्ञानं तस्य संहारे सूरम् ।
३. रम्भावयेऽहं निजतनुसमसिद्धये—ग० ।
४. व्यावक्ष रक्षात्मक—ग० ।

राधा[1]कृष्णपदामलाम्बुजतलं [2]चैतन्यमुक्त्याकुलं
सर्वत्रादिगमागमं त्रिगमनं निर्वाणमोक्षाश्रयम् ॥ २३ ॥

यदि ऐसा है तो मुझ जैसे पामर के श्री धर्म से हीन, कालुष्य (पाप) को अपने पैरों से दबाकर इस लोक में मेरी रक्षा कीजिए। क्योकि मैं रक्षा के योग्य हूँ। आप श्रीराधाकृष्ण के पैर के तलवे स्वच्छ कमल के समान कोमल एवं रक्तवर्ण वाले हैं, चैतन्यपूर्ण है, मुक्ति के लिए आकुल है सर्वत्र आदि में रहने वाले आगम है। तीनों लोकों में गमनशील है निर्वाण और मोक्ष का आश्रय है ॥ २३ ॥

बालं वैरिविनाशनं सुखमयं कैवल्यमोक्षास्पदं
दैवं देवगणार्चितं रसदले चारोपयामि प्रभो ।
निर्दिष्टं भुवनाश्रयं [3]यतिपतिं निर्वाणमोक्षस्थितं
निर्वाणादिकमोदने प्रचपलं श्रीचञ्चलासङ्कुलम् ॥ २४ ॥

हे प्रभो ! मैं बालक रूप आपको, शत्रुनिहन्ता एवं सुख स्वरूप को, कैवल्यमोक्ष के आस्वाद को तथा देवीगणों से अर्चित आप देव को षड्दल वाले पद्म पर आरोपित करता हूँ। आप निश्चित रूप से रहने वाले हैं, इन भुवनों के आश्रय हैं, यतियों के पति हैं, निर्वाण मोक्ष में स्थित हैं, निर्वाणादिक सुख प्रदान करने में प्रकृष्ट रूप से चपल हैं और श्री के चञ्चलता से परिपूर्ण है ॥ २४ ॥

वन्देऽहं परमेश्वरं सकलदैत्यानां बलप्राणहं ।
हंसारूढनिरक्षणं क्षणगतं वाणीपतिं भूपतिम् ।
वाञ्छाकल्पलतापतिं कुलपतिं विद्यापतिं गोपतिम् ॥ २५ ॥

मैं उन समस्त दैत्य समूहों के बल और प्राण का हरण करने वाले, हंस पर आरूढ़, निःशेष रूप से रक्षा करने वाले, उत्साहसम्पन्न, वाणी के पति भूपति (श्रीकृष्ण) की वन्दना करता हूँ, जो वाञ्छा पूर्ण करने वाली कल्पलता के स्वामी हैं, कुलो (शाक्तों) के पति हैं और महाविद्याओं के पति एवं इन्द्रियों के पति हैं ॥ २५ ॥

श्री[4]विद्यापतिमादिदेवपुरुषं[5] विश्वेश्वरप्रेमगं[6] ।
श्री[7]कुम्भोद्भवकालसत्वनिकरं त्वां[8] भास्करं भावये ।
सिद्धानाम[9]भिचिन्हयोगनिरतं रक्ष त्वमादौ हि माम् ॥ २६ ॥

आप श्रीविद्या के पति, आदिदेव एवं शरीर रूपी पुर में निवास करने के कारण पुरुष हैं, श्री विश्वेश्वर के प्रेम से गम्य हैं, श्री कुम्भोद्भव (अगस्त्य) स्वरूप हैं। काल में सत्त्व

---

१. पदासन—ग० । २. सूक्त्या—ग० । ३. यदुपति—ग० ।
४. श्रीविद्या सम्प्रदायसिद्धा एव फलदा भवति तस्याः पतिम् ।
५. वपुषम्—ग० । ६. विश्वेश्वरस्य प्रेमाणं गच्छति । गमेर्डः ।
७. गङ्गोद्भव—ग० । ८. तमम्—ग० ।
९. मति—ग० ।

के निकर समूह हैं अतः भास्कर स्वरूप आप का ध्यान करता हूँ। यतः आप सिद्धों में विशेष चिह्नयोग (?) में निरत हैं, अतः सर्वप्रथम आप मेरी रक्षा कीजिये ॥ २६ ॥

प्रभो निःसङ्केतं गुणमणिमतं श्रेयसि मतं ।
मतामन्तः[१] सुस्थं विगलितमहाप्रेमसुरसम् ।
मुदा वन्दे[२] कृष्णं हरकरतलाम्भोजयजितम् ॥ २७ ॥

हे प्रभो ! आप सङ्केत रहित हैं, गुणमणियों के मान्य हैं, कल्याण करने वाले हैं, माननीयों के सिद्धान्त हैं, सुन्दर वस्तुओं में निवास करने वाले हैं और महाप्रेम करने पर सुन्दर रसों का क्षरण करने वाले हैं। ऐसे सदाशिव के कराम्भोजों से लालित आप श्रीकृष्ण की मैं वन्दना करता हूँ ॥ २७ ॥

प्रभापुञ्जं [३]रामाश्रयपदमदं कामकुशलं
महामन्त्रच्छायां रजनिमिलितं ध्वान्तजडितम् ।
त्रिकोणस्थं कुस्थं कुगतिसुगतिं कारणगतिं
प्रलीनं[४] संस्थानं जगति जगतां धर्ममुदयम् ॥ २८ ॥
रमेशं वाणीशं विधिगतपदं शम्भुनिगतं
त्रिकालं योगानां नयनकमलं शब्दनिरतम् ।
कुलानन्दं गोपीजनहृदयगं [५]गोपियजितं
विधानं त्वामिन्द्रं [६]गुरुतरमुपेन्द्रं हरिरिपुम् ॥ २९ ॥
मुदा त्वां वन्देऽहं चपलं[७] तां मे नवहवे ।
कुलालापश्रद्धामय [८]मखिलसिद्धिप्रदमनम् ।
मलातीतं[९] नीतं सुरनरसतां[१०] शास्त्रभवनम् ॥ ३० ॥

प्रभा के पुञ्ज, परशुराम के आश्रय वाले पद से गर्वीले, काम कला में कुशल महामन्त्र की छाया वाले, रजनी से मिले हुए, ध्वान्त (कृष्णता) से जडित, त्रिकोण में स्थित, क वर्ग वर्ण में स्थित रखने वाले कुगति, सुगति, कारणगति, प्रलीन तथा जगत् के उदीयमान धर्मरूप, रमेश, वाणीश और समस्त विधानों में अपना स्थान रखने वाले सदाशिव में निःशेषरूप से (निवास करने वाले) तीनों काल में योगों में तथा नेत्रकमल शब्द में संलग्न, कुल (शाक्त सम्प्रदाय) के आनन्दभूत, गोपीजनों के हृदय में रहने वाले, गोपियों द्वारा अर्चित, सबका

---

१. मतास्तस्थम्— ग० ।
२. मुदानन्दे—ग० ।
३. सारा इति—ग० ।
४. प्राणिनां संस्थम्—ग० ।
५. हृदयरागं गोपभाजेतम्—ग० ।
६. सुरेन्द्रं सुररिपुम्—ग० ।
७. त्वमपि चपलम्—ग० ।
८. कुलाना—ग० ।—कुलालस्यापश्रद्धा तन्मयम् । अथवा कुलस्यालापे या श्रद्धा, तन्मयम् ।
९. मनातीतम्—ग० ।
१०. सुराश्च नराश्च सन्तश्चेति इतरेतरयोगद्वन्द्वः ।

विधान (रचना) करने वाले आप, इन्द्र को सबसे श्रेष्ठ उपेन्द्र हरि (यम अथवा सर्प कालियनाग) के शत्रु और अत्यन्त चपल ऐसे आप परमात्मा श्रीकृष्ण को मैं प्रणाम करता हूँ। कुल के अनुरूप आलाप करने वाले, श्रद्धामय, सब प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाले, सबसे नमस्करणीय, पाप रहित, देवता, मनुष्य और सज्जनों के मनोनीत, शास्त्र के भवनरूप आप श्रीकृष्ण को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ २८-३० ॥

विनोदं नारीणां हृदयरसिकं शोकरहितम् ।
विराजं यज्ञानां [१]हितमतिगुणं यामि शरणम् ॥ ३१ ॥

भक्तों के विनोद स्वरूप एवं स्त्रियों के हृदय के रसिक, शोक से रहित, विराट् रूप धारण करने वाले, यज्ञों के हितकारी और अत्यन्त गुणज्ञ आप भक्तवत्सल भगवान् श्रीकृष्ण की मैं शरण में जाता हूँ ॥ ३१ ॥

एतत्सम्बन्धमात्री[२] मम[३] कुलशिरसि स्थायिनं[४] पातु नित्यं
गोपीनां प्राणनाथः प्रतिदिनमनिशं भालदेशं प्रपायात् ।
भालाधोदेशसंस्थं समवतु सहसा राजराजेश्वरेशः
(गोपान्वन्वो सुरेशः ?)
स्थित्यन्तेशस्त्रिनेत्रं[५] सुखमखिलभवः [६]कण्ठच्छत्राभिसंस्थम् ॥ ३२ ॥

उपर्युक्त संबन्ध की मात्रा वाले मेरे कुल (कौलिक शाक्त सम्प्रदाय) वाले, ध्यानस्थ रहने वालों की आप नित्य रक्षा करें। गोपियों के प्राणनाथ आप प्रतिदिन एवं निरन्तर मेरे भालदेश की रक्षा करें। राजराजेश्वर आप मेरे मस्तक के नीचे रहने वाले प्रदेश स्थित तत्त्वों की रक्षा करें। गोपजनों का अनुसरण करने वाले आप सुरेश, मेरी स्थिति, अन्त, शास्त्र और नेत्रों की रक्षा करें। अखिलमय आप मेरे सुख की तथा कण्ठ के छत्र भूत मस्तक में रहने वालों की रक्षा करें ॥ ३२ ॥

पृष्ठस्थं पातु शौरिः प्रतिदिनममरो लिङ्गबाह्यं कटिस्थं
शम्भुप्रेमाभिलाषी मम तु कुलपदं गुह्यदेशं प्रपायात् ।
आनन्दोद्रेककारी सकलतनुगतं पातु नित्यं मुरारिः[७]
दैत्यारिश्चोरुमूलं[८] नृहरिरवतु मे जङ्घया पादपद्मम् ॥ ३३ ॥

शौरि कृष्ण मेरे पृष्ठ (अग्रभाग) में रहने वाले तत्त्वों की रक्षा करें एवं अमर प्रतिदिन

---

१. सति—ग० । २. मानी—ग० ।
३. मय—ग० ।
४. स्यायिनपते (?)—ग० ।
५. स्थित्यन्ते शस्त्रिनेत्रम्—ग० ।—अत्र पाठस्त्रुटितः ।
६. भवः कण्ठकृत्वाभिसंस्यम्—ग० ।
७. सुरारिः—क० ।—मुरारिरिति पाठे मुरस्य मुरनामकस्य दैत्यस्यारिरित्यर्थः।
८. दैत्यानामरिः श्रीकृष्णः परमात्मा इत्यर्थः ।

मेरे लिङ्ग से बाहर कटि में रहने वाले तत्त्व की रक्षा करें । शम्भु के प्रेम की अभिलाषा रखने वाले आप मेरे कुल, पद और गुह्य प्रदेश की रक्षा करें । आनन्द के उद्रेक को करने वाले मुरारि मेरे समस्त शरीर में रहने वाले तत्त्वों की नित्य रक्षा करें ।। ३३ ।।

एतत्स्तोत्रं पठेद्विद्वान् नियतो भक्तिमान् शुचिः ।
स्थिरो भवति मासेन षड्दले सर्वसिद्धिभाक् ॥ ३४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे श्रीकृष्णस्तवनकवचं नामैकोनचत्वारिंशत्तमः पटलः ॥ ३९ ॥

विद्वान् साधक नियमपूर्वक तथा भक्तिपूर्वक पवित्र होकर इस स्तोत्र का पाठ करें तो वे एक मास में षड्दल वाले स्वाधिष्ठान चक्र में स्थिर हो जाते हैं और समस्त सिद्धियों के भाजन बन जाते हैं ।। ३४ ।।

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में श्रीकृष्ण की स्तुति एवं कवच नामक उन्तालीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३९ ॥

अथ चत्वारिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ नाथ प्रवक्ष्यामि शृणुष्वावहितो मम ।
येन क्रमेण लोकानां योगकार्यं दृढं भवेत् ॥ १ ॥
सर्वत्र भावग्रस्तः सः सिद्धो भवति भैरव ।
यो भवेद्भैरवो देवो भुवने सर्वगो हि सः ॥ २ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे मेरे नाथ ! अब मैं जिस क्रम से लोगों का योग कार्य दृढ़ होता है, उसे कहती हूँ, सावधान हो कर सुनिए ॥ १ ॥

हे भैरव ! जो साधक भैरव देव हो जाता है वह इस त्रिभुवन में सर्वज्ञ हो जाता है, सर्वत्र भैरव के भाव से ग्रस्त रहता है और वही सिद्ध भी कहा जाता है ॥ २ ॥

क्रियादक्षो महावीरो वीरवल्लभभावकः ।
भावयित्वा वर्णमालां मध्ये जप्त्वा दिवानिशम् ॥ ३ ॥
हविष्याशी प्राणवायुरतो वेदान्तपारगः ।
सिद्धान्तवेत्ता सर्वेषां शास्त्राणां निर्णयप्रियः ॥ ४ ॥
गाथाज्ञानी परानन्दो विवेकी [1]भावतत्परः ।
भाववेत्ता रहस्यार्थज्ञानी कोविदवेदवित् ॥ ५ ॥
वाक्यसिद्धिज्ञानपरः सत्यवादी दृढासनः ।
भावयेत् षड्गतं वर्णं ध्यानं कुर्यात् पृथक् पृथक् ॥ ६ ॥

वही समस्त क्रिया में दक्ष, महावीर और वीरवल्लभ भावक तथा (ध्यानी) होता है, जो वर्णमाला का ध्यान कर मध्य में जप करता है । साधक हविष्यान्न का भोजन करे, प्राणवायु (प्राणायाम) में निरत रहे । उसे वेदान्त का पारगामी विद्वान्, सिद्धान्तवेत्ता, सभी शास्त्रों का निर्णय करने वाला, गाथा का ज्ञान रखने वाला, परब्रह्म के आनन्द वाला, विवेकी, भावतत्पर, भाववेत्ता, रहस्यार्थ का ज्ञानी, कोविद, वेदवेत्ता, वाक्सिद्धि का ज्ञान रखने वाला, सत्यवादी और दृढ़ासन का अभ्यासी होना चाहिए । ऐसा साधक स्वाधिष्ठान चक्र के ६ पत्रों पर रहने वाले छः वर्णों को पृथक्-पृथक् ध्यान करे ॥ ३-६ ॥

षट्पद्मस्थो भावयेद्वै षड्वर्णं ध्यानपूर्वकम् ।
वादिलान्ताक्षरं [2] ध्यायेन्महाविद्यानिषेवकः ॥ ७ ॥

---

१. सभवेत्परः—ग० । २. वादिनान्त—ग० ।

महाविद्या की उपासना करने वाला षट्वर्ण वाले स्वाधिष्ठान पद्म पर स्थित हो कर ब भ म य र और ल वर्णों की ध्यानपूर्वक भावना करे ॥ ७ ॥

बकारं[1] सौन्दर्यं स्वकिरणमयं भाव्यमतुलं
मुकुन्दश्रीभक्तिप्रियरमणकं[2] पूर्वदलगम् ।
विशिष्टज्ञानान्तं [3]सुखरनतं कोटिकिरणं
विभाव्य श्रीलक्ष्मीं गमयति झटित् कालपुरुषम् ॥ ८ ॥

१. बकार का ध्यान—पूर्व दिशा के दल पर स्थित बकार वर्ण सुन्दरता से युक्त है अपने किरणों वाला, भाव्य (भव्यता से युक्त) एवं असीम है । मुकुन्द भगवान् की श्रीभक्ति का प्रिय रमण करने वाला मन्त्रज्ञ है, विशिष्ट ज्ञान का अन्त है । सुख देने वाला एवं विनम्र है और करोड़ों किरणों से युक्त है इस प्रकार के बकार का ध्यान कर साधक श्रीलक्ष्मी प्राप्त करता है और शीघ्र कालपुरुष को नष्ट कर देता है ॥ ८ ॥

द्विवर्णं[4] श्रीनाथं सुखयति भकारं रसदले
त्रिकोणापार्श्वस्थां[5] चपलशकलं शम्भुनिलयम् ।
महारक्ताकारं तरुणविगतं [6]भीममकुलं
कुलागारस्थानं [7]कुलरमणीरक्तायुतमिति ॥ ९ ॥

२. भकार का ध्यान—षड्दल पर स्थित भकार दो वर्ण वाले श्री महालक्ष्मी (गौर वर्ण) एवं उनके नाथ विष्णु (श्याम वर्ण) को सुख प्रदान करता है । ये त्रिकोणा (भगवती) के पार्श्व में स्थित रहने वाला चपल (त्वरा) का खण्ड है, शम्भु का गृह है, उसका आकार महारक्त है तारुण्य से रहित, भीम एवं अकुल है । कुलागार का स्थान एवं कुलरमणी महाशक्ति के रक्त से युक्त है ॥ ९ ॥

यदा ध्यायेत् ज्ञानी निरवधि मुदा शोकविषहं
त्रिलोकानां स्थानं भुवनशरणं [8]प्रातविसुखी ।
महामोक्षद्वारे भवति स महान् सर्वजडितो
विलासी सर्वेषां नवनववधूनां प्रियपतिः ॥ १० ॥

जिस समय ज्ञानी प्रसन्नतापूर्वक शोक रूपी विष को दूर करने वाले, असीम भकार का ध्यान करता है तो वह तीनों लोकों के स्थान सभी भुवनों को शरण देने वाले (परमात्मा) को प्राप्त कर विशेष रूप से सुखी हो जाता है । महामोक्ष के द्वार पर वह सब से महान् हो जाता है, सब में मिला हुआ हो जाता है, विलासी एवं सभी प्रकार के नवीन से नवीन तरुणी जनों का प्रियपति बन जाता है ॥ १० ॥

---

१. विकारम्—ग० । २. मणयकम्—ग० ।
३. सुष्ठु खरः धेनुकासुरः नतो येन तम् । अथवा सुखं रान्ति ददाति ये ते सुखराः, ते नताः प्रणता यस्मिन् । ४. द्विरण्ड—ग० ।
५. त्रिकोणं पार्श्वं स्यात् चपलशतकम्—ग० । ६. भीमकुतम्—ग० ।
७. रमणि वज्रायुतमिति—ग० । ८. प्राभवि—ग० ।

महाकालस्थानं स जयति सकारं यदि [१]भजे
दरीणां व्याहस्ता रुधिरकिरणं कोट्यरुणकम् ।
महाकालस्थानं (.....) शरणं प्रागपि सुखी
त्रिकोणां[२] दक्षाङ्के निगमनयनो योगयजितः ॥ ११ ॥

३. मकार का ध्यान—यदि साधक, रुधिर (लाल) किरणों वाले, करोड़ों अरुण (सूर्यसारथि) के समान मकार का ध्यान करता है तो वह महाकाल के स्थान को भी जीत लेता है, अपने समस्त शत्रुओं को हस्तरहित (परतन्त्र) बना देता है, वह सर्वप्रथम महाकाल का स्थान जीतता है और सुखी हो जाता है एवं त्रिकोणा (भगवती) के दाहिने अङ्ग में निवास करता है । अन्ततः निगम (वेद) का नेत्र एवं योगियों से पूजित हो जाता है ॥ ११ ॥

विनोदी सौख्यानां सुरतरुसमानो भुवि दिवि
यकारं यो ध्यायेदमरपदवीव्याधिरहितः ।
महावाणीनाथं प्रणयजडितं त्वक् सुरतरुं
मुकुन्दानन्दान्तः[३] पवनमिलितं कामकरणम् ॥ १२ ॥

४. यकार का ध्यान—महावाणी के नाथ, प्रेम से जड़ीभूत त्वक् एवं कल्पवृक्ष के समान मुकुन्द के आनन्द का अन्तरूप, पवन से मिश्रित, काम उत्पन्न करने वाले यकार का जो साधक ध्यान करता है वह सभी सौख्यों से विनोद (सुख) करने वाला, पृथ्वी और आकाश में कल्पवृक्ष के समान अमर पदवी वाला बनकर सभी प्रकार के व्याधि से रहित हो जाता है ॥ १२ ॥

तदा लोकोऽकामी भवति नितरां काकपवनी
महाग्नेः संस्थानं परजलधरं[४] सूर्यशतकम् ।
यदानन्दैर्ध्यायेत्[५] परमधनदं यज्ञसुधया
सुधापानज्ञानी हवनकरणं काम्यफलदम् ।
प्रियं [६]तद्वेरत्याः कमलगभुजङ्गेश्वरनुतं[७]
त्रिकोणा[८]पृष्ठस्थं विधिहरिहरस्य [९]प्रियमिति ॥ १३ ॥

५. रकार का ध्यान—साधक के लिए यह सारा लोक उस समय अकामी (कामना से रहित) हो जाता है तथा कौवे के चञ्चु के समान निर्मित अपने अधरोष्ठ से पवन पी कर संतुष्ट हो जाता है जब वह महाग्नि के संस्थानभूत उत्कृष्ट जल धारण करने वाले सैकड़ों सूर्य के समान तेजस्वी, यज्ञसुधा से बहुत धन प्रदान करने वाले, हवन करने से काम्य फल देने

---

१. मकारं यदि भजेदरीणां व्याहन्ता रुधिरधिकरणं कोट्यकरुणम्—ग० ।
२. त्रिकोणादंकांके निगमनोयोग—ग० ।
३. नन्दान्तम्—ग० ।—मुकुन्दानन्दान्तः इति पाठो युक्तः । तत्र आनन्दस्यान्तो यस्मिन्नसौ आनन्दान्तः । मुकुन्देन सह कर्मधारयः ।
४. जननिधनम्—ग० ।—पर उत्कृष्टो यो जलधरस्तम् ।
५. यदानन्दे—ग० ।
६. तं द्रावत्था:—क० ।
७. नृतम्—ग० ।
८. भ्रष्टस्थम्—ग० ।
९. श्रेयमिति—ग० ।

वाले अग्नि (रं) का आनन्द से ध्यान करता है, तभी वह सुधापान का ज्ञानी (देवता) बन जाता है । रति का प्रिय हो जाता है । कमलेश्वर एवं भुजङ्गेश्वर से प्रणत हो जाता है, त्रिकोणा (भगवती) के पीठ पर स्थिति प्राप्त करता है । किं बहुना विधि, हरि और हर का प्रिय हो जाता है ॥ १३ ॥

विधानं वह्नीनां कुल[१]विमलबीजं सकरुणं
असृङ् [२]मायाखण्डं खगगणमनोरञ्जनवरम् ।
यदि ध्यायेदेको विभवविविधं याति सहसा
महेन्द्रः स्थानाङ्कं कमलसुखदं कृष्णनिलयम् ॥ १४ ॥

सृष्टि का विधान करने वाला गार्हपत्यादि समस्त अग्नियों के कुल का विमल बीज (रं) का स्वरूप, करुणा से युक्त असृङ् (रक्त रूप से प्रवाहित होने वाले) माया के खण्ड तथा हविर्दान से देवताओं को प्रसन्न करने वाले, महेन्द्र का स्थान प्राप्त कराने वाले, (हृत्) कमल को सुख देने वाले, कृष्ण के निवास का स्थानभूत अग्नि (रं) का जो अकेले ध्यान करता है वह सहसा नाना प्रकार के विभवों को प्राप्त करता है ॥ १४ ॥

प्रियं सिद्धक्षेत्रं यदि सुखमयं भावयति यः
लकारं[३] चन्द्रस्थं विधुशतकरं बिन्दुनिलयम् ।
विशालाक्षी राधा मधुरवचनालापकलितं
रमामोदे[४] पत्रे तरणकरणं सापहरणम् ॥ १५ ॥
सुवामे[५] राकिण्या नवरसमयं मोहहरणं ।
विभाव्य श्रीनाथं भजति स नरो ध्याननिपुणो ।
महामोक्षं प्राप्य प्रथम[६]रजसं सङ्क्रमयति ॥ १६ ॥

६. लकार का ध्यान—चन्द्रमा में रहने वाले, चन्द्रमा के समान किरणों वाले, बिन्दु के निवास स्थान, विशालाक्षी राधा के मधुर वचनालाप से अलंकृत, रमा को आनन्द देने वाले, कमल पत्र पर तैरने वाले तथा ताप का हरण करने वाले लकार का जो साधक विभावन करता है वह सबका प्रिय, सिद्ध क्षेत्र और सुखमय हो जाता है । राकिणी के सुन्दर वाम भाग में विराजमान नवो रसों के स्वरूप, मोह का हरण करने वाले श्री नाथ का ध्यान कर जो मनुष्य ध्यान में निपुणता प्राप्त करता है वह महामोक्ष पदवी प्राप्त कर अपने पूर्वजन्म के रजोगुणों को नष्ट कर देता है ॥ १५-१६ ॥

ततो ध्येया महाविद्या राकिणीशक्तिरुत्तमा ।
श्रीविष्णुसहिता नित्यं योगैर्भोगविवर्जितः[७] ॥ १७ ॥
अकलङ्की कुलानन्दो मन्दहास्यावृतो महान् ।
स योगी परमं राज्यं प्राप्नोति नात्र संशयः ॥ १८ ॥

---

१. कमल—ग० । २. रवाया—ग० । ३. नकारम्—ग० ।
४. मोदे तपनकरणम्—ग० । ५. रामे—ग० । ६. वयसि—ग० ।
७. भोगैर्विवर्जितः, सर्वभोगरहित इत्यर्थः ।

यावन्मूलाधारयोगं तावद् यमादिकं प्रभो ।
यमनियमासने काले योगं[1] पञ्चामरान्वितम् ॥ १९ ॥

छः वर्णों एवं श्री नाथ का ध्यान करने के उपरान्त भोगों को त्याग कर योग के द्वारा श्रीविष्णु सहित उत्तमा महाविद्या राकिणी का साधक को ध्यान करना चाहिए । ऐसा करने वाला साधक कलङ्करहित, निर्दोष, कुल के लिए आनन्दभूत, मन्दहास्य से युक्त महान् बन जाता है ऐसा योगी परम राज्य (पूर्णानन्द) प्राप्त कर लेता हैं, इसमें संशय नही । हे प्रभो ! जब तक मूलाधार से साधक का सम्बन्ध है तब तक यम, नियम आसनादि योग विधेय है, इतना ही नहीं यम, नियम एवं आसनकाल में पञ्चामरायोग का भी सेवन करना चाहिए ॥ १७-१९ ॥

तावत्कुर्यान्महादेव यावत्तत् सिद्धिमाप्नुयात् ।
यदि पञ्चामरा सिद्धिस्तदा [2]मायादिसिद्धिभाक् ॥ २० ॥
पञ्चासवा सिद्धिकाले प्राणादिवायुपञ्चमम् ।
धृत्वा धृत्वा पुनर्धृत्वा कुम्भयेदनिशं शनैः ॥ २१ ॥
शरीरे निर्मले याते वायुनिर्मलता भवेत् ।
सर्वरूपी महावायुर्निर्मलात्मानमात्मनि ॥ २२ ॥
सिद्धिं ददाति योगेश यदि स्वकार्यमाश्रयेत् ॥ २३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे आनन्दभैरवी-भैरवसंवादे षड्दलवर्णप्रकाशो नाम चत्वारिंशत्तमः पटलः ॥ ४० ॥

हे महादेव ! उक्त सभी क्रियायें तब तक करनी चाहिए, जब तक सिद्धि प्राप्त न हो जाय । यदि पञ्चामरा की सिद्धि हो गई तो साधक मायादि सिद्धि का भाजन बन जाता है । जब तक पञ्चामरा की सिद्धि न हो, तब तक पाँचों प्राणवायुओं को बारम्बार धारण करते हुए धीरे धीरे निरन्तर कुम्भक करता रहे । शरीर के निर्मल हो जाने पर वायु निर्मल हो जाता है, क्योंकि महावायु सर्वरूपी है । हे योगेश ! यदि साधक अपने कार्य में लगा रहे तो वह अपनी आत्मा के निर्मल हो जाने पर सिद्धि प्रदान करता है ॥ २१-२३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धिमन्त्र प्रकरण में आनन्दभैरवी-भैरव संवाद में अधिष्ठान चक्र के षड्दलों के वर्ण प्रकाश नामक चालीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४० ॥

---

१. जप पञ्चासवान्वितम्—ग० ।
२. यमा—क० । माया आदिर्यस्याः, तां सिद्धि भजतीति, मायादिसिद्धिभाक् । भजधातुरत्र क्विबन्तः ।

अथैकचत्वारिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच[1]

कृतान्तसंहारविहारभोगं
रसाप्लुतश्रीकर शङ्कर प्रभो ।
तवाज्ञयाऽहं कथयामि सिद्धये
मयागमानन्दवशाद्धि तन्त्रम् ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे रस में डूबे हुए श्री देने वाले प्रभो शङ्कर ! मैं आपकी आज्ञा से भक्तजनों की सिद्धि हेतु तथा मय के आगमशास्त्र के आनन्द से वशीभूत होकर कृतान्त का संहार कर विहार और भोग वाले तन्त्र को कहती हूँ ॥ १ ॥

प्रेमाभिलाषी [2]सुजनो मुनीन्द्रो
जानाति तन्त्रार्थमनन्तसाधनम् ।
महाप्रभाते चराणाब्जभक्तो
गोविन्द[3]शम्भोर्यदि भक्तिभाजनः ॥ २ ॥
षड्चक्रभेदार्थविशेषसाधनं
जानाति यो वा स जनोऽतिदुर्लभः ।
स एव संसारनिषेधसाधनं
सदा विहायाचल भक्तिमाप्नुयात् ॥ ३ ॥

प्रेम की अभिलाषा वाला सज्जन मुनीन्द्र यदि प्रातःकाल गोविन्द अथवा सदाशिव के चरण कमलों में भक्ति रखता हो तो वह अनन्त साधन सम्पन्न तन्त्र के अर्थों को जानने वाला होता है । षट्चक्रों के भेदन के लिए विशेष साधनों को जानने वाला ऐसा साधक विशेष दुर्लभ है । क्योंकि वही संसार के निषेध का साधन जानने से संसार का परित्याग कर भगवान् में अचल भक्ति प्राप्त करता है ॥ २-३ ॥

आनन्दभैरव उवाच

यदि वा कथिता कान्ते षड्दलप्रक्रिया शुभा ।
राकिण्या मिलनं देव्याः कुण्डलिन्याः पराक्रमम् ॥ ४ ॥

---

१. ॐ नमो भगवत्यानन्दभैरव्युवाच—ग० । २. सुनिन्दो—ग० ।
३. भावो—क० । गोविन्दो भगवान् श्रीकृष्णस्तेन सहितस्य शम्भोः ।

सार्द्धं श्रीविष्णुना कालरूपिणा बहुरूपिणा ।
शुद्धनिर्मलतत्त्वेन परिवारगणैः सह ॥ ५ ॥
न तद्धि कथितं सर्वं श्रीकृष्णस्य [1]पराक्रमम् ।
स्तवनं देवराकिण्या सहितं कृष्णसाधनम्[2] ॥ ६ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे कान्ते ! यद्यपि आपने सर्वकल्याणकारी षट्चक्रदल की प्रक्रिया कह दी, तथापि कालरूपधारी एवं अनेक रूपधारी शुद्ध निर्मल तत्त्व वाले परिवार सहित श्री विष्णु के साथ राकिणी देवी का सम्मिलन, कुण्डलिनी का पराक्रम और श्रीकृष्ण का पराक्रम, यह सब आपने नहीं कहा । इतना ही नहीं, आपने कृष्ण के सिद्धि के साधन भूत देवी राकिणी का स्तोत्र भी नहीं कहा ॥ ४-६ ॥

मङ्गलं परमं ब्रह्मसाधनं [3]कुलवर्द्धनम् ।
कृष्णप्रकाशस्तवनं राकिणीशक्तिसंयुतम् ॥ ७ ॥
कथयस्व महाकालि यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति ।
अत्यन्तगुह्यं कथनं सहस्र[4]नाममङ्गलम् ॥ ८ ॥
अष्टोत्तरं महाविष्णो राकिण्या सहितं प्रिये ।
इदानीं राकिणीस्तोत्रं वद भामिनी कामदे ॥ ९ ॥

अतः हे महाकालि ! यदि मुझमें आपका स्नेह हो तो परम कल्याणकारी ब्रह्मा के साधनभूत, कुल को बढ़ाने वाले, राकिणी शक्ति से संयुक्त एवं कृष्णतत्त्व का प्रकाश करने वाले उस स्तोत्र को कहिए । हे प्रिये ! राकिणी के सहित महाविष्णु का परम मङ्गलदायी अष्टोत्तर सहस्र (११०८) नाम कहिए । किन्तु, हे भामिनि ! हे कामदे ! इस समय सर्वप्रथम राकिणी स्तोत्र का आख्यान कीजिए ॥ ७-९ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

योगेन्द्र परमानन्दसिन्धो श्रीचन्द्रशेखर ।
शृणुष्व राकिणीस्तोत्रं परमानन्दवर्धनम् ॥ १० ॥
सर्वत्र सुखदं प्रोक्तं सिद्धानामपि साधनम् ।
एतत् स्तवनपाठेन योगी योगेन्द्रभाक्[6] भवेत् ॥ ११ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे योगन्द्र! हे परमानन्द सिन्धो ! हे श्रीचन्द्रशेखर ! इस समय परमानन्द को बढ़ाने वाले राकिणी स्तोत्र को सुनिए । यह स्तोत्र सभी काल में सुख देने वाला कहा गया है, और यह सिद्ध लोगों का साधन है । इस स्तोत्र के पाठ से योगी योगेन्द्र एवं दृढ़ बन जाता है ॥ १०-११ ॥

---

१. प्रकाशम्—ग० । २. कृष्णस्य साधनं यस्मिन् तन्त्रादौ ।
३. ज्ञान—ग० । ४. साम—ग० ।
५. सिद्धश्री—ग० । ६. योगेन्द्रदृढो—ग० ।

वैष्णवीसाधने यस्तु पञ्चाचारं करोति वा ।
सर्वेषां साधनोत्कृष्टं[१] जातिभ्रष्टोऽपि नो भवेत् ॥ १२ ॥
समता शत्रुमित्रेषु कर्माकर्मसु तत्त्ववित् ।
यदि वा [२]वैष्णवे नाथ समभावः प्रजायते ॥ १३ ॥

पञ्चाचार की महिमा—वैष्णवी के साधन में जो वैष्णव पञ्चाचार का आचरण करता है, वह इस सर्व साधनोत्कृष्ट स्तोत्र का पाठ करे तो वह जाति भ्रष्ट (पतित) नहीं होता । हे नाथ ! यदि विष्णु में भक्ति कर वैष्णव हुए भक्त में समभाव आ जावे तो उसे शत्रु और मित्र में समता प्राप्त होती है और वह कर्म एवं अकर्म का तत्त्ववेत्ता बन जाता है ॥ १२-१३ ॥

पञ्चाचारक्रमेणैव सिद्धो भवति नान्यथा ।
राधादिगोपिकाभिश्च गोपवृन्दैः समन्ततः ॥ १४ ॥
पञ्चाचारं मुदा कृत्वा सर्वेषां परिपालनम् ।
चकार कमलानाथोऽतः पञ्चाचारमाश्रयेत् ॥ १५ ॥

कोई भी साधक पञ्चाचार क्रम से सिद्ध होता है, अन्यथा नहीं । राधादि गोपियों के साथ तथा गोपवृन्दों के साथ कमलानाथ विष्णु ने प्रसन्नतापूर्वक पञ्चाचार कर सबका पालन किया । इसलिए पञ्चाचार का आश्रय साधक को अवश्य ग्रहण करना चाहिए ॥ १४-१५ ॥

पञ्चाचार[३]क्रमेणैव चैतन्या कुण्डली भवेत् ।
कृष्णचैतन्यहेतोश्च राकिण्याश्च तथा प्रभो ॥ १६ ॥
चैतन्याय षड्दलस्थदेव चैतन्यहेतुना ।
कुण्डलीवधुराकिण्याः स्तोत्रं शृणु कुलार्णव ॥ १७ ॥

हे कुलार्णव ! क्योंकि पञ्चाचार का क्रम करने से कुण्डलिनी जागृत हो जाती है । हे प्रभो ! कृष्ण के चैतन्य के लिए तथा राकिणी को चैतन्य करने के लिए, किं बहुना, षड्दलस्थ देवताओं के चैतन्य के लिए कुण्डली के रूप में स्त्रीभावापन्न राकिणी देवी के स्तोत्र को सुनिए ॥ १६-१७ ॥

राकिणीराधिकास्तवम्

आन्दोलिता रसनिधौ कुलचञ्चला या
माया[४]मयो सकलदुःखविनाशवीरा[५] ।
वीरासना[६] स्थितिगता सुलभा मुनीनां
भव्या प्रपातु भविका कुलराकिणी माम् ॥ १८ ॥

राकिणीस्तोत्र—रस समुद्र में झूलती हुई, मूलाधार में चञ्चल रहने वाली जो

---

१. कृष्णम्—ग० ।—साधनेषु उत्कृष्टं साधनोत्कृष्टम् ।
२. वैष्णवं नाथा—ग० ।
३. पञ्चसंख्याका आचारा इति पञ्चाचाराः, तत्क्रमेणैव । पञ्चाराशब्दस्यार्थः साम्प्रदायिकः ।
४. मही—ग० । ५. बीघा—ग० । ६. विलासनस्थितिगता—ग० ।

मायामयी हैं, भक्तों के समस्त दुःख का विनाश करने के लिए जो एकमात्र समर्थ हैं, जो वीरासन से विराजमान अपनी स्थिति में रहने वाली, मुनियों के लिए सर्वदा सुलभ, सबसे मनोहर, सबका कल्याण करने वाली कुलराकिणी (विष्णु की शक्ति) मेरी रक्षा करें ॥ १८ ॥

आनन्दसिन्धु जडिताखिलसारपाना[1]
बाला कुलीननमिता दलषट्कुलस्था ।
काली[2]कलामलगुणा धनिनां धनस्था
कृष्णेश्वरी समुदयं कुरु राकिणी मे ॥ १९ ॥

आनन्द सिन्धु में सराबोर रहने वाली, अखिल सारों को पी जाने वाली, बाला, कुलीन जनों से नमन की जाने वाली, षड्दल कमल चक्र पर निवास करने वाली, काली कलास्वरूपा, शुभ्रगुणों से संयुक्त, धनियों के धन में निवास करने वाली, कृष्णेश्वरी श्री राकिणी देवी मेरा अभ्युदय करें ॥ १९ ॥

या राकिणी त्रिजगतामुदयाय चेष्टा
संज्ञामयी कुलवती [3]कुलवल्लभस्था ।
विश्वेश्वरी स्मरहरप्रियकर्मनिष्ठा
कृष्णप्रिया मम सुखं परिपातु देवी ॥ २० ॥

जो राकिणी तीनों लोकों के अभ्युदय के लिए चेष्टा स्वरूपा हैं, सबमें चेतना का संचार करने वाली हैं, जो कुलवती एवं कुल (शाक्त सम्प्रदाय) को अत्यन्त प्रिय हैं, जो विश्व की ईश्वरी हैं, सदाशिव को प्रिय एवं उनके कर्म में निष्ठा रखने वाली हैं ऐसी श्रीकृष्णप्रिया राकिणी देवी सुखपूर्वक मेरी रक्षा करें ॥ २० ॥

षड्वर्गनाथकरपद्मनिषेविता या
राधेश्वरी प्रियकरी सुरसुन्दरी सा ।
माता कुलेशजननी जगतां मनुस्था
विद्या परा रिपुहरावत मे शरीरम् ॥ २१ ॥

समस्त ऐश्वर्य, यश, ज्ञान एवं वैराग्यादि षड्वर्गों के स्वामी श्रीकृष्ण के कर कमलों द्वारा जो सेवित हैं ऐसी राधा, ईश्वरी, सबका प्रिय करने वाली, सुरसुन्दरी, वही माता कुलेश जननी सब के मन में निवास करने वाली, परा विद्या, शत्रुओं का संहार करने वाली राकिणी मेरे शरीर की रक्षा करें ॥ २१ ॥

गोविन्दरामरमणी नवमालिनी या
राज्येश्वरी[4] स्मरहरा[5] नवकामिनी वा[6] ।

---

१. पारा—ग० । २. कमलामलगुणाधनस्था—ग० ।
३. कुलवली—ग० । ४. वाक्येश्वरी—ग० ।—राज्यस्येश्वरी शासिका ।
५. हरति या सा हरा पचाद्यचि स्त्रियां टाप्, स्मरस्य कामदेवस्य हरा, स्मरहरा ।
६. या—ग० ।

मे षड्दलाश्रितसुर[१] परिपातु नित्यं
श्रीकुण्डली सुविमला कुलराकिणी सा ॥ २२ ॥

गोविन्द को रमण कराने के कारण उनकी रमणी, नवीन माला धारण करने वाली राजेश्वरी, कामदेव का विनाश करने वाली अथवा युवावस्था सम्पन्न श्री कुण्डलिनी, सुविमला, कुल राकिणी देवी मेरे षड्दल कमल चक्र पर रहने वाले सभी देवताओं की सदैव रक्षा करें ॥ २२ ॥

श्रीसुन्दरी कुलपरा कुलवृन्दवन्द्या
सन्ध्याविधि[२]प्रभवतामतिकामतीर्था ।
श्रीदायिनी[३] कुलगणामलभावदात्री
नित्यं प्रपातु विषयं कुलषड्दलानाम् ॥ २३ ॥

श्री सुन्दरी कुल में रहने वाली शाक्त सम्प्रदाय के समूहों से वन्दना किए जाने योग्य, संध्या विधि के आचरण करने वालों के लिए उनकी कामना पूर्ण करने वाली, श्रीदायिनी, कुलगणों (शाक्त उपासकों) में स्वच्छभाव प्रदान करने वाली राकिणी देवी मूलाधार के षड्दलों के समस्त विषयों की नित्य रक्षा करें ॥ २३ ॥

चैतन्यदाननिरतां[४] त्रिगुणाभिरामां
श्यामां नितम्बधृतसुन्दररत्नघण्टाम् ।
नीलाचलस्थितकरां वरदानहस्तां
श्रीकृष्णवाम[५]कमलोपरि पूजयामि ॥ २४ ॥

सब में चैतन्य प्रदान करने के लिए निरत, त्रिगुण, (सत्त्व, रज एवं तम) से अभिराम, श्यामा, नितम्बस्थल पर सुन्दर रत्नघण्टा धारण किए हुए, नील पर्वत पर हाथ रखे हुए वरदान देने के लिए उत्सुक हाथों वाली, श्रीकृष्ण की वामा जो कमल के समान कमनीय हैं, मैं उनका पूजन करता हूँ ॥ २४ ॥

तां राकिणीं त्रिरमणीं [६]समलापहन्त्रीं
सर्वस्थिता[७] गगनमातरमम्बुजस्थाम् ।
पद्मासनां श्रुतिभुजां गुरुजामनन्तां
शान्तां षडम्बुजदलोपरि पूजयामि ॥ २५ ॥

तीनों लोकों में रमण करने वाली, समस्त मलों को प्रक्षालन करने वाली, सब में स्थित आकाश की भी माता, कमल के ऊपर निवास करने वाली, पद्मासन से बैठी हुई श्रुति को

---

१. पतिपातु—ग० । २. न.....ग० ।
३. श्रीदामिनी—ग० ।
४. दाम—ग० ।—चैतन्यस्य प्रकाशस्य (ज्ञानस्य) दाने निरताम् ।
५. रामकमलोपरि—ग० । ६. रमना—ग० ।
७. सर्वाश्रितां त्रिजगतां जनमम्बुजस्थाम्—ग० ।

अन्तःकरण में स्थापित करने वाली उन अनन्ता, शान्ता राकिणी की मैं षट्कमल दल पर पूजन करता हूँ ॥ २५ ॥

शान्तिं कृपाकपटकोपरि नाशमुक्तिं
शिवां परमवैष्णवपूजिताङ्घ्रिम् ।
राधां[१] सुधां वरमयीं जगतां गुणस्थां
धर्मार्णवां रसदले परिपूजयामि ॥ २६ ॥

शान्तिस्वरूप कृपा में कपट करने वाले का विनाश कर उसे मुक्त करने वाली शिवा, परम वैष्णवों द्वारा पूजित चरणों वाली, राधा, सुधा, वरमयी, जगत्स्वरूपा, गुणों में रहने वाली, धर्म के समुद्र वाली श्री राकिणी की मैं षट्दल कमल पर सब प्रकार से पूजा करता हूँ ॥ २६ ॥

कर्त्तीकरां[२] सकरुणां रमणीं त्रिसर्गा
तां राकिणीमतिदयाममलार्थचिन्ताम् ।
भ्रान्तिं भ्रमागमवरां स्मृतिमादिपूज्यां
भार्यां हरेरतिसुखां परिपूजयामि ॥ २७ ॥

हाथ में कैंची लिए हुए, करुणायुक्त, तीनों लोकों की सृष्टि करने वाली, स्त्रीस्वरूपा, अत्यन्त दया वाली, स्वच्छ अर्थ के चिन्तन में लगी हुई, भ्रान्ति स्वरूपा, आगम ग्रन्थों द्वारा सर्वश्रेष्ठ कही जाने वाली, स्मृति स्वरूपा, सर्वप्रथम पूज्य, विष्णु की भार्या और अत्यन्त सुख स्वरूपा उन राकिणी देवी का मैं पूजन करता हूँ ॥ २७ ॥

या कातरं निरवधिप्रणय[३]स्ववस्था
वागीश्वरी भगवती [४]यतिकोटिनम्रा ।
ताम्राकृति[५]प्रकृति[६]चेतसि रक्तवर्णा
मायामयी सुरकलावति पातु मेऽङ्गम् ॥ २८ ॥

जो कातर जनों को अपने असीम प्रेम से अपना लेती हैं, ऐसी यतियों से करोड़ों बार प्रणाम की जाने वाली, ताम्र के समान आकृति वाली, प्रकृति, चित्त में राग रखने वाली मायामयी, सुरकलास्वरूपा, वागीश्वरी भगवती राकिणी मेरे अङ्गों की रक्षा करें ॥ २८ ॥

कल्पद्रुमाशयलता फलरूपिणी या
भर्गस्थिता पुरुषकोटिमुनिस्तुवन्ती ।
सा मे कुलेश्वररसं हरिहस्तपूज्या
क्षान्तिः सदा मम धनं परिपातु राधा ॥ २९ ॥

---

१. राधासुताम्—ग० ।

२. कर्त्रीकरामिति पाठो युक्तः । कर्त्री मायाशक्तिमपि या करोति सम्पादयति सा । अच्प्रत्ययान्तः करशब्दः ।

३. प्रत्रयासुवस्था—ग० ।

४. नति—ग० ।

५. ताम्राकिणी—ग० ।

६. तेजसि—ग० ।

कल्पद्रुम के समान लता वाली जो भगवती फलरूपिणी हैं, सूर्य में निवास करने वाली हैं, करोड़ों पुरुषों तथा मुनियों से संस्तुत, भगवान् विष्णु के हाथों से पूजी गई वह भगवती मुझे कुल (मूलाधार) के ईश्वर (स्वयंभूलिङ्ग) में रस (प्रेम) प्रदान करें ॥ २९ ॥

क्षेमङ्करी वरकरी सुकरी हरिस्था
या सौकरी भवकरी त्रिपुरा महेशी ।
वायुस्थिता लयमयी स्थितिमार्गसङ्गा
भङ्गप्रिया सकलका परिपातु राधा ॥ ३० ॥

क्षमा स्वरूपा, सबका कल्याण करने वाली, वरदायिनी, शुभ करने वाली, सिंहवाहिनी, सबको सुलभ करने वाली, संसार में जन्म देने वाली, त्रिपुरा, महेशी, वायुस्थिता, लयमयी, स्थितिमार्ग की सङ्गिनी ऐसी राधा रानी मेरे धन की रक्षा करें और भङ्गप्रिया सकलका राधा मेरी रक्षा करें ॥ ३० ॥

गङ्गा निर्मलभावदा ममशिरोदेशं सदा रक्षतु
श्रीराधा कुलराकिणी मम कपालोर्ध्वं महावाक्प्रिया ।
मन्त्रस्था जयदा मुदा कुमुदिनी भालं भ्रुवोरन्तरं
विद्या वाग्भवकुण्डलीफलवलाबाला[१] च नेत्रत्रयम् ॥ ३१ ॥

निर्मल भावना प्रदान करने वाली गङ्गा मेरे शिरः प्रदेश की रक्षा करें । कुल में रहने वाली राकिणी महावाक् प्रिया श्रीराधा हमारे कपाल के ऊर्ध्व भाग की रक्षा करें । मन्त्र में स्थित रहने वाली, जयदायिनी, कुमुदिनी प्रेमपूर्वक मेरे भाल तथा भ्रू के मध्य भाग की रक्षा करें । वाग्भवकुण्डलिनी फलवला बाला विद्या मेरे तीन नेत्रों की रक्षा करें ॥ ३१ ॥

गण्डं[२] चण्डसरस्वती श्रुतिकुलं [३]कैलासशैलस्थिता
मेधा टं घटवासिनी शशीमुखी[४] सूक्ष्मातिसूक्ष्माशया[५] ।
जिह्वाग्रं चिबुकं [६]रदावधिवहा कण्ठं गलं स्कन्धगं
स्कन्देशी दशनप्रभामलमति – वैकुण्ठधामेश्वरी[७] ॥ ३२ ॥

चण्ड सरस्वती गण्डस्थल की, कैलास पर्वत पर रहने वाली देवी दोनों कानों की, टं शब्दगत घटवासिनी, शशिमुखी, सूक्ष्मातिसूक्ष्माशया मेरी मेधा की, रदावधिवहा देवी मेरे जिह्वाग्र एवं चिबुक प्रदेश की, कण्ठ गला एवं स्कन्ध की स्कन्देशी और मेरे दशनप्रभा की अमलमति वाली वैकुण्ठ धामेश्वरी देवी रक्षा करें ॥ ३२ ॥

नानावर्णविलासिनी [८]मृदुरसं शम्भोर्भवानी शिवा
पृष्ठं [९]कर्मसु पृष्ठगा गतिकरी [१०]नित्योल्बणी भास्वती ।

---

१. नीला—क० । २. चण्डम्—ग० । ३. कौल—ग० ।—कैलासशैले स्थिता।
४. शशिनश्चन्द्रस्य मुखमिव मुखं यस्याः। ५. सूक्ष्मातिसूक्ष्म आशयो यस्याः सा ।
६. वदानाधिमहा—ग० । ७. बोधेश्वरी—क० । ८. तदुरसम्—कं० ।
९. कर्म सुपृष्ठा—ग० । १०. नित्यो नृणाम्—ग० ।

पार्श्वे[1] मे कुलमालिनी मम कटिं लिङ्गं नितम्बाम्बरं
कामाख्या धनदायिनी सकरुणा पादद्वयं पातु सा[2] ॥ ३३ ॥

नाना वर्ण विलासिनी देवी मेरे हृदय स्थल की, शम्भु पत्नी भवानी शिवा मेरे पृष्ठ की, पृष्ठगा कर्म की, गतिकरी नित्योल्बणी भास्वती देवी मेरे पार्श्वभाग की, कुलमालिनी मेरे दोनों कटियों, लिङ्ग, नितम्ब और वस्त्र की तथा वही कामाख्या धनदायिनी राकिणी भगवती करुणापूर्वक मेरे दोनों पैरों की रक्षा करें ॥ ३३ ॥

मातृक्रोधनिवारिणी मम शिवं षट्पत्रशोभाकरं
पातु श्रीचरुवासिनी कुलतरुं गौरी परानन्ददा ।
चैतन्यस्थलवासिनी मम गता गोविन्द[3]मातृप्रिया
चैतन्यं सततं प्रपातु धरणी धात्री वरक्षेत्रगा ॥ ३४ ॥

माता के क्रोध का निवारण करने वाली, मेरे षट्पत्र की शोभा बढ़ाने वाले शिव की श्रीचरुवासिनी गौरी जो परब्रह्म को भी आनन्द प्रदान करती हैं, चैतन्य स्थल में निवास करती हैं, गोविन्द के माता के समान प्रिय हैं और हमारे में निवास करती हैं, वे हमारे कुलतरु (शाक्त रूपी वृक्ष) की रक्षा करें । वरक्षेत्रगा धात्री धरणी (पृथ्वी) देवी मेरे चैतन्य की नित्य रक्षा करें ॥ ३४ ॥

धन्या[4] पिङ्गललोचनाम्बुजमुखी चैतन्यकर्मप्रिया
सर्वत्र[5] प्रियमाकरोतु नियतं शक्तिः क्षमाकर्तृका ।
कीर्तिस्था मम कीर्तिचक्रनिलयं लाक्षारुणा बल्वरी
नीचा[6] चक्रनिवासिनी मम जया जीवं मुदा पातु माम् ॥ ३५ ॥

धन्या पीतवर्ण के नेत्रों वाली, चन्द्रमुखी, चैतन्यकर्म प्रिया, क्षमा करने वाली, शक्ति स्वरूपा भगवती राकिणी सर्वत्र नियत रूप से मेरा प्रिय करें । कीर्ति में निवास करने वाली देवी, मेरे कीर्ति एवं चक्र निलय की और लाक्षा के समान अरुण वर्ण वाली, बल्वरी ?, नीचा ? चक्र निवासिनी जया देवी मेरे जीव की प्रसन्नता पूर्वक रक्षा करें ॥ ३५ ॥

एतत्स्तोत्रं पठेन्नित्यं प्राणवायुवराशुभे[7] ।
षट्चक्रभेदसमये सदा पाठ्यं सुयोगिभिः ॥ ३६ ॥
कुलविन्याससमये कुलचक्रप्रवेशने[8] ।
अवश्यं प्रपठेद्विद्वान् राकिणीराधिकास्तवम् ॥ ३७ ॥

प्राण वायु के अशुभ काल में इस स्तोत्र का नित्य पाठ करे तथा षट्चक्र के भेदन

---

१. सर्वम्—ग० ।
२. पातु मा—ग० ।
३. सुप्त—ग० ।
४. मध्या—ग० ।
५. माक .... शक्तिः खश्चिपाठः ।
६. नीला—ग० ।
७. प्राणवायुवरेण आशुभे इति तृतीयातत्पुरुषः ।
८. कुलचक्रस्य प्रवेशनं यस्मिन्, तत्रेत्यर्थः ।

काल में अच्छे योगियों को इस स्तोत्र का सदा पाठ करना चाहिए । कुल विन्यास काल में और कुलचक्र के प्रवेश काल में विद्वान् साधक अवश्य ही राकिणी राधिका स्तव का पाठ करे ॥ ३६-३७ ॥

त्रिसन्ध्यं चेदमाकुर्यात् पठित्वा च पुनः पुनः ।
ध्यात्वा भावपरो भूत्वा मुच्यते भवबन्धनात् ॥ ३८ ॥
अचलां भक्तिमाप्नोति विश्वामित्रो यथा वशी ।
पठनात् पामरो याति ब्रह्मलोकं कुलाधिप ॥ ३९ ॥

राकिणीराधिका स्तव की फलश्रुति—तीनों सन्ध्या में बारम्बार पाठ करे और पाठ करके पुनः पुनः भाव में तन्मय होकर राकिणी का ध्यान करे तो साधक भव बन्धन से शीघ्र मुक्त हो जाता है । इस स्तोत्र के पाठ से कर्ता अचल भक्ति प्राप्त कर लेता है जिस प्रकार जितेन्द्रिय विश्वामित्र ने भक्ति प्राप्त की थी । हे कुलाधिप ! बहुत कहने से क्या ? इसके पाठ से पामर भी ब्रह्मलोक प्राप्त कर लेता है ॥ ३८-३९ ॥

एतत्पठनमात्रेण शीतलो गुणवान् भवेत् ।
अप्रकाश्यमिदं स्तोत्रं सर्वान्तकविनाशनम् ॥ ४० ॥
समभावं समाकृत्य जीवन्मुक्तो भवेद्वशी ।
पञ्चाचाररतो भूत्वा साधयेद् यदि साधनम् ॥ ४१ ॥

इसके पाठ मात्र से साधक शान्त स्वभाव एवं गुणवान् बन जाता है । यह स्तोत्र किसी से प्रकाशित नहीं करना चाहिए । यह सभी प्रकार के काल का विनाशक है । यदि साधक पञ्चाचार में निरत होकर इस साधन को सिद्ध कर ले और (प्राणिजात पर) समभाव से व्यवहार करे तो वह जितेन्द्रिय एवं जीवन्मुक्त बन जाता है ॥ ४०-४१ ॥

कुण्डलीयोगकाले च कुलाचारं न वर्जयेत् ।
कुलाचारवर्जनेन महाहानिः प्रजायते ॥ ४२ ॥
ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि वैश्यो वा शूद्र एव च ।
समभावं सदा कृत्वा कुलाचारं समाश्रयेत् ॥ ४३ ॥

कुण्डलिनी से युक्त हो जाने पर कुलाचार को छोड़ नहीं देना चाहिए, क्योंकि कुलाचार के वर्जन से महान् हानि की संभावना है । ब्राह्मण हो, चाहे क्षत्रिय हो, चाहे वैश्य हो, चाहे शूद्र हो (समस्त चराचर जगत् में) समभाव का व्यवहार करते हुए कुलाचार का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिए ॥ ४२-४३ ॥

कुण्डली पृथिवी देवी राकिणी स्वारिदेवता[१] ।
तद्गेहगामिनी[२] देवी राधिका[३] राज्यकामिनी ॥ ४४ ॥

---

१. मेदया—ग० ।
२. तद्देह—ग० ।
३. पाद्य—ग० ।

अस्याः साधनकाले च [१]समयाचारमाश्रयेत् ।
समभावे महामोक्ष इति तन्त्रार्थनिर्णयः ॥ ४५ ॥
समभावार्थकथनं त्यक्त्वा योगी भवेत्कृती ॥ ४६ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे स्वाधिष्ठानराकिणी-स्तोत्रं नामैकचत्वारिंशत्तमः पटलः ॥ ४१ ॥

— ❖ —

कुण्डली पृथ्वी देवी हैं, राकिणी उनकी प्रत्यधि देवता हैं और राज्यकामिनी राधिका देवी श्रीकृष्ण की गृहस्वामिनी हैं । इस स्तोत्र के साधनकाल में साधक समयाचार का पालन करे । जब समभाव आ जाय तो महा मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है, ऐसा तन्त्रों के द्वारा अर्थ का निर्णय किया गया है । समभाव का अर्थ कथन (किसी से न कहे) उसे त्याग देवे तो योगी कृतार्थ हो जाता है ॥ ४४-४६ ॥

॥ श्री रुद्रयामल में उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धिमन्त्र के प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवी भैरव संवाद में स्वाधिष्ठान स्थित राकिणी स्तोत्र की इक्तालिसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४१ ॥

— ❖ —

१. सयये आचारः, अथवा समयस्य संकेतस्य आचारः ।

अथ द्विचत्वारिंश: पटल:

आनन्दभैरवी उवाच

कथयामि महाकाल[१] परमाद्‌भुतसाधनम् ।
कुण्डलीरूपिणी देवी राकिण्या: कुलवल्लभ ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! हे कुलवल्लभ ! अब कुण्डलीरूपिणी राकिणी देवी के परमाद्‌भुत साधन को कहती हूँ ॥ १ ॥

मानसं द्रव्यमानीय चाथवा बाह्यद्रव्यकम् ।
अनष्टहृष्टचित्तश्च[२] पूजयेत् सावधानत: ॥ २ ॥
भक्त्या जपेन्मूलमन्त्रं मानसं सर्वमेव च ।
पूजयित्वा ततो जप्त्वा होमं कुर्यात्[३] परामृतै: ॥ ३ ॥

मानसिक द्रव्यों को अथवा बाह्य जगत् के द्रव्यों को एकत्रित कर उससे विश्वास और हर्षपूर्ण चित्त हो कर साधक सावधानी से राकिणी देवी का साधन करे । फिर भक्तिभाव पूर्ण हो कर सभी प्रकार से मूल मन्त्र का मानस जप करे, इस प्रकार प्रथम पूजन करे फिर जप करे । तदनन्तर परामृत से होम करे ॥ २-३ ॥

समासै: पक्वनैवेद्यै: सुगन्धिकुसुमैस्तथा ।
स्वयम्भूकुसुमैर्नित्यमर्घ्यं कृत्वा निवेदयेत् ॥ ४ ॥
सुमुखं पूजयेन्नित्यं मधुमांसेन शंकर ।
हुत्वा[४] हुत्वा पुनर्हुत्वा प्राणवाय्वग्निसंगमै: ॥ ५ ॥

उस महीने में उत्पन्न होने वाले पके पके फलों के नैवेद्य से, सुगन्धित फूलों एवं कोश स्वयंभू कुसुमों से नित्य अर्घ्य निवेदन करना चाहिए । हे शङ्कर ! मधु और मांस द्वारा सुमुख (श्री गणेश) का पूजन करे । फिर प्राणवायु और अग्नि के संयोग से बारम्बार हवन करे ॥ ४-५ ॥

भ्रामयित्त्वा मनो बाह्ये[५] स्थापयित्त्वा पुन: पुन: ।
पुनरागम्यगमनं कारयित्त्वा [६] सुमङ्गलम् ॥ ६ ॥

---

१. महाकालि—ग० ।
२. अनन्त—ग० ।
३. सावधारय—क० ।
४. एवं श्रुत्वा—ग० ।
५. राज्ये—ग० ।
६. सुमेलनम्—ग० ।

वाचयित्त्वा सुवाणीभिर्याचयित्त्वा सवापिकम् ।
तर्पणं चाभिषेकञ्च केवलासवमिश्रितैः ॥ ७ ॥

मन को बाह्य जगत् में भ्रमण कराते हुए बारम्बार उसी में स्थापन करे । इस प्रकार गतागत करा कर सुन्दर वाणी से सुमङ्गल पाठ कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करे । फिर केवल आसव (पुष्परस) मिश्रित मांस, मुद्रादि तथा मत्स्यों से संयुक्त पिष्टक सहित सार द्रव्यों से तर्पण एवं अभिषेक करे ॥ ६-७ ॥

मांसैर्मुद्रादिभिर्मत्स्यैः सारद्रव्यैः सपिष्टकैः ।
घृतादिसुफलैर्वापि यद् यदायाति कौलिके ॥ ८ ॥
अचलां[१] भक्तिमाप्नोति विश्वामित्रो यथा वशी ।
तत्तद्द्रव्यैः साधकेन्द्रो नित्यं सन्तर्प्य संजपेत् ॥ ९ ॥

घृतादि से अथवा सुन्दर फलों से जैसा कि कौलिक सम्प्रदाय का विधान है, उससे भी तर्पण एवं अभिषेक करे । ऐसा करने से वशी साधक विश्वामित्र के समान अचल भक्ति प्राप्त कर लेता है । अतः साधकेन्द्र तत्तत् द्रव्यों से नित्य संतर्पण कर मूलमन्त्र का जप करे ॥ ८-९ ॥

ॐ महाकाल कृष्णेन्द्र नीलमणिनिभ राकिणी-वल्लभ कुण्डली महावीर राकिणी कैवल्य-मोक्षदात्र्यै नमः ॥ क्रां कौं क्रं क्रं क्लीं श्रीं रां रीं रूं रें रैं रों रौं रं रः स्वाहा ॥ परमवैष्णवो महाभैरवी महाविष्णुः कुलदेवता परजननिष्फल पुरुषोत्तम वासुदेव हृषीकेशकेशव नारायण दामोदर पंचचूड चतुर्भुजशङ्खचक्रगदाधर राकिणी सूक्ष्मा कुलकुण्डली राधिका बाह्यदेवता श्री श्रीविद्याचैतन्यानन्दमयी विश्वव्यापिका जगन्मोहिनी मूलात् प्रगच्छन्ती[२] षडाधारभेदिनी[३] षड्दलाकार[४] प्रकाशिनी मनोभवा मांस[५] मांसरुधिरादिशरीरपरिवारादिकं[६] पालय पालय गोपय गोपय स्थापय स्थापय[७] शत्रून् घातय घातय ॐ हौं हौं स्थौं[८] ह्सौं हसकल ह्रीं सकल ह्रीं श्रीं जुहोमि नमो नमः स्वाहा ॥

एतन्मन्त्रं पाठित्त्वा च तर्पणञ्च समाचरेत् ।
तर्पणान्ते चाभिषेकं सदा कुर्याच्च तान्त्रिकः[९] ॥ १० ॥
मूलान्ते चाभिषिञ्चामि नमः स्वाहा पदं ततः ।
ततो हि प्रणमेद्भक्त्या अष्टाङ्गनतिभिः[१०] प्रभो ॥ ११ ॥

---

१. ग० पु० नास्ति ।—चलतीति चला, चलतेः पचाद्यजन्ताट्टाप् । न चला, अचला स्थिरेत्यर्थः ।
२. प्रगरवृत्ति—ग० ।
३. मेदिनीम्—ग० ।
४. यददनाकार—ग० ।
५. मां मां मांसरुधिरादि—ग० ।
६. परिधारादिकम्—क० ।
७. स्थापय—क० ।
८. स्थौं स्थौं हं सकल हं—क०
९. तान्त्रिकात्—ग० ।
१०. अष्टौ अङ्गानि यासु नतिसु, ताभिरित्यर्थः ।

'ॐ महाकाल कृष्णेन्द्र ... ... श्रीं जुहोमि नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र को पढ़कर तर्पण करना चाहिए । तर्पण के उपरान्त फिर तान्त्रिक साधक अभिषेक करे । उपर्युक्त मूलमन्त्र (महाकाल कृष्णेन्द्र ... ... नमः स्वाहा) के अन्त में 'अभिषिंचामि नमः स्वाहा' इतना और उच्चारण कर तर्पण करे । फिर हे प्रभो ! अपने अष्टाङ्गों का नमन करते हुए इष्टदेव को प्रणाम करे ॥ १०-११ ॥

सहस्रनाम्ना स्तवनमष्टोत्तरसमन्वितम् ।
अर्धाङ्ग[१] राकिणीयुक्तं राकिणीकेशवस्तवम् ॥ १२ ॥

तदनन्तर अर्द्धाङ्ग राकिणी से संयुक्त केशव के एक हजार आठ नामों से जिसका नाम 'राकिणी केशव स्तोत्र' है उस स्तोत्र का पाठ करे ॥ १२ ॥

शृणु तं सकलं नाथ यत्र श्रद्धा सदा तव ।
श्रवणार्थं बहूक्तं[२] तत् कृपया ते वदाम्यहम् ॥ १३ ॥
एतत् श्रवणमात्रेण सर्वपापक्षयो भवेत् ।
राकिणीसङ्गमं[३] नाथ स्तवनं नाम पावनम् ॥ १४ ॥
ये पठन्ति श्रद्धया[४] चाश्रद्धया वा पुनः पुनः ।
तस्य सर्वः पापराशिः क्षयं याति क्षणादिह[५] ॥ १५ ॥

हे नाथ ! उन सभी नामों के श्रवण कीजिए, जिसमें आपकी श्रद्धा है । इसके पहले भी आप ने उन नामों को सुनने के लिए कई बार कहा भी था, अब मैं कृपा कर उन नामों को कह रही हूँ । इस अष्टोत्तर सहस्र नाम के सुनने मात्र से सभी पापों का क्षय हो जाता है । हे नाथ ! यह राकिणी सङ्गम नामक स्तोत्र अत्यन्त पवित्र है । जो लोग श्रद्धा से अथवा अश्रद्धा से इस स्तोत्र का बारम्बार पाठ करते हैं उनकी समस्त पापराशि क्षण मात्र में यहीं पर नष्ट हो जाती है ॥ १३-१५ ॥

काले काले महावीरो भवत्येव हि योगिराट् ।
संसारोत्तारणे युक्तो महाबलपराक्रमः ॥ १६ ॥

तत्तत्समय प्राप्त होने पर पाठकर्ता साधक महावीर योगिराज बन जाता है । वह इस संसार से लोगों को पार उतारने में समर्थ महाबल और पराक्रम से युक्त हो जाता है ॥ १६ ॥

अस्य श्रीमहदानन्द[६] कुलमङ्गल[७] कालसुन्दर-कृष्णमुकुन्दनारायणराकिणीकुल-कुण्डलिनीमिलन-सर्वसाधननिष्फलाय परमोक्षाय[८] नित्यसुखाय योगसिद्धयेऽष्टोत्तर-

---

१. अभाङ्गम्—ग० ।
२. यदुक्तम्—ग० ।
३. मङ्गलम्—ग० ।
४. श्रियाचार—ग० ।
५. कुत्रा—ग० ।
६. श्रीमदानन्द—ग०, महतामानन्दो महदानन्दः, श्रिया सहित इति मध्यमपदलोपिसमासः
७. काल काल—ग० ।—कालश्चासौ सुन्दरश्च । अथवा कालस्यापि कालः ।
८. परमोक्षाय—ग० ।

सहस्रनामस्तोत्रस्य गणेश-कुलगणाधिपतिः ऋषिर्बृहतीच्छन्दः[1] श्रीमत्कृष्ण[2]महाकाल-पुरुषोत्तम-कुलकुण्डलिनी[3]राधाराकिणीदेवता षड्दलाधारादिप्रकाश षट्पद्मसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

स्तोत्र का विनियोग—इस अष्टोत्तर सहस्रनाम स्तोत्र के गणेश कुल गणाधिपति ऋषि हैं, बृहतीच्छन्द है, श्रीमत्कृष्ण महाकाल पुरुषोत्तम सहित कुल कुण्डलिनी राधा राकिणी देवता हैं। श्री महदानन्द कुल मङ्गल कालसुन्दर कृष्ण मुकुन्द नारायण एवं राकिणी कुल कुण्डलिनी मिलन रूप सर्वसाधन के सम्पूर्ण फल प्राप्ति के लिए, परम मोक्ष के लिए, नित्य सुख के लिए, योगसिद्धि के लिए, षड्दलाधारादि प्रकाश एवं षट् पद्म की सिद्धि के लिए इसके पाठ में विनियुक्त करता हूँ ॥

अष्टोत्तरसहस्रनामारम्भः

ॐ श्रीकृष्णो महामाया यादवो देवराकिणी ।
गोविन्दो विश्वजननी महाविष्णुर्महेश्वरी ॥ १७ ॥
मुकुन्दो मालती माला विमला विमलाकृतिः ।
रमानाथो महादेवी महायोगी प्रभावती ॥ १८ ॥
वैकुण्ठो देवजननी दहनो दहनप्रिया ।
दैत्यारिर्दैत्यमथिनी मुनीशो मौनभाविता ॥ १९ ॥
नारायणो जयकला[4] करुणो करुणामयी ।
हृषीकेशः कौशिकी[5] च केशवः केशिघातिनी ॥ २० ॥
किशोरापि[6] कैशोरी महाकाली महाकला ।
महायज्ञो यज्ञहर्त्री दक्षेशो दक्षकन्यका ॥ २१ ॥

अष्टोत्तर सहस्रनामारम्भ—ॐ श्रीकृष्ण, महामाया, यादव, देवराकिणी, गोविन्द, विश्वजननी, महाविष्णु, महेश्वरी, मुकुन्द, मालतीमाला, विमला, विमलाकृति, रमानाथ, महादेवी, महायोगी, प्रभावती वैकुण्ठ, देवजननी, दहन, दहनप्रिया, दैत्यारि दैत्यमथिनी मुनीश, मौनभाविता, नारायण, जयकला, करुण, करुणामयी, हृषीकेश, कौशिकी, केशव, केशघातिनी, किशोर, कैशोरी, महाकाल, महाकला, महायज्ञ, यज्ञहर्त्री, दक्षेश, दक्षकन्यका ॥ १७-२१ ॥

महाबली महाबाला[7] बालको देवबालिका ।
चक्रधारी चक्रकरा चक्राङ्गः[8] चक्रमर्दिका ॥ २२ ॥
अमरो युवती भीमो भया[9] देवो दिविस्थिता ।
श्रीकरो वेशदा[10] वैद्यो गुणा योगी कुलस्थिता ॥ २३ ॥

---

१. वृतीच्छन्दः इति—ग० ।
२. महांश्चासौ कालश्च, स च पुरुषेषूत्तमः ।
३. कुलानां कुलेषु वा कुण्डलिनी ।
४. ज्वलाच्छन्ना—ग० ।
५. कैषिकी च—क० ।
६. किशोरश्चापि—ग० ।
७. महाबालो—ग० ।
८. चक्रकृच्चक्रमर्दिका—ग० ।
९. भीकोऽमया—ग० ।
१०. देवे सदा—ग० ।

समयज्ञो मानसज्ञा क्रियाविज्ञः क्रियान्विता ।
अक्षरो वनमाला च कालरूपी कुलाक्षरा ॥ २४ ॥
विशालाक्षो दीर्घनेत्रा जयदो जयवाहना ।
शान्तः शान्तिकरी श्यामो विमलश्याम विग्रहा ॥ २५ ॥
कमलेशो महालक्ष्मी सत्यः साध्वी शिशुः प्रभा ।
विद्युताकारवदनो[1] विद्युत्पुञ्जनभोदया[2] ॥ २६ ॥
राधेश्वरो[3] राकिणी च कुलदेवः कुलामरा ।
दक्षिणो दक्षिणी श्रीदा क्रियादक्षो महालया ॥ २७ ॥
वशिष्ठगमनो[4] विद्या विद्येशो वाक्सरस्वती ।
अतीन्द्रियो योगमाता रणेशी रणपण्डिता ॥ २८ ॥
कृतान्तको बालकृष्णा कमनीयः सुकामना ।
अनन्तो अनन्तगुणदा वाणीनाथो विलक्षणा ॥ २९ ॥
गोपालो गोपवनिता गोगोप कुलात्मजा ।
मौनी[5] मौनकरोल्लासा मानवो मानवात्मजा ॥ ३० ॥

महाबली, महाबाला, बालक, देवबालिका, चक्रधारी, चक्रकरा, चक्राङ्ग, चक्रमर्दिका, अमर, युवती, भीम, भया, देव, दिविस्थिता, श्रीकर, वेशदा, वैद्य, गुणा, योगी, कुलस्थिता, समयज्ञ, मानसज्ञा, क्रियाविज्ञ, क्रियान्विता, अक्षर, वनमाला, कालरूपी, कुलाक्षरा, विशालाक्ष, दीर्घनेत्रा, जयद, जयवाहना, शान्त, शान्तिकरी, श्याम, विमलश्यामविग्रहा, कमलेश, महालक्ष्मी, सत्य, साध्वी, शिशु, प्रभा, विद्युताकारवदन, विद्युत्पुञ्जनभोदया, राधेश्वर, राकिणी, कुलदेव, कुलामरा, दक्षिण, दक्षिणी, श्रीदा, क्रियादक्ष, महालया, वशिष्ठ-गमन, विद्या, विद्येश, वाक्, सरस्वती, अतीन्द्रिय, योगमाता, रणेश, रणपण्डिता, कृतान्तक, बालकृष्णा, कमनीय, सुकामना, अनन्त, अनन्तगुणदा, वाणीनाथ, विलक्षणा, गोपाल, गोपवनिता, गोगोप, कुलात्मजा, मानी मौनकरोल्लासा मानव मानवात्मजा ॥ २२-३० ॥

सर्वाच्छिन्नो[6] मोहिनी च मायी माया शरीरजा ।
अक्षुण्णो[7] वज्रदेहस्था गरुडस्थो हि गारुडी ॥ ३१ ॥
सत्यप्रिया रुक्मिणी च सत्यप्राणोऽमृतापहा[8] ।
सत्यकर्मा[9] सत्यभामा सत्यरूपी त्रिसत्यदा ॥ ३२ ॥
शशीशो[10] विधुवदना कृष्णवर्णो विशालधीः ।

---

१. विद्युदाकारं वदनं महातेजस्वि प्रकाशशीलं यस्याः सा ।
२. निभोदरा—ग० ।—विद्युतां पुञ्जेन निभ उदयो यस्याः सा ।
३. धरेश्वरो—ग० । ४. विशिष्ट—ग० । ५. मान—ग० ।
६. सर्ववृन्दो—ग० । ७. रज । ८. अमृतापहा—ग० ।
९. सत्यभ्रमो वाणसत्यो कालसत्योऽमृताऽध्यहा । क० अधि० पाठः ।
१०. शीश—ग० ।—शशिन ईशः शशीशः ।

त्रिविक्रमो विक्रमस्था स्थितिमार्गः स्थितिप्रिया ॥ ३३ ॥
श्रीमाधवो माधवी च मधुहा मधुसूदनी ।
वैकुण्ठनाथो विकला विवेकस्थो विवेकिनी ॥ ३४ ॥
विवादस्थो विवादेशी कुम्भकः कुम्भकारिका ।
सुधापानः सुधारूपा सुवेशो[१] देवमोहिनी ॥ ३५ ॥

सर्वाच्छिन्न, मोहिनी, मायी, माया, शरीरजा, अक्षुण्ण, वज्रदेहस्था, गरुडस्थ, गारुडी, सत्यप्रिय, रुक्मिणी, सत्यप्राण, अमृतापहा, सत्यकर्मा, सत्यभामा, सत्यरूपी, त्रिसत्यदा, शशीश, विधुवदना, कृष्णवर्ण, विशालधी, त्रिविक्रम, विक्रमस्था, स्थितिमार्ग, स्थितिप्रिया श्रीमाधव, माधवी, मधुहा, मधुसूदनी, वैकुण्ठनाथ, विकला, विवेकस्थ, विवेकिनी, विवादस्थ, विवादेशी, कुम्भक, कुम्भकारिका, सुधापान, सुधारूपा, सुवेश, देवमोहिनी ॥ ३१-३५ ॥

प्रक्रियाधारको धन्या धन्यार्थो धन्यविग्रहा ।
धरणीशो महानन्ता सानन्तो[२] नन्दनप्रिया[३] ॥ ३६ ॥
प्रियो[४] विप्रियहरा च विप्रपूज्यो द्विजप्रिया ।
कान्तो विधुमुखी वेद्यो विद्या वागीश्वरोऽरुणा ॥ ३७ ॥
अकामी कामरहिता कम्रो विलचरप्रिया ।
पुण्डरीको[५] विकुण्डस्था वैकुण्ठो बालभाविनी ॥ ३८ ॥
पद्मनेत्र पद्ममाला[६] पद्महस्तोऽम्बुजानना ।
पद्मनाभिः पद्मनेत्रा पद्मस्थः पद्मवाहना ॥ ३९ ॥
वासुदेवो बृहद्गर्भा[७] महामानी महाञ्जना ।
कारुण्यो[८] बालगर्भा च आकाशस्थो विभाण्डजा ॥ ४० ॥

प्रक्रियाधारक, धन्या, धन्यार्थ, धन्यविग्रहा, धरणीश, महानन्ता, सानन्त, नन्दनप्रिया, प्रिय, विप्रियहरा, विप्रपूज्य, द्विजप्रिया, कान्त, विधुमुखी, वेद्य, विद्या, वागीश्वर, अरुणा, अकाम, कामरहिता, कम्र, विलचरप्रिया, पुण्डरीक, विकुण्डस्था, वैकुण्ठ, बालभाविनी, पद्मनेत्र, पद्ममाला, पद्महस्त, अम्बुजानना, पद्मनाभि, पद्मनेत्रा, पद्मस्थ, पद्मवाहना, वासुदेव, बृहद्गर्भा, महामानी, महाञ्जना, कारुण्य, बालगर्भा, आकाशस्थ, विभाण्डजा ॥ ३६-४० ॥

---

१. सुर्धशो—ग० ।—शोभनवेशयुत इति सुवेशः, पीताम्बरादिरूपः ।

२. सानन्दा—ग० ।—अनन्तेन सहितः, बलरामयुत इत्यर्थः, 'सानन्त' इति पाठे ।

३. नन्दनस्य आनन्ददायकस्य भगवतः श्रीकृष्णस्य प्रिया इत्यर्थः ।

४. अप्रिये—ग० ।

५. वाहनस्थो वाहनाढ्या सिद्धेशः सिद्धिदायिनी । सिद्धिमात्रो विलोका च चञ्चलो विषयापहा ॥ स्मशानवासिनी नाथो यमभूमिनिवासिनी । यमस्थो यामलस्था च यवनो भवनाश्रया ॥
—क० पु० अ० पाठः ।

६. पद्ममात्रा—ग० । ७. बृहद्भानुः—ग० ।

८. कारुण्यगर्भा करणा काशाख्यो विभार्जिता ।

तेजोराशिस्तैजसी च भयाच्छन्नो भयप्रदा ।
उपेन्द्रो वर्णजालस्था स्वतन्त्रस्थो विमानगा ॥ ४१ ॥
नगेन्द्रस्थो नागिनी च नगेशो नागनन्दिनी[१] ।
सार्वभौमो महाकाली[२] नगेन्द्रः नन्दिनीसुता[३] ॥ ४२ ॥
कामदेवाश्रयो माया मित्रस्थो मित्रवासना ।
मानभङ्गकरो रावा[४] वारणारिप्रियः प्रिया ॥ ४३ ॥
रिपुहा राकिणी माता सुमित्रो मित्ररक्षिका ।
कालान्त कलहा देवी पीतवासाम्बरप्रिया[५] ॥ ४४ ॥
पापहर्ता पापहन्त्री निष्पापः पापनाशिनी ।
परानन्दप्रियो[६] मीना मीनरूपी मलापहा ॥ ४५ ॥

तेजोराशि, तैजसी, भयाच्छन्न, भयप्रदा, उपेन्द्र, वर्णजालस्था, स्वतन्त्रस्थ, विमानगा, नगेन्द्रस्थ, नागिनी, नगेश, नागनन्दिनी, सार्वभौम, महाकाली, नगेन्द्रनन्दिनीसुता, कामदेवाश्रय, माया, मित्रस्थ, मित्रवासना, मानभङ्गकर, रावा, वारणारिप्रिय, प्रिया, रिपुहा, राकिणी, माता सुमित्रा, मित्ररक्षिका, कालान्त, कलहा, देवा, पीतवास, अम्बरप्रिया, पापहर्ता, पापहन्त्री, निष्पाप, पापनाशिनी, परानन्दप्रिय, मीना, मीनरूपी, मलापहा ॥ ४१-४५ ॥

इन्द्रनीलमणिश्यामो महेन्द्रो नीलरूपिणी ।
नीलकण्ठप्रियो दुर्गा दुर्गादुर्गतिनाशिनी ॥ ४६ ॥
त्रिकोणमन्दिरश्रीदो विमाया मन्दिरस्थिता ।
मकरन्दरसोल्लासो मकरन्दरसप्रिया ॥ ४७ ॥
दारुणारिनिहन्ता[७] च दारुणारिविनाशिनी ।
कलिकालकुलाचारः कलिकालफलावहा[८] ॥ ४८ ॥
कालक्षेत्रस्थितो रौद्री व्रतस्थो व्रतधारिणी ।
विशालाक्षो विशालास्या चमत्कारो करोद्यमा ॥ ४९ ॥
लकारस्थो[९] लाकिनी च लाङ्गली लोलयान्विता ।
नाकस्थो नाकपदका नाकाक्षो[१०] नाकरक्षका ॥ ५० ॥

इन्द्रनीलमणिश्याम, महेन्द्रनीलरूपिणी, नीलकण्ठप्रिय, दुर्गा, दुर्गादुर्गतिनाशिनी, त्रिकोण-

---

१. नानान्दिनी—ग० ।
२. सार्वभौमोऽमला—ग० ।
३. शुभा—ग० ।
४. रारी—क० ।
५. पीतवासस्याम्बरं पीतवासाम्बरं, तत् प्रियं यस्याः सा । करणाद्यजन्तो वासशब्दः ।
६. परमानन्दजा—ग० ।
७. दारुणाधि—ग० ।
८. कालि काल पुत्रार्थो च काली कालपुत्रावहा—ग० ।
९. नकारस्यो नाकिनी च लाङ्गकीशो कान्यान्विता—क० ।
१०. नाकरक्षा भूरक्षका—क० ।

मन्दिरश्रीद, विमाया, मन्दिरस्थिता, मकरन्दरसोल्लास, मकरन्दरसप्रिया, दारुणारिनिहन्ता, दारुणारिविनाशिनी, कलिकालकुलाचार, कलिकालफलावहा, कालक्षेत्रस्थित, रौद्री, व्रतस्थ, व्रतधारिणी, विशालाक्ष, विशालास्या, चमत्कारकरोद्यमा, लकारस्थ, लाकिनी, लाङ्गली, लोलयान्विता, नाकस्थ, नाकपदका, नाकाक्ष, नाकरक्षका ॥ ४६-५० ॥

कामगो[१] नामसम्बन्धा सामवेदविशोधिका ।
सामवेद: सामसन्ध्या सामगो[२] मांसभक्षिणी ॥ ५१ ॥
सर्वभक्षो रात्रभक्षा रेतस्थो रेतपालिनी ।
रात्रिकारी महारात्रि: कालरात्रो महानिशा ॥ ५२ ॥
नानादोषहरो मात्रा मारहन्ता सुरापहा[३] ।
चन्दनाङ्गी नन्दपुत्री नन्दपाल: विलोपिनी ॥ ५३ ॥
मुद्राकारी महामुद्रा मुद्रितो मुद्रिता रति: ।
शाक्तो लाक्षा वेदलाक्षी लोपामुद्रा नरोत्तमा[४] ॥ ५४ ॥
महाज्ञानधरोऽज्ञानी[५] नीरा मानहरोऽमरा ।
सत्कीर्तिस्थो महाकीर्ति: कुलाख्यो कुलकीर्तिता[६] ॥ ५५ ॥

कामग, नामसम्बन्धा, सामवेदविशोधिका, सामवेद, सामसन्ध्या, सामग, मांसभक्षिणी, सर्वभक्ष, रात्रभक्षा, रेतस्थ, रेतपालिनी, रात्रिकारी, महारात्रि, कालरात्र, महानिशा, नानादोषहर, मात्रा, मारहन्ता, सुरापहा, चन्दनाङ्ग, नन्दपुत्री, नन्दपाल, विलोपिनी, मुद्राकारी, महामुद्रा, मुद्रित, मुद्रिता, रति, शाक्त, लाक्षा, वेदलाक्ष, लोपामुद्रा, नरोत्तमा, महाज्ञानधर, अज्ञानी, नीरा, मानहर, अमरा, सत्कीर्तिस्थ, महाकीर्ति, कुलाख्य, कुलकीर्तिता ॥ ५१-५५ ॥

आशावासी वासना सा कुलवेत्ता सुगोपिता ।
अश्वत्थवृक्षनिलयो वृक्षसारनिवासिनी ॥ ५६ ॥
नित्यवृक्षो नित्यलता क्लृप्त: क्लृप्तपदस्थित: ।
कल्पवृक्षो कल्पलता सुकाल: कालभक्षिका ॥ ५७ ॥
सर्वालङ्कारभूषाढ्यो सर्वालङ्कारभूषिता ।
अकलङ्की निराहारा दुर्निरीक्ष्यो निरापदा ॥ ५८ ॥
कामकर्ता[७] कामकान्ता कामरूपी महाजवा ।
जयन्तो याजयन्ती च जयाख्य जयदायिनी ॥ ५९ ॥
त्रिजीवनो जीवमाता कुशलाख्यो[८] विसुन्दरा ।
केशधारी केशिनी च कामजो कामजाड्यदा ॥ ६० ॥

---

१. नामगो—ग० । २. विशेषिका—ग० ।
३. स्मरापहा—ग० ।—स्मरं कामदेवमपहतवान्—स्मरापहा ।
४. नरोहरा—ग० ।—नर उत्तमो यस्या: । अगस्त्यमहर्षेर्धर्मभार्या लोपामुद्रा (राजपुत्री) ।
५. महाज्ञानहरो वाणी बाण सानहरोऽमरा—क० ।
६. कीर्तिका—क० । ७. कामकर्त्री—ग० । ८. कुशालाख्यो—ग० ।

आशावासी, वासना, कुलवेत्ता, सुगोपिता, अश्वत्थवृक्षनिलय, वृक्षसारनिवासिनी, नित्यवृक्ष, नित्यलता, क्लृप्त, क्लृप्तपदस्थित, कल्पवृक्ष, कल्पलता, सुकाल, कालभक्षिका, सर्वालङ्कारभूषाढ्य, सर्वालङ्कारभूषिता, अकलङ्की, निराहारा, दुर्निरीक्ष्य, निरापदा, कामकर्ता, कामकान्ता, कामरूपी, महाजवा, जयन्त, याजयन्ती, जयाख्य, जयदायिनी, त्रिजीवन, जीवमाता, कुशलाख्य, विसुन्दरा, केशधारी, केशिनी, कामज, कामजाड्यदा ॥ ५६-६० ॥

किङ्करस्थो विकारस्था मानसंज्ञो[1] मनीषिणी ।
मिथ्याहरो महामिथ्या मिथ्यासर्गो निराकृति ॥ ६१ ॥
नागयज्ञोपवीतश्च[2] नागमालाविभूषिता[3] ।
नागाख्यो नागकुलपा नायको नायिका वधूः ॥ ६२ ॥
नायकक्षेमदो नारी नरो नारायणप्रिया ।
किरातवर्णो रासज्ञी तारको गुणतारिका ॥ ६३ ॥
शङ्कराख्योऽम्बुजाकारा[4] कृपणः कृपणावती ।
देशगो देशसन्तोषा दर्शो दर्शनिवासिनी ॥ ६४ ॥
दर्शनज्ञो दर्शनस्था दृग् दृदिक्षा सुरोऽसुराः ।
सुरपालो देवरक्षा त्रिरक्षो रक्षदेवता ॥ ६५ ॥

किङ्करस्थ, विकारस्था, मानसंज्ञ, मनीषिणी, मिथ्याहर, महामिथ्या, मिथ्यासर्ग, निराकृति, नागयज्ञोपवीत, नागमालाविभूषिता, नागाख्य, नागकुलपा, नायक, नायिकावधू, नायकक्षेमद, नारी, नर, नारायणप्रिया, किरातवर्ण, रासज्ञी, तारक, गुणतारिका, शङ्कराख्य, अम्बुजाकारा, कृपण, कृपणावती, देशग, देशसन्तोषा, दर्श, दर्शनिवासिनी, दर्शनज्ञ, दर्शनस्था, दृग्, दिदृक्षा, सुर, असुरा, सुरपाल, देवरक्षा, त्रिरक्ष, रक्षदेवता ॥ ६१-६५ ॥

श्रीरामसेवी[5] सुखदा सुखदो व्यासवासिनी[6] ।
वृन्दावनस्थो वृन्दा च वृन्दावन्यो महत्तनू[7] ॥ ६६ ॥
ब्रह्मरूपी त्रितारी[8] च तारकाक्षो[9] हि तारिणी ।
तन्त्रर्थज्ञः[10] तन्त्रविद्या सुतन्त्रज्ञः सुतन्त्रिका ॥ ६७ ॥

---

१. मनसाज्ञो—ग० ।

२. नागयज्ञोपवीति च—ग० ।—नाग एव यज्ञोपवीतो यस्य सः । अथवा कर्मधारये सति मत्वर्थीय इनिप्रत्ययः ।

३. नागस्य माला, नागमाला अथवा नागानां मालासमूहस्तेन विभूषिता । आद्यसमासे मालाशब्दो माल्यार्थे बोध्यः ।

४. शङ्कराख्यो रुजाक्रूराः—ग० ।

५. श्रीवासो वारसुखदो—क० ।

६. व्यापकवासिनी—क० ।—व्यासेन विविधप्रक्षेपेण वसति, तच्छीला ।

७. बृहत्तनु—ग० ।—महतां तनुर्ययोस्ते महत्तनू इति ।

८. वितारी—क० ।

९. तारकाख्यो—ग० ।—तारकेऽक्षिणी यस्य सः ।

हे महाकाल ! इसके अनन्तर षड्दलों वाले चक्र के आगे अपने को नियुक्त कर अत्यन्त देदीप्यमान दशदल वाले पद्म रूपी पुर में प्रवेश करे । वहाँ कर्णिका के मध्य में प्रविष्ट हो कर तत्क्षण कुण्डली-चक्र पर स्थित रह कर तन्मय हो जावे । मणिपूर में होने वाला (ज्ञान) सब कुछ निर्मल है और असाध्य को भी साधने वाला है । हे प्रभो ! ध्यान द्वारा गम्य मणिपूर नामक महापीठ में मन को सन्निविष्ट करने से मनुष्य सङ्कट से मुक्त हो जाता है । क्योंकि यह मन योगी है, मन ही भोगी है, मन ही भक्त है और मन ही युवा है ॥ ५१-५४ ॥

मन एव मनुष्याणां कारणं [8]त्राणमोक्षयोः ।
कारणं सर्वभावानां तद्भावं सन्त्यजेद् बुधः ॥ ५५ ॥

---

१. परिकल्पयेत् – ख० । २. षड्गुणम् – क० ।
३. परे – क० । ४. कुण्डलीचक्रे संस्थित इति सप्तमोघटितः समासः ।
५. मणिपूरं सुनिर्मलमिति – क० । – मणिपूरस्थं निर्मलमित्यर्थः मूलस्थपाठे । मणिपूरं सुनिर्मलमिति भावो द्वितीये पाठे ।
६. सतामिति – क० । ७. मनोवरः – क० ।
८. भोग – ग० ।

सर्वभावं विहायापि महाभावं समाश्रयेत् ।
भावेन लभ्यते मोक्षो भावेन लभ्यते सुखम् ॥ ५६ ॥
एतद्भावं सदा कुर्याद् भावाद् भवति[1] योगिराट्।
भावेन भक्तिमाप्नोति विषयाद् भावमाश्रयेत् ॥ ५७ ॥

मन ही सभी मनुष्यों के संरक्षण एवं मोक्ष का कारण है । अतः बुद्धिमान् साधक सभी भावों के कारणभूत भावों का त्याग कर देवे । भावों में सभी भावों का त्याग कर भी महाभाव का आश्रय लेना ही चाहिए । वस्तुतः भाव से ही मोक्ष प्राप्त होता है, भाव से ही सुख की प्राप्ति संभव है। साधक को इस प्रकार का भाव सदैव करते रहना चाहिए, क्योंकि भाव से ही मनुष्य योगिराज बन जाता है तथा भाव से ही भक्ति प्राप्त होती है । अतः विषय के अनुसार भाव का आश्रय लेना चाहिए ॥ ५५-५७ ॥

विषयं विकृतिग्राह्यं सुकृतिज्ञानवर्जितम् ।
त्यक्त्वा[2] दिव्यं महापीठं मणिपूरं समाश्रयेत् ॥ ५८ ॥
महायन्त्रे मनो दत्वा निर्माणं कारयेद् बुधः ।
मणिभिर्ग्रथनं[3] कृत्वा नानामणिविभूषितम् ॥ ५९ ॥
सुपीठं [4]कुलपीठे वा लिङ्गपीठमथापि वा ।
श्रीविद्यापीठमालिख्य विभाव्य च पुनः पुनः ॥ ६० ॥

जिसमें सुकृति (पुण्य) अथवा ज्ञान न हो ऐसे विकृतिपूर्ण विषय का त्याग कर देवे । ऐसे भावापन्न होकर दिव्य मणिपूर नामक महापीठ का आश्रय लेवे । बुद्धिमान् पुरुष महायन्त्र में भली प्रकार मन लगाकर उसकी रचना करे। मणियों से गूथँ कर अनेक मणियों से विभूषित कर सुपीठ की रचना करे । इस प्रकार विरचित कुलपीठ पर अथवा लिङ्ग पीठ पर श्री विद्या के पीठ का बारम्बार सर्वेक्षण करते हुए श्री विद्यापीठ की रचना करे ॥ ५८-६० ॥

ततः प्रस्फुटिते पद्मे दलाग्रे षड्दलस्य च ।
स्थापयित्वा महाविष्णुं पूजयित्वा सुसंयतः ॥ ६१ ॥
जप्त्वा च तन्मयो भूत्वा निधाय मणिपूरके ।
द्वढाकारमूर्ध्वगतं[5] षड्दलं[6] परिरक्षयेत्[7] ॥ ६२ ॥
ततश्चोद्ध्र्वतरे स्थाने महोच्चोत्तरसुन्दरे[8] ।
मनोनिवेशनं कृत्वा शक्तिं रुद्रं समाश्रयेत् ॥ ६३ ॥

---

१. तरति – क० । २. अत – ग० ।
३. ग्रन्थन – ग० ।
४. परमं ध्यात्वा कुलपीठमथापि वा – ग० । कुलपीठे इति पाठे षष्ठीसमासः ।
५. मृदुगत – क० । – ऊर्ध्व गतमिति तात्पर्यम् ।
६. षड्गुणमिति – ग० । – षण्णां गुणानां समाहारः षड्गुणमिति ।
७. परिचिन्तयेत् – ख० । ८. महोध्योद्भवसुन्दरे – ग० ।

चैतन्यरूपिणीं शक्तिं चैतन्यं रुद्ररूपिणम् ।
तत्र[१] भद्रात्मकं रौद्रं रौद्रीं प्रकाशकारिणीम् ॥ ६४ ॥

फिर उस श्री विद्यापीठ पर खिले हुए षड्दल वाले पद्म पर षड्दलों के आगे महाविष्णु को स्थापित कर सावधानी से उनका पूजन कर जप कर तन्मय हो मणिपूर में दृढ़ता युक्त आकार वाले षड्दल को स्थापित कर उसकी रक्षा करे । फिर उससे भी अत्यन्त ऊपर महान् सुन्दर स्थान में मन को सन्निविष्ट कर शक्ति सहित रुद्र को स्थापित करे । शक्ति चेतनास्वरूपा हैं तथा चैतन्य रुद्रस्वरूप हैं । उसमें भी भद्रात्मक रौद्र हैं और उनकी शक्ति रौद्री प्रकाश करने वाली हैं ॥ ६१-६४ ॥

भक्त्या पुनः पुनर्ध्यायेदूर्ध्वरेतास्तमीश्वरम्[२] ।
प्रगच्छन्ति चोदूर्ध्वमार्गे[३]ध्येया योगिभिरेव च ॥ ६५ ॥
अहं[४] देवी परानन्दा मणिपूरनिवासिनी ।
तथा श्रीलाकिनीशक्तिः श्रीरुद्रस्त्वं[५] न संशयः ॥ ६६ ॥

ऊर्ध्वरेता साधक भक्तिपूर्वक शक्ति सहित उन रुद्र स्वरूप ईश्वर का ध्यान करे । योगियों को ऊर्ध्व मार्ग से गमन करने वाली रौद्री शक्ति का भी ध्यान करना चाहिए । मणिपूर में निवास करने वाली परानन्दस्वरूपा लाकिनी नामक शक्ति देवी मैं हूँ और हे महाभैरव ! आप रुद्र हो—इसमें संशय नहीं है ॥ ६५-६६ ॥

रुद्ररूपी महादेवो रुद्ररूपा सरस्वती ।
सर्वदा ऊद्‌र्ध्वगामी च सा शक्तिरूद्‌र्ध्वगामिनी ॥ ६७ ॥
ऊद्‌र्ध्वमार्गं काशयन्तीं योगिनीं योगमातरम् ।
महारुद्रं तथा ध्यात्वा मणिपूरे सुनिर्मले ॥ ६८ ॥
ऊद्‌र्ध्वमुखं समाकुर्याद् महापद्मं मनोरमम् ।
मणिपूरं महाकान्तं मणिकोटिसुनिर्मलम्[६] ॥ ६९ ॥

महादेव रुद्ररूप वाले हैं और सरस्वती रुद्ररूपा हैं । रुद्र सर्वदा ऊर्ध्वगमन करने वाले हैं तथा उनकी शक्ति ऊर्ध्वगामिनी है । ऊर्ध्वभाग को प्रकाशित करती हुई योगियों की माता योगिनी तथा महारुद्र का स्वच्छ मणिपूर में ध्यान कर साधक वहाँ रहने वाले परम सुन्दर अधोमुख वाले कमल को ऊर्ध्वमुख करे । मणिपूर अत्यन्त सुन्दर है और करोड़ों मणियों से विरचित होने से अत्यन्त निर्मल है ॥ ६७-६९ ॥

कोटिकोटिशरच्चन्द्र[७] पूर्णज्योतिःसमाकरम् ।
ऊद्‌र्ध्वमुखं समाकुर्यात् स्वयंभावेन जायते ॥ ७० ॥

---

१. भद्रं भद्रात्मिकां रौद्रं रौद्रीं प्रकाशकारिणीम् — ग० ।
२. ऊर्ध्वरितारमीश्वरम् — ग० ।
३. ध्यायियोगिवरः सदा — क० ।
४. स्वयमिति — ग० ।
५. श्रीरुद्रस्यामिति — ग० ।
६. मणीनां कोटिसु सुनिर्मलम् ।
७. चन्द्र — ग० ।

यदि चोद्दर्ध्वमुखं पद्मं [१]यन्त्रमण्डलसंयुतम् ।
अतिकोमलपत्रेषु भाति चात्यद्भुतङ्करम् ॥ ७१ ॥

मणिपूर चक्र करोड़ों करोड़ शरत्कालीन चन्द्रमा की पूर्ण ज्योति से देदीप्यमान है । उस चक्र पर रहने वाले अधोमुख कमल को साधक ऊर्ध्वमुख करे क्योंकि यह कार्य स्वयं अपनी भावना से संभव है। यह यन्त्र मण्डल से संयुक्त ऊर्ध्वमुख पद्म अत्यन्त कोमल पत्र पर अत्यन्त अद्भुत रूप से शोभित होता है ॥ ७०-७१ ॥

लेपयित्वा योजयित्वा[२] स्थापयित्वा पुनः पुनः ।
प्रापयित्वा महारुद्रं त्रैलोक्यजननीं शिवाम् ॥ ७२ ॥
रुद्राणीं रौद्रशक्तिञ्च लाकिनीं[३] लोकसाक्षिणीम् ।
कुम्भकं प्राणवायोश्च प्राणवायोश्च योजनम् ॥ ७३ ॥
एकत्र मिलनं कृत्वा भावनं [४]परिकारयेत् ।
भावेन लभ्यते मोक्षो भाव एव निजप्रियः ॥ ७४ ॥

उस ऊर्ध्वमुख कमल का लेपन करे, एक में योजना करे और उसे बारम्बार अच्छी तरह स्थापित करे । तदनन्तर उस पर महारुद्र तथा त्रैलोक्य जननी शिवा को उस पर पधरावे। रुद्राणी रौद्रशक्ति वाली लोकसाक्षिणी लाकिनी को तथा प्राणवायु के कुम्भक को प्राणवायु से संयुक्त करे । इन दोनों को एक में मिलाकर उनकी भावना करे । क्योंकि भाव से मोक्ष प्राप्त होता है भाव ही इष्टदेवता को प्रिय भी है ॥ ७३-७४ ॥

मनो निवेश्य तत्रस्थो रुद्राराधनमाचरेत्[५] ।
तथा श्रीलाकिनीदेव्याः परमाद्भुतसाधनम् ॥ ७५ ॥

उसमें अपने मन को सन्निविष्ट कर रुद्राराधन करे । इसी प्रकार श्री लाकिनीदेवी का भी परमाद्भुत साधन करे ॥ ७५ ॥

शृणुष्व परमानन्द भैरव प्रियवल्लभ[६] ।
ममोपदेशं[७] सन्त्यज्य कोऽपि सिद्धो न सम्भवेत् ॥ ७६ ॥
ममाज्ञाबलयोगेन[८] सिद्धो भवति मानवः ।
मुक्तिमूलं महाभावं मुक्तिमूलं हि साधनम् ॥ ७७ ॥

---

१. यन्त्रचन्द्रमण्डसंयुतम् — ग० । — यन्त्राणां मण्डलानि तैः संयुतम् ।
२. च तत्सर्वमिति — ग० ।
३. लोकरक्षिणीम् — ग० । — लोकानां साक्षिणीम् रक्षिणीं वा ।
४. परिकल्पयेत् — क० ।
५. माश्रयेत् इति — क० । — रुद्रस्याराधनं समाचरेत् ।
६. प्राणवल्लभ इति — क० । — प्राणानां वल्लभः, प्रियः ।
७. ममोपदेशविधिना इति — क०, ग० ।
८. मम आज्ञाया बलं तस्य योगेन सम्बन्धेनेत्यर्थः ।

मुक्तिक्रमेण कालेन सिद्धो भवति साधकः ।
मम योगक्रमेणैव मम [1]तन्त्रावलोकनात् ॥ ७८ ॥

हे भैरव ! हे प्राणवल्लभ ! हे परमानन्द ! मेरी एक बात और सुनिए । मेरे उपदेश का परित्याग कर कोई भी सिद्ध नहीं हो सकता । केवल मेरी आज्ञा के बल से ही मनुष्य सिद्ध हो सकता है । महाभाव मुक्ति का मूल है और मुक्ति का मूल साधन ही है । मुक्ति क्रम से प्राप्त होती है तथा साधक काल आने पर सिद्ध होता है और ऐसा हमारे योग के क्रम से तथा हमारे तन्त्र के अवलोकन से होता है ॥ ७६-७८ ॥

कोऽपि नाथ ब्रह्मयोगी भवत्येव न चाखिले ।
सर्वे च योगिनः शीघ्रं प्रभवन्ति[2] न संशयः ॥ ७९ ॥

हे नाथ ! इस अखिल ब्रह्माण्ड में कोई भी 'ब्रह्मयोगी' नहीं होता, योगी तो सब हो ही सकते हैं इसमें संशय नहीं ॥ ७९ ॥

स्फुटाकारदलं कृत्वा विन्यासं तत्र कारयेत् ।
महायोगिकुलन्यासं विद्यान्यासं समाचरेत् ॥ ८० ॥
सर्वन्यासं निजन्यासं [3]ज्ञानजालं समाचरेत् ।
मानसक्रियया व्याप्तं देहं [4]मधुरसम्प्लुतम् ॥ ८१ ॥
शिवरूपिणमात्मानं वैष्णवं ज्ञानचक्षुषम् ।
एकाकारं[5] मूलमन्त्रध्यानं तत्र समाचरेत् ॥ ८२ ॥

उस दल को स्पष्ट रूप में परिणत कर विशिष्ट न्यास करे, फिर महायोगि कुलन्यास करे, तदनन्तर विद्यान्यास करे । तदनन्तर सर्वन्यास, निजन्यास एवं विभिन्न ज्ञान जाल का अनुष्ठान करे । मानस क्रिया से व्याप्त माधुर्य में डूबे हुए इस शरीर को, शिव स्वरूप आत्मा को ज्ञानचक्षु वाले विष्णु को एकाकार कर मूलमन्त्र का ध्यान करे ॥ ८०-८२ ॥

ध्यात्वा चार्घ्यं समाकुर्यात् कुलचक्रक्रमेण तु ।
आत्मानमपरिच्छिन्नं विचिन्त्य पुनरेव च ॥ ८३ ॥
सन्ध्यायेन्निजचैतन्यदेवतां कुलदेवताम् ।
पाद्यार्घ्यादिक्रमेणैव पूजयित्वाऽप्यहर्निशम् ॥ ८४ ॥
परिवारांस्ततो ध्यात्वा तत्सर्वान् परिपूजयेत् ।
धूपदीपौ ततो दद्याद् निजपूजाविधानतः ॥ ८५ ॥

---

१. मन्त्रविलोकनमिति – ख०, ग० ।– तन्त्राणामवलोकनात्, मन्त्रस्य विलोकनमिति वा।
२. भवन्ति च इति – ग० ।
३. न्यासजालमिति – ग० ।– न्यासानां जालं समूहम् ।
४. मधुरसंयुतमिति – क० ।– मधुरेण संयुतम् ।
५. एकाकारं मूलमन्त्रं ध्यानमिति – ग० ।– एक आकारो यस्य तम् ।

इस प्रकार ध्यान कर शक्ति चक्र के अनुसार उन्हे अर्घ्य प्रदान करे । फिर अपनी आत्मा को अपरिच्छिन्न समझकर अपने चैतन्य देवता (रुद्र) तथा कुल देवता (लाकिनी शक्ति) का ध्यान करे । दिन रात पाद्य अर्घ्य आदि क्रम से पूजन कर उनके आवरण देवता का भी ध्यान करे और उन सभी का उक्त क्रम से पूजन भी करे । फिर शाक्त तन्त्रानुसार उन्हें धूप दीप प्रदान करे ॥ ८४-८५ ॥

प्राणायामं दीपनादौ[१] कुर्यात् साधक एव च ।
भक्त्या ध्यात्वा मनुं जप्त्वा मणिपूरस्थदैवते[२] ॥ ८६ ॥
जपं समर्प्य[३] विधिना प्राणायामं पुनस्त्रयम्[४] ।
प्रणम्य स्तोत्रकवचै: स्वदेवीं हृदि चार्पयेत्[५] ॥ ८७ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे मणिपूरचक्रभेदप्रकारो नाम [६]त्रिचत्वारिंशत्तम: पटल: ॥ ४३ ॥

साधक फिर प्राणायाम कर आरती कर नाद (घण्टा घड़ियाल) करे इस प्रकार मणिपूर में रहने वाले देवता का भक्तिपूर्वक ध्यान कर मन्त्र का जप करे । तदनन्तर विधिपूर्वक उन्हें जप समर्पण कर तीन प्राणायाम करे । उन देवताओं के स्तोत्र एवं कवचों से उन्हें प्रणाम कर अपनी इष्टदेवी लाकिनी को अपने हृदय में पधरावे ॥ ८६-८७ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरव-भैरवी संवाद में मणिपूरचक्रभेदप्रकार नामक तिरालिसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४३ ॥

---

१. द्वादशादौ – ग० ।
२. मणिपूरस्थं दैवतं तत्रेत्यर्थ: ।
३. समाप्येति – ग० । – समर्पणं समापनं वा कृत्वा ।
४. पुनर्द्वयमिति – ग० । – त्रयमित्यस्य स्थाने द्वयमिति पाठो ज्ञातव्य: ।
५. चालयेत् – ग० । – अर्पयेदिति शोभन: पाठ: ।
६. चतुश्चत्वारिंशदिति – ख० पु० पाठ: ।

अथ चतुश्चत्वारिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

मणिपूरविभेदार्थं[१] शृणु वक्ष्यामि तत्त्वतः ।
यं ज्ञात्वा मूढलोकाश्च प्रविशन्ति महाघटे ॥ १ ॥
अमूढत्वं प्राप्नुवन्ति[२] भवन्ति योगिनोऽमराः ।
खेचरत्वं प्राप्नुवन्ति[३] सांख्ययोगनिषेविणः[४] ॥ २ ॥
महापातकमुख्यानां नाशं शीघ्रं महारिपुम् ।
कियत्कालेऽनले दोषे जले पर्वतकानने ॥ ३ ॥
कुर्वन्ति च [५]दिदृक्षूणां देवतावशमेव च ।
मणिपूरं महापीठं ध्यायेद् यः [६]प्राणसंयमम् ॥ ४ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे आनन्दभैरव ! अब मणिपूर के भेदन के लिए जिन बातों को कह रही हूँ, उसे सावधानी पूर्वक सुनिए । जिसे जानकर मूर्ख लोग भी महाकाश (निराकार आत्मा) में प्रवेश करते हैं । वे ज्ञान प्राप्त कर ज्ञानी बन जाते हैं, अमर योगी बन जाते हैं । ज्ञान और योग की सेवा करते हुए खेचरता भी प्राप्त कर लेते हैं । उनके द्वारा किए गए समस्त बड़े बड़े पाप, शीघ्र नष्ट हो जाते हैं और उनके शत्रु कुछ ही काल में अग्नि में जल जाते हैं अथवा अपने पापों से मर जाते हैं, अथवा जल में डूब जाते हैं अथवा पर्वत से गिर कर नष्ट हो जाते हैं, किं वा वन में भटक जाते हैं । ऐसे लोग जो प्राणसंयम कर मणिपूर महापीठ का ध्यान करते हैं, देखने वालों को तथा देवताओं को अपने वश में कर लेते हैं ॥ १-४ ॥

मणिपूरचक्रभेदनम्

तथा [७]पञ्चाऽऽसवासिद्धिं कृत्वा पूरं विभेदयेत् ।
त्रिलोक [८]जननीं सत्यां शिवामाद्यां त्रियोगिनीम् ॥ ५ ॥

---

६. चतुश्चत्वारिंशदिति – ख० पु० पाठः ।

१. विभेदाय – क० ।

२. अमूढत्वमवाप्नोतीति – ख०, ग० । – मुहधातुर्वैचित्यार्थकः, ततः क्तप्रत्यये कृते सति ढत्वधत्व–ष्टुत्व–ढलोप–दीर्घेषु कृतेषु मूढशब्दो निष्पद्यते । तदर्थश्च अस्थिरचित्तः । न मूढोऽमूढः तस्य भावोऽमूढत्वम् ।

३. मवाप्नोति – ख० , ग० ।

४. सांख्यतत्त्वनिषेविणः – ख०, ग० ।

५. दिग्विदिक्षूणामिति – क० ।

६. प्राणसंयमः – क० ।

७. पञ्चाशवासिद्धमिति – ख०, ग० । –पञ्च च ते आशवाश्च पञ्चाशवाः, तैरसिद्धम् ।

मूलाधारात् समुत्पत्य गच्छन्ती[१] रसषड्दले ।
प्रकाशं षड्दलं कृत्वा प्रगच्छन्ती [२]प्रभान्विता ॥ ६ ॥

साधक सर्वप्रथम पञ्च आसव की सिद्धि करे । तदनन्तर मणिपूर का विभेदन करे । मूलाधार से उठकर षड्दल कमल पर जाती हुई और उसे प्रकाशित करती हुई प्रभा से युक्त त्रिलोक जननी सत्या, आद्या, शिवा, त्रियोगिनी का ध्यान करे ॥ ५-६ ॥

विमर्श—पञ्च आसव—अमरलता, काली तुलसी, भाँग, दूर्वा, मेउड़ी (निर्गुण्डी) और बिल्व पत्र हैं (द्र० ५०. ३२-३३) ।

मणिपूरे महाचक्रे त्रैलोक्यजपसाधने ।
सिद्धीनां[३] निलये काम्ये कमनीये मन:प्रिये ॥ ७ ॥
मन:[४] प्रिया महादेवी [५]सर्वोल्लासनकारिणी ।
खेचरी महदानन्दमण्डिता मन्त्रयोगिनी ॥ ८ ॥
अनुग्रहकरी सिद्धा विभाव्या तत[६] एव हि ।
आनन्दघन [७]सन्दोहमात्मज्ञानं सुनिर्मलम् ॥ ९ ॥
मणिपूरं संविभाव्य किन्न सिद्ध्यति भूतले ।
अणिमा लघिमा व्याप्तिर्महाश्रेष्ठादिसिद्धिभाक् ॥ १० ॥

यह मणिपूर महाचक्र त्रैलोक्य के जप का साधन है, सिद्धियों की निवास भूमि है, कामना प्रदान करने वाला है, कमनीय एवं मन को सुख देने वाला है । वहाँ पर महादेवी, सर्वोल्लासकारिणी, मन:प्रिया, खेचरी, महदानन्दमण्डिता, अनुग्रहकारिणी, सिद्धा एवं मन्त्रयोगिनी देवी का ध्यान करना चाहिए । यह मणिपूर आनन्द घन संदोह है । अत्यन्त निर्मल आत्मज्ञान का स्वरूप है । उसका ध्यान करने से इस भूतल में कौन सी सिद्धि नहीं होती ? मणिपूर का ध्यान करने वाला साधक अणिमा, लघिमा, व्याप्ति तथा अन्य महाश्रेष्ठ सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है ॥ ७-१० ॥

कौलो वा वार[८]मुख्यो वा ज्ञानी वा साधकोत्तम: ।
योगाभ्यासं य: करोति मणिपूरं समाश्रयेत् ॥ ११ ॥
मणिपूरस्थितं देवं य: स्तौति नियत: शुचि: ।
स्तवराजस्य पाठेन प्रबुद्धा कुण्डली भवेत् ॥ १२ ॥
सा देवी परमा माया मणिपूरे [९]स्थिता शिवा ।
प्रबुद्धां कास्यत्येव तत: सिद्धो भवेन्मनु: ॥ १३ ॥

साधक कौल हो अथवा वारमुख्य (गवैया या नर्तक) हो, ज्ञानी हो अथवा साधकोत्तम

---

८. पुस्तके नास्ति – क० ।
१. प्रगच्छन्ति रसच्छदे ।
२. प्रपूर्वकाद् गमेर्लट:, शत्रादेशे स्त्रीत्वविवक्षायां ङीप् ।
३. सिद्धिशून्यालये – क० ।
४. पुन: प्रिया – ख०, ग० ।
५. सर्वोल्लघनकारिणी – क० ।
६. तत एवाहि – क० ।
७. घट – ख०, ग० ।
८. नारकाख्यो वा ।

हो, जिसे योगाभ्यास करना हो उसे मणिपूर का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिए । जो नियमपूर्वक पवित्र हो कर मणिपूर में स्थित होकर स्तुति करता है, इस स्तवराज के पाठ से उसकी कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो जाती है । वह कुण्डली परमा माया है, मणिपूर में स्थित रहने वाली शिवा देवी है । वह प्रबुद्ध हो जाने पर प्रकाश उत्पन्न करती है, जिससे मन्त्र सिद्ध हो जाता है ॥ ११-१३ ॥

सिद्धे मनौ पराप्राप्तिरिति मे तन्त्रनिर्णयः ।
यदि चैतन्यमिच्छन्ति कुण्डलिन्याः पराक्रमम् ॥ १४ ॥
जानाति निजदेहे च [१] महोदयमनुत्तमम् [२] ।
तेषां चैतन्यहेतोश्च देवतानां कुलेश्वर ॥ १५ ॥
महास्तोत्रं समाकुर्यात् प्रत्यहं सिद्धिहेतुना ।
सिद्धिकार्यं धर्मकार्यं मणिपूरे [३] समाप्नुयात् ॥ १६ ॥

मन्त्र के सिद्ध होने पर पराशक्ति की प्राप्ति होती है, ऐसा तन्त्र शास्त्र का निर्णय है । साधक गण जब कुण्डलिनी को चेतन कर लेते हैं, तब उन्हें कुण्डलिनी के पराक्रम का ज्ञान होने लगता है । उसे अपने देह में महान् अभ्युदय प्राप्त होने लगता है । अतः हे कुलेश्वर ! साधक को कुण्डलिनी को जागरूक करने के लिए तथा सिद्धि प्राप्त करने के लिए मणिपूर स्थित उन-उन देवताओं के महास्तोत्र का पाठ प्रतिदिन करते रहना चाहिए । ऐसा करने से वह सिद्धि-कार्य तथा धर्म-कार्य मणिपूर में प्राप्त कर लेता है ॥ १४-१६ ॥

मणिपूर[४]निवासिन्याः भेदनं ज्ञानसाधनम् ।
सहस्रनाममलं सिद्धिद्रव्यनिरूपणम् ॥ १७ ॥
नित्यसिद्धिं काम्यसिद्धिं मणिपूरे समाश्रयेत् ।
प्राणबुद्ध्या स्वेष्टदेवीं पूजयेल्लाकिनीं पराम् ॥ १८ ॥

मणिपूर में स्थित महादेवी का भेदन समस्त ज्ञान का साधन है । उनका परम पवित्र सहस्रनाम सिद्धि प्रदान करने वाले समस्त द्रव्यों का निरूपण करने वाला है । नित्यसिद्धि तथा काम्यसिद्धि प्रदान करता है । अतः मणिपूर का आश्रय अवश्य लेना चाहिए और अपने प्राणों की बुद्धि से स्वेष्ट देवी परा लाकिनी का पूजन करना चाहिए ॥ १७-१८ ॥

स्वदेवतां पूजयेद्‌ वै मणिपूरे महालये ।
मणिपूरस्थितां रौद्रीं महाशक्तिं महोदयाम् ॥ १९ ॥
सर्वसञ्चारिणीं योग्यां महायोगिप्रियां पराम् ।
निजदेवीपदाम्भोज [५] पूजावत् पूजनं चरेत् ॥ २० ॥

---

१. महानुदयो महोदयः, सन्महदिति कर्मधारयसमासः ।

२. नास्ति उत्तमो यस्मादिति बहुव्रीहिसमासः, न तु नञ्तत्पुरुषः ।

३. समाश्रयेत् — क० ।

४. मणिपूरनिवासिन्या इत्यारभ्य मणिपूरे समाश्रयेदित्यन्तं कपुस्तके नास्ति ।

५. पदाम्भोजमिति — ग० ।

मणिपूर नामक महालय में स्वदेवता का पूजन करे। फिर मणिपूर में रहने वाली १. रौद्री, २. महाशक्ति, ३. महोदया, ४. सर्वसञ्चारिणी, ५. योग्या, ६. महायोगिप्रिया एवं ७. परादेवी का भी अपने इष्टदेवता के चरण कमलों के समान ही पूजन करे ॥ १९-२० ॥

पूजां समाप्य विधिना स्तोत्रं देव्या: समाचरेत् ।
तत्प्राणवायुरूपेण[१] सिद्धीनां नाशहेतवे ॥ २१ ॥

विधिपूर्वक पूजा करने के अनन्तर प्राणवायु रूप से स्थित समस्त (सिद्धियों ?) विघ्नों के विनाश के लिए देवी के स्तोत्र का पाठ करना चाहिए ॥ २१ ॥

कृतं स्तोत्रं कोटिनाम ब्रह्मणा गुणकात्मना ।
तत्सर्वं प्रकरोष्येतत् प्रकारं ज्ञानशङ्कर ॥ २२ ॥
एतत्स्तोत्रप्रसादेन योगिनस्ते महौजस: ।
अहङ्कारघटी[२] ज्ञानं महाव्याधिनिवारणम् ॥ २३ ॥
महास्तवनमेवं हि साक्षादानन्दवर्धनम् ।
नय[३] भक्तिप्रदं शुद्धं [४]शुद्धानामप्यगोचरम् ॥ २४ ॥

गुणों की प्राप्ति की इच्छा से ब्रह्मदेव ने करोड़ों नाम से युक्त इस स्तोत्र का पाठ किया था। हे ज्ञानशङ्कर ! यह प्रकार सब कुछ कर देता है। इस स्तोत्र के प्रभाव से वे महायोगी महातेजस्वी बन गए। जिससे उन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हो गया और उनके महाव्याधियों का निवारण भी हो गया। ऐसे भी यह सहस्रनाम महास्तोत्र साधक के साक्षात् आनन्द को बढ़ाने वाला है। यह नय (नीति) है, भक्ति प्रदान करने वाला है तथा शुद्ध साधक को आत्म दर्शन कराने वाला है ॥ २२-२४ ॥

त्रितत्त्वलाकिनीस्तवनम्

शिवां शक्यामाद्यां दशदलगतां रुद्रमहिषीं
विशालाक्षीं[५] सूक्ष्मां[६] शशियुतजटाजूटमुकुटाम्[७]।
महाविद्युत्कोटिप्रियजडितपीठे त्रिनयनां
महालाकिन्याख्यां दशदल[८]कलां भावयति क: ॥ २५ ॥

शिवा, सब कुछ करने में समर्थ, आद्या, दशदल पर निवास करने वाली रुद्र महिषी, जिनके नेत्र विशाल हैं, जो अत्यन्त सूक्ष्म हैं, जिनके जटाजूट में चन्द्रमा रूप मुकुट का निवास है, जो करोड़ों विद्युत् के समान जटित अपने पीठ पर विराजमान हैं, जिनके तीन

---

१. तद्वायुप्राणसदने – क० । २. अहङ्कारपराणाञ्च – क० ।
३. लय – क०, भक्तिप्रदमिति च – क० । ४. शुद्धानामात्मगोचरमिति – क० ।
५. विशालाक्षीम् – ख०, ग० । ६. शत – ख०, ग० ।
७. शशिना युतानि जटाजूटमुकुटानि यस्या: सा, अत्यन्तं प्रकाशमयी भास्वरा इति तात्पर्यम् । ८. गते – ग० ।

नेत्र हैं - ऐसी दश दल कला के ऊपर रहने वाली एवं महान् प्रकाश वाली लाकिनी का ब्रह्मदेव ध्यान करते हैं ॥ २५ ॥

मृणालान्तर्ध्वान्तः[१] प्रकटतटसंहारसुभगां
कुलक्षेत्रोल्लासां[२] चरमपददां दीपकलिकाम् ।
सदानन्दाकारां [३]गतिगुणहरां चारुकिरणां
प्रभावर्णश्यामां[४] रुचिरवदनां भावयति[५] कः ॥ २६ ॥

जो मृणाल के भीतर रहने वाले अन्धकार को स्पष्ट रूप से संहार करने में कुशल हैं, कुल क्षेत्र (मूलाधार) को प्रकाशित करने वाली, मोक्ष प्रदान करने वाली दीपकलिका हैं, सदा आनन्द के आकार वाली, ज्ञान रूप गुणों वाली तथा सुन्दर किरणों वाली हैं, प्रभा तथा वर्ण से श्याम रङ्गवाली हैं, ऐसी मनोहर मुख वाली, चन्द्रवदना भगवती का ब्रह्मदेव ध्यान करते हैं ॥ २६ ॥

प्रतीक्षानन्दाब्धि[६] प्रकटचरणाम्भोजयुगलां
वियद्वर्णां कान्तां सुरवरसुपूजाविधिरताम् ।
महासूक्ष्मद्वारप्रचलनकरीं भेदनकरीं
दिवायोगाह्लादप्रियजनशिवां भावयति कः ॥ २७ ॥

जो (सिद्धि की) प्रतीक्षा रूप से आनन्द का समुद्र हैं, जो अपने दोनों चरण कमलों से प्रकाश करती हैं, आकाश के समान वर्ण वाली, कमनीय शोभा से युक्त जो सुरवरों (इन्द्रादि देवगण) द्वारा की गई पूजा विधि को ग्रहण करने वाली हैं, जो महासूक्ष्मद्वार में चलने वाली तथा भेदन करने वाली हैं, ऐसी दिवायोग में प्राणियों को आह्लादित करने वाली एवं प्रियजनों का कल्याण करने वाली भगवती का ब्रह्मदेव ध्यान करते हैं ॥ २७ ॥

अयोध्यापीठस्थामरुणकमनीं प्रेमगलितां
महारौद्रीं भीमां शतशतरविप्रेमनिकराम् ।
महादुःखार्तानां[७] नयनशुभगां भावविरहां
सतीं सीतामिन्द्रोत्सवनवघटां भावयति कः ॥ २८ ॥

---

१. सदान्तर्दत्तध्यानविषयपरामिति – ख० । मूलान्तर्वा क .... इति ।
२. कुललेत्रोन्यत्रा मिति ख कुरुक्षेत्रोलासा – ग० ।
३. मतिगुणाहरामिति क तया तारकमयीमिति – क० ।
४. महारौप्यादिस्थां सकलकरुणामिति – ग० । – प्रभावर्णश्यामामिति पाठे प्रभावर्णेन श्यामामिति विग्रहः ।
५. प्रसन्नां स्वे देहे कुलपथगतां गीतरमितां परानन्दश्रेणीं नवरवलतां तामसहराम् । महारुद्राक्षिप्तां क्षितिमयहरां चारुकिरणां महारौप्याद्रिस्थां सकलकरुणां भावयति कः ॥
— क पुस्तकपाठः । किन्तु मूले देयः ।
६. प्रतीक्षानन्दां विप्रगतचरणां कोटिविधुगां वियद्वर्णा स्वस्थां निखिलवसुपूजा ...... ।
७. .... प्रचलनपराम् – ग० । – महादुःखार्तानामिति पाठे महान्ति दुःखानि महादुःखानि, तैरार्तानाम्, महादुःखार्तानाम् ।

जो अयोध्या पीठ में निवास करने वाली, रक्त होने से प्रेम से आर्द्र होने वाली हैं, महारौद्री एवं भीमा हैं, महान् दु:खी जनों के लिए दर्शन में कमनीय लगने वाली, सौ सौ सूर्यों के समान अगाध प्रेम से परिपूर्ण, नेत्रों को शीतल करने वाली, भाव से परिपूर्ण, सती सीता स्वरूपा तथा इन्द्र धनुष युक्त नवीन घटाओं वाली - ऐसी श्री भगवती लाकिनी का ब्रह्मदेव ध्यान करते हैं ॥ २८ ॥

सुधाब्धेराह्लादप्रकरणसुरां सौरभकरां
क्रियारूपां योग्यां [१]भुवमणिपूरप्रकृतिगाम् ।
गुरो: स्थानोद्‌योगां समनदहनां[२] शीतलवरां
त्रितत्त्वां तत्त्वज्ञां स(श)मरहरशक्तिं[३] भजति क: ॥ २९ ॥

सुधा समुद्र को आह्लादित करने के लिए सुरा के समान, सुगन्धित किरणों वाली, क्रियास्वरूपा, योग्या, भुवन की मणि से परिपूर्ण, प्रकृति में निवास करने वाली, गुरुगणों के स्थानों से युक्त, समन अर्थात् अहङ्कार सहित पाप को अथवा शमन काल को भी जला देने वाली, अतएव अत्यन्त शीतल, त्रितत्त्वा, तत्त्वज्ञान से परिपूर्ण तथा समर में शत्रु शक्ति का नाश करने वाली ऐसी भगवती का ब्रह्मदेव पूजन करते हैं ॥ २९ ॥

विकाराकाराङ्गीं[४] तरुणरविकोटिश्रियमिमां
कुलाधारां सारां परमरसधारां [५]जयवराम् ।
कृपाच्छन्नाकामां[६] परमरसभाण्डेषु शुभदां
भजेदिन्द्रां[७] रुद्रां शशिमुखकराह्लादनिकराम् ॥ ३० ॥

प्रकृति के विकारों के आकार वाली, मध्याह्नकालीन करोड़ों सूर्यों के समान शोभा वाली, मूलाधार स्वरूपा, सारा, परमरस धारा, जयदात्री, कृपा से आच्छन्न, कामरहित एवं परब्रह्म-रस चाहने वाले भक्तों का कल्याण करने वाली, इन्द्राणी, रुद्राणी, अपने चन्द्रमुख से समस्त जगत् को आह्लादित करने वाली जो हैं - ऐसी भगवती की सेवा करनी चाहिए ॥ ३० ॥

रसाब्धौ विश्रान्तिं कुपितजनशान्तिं सकरुणां
त्रिलोकज्ञानस्थां मदननिलयां योगनिकराम् ।
मणिद्वीपच्छायां दशदलकलां केवलभवां
भवानीं [८]रुद्राणीं [९]वरदमणिपूरे भजति क: ॥ ३१ ॥

रस के समुद्र में विश्राम करने वाली, क्रोधी जनों को शान्ति प्रदान करने वाली, करुणा

---

१. सतां शीतामिति – ग० ।
२. दमनां शीतलवरामिति – ग० ।
३. मुक्तिमिति – क० । – हरतीति हर:, हृधातो: पचाद्यच् – प्रत्यय: । समरस्य कामादिसंग्रामस्य हरो विजेता, तस्य शक्तिम्, भवानीम् ।
४. धाराङ्गीम् – ग० ।
५. जयवरामिति – ग० ।
६. मग्नामिति – ग० ।
७. भवोदभद्रामाद्यां – ग० ।
८. रौद्राणीमिति – क० ।
९. वसदेति – क० ।

से परिपूर्ण, त्रिलोकज्ञान में रहने वाली, काम कला, योगिनी, मणिद्वीप को आच्छादित करने वाली, दश दल रूप कला वाली, एकमात्र ब्रह्मस्वरूपा, भवानी, रुद्राणीरूपा भगवती की सेवा वरद मणिपूर में ब्रह्मदेव करते हैं ॥ ३१ ॥

कृपाब्धौ[1] किं किं किमनुगतसुतां मौलिनमितां
शिवाङ्कां [2]मूलस्थां सकलमणिपूरस्थिरभवाम् ।
हिरण्याक्षीं तक्षां[3] क्षयकरणरश्मिच्छविशतां
विनोदीं पञ्चास्यप्रियगुणधरां[4] भावयति कः ॥ ३२ ॥

कृपा के समुद्र में 'किं किं किं', इस मन्त्र से उत्पन्न होने वाली, भक्तों द्वारा शिरों से नमस्कृत, शिव के अङ्क में निवास करने वाली, मूलाधार में स्थित रहने वाली, समस्त मणिपूर में स्थिर रूप से रहने वाली, हिरण्याक्षी, पापों को काटने वाली (तक्षा), संहार के लिए सैकड़ों रश्मि से संयुक्त छवि वाली, विनोदिनी, पंचमुख सदाशिव की प्रिया, गुणधारिणी श्री भगवती का ब्रह्मदेव ध्यान करते हैं ॥ ३२ ॥

महापद्माख्यां सकलधनदानाकुलचलां
चलानन्दोद्रेक-प्रचयरससिन्धूद्भवहृदि[5] ।
हृदानन्दो ध्यायेत् सकलगुणदात्रीं[6] सुखमयीं
कलां सूक्ष्मात्यन्तां तिमिरदहनां कोटिधनदाम् ॥ ३३ ॥

महापद्म नाम से पुकारी जाने वाली, सम्पूर्ण धन देने के लिए आकुल एवं चञ्चल, सुखमयी, सकल गुणदात्री, कला, सूक्ष्मा, अत्यन्त अन्धकार का नाश करने वाली, करोड़ों कुबेर के समान श्री भगवती का निश्चल आनन्द के उद्रेक से एकत्रित रस सिन्धु स्वरूप हृदय में, हृदय से आनन्दित हुआ भक्त ध्यान करे ॥ ३३ ॥

दशकं यः पठेन्नित्यं श्रीविद्यां सुखदायिनीम्[7] ।
ध्यात्वा हृदयपद्माधो निर्मलात्मा सदा पठेत् ॥ ३४ ॥

सुखदायिनी श्रीविद्या का हृदय पद्म के नीचे ध्यान कर निर्मलात्मा साधक उक्त दश श्लोकों (द्र०. ४४. २५-३४) का सर्वदा पाठ करे ॥ ३४ ॥

---

१. कृपासारां दीर्घामनुगत—मौननमितमिति — ग० । — कृपाब्धौ इति पाठे षष्ठीतत्पुरुषः ।
२. शिवाय्यां चनाद्यां ... ... स्थल — ग० । — शिवाङ्कामिति पाठे शिवस्याङ्कः चिह्नं यस्यां सा ।
३. सूक्ष्मां ...... राश्यां स्थितिकरीम्, रश्मिमविशतीम् — ग० ।
४. पञ्च आस्यानि मुखानि यस्य सः पञ्चास्यः, तस्य ते प्रिया गुणाः तेजस्वितादयः, तेषां धराम् । धराशब्दः पचाद्यजन्तः ।
५. सिन्धुरसहृदा मिति — क० ।
६. धात्रीमिति — क० ।
७. दायित्रीमिति — ग० ।

मणिपूरस्थितं देवं रुद्रं पश्यति योगिराट् ।
रुद्राणीसहितं शम्भुं दृष्ट्वा मुक्तो भवेत् क्षणात् ॥ ३५ ॥

ऐसा योगिराज मणिपूर में स्थित रुद्राणी सहित रुद्र का दर्शन कर लेता है, फिर रुद्राणी सहित रुद्र का दर्शन कर क्षण भर में मुक्त हो जाता है ॥ ३५ ॥

जीवन्मुक्तः स एवात्मा योगिनीवल्लभो भवेत् ।
योगात्मा परमात्मा च स हि साक्षादनीश्वरः ॥ ३६ ॥
स भित्वा मणि[1]पूराब्धिं निर्मलं ज्योतिरुज्ज्वलम् ।
शम्भोरीश्वरयोगज्ञक्रियानाथस्य [2] श्रीपतेः ॥ ३७ ॥
निकटे याति देव्याश्च स्थाने योगी न संशयः ॥ ३८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे मणिपूरभेदने भैरवीभैरवसंवादे त्रितत्त्वलाकिनीशक्तिस्तवनं नाम चतुश्चत्वारिंशत्तमः पटलः ॥ ४४ ॥

वह साधक जीवन्मुक्त हो जाता है, स्वयं योगिनीवल्लभ बन जाता है, वही योगात्मा एवं परमात्मा होता है और अन्ततः उसका कोई ईश्वर नहीं होता । ऐसा योगी साधक मणिपूर नामक महासमुद्र का भेदन कर, निर्मल उज्ज्वल ज्योति प्राप्त कर, योग के ज्ञाता ईश्वर क्रियानाथ श्री पति शम्भु के तथा श्री महादेवी के धाम में जाकर उनके निकट निवास करता है, इसमें संशय नहीं ॥ ३६-३८ ॥

॥ श्री रुद्रयामल तन्त्र के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में मणिपूर भेदन में भैरवभैरवीसंवाद में त्रितत्त्व-लाकिनी-शक्तिस्तवन नामक चौवालिसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४४ ॥

---

१. मणिपूरस्याधिः समुद्रः, तमिति यावत् ।

२. ईश्वरस्य योगः, तं जानातीति ईश्वरयोगज्ञः तस्य याः क्रियाः, तासां नाथः, तस्येति यावत् ।

अथ पञ्चचत्वारिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

अथ कालक्रमं वक्ष्ये यत्काले योगिराड् भवेत् ।
तत्कालं प्राणवायूनां निलयं सूक्ष्मसञ्चयम् ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव ! अब इसके बाद उस कालक्रम को कहती हूँ, जिस काल में साधक योगिराज बन जाता है । वह काल सूक्ष्म सञ्चय युक्त वायु का स्थान है ॥ १ ॥

पुनः पुनः सञ्चयने दृढो भवति संवशी[१] ।
क्रियायां सञ्चरन्त्येव योगिन्यो योगमातरः ॥ २ ॥

जितेन्द्रिय साधक बारम्बार वायु के सञ्चयन से दृढ़ हो जाता है क्योंकि वायुसञ्चयन रूप क्रिया में योगमातायें योगिनियाँ सञ्चरण करती हैं ॥ २ ॥

यत्काले[२] यत्प्रकर्त्तव्यं भानुरूप्यकुलार्णव ।
काले काले वशो याति परमात्मा निरामयः ॥ ३ ॥

हे सूर्यस्वरूप, हे कुलार्णव ! जिस काल में जो करना चाहिए, अब उसे सुनिए क्योंकि निरामय परमात्मा उचित काल में क्रिया करने से वश में हो जाता है ॥ ३ ॥

विना प्रयोगसारेण विना जाप्येन शङ्कर ।
कः सिद्धो जायते ज्ञानी योगी भवति कुत्र वा ॥ ४ ॥
अभ्यासमन्त्रयोगेन शनैर्योगी भवेन्नरः ।
प्रभाते ज्ञानशौचञ्च कुण्डलीभावनादिकम् ॥ ५ ॥
तन्मध्ये चापि संस्कुर्याद् योगं [३]पञ्चामरादिकम् ।
ततो मन्त्रस्नानकार्यं मस्तके जलसेचनम् ॥ ६ ॥

हे शङ्कर ! बिना प्रयोग सार (अनुष्ठान) के तथा बिना जप के कौन साधक सिद्ध हो सकता है ? और कौन ज्ञानी या योगी बना है ? मनुष्य धीरे धीरे अभ्यास एवं मन्त्र के प्रयोग से योगी बनता है, सर्वप्रथम साधक प्रभातकाल में ज्ञान की बात सोंचे, फिर शौचादि नित्यक्रिया करे, तदनन्तर कुण्डली का ध्यान करे । उसी के बीच पञ्चामरादि योग का भी संस्कार करे । इसके बाद मस्तक पर जल छिड़कते हुए मन्त्र स्नान का कार्य करे ॥ ४-६ ॥

---

१. साधकः — ख० । २. तत्काले तत्कर्तव्यमिति तन्निरूपा — ग० ।
३. पञ्चासवादिकम् — ग० । पञ्चामरादिकम् — पञ्च अमरा आदयो यस्य तत्तथा ।
अन्यपाठेऽपि इयमेव समासस्थितिः ।

सन्ध्यावन्दन कार्यञ्च ततः कुर्यात् पृथक् पृथक् ।
तत उत्थाय सद्भूमौ[१] [२]शुद्धकोमलजासने ॥ ७ ॥
उपविश्य सदाभ्यासी शुद्धकायासनञ्चरेत् ।
तत्कार्यसमये नाथ ध्यानं चैतन्यमेव च ॥ ८ ॥
कुण्डलिन्याः[३] सदा कुर्यात् तन्मध्ये जपमेव च ।
आसनं सुन्दरं कुर्यात् [४]सव्यापसव्यभेदतः ॥ ९ ॥

इसके बाद पृथक् पृथक् सन्ध्यावन्दन का कार्य करे । फिर वहाँ से उठकर शुद्ध और कोमल वस्तुओं से निर्मित आसन पर बैठकर सदाभ्यासी पुरुष, शुद्ध शरीर से आसन की क्रिया करे । हे नाथ ! उसी कार्य के समय कुण्डली का ध्यान तथा उसे चैतन्य भी करे और उसी बीच जप कार्य भी करे । सव्य और अपसव्य भेद (बायें एवं दाहिने के क्रम) से सुन्दर आसन करे ॥ ७-९ ॥

आसनादिकमाकृत्य शेषे [५]सुस्थासनं चरेत् ।
सुस्थासनं समाकृत्य चोर्ध्वपद्मासनं चरेत् ॥ १० ॥
मस्तकाधः केशमध्ये हस्तौ दत्त्वा मनुं जपेत् ।

आसन करने के बाद अन्त में पद्मासन करे । पुनः पद्मासन के बाद ऊर्ध्वपद्मासन करे । फिर मस्तक से नीचे केशों के मध्य में दोनों हाथ रखकर मन्त्र जप करे ॥ १०-११ ॥

चतुरशीतित्रिगुणमासनं भञ्जनं तथा ॥ ११ ॥
प्रत्यासनं क्रमेणैव एतेषां द्विगुणं पुनः ।
एतेषामासनादीनां वक्तव्या [६]सङ्ख्यका पुनः ॥ १२ ॥

इस प्रकार चौरासी का तिगुना आसन (२५२) तथा उसका भञ्जन (तोड़ना आदि) कहा गया है । पुनः इन प्रत्येक आसनों की (सव्यापसव्य) भेद से द्विगुनी भी संख्या कही गई है । अतः इन आसनों की संख्या पुनः (५०४) कहनी चाहिए ॥ ११-१२ ॥

अष्टाङ्गसाधने नाथ वक्तव्यं सर्वमासनम् ।
प्राणायामं षोडशकमथ[७]वा द्वादशादिकम् ॥ १३ ॥

---

१. सम्भूभाविति — ग० ।
२. ऊर्ध्व — ग० ।— शुद्धं कोमलजमासनं तस्मिन् इत्यर्थः ।
३. कुण्डलिन्यामिति — ग० । ४. सव्यासव्यविभेदतः — ग० ।
५. चोर्द्ध्वे पद्मासनमिति — ग० ।
६. वक्तव्याः संख्यकाः पुनः — ख० ।
आसनं यः करोत्येव वज्रकायः स एव हि । समाप्य चासनं सर्वं बद्धपद्मासने विशेत् ॥
चिबुकं वक्षसि श्रीमान् दत्त्वा कालीं विभावयेत् । ततः पद्मासनं कृत्वा प्राणायामं मुद्राचरेत् ॥
— क० पुस्तके अधिकः, किन्तु मूले देयः।
७. तथा वा—ग० ।

हे नाथ ! अष्टाङ्ग योग साधन के प्रकरण में हम सभी आसनों को कहेंगे । इसके बाद सोलह अथवा बारह प्राणायाम करना चाहिए ॥ १३ ॥

स्वकर्णागोचरं कृत्वा पिबेद्वायुं सदा बुधः ।
ततः समाप्य तत्कार्यं मन्त्रयोगं समभ्यसेत् ॥ १४ ॥
समाप्य मन्त्रयोगं च प्राणायामत्रयं चरेत् ।
तत उत्थाय नद्यादिं[१] विलोक्य चान्तरात्मनि ॥ १५ ॥
स्नानं कृत्वा महायोगी मानसादिक्रमेण[२] तु ।
तत्रैव मानसं जापं समाप्य जपमेव च ॥ १६ ॥
एकप्राणायामं[३] कुर्यात् कृत्वा तीरे विशेत् सुधीः ।
पिधाय पीतवसनं धर्माधर्मं विचिन्तयेत् ॥ १७ ॥

बुद्धिमान् साधक अपने कानों को सुनाते हुए वायु का आकर्षण कर पान करे । इसके बाद उस कार्य को समाप्त कर मन्त्र योग का अभ्यास करे । तदनन्तर मन्त्र योग समाप्त कर तीन प्राणायाम करे । फिर वहाँ से उठकर महायोगी नद्यादि देखकर अथवा स्वयं अन्तरात्मा में मानसादि स्नान कर मानस जप करे । फिर मानस जप समाप्त कर लेने के पश्चात् एक प्राणायाम और करे । फिर विद्वान् साधक पीताम्बर पहन कर तीर पर बैठ जावे और धर्माधर्म का विचार करे ॥ १४-१७ ॥

ततः सन्ध्यावन्दनं च कृत्वा पूजाविधिं चरेत् ।
सर्वत्र कुम्भकं कृत्वा भावयित्त्वा पुनः पुनः ॥ १८ ॥
मणिपूरे महापीठे ध्यात्वा देवीं कुलेश्वरीम् ।
पूजयित्त्वा विधानेन प्राणायामं पुनश्चरेत् ॥ १९ ॥

इसके बाद सन्ध्यावन्दन कर पूजा का कार्य सम्पन्न करे । पूजाविधि में सर्वत्र कुम्भक कर मणिपूर महापीठ में कुलेश्वरी (कुण्डलिनी अथवा लाकिनी) देवी का बारम्बार ध्यान करते हुए विधानपूर्वक उनकी पूजा करे, फिर पुनः प्राणायाम करे ॥ १८-१९ ॥

ततः कुर्यात् साधकेन्द्रो विधिना कवचस्तवम् ।
सर्वत्र प्राणसंयोगाद् योगी भवति निश्चितम् ॥ २० ॥
अथवा कालजालानां वारणाय महर्षिभिः[४] ।
एतत् कार्यं समाकुर्याद् [५]योगनिर्णयसिद्धये ॥ २१ ॥

---

१. मद्यादि — ग० । — नदी आदिर्यस्य तत् ।

२. मानसमादिर्यस्य तेन क्रमेणेत्यर्थः ।

३. एकं प्राणायामकार्यमिति — ग० । — अयं पाठः समीचीनः प्रतीयते ।

४. महाऋषिः — ग० ।

५. योगिना योगसिद्धये — क० । — योगनिर्णयसिद्धये इत्यपि पाठः समीचीन एव, अर्थसमन्वयात् ।

विना योगप्रसादेन (न) कालः[1] संवशो भवेत् ।
कालेन योगमाप्नोति[2] योगध्यानं स्वकालकम् ॥ २२ ॥

इसके बाद साधकेन्द्र विधिपूर्वक कवच तथा स्तोत्रों का पाठ करे । सर्वत्र अपने प्राणवायु का संयोग (संयमन) करने से वह निश्चित ही योगी बन जाता है, अथवा काल से होने वाले कष्टों के कारण के लिए महर्षियों को यह कार्य (कवच एवं स्तोत्र पाठ) करना चाहिए, अथवा योग में (संदिग्ध स्थानों की) निर्णय सिद्धि के लिए मनुष्यों को यह कार्य करना चाहिए । योगसिद्धि के बिना काल वश में नहीं होता और वह योग काल प्राप्त होने पर सिद्ध होता है, इस प्रकार योग एवं ध्यान अपने अपने काल में होता है ॥ २०-२२ ॥

योगाधीनं परं ब्रह्म योगाधीनं परन्तपः ।
यौगाधीना सर्वसिद्धिस्तस्माद् योगं समाश्रयेत् ॥ २३ ॥
योगेन ज्ञानमाप्नोति ज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात् ।
तत्क्रमं शृणु भूचक्रे [3]सर्वसिद्ध्यादिसाधनम् ॥ २४ ॥

परब्रह्म योग के अधीन है, बहुत बड़ी तपस्या भी योगाधीन है सारी सिद्धियाँ योगाधीन हैं, इसलिए योग का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिए । योग से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है । हे भैरव ! इसी क्रम में सभी सिद्धियों आदि के साधन को भूचक्र में सुनिए ॥ २३-२४ ॥

सिद्धिसाधनमन्त्रेण योगी भवति भूपतिः ।
शीघ्रं राजा भवेद्द योगी शीघ्रं योगी भवेद्द यतिः ॥ २५ ॥
शीघ्रं योगी भवेद्विप्रो यदि स्वधर्ममाश्रयेत् ।
स्वधर्मनिष्ठताज्ञानं [4]सज्ज्ञानं परमात्मनः ॥ २६ ॥
तज्ज्ञानेन लभेद्द योगं योगाधीनाश्च सिद्धयः ।
सिद्ध्यधीनं परं ब्रह्म तस्माद् योगं समाश्रयेत् ॥ २७ ॥
स्वधर्मनिष्ठताज्ञानं स तज्ज्ञानं[5] समाश्रयेत् ।
योगयोगाद्भवेन्मोक्षो मम तन्त्रार्थनिर्णयः ॥ २८ ॥

सिद्धि के साधनभूत मन्त्र से योगी भी राजा बन जाता है तथा राजा भी शीघ्र योगी बन जाता है किं बहुना उस (मन्त्रयोग) से योगी भी शीघ्र यति बन जाता है । यदि ब्राह्मण अपने धर्म का आश्रय ग्रहण करे तो वह भी शीघ्र ही योगी बन जाता है, क्योंकि अपने धर्म में

---

१. न कालस्य वशो भवेदिति – ग० । २. योगाधीनमिति – ग० ।

३. सर्वसिद्धादिसाधनमिति – क० ।– सर्वासां सिद्धीनामादि प्रमुखं साधनमित्यर्थः । अथवा, सर्वाः सिद्धय आदिभूता यासां सिद्धीनां तासां साधनम् । अन्यपदार्थभूताः सिद्धयो दिव्या इत्यर्थः ।

४. स्वज्ञानमिति – ग० ।– स्वस्यात्मनो ज्ञानं स्वज्ञानम् । अथवा सतः परमात्मनो ज्ञानं सज्ज्ञानम् ।

५. सत्यज्ञानमिति – क० ।

निष्ठा का ज्ञान होना ही परमात्मा का ज्ञान है । परमात्मा का ज्ञान होने पर ही योग प्राप्त होता है और समस्त सिद्धियाँ योग के अधीन हैं तथा परब्रह्म परमात्मा सिद्धियों के आधीन है । इसलिए योग का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिए । अतः साधक को स्वधर्मनिष्ठता एवं उस धर्म के ज्ञान का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिए । हे भैरव ! योग से युक्त होने पर ही मोक्ष संभव है - ऐसा हमारे तन्त्रों के अर्थ का आशय है ॥ २५-२८ ॥

योगी ब्रह्मा मुरारिश्च[1] तथा योगी महेश्वरः ।
तथा योगी महाकालः[2] कौलो योगी न संशयः ॥ २९ ॥

ब्रह्मा तथा मुरारी योगी हैं, इतना ही नहीं महेश्वर भी योगी हैं, महाकाल भी योगी हैं, कौल (शक्ति का उपासक) भी योगी हैं इसमें संशय नहीं ॥ २९ ॥

मणिपूरभेदने तु यत्नं कुर्यात् सदा बुधः ।
यदि चेन्मणिपूरस्थदेवताभेदको भवेत् ॥ ३० ॥
सर्वक्षणं सुखी भूत्वा चिरं तिष्ठति निश्चितम् ।

बुद्धिमान् साधक को मणिपूर चक्र के भेदन का सर्वदा प्रयत्न करना चाहिए । यदि वह मणिपूरस्थ देवता के भेदन में सफल हो जाता है, तो वह सदैव सुखी रहकर दीर्घकाल पर्यन्त जीवित रहता है ॥ ३०-३१ ॥

महाप्रभं सुन्दरञ्च महामोहनिघातनम् ॥ ३१ ॥
मेघाभं विद्युताभं च पूर्णतेजोमयं परम् ।
मणिभिर्ग्रथितं पद्मं मणीनां पूरमेव च ॥ ३२ ॥
सूर्यकान्तै[3]श्चन्द्रकान्तैर्वह्निकान्तैर्महोज्ज्वलैः ।
इत्यादिमणिभिः सर्वं परं कान्तिगुणोदयम् ॥ ३३ ॥
निविडे जलदे मेघे कोटिविद्युत्प्रभा यथा ।
तत्प्रकारं भावनीयं सिद्धानां ज्ञानगोचरम् ॥ ३४ ॥

मणिपूर चक्र अत्यन्त प्रकाशयुक्त है, मनोहर है महामोह को नष्ट करने वाला है, मेघ के समान शीतल तथा विद्युत् के समान जाज्वल्यमान है । पूर्णतेज से परिपूर्ण है, वहाँ के पद्म (विभिन्न) मणियों से गूँथे (पूर) गए हैं ऐसा है वह मणि से पूर अर्थात् पूर्ण । सूर्यकान्त, चन्द्रकान्त, वह्निकान्त आदि महाप्रकाश करने वाली मणियों से सारा स्थान देदीप्यमान है । जहाँ से सब प्रकार की कान्ति एवं गुणों का उदय हुआ है । अत्यन्त काले घने बादल में जैसे करोड़ों बिजलियों का प्रकाश होता है, उस प्रकार से 'मणिपूर' का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार का मणिपूर सिद्धों के ज्ञान का गोचर हैं ॥ ३१-३४ ॥

---

१. ब्रह्माद्यवादी चेति — ग० ।
२. भवेत्काल — ग० ।
३. सूर्यकान्तचन्द्रकान्तवह्निकान्तमहोज्ज्वलः इत्यादि मणिभिः सर्व पूर्व कान्तिगुणो दश—कं० ।

अत्यन्तसूक्ष्ममार्गस्थं[१] नित्यस्थानं हि योगिनाम् ।
मणिभिः शोभितं पद्मं मणिपूरं तथोच्यते ॥ ३५ ॥
दशकोमलपत्रैश्च समायुक्तं मनोहरम् ।
डादिफान्तवर्णयुक्तं स्थिरविद्युत्समाकुलम् ॥ ३६ ॥

योगियों के द्वारा अत्यन्त सूक्ष्म मार्ग से वहाँ जाया जाता है । वही योगियों का नित्य निवास है । वहाँ के पद्म मणियों से शोभित हैं, इसलिए उसे 'मणिपूर' कहते हैं । वह मणिपूर दश कमल के पत्रों से युक्त एवं मनोहर है । 'ड' से लेकर 'फ' पर्यन्त दश वर्ण उस कमल पत्र पर रहते हैं । वह स्थिर विद्युत् से परिपूर्ण हैं ॥ ३५-३६ ॥

शिवेनाधिष्ठितं पद्मं विश्वालोकनकारकम् ।
आदौ वर्णरूपकाणां[२] ध्यानं कुर्यात् [३]स्वधामयः॥ ३७ ॥
महापद्मे मनो दत्वा निर्मलं परिभावयेत् ।
डादिफान्ताक्षराणां[४] च ध्यानाज्ज्ञानस्थिरो भवेत् ॥ ३८ ॥
मनोधैर्यमुपागम्य[५] दिव्यभक्तिं समालभेत् ।
वर्णध्यानं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व परमेश्वर ॥ ३९ ॥

वे पद्म सदाशिव से अधिष्ठित हैं और सारे विश्व को आलोकित करते रहते हैं । साधक को चाहिए कि वह सर्वप्रथम उन वर्णों का ध्यान स्वधामय करे । महापद्म में मन लगाकर उन वर्णों के निर्मल रूप का ध्यान करना चाहिए । 'ड' से लेकर 'फ' पर्यन्त दश वर्णों के ध्यान से ज्ञान में स्थिरता आता है । मन में धैर्य आता है, जिससे साधक दिव्यभक्ति प्राप्त कर लेता है । हे परमेश्वर ! अब उन वर्णों का ध्यान कहती हूँ । उसे सुनिए ॥ ३७-३९ ॥

यद्विभाव्यामरो[६] भूत्वा चिरं तिष्ठति मानवः ।
महाधैर्यक्रियां कुर्याद् वायुपानं शनैः शनैः ॥ ४० ॥
यत्र यत्र मनो याति तन्मयस्तत्क्षणाद् भवेत् ।
पूर्वादिदलमारभ्य ध्यानं कुर्यात् पृथग् पृथक् ॥ ४१ ॥

जिसका ध्यान कर मनुष्य अमर होकर दीर्घकाल पर्यन्त (इस लोक में) जीवित रहता है । इस क्रिया को बहुत धीरज के साथ करे और धीरे धीरे वायुपान करे । जहाँ जहाँ मन जावे, तत्क्षण तन्मय हो जावे । प्रथमतः, पूर्वदल से आरम्भ कर पृथक् पृथक् वर्णों का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ ४०-४१ ॥

---

१. अत्यन्तं सूक्ष्मो यो मार्गस्तत्र तिष्ठतीति भावः ।
२. [illegible]ल्गुरूपकाणामिति — क० । ३. सुधाशयः — क० ।
४. डादिभान्ताक्षराणां च — ख० । — ड आदिर्येषां तानि डादीनि, भ अन्तो येषां तानि भान्तानि, द्वयोरनयोरितरेतरयोगद्वन्द्वं कृत्वा अक्षरशब्देन सह पुनः कर्मधारयः ।
५. मनोश्चर्यमिति — ग० । ६. यदि भाव्यामर — ग० ।

डां डां डां डाकिनीन्ता डमरुवररतां[१] तारिणींताररूपां
डिं डिं डिं डामरस्थां डमरुडमगृहे डङ्कडिंकिं[२] मनुस्थाम् ।
डं डं डं डामरेशीं डिमिडिमिडिमिगध्वाननिर्माणडोरां
डों डों डों डाकडं डः प्रडुम[३] डमुडां दाडिमामाश्रयामि ॥ ४२ ॥

'ड' वर्ण का ध्यान—डां डां डां डमरु धारण करने वाली डाकिनी ताररूपा तारिणी डिं डिं डिं डामर में स्थित रहने वाली डमरु डम गृह में डङ्क डिकि मन्त्र में रहने वाली, डं डं डं डामरेशी डिमि डिमि डिमि में रहने वाले डोरा शब्द का निर्माण करने वाली, डों डों डों डाक डं डः प्रडुम डमुडा दाडिमा का मैं आश्रय लेता हूँ ॥ ४२ ॥

ढां ढां ढां गाढढक्कां वरनिकरकरां बाढमाबाढमन्त्रां
ढिं ढिं ढिं नागरूपां भज भज विमलानन्दचित्तप्रकाशः[४] ।
श्रीं ढें ढं वज्रढूं खा खवट मटमरं स्वाहया टोंटबीजां
ढों ढों ढों ढक्कढक्कः प्रियढुनकरुणाकामिनीं लाकिनीं ताम् ॥ ४३ ॥

'ढ' वर्ण का ध्यान—स्वच्छ आनन्द से अपने चित्त को प्रकाशित करते हुए हे भक्त ! आप ढां ढां ढां गाढ ढक्का (नगाड़ा), हाथ में वर समूह को धारण करने वाली, बाढमाबाढ मन्त्ररूप ढिं ढिं ढिं बीज मन्त्र वाली नागरूपा का भजन कीजिए । श्रीं ढें ढं वज्र ढूं खा ख ब ट मटमरं स्वाहया टोंटबीजा ढों ढों ढों ढक्कढक्कः प्रियढुन करुणा कामिनी उस लाकिनी का भजन कीजिए ॥ ४३ ॥

बाणस्थित्यसंस्थां रुचिनकरवणाकारणा वाणवाणिं
वीणां वेणूत्सवाढ्यां मणिगुणकरुणां नं खटीजप्रवीणम् ।
वेणुस्थानां सुमानां मणिमयपवमामन्त्रमालाविलोलां
सिन्दूरारक्तवर्णां तरुणघननवीनामलां भावयामि ॥ ४४ ॥

'ण' वर्ण का ध्यान—मैं बाण में स्थित रहने वाली, अन्यत्र न रहने वाली, रूचिनकर वणाकारणा, वाणपाणि, वीणा और वेणु के उत्सव से नित्य समृद्धा, मणिगुण वाली, करुणा नं खटीज प्रवीणं वेणुस्थाना का, सुमाना, मणिमय पवमामन्त्र माला, विलोला सिन्दूर से आरक्त वर्ण वाली देवी, तरुण बादल के समान नवीना एवं सर्वथा स्वच्छ वर्णा लाकिनी का ध्यान करता हूँ ॥ ४४ ॥

तारां तारकमञ्जालविमलां तालादिसिद्धिप्रदां
ताडङ्कामति[५]तेजसा मुनिमनोयोगं वहन्तीं पराम् ।

---

१. करामिति – ख० ।
२. डंकडोंमिगां मनुस्थमिति – क० ।
३. प्रडुममुडुमडुंमिति – क० ।
४. विमल आनन्दो यस्मिन्, तादृशे चित्ते प्रकाशः, परमात्मप्रकाश एव सम्भाव्यते ।
५. ता।तङ्क – ग० ।

तां[१] तारां तुलसीं तुलां तनुतटां[२] तर्कोद्भवां तान्त्रिकां
श्रीसूर्यायुततेजसीं भज मनः श्रीमातरं तापसीम् ॥ ४५ ॥

'त' का ध्यान—तारा, तारकमञ्जजाल, विमला एवं तालादि से सिद्धि प्रदान करने वाली, अत्यन्त तेजस्विनी, ताडङ्कवाली मुनियों के मनोयोग का वहन करने वाली, पराशक्ति तां, तारां, तुलसीं, तुला, तनुतटा, तर्कोद्भवा, तान्त्रिका, अयुतसूर्य के समान तेजस्विनी तपस्विनी श्री (विद्या) माता का, हे मन ! भजन कीजिए ॥ ४५ ॥

व्यग्रस्थां[३] स्थानसुस्थां स्थितिपथपथिकां थार्णकूटां थमालीं
गाथां योगां विपथां थमिति थमिति थं वह्निजायां स्थिरासाम् ।
चन्द्रज्योत्स्नास्थलस्थां[४] स्थिरपदमथनामुज्ज्वलामासनस्थां
स्थैर्यां स्थैर्याभिरामां प्रणव नव[५] सुधां चन्द्रवर्णां भजामि ॥ ४६ ॥

'थ' वर्ण का ध्यान—व्यग्रों के चित्त में रहने वाली, स्थानसुस्था, स्थितिपथपथिका, थार्णकूटा, थमाली, गाथा, योगा, विपथा, थं थं थं वह्निजाया, स्थिरासा, चन्द्रज्योत्स्ना, स्थलस्था, स्थिरपदमथना, उज्ज्वला, आसनस्था स्थैर्या, स्थैर्याभिरामा एवं प्रणव रूप नव सुधा वाली, चन्द्रवर्णा, श्री (विद्या) माता का, हे मन ! भजन कीजिए ॥ ४६ ॥

द्रां द्रीं द्रूं दीर्घदंष्ट्रां दशनभयकरां साट्टहासां कुलेशीं
दोषच्छत्रापहन्त्रीं दिवितरणदशा[६]दायिनीमादरस्थाम् ।
श्लिष्टाह्लादप्रदीप्तामखिलधनपदां दीपनीं भावयामि ॥ ४७ ॥

'द' वर्ण का ध्यान—द्रां द्रीं द्रूं दीर्घ दाँतों वाली, अपने दाँतों से भय उत्पन्न करने वाली, अट्टहास करने वाली, कुल मार्ग की स्वामिनी, दोषरूप छत्र को हटाने वाली, आकाश में भी तैरने की शक्ति प्रदान करने वाली, आदर से स्थित रहने वाली, शिव के श्लेषयुक्त आह्लाद से प्रदीप्त, सम्पूर्ण धन पर अधिकार करने वाली और दीपनी भगवती लाकिनी का ध्यान करता हूँ ॥ ४७ ॥

विमर्श—द वर्ण के श्लोक में एक चरण की कमी है । शोधित्सुओं को इसे दूसरे तन्त्रों से लेकर लिखना चाहिए ॥ ४७ ॥

---

१. तातङ्कानिभतेजसामिति — ख० ।
२. तातीयामिति — ख० ।
३. व्यग्रस्थं स्थानसुस्थं .... थमानीं — व्यग्रस्थामिति पाठे तु व्यग्रेषु जनेषु सन्तोषार्थं शान्त्यर्थं च तिष्ठति या सा, ताम् । गाथां गाथां विमोथामिति — ख० योथामिति — ग० ।
४. स्थिरास्थामिति — क० ।
५. प्रणवनवसुजामिति ग०, सृजामिति क० ।
६. दोषैर्वृत्रापहन्ती दिविदरणादशा दायिनी मादस्थाम् । शिष्टाह्लादप्रदीप्तामखिलधन-मदनमिति — ग० । — दिवि स्वर्गे तरणस्य या दशा, तां ददाति, तच्छीलाम् ।

धर्मां[१] श्रीं ध्यानशिक्षां धरणिधरधरां धूमधूमावतीं तां
धूस्तूराकारवक्त्रं कुवलयधरणीं धारयन्तीं कराब्जम् ।
विद्युन्मध्यार्ककोटिज्वलनधरसुधां कोकिलाक्षीं सुसूक्ष्मां
ध्यात्वा ह्लादैकसिद्धिं धरणिधननिधिं सिद्धिविद्यां भजामि ॥ ४८ ॥

'ध' वर्ण का ध्यान—धर्मस्वरूपा महाश्री ध्यानशिक्षा धरणी को धारण करने वाले शेष को भी धारण करने वाली, धूम्र से धूमवती, धतूर के आकार के मुखों वाली, अपने कर कमलों में दो कमल को धारण करने वाली, विद्युत् के मध्य में करोड़ों सूर्यों के समान अग्नि धारण करने वाली, सुधा, कोकिलाक्षी और सुसूक्ष्मा देवी का ध्यान कर आह्लाद की एकमात्र सिद्धि एवं धरणी रूप धन की निधान तथा सिद्धविद्या का मैं भजन करता हूँ ॥ ४८ ॥

नित्यां नित्यपरायणां त्रिनयनां बन्धूकपुष्पोज्ज्वलां
कोट्यर्कायुतसंस्थिरां नवनवां हस्तद्वयाम्भोरुहाम् ।
नानालक्षणधारणामलविधुश्रीकोटिरश्मिस्थितां
सानन्दां नगनन्दिनीं त्रिगुणगां नं नं प्रभां भावये[२] ॥ ४९ ॥

'न' वर्ण का ध्यान—नित्या, नित्य परायणा, त्रिनयना, बन्धूक पुष्प के समान उज्ज्वल वर्ण वाली, करोड़ों सूर्यायुत के प्रकाश से संस्थिता, नव नवा, अपने दोनों हाथों में कमल धारण करने वाली, अनेक लक्षणों को धारण करने वाली, शुभ्र वर्ण वाले चन्द्रमा के करोड़ों श्री रश्मि से संस्थित, सानन्दा त्रिगुणात्मिका, नं नं वर्ण में रहने वाली, प्रभा वाली नगनन्दिनी भगवती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ४९ ॥

प्रीतिं प्रेममयीं [३]परात्परतरां प्रेष्ठप्रभापूरितां
पूर्णां पूर्णगुणोपरि प्रलपनां[४] मांसप्रियां पञ्चमाम् ।
व्यापारोपनिपातकापलपना[५] पानाय पीयूषपां
चित्तं प्रापय[६] पीतकान्तवसनां पौराणिकीं पार्वतीम् ॥ ५० ॥

'प' वर्ण का ध्यान—प्रीति, प्रेममयी पर से भी परतरा, श्रेष्ठ प्रभापूरिता, पूर्णा, पूर्णगुणोपरि प्रलपना, मांसप्रिया, पञ्चमा, व्यापारोपनिपातकापलपना, पान के लिए पीयूष पीने वाली, स्वच्छ पीताम्बर धारिणी, पौराणिकी पार्वती में हे भक्तों अपने चित्त को लगाओं ॥ ५० ॥

स्फें स्फें[७] समें फणिवाहनां फणफणां[८] फुल्लारविन्दाननां

---

१. धक्षां श्रीध्यानसिद्धां .... वस्त्रां .... ध्यानाह्लादादि सिद्धि धवनघत......इति—ग० ।
२. भावयेदिति — ग० ।
३. परां तपसियाञ्चालामिति — क० ।— परात् = परापेक्षया परतराम्, उत्कृष्टतराम्
४. प्रपलनामिति — ग० ।
५. कापललपा पानापपीयूषपामिति — ग० ।
६. चित्तप्रापकपीव ..... पौराणिकामिति — ग० ।
७. स्फामिति — क० ।
८. फलफलामिति — क० ।

फेरूणां वरघोरनादविकटास्फालप्रफुल्लेन्मुखीम् ।
फं फं फं फणिकङ्कणां फणिति फं[१] मन्त्रैकसिद्धेः[२] फलां
भक्त्या ध्यानमहं करोमि नियतं वाञ्छाफलप्राप्तये[३] ॥ ५१ ॥

'फ' वर्ण का ध्यान—स्फें स्फें समें फणिवाहना, फणफणा, फुल्लारविन्दानना शृङ्गालों के ऊँचे घोरनाद के विकट आस्फालन में प्रफुल्ल मुख वाली देवी फं फं फं फणियों का कङ्कण धारण करने वाली, फणिति फं मन्त्र से एकमात्र सिद्धि का फल देने वाली, ऐसी फ स्वरूपा भगवती का मैं अपनी वाञ्छा फल की प्राप्ति के लिए भक्तिपूर्वक ध्यान करता हूँ ॥ ५१ ॥

विद्युताङ्कारमध्ये तु बिजलीरक्तवर्णकान् ।
एवं ध्यात्वाखिलान् वर्णान्रक्तविद्युद्[४]दलोद्यताम् ॥ ५२ ॥
सदा ध्यायेत् कुण्डलिनीं कर्णिकामध्यगामिनीम्[५] ।
वरहस्तां[६]विशालाक्षीं चन्द्रावयवलक्षणाम् ॥ ५३ ॥
चारुचन्दनदिग्धाङ्गीं[७] फणिहारविभूषणाम् ।
द्विभुजां कोटिकिरणां भालसिन्दूरशोभिताम् ॥ ५४ ॥
त्रिनेत्रां कालरूपस्थां लाकिनीं लयकारिणीम् ।
सिद्धिमार्गसाधनाय ध्यायेद् वर्णान् दश क्रमात्[८] ॥ ५५ ॥

विद्युत् के आकार के मध्य में बिजली के समान रक्त वर्ण वाले एवं रक्तवर्ण वाले विद्युद्दलों के ऊपर रहने वाले, 'डं' से लेकर 'फ' पर्यन्त सभी दश वर्णों का ध्यान कर साधक कर्णिका के मध्य में रहने वाली कुण्डलिनी का सदा ध्यान करे। फिर हाथ में वर मुद्रा धारण करने वाली विशालाक्षी, चन्द्रमा के सदृश आह्लादकारक कान्ति वाली मनोहर चन्दन से अनुलिप्त, सर्पों के हार का आभूषण धारण करने वाली, द्विभुज, कोटिकिरणा, मस्तक में स्थित सिन्दूर से सुशोभित, त्रिनेत्रा, कालरूपस्था, लयकारिणी, लाकिनी का ध्यान करे तथा सिद्धिमार्ग के साधन के लिए दश वर्णों का उपर्युक्त श्लोकों से ध्यान करे ॥ ५२-५५ ॥

चतुर्भुजां षड्भुजां च अष्टहस्तां[९]परापराम् ।
दुर्गां दशभुजां देवीं निजवाहनसुस्थिताम्[१०] ॥ ५६ ॥

---

१. फणामिति — ग० । २. फणामिति — ग० ।
३. वाञ्छानामिच्छानां फलानि इच्छाविषयप्रयोजनानि, तेषां प्राप्तये।
४. विद्युद्गणो .... ख० ।
५. काशिनीमिति — ग० । — कार्णकामध्यगामिनीमिति पाठे कर्णिकानां मध्ये गच्छति तच्छीला ताम् ।
६. बहुहस्तामिति — ग०। ७. दीर्घाङ्गीमिति — ग० ।
८. दशच्छदे — क० । ९. प्रभा — ख० ।
१०. सुप्रियामिति — ग० ।

सर्वास्त्रधारिणीं सर्वां [१]हस्तद्वादशशोभिताम् ।
चतुर्दशभुजां रौद्रीं तथा षोडशपालिनीम् ॥ ५७ ॥
अष्टादशभुजां श्यामां हस्तविंशतिधारिणीम् ।
एवं ध्यात्वा पूजयित्वा रुद्राणीस्तोत्रमापठेत् ॥ ५८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे वर्णध्यानकथनं नाम [२] पञ्चचत्वारिंशत्तमः पटलः ॥४५ ॥

प्रत्येक वर्णों पर द्विभुजा पहले (द्र० ४५ . ५४) कह आये हैं -

१. चतुर्भुजा, २. षड्भुजा, ३. परापरा, ४. अष्टभुजा, ५. अपने वाहन पर स्थित दशभुजा दुर्गा, ६. सर्वास्त्रधारिणी सर्वभूता द्वादशभुजा से शोभिता, ७. चतुर्दशभुजा, ८. षोडशभुजा, ९. अष्टादशभुजा, १०. विंशति भुजाधारिणी श्यामा रौद्री लाकिनी देवी का ध्यान करे । इस प्रकार लाकिनी देवी का ध्यान कर पूजन कर रुद्राणी स्तोत्र का पाठ करे ॥ ५६-५८ ॥

॥ श्री रुद्रयामल तन्त्र के उत्तर तन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में वर्ण ध्यान नामक पैंतालिसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४५ ॥

---

१. दशहस्तास्त्र — ग० ।— हस्ताद्वादशशोभितामिति पाठे द्वादशहस्तैः शोभितामिति विग्रहः । तत्र द्वादशपदस्य परनिपातः । पूर्वनिपातस्यानित्यत्वात् । 'समुद्राभ्राद्घ' इति सूत्रं तत्र प्रमाणम् ।

२. षट्चत्त्वारिंशत्तमः — ख० ।